

अनुयोग प्रवर्तक
मुनि श्री कन्हैयालाल 'कमल'


गणितानुयोग

W-51068









गणितानुयोग

[जैन आगमगत भूगोल-खगोल एवं अन्तरिक्ष सम्बन्धी सामग्री का
विषयक्रम से प्रामाणिक संकलन]

सम्पादक :
अनुयोग प्रवर्तक मुनि श्री कन्हैयालाल 'कमल'

सह-सम्पादक :
श्री दलसुख भाई मालवणिया

प्रकाशक :
आगम अनुयोग ट्रस्ट
अहमदाबाद-१३

☐ सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

☐ संयोजक :
मुनि श्री विनयकुमार 'वागीश'

☐ सम्पादन सौजन्य :
डा. महासती मुक्तिप्रभा जी एम. ए., पी-एच. डी.
डा. महासती दिव्यप्रभा जी एम. ए., पी-एच. डी.

☐ संशोधित परिवर्धित द्वितीय संस्करण
वीर निर्वाण संवत् २५१२
विक्रमाब्द २०४३
ईस्वी सन् १९८६

☐ प्रबन्ध सम्पादक
श्रीचन्द सुराना 'सरस'

☐ प्रकाशक :
प्रधान—बलदेव भाई पटेल
आगम अनुयोग ट्रस्ट
१५, स्थानकवासी जैन सोसायटी
नारायणपुरा क्रासिंग के पास
अहमदाबाद-१३

☐ मुद्रक :
श्रीचन्द सुराना के निदेशन में
विकास प्रिन्टर्स, आगरा-२

☐ मूल्य :
दो सौ रुपया मात्र २००/-

GAṆITĀNUYOGA

[An Authoritative classified Selection of Geographical & Astronomical datas from Jain Angas & Upangas]

Editor

Agam Ratnakar, Anuyog Pravartak

Muni Sri Kanhiya Lal 'Kamal'

Assistant Editor

Dalsukhbhai Malvaniya

Publishers

Agam Anuyoga Trust

AHMEDABAD-13

All Rights Reserved with the Publishers

Colligator

Muni Sri Vinaya Kumar 'Vagish'

Editing Courtesy :

Dr. Mahasati Muktiprabha ji M. A., Ph. D.

Dr. Mahasati Divyaprabhaji M. A., Ph. D.

Revised and enlarged Second Edition

Veerabada 2512, Vikramabada 2043, C. 1986 A.D.

Managing Editor :

Srichand Surana 'Saras'

Publishers :

Baldev Bhai Patel,
Chief,
Agam Anuyoga Trust
15, Sthanakvasi Jain Society
Near Narayanapura Crossing
Ahmedabad 13

Printers :

Vikas Press, Agra 2
Under the Guidance of
Srichand Surana 'Saras'

Price : Rs. Two Hundred only.[200/- only]

समप्पणं

णियनामेणं जेणं, महप्पणा पुज्जसामि-दासेणं ।
सक्खं जयइ पयडिओ, दंसणरयणं अणेगन्तो ॥१॥

जिण-सुय-णिम्मलसोओ, सुरक्खिओ जेण सूरिपवरेणं ।
लिहिऊणं सुत्ताणि य, अणेगवारं अणेगाणि ॥२॥

तस्स महेसिवरस्स हि, सिस्स-पसिस्सक्कमेणाणुग्गहिओ ।
गणितानुओगसत्थं , अप्पेइ सभत्ति मुणी 'कमलो' ॥३॥

अनेकान्त दर्शन मणि-मण्डित विजित अक्ष-प्रतिपक्ष सकल ।
स्वामिदास अभिधा थी सार्थक गुरुवर को प्रणमन प्रतिपल ।

जिन प्रवचन श्रुत स्रोतस्विनी की अक्षर देह सुरम्य अमन्द ।
सुन्दर लिपि में लिख अनेकशः लगा दिये सुदृढ़ तटबन्ध ।

उन महर्षि वर के शिष्यानुक्रम में मेरा है लघु स्थान ।
यह गणितानुयोग समर्पित करता भक्तियुत प्रणिधान ।

—मुनि 'कमल'

गणितानुयोग का द्वितीय संस्करण और उसका संकलनः— [विशेष ज्ञातव्य]

जैनागमों में भूगोल-खगोल एवं अन्तरिक्ष सम्बन्धी जितने पाठ हैं उन सबका इसमें संकलन का प्रयत्न किया गया है।

प्रथम संस्करण के क्रम में और इस द्वितीय संस्करण के क्रम में सामान्य-सा अन्तर किया गया है।

प्रथम संस्करण में सर्व प्रथम अलोक का वर्णन, बाद में लोक का वर्णन और अन्त में परिशिष्ट थे।

द्वितीय संस्करण में सर्व प्रथम लोक का वर्णन, बाद में अलोक का वर्णन और अन्त में लोकालोक के कतिपय सूत्र तथा कुछ परिशिष्ट हैं।

सभी परिशिष्ट श्री विनयमुनिजी ने व्यवस्थित किये हैं।

शब्द-कोश श्रीयुत श्रीचन्दजी सुराना ने सम्पन्न किया है।

प्रथम सस्करण में समस्त आगम पाठों का अनुवाद डा० श्री मोहनलाल मेहता ने किया था।

द्वितीय संस्करण में भी प्रायः डा० मेहता का ही अनुवाद रखा गया है किन्तु वर्गीकरण के अनुसार कहीं-कहीं परिवर्तन-परिवर्धन-संशोधन भी किया गया है।

सम्पादन पद्धति

१. भूगोल-खगोल अन्तरिक्ष सम्बन्धी आगम पाठ जो भाव एवं भाषा में साम्य रखते हैं, उनमें से एक आगम पाठ मूल संकलन में लिया गया है। शेष आगम पाठों के स्थल निर्देश टिप्पण में अंकित किये गये हैं।

२. जैनागमों में भूगोल-खगोल एवं अन्तरिक्ष सम्बन्धी कुछ पाठ ऐसे हैं जिनमें एक सूत्र अल्प संख्या सूचक होता है और दूसरा सूत्र बहु संख्या सूचक होता है तो उनमें से बहु संख्या सूचक एक सूत्र मूल संकलन में लिया है। शेष अल्प संख्या सूचक सभी सूत्रों के स्थल निर्देश टिप्पण में दिये हैं। उदाहरण के लिए देखिए पृष्ठ १३, सूत्र २९ के टिप्पण।

पृष्ठ १४ पर सूत्र ३० बहु संख्या सूचक सूत्र से भिन्न प्रकार का है। अतः मूल संकलन में लिया गया है।

३. संकलित आगम पाठों पर जहाँ १,२ आदि अंक दिए हैं वे सब टिप्पण के अंक हैं।

जितने अंश पर अंक हैं उतने ही अंश से साम्य वाले आगम पाठों के स्थल निर्देश टिप्पण में दिये गये हैं।

४. प्रस्तुत संकलन में विषय वर्गीकरण की पद्धति प्रथम संस्करण से भिन्न प्रकार की है।

इसमें प्राकृतिक स्थिति का क्रम लिया है।

सर्व प्रथम अधोलोक, मध्यलोक और ऊर्ध्वलोक,

अधोलोक में नरक, भवन आदि

मध्यलोक में द्वीप, क्षेत्र, पर्वत, कूट, प्रपात, द्रह, नदियाँ, समुद्र आदि।

ऊपर ज्योतिष चक्र के चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र, तारा आदि।

ऊर्ध्वलोक में कल्प, अनुत्तर विमान, ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी आदि।

५. प्रथम संस्करण में आगमपाठों का मूल ऊपर और नीचे हिन्दी अनुवाद था।

द्वितीय संस्करण में प्रत्येक पृष्ठ पर दो कालम हैं। एक में मूलपाठ और दूसरे कालम में हिन्दी अनुवाद है।
मूल पाठ के सामने हिन्दी अनुवाद है इसलिए मूलपाठ के भाव को समझने में पाठक को सुविधा रहेगी।

६. मूल हिन्दी अनुवाद शब्दानुलक्षी है अतः गणित सम्बन्धी प्रक्रिया इसमें नहीं दी गई है।

जो जिज्ञासु गणित की प्रक्रियायें जानना चाहें वे सूर्यप्रज्ञप्ति, जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति टीका तथा क्षेत्र समास, लोकप्रकाश आदि ग्रन्थ देखें।

७. जैनागमों से सम्बन्धित विषयों पर शोध निबन्ध लिखने वाले अभीष्ट विषय की जानकारी शीघ्र प्राप्त कर सकें— इसके लिए मूल पाठ पर प्राकृत के शीर्षक और हिन्दी अनुवाद पर हिन्दी में शीर्षक दिये गए हैं।

प्रकाशकीय

द्वितीय संस्करण की पृष्ठभूमि :—

जिज्ञासु जगत् की जिज्ञासाओं का वैविध्य स्वयंसिद्ध है। इस जगत् में कुछ ऐसे भी जिज्ञासु हैं जिनका सर्वाधिक प्रिय विषय गणित रहा है। ऐसे जिज्ञासुओं की जिज्ञासाएँ ही गणितानुयोग के इस द्वितीय संस्करण के प्रकाशन की पृष्ठभूमि रही हैं।

आगम अनुयोग प्रकाशन परिषद साण्डेराव की ओर से गणितानुयोग का प्रथम संस्करण जिस समय प्रकाशित हुआ था, उस समय द्वितीय संस्करण की न कल्पना थी और न सम्भावना ही थी। अपितु यह आशंका थी कि गणितानुयोग की इतनी प्रतियों का कहाँ-कैसे उपयोग होगा ? क्योंकि गणित सर्वसाधारण की रुचि का विषय कभी नहीं रहा।

सर्वप्रथम गणितानुयोग की प्रतियाँ अग्रिम ग्राहकों को भेजी गईं। उनमें से कुछ सज्जनों ने अपनी प्रतियाँ पुस्तकालयों में दे दीं और कुछ ने सन्तों को समर्पित कर दीं।

कुछ सुज्ञ श्रद्धालु युवकों ने अपनी-अपनी ओर से विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों में गणितानुयोग की प्रतियाँ भेंट स्वरूप भेजीं।

उन पुस्तकालयों से कतिपय, भूगोल-खगोल के प्राध्यापकों ने गणितानुयोग का अवलोकन किया और उनकी प्रेरणा से गणित सम्बन्धित शोध निबन्ध लेखकों ने अपने-अपने निबन्धों में उसका उपयोग किया।

जिन-जिन जिज्ञासुओं ने गणितानुयोग की उपयोगिता समझी उन सबने पुस्तकें मंगाईं, पढ़ीं और सुरक्षित रखीं।

प्रथम संस्करण के प्रचार-प्रसार में पूज्य अभयसागरजी महाराज का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रकार प्रथम संस्करण की प्रतियां शनैः शनैः दुर्लभ होती गईं।

प्रमुख प्रेरक :—

जैन दर्शन के मूर्धन्य विद्वान् श्री दलसुखभाई मालवणिया ने द्वितीय संस्करण के लिए हमें प्रेरणा दी और समय-समय पर मार्गदर्शन करते रहे जिससे यह ट्रस्ट इस ग्रन्थराज को जिज्ञासु जगत् के सामने इस रूप में प्रस्तुत कर सका है। हम श्री दलसुखभाई के प्रति हार्दिक कतज्ञ हैं।

आत्मिक योगदान :—

प्रथम और द्वितीय संस्करण के संशोधन, सम्पादन आदि सभी कार्य श्री विनयमुनिजी 'व,गीश' के आत्मिक योगदान से ही मुनि श्री सम्पन्न कर सके हैं।

मुनि श्री का अनन्य सेवाभाव तथा प्रत्येक कार्य विवेकपूर्वक सम्पन्न करने की लगन सदा अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय है।

श्रमण संघीय महासतीजी श्री मुक्तिप्रभाजी की अन्तेवासिनी श्रमणियों का प्रतिलिपिलेखन आदि कार्यों में अत्यधिक योगदान भी प्रशंसनीय रहा।

गणित सम्बन्धी प्राचीन चित्रों की प्रतिकृति प्राप्त कराने में आचार्य श्री विजययशोदेव सूरि जी म० का सहकार प्राप्त हुआ, हम उनके प्रति हृदय से आभारी हैं।

प्रस्तुत संस्करण के संकलन, सम्पादन तथा प्रकाशन आदि के ज्ञानयज्ञ में जिन-जिन मुनिवरों, महासतियों, विद्वानों एवं श्रीमानों का उदार योगदान रहा, यह ट्रस्ट उन सब महान् आत्माओं का एवं सहयोगियों का सदैव आभारी रहेगा।

हम प्रथम संस्करण के सम्पादन सहयोगी स्व० पं० हीरालाल जी शास्त्री ब्यावर, पं० श्री शोभाचन्द्र जी भारिल्ल तथा डा. मोहनलाल जी मेहता के प्रति भी आभार-स्मरण करते हैं।

सम्पादन सहयोग :—

श्रीयुत श्रीचन्द सुराणाजी व्यवसायी भी हैं और विद्वान् भी है। शब्दकोश आदि परिशिष्टों के सम्पादन का योगदान आपका श्लाघ्य है। ग्रन्थ का गौरव शुद्ध सुन्दर मुद्रण से आपने ही बढ़ाया है। इसके लिए ट्रस्ट आपका चिरकृतज्ञ रहेगा।

कर्मठ कार्यकर्ता :—

श्री हिम्मतभाई तन से वृद्ध और मन से युवा हैं। आपकी श्रुत सेवा, एवं व्यवस्था कौशल अनुकरणीय है। शासनदेव उन्हें आरोग्य प्रदान करें।

विनीत :

बलदेव भाई डोसाभाई पटेल

अध्यक्ष

आगम अनुयोग ट्रस्ट, अहमदाबाद

प्रस्तावना

आगमों में अनुयोग के दो रूप मिलते हैं—

(१) अनुयोग-व्याख्या

(२) अनुयोग-वर्गीकरण

(१) **अनुयोग व्याख्या**—आगमों के विशिष्ट सूत्रों की व्याख्या करने की एक पद्धति है।

जिस प्रकार नगर की चारों दिशाओं में चार द्वार हों तो उसमें प्रवेश करना सबके लिए सरल होता है, इसी प्रकार १. उपक्रम, २. निक्षेप, ३. अनुगम और ४. नय - इन चार अनुयोगद्वारों से आगम रूप नगर में प्रवेश करना सबके लिए सरल होता है। अर्थात् इन चार अनुयोगद्वारों का आधार लेकर जो आगम की व्याख्या करते हैं, उन सबके लिए आगम ज्ञान प्राप्त करना अति सरल हो जाता है।

जैनागमों की यह अनुयोग-व्याख्या पद्धति अति चिरंतन काल से उपयोगी रही है। जैनागमों की उपलब्ध टीकाओं के टीकाकारों ने भी इसी अनुयोग व्याख्या पद्धति का अपनी टीकाओं में प्रयोग किया है।[1]

नन्दी-सूत्रनिर्दिष्ट श्रुतज्ञान के विवरण में अंग-प्रविष्ट, अंग-बाह्य, कालिक और उत्कालिक आदि सभी आगमों की व्याख्या करने के लिए इन चार अनुयोग-द्वारों का ही प्रयोग करने की सूचना दी गई है और इसी आधार पर अंगबाह्य, उत्कालिक, आवश्यक की विस्तृत व्याख्या अनुयोगद्वार-सूत्र में इन चार अनुयोगद्वारों द्वारा ही की गई है।

(२) **अनुयोग-वर्गीकरण**

चार अनुयोगों के नाम –

१. चरणानुयोग, २. धर्मकथानुयोग, ३. गणितानुयोग, ४. द्रव्यानुयोग।

उपलब्ध अंग-उपांग आदि आगमों में इन चार अनुयोगों के नाम क्रमशः कहीं नहीं मिलते हैं।

१. द्रव्यानुयोग का नाम—स्थानांग के दशम स्थान में मिलता है।[2] और प्रज्ञापना, भगवती आदि आगमों के आधार पर इसका नामकरण हुआ है।

२. चरणानुयोग का नामकरण—आचारांग, दशवैकालिक, उत्तराध्ययन आदि आगमों के आधार पर हुआ है।

---

१ अनुयोगद्वाराणि वाच्यानि,
तथाहि—प्रस्तुताध्ययनस्य महापुरस्येव चत्वारि अनुयोगद्वाराणि भवन्ति—
१. उपक्रमो, २. निक्षेपो, ३. अनुगमो, ४. नयश्च।
तत्र अनुयोजनमनुयोगः—सूत्रस्यर्थेन सह सम्बन्धनम्।
अथवा—अनुरूपोऽनुकूलो वा योगो—व्यापारः सूत्रस्यार्थ प्रतिपादनरूपोऽनुयोगः।
आहच—
अणु जोजणमणुओगो, सुअस्स णियएण जमभिहेएण।
वावारो वा जोगो, जो अणुरूवोऽणुकूलो वा॥
यद्वा अर्थापेक्षया अणोः—लघो पश्चाज्जात तया वाऽनु-शब्द वाच्यस्य योऽभिधेयो योगो—व्यापारस्तत् सम्बन्धो वाऽणुयोगोऽनुयोगो वेति।
आह च—
अहवा जमत्थओ, थोवपच्छभावेहिं सुअमणुं तस्स।
अभिधेये वावारो, जोगो तेण व सम्बन्धो॥
तस्य द्वाराणीव द्वाराणि प्रवेशमुखानि,
अस्य अध्ययनपुरस्यार्थाधिगमोपाया इत्यर्थः
पुर—दृष्टान्तश्चात्र
यथाहि—अकृतद्वारकं पुरमपुरमेव
कृतेकद्वारमपि दुरधिगमं कार्यातिपत्तये च स्यात्
चतुर्मूलद्वारं तु प्रतिद्वारानुगतं सुखाधिगमे कार्यानतिपत्तये च। **जम्बू. वृत्ति**

२ (क) करणानुयोग का नाम—द्रव्यानुयोग के दस भेदों में एक भेद के रूप में मिलता है। देखिए—स्थानांग, स्थान १०, सूत्र ७२६.

(ख) दिगम्बर ग्रन्थों में करणानुयोग गणितानुयोग का पर्यायवाची माना गया है।

(ग) स्थानांग, स्था. १० सूत्र ७२६ में द्रव्यानुयोग दस प्रकार का कहा गया है।

३. धर्मकथानुयोग का नामकरण—ज्ञाताधर्मकथा आदि आगमों के आधार पर हुआ है।

४. गणितानुयोग का नामकरण—चन्द्र-सूर्य-प्रज्ञप्ति आदि की गणित के आधार पर हुआ है।

आगमोत्तर कालीन ग्रन्थों में तथा जैनागमों की उपलब्ध टीका, निर्युक्ति तथा भाष्य आदि में चारों अनुयोगों के नाम और अनुयोगों के अनुसार आगमों का विभाजन मिलता है।[1]

अनुयोग वर्गीकरण के ऐतिहासिक तथ्यों का अन्वेषण

भगवान महावीर से लेकर श्री आर्य वज्र पर्यन्त जैनागमों में वर्णित विविध विषय इन चार अनुयोगों में विभक्त नहीं हुए थे। क्योंकि प्रत्येक पद में चारों अनुयोगों का तथा सातों नयों का चिन्तन किया जाता था इसलिए विभाजन की कोई उपादेयता ही नहीं थी, किन्तु ह्रास-काल के प्रभाव से जब महान मेधावियों को भी एक पद में चारों अनुयोगों तथा सातों नयों का चिन्तन कठिन प्रतीत होने लगा तो श्री आर्यरक्षित ने आगमों में प्रतिपादित समस्त विषयों (पदों) को चार अनुयोगों में विभक्त कर दिया था।

इस अनुयोग विभाजन की क्या रूपरेखा थी ?

विषय संकलन किस क्रम से किया गया था ?

इस अनुयोग विभाजन को परंपरा कब विनष्ट हुई ?

इत्यादि ऐतिहासिक तथ्यों के अन्वेषण का उपक्रम अब तक किसी ने किया या नहीं ? यह जानने में नहीं आया है।

नन्दी-सूत्र की स्थविरावली में अनेक अनुयोगधर आचार्यों का उल्लेख है। ये आचार्य चार अनुयोग-द्वार वाली अनुयोग-व्याख्या पद्धति के धारक थे या द्रव्यानुयोग आदि चार अनुयोगों के वर्गीकरण के धारक थे ? इस सम्बन्ध में ऐतिहासिक तथ्यों का अन्वेषण होना आवश्यक है।

---

१ अनुयोगः प्रारभ्यते—स च चतुर्द्धा—
१. धर्मकथानुयोगः उत्तराध्ययनादिकः
२. गणितानुयोगः सूर्यप्रज्ञप्त्यादिकः
३. द्रव्यानुयोगः पूर्वाणि सम्मत्यादिकश्च
४. चरण-करणानुयोगश्च आचारांगादिकः
—जम्बूद्वीप. वृत्ति. पत्र १, २,

अनुयोग वर्गीकरण का उद्देश्य

विगत दो-चार दशकों में प्राच्यविद्या प्रेमियों ने प्राकृत भाषा का महत्व समझा है और कतिपय विश्वविद्यालयों में प्राकृत अध्ययन केन्द्र स्थापित भी हुए हैं, प्राकृत टेक्स्ट सोसायटियों से महत्वपूर्ण प्राचीन-ग्रन्थ आधुनिक शैली से सम्पादित होकर प्रकाशित हुए हैं। कुछ प्रकाशन-संस्थान शोधपूर्ण एवं समीक्षात्मक जैनागमों के प्रकाशन कर रहे हैं। किन्तु शोध निबन्धों के आधुनिक लेखक विषय प्रतिपादन के लिए सन्दर्भ ग्रन्थों के रूप में यदि समस्त जैनागमों को देखना चाहें, तो उन्हें आगमों के ये संस्करण देखकर निराशा ही होती है, क्योंकि आधुनिक शैली से सम्पादित सभी आगमों का मुद्रण अद्यावधि कहीं से नहीं हुआ है।

जैन पुस्तकालयों की व्यवस्था भी सर्वत्र समीचीन न होने से शोध-निबन्ध लेखकों को यथेष्ट लाभ नहीं मिल पाता। यदि साहसी शोध निबन्ध लेखक किसी प्रकार सभी जैनागमों का संग्रह कर भी लें तो उनमें से अभीष्ट विषय का परिपूर्ण शोध कर सकना उनके लिए कितना कठिन होता है इसका अनुभव तो शोध निबन्ध लेखकों को ही हो सकता है। एक विषय के पाठों को एकत्रित करने में कितने समय व श्रम की अपेक्षा होती है, यह भी एक असाधारण तथ्य है।

जैनागम सम्बन्धित शोध-निबन्ध के लेखक को प्रौढ़ आगम-अभ्यासी निर्देशक का मिलना भी उतना ही कठिन है जितना आधुनिक शैली से सम्पादित समस्त आगमों का मिलना। इन सब समस्याओं में उलझकर अनेक शोध-निबन्ध लेखक विषय परिवर्तन का संकल्प कर लेते हैं। या विषय का यथेष्ट प्रतिपादन नहीं कर पाते हैं, इसलिए शोध कार्य अधूरा रह जाता है।

इत्यादि अनेक अनुपेक्षणीय तथ्यों से प्रेरित होकर मैंने जैनागमों के समस्त विषयों का वर्गीकरण करके उसे चार अनुयोगों में विभक्त करने का संकल्प किया है। यद्यपि अनुयोग वर्गीकरण का कार्य समूह-साध्य एवं श्रम-साध्य है, साथ ही अद्यावधि उपलब्ध समस्त आगमों के प्रकाशन तथा अनेक सन्दर्भ ग्रन्थों का संग्रह भी अपेक्षित है। फिर भी उपलब्ध साधनों एवं उदार सहयोगियों के सहयोग से जितना कर सका हूँ या कर रहा हूँ उसे क्रमशः प्रस्तुत करते रहने का संकल्प है।

अनुयोग वर्गीकरण के लाभ

इन अनुयोग-विभागों के स्वाध्याय का सुफल यह होगा कि—

प्राचीन चिन्तन का किस प्रकार क्रमिक विकास हुआ है ?

कौन सा पाठ आगम संकलन काल के पश्चात परिवर्धित या प्रक्षिप्त किया गया है ?

आगमों के लिपिबद्ध होने के पश्चात कौन सा आगम विच्छिन्न हुआ और कौन सा नया अंग आगम स्थानापन्न हुआ है ?

किस आगम पाठ की कहाँ पूर्ति हुई है ?

कौन सा आगम पाठ परमत की मान्यता का है और कौन सा स्वमत की मान्यता का है ?

कौन सा परमत का पाठ भ्रान्ति से स्वमत का मान लिया गया है ?

इत्यादि जटिल प्रश्नों की कुछ समाधानकारी उपलब्धियाँ शोध-निबन्ध लेखकों के लिए यदि उपयोगी हुईं तो यह श्रम सफल होगा।

अनुयोग वर्गीकरण का प्रारम्भ और प्रगति

गणितानुयोग वर्गीकरण का कार्य स्वर्गीय गुरुदेव के सान्निध्य में प्रारम्भ किया था। उनके सान्निध्य में ही परिपूर्ण हो गया था और प्रकाशन भी।

धर्मकथानुयोग का सम्पादन-प्रकाशन बाद में हुआ है।

चरणानुयोग का सम्पादन कार्य पूर्ण हो गया है और प्रकाशन प्रारम्भ हो रहा है।

द्रव्यानुयोग का सम्पादन हो रहा है, प्रकाशन भी शीघ्र होने की सम्भावना है।

अस्वस्थ्य शरीर और यथेष्ट अनुकूलताओं के अभाव में भी गणितानुयोग का यह द्वितीय संस्करण सम्पन्न किया गया है। आशा है, स्वाध्यायशील सज्जन इसके स्वाध्याय से अवश्य लाभ लेंगे।

संकलन एवं सम्पादन में स्वाध्यायशील महान आत्माओं को जहाँ कहीं संशोधन आवश्यक प्रतीत हो तो अवश्य सूचित करें।

उन सब महान् आत्माओं का मैं सदैव विनम्र भाव से आभार मानकर संशोधन करने के लिए प्रयत्नशील रहूँगा।

गणितानुयोग की सामान्य रूपरेखा

लोकाकाश—अनन्त पदार्थ सद्भावी—आकाश।

जिस आकाश में लोक है, वह लोकाकाश है। लोक का व्युत्पत्तिपरक अर्थ है कि—"जो देखा जाता है वह लोक है।" लोक में जो इन्द्रियप्रत्यक्ष पदार्थ हैं, उनके दृष्टा छद्मस्थ/असर्वज्ञ हैं और जो लोक में अतीन्द्रिय पदार्थ हैं, उनके दृष्टा सर्वज्ञ हैं। इस प्रकार लोक दृश्य है अतः सर्वज्ञ और असर्वज्ञ द्वारा देखा जाता है। लोक के अनेक पर्यायवाची शब्द हैं—विश्व, संसार आदि।

लोक की व्याख्या अनेक प्रकार से की गई है।

(१) प्राचीन व्याख्या पद्धति "अनुयोग पद्धति" के नाम से प्रसिद्ध है। इस व्याख्या पद्धति को समझने के लिए पूरे अनुयोगद्वार की रचना की गई है। लोक की व्याख्या भी इस अनुयोग पद्धति से की गई है।

(क) १. नामलोक, २. स्थापनालोक ३. द्रव्यलोक।

(ख) १. द्रव्यलोक, २. क्षेत्रलोक, ३. काललोक। ४. भावलोक।

(ग) १. अधोलोक, २. तिर्यक्लोक, ३. ऊर्ध्व लोक।

(घ) १. ज्ञानलोक, २. दर्शनलोक, ३. चारित्र लोक।

(१) नाम लोक।

(२) स्थापना लोक—लोक का आकार अर्थात्—लोक का संस्थान।

अलोकाकाश के मध्य में लोकाकाश है। परन्तु सान्त ससीम है। इसका आकार त्रिसराव सम्पुटाकार है। एक सराव (शिकोरा) उल्टा, उस पर एक सराव सुल्टा (सीधा) और एक उल्टा रखने से जो आकार बनता है उसे "त्रिसराव" सम्पुटाकार कहते हैं। शास्त्रीय भाषा में यह "सुप्रतिष्ठक" आकार कहा जाता है। यह लोक नीचे से विस्तृत, मध्य में संक्षिप्त और ऊपर से पुनः विस्तृत है।

लोक-पुरुष और विराट् पुरुष

आगमोत्तरकालीन जैन ग्रन्थों में समस्त लोक (अधोलोक, मध्यलोक, ऊर्ध्वलोक) को लोक-पुरुष के रूप

में चित्रित किया है। किन्तु जैनागमों में कहीं भी लोक-पुरुष का वर्णन नहीं है।

अतः विचारणीय प्रश्न यह है कि जैनागमों में जो "ग्रैवेयक" देवों के नाम गिनाए गये हैं, उनके नामकरण का हेतु क्या है ? उनके विमान लोक-पुरुष की ग्रीवा के स्थान पर हैं, इसलिए वे "ग्रैवेयक" देव कहे गये हैं। यदि यह व्युत्पत्तिपरक अर्थ संगत है तो आगमों में भी किसी समय लोक-पुरुष की कल्पना का अस्तित्व रहा होगा।[1] जब कुटिल काल के कुचक्र से आगमों के अनेक अंश विच्छिन्न हुए हैं तो सम्भव है उस समय लोक-पुरुष की कल्पना का अंश भी विच्छिन्न हो गया होगा।

लोक-पुरुष की कल्पना के समान विराट् पुरुष की कल्पना वैदिक ग्रन्थों में भी मिलती है—

विराट्-पुरुष

भूर्लोकः कल्पितः पद्भ्यां, भूवर्लोकाऽस्य नाभितः।
हृदा स्वर्लोक उस्सा, महर्लोको महात्मनः॥
ग्रीवायां जनलोकश्च, तपोलोकः स्तनद् वयात्।
मूर्धनि सत्यलोकस्तु, ब्रह्मलोकः सनातनः॥
तत्कट्यां चातलक्लृप्तमुभ्यां वितलं विभोः।
जानुभ्यां सुतलं शुद्ध, जंघाभ्यां लु तलातलम्॥
पातालं पादतलत, इति लोकमयः पुमान्।
—भागवत् पुराण २/५/३८-४०
(गीता प्रेस) प्रथम भाग पृ० १६६।

द्रव्य-लोक

लोक में छः द्रव्य है, अतः यह द्रव्य-लोक है।

छः द्रव्यों के नाम :—

१. धर्मास्तिकाय – गति सहायक द्रव्य,
२. अधर्मास्तिकाय—स्थिति सहायक द्रव्य,
३. आकाशास्तिकाय—आश्रयदाता द्रव्य,
४. काल द्रव्य—स्थिति नियन्ता द्रव्य,
५. जीवास्तिकाय—चेतनाशील द्रव्य,
६. पुद्गलास्तिकाय—मूर्त जड़ द्रव्य,

(क) इन छः द्रव्यों में—एक जीव है, शेष पांच अजीव हैं।

(ख) इन छः द्रव्यों में—एक मूर्त है,[1] शेष पांच अमूर्त हैं।

(ग) इन छः द्रव्यों में—एक काल द्रव्य है, शेष पांच अस्तिकाय हैं।

(घ) इन छः द्रव्यों में—चार अस्तिकाय—लोक, अलोक के विभाजक हैं—धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, जीवास्तिकाय, और पुद्गलास्तिकाय।

धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय—एक-एक द्रव्य हैं। आकाशास्तिकाय यह भी एक द्रव्य है किन्तु लोक अलोक दोनों में व्याप्त है। जीवास्तिकाय और पुद्गलास्तिकाय अनन्त द्रव्य है।

(ङ) इन छः द्रव्यों में से एक काल द्रव्य के प्रदेश नहीं हैं। क्योंकि अतीत के समय नष्ट हो जाते हैं—और भविष्य के समय अनुत्पन्न हैं, इसलिए इनका कोई अस्तित्व नहीं है, केवल वर्तमान का एक समय[2] ऐसा

---

१. लोकाकाश के आकार को समझाने के लिए श्वेताम्बर और दिगम्बर आगमों में विविध उपमायें दी गई हैं—

श्वेताम्बर आगम	दिगम्बर आगम
अधोलोक का आकार	**अधोलोक का आकार**
१. उल्टे सराव का आकार (भ. श. ७, उ. १)	१. वेत्रासन का आकार (त्रिलोक प्रज्ञप्ति)
	मध्यलोक का आकार
	१. झल्लरी का आकार
२. पल्यंक का आकार (भ. श. ७, उ. १)	२. आधे उर्ध्व मृदंग का आकार (जंबुद्वीपप्रज्ञप्ति संग्रह)
	ऊर्ध्वलोक का आकार
३. तप्राकार का आकार (भ. श. ११, उ. १०)	१. ऊर्ध्व मृदंग का आकार (त्रिलोकप्रज्ञप्ति)

कतिपय जैन ग्रन्थों में लोक का आकार पुरुष संस्थान के समान भी बतलाया है—दोनों हाथ कमर पर रखकर तथा दोनों पैरों को फैलाकर कोई पुरुष खड़ा हो, वैसा ही यह लोक है। (लोक प्रकाश १२-३)

वैदिक ग्रन्थों में विश्व का आकार विराट् पुरुष के रूप में लिखा है।

१ पुद्गलास्तिकाय।

२ मुक्त आत्मा को मध्यलोक से, लोक के अग्रभाग तक पहुंचने में एक समय लगता है। मुक्त आत्मा जब मध्य लोक से एक रज्जु जितनी ऊँचाई तक पहुंचता है, तब तक उसे जितना समय लगता है उतना समय, उस एक समय का विभाज्य अंश मान लिया जाए तो क्या आपत्ति है ?

काल द्रव्य है, जो अविभाज्य है, अतः इसके प्रदेश नहीं हैं। और प्रदेशों के न होने से ही यह काल द्रव्य अस्तिकाय नहीं है।[1] शेष पांच द्रव्यों के प्रदेश हैं अतः वे अस्तिकाय हैं। इन्हीं पंचास्तिकायों से यह लोक, द्रव्यलोक कहा जाता है।

क्षेत्र-लोक : लोक का विस्तार

इस अनन्त आकाश में प्रतिदिन होने वाले चन्द्र-सूर्य के उदायस्त को तथा झिलमिलाते अनगिनत तारों को देखकर जब कभी मानव ने चिन्तन किया तो उसके मन में विश्व के विस्तार की परिकल्पना जागृत हुई और वह सोचने लगा कि नीचे-ऊपर और दायें-बायें यह लोक (विश्व) कितनी दूरी तक फैला हुआ है? यह असीम-अनन्त है या ससीम-सान्त है?

जैनागमों में तथा ग्रन्थों में उक्त जिज्ञासाओं के तीन समाधान मिलते हैं :—

(१) यह लोक नीचे-ऊपर और दायें-बायें असंख्य कोटा-कोटी योजन पर्यन्त फैला हुआ है यह असत्कल्पना से लोक के विस्तार का अंकन है।

(२) जम्बूद्वीप के मध्य में स्थित मेरु-पर्वत की चूलिका को छह देव घेर कर खड़े रहें और नीचे जम्बू-द्वीप की परिधि पर चार दिग्कुमारियाँ चारों दिशाओं में बाहर (लवण-समुद्र) की ओर मुँह करके खड़ी रहें। वे चारों एक साथ चारों बलिपिण्डों को बाहर की ओर फेंके। पृथ्वी पर गिरने से पूर्व उन बलिपिण्डों को वे देव एक साथ ग्रहण कर सकें, ऐसी दिव्यगति वाले वे देव, लोक का अन्त पाने के लिए पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्तर, ऊपर और नीचे की ओर एक साथ चलें। जिस समय वे देव मेरु की चूलिका से चलें, उस समय एक हजार वर्ष की आयु वाला व्यक्ति व उसकी सात पीढ़ियाँ भी समाप्त हो जाएँ और उसके नाम-गोत्र भी नष्ट हो जाए फिर भी वे देव-लोक के अन्त को न पा सकें। किन्तु इस समय तक देवताओं ने जितना क्षेत्र पार किया है वह अधिक है और शेष क्षेत्र अल्प है।[2]

(३) चौदह रज्जु प्रमाण लोक तथा एक रज्जु का औपमिक माप।

तीन क्रोड, इक्यासी लाख, सत्ताइस हजार, नौ सौ सत्तर मण वजन का "एक भार" होता है। ऐसे हजार भार अर्थात्—३८ अरब, १२ क्रोड, ७९ लाख, ७० हजार मण वजन का एक लोहे का गोला छः मास, छः दिन, छः प्रहर, और छः घडो में जितनी दूरी तय करे उतनी लम्बी दूरी एक रज्जु होता है। ऐसे चौदह रज्जु प्रमाण यह लोक नीचे से ऊपर पर्यन्त है।

उक्त तीन समाधानों की क्रमशः समीक्षा :—

(१) प्रथम समाधान, द्वितीय और तृतीय समाधान की अपेक्षा प्राचीन तथा तर्कसंगत प्रतीत होता है। आधुनिक विज्ञान भी विश्व का विस्तार असंख्य योजन का ही मानता है। यथा एक घण्टे में प्रकाश की गति ६७८७४४० मील है। इस अनन्त आकाश में अनेक ग्रह ऐसे हैं जिनका प्रकाश पृथ्वी पर अनेक वर्षों में पहुँचता है अतः लोक का विस्तार असंख्य कोटा-कोटी योजन मानना ही ठीक है।

(२) प्रस्तुत असत्कल्पना के सम्बन्ध में निम्नलिखित मुद्दे विचारणीय हैं—

(क) पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर में जाने वाले देवों को केवल आधे रज्जु की दूरी ही तय करनी है। अतः समान वेग वाले देवों ने समान समय में, समान दूरी तय कर ली—यह कैसे संगत हो सकता है?

टीकाकार आचार्य ने भी इस सम्बन्ध में अपना अभिमत प्रस्तुत करते हुए कहा है कि लोक का आकार यदि समचतुरस्र मान लिया जाये तो समान वेग वाले देव समान समय में समान दूरी तय कर सकते हैं, अन्यथा आगमोक्त उदाहरण की संगति सम्भव नहीं है।

(ख) देवों द्वारा नहीं पार किया हुआ क्षेत्र, पार किये हुए क्षेत्र के असंख्यातवें भाग जितना है। अर्थात् देवों द्वारा नहीं पार किये हुए क्षेत्र से पार किया हुआ क्षेत्र असंख्यात गुणा अधिक है। इस आगम निर्णय की संगति किस प्रकार की जाए?

---

१ काय अर्थात्—शरीर के देश-प्रदेशों के समान काल-द्रव्य के देश-प्रदेश नहीं है। इसलिए काल द्रव्य होते हुए भी अस्तिकाय नहीं है।

२ भगवती, श. ११. उ. १०।

(ग) बलि-पिण्ड लेने के लिए जिस देव को मेरु की चूलिका से जम्बूद्वीप के विजय द्वार तक आना होता है, उसे लगभग १,१२,२०० योजनों की दूरी तय करनी पड़ती है। इतनी दूरी कम से कम एक चुटकी बजे जितनी देर में तय कर लेता होगा, जबकि कुछ ऐसे दिव्य गति वाले देव हैं जो एक चुटकी बजे जितनी देर में पूरे जम्बूद्वीप की परिक्रमा कर लेते हैं। अर्थात् बलि-पिण्ड पकड़ने वाले देव से एक चुटकी में तिगुनी दूरी तय कर लेते हैं। कुछ देव ऐसी दिव्य गति वाले भी हैं जो तीन चुटकी बजे उतनी देर में इक्कीस परिक्रमा कर लेते हैं। अब विचारणीय विषय यह है कि उक्त कल्पना में लोक का अन्त पाने के लिए ऐसी दिव्य गति वाले देवों की गति का उदाहरण क्यों नहीं दिया गया ?

(घ) उक्त कल्पना में लोक का अन्त पाने के लिए जाने वाले देव लगभग आठ हजार वर्ष में भी लोक का अन्त नहीं पा सकते, जबकि तीर्थंकर भगवान के जन्माभिषेक आदि महोत्सवों में अच्युतेन्द्र आदि आते हैं तो वे एक मुहूर्त (लगभग ४८ मिनट) में पोने चार रज्जु की दूरी तय कर लेते हैं। यदि (असत्कल्पना से) अच्युतेन्द्र लोक का अन्त पाने के लिए तीव्रतम गति से चलें तो लगभग चार मूहूर्त में लोक के अन्त तक पहुँच सकते हैं। अतः आठ हजार वर्ष तक लोक का अन्त न पा सकना विचारणीय अवश्य है।

(ङ) चमरेन्द्र भगवान महावीर की शरण लेकर शक्रेन्द्र को अपमानित करने के लिए सौधर्म देवलोक तक गया। और वज्र की मार से बचने के लिए वह वहाँ से लौट कर भगवान महावीर के समीप पहुँचा। शक्रेन्द्र भी वज्र को पकड़ने के लिए तीव्रगति से चला। प्रस्तुत प्रसंग में चमरेन्द्र लगभग डेढ़ रज्जु गया और आया, शक्रेन्द्र केवल डेढ़ रज्जु आया। चमरेन्द्र को आने जाने में अधिक से अधिक एक मुहूर्त लगा होगा। जबकि उक्त असत्कल्पन में देव लोकान्त तक आठ हजार वर्ष में भी नहीं पहुँच पाते। अतः यह अवधि विचारणीय है।

(३) एक रज्जु के औपमिक परिमाण के सम्बन्ध में निम्नलिखित तथ्य विचारणीय हैं—

(क) एक रज्जु का जो औपमिक परिमाण बताया है उस हिसाब से उक्त भार वाला लोहे का गोला सात वर्ष, तीन मास और आठ दिन में चौदह रज्जु की दूरी पार कर सकता है। जबकि उक्त असत्कल्पना में तीव्रतम गति वाले देव भी आठ हजार वर्ष में लोकान्त तक नहीं पहुँच सके। इसका फलितार्थ यह हुआ कि लोहे के गोले की गति से देवताओं की गति मन्द है जबकि देवताओं की गति से लोहे के गोले की गति मन्द होनी चाहिए। "शक्रेन्द्र की गति से वज्र की गति मन्द रही है।" यह तथ्य व्याख्याप्रज्ञप्ति में वर्णित है।

(ख) एक रज्जु का यह औपमिक परिमाण "जैनतत्व-प्रकाश" (स्व० पूज्य श्री अमोलक ऋषिजी म० लिखित) में दिया गया है। किन्तु किस ग्रन्थ से उद्धृत किया गया, यह अज्ञात है। यदि किसी प्राचीन ग्रन्थ में यह है तो अवश्य विचारणीय है।

(ग) आधुनिक वैज्ञानिकों की यह मान्यता है कि लोहे का गोला एक मण वजन का हो चाहे हजार मण वजन का हो, परन्तु किसी निर्धारित ऊँचाई से गिराने पर सदा समान गति से गिरता है। एक घण्टे में लोहे की गति ऊपर से नीचे की ओर केवल ७८ हजार ५५२ माइल की होती है। पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में ही यह गति आधुनिक वैज्ञानिकों ने मानी है। यदि विज्ञानसम्मत लोहे के गोले की गति का आधार लेकर एक रज्जु का परिमाण निकालें तो इस प्रकार आयेगा—

यथा—छः मास, छः दिन, छः प्रहर और छः घड़ी के ४४८४ घण्टे और २४ मिनट होते हैं। इतने समय में लोहे का गोला ३५ करोड़ २२ लाख ५८ हजार और ५८९ माइल की दूरी पार कर लेगा—ये एक रज्जु के माइल हुए। इस प्रकार चौदह रज्जु के ४ अरब, ९३ करोड़, १७ लाख और २४३ माइल हुए। लोहे के गोले की गति से लोक का विस्तार इतना ही होता है, किन्तु यह लोक का विस्तार सर्वथा असंगत है।

(घ) तोल में 'मण' संज्ञा किस युग में निर्धारित की गई है ? इसका ऐतिहासिक दृष्टि से निर्णय होना आवश्यक है। क्योंकि राजाओं के शासन काल में तोल में 'मण' प्रचलित था।

(ङ) आगम काल में 'मण' तोल प्रचलित नहीं था, अतः यह मध्यकालीन तोल का नाम है। फिर भी इस सम्बन्ध में शोध कार्य होना आवश्यक है।

काल-लोक

यह लोक (विश्व) सान्त है या अनन्त ? यह एक

प्रश्न है। इसका समाधान वैदिक-परम्परा ने इस प्रकार किया है—"विश्व का आदि भी है, और अन्त भी है, अर्थात् सृष्टि का सृजन और संहार दोनों होते हैं।" जैन-दर्शन ने इसका समाधान अनेकान्त-दृष्टि से इस प्रकार किया है—

"यह लोक द्रव्य[1] और क्षेत्र[2] की अपेक्षा से सान्त है, काल[3] और भाव[4] की अपेक्षा से अनन्त है।

भाव लोक

भाव पांच प्रकार के हैं—१. औपशमिक[5], २. क्षायोपशमिक[6], ३. क्षायिक[7], ४. औदयिक[8], ५. पारिणामिक[9]। ये पांचों भाव जीव के स्वरूप हैं। इन पांचों में एक औदयिक भाव वैभाविक है— शेष चार स्वाभाविक हैं। औपशमिक आदि तीन भाव उत्तरोत्तर आत्मशुद्धि के हैं।[10]

मुक्त जीवों में दो भाव हैं—१. क्षायिक और २ पारिणामिक।

संसारी जीवों में से किसी के तीन भाव, किसी के चार भाव और किसी के पांच भाव हैं। दो या एक भाव किसी संसारी जीव में नहीं होते। यह लोक अनन्त जीवों से व्याप्त है। और वे अनन्त जीव इन पांच भावों से युक्त हैं। इसलिए यह भावलोक भी है।

उदार योगदान

गणितानुयोग के प्रस्तुत परिवर्धित/संशोधित द्वितीय संस्करण के सम्पादन काल में सभी सेवा कार्य करते हुए संशोधन आदि अनेक महत्वपूर्ण कार्य श्री विनयमुनि जी "वागीश" ने विवेक पूर्ण सम्पन्न किये हैं।

सम्पादन सम्बन्धी अनेक विषम समस्याओं के समाधान के समय न्याय-साहित्य-व्याकरणाचार्य श्री महेन्द्र ऋषि जी ने विचार विमर्श का योगदान किया है।

शुद्ध सुन्दर लेखन आदि श्रमसाध्य कार्यों का उदार योगदान श्रमणी प्रवरा श्री मुक्तिप्रभा जी एवं श्री दिव्यप्रभा जी का तथा उनकी शिष्याओं का रहा है।

इन सब चारित्र आत्माओं के उदार योगदान से ही यह संस्करण सम्पन्न हुआ अतएव इनके प्रति मैं कृतज्ञता का भाव व्यक्त करता हूँ।

—मुनि कन्हैयालाल 'कमल'

---

१ जहाँ तक यह लोक है वहाँ तक ही धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय है। जीवास्तिकाय और पुद्गलास्तिकाय भी लोकान्त तक ही है। अतः यह लोक द्रव्यापेक्षया सान्त है।

२ यह लोक क्षेत्र से असंख्य कोटा-कोटी योजन पर्यन्त है, आगे अलोक है। अतः यह लोक क्षेत्रापेक्षया भी सान्त है।

३ काल दो प्रकार का है :—नैश्चयिक काल और व्यावहारिक काल। नैश्चयिक काल अनन्त है। अतः इसकी अपेक्षा यह लोक भी अनन्त हैं। और यह काल लोक-व्यापी है। अतः यह धर्मास्तिकाय के समान लोक-अलोक का विभाजक भी है। समय, आवलिका-यावत्-कालचक्र पर्यन्त व्यावहारिक काल है। चन्द्र, सूर्य आदि ग्रहों के गमन और उदयास्त के निमित्त से मानव ही व्यावहारिक-काल के विभाग स्थिर करता है। इसलिए मनुष्य-क्षेत्र को समय क्षेत्र कहते हैं। यह मनुष्य-क्षेत्र अढाई द्वीप पर्यन्त है।

४ जीव-द्रव्य, काल की अपेक्षा से अनन्त हैं, अतः जीव समुदाय के औपशमकादि भाव भी काल की अपेक्षा से अनन्त हैं। और इन औपशमिकादि भावों की अपेक्षा यह लोक अनन्त है।

५ औपशमिक भाव दो प्रकार का है :—१. सम्यकत्व, २. चारित्र।

६ क्षायिक भाव नव प्रकार का है :—१. ज्ञान, २. दर्शन, ३. दान, ४. लाभ, ५. भोग, ६. उपभोग, ७. वीर्य, ८. सम्यक्त्व, ९. चारित्र।

७ क्षायोपशमिक भाव अठारह प्रकार का है :—
१. चार ज्ञान, २. तीन अज्ञान, ३. तीन दर्शन, ४. पांच दानादि लब्धियाँ, ५. सम्यक्त्व, ६. चारित्र-सर्वविरति, और ७. संयमासंयम-देशविरति।

८ औदयिक भाव इक्कीस हैं :—१, चार गतियां, २. चार कषाय, ३. तीन लिंग-भेद, ४. एक मिथ्यादर्शन, ५. एक अज्ञान, ६. असंयम, ७. एक असिद्ध भाव, ८. छः लेश्यायें।

९ पारिणमिक भाव अनेक प्रकार के हैं :—जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व ये तीन तथा अन्य भी पारिणामिक भाव हैं।

१० स्थानांग—स्था. ३, उ. २, सूत्र १५३ में ज्ञान, दर्शन, चारित्र को ही भाव-लोक कहा है। केवलज्ञान, केवलदर्शन और यथाख्यातचारित्र क्षायिक भाव हैं। शेष चार चारित्र क्षायोपशमिक भाव एवं औपशमिक भाव हैं। आत्मशुद्धि की अपेक्षा से औपशमिकादि तीन भाव लोक हैं।

आगम अनुयोग ट्रस्ट, अहमदाबाद


सहयोगियों की नामावली

सेठ श्री चुन्नीलाल नरभेराम मेमोरियल ट्रस्ट, बम्बई
हस्ते श्री मनुभाई बेकरीवाला
गांधी परिवार हैदराबाद
श्री बलदेवभाई डोसाभाई पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट, अहमदाबाद। हस्ते बलदेवभाई डोसाभाई पटेल
श्री आत्माराम माणेकलाल पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट, अहमदाबाद। हस्ते बलवन्तलाल शान्तिलाल
श्री पार्श्वनाथ चेरिटेबल ट्रस्ट, अहमदाबाद
हस्ते नवनीतभाई चुन्नीलाल पटेल
श्री रमणलाल माणेकलाल शाह अहमदाबाद
हस्ते सुभद्रा बहिन
श्री हिम्मतलाल शामलभाई शाह, अहमदाबाद
श्री पंजाब जैन भ्रातृ सभा; खार, बम्बई
श्री रतनकुमार जी जैन बम्बई
"नित्यानंद स्टील रोलर मिल"
श्री तेजराजजी रूपराजजी बंब ; इचलकरंजी महाराष्ट्र
हस्ते, माणकचंद रूपचंद बंब भादवावाले
श्रीमती सुगनीबाई मोतीलाल जी बंब ; हैदराबाद
हस्ते श्री भीवराज बंब पीहवाला
श्री "प्रेमग्रुप" अहमदाबाद "प्रेमराज गणपतराज बोहरा"
हस्ते पूरणचंद जी बोहरा
श्री कालूपुर मरकेन्टाईल कोपरेटिव बैंक लि. अहमदाबाद
श्री मोहनलाल जी मुकनचन्दजी बालिया अहमदाबाद
श्री माणेकलाल रतनशी बगड़िया बम्बई
श्री राजमल रिखबचंद मेहता चेरिटेबल ट्रस्ट बम्बई
हस्ते, सुशीला बहिन रमणीकलाल मेहता, पालनपुर
श्री हरिलाल जेचंद दोसी ; विश्व वात्सल्य ट्रस्ट बम्बई
श्री जगजीवनदास रतनशी बगड़िया ; दामनगर गुजरात
श्रीमती केलीबहिन चौधरी ट्रस्ट तिरुपति (तामिलनाडु)
हस्ते, शान्तिलाल धर्मीचन्द चौधरी
श्री विजयराजजी बालाबक्षजी बोहरा साबरमती अहमदाबाद
श्री अजयराज जी मेहता ऐलिसब्रिज, अहमदाबाद
श्री माणेकलाल सी. गाँधी अहमदाबाद
श्री जसवन्तलाल शान्तिलाल शाह बम्बई
श्री स्वस्तिक कार्पोरेशन अहमदाबाद
हस्ते, श्री हंसमुखलाल कस्तूरचन्द
श्री विजय कन्सट्रकशन कम्पनी अहमदाबाद
हस्ते रजनीकांत कस्तूरचन्द
श्री वाडीलाल छोटालाल डेलीवाला बम्बई
हस्ते, चन्द्रकांत बी० शाह
श्री करसनभाई लधुभाई निसर दादर बम्बई
श्रीमती चन्द्रादेवी गंभीरमल जी बंब टोंक, राजस्थान
श्रीमती लीलावती बेन जयंतीलाल चेरीटेबल ट्रस्ट, बम्बई
श्री सेठ चेरिटी ट्रस्ट बम्बई
श्री हरिश सी. जैन बम्बई
श्री भंवरलाल जी मोहनलाल जी भंडारी, अहमदाबाद
श्री नगीनभाई दोसी अहमदाबाद
श्री कंवरलाल जी धर्मचन्द जी बेताला गौहाटी, आसाम
श्री भंवरीलालजी जुगराजजी फुलफगर, घोड़नदी (महा.)
श्री दिनेश भाई चन्द्रकान्त बेंकर सिकन्द्राबाद
श्री प्रेमचन्दजी पोमाजी साकरिया सांडेराव
श्रीमती हंजाबाई प्रेमचन्द जी साकरिया सांडेराव
श्रीमती पारसदेवी मोहनलाल जी पारख हैदराबाद
श्री जादवजी लालजी वेलजी बम्बई
श्री गणसी देवराज जालना (महा.)
श्री नवरत्नमलजी कोटेचा (बस्सी वाले) हैदराबाद
श्री वृद्धिचन्दजी मेघराज जी साकरिया सांडेराव
श्री जुहारमलजी लुम्बाजी साकरिया सांडेराव
श्री ताराचन्द जी भगवानजी साकरिया सांडेराव
श्री कस्तूरचन्दजी प्रतापजी साकरिया सांडेराव

श्री गेहरीलालजी कोठारी, कोठारी ज्वेलर्स बम्बई
श्री मूलचन्दजी जवाहरलालजी बरड़िया मणिनगर अहमदाबाद
श्री धीगड़मलजी मुलतानमलजी कानुंगा अहमदाबाद
श्री हिम्मतमल निहालचन्द दोसी बम्बई
श्री आर० चौधरी बम्बई
श्री चंपालाल जी पारसमल जी चोरडिया मदनगंज
श्री जबरसिंह जी सुमेरसिंह जी बरडिया, रूपनगढ़
श्री कांतिलालजी रतनचन्दजी बांठिया पनवेल महाराष्ट्र
मै० कन्हैयालाल माणकचन्द एण्ड सन्स बड़गाँव पुना
श्रीमती बिदाम बहिन घीसालालजी कोठारी हैदराबाद हस्ते, मिलापचन्द घीसालाल
श्री रणजीतसिंह ओमप्रकाश जैन काला वाली मंडी (हरियाणा)
श्री माणेकचन्दजी धर्मीचन्दजी प्रेमचन्दजी लुणावत हरमाड़ा (अजमेर)
श्री कांतिलाल जीवणलाल अहमदाबाद
श्री शान्तिलाल टी० अजमेरा, अहमदाबाद
श्री चन्दुलाल शिवलाल संघवी अहमदाबाद हस्ते जयन्तीलाल संघवी
श्रीमती पार्वती बहिन शिवलाल तलक्सीभाई अजमेरा ट्रस्ट अहमदाबाद। हस्ते नवनीतलाल मणीलाल अजमेरा
श्री शांतिलाल अमृतलाल बोरा अहमदाबाद
श्री कांतिलाल मनसुखलाल शाह पालियाद वाला अहमदाबाद
श्री वाडिलाल मोहनलाल शाह सायन बम्बई
श्री गिरधरलाल पुरुषोत्तमदास ऐलिसब्रिज अहमदाबाद
श्री जयन्तीलाल भोगीलाल भावसार सरसपुर अहमदाबाद
श्री भोगीलाल एण्ड कम्पनी अहमदाबाद-२ हस्ते दीनुभाई भोगीलाल भावसार
श्री चिमनलाल डोसाभाई पटेल अहमदाबाद
श्री अहमदाबाद स्टील स्टोर अहमदाबाद हस्ते जयन्तीलाल मनसुखलाल लोखण्डवाला
श्री जादवजी मोहनलाल शाह अहमदाबाद
डा० धीरजलाल एच० गोसलिया नवरंगपुरा अहमदाबाद
श्री सज्जनसिंहजी भंवरलालजी कांकरिया पिपाड़ सिटी (वर्तमान अहमदाबाद)
श्री कांतिलाल प्रेमचंद मुँगफली वाला अहमदाबाद
प्लाजा इण्डस्ट्रीज अहमदाबाद हस्ते, धनकुमार भोगीलाल पारीख
स्व० मणीलाल नेमचन्द अजमेरा तथा स्व० कस्तुरी बहिन मणीलाल की स्मृति में। हस्ते चम्पकभाई मणीलाल अजमेरा बम्बई
श्री नगीनदास शिवलाल अहमदाबाद
श्रीमती कांताबेन भंवरलालजी के वर्षीतप के उपलक्ष में हस्ते सखीदास महासुखभाई अहमदाबाद
श्रीमती समरतबेन चतुर्भुज बम्बई हस्ते, कांतिभाई बेकरीवाला
श्री छगनलाल शामजी भाई विराणी राजकोट बम्बई
श्री रसीकलाल हीरालाल झवेरी बम्बई
श्रीमती तरूलता बेन रमेशचन्द दफ्तरी बालकेश्वर बम्बई
श्री ताराचन्द चतुरभाई वोरा वालकेश्वर बम्बई हस्ते, नंदलाल वोरा
श्री चंपकलाल एम० लाखाणी बम्बई
श्री हीरजी सोजपाल कच्छकपाया वाला बम्बई
श्री अमृतलाल सोभागचन्द की स्मृति में हस्ते, गुणवंतलाल राजेन्द्रकुमार बम्बई
श्री दलिचन्दभाई अमृतलाल देसाई अहमदाबाद
श्री एच० के० गांधी मेमोरियल ट्रस्ट घाटकोपर वम्बई हस्ते, वजुभाई गांधी
श्री भाईलाल जादवजी सेठ कोल्हापुर, महाराष्ट्र
श्री जुहारमल दीपचन्द नाहटा सर्राफ केकडी (राज.) हस्ते, धनराज लालचंद नाहटा
श्री नाहरमल जी बागरेचा राबडियाद हस्ते नौरतमल बागरेचा
श्री शोवजी माणेक भेदा तथा उमरबाई शीवजी भेदा की स्मृति में कच्छ बरेजा
अ. सौ. रतनजी केशवजी छेड़ा की स्मृति में हस्ते उमर बाई शिवजी भेदा कच्छ कुंदरोडी
श्री पी. के. गांधी बम्बई
श्री सुखलालजी कोठारी खार बम्बई
श्री नागरदास मोहनलाल, खार, बम्बई

श्री आनन्दीलालजी कटारिया वड़ाला बम्बई
श्री वसन्तलाल के. दोसी विर्लेपारला बम्बई
दी प्रीसीसन टेक्सटाइल इन्जीनियरिंग एण्ड काम्पोन्नटस बम्बई
श्री मेहता इन्द्रजी पुरुषोत्तमदास दादर बम्बई
स्व० भाई अमृतलाल की स्मृति में
श्री पारसमल जी कावडिया सादड़ी मारवाड़ (आर-काट)
श्री हिम्मतमल जी प्रेमचन्द जी साकरिया सांडेराव
श्री कोरसीभाई हीरजीभाई चेरिटेबल ट्रस्ट बम्बई
श्री जयसुखभाई रामजीभाई कांदावाडी बम्बई
श्री चिमनलाल गिरधरलाल कांदावाडी बम्बई
श्री मेघजी भाई थोभण हस्ते मणीलाल वीरचन्द कांदा-वाडी बम्बई
श्री प्रितमलाल मोहनलाल दफ्तरी कांदावाडी बम्बई
मैसर्स सिलमोहन एण्ड कम्पनी बम्बई (टाइपराइटर हेतु)
हस्ते रमणीकलाल धानेरा
श्री नरोतमदास मोहनलाल बम्बई
श्री रत्तीलाल विट्ठलदास गोसलिया माधवनगर, (महा०)
श्री वाडीलाल जेठालाल शाह वाल्केश्वर बम्बई
श्री जैन संस्कृति कला केन्द्र मरीन लाइन बम्बई
आचार्य यशोदेव सुरीश्वरदेव महाराज की प्रेरणा से,
श्री मेघजी खिमजी तथा श्रीमति लक्ष्मी बेन मेघ जी खिमजी बम्बई
श्री हरखराजजी दौलतराजजी धारीवाल हैदराबाद
श्री लादूसिह जी गांग एडवोकेट शाहपुरा (राजस्थान)
श्री एस० एन० भीकमचन्द जी सुखाणी लाल बाजार सिकन्द्राबाद
श्री ताराचन्द गुलाबचन्द बम्बई
श्री गिरधरलाल मंछाचन्द झवेरी धानेरावाला बम्बई
श्री पुखराजजी कावडिया सादड़ी मारवाड़ (बम्वई)
श्रीमति भूरीबाई भंवरलाल जी कोठारी सेमा (मेवाड़)
हस्ते सागरमल मदनलाल रमेशचन्द्र, बम्बई
श्री प्रेमराज जी चोरडिया मदनगंज (अजमेर)
श्री शान्तिलाल जी संचेती मदनगंज, (अजमेर)
श्री चुन्नीलाज जी बागरेचा बालाघाट
श्री रसीकलाल हीरालाल झवेरी, बम्बई
श्री सूरजमल कनकमल ; मदनगंज
श्री माँगीलाल जी सोलंकी, सादड़ी वाले पूना
श्री प्रवीण भाई के. मेहता बम्बई
श्री सज्जनराज जी कटारिया सिकन्द्राबाद
श्री बाबूलाल जी कांकरिया, हैदराबाद
श्री भरत भाई जे. शाह अहमदाबाद
श्री सोहनराज जी चौथमल जी संचेती (सोजत वाले) सुरगाणा

□□



आगम अनुयोग ट्रस्ट :

आगम ज्ञान प्रचार का महान् उपक्रम

☐ आगम अनुयोग ट्रस्ट, (पंजीकृत) अहमदाबाद—जैन आगमों को अनुयोग शैली में वर्गीकृत करके शुद्ध मूल पाठ एवं अनुवाद के साथ प्रकाशित करने की योजना को मूर्त रूप दे रहा है।

☐ कम से कम 500 रुपया देकर इच्छुक व्यक्ति अग्रिम ग्राहक सदस्य बना सकता है।

☐ मान्य सदस्यों को सभी आगम ग्रन्थ निःशुल्क दिये जाते हैं।

☐ योजनानुसार ये ग्रन्थ मूल पाठ के साथ-हिन्दी, गुजराती तथा अँग्रेजी—तीन भाषाओं में अलग-अलग अनुवाद के साथ प्रकाशित किये जायेंगे।

☐ अग्रिम सदस्य किसी भी एक भाषा का एक सेट अपनी रुचि के अनुसार सुरक्षित करवा सकते हैं। और जैसे-जैसे प्रकाशित होंगे, उन्हे प्राप्त होते रहेंगे।

सम्पर्क के लिये—

श्री हिम्मतलाल एस. शाह


मन्त्री—आगम अनुयोग ट्रस्ट

अमर निवास, सोहराबजी कम्पाउन्ड,

वाड्ज, अहमदाबाद—13

प्रथम श्रेणी

श्री बलदेवभाई डोसाभाई पटेल, अहमदाबाद



आप मूलतः साणंद (गुजरात) के निवासी हैं। बहुत वर्षों से अहमदाबाद में ही व्यापार व्यवसाय कर रहे हैं। व्यापारी समाज में आपकी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठा है। आपके कॉटन का बहुत बड़ा व्यापार है, आप गुजरात व्यापारी महामण्डल के प्रमुख भी रहे हुए हैं। आप अखिल भारतीय शास्त्रोद्धार समिति के प्रमुख हैं एवं अनेक सामाजिक संस्थाओं के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। लोककल्याण के कार्यों में सदा तत्पर रहते हैं। अनेक वर्षों से आप ब्रह्मचर्य व्रत एवं रात्रि में चौविहार आदि का पालन करते हैं। प्रतिदिन सामायिक, प्रति-क्रमण तथा धार्मिक ग्रन्थों का स्वाध्याय ही आपकी दिनचर्या का प्रमुख अंग है। आप दृढ़ धर्मी, उदार हृदयी श्रावक हैं अतः स्थानीय समाज के अग्रणी माने जाते हैं। कालूपुर बैंक के आप चेयरमेन हैं।

अनुयोग प्रवर्तक पूज्य गुरुदेव श्री कन्हैयालालजी म० 'कमल' के सम्पर्क में आप सन् 1976 में आये। उनके अनुयोग लेखन कार्य से प्रभावित होकर आपने आगम अनुयोग ट्रस्ट की स्थापना की, इस समय ट्रस्ट के प्रमुख भी आप ही हैं। आपकी धर्मपत्नि श्रीमती रुक्मणी बहिन भी धार्मिक भावना वाली हैं, आपके सुपुत्र वच्चूभाई, बकुलभाई में धर्म के सुसंस्कार दृढ़ हैं।



श्री हिम्मतलाल शामलभाई शाह, अहमदाबाद

आप बहुत ही उत्साही कार्यकर्ता हैं। शामलभाई अमरशी के आप सुपुत्र हैं। आपके घर पर एक विशाल पुस्तकालय है, उसमें अनेक महत्वपूर्ण ग्रन्थों का संग्रह है। शोध निबन्ध लेखकों के लिए यह संग्रह अत्यन्त उपादेय है। आप साधु-साध्वियों की ज्ञान वृद्धि के लिए सतत प्रयत्नशील रहते हैं। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप ट्रस्टी हैं। प्रकाशनों की प्रगति में आपका महत्वपूर्ण सक्रिय योगदान रहता है। वृद्धावस्था में भी आपका पुरुषार्थ, धर्म एवं स्वाध्याय की रुचि अनुकरणीय है।

अनुयोग प्रकाशन के प्रति आप विशेष प्रयत्नशील है।

□



श्री रमणलाल माणेकलाल शाह, अहमदाबाद

आप नवरंगपुरा अहमदाबाद के निवासी हैं। आपके मातुश्री लहरी बहन तथा धर्मपत्नी सुभद्रा बहन बहुत ही धार्मिक भावना वाली श्राविका हैं। आपने स्था० जैन उपाश्रयों में बहुत बड़ा योगदान दिया है। पूज्य गुरुदेव के दीक्षा अर्द्ध शताब्दी के अवसर पर श्री वर्धमान महावीर बाल निकेतन के उद्घाटन पर भी आपने बहुत बड़ा योगदान दिया है। आप आगम अनुयोग ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं। अनेक बार व्यापार के कारण विदेश जाना होता है परन्तु वहाँ भी धर्म के प्रति वही दृढ़ श्रद्धा रहती है। मानव राहत कार्यों में अपनी सम्पत्ति का सदुपयोग विशेष रूप से करते रहते हैं।

श्री बलवन्तलाल शान्तीलाल शाह; अहमदाबाद

आप अहमदाबाद में रूई (कॉटन) के प्रतिष्ठित व्यापारी हैं। आपकी आत्माराम माणेकलाल नाम की बहुत बड़ी फर्म है। बहुत ही धार्मिक, उदार, गुप्तदानी श्रावक हैं। दरियापुरी स्थानकवासी जैन संघ छीपापोल एवं अनेक संस्थाओं के आप सक्रिय कार्यकर्ता हैं। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप ट्रस्टी हैं।





स्व. तेजराजजी घेवरचंदजी बंब, इचलकरंजी

★

आप मूलतः भादवा मारवाड़ निवासी थे। आप आठ भाई थे; श्री मूलचन्द जी, श्री तेजराज जी, श्री मदनलाल जी, श्री माणकचन्द जी, श्री सोहनलाल जी, श्री मोतीलाल जी, हिराचन्द जी एवं श्री श्रीचन्द जी।

श्री तेजराज जी सा० का तीन वर्ष पूर्व निधन हो गया। आप बहुत ही धर्मनिष्ठ उदार हृदयी श्रावक थे। आप पूज्य गुरुदेव श्री फतेहचन्द जी म० के सुशिष्य अनुयोगप्रवर्तक मुनि श्री कन्हैयालाल जी म० "कमल" के अनन्य भक्त थे। आपके सुपुत्र रूपचन्द जी भी धार्मिक भावना वाले उदार हृदय युवक हैं।

आपका वर्तमान में व्यवसायिक क्षेत्र इचलकरंजी है। आप आगम अनुयोग ट्रस्ट के ट्रस्टी थे।



स्व० जगजीवनदास रतनसी बगड़िया

दामनगर

आप दामनगर के प्रतिष्ठित सुश्रावक थे। आगमों के बहुत बड़े अभ्यासी थे। अनेक शास्त्रों का प्रकाशन भी आपने करवाया था। बहुत ही नम्र स्वभाव के थे। साध्वीयों के प्रति आपकी असीम श्रद्धा थी। बोटाद संप्रदाय के श्री अमीचन्द जी म० की प्रेरणा से आपके सुपुत्र भोगी भाई के चतुर्थ व्रत के प्रत्याख्यान के उपलक्ष्य में आगम अनुयोग ट्रस्ट को बहुत बड़ा योगदान दिया है।

✱



स्व० श्री राजमल रिखबचंद मेहता
एवं
स्व० श्रीमती मणीबेन राजमल मेहता
पालनपुर

पूज्य मातुश्री तथा पिताश्री;

आपका हमारे ऊपर बहुत उपकार है। क्योंकि संस्कार सिंचन करने वाले एवं जीवन में धर्म रूप पाया डालने वाले माता पिता ही होते हैं। हम आपके बहुत-२ ऋणी हैं।

विनीत—रमणिकलाल राजमल
सौ० सुशीला बहन रमणिकलाल


[श्रीमती सुशीला बहन मेहता—पालनपुर स्थानकवासी समाज की अग्रणी महिला है। वर्तमान में बालकेश्वर संघ की प्रमुख हैं। बहुत ही उदार दानवीर महिला हैं। उपाश्रय आदि के लिए आपका विशेष योगदान रहता है।]

श्री नवनीत भाई चुन्नीलाल पटेल,
अहमदाबाद

आपने अनेक स्थानकों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। तपस्वियों का सम्मान करने में आपको विशेष रुचि रही है। पार्श्वनाथ कॉर्पोरेशन के आप मैनेजिंग डाइरेक्टर हैं। बरवाला संप्रदाय के आचार्य श्री चम्पक मुनिजी म० के अनन्य भक्त हैं। हरसिद्ध कोपरेटिव बैंक के आप चेयरमेन हैं। अपनी जन्मभूमि सुणाव में होस्पिटल के लिए पाँच लाख का महत्वपूर्ण दान दिया है। नवरंगपुरा, नारायणपुरा, नवावाडज आदि अनेक संघों के एवं संस्थाओं के आप ट्रस्टी एवं प्रमुख हैं।


आपके पिता श्री चुन्नीलाल भाई, माता सूरजबेन भी बहुत ही धर्मपरायण हैं। साधु साध्वी जी की वैयावच्च हेतु अग्रणी रहते हैं।

आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप ट्रस्टी हैं।



स्व. श्री हरिभाई जयचन्द दोशी

विश्व वात्सल्य ट्रस्ट बम्बई



आप बड़े ही सादगीप्रिय तत्वज्ञानी श्रावक थे। धर्म के प्रति गहरी श्रद्धा रखते थे। साधु-साध्वियों के प्रति भक्ति एवं दान की भावना विशेष थी।

आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप भी प्रथम श्रेणी के सहयोगी रहे हैं।



धर्मशीला उदयकंवर बाई मोहनलाल जी बालीया


आप मुकनचन्द जी बालिया के सुपुत्र श्री मोहनलाल जी की धर्मपत्नी हैं। बहुत ही उदार, धर्मशीला श्राविका हैं। बालीया जी साहब मूलतः पाली मारवाड़ के प्रतिष्ठित कुल के हैं। अनेक संस्थाओं के प्राण हैं। वर्धमान महावीर केन्द्र आबू पर्वत पर प्रथम बार आपने बड़े पैमाने पर आयंबिल ओली का भव्य आयोजन करवाया। पाली में निर्मित आचार्य रघुनाथ स्मृति भवन का उद्घाटन आपके द्वारा हुआ। आगम अनुयोग ट्रस्ट के विशेष सहयोगी हैं। पूज्य प्रवर्तक स्व० मरुधरकेशरी जी महाराज एवं अनुयोग प्रवर्तक श्री जी के प्रति विशेष श्रद्धा रखते हैं।

स्व० श्री मेघराज जी बम्ब, हैदराबाद



आप मूलतः पीही मारवाड़ निवासी हैं। हैदराबाद में रह कर आपने बहुत बड़ा व्यापार किया। अनेक सुकृत कार्यों में उदार मन से जीवन पर्यन्त सहयोग करते रहे। शमशेरगंज में धर्म आराधना हेतु एक भवन का निर्माण भी कराया।

आपका स्वास्थ्य कुछ वर्षों से अच्छा नहीं था, कुछ वर्ष पूर्व आपका स्वर्गवास हो गया। आप पूज्य गुरुदेव श्री महाराज के अनन्य भक्त थे, आप अन्तिम समय तक गुरुदेव के चातुर्मास की प्रबल भावना करते रहे। वह भी सफल हुई और गुरुदेव का चातुर्मास वि० सं० २०२८ का हुआ। आपके भाई चांदमल जी भीमराज जी शिवराज जी भी बहुत ही धार्मिक उदार व गुरुभक्त हैं। आप आगम अनुयोग ट्रस्ट के प्रथम श्रेणी के सहयोगी बने।



श्री माणिकलाल एम० बगड़िया

आप मूलतः दामनगर (सौराष्ट्र) निवासी है। वहाँ का बगड़िया परिवार धर्म के प्रति उत्साह शील तथा ज्ञान के प्रति विशेष रुचि रखता है। आप बहुत ही उदारमना, सुश्रावक है। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप प्रथम श्रेणी के सक्रिय सदस्य है।

बोटाद सम्प्रदाय के पूज्य श्री अमीचन्द जी म० के भक्त धर्म-अनुरागी श्रावक हैं।



श्री अजयराज जी मेहता अहमदाबाद,

आप मुख्यतः बड़लू (भोपालगढ़) के निवासी हैं। आपकी धर्मपत्नी सरोजबेन भी बहुत धार्मिक भावना वाली हैं। आपका अहमदाबाद में फाइनेन्स का व्यवसाय है। आप बहुत ही नम्र, सरल एवं उदार व्यक्ति हैं। आगम अनुयोग ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं।

श्री विजयराज जी, बोहरा; अहमदाबाद

आप राणीवाल मारवाड़ के निवासी हैं। श्री बालाबक्स जी के आप सुपुत्र हैं। अहमदाबाद में आपका न्यू क्लोथ मार्केट में फाइनेन्स का बहुत बड़ा व्यापार है। अनुयोग के कार्य हेतु पूज्य गुरुदेव अहमदाबाद पधारे जब से विशेष रुचि है। आप पूज्य मरुधर केसरी जी म० के अनन्य भक्त हैं। अनुयोग ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं।

श्री वर्धमान महावीर बाल निकेतन आबू पर्वत के भी आप ट्रस्टी हैं। वर्तमान में साबरमती स्था० जैन संघ के अध्यक्ष हैं।





श्रीमती केलीबाई देवराज जी चौधरी

जैतारण, (मारवाड़)

आप बहुत ही धार्मिक दानवीर महिला हैं। आपके सुपुत्र श्री शान्तिलाल जी एवं श्री धर्मीचन्द जी चौधरी कर्मठ कार्यकर्ता हैं। आपका व्यवसाय तिरुपतिबालाजी में है। आपने अनेक बार बहुत लम्बे-लम्बे मुनि दर्शनार्थ संघ निकाले हैं स्थान-स्थान पर दान देकर सम्पत्ति का सदुपयोग कर रहे हैं। आपने आगम अनुयोग ट्रस्ट को भी सहयोग प्रदान किया है।

श्रीमती चन्द्रादेवी बंब, टोंक (राज०)

आपका जन्म आसोज बदी १२ सन् १९३३ दिल्ली में हुआ। सन् १९४५ में (राज०) के प्रतिष्ठित परिवार के श्री धन्नालालजी बंब के सुपुत्र श्री गंभीरमल जी के साथ पाणिग्रहण हुआ। आपके दो सुपुत्र श्री अजीतकुमार एवं श्री अशोक कुमार हैं।

आप अनुयोग प्रवर्तक पं० रत्न मुनि श्री कन्हैयालाल जी म० 'कमल' एवं महासती श्री पानकंवर जी, तथा रत्नकंवर जी से विशेष प्रभावित हुई हैं।

श्री विनय मुनि जी 'वागीश' के जीवन निर्माण में एवं धर्म की ओर अग्रसर करने में आप प्रमुख रही हैं। आप स्वयं के दीक्षा लेने के उग्रभाव थे परन्तु स्वास्थ्य अनुकूल न होने के कारण न ले सके। आपका स्वभाव बहुत ही विनम्र है। आपने अनुयोग ट्रस्ट में विशेष योगदान दिया है।




श्रीमान प्रेमचन्दजी पोमाजी साकरिया (सांडेराव)



आप सांडेराव के प्रमुख श्रावक श्री पोमाजी दलीचन्दजी के सुपुत्र थे। श्री पोमाजी तपस्वी गुरुदेव श्री वख्तावरमल जी म० के अनन्य भक्त थे। आपका भी जीवन बहुत धर्ममय सादगी पूर्ण था। आप सरल हृदय के श्रद्धाशील श्रावक थे। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सक्रिय सहयोगी थे।

श्रीमान ताराचन्दजी भगवानजी (सांडेराव)



आप धार्मिक आराधना उपासना में विशेष प्रबल भावना रखते हैं। आपका व्यवसाय क्षेत्र बम्बई है : आप शरीर से अस्वस्थ होते हुए भी सदा प्रसन्न चित्त रहते हैं। सहिष्णुता सज्जनता आपके स्वभाव के सहज गुण है। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सक्रिय सहयोगी हैं।



धर्मशीला श्रीमती हंजाबाई प्रेमचन्द जी साकरिया

आपका जीवन बहुत ही धर्ममय त्याग मय है। आपके सुपुत्र श्री साकलचन्दजी डा० घीसुलाल जी आदि सभी परिवार की पूज्य गुरुदेव के प्रति गहरी श्रद्धा एवं भक्ति है। साकरिया ब्रादर्स नाम से बम्बई (सायन) में आपके परिवार का मेडिकल व्यवसाय है।

आगम अनुयोग ट्रस्ट को आपका सक्रिय सहयोग मिला है।

★



श्रीमती गैहरीलालजी कोठारी [बम्बई]

श्रीमान गैहरी लाल जी कोठारी मेवाड संघ शिरोमणि प्रवर्तक श्री अम्बालालजी म० के प्रति विशेष भक्ति-भाव रखने वाले धर्मप्रेमी उदार हृदय सज्जन है। आप समाज के सभी कार्यों में तन-मन-धन से आगे रहकर सेवा करते हैं। बड़े ही हँसमुख, सरल स्वभावी और दानी सज्जन है। आपकी धर्मपत्नी सुश्राविका भी आपकी भांति दान-शील-तप-आदि धर्माचरण में विशेष रुचि रखती है। आगम अनुयोग ट्रस्ट के प्रकाशन कार्य में आपका सहयोग प्राप्त हुआ है। आप मूलतः सेमा (मेवाड़) निवासी है। वर्तमान में कोठारी ज्वेलर्स, नाम से सायन (बम्बई) में आपका व्यवसाय है।



श्रीमती पारस देवी मोहन लाल जी पारख, हैदराबाद

श्रीमान मोहनलाल जी मूलतः लाम्बिया (मारवाड़) निवासी है। आप बहुत ही उदार हृदय के धर्म प्रेमी सज्जन है। सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सदा सहयोग प्रदान करते रहते हैं। हैदराबाद में आपका फाइनेन्स का व्यवसाय ही श्रीमती पारसदेवी पीही निवासी श्रीमान घीसुलाल जी कोठारी की बहन है। साधु सन्तों के प्रति विशेष भक्तिभाव है।

आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सक्रिय सहयोगी है।

卐

श्री रणजीतसिंह जी जैन




आप प्रसिद्ध श्रावक श्री लक्खूराम जी जैन मन्डी कालावाली (जि. सिरसा-हरियाणा) के सुपुत्र हैं। स्वामी श्री छगन लाल जी महाराज के आप परम भक्त हैं। तपस्वी श्री रोशन मुनि जी म० के प्रति भी आपकी विशेष भक्ति है। सामाजिक धार्मिक कार्यों में आप उदारतापूर्वक सहयोग देते हैं। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सक्रिय सदस्य हैं।

श्रीमान जुहारमलजी लुम्बाजी साकरिया (सांडेराव)



आपका परिवार बहुत ही धर्मनिष्ठ तथा उदार मना है। आपकी भाँति आपकी धर्मपत्नी सौ० पानीबाई भी बहुत ही धर्मशीला, सेवापराणय सुश्राविका है। आपके सुपुत्र श्री चम्पालाल जी, फुटरमल जी, हस्तीमल जी, और सागरमल जी और रमेशचन्द जी सभी भाई धर्मप्रेमी व गुरुदेव श्री के परम भक्त हैं। आगम अनुयोग ट्रस्ट ; श्री वर्द्धमान महावीर केन्द्र आबू पर्वत आदि संस्थाओं में आपका सक्रिय सहयोग मिलता रहता है।



श्रीमान कँवरलालजी बेताला (गौहाटी)


आप मूलतः डेह (नागौर) निवासी हैं। आपके पिताश्री सेठ श्री पूनमचन्द जी एवं माता श्रीमती राजबाई बहुत ही धार्मिक विचारों के उदार हृदय थे। आप भी सन्तसेवा, समाज सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, धर्मस्थान-निर्माण एवं साहित्य प्रकाशन आदि विभिन्न क्षेत्रों में उदारतापूर्वक सहयोग प्रदान करते रहते हैं। स्व० युवाचार्य श्री के आप अनन्य भक्त हैं। ज्ञानचन्द धर्मचन्द बेताला, के नाम से गौहाटी में आपका मोटर फाइनेन्स व्यवसाय है। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सक्रिय सहयोगी हैं।

श्री वर्धमान महावीर बाल निकेतन आबू पर्वत के ट्रस्टी हैं।


श्री हरीश सी. जैन (बम्बई)

आपका जन्म पंजाब में हुआ, तथा बम्बई आकर आपने विज्ञापन व्यवसाय प्रारम्भ किया। कठिन परिश्रम तथा गहरी सूझबूझ, मृदु व्यवहार के कारण आप प्रगति के शिखर पर चढ़ते गये। आज आपका संस्थान जैसन्स (इन्डिया लि०) सम्पूर्ण विश्व के विज्ञापन व्यवसाय में प्रमुख स्थान रखता है। आप सामाजिक सेवा कार्यों में विशेष रुचि रखते हैं। साधु सन्तों के प्रति आपकी गहरी श्रद्धा भावना है। पंजाब जैन भ्रातृ सभा खार के आप अध्यक्ष हैं। तथा अनेक संस्थाओं से सम्बद्ध है।

आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सक्रिय सहयोगी है।




तृतीय श्रेणी सहयोगी



स्व० शा० कस्तूरचन्दजी प्रतापजी साकरिया (सांडेराव)

आप बांकलीबास के प्रतापजी कपूर जी के सुपुत्र थे ! स्व० तपस्वी स्वामी श्री वक्तावरमल जी म० के अनन्य भक्तों में से एक थे। आपके सुपुत्र शांतिलाल जी कांतिलाल जी, मदनलाल जी, विमलचन्द जी सुरेशकुमार जी, जगदीश जी भी धर्म में दृढ़ श्रद्धाभाव रखते हैं। सन् ८५ में गुरुदेव के चातुर्मास में आपके घर में घर पांच मास खमण हुए।



श्री वृद्धिचन्द जी मेघराज जी (सांडेराव)

श्री स्थानकवासी जैन श्रावक संघ सांडेराव एवं वर्धमान महावीर केन्द्र आबू पर्वत के आप प्रमुख कार्यकर्ता हैं। श्री मूलचन्द जी, शेषमलजी, उमेदमलजी एवं आप चार भाइयों में सबसे बड़े हैं। पूज्य गुरुदेव के अनन्य भक्त हैं।



श्रीमान धनराजजी नाहटा, (केकड़ी) (राज०)

आप श्री दीपचन्द जी नाहटा के सुपुत्र हैं। चित्रकला, कविता, नाटक कला, व्यायाम आदि में आपकी विशेष रुचि है। साथ ही धार्मिक ज्ञान, तत्वचर्चा तथा वाद-विवाद में भी कुशल हैं। स्थानकवासी जैन संघ केकड़ी के मन्त्री हैं। पूज्य स्वामीदास जी म० की परम्परा के प्रति अत्यन्त निष्ठा रखते हुए गुरुदेव मुनि श्री कन्हैयालाल जी म० 'कमल' के अनन्य भक्त हैं। श्रमण संघ के प्रति आपकी गहरी निष्ठा है। आगम अनुयोग ट्रस्ट के सहयोगी हैं।

तृतीय श्रेणी सहयोगी



श्रीमान धींगड़मल जी कानुगा

(गढ़ सिवाना) अहमदाबाद


आप दानवीर धर्म निष्ठ सुश्रावक है। आपकी धर्म पत्नी पानीबाई भी धर्मशीला श्राविका है। धार्मिक कार्यों में लक्ष्मी का सदुपयोग करते रहते हैं।



श्रीमान सज्जनराज जी कांकरिया

(पीपाड़ सिटी)

आप बहुत ही उत्साही युवक हैं। आपका अहमदाबाद में फाइनेन्स का व्यवसाय है।



स्व० श्रीमान अमरचंद जी लुणावत

(हरमाड़ा) अजमेर (राज०)

आप पूज्य गुरुदेव श्री फतेहचन्द जी महाराज के अनन्य भक्त थे। श्री माणकचन्द जी, श्री धर्मीचन्द जी, श्री प्रेमचन्द जी लुणावत आपके सुपुत्र हैं।

गणितानुयोग : प्रस्तावना

१. गणितानुयोग—एक परिचय

मुनि श्री **कन्हैयालाल जी 'कमल'** द्वारा संकलित यह संकलन ग्रन्थ है जिसमें श्वेताम्बर मान्य जैन आगमों में वर्णित भूगोल एवं खगोल सम्बन्धी ऐसे समग्र सूत्रों का संकलन किया गया है जिनमें गणित का स्वाभाविक रूप से उपयोग हुआ है। इस ग्रन्थ **में** उक्त संकलन का वर्गीकरण लोक संरचना के माध्यम से किया गया है जिसमें खगोल, ज्योतिष एवं भूगोल विषयक सामग्री वर्गीकृत हो जाती है। लोक संरचना में विभिन्न प्रकार के लोकों का अलग-अलग विवरण चुना गया है जिसमें लोक (सामान्य), द्रव्य-लोक, क्षेत्रलोक, अधोलोक, तिर्यक्लोक, (मध्य लोक), ऊर्ध्व लोक काल लोक, अलोक एवं लोकालोक विषय लिये गये हैं।

गणितानुयोग का शब्दार्थ गणित सम्बन्धी पृच्छा अथवा गणित सम्बन्धी सूत्रों का विस्तार से अर्थ प्रतिपादन होता है। साहित्य का द्रव्यात्मक एवं भावात्मक स्वरूप होता है।

वैदिक साहित्य के एक अंग उपनिषत् में जो उपदेश **गौतम** का नाम लेकर सुनाया गया है[1] वह **वर्द्धमान महावीर** के प्रधान शिष्य इन्द्रभूति **गौतम** का स्मरण दिलाता है जिन्हें श्वे० जैनागमों में गौतम नाम से ही सम्बोधित करके सुनाये गये हैं।

इसी शैली में अर्द्धमागधी के सूत्रों को उद्धृत कर एवं उसके ठीक सम्मुख हिन्दी अनुवाद देते हुए यह संकलन शोध छात्रों के लिए अत्यन्त उपयोगी बन पड़ा है।

उपलब्ध अर्धमागधी जैनागम ११ **श्रुतांगों**, १२ **उपांगों**, **१० प्रकीर्जकों**, २ **चूलिका सूत्रों** मे निहित है। आगमों का टीका साहित्य भी उपलब्ध है, किन्तु इस संकलन में केवल अंगोपागों के मूल सूत्रों का संकलन इस प्रकार किया गया है कि गणित विषयक प्राचीनतम सामग्री का लोक विषयक निरूपण हो सके। इस प्रकार इस ग्रन्थ का नाम गणितानुयोग युक्त लोक प्रज्ञप्ति सार्थक है। साथ ही मूल सूत्र का उसी पृष्ठ पर अर्द्ध भाग में और हिन्दी अनुवाद का उसी पृष्ठ पर शेष अर्द्ध भाग में आमने-सामने दिये जाने से इस नवीन संस्करण का महत्व अपने आप में अत्यधिक बढ़ गया है, जो न केवल देशी वरन् विदेशी छात्रों के लिए अत्यन्त लाभकारी सिद्ध होगा।

अब हम इस विशिष्ट रूप से संकलित सामग्री के गणितीय रूप को निखारने का निम्नलिखित रूप से प्रयास करेंगे। विवरण सूत्र की संख्यानुसार होगा।

लोक सम्बन्धी गणितीय विवरण

सूत्र १, पृ० २ :

अनन्त शब्द दार्शनिक ही नहीं वरन् अनन्त चतुष्टय का प्रतीक है। अनन्त दर्शन, अनन्त ज्ञान, अनन्त वीर्य और अनन्त सुख के लिए इसका उपयोग सिद्ध भगवानों के लिए हुआ है। यहां अनन्त ज्ञान की **अविभागी प्रतिच्छेद राशि** समस्त राशियों का संकलन रूप होती है। यह पद अनन्त काल तक अचल होने के कारण अनन्त समयों से युक्त भविष्य काल राशि के समयों की संख्या का भी सूचक है। विशेष विवरण हेतु देखिये जै. सि. को. भाग १, पृ० ५४; इत्यादि; जै० ल०, भाग १, पृ० ४५ इत्यादि। देखिये रा० अ० को० भी।

सूत्र २३, पृ० ११

लोक प्रमाण पूर्व, दक्षिण, पश्चिम एवं उत्तर में असंख्य कोटाकोटि योजन बतलाया गया है। यहाँ तीनों पारिभाषिक शब्द आये हैं।

---

१ हन्त तेऽदम् प्रवक्ष्यामि, गुह्यं ब्रह्म सनातनम्।
यथा च मरणं प्राप्य, आत्मा भवति **गौतम** !॥
योनिमन्ये प्रपद्यन्ते शरीरत्वाय देहिनः।
स्थाणुमन्येऽनु संयन्ति यथाकर्म यथाश्रुतं॥—कठो. २,२,६-७

"असंख्य" संख्यामान से अवतरित होता है।

"कोटाकोटि" **दाशमिक पद्धति** से अवतरित है।

"योजन" खगोल विषयक माप योजना से सम्बन्धित है।

इन शब्दों के लिए जै. सि० को०, जै० ल० एवं रा० अ० को० देखिये।

सूत्र २४, पृ० ११

इस सूत्र में "वाससहस्साउए' अर्थात् १००० वर्ष की आयु वाला शब्द महत्वपूर्ण है, जो गणित विधि में दाशमिक संकेतना के रूप में विशेष प्रयुक्त हुआ है।

सूत्र २५, पृ० १२

लोक का **आयाम-मध्य** रत्नप्रभा पृथ्वी के **अवकाशान्तर** का **असंख्यातवां भाग** उल्लंघन करने पर पाया जाता है।

यहाँ आयाम-मध्य शब्द ज्यामितीय है और सान्त आयाम (लम्बाई) के मध्यभाग की कल्पना कर दो समान भागों में बाँटने का निर्देश है। अवकाशान्तर भी ज्यामिति से दूरी के अन्तर को निर्देशित करता है। इसी प्रकार **असंख्यातवें भाग** की कल्पना भी अद्वितीय है जो गणित में सीमा निकालने में प्रयुक्त होती है। देखिये जै० सि० को० भाग १, पृ० २१४ इत्यादि।

सूत्र २६, पृ. १२

लोक का **"सम भाग"** और **"संक्षिप्त भाग"** लोकस्वरूप की संकल्पनाएँ हैं। इसमें **ज्यामिति** अभिप्रेत हैं।

सूत्र २७, पृ. १२

लोक का **"वक्रभाग"** भी विग्रह कांडक अर्थात् ज्यामितीय संकल्पना है। श्वेताम्बर-परम्परा की मूल मान्यता के आधार पर इसके विचार हेतु देखिये वि० प्र०, पृ० २०२ आदि। इनका **तात्पर्य शोध का** विषय है।

सूत्र २८, पृ० १३

नीचे से विस्तीर्ण, मध्य में संक्षिप्त और ऊपर से ऊर्ध्व मृदंग के **ज्यामितीय आकार** का लोक निर्दिष्ट है।

सूत्र २९, पृ० १३

आठ प्रकार की लोकस्थिति खगोल विज्ञान से सम्बन्ध रखती है।

सूत्र ३०, पृ० १४

दस प्रकार की लोकस्थिति जीव और पुद्गल की गमनशीलता सम्बन्धी पर्यायों से सम्बन्ध रखती है। उनकी सीमाएँ निर्धारित करती है। अतः यह **गति एवं स्थिति विज्ञान** से सम्बन्धित है।

सूत्र ३१, पृ० १५

यहाँ **खगोल विज्ञान** विषयक पृच्छा है। काल के अनादि और अनन्त से सम्बन्ध रखने वाली लोक संरचना से अभिप्रेत है। यहाँ ध्रुव, नियत, शाश्वत, अक्षय, अव्यय, अवस्थित, नित्य शब्दों के अभिप्राय **खगोल विज्ञान** सम्बन्धी भिन्न-भिन्न हैं। यहाँ काल के दो बड़े युग अवसर्पिणी काल एवं उत्सर्पिणी काल शब्द **युग विज्ञान** से सम्बन्धित हैं। भारत में **युग विज्ञान** द्वारा ग्रहादि भ्रमण का ज्योतिष में उपयोग आर्यभट्ट (लगभग ई० पाँचवीं शती) ने किया। इसके पूर्व भी न केवल वैदिक ग्रन्थों में अपितु जैन ग्रन्थों में भी युग विभिन्न प्रकार से संरचित किये गये। इस पर विशेष शोध फ्रांस के रोजर विलर्ड ने कम्प्यूटर द्वारा की है।

सूत्र ३२, पृ० १६

लोक सान्त है या अनन्त है का समाधान द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव प्रमाणादि के सापेक्ष उत्तर देकर किया गया है। विभिन्न प्रमाण प्रस्तुत करते हुए निर्देश है कि द्रव्य की अपेक्षा लोक सान्त, क्षेत्र की अपेक्षा लोक सान्त, काल की अपेक्षा यह लोक अनन्त और भाव की अपेक्षा से लोक अनन्त है। इस प्रकार यहाँ गणितीय सापेक्षता द्वारा समाधान निहित है।

द्रव्य लोक सम्बन्धी गणितीय विवरण

सूत्र ४१, पृ० १८

लोक में दो प्रकार के अस्तित्व रूप वस्तुएँ अथवा पदार्थ उल्लिखित हैं जो खगोल विज्ञान एवं खगोल संरचना विषयक हैं। अगले दो सूत्रों में भी इसी प्रकार खगोल विषयक विज्ञान एवं संरचना बतलाई गई है।

सूत्र ५०, पृ० २०

लोक विषयक द्रव्यों को और उनकी संख्या को बतलाकर खगोल संरचना रूप कहा है।

सूत्र ५१, पृ० २०

दश दिशाओं के भेद और स्वरूप ज्यामिति गणित में प्रयुक्त होते हैं। आगे के सूत्र में इनके नाम भी दिये गये हैं।


सूत्र ५३, पृ० २१

इसमें **इन्द्रा** एक दिशा अनेक प्रदेश वाली सीधी रेखा का विवरण है। लोक की अपेक्षा वह असंख्य प्रदेश वाले और अलोक की अपेक्षा अनन्त प्रदेश वाले हैं। सीधी रेखा में प्रदेश स्थापित कर (अथवा परमाणु-रूप प्रदेश स्थापित कर) गणितीय माप संरचित होता है। आदि में दो प्रदेश होने से इसकी दिशा निर्दिष्ट हो जाती

है। आगे भी उत्तरोत्तर वृद्धि दो, दो प्रदेशों के आधार से देकर उसकी दिशा को संरक्षित किया गया प्रतीत होता है। यहाँ स्पष्ट नहीं है कि लोक की अपेक्षा वह मुरज के संस्थान वाली है और अलोक की अपेक्षा ऊर्ध्वशकट के संस्थान वाली क्यों कही गई है ?

इन्द्रा दिशा एवं **आग्नेयी विदिशा रुचक** प्रदेशों से निकलती हैं। किन्तु **आग्नेयी विदिशा** की आदि में **इन्द्रा** की भाँति दो प्रदेश न होकर एक प्रदेश दिया गया है। ऐसा क्यों ? **रुचक** का सम्भवतः अर्थ है जहाँ सभी अक्ष या ऐसा बिंदु जहाँ सभी दिशाओं के बिन्दु सामान्यतः मूल रूप लेते हैं। विमला भी रुचक प्रदेशों से निकलती है किन्तु उसके आदि में चार **रुचक** प्रदेश हैं। इनका सम्बन्ध मध्य की **अष्ट प्रदेश** युक्त रचना से होना चाहिये।

उक्त सम्बन्ध में स्पष्ट है कि पंचास्तिकाय लेने पर **अष्ट प्रदेश युक्त ज्यामितीय संरचना** बन जाती है, जिससे संस्थान में निम्नलिखित चित्रानुसार दिशाएँ बंधती होंगी :



उपरोक्त सम्बन्धी विशद विवरण हेतु देखिये जे० एफ० कोल कृत "**दास फिजिकेलिश उण्ट बायलाजिश वेल्ट बिल्ड डेर इंडिशेन जैन-सेक्टे**" प्रकाशक वर्ल्ड जैन मिशन, अलीगंज (एटा), १९५६, पृ० २४-२७।

सभी **दिशाएँ** लोक की अपेक्षा असंख्य प्रदेश वाली तथा अलोक की अपेक्षा अनन्त प्रदेश वाली हैं। साथ ही लोक की अपेक्षा सादि-सान्त तथा अलोक की अपेक्षा सादि-अनन्त हैं।

उपर्युक्त चित्रों के सिवाय अन्य संस्थान भी बनते हैं, जैसे, मुरज, ऊर्ध्वशकट, मोतियों की माला, आदि। तदनुसार रुचक प्रदेश बनते होंगे। इस प्रकार **रुचक** का अभिप्राय संस्थानानुसार सम्मिलित अथवा इष्ट हो सकता है।

कापड़िया ने **भगवतीसूत्र** (७२६, ७२७) में प्रस्तुत प्रदेशों से रैखिकीय आकृतियों के बनाने की समस्या प्रस्तुत की है। (कापड़िया, गणिततिलक, १९३७) :

आकृति	असम प्रदेशों की जघन्य संख्या	समप्रदेशों की जघन्य संख्या
वृत्त	५	१२
गोल	७	३२
त्रिभुज	३	६
त्रिभुजीय स्तूप	३५	४
वर्ग	९	४
घन	२७	८
रेखा	३	२
आयात	१५	६
समान्तर फलक	४५	१२

सूत्र ५४, पृ० २३

खगोल विषयक सामग्री में रूपी एवं अरूपी अजीव हैं। उनके देश एवं प्रदेश उल्लिखित हैं। **विज्ञान विषयक** शब्द स्कंध, स्कंधदेश, स्कंधप्रदेश एवं परमाणु पुद्गल हैं। प्रदेश, देश की परिभाषा के लिए जै० ल० पृ० ७६१ देखिये।

सूत्र ५५, पृ० २३

तीन भंग संचय **गणित** का रूप है। इसी प्रकार भंग की सामग्री सूत्र ५७ तक उल्लिखित है। इसमें सूत्र ५७ में मध्यम भंग, प्रथम भंग, शेष भंग दृष्टव्य हैं। **अद्धासमय** शब्द भी विचारणीय है। देखिये जै० ल० पृ० ३४।

सूत्र ५९, पृ० २७

यहाँ **अल्पबहुत्व** (Comparability) गणितीय विधि का उदाहरण है जो लोक के एक आकाश प्रदेश में जीवों और जीव प्रदेशों से सम्बन्धित है। यहाँ गणितीय शब्द जघन्य पद, अल्प, असंख्य गुण, उत्कृष्ट पद, और विशेष अधिक है।

सूत्र ६०, पृ० २८

इसमें **गणितीय शब्द** ऊर्ध्व, पश्चिमी, उत्तरी, अधः, चरम अन्त, प्रदेश, देश और भंग हैं।

सूत्र ६१, पृ० २९

यहाँ **गणितीय शब्द** संख्यातवें भाग, असंख्यातवें भाग, सम्पूर्ण लोक, संख्येय भागों, असंख्येय भागों हैं। इसी प्रकार के शब्द आगे की गाथाओं में दृष्टव्य हैं। देशन्यून शब्द भी महत्व-पूर्ण है। यहाँ आनुपूर्वी, अनानुपूर्वी एवं अवक्तव्य शब्द भी **विज्ञान गणित** से सम्बन्धित हैं।

सूत्र ६३, पृ० ३१

इसमें महत्वपूर्ण वैज्ञानिक शब्द **स्पर्शना** है जो गणित से सम्बन्धित है।

क्षेत्रलोक सम्बन्धी गणितीय विवरण

त्रसू ६६, पृ० ३४

तीन प्रकार के लोक क्रमशः अधोलोक, तिर्यक् लोक, ऊर्ध्व लोक ज्यामितीय शब्द हैं जो पूर्वानुपूर्वी एवं पश्चानुपूर्वी से कथित हैं। अन्य **गणितीय शब्द** गच्छ, अन्योन्याभ्यास, न्यून रहित हैं। अनानुपूर्वी, एकोत्तरिक शब्द भी गणितीय अभिप्राय युक्त हैं।

अधोलोक सम्बन्धी गणितीय विवरण

सूत्र ७८, पृ० ३७

इस सूत्र में दाशमिक संकेतना में पृथ्वियों की मोटाई बतलाई गयी है। यहाँ योजन का भी उल्लेख है। बाहल्य शब्द **गणितीय** है।

सूत्र ७६, पृ० ३८

यहाँ **ज्यामितीय शब्द** आयाम, विष्कम्भ तथा परिधि हैं। एक **विशेष शब्द** असंख्य सहस्र योजन है। सहस्र के साथ असंख्य का प्रयोग अलग हटकर है। असंख्य योजन सहस्र लिखा गया है।

सूत्र ८२, पृ. ३८

यहाँ **गणितीय शब्द विस्तार, बाहल्य, तुल्य, विशेष अधिक, संख्येयगुण, संख्येयगुणहीन** है।

सूत्र ८३, पृ. ३६

गणितीय शब्द संस्थान, झल्लरि हैं।

सूत्र ८४, पृ. ३६

यहाँ **सिय** (स्यात् या कथंचित्) शब्द दार्शनिक हैं।

सूत्र ८६, पृ. ४०

यहाँ घनोदधि, घनवात, तनुवात **खगोल सरचना** से संबन्धित हैं।

सूत्र ८६, पृ. ४१

इस सूत्र में अनेक शब्द **गणितीय** हैं। क्षेत्र-छेद, परिमण्डल, वृत्त, त्रयस्र, चतुरस्र, आयत, अन्योन्य, बद्ध, अवगाढ़, प्रतिबद्ध ग्रथित छिद्यमान शब्द प्रयुक्त हुए हैं।

सूत्र ८८, पृ. ४२

अबाधा अन्तर शब्द **गणितीय** है।

सूत्र १०६, पृ. ४८

यहाँ कोस शब्द का उपयोग हुआ है जो **गणितीय** है।

सूत्र १०६, पृ. ४६

वलय, वलयाकार, संपरिधि **गणितीय** शब्द हैं।

सूत्र ११६ पृ. ५२

यहाँ अस्सी उत्तर शत सहस्र, तथा असंख्य योजन शत सहस्र का उपयोग **दाशमिक संकेतना** में हुआ है। इसी प्रकार बत्तीस उत्तर योजन शत सहस्र तथा बावन उत्तर योजन शत सहस्र **दाशमिक सकेतना में** हैं। इत्यादि।

सूत्र ११७, पृ. ५४

बहुमध्य देशभाग **ज्यामितीय** शब्द है।

सूत्र १२०, पृ. ५५

यहाँ **आगमिक विशेष अर्थ सूचक शब्द** अचरम, अचरम अन्त प्रदेश हैं।

सूत्र १२१, पृ० ५६

यहाँ **अल्पबहुत्व** गणित का उपयोग है जो अचरमादि पदों से सम्बन्धित है।

सूत्र १२३, पृ. ५७

यहाँ द्रव्य और काल की अपेक्षा से निरूपण है, तथा यहाँ नवीन शब्द पर्यव है। अनन्तात्मक गणितीय प्रतिबोध से इसे विभिन्न गुण विषय की पर्यायों से संबंधित किया है। गुरु लघु तथा अगुरुलघु पर्यायों का **अनन्तत्व** बतलाया गया है।

सूत्र १२५, पृ. ५८

यहाँ **वैज्ञानिक** शब्द **गुरुलघु** एवं **अगुरुलघु** हैं। इनका उपयोग अवकाश अंतर में हुआ है जो महत्वपूर्ण है।

सूत्र १२७, पृ० ६०

यहाँ **समुद्घात** शब्द कर्मविज्ञान रूप है।

सूत्र १३७ **से** १४६, पृ. ६५, ६६

इनमें **दाशमिक संकेतना** का प्रयोग करते हुए संख्याएँ निदर्शित हैं।

सूत्र १४७, पृ. ६६

यहाँ भी **दाशमिक संकेतना** प्रयोग है ही, साथ ही टिप्पणी में आवलिका शब्द का उपयोग हुआ है। आवलिकाप्रविष्ट और आवलिकाबाह्य शब्द विचारणीय हैं।

सूत्र १४६, पृ. ७०

यहाँ संख्येय, असंख्येय, विस्तार, आयाम, विष्कम्भ, तथा **दाशमिक संकेतना का** उपयोग है। **नवीन** शब्द धनुष, अंगुल हैं। ऐसा ही उपयोग सूत्र १५१, पृ. ७१ पर हुआ है।

सूत्र १५१, पृ. ७१

इसका टिप्पण १ और २ द्रष्टव्य हैं जिनमें देवगति प्रमाण लेकर **आयाम-विष्कम्भ** का तुलनात्मक विवेचन है। देखिए, जी. आर. जैन, कास्मालाजी, ओल्ड एण्ड निउ, इंदौर, पृ. ११७, १९४२, कोल ब्रुक एवं मुनि महेन्द्र कुमार द्वितीय की व्याख्याहेतु देखिए, वि० प्र०, पृ० ११३ आदि।

इस सूत्र में वृत्त का **आयाम-विष्कम्भ**, जम्बूद्वीप के सम्बन्ध में एक लाख योजन दिया गया है। इसकी **परिधि** तीन लाख सोलह हजार दो सौ सत्ताईस योजन, तीन कोस, एक सौ अट्ठाईस धनुष, तेरह अंगुल और आधे अंगुल से कुछ अधिक बतलाई गई है।

किन्तु तिलोय पण्णत्ति भाग १, महाधिकार ४, गाथा ५०-५५ में जंबूद्वीप की परिधि तीन लाख सोलह हजार दो सौ सत्ताईस योजन, तीन कोस, एक सौ अट्ठाईस धनुष, किष्कू और हाथ के स्थान में शून्य, एक वितस्ति, पाद के स्थान में शून्य, एक अंगुल, पांच जौ, एक यूक, एक लीख, कर्मभूमि के छह बाल, जघन्य भोगभूमि के बालों के स्थान में शून्य, मध्यम भोगभूमि के सात बालाग्र, उत्तम भोगभूमि के पाँच बालाग्र, एक रथरेणु, तीन त्रसरेणु, त्रुटरेणु के स्थान में शून्य, दो सन्नासन्न, तीन अवसन्नासन्न और तेईस हजार दो सौ तेरह अंश तथा एक लाख पाँच हजार चार सौ नौ भागहार वाला प्रमाण अनन्तानन्त परमाणु निर्दशित करता है। इस गणना को π का मान $\sqrt{१०}$ लेकर डा० आर० सी० गुप्ता ने IJHS में **शोध लेख** "Gupta, R.C., Circumference of the Jambudvipa in Jaina Cosmography", IJHS, vol, 10, No 1, 1975, pp. 38=46" में विस्तार से यह वासना सिद्ध की है।

इस प्रकार गणितानुयोग के उक्त सूत्र में अंगुल तक समानता दृष्टिगत है। अतएव स्पष्ट है कि यहाँ दोनों में π का मान $\sqrt{१०}$ लेकर उक्त गणना की गयी है।

सूत्र १५२, पृ० ७१

नरकावासों के **आवलिकाप्रविष्ट संस्थान** ज्यामितीय हैं : वृत्त (गोल), त्रिकोण, चतुष्कोण। आवलिकाबाह्य संस्थान भी **ज्यामितीय हैं** तथा २२ प्रकार की **आकृतियों** रूप हैं—अयकोष्ठ, पिष्टपचनक, कंडू, लोही, कटाह, थाली, पिहडक, कृमिपट, किन्नपुटक, उडव, मुरज, मृदंग, नन्दि मृदंग, आलिंगक, सुघोषा, दर्दरक, पणव, पटह, भेरी, झल्लरी, कुतुंबक, नालि। ये **ज्यामितीय आकृतियाँ** आगमज्ञों को ज्ञात थीं और उनका उपयोग इस रूप में हुआ। इनके **अर्थ** पाइअ सद्दमहण्णव अथवा अन्य कोश ग्रन्थों से द्रष्टव्य हैं।

सूत्र १५३, पृ. ७२, ७३

दुर्गंध की तीव्रता उपमा रूप में दी गई है। इसी प्रकार स्पर्श की तीव्रता उपमा रूप में दी गई है।

सूत्र १५६, पृ. ७४-७६

वैज्ञानिक शब्द—पर्याप्त, अपर्याप्त, योजन, वृत्त, चतुष्कोण, कमलकर्णिका, शतघ्नी, मुशल, मुसंढी, लोक का असंख्यातवां भाग, समुद्घात, वीणातल, ताल त्रुटित।

सूत्र १६३, पृ. ८१

यहाँ **असंख्य** द्वीप समुद्र का उल्लेख है।

सूत्र १६९, पृ. ८४

यहाँ जम्बूद्वीप, मेरुपर्वत का उल्लेख है। अस्सी उत्तर योजन शतसहस्र, योजनसहस्र, अट्ठत्तर योजन शतसहस्र, चवालीस भवन वास शतसहस्र गणितीय शब्दों का उपयोग है। इसी प्रकार १७०, १७१, १७३, १७५ इत्यादि सूत्रों में उपयोग हुआ है। लोक का असंख्यातवां भाग भी विचारणीय है।

सूत्र १८०-**सूत्र** १८३, पृ. ८७-८८

इन सूत्रों में **दाशमिक संकेतना** वाली संख्याओं का कथन है।

सूत्र १९२, पृ. ९१

इस सूत्र में **दाशमिक संकेतना** के साथ गुणनरूप राशियाँ निरूपित हैं। जैसे चोंसठ हजार के चौगुणे, इत्यादि।

सूत्र १९५, पृ० ९४-९५

यहाँ संख्याएँ **दाशमिक संकेतना** में हैं। यथा, छह सौ पचपन करोड़ पैंतीस शतसहस्र।

यहाँ उपकारिकालयन का आयाम-विष्कम्भ सोलह हजार योजन है तथा उसकी परिधि पचास हजार पाँच सौ संतानवे योजन में कुछ कम दी गयी है। यहाँ भी अनुमानतः मान दिया गया है जो π को ३·१६२२७ अथवा $\sqrt{१०}$ को लेकर निकाला गया है। इस प्रकार : १६००० × ३·१६२२७ = ५०·५९६३२ × १००० अथवा ५०५९६·३२ होता है जो ५०५९७ से कुछ न्यून है।

ज्यामितीय आकृतियों में **श्रेष्ठ वज्र** और **महामुकुंद संस्थान** हैं।

सूत्र १९६, पृ० ९६-९८

यहाँ भी अनेक संख्याएँ दाशमिक संकेतना में दी गई हैं। यहाँ जिस आकृति का विष्कम्भ मूल में एक हजार बाईस योजन दिया गया है, उसी की मूल में परिधि तीन हजार दो सौ बत्तीस

योजन से कुछ न्यून बतलाई गई है। यह अनुमानतः है। कारण, π का मान $\sqrt{१०}$ लेने पर

१०२२ × ३·१६२२७ = ३२३१·८३९९४ आता है।

अतः यह मान ३२३२ से कुछ न्यून है।

इसी प्रकार राजधानी एक लाख योजन लम्बी चौड़ी है। उसकी परिधि भी तीन लाख सोलह हजार दो सौ सत्तावीस योजन, तीन कोस, एकसौ अट्ठावीस धनुष, तेरह अंगुल तथा आधे अंगुल से कुछ अधिक कही गई है, जो सूत्र १५१ के अनुसार ही है। यहाँ भी $\pi = \sqrt{१०}$ अनुमानतः ३·१६२२७ लेने पर उक्त मान स्पष्ट हो जाते हैं।

इसी प्रकार जिस राजधानी का आयाम विष्कम्भ चौरासी हजार योजन का है, उसकी परिधि दो लाख पैंसठ हजार छः सौ बत्तीस योजन से कुछ अधिक बतलाई गई है। यहाँ भी $\pi = \sqrt{१०} = ३·१६२२७$ लेने पर ८४००० × ३·१६२२७

= २६५६३०·६८

यहाँ ज्ञात नहीं है कि **उपर्युक्त मान कैसे प्राप्त किया गया**। वहाँ बत्तीस के स्थान में तीस होना चाहिए था।

सूत्र १९७, पृ० ९९

यहाँ गणितीय शब्द **सागरोपम** ध्यान देने योग्य है। **उपमा** प्रमाण की यह **काल-समयों** की राशि है जो यहाँ स्थिति निर्दिशत कर रही है। देखिये वि० प्र० पृ० २५२, श्वेताम्बर परम्परा तथा दिगम्बर परम्परा में इसके मान दिये गये हैं। इसका संबंध **पल्योपम काल** राशि से है।

सूत्र २२९, पृ० ११२

इसमें भी लोक के असंख्यातवें भाग का कथन है।

सूत्र २३१, पृ० ११३

उपरोक्त सूत्र की भाँति यहाँ भी लोक के असंख्यातवें भाग का कथन है। इसी प्रकार सूत्र २३४, २३५, २३८, २३९, २४१-२४५ में इसी प्रकार के कथन हैं।

तिर्यक् लोक (मध्य लोक) सम्बन्धी गणितीय विवरण

सूत्र २, पृ० १२१

तिर्यक् लोक का क्षेत्रलोक **असंख्येय प्रकार** का कहा गया है। यहाँ अभिप्राय जम्बूद्वीप से लेकर स्वयंभूरमण समुद्र तक के क्षेत्रलोक का उदाहरण दिया गया है।

सूत्र ३, पृ० ११२

यहाँ ज्यामितीय रूप से तिर्यक् लोक के क्षेत्रलोक का **संस्थान झालर** कहा गया है।

सूत्र ४, पृ० १२२

तिर्यक् लोक का मध्यभाग **आठ प्रदेशों का रुचक** प्रदेश कहा गया है। ज्यामितीय रूप से दस दिशाएँ इसी से निकलती हैं।

सूत्र ५, पृ० १२२-१२३

तिर्यक् लोक में **असंख्य** द्वीप समुद्र, **वृत्त संस्थान वाले** जम्बूद्वीप से लेकर स्वयंभूरमण समुद्र तक बतलाये गये हैं। अगले-अगले वृत्त संस्थान पिछले-पिछले **वृत्त संस्थानों** से **द्विगुणित विस्तार** वाले हैं। यहाँ गुणश्रेणी बनती है जहाँ गुणकार २ होता है। जम्बूद्वीप का विस्तार इसका मुख या प्रथम पद आदि बनता है। यह **गुणश्रेणी** असंख्य पद वाली या गच्छ वाली होती है। जम्बूद्वीप के आयाम-विष्कम्भ को एक लाख योजन लेकर उसकी परिधि तीन लाख सोलह हजार दो सो सत्तावीस योजन, तीन कोस, अट्ठाबीस धनुष, तेरह अंगुल और आधे अंगुल से कुछ अधिक बतलाई गई है। यहां भी π **का** मान $\sqrt{१०}$ अथवा अनुमानरूपेण ३·१६२२७ का उपयोग किया गया है। इस प्रकार गणना १००००० × ३·१६२२७ को लेकर विभिन्न **दूरी इकाइयों को** यहाँ प्राप्त किया गया है। पूर्वोल्लिखित डॉ० आर० सी० गुप्ता का लेख देखिये।

यहाँ ज्यामिति रूप से जम्बूद्वीप की स्थिति द्वीप-समुद्रों के भीतर सबसे क्षुद्र रूप में, विभिन्न प्रकार की उपमा लिए **वृत्त संस्थान** रूप में है।

सूत्र ६, पृ० १२४

जम्बूद्वीप **की** स्थिति द्वीप-समुद्रों के सर्वअभ्यंतर बतलाई गई हैं। पुनः उसे सबसे छोटा, तथा पूर्वोक्त **आयाम-विष्कम्भ** एवं **परिधि वाला** बतलाया गया है।

सूत्र ७, पृ० १२५

जम्बूद्वीप की गहराई एक हजार योजन तथा ऊंचाई कुछ अधिक निन्यानवे हजार योजन है, इस प्रकार कुल परिमाण कुछ अधिक एक लाख योजन बतलाया गया है। ऐसा प्रतीत होता है मानो गहराई का सम्बन्ध **भूगोल** से हो और ऊंचाई का सम्बन्ध ज्योतिष या खगोल से स्थापित किया गया हो। यदि **भूगोल** सम्बन्धी नाप के लिये १ योजन को ४ कोस लिया जाये और १ कोस को २ मील लिया जाये तो गहराई ८००० मील प्राप्त होती है जो आज की पृथ्वी का **आनुमानिक** रूप से व्यास प्रतीत होता है।

तिलोय पण्णत्ति, भाग १, महा० ४, सू० १७८१ पृ० ३७५ पर मन्दर महापर्वत को एक हजार योजन गहरा, निन्यानवे हजार योजन ऊँचा बतलाया गया है। ज्योतिष एवं खगोल से मेरु पर्वत का सम्बन्ध ग्रहगमनादि से है ही। किन्तु **ज्योतिष** एवं **खगोल**

सम्बन्धी इतना प्रमाण देकर अभी भी प्राचीन विधि को **रहस्यमय** रखा गया है। पुनः ति० प०, वही, सूत्र ६, पृ० १४३ पर त्रसनाली के बहुमध्य भाग में चित्रा पृथ्वी के उपरिम भाग में ४५००००० योजन विस्तार वाला अतिगोल मनुष्यलोक है जिसका बाहल्य १००००० योजन और परिधि १४२३०२४९ योजन बतलाई गयी है। इन सभी मापों का उपयोग होता रहा होगा।

सूत्र ८, पृ० १२५

कथन, "कथंचित् शाश्वत और कथंचित् अशाश्वत यह जम्बू द्वीप है" जो **स्याद्वाद** प्रणाली पर आधारित है। अन्य शब्दों में यह सापेक्ष कथन है। **पर्यायदृष्टि** से अशाश्वत और **द्रव्यदृष्टि** से शाश्वत है।

सूत्र ८९, पृ० १५१

यहाँ १०८ अथवा एकसौ आठवीं संख्या वाले अनेक चिन्हों का विवरण है। कुल १०८० ध्वजाओं का प्रमाण बतलाया गया है। **दाशमिक संकेतना** में वर्णित है।

सूत्र ९०, पृ० १५१

यहाँ **यावत्** शब्द का उपयोग है। यह गणित में प्रयुक्त होता है।

सूत्र ९१, पृ० १५२

यहाँ गणितीय शब्द **बहुमध्यदेश** भाग है।

सूत्र ९२, पृ० १५२

यहाँ चार हजार में **दाशमिक संकेतना** का उपयोग है।

सूत्र ९४-९६ पृ० १५२

इन सभी में **दाशमिक संकेतना** का उपयोग हुआ है, जहाँ आठ हजार, दस हजार, बारह हजार का उपयोग हुआ है।

सूत्र १०५, पृ० १५३

आयाम विष्कम्भ १२००० योजन लिया गया है। **परिक्षेप** कुछ अधिक ३७९४८ योजन है। स्पष्ट है $१२०००\times\sqrt{१०}$ अथवा $१२०००\times३·१६२२७$ अथवा ३७९४७·२४ से कुछ अधिक बतलाया गया है।

सूत्र १०६, पृ० १५३

प्राकार कोट का आयाम सहित मूल, मध्य, एवं ऊपरी भाग का वर्णन किया गया है। यह ज्यामिति रूप में है जो गोपुच्छाकार है। यहाँ योजन, कोस इकाइयों का उपयोग हुआ है। इसी प्रकार आगे के १०७ से लेकर १०८ ११०, १११ सूत्र तक इन **इकाइयों** का उपयोग हुआ है। पुनः इसी प्रकार आगे सूत्र १२१, १२६, १२७ आदि गाथाओं में इनका उपयोग हुआ है। इनके द्वारा विभिन्न आकार वाली वस्तुओं के **आयामादि** के प्रमाण दिये गये हैं।

सूत्र १६४, पृ० १६६

सिद्धायतन की लम्बाई $१२\frac{१}{२}$ **योजन**, चौड़ाई $६\frac{१}{४}$ **योजन** और ऊँचाई ९ योजन दी गयी है। यह **घनायत** के आकार का है।

सूत्र १७१, पृ० १६९

इस सूत्र में **यावत्** शब्द का उपयोग तथा **दाशमिक संकेतना** में एक सौ आठ का अनेक बार उपयोग हुआ है।

सूत्र १९५, पृ० १७३

इस में **एक हजार आठ, एक सौ आठ**, वैक्रिय समुद्घात **यावत्**, का गणितीय उपयोग हुआ है।

सूत्र २३०, पृ० १९१

इस सूत्र में पर्याप्त एवं अपर्याप्त मनुष्यों के स्थान मनुष्य क्षेत्र में पैंतालीस लाख **योजन** अढाई द्वीप में, पंद्रह कर्मभूमियों में, तीस अकर्मभूमियों में और छप्पन अंतर्द्वीपों में बतलाये गये हैं।

इस प्रकार लोक के **असंख्यातवें भाग** का उल्लेख है। सम्पूर्ण लोक में **समुद्घात** का भी उल्लेख है।

सूत्र २४५, पृ० १९५

जम्बूद्वीप के एक सौ नव्वे भाग करने पर भरत क्षेत्र का विष्कम्भ $५२६\frac{६}{१९}$ **योजन** होता है। विष्कम्भ १००००० योजन में १९० का भाग देने पर यह प्राप्त हो जाता है।

सूत्र २४९, पृ० १९६

इस सूत्र में **पल्योपम** स्थिति का उल्लेख है। काल की समय राशि **उपमा मान** में **पल्योपम** के नाम से प्रसिद्ध है। इसका प्रमाण ज्ञात करने हेतु देखिये ति० प० ग०, पृ०, २१-२२ जै० ल०, पृ० ६९६, वि० प्र० पृ० १२१ आदि, जै० सि० को०, भाग ३, पृ० ५०, भाग २, पृ० २१८। गो० सा० जी० भाग १, पृ० २३०।

सूत्र २५३, २५४, पृ० १९७

जीवा की लम्बाई $९७४८\frac{१२}{१९}$ **योजन** तथा **धनुपीठिका** $९७६६\frac{१}{१९}$ **योजन** से किंचित् विशेष अधिक परिधि वाली कही गयी है। देखिये ति० प०, भाग १, पृ० १६३। यदि सूत्र २५२, पृ० १९७ के अनुसार चौड़ाई $२३८\frac{३}{१९}$ योजन लेने पर,

अथवा बाण का मान यह ले लेने पर **धनुष का** प्रमाण निम्न-लिखित सूत्र से निकालते हैं—

बाण से युक्त व्यास के वर्ग में से व्यास के वर्ग को घटाकर शेष को दुगुणा करने से जो प्राप्त होता है वह धनुष का वर्ग होता है और उसका वर्गमूल **धनुष** का प्रमाण होता है। यथा

$$\text{बाण} = २३८\frac{३}{१९} \text{ योजन, व्यास} = १००००० \text{ योजन}$$

अतः धनुष =

$$= \sqrt{२\left(१००००० + २३८\frac{३}{१९}\right)^2 - (१०००००)^2}$$

$$= ९७६६\frac{३}{१९} \text{ योजन}$$

नोट—प्रकृत **गणितायुयोग** में इसका मान इससे किंचित विशेष अधिक कहा गया है।

$$\text{बाण } २३८\frac{३}{१९} = \left(५२६\frac{६}{१९} - ५०\right) \div २ \text{ योजन होता है।}$$

इसी प्रकार जीवा निकालने का सूत्र है—

बाण से रहित अर्द्धविस्तार का वर्ग करके उसे विस्तार के अर्द्धभाग के वर्ग में से घटा देने पर अवशिष्ट राशि को चार से गुणा करके प्राप्त राशि का वर्गमूल निकालने पर **जीवा का प्रमाण** प्राप्त होता है—

यथा : विष्कंभ १००००० योजन,

$$\text{बाण } २३८\frac{३}{१९} = \frac{४५२५}{१९} \text{ योजन}$$

∴ जीवा

$$= \sqrt{४\left\{\left(\frac{१००००००}{२}\right)^2 - \left(\frac{१००००००}{२} - \frac{४५२५}{१९}\right)^2\right\}}$$

$$= ९७४८\frac{१२}{१९} \text{ योजन दक्षिणार्ध (दक्षिण विजयार्ध) की जीवा}$$

प्राप्त होती है।

इसी प्रकार यदि जीवा दी गई हो तो बाण प्राप्त करने हेतु जीवा के वर्ग के चतुर्थ भाग को अर्द्ध विस्तार के वर्ग में से घटा कर शेष का वर्गमूल निकालने पर जो प्राप्त हो उसे विस्तार के अर्द्धभाग में से कम कर देने पर शेष **बाण का प्रमाण** प्राप्त होता है।

यथा :

$$\text{जीवा} = ९७४८\frac{१२}{१९} \text{ योजन} = \frac{१८५२२४}{१९} \text{ योजन,}$$

विस्तार १००००० योजन

$$\therefore \text{ बाण} = \frac{१००००००}{२} - \sqrt{\left(\frac{१००००००}{२}\right)^2 - \left\{\left(\frac{१८५२२४}{१९}\right)^2 \times \frac{१}{४}\right\}}$$

$$= २३८\frac{३}{१९} \text{ योजन}$$

देखिए ति० प० भाग १, महा० ४, गाथा १८०-१८२. सूत्र २५९, पृ० १९८

यहाँ प्रमाण $१८९२\frac{७}{१९} + \frac{१}{२}$ योजन अर्थात् $१८९२\frac{३३}{३८}$ योजन है।

ति० प० भाग १/४ गाथा १९४ में यह प्रमाण $१८९२\frac{१५}{३८}$ दिया गया है।

सूत्र २६०, पृ० १९९

यहाँ प्रमाण $१४४७१\frac{६}{१९}$ योजन से कुछ कम बतलाया गया है।

ति० प० भाग १/४, गाथा १९१ में यह प्रमाण $१४४७१\frac{५}{१९}$ बतलाया गया है।

सूत्र २६१, पृ० १९९

यहाँ प्रमाण $१४५२८\frac{११}{१९}$ योजन बतलाया गया है।

ति० प० भाग १/४, गाथा १९२ में भी यही प्रमाण बतलाया गया है।

सूत्र २६६, पृ० २००

यहाँ प्रमाण $३३६८४\frac{४}{१९}$ योजन दिया गया है।

ति० प० भाग १/४ गाथा १७७५ में भी यही मान दिया गया है।

सूत्र २६७, पृ० २००—

—यहाँ प्रमाण ३३७६७$\frac{७}{१९}$ योजन दिया गया है।

ति० प० भाग १/४ में इसका प्रमाण नहीं दिया गया है।

सूत्र २६९, पृ० २००—

यहाँ प्रमाण १५८११३$\frac{१६}{१९}$ योजन से कुछ अधिक बतलाया गया है।

ति० प० भाग १/४ में यह मान १५८११३, कोस $\frac{७}{२}$ दिया गया है।

सूत्र २९३, पृ० २०९—

यहाँ प्रमाण २१०५$\frac{५}{१९}$ योजन दिया गया है।

सूत्र २९४, पृ० २०९—

यहाँ प्रमाण ६७५५$\frac{३}{१९}$ योजन दिया गया है।

ति० प० भाग १/४ में यह मान वही ६७५५$\frac{३}{१९}$ योजन दिया गया है।

सूत्र २९५, २९६, पृ० २१०—

यहाँ हेमवत क्षेत्र की जीवा एवं **धनुपृष्ठ** के माप क्रमशः ३७६७४$\frac{१६}{१९}$ एवं ३८७४०$\frac{१०}{१९}$ योजन हैं जो ति० प० भाग १/४ गाथा १६९९ एवं १७०० से मिलते हैं। इनके निकालने की **विधि** पूर्वोक्त ही है।

सूत्र २९८, पृ० २१०—

इस सूत्र में **पल्योपम** शब्द का उल्लेख है जो स्थिति दर्शाता है। इसी प्रकार सूत्र ३००, ३०६, ३१३ आदि में इस पारिभाषिक शब्द का प्रयोग हुआ है। यह काल-समय राशि का द्योतक है।

सूत्र ३०१, पृ० २११—

यहाँ निषध पर्वत के दक्षिण में हरिवर्ष क्षेत्र की **चौड़ाई** ८४२१$\frac{१}{१९}$ योजन बतलाई गई है। यह हल करने पर $\frac{१६०००}{१९}$ योजन होता है जो ति० प० भाग १/४ गाथा १७३९ में दिया गया है।

सूत्र ३०२, पृ० २११—

यहाँ हरिवर्ष क्षेत्र की पूर्व पश्चिम में भुजा १३३६ १$\frac{६}{१९}$. $\frac{१}{२}$ योजन लम्बी दी गई है। यही मान ति० प० भाग १/४, पृ० ३७०, गाथा १७४३ में १३३६१$\frac{१३}{३८}$ रूप में दिया गया है। यहाँ $१३३६१+\frac{६}{१९}+\frac{१}{२\times १९}$ लिखने की शैली में $१३३६१+\frac{६}{१९}+\frac{१}{२\times १९}$ अर्थ निकलता है। यह **शोध** का विषय है।

यदि १९ भाग के एक भाग का $\frac{१}{२}$ भाग लिया जाये तो $\frac{१}{३८}$ होता है जिसे $\frac{६}{१९}$ में जोड़ने पर $\frac{१३}{३८}$ प्राप्त हो जाता है।

सूत्र ३०३, पृ० २११—

हरिवर्ष क्षेत्र की **जीवा** का मान ७३९०१$\frac{१७}{१९}$. $\frac{१}{२}$ योजन दिया गया है जो ति० प० भाग १/४, गाथा १७४० में ७३९०१$\frac{१७}{१९}$ योजन दिया गया है।

सूत्र ३०४, पृ० २११—

हरिवर्ष क्षेत्र की **धनुपीठिका** का मान ८४०१६$\frac{४}{१९}$ योजन दिया गया है, जो ति० प० भाग १/४, गाथा १७४८ में इसी रूप में दिया गया है।

सूत्र ३०९, पृ० २१३—

यहाँ देवकुरु का विष्कम्भ ११८४२$\frac{२}{१९}$ योजन बतलाया गया है जो दाशमिक संकेतना में है। यह मान ति० प० भाग १/४, गाथा २१४२ में ११५९२$\frac{२}{१९}$ दिया गया है। **यह शोध का विषय** है।

सूत्र ३१०, पृ० २१३—

देवकुरु की जीवा उत्तर में ५३००० योजन दी गई है। यही मान ति० प० भाग १/४, गाथा २१४० में दिया गया है।

सूत्र ३११, पृ० २१३—

उसका धनुपृष्ठ ६०४१८$\frac{१२}{१९}$ योजन दिया गया है जो उपरोक्त सूत्र द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। यह **दाशमिक संकेतना** में है।

सूत्र ३१६, ३१७, ३१८, पृ० २१५—

यहाँ के प्रमाण उपरोक्त गाथाओं सूत्र ३०९, ३१०, ३११ जैसे ही हैं।

सूत्र ३१९, पृ० २१५-२१६—

यहाँ धनुष शब्द का उपयोग उत्तरकुरु के मनुष्यों की ऊँचाई में हुआ है। यहाँ पल्योपम के संख्यातवें भाग से कुछ कम **तीन पल्योपम** का आयु में उपयोग हुआ है।

सूत्र ३३२, पृ० २२३—

यहाँ **दाशमिक संकेतना** में १६५९२$\frac{२}{१९}$ योजन का कथन है।

सूत्र ३३६, पृ० २२६—

क्षुद्र हिमवान पर्वत १०० योजन ऊँचा, २५ योजन गहरा १०५२$\frac{१२}{१९}$ योजन चौड़ा, पार्श्व भुजा ५३५०$+\frac{१५}{१९}+\frac{१}{२\times १९}$ अथवा ५३५०$\frac{३१}{३८}$ योजन है। इसकी उत्तर जीवा २४९३२$\frac{१}{२}$ योजन से कुछ कम कही गयी है। यही मान ति० प० भाग १/४ गाथा १६२४, १६२७ में दिये गये हैं किन्तु गाथा १६२६ में उत्तर जीवा २४९३२$\frac{४}{१९}$ दी गयी है।

नोट— ५३५०$\frac{१५}{१९}$ में $\frac{१}{२}$ जोड़ने के लिए कहा गया है, किन्तु यदि $\frac{१५}{१९}$ में १९ भागों के भाग का आधा $\frac{१}{३८}$ जोड़ा जाये तभी $\frac{३१}{३८}$ प्राप्त हाता है जो ति० प० की गाथा से मिलते हैं अन्यथा नहीं।

उसी का **धनुपृष्ठ** दक्षिण में है जो २५२३०$\frac{४}{१९}$ योजन है जो ति० प० भाग १/४ गाथा १६२६ में इसी रूप में दिया गया है।

सूत्र ३३८, पृ० २२७-२२८—

महाहिमवान् की ऊँचाई २०० योजन, विस्तार ४२१०$\frac{१०}{१९}$ अथवा $\frac{८०००}{१९}$ योजन दिया गया है जो ति० प० भाग १/४ गाथा १७१७ में दिया गया है।

इसी प्रकार बाहु ९२७६ $\frac{९}{१९}+\frac{१}{२}$ दी गई है। ति० प० भाग १/४ गाथा १७२१ में इसका मान ९२७६$\frac{१९}{३८}$ दिया गया है।

पूर्वोक्त अर्थ लेना उचित होगा अर्थात् ९२७६$+\frac{९}{१९}+\frac{१}{२}$ $=$९२७६ $\frac{३७}{३८}$ होगा।

इस प्रकार यह पुनः शोध का विषय है।

यदि यहाँ $\frac{१}{२}$ के स्थान में १९ भागों के भाग करते हैं तो $\frac{१}{३८}$ योजन होता है इस प्रकार ९/१९$+$१/३८$=$ १९/३८ हो जाता है।

इसकी लम्बाई (जीवा) ५३९३१$\frac{६}{१९}$ से कुछ अधिक योजन दी गयी है। ति० प० भाग १/४, गाथा १७१९ इसका मान ५३९३१$\frac{६}{१९}$ योजन दिया गया है। यह भी **शोध** का विषय है।

इसका **धनुपृष्ठ** ५७२९३ $\frac{१०}{१९}$ योजन दिया गया है जो ति० प० भाग १/४ गाथा १७२० से मिलता है।

सूत्र ३४०, पृ० २२९—

निषध पर्वत ४०० योजन ऊँचा और ४०० योजन गहरा दिया गया है।

इसकी चौड़ाई १६८४२$\frac{२}{१९}$ योजन है जो ति० प० भाग १/४ गाथा १७५० में इसी के समान दी गई है।

इसकी बाहु २०१६५$\frac{२}{१९}+\frac{१}{२\times१९}$ योजन दी गई है जो ति० प० भाग १/४ गाथा १७५५ में २०१६५ $\frac{५}{३८}$ दी गई है। यह भी **शोध** का विषय है।

यदि यहाँ १९ भागों में से एक का $\frac{१}{२}$ भाग किया जाय तो $\frac{१}{३८}$ योजन होता है जिसे $\frac{२}{१९}$ में जोड़ने पर $\frac{५}{३८}$ हो जाता है। यहाँ **भाग का भाग** अर्थ लिया जाना चाहिए जैसा सूर्यप्रज्ञप्ति में कई स्थानों में लिया गया है—जो टीकाकारों ने एक ही हर बना रहने के लिए भिन्न को भिन्न एवं भिन्न के अर्द्ध भागहार में तोड़कर लिखा है। यहाँ **अर्द्ध भाग** पारिभाषिक शब्द बड़े महत्व का है और नवीन शैली में भिन्न लिखे जाने का **इतिहास** बतलाता है।

इसकी **जीवा** ९४१५६$\frac{२}{१९}$ योजन है जो ति० प० भाग १/४ गाथा १७५२ से मिलती है।

इसका **धनुपृष्ठ** १२४३४६$\frac{१}{१९}$ योजन है जो ति० प० भाग १/४ गाथा १७५३ से मिलता है।

सूत्र ३४८, पृ० २३३—

मन्दर पर्वत ९९००० योजन ऊँचा है एवं १००० योजन गहरा है। मन्दर पर्वत की मूल में चौड़ाई १००९०$\frac{१०}{११}$ योजन है। है। यही मान ति० प० भाग १/४ गाथा १७८१, १७८२ में दिये गये हैं। ये सभी दाशमिक संकेतना में हैं।

भूतल पर इसकी चौड़ाई १०००० योजन और ऊपर के तल पर (शिखर पर) इसकी चौड़ाई १००० योजन है। यही मान ति० प० भाग १/४ गाथा १७८३ में दिये गये हैं।

ये सभी **दाशमिक संकेतना** में हैं।

मूल में इसकी **परिधि** ३१९१०$\frac{३}{११}$ योजन तथा भूतल पर ३१६२३ योजन तथा ऊपर के तल पर ३१६२ से कुछ अधिक योजन दी गई है। ये सभी मान **आनुमानिक** हैं तथा π के विभिन्न मानों के लिए **शोध के विषय** हैं।

सूत्र ३४९, पृ० २३४—

मन्दर की चूलिका के सम्बन्ध में ऊँचाई ४० योजन, मूल में १२ योजन, ऊपर ४ योजन है। ये मान ति० प० भाग १/४, गाथा १७५५ से मिलते हैं। परिधि ज्ञात करने हेतु **शोध का विषय** बनता है। मूल में मान ३७ योजन से अधिक, ऊपर बारह योजन से कुछ अधिक बताया गया है। मन्दर पर्वत सम्बन्धी विस्तृत **शोध लेख हेतु** देखिए—

ति० प० ग०, पृ० ६३-६४.

तथा, लिश्क एवं शर्मा, "नोशन ऑफ आब्लिक्विटी ऑफ एक्लिप्टिक इम्प्लायड इन दा कान्सेप्ट ऑफ माउंट मेरु इन जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति", जैन जर्नल, कलकत्ता, १९७५, पृ० ७९-९२।

सूत्र ३५३-३७०, पृ० २३६-२३७—

इन गाथाओं में **दाशमिक संकेतना** में संख्याएँ दृष्टव्य हैं।

सूत्र ३७१, पृ० २३७—

जम्बूद्वीप में मेरु पर्वत से **अव्यवहित** अन्तर ११२१ योजन दूरी पर **ज्योतिष चक्र** प्रारम्भ होता है।

सूत्र ३७५, पृ० २३९—

नन्दनवन ५०० योजन विस्तार वाला है। ति० प० भाग १/४, गाथा १९८९ में यही मान है।

बाहर गिरिविष्कम्भ ९९५४$\frac{६}{११}$ योजन है। ति० प० भाग १/४, गाथा १९९० में भी यही मान है।

बाहर की परिधि ३१४७९ योजन से किंचित् अधिक है। ति० प० भाग १/४, गाथा १९९१ में भी यही मान है।

इसी प्रकार अन्तर का गिरिविष्कम्भ ८९५४$\frac{६}{११}$ योजन तथा गिरि परिधि २८३१६ $\frac{८}{११}$ योजन, ति० प० भाग १/४ गाथा १९९२-१९९३ के मान से मिलती है।

यहाँ परिधि π के किस मान से निकाली गई है **खोजना** सरल है।

सूत्र ३७३, पृ० २३९-२४०—

आभ्यंतर गिरिविष्कम्भ एवं गिरि परिधि के मान भी ति० प० भाग १/४ गाथा १९८५, १९८६ से क्रमशः मिलते हैं।

५०० योजन का माप भी ति० प० भाग १/४ गाथा १९८१ से मिलता है।

यहाँ सभी **मान दाशमिक संकेतना** में दिये गये हैं।

सूत्र ३९०, पृ० २४५—

इस सूत्र में दाशमिक संकेतना के अतिरिक्त **भिन्नों** का भी निपरूण संकेत दिया गया है। यथा "**बावट्ठिं जोयणाइं अद्धजोयणं च उद्धं उच्चतेणं, इक्कतीसं जोयणाइं कोसं च आयाम-विक्खंभेणं**" **भिन्नरूप** ६२$\frac{1}{2}$ तथा ३१$\frac{1}{4}$ का निरूपण करता है।

सूत्र ३९२, पृ० २४६—

इस सूत्र में यमक की चौड़ाई १२००० योजन और परिधि ३७९४८ योजन से किंचित अधिक बतलाई गई है।

सूत्रानुसार, **परिधि** निकालने हेतु

$$१२०००\times\sqrt{१०}=१२०००\times ३\cdot १६२२७$$

$$\therefore \text{परिधि} \quad =३७९४७\cdot २४ \text{ योजन}$$

होती है। अतः ग्रन्थकार ने इसे ३७९४८ योजन से कुछ अधिक बतलाया है।

यह मान **दाशमिक संकेतना में है**, तथा प्रासादों की ऊँचाई "**एक्कतीसं जोयणाइं कोसं च उद्धं उच्चत्तेणं**" अर्थात् ३१$\frac{1}{4}$ योजन तथा आयाम विष्कम्भ "**साइरेगाइं अद्ध सोलस जोयणाइं**" अर्थात् १५$\frac{1}{2}$ योजन बतलाई गई है।

इसी प्रकार अन्य माप भी भिन्न निरूपित करने की इसी शैली के साथ बतलाये गये हैं।

सूत्र ३९३, पृ० २५०—

जो पर्वत १०० योजन चौड़ा है। उसकी **परिधि** ३१६ योजन से अधिक बतलाई गई है। यहाँ $१००\times ३\cdot १६२२७$ द्वारा ही यह मान $\pi=\sqrt{१०}$ या ३·१६२२७ लेकर निकाला गया है।

इसी प्रकार अन्य प्रमाण दृष्टव्य हैं।

सूत्र ३९७, पृ० २५२—

यहाँ वैताढ्य पर्वत की बाहु ४८८ $\frac{१६}{१९}$ तथा अद्धभाग दी गयी है। इसे ४८८ $\frac{३३}{३८}$ रूप में ति० प० १/४ गाथा १८९, १९० में प्राप्त किया गया है। यहाँ $४८८+\frac{१६}{१९}+\frac{१}{३८}=४८८\frac{३३}{३८}$ होता है। यहाँ १ योजन के १९ भाग और उन १९ भाग में से एक भाग का भी आधा भाग आशय प्रतीत होता है, इस प्रकार एक **योजन के उन्नीसिया** भाग का **आधा भाग** यहाँ अभिप्रेत प्रतीत होता है।

इसी प्रकार उसका आयाम १०७२० $\frac{१२}{१९}$ योजन दिया गया है, जो ति० प० भाग १/४, गाथा १८५ में विजयार्द्ध की जीवा १०७२० $\frac{११}{१९}$ योजन दी गयी है। उसका **धनुपृष्ठ** १०७४३ $\frac{१५}{१९}$ दिया गया है जो इसी प्रमाण में ति० प० भाग १/४ गाथा १८६ में दिया गया है। इस प्रकार यह सूत्र **शोध** का विषय प्रस्तुत करता है।

सूत्र ४००, पृ० २५३

यहाँ **पल्योपम स्थिति** का उल्लेख है।

सूत्र ४०२, पृ० २५५—

यहाँ वृत्त वैताढ्य पर्वत, **शब्दापाती** नाम का १००० योजन आयाम विष्कम्भ वाला है जिसकी **परिधि** ३१६२ योजन से कुछ अधिक की परिधि वाला बतलाया गया है। स्पष्ट है कि $१०००\times ३\cdot १६२२७=३१६२\cdot २७$ परिधि का मान $\sqrt{१०}$ को अनुमानतः ३·१६२२७ लेकर व्यवहृत करने से उक्त मान आता है। शेष संख्याएँ **दाशमिक संकेतना में** हैं।

सूत्र ४०३, पृ० २५५—

यहाँ **पल्योपम स्थिति** का उल्लेख है।

सूत्र ४०८, पृ० २५९—

यहाँ मूल में चौड़ाई ८ योजन है, परिधि $८\times ३\cdot १६२२७=$ २५·२९८१६ योजन होगी जो यहाँ २५ योजन से कुछ अधिक बतलाई गई है। इसी प्रकार अन्य प्रमाण दृष्टव्य हैं।

सूत्र ४१३, पृ० २६३—

यहाँ **अश्व** स्कन्ध के सदृश **अर्धचन्द्र** के **संस्थान** का उल्लेख है जो ज्यामितीय है। "**बहुसमतुल्ला—जाव—परिणाहेणं**" गणितीय उल्लेख है। इसी प्रकार अगला सूत्र ४१४ पृ० २६३ दृष्टव्य है।

सूत्र ४१७, पृ० २६४—

यहाँ संख्याएँ **दाशमिक संकेतना** में दी गई हैं।

सूत्र ४२९, पृ० २६७—

यहाँ गंधमादन वक्षस्कार पर्वत का आयाम ३०२०९ $\frac{६}{१९}$ योजन दिया गया है, अन्त में इसका माप चौड़ाई में **अंगुल के असंख्यातवाँ** भाग बतलाया गया है। माप दाशमिक संकेतना में

हैं। अंगुल के असंख्यातवाँ भाग प्रमाण ज्यामितीय है, साथ ही **उपमा मान के** आधार पर दिया प्रतीत होता है (?) यहाँ कोस शब्द का भी उल्लेख है।

सूत्र ४३३, पृ० २७१—

यहाँ सिद्धायतनकूट मूल में ५०० योजन चौड़ा है और उसकी परिधि मूल में १५८१ योजन से कुछ अधिक बतलाई गई है। यहाँ ५०० × ३·१६२२७ = १५८१·१३५ योजन प्राप्त होती है। अर्थात् यहाँ भी **अनुमानतः** π का मान $\sqrt{१०}$ अथवा ३·१६२२७ दिया गया है। अन्य प्रमाण भी दृष्टव्य हैं।

सूत्र ४६४, पृ० २८३—

यहाँ सिद्धायतन कूट मूल में ६ योजन और १ कोस चौड़ा है। अर्थात् ६ $\frac{१}{४}$ योजन अथवा ६·२५ योजन है, जिसकी **परिधि** = ६·२५ × ३·१६२२७ = १९·७६४१८७५ है।

इस प्रमाण को २२ योजन से कुछ कम की परिधि वाला कहा गया है। इसी प्रकार अन्य दत्त प्रमाण दृष्टव्य हैं।

सूत्र ४६६, पृ० २८४-२८५—

यहाँ **अतिसम** शब्द ज्यामितीय है। भूभाग का मध्य भी ज्यामितीय है। **कोस**, और **धनुष** शब्द भी गणितीय हैं।

सूत्र ४६७, पृ० २८५—

यहाँ **दाशमिक संकेतना** में संख्याएँ उल्लिखित हैं।

सूत्र ४७१, पृ० २८६—

यहाँ **पल्योपम स्थिति** का उल्लेख है। असंख्य द्वीप समुद्रों का भी उल्लेख है।

सूत्र ४८७, ४८८, पृ० २९३—

यहाँ संख्याएँ **दाशमिक संकेतना** में हैं।

सूत्र ४९७, पृ० २९६—

यहाँ अनेक प्रकार के चित्रों का उल्लेख है। प्रतिरूप शब्द ज्यामितीय है।

सूत्र ४९८, ४९९ पृ० २९६, २९७—

यहाँ संख्याएँ **दाशमिक संकेतना** में उल्लिखित हैं।

सूत्र ५००, पृ० २९७—

कुंड की लम्बाई चौड़ाई २४० योजन है। परिधि ७५९ योजन दी गयी है। यहाँ **परिधि** = २४० × ३·१६२२७ = ७५८·९४४८० होती है। इस मान को अनुमानतः ७५९ ले लिया गया है। अर्थात् $\sqrt{१०}$ को π रूप लिया है।

सूत्र ५०१, पृ० २९८—

यहाँ कुण्ड का आयाम विष्कम्भ ४८० योजन है। परिधि १५०० योजन से कुछ कम बतलायी है।

यहाँ परिधि = ४८० × ३·१६२२७ = १५१७·८८९६० होनी चाहिए।

अतः यहाँ शोध का विषय है।

सूत्र ५०३, पृ० २९९—

यहाँ आयाम विष्कम्भ ८ योजन है। इसकी **परिधि** २५ योजन से कुछ अधिक दी गयी है। इससे π का $\sqrt{१०}$ का मान लेने पर २५·२९८१६ योजन परिधि प्राप्त होती है। जो २५ से कुछ अधिक है।

इसी प्रकार सूत्र ५०८, ५१०, ५१३, ५१४ दृष्टव्य हैं। इन सभी में π का मान $\sqrt{१०}$ लेकर परिधि को अनुमान रूप से उल्लिखित किया गया है।

सूत्र ५२१, पृ० ३०४—

इस सूत्र में **पल्योपम स्थिति** का उल्लेख है।

सूत्र ५२२, पृ० ३०४—

यहाँ **पल्योपम स्थिति** का उल्लेख है। इसी प्रकार सूत्र ५२३ में भी उल्लेख है।

सूत्र ५२५, पृ० ३०५—

यहाँ संख्याएँ **दाशमिक संकेतना** में हैं। योजन, कोस, धनुष, गणितीय शब्दों का उपयोग हैं। गवाक्षकटक (नालियों के समूह) दृष्टव्य है। **अतिसम** तथा **स्तूपिका** विचारणीय है।

सूत्र ५२६, पृ० ३०५—

इस प्रकार इस सूत्र में भी संख्याएँ **दाशमिक संकेतना** में द्रष्टव्य हैं।

पल्योपम स्थिति का भी उल्लेख है। सूत्र ५२९ एवं ५३१ में भी यह दृष्टव्य है।

सूत्र ५३५, ५३७ पृ० ३०९, ३१०—

यहाँ **दाशमिक संकेतना** में संख्या निरूपण है।

सूत्र ५४३ पृ० ३११—

यहाँ परिधि के सम्बन्ध में, "**तं तिगुणं सविसेसं परिक्खेवेणं**" कहा गया है जिससे ज्ञात होता है कि **परिधि** का मान अनुमान रूप से यहाँ **तीन से कुछ अधिक** लिया गया है।

यहाँ **योजन, कोस, धनुष** का उपयोग है।

लाख के लिए "**सय सहस्स**" ही उपयोग में लाया गया है। संख्याएँ **दाशमिक संकेतना** में ही हैं। '**कोडी**' शब्द का भी उपयोग हुआ है।

'सहस्स' शब्द का उपयोग सूत्र ५५६, ५५७, ५५८, ५५९ में भी हुआ है।

सूत्र ५७१ पृ० ३१९—

इस में १६०५ $\frac{५}{१९}$ को "**सोलस पंचुत्तरे जोअण सए पंच य एगूणवीसइभाए जोअणस्स**" रूप में उल्लिखित किया गया है। यहाँ एक हजार छः सौ पाँच न कहकर सोलह सौ आदि कहा है। इसी प्रकार सूत्र ५८० दृष्टव्य है। किन्तु सूत्र ५८८ पृ० ३२२ में ७४२१ $\frac{१}{१९}$ योजन को "**सत्त जोयण सहस्साइं चत्तारि अ एक्कवीसे जोअण सए एकं च एगूण वीसइभागं जोअणस्स** रूप में उल्लिखित किया गया है। इस प्रकार **दो विधियाँ** महत्वपूर्ण हैं।

सूत्र ५९६, पृ० ३२५—

चौदह हजार को "**चोद्दस सलिला सहस्सेहिं**" बतलाया है। इसी प्रकार की **दाशमिक संकेतना** हेतु सूत्र ५९७, ५९८, ६००, ६०३, ६०४ दृष्टव्य हैं।

सूत्र ६०९ पृ० ३३१—

अनेक प्रकार के वृक्षों का वर्णन सूत्र ६१८ पृ० ३२६ तक दिया गया है।

सूत्र ६२५ पृ० ३३८—

यहाँ चतुर्थद्वीप का **आयाम विष्कम्भ** ६०० योजन और उसकी परिधि १८९० योजन बतलाई गई है। **π का मान** $\sqrt{१०}$ या ३·१६२२७ लेने पर परिधि ६०० × ३·१६२२७ अथवा, १८९७·३६२ प्राप्त होती है। इसी प्रकार अन्य की परिधि **दृष्टव्य** है।

सूत्र ६३०, पृ० ३४०—

यहाँ **दाशमिक संकेतना** दृष्टव्य है। इसी प्रकार सूत्र ६३२, ६३४, ६३५, दृष्टव्य हैं। लवण समुद्र की चौड़ाई २००००० योजन होने से वृत्त का सम्पूर्ण विष्कम्भ ५००००० योजन हो जाता है अतएव परिधि $\sqrt{१०}$ मान **π** का लेकर १५८११३५ प्राप्त होगी। **किन्तु** यहाँ १५८११३९ योजन से कुछ अधिक कही गई है।

सूत्र ६३८, पृ० ३४१—

यहाँ विचारणीय तथ्य है, "**पंचानवे पंचानवे प्रदेश** जाने पर **एक एक प्रदेश की गहराई वृद्धि** कही गई है।" इसी प्रकार, "पंचानवे पंचानवे बालाग्र जाने पर एक एक **बालाग्र** गहराई की वृद्धि कही गई है। इस प्रकार अन्य अनेक इसी से सम्बन्धित इकाइयाँ, **लीक्षा, यव, यवमध्य, अंगुल, वितस्ति, रत्नि, कुक्षि, धनुष, गाउ, सौ योजन**, पर तत्सम्बन्धी वृद्धि कही गयी है जो विचारणीय है। इसमें **'यावत्'** शब्द का भी उपयोग किया गया है। **प्रश्न है** कि ९५ इकाइयाँ जाकर ही वृद्धि का वर्णन क्यों किया गया है।

सूत्र ६३९, पृ० ३४१-३४२—

यहाँ शिखा वृद्धि के विषय में बतलाया गया है कि लवण समुद्र के दोनों ओर पंचानवे पंचानवे प्रदेश जाने पर **सोलह प्रदेशों की शिखा वृद्धि** होती है।

सूत्र ६४०, पृ० ३४२—

यहाँ भी पंचानवे हजार योजन का उल्लेख है। **दाशमिक संकेतना** में संख्याएँ दी गयी हैं। इसी प्रकार सूत्र ६४१, ६४२, ६४४, ६४९, ६५१ में है। एक-एक प्रदेश की श्रेणी से बढ़ते-बढ़ते मध्य में **योजन शत सहस्र** विष्कम्भ कहा गया है। इसी प्रकार मुख का मूल दस हजार योजन चौड़ा बतलाया गया है।

यहाँ भी **पल्योपम स्थिति** का उल्लेख है। सूत्र ६४३ में **अर्द्ध पल्योपम** का उल्लेख है।

सूत्र ६४६ पृ० ३४४—

यहाँ **'मुहूर्त'** का उपयोग हुआ है। **तीस मुहूर्त एक अहोरात्रि रूप है।**

सूत्र ६६८, पृ० ३५१—

यहाँ संख्याएँ **दाशमिक संकेतना** में हैं। इसी प्रकार सूत्र ६७०, ६७१, ६७२, ६७३, ६७४ में **दाशमिक संकेतना** का उपयोग है।

सूत्र ६७५, पृ० ३५२—

यहाँ लवण समुद्र की चौड़ाई २ लाख योजन होने से वृत्त का विषम्भ ५ लाख योजन होता है। परिधि भी $\sqrt{१०}$ = ३·१६२२७ लेने पर १५८११३५ योजन प्राप्त होती है। **किन्तु** सूत्र ६३० से अलग यहाँ कथन है कि परिधि १५८११३९ योजन से कुछ कम है। शेष संख्याएँ भी दाशमिक संकेतना में हैं। **पल्योपम स्थिति** का कथन है। सूत्र ६८६, ६८८, ६८९, ६९१, ६९२, ६९४, ६९५ में **दाशमिक संकेतना में संख्याएं** हैं तथा सूत्र ६८७ में **पल्योपम स्थिति** का उल्लेख है।

सूत्र ७०१, पृ० ३६१—

यहाँ धातकीखंडद्वीप की चौड़ाई ४००००० योजन होने से परिधि का मान $\sqrt{१०}$ = ३·१६२२७ लेने पर कुल व्यास १३००००० में गुणा करने पर ४१११९५१ योजन प्राप्त होते हैं। किन्तु ग्रन्थ में ४१११९६१ योजन से **कुछ कम की परिधि** बतलाई गई है।

सूत्र ७३४, पृ० ३६६—

यहाँ सख्या **दाशमिक संकेतना** में है। लाख की जगह **सय सहस्स** का उपयोग हुआ है। इसी प्रकार सूत्र ७३५ में भी है ?

सूत्र ७३६, पृ० ३७०—

कालोद समुद्र का **विष्कम्भ** ८००००० योजना चक्रवाल रूप में है। अतः एवं **सूची व्यास** २९००००० योजन होता है। यदि $\sqrt{१०}$ को π का मान ३·१६२२७ रूप लिया जाये तो **परिधि** ९१,७०,५८३ योजन प्राप्त होती है। किंतु ग्रन्थ में ९१,७०, ६७५ योजन से कुछ **अधिक** बताई गई है। यह **शोध का** विषय है।

सूत्र ७४५, पृ० ३७२—

पुष्करवरद्वीप की चक्राकार **चौड़ाई** १६००००० योजन दी गई है। अतएव बनने वाला कुल व्यास ६१००००० योजन प्राप्त होगा।

अतएव इसकी **परिधि** का माप $\pi = \sqrt{१०} = ३·१६२२७$ लेने पर परिधि $= ६१००००० \times ३·१६२२७ = १९२८९८४७$ योजन होती है।

किन्तु ग्रन्थ में इसका मान १९२८९८९४ बतालायी गयी है। यह **शोध का विषय** है कि यह मान किस भांति निकाला गया।

सूत्र ७४८ पृ० ३७३—

यहाँ ४८२२४६९ को **दाशमिक संकेतना** में उल्लिखित किया है।

सूत्र ७५१ पृ० ३७४—

यहाँ **पल्योपम स्थिति का** उल्लेख है।

सूत्र ७५२ पृ० ३७४—

यहाँ मानुषोत्तर पर्वत के विभिन्न मान **दाशमिक संकेतना** में दिये गये हैं। ति० प०, भाग १/४, गाथा २७६० में इसकी आभ्यन्तर सूची ४५००००० योजन दी गई है। तदनुसार उसकी **परिधि** १४२३०२४९ योजन दी गई है जो इस ग्रन्थ में भी इतने प्रमाण गई है। किन्तु ४५००००० × ३·१६२२७ = १४२३०३१५ योजन प्राप्त होती है। तदनुसार यह **शोध** का विषय है। इसी प्रकार **बाह्य सूची** ति० प० भाग १/४, गाथा २७५७ में ४५०२०४४ योजन है तथा **परिधि** १४२३६७१३ किन्तु इस ग्रन्थ में १४२३६७१४ योजन दी गई है। इस प्रकार यहाँ **शोध** का विषय प्रस्तुत है। **शेष माप** की तुलना भी द्रष्टव्य है।

सूत्र ७६८, पृ० ३७५-३७६—

इस गाथा में भी **दाशमिक संकेतना** में पुष्करवरद्वीपार्ध का विष्कम्भ एवं परिधि दी गई है।

सूत्र ७९१, पृ० ३८८—

यहाँ परिधि **दाशमिक संकेतना** में उल्लिखित है।

सूत्र ७९९ पृ० ३९०

यहाँ पुष्करोद समुद्र का विष्कम्भ संख्यात सहस्र योजनों में किन्तु परिधि को **संख्यात शत सहस्र** योजनों में व्यक्त किया गया गया है। यहाँ **संख्यात** शब्द का उपयोग महत्वपूर्ण और **बीजीय** रूप की ओर प्रवृत्ति का द्योतक है।

ऐसे शब्दों का उपयोग सूत्र ८०१, पृ० ३९०, तथा सूत्र ८०५ पृ० ३९१ में भी हुआ है। किंतु सूत्र ८०५ में चौड़ाई तथा परिधि दोनों को ही **संख्यात** शतसहस्र बतलाया गया है। इसी प्रकार सूत्र ८०८, पृ० ३९२, सूत्र ८१७, पृ० ३९६ ; सूत्र ८३०, पृ० ३९७, सूत्र ८३४, पृ० ३९८; सूत्र ८३६, पृ० ३९९ पर है।

सूत्र ८३९-८४१, पृ० ४००-४०३—

यहाँ भी नंदीश्वर द्वीप की चौड़ाई और परिधि **संख्येय लाख** योजन बतलाई गई है। शेष संख्याएँ **दाशमिक संकेतना में** हैं।

सूत्र ८४८, पृ० ४०७—

यहाँ १०००० योजन चौड़ाई तदनुसार **परिधि** १०००० × ३·१६२२७ लेने पर ३१६२२·७ योजन प्राप्त होती है। इस ग्रन्थ में यह ३१६२३ योजन ली है।

इसी प्रकार संख्या शत सहस्र योजन की **परिधि** सूत्र ८६०, पृ० ४११, तथा सूत्र ८७४ पृ० ४१३ में भी बतलाई गई है।

सूत्र ९२८, पृ० ४२९—

रत्नप्रभा पृथ्वी के **अति सम भूमिभाग** से ७९० योजन की ऊँचाई पर ऊपर की ओर ११० योजन के विस्तृत क्षेत्र में असंख्य ज्योतिषी स्थान तथा तिरछे ज्योतिषी देवों के असंख्य शत सहस्र विमान आवास हैं।

ति० प० भाग १/७ गाथा १०८ में, "चित्रा पृथ्वी से ७१० योजन उपर जाकर आकाशतल में ११० योजन मात्र बाहल्य में ताराओं के नगर हैं" ऐसा कथन है।

इस सम्बन्ध में निम्नलिखित लेख दृष्टव्य है—

एस० डी० शर्मा एवं एस० एस० त्रिश्क, "**लेटिट्यूड ऑफ दी मून एज डिटरमिन्ड इन जैन एस्ट्रानामी**, श्रमण, भा० २७, क्र० २, १९७५, पृ०२८-३५।

इस लेख में सूर्य की ऊँचाई ८०० योजन तथा चंद्र की ऊँचाई ८८० योजन पर विस्तृत विवेचन कर उस **रहस्य** का संकेत दिया है जो संभवतः इस गणना का अभिप्रेत था।

सूत्र ९३१, पृ० ४३३—

जम्बूद्वीप में ताराओं की **संख्या** [१३३९५०] (१०)^{14} दी गई है। यही संख्या ति० प० **भाग** १/७ गाथा ४९४ में उल्लिखित है। यह **दाशमिक संकेतना** में है।

सूत्र ९३२, पृ० ४३४—

लवण समुद्र में (२६७९००) (१०)^{14} ताराओं की संख्या दी गयी है जो ति० प० भाग १/७ गाथा ५९९ में इसी रूप में दी गई है। यहाँ भी **दाशमिक संकेतना** है। ग्रह ३५२ दोनों में समान हैं। नक्षत्र ११२ हैं जो दोनों में समान हैं। (अनुवाद पुनः देखें)

सूत्र ९३३-९३६ पृ० ४३५-४३८—

द्वीप समुद्र	ताराओं की संख्या
धातकीखण्डद्वीप	(८०३७००) (१०)^{14}
कालोद समुद्र	(२८१२९५०) (१०)^{14}
पुष्करवरद्वीप	(९६४४००) (१०)^{14}
पुष्करार्ध द्वीप (आभ्यन्तर)	(४८२२००) (१०)^{14}

उपरोक्त प्रमाण ति० प० भाग १/७ गाथा ६००; ६०१, ६०२ में (पुष्करबरद्वीप छोड़ कर) इसी रूप मे वर्णित हैं।

सूत्र ९३७, पृ० ४३८—

पुष्करोद समुद्र में संख्येय चंद्र, संख्येय सूर्य, संख्येय ग्रह, संख्येय नक्षत्र, संख्येय कोटाकोटि तारागण रूप में संख्याएँ वर्णित हैं। **दाशमिक संकेतना** का उपयोग तारागण की संख्या के साथ किया गया है। यह **ऐतिहासिक रूप** से महत्वपूर्ण है।

सूत्र ९३८, पृ० ४३९—

मनुष्य क्षेत्र में १३२ चन्द्र, १३२ सूर्य, ११६१६ महाग्रह, ३६९६ नक्षत्र, (८८४०७००) (१०)^{14} तारागण बतलाये गये हैं। ति० प० भाग १/७, गाथा ६०६, ६०७ एवं ६०८ में ये ही संख्याएँ दी गयी हैं। ये सभी **दाशमिक संकेतना** में दी गयी हैं।

सूत्र ९४०, पृ० ४४०—

यहाँ रुचक द्वीप में असंख्य चन्द्र बतलाये गये हैं। असंख्य कोटाकोटि तारागण बतलाये गये हैं। यहाँ भी **दाशमिक संकेतना** में साथ-साथ असंख्य का उपयोग **इतिहास की दृष्टि** से महत्व-पूर्ण है।

सूत्र ९४२, पृ० ४४१—

ज्योतिष्कों का **अल्पबहुत्व** (Comparability) इतिहास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहाँ **तुल्य, अल्प, संख्येय** गणितीय शब्द हैं। यथा चन्द्र और सूर्य तुल्य हैं। सबसे अल्प नक्षत्र हैं। ग्रह संख्येय गुण हैं और तारा संख्येयगुण हैं। ये क्रमानुसार **अल्पबहुत्व** की शैली है।

सूत्र ९४३, पृ० ४४१—

मन्दर पर्वत से ११२१ योजन के अन्तर पर **ज्योतिष्क गति** बतलायी गई है। यह महत्वपूर्ण तथ्य है। यहाँ से ज्योतिषियों का गमन प्रारम्भ होता है।

यह शोध का विषय है।

सूत्र ९४४, पृ० ४४२—

लोकान्त से ११११ योजन के अन्तर पर ज्योतिष्क कहे गये हैं। यह भी शोध का विषय है।

सूत्र ९४५, पृ० ४४२—

ज्योतिषियों का **भूभाग से ऊँचाई** का प्रमाण निम्नलिखित रूप में दिया गया है जो महत्वपूर्ण है। इस ऊँचाई का अर्थ रहस्य-मय है क्योंकि योजन भिन्न योजनाओं के अनुसार विभिन्न प्रकार के अंगुलों पर आधारित, भूगोल, ज्योतिष तथा खगोल प्रमाणों के लिए योजनाबद्ध रूप में बांधे गये होंगे। अतएव यह **गहन शोध** का विषय है। फिर भी इस पर शर्मा, त्रिश्क और जैन ने शोध लेखादि लिखे हैं जो रहस्य के एक अंश को प्रकाशित करते हैं।

ज्योतिषी का नाम	**रत्नप्रभा पृथ्वी के अतिसम भूभाग से ऊँचाई**
तारा (नीचे का)	७९० योजन
चन्द्र	८८० योजन
सूर्य	८०० योजन
तारा (ऊपर का)	९०० योजन

ति० प०, भाग १/७, के अनुसार ज्योतिषी निम्नलिखित रूप **में** दिये गये हैं।

ज्योतिषी का नाम	**चित्रा पृथ्वी से ऊपर माप**	**गाथा**
चन्द्र	८८० योजन	३६
सूर्य	८०० योजन	६५
ग्रह	८८८ योजन (बारह योजन मात्र बाहल्य)	८२
बुध	८८८ योजन	८३
शुक्र	८९१ योजन	८९
गुरु	८९४ योजन	९३
मंगल	८९७ योजन	९६
शनि	९०० योजन	९९
अवशिष्ट ग्रह	(बुध और शनि के अन्तराल ८८८ से ९०० योजन के बीच में)	१०१
नक्षत्र	८८४ योजन	१०४
तारा	७९० योजन (११० योजन मात्र बाहल्य में)	१०८

इस प्रकार पूर्वोक्त प्रमाण **ऐतिहासिक दृष्टि से** रहस्य उद्घाटन होने पर अत्यन्त महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकते हैं। साथ ही आधुनिक रूप में उन्हें **स्थिति** के सम्बन्ध में तथा **गतिशीलता** के सम्बन्ध में स्वरूप सहित स्पष्ट किया जा सकता है।

सूत्र ९४६, पृ० ४४५-४४६—

ज्योतिषियों का **आयाम-विष्कम्भ, परिधि** एवं **बाहल्य**

नाम	आयाम विष्कम्भ	परिधि	बाहल्य
चन्द्र	$\frac{५६}{६१}$ योजन	$\frac{५६}{६१} \times ३$ योजन	$\frac{२८}{६१}$ योजन
सूर्य	$\frac{४८}{६१}$ योजन	$\frac{४८}{६१} \times ३$ योजन	$\frac{२४}{६१}$ योजन
ग्रह	$\frac{१}{२}$ योजन	$\frac{१}{२} \times ३$ योजन	१ कोस
नक्षत्र	१ कोस	१ × ३ कोस	$\frac{१}{२}$ कोस
तारा	$\frac{१}{२}$ कोस	$\frac{१}{२} \times ३$ कोस	५०० धनुष

तिलोयपण्णत्ति भाग १/७ में उपलब्ध मान इस प्रकार हैं—

नाम	आकार	उपरितल का विस्तार	परिधि	बाहल्य	गाथाएँ
चन्द्र	अर्द्धगोलक	$\frac{५६}{६१}$ योजन	दो योजन से कुछ अधिक	$\frac{२८}{६१}$ योजन	३७, ३९, ४०
सूर्य	अर्द्धगोलक	$\frac{४८}{६१}$ योजन	दो योजन से अधिक	$\frac{२४}{६१}$ योजन	६६, ६८, ६९
बुध	अर्द्धगोलक	$\frac{१}{२}$ कोस	$१\frac{१}{२}$ कोस से अधिक	$\frac{१}{४}$ कोस	८४, ८५
शुक्र	अर्द्धगोलक	१ कोस	३ कोस से अधिक	$\frac{१}{२}$ कोस	९०, ९१, ९२
गुरु	अर्द्धगोलक	कोस का बहुभाग			९४, ९५
मंगल	अर्द्धगोलक	$\frac{१}{२}$ कोस		$\frac{१}{४}$ कोस	९७, ९८
शनि		$\frac{१}{२}$ कोस			१००
अवशिष्ट ग्रह	अर्द्धगोलक				१०२
नक्षत्र	अर्द्धगोलक	१ कोस		$\frac{१}{२}$ कोस	१०५, १०६
तारा	अर्द्धगोलक	उत्कृष्ट २००० धनुष			१०९
		जघन्य ५०० धनुष			११०
		मध्यम १५०० धनुष			१११

सूत्र ९४७, पृ० ४४७—

इस सूत्र में विभिन्न प्रकार की **गतियों तथा बल** का विवरण है।

गमन-गति—इच्छानुसार, प्रीतिकर, मन समान वेगवती, अमित।

गति—कुटिल गति, ललित गति, आकाश गति, चक्रवाल गति, चपलगति, गर्वित गति, पुलित (आकाश) गति, चंचल गति।

बल—अमित।

शिक्षा-गति—लंघन (लांघना), वल्गन (कूदना), धावन (दौड़ना), धोरण (गति चातुर्य), त्रिपदी (भूमि पर तीन पैर टिकाना), जविनी (वेगवती)।

दाशमिक संकेतना में संख्याएँ १६०००, ८००० तथा २००० हैं।

सूत्र ९४८, पृ० ४५३—

यहाँ **अल्पबहुत्व** अनन्तगुणा रूप में दिया गया है।

सूत्र ९४९, पृ० ४५४—

यहाँ **दाशमिक संकेतना** का उपयोग है।

सूत्र ९५०, पृ० ४५६—

चन्द्रमा एक मुहूर्त में मण्डल के १०९८०० भाग में से परिधि के १८३० भाग **गति** करता है।

सूर्य एक मुहूर्त में मण्डल के १०९८०० भागों में से परिधि के १८३५ भाग **गति** करता है।

ति० प० भाग १/७ में इन भागों को **गयणखंड** (गगनखंड) कहा गया है।

सूत्र ९५१, पृ० ४५६-४५७—

गति **अल्पबहुत्व** में शीघ्र, अल्प का उपयोग हुआ है।

सूत्र ९५२, पृ० ४५७—

ऋद्धि **अल्पबहुत्व** में महा और अल्प का उपयोग हुआ है।

सूत्र ९५३, पृ० ४५७—

यहाँ चन्द्र सूर्यादि के समूह अलग-अलग समूहों के लिए पिटक शब्द का भी प्रयोग हुआ है। प्राकृत में इसे **पिडय** या **पिडग** कहा है। पिटक का शब्दार्थ सन्दूक, पिटारी आदि हो सकता है। प्रत्येक पिटक में दो चन्द्र, दो सूर्य, १७६ ग्रह, ५६ नक्षत्र हैं। इस प्रकार के ६६ पिटक ग्रहों तथा नक्षत्रों के मनुष्य लोक में हैं। **पिटक** शब्द महत्वपूर्ण है।

सूत्र ९५४, पृ० ४५७—

यहाँ **पंक्तियाँ** शब्द महत्वपूर्ण हैं। प्रत्येक पंक्ति में ६६ चन्द्र-सूर्य हैं। ऐसी ४ पंक्तियाँ मनुष्य लोक में हैं।

प्रत्येक **पंक्ति** में ६६ ग्रह हैं। ग्रहों की १७६ **पंक्तियाँ** मनुष्य लोक में हैं।

प्रत्येक **पंक्ति** में ६६ नक्षत्र हैं। नक्षत्रों की ५६ पंक्तियाँ हैं।

सूत्र ९५५, पृ० ४५८—

चन्द्र, सूर्य, ग्रहों के **सभी मण्डल** (बीथियाँ) **अनवस्थित** हैं वे मेरु की प्रदक्षिणा करते हैं। यह "**अनवस्थित**" अत्यन्त महत्व-पूर्ण है।

नक्षत्र और ताराओं के सभी मण्डल **अवस्थित** हैं और वे भी मेरु की प्रदक्षिणा करते हैं।

सूत्र ९५६, पृ० ४५८—

यहाँ महत्वपूर्ण तथ्य है कि चन्द्र सूर्य केवल अपने-अपने मण्डलों—आभ्यन्तर, बाह्य तथा तिर्यक् क्षेत्र में मण्डल संक्रमण करते हैं, किन्तु मण्डलों से **उर्ध्व** और **अधो** क्षेत्र में **संक्रमण** नहीं करते हैं। इनके इस प्रकार Orbital planes हैं। आधुनिक सन्दर्भ में तुलनीय हैं।

सूत्र ९५७, पृ० ४५८—

यहाँ मनुष्य क्षेत्र में चन्द्र, सूर्य, ग्रह, तक्षत्र, तारे **अनवस्थित** तथा **मनुष्य क्षेत्र** के बाहर वे अवस्थित (गति-संचरण हीन) बताये गये हैं। यह **शोध** का विषय है तथा आधुनिक संदर्भ में उपयुक्त है।

सूत्र ९५८, पृ० ४५८-४५९—

द्वीप समुद्रों के ज्योतिष्कों की संख्या निकालने हेतु यहाँ प्रारम्भिक विधि दी गई है। ति० प० भाग १/७ पृ० ७६४ आदि में सपरिवार चन्द्रों को लाने का विधान दृष्टव्य है। वहाँ **रज्जु के अर्द्धच्छेद** एवं अन्य गणना का अवलम्बन लिया गया है।

सूत्र ९६०, पृ० ४५९—

चन्द्र, सूर्य, ग्रह और नक्षत्रों के योग के सम्बन्ध में **नियम** बतलाये गये हैं। इस सम्बन्ध में चन्द्र सूर्य का ग्रह-नक्षत्रों से अथवा विलोमरूपेण पूर्व-पश्चिम से या दक्षिण-उत्तर से **योगयुक्ति** होती है। नक्षत्र मण्डल के कुल विभागों की संख्या १०९८०० है।

सूत्र ९६१, पृ० ४६०—

एक मुहूर्त में नक्षत्र सूर्य की अपेक्षा ५ भाग मण्डल अधिक, तथा चन्द्रमा से ६७ भाग अधिक गमन करते हैं।

नक्षत्र—१८३५ भाग मण्डल के

सूर्य—१८३० " "

चन्द्र—१७६८ " "

सूत्र ९६२, पृ० ४६०—

सूर्यप्रज्ञप्ति का दसवाँ पाहुड़ का दूसरा अन्तर पाहुड़ देखिये।

चन्द्र एवं नक्षत्र योग में यहाँ अभिजित नक्षत्र से **चन्द्रमा का योगकाल** निकालने हेतु ज्ञात है कि अभिजित नक्षत्र गगनमण्डल के ६३० भागों में व्याप्त है। चन्द्र से नक्षत्र गति ६७ मण्डल भाग अधिक होने से इस **सापेक्ष राशि** द्वारा ६३० को भाजित करने पर $\frac{६३०}{६७}$ अथवा ९ मुहूर्त एवं $\frac{२७}{६७}$ मुहूर्त योग काल प्राप्त हो जाता है। इसको **विलोम रूपेण** भी सिद्ध किया जा सकता है।

इसी प्रकार श्रवण नक्षत्र का **गगन मण्डल** फैलाव २०१० भाग में है। अतएव चन्द्र से इस नक्षत्र का योगकाल $\frac{२०१०}{६७}$ अथवा ३० मुहूर्त पर्यन्त रहेगा।

इसी प्रकार जिन नक्षत्रों का फैलाव १००५ **गगन खंडों** में है उनका चन्द्र से योग काल $\frac{१००५}{६७}=१५$ मुहूर्त होगा। पुनः जिन नक्षत्रों का फैलाव ३०१५ मण्डल भाग है उनका चन्द्र से योग काल $\frac{३०१५}{६७}=४५$ मुहूर्त होगा।

अगली गाथा में इसी प्रकार **चन्द्र ग्रह योगकाल** का संख्या रहित उल्लेख है।

सूत्र ९६४, पृ० ४६१

यहाँ सूर्य **नक्षत्र योगकाल** का विवरण है। **अभिजित नक्षत्र** का फैलाव ६३० **गगन खंड** होने से तथा **सापेक्ष गति** सूर्य की ५ गगनखण्ड कम होने से योगकाल $\frac{६३०}{५}=१२६$ मुहूर्त अथवा ४ अहोरात्रि एवं ६ मुहूर्त है।

इसी प्रकार १००५ फैलाव वाले नक्षत्र सूर्य से योगकाल $\frac{१००५}{५}=२०१$ मुहूर्त अथवा ६ अहोरात्र २१ मुहूर्त होता है। जिन नक्षत्रों का फैलाव २०१० गगनखण्ड होगा उनका सूर्य से योगकाल $\frac{२०१०}{५}=४०२$ अथवा १३ अहोरात्र १२ मुहूर्त होता है। इसी प्रकार जिन नक्षत्रों का फैलाव ३०१५ मण्डल भाग होता है वे **सूर्य से योग** $\frac{३०१५}{५}=६०३$ मुहूर्त अथवा २० अहोरात्र एवं ३ मुहूर्त काल तक करते हैं।

अगले सूत्र में **सूर्य-ग्रह योग काल** का संख्या रहित उल्लेख है।

सूत्र ९६६, पृ० ४६१—

एक **अहोरात्र** में ३० **मुहूर्त** होते हैं। एक **मुहूर्त** में चन्द्र गमन १७६८ **गगनखंड** होता है ∴ ३० मुहूर्त में ५३०४० **गगनखंड** होंगे। कुल मण्डल **गगनखंड** १०९८०० है, जिनका **अर्द्ध मंडल** ५४९०० होता है। अतएव चन्द्र एक अहोरात्र में एक **अर्द्ध मंडल** में १८६० भाग कम चलता है। किन्तु ग्रन्थ में एक **अर्धमंडल** और **अर्धमंडल** के नौ सौ पन्द्रह भागों में ३१ भाग कम पर्यंत चन्द्र गति बतलाई गई है। यह किस आधार पर बतलाई गयी है—**यह शोध** का विषय है।

दृष्टव्य है कि अनुपात $\frac{५३०४०}{५४९००}=१-\frac{३१}{९१५}$ होते हैं। अतएव अनुवाद का अर्थ उक्त होना चाहिए।

इसी प्रकार सूर्य गमन ३० मुहूर्त में १८३० × ३० = ५४९०० **गगन मंडल खंड** अथवा **अर्धमंडल** होता है।

इसी तरह नक्षत्र गमन ३० मुहूर्त में १८३५ × ३० = ५५०५० **गगनखंड** होता है। एक **अहोरात्र** में नक्षत्र १५० खण्ड अधिक एक **अर्द्ध मंडल** चलते हैं। अनुपात अपेक्षा $\frac{५५०५०}{५४९००}=$ $१+\frac{२}{७३२}$ अर्द्धमण्डल चलते हैं।

भिन्न की उपरोक्त प्रणाली **ऐतिहासिक दृष्टि** से अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

सूत्र ९६७, पृ० ४६२

(१) चन्द्रमा प्रत्येक मण्डल को कितने मुहूर्त में तय करता है ?

यहाँ अनुपात रूप से गणना की गयी है। चन्द्रमा १७६८ मण्डल चलने पर १८३० × २ **अहोरात्र** लगाता है, वहीं उसे यदि १ मण्डल तय करना पड़े तो $\frac{१८३०\times२}{१७६८}$ मुहूर्त अर्थात् $\frac{९१५}{४४२}$ अथवा $२\frac{३१}{४४२}$ **अहोरात्र** लगेंगे।

(२) इसी प्रकार सूर्य प्रत्येक मण्डल को कितने मुहूर्त में तय करता है ?

यहाँ भी अनुपात उसी प्रकार होगा। १८३० मण्डल सूर्य १८३० × २ अहोरात्र में तय करता है। यदि १ मण्डल तय करना पड़े तो उसे $\frac{१८३०\times२}{१८३०}$ **अहोरात्र** अथवा २ **अहोरात्र** लगेंगे।

(३) दूसरी तरह से १७६८ भाग मण्डल के १ अन्तर्मुहूर्त में, ∴ १ **अहोरात्र** में १७६८ × ३० भाग चन्द्र चलता है। अतएव १०९८०० या १ मण्डल के भागों को तय करने में चन्द्र $\frac{१०९८००}{१७६८\times३०}=२\frac{३१}{४४२}$ **अहोरात्र** लगाता है।

इसी प्रकार सूर्य पर भी घटित करना चाहिए।

सूत्र ९६८, पृ० ४६२—

चन्द्र १ **युग में कितने मंडल** चलता है ?

१ युग में **समस्त मुहूर्त संख्या** ५४९०० होती है।

चन्द्र १ मुहूर्त में १७६८ भाग गमन करता है।

∴ १ युग में कुल चन्द्र द्वारा चले भाग

$५४९०० \times १७६८ = ९७०६३२००$

चूंकि १०९८०० भागों का एक मण्डल होता है

∴ ९७०६३२०० भागों के $\frac{९७०६३२००}{१०९८००}$ मण्डल होते हैं।

अर्थात् $\frac{९७०६३२००}{१०९८००} = ८८४$ मण्डल

इसी प्रकार सूर्य १ युग में कितने मण्डल चलता है ?

१ युग में **समस्त मुहूर्त संख्या** ५४९०० होती है।

सूर्य १ मुहूर्त में १८३० भाग चलता है।

∴ १ युग में सूर्य द्वारा चले गये कुल भाग =

५४९००×१८३०

पुनः १०९८०० भागों का एक मण्डल होता है

∴ ५४९००×१८३० भागों का $\frac{५४९००\times १८३०}{१०९८००} =$

९१५ मण्डल।

इसी प्रकार नक्षत्र १ युग में कितने मण्डल चलता है ?

यहाँ एक युग में समस्त मुहूर्त संख्या ५४९०० होती है।

नक्षत्र १ मुहूर्त में १८३५ भाग चलता है।

∴ नक्षत्र ५४९०० मुहूर्तों में ५४९००×१८३५ भाग चलता है।

∵ १०९८०० भागों का १ मण्डल होता है

∴ ५४९०००×१८३५ भागों का $\frac{५४९००\times १८३५}{१०९८००}$ मंडल

अथवा $\frac{१८३५}{२}$ मण्डल या १८३५ अर्द्धमण्डल तय करता है।

सूत्र ९६९ पृ० ४६२-४६३—

चन्द्र मास में चन्द्र कितने **मण्डल** तक गति करता है ? यहाँ इसके निकालने हेतु ज्ञात है कि एक पंचवर्षीय युग में १२४ पर्व होते हैं तथा ८८४ मंडल होते हैं। एक चन्द्र मास में दो पर्वणी होती हैं। इसलिए १ चन्द्र मास में $\frac{८८४\times २}{१२४}$ मण्डल होंगे अथवा $१४\frac{३२}{१२४}$ मण्डल होंगे। ग्रन्थ में इसे पंद्रहवें मण्डल का चौथा भाग तथा मण्डल के १२४ भागों में से १ भाग तथा पूर्ण चौदह मण्डल बतलाया है। वास्तव में १२४ भाग का चौथाई भाग ३१ होता है और १ भाग सहित यह १२४ में से कुल ३२ भाग होता है। अस्तु।

पुनः चन्द्र मास में सूर्य कितने **मण्डल** गति करता है ? एक युग में सूर्य के ९१५ मण्डल होते हैं। चन्द्र मास में २ पर्व होते हैं। इस प्रकार १२४ पर्वों में ९१५ सूर्य मण्डल होते हैं इसलिए २ पर्वों में $\frac{९१५\times २}{१२४} = \frac{१८३०}{१२४} = १४\frac{९४}{१२४}$ मण्डल प्राप्त होते हैं।

यहाँ $९४ = \left(१२३\times\frac{३}{४} \right) + १$ होता है जो ग्रंथ में उल्लिखित है।

इसी प्रकार चन्द्र मास में नक्षत्र कितने **मण्डल** गति करता है ? यहाँ नक्षत्र के १ युग में १८३५ **अर्द्धमंडल** होते हैं और चन्द्र मास में २ पर्व होते हैं। अतएव १२४ पर्वों में $\frac{१८३५}{२}$ नक्षत्रों के मण्डल होते हैं इसलिए २ पर्व में $\frac{१८३५}{२}\times\frac{२}{१२४} = \frac{१८३५}{१२४} =$

$१४\frac{९९}{१२४}$ मण्डल प्राप्त होते हैं। यहाँ $९९ = \left(१२४\times\frac{३}{४} \right)$

$+ ६$ होते हैं। अतएव ग्रन्थ में उल्लिखित मान प्राप्त होता है।

सूत्र ९७०, पृ० ४६३—

आदित्यमास में चन्द्र कितने **मण्डल** पर्यन्त गति करता है ? यहाँ एक युग में ६० सौर मास होते हैं और ८८४ चन्द्र मण्डल होते हैं। इसलिए १ सौर मास में $\frac{८८४}{६०} = १४\frac{११}{१५}$ मण्डल प्राप्त होते हैं।

आदित्यमास में सूर्य कितने **मण्डल** चलता है ? यहाँ एक युग में ६० सौर मास होते हैं और ९१५ चन्द्रमण्डल होते हैं। इसलिए १ सौर मास में $\frac{९१५}{६०} = १५\frac{१}{४}$ मण्डल प्राप्त होता है।

आदित्यमास में **नक्षत्र** कितने **मण्डल** चलता है ? यहाँ १ युग में ६० सौर मास और $\frac{१८३५}{२}$ नक्षत्र मण्डल होते हैं। इसलिए १ सौर मास में $\frac{१८३५}{२} \times \frac{१}{६०} = १५\frac{३५}{१२०}$। यहाँ ग्रन्थ में १२० के स्थान में १२४ लिखा है जो प्रामाणिक नहीं है।

सूत्र ९७१ पृ० ४६३

नक्षत्र मास में चन्द्र कितने **मण्डल** चलता है ? यहाँ १ युग में ६७ नक्षत्र मास और ८८४ चन्द्र मण्डल होते हैं। इसलिए १ नक्षत्र मास में $\frac{८८४}{६७} = १३\frac{१३}{६७}$ मण्डल होंगे।

सूत्र ९७१ पृ० ४६४

नक्षत्र मास में सूर्य कितने मण्डल चलता है ? यहाँ **पंचवर्षात्मक** १ **युग** में ६७ **नक्षत्रमास** तथा ९१५ **सौर मण्डल** होते हैं। इसलिए १ नक्षत्र मास में $\frac{९१५}{६७} = १३\frac{४४}{६७}$ मण्डल होते हैं।

नक्षत्रमास में नक्षत्र कितने मण्डल चलता है ? यहाँ १ युग में ६७ नक्षत्र मास तथा $\frac{१८३५}{२}$ नक्षत्र मंडल होते हैं। इसलिए १ नक्षत्र मास में $\frac{१८३५}{२} \times \frac{१}{६७} = \frac{२७\frac{२६}{६७}}{२}$ अथवा $१३\frac{४६\frac{१}{२}}{६७}$ मण्डल होते हैं। इसे ग्रन्थ में $४६\frac{१}{२}$ के स्थान में $४७\frac{१}{२}$ दिया गया है जो प्रामाणिक प्रतीत नहीं होता है।

सूत्र ९७२ पृ० ४६४—

ऋतुमास में चन्द्र कितने **मंडल** चलता है। १ युग में ६१ **ऋतु या कर्म मास** होते हैं और ८८४ चन्द्र मण्डल होते हैं। इस लिए १ **ऋतुमास** में $\frac{८८४}{६१} = १४\frac{३०}{६१}$ मण्डल होते हैं।

ऋतुमास में **सूर्य** कितने **मंडल** चलता है ? १ युग में ६१ **ऋतुमास** और ९१५ **सूर्य मंडल** होते हैं। इसलिए १ **ऋतुमास** में $\frac{९१५}{६१} = १५$ **मण्डल** होते हैं।

ऋतुमास में नक्षत्र कितने **मण्डल** चलता है ? १ युग में ६१ **ऋतुमास** और $\frac{१८३५}{२}$ नक्षत्र मण्डल होते हैं। इसलिए १ **ऋतुमास** में $\frac{१८३५}{२} \times \frac{१}{६१} = १५\frac{५}{१२२}$ मण्डल होते हैं।

सूत्र ९७३ पृ० ४६४

अभिवर्द्धितमास में **चन्द्र** कितने **मंडल** चलता है ? १ **अभिवर्धित** सवत्सर वाले युग में ५७ मास ७ अहोरात्र $११\frac{२३}{६२}$ मुहूर्त होते हैं (सू० प्र०, भाग २, पृ० ४६०)। त्रैराशिक हेतु इस संख्या में १५६ का गुणा करने पर १५६ युग में ८९२८ परिपूर्ण अभिवर्द्धित मास होते हैं। यह **अनुमान** से यहाँ लिया गया है। अब ८९२८ अभिवर्धित मास से १५६ युग में भावि चन्द्र मण्डल संख्या ८८४ × १५६ = १३७९०४ होती है। इसलिए १ अभिवर्धित मास में $\frac{१३७९०४}{८९२८} =$

$१५\frac{३९८४}{८९२८} = १५\frac{८३}{१८६}$ प्राप्त होती है जो ग्रन्थ में $१५\frac{८३}{८६}$ कही है। यह **शोध** का विषय है। इसे सू० प्र० भाग २, पृ० ७७६ में "**पण्णरस मण्डलाइ तेसीति छलसीय सय भागे मण्डलस्स**" **उद्धृत** किया गया है।

एक **अभिवर्द्धित** मास में **सूर्य** कितने **मंडल** चलता है ? १५६ युग में ८९२८ अभिवर्द्धित मास ९१५ × १५६ = १४२७४० सूर्य मण्डल होते हैं। इसलिए १ अभिवर्द्धित मास में $\frac{१४२७४०}{८९२८} =$

$१५\frac{८८२०}{८९२८} = १५\frac{२४५}{२४८}$ (ऊपर नीचे ३६ का अंश और हर को छेदने पर)

एक **अभिवर्द्धित** मास में **नक्षत्र** कितने **मंडल** चलता है ? १५६ युग में ८९२८ अभिवर्द्धित मास तथा $\frac{१८३५}{२} \times १५६ =$

१४३१६० मण्डल नक्षत्र चलता है।

इसलिए १ अभिवर्द्धित मास में $\frac{१४३१३०}{८९२८} = १६\frac{२८२}{८९२८} = १६\frac{४७}{१४८८}$ **नक्षत्र मन्डल** प्राप्त होते हैं। (सू० प्र०, भाग २, पृ० ७७९)।

सूत्र ९७५, पृ० ४६५

इस गाथा में विभिन्न कालों में **चन्द्र उदय** की **दिशाएँ** दी गई हैं जो **ऐतिहासिक दृष्टि** से महत्वपूर्ण हैं।

सूत्र ९७६, पृ० ४६६

यहाँ चन्द्र की **वृद्धि हानि** का कारण **राहु** के द्वारा आवृत्त होना बतलाया गया है। प्रतिदिन पन्द्रहवां भाग को बासठिया भाग भी कहा है। अर्थात ६२ में से १५ भाग करने पर $४\frac{२}{१५}$ भाग प्रतिदिन आच्छादित अथवा अनावरित होना माना जायेगा।

सूत्र ९७७, पृ० ४६७

शुक्लपक्ष में चन्द्र **राहु** द्वारा $४४२\frac{४६}{६२}$ मुहूर्त अनावृत्त होता है और कृष्णपक्ष में $४४२\frac{४६}{६२}$ मुहूर्त आच्छादित होता है।

६२ भाग अनावृत्त/आच्छादन प्रतिदिन मानने पर ९३० कल्पित भाग होते हैं। एक भाग अमावस्या की रात्रि में भी **नित्य राहु** से अनावृत्त होने से कुल ९३१ कल्पित चन्द्र भाग होते हैं। यह **ऐतिहासिक दृष्टि** से महत्वपूर्ण है।

सूत्र ९८१, पृ० ४६९

जम्बूद्वीप में १८० योजन अवगाहन से पाँच चन्द्र मण्डल और लवण समुद्र में ३३० योजन अवगाहन से दस चन्द्र मण्डल होते हैं। इस प्रकार कुल ५१० योजन का अवगाहन से १५ चन्द्र मण्डल कहे गये हैं जो **इतिहास की दृष्टि से** महत्वपूर्ण हैं।

सूत्र ९८२, ९८६, पृ० ४६९, ४७४

इन गाथाओं में प्रत्येक चन्द्र मण्डल का योजनों में अन्तर, **सर्वाभ्यंतर** एवं **सर्वबाह्य** चन्द्र मण्डलों का अन्तर, सर्व आभ्यन्तर और बाह्य चन्द्र मण्डलों का **आयाम-विष्कम्भ** तथा परिधि दी गई हैं। इनमें दाशमिक संकेतना, π का मान, महत्वपूर्ण हैं। पुनः सर्वाभ्यंतर और बाह्य चन्द्र मन्डलों में चन्द्र की १ मुहूर्त की गति व प्रमाण भी दिया गया है। स्पष्ट है कि **योजन** और **मुहूर्त** का यहाँ **गणितीय** सम्बन्ध जोड़ा गया है। मुहूर्त गति भी बढ़ती-बढ़ती, सर्वबाह्य मण्डल की ओर ली गईं हैं। ये मान **माध्यमान** की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार मुहूर्त गति घटती-घटती सर्व अभ्यंतर मण्डल की ओर गति करता है। इस प्रकार यहाँ **त्वरण** (acceleration), मुहूर्त-गति की हानि वृद्धि की कल्पना की गई है।

सूत्र ९८८ पृ० ४७६

सूर्य नक्षत्रों से योगों में चन्द्र योग १० प्रकार के बतलाये गये हैं, जो १ युग में घटित होते हैं। इनमें **छत्रातिछत्र योग** कदाचित् कोईक देश में होता है, क्योंकि वह योग नियत एक रूप ही रहता है। यहाँ चित्रा नक्षत्र में उक्त योग को अवलोकन करने हेतु गणित भावना दी गयी है। **ऐतिहासिक दृष्टि** से इस योग का **शोध** होना चाहिए।

सूत्र ९८९ पृ० ४७६, ४७८

इस सूत्र में ६२ **पूर्णिमाओं** सम्बन्धी चन्द्र सूर्य के मण्डल प्रदर्शभाग का विचार किया गया है। **पंचवर्षात्मक युग** में ६२ **पूर्णिमाएँ** एवं ६२ **अमावस्याएँ** इस प्रकार कुल १२४ सूर्यचन्द्र योग होते हैं। प्रथम पूर्णिमा को चन्द्र, ६२वीं पूर्णिमा को जिस प्रदेश में समाप्त करता है, उसके **परवर्ती** मण्डल के १२४ विभाग में से ३२वें विभाग को ग्रहण करते हैं जहाँ चन्द्र प्रथम पूर्णिमा का योग होता है। इसी प्रकार **परवर्ती** मण्डल का १२४ विभाग कर पुनः ३२वें भाग में दूसरी पूर्णिमा का योग होता है।

वास्तव में पूर्णिमायोग आधुनिक मान्यतानुसार सूर्यचन्द्र आमने-सामने पृथ्वी के विरुद्ध दिशाओं में रहते हैं। किन्तु जैन ज्योतिष में १८४ मण्डलों का **गणित** दूसरे प्रकार का है। १२४ में से ३२ भाग प्रथम पूर्णिमा के होने से निकल जाने पर, पुनः ३२ भाग जाने पर, पाँच संवत्सरों वाले युग मध्य की दूसरी पूर्णिमा का प्रदेश प्राप्त होता है जब उक्त मण्डल के १२४ भाग में से अगले ३२ भाग लेते हैं। ये **पांच संवत्सर** क्रमशः **चन्द्र, चन्द्र, अभिवर्द्धित, चन्द्र** एवं **अभिवर्द्धित** नाम वाले हैं। अब **तीसरी पूर्णिमा** के मण्डल प्रदेश को जानने के लिए **दूसरी पूर्णिमा** के परिसमापक स्थान के **परवर्ती** मण्डल को ग्रहण कर उसके १२४ भाग करते हैं उसमें ६४ भाग निकल जाने पर ३२ और आगे के भाग १२४ में से लेते हैं।

यदि प्रश्न हो कि इस पंच संवत्सर वाले युग के प्रथम वर्ष के अन्त की बारहवीं आषाढ़ी पूर्णिमा को चन्द्र किस प्रदेश में रहकर समाप्त करता है। यहाँ ज्ञात है कि बारहवीं पूर्णिमा तीसरी पूर्णिमा से नवमी होती है। यहाँ **ध्रुवांक** ३२ होता है और ९वीं पूर्णिमा के लिए **तीसरी पूर्णिमा** वाले मण्डल के स्थान से $३२ \times ९ = २८८$ भाग आगे जाकर होती है।

चौबीसवीं पूर्णिमा ग्रहण करने हेतु, बारहवीं पूर्णिमा जहाँ होती है उससे १२ और पूर्णिमाएँ होती हैं। **बारहवीं पूर्णिमा** का ध्रुवांक २८८ होता है इसलिए २४वीं पूर्णिमा को २८८ × १२ = ३४५६ भाग आगे जाकर प्राप्त करते हैं। इस प्रकार २३वीं पूर्णिमा की समाप्ति स्थल से पर मण्डल को १२४ से विभक्त कर उसमें का ३४५६ भाग ग्रहण कर २४वीं पूर्णिमा को चन्द्र समाप्त करता है।

इसी प्रकार ६२वीं पूर्णिमा का मण्डल प्रदेश ज्ञात करने हेतु ६२ को ३२ से गुणित पर १९८४ प्राप्त होता है। इसे १२४ द्वारा विभक्त करने पर १६ प्राप्त होता है। यह मण्डल **पूर्णांक** है जिसमें **युग की अन्तिम पूर्णिमा** समाप्त होती है। जम्बूद्वीप में **जीवा** रूपरेखा से **पूर्णिमा परिणमनरूप मंडल** को १२४ से विभक्त करते हैं। चार दिशाओं में ३१-३१ भाग होते हैं।

इनमें २७ भागों को लेकर अलग रख देते हैं। पश्चात् २८वें भाग के २० भाग करके उनमें से १८ भागों को पृथक करते हैं, जिससे यहां २ भाग शेष रहते हैं। ३१ में से २७ भाग निकल जाने पर ४ भाग रहते हैं। जिनमें ३ भाग ३१ — २८ = ३ शेष रहते हैं और यहां २० — १८ = २ शेष रहते हैं। अतः ३ शेष भागों से चतुर्थ भाग २ कला पश्चात् स्थित अर्थात् २९वें चतुर्भाग मण्डल को बिना प्राप्त किये अर्थात् २९वें मण्डल के चतुर्थ भाग मण्डल में २ कला से अधिक प्रदेश में चन्द्र गमन नहीं करता है— अतः वहीं ६२वीं पूर्णिमा समाप्त होती है।

यह शोध का विषय है। इसे चित्र द्वारा तथा सूर्य चन्द्र की मण्डल गति द्वारा भी स्पष्ट किया जाना चाहिए। यहाँ ३२ को ध्रुवांक माना गया है। इसे Pole—Number कहना चाहिए जो Modulus के रूप में स्थिति की व्यवस्था करता है। शेष पूर्णिमाएँ ३२ के गुणनखण्ड रूप मण्डलों में प्रकट होती हैं। १२४ भाग क्यों लिए गये, क्यों ६२ + ६२ = १२४ कुल ये घटनास्थल हैं जो मण्डल में ही प्रकट होते हैं।

सूत्र ९९०, पृ० ४७८—

इसी प्रकार चन्द्र का **अमावस्याओं** में योग की गणना हेतु ध्रुवांक पुनः ३२ है और पर मण्डल के १२४ विभाग कर उनमें ३२ — ३२ भागों पर ६२वीं अमावस्या समाप्ति मण्डल के आगे प्रदेश प्राप्त करना होता है। ६२वीं अमावस्या का मण्डल प्रदेश प्राप्त करने हेतु ६२वीं पूर्णिमा समाप्ति मण्डल के पर मण्डल के १६ भागों को लेकर १२४ विभक्त मण्डल में से अलग रहते हैं। अर्द्ध-अर्द्ध भागों में पूर्णिमा अमावस्या होना इसका कारण है। इस प्रकार इस मण्डल प्रदेश से पहले १२४ या सोलह भागों से न्यून मण्डल प्रदेश में ६२वीं अमावस्या समाप्त होती है। **यह भी शोध का विषय है।**

सूत्र १००२, पृ० ४८६—

दिनमान की व्यवस्था इस सूत्र में १८ मुहूर्त से लेकर १२ मुहूर्त तक की गयी है। यह किसी विवक्षित स्थान की उत्तरी अक्षांश वाले प्रदेश में जो **अफगानिस्तान** के **चित्राल** के समीपवर्ती हो वहाँ होती रहती है, जहाँ से ये अवलोकन किये गये होंगे। प्रश्न है कि क्या चित्रा पृथ्वी का जो वर्णन आया है, वह उक्त अवलोकनकर्ता का स्थल वही था? क्या **बेबिलन निवासी** से सम अक्षांशों में रहने वाले भारतीयों ने उत्तर और दक्षिण गोलार्धों में अपने ऐसे ही अवलोकन केन्द्र बनाये थे। इस सम्बन्ध में शर्मा एवं लिश्क का निम्नलिखित शोध लेख दृष्टव्य है :

"लेंग्थ ऑफ डे इन जैन एस्ट्रानामी, सेंटारस, १९७८; भाग २२, क्र० ३, पृ० १६५-१७६। इनके अनुसार हो सकता है उक्त स्थल **गान्धार** रहा हो।"

भूमध्यरेखावर्ती स्थलों पर १५ — १५ मुहूर्त का दिन होता है। कुल १८३ मण्डलों में प्रतिदिन चलते हुए $\frac{६}{१८३}$ मुहूर्त अथवा $\frac{२}{६१}$ मुहूर्त वृद्धि होती है। इसी प्रकार **दिन हानि** का प्रकरण है। यह **माध्य** रूप है। देखिए ति० प०, भाग २, गाथा २७९, २८०।

सूत्र १००३ पृ० ४९५-४९८—

यहाँ सूर्य का गमन **सर्वाभ्यन्तर मंडल** से **सर्वबाह्यान्तर मंडल** तक तथा इसका **विलोम रूप** वर्णन किया है। स्पष्ट है कि ६ माह तक सूर्य १८३ मण्डलों में किसी एक दिशा में चलता अवलोकित होता है और उसके पश्चात् निश्चित उससे विलोम दिशा में गमन करता दृष्टिगत होता है। इससे स्पष्ट है कि उत्तरी ध्रुव में ६ माह का दिन और ६ माह की रात्रि कही गई है। यहाँ उसे ही दूसरे रूप में प्रकाश को लेकर कथन है कि इस प्रकार ६ माह तक प्रकाश सूर्य के दक्षिणायन से लेकर उत्तरायण होने तक बढ़ता रहता है। यह उत्तरार्ध में पाया जाता है। इसी प्रकार **विलोम रूपेण** प्रक्रिया देखने में आती है। इस प्रकार गणित द्वारा जैन सिद्धान्त के मर्म को आधुनिक अन्य घटनाओं को समझाने में प्रयुक्त करना आवश्यक है। जो प्रतिरूप जैन सिद्धान्त में निर्मित किये गये उनका आशय विषय को समझाना था और उनके द्वारा हजार डेढ़हजार वर्षों तक समस्त ज्योतिष की घटनाएँ स्पष्ट की जाती रहीं।

यहाँ बतलाया गया है कि किस प्रकार उक्त **अवलोकन केन्द्र** पर प्रतिदिन सूर्य के उल्लिखित गमन के कारण वर्ष के कौन से भाग में कितना दिन प्रतिदिन घटता बढ़ता था। यहां **उत्कृष्ट** एवं **जघन्य** दिनमान मुहूर्त १८ और १२ उक्त अवलोकन केन्द्र के लिए किये गये थे।

सूत्र १०१०, पृ० ५०४—
१०११, पृ० ५०५ —

सूर्य के **ताप क्षेत्र** की **संस्थिति** हेतु विभिन्न प्रकार की ज्यामिति आकारों का वर्णन है।

सूत्र १०१२, पृ० ५०६—
१०१३, पृ० ५०७—

ताप क्षेत्र **संस्थिति** की परिधि तथा **ताप क्षेत्र** एवं अन्धकार क्षेत्र के **आयामादि** का प्ररूपण इन गाथाओं में किया गया है। इनके विस्तृत वर्णन के लिए देखिये ति० प०, भाग २, अधिकार ७, गाथा २९२—४२० जहाँ ताप एवं तम क्षेत्रों का विशद वर्णन **सूत्र** देकर दिया गया है। यह **गहन शोध का विषय है**। उदाहरणार्थ : इष्ट परिधि राशि को तिगुणा करके दश का भाग देने पर जो लब्ध आवे उतना सूर्य के प्रथम पथ में स्थित रहने पर उस **आतप क्षेत्र की परिधि** का प्रमाण होता है।

इसे इस ग्रन्थ में **परिधिविशेष** कहा गया है।

इस **शोध से** भूगोल सम्बन्धी अनेक रहस्य खुल सकते हैं। तदनुसार इनका आशय समझकर आधुनिक सन्दर्भ में निर्वचन देना अत्यन्त महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

सूत्र १०२०, पृ० ५१५—

इसी प्रकार सर्वबाह्य पथ में स्थित सूर्य हेतु ताप क्षेत्र निकालने हेतु परिधि में दो का गुणा कर १० का भाग देते हैं।

इस सूत्र में **पौरुषी छाया** निरूपण प्रमाण द्वारा किया गया है।

सूर्य को ५९ **पौरुषी छाया** की निष्पत्ति करने वाला कहा गया है। इनमें बतलाया गया कि दिन का कितना भाग बीतने पर कितनी **पौरुषी छाया** रहेगी ? अथवा दिन का कितना भाग शेष रहने पर कितनी **पौरुषी छाया** रहेगी ? इस प्रकार ५९ **पौरुषी छाया** के प्रकारों को गणित द्वारा दिनमान को निकालने में प्रयुक्त किया जा सकता है। इसी सूत्र में २५ प्रकार की छाया कही गयी है तथा उनमें से गोल छाया के भी ८ प्रकार बतलाये हैं।

यह भी **गहन शोध का** विषय है। इस पर **शर्मा एवं लिश्क** ने सूत्र रचना की है जो अग्र प्रकार है :—

पौरुषी इकाई में छाया की लम्बाई	**तत्सम्बन्धी क्रमिक समय में बीता हुआ दिन का भाग**
$\frac{१}{२}$ इसका प्रतीक मान लो प है।	$\frac{१}{३}$ इसका प्रतीक मान लो द है।
१	$\frac{१}{४}$
$१\frac{१}{२}$	$\frac{१}{५}$
═══	═══
$५८\frac{१}{२}$	$\frac{१}{११९}$
५९	०

उपरोक्त से स्पष्ट है कि **पौरुषी छाया समान्तर श्रेणी** में है जहाँ चय $\frac{१}{२}$ है। तत्सम्बन्धी बीता हुआ दिन का भाग यदि उलट दिया जाये तो ३, ५,..... भी **समान्तर श्रेणी रूप** हो जाती है जहाँ चय १ है, जहाँ उपान्तिम पद तक जाते हैं। इस प्रकार की श्रेणी को **हारमोनिक प्रोग्रेशन** कहते हैं।

उपर्युक्त में निम्नलिखित सम्बन्ध है—

$$द = \frac{१}{२(१+प)} \text{ जबकि } \frac{१}{२} \leqslant प \leqslant ५८\frac{१}{२}$$

$$= ० \qquad \text{जबकि } प \geqslant ५९$$

द और प के मान पूर्व में दिये गये हैं।

यदि प से लेकर $प+\frac{१}{२}$ के बीच समय "**स**" बीतता हो तो

$$स = \frac{१}{२(१+प)} - \frac{१}{२(१+प+\frac{१}{२})} \text{ दिन}$$

$$= \frac{१}{२(१+प)(३+२प)} \text{ दिन होगा।}$$

∴ गति जो **पौरुषी छाया** को बदलना बतलाती हो, उसका मान 'ग' संकेत में $ग = \frac{१}{२} प \div स = (१+प)(३+२प)$ **पुरुष प्रतिदिन** होगी।

इन **सूत्रों से अनेक रहस्य ज्ञात किये जा सकते हैं।**

वास्तव में **पुरुष** का अर्थ दोपहर को शंकु का छाया आयाम प्रतीत होता है। **पुरुष** किसी भी मानव द्वारा अपनी ही अंगुली से मानव की ऊँचाई प्ररूपित करता है। यह अर्थ **बेबिलन गोलिका मूल अपिन** में भी लिया गया है। ये अवलोकन किस स्थान पर लिये गये यह ज्ञात करना महत्वपूर्ण है।

महावीराचार्य के **गणितसार संग्रह** ग्रन्थ में छाया व्यवहार पृ० २६६ से पृ० २८१ तक दिया गया है॥ उसमें कुछ नियम-सूत्र निम्नलिखित हैं :

(१) **विषुवद्भा** (अर्थात् जब दिन-रात बराबर होते हैं उस समय पड़ने वाली छाया) वास्तव में उन दिनों के मध्यान्ह (दोपहर) समय प्राप्त छाया के मापों के योग की आधी होती है, जबकि सूर्य मेष राशि या तुला राशि में प्रवेश करता है।

(२) किसी वस्तु (शंकु) की ऊँचाई के पदों में व्यक्त छाया के माप में एक जोड़ा जाता है, और इस प्रकार परिणामी योग दुगुना किया जाता है। परिणामी राशि द्वारा पूर्ण दिनमान भाजित किया जाता है। यह समझना चाहिए कि सारसंग्रह नामक गणितशास्त्र के अनुसार, यह प्राप्त फल पूर्वाह्न और अपराह्न के शेष भागों (अथवा दोपहर के पहले दिन के बीते हुए भाग और दोपहर के पश्चात् दिन के शेष रहने वाले भाग) को उत्पन्न करता है। [यहाँ **विषुवच्छाया** नहीं होती।]

(३) दिनमान के ज्ञात माप को, दिन के बीते हुए अथवा बीतने वाले भाग का निरूपण करने वाले भिन्न के अंश द्वारा गुणित करने और हर द्वारा भाजित करने से, पूर्वाह्न के सम्बन्ध में बीती हुई घटिकाएँ और अपराह्न के सम्बन्ध में बीतने वाली घटिकाएँ उत्पन्न होती हैं।

(४) किसी स्तम्भ की छाया के माप को स्तम्भ की ऊँचाई द्वारा भाजित करने पर **पौरुषी छाया माप** प्राप्त होता है।

(५) **विषुवच्छाया** वाले स्थान के लिये नियम :

शंकु की ज्ञात **छाया** के **माप** में शंकु का माप जोड़ा जाता है॥ यह योग विषुवच्छाया के माप द्वारा ह्रासित किया जाता है। परिणामी अंतर को दुगना कर दिया जाता है। जब शंकु का माप इस परिणामी राशि द्वारा भाजित किया जाता है, तब दशानुसार पूर्वाह्न में दिन में बीते हुए अथवा अपराह्न में दिन में बीतने वाले दिनांश का मान उत्पन्न होता है।

(६) **शंकु** का माप दिन के दिये गये भाग के माप को दुगुनी राशि द्वारा भाजित किया जाता है। परिणामी भजनफल में से शंकु का माप घटाया जाता है, और उसमें विषुवच्छाया का माप जोड़ दिया जाता है। यह **दिन के इष्ट समय** पर छाया का माप उत्पन्न करता है।

इसी प्रकार अन्य सूत्र भी दिये गये हैं जो ऊर्ध्वाधर **दीवाल** पर **आरूढ़ छाया** से सम्बन्धित हैं।

डा० ए० के० बाग के अनुसार पुरुष का अर्थ मानव की उसकी ही अंगुलियों द्वारा नापी गई ऊँचाई है और बौद्धायन शुल्व के अनुसार १२० अंगुल से एक पुरुष होता है। पाद और अंगुल का सम्बन्ध पूर्व में ज्ञात है।

एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि चूंकि **पौरुषी** पादांगुल में प्रतिदिन बदलती रहती है, इसलिए उसके द्वारा दत्त अवलोकनों द्वारा वर्ष की ऋतु या कोई भी भाग ज्ञात किया जा सकता है। देखिये जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति, ९/१७-१९।

सूत्र १०२३-१०४९, पृ० ५१९-५५६—

इस सूत्रों में सूर्य की विभिन्न प्रकार की **गतियों** का विवरण **मुहूर्त** एवं **मण्डलों** के पदों में दिया गया है जो अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनमें **योजन** भी सम्मिलित हैं। ऐसी अनेक कठिनाइयां हैं जिनसे विभिन्न प्रकार के जो रहस्य उद्घाटित किये गये हैं उन्हें पुष्ट करना आवश्यक है। ५१० योजन जो प्रथम और अंतिम सौर्य मण्डल के बीच का अंतर है, **आधुनिक महत्तम डिक्लिसेशन** का द्विगुणित है अर्थात् ४७° है, वही सूर्य पथ की आब्लिक्विटी जो २३·५° है, से सम्बन्धित प्रतीत होती है।

उपरोक्त **सूर्य गति** जो मुहूर्त और योजन को विभिन्न मण्डलों में सम्बन्धित करती है किसी भी समय की सूय की गतिशीलता को निकालने में आनुमानिक रूप से सहायक सिद्ध हो सकती है। साथ ही उसके द्वारा आनुमानिक रूप से अवलेकन कर्ता की स्थिति भी ज्ञात की जा सकती है।

सूत्र १०५० पृ० ५५७—

जिस प्रकार चन्द्र की ६२ **पूर्णमासी** सम्बन्धी उसके मंडल के तत्सम्बन्धी देश विभाग को पूर्व में ज्ञात किया उसी प्रकार यहाँ सूर्य सम्बन्धी प्रश्न प्रस्तुत है। वहाँ ३२ **ध्रुवांक** था किंतु यहाँ **ध्रुवांक** ९४ है। पूर्व प्रकार १ युग के पाँच संवत्सर चन्द्र, चन्द्र, अभिवर्द्धित, चन्द्र एवं अभिवर्द्धित होते हैं। इनमें पहली पूर्णिमा को सूर्य किस मण्डल प्रदेश में रहता है? सूर्य के १८४ मण्डल हैं। सूर्य युग की अन्तिम ६२वीं पूर्णिमा परिसमाप्ति स्थान से पर के मण्डल के १२४ विभाग कर उनमें से ९४ भागों को ग्रहण कर सूर्य प्रथम युग की प्रथम मास पूर्णबोधक पूर्णिमा को योग करता है। कारण यह है कि ३० अहोरात्र समाप्ति पर वही सूर्य उसी मण्डल प्रदेश में गति करता रहता है, इससे न्यूनाधिक कोई भी भाग में नहीं दिखता है। चन्द्र मास के अंत में पूर्णिमा समाप्त होती है। जो $२९\frac{३२}{६२}$ अहोरात्र होता है। इस लिए सूर्य तीसवें अहोरात्र में $\frac{३२}{६२}$ भाग में ६२वीं पूर्णिमा परिसमाप्ति स्थान से $\frac{९४}{१२४}$ भाग गत होने पर **प्रथम पूर्णिमा** को समाप्त करता है। वह ३० भागों में उसी प्रदेश को बिना प्राप्त

किये समाप्त नहीं करता है। कारण यह है कि १ अहोरात्र का $\frac{३०}{६२}$ भाग स्थित रहने से उस प्रकार के प्रदेश में प्रवर्तमान होकर कदापि संप्राप्त नहीं होता है इसलिए नियम से २९ अहोरात्र पूर्ण होने पर उक्त पूर्णिमा समाप्त करता है, आगे की **दूसरी पूर्णिमा** पर वह $\frac{२ \times ९४}{१२४}$ भाग गत होता है। १२वीं पूर्णिमा को वह **तीसरी पूर्णिमा** से ९४×९=८४६ भागों को १२४ भाग में से ग्रहण करता हुआ समाप्त करता है। यहाँ ९४ modulus है और उस चक्र को बतलाता है जो पुनः पुनः ९४ के गुणनफलों में प्रकट होता है। इसी प्रकार २७वीं पूर्णिमा के लिए ९४×२५=२३५० भाग लेने के लिए कहा गया है जो वास्तव में ९४×२४ होना चाहिए। (देखिये सू० प्र०, भाग २, पृ० २१९)।

इस प्रकार ६२**वीं पूर्णिमा स्थल** ९४×६२=५८२८ भाग पश्चात् होगा। अर्थात् यह $\frac{५८२८}{१२४}$ या ४७ सम्पूर्ण मण्डल होने पर प्राप्त होगी।

मंडल प्रदेश ज्ञात करने हेतु पूर्व मण्डल के १२४ के ४ भाग करने पर ३१ भाग पूर्व दिशा सम्बन्धी प्राप्त होते हैं। इनमें से २७ भाग अलग रखते हैं, पुनः शेष में से २८वें भाग के २० खण्ड कर उन २० खण्डों में से १८ खण्ड लेते हैं। साथ ही तीन भागों से अन्यत्र स्थापित चतुर्थ भाग के २०वें की २ कलाओं से दक्षिण में रहा हुआ **बाह्यमण्डल के चतुर्भाग मंडल** को उस चतुर्भाग मंडल से पूर्व में स्थित होकर **उसी मंडल प्रदेश में** युग की ६२वीं पूर्णिमा समाप्त करता है।

उपर्युक्त की और भी गहरी जानकारी हेतु **शोध करना आवश्यक है**।

सूत्र १०५१, पृ० ५५८-५५९—

इस सूत्र में पूर्वोक्त सूत्र के अनुसार **सूर्य के मण्डल प्रदेश** को ज्ञात करना बतलाया है जबकि प्रथम, द्वितीयादि अमावस्याएँ होती हैं। यहाँ भी **ध्रुवांक** ९४ लिये गये हैं। ६२ के आगे ३२ **ध्रुवांक** लेने पर ९४ **ध्रुवांक** प्राप्त होता है। पुनः ३१ के आगे ३२ **ध्रुवांक** प्राप्त होता है जहाँ ६२ का **अर्द्धभाग** ३१ है। इस प्रकार ३१ को चारों ओर लेने पर १२४ भाग बनते हैं। इस प्रकार जो ६२ **अमावस्या** और ६२ **पूर्णिमाओं** के घटना स्थल हो सकते हैं वे १२४ बनते हैं। यही कारण है कि प्रत्येक मण्डल और उसके परवर्तियों को १२४ में विभाजित करते जाते हैं। और चन्द्र या सूर्य को क्रमशः पूर्णिमा या अमावस्या मण्डल प्रदेश निकालने पर मण्डल के ३२ तथा ९४ भाग लेते जाते हैं जो १२४ में से आगे आगे के मण्डल के लेते जाते हैं तभी जबकि ये भाग लेने पर एक मण्डल समाप्त हो जाये।

इस प्रकार विगत गणनानुसार ही ६२वीं अमावस्या को सूर्य पूर्णिमा स्थान से आगे वाले मण्डल के १२४ विभाग कर उनमें से ४७ भाग पीछे रखकर शेष भागों में सूर्य योग करता है। यह भी पूर्व की भांति शोध का विषय है।

एक तथ्य स्पष्ट है कि **अवलोकन** किया गया **मान** सिद्धान्त से मिलना चाहिए। जैन ज्योतिष सिद्धान्त को और भी गहराई से अध्ययन कर इन सभी गणनाओं को **मंडल मुहूर्त योजन गति** से सिद्ध करने हेतु **शोध** आवश्यक है।

सूत्र १०५७ पृ० ५६२, ५६३—

यहाँ चन्द्र सूर्य के मण्डलों के **ज्यामिति संस्थान** दिये गये हैं जो गणितीय दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। **छत्राकार मंडल** गोलीय त्रिकोणमिति की रचना करते हैं अतएव इस पर शोध आवश्यक है।

सूत्र १०५८, १०५९, पृ० ५६३, ५६५—

यहाँ भी ज्यामितीय दृष्टि से चन्द्र सूर्य मण्डल के **समांश** तथा पुनः किसी नय दृष्टि से **संस्थिति** कही गयी है जो महत्वपूर्ण है। इसमें शोध आवश्यक है।

सूत्र १०६१, पृ० ५६६-५६८—

यहाँ चन्द्र सूर्य के **अवभास क्षेत्र, उद्योत क्षेत्र, ताप क्षेत्र** और **प्रकाश क्षेत्रों** के सम्बन्ध में जम्बूद्वीप को जो पाँच चक्रभाग-संस्थानों में विभक्त किया है, उस पर **शोध होना** आवश्यक है। इस सम्बन्ध में पूर्वोक्त ति० प० भाग २ के सातवें अधिकार में **ताप क्षेत्र, तम क्षेत्र** का विषय भी दृष्टव्य है।

सूत्र १०६२, पृ० ५६८-५६९—

एक नक्षत्रमास २७ $\frac{२१}{६७}$ दिन का होता है। इसमें ८१९$\frac{२७}{६७}$ मुहूर्त होते हैं।

सिद्धान्ततः १ युग में चन्द्र के साथ नक्षत्र ६७ बार योग करते हैं और सूर्य के साथ पाँच बार योग करते हैं। अभिजित ९$\frac{२७}{६७}$ मुहूर्त तक चन्द्र से योग करता है। १ युग में **चन्द्र, चन्द्र, अभिवर्धित, चन्द्र और अभिवर्धित** रूप **चन्द्रपंचक** संवत्सर में ६७ नक्षत्र मास होते हैं। ऐसे युग में १८३० अहोरात्र होते हैं। अर्थात्

३६६ × ५ वर्ष = १८३० अहोरात्र होते हैं। इसलिए ६७ का भाग १८३० में देने पर नक्षत्रमास में $२७\frac{२१}{६७}$ अहोरात्र होते हैं अथवा $८१९\frac{२७}{६७}$ मुहूर्त होते हैं। १ युग में **सूर्यमास** ६० होते हैं और १८३० अहोरात्र होते है, इसलिए १ **सूर्यमास** में $\frac{१८३०}{६०}$ $३०\frac{१}{२}$ अहोरात्र होते हैं। १ अहोरात्र ३० मुहूर्त का है इसलिये १ **सूर्यमास** = ९१५ मुहूर्त। १ युग में पाँच संवत्सर और इसमें अभिजित नक्षत्र सूर्य के साथ ५ बार और उत्तराषाढ़ा नक्षत्र भी ५ बार सूर्य के साथ योग करता है।

इसी प्रकार १ युग में **चन्द्रमास** ६२ होते हैं जो एक मास का मान $\frac{१८३०}{६२} = २९\frac{३२}{६२}$ अहोरात्र होता है क्योंकि १ युग में १८३० अहोरात्र होते हैं। १ अहोरात्र ३० मुहूर्त का होता है इसलिए १ चन्द्रमास $= २९\frac{३२}{६२} \times ३० = ८८५\frac{३०}{६२}$ मुहूर्त का होता है।

१ युग में ६१ कर्ममास हैं। १ **कर्ममास** $\frac{१८३०}{६१} = ३०$ अहोरात्र का होता है। १ अहोरात्र में ३० मुहूर्त होते हैं इसलिए १ कर्ममास में ३० × ३० = ९०० मुहूर्त होते हैं।

व्यवहार योग्य **मास** चार प्रकार के होते हैं :—

एक युग में	मास	१ मास में मुहूर्त	१ वर्ष में दिन	१ मास में अहोरात्र
नक्षत्र	६७	$८१९\frac{२७}{६७}$	$३२७\frac{५१}{६७}$	$२७\frac{२१}{६७}$
चन्द्र	६२	$८८५\frac{३०}{६२}$	$३५४\frac{१२}{६२}$	$२९\frac{३२}{६२}$
			अभि. $३८३\frac{४४}{६२}$	
सूर्य	६०	९१५	३६६	$३०\frac{१}{२}$
कर्म	६१	९००	३६०	३०

सूत्र १०६३, पृ० ५६९—

चन्द्र अर्द्धमास अर्थात् १ पक्ष में चन्द्र $१४\frac{१}{४}$ मण्डल में **भ्रमण** करता है। वह इस प्रकार है कि १ मण्डल के १२४ भाग होते हैं। पाँच वर्ष वाले युग में १२४ पर्व होते हैं तथा ६२ मास होते हैं। १ युग में १७६८ मण्डल होते हैं। इस प्रकार १ पर्व में $\frac{१७६८}{१२४}$ मण्डल अथवा $१४\frac{३२}{१२४}$ या $१४\frac{१६}{६२}$ मण्डल प्राप्त होते हैं। इस प्रकार जो $१४\frac{१}{४}$ मण्डल कहा है वह यथार्थतः $१४\frac{१६}{६२}$ मण्डल है।

सूर्य अर्धमास में १६ मण्डलों में गतिशील होता है तथा जब वह १६वें मण्डल में गति कर रहा होता है उस समय अन्य दो **अष्टक भागों** में चन्द्र किसी **असामान्य गति** से स्वयं प्रवेश कर गति करता है। ये दो अष्टक भाग निम्न प्रकार हैं :

(१) **सर्वाभ्यंतर मण्डल** से निष्क्रमण करता हुआ चन्द्र अमावस्या के **प्रथम अष्टक** अर्थात् $\frac{८}{१२४}$ वें भाग में किसी **असामान्य गति** से स्वयं प्रवेश करके गति करता है।

(२) **सर्वबाह्य मण्डल** से प्रवेश करता हुआ चन्द्र पूर्णिमा की द्वितीय अष्टक अर्थात् $\frac{८}{१२४}$ वें भाग में किसी **असामान्य गति** से स्वयं प्रवेश करके गति करता है।

एक अमावस्या से पूर्णिमा तक $४४२\frac{४६}{६२}$ मुहूर्त होते हैं और अमावस्या से अमावस्या तक $८८५\frac{३०}{६२}$ मुहूर्त होते हैं। १ युग में ६२ अमावस्या और ६२ पूर्णिमा होने से १२४ विभाजन करते हैं। **चन्द्रमास** इस प्रकार $८८५\frac{३०}{६२}$ मुहूर्त का होता है और १ युग में १२४ पर्व इसी प्रकार होते हैं।

जहाँ तक १६ मण्डल सूर्य के गमन का पाठ है वह अशुद्ध प्रतीत होता है क्योंकि १ युग में चन्द्र १७६८ मण्डल चलता है और १ युग में **सूर्य अर्द्धमास** १२० होते हैं तथा १ युग में सूर्य मण्डल १८३० हैं, इस प्रकार १ अर्द्धमास में $\frac{१८३०}{१२०}$ अथवा

$१५\frac{३०}{१२०}$ मण्डल आते हैं, अर्थात् सूर्य १६वें मण्डल में $\frac{३०}{१२०}$ भाग पर रहता है। साथ ही यदि १७६८ में १२० का भाग दिया जाये तो $१४\frac{८८}{१२०}$ मण्डल प्राप्त होते हैं जो यहाँ प्रयुक्त हुए प्रतीत नहीं होते हैं अतः १२० के स्थान में क्या लिया जाये यह **शोध का विषय** बनता है।

इसी प्रकार नक्षत्र के अर्धमास में चन्द्र $१३\frac{१३}{६७}$ मण्डल चलता है। कारण कि १ युग में चन्द्र १७६८ मण्डल चलता है और नक्षत्र के अर्द्धमास १ युग में १३४ होते हैं ∴ १ अर्धमास में चन्द्र $\frac{१७६८}{१३४} = १३\frac{१३}{६७}$ मण्डल चलेगा। **चन्द्र प्रथम अयन** में जाते **दक्षिण** से ७ अर्धमण्डल जाकर **दक्षिण** से प्रविष्ट कर **नैऋत्य कोण** में से निकलकर **ईशान कोण** में जाकर दूसरा, चौथा, छठवाँ, आठवाँ, दसवाँ, बारहवाँ और चौदहवाँ अर्द्धमण्डल स्पर्श करते चाल चलता है। इसी प्रकार वह **उत्तरार्द्ध भाग** से अर्थात् **ईशान कोण** से प्रथम अयन में प्रवेश करता हुआ **नैऋत्य कोण** में जाता हुआ तीसरा, पाँचवाँ, सातवाँ, नवमा, ग्यारहवाँ और तेरहवाँ मण्डल तथा पन्द्रहवें मण्डल का $\frac{१३}{६७}$ वाँ भाग स्पर्श करता हुआ चलता है।

दूसरे चन्द्रायण में चन्द्र सर्वाभ्यंतर मण्डल के पश्चिम भाग से निष्क्रमण करता हुआ अर्द्धमण्डल के $\frac{५४}{६७}$ भागों में जिनमें अन्य संचरित मण्डल के भागों में चन्द्र गति करता है और अर्द्धमण्डल के $\frac{१३}{६७}$ भागों में जिनमें **स्वयं संचरित** मण्डल के भागों में चन्द्र गति करता है। वे दूसरे दो प्रकार के $\frac{१३}{६७}$ भाग हैं, जिनमें क्रमशः चन्द्र सर्व अभ्यंतर मण्डल के और सर्व बाह्य मण्डल के उक्त भागों में स्वयं प्रवेश कर गति करता है।

यहाँ दृष्टव्य है कि १२४ पर्वों में चन्द्रमा के १७६८ मण्डल होते हैं इसलिए एक पर्व में $\frac{१७६८}{१२४}$ अथवा $१४\frac{८}{३१}$ मण्डल होते हैं किन्तु नक्षत्र के $१३\frac{१३}{६७}$ मण्डल होते हैं। अर्थात् यहाँ अन्तर $१४\frac{८}{३१} - १३\frac{१३}{६७}$ मण्डल होता है अथवा

$$(१४-१३)+\left(\frac{८}{३१}-\frac{१३}{६७}\right)=१+\frac{८\times६७-१३\times३१}{३१\times६७}$$

$$=१+\frac{१३३}{३१\times६७}=१+\frac{१२४}{३१\times६७}+\frac{९}{३१\times६७}$$


$$=१+\frac{४}{६७}+\frac{९}{३१\times६७}=१+\frac{४}{६७}+\frac{९}{२०७७}$$। इतना अन्तर १ अर्ध चन्द्रमास गति का प्रमाण और १ नक्षत्र अर्द्धमास गति से अधिक रूप में होता है। इस प्रकार चन्द्र, १ चन्द्र अर्द्ध मास में नक्षत्र अर्द्धमास से संपूर्ण १ अर्द्ध मण्डल, तथा दूसरे अर्द्ध मण्डल से $\frac{४}{६७}$ भाग; तथा $\frac{९}{३१\times६७}$ वां भाग अधिक संचरण करता है।

नोट—यहाँ **शोध का विषय** इस प्रकार हो सकता है कि अलग-अलग तीन प्रकार से अन्तर निकालने हेतु अलग अलग चन्द्र गमन **संचरण चीर्ण रूप** से **प्रस्थापित किया जा सकता** है। यहाँ प्रतीत होता है कि **अधिचक्र** (epicycle) सिद्धान्त का प्रचलन यूनान एवं भारत में ये ही अन्तर रूपों—शुद्धतर एवं शुद्धतम रूपों को निकालने के प्रयास किये गये होंगे। इसी प्रकार सूर्य गमन का अधिचक्र सिद्धान्त भी बाद में आविष्कृत हुआ होगा, ऐसा प्रतीत होता है।

इस प्रकार **प्रथम चन्द्रायण** में जो दक्षिण भाग से **अभ्यन्तराभिमुख** प्रवेश करता चन्द्र ७ अर्द्ध मण्डलों को और उत्तर भाग से **अभ्यन्तराभिमुख** प्रवेश करता $९\frac{१३}{६७}$ अर्द्ध मण्डल में संचरण करता है। **दूसरे चन्द्रायण** का मण्डल क्षेत्र परिमाण भी $१४\frac{१३}{६७}$ अर्द्ध मण्डल होता है। यहाँ $\frac{५४}{६७}$ वां भाग पन्द्रहवें मण्डल का शेष रह जाता है।

पुनः यहाँ स्मरण रहे कि मण्डल उक्त अलग-अलग दिशाओं में बनते हैं जहाँ से चन्द्र प्रवेश करता है अथवा निकलता है। इस प्रकार प्रथम अयन में ईशान कोण से निकल कर $\frac{१३}{६७}$ मंडल जाता

हुआ दूसरे अयन में $\frac{५४}{६७}$ मण्डल चलता हुआ **नैऋत्यकोण** के १५वें मण्डल पर जाता है। यह अन्य चन्द्र मण्डलों में चलता है। दूसरे नक्षत्र अर्द्धमास में $\frac{२६}{६७}$ भाग चन्द्र **असामान्य गति से** प्रवेश करके चलता है। १ युग में ६७ नक्षत्र मास होते हैं और १७६८



चंद्र मण्डल होते हैं। इसलिए १ नक्षत्रमास में $\frac{१७६८}{६७} =$ $२६\frac{२६}{६७}$ मण्डल चलता है। १ चन्द्र की अपेक्षा से १४वें मण्डल पर चन्द्रायण होता है। शेष १२ मण्डल अनन्तर मण्डल के $\frac{२६}{६७}$ भाग जाकर नक्षत्रमास पूर्ण हो जाता है। इस नक्षत्र मास की आदि से चन्द्र बाह्यमण्डल में प्रवेश करता १३वें मण्डल से निकलकर १४वें मण्डल के $\frac{२६}{६७}$ वें भाग में नक्षत्र मास को पूर्ण करता है। यहाँ **दूसरा चन्द्रायण** नक्षत्र मास की अपेक्षा से पूर्ण होता है।

यहाँ तक चन्द्र अर्द्ध मण्डल की अपेक्षा २ **अर्द्ध** मण्डल $+\frac{८}{६७}$ अर्द्ध मण्डल $+\frac{१८}{६७ \times ३१}$ अर्द्ध मण्डल अधिक चल चुकता है। यहां **तृतीय चन्द्रायण** गत चन्द्र पश्चिमी बाह्यनन्तर अर्द्ध मण्डल के **स्वसंचरित** $\frac{४१}{६७}$ भाग से प्रवेश करता हुआ गति करता है। चन्द्र $\frac{१३}{६७}$ पर संचरित भागों में गति करता है। उसी अर्द्ध मण्डल में **स्व-पर-संचरित** $\frac{१३}{६७}$ भाग पर भी वह गति करता है। यहाँ पश्चिमी भाग को नैऋत्य श्री अमोलक ऋषि द्वारा कहा है। एकी मण्डल से २की मण्डल तक $\frac{४१}{६७}$ अर्द्ध मण्डल पर चलकर अर्द्ध मण्डल $\frac{१३}{६७}+\frac{१३}{६७}+\frac{४१}{६७}=\frac{६७}{६७}$ पूर्ण करता है। १ मण्डल के $६७ \times २ = १३४$ भाग होते हैं। इसके ६७ भाग में २ सूर्य व अन्य ६७ भाग में २ चन्द्र गमनशील हैं।

अर्थात् एक एक विभाग $३३\frac{१}{२}$ का होता है। किन्तु $\frac{४१}{६७}$ चलकर **ईशान कोण** में आता है। इनमें से $२४\frac{१}{४}$ भाग **वायव्य कोण** में सूर्य का क्षेत्र स्पर्श करता है जो पर-क्षेत्र है। साथ ही $१५\frac{३}{४}$ क्षेत्र **ईशान कोण** में चन्द्र का स्पर्श करता है जो स्वक्षेत्र है। कारण कि शेष मण्डल स्वतः का है। इस प्रकाश १३ भाग पर-क्षेत्र $१५\frac{३}{४}$ भाग स्वक्षेत्र है। जो १३ भाग स्व-पर का कहा उसमें $३\frac{३}{४}$ भाग स्वक्षेत्र और $९\frac{१}{४}$ भाग **अग्निकोण** में सूर्य का पर-क्षेत्र है। इस वर्णन को **शोध** का विषय बनाया जा सकता है क्योंकि पाठार्थ से यह निकालना विचार का विषय है। **यहाँ मूल पाठ में क्षेत्र शब्द आया है।** कारण यह है कि एकी मण्डल से निकलकर **बेकी मण्डल** पर $\frac{४१}{६७}$ भाग चलता है तब **बेकी मण्डल** का अपने नववें आंक में कहा है। उससे अपने मण्डल पर चलता है किन्तु यहाँ स्व व पर का कहने का कारण यह है कि संपूर्ण मण्डल १३ भाग का है। इसके ६७ भाग दो सूर्य के और ६७ भाग दो चंद्र के यों प्रत्येक भाग $३३\frac{१}{२}$ का हुआ। किन्तु $\frac{४१}{६७}$ चलकर **नैऋत्य कोण** के मण्डल पर आता है जिसमें ४१

भाग **अग्निकोण** के क्षेत्र स्पर्श करता है वह **स्वक्षेत्र** ज्ञातव्य है। किन्तु पाठ में पर-क्षेत्र कहा और १३ भाग स्व व पर का कहा जिसमे ३$\frac{३}{४}$ भाग अपना क्षेत्र स्पर्श करता है और ९ भाग **वायव्य कोण** में सूर्य का क्षेत्र स्पर्श यह होना चाहिए। देखिये सू० प्र०, टीका श्री अमोलक ऋषि)। यह **शोध** का विषय है।

चंद्र की तीसरी अयन में गया हुआ, पश्चिम भाग में प्रवेश करता हुआ बाहर के १५वें मण्डल से १४वें मण्डल पश्चिम के अर्द्धमण्डल के $\frac{३४}{६७}$ भाग और $\frac{१८}{६७\times३१}$ चूर्णि भाग चंद्र अपने मण्डल पर व पर के मण्डल पर चलता है। अर्थात् $\frac{१६\frac{३}{४}}{६७}$ भाग **ईशान कोण** के **स्वक्षेत्र** चल कर $\frac{१७\frac{१}{४}}{६७}$ और $\frac{१८}{६७\times३१}$ चूर्णि भाग **अग्निकोण** के सूर्य के पर क्षेत्र पर चलता है। इस प्रकार बाहर से १४वां **नैऋत्य कोण** के **अर्द्ध**मण्डल पर १ चन्द्र मास सम्पूर्ण होता है। कारण यह है कि चन्द्र मास १ युग में ६२ हैं और चन्द्र अर्द्ध मण्डल १७६८ हैं।

∴ १ मास में चन्द्र अर्द्ध मण्डल $=\frac{१७६८}{६२}=२८\frac{३२}{६२}$ अर्द्धमंडल।

यदि ६७वें भाग करना हो तो ३२ में ६७ का गुणाकर पुनः ६२×६७ का भाग देते हैं, इससे $\frac{२१४४}{६२\times६७}$ या $\frac{३४}{६७}$ प्राप्त होता है और शेष ३६ रहते हैं। इनके ३१ये भाग करने हेतु $\frac{३६\times३१}{६२\times६७\times३१}=\frac{१११६}{६२\times६७\times३१}$ प्राप्त होता है। इसका मान $\frac{१८}{६७\times३१}$ होता है।

इस प्रकार १ चन्द्र मास में **अर्द्ध मण्डल** $२८+\frac{३४}{६७}+\frac{१८}{६७\times३१}$ होते हैं।

नोट—स्मरण रहे कि यहाँ **इकाइयाँ** ६२, ६७ एवं ३१ के क्रमशः भाग के भागों पर आधारित स्थापित की गई हैं। ६२ पर्व संख्या है या १ युग में चन्द्र मास की संख्या है। १ युग में नक्षत्र मास की संख्या ६७ है। ३१ भाग सम्भवतः १२४ भागों को ४ दिशाओं में बाँट देने पर ३१ भाग प्रत्येक दिशा को प्राप्त हुए भाग हैं। इन्हें **चूर्णिये भाग** कहते हैं। १ युग के ६२ चन्द्र मास हैं। यहाँ **मास इकाई** है जो चन्द्र मास की है।

पुनः $२८+\frac{३४}{६७}+\frac{१८}{६७\times३१}$ इतने अर्द्धमण्डल चन्द्र १ मास में चलता है, इसलिए १४वें मण्डल पर १ अयन सम्पूर्ण हो जाता है तथा २८ मण्डल पर दो चन्द्रायण सम्पूर्ण होते हैं। पुनः ३रे अयन में पन्द्रहवें मण्डल से प्रवेश करते १४वें मण्डल पर $\frac{३४}{६७}+\frac{१८}{६७\times३१}$ चलने पर चन्द्रमास सम्पूर्ण होता है। एक चन्द्र मास में चन्द्रमा १ नक्षत्र व २ अर्द्धमण्डल और ३रे अर्द्धमण्डल के $\frac{८}{६७}+\frac{१८}{६७\times३१}$ भाग चलता है। **प्रश्न है** कि यह कौन-से २ क्षेत्र में सम्पूर्ण करता है। यह नक्षत्र मास सम्पूर्ण होते वा चन्द्र निकलते १४वें अर्द्धमण्डल के $\frac{२६}{६७}$ भाग आकर नक्षत्र सम्पूर्ण करता है, क्योंकि १ युग में नक्षत्र मास ६७ हैं इसलिए १ युग में १७६८ अर्द्धमण्डल चन्द्र होने से १ नक्षत्रमास में चन्द्र अर्द्धमण्डल की संख्या $\frac{१७६८}{६७}=२६\frac{२६}{६७}$ होती है। इस प्रकार एक नक्षत्र मास में २६ अर्द्धमण्डल हैं उन्हें तथा २७वें अर्द्धमण्डल में $\frac{२६}{२७}$ भाग **चन्द्र** चलकर **नक्षत्र मास** पूर्ण करता है।

इस प्रकार १ अयन के १४ अर्द्धमण्डल निकलते ही दूसरी अयन के १२ अर्द्धमण्डल+ $\frac{२६}{६७}$ भाग चलता है। किन्तु पहले १४वें अर्द्धमण्डल पर $\frac{२६}{६७}$ भाग कहा है। कारण कि दूसरी अयन का दूसरे अर्द्धमण्डल से प्रारम्भ होता है, इसलिए १३वें अर्द्धमण्डल में १ मिलाने पर १४ $\frac{२६}{६७}$ में एक नक्षत्र मास सम्पूर्ण होता है। इसके पश्चात् $२+\frac{८}{६७}+\frac{१८}{६७\times३१}$ अर्द्ध मण्डल

चलकर चन्द्र मास पूर्ण होता है। पुनः $\frac{१०८}{६७}$ या $१\frac{४१}{६७}$ अर्द्धमंडल पर-क्षेत्र से व स्वक्षेत्र में चन्द्र चलता है क्योंकि **ईशान कोण** में से निकलता हुआ चन्द्र १४वें अर्द्धमण्डल पर $\frac{२४\frac{१}{२}}{६७}$ भाग **अग्नि कोण** में सूर्य का क्षेत्र चलता है और $\frac{१६\frac{३}{४}}{६७}$ भाग स्वक्षेत्र चलकर १४वां अर्द्धमण्डल पूर्ण करता है। इसके पश्चात् पन्द्रहवें अर्द्धमण्डल पर चलते $\frac{१६\frac{३}{४}}{६७}$ स्वक्षेत्र और $\frac{३३\frac{१}{२}}{६७}$ **वायव्य कोण** में सूर्य के क्षेत्र में चले, $\frac{१६\frac{३}{४}}{६७}$ **ईशान कोण** में चन्द्र के क्षेत्र प्रति चलता है। पन्द्रहवें अर्द्धमण्डल को इस प्रकार **ईशान कोण** में संपूर्ण करता है।

इसी प्रकार **नैऋत्य कोण** से निकलता हुआ चन्द्र १४वें अर्धमण्डल पर $\frac{२४\frac{१}{२}}{६७}$ **वायव्य कोण** सूर्यक्षेत्र चलकर व $\frac{१६\frac{३}{४}}{६७}$ ईशान कोण **में** अपना क्षेत्र चलकर **ईशान कोण** में १४वां अर्द्धमण्डल पूर्ण करता है। इसके पश्चात् १५वें अर्द्धमण्डल पर चलते $\frac{१६\frac{३}{४}}{६७}$ ईशान कोण में स्वक्षेत्र चलकर और $\frac{३३\frac{१}{२}}{६७}$ भाग **अग्निकोण** में पर-क्षेत्र पर चलता है तथा $\frac{१६\frac{३}{४}}{६७}$ भाग पर-क्षेत्र पर चलकर पन्द्रहवां अर्धमण्डल सम्पूर्ण करता है। चन्द्र स्व १४वें अर्द्धमण्डल में $\frac{१३}{६७}$ भाग प्रवेश कर पर-क्षेत्र में चलता है। इस प्रकार **नैऋत्य कोण** से निकल कर चन्द्र **नैऋत्य कोण** में $\frac{१३}{६७}$ भाग पर-क्षेत्र में चलता है और **ईशान कोण** में निकलकर **ईशान कोण** में $\frac{१३}{६७}$ भाग पर-क्षेत्र पर चलता है। इसके पश्चात् $\frac{४२}{६७}$ भाग का आधा $\frac{२१}{६७}$ एवं $\frac{१८}{६७\times३१}$ चलते हुए चन्द्र अपने १४वें अर्धमण्डल पर जाते हुए पर क्षेत्र-पर चलकर चन्द्र मास पूर्ण करता है। **ईशान कोण** से निकलता चन्द्र $\frac{३\frac{३}{४}}{६७}$ **ईशान कोण** के चन्द्र का पर-क्षेत्र चलकर - $\frac{१७\frac{१}{४}}{६७}+\frac{१८}{६७\times३१}$ **अग्नि कोण** में सूर्य का पर-क्षेत्र चलकर चन्द्र मास पूर्ण करता है। **नैऋत्य कोण** से निकलता चन्द्र $\frac{३\frac{३}{४}}{६७}$ **नैऋत्य** कोण में चन्द्र का पर क्षेत्र वा $\frac{१७\frac{१}{४}}{६७}+\frac{१८}{६७\times३१}$ **वायव्य कोण** से सूर्य का पर-क्षेत्र चलकर चन्द्र मास पूर्ण करता है। दूसरे समय $\frac{२६}{६७}$ जाता हुआ चन्द्र १४वें मण्डल में **स्वयमेव प्रवेश** कर चाल चलकर नक्षत्र मास पूर्ण करता है।

यह गमन की चन्द्र मास में वृद्धि **अनवस्थित रूप** से कही गयी है।

यहाँ श्री अमोलक ऋषिजी ने $\frac{१८}{६७\times६१}$ एक दो स्थानों में **गलत** रूप से लिया है। इसे $\frac{१८}{६७\times३१}$ रूप में लेना चाहिए था।

कोण का निरूपण ऐतिहासिक दृष्टि से शोध का विषय है तथा महत्वपूर्ण है। यहाँ ओ० न्युगेवाएर का ग्रन्थ, *"The Exact Sciences in Antiquity"*. Providence 1957. दृष्टव्य है। साथ ही बेबीलोनिया के उनके **एस्ट्रानामिकल क्यूनिफार्म टेक्स्ट्स** (Astronomical Qunieform Texts) भी दृष्टव्य हैं, जिन पर उनका अनेक वर्षों तक कार्य चला है।

सूत्र १०६४, पृ० ५७३—

सर्वप्रथम **चन्द्र से नक्षत्रों के योग काल** को लेते हैं। यहाँ **देश, काल दोनों की** स्थिति माप लेकर चन्द्र से उसी नक्षत्र का योग अगले काल में अन्य देश में लेते हैं। जो चन्द्र मण्डल के जिस देश में जिस नक्षत्र से आज योग करता है तो २८ नक्षत्रों के योगकाल के ८१९+$\frac{२४}{६२}+\frac{६६}{६२\times६७}$ मुहूर्त काल व्यतीत होने पर वह चन्द्र मण्डल के अन्य देश (भाग) में अन्य सदृश नक्षत्र से योग करता है। समस्त नक्षत्रों के साथ योग करने हेतु चन्द्र अलग-अलग विस्तार वाले नक्षत्रों से भिन्न-भिन्न कालों में योग करता हुआ चक्रवाल को पूर्ण करता है। उपरोक्त कुल मुहूर्त काल की उत्पत्ति का **कारण गणित द्वारा बतलाते हैं—**

अभिजित नक्षत्र का अतिक्रमण $९+\frac{२४}{६२}+\frac{६६}{६२\times६७}$ मुहूर्त में करता है।

१५ मुहूर्त योग वाले ६ नक्षत्रों का अतिक्रमण $१५\times६=९०$ मुहूर्त में करता है।

४५ मुहूर्त योग वाले ६ नक्षत्रों का अतिक्रमण $४५\times६=२७०$ मुहूर्त में करता है।

३० मुहूर्त योग वाले १५ नक्षों का अतिक्रमण $३०\times१५=४५०$ मुहूर्त में करता है।

∴ चक्रवाल के समस्त नक्षत्रों का चन्द्र से योग काल = $८१९+\frac{२४}{६२}+\frac{६६}{६२\times६७}$ मुहूर्त में करता है।

दूसरे चक्र में पुनः इतना समय लगता है, इसलिए ५६ नक्षत्रों का योग काल

$$=२\times\left(८१९+\frac{२४}{६२}+\frac{६६}{६२\times६७}\right)$$

$$=१६३८+\frac{४८}{६२}+\frac{१३२}{६२\times६७}$$

$$=१६३८+\frac{४८}{६२}+\frac{६५+६७}{६२\times६७}$$

$$=१६३८+\frac{४८}{६२}+\frac{६५}{६२\times६७}+\frac{६७}{६२\times६७}$$

$$=१६३८+\frac{४९}{६२}+\frac{६५}{६२\times६७}$$ मुहूर्त लगते हैं।

नोट—उपरोक्त भिन्नों की गणना जहाँ ६२वाँ भाग और ६२ के एक भाग का ६७वाँ भाग लिया जाता है, वहाँ योग उपरोक्त प्रकार से सम्पन्न होगा। इन्हें क्रमशः $८१९\left|\frac{२४}{६२}\right|\frac{६६}{६७}$ और $१६३८\left|\frac{४९}{६२}\right|\frac{६५}{६७}$ रूप में संस्कृत टीका **मु. घासीलाल जी** ने व्यक्त किया है।

अब १ **युग** में २८ नक्षत्रों के चन्द्र योग काल को यहाँ ५४९०० मुहूर्त बतलाया है। स्पष्टीकरण इस प्रकार है—१ युग में १८३० अहोरात्र होते हैं। १ अहोरात्र में ३० मुहूर्त होते हैं। अतएव १ युग में $१८३०\times३०=५४९००$ मुहूर्त होते हैं। १ **युग पश्चात्** जैन गणना में उसी नक्षत्र और चन्द्र पुनः उसी मण्डल के भाग में इतने मुहूर्त पश्चात् मिलते हैं। यह चक्र पुनः चलता है और $२\times(५४९००)=१०९८००$ मुहूर्त व्यतीत होने पर २ **युग की** समाप्ति पर पुनः उसी नक्षत्र और चन्द्र का **उसी मण्डल प्रदेश में** योग होता है।

सूर्य नक्षत्र योग

सूर्य विवक्षित दिवस में जिस नक्षत्र के साथ जिस मण्डल प्रदेश में योग प्राप्त करता है, स्वमण्डल में भ्रमण करता वही सूर्य ३६६ अहोरात्र अतिक्रमण कर पुनः उसी मण्डल प्रदेश में उसी के समान नक्षत्र के साथ योग करता है। दृष्टव्य है कि **उसी** नक्षत्र से योग नहीं होता **अन्य उसी के समान** नक्षत्र से ही योग होता है।

स्पष्टीकरण इस प्रकार है—

जहाँ तक चन्द्र का प्रश्न है, चन्द्र चक्रवाल **मण्डल** के परिभ्रमण क्रमण में, १ मास में २८ नक्षत्रों का उपभोग करता है। उन नक्षत्रों को सूर्य २८(३६६) अहोरात्र में भोगता है। **एक सूर्य संवत्सर** ३६६ अहोरात्र का होता है। पूर्वोक्त नियमानुसार अन्य ३६६ अहोरात्र दूसरे २८ नक्षत्रों का उपभोग करता है। तत्पश्चात् फिर से वही पूर्व के २८ नक्षत्रों को उतनी ही अहोरात्र संख्या से धीरे-धीरे गमन करके योग करता है। पश्चात् ३६६ अहोरात्र को व्यतीत करके सूर्य उसी मण्डल प्रदेश में उसी प्रकार के दूसरे नक्षत्र के साथ योग करता है, उसी नक्षत्र के साथ नहीं। विवक्षित दिवस में जिस नक्षत्र के साथ रहा हुआ सूर्य जिस मण्डल प्रदेश में योग करता है, तत्पश्चात् धीरे-धीरे स्वकक्षा में भ्रमण करता वही सूर्य उसी नक्षत्र के साथ उसी मण्डल प्रदेश फिर से दूसरे सूर्य संवत्सर के अन्त में योग प्राप्त करता है। द्वितीय चक्र में २(३६६)=७३२ अहोरात्र का प्रमाण होता है। इसी प्रकार ५ वर्ष में $५\times३६६=$ १८३० अहोरात्र होते हैं। यहाँ **वक्ष्यमाण** शब्द का प्रयोग किया गया है। उपरोक्त को **वक्ष्यमाण** कहा गया है। **वक्ष्यमाण** शब्द का अर्थ व्याख्यान मान होता है। परीक्षण दृष्टि से भी यह देखने में आया है कि उसी नक्षत्र से योग न होकर उसी के समान अन्य नक्षत्र से होता है। दूसरे युग के अन्त में वही प्रमाण दुगुना होता है। अर्थात् $२\times१८३०=३६६०$ होता है। इत्यादि। यहाँ कहा गया है कि ३६६० अहोरात्र के बाद पुनः वही सूर्य मण्डल के उसी देश में उसी नक्षत्र से योग करता है।

सूत्र १०६५, पृ० ५७४—

युग के पाँच संवत्सरों की **प्रथमा पूर्णमासी में चन्द्र** किस नक्षत्र से योग करता है? धनिष्ठा नक्षत्र के साथ $३+\frac{१९}{६२}+\frac{६५}{६२\times६७}$ मुहूर्त प्रमाण काल योग रहने पर चन्द्र **प्रथम पूर्णिमा** सम्पूर्ण करता है।

इस समय सूर्य पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र के साथ योग करता है। इस नक्षत्र के $२८+\frac{३८}{६२}+\frac{३२}{६२\times६७}$ मुहूर्त शेष रहने पर सूर्य इस नक्षत्र के साथ योग करता है। इतना मुहूर्त शेष रहने पर **प्रथम पूर्णिमा** पूर्ण होती है।

गणित स्पष्टीकरण—जिस नक्षत्र के साथ योग करके चन्द्रमा पूर्णिमा पूर्ण करता है उस नक्षत्र को निकालने के लिए **ध्रुवराशि** बनाते हैं। पांच संवत्सरों के चन्द्रमास ६२ होते हैं। पांच संवत्सरों में नक्षत्र ६७ बार चन्द्र के साथ योग करते हैं। पांच संवत्सरों की १८३० अहोरात्रि होती हैं। उसे ६७ का भाग देने पर २७ दिन तथा $९+\frac{२४}{६२}+\frac{६६}{६२\times६७}$ मुहूर्त होते हैं। जैसे ६६ चूर्णिया भाग ६७या है, उसी प्रकार इस मान के चूर्णिभाग कुल प्राप्त करने हेतु पहले मुहूर्त बनाते हैं जो $२७\times३०+(९)=८१९$ मुहूर्त होते हैं। इसके ६२या भाग बनाने हेतु उसमें ६२ का गुणा कर २४ जोड़ते हैं—$८१९\times६२+(२४)=५०८०२०$ भाग प्राप्त होते हैं। इन्हें ६७या भाग बनाने हेतु उसमें ६७ का गुणा कर ६६ जोड़ते हैं—

$५०८०२०\times६७+(६६)=३४०३८००$ कुल भागापभाग प्राप्त होते हैं। इसे ही एक **नक्षत्र मास की ध्रुवराशि** कहते हैं। यह **प्रथम ध्रुवराशि** हुई।

अब **चन्द्रमास की ध्रुवराशि** बनाते हैं। पांच संवत्सर के १८३० दिन होते हैं और इसमें चन्द्रमास ६२ होते हैं। ∴ ६२ का भाग देने पर $\frac{१८३०}{६२}=२९$ दिन एवं $१५+\frac{३०}{६२}$ मुहूर्त होते हैं। इसके कुल चूर्णिभाग करने हेतु पहले कुल मुहूर्त बनाते हैं और उसमें १५ मुहूर्त जोड़ते हैं—$२९\times३०+१५=८८५$ मुहूर्त।

पुनः इसके बासठिया भाग बनाने हेतु ६२ का गुणा कर उसमें ३० जोड़ते हैं—$८८५\times६२+३०=५४९००$ भाग।

पुनः इसके सड़सठिया चूर्णिभाग बनाने हेतु ६७ का गुणा करने पर $५४९००\times६७=३६७८३००$ चूर्णिये भाग प्राप्त होते हैं। यह **चन्द्र ध्रुवराशि** हुई। इसे **दूसरी ध्रुवराशि** कहेंगे।

प्रथम पूर्णिमा—अब ज्ञात करना है कि चन्द्र कौन से नक्षत्र के साथ कर प्रथम मास पूर्ण करे। यह जानने के लिए **दूसरी ध्रुवराशि** को १ से गुणित कर **प्रथम ध्रुवराशि** द्वारा भाजित करते हैं। यथा :

$(३६७८३००\times१)\div३४०३८००$ इससे पूर्ण संख्या तथा ६७ और फिर ६२ से भाग देने पर मुहूर्तादि प्राप्त होते हैं—यह विधि **ध्रुवराशि** से विपरीत चलती है।

इससे एक मास पूर्ण होने में १ नक्षत्र मास+६६ मुहूर्त $+\frac{५}{६२}$ मुहूर्त $+\frac{१}{६२\times६७}$ मुहूर्त प्राप्त होते हैं। **युग के प्रारम्भ** से ही **चन्द्रमा** के साथ **अभिजित नक्षत्र** का योग होता है। वह नक्षत्र ९ मुहूर्त $+\frac{२४}{६२}+\frac{६६}{६२\times६७}$ मुहूर्त तक रहता है। इससे आगे श्रवण नक्षत्र ३० मुहूर्त तक रहता है। इसलिए $६६+\frac{५}{६२}+\frac{१}{६२\times६७}$ मुहूर्त में से $३९+\frac{२४}{६२}+\frac{६६}{६२\times६७}$ मुहूर्त घटा देने पर $२६+\frac{४२}{६२}+\frac{२}{६२\times६७}$ मुहूर्त शेष रहते हैं। यही शेष प्रमाण चन्द्र धनिष्ठा नक्षत्र के साथ योग करता है। इसको धनिष्ठा के ३० मुहूर्त में से घटने पर $३+\frac{१९}{६२}+\frac{६५}{६२\times६७}$ मुहूर्त शेष रहते हैं। इतना काल **धनिष्ठा** नक्षत्र **पूर्णिमा सम्पूर्ण होने** पर शेष रहता है।

इसी प्रकार **सूर्य के साथ नक्षत्र के योग पूर्णिमा** सम्पूर्ण होती है जिसे निकालने की विधि निम्न प्रकार है—

पांच संवत्सरों में चन्द्रमास ६२ हैं और सूर्य के साथ १-१ नक्षत्र पांच बार परिभ्रमण करते हैं। पांच संवत्सर की १८३० अहोरात्र हैं। इसलिए $\frac{१८३०}{५}=३६६$ दिनों में सूर्य सम्पूर्ण २८ नक्षत्रों के साथ योग करता है। इसके मुहूर्त के बासठिये भाग करने हेतु $३६६\times३०\times६२=१०९८०\times६२=६८०७६०$ ये मुहूर्त के बासठिये भाग आये। यह १ नक्षत्र वर्ष होता है। इस विधि हेतु यह **प्रथम ध्रुवराशि** हुई। चन्द्रमास की **ध्रुवराशि** हेतु पांच संवत्सर के १८३० दिन होते हैं। इसको बासठ से भाग देने पर $\frac{१८३०}{६२}=२९$ दिन $१५+\frac{३०}{६२}$ मुहूर्त होते हैं। इसमें $२९\times३०+१५=८८५$ मुहूर्त हुए। इनके बासठिये भाग करने के लिए ६२ से गुणित कर ३० बासठिया भाग मिलाते हैं। अस्तु $८८५\times६२+(३०)=५४९००$ मुहूर्त के बासठिये भाग होते हैं। यह चन्द्र मास के भाग हुए। इसे **दूसरी ध्रुव राशि** कहते हैं।

अब यह निकालना है कि **सूर्य** कौन से **नक्षत्र** के साथ योग करता हुआ **प्रथम चन्द्र** मास समाप्त करता है। यह निकालने को दूसरी ध्रुवराशि को १ से गुणा कर **प्रथम ध्रुव राशि** से भाजित करते हैं। यह विधि बासठिये भाग निकालने की विलोम है। भाग नास्ति शून्य है, तब मुहूर्त करने को ६२ से भाग देते हैं जिससे ८८५ मुहूर्त तथा $\frac{३०}{६२}$ भाग होते हैं। अब **प्रथम युग** बैठने के समय सूर्य के साथ पुष्य नक्षत्र १३८ मुहूर्त में पूर्ण होकर १३९वें मुहूर्त से २६४ मुहूर्त पर्यंत योग करके नक्षत्र की समाप्ति होती है। इसलिए पुष्य नक्षत्र से गिनती करते हैं। प्रथम पूर्णमास सम्पूर्ण होते सूर्य ८८५ मुहूर्त एवं $\frac{३०}{६२}$ भाग मुहूर्त तक नक्षत्र के साथ योग करता है। पुनः मघा नक्षत्र ८६७ मुहूर्त में सम्पूर्ण होता है। इसलिए ८८५ मुहूर्त एवं $\frac{३०}{६२}$ मुहूर्त में से ८६७ मुहूर्त घटाने पर १८ मुहूर्त $+\frac{३०}{६२}$ मुहूर्त पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र के साथ योग करते हैं। यह पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र ४०२ मुहूर्त का होता है। इसमें से १८$\frac{३०}{६२}$ मुहूर्त घटाने पर ३८३ $\frac{३२}{६२}$ पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र के शेष रहते हैं। इस समय **सूर्य प्रथम पूर्णमास** सम्पूर्ण करता है।

सूर्य नक्षत्र ३८३ $\frac{३२}{६२}$ मुहूर्त शेष रहे तब **चन्द्र नक्षत्र** कितना शेष रहता है? इसके बासठिया भाग ३८३ × ६२ + (३२) = २३७७८ होते हैं। अब अनुपात लेते हैं—पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र ३० मुहूर्त तक चन्द्र के साथ योग करता है। इससे इसे ३० से गुणित करने पर २३७७८ × ३० = ७१३३४०। पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र ४०२ मुहूर्त तक सूर्य के साथ योग करता है। इससे ७१३३४० को ४०२ द्वारा भाजित करते हैं तब १७७४ $\frac{१९२}{४०२}$ प्राप्त होते हैं। इसके सड़सठिया भाग करने को ६७ से गुणित करते हैं, जिससे १९२ × ६७ = १२८६४ होते हैं। इसे पुनः ४०२ का भाग देने पर ३२ भाग प्राप्त होते हैं। १७७४ के बासठिया भाग के मुहूर्त बनाने पर २८ मुहूर्त तथा ३८ शेष रहते हैं। इससे चन्द्र नक्षत्र सूर्य के साथ २८ $+\frac{३८}{६२}+\frac{३२}{६२\times६७}$ मुहूर्त शेष रहने पर **प्रथम पूर्णिमा** सम्पन्न होती है।

द्वितीय पूर्णिमा—पुनः प्रश्न है कि पाँच संवत्सरों में **दूसरी पूर्णिमा** होते चन्द्र कौन से नक्षत्र के साथ योग करेगा? उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के साथ योग करके दूसरी पूर्णिमा २७ $+\frac{१४}{६२}+\frac{६४}{६२\times६७}$ मुहूर्त शेष रहे तब दूसरा मास सम्पूर्ण होता है।

नोट—दृष्टव्य है कि सू०प्र० टीका श्री घासीलाल जी म०, 'भाग २ पृ० २४४ आदि पर **भिन्न** द्वारा ही उपरोक्त प्रथम पूर्णिमा सम्बन्धी गणनाएँ **धूलिकर्म** द्वारा प्रस्तुत की गयी हैं। पाटी गणित और धूलि (रेत) पर गणित का उच्चरूप हल किया जाता था। किसी तख्ते अथवा भूमि पर रेत बिछाकर गणित किया जाता था। यह गणित अरब देशों तक भारत से पहुँचा था।

यहाँ इस टीका में प्रस्तुत **दूसरी पूर्णिमा** सम्बन्धी प्रश्न को हल किया गया है :—

पूर्व विधि से यहाँ भिन्न विधि ली गई है, जहाँ ध्रुव राशि तो वही लेते हैं, किन्तु गणना दूसरी विधि से करते हैं :—

यहाँ पर भी **ध्रुव राशि** ६६ $+\frac{५}{६२}+\frac{१}{६२\times६७}$ मुहूर्त प्रमाण लेते हैं।

दूसरी पूर्णिमा की गणना हेतु इस **ध्रुव राशि** में २ का गुणा करने पर १३२ $+\frac{१०}{६२}+\frac{२}{६२\times६७}$ मुहूर्त प्राप्त होते हैं। इसमें से पूर्व प्रतिपादित युक्ति से अभिजित नक्षत्र का शोधनक ९ $+\frac{२४}{६२}+\frac{६६}{६२\times६७}$ मुहूर्त घटाते हैं तो १२२ $+\frac{४७}{६२}+\frac{३}{६२\times६७}$ मुहूर्त प्राप्त होते हैं। अब ज्ञात है, कि अभिजित के पश्चात् चन्द्र के साथ श्रवण ३० मुहूर्त, धनिष्ठा ३० मुहूर्त, शतभिषा १५ मुहूर्त, पूर्वाभाद्रपद ३० मुहूर्त और उत्तराभाद्रपद ४५ मुहूर्त रहते हैं। इनका योग १५० मुहूर्त होता है जिसमें से १२२ $+\frac{४७}{६२}+\frac{३}{६२\times६७}$ घटाने पर २७ $+\frac{१४}{६२}+\frac{६४}{६२\times६७}$ मुहूर्त शेष रहने पर चन्द्र **दूसरी पूर्णिमा** को समाप्त करता है।

इसी प्रकार सूर्य इस **दूसरी पूर्णिमा** को किस नक्षत्र से योग करता है। यह निकालने हेतु यहाँ भी ध्रुव **राशि** $६६+\frac{५}{६२}+\frac{१}{६२\times६७}$ है जिसे दो से गुणित करने पर $१३२+\frac{१०}{६२}+\frac{२}{६२\times६७}$ मुहूर्त प्राप्त होते हैं। इस गुणितांक रूप गुणनफल में से पुष्य नक्षत्र का **शोधनक** $१९+\frac{४३}{६२}+\frac{३३}{६२\times६७}$ को घटाया जाता है।

नोट—यह **शोधनक** किस प्रकार प्राप्त करते हैं? पूर्व युग की समाप्ति के अवसर पर पुष्य नक्षत्र का $\frac{२३}{६७}$ भाग समाप्त होकर $\frac{४४}{६७}$ भाग शेष रहता है। इसके मुहूर्त बनाने हेतु ३० का गुणन करने से $\frac{४४}{६७}\times३०=१९+\frac{४३}{६२}+\frac{३३}{६२\times६७}$ मुहूर्त प्राप्त होते हैं।

अतः इसे $१३२+\frac{१०}{६२}+\frac{२}{६२\times६७}$ में से घटाने पर $११२+\frac{२८}{६२}+\frac{३६}{६२\times६७}$ मुहूर्त प्राप्त होते हैं। इसमें से अतिक्रमित ३० मुहूर्त पुष्य के, १५ मुहूर्त अश्लेषा के, ३० मुहूर्त मघा के तथा ३० मुहूर्त पूर्वाफाल्गुनी के निकाल देने पर शेष मुहूर्त उत्तराफाल्गुनी के साथ योग के रह जाते हैं जो $७+\frac{३३}{६२}+\frac{२१}{६२\times६७}$ मुहूर्त होते हैं।

इसी प्रकार अगली-अगली पूर्णिमाओं की गणना होती है।

सूत्र १०६६, पृ० ५७५, ५७६—

यहाँ पूर्वोक्त विधि के अनुसार ध्रुव **राशि** द्वारा **अमावस्याओं में** चन्द्र और सूर्य के साथ नक्षत्रों के योगों का विवरण है।

सूत्र १०६७, पृ० ५७६-५७७

यहाँ **हेमंत ऋतु** संबंधी **पाँच आवृत्ति** में चन्द्र सूर्य का नक्षत्र योग प्रतिपादित हुआ है।

जब हस्त नक्षत्र का $५+\frac{५०}{६२}+\frac{६०}{६२\times६७}$ मुहूर्त शेष रहता है तब चन्द्र वर्तमान होकर हेमन्त ऋतु की प्रथम आवृत्ति को प्रवर्तित करना है।

गणितीय प्रक्रिया

पूर्व क्रम की अपेक्षा से हेमन्त ऋतु की **प्रथम आवृत्ति** वास्तव में दूसरी होती है। युगसम्बन्धी दस अयनों के प्रवर्तन अवसर में प्रथम की दोनों ओर गणना होती है। अतः उसके स्थान में दो **ध्रुवांक** रखते हैं। पूर्व कथित गाथानुसार क्रम से इसमें से १ घटाने पर २—१ = १ प्राप्त होता है। यहाँ पूर्वकथित **ध्रुवराशि** $५७३+\frac{३६}{६२}+\frac{६}{६२\times६७}$ होती है।

नोट—उपर्युक्त ध्रुव**राशि** को निम्न प्रकार से प्राप्त करते हैं—

१ युग में सूर्य के १० अयन होते हैं। सूर्य के १० अयन से चंद्र नक्षत्र के ६७ पर्याय उपलब्ध होते हैं। अतः १ अयन से $\frac{६७}{१०}=६\frac{७}{१०}$ पर्याय प्राप्त होंगे। यहाँ ६ पूर्णांक होने से उन्हें छोड़कर इतनी पर्याय में मुहूर्त निकालने हेतु त्रैराशिक करते हैं। यहाँ १० भागों से $२७\frac{२१}{६७}$ भाग लब्ध होते हैं, अतः ७ भागों से कितना लब्ध होगा :

$$२७\frac{२१}{६७}\times७\div१०=\left(१८+\frac{९}{१०}\right)+\left(\frac{२१}{६७}\times\frac{७}{१०}\right)$$ दिवस प्राप्त होते हैं।

(**वास्तव में संक्षेप में** $२७\frac{२१}{६७}\times७\div१०=१२८१\div६७$ **होते हैं।**)

इनके मुहूर्त निकालने हेतु ३० का गुणा करने पर

$\left(१८+\frac{९}{१०}\right)\times३०=५४०+२७=५६७$ मुहूर्त प्राप्त होते हैं।

इसी प्रकार $\frac{२१}{६७}\times\frac{७}{१०}\times३०=\frac{४४१}{६७}=६\frac{३९}{६७}$

अतः $५६७+६\frac{३९}{६७}=५७३\frac{३९}{६७}$ मुहूर्त होते हैं।

अब $\frac{३९}{६७}$ भाग के मुहूर्त बनाने हेतु ३९ में ६२ का गुणा कर ६७ का भाग होते हैं।

अतः $\frac{३९}{६७}\times६२=\frac{२४१८}{६७}=\frac{३६}{६२}+\frac{६}{६२\times६७}$ मु० होते हैं।

इस प्रकार **ध्रुवराशि** $५७३+\frac{३६}{६२}+\frac{६}{६२\times६७}$ मुहूर्त प्राप्त होती है। इसे **सूर्य आवृत्ति** में चंद्र नक्षत्र योग जानने में प्रयुक्त करते हैं।

अब **ध्रुव राशि** को १ से गुणित करने पर यह उसी रूप रहती है। अब इस राशि में से १९ नक्षत्र (अभिजित नक्षत्र से लेकर उत्तराफाल्गुनी पर्यंत) के विस्तार के $५४९+\frac{२४}{६२}+\frac{६६}{६२\times६७}$ मुहूर्त को शोधित करने पर $\left(५७३+\frac{३६}{६२}+\frac{६}{६२\times६७}\right)-\left(५४९+\frac{२४}{६२}+\frac{६६}{६२\times६७}\right)$

$=२४+\frac{११}{६२}+\frac{७}{६२\times६७}$ मुहूर्त प्राप्त होते हैं। पर इस संख्या से हस्त नक्षत्र शुद्ध नहीं होता है। हस्त नक्षत्र ३० मुहूर्त का होता है। इसलिए $३०-\left(२४+\frac{११}{६२}+\frac{७}{६२\times६७}\right)$

$=५+\frac{५०}{६२}+\frac{६०}{६२\times६७}$ मुहूर्त हस्त नक्षत्र के शेष रहने पर चंद्र वर्तमान रहकर उत्तरायण गतिरूप पहली **हेमन्त ऋतु की आवृत्ति को** प्रवर्तित करता है।

अगला प्रश्नोत्तर

प्रथम आवृत्ति के प्रवर्तन काल में सूर्य उत्तराषाढ़ा नक्षत्र के साथ रहता है।

गणितीय प्रक्रिया

यहाँ १० अयन से ५ सूर्य नक्षत्र पर्याय लभ्य होते हैं, अतः १ अयन से $\frac{५}{१०}=\frac{१}{२}$ पर्याय लब्ध होंगे। यह ज्ञात है कि अभिजित नक्षत्र समाहृत स्वरूप वाला सबसे अधोवर्ती रहता है। उसका सड़सठिया भाग २१ होता है। अतः सब का योग $=२०१+६०३+१००५+२१=१८३०$।

अतः सड़सठिया १८३० होते हैं : $३३\frac{१}{२}\times६=२०१,\frac{२०१}{२}\times६=६०३$, $६७\times१५=१००५$, अधोवर्ती $=२१$

इस प्रकार सड़सठ भागात्मक नक्षत्र पर्याय १८३० होता है, जिसका $\frac{१}{२}$ करने पर ९१५ प्राप्त होता है। इसमें पिछले अयन में पुष्य नक्षत्र का सड़सठिया $\frac{२०}{६७}$ भाग बीता है। और $\frac{४४}{६७}$ भाग शेष है। उसको भी जोड़ने पर $\frac{२०}{६७}+\frac{४४}{६७}=\frac{६४}{६७}$ प्राप्त होता है।

अब $\frac{९१५}{६७}$ को शोधित करने पर $\frac{९१५}{६७}-\frac{४४}{६७}=\frac{८७१}{६७}$ $=१३$ प्राप्त होते हैं। अतः १३ से आश्लेषादि उत्तराषाढ़ा पर्यन्त के नक्षत्र शोधित होते हैं। इससे स्पष्ट है कि अभिजित् नक्षत्र के प्रथम समय में माघ मास भाविनी **प्रथम आवृत्ति** प्रवर्तित होती है।

इसी प्रकार **ध्रुवराशि** के द्वारा अन्य आवृत्तियों की गणना की जाती है। गणित ज्योतिष इतिहास के दृष्टिकोण से **ध्रुवराशि** का उपयोग अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

सूत्र १०६८, पृ० ५७८

इस सूत्र में वार्षिकी **आवृत्तियों** में चन्द्र और सूर्य के नक्षत्रों का योग काल वर्णित है।

उदाहरणार्थ चन्द्र अभिजित के प्रथम समय में अभिजित नक्षत्र से योग करता है। **सूर्य प्रथम आवृत्ति में पुष्य** के $१९+\frac{४३}{६२}+\frac{३३}{६२\times६७}$ मुहूर्त शेष रहने पर **नक्षत्र से योग** करता हैं।

प्रथम आवृत्ति विषयक चन्द्र नक्षत्र योग :

यहाँ **प्रथम आवृत्ति** इष्ट होने से प्रथम आवृत्ति के स्थान में १ का अंक रखते हैं। गाथानुसार (सू० ज्ञ० प्र०, पृ० ५७५) रूपोन करने पर $१-१=०$, शून्य प्राप्त होता है। अतः आगे की क्रिया संभव नहीं है। अतः यहाँ पाश्चात्य युग भाविनी **आवृत्ति** में जो दशवीं **आवृत्ति** की संख्या १० को रखकर उसमें

ध्रुवराशि मुहूर्त $५७३+\frac{३६}{६२}+\frac{६}{६२\times६७}$ से गुणित करने पर $५७३५+\frac{५०}{६२}+\frac{६०}{६२\times६७}$ मुहूर्त होते हैं। इनमें से अभिजितादि नक्षत्र के शोधनक को शोधित करना चाहिए। वह इस प्रकार अभिजित नक्षत्र से लेकर उत्तराषाढ़ा पर्यन्त २८ नक्षत्रों का १ पर्याय का शोधनक $८१९+\frac{२४}{६२}+\frac{६०}{६२\times६७}$ मुहूर्त होता है। अब ७ पर्याय का शोधनक बनाने हेतु इसमें ७ का गुणा करते हैं। स्थूल रूप से केवल ८१९ लेने पर $८१९\times७=५७३३$ होता है। ५७३५—५७३३=२ मुहूर्त अथवा १२४ बासठिया मुहूर्त भाग होते हैं। अतः $\frac{५०}{६२}+\frac{१२४}{६२}=\frac{१७४}{६२}$ होता है। इसी प्रकार ८१९ के पश्चात् शेष रहे $\frac{२४}{६२}$ में भी ७ का गुणा करने पर $\frac{१६८}{६२}$ भाग होते हैं जिन्हें $\frac{१७४}{६२}$ में से शोधित करने पर $\frac{१७४}{६२}-\frac{१६८}{६२}=\frac{६}{६२}$ मूहूर्त बचते हैं। इसका सड़सठिया चूर्णि भाग $\frac{६}{६२}\times\frac{६७}{६७}=\frac{४०२}{६२\times६७}$ मुहूर्त होता है। इसे शेष $\frac{६०}{६२\times६७}$ में जोड़ने पर कुल $\frac{४०२}{६२\times६७}+\frac{६०}{६२\times६७}=\frac{४६२}{६२\times६७}$ मुहूर्त होता है जिसमें से अब $८१९+\frac{२४}{६२}$ के बाद शेष रहे $\frac{६६}{६२\times६७}$ में ७ का गुणन करके शोधित करेंगे। इस प्रकार $\frac{६६\times७}{६२\times६७}=\frac{४६२}{६२\times६७}$ आता है।

अतः पूर्वोक्त $\frac{४६२}{६२\times६७}$ में से $\frac{४६२}{६२\times६७}$ प्राप्त राशि घटाने पर शून्य रहता है। अतः समग्र उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का चन्द्र के साथ योग होने पर तत्पश्चात् अभिजित नक्षत्र के प्रथम समय में युग की **प्रथम आवृत्ति** होती है। यह पाँच संवत्सरों में प्रथम वर्षा काल भाविनी श्रावण मास में होने वाली सूर्य की दक्षिणायन गति रूप चन्द्र **अभिजित नक्षत्र** के साथ संपन्न होती है।

प्रथम आवृत्ति विषयक सूर्य नक्षत्र योग :

पंच वर्षात्मक युग में १० अयन होते हैं। उनमें ५ अयन वर्षा काल में होते हैं जो दक्षिणायन गतिरूप हैं। शेष पाँच अयन उत्तरायण रूप हेमंत काल में होते हैं। १ संवत्सर में २ अयन होते हैं पर सूर्य नक्षत्र पर्याय एक ही होता है। अतः ५ वर्षीय युग में सूर्य नक्षत्र पर्याय ५ होते हैं। १० अयन में ५ पर्याय होते हैं अतः १ अयन में $\frac{५}{१०}$ अथवा $\frac{१}{२}$ पर्याय होता है।

यहाँ नक्षत्र पर्याय १८३० होते हैं जो सड़सठ रूप होते हैं। अब शतभिषक आदि ६ नक्षत्र अर्द्धक्षेत्र वाले होने से $\frac{६७}{२}$ अथवा ३३$\frac{१}{२}$ वाले होते हैं जो $\frac{६७}{२}\times६=$कुल २०१ होते हैं। इसी प्रकार उत्तराभाद्रपदादि ६ नक्षत्र द्वयर्द्ध क्षेत्र वाले होने से प्रत्येक का मान ६७+३३$\frac{१}{२}$ अथवा $\frac{२०१}{२}$ होता है जो $\frac{२०१}{२}\times६$ =कुल $\frac{१२०६}{२}=६०३$ होते हैं। अब १५ नक्षत्र शेष रहते हैं जो समक्षेत्र वाले ३० मुहूर्त प्रमाण के ६७ भाग रहते हैं अतः वे $६७\times१५=$कुल १००५ होते हैं। अभिजित नक्षत्र समाहृत स्वरूप वाला सबसे अधोवर्ति होता है; उसका सड़सठिया भाग २१ होता है। इन सभी का योग २०१+६०३+१००५+२१= १८३० होता है।

इस प्रकार सड़सठिया भाग कुल १८३० भावात्मक परिपूर्ण नक्षत्र पर्याय होता है जिसका आधा ९१५ होता है। इनमें से अभिजित के २१ घटाने पर ९१५ −२१=८९४ शेष रहते हैं। इनको ६७ से विभाजित करने पर $\frac{८९४}{६७}=१३+\frac{२३}{६७}$ लब्ध शेष शेष होता है। उनमें से १३ द्वारा पुनर्वसु पर्यन्त के नक्षत्र शुद्ध होते हैं। शेष जो $\frac{२३}{६७}$ रहता है उसके $\frac{२३}{६७}\times३०=\frac{६९०}{६७}$ मुहूर्त होते हैं जो $१०+\frac{१८}{६२}+\frac{३४}{६२\times६७}$ मुहूर्त होते हैं। इससे ज्ञात

होता है कि पुष्य नक्षत्र का उक्त मुहूर्त समाप्त होने पर, अथवा

$$३०-\left(१०+\frac{१८}{६२}+\frac{३४}{६२\times६७}\right)=१९+\frac{४२}{६२}+\frac{३३}{६२\times६७}$$

मुहूर्त शेष रहने पर **प्रथम श्रवण मास** भाविनी **आवृत्ति** प्रवर्तित होती है।

अगली आवृत्तियों के नक्षत्र योग **ध्रुवराशि** का उपयोग करते हुए उपरोक्त विधि से प्राप्त कर लेते हैं।

गणित ज्योतिष इतिहास की दृष्टि से ये गाथाएँ **ध्रुवराशि** के उपयोग सम्बन्धी होने से महत्वपूर्ण हैं। इनमें जो पारिभाषिक शब्द आये हैं वे भी भाषा इतिहास की दृष्टि से ज्योतिष सम्बन्धी गणना-काल के सूचक हैं।

सूत्र १०९७-९८, पृ० ६१०-६१९

इस सूत्र में **कुल**, **उपकुल** और **कुलोपकुल** संज्ञक नक्षत्र के योग का बोध दिया गया है। मास समान नाम वाले नक्षत्रों की **कुल** संज्ञा होती है। ये १२ हैं। पर यहाँ १३ नक्षत्र होते हैं। मास बोधक **कुल संज्ञक** नक्षत्र के समीपवर्ती होने से ११ नक्षत्र **उपकुल** संज्ञक कहे जाते हैं। वक्ष्यमाण अधोनिर्दिष्ट चार नक्षत्र **कुलोपकुल** संज्ञक कहे गये हैं जो **कुल संज्ञक** एवं **उपकुल** संज्ञक नक्षत्रों के मध्य में कहीं-कहीं रहते हैं : अभिजित्, शतभिषा, आर्द्रा और अनुराधा। (देखिये सू० ज्ञ० प्र०, पृ० ७५१ आदि)

युग की आदि में **प्रथम श्राविष्ठी अमावस्या** कौन चन्द्र योग से युक्त नक्षत्र वाली होकर समाप्त होती है, ऐसा प्रश्न हल करने हेतु **अवधार्य** राशि $६६+\frac{५}{६२}+\frac{१}{६२\times६७}$ का उपयोग करते हैं।

अवधार्य राशि निकालने की प्रक्रिया

१२४ पर्व संख्या से ५ सूर्य नक्षत्र का पर्याय लभ्य होता है, अतः २ पर्व से $\frac{२\times५}{१२४}=\frac{५}{६२}$ राशि प्राप्त होती है। इस अंक राशि का नक्षत्र करने हेतु अंश में १८३० का गुणा करते हैं तथा हर या छेद राशि में ६७ का गुणा करते हैं।

इस प्रकार $\frac{५\times१८३०}{६२\times६७}=\frac{९१५०}{४१५४}$ राशि प्राप्त होती है। अब इसके मुहूर्त बनाने हेतु अंश में ३० का गुणा करने पर यह राशि $\frac{९१५०\times३०}{४१५४}=\frac{२७४५००}{४१५४}$ मुहूर्त अथवा $६६+\frac{५}{६२}+\frac{१}{६२\times६७}$ मुहूर्त रूप में प्राप्त हो जाती है जिसे **अवधारित राशि** कहा गया है। **ध्रुवराशि** और **अवधार्य राशि** में जो भी भेद हो उसे समझना चाहिए। किन्तु यहाँ कोई भेद प्रतीत नहीं होता है।

अब प्रश्नोत्तर हेतु प्रथम अमावस्या का अंक १ लेकर इससे **अवधार्य राशि** को गुणित करते हैं। अब पुनर्वसु नक्षत्र का $२२+\frac{४६}{६२}$ मुहूर्त शोधनक होने से उसे अवधार्य राशि में घटाने पर $४३+\frac{२१}{६२}+\frac{१}{६२\times६७}$ मुहूर्त शेष रहते हैं। अतः पुष्य नक्षत्र के ३० मुहूर्त से शोधित होने पर $१३+\frac{२१}{६२}+\frac{१}{६२\times६७}$ मुहूर्त शेष रहते हैं। अब अश्लेषा नक्षत्र द्विक्षेत्रात्मक होने से १५ मुहूर्त प्रमाण होता है जिसे उपरोक्त राशि से शोधित करने पर $१+\frac{४४}{६२}+\frac{६६}{६२\times६७}$ मुहूर्त शेष रहने पर **श्राविष्ठी अमावस्या** समाप्त होती है।

दूसरी अमावस्या पर विचार करने हेतु युग की आदि से वह १३वीं संख्या होने से **अवधार्य राशि** को इससे गुणित कर पुनः विगत-प्रक्रिया द्वारा चन्द्र नक्षत्र योग निकालते हैं। तीसरी श्राविष्ठी हेतु युग की आदि से २५वीं संख्या होने से **अवधार्य राशि** को २५ से गुणित कर पुनः वही गणना करते हैं। क्या यहाँ **अवधार्य राशि** और **ध्रुवराशि** एक सी प्रतीत नहीं होती है? यह स्पष्ट नहीं हुआ है।

इस प्रकार उपरोक्त विधि से १२ अमावस्याओं में चन्द्र योग नक्षत्र विवेचन करते हैं। इसी सूत्र में इन्ही अमावस्याओं का **कुलादि नक्षत्र योग** योजना बतलाई गई है।

सूत्र १०९९, पृ० ६१९-६२१

इस सूत्र में नक्षत्रों का पूर्वादि भागों से **योग**, **क्षेत्र** और **काल** प्रमाण दिया गया है। यह योग चन्द्र और नक्षत्र के विस्तार तथा उनकी **सापेक्ष गति** पर निर्भर है और दिन के प्रारम्भ एवं अन्त सम्बन्धी है। इसकी गणना सरल है। यह अवलोकन, स्पष्ट है कि **विभिन्न स्थलों** के लिए भिन्न-भिन्न होगा।

सूत्र ११०६, पृ० ६२८-६३२

पूर्वाचार्यों ने आठ गाथाओं द्वारा **पौरुषी** का परिमाण प्रतिपादित किया है। इनका भावार्थ इस प्रकार है

(देखिए सू० ज्ञ० प्र०, भाग १, पृ० ९४७)

युग में जिस पर्व का जिस तिथि में **पौरुषी** का परिमाण जानना चाहें तो पहले युग के आदि से आरम्भ करके जितने पर्व बीत चुके हों उनको लेकर १५ से गुणा करें। गुणा करके विवक्षित तिथि से पहले जितनी तिथियाँ व्यतीत हुई हों उन तिथियों को जोड़ें। जोड़कर १८६ से उनका भाग करें तो इस प्रकार १ अयन में १८३ मण्डल परिमाण में चन्द्र निष्पादित तिथियों की संख्या १८६ होती है, उनका भाग करने पर जो भागफल आता है वह **पौरुषी** का प्रमाण होता है। उनमें जो लब्ध विषम हो, जैसे कि १, ३, ५, ७, ९, ···· तो उसके समीपस्थ दक्षिणायन समझना चाहिए। यदि लब्ध सम हो, जैसे २, ४, ६, ८, १० आदि तो उसके पर्यन्त उत्तरायण समझना चाहिए।

यदि १८६ द्वारा भाग देने पर पूरा भाग न जाये तो शेष बचने की विधि यह है—अयन बीतने इत्यादि जो पर्व भाग करने पर या भाग के असम्भवपन की दशा में शेष रूप अयन गत तिथि का समूह होता है। उसको ४ से गुणित करते हैं। गुणा करके पर्व पाद से युग में जितनी पर्व संख्या से (ग्रन्थाग्र ४०००) पर्व १२४ होते हैं, उनके पाद से अर्थात् चतुर्थांश से अर्थात् ३१ से भाग करने पर जो भागफल आता है उतने अंगुल और अंगुल के अंश **पौरुषी** का क्षय वृद्धि जानना चाहिए। दक्षिणायन में पाद **ध्रुवराशि** के ऊपर वृद्धि रूप से तथा उत्तरायण में पाद ध्रुवराशि के क्षयरूप जानना चाहिए।

गुणकार और भागकार उत्पत्ति—यदि १८६ तिथि से २४ अंगुलों के क्षय या वृद्धि में प्राप्त हो तो १ तिथि में $\frac{२४}{१८६}$ अथवा $\frac{४}{३१}$ क्षय या वृद्धि होती है। जो लब्ध फल है उतने अंगुल क्षय वृद्धि होती है।

दक्षिणायन में दो पाद के ऊपर अंगुलों में वृद्धि होती है तथा उत्तरायण में ४ पाद से अंगुलों की हानि या क्षय होता है।

युग के प्रथम संवत्सर में श्रावणमास के कृष्ण पक्ष के प्रतिपदा में २ पाद प्रमाणवाली **पौरुषी** निश्चित होती है। उसको प्रतिपदा से आरम्भ कर प्रत्येक तिथि के क्रम से तावत् पर्यन्त बढ़ाते हैं यावत् सौरमास के साढ़ेतीस अहोरात्र प्रमाण से चन्द्र मास की अपेक्षा से ३१ तिथि में ४ अंगुल की वृद्धि होती है। कारण कि १ तिथि में $\frac{४}{३१}$ भाग हानि वृद्धि होती है।

युग के प्रथम संवत्सर में माघ के कृष्णपक्ष में सप्तमी से आरम्भ कर ४ पाद से प्रत्येक तिथि $\frac{४}{३१}$ भाग घटती हुई उत्तरायण पर्यन्त दो पाद **पोरुषी** हो जाती है।

पर्व-तिथि में पौरुषी गणना

यदि युग के प्रारम्भ से २५वें पर्व की ५वीं तिथि में **पौरुषी** पाद गणना में निकालना हो तो सर्वप्रथम एक ओर ८४ रखते हैं और उसके नीचे ५वीं तिथि के विषय में प्रश्न होने से ५ रखते हैं। तथा ८४ को १५ से गुणा करते हैं। इस प्रकार ८४×१५ =१२६० होते हैं जिनमें उक्त ५ जोड़ने पर १२६५ होते हैं।

इसे १८६ का भाग देने पर $\frac{१२६५}{१८६}=६+\frac{१४९}{१८६}$ प्राप्त होते हैं। यहाँ ६ लब्ध पूर्ण होते हैं छह अयन पूरा होकर सातवाँ अयन प्रवर्तता है। ध्रुव १४९ में ४ का गुणा करते हैं तब १४९×४=५९६ प्राप्त होता है। इसमें ३१ का भाग देने पर $१९+\frac{७}{३१}$ प्राप्त होते हैं। १९ अंगुल से, १२ अंगुल का १ पाद होने के कारण १ पाद लब्ध होकर ७ अंगुल शेष रहता है। इस प्रकार ६ उत्तरायण निकल चुके होते हैं और ७वां दक्षिणायन प्रवर्तता है। अब इस १ पाद को २ पाद वाली ध्रुवराशि में प्रक्षिप्त करने पर ३ पाद होते हैं तथा ७ अंगुल होते हैं। अब $\frac{७}{३१}$ भाग के यव बनाने के लिए १ अंगुल = ८ यव लेकर ७ को ८ से गुणित करते हैं तो ७×८=५६ प्राप्त होते हैं। अतः $\frac{५६}{३१}=१+\frac{२५}{३१}$ यव होते हैं। इतनी प्रमाण की **पौरुषी** प्राप्त होती है।

इसी प्रकार उत्तरायण की **ध्रुवराशि** ४ पाद लेकर सम्बन्धित प्रश्न हल करते हैं।

२. प्राचीन गणित का आधुनिक गणित में क्रमशः विकास

प्राचीन गणित विश्व के कुछ सभ्यता के केन्द्रों पर अपने अभिलेख सुरक्षित रहे होने के कारण प्रकाश में आया। इन केन्द्रों में विशेषकर बेबिलन, मिस्र और भारत सुप्रसिद्ध हैं।* बीज, संख्या और आकृति द्वारा गणित के रूप का विकास हजारों वर्ष तक चला किन्तु सर्वाधिक क्रान्ति **वर्द्धमान महावीर** के युग में तथा विगत शताब्दी में दृष्टिगत हुई है, जिसे महात्मा गांधी युग कहा जा सकता है। अहिंसा का आन्दोलन सर्वव्यापी होता है और महान् तीर्थ का प्रवर्तन करता है। तीर्थंकर महावीर की क्रान्ति आत्मिक थी और महात्मा गांधी की राजनैतिक।

प्राचीन काल में नदियों के किनारे विकसित हुई प्रायः ५००० वर्ष पूर्व में विकसित सभ्यताओं वाले उक्त देशों में ज्योतिष एवं लौकिक गणनाओं हेतु रेखागणित, अंकगणित और बीजगणित के आदिम रूप को खोजा गया होगा। कृषि सम्बन्धी काल गणना हेतु पंचांग को विकसित किया गया होगा और भवन सम्बन्धी रचना के लिए यांत्रिकी को विकसित किया गया होगा। इनमें प्रयुक्त गणित का विकास हुआ होगा।

गणित में मुख्यतः पाँच धाराएँ गतिशील रही हैं। प्राचीनतम काल में संख्या और आकृति से काम चलता रहा। बाद में संख्याओं और आकृतियों में सम्बन्ध स्थापित किये जाने लगे। इन सम्बन्धों के सहारे और पूर्णांक संख्याओं के सिवाय ऋणात्मक, भिन्नात्मक और वर्गात्मक, वर्गमूलात्मक संख्याओं को रेखाकृतियों द्वारा निरूपित किया गया। अखण्डता अथवा संलग्नता के प्रसंग को गणितीय विधियों द्वारा निरूपित करने के प्रयास किये जाने लगे।

इस प्रकार पूर्णांक संख्याओं से सम्बन्धित समस्याओं से रुचि रखने वाले गणितज्ञ संख्यासिद्धान्त, आधुनिक बीजगणित, और गणितीय तर्क की ओर बढ़ गये। अपूर्णांक संख्याओं की समस्याओं में रुचि रखने वाले गणितज्ञ ज्यामिति, विश्लेषण-गणित और प्रयुक्त गणित को लेकर विज्ञान तथा यत्रादि कला की ओर लग गये।

उपर्युक्त चार प्रकार की धाराओं के सिवाय एक और महत्वपूर्ण धारा गतिशील हुई। ज्योतिष एवं यांत्रिकी से लेकर जीवशास्त्र, मनोविज्ञान, समाजविज्ञान, आदि में ज्यों-ज्यों गहराई में जाने की आवश्यकता प्रतीत हुई, त्यों-त्यों गणित का अवलंबन किया जाने लगा। इस प्रकार प्रायः सत्रहवीं सदी के प्रारंभ से कुछ वर्षों बाद गणित एवं विज्ञान अगम्य और अपार रूप से विकसित होता चला गया। उद्योग और शोध कार्यों में प्रायः अठारहवीं सदी के अंत और उन्नीसवीं सदी के प्रारम्भ में क्रांति प्रारम्भ हुई। इस क्रांति से गणितीय क्षेत्र में जो गति आई उसने गणित को अनेक नये रूप दिये। इस प्रकार शुद्ध गणित को और भी विस्तृत होने का अवसर नित्य प्रति प्राप्त होता चला गया। प्राचीनकाल में हुए प्रमुख गणितज्ञों को अंगुली पर गिना जा सकता है, किन्तु विगत दो, तीन एवं आधुनिक शताब्दी में उनकी संख्या में विशेष वृद्धि अवलोकित की जा सकती है।

आज से प्रायः तीन सौ वर्ष पूर्व के गणित को चिरप्रतिष्ठित गणित कहा जाता है। वह आज भी अपनी शक्ति एवं केन्द्रीय स्थिति प्रतिष्ठित किये है। केलकुलस अर्थात् सूक्ष्मतम परिवर्तन का संकलन और विकलन, लिमिट अर्थात् सीमा, फंक्शन अर्थात् दो वस्तुओं आदि के सम्बन्धों का फलन, विश्लेषण, चलन और अवकल कलन एवं समीकरण आज भी आधुनिक गणित पर छाये हुए हैं। ज्यामिति में फलन और संख्यात्मक संलग्नता की धारणा से स्थल विज्ञान और चलन ज्यामिति की उत्पत्ति हुई। ये दोनों ही आधुनिक गणित की सर्वाधिक क्रियाशील शाखाएँ हैं।

आज भी आधुनिक गणित का आधार संख्या ज्यामिति और बीजगणित हैं किन्तु उनके रूप व्यापक हो चुके हैं। जब विज्ञान के सिद्धांतों में गणित को प्रविष्ट किया गया तो गणितीय सिद्धान्तों को नया मोड़ लेना पड़ा। अब संख्याएँ अनन्त के क्षेत्र में प्रवेश कर अनन्तात्मक राशियों की रचना विज्ञान को समुन्नत कर चुकी हैं। ज्यामिति पूर्व में रेखा तथा ठोस और आकाश के बिन्दुओं तक ही सीमित थी, किन्तु अब वह सभी संभाव्य काल्पनिक आकाशों की वस्तु हो गई है। उच्च बीजगणित द्वारा अब कोई भी विषय अछूता नहीं रहा है।

प्रायिकता गणित की उत्पत्ति खेल-खेल में हुई थी। परन्तु आज इसके द्वारा उन होने वाली घटनाओं का ज्ञान हो जाता है जिनकी प्रागुक्ति पूर्ण रूप से नहीं की जा सकती है। घटनाओं को राशियों के और प्रायिकता को क्षेत्रफल या घनफल के रूप में लेकर समस्याओं को प्रमाण सिद्धान्त का विषय बना लिया जाता है जिसे मेज़र थ्योरी कहते हैं। विगत तीस वर्षों में गणितज्ञों ने ऐसी घटनाओं के सिद्धान्त पर खोज की है जो काल के प्रवाह में लगातार परिवर्तित होती हैं। घटनाओं के इस सिद्धान्त जो स्टाकेस्टिक प्रक्रमों का सिद्धान्त कहते हैं। प्रायिकता का विषय आज सूचना सिद्धांत, कतारों का सिद्धांत, विसरण सिद्धान्त और गणितीय सांख्यिकी जैसे नवीन विस्तृत क्षेत्रों को आलिंगित करता है।

---

* विशद वर्णन हेतु देखिये महावीराचार्य का गणितसार संग्रह, प्रस्तावना, शोलापुर, १९६३।

जब कभी कोई नवीन गणितीय कल्पना उपयोगी पाई जाती है तो उसके आधार पर एक उपरिव्यूहन उदित हो जाता है। बाद में उक्त मौलिक कल्पना यदि स्खलित सिद्ध होने लगे तो उपरिव्यूहन को बिना मिटाये उस कल्पना को सुधारने का प्रयास किया जाता है। अनन्तात्मक राशियों के सम्बन्ध में बहुत कुछ ऐसी ही स्थिति उत्पन्न हुई। उनके अल्पबहुत्व के प्रकरण आधुनिक गणित में अभी भी उलझे हुए हैं। राशि सिद्धान्त और अनन्तों के जन्मदाता उन्नीसवीं सदी के अन्त में जार्ज केन्टर माने जाते हैं, परन्तु राशि सिद्धान्त को पुनर्गठित करने वाले विभिन्न विचारधाराओं वाले विश्वविख्यात गणितज्ञ रसेल, ब्रोवर, और हिल्बर्ट हैं। उनकी विचारधाराएँ क्रमशः तर्क, अन्तःप्रज्ञा और औपचारिकता पर आधारित हैं। इस प्रकार गणितीय बुनियादों पर तीव्र कार्य हुआ है।

भौतिकशास्त्र में गणित के समूह-सिद्धान्त या ग्रूप-थियोरी द्वारा मूलभूत कणों का निदर्शन होता है।। समूह-रूपान्तरणों द्वारा भौतिक जगत की वास्तविकताओं का पता लगाया जाता है कि वे कौन से द्रव्य और गुण हैं जो घटनाओं के परिवर्तन में अक्षुण्ण, अचर, अपरिवर्ती बने रहते हैं। आइंस्टाइन ने सापेक्षता सिद्धान्त को मूर्तिक कल्पनाओं के सहारे अमूर्तिक कल्पना और व्यापकीकरण द्वारा अमरत्व प्रदान किया। इसी प्रकार जाँ-फाँ नायमाँ ने हिल्बर्ट आदि के स्पेक्ट्रल सिद्धान्त को व्यापक बनाकर असीम क्षेत्र प्रदान किया।

जीववैज्ञानवेत्ता भी गणित का उपयोग करते हैं किन्तु जिन जटिल प्रणालियों का वे अध्ययन करते हैं वे गणितीय विवरण में प्रतिरोध लाती हैं। जीव रसायन में ऊष्मागतिविज्ञान के गणितीय समीकरण लगते हैं और सांख्यिकी के तकनीक से आनुवंशी विज्ञान सम्बन्धी खोजें हुई हैं। गणक मशीनों में आज केन्द्रभूत धारणा "आटोमेटन" सिद्धान्त की है ताकि वह मस्तिष्क की भाँति विचार कर सके। गणक मशीनें वहाँ अधिक उपयोगी सिद्ध हुई हैं जहाँ उच्च गतिशील यानों या मशीनों में जटिल निर्णय शीघ्रातिशीघ्र लेने पड़ते हैं।

अर्थशास्त्र जैसे कुछ सामाजिक विज्ञान हैं जिनका कार्य ऐसे तथ्यों से चलता है जिन्हें बहुधा संख्याओं द्वारा निरूपित करते हैं। समस्त जनसमूहों के गणितीय विश्लेषण की सूचना देते हुए इन संख्याओं को सम्बन्धित करने वाले तकनीक सामने आये हैं। शिक्षण पद्धतियों के विश्लेषण और पूँजी निवेश का प्रोग्राम बनाने में जो कुछ समस्यायें आती हैं वे गणितीय रूप से हल की जाती हैं। समाजशास्त्र विषय की खोज के दो क्षेत्र हैं। एक तो यह कि समाज की प्रणालियाँ किस प्रकार कार्य करती हैं तथा उनके विभिन्न अंगों के बीच क्या सम्बन्ध हैं। दूसरा क्षेत्र उनके नियन्त्रण और नीति निर्धारण का है। इन दोनों क्षेत्रों में एक से प्रकार के गणितों का प्रयोग हुआ है। अर्थव्यवस्था गणित द्वारा एक ऐसी प्रणाली के रूप में देखी जा सकती है जो सूचना को निर्णयों में रूपान्तरित कर देती है।

टेक्नालाजी में गणित का सर्वाधिक अग्रसर प्रयोग ऐसी मशीनों की डिजायन में होता है जो अपने आप को स्वयं नियंत्रित करती हैं। ऐसी ही विधियाँ जीवित आर्गेनिज्म और जनसमूहों की क्रियाविधि के नियन्त्रण से सम्बन्धित होती हैं। अन्य विस्तृत सिद्धांतों की भाँति नियन्त्रण सिद्धान्त गणितीय वैज्ञानिक अथवा तकनीकी विधियों के मिश्रण के बजाय मनोस्थिति का सिद्धान्त है। नियंत्रण समस्याएँ जो टेक्नालाजी, अर्थशास्त्र, औषधि और राजनीति में आती हैं वे मल्टीस्टेज डिसीजन प्रोसेस कहलाती है। इन सभी में गणित का उपयोग हुआ है।

गणक मशीनों (काम्प्यूटर्स) से उच्च गतिशील अंकगणना द्वारा गणित के प्रयोगों की आवश्यकता की पूर्ति हुई है। सबसे बड़ी इलेक्ट्रानिक गणक मशीनों में स्मृति-क्षमता प्रायः एक अरब शब्दों या कई लाख व्यक्तिगत द्विचर अंक रहती है। ऐसी स्मृति-द्रुतता एक माइक्रो सेकण्ड होती है। यह भविष्य में कई गुना बढ़ जायगी। अब माइक्रो इलेक्ट्रानिक परिपथ का उपयोग होने से हजार गुनी छोटी गणक मशीनें बनने लगी हैं।

३. वैदिक, जैन एवं बौद्ध संस्कृति में गणित का महत्व

भारत में वैदिक संस्कृति के साथ साथ श्रमण संस्कृति स्वतन्त्र रूप से विकसित हुई कही जाती है। अनेक स्थलों पर वैदिक ग्रन्थ पुराणों में मिलता-जुलता कुछ जैन तीर्थंकरों का विवरण मिलता है।[1] वैदिक, जैन एवं बौद्ध संस्कृतियाँ भारत में प्रायः समान रूप से पनपती रहीं और उनके साहित्यादि पर शोध करने हेतु बिहार सरकार ने तीन शोध केन्द्र स्थापित किये। संस्कृत एवं वैदिक संस्कृति के अध्ययन व अनुसन्धान के लिये मिथिला विद्यापीठ, प्राकृत एवं जैन तत्वज्ञान तथा अहिंसा विषयक स्नातकोत्तर अध्ययन व अनुसंधान के लिए वैशाली विद्यापीठ, तथा पालि एवं बौद्ध तत्वज्ञान के लिये नव नालन्दा महाविहार की स्थापना की गई। शासन का यह दृष्टिकोण उदात्त एवं श्रेयस्कर मान्य हुआ है।

१ देखिये, डा० हीरालाल जैन, भारतीय संस्कृति में जैनधर्म का योगदान, भोपाल, १९६२, पृ० ११ आदि।

गणित विज्ञान का **वैदिक संस्कृति** में क्या महत्व माना जाता रहा है, इस सम्बन्ध में डा० दत्त एवं डा० सिंह ने लिखा है,[1] "कहा जाता है कि प्राचीन भारतवर्ष में किसी विज्ञान ने न तो स्वाधीन अस्तित्व ही प्राप्त किया और न उसका स्वतन्त्र रूप से विकास ही हुआ। वैदिक-कालीन भारत में जिन किसी विज्ञान का जो कुछ भी रूप मिलता है, उसकी उत्पत्ति और विकास किसी न किसी वेदांग के अन्तर्गत है, और इसलिए वैदिक क्रियाओं के सहायतार्थ माना जाता है। कभी-कभी यह भी कल्पना की जाती है कि वैदिक-कालीन हिन्दू लोग किसी विज्ञान की विशेष उन्नति को निरुत्साहित करते थे, यह समझकर कि वह उनकी चित्तवृत्ति को अन्य मार्गों की ओर ले जाकर उनकी ब्रह्म-ज्ञान की खोज में बाधक सिद्ध होगी। वस्तुतः यह धारणा सर्वथा सत्य नहीं है। कदाचित् यह सत्य है कि प्रारम्भिक वैदिक काल में विज्ञानों का विकास इसलिये हुआ कि वे धर्म में सहायक थे। परन्तु साधारणतया यह देखा गया है कि प्रत्येक काल और प्रत्येक देश में लोगों का किसी ज्ञानविशेष में अनुराग सदैव कुछ विशेष कारणों से ही हुआ है। प्राचीन हिन्दुओं का अधिकतर समय धर्म-कर्म में व्यतीत होता था। अतएव यह अस्वाभाविक नहीं है कि अन्य विषयों का ज्ञान उसी के सहायतार्थ बढ़ा और उसी के अन्तर्गत रखा गया। यह दिखाने के लिए पर्याप्त प्रमाण हैं कि समय पाकर सभी विज्ञान अपने मूल उद्देश्य का अतिक्रमण कर गये और उनका स्वतन्त्र रूप से विकास हुआ। इसमें सन्देह नहीं है कि वैदिक काल के उत्तरार्ध में एक नवीन धारा बह निकली।"

छांदोग्य उपनिषद् में भी **सनत्कुमार-नारद** संवाद में नक्षत्र-विद्या और राशि विद्या का उल्लेख आया है।[2] कौटिल्य के **अर्थशास्त्र** में भी लिपि और संख्यान को महत्व दिया गया है।[3]

जगद्गुरु स्वामी **भारती कृष्णतीर्थ जी** ने, **"Vedic Mathematics"** में वैदिक संस्कृति में गणित महत्व भावना को निम्नलिखित शब्दों में प्रस्तुत किया है,[4] "The modern scientist has his own theory and art (technique) for producing the result. The old seer scientist had his both also, but different from these now availing. He had his science and technique, called **Yajna**, in which **Mantra, Yantra** and other factors must cooperate with mathematical determinateness and precision. For this purpose, he had developed the six auxiliaries of the Vedas in each of which mathematical skill and adroitness, occult or otherwise, play the decisive role. The **Sutras** lay down the shortest and surest lines. The correct intonation of the **Mantra**, the correct configuration of the **Yantra** (in the making of the vedi etc., e. g., quadrature of a circle), the correct time or astral conjugation factor, the correct rhythms etc., all had to be perfected so as to produce the desired result effectively and adequately. Each of these required the calculus of mathematics."

एस. एन. सेन एवं ए. के. बाग ने, **"The Shulbasutras of Baudhayana, Apastamba, Katyayana and Manava"** में ग्रन्थ की भूमिका में **वैदिक संस्कृति** में गणित के महत्व को दिखलाया है।"[5] The **Vedangas,** then important group of literature often referred to as the appendages of the **Vedas,** constitute an important source in the history of science in ancient India. This is evident from such subjects as phonetics (shiksha), ritual (kalpa), grammar (Vyakarana) etymology (nirukta), metrics (chhanda) and astronomy (Jyotisha). These branches of study arose within the vedic schools themselves as a necessary condition for mastering the **Vedas.** उन्होंने यहीं आगे लिखा है,[6] "The Shulbasutras are of special importance because these deal specifically with rules for the measurements and construction of the various sacrificial fires and altars and consequently involve geometrical propositions and problems

---

१ देखिये, डा० बिभूतिभूषणदत्त एवं डा० अवधेश नारायण सिंह, **हिन्दू गणितशास्त्र का इतिहास,** भाग १, लखनऊ, १९५६, पृ० २-३। वेदांग ज्योतिष में उल्लेख है, "जिस प्रकार मयूरों की शिखाएँ एवं नागों की मणियाँ हैं, ठीक इसी प्रकार वेदांगशास्त्रों में गणित का स्थान सबसे ऊँचा है।" (श्लोक ४)

२ **छांदोग्य उपनिषद,** ७·१, २, ४।

३ **अर्थशास्त्र,** आर० शाम शास्त्री द्वारा संपादित, १·५, २।

४ **'Vedic Mathematics,"** Motilal Banarasidas, Delhi, 1982, p. 14.

५ Indian National Science Academy, New Delhi: 1983, Intro, p. 1.

६ वही, पृष्ठ १

relating to rectilinear figures, their combinations and transformations, squaring the circle and circling the square as well as arithmetical and algebraic solutions of problems arising out of such measurements and constructions."

बौद्ध साहित्य में भी अंकगणित (गणना, संख्यान) को महत्वपूर्ण एवं श्रेष्ठ कला के रूप में मान्यता प्राप्त है।[1] इसके सिवाय तीन प्रकार के गणित का उल्लेख प्राचीन **बौद्ध साहित्य** में मिलता है जहाँ **मुद्रा गणित, गणना गणित,** तथा **संख्यान गणित** को **दीर्घनिकाय** (१, पृ. ५१), **विनय पिटक** (४, पृ. ७), **दिव्यावदान**[2] एवं **मिलिन्द पञ्हो**[3] में वर्णित किया गया है।

जैन साहित्य की आधारशिला गणित ही है। स्थानांग सूत्र ७४५ में व्यवहृत **गणित** का रूप निम्न प्रकार है :

"परिकम्मं ववहारो रज्जु रासी कलासवन्ने य।
जावत्तावति वग्गो घनो त तह वग्गवग्गो विकप्पो य॥"

गणित की प्रशंसा करते हुए जगविख्यात गणितज्ञ **महावीराचार्य** ने, गणितसार संग्रह के प्रारम्भ में, अध्याय १, श्लोक ९-१९ में निम्न प्रकार लिखा है :

"लौकिक, वैदिक, तथा सामयिक जो जो व्यापार हैं उन सब में गणित का उपयोग होता है। कामशास्त्र, अर्थशास्त्र, गन्धर्वशास्त्र, नाट्यशास्त्र, पाकशास्त्र, आयुर्वेद, वास्तुविद्या, आदि में; छंद, अलंकार, काव्य, तर्क, व्याकरण इत्यादि में; तथा कलाओं के समस्त गुणों में गणित अत्यन्त उपयोगी है। सूर्य आदि ग्रहों की गति ज्ञात करने में, ग्रहण में, ग्रहों की युति में, प्रश्न में, चन्द्रमा के परिलेख में, सर्वत्र गणित अंगीकृत है। द्वीपों, समुद्रों और पर्वतों का संख्या, व्यास और परिधि; लोक, अन्तर्लोक, ज्योतिर्लोक स्वर्ग और नरक के रहने वाले सभी के श्रेणिबद्ध भवनों, सभा भवनों एवं गुम्बदाकार मन्दिरों के प्रमाण तथा अन्य विविध प्रमाण गणित की सहायता से ही जाने जाते हैं। वहाँ पर प्राणियों के संस्थान, उनकी आयु और आठ गुण इत्यादि, यात्रा आदि तथा संहिता आदि से सम्बन्धित विषय सभी गणित पर निर्भर हैं। अधिक कहने से क्या प्रयोजन? सचराचर त्रैलोक्य में जो कुछ भी वस्तु है उसका अस्तित्व गणित के बिना सम्भव नहीं हो सकता। कृतार्थ, पूज्य और जगत के स्वामी तीर्थंकरों की शिष्य-प्रशिष्यात्मक प्रसिद्ध गुरु परम्परा से आये हुए संख्यानरूपी समुद्र में से—समुद्र से रत्न की भाँति, पाषाण से कांचन की भाँति, तथा शुक्ति से मुक्ताफल की भाँति—कुछ सार निकालकर मैं गणित-सार संग्रह ग्रन्थ को अपनी मति-शक्ति के अनुसार कहता हूँ, जो लघु होते हुए भी अनल्पार्थक है।"

इसी प्रकार **अन्तगडदसाओ, कल्पसूत्र, समवायांग** सूत्रादि ग्रन्थों में लेखा, रूप और गणना का उल्लेख मिलता है।

जो कुछ हो, गणित को जैन साहित्य में विशेष स्थान मिलने का कारण उनका अलौकिक गणित से गुँथा हुआ कर्म संबंधी साहित्य है जिसमें गणित के बिना गति असंभव है। इन ग्रन्थों में मुख्यतः **षट्खण्डागम, गोम्मटसार, लब्धिसार, क्षपणासारादि** ग्रन्थ तथा उनकी **धवला, जीवतत्वप्रदीपिका** एवं **सम्यक्ज्ञान चंद्रिका** टीकाएँ हैं। कर्म का लेखा उतना सरल नहीं जितना ज्योतिष्कों का गति लेखा। ज्योतिष्कों के गति लेखे में **सूर्य प्रज्ञप्ति** प्रभृति ग्रन्थों में और उनकी टीकाओं में गणित का महत्व दृष्टव्य है।

४. जैन संस्कृति में लौकिक एवं लोकोत्तर गणित का विभिन्न आम्नायों में विकास

लौकिक गणित को दो रूपों में विभाजित किया जा सकता है। एक तो वह जो शुद्ध सूत्रों को आविष्कृत करता चलता है, दूसरा वह जो शुद्ध सूत्रों का प्रयोग विभिन्न प्रकार की विद्याओं या कलाओं करता है और उनसे प्राप्त परिणामों से प्रयोगात्मक अवलोकन की तुलना करता है। इस संबंध में **आचार्य अकलंक** की **तत्वार्थ सूत्र** की **टीका** दृष्टव्य है।

लोकोत्तर गणित को प्रयुक्त गणित के रूप में माना जा सकता है। किन्तु जिस समय लोकोत्तर प्रकरणों को जैन साहित्य में गणित द्वारा निरूपित किया गया उस समय यह आवश्यक नहीं था कि लौकिक गणित जो उस काल तक (**भगवान् वर्द्धमान महावीर** काल तक) इतनी विकसित हो चुकी थी कि उसका प्रयोग लोकोत्तर समस्त प्रकरणों में हो सके। तथ्य यह था कि कर्म सिद्धान्त के निरूपण हेतु जो लोक की संरचना गणितीय रूप में जैन तीर्थ में विकसित हुई थी वह अपने आप में एक गणितीय आधार था। जहाँ **श्वेताम्बर आम्नाय** में गणित ज्योतिष सिद्धान्त को निरूपित करने में विशेष टीकाएँ उपलब्ध होती हैं वहाँ **दिगम्बर आम्नाय** में गणित कर्म सिद्धान्त को निरूपित करने में विशेष टीकाएँ उपलब्ध होती हैं। जहाँ श्वेताम्बर आम्नाय में

---

१ **विनयपिटक**, ओल्डनबर्ग, सं०, भाग ४, पृ० ७; **मज्झिमनिकाय**, भाग १, पृ० ८५; चुल्ल निद्देश पृ० १९९।

२ सं० ई० बी० कॉवेल तथा आर० ए० नील, कैम्ब्रिज, १८८६, पृ० ३, २६ और ८८.

३ अनु० राइस डेविड्स, ऑक्सफोर्ड, १८९०, पृ० ९१।

गणित-ज्योतिष संबंधी टीकाओं में **ध्रुव राशि** के उपयोग द्वारा विषय को सुलभ बनाया गया वहाँ **दिगम्बर आम्नाय** में गणित-कर्म संबंधी टीकाओं में अनेक प्रकार की राशियों की संदृष्टियों द्वारा विषय को सुलभ बनाया गया। यह तथ्य प्रमुखता को लेकर बतलाया जा रहा है। वास्तव में **माधवचंद त्रैविद्य** की त्रिलोकसार टीका में भी गणित-ज्योतिष को सुलभ बनाया गया है। इसी प्रकार उनकी अन्य टीका में गणित-कर्म को भी सुलभ बनाया गया है।

दिगम्बर आम्नाय में जगत्प्रसिद्ध **महावीराचार्य** का लौकिक गणित ग्रन्थ **गणितसार संग्रह**, ईसा की नवीं सदी की उन्नत गणित का परिचायक है जिसमें निम्नलिखित विषय प्रतिपादित हैं : **संज्ञा अधिकार** (क्षेत्र परिभाषा, काल परिभाषा, धान्य परिभाषा, सुवर्ण परिभाषा, रजत परिभाषा, लोह परिभाषा, परिकर्म नामावलि, शून्य तथा धनात्मक एवं ऋणात्मक राशि सम्बन्धी नियम, संख्या संज्ञा, स्थान नामावलि, गणक गुणनिरूपण); **परिकर्म व्यवहार** (प्रत्युत्पन्न, भागहार, वर्ग, वर्गमूल, घन, घनमूल, संकलित, व्युत्कलित); **कलासवर्ण व्यवहार** (भिन्न प्रत्युत्पन्न, भिन्न भागहार, भिन्न संबंधी वर्ग, वर्गमूल, घन, घनमूल, भिन्न संकलित, भिन्न व्युत्कलित, कलासवर्ण, षड्जाति, भागजाति, प्रभाग और भागाभाग जाति, भागानुबन्ध जाति, भागापवाह जाति, भाग-मातृ जाति); **प्रकीर्णक व्यवहार** (भाग और शेष जाति, मूल जाति, शेषमूल जाति, द्विरग्र शेषमूल जाति, अंशमूल जाति, भाग संवर्ग जाति, ऊनाधिक अंशवर्ग जाति, मूल मिश्र जाति, भिन्न दृश्य जाति), **त्रैराशिक व्यवहार** (अनुक्रम त्रैराशिक, व्यस्त त्रैराशिक, व्यस्त पंचराशिक, सप्त राशिक, नवराशिक, भाण्ड प्रति भाण्ड, क्रय विक्रय); **मिश्रक व्यवहार** (संक्रमण और विषम संक्रमण, पंचराशिक विधि, वृद्धि विधान, प्रक्षेपक कुट्टीकार, वल्लिका कुट्टीकार, विषम कुट्टीकार, सकल कुट्टीकार, सुवर्ण कुट्टीकार, विचित्र कुट्टीकार, श्रेढीबद्ध संकलित); **क्षेत्रगणित व्यवहार** (व्यवहारिक गणित, सूक्ष्म गणित, जन्य व्यवहार, पैशाचिक व्यवहार); **खात व्यवहार** (सूक्ष्म गणित, चिति गणित, क्रकचिका व्यवहार,); और **छाया व्यवहार**।

यह ग्रन्थ सम्पूर्ण गणित ग्रन्थ है जिसका प्रचार संभवतः दक्षिण भारत में रहा। **महावीराचार्य** द्वारा संभवतः निम्नलिखित चार कृतियाँ और रचित मानी जाती हैं।[1] परन्तु यह विषय विवादास्पद है।

(१) **षट् त्रिंशिका** (संभवतः बीजगणित ग्रन्थ, या टीका माधवचंद त्रैविद्य द्वारा)
(२) **ज्योतिष पटल** (संभवतः ग्रह नक्षत्रादि गणित संबंधी)
(३) **क्षेत्रगणित**
(४) **छत्तीस पूर्वा उत्तर प्रतिसह**

अनुपम जैन ने गणितसार संग्रह से सम्बन्धित ३४ पाण्डुलिपियों का विवरण दिया है।[2] गणितसार संग्रह में विकसित गणित स्रोत के विषय में स्वयं महावीराचार्य का कथन पुनः उल्लेखनीय है : मैं तीर्थ को उत्पन्न करने वाले कृतार्थ और जगदीश्वरों से पूजित (**तीर्थंकरों**) **की शिष्य प्रशिष्यात्मक प्रसिद्ध गुरुपरम्परा से आये हुए संख्या ज्ञान महासागर से उसका कुछ सार एकत्रित कर**, उसी तरह, जैसे कि समुद्र से रत्न, पाषाणमय चट्टान से स्वर्ण और शुक्त से मुक्ताफल प्राप्त करते हैं; अल्प होते हुए भी अनल्प अर्थ को धारण करने वाले सार संग्रह नामक गणित ग्रन्थ को अपनी बुद्धि की शक्ति के अनुसार प्रकाशित करता हूँ।[3] स्पष्ट है कि इसमें **लोकोत्तर गणित** का **कुछ सार** एकत्रित किया गया है। यह भी स्पष्ट है कि इसमें **परिकर्म व्यवहार, कलासवर्ण व्यवहार, त्रैराशिक व्यवहार, क्षेत्र गणित व्यवहार, और छाया व्यवहार, लोकोत्तर विकसित गणित** से सार रूप लिया गया होगा।

इस प्रकार इस ग्रन्थ में जैन आचार्यों द्वारा प्रायः १००० वर्षों में विकसित किये गये **लोकोत्तर गणित** का कुछ स्वरूप प्राप्त है। नवीं सदी में हुए **दिगम्बर आम्नाय** में **वीरसेनाचार्य** द्वारा किसी गणित ग्रन्थ "**सिद्ध-भू-पद्धति**" की टीका लिखी जाना प्रमाणित होता है। स्पष्ट होता है कि **धवला** टीकाकार ने **लोकोत्तर गणित** ग्रंथ "**सिद्ध-भू-पद्धति**" को सुलभ बनाने हेतु टीका की रचना की होगी। यह ग्रन्थ अब उपलब्ध नहीं है, न ही उसकी टीका। **जैन साहित्य का बृहद इतिहास, भाग ५** में निम्नलिखित अन्य जैन आचार्यों द्वारा निर्मित गणित ग्रन्थों का परिचय दिया है :[4]

विक्रम संवत् १३७२-१३८० में रचित **गणित सार कौमुदी** (प्राकृत) के रचियता **ठाकुर फेरू** हैं। इसमें **भास्कराचार्य** की "**लीलावती**" एवं **महावीराचार्य** के गणित सार संग्रह का उपयोग हुआ है। तथापि नवीन लोकभाषा शब्द एवं कुछ नवीन मूल्यवान प्रकरण भी हैं। इसमें वर्णित यंत्रों पर शोध होना आवश्यक है।

विक्रम संवत् १२६१ के लगभग **पल्लीवाल अल्हपाल** द्वारा पाटीगणित की रचना की गयी।

---

१. देखिये **महावीराचार्य**, द्वारा अनुपम जैन एवं सुरेशचन्द्र अग्रवाल हस्तिनापुर, १९८५, पृ० २.
२. देखिये, **वही**, सारिणी पृ० ८ के समक्ष।
३. **महावीराचार्य, गणितसार संग्रह**, शोलापुर, १९६३, पृ० ३.
४. लेखक पं० अंबालाल प्रे० शाह, वाराणसी, १९६९, पृ० १६०-१६६.

यल्लाचार्य द्वारा गणित संग्रह ग्रन्थ रचने का उल्लेख है।

नेमिचंद्र द्वारा क्षेत्र गणित ग्रन्थ रचने का उल्लेख जिनरत्न कोश (पृ० ९८) में मिलता है।

लोकांगच्छीय मुनि तेजसिंह द्वारा "इष्टांक पंचविंशतिका" २६ पद्य वाला रचित हुआ है।

गणित सूत्र ग्रन्थ रचना किन्हीं **दिगम्बर आचार्य** द्वारा हुई है।

उपकेश गच्छीय सिद्ध सूरि ने श्रीधर कृत[1] "गणित सार" ग्रन्थ पर टीका रची है।

विक्रम संवत् १३३० में **श्रीपति कृत 'गणित तिलक' पर सिंह तिलक सूरि** श्वेताम्बर आचार्य की गणित तिलक-वृत्ति उपलब्ध है।

लौकिक गणित ज्योतिष पर जैनाचार्यों के अनेक ग्रन्थों का उल्लेख है जो अभी तक हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित नहीं हो सके हैं। इस प्रकार उनके द्वारा हुआ विकसित गणित ज्योतिष का इतिहास अंधकार में है। **लोकोत्तर गणित-ज्योतिष** का विकास **सूर्य प्रज्ञप्ति, चंद्र प्रज्ञप्ति, ज्योतिष करण्डक** प्रभृति ग्रन्थों की टीकाओं आदि से ज्ञात होता है। उनमें **ध्रुव राशि** तथा **पंचवर्षीय युग पद्धति** का उपयोग उत्तरकालीन युग पद्धति को विकसित करने में कहाँ तक हुआ यह **गहन शोध का विषय** है।

तिलोय पण्णत्ति एवं **त्रिलोकसार** आदि ग्रन्थों में भी गणित-ज्योतिष का **लोकोत्तर गणित** रूप में विकास इसी प्रकार हुआ दृष्टिगत होता है। गणना विकास के सम्बन्ध में नेमिचंद्र शास्त्री ने विभिन्न ग्रन्थों एवं लेखों में[2] निम्नलिखित सार रूप तथ्य प्रस्तुत किये हैं जिन पर **शोध लेख** आवश्यक हैं :—

(१) प्रति दिन सूर्य के भ्रमण मार्ग निरूपण-सम्बन्धी सिद्धान्त। इसका विकसित रूप दैनिक अहोरात्र वृत्त की कल्पना है।

(२) दिनमान के विकास की प्रणाली जो **वेदांग ज्योतिष** में नहीं मिलती है।

(३) अयन-सम्बन्धी प्रक्रिया का विकास, जिसका विकसित रूप देशान्तर, कालान्तर, भुजान्तर, चरान्तर एवं उदयान्तर सम्बन्धी सिद्धान्त है।

(४) पर्वों में विषुवानयन जो बाद में संक्रांति और क्रान्ति में विकसित हुआ।

(५) संवत्सर संबंधी प्रक्रिया जिसका विकास बाद में सौरमास, चंद्रमास, सावनमास एवं नक्षत्रमास रूपों में हुआ।

(६) गणित द्वारा नक्षत्र लग्न आनयन प्रक्रिया का विकसित रूप त्रिंशांश, नवमांश, द्वादशांश एवं होरादि हैं।

(७) काल गणना प्रक्रिया का विकसित रूप अंश, कला, विकला आदि क्षेत्रांश संबन्धी गणना एवं घटी पलादि संबंधी काल गणना है।

(८) ऋतु शेष प्रक्रिया जिसका विकसित रूप क्षयशेष, अधिमास, अधिशेष आदि हैं।

(९) सूर्य, चंद्र मण्डलों के व्यास, परिधि आदि का विकसित गणित ग्रह गणित है।

(१०) छाया द्वारा समय निरूपण का विकसित रूप इष्ट काल, भयात, भभोग, एवं सर्वभोग आदि हैं।

(११) राहु और केतु की व्यवस्था का विकसित रूप सूर्य एवं चंद्र ग्रहण सम्बन्धी सिद्धान्त।

(१२) चन्द्र प्रज्ञप्ति में प्रतिपादित छाया पर से द्युज्या, कुज्या के रूप का सिद्धान्त ज्योतिष में विकसित रूप आया है। ग्रह गणित के जिन बीज सूत्रों का उल्लेख इस ग्रन्थ में है वे ग्रीक ज्योतिष से पूर्व के हैं।

(१३) ग्रह बीथियों का विकसित रूप प्रचलित भचक्र माना जा सकता है।

(१४) पंचवर्षात्मक युग में व्यतिपात आनयन प्रक्रिया जो ज्योतिष करण्डक; पृ० २००-२०५ में उपलब्ध है। यहाँ भी ध्रुव राशि का उपयोग है।

(१५) षट्खंडागम की धवला टीका में १५ मुहूर्तों की नामावलि पूर्वाचार्यों द्वारा कृत है।

---

१. **श्रीधराचार्य** के संबन्ध में नेमिचंद्र शास्त्री (**भारतीय ज्योतिष**, दिल्ली, १९७०, पृ० १३२) ने उल्लेख किया है कि ये प्रारम्भ में शैव थे किन्तु बाद में जैनधर्मानुयायी हो गये थे। इनके ग्रन्थों में पाटी गणित, बीजगणित, गणित ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं। ये लगभग ईसा की आठवीं सदी में हुए। इनके विशद कार्य के मूल्यांकन के लिए दत्त एवं सिंह का ग्रन्थ—**हिंदू गणित का इतिहास** पठनीय है।

२. (१) **भारतीय ज्योतिष**, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, १९७०

(२) **केवलज्ञान प्रश्न चूडामणि**, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, १९६९

(३) शोध लेख : **भारतीय ज्योतिष का पोषक जैन ज्योतिष**, वर्णी अभिनन्दन ग्रन्थ, सागर, वीर नि० सं० २४७६, पृ० ४६९-४८४

(४) शोध लेख : **जैन ज्योतिष साहित्य**, आचार्य भिक्षु स्मृति ग्रंथ, कलकत्ता, १९६१ पृ० २१०-२२१

(५) शोध लेख : **ग्रीक पूर्व जैन ज्योतिष विचारधारा**, ब्र० चन्दाबाई अभिनन्दन ग्रन्थ, आरा, १९५४, पृ० ४६२-४६६.

(१६) कुलोपकुल का विभाजन पूर्णमासी को होने वाले नक्षत्रों के आधार पर है। यह स्वतंत्र विषय है।

(१७) जैनाचार्यों ने गणित ज्योतिष संबंधी विषय का प्रतिपादन करने के लिए पाटी गणित, बीजगणित, रेखागणित, त्रिकोणमिति, गोलीय रेखागणित, चापीय एवं वक्रीय त्रिकोणमिति, प्रतिभा गणित, शृंगोन्नति गणित, पंचांग निर्माण गणित, जन्म पत्र निर्माण गणित, ग्रहयुति, उदयास्त सम्बन्धी गणित एवं यंत्रादि साधन सम्बन्धी गणित का प्रतिपादन किया है।

(१८) चंद्र स्पष्टीकरण एवं मुख्यतः विंशोत्तरी का कथन।

जैन ज्योतिष-साहित्य के अब तक प्रायः पांच सौ ग्रन्थों का पता लग चुका है जिनका विवरण वर्णी अभिनन्दन ग्रन्थ में दिया गया है। (देखिये शोध लेख वही)। इनमें प्रायः ५६ ग्रन्थ **गणितः ज्योतिष** सम्बन्धी हैं। इनके अतिरिक्त जैनेतर ग्रन्थों पर प्रायः २४ टीकाएँ जैनाचार्यों ने की हैं।

लोकोत्तर गणित सम्बन्धी अनेक शोध लेख निकल चुके हैं। इनमें जैनाचार्यों द्वारा विकसित विभिन्न प्रकार के गणित सूत्रों आदि का विशेष विवरण है। ये लेख शोध हेतु दृष्टव्य हैं : कुछ मुख्य लेख निम्नलिखित हैं :—

(क) लक्ष्मीचन्द्र जैन, **आगमों में गणितीय सामग्री तथा उसका मूल्यांकन**, तुलसी प्रज्ञा, खण्ड ६, अंक ६, १९८० पृ० ३५-६९.

(ख) लक्ष्मीचन्द्र जैन, **तिलोय पण्णत्ति का गणित**, शोलापुर, १९५८, पृ० १-१०५.

(ग) लक्ष्मीचन्द्र जैन, **लोकोत्तर गणित विज्ञान के शोध पथ**, भिक्षुस्मृति ग्रन्थ, कलकत्ता, १९६१, पृ० २२२-२३१.

(घ) लक्ष्मीचन्द्र जैन, **आन दा जैन स्कूल ऑफ मेथमेटिक्स**, छोटेलाल स्मृति ग्रन्थ, कलकत्ता, १९६७, पृ० २६६-२९२.

(च) एल. सी. जैन, **सेट थ्योरी इन जैन स्कूल आफ मेथामेटिक्स**, आई. जे. एच. एस. कलकत्ता, भाग ८, क्र. १, १९७३, पृ० १-२७

(छ) एल. सी जैन, **काइनेमेटिक्स ऑफ दी सन एण्ड दी मून इन तिलोय पण्णत्ति**, तुलसीप्रज्ञा, लाडनूँ, फ० १९७५, पृ० ६०-६७

(ज) एल. सी. जैन, **दी काइनेमेटिक मोशन आफ एस्ट्रल रीयल एण्ड काउण्टर वाडोज इन त्रिलोकसार**, आई० जे. एच. एस., कलकत्ता, भाग ११, क्र. १,१९७५, पृ० ५८-७४

(झ) एल. सी. जैन, **आन सरटेन मेथामेटिकल टापिक्स ऑफ दा धवल टेक्ट्स**, आई. जे. एच. एस., कलकत्ता, भाग ११, क्र. २, १९७६, पृ. ८५-१११

(ट) एल. सी जैन, **डाइवर्जेण्ट सीक्वेन्सेज लोकेटिंग ट्रॉस्फाइनाइट, सेट्स इन त्रिलोकसार**, आई. जे. एच. एस., कलकत्ता, भाग १२, क्र. १, १९७७, पृ ५७-७५

(ठ) एल. सी. जैन, **सिस्टम थ्योरी इन जैन स्कूल आफ मेथामेटिक्स**, आई. जे. एच. एस., कलकत्ता, भाग १४, क्र. १, १९७९, पृ. ३१-६५

(ड) एल. सी. जैन, **आर्यभट-प्रथम एण्ड यतिवृषभ-ए स्टडी इन कल्प एण्ड मेरू**, आई. जे. एच. एस., भाग १२, क्र. २, १९७७, पृ. १३५-१४९

उपरोक्त शोधलेखों में जैनाचार्यों द्वारा बिभिन्न आम्नायों में विकसित लोकोत्तर गणित के स्वरूप को दिखलाते हुए उसकी तुलना अन्यत्र विकसित गणित से की गयी है।

प्रारम्भ में विभूतिभूषण दत्त ने अनेक **श्वेताम्बर ग्रन्थों से लोकोत्तर गणित** के विकास का मूल्यांकन करने का प्रयत्न किया था तथा **हिन्दू गणित के इतिहास** में उनके योगदान को अंकित किया था। यह प्रयास १९२९ के लगभग प्रारम्भ हुआ था। उन्होंने लिखा है, "जैनियों द्वारा गणितीय संस्कृति को बड़ा महत्व दिया जाता है। उनके धार्मिक साहित्य को साधारणतः चार समूहों में विभाजित किया गया है। इसे **अनुयोग** कहते हैं जिसका अर्थ है '(जैन धर्म के) सिद्धान्त का प्रकाशन'। इनमें से एक **गणितानुयोग** है, अथवा 'गणित के सिद्धान्त का प्रकाशन'। इसकी जैन धर्म में आवश्यकता होती है। जैन पंडित की प्रमुख उपलब्धियों में से एक यह है कि उसे संख्यान (अर्थात् 'संख्याओं का विज्ञान अथवा अंकगणित') तथा ज्योतिष का ज्ञान हो।"[1] इस शोधलेख में मुख्यतः निम्नलिखित ग्रन्थों की ओर संकेत था :—

(१) **भगवती सूत्र**, अभयदेव सूरि टीका (ल० १०५०), उत्तराध्ययन सूत्र, अनु० हरमाँ जैकोबी, आक्सफर्ड, १८९५;

(२) **जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति**, शान्तिचन्द्र गणि टीका (ई० १५९५) भूमिका

(३) **कल्पसूत्र**, भद्रबाहु (ल० ३५० ई० पू०) अनु० ह० जैकोबी;

(४) **अंतगडदसाओ** एवं **अनुत्तरोववाइयदसाओ**, अनु० बर्नेट, १९०७.

इस समय तक, कर्म सिद्धान्त वाले ग्रन्थ : **कसाय पाहुड** एवं **षट्खण्डागम, जयधवला** तथा **धवला** टीकाओं सहित प्रकाशित नहीं

---

१ बुले. केल. मेथ० सो०, २७.२, १९२९, पृ० ११५-१४५

हो पाये थे। जब १९३५ में दत्त और सिंह ने "**हिन्दू गणित का इतिहास**" अंग्रेजी में प्रकाशित करवाया, वे पूर्व खोजों में कोई अतिरिक्त सामग्री नहीं जोड़ पाये; तथापि इन लेखकों को प्रतीत हुआ कि जैन आम्नाय का गणित-क्षेत्र मुख्यतः स्थानांग सूत्र (श्लोक ७४७) में प्राप्त एक श्लोक में उल्लिखित है, जिस पर खोज की जानी चाहिये :

'परिकम्मं ववहारो रज्जु रासी कलासवण्णे य।
जावत्तावति वग्गो घणो त तह वग्गवग्गो विकप्पो त ॥'

यहाँ **परिकर्म** (मूलभूत गणित की प्रक्रियाएं), **व्यवहार**, रज्जु (विश्व-लोक माप की इकाई), **राशि** (सेट), **कला सवर्ण** (भिन्न सम्बन्धी कलन), **यावत् तावत्** (सरल समीकरणादि), **वर्ग** (वर्ग समीकरणादि), घन (घनसमीकरणादि), **वर्गवर्ग** (द्विवर्ग समीकरणादि), एवं **विकल्प** (धाराएँ, क्रम, संचय आदि) अनेक पारिभाषिक शब्दों से है जिनमें से कुछ गणितसारसंग्रह में आये हैं। दत्त ने इसी प्रकार के अन्य पारिभाषिक गणितीय शब्द एकत्रित किये थे जो मुख्यतः श्वेताम्बर आम्नाय के ग्रन्थों में से उपलब्ध किये गये।

जब सिंह ने **धवला** टीकाओं (भाग ३ और ४)[1] का अध्ययन किया तो उन्होंने प्रथम तो यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि किसी भी ग्रन्थ में जो गणितीय सामग्री पाई जाती है वह प्रायः ३०० से ४०० वर्ष पूर्व की संरचित होती होगी। उनकी और आगे अभ्युक्ति है, "यद्यपि अनेक जैन गणितज्ञों के नाम ज्ञात हैं उनके ग्रन्थ विलुप्त हो गये हैं। सर्वाधिक पूर्व के **भद्रबाहु** हैं जिनका देहावसान २७८ई० पू० हुआ। कहा जाता है कि उन्होंने दो ज्योतिष सम्बन्धी ग्रन्थ रचे : (i) **सूर्यप्रज्ञप्ति टीका** (ii) **भद्रबाहु संहिता**। इसका उल्लेख **सूर्यप्रज्ञप्ति** की टीका में **मलयगिरि** (लग० ११५०) द्वारा **भट्टोत्पल** (९९६ ई०) द्वारा हुआ है। अन्य जैन ज्योतिषी का नाम सिद्धसेन है जिसका उल्लेख **वराहमिहिर** (५०५ ई०) तथा **भट्टोत्पल** ने किया है। अनेक ग्रन्थों में गणितीय उल्लेख अर्धमागधी तथा प्राकृत में मिलते हैं। **धवला** में ऐसे अनेक उद्धरण पाये गये हैं। इन उद्धरणों पर उपयुक्त स्थान पर विचार किया जायेगा, किन्तु यहाँ स्मरण रखना चाहिये कि जैन विद्वानों द्वारा लिखित ऐसे गणितीय ग्रन्थों का निस्सन्देह रूप से अस्तित्व था जो अब विलुप्त हो गये हैं। **क्षेत्र समास** तथा **करण भावना** नामक ग्रन्थ जैन विद्वानों द्वारा रचित हुए किन्तु अब वे अप्राप्य हैं। जैन गणित सम्बन्धी हमारा ज्ञान जो कि अधूरा है, कुछ ऐसे अगणितीय ग्रन्थों से प्राप्त हुआ है जिनमें **उमास्वाति** का **तत्त्वार्थाधिगमभाष्य**, **सूर्यप्रज्ञप्ति**, **अनुयोगद्वार सूत्र**, **त्रिलोकप्रज्ञप्ति**, **त्रिलोकसार** इत्यादि सम्मिलित हैं। इनमें अब **धवला** को जोड़ा जा सकता है।"[2]

वीरसेनाचार्य ने **धवला** में निम्नलिखित गणितीय अथवा अगणितीय ग्रन्थों से उद्धरण दिये हैं और कुछ उद्धरण ऐसे हैं जिन ग्रन्थों के कर्त्ताओं के नाम अज्ञात हैं :—

कषाय प्राभृत, काल सूत्र, तत्त्वार्थभाष्य, वर्गणा सूत्र, वेदना क्षेत्र विधान, सत्कर्म प्राभृत, सम्मति सूत्र, अप्पाबहुग सुत्त, खुद्दाबंधसुत्त, जीवट्ठाण, तत्वार्थसूत्र, तिलोयपण्णत्ति, परियम्म, पिंडिया, वियाहपण्णत्ति, वेयणा सुत्त, संतकम्म पाहुड, संतसुत्त खेत्तणिओगद्दार, गाहासुत्त (कसाय पाहुड), जीव समास, तिर्यासु बंधसुत्त, दव्वाणि ओगद्दार, पंचत्थि पाहुड, संताणि ओगद्दार, उच्चारण, काल विहाण, कालाणि ओगद्दार, निक्षेपाचार्य प्ररूपित गाथा, प्रदेश बंध सूत्र, प्रदेश विरचित अर्थाधिकार, बंधसूत्र, महाकर्म प्रकृति प्राभृत, महाबंध, काल निर्देश सूत्र, चूर्णिसूत्र, खण्डग्रन्थ, भावविधान, मूलतंत्र, योनि प्राभृत, सिद्धि विनिश्चय, बाहिर वग्गणा, वेयणा सुत्त, पोत्थिय, कर्मप्रवाद, सूत्र विशेष, इत्यादि।

नेमिचंद्र सिद्धान्त चक्रवर्ती ने **त्रिलोकसार** में **वृहद्धारा परिकर्म** का उल्लेख किया है जो अब अप्राप्य है। इसी प्रकार **तिलोय पण्णत्ति** में ग्रहों का गमन विवरण का उस समय कालवश नष्ट होना बताया गया है। हो सकता है कि **पंचवर्षीय युग पद्धति** जैसी ही वह **अनेक वर्षीय युग पद्धति** में बांधा गया हो, जो **आर्यभट काल** से प्रकट होती देखी गयी है।

सूर्य प्रज्ञप्ति भाग (१) में **मुनि घासीलाल** ने पृ० ८९ में कुछ गाथाओं के विलुप्त होने से अर्थ निकालने में कठिनाई का अनुभव किया है।[3] यहाँ क्या एपिसाइकिल का सिद्धान्त शोधन हेतु १२४ तथा १४४ संख्याओं का किस तरह उपयोग हुआ है वह अत्यंत महत्वपूर्ण है।

५. वैदिक संस्कृति में भूगोल, ज्योतिष एवं खगोल आदि संबंधी गणित

भारत में मुख्यतः दो संस्कृतियों की चर्चा आती है—**वैदिक संस्कृति** और **श्रमण संस्कृति**। **वैदिक संस्कृति** का दर्पण **वेद** एवं **उपनिषद हैं** जिनमें हमें देखना है कि गणित का क्या स्वरूप था। यह साहित्य कब रचा गया, इस पर मत पूर्वीय एवं पाश्चात्य विद्वानों में अलग-अलग हैं। प्राचीनतम उपलब्ध वेद, जो सिंह के अनुसार ३००० ई० पू० अथवा संभवतः इससे अधिक प्राचीन[4]

---

१ **मेथमेटिक्स ऑफ धवला, षड्०** iv, १९४२, पृ० i—xxiv

२. देखिये **वही** पृ० iii

३ श्री **सूर्यप्रज्ञप्ति**, प्रथम भाग, अहमदाबाद, १९८१

४ **हिन्दू गणितशास्त्र का इतिहास**, भाग १, लखनऊ, १९५६, पृ० १।

है विशेषकर देवताओं के गुणगान, वंदना-मात्र हैं, उच्च सभ्यता के द्योतक हैं। **वेदों** के बाद का **ब्राह्मण साहित्य** (लगभग २०००-१००० ई० पू० ?) अंशतः धार्मिक और अंशतः दार्शनिक है। इन्हीं ग्रन्थों में ही **अंकगणित, क्षेत्रगणित** और **बीजगणित** आदि तथा **गणित ज्योतिष** का प्रारम्भ मिलता है। इसके पश्चात् **बौद्ध** एवं **जैन संस्कृतियों** का साहित्य स्पष्ट रूप से अहिंसा-क्रांति का रूप लेकर एवं नयी चेतना का स्वरूप लेकर प्रकाश में आया। इनमें जैन संस्कृति में गणित ने अत्यन्त सुन्दर एवं गहरी भूमिका अदा की तथा सृष्टि रचना, ज्योतिष एवं कर्म सिद्धान्त की जड़ों को सबल, पुष्ट एवं गहरा बनाने की श्रेयस्कर भूमिका निभाई।

डा० ए० के० बाग ने अपने ग्रन्थ[1] में गणित विकास के व्यवस्थित अध्ययन हेतु उसे प्राचीन भारत के वैदिक युग (लगभग १५०० ई० पू० से २०० ई० पू०) तथा पश्च-वैदिक युग (लगभग २०० ई० पू० से ४०० ई० प०) की अनुवर्ती अवस्थाओं में विभाजित किया है। उन्होंने वैदिक युग में गणितीय ज्ञान के उद्गम के सम्बन्ध में व्यक्त किया है—"About two thousand years before the Christian era, the Indus Valley was invaded by an Aryan race. Following this, an about 1500 B. C., a crude civilisation known as the Vedic civilisation began to emerge in India."

वैदिक सभ्यता का विकास चार प्रक्रमों में हुआ (१) **संहिता** (ऋक्, साम, यजुर् एवं अथर्वन्,) (२) **ब्राह्मण** (आध्यात्मिक एवं धार्मिक ग्रन्थ) (३) **आरण्यक** (जो ब्राह्मण ग्रन्थों के आधिभौतिकीय परिशिष्ट रूप में थे), और **उपनिषद** (दार्शनिक ग्रन्थ) तथा (४) **वेदांगों** का अंतिम प्रक्रम।

वैदिक युग के प्रथम तीन प्रक्रमों में जो साहित्य है उसमें **गणितीय विचार** संबंधी सूचना **अत्यल्प** है। इस प्रकार डा० बाग के अनुसार **वेदांग साहित्य** जो सम्पूर्ण सूत्र साहित्य के रूप में जाना जाता है। यहाँ सूत्र शब्द गम्भीरता से लिया गया है। यह **वेदांग साहित्य** ६ प्रकार का है : (१) **शिक्षा** (२) **कल्प** (यज्ञादि-नियम) (३) **व्याकरण** (४) **निरुक्त** (५) **छंद** (६) **ज्योतिष**।

इस सूत्र साहित्य के आलोचनात्मक गणितीय ज्ञान से यह मानना पड़ सकता है कि इससे भी पूर्व युग में गणितीय ग्रन्थ रहे होंगे जो विलुप्त हो गये। सात **शुल्बकार : आपस्तम्ब, कात्यायन, मानव, मैत्रायन, बाराह** एवं **हिरण्यकेशी**, विख्यात हैं, जिन्होंने वैदिक बलि वेदियों की रचना संबंधी विभिन्न प्रश्नों के हल दिये हैं।[2] यह रेखागणित का स्वरूप था। सबसे पूर्व के **बौद्धायन शुल्बकार** ने **पिथेगोरस** के **साध्य** का प्रतिज्ञापन किया है। यहाँ $\sqrt{२}$ का मान दशमलव के पाँच अंकों तक निकाला गया है। इनके पश्चात् जैन जाति का उदय ई० पू० ५००-३०० के लगभग होता है।

वेदांग ज्योतिष के गणित के संबंध में तीन बार संशोधन (recensions) जो **आर्च ज्योतिष, याजुष ज्योतिष** और **अथर्व-ज्योतिष** कहलाए और उनका गणित वैदिक गणित के उद्गम रूप में माना जा सकता है। **आधुनिक विद्वान साधारणतः वेदांग ज्योतिष को २०० ई० पू० का मानते हैं।**[3]

वैदिक भारत में संख्याओं की गिनती **दसार्हा पद्धति** के आधार पर मानी जाती है। **यजुर्वेद संहिता, तैत्तरीय संहिता, मैत्रायणी संहिता** आदि में दश, शत, सहस्र, अयुत ($१०^४$), नियुत ($१०^५$) आदि संख्याएँ आई हैं। एकादश, सप्तविंशति, आदि संयुक्त शब्दों द्वारा संख्याओं को प्ररूपित किया जाता रहा।[4] इन्हें शुल्ब सूत्र तथा बाद के ग्रन्थों में भी समझाया जाता रहा। **आपस्तम्ब शुल्ब** में ९७२ को **अष्टविंशत्यूनम् सहस्रं** अर्थात् १०००—२८ रूप में व्यक्त किया गया।

तैत्तरीय संहिता (७.२.१२-१३) में विषम, सम संख्याओं का विभाजन प्रकट हुआ। भिन्नों का उल्लेख अर्द्ध, पाद, सफ और कला के रूप में क्रमश : $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{4}$, $\frac{1}{8}$, $\frac{1}{16}$, के रूप में वैदिक साहित्य में मिलता है।[5] शुल्बों में भी $\frac{1}{8}$, $\frac{1}{10}$, आदि भिन्नात्मक संख्याएं मिलती हैं।[6] इस प्रकार शुल्बकारों को चार परिकर्म एवं भिन्न का प्रारंभिक रूप ज्ञात था। **शत्पथ ब्राह्मण, तैत्तरीय ब्राह्मण, छांदोग्य उपनिषद, वेदांग ज्योतिष** आदि में संख्याओं को दसार्हा पद्धति पर आधारित शब्दों के द्वारा व्यक्त किया है।

वैदिक हिन्दुओं की प्रमुख धार्मिक प्रथा **बलि** थी जिसके लिए उपयुक्त समय निकालने हेतु ज्योतिष विकसित होना माना जाता है। वैदिक वेदियाँ मुख्यतः **आहवनीय, गार्हपत्य, दक्षिनाग्नि महावेदी, सौत्रमणि, प्राग्वंश, श्येनसित, वक्रपक्ष, व्यस्तपुच्छ, श्येन, कंक, अलज, प्रौग** आदि रूपों में विकसित की गई थीं। तदनुसार उनकी रचना आदि की पूर्ण व्यवस्था **शुल्बकार** किया करते थे।

---

१ **Mathematics in Ancient and Medieval India,** चौखम्भा ओरियण्टकिया, वाराणसी, कोर्स-१६, पृ० ३ आदि।

२ विशेष अध्ययन हेतु देखिए, Sen, S. N. and Bag, A. K., **"The Shulbasutras"** INSA, New-Delhi, 1983.

३ देखिये, बाग, ए. के., **वही,** पृ० ७

४ **यजुर्वेद संहिता,** (१७·२); **तैत्तरीय संहिता,** (४·४०, ११·४); आदि; **आपस्तम्ब शुल्ब.** (५·७)

५ दत्त एवं सिंह, **हिन्दू गणितशास्त्र का इतिहास,** भाग १, पृ० १८५, मोतीलाल बनारसीदास, लाहोर, १९३५, (अंग्रेजी)

६ दत्त, बि०, **दा साइंस ऑफ शुल्ब, कलकत्ता** वि० वि०, पृ० २१२, १९३२.

इनके लिये यंत्र, माप की इकाइयां तथा ईंटों की आवश्यकता होती थी। इनमें **शंकु, वंशदंड, रज्जु** इत्यादि यंत्ररूप में तथा **अंगुल, पद, अरत्नी, व्यायाम** आदि इकाइयाँ होती थीं। विभिन्न वेदियों के आकार **वर्ग, वृत्त, अर्द्धवृत्त, समलम्ब चतुर्भुज, आयत, पक्षी, (वर्गाकार** शरीरादि रूपों में) **त्रिभुज, विषम कोण चतुर्भुज, कछुवा** आदि रूपों वाला होता था। छाया द्वारा कृत्तिका तारे की दिशा निकाली जाती थी। इस प्रकार **शुल्बसूत्रों में पिथेगोरस का साध्य, सम आकृतियों के गुण, वृत्तवर्गणा, समकोण त्रिभुज की रचना और क्षेत्रफलों की** गणना होती थीं।

सूचि इकाइयाँ उनमें निम्न प्रकार थी :[1]

१ अंगुल = २४ अणु = ३४ तिल ;

१ क्षुद्रपद = १० अगुल ; १ पद = १५ अंगुल, १ प्रक्रम = २ पद = ३० अंगुल ;

१ अरत्नी = २ प्रदेश = २४ अंगुल ; १ पुरुष = १ व्याम = ५ अरत्नी = १२० अंगुल;

१ व्यायाम = ४ अरत्नी = ९६ अंगुल ; १ प्रथा = १३ अंगुल ; १ बाहु = ३६ अंगुल,

१ जानु = ३० या ३२ अंगुल ; १ दूण = १०८ अंगुल ; १ अक्ष = १०४ अंगुल ;

१ युग = ८८ अंगुल ; १ शम्या = ३६ अंगुल ; १ अंगुल = $\frac{3}{4}$ इंच (अनुमानतः)

इनसे **क्षेत्रफल** और **घनफल** भी निकाले जाते थे। रचना के सिवाय रूपांतरण संबंधी नियम भी उन्हें ज्ञात थे। उन्होंने ज्यामितीय पारिभाषिक शब्दावली भी बनाई थी, यथा **अक्ष** = विकर्ण, **अंत** = मिथच्छेदन बिंदु, **भूमि** = क्षेत्रफल, **कर्ण** = कोण, **करणी** = रैखिक आकृति की भुजा या वर्गमूल, **दिकरणी** = वर्ग का कर्ण तथा $\sqrt{२}$ इत्यादि। इनसे बीजगणित समीकरण बने।

शुल्ब सूत्र युग के पश्चात् १९वीं सदी तक इन सूत्रों का कहीं कोई उल्लेख नहीं मिलता और वे निरुपयुक्त रहे। उनमें वर्ग समीकरणों का रूप कुछ इस प्रकार था : **महावेदी के क्षेत्र** को म एकक बढ़ाने के लिए अज्ञात भुजा क्ष मानने पर य का मान निम्नलिखित होता था। यहाँ आधार ३०, भुजा २४, ऊँचाई ३६ एकक वाली महावेदी हेतु, जिसका आकार समद्विबाहु समलम्ब चतुर्भुज था।

$$३६ य \times \frac{(२४ य + ३० य)}{२}$$

$$= ३६ \times \frac{२४ + ३०}{२} + म$$

या, $९७२ य^2 = ९७२ + म$,

या, $$य = \pm\sqrt{१ + \frac{म}{९७२}}$$

इसी प्रकार अनिर्धारित समीकरण भी वेदियों की रचना में प्रयुक्त होते थे यथा $क^2 + ख^2 = ग^2$ जहाँ तीनों, अथवा दो अज्ञात हैं।

साथ ही अक + बख + सग + दघ = प
और क + ख + ग + घ = फ

यहाँ क, ख, ग और घ अज्ञात हैं।

जहाँ तक **वेदांग ज्योतिष** का गणित है, उसकी प्रणाली और जैन प्रणाली में विशेष भेद हैं जिन्हें पूर्व में बतलाया जा चुका है। **ऋग्वेद ज्योतिष** के संग्रहकर्ता **लगध** नाम ऋषि माने जाते हैं जिन्होंने किसी स्वतन्त्र ज्योतिषग्रन्थ के आधार पर यज्ञ की सुविधा हेतु उसे संग्रहीत किया जो काबुल के आस पास रचित हुआ माना जाता है। इसमें ३६ कारिकाएँ हैं। यजुर्वेद ज्योतिष में ४९ कारिकाएँ हैं और **अथर्व ज्योतिष में** १६२ श्लोक हैं। नेमिचन्द्र शास्त्री लिखते हैं—[2]

"आलोचनात्मक दृष्टि से वेदांग ज्योतिष में प्रतिपादित ज्योतिष मान्यताओं को देखने से ज्ञात होगा कि वे इतनी अविकसित और आदि रूप में हैं जिससे उनकी समीक्षा करना दुष्कर है।"

डा० जे० बर्गेस ने 'नोट्स आन हिंदू एस्ट्रानामी' नामक पुस्तक में वेदांग ज्योतिष के अयन, नक्षत्र गणना, लग्नसाधन आदि विषयों की आलोचना करते हुए लिखा है कि 'ईस्वी सन् से कुछ शताब्दीपूर्व प्रचलित उक्त विषयों के सिद्धान्त स्थूल हैं। आकाश-निरीक्षण की प्रणाली का आविष्कार इस समय तक हुआ प्रतीत नहीं होता है; लेकिन इस कथन के साथ इतना स्मरण और रखना होगा कि वेदांग-ज्योतिष की रचना यज्ञ-यागादि के समय-विधान के लिए ही हुई थी, ज्योतिष-तत्त्वों के प्रतिपादन के लिए नहीं।" पुनः उन्होंने लिखा है—[3]

"ऋक् ज्योतिष के रचना काल तक ग्रह और राशियों का स्पष्ट व्यवहार नहीं होता था। इस ग्रन्थ में नक्षत्रोदय रूप लग्न का उल्लेख अवश्य है, पर उसका फल आजकल के समान नहीं बताया गया है। यदि गणित ज्योतिष की दृष्टि से ऋक् ज्योतिष को परखा जाय तो निराश ही होना पड़ेगा, क्योंकि उसमें गणित ज्योतिष की कोई भी महत्वपूर्ण बात नहीं है।

१. देखिये, बाग, ए. के., वही, पृ० ११४. २ **भारतीय ज्योतिष**, पृ० ७९-८० ३ **वही**, पृ० ८८।

सिर्फ यही कहा जा सकेगा कि यज्ञ-यागादि के समयज्ञान के लिए नक्षत्र, पर्व, अयन आदि का विधान बताया गया है।"

इसी प्रकार **यजुर्वेदज्योतिष** प्रायः **ऋक् ज्योतिष** से मिलता जुलता है। विषय के प्रतिपादन में कोई विशेष भेद नहीं है। **अथर्वज्योतिष** को ज्योतिष का स्वतन्त्र ग्रन्थ कहा जा सकता है जिसमें फलित ज्योतिष प्रधान है।

कल्प, सूत्र, निरुक्त और **व्याकरण** में ज्योतिष चर्चा मिलती है। **बौद्धायन** सूत्र में "**मीनमेषयोर्मेषवृषभयोर्वसन्तः**" लिखा है जिससे ज्ञात होता है इन सूत्र ग्रन्थों के समय में **राशियों** का प्रचार भारत में था। **निरुक्त** में दिनरात्रि, पक्ष, अयन का वर्णन है तथा युग पद्धति की मीमांसा मिलती है। **याज्ञवल्क्य स्मृति में** क्रान्तिवृत्त के १२ भागों के कथन से मेषादि १२ **राशियों** का प्रमाण सिद्ध होता है। इसी प्रकार **महाभारत** में ज्योतिष शास्त्र की अनेक चर्चाएँ मिलती हैं।

ई० १०० के लगभग जो स्वतन्त्र ज्योतिष ग्रन्थ लिखे गये उनकी चर्चा **वराहमिहिर** ने **पंच सिद्धान्तिका** में की है। ये ५ सिद्धान्त क्रमशः **पितामह, वसिष्ठ, रोमक, पौलिश** और **सूर्य** है। थीबो की **पंच सिद्धान्तिका** भूमिका के अनुसार **पितामह सिद्धान्त सूर्य प्रज्ञप्ति** के समान प्राचीन है। इसे ब्रह्मगुप्त और भास्कर ने आधार माना है। इससे **वसिष्ठ सिद्धान्त** संशोधित एवं परिवर्धित रूप में है जिसमें केवल १२ श्लोक हैं। वर्तमान **लघु वसिष्ठ सिद्धान्त** ९४ श्लोक वाला है। इसका गणित परिमार्जित और विकसित है।

लाटदेव का **रोमक सिद्धान्त** ग्रीक-सिद्धान्तों के आधार पर बनाया गया बतलाते हैं जिसमें यवनपुर के मध्याह्नकालीन सिद्ध किये गये **अहर्गण** हैं। थीबो नहीं मानते कि मूलतः इसे **श्रीषेण** ने रचा। इसका गणित स्थूल है और वह सम्भवतः ई० १००-२०० का हो सकता है। फिर भी इससे **युग पद्धति** के निर्माण की शुरुआत कही जा सकती है। **सैद्धान्तिक विवरण** इसमें निम्नलिखित रूप में है :[1] **आर्या** में **चन्द्र साधन विधि** अशुद्ध है।

महा युगान्त	४३२०००० **वर्षों का; युगान्त** (२८५० **वर्षों का**)	
नक्षत्र भ्रम	१५८२१८५६००	१०४३८०३
रविभ्रम	४३२००००	२८५०
सावन दिवस	१५७७८६५६४०	१०४०९५३
चन्द्रभगण	$५७७५१५७८\frac{१८}{१९}$	३८१००
चन्द्रोच्चभगण	$४८८२५८\frac{१३७०८}{५७५८९}$	$३२२\frac{२२८}{३०३१}$
चंद्रपातभगण	$२३२१६५\frac{१०९०८५}{१६३१११}$	$१५३\frac{२६८८९}{१६३१११}$
सौर मास	५१८४००००	३४२००
अधिमास	$१५९१५७८\frac{१८}{१९}$	१०५०
चन्द्रमास	$५३४३१५७८\frac{१८}{१९}$	३५२५०
तिथि	$१६०२९४७३६८\frac{८}{१९}$	१०५७५००
तिथिक्षय	$२५०८१७६८\frac{८}{१९}$	१६५४७

थीबो के अनुसार उपरोक्त ई० ४०० के लगभग रचित हुए।

पौलिश सिद्धान्त का ग्रह गणित भी अंकों द्वारा स्थूल रीति से निकाल गया है। **अलबेरूनी** के अनुसार यूनानी सिद्धान्तों के अनुसार इसकी रचना हुई। किन्तु कर्ब ने इसका खंडन किया है। **सूर्य सिद्धान्त** में युगादि से **अहर्गण** लाकर **मध्यम ग्रह** सिद्ध किये गये हैं। आगे संस्कार देकर **स्पष्टग्रह विधि** प्रतिपादित की है। ग्रहगमन परिधि के अनुसार सिद्ध किये गये हैं जिससे ग्रहों की **योजनात्मक** और **कलात्मक** गतियाँ प्रमाणित हो जाती हैं। इस ग्रन्थ में **मध्यम, स्पष्ट, त्रिप्रश्न, चन्द्रग्रहण, सूर्यग्रहण, परलेख, ग्रहयुति, नक्षत्रग्रहयुति, उदयअस्त, श्रृंगोन्नति, पात अधिकार** तथा **भूगोल** अध्याय दिये गये हैं।

पंच सिद्धान्तों के सिवाय **नारद संहिता, गर्ग संहिता** आदि और ग्रन्थ भी हैं। **पाराशर** द्वारा भी फलित ज्योतिष का **बृहत्पाराशर होराशास्त्र** प्रसिद्ध है।[2]

६. बौद्ध संस्कृति में भूगोल, ज्योतिष एवं खगोलादि सम्बन्धी गणित

ज्ञात हुआ है कि **वेदांग ज्योतिष** के स्तर पर गणित-ज्योतिष सम्बन्धी बौद्ध ग्रन्थ **शार्दूलकरण-अवदान** है। गणित-ज्योतिष का ऐसा विवरण चीनी बौद्ध ग्रन्थों में है जिनमें इस ग्रन्थ के दो

---

१ देखिए—**वही**, पृ० १००।

२ विशेष विवरण हेतु देखिए, शंकर बालकृष्ण दीक्षित, **भारतीय ज्योतिष** (अनु० शि० झारखण्डी) लखनऊ, १९७५।

अनुवाद भी सम्मिलित हैं। इसके पश्चात् के ग्रन्थ तिब्बती तान्त्रिक ग्रन्थ हैं जिनके नाम **कालचक्र-तन्त्र** (ल० १०वीं सदी) और उसकी टीका **विमलप्रभा** हैं।

बौद्ध मतानुसार लोकवर्णन आ० **वसुबन्धु** के **अभिधर्मकोश** में मिलता है।[1] इसमें इकाइयाँ योजन और कल्प के विभाजन रूप हैं।

क्षेत्रमाप इस ग्रन्थ में निम्न प्रकार हैं।

७ परमाणु = १ अणु;	७ अणु = १ लौहरज;
७ लौहरज = १ जलरज;	७ जलरज = १ शशरज;
७ शशरज = १ मेषरज;	७ मेषरज = १ गोरज;
७ गोरज = १ छिद्ररज;	७ छिद्ररज = १ लिक्षा;
७ लिक्षा = १ यव;	७ यव = १ अंगुलीपर्व;
२४ अंगुलीपर्व = १ हस्त;	४ हस्त = १ धनुष;
५०० धनुष = १ कोश;	८ कोश = १ योजन

कालमाप निम्न प्रकार है :[2]

१२० क्षण = १ तत्क्षण; ६० तत्क्षण = १ लव; ३० लव = १ मुहूर्त; ६० मुहूर्त = १ अहोरात्रि; ३० अहोरात्रि = १ मास; १२ मास + ऊन रात्र = १ वर्ष या संवत्सर। इसके अनुसार लोक धातु अनन्त हैं (वही, पृ० ४१३)।

यहाँ **कल्प** का भी विचार किया गया है।[3] (१) **संवर्तकल्प** (२) **विवर्त कल्प** (३) **अन्तर कल्प**। अस्सी अन्तःकल्पों का एक **महाकल्प** होता है। इनका विवरण थोड़ा जैन **उत्सर्पिणी अवसर्पिणी काल** से तुलनीय है।

जहाँ तक संकेतना दाशमिक के प्रक्रमों का विवरण है इसके सम्बन्ध में बी० एल० वान्डर वाएर्डेन का मत[4] उल्लेखनीय है, "In this manner Buddha continues through 23 stages. According to an arithmetic book, koti is a hundred times one hundred thousand (sata sata sahassa), so that the largest number mentioned by Buddha is $10^7 . 10^{46} = 10^{53}$. But in most arithmetics, these same words ayuta and niyuta have other values, viz. 10^4 and 10^5.

But Buddha has not yet reached the end : This is only the first series, he says. Beyond this there are 8 other series.

It is clear that these numerals were never used for actual counting or for calculations. They are pure fantasies which, like Indian towers, were constructed in stages to dazzling heights."

इस प्रकार बौद्ध ग्रन्थों में बड़ी संख्याओं का गणनादि में उपयोग नहीं हुआ। उपरोक्त अभ्युक्ति बौद्ध ग्रन्थ ललित विस्तर (प्रथम शताब्दी ई० पू०), से गणितज्ञ **अर्जुन** और राजकुमार **गौतम** (बोधिसत्व) के संवाद में अवतरित अनेक संकेतनास्थानों तक जाने वाली संख्याओं के सम्बन्ध में है। किन्तु वाएर्डेन के अनुसार वही शब्द दूसरी संख्याओं को भी दिखलाता है। कोटि गुणोत्तर संज्ञाओं के पश्चात् बिन्दु, अब्बुद, निरब्बुद, अहह, अबब, अतत, सोगंधिक, उप्पल, कुमुद, पुण्डरीक, पदुम, कथान, महाकथान, और असंख्येय बनती हैं—किन्तु उनका दर्शनादि में कहीं कोई उपयोग न होने से वे शुद्ध कल्पनाएँ रूप, वाएर्डेन की दृष्टि में हैं।

बौद्धों ने **गणित ज्योतिष** पर अधिक रुचि नहीं दिखलाई, जिसका कारण बोसादि ने निम्न प्रकार बतलाया है।[6] "The Buddhists did not evince much interest in astronomy due probably to the degeneration in their time of astronomy into astrology, and to the difficulty of distinguishing between the two. We find in their literature the term nakshatra-pathaka (a reader of stars) which refers both to an astronomer and an astrologer. Buddha referred to astronomy and astrology as low forms of arts (tiracchanavijja) and advised Buddhist monks to refrain from the study of astronomy. This opinion, however, was modified later on and the bhikshus dwelling in the woods were advised to learn the elements of astronomy."

उपरोक्त विवरण केवल भारत में प्राप्य बौद्ध साहित्य पर आधारित है। **बौद्ध संस्कृति** में भारत में जो गणित के अंशदान हुए हों ऐसा भारत में उपलब्ध साहित्य में दृष्टिगत नहीं होता। भारत से बाहर अन्य देशों में **बौद्ध संस्कृति** में क्या विकास हुआ यह कठिन तो है किन्तु ज्ञात किया जा सकता है। इस संबन्ध में

---

१ **अभिधर्मकोश**, लेखक आ. वसुबन्धु, **अनु.** आचार्य नरेन्द्रदेव, प्र. हिन्दुस्तानी अकादमी, इलाहाबाद; सन् १९५८।
२ **वही**, ३.८८-८९। ३ **वही**, ३,८९-१०१।
४ **Science Awakening**, हालेण्ड, (अं. अनु.) १९४५, पृ० ५२।
६ देखिए, Bose, D. M., Sen, S. N. and Subbarayappa, **A Concise History of Science in India**, New Delhi, 1971, p. 60.

नीधम एवं लिंग का ग्रन्थ दृष्टव्य है।[1] इसमें मुख्यतः चीन से सम्बन्धित विवरण प्राप्य है। शेष आसपास के देशों में जहाँ बौद्ध भिक्षु भारत से पहुँचे, संभव है वहाँ के देशवासियों ने बाद में उत्तरोत्तर विकास किया हो।

७. जैन संस्कृति में भूगोल, ज्योतिष एवं खगोलादि संबन्धी गणित

जैन आगम का सिंहावलोकन :

डा० हीरालाल जैन ने पारम्परिक एवं आगमिक ज्ञान का वर्द्धमान महावीर से पूर्व के अस्तित्व का अवलोकन श्रमणों की सांस्कृतिक परम्परा में किया है।[2] परम्परा को भाषा या विचारों के शब्दों द्वारा द्रव्यश्रुत एवं भावश्रुत रूप में निरन्तर प्रचलित किया जा सकता है। अनुमानतः "**कथित पूर्व**" प्राचीन श्रमण परम्परा का साहित्य रहा होगा। इस परम्परा में तीर्थंकर **ऋषभनाथ** (वैदिक ऋषभ ?), **नेमिनाथ**, (वैदिक अरिष्टनेमि), एवं **पार्श्वनाथ** विख्यात हैं। ईसा से कुछ हजार वर्ष पहले उदित बेबिलनीय, मिस्र देशीय, एवं चीनी सभ्यताओं में प्राप्त गणितीय सूत्रों का प्रयोग जैन संस्कृति में विकसित कर्म सिद्धान्त एवं विश्व संरचना में तुलनीय हैं।[3]

जैनागम के **चौवह पूर्व** आगम के बारहवें अंग के विभाजन रूप थे। जैनागम साहित्य बारह अंगों में रचित हुआ। इसमें से बारहवें अंग में पाँच परिकर्म (**चन्द्र प्रज्ञप्ति, सूर्य प्रज्ञप्ति, जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति और व्याख्या प्रज्ञप्ति**) **सूत्र, प्रथमानुयोग, चौदहपूर्वगत** एवं **पाँच चूलिकाएँ हैं। जैन वर्णमाला में** ६४ अक्षर होते हैं जिनमें ३३ व्यंजन, २७ स्वर, और ४ सहायक होते हैं। इनसे $(२)^{६४}$ संचय अथवा १८४,४६ ७४,४०,७३,७०, ९५,५१,६१५ संयोगी अक्षर बनते हैं जो सम्पूर्ण श्रुत रचना करते हैं। जब इसे मध्यम पद के अक्षरों की संख्या १६,३४८, ३०७,८८८ से विभाजित किया जाता है तो जैन आगम के पदों की संख्या ११,२८३,५८,००५ प्राप्त होती है। शेष ८०,१०८,१७५ श्रुत के उस भाग के अक्षरों की संख्या होती है जो अंगों में सम्मिलित नहीं हैं। उसे अंगबाह्य कहते हैं। इसे चौदह प्रकीर्णकों में विभाजित किया गया है।

इस प्रकार श्रुत या तो **अक्षरात्मक** अथवा **अनक्षरात्मक** होता है। **अनक्षरात्मक** श्रुत के असंख्यात विभाग होते हैं जो असंख्यात लोक (प्रदेश बिन्दु राशि) रूप होते हैं।[4]

ज्ञात है कि **श्रुतकेवली भद्रबाहु** (लग० ४थी सदी ई० पू०) तक आगम का ज्ञान श्रुत रूप में पारम्परिक रूप से दिया जाता रहा, सुनकर स्मृति में संरक्षित किया जाता रहा।

उनके पश्चात् बारह वर्ष का लगातार दुर्भिक्ष पड़ने के पश्चात् जैन संस्कृति साहित्य को **श्वेताम्बर** एवं **दिगम्बर** आम्नाय में पनपने का अवसर मिला।

कतिपय गणितीय शब्द

बिभूतिभूषण दत्त ने जैन आम्नाय के कुछ गणितीय शब्दों को एकत्रित कर उन्हें समझाने का प्रयत्न किया था।[5] उस समय तक जैन ग्रन्थों में गुंथी हुई गणित की यथासंभव भावना तक पहुँच न हो सकी थी क्योंकि अनेक ग्रन्थ प्रकाश में नहीं आए थे। अब इन पारिभाषिक शब्दों को पुनः अवलोकितकर उनके उपयोग पर एक नयी दृष्टि संभव हो सकेगी।

परिकर्म (प्रा० परिकम्म) :

कहा जाता है कि **कुन्दकुन्दाचार्य** (ई० ३री सदी ?) ने प्राकृत भाषा में षट्खण्डागम के प्रथम तीन भागों पर **परिकर्म** नाम की बारह हजार श्लोकों में कुन्दकुन्दपुर में रचना की थी। **वीरसेनाचार्य** द्वारा भी **परिकर्म** ग्रन्थ के उल्लेख कई प्रसंगों में **धवला** टीका में आए हैं। **परिकम्म का** अर्थ विशेष प्रकार का गणित भी होता है, अथवा किसी प्रकार की गणना (संख्यान) भी होता है। (परि = चारों ओर, कम्म = कर्म अथवा प्रक्रिया)।

महावीराचार्य ने **परिकर्म व्यवहार** शब्द का उपयोग एक गणित अध्याय के लिये किया है।[6] उस समय **परिकम्म का** अर्थ आठ प्रकार की गणितीय प्रक्रियाओं के लिए होता था—**प्रत्युत्पन्न** (गुणन), **भागहार, वर्ग, वर्गमूल, घन, घनमूल, संकलित,** तथा **व्युत्कलित**। इस प्रकार हिन्दू गणित की मूलभूत प्रक्रियाएँ **वर्ग** एवं **घन, परिकर्म** में सम्मिलित हैं। **चूर्णि** में **परिकर्म** का अर्थ, गणित की वे मूलभूत क्रियाएँ हैं जो विज्ञान के **शेष** और वास्त-

---

१. Needham, J., and Ling, W., **Science and Civilization in China,** vol. 3, Cambridge, 1953.
२. **भारतीय संस्कृति में जैनधर्म का योगदान**, भोपाल, १९६२, पृ० ५१.
३. ग० सा० सं०, भूमिका।
४. **गो० सा० क०** श्लोक ३१६, इत्यादि।
५. बुले० केल० मेथ० सो० (१९२९), उल्लिखित।
६. **ग० सा० सं०**, पृ० ९, ३५

विक अध्यायों के अध्ययन हेतु विद्यार्थी को कुशल बना सकें। उसमें परिकर्म में सोलह प्रक्रियाओं का मूलभूत रूप में समावेश किया गया है। **ब्रह्मगुप्त** ने इन्हें बीस प्रक्रियाओं में दिया है, जो सभी उपर्युक्त आठ मूलभूत प्रक्रियाओं के अन्तर्गत आ जाती हैं। इस प्रकार **परिकर्म** का अर्थ का प्रयोग **करणानुयोग** एवं **द्रव्यानुयोग** में होता था। बारहवें अंग **दृष्टिवाद** के पाँच विभागों में से **परिकर्म** भी एक है। पंडित **टोडरमल** ने **परिकर्माष्टक** गणित का पूर्ण विवरण **गोम्मटसार जीवकाण्ड** के पूर्व परिचय में दिया है।[1] इनमें शून्य से संबन्धित **परिकर्माष्टक** की प्रक्रियाएँ भी हैं।

द्रव्य के गुण विशेष का जो परिणमन किया जाता है इसे भी **परिकर्म** कहा गया है। जिस ग्रन्थ में गणित विषयक करण सूत्र उपलब्ध होते हैं उसे भी **परिकर्म** कहते हैं। चन्द्रग्रहण आदि के नियत काल से पूर्व ही जान लेने को **परिकर्म** विषयक **कालोपक्रम** कहते हैं। इसी प्रकार **परिकर्म क्षेत्रोपक्रम** आदि को भी परिभाषित किया जाता है।[2]

राशि (प्रा० रासि)

गणित इतिहास में इस शब्द पर ध्यान नहीं दिया गया। **राशि सिद्धान्त** को आज का सेट थ्योरी कह सकते हैं जो विश्व भर में गणित का आधारभूत विषय है। राशि सिद्धान्त का महत्व इसलिए और भी अधिक बढ़ा है कि उसका उपयोग आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक, यांत्रिकी एवं कला आदि में हुआ है। जार्ज कैण्टर (१८४५-१९१८ ई०) आधुनिक **राशि सिद्धान्त** के मौलिक जन्मदाता माने जाते हैं।

षट्खंडागम में राशि के पर्यायवाची शब्द समूह, **ओघ, पुञ्ज, वृन्द, सम्पात, समुदाय, पिण्ड, अवशेष, अभिन्न**, तथा **सामान्य** हैं।[3] **धवला** में इस शब्द का अत्यधिक उपयोग हुआ है। **छांदोग्य उपनिषद** में एक विज्ञान राशि विद्या भी है। **राशि** शब्द के उपयोग के बाद **त्रैराशिक** एवं **पंचराशिक** आदि रूप में गणित आया।

अभिधान राजेन्द्र कोष में **राशि** का प्रयोग **समूह, ओघ, पुंज, सामान्य वस्तुओं का संग्रह, वर्ग, शालि, धान्य राशि, जीवाजीव राशि, संस्थान राशि**, आदि रूप में बतलाया गया है। **तिलोय पण्णत्ति** में भी, **दोण्पडि राशियम्, सलाय रासिदो, उपण्ण रासिम्, असंखेज्ज रासिदो, तेउक्काइय रासि**, ध्रुव **रासि, जोदिसिय जीवरासि, रिण रासिस्स** आदि वर्णित है। **ध्रुव राशि** के गणितीय उपयोग **सूर्य प्रज्ञप्ति** प्रभृति ग्रन्थों में तथा **धवला** टीका में भी हुए हैं। हो सकता है, **युग पद्धतिका** सिद्धान्त ज्योतिष में विकास **ध्रुवराशि** के आधार पर किया गया हो। **षट्खंडागम** में भी निम्नलिखित शब्दों से उक्त राशियाँ ध्वनित होती हैं। **मिच्छाइट्ठी, अणंत, कोडि पुधत्तं, अभव सिद्धिया, सव्व लोगे, अन्तोमुहुत्तं, वग्गणा, फड्डयम्, समयपबद्ध, सागरोवमाणि** आदि। इस प्रकार उद्गम सामग्री में विश्वसंरचना तथा दर्शन विषयक राशियों का गहरा अध्ययन आवश्यक है।

जैन आगम में **अस्तित्व वाली राशियाँ हैं—जीव राशि, पुद्गल राशि** आदि। ऐसी राशियों के प्रमाण को **रचना राशियों** द्वारा समझाया गया है जो **संख्या प्रमाण** एवं **उपमाप्रमाण** रूप होता है। **संख्याप्रमाण संख्येय, असंख्येय** और **अनन्त** रूप है। **उपमा प्रमाण पल्य, सागर समय-राशियों रूप**, तथा **सूच्यंगुल, प्रतरांगुल घनांगुल, जगश्रेणी, जगप्रतर** और **घन लोक प्रदेश-राशियों** रूप है। इन दो प्रकार की **रचना-राशियों** के बीच का सम्बन्ध यह दिया गया है।[4]

$$(\log_2 \text{पल्य})^2 = (\log_2 \text{अंगुल})$$

सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय राशियों का जघन्य और उत्कृष्ट प्रमाणों का है जिस रूप में अखिल लोक की रचना गणित द्वारा प्रदर्शित की गयी है उदाहरणार्थ—

नाम	जघन्य	उत्कृष्ट
द्रव्यप्रमाण	एक पुद्गल परमाणु राशि	समस्त द्रव्य राशि
क्षेत्रप्रमाण	एक आकाश-प्रदेश राशि	अनंतानंत आकाश प्रदेश राशि
कालप्रमाण	एक काल-समय राशि	अनन्त काल-समय राशि
भावप्रमाण	अपर्याप्त सूक्ष्म वनस्पति की ज्ञान पर्याय की अविभागी प्रतिच्छेद राशि।	केवलज्ञान अविभागी प्रतिच्छेद राशि।

इसी प्रकार **परावर्तन राशियां, रिक्त राशि,**[5] गुणस्थान मार्गणास्थानों में **जीव राशियाँ, चल, दोलनीय** आदि, **परिमित, अपरिमित** आदि, **गुणों के अविभागी प्रतिच्छेद** रूप आदि प्रकार की राशियाँ वर्णित हैं। उपरोक्त क्षेत्र और काल राशियों के

१. **जै० सि० को०** भाग २, पृ० २२२-२२४
२. **जै० ल०**, भाग २, पृ० ६७४-६७५
३. **षट्०**, १, २, १, १, पु० ३, पृ० ९
४. **ति० प०**, १·१३१, तथा १·१३२
५. **धवला**, १ २, २ और ३। और भी देखिये, **धवला** (५/प्र० २८) अतीत काल समय राशि को मिथ्यादृष्टि जीव राशि द्वारा रिक्त किया बतलाते हैं।

अंतर्गत अनेक राशियाँ गर्भित हैं। इसी प्रकार द्रव्य और भाव विषयक राशियाँ उपरोक्त के बीच स्थित हैं।

राजू (प्रा० रज्जु)

रज्जु का अर्थ "रस्सी" है जिसके द्वारा लोक-माप बनता है। ७ राजु की जगश्रेणी होती है। **जगश्रेणी** प्रदेश-राशि भी होती है। इसका सम्बन्ध द्वीप समुद्रों में स्थित चन्द्र बिम्बों के समस्त परिवारों से है जो मध्य लोकान्त में फैले हुए हैं। कैण्टर के अनुसार मिस्रदेश के प्राचीन यंत्री, हरपिदोनाप्ती, **रज्जु द्वारा पिथेगोरस के साध्य** $(\text{कर्ण})^2 = (\text{भुजा})^2 + (\text{लम्ब})^2$ को प्रयोग में लाते थे जिसमें ५ : ४ : ३ का अनुपात रहता था ताकि समकोण बन सके।

जैन तत्व प्रकाश में **अमोलक ऋषि द्वारा** राजू के उपमा मान का उल्लेख है जिसमें यह कल्पना है कि वह एक ऐसी दूरी है जिसे एक लोहे का गोला जो ३८,१२,७९,७०,००० मन का हो और ६ माह, ६ दिन, ६ प्रहर, और ६ घटी में तय करता हो।[1] किन्तु गुरुत्वाकर्षण का कौन सा नियम इसमें लगाया है यह स्पष्ट नहीं है। प्रोफेसर जी० आर० जैन ने रज्जु का मान आइंस्टाइन द्वारा दत्त न्यास से १·४५ $(१०)^{21}$ मील निकाला था।[2] यह दूरी इतनी है जिसे कोई देव ६ माह में २०५७१५२ योजन प्रतिक्षण चलते हुए तय करता है। (**डेर जैनिस्मस**—ले० वाम ग्लास नेप्पिन)। यह लगभग १·३०८ $(१०)^{21}$ मील प्राप्त होती है।

तिलोय पण्णत्ति में राजू का प्रमाण सिद्धान्ततः प्रदेश और समय राशियों के आधार पर सूत्र रूप दिया है—

$$\text{जगश्रेणी} = ७ \text{ राजू} = [\text{घनांगुल}] \left[\frac{(\text{पल्योपम के अर्द्धच्छेद})}{(\text{असंख्येय})} \right]$$

यहाँ **घनांगुल** का अर्थ घनांगुल में समाविष्ट प्रदेश (परमाणु) संख्या है। इसी प्रकार **पल्योपम** का अर्थ पल्योपम काल समय राशि है।[3]

वियाह पण्णत्ति (पृ० १८२, ३·१२; पृ० २१, ४·१६) में **योजनों के पदों** में लोक के आयाम दिये गये हैं। किन्तु संख्या पुनः असंख्येय के कारण उलझ जाती है। इस प्रकार जैन साहित्य में रज्जु के उपयोग का अभिप्राय शुल्ब ग्रंथों से बिलकुल भिन्न हैं, रज्जु का मान जैन साहित्य में मूलभूत रूप से प्रदेश राशि-परक है।

सर्व ज्योतिष जीव राशि का मान **तिलोय पण्णत्ति** (भाग-२ पृ० ७६४-७६७) में निकाला गया है। यह गणना द्वारा प्राप्त किया मान है जो

$(\text{जगश्रेणी})^2 \div [६५५३६ \text{ प्रतरांगुल}]$ सूत्र रूप में **तिलोय-पण्णत्ती** (भाग २, श्लोक १०·११) में दिया गया है)। इसमें रज्जु के अर्द्धच्छेदों का उपयोग कर द्वीप समुद्रों के समस्त ज्योतिष देवराशि प्राप्त की गई है। इसके द्वारा भी रज्जु का मान समझा जा सकता है।

कलासवर्ण (प्रा० कला सवण्ण)

महावीराचार्य के **गणितसार** संग्रह के अनुसार इसका अर्थ भिन्न (Fraction) होता है। उसमें भिन्नों से सम्बन्धित गुणन, भाग, वर्ग, वर्गमूल, घन, घनमूल, भिन्नों की श्रेढि का संकलन एवं प्रह्रासन, तथा छः प्रकार के भिन्न और उनका विस्तृत विवरण सम्मिलित है।[4] भिन्नों पर विभिन्न प्रश्न भी हल किये गये हैं।

षट्खण्डागम में अगुरुलघु गुण के लिए **संख्येय, असंख्येय,** और **अनन्त भाग** वृद्धि, हानि का वर्णन मिलता है।[5] **तिलोय-पण्णत्ती** में भिन्नों का लेखन दृष्टिगत है। यहां अंश को हर के ऊपर लिखा जाता है। उसे अवहार रूप में निरूपित करते हैं।[6]

उदाहरणार्थ—एक बटे तीन या $\frac{1}{3}$ को $\frac{1}{3}$ लिखते हैं तथा **"एक्क कला तिविहत्ता"** कहा गया है।[7] **सूयंप्रज्ञप्ति में चूर्णिया भाग** का भी उपयोग किया गया है, अर्थात् भाग का भाग किया गया है।[8] साथ ही कला शब्द का भी उपयोग है। कला का अर्थ भाग होता है और **सवण्ण** का अर्थ समान रंग वाला होता है।

धवला टीकाओं में भिन्नों को राशि सैद्धान्तिक रूप से अभिप्रेत किया गया है।[9] किसी राशि का अन्य राशि द्वारा विभाजन स्पष्ट करने में भाजित, खण्डित, विरलित एवं अपहृत विधियों का उपयोग किया गया है। अवधेश नारायण सिंह ने इन्हीं ग्रन्थों[10]

---

१. **गणितानुयोग** पृ० ६ आदि।
२. **Cosmology : Old and New**, p. 105.
३. **ति० प०**, श्लो० १·१३१
४. **ग० सा० सं०**, पृ० ३६—८०
५. **षट्०**, पृ० ५५, ६३१, ६५५, ७७३ इत्यादि।
६. **ति० प०** श्लोक १, ११८.
७. **वही** श्लोक २, ११२,
८. **गणितानुयोग** पृ० २९३,२९४, अन्यत्र भी।
९. **धवला**, पृ० ३, पु० ३९ इत्यादि।
१०. **वही**, पु० ३, पृ० २७—४९

में कुछ ऐसे सूत्र भिन्नों के सम्बन्ध प्राप्त किये जो अन्यत्र उपलब्ध नहीं है। इन्हें संभवतः किन्हीं पूर्व के जैन प्राकृत गणित ग्रन्थों से उद्धत किया गया होगा। इसी प्रकार **सूर्यप्रज्ञप्ति प्रभृति** ग्रन्थों की टीकाओं में प्राकृत में जो अनेक गणित सूत्र उल्लिखित किये गये हैं उन पर खोज, शोध होना आवश्यक है।

यावत् तावत् (प्रा० जावं-तावं)

इस शब्द का उपयोग उन सीमाओं को निर्देशित करता है जिन तक प्रमाणों को विस्तृत करना होता है। अथवा सरल समीकरण की रचना करनी होती है। इसका अर्थ "**जहाँ तक···· वहाँ तक**" भी होता है। यह शब्द प्राकृत ग्रन्थों में बहुधा प्रयुक्त हुआ है। **अभयदेव सूरि ने** इसका उपयोग गुणन तथा श्रेढि संकलन में निर्दिष्ट किया है। इसे '**व्यवहार**' भी कह सकते हैं। इस सम्बन्ध में उनके द्वारा n प्राकृत संख्याओं का योग S निम्न रूप में दिया है : $S=\frac{n(nx+x)}{2x}$ जहाँ x कोई विवक्षित (**यदृच्छा, वाञ्छा** या **यावत् तावत्**) राशि है। इस प्रकार बिभूतिभूषण दत्त का अनुमान है कि **यावत् तावत्** शब्द कूट स्थिति (**Rule of false position**) से सम्बन्धित है जिसे प्रत्येक देश में रैखिक समीकरणों को साधने हेतु बीजगणित के विकास की प्राथमिक स्थिति में उपयोग में लाया गया होगा[1] **बख्शाली हस्तलिपि** में भी दोनों शब्दों का उपयोग कूट स्थिति नियम हेतु हुआ है।[2] यह भी सुझाव प्राप्त हुआ है कि इसका सम्बन्ध अनिर्धृत अथवा अपरिभाषित इकाइयों की राशि से भी है। **तिलोय पण्णत्ति** में "**उक्कस्सं संखेज्जं जावं तावं पवेत्तआ**" इस अभिप्राय से आया है कि संख्या को संख्यात से उत्कृष्ट संख्यात प्राप्त होने तक गणना कर प्राप्त किया जाये[3] जो जघन्य परीत असंख्येय से केवल एक कम होता है।

योजन (प्रा० जोअण)

यह शब्द एक रेखिकीय माप को प्ररूपित करता है।[4] इस माप का राशि सैद्धान्तिक आधार है क्योंकि इसका सम्बन्ध अंगुल प्रदेश राशि तथा पल्य समय राशि से भी है। यह उतना ही रहस्यपूर्ण है जितना चीनी "**ली**"। इसका समीपस्थ सम्बन्ध **प्रमाणांगुल** से है जिससे भौगोलिक, ज्योतिष तथा खगोलीय दूरियों का माप किया जाता है। **प्रमाणांगुल सूच्यंगुल** से ५०० गुणा होता है। परमाणुओं से स्कन्ध बनता है और एक योजन का आधारीय सम्बन्ध **सन्नासन्न, त्रुटिरेणु, त्रसरेणु**, तथा **रथरेणु-स्कन्धों** से होता है। क्रमशः इनका सम्बन्ध बाल, लीख, जूँ, जव अंगुल पाद, वितस्ति, हाथ, दण्ड और कोस से होता है। इस प्रकार १ योजन में ४ कोस अथवा ७६८०० अंगुल होते हैं। प्रमाणांगुल के आधार पर योजन का मान ४५४५.४५ मील प्राप्त होता है, और सूच्यंगुल के आधार पर उसका मान $९\frac{1}{11}$ मील प्राप्त होता है।

जी० आर० जैन ने योजन को ४००० मील मानकर लोक की त्रिज्या निकालने का प्रयास किया है[5] श्वेताम्बर आम्नाय के अनुसार लम्बी दूरी वाला योजन ४ क्रोश वाले साधारण योजन से १००० गुणा किया जाता है। किन्तु दिगम्बर आम्नाय के अनुसार वह ४ क्रोश वाले साधारण योजन से ५०० गुणा किया जाता है। इस प्रकार योजन मापन योजना 'चल राशि' रूप में प्रवृत्त होती है। असंख्यात योजन का एक रज्जु होता है।

१ प्रमाण योजन = ५०० आत्मयोजन = १००० उत्सेधयोजन होते हैं।

भौगोलिक योजना में ५१० योजन को ४७° के समान मानते हैं। चाप १° गोलीय पृथ्वी पर छायामाप द्वारा ६९.९ मील स्थापित करते हैं। तदनुसार

५१० योजन = ४७ × ६९·९ मील होने पर १ योजन = ६·४ मील स्थापित होता है। यदि योजन को १६००,००० हस्त आत्मप्रणाली से लिया जाये तो वह ४५४५·४५ मील होता है। जब इसे प्रमाण प्रणाली में बदलते हैं तो वह $९\frac{1}{11}$ मील होता है।

लिश्क[6] ने मेरु के अन्तःमण्डल को मेरु से ४९८२० योजन लेकर उसे पृथ्वी के $६६\frac{१°}{२}$ माने हैं। इसका मान अनुमानतः चीनी ५०००० **ली** होता है। यहां भारतीय और चीनी **योजना प्रणाली** में समानता प्रतीत होती है। सूर्य की क्रांति का एक अयन से दूसरे अयन तक ४७° रूप में ५१० योजन स्वीकार करना उचित है। यह सूर्य की वीथियों सम्बन्धी अन्तःतम एवं

---

१ बुले० केल० मे० सो० (१९२९), पृ० १२२

२ दत्त (१९२९), वही, (२) [भाग xxi], पृ० १-६०। देखिये—**लोक प्रकाश** १,१६५, जहाँ व्युत्पन्न फल प्राप्त किया गया है।

३ **ति० प०**, भाग १, ४. ३०९,

४ **विश्व प्रहेलिका**, पृ० ११४

५ **Cosmology : Old and New** पृ० ११७ आदि।

६ Lishk S. S., Sharma,S. D., Tirthankar, 1.7-12., 1975, pp. 83-92.

ब्राह्यतम दूरियों का अन्तर है। पृथ्वीतल को गोलीय मानने पर १° चाप का माप ६९·९ मील भी माना जाता है, जबकि पृथ्वी की त्रिज्या ज्ञात हो, इस प्रकार योजन का माप लगभग ६·४ मील स्थापित करते हैं। इस प्रयास से जैन ग्रन्थों में ज्योतिष्कों की वर्णित ऊँचाई का रहस्य खुलने लगता है। इस प्रकार चित्रा पृथ्वी से सूर्य की ८०० योजन ऊँचाई का माप ७७°·५ प्रतीत होता है। जिसे सूर्य पथ (eclipter) की किसी समतल अथवा अवलोकनकर्ता से कोणीय दूरी माना जा सकता है। इस प्रकार चन्द्र की ऊँचाई. ८८० योजनों को इन इकाइयों में ७°.७ अधिक माना जाकर, सूर्य से चन्द्र की यह उत्तरी ध्रुवीय दूरी माना जा सकता है[1]। अन्य ग्रहों के सम्बन्ध में अभी भी शोध करना वाञ्छनीय है।

पल्य (प्रा० पल्ल)

साहित्यिक रूप से **पल्य** का अर्थ खात या गड्ढा होता है जिसे अनाज भरने के उपयोग में आते हैं। उसके द्वारा राशि का काल माप प्ररूपित करते हैं। पल्य तीन प्रकार के होते हैं[2] **व्यवहार, उद्धार** एवं **अद्धा**। इनके प्रमाण, गणना और गिनती विधि से निकाले जाते हैं।

व्यवहार पल्य=४.१३×$(१०)^{46}$ वर्ष। इसे अविभागी समयों में बदला जा सकता है।

उद्धार पल्य=४.१३×$(१०)^{४४}$×जघन्य युक्त असंख्यात ×$१०^{७}$ वर्ष। यहाँ जघन्य युक्त असंख्यात का मान गणना विधि से प्राप्त हो जाता है।

अद्धा पल्य=४·१३×$(१०)^{44}$×(जघन्य युक्त असंख्यात)[3] वर्ष।

यहाँ अज्ञात मध्यम संख्यात की अनिर्धृतता छोड़कर इन सभी को समय राशि में बदला जा सकता है।

जब उपरोक्त को $(१०)^{14}$ से गुणित किया जाता हैं तो संवादी सागर का मान प्राप्त हो जाता है। **श्वेताम्बर** तथा **दिगम्बर** आम्नायों में तत्संबन्धी अन्तर का अध्ययन विश्व प्रहेलिका में उपलब्ध हैं।[3]

यह **उपमा मान** की राशि है जिसे रचना-राशि कह सकते हैं। इस प्रकार रचित राशि के द्वारा अस्तित्व में पाई जाने वाली राशि का प्रमाण दर्शाया जाता है।

आवनिका (प्रा० आवलिका)

इसका अर्थ **पंक्ति** या **कतार** (trail) होता है। यह एक क्रमबद्ध समयों की राशि होती है। जघन्य युक्त असंख्यात समयों की एक **आवलिका** होती है। $४४४६\frac{२४५८}{३७७३}$

आवलिकाओं का एक **प्राण** आदि माप बनते हैं। इस प्रकार **मुहूर्त, अहोरात्र** आदि तक पहुँचते हैं। इस प्रकार जैन विज्ञान में समय माप का राशि-सैद्धान्तिक आधार होता है जो पुनः क्षेत्र-माप से सम्बन्धित हो जाता है। इससे एक समय कम करने पर उत्कृष्ट संख्यात बनता है जिसे मुनि महेन्द्रकुमार द्वारा **शीर्ष प्रहेलिका** भी कहा गया है।[4] **काल, समय** और **अद्धा,** ये सब एकार्थवाची नाम हैं। एक परमाणु का दूसरे परमाणु के व्यतिक्रम करने में जितना काल लगता है, उसे **समय** कहा जाता है। चौदह राजु आकाश प्रदेशों के अतिक्रमण मात्रकाल से जो चौदह राजु अतिक्रमण करने में समर्थ परमाणु है, उसके एक परमाणु अतिक्रमण करने के काल का **समय** है। ऐसे असंख्यात समयों की एक **आवलि** होती है। **तत्प्रायोग्य** संख्यात आवलियों से **उश्वास-निश्वास** निष्पन्न होता है।[5]

अर्द्धच्छेद (प्रा० अद्धछेद)—

इसका शाब्दिक अर्थ **आधा भाग** होता है। **आधा भाग, आधा भाग** से निर्मित संख्या को किसी संख्या की **अर्द्धच्छेद** संख्या कहते हैं। ज्यामितिरूप से किसी रेखा में स्थित प्रदेश बिन्दुओं की भी **अर्द्धच्छेद** संख्या प्राप्त की जा सकती है, यथा रज्जु के अर्द्धच्छेद।[6] घन लोक के भी **अर्द्धच्छेदादि** राशि का विवरण मिलता है।[7] इसी प्रकार के अन्य पारिभाषिक शब्द **तिगच्छेद** (trisection), **चउक्कादिच्छेद** (quadri-etc. section) इत्यादि हैं। इस प्रकार इन सभी को लागएरिद्म टू दा बेस टू, थ्री, फोर (logarithan to base, two, three, four, etc.,) कह सकते हैं। यदि $x=2^n$ हो तो $n=\log_2{}^x$, अथात् 2^n के अर्द्धच्छेद n कहे जाते हैं अथवा 2^n को २ द्वारा n बार छेदा जा सकता है। जान नेपियर (१५५०-१६१७ A.D.) और जो जे० बर्जी (१५५२-१६३२ A. D.) द्वारा इस पद्धति को आविष्कृत माना जाता है।

---

१ लिश्क और शर्मा (१९७५), (१९७९)

२ **ति० प०** श्लोक १.११६—१.१२८

३ **वि० प्र०** पृ० २४५-२५२। **लो० प्र०** १.१६५ आदि; **ति० प०**, ४.३११ आदि।

४ **वि० प्र०**, पृ० ११७, श्वेताम्बर परम्परानुसार।

५ **षट्० खं०**, पु० ४, पृ० ३१८.

६ **ति० प०** भाग २, पृ० ७६४-७६७।

७ **वही०** पृ० ५९७-६००।

इसके समस्त नियमों के लिए धवला ग्रन्थ[1] और त्रिलोक सार[2] दृष्टव्य हैं।

किसी राशि की अर्द्धच्छेद राशि की भी अर्द्धच्छेद राशि निकाली जाये तो उसे **वर्गशलाका** राशि कहते हैं।[3]

विकल्प (प्रा० वियप्प)

इसका अर्थ **गणितीय कल्पना** (mathematical abstraction) कर सकते हैं। इसे और भी व्यापक अर्थ में **संचयक्रम संचय** गणित भी लेते हैं जिसे **भंग** भी कहते हैं। टीकाकार **शीलांक** (ल० ८६२ ई० प०) ने संचय क्रमसंचय सम्बन्धी तीन नियम बतलाये हैं।[4]

इनमें से दो संस्कृत में हैं, और एक अर्द्धमागधी में है। प्रथम नियम द्वारा विशिष्ट संख्या की वस्तुओं के पक्षांतरण की कुल संख्या निकाली जाती है। इसे "**भेद-संख्या-परिज्ञानाय**" कहा है। अथवा एक से प्रारम्भ कर, दी गई पद संख्या तक (प्राकृत) संख्याओं को गुणित करने पर विकल्प गणित में परिणाम प्राप्त होता है। इसे $\underline{|m}$ अथवा $1, 2, 3....(m-2)(m-1)(m)$ कहते हैं। स्थानभंग और क्रमभंग रूप से भंग दो प्रकार के होते हैं।[5]

संचय सूत्र क्रमशः $^{m}c_1 = m,\ ^{m}c_2 = \frac{m(m-1)}{1\cdot 2}$ द्वारा व्यक्त किये जा सकते हैं। शेष नियम **प्रस्तारानयनोपाय** हैं जिनसे समस्त भिन्न क्रम संचय प्राप्त हो जाते हैं।[6]

नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती (ल० ११वीं सदी) ने भी संचय विधि का विस्तृत विवेचन दिया है—यथा —

संखा तह पत्थारो परियट्टण णट्ठ तह समुद्दिट्ठम्।
एदे पंच पयारा पमाद समुक्कित्तणे णेय ॥३५॥[7]

प्रस्तार रत्नावली मुनि रत्नचन्द्र द्वारा सम्पादित की गयी है।[8] यह विधि द्विपद प्रमेय के विकास में निर्णायक रही है।[9]

यतिवृषभ द्वारा १६ विकल्पों द्वारा द्वीप समुद्रों के विस्तार एवं क्षेत्रफल का अल्पबहुत्व विवरण दिया है।[10]

वीरसेनाचार्य ने **अधस्तन** और **उपरिम** विकल्प द्वारा किसी भी राशि का विकल्प विधि द्वारा विश्लेषण किया है। अधस्तन विकल्प तीन प्रकार का है: **द्विरूपवर्ग धारा, द्विरूपघन धारा,** तथा **द्विरूप घनाघन धारा**। उपरिमविकल्प भी तीन प्रकार का है—**गृहीत, गृहीत-गृहीत** और **गृहीत गुणकार**। जिनमें से प्रत्येक प्रकार को पूर्व विकल्प में विभाजित किया गया है। यह अत्यन्त रहस्यमय विवरण है।[11]

संदृष्टि (प्रा० संदिट्ठि)

इस शब्द का अर्थ प्रतीक है। इसके लिये **सहनानी** शब्द का भी प्रयोग हुआ है। प्रतीकों के कुछ चिह्न **तिलोयपण्णत्ति, धवला** में दिये हैं। किन्तु इनका सम्पूर्ण और अत्यन्त वृहद रूप **गोम्मटसार लब्धिसार क्षपणासार** की टीकाओं में उपलब्ध है। इसे अर्थ संदृष्टि अधिकारों द्वारा पं० टोडरमल ने अपनी **सम्यग्ज्ञान चन्द्रिका** टीका में स्पष्ट किया है। **अंकसंदृष्टि, अर्थसंदृष्टि और रूपसंदृष्टियाँ** प्रचलित रही हैं। "**अर्थ**" से वस्तुओं के द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव के प्रमाणादि का बोध होता है। प्रमाणों की **संदृष्टि** को ही **अर्थ-संदृष्टि** कहा गया है।[12] इन सभी में इकाई अवयव जैसे **समय, प्रदेश, अविभागी प्रतिच्छेद** आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। **आचारांगनिर्युक्ति** गाथा ५० में निम्नलिखित उल्लेख आया है।

"**गणियं णिमित्त जुत्ती संदिट्ठी अवितहं इमं णाणं।**
इय एगंतमुवगया गुण पच्चाइय इमे अत्था ॥५०॥

घातादि के नियम (Laws of Indices)

अनुयोगद्वार सूत्र में **घातों** का उपयोग बड़ी संख्याओं को निरूपित करने मे किया गया है, जिन्हें **स्थानमान पद्धति** में भी दर्शाया गया है। उदाहरणार्थ, कोटि कोटि में बीस स्थान मान

---

१ **धवला**, भाग ३, पृ० २० आदि।
२ **त्रि० सा०**, गाथा १०५-१०८।
३ देखिए **धवला**, भाग ३, पृ० २१-२४, तथा पृ० ५६।
४ देखिये **भ०** सू०, ८. १, श्लो० ३१४. और भी **सू० कृ०** टीका, श्लो० २८, **समयाध्ययन** अनुयोगद्वार।
५ विस्तृत वर्णन हेतु देखिये कापड़िया, एच० आर०, **गणित तिलक**, बड़ौदा, १६३७, पृ० XIII.
६ देखिये **हेमचन्द्र सूरि** (१०८६ ई०) द्वारा **अनुयोगद्वार सूत्र**, श्लोक ६७ की टीका। हिन्दू गणितज्ञों ने इसे नहीं दिया है।
७ दत्त (१६३५), **मेथामेटिक्स ऑफ नेमिचन्द**, दी जैन एंटीक्वेरी, आरा, १, २, २५-४४। देखिये **गो० जी० का०**, गाथा ३५ आदि।
८ **प्रस्तार रत्नावली**, बीकानेर, १६३४।
९ बाग, ए० के०, (१६६६), **बायनामियल थ्योरम इन एंसिएंट इण्डिया**।
१० **ति० प०**, गाथा ५·२४२ आदि।
११ **धवला**, भाग ३, पृ० ४२-६३।
१२ **अर्थ संदृष्टि अधिकार गोम्मटसार एवं लब्धिसार (क्षपणासार गर्भित)** की बृहद टीकाओं में उपलब्ध है जो गांधी हरिभाई देवकरण ग्रन्थमाला, कलकत्ता से १६१६ के लगभग प्रकाशित हुए।

हैं, इसे २ के छठवें वर्ग और पाँचवे वर्ग के गुणन द्वारा प्राप्त किया जाता है। अथवा उसे २ के द्वारा ९६ बार छेदा जा सकता है।[1] इसी संख्या को २४वें स्थान के ऊपर और ३२वें स्थान के नीचे भी बतलाया गया है।

उत्तराध्ययन सूत्र में किसी भी गणितीय राशि की घातों को दर्शाने की विधि स्पष्ट है। किसी भी राशि की दूसरी घात को वर्ग, तीसरी घात को घन, चौथी घात को वर्ग-वर्ग, छठवीं घात को **घन वर्ग** और बारहवीं घात को **घन-वर्ग-वर्ग** कहा है।[2]

षट्खंडागम में, २ का **तीसरा वर्गितसंवर्गित** $(२५६)^{256}$ प्राप्त होता है। **धवला** में घातांक के सभी नियमों का उपयोग है। कोटि कोटि-कोटि और कोटि-कोटि-कोटि-कोटि के बीच संख्या $(२)^{(२)^6}$ और $(२)^{(२)^5}$ के बीच में स्थित है। यही $[(१०)^7]^3$ और $[(१०)^7]^4$ के बीच स्थित है। **गोम्मटसार** में इसे

७९,२२,८१,६२,५१,४२,६४,३३,७५,९३,५४,३९,५०,३३६

रूप में दर्शाया है।[3] यह मनुष्यों के निवास का क्षेत्रफल बतलाती है।

हेमचन्द्र (ल० १०८९ ई० प०) ने **यमल** शब्द का उपयोग किया। (i) **आठ स्थानमानों** के समूह से १ **यमल** पद बनता है जिससे परिभाषित संख्या २४वें स्थान से ऊपर और ३२वें स्थान से नीचे बनती है। (ii) **त्रियमल** पद का अर्थ छठवां वर्ग और **चतुर्यमल** पद का अर्थ आठवां वर्ग होता है। इससे ज्ञात होता है कि राशि छठवें वर्ग और आठवें वर्ग के बीच स्थित है। धवल ग्रन्थों के समान्तर विवरण से इसे स्पष्ट किया जा सकता है।[4] साथ ही द्वितीयवर्ग का अर्थ $क^{(२)^2} = क^4$ होता है। इसी प्रकार द्वितीय सूत्र का अर्थ $क^{\left(\frac{1}{2}\right)^{\frac{1}{2}}} = क^{\frac{1}{4}}$ होता है।

स्थानमान पद्धति (Place-value Notation)

स्थान को प्राकृत में ठाण कहते हैं। इसका अत्यधिक उपयोग जैन साहित्य में हुआ है। यह आकाश में या श्रेणि में, आदि प्रकरणों में **क्रमादि** का सूचक है। अनेक जैन ग्रन्थों में गणना के अनेक स्थानों का विवरण है। व्यवहार सूत्र में गणना स्थान पद का उपयोग है। अंकलिपि और गणित लिपि शब्द **समवायांग सूत्र** में हैं।[5] विभिन्न प्रकार की लिपि की सूची **श्यामार्य** (ल० १५१ ई० पू०) के **प्रज्ञापना सूत्र** में है। **काष्ठकर्म** में प्रयुक्त वर्णमाला के रूपों तथा पुस्तक कर्म में प्रयुक्त वर्णमाला के बीच भेद पाया गया है।[6] इस प्रकार भारतीय संख्या पद्धति के मूल उद्गम तथा विकास को सुनिश्चित करने हेतु केवल पेलियोग्राफिक साक्ष्य पर निर्भर रहना उचित नहीं होगा।

जैन साहित्य में पारिभाषिक शब्दावलि में चौथे **स्थानमान** के ऊपर स्वाभाविक समूहन और पुनर्समूहन है। पदों में दसों, शतों, सहस्रों और कोटियों आदि का महत्व है। अंक स्थाने ही द्वारा ७९४ स्थानमानों में संख्या $(८४,००,०००)^{28}$ निरूपित है जहाँ ८४,००,००० को पूर्वी **अनुयोगद्वार सूत्र** में बतलाया है। इसे **शीर्ष प्रहेलिका** भी कहा है।[7]

षट्खंडागम में **स्थानमान पद्धति** द्वारा संख्याओं को निरूपित किया गया है। उदाहरणार्थ, **चउवण्णम्** (चौवन), **अट्ठोत्तर** सदम् (एक सौ आठ), **कोडि** (करोड़), इत्यादि।[8]

तिलोयपण्णत्ति में अचलात्म अथवा $(८४)^{31} \times (१०)^{90}$ वर्षों को ८४/३१/९० रूप में दिया है।[9]

धवला में अनेक प्रकार से **संख्याओं के निरूपण** का उल्लेख है। साथ ही उसमें शत, सहस्रकोटि शब्दों का प्रयोग है।[10] एक प्राचीनग्रन्थ से ६१,९८,०८,४६,६६,८१,६४,१६,२०,००,००,००० **धवलाकार** ने निम्न रूप में प्रस्तुत किया है—

गयणट्ठ-णय कसाया चउसट्ठि नियंक वसुखरा दव्वा।
चायाल वसुणमाचल पयट्ठ चन्दो रिदू कमसो॥[11]

जैनाचार्यों द्वारा आवश्यकतानुसार यह विधि विकसित हुई प्रतीत होती है, क्योंकि आवश्यकता आविष्कार की जननी है। आश्चर्य है जिस ऋषिमण्डल ने यह आविष्कार किया उन्होंने अपना नाम नहीं दिया। **धवला** में जो शैलियाँ दी गई हैं वे संस्कृत साहित्य में उपलब्ध नहीं हैं।

---

१ **अ० द्वा० सू०**, गाथा १४२.
२ **उ० सू०**, (३०; १०, ११).
३ **गो० सा० क०** (अंग्रेजी), पृ० १०४
४ दत्त (१९२९)।
५ **सम० सूत्र**, गाथा १८
६ **प्र० सूत्र**, गाथा ३७
७ **हेमचन्द्र** द्वारा निरूपित गाथा ११६
८ **षट्० १·२·९, १·२·११** आदि
९ **ति० प०**, गाथा ४, ३०८
१० **धवला** भाग ३, पृ० ९८, ९९, गाथा ५२, गाथा ५३, पृ० १००
देखिये दत्त (१९३५) पृ० २७ आदि।
११ **धवला**, भाग ३, पृ० २५५, १, २, ४५, ७१

घटाने के लिए स्थानमान संकेतना (Place-value Notation for Subtraction)

यह एक ऐसा अनुरेखण है जिससे यह ज्ञात होता है कि इसी प्रकार **स्थानमान संकेतना** की ओर जैनाचार्य बढ़े होंगे। घटाने के लिए रिण शब्द अथवा रि संकेत का उपयोग होता था। हस्तलिपियों में इसे O‾‾ ⌉ रूप में लिया है। इस प्रकार किसी राशि के असंख्यात में से १ घटाना हो तो इस रूप में ०-०‾‾ लिखा जाता था, किन्तु बाद में इसे सरल व ⌉ रूप में ¹वं छपाया जाने लगा। हम छापे की **अर्थसंदृष्टि** से ही घटाने के लिए **स्थानमान संकेतना** समझायेंगे। यहाँ ल लक्ष है जिसे ५, ४, ३ द्वारा गुणित किया गया है।[1]

राशि	संकेतना
ल×५×४×३	ल।५।४।३
ल×५×४×३—१ल	ल५।४।३
ल×५×४×३—ल×५	ल।५।४।३
ल×५×४×३—ल×५×४	ल।५।४।३
ल×५×४×३—ल×३	ल।५।४।३
ल×५×४×३—ल×४×३	ल।५।४।३
ल×५×४×३—ल×५×३	ल।५।४।३
ल×५×४×३—२ल×४×३	ल। ५ । ४ । ३
ल×४×३—१२	ल ।४।३

उपर्युक्त से प्रकट है कि उपरोक्त व्यवहार **तिलोयपण्णत्ति** में भी प्रयुक्त होने के कारण पर्याप्त प्राचीन होना चाहिए।[2] इसका प्रयोग **गोम्मटसार** की **जीव तत्व प्रदीपिका** तथा **कर्णाट वृत्ति** में अत्यधिक हुआ है। रिण के लिए अनेक चिह्न प्रचलित रहे हैं, यथा :—ˋ, —, ‾‾, ०, ‿, ⌒, + रि अथवा रिण। हस्तलिपियों में O‾‾ ⌉ चिह्न का प्रयोग विशेषाधिक मिलता है। ऐसा लगता है कि **ब्राह्मी** के चिह्न ∴ जो इ के लिए है वह ० में बदल गया, ‾‾ र के लिए प्रयुक्त हुआ ⌉ जो नीचे की ओर आया है वह ण के लिए हो सकता है। धन के लिए धण का उपयोग भी हुआ है। इसके साथ ० नहीं लगाते हैं। इसके लिए केवल — अथवा ⌉ का उपयोग करते रहे हैं।[3] काकपद + चिह्न का उपयोग ऋण के लिए बख्शाली हस्तलिपि में भी हुआ है।[4]

श्रेणि (Series or Progressions)

सूर्यप्रज्ञप्ति में **ध्रुवराशि** की सहायता से विभिन्न ज्योतिष्कों की **युति, संपात** आदि का काल एवं अन्य ज्योतिषी गणनाएँ करने हेतु **श्रेणियों** की रचना हुई प्रतीत होती है।[5] **चन्द्र प्रज्ञप्ति** प्रभृति ग्रन्थों तथा **तिलोयपण्णति** में भी ध्रुवराशि के उपयोग से **श्रेणि** रचना हुई हैं जिनमें **समान्तर** और **गुणोत्तर श्रेणियाँ** प्राप्त होती हैं।[6] **गोम्मटसार** में **ध्रुवभागहार** द्वारा भी इसी प्रकार की **गुणोत्तर श्रेणियाँ** प्राप्त की गई हैं।[7] चीन में प्रायः ७वीं सदी से इस प्रकार की **राशि** जिसे **तिंग** कहते थे, ज्योतिष गणित में उपयोग हुआ है। वहाँ **फिंग** शब्द का भी उपयोग हुआ है जिसे तैरनेवाला अन्तर कहा गया है।[8] यही सम्भवतः बाद में **परिमित अन्तर-विधि**[9] रूप में न्यूटन आदि ने विकसित किया।

उपर्युक्त के सिवाय **तिलोयपण्णत्ति** में निम्नलिखित प्रकार के सूत्र प्राप्त हुए हैं :

मानलो **श्रेणि योग** यो, **प्रचय** प्र, **आदि** आ और **गच्छ** ग है और **इष्ट संख्या** इ हो तो[10]

$$\text{यो} = [\text{ग}-\text{इ})\text{प्र} + (\text{इ}-१)\text{प्र} + (\text{आ}.\ २)]\ \frac{\text{ग}}{२}$$

इष्ट संख्या को प्रथम, द्वितीय या अन्य कोई **श्रेणि** माना जा सकता है।

समान्तर श्रेणि हेतु सूत्र[11]

$$\text{यो} = \left[\left\{\left(\frac{\text{ग}-१}{२}\right)^2 + \left(\frac{\text{ग}-१}{२}\right)\right\}\text{प्र} + \text{आ}\right]\text{ग}$$

---

१ अ० सं० गो० पृ० २०-२१

२ ति० प०, भाग २, पृ० ६०९

३ देखिये हस्तलिपि, अ०सं०गो० जो मन्दिरों में गो०सा० जी० आदि के साथ उपलब्ध है जिसमें **सम्यक्ज्ञान चन्द्रिका टीका, पं० टोडरमल** कृत भी है।

४ दत्त एवं सिंह (१९३५) भाग १, पृ० १४-१५

५ सू० प्र०, भाग २, पृ० ६६-७४

६ ति० प०, गाथा ७, १२२, २२२

७ गो० सा० जी०, भाग २, पृ० ६२८-६४८

८ नीधम एवं लिंग (१९५९), पृ० ४८, ४९, १२३, १२४

९ Method of Finite Difference.

१० ति० प०, भाग १, २·६४

११ वही, अगली गाथाएँ, २·७०

यहाँ ५ का सम्बन्ध पाँचवें नर्क से है।

जब कभी **श्रेणि** की संख्या इ हो तो **योग** का सामान्य सूत्र है—

$$\text{यो} = \frac{\text{ग}}{२}[(\text{ग}+\text{इ})\text{प}-(\text{इ}+१)\text{प}+२\text{आ}]$$

अन्य सूत्र हैं

$$\text{यो} = \left[\left(\frac{\text{ग}-१}{२}\right)\text{प}+\text{आ}\right]\text{ग}$$

नारकीबिलों सम्बन्धी दो सूत्र और हैं :[1]

$$\text{यो} = \frac{\text{ग}^2\text{प}+२\text{गआ}-\text{गप}}{२}$$

$$\text{यो} = \frac{(\text{ग}^2-\text{ग})\text{प}+\text{गआ}}{२}+\frac{\text{आ}}{२}\text{ग}$$

गुणोत्तर श्रेणि का योग निकालने हेतु[2]

$$\text{यो} = \frac{(\text{वि})^{\text{ग}}-१)\text{आ}}{\text{वि}-१}$$

जहाँ वि, **विशेष** है, जो गुणकार रूप प्रत्येक अगले पद को गुणित करता चलता है।

अनिर्धृत समीकरणों का उपयोग कर्मग्रन्थ में कहीं-कहीं हुआ है। यहाँ **आदि धन** को $ध_{आ}$, **मध्यम धन** को $ध_{म}$ तथा **उत्तर धन** को $ध_{उ}$ लिखेंगे। शेष संकेत उपरोक्त लेते हुए निम्न प्रकार के सूत्र प्राप्त होते हैं जो कर्मग्रन्थों से सम्बन्धित हैं। यहाँ ध=यो मान लेंगे।

$$ध_{आ}+ध_{उ} = \text{यो} \qquad (१)^{३}$$

$$ध_{म} \times \text{ग} = \text{यो} \qquad (२)$$

$$\left[\left\{\left(\frac{\text{ग}-१}{२}\right)\text{प}\right\}\times\text{आ}\right]\times\text{ग} = \text{यो} \qquad (३)^{४}$$

$$\left(\frac{\text{आ}+१}{२}\right)\text{ग} = \text{यो} \qquad (४)$$

$$\frac{\text{यो}}{\text{ग}^2} \div \text{संख्येय} = \text{प} \qquad (५)$$

$$\left(\text{यो}-ध_{आ}\right)\div\frac{\text{ग}^2-\text{ग}}{२}\text{प} \qquad (६)^{५}$$

$$\frac{\text{यो}-ध_{उ}}{\text{ग}} = \text{ग} \qquad (७)$$

$$ध_{उ}\ \frac{\text{ग}-१}{२}.\text{ग.प.} \qquad (८)^{६}$$

इसी प्रकार अन्यत्र स्थलों में उपरोक्त एवं शेष सूत्रों का प्रयोग है। विशद विवरण के लिए **गोम्मटसारादि** की **कर्णाटवृत्ति** एवं **जीवतत्व प्रदीपिका** टीकाएँ दृष्टव्य हैं। उपरोक्त शोध का विषय है जो **श्वेताम्बर** आम्नाय के **करणानुयोग** ग्रन्थों के गणित से तुलना रूप हो सकता है।

धाराएँ एवं अल्पबहुत्व (Sequences and Comparability)

विभिन्न **रचना-राशियों** द्वारा **अस्तित्वशील** राशियों की स्थिति निश्चयन **धाराएँ** एवं अल्पबहुत्व करते हैं। **व्यासों, क्षेत्रफलों** आदि से उत्पन्न **धाराओं** का **अल्पबहुत्व तिलोयपण्णत्ति** में उपलब्ध है।[7]

राशि सिद्धान्त में **रचना-राशियों** का बड़ा महत्व है क्योंकि उनके द्वारा **अस्तित्वशील राशियों** का मान बतलाने में सुविधा होती है। **धाराओं** की भी इसी प्रकार रचना की जाती है और उनमें उत्पन्न रचना-राशियों द्वारा **अस्तित्वशील राशियों** की स्थिति स्पष्ट करते हैं। त्रिलोकसार में **वृहद्धारा परिकर्म** से संकेत मात्र धाराओं का विवरण लिया गया है, किन्तु यह **वृहद्-धारा परिकर्म ग्रन्थ** अब उपलब्ध नहीं है। सम्भवतः दक्षिण के शास्त्र भण्डारों में प्राप्त हो सके। ये **धाराएँ सुक्रमबद्ध** हैं और निम्न रूप में संक्षेप में वर्णनीय हैं—सभी **केवलज्ञान राशि** तक पहुँचाती हैं। किन्तु इनकी रचना भिन्न-भिन्न प्रकार द्वारा की जाती है। इस प्रकार **त्रिलोकसार** में १४ धाराओं का वर्णन है।[8] इस सम्बन्ध में विशेष अध्ययन हेतु लक्ष्मीचन्द्र जैन का शोध लेख दृष्टव्य है।[9] यहाँ मानलो **गच्छ** (ग), **धारा** (धा), **केवल ज्ञान अविभाग प्रतिच्छेद राशि** (के) तथा **सदस्यता** प्रतीक $\in$ हो तो निम्न रूप में **धाराओं** का विवरण हो जाता है।

प्रतीक	**नाम**	**सामान्य पद**
$धा_1$	सर्वधारा	$[१+(\text{ग}-१)^1]$
$धा_2$	समधारा	$[२+(\text{ग}-१)^2]$
$धा_3$	विषमधारा	$[१+(\text{ग}-१)^2]$

१ ति० प० **भाग** १, २·७४, २·८१
२ **वही**, ३—८०, देखिये सरस्वती (१९६१-६२)
३ **गो० सा० जी०**, ४९, १२१-१२४
४ **त्रि० सा०**, गा० १६४
५ ,, ,, ,, ४९, १२३
६ **वही**, ४९, १२२/६
७ **ति० प०** ग० श्लोक, ४·२५२५—५·२७७
८ **त्रि० सा०**, गाथा १४-५२ तथा ५३
९ जैन, एल० सी० (१९७७) आई० जे० एच० एस०, १२·१

प्रतीक	नाम	सामान्य पद
धा$_4$	कृतिधारा	$ग^2$
धा$_5$	अकृतिधारा	(ग : ग ∈ धा$_1$—धा$_4$)
धा$_6$	घनधारा	$ग^3$
धा$_7$	अघनधारा	(ग : ग ∈ धा$_1$—धा$_6$)
धा$_8$	कृतिमातृकधारा	$(ग^2)^{1/2}$
धा$_9$	अकृतिमातृकधारा	$[(के)^{1/2}+ग]$
धा$_{10}$	घन मातृक धारा	$(ग^3)^{1/3}$
धा$_{11}$	अघन मातृक धारा	$[(के)^{1/3}+ग]$
धा$_{12}$	द्विरूप वर्गधारा	$(२)^{(२)^{ग}}$
धा$_{13}$	द्विरूप घनधारा	$(२)^{३(२)^{ग-१}}$
धा$_{14}$	द्विरूप घनाघनधारा	$(२)^{(३)^2(२)^{ग-२}}$

यहाँ धा$_1$ के महत्व को देखना है। इसमें सम्मिलित सभी **द्रव्य गुण पर्यायों** का सभी **काल के समयों** और **प्रदेशों** उनकी **स्थिति** आदि तथा **भावों** की राशि का **क्रमबद्ध** संख्या में निरूपण है। **संचय** की **स्थितियाँ** भी इनमें सम्मिलित हैं। इस प्रकार यह धारा एक **सुक्रमबद्ध राशि** है जो परिमित तथा अनन्त प्रकारों की **अखण्डताओं** के अथवा **पुद्गल परमाणुओं** या **भावों** की **संरचना राशियों** में से होकर गुजरती है और प्रत्येक **गैप** (gap) को भरती हुई निकलती है। इसमें अनन्त से बड़े अनन्त भी समाए हुए हैं। इसी धारा में धा$_2$ से लेकर धा$_{14}$ तक की सभी **धाराएँ** समाई हैं। [१]यहाँ अन्तिम पद **केवलज्ञान अविभाग प्रतिच्छेद राशि** है जो सबसे बड़ा, उत्कृष्ट अनन्तानन्त रूप है। जार्ज कैण्टर तथा अन्य गणितज्ञों ने ऐसी सुक्रमबद्धी राशियों की रचना की है तथा **सुक्रमबद्धी साध्य** को सिद्ध करने का प्रयास किया है।[1] इस साध्य का समतुल्य **"वरण का स्वयं सिद्ध"** है। **सुक्रमबद्धी प्रमेय** पर आधारित **व्यापक अल्पबहुत्व** का **प्रमेय** है, "कोई भी दो राशियों में से, दोनों समतुल्य होंगी अथवा उसमें से एक, दूसरे की उपराशि के समतुल्य (equivalent) होगी।" हारटग्ज ने सिद्ध किया था कि **व्यापक अल्पबहुत्व प्रमेय** स्थानीय रूप से **सुक्रमबद्धी प्रमेय** के समतुल्य है।[2]

धाराएँ धा$_{12}$, धा$_{13}$ और धा$_{14}$ अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि उनमें ऐसे पद स्पष्ट होते हैं जो **दो** की संख्यात्मक घातों पर उत्पन्न होते हैं। कैण्टर ने अनेक प्रकार के ऐसे पद **अलिफ** (alephs) रूप में **द्विरूपादि वर्गधारा** के आधार पर उत्पन्न किये थे। फिर भी उन्हें **अलिफों** की दिशाबद्ध इतनी **धाराएँ** प्राप्त न हो सकी हैं और जैन **धारा-गणित** में इस सम्बन्ध में शोध हेतु विशेष क्षेत्र उपलब्ध है।

अल्पबहुत्व तीन प्रकार का वर्णित है—**सचित्त, अचित्त मिश्र**। जो **अल्पबहुत्व** जीवों से सम्बन्धित है उसे **सचित्त**, जो शेष प्रकार के द्रव्यों से सम्बन्धित है उसे **अचित्त** प्रकार का कहते हैं। जब राशियाँ ज्ञान, दर्शन, योग, अनुभाग आदि से सम्बन्धित रहती हैं तो अल्पबहुत्व **नोआगम** प्रकार का होता है। इन सभी प्रकार के अल्पबहुत्वों को तीन मार्गों में व्यवहृत करते हैं—**स्वस्थान, परस्थान** और **सर्वपरस्थान**। **मिश्र** प्रकार के **अल्पबहुत्व** का एक उदाहरण सोलह राशिगत **अल्पबहुत्व** है।[3] अनन्तगुणा दर्शाने हेतु 'ख' **संदृष्टि** का उपयोग होता है।[4] यदि १६ **जीवराशि** है तो १६ख **पुद्गल राशि** हैं। १६ खरब काल की **समयराशि** है और १६ख खरब समस्त **आकाश प्रदेश राशि** होती है। **अल्पबहुत्व विधि** का उपयोग वहाँ होता है जहाँ किसी राशि का स्थान निर्धारण अनेक राशियों के प्रतिवेश में तथा दूरी पर, **परिमित** अथवा **पारपरिमित** दशा में करना होता है।[5] **अतीतकाल** समय राशि (····४, ३, २, १) मानने पर उससे **अनागत काल समय राशि** (१, २, ३, ४, ····) को, जहाँ ० वर्तमान काल हो, अनन्तगुणा माना गया है।

मापिकी (Mensuration)

सूत्रकृतांग[6] के अभिमत में, "गणित में रेखागणित कमल है,·····और शेष अवर है।" वास्तव में यदि बीजगणित **तर्क** पर आधारित होता है तो रेखागशित **अन्तःप्रज्ञा** पर। करणानुयोगविषयक ग्रन्थ लोक का रेखागणित पर आधारित तो हैं ही, साथ ही बीजगणितीय सम्बन्ध पर भी।

तत्त्वार्थाधिगम भाष्य (उमास्वाति)[7] में निम्नलिखित **मापिकी सूत्र** उपलब्ध हैं :—

---

१ देखिये ज्लाट (१९५७)। इसमें प्रायः सभी सम्बन्धित संदर्भ मिल सकते हैं।

२ **वही**।

३ **धवला**, भाग ३, पृ० ३०, ३१

४ **अ० सं० गो०** पृ० ५ आदि

५ **तत्त्वा०** १, ८, १०, पृ० ४२

६ **श्रुत स्कन्ध**, अ० १, श्लो० १५४

७ **तत्त्वा० भा०** (१९०३)

मान लो **वृत्त की परिधि** "प", **व्यास** "व्या", **क्षेत्रफल** "क्षे", **चाप** "चा", **चाप-कर्ण** "क", **बाण** "ब", एवं **त्रिज्या** "त्रि" हो तो

(i) $प = \sqrt{१०\ (व्या)^2}$

(ii) $क्षे = \frac{1}{4}$ प० व्या

(iii) $क = \sqrt{४\ बा\ (व्या - बा)}$

(iv) $बा = \frac{1}{2}\ (व्या - \sqrt{व्या^2 - क^2})$

(v) $चा = \sqrt{६\ बा^4 + क^2}$

(vi) $व्या = \left(बा^2 + \frac{क^2}{४} \right) \div बा$

(vii) दो समान्तर चापकर्णों के बीच किसी वृत्त की परिधि के भाग संवादी चापों के बीच के अन्तर के आधे होते हैं।

(viii) $बा = \sqrt{चा^2 - क^2} \div ६$

ये सभी सूत्र **जम्बू द्वीप समास** में भी उपलब्ध हैं।[1]

ये ही सूत्र **सूर्यप्रज्ञप्ति, करण भावना, उत्तराध्ययन सूत्र** में भी हैं जहाँ गोल के खण्ड समान ईषत् प्राग्भार का विवरण भी मिलता है।

महावीराचार्य द्वारा भी इन्हीं सूत्रों की पुनरावृत्ति हुई है[2]—

(बादर) $चा = \sqrt{५बा^2 + क^4}$

(सूक्ष्म) $चा = \sqrt{६बा^4 + क^4}$

सिकन्दरिया के हेरन (ल० २००)[3] ने **परिधि खण्ड** को **अर्द्ध वृत्त** से कम लेकर निम्नलिखित सूत्र निकाला :

$\sqrt{४\ बा^2 + क^2} + \frac{1}{2}$ बा अथवा

$$\sqrt{४\ बा^2 + क^2} + \{\sqrt{४\ बा^2 + क^4} - क\}\frac{बा}{क}$$

चीनी छेन हुओ (Chen Huo) (ल० १०७५ ई०) ने इस सूत्र को निम्न रूप में रखा :

$$चा = क + २\frac{बा^2}{व्या}$$

सूर्यप्रज्ञप्ति, आदि ग्रन्थों में π का बादर मान ३ तथा सूक्ष्म मान $\pi = \sqrt{१०}$ लिया गया है। **धवला** में शुद्ध रूप में $\pi = \frac{३५५}{११३}$ है[4], जो निम्नलिखित रूप में पढ़ा जाता है

$$\pi = ३ + \frac{१६}{११३} + \frac{१६}{११३\ (व्यास)}$$ यदि व्यास में स्थित प्रदेश राशि असंख्यात हो तो π का मान $\frac{३५५}{११३}$ निकल आता है। यही सूत्र चीन में त्सु-चुंग शिह (Tsu Chung Ohih) (ल० ४७६ ई०) को ज्ञात था।[5]

तिलोयपण्णत्ति में निम्नलिखित सूत्र प्राप्त हैं। वहाँ **सांद्रों के घनफल, लम्बत्रिपार्श्वों** के रूप में विभिन्न प्रकार के आधार लेकर प्राप्त किये गये हैं। **वातवलयादि** के भी घनफल निकाले गये हैं। ये राजू और योजन के पदों में प्राप्त हैं।[6]

(i) $प = \sqrt{व्या^2 \times १०}$

(ii) $क्षे = प \times \frac{व्या}{४} = \frac{प}{व्या}\frac{व्या^2}{४} = \sqrt{१०\ त्रि^2}$

(iii) समवर्तुल रंभ (right circular cylinder) का घनफल = आधार का क्षेत्रफल × ऊँचाई[7]

(iv) $(\text{चतुर्थभाग चाप का चाप कर्ण})^2 = \left(\frac{व्या}{२}\right)^2 \times २$

(v) $[(\text{चतुर्थ भाग परिधि चापकर्ण})^2 \times \frac{5}{4}]$

$= [\text{चतुर्थ भाग परिधि}]^2 = \sqrt{१०\frac{त्रि}{२}}$ *

(vi) $क^2 = ४\left[\left(\frac{व्या}{२}\right)^2 - \left(\frac{व्या}{२} - बा\right)^2\right]$ †

जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति संग्रह में उसे निम्न रूप में दिया है :

$$क = \sqrt{४\ बा\ (व्या - बा)}$$

(vii) $चा^2 = २\ [(व्या + बा]^2 - व्या^2]$ §

जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति संग्रह में निम्न रूप में है—

$$च = \sqrt{६\ (बा)^2 + क^2}$$

---

१ अ० ३, श्लो० ११.

२ ग० सा० सं०, ७·४३, ७३½

३ हीथ, भाग २, पृ० ३८१, (१९२१)

४ धवला, भा० ४, १, ३, ३, पृ० ४२

५ कूलिज (१९४०), पृ० ६१; नीधम और लिंग (१९५९), मिकामी (१९१३).

६ ति० प० ग०, पृ० २४-३९.

७ ति० प०, ४·६, ४·९.

* ति० प०, ४·७०

† वही, ४·१८०, ज० द्वी० प्र०, २·२३, ६·९ आदि

§ वही, ४·१८१, ज० द्वी० प्र०, २·२४, ४·२९; ६·१०

(viii) खण्ड की ऊँचाई प्राप्त करने हेतु[1]

$$\text{बा} = \frac{\text{व्या}}{२} - \left[\frac{\text{व्या}^2}{४} - \frac{\text{क}^2}{४}\right]^{\frac{1}{2}}$$

सन्निकटता की व्यवस्था हेतु $\sqrt{१०}$ का मान निकालने हेतु **तिलोयपण्णत्ति** का "**खखपदस्सं सस्सपुढं**" प्रकरण, डा० आर०सी० गुप्ता ने $\sqrt{(३)^2+१}$ रूप लेकर प्राप्त किया है।[2] यहाँ $\sqrt{N} = \sqrt{a^2+x} = a+\frac{x}{2a}$ रूप में रखने की जैन प्रणाली रही है। इसी प्रकार $\sqrt{N} = \sqrt{b^2-y} = b-\frac{y}{2b}$ रूप में भी इसे रख सकते हैं। इस प्रकार $\pi = \sqrt{१०} = \sqrt{(३)^2+१} = ३+\frac{१}{६} = \frac{१९}{६}$ रूप में जैन ग्रन्थों में प्रचलित है।[3]

श्वेताम्बर **चार प्रकार के प्रमाणों** का वृहद वर्णन कापड़िया[4] ने **सिंह तिलक सूरि** की **गणित तिलक टीका** में किया है, जो दिगम्बर ग्रन्थों के मानों से भिन्न हैं। **स्थानांग सूत्र** में ५ प्रकार के अनन्तों का विवरण दिया है। **भगवती सूत्रादि** में त्रयस्रादि के आकार की अनेक **ज्यामितीय आकृतियों** का विवरण दिया है। इसी प्रकार **सूर्य प्रज्ञप्ति** में भी विवरण मिलते हैं। चार प्रकार के प्रमाणों में **द्रव्य प्रमाण** को **प्रदेश निष्पन्न** और **विभाग निष्पन्न** रूप में लिया गया है। **प्रदेश निष्पन्न** प्रमाण अनन्त प्रकार का है और **विभाग निष्पन्न** मात्र ५ प्रकार का है :—**मान, उन्मान, अवमान, गणिमा, प्रतिमान**। गणिमा १ से लेकर १ करोड़ तक की संख्या तक जाता है। **मान** क्रमशः **धान्यमान** और **रस मान** प्रकार का है। **क्षेत्र प्रमाण** दो प्रकार का है : **प्रदेश निष्पन्न** और **विभाग निष्पन्न**। **प्रदेश निष्पन्न** असंख्य प्रकार का है। **विभाग निष्पन्न** अंगुल से लेकर योजन तक जाता है—

६ अंगुल = १ पाद [अंगुल ३ प्रकार का है : आत्मांगुल, प्रमाणांगुल और उत्सेधांगुल][5]
२ पाद = १ वितस्ति
२ वितस्ति = १ रत्नी
२ रत्नी = १ कुक्षि
२ कुक्षि = १ धनुष्य
२००० धनुष्य = १ गव्यूति
४ गव्यूति = १ योजन[6]

इसी प्रकार **काल प्रमाण** भी दो प्रकार का है : **प्रदेशनिष्पन्न** एवं **विभाग निष्पन्न**। **प्रदेश निष्पन्न** असंख्य प्रकार का है और १ समय से लेकर असंख्यात समय तक है। **विभाग निष्पन्न** के अनेक प्रकार हैं :—(१) **समय** (२) **आवलिका** (३) **मुहूर्त** (४) **अहोरात्र** (५) **पक्ष** (६) **मास** (७) **ऋतु** (८) **अयन** (९) **संवत्सर** (१०) **युग** (११) **पूर्वांग** इत्यादि।[7] उपर्युक्त को समय से निम्न-लिखित सम्बन्ध से जोड़ा है :—

असंख्य समय = १ आवलिका
संख्यात आवलिका = १ निश्वास या १ उच्छ्वास
१ उच्छ्वास + १ निश्वास = १ प्राण
७ प्राण = १ स्तोक
७ स्तोक = १ लव
७७ लव = १ मुहूर्त
३७७३ उच्छ्वास = १ मुहूर्त
३० मुहूर्त = १ अहोरात्र
१५ अहारोत्र = १ पक्ष
२ पक्ष = १ मास
२ मास = १ ऋतु
३ ऋतु = १ अयन
२ अयन = १ संवत्सर
५ संवत्सर = १ युग
८४ लाख वर्ष = १ पूर्वांग[8]

भावप्रमाण को अनेक प्रकार वाला बतलाया गया है। **षट्खण्डागम** में उपरोक्त तीन प्रमाण : **द्रव्य प्रमाण, क्षेत्र प्रमाण एवं काल प्रमाण को भाव प्रमाण** कहा गया है।[9]

---

१ **ति० प०**, ४·१८२.
२ गुप्ता, आर० सी०, (१९७५); ति० प० ग०, ९·५५-५६, पृ० ४९; दत्त (१९२९), पृ० १३२
३ जैन, जे० एल०, (१९१८), पृ० १५४-१५५
४ कापड़िया (१९३७)।
५ **आर्हत दर्शन दीपिका**, देखिये पृ० ७८-८०
६ अनु० सू०, सू० १३३
७ कापड़िया (१९३७), पृ० xvii—xx, भूमिका।
८ अनु० सू०, सू० १३७; **आर्हत दर्शन दीपिका** (पृ० ५८७-५८८)।
९ **षट्खण्डागम**, पु० ३, १—२—५, "**तिण्हं पि अधिगमो भाव पमाणं ॥५॥**"

६. गणितानुयोग—आधुनिक सन्दर्भ में

प्रस्तुत प्रस्तावना के प्रथम शीर्षक में गणितानुयोग—एक परिचय दिया गया है जिसे आधुनिक सन्दर्भ में रखा जा सकता है। मुख्यतः विषय गणित, ज्योतिष एवं लोक संरचना संबंधी है जिसकी तुलना आधुनिक विज्ञान से की जा सकती है। वास्तव में किन्हीं भी घटनाओं को सिद्धान्त रूप से समझाने या फलित रूप में परिणाम निकालने हेतु **प्रतिरूप (मॉडल)** या **गणितीय प्रतिरूप** (मेथामेटिकल मॉडल) स्थापित किये जाते हैं। परीक्षणों द्वारा ही प्रतिरूपों की सक्षमता शुद्धता आदि परीक्षित होती है।

स्पष्ट है कि गणित ज्योतिष का जैन सिद्धान्त जो गणितानुयोग में संग्रहीत है, जैन पंचांग के रूप को प्रस्तुत करता है। इसमें समय-समय पर शोधन कार्य होते रहे, क्योंकि औसतन, माध्यमान पर आधारित यह पंचांग था जिसे समयानुसार ध्रुव राशि आदि राशियों के समीकरणों द्वारा पूरित किया जाता रहा होगा। यह आवश्यकता पर निर्भर करता है। अतएव अभी भी इस ओर अनेक जैन ज्योतिष ग्रन्थ जो उपलब्ध हैं तथा अनुपलब्ध हैं उनके अनुवाद गणितीय टिप्पण सहित शोध हेतु तैयार करना आवश्यक है। यह स्पष्ट है कि आधुनिक ज्योतिष का मॉडल कापरनिकस के सिद्धान्त के आधार पर है। फिर भी आइंस्टाइन का सापेक्षता सिद्धान्त उसमें सूक्ष्मतम तत्व दे सका है। न्यूटन से अब सापेक्षता सिद्धान्त अत्यधिक सूक्ष्म परिणामों को निकालता है।

यही हाल जैन लोक संरचना का है। एक **प्रतिरूप** प्रस्तुत किया गया है, जिसमें गणितीय वस्तुओं को भर दिया गया है, अर्थात् विभिन्न प्रकार की राशियों से लोक की संरचना को चित्रित किया गया है। जीवराशियों से लेकर अनेकानेक प्रकार की राशियों का द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव प्रमाण देते हुए लोक की विविधताओं पर विहंगम दृष्टि डाली गयी है।

प्रस्तुत **प्रतिरूपों** की गिनती आज के युग में दिनों दिन बढ़ती जा रही है। उनके निष्कर्षों का परीक्षण किया जाता रहा है। किन्तु अभी भी नीहारिकाओं का अखिल लोक से बाहर की ओर तीव्रातितीव्र वेग से निष्कासन प्रति क्षण होते रहने का जो सप्तरंगी विश्लेषण हो सका है, उसका संतोषजनक **प्रतिरूप** (मॉडेल) प्राप्त नहीं हो सका है। यदि ब्रह्माण्ड प्रतिपल, इस कारण विरलन को प्राप्त हो रहा है तो उसका घनत्व प्रायः सर्वत्र औसतन् एक सा क्यों है? क्या कोई शून्य में उत्पत्ति होती रहती है? ऐसे अनेक प्रकार से विश्व की संरचना विषयक सिद्धान्त प्रतिपादित हुए हैं। आइंस्टाइन, बोंडी, हायल, जीन्स, चन्द्रशेखर प्रभृति विद्वानों ने आजीवन इस अध्ययन की ओर समर्पित किया है। तत्सम्बन्धी **गणितीय प्रारूपों** के अध्ययन और गणितानुयोग के विषय से उसकी तुलना करने हेतु हम संदर्भ ग्रन्थावलि में यथोचित सामग्री दे रहे हैं।

साथ ही **गणितानुयोग** का एक और आधुनिक संदर्भ है। वह है विज्ञान इतिहास संबन्धी संरचना का। **प्रथम** अध्याय में जो सूत्रों में पाईगये प्रकरण हैं उन्हें विज्ञान के इतिहास शोध विषयक रूप में प्रस्तुत करना आवश्यक है। यह विषय अपने आप में अत्यन्त गम्भीर है क्योंकि उद्गम सम्बन्धी समस्याएँ, विश्व विज्ञान इतिहास के संदर्भ में अनेक प्रकरणों में उलझी हुई हैं। उदाहरणार्थ किस देश में किस काल में वहाँ की सभ्यता को किस प्रकार के गणित-विज्ञान की आवश्यकता हुई और उन्होंने अपनी आवश्यकताओं और जटिल समस्याओं की प्रस्तुति को किस रूप में हल किया तथा विदेशों को अंततः उनका क्या लाभ मिला।

तीर्थंकर वर्द्धमान महावीर का युग क्रान्तिकारी युग था जब हिंसा को अहिंसा के सामने पैर टेकना पड़े थे। स्पष्ट है कि उस बुद्धिवादी युग में **वर्द्धमान महावीर** के तीर्थ में लोक संरचना के आधार पर कर्म सिद्धान्त के सूक्ष्मतम गणित द्वारा निर्मोह को प्रस्तुत करना पड़ा होगा। अहिंसा के मृदु स्पर्श में यह शुद्ध हीरे जैसी कठोरता कैसे पनपी होगी, आश्चर्य लगता है। किन्तु आत्मा को अनुभूति करना पड़ी होगी कि कर्मों का बँटवारा नहीं होता है। यह प्रत्यनुभूति जैन गणित की पराकाष्ठा पर दृष्टिगत होती है। आज का वैज्ञानिक युग अति बुद्धिवादी है। इसमें **गणितानुयोग** जैसे ग्रन्थों पर आधारित कर्मग्रन्थों का परीक्षण विधि से गणक-मशीनों द्वारा दिग्दर्शन कराना अब अपरिहार्य हो गया है। इसके लिये तीन प्रकार की गणक मशीनें आवश्यक हैं जो क्रमशः संस्कृत प्राकृत जैन ग्रन्थों के अनुवाद, उनमें निहित गणित ज्योतिष और निहित कर्म सिद्धान्त को वास्तविक रूप में दिग्दर्शित कर सके। आशा है विश्वविद्यालयों में अथवा जैन संस्थाओं में गणित पर आधारित जैन अध्ययन प्रारम्भ किये जायेंगे, ताकि शोध की वास्तविक भावना को संबल प्राप्त हो सके। शोध के विषय को चुनने हेतु **गणितानुयोग** जैसे सर्वेक्षण ग्रन्थ उपयोगी सिद्ध होंगे।

—लक्ष्मी चन्द्र जैन

Prof. L. C. Jain

Hon. Director, DJICR, Hastinapur;
Addl. Hon. Director, A, Vidyasagara Research Institute-Jabalpur;
INSA Research Associate, Physics Deptt, Rani Durgavati University, Jabalpur;
L.M.,Einstein Foundation international,Nagpur;
M.G.B.,D.C.,Ghuvara,L.M,J.R.S.:L.M.,A.B.V.P.,

प्रस्तावना में प्रयुक्त—

संदर्भ ग्रंथ एवं शोध लेख सूची

(१) **गणित सार संग्रह**, (सं० ग० सा० सं०) महावीराचार्य कृत, सं० अनु० एल० सी० जैन, शोलापुर, १९६३

(२) **त्रिलोकसार**, (सं० त्रि० सा०) नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती, सं० र० च० मुख्तार, चे० प्र० पाटनी, श्री महावीर जी, १९७६

(३) **अभिधान राजेन्द्र कोष**, (सं० अभि० रा० को०) रतलाम १९२३

(४) **भारतीय संस्कृति में जैनधर्म का योगदान**, एच० एल० जैन, भोपाल, १९४२

(५) **सूर्य प्रज्ञप्ति सूत्र**, सं० कन्हैयालाल, भाग १ (१९८१) भाग २ (१९८२), अहमदाबाद

(६) **चंद्र प्रज्ञप्ति सूत्र**, सं० कन्हैयालाल, राजकोट, १९७३

(७) **सूर्य प्रज्ञप्ति**, सं० अमोलक ऋषि, सिकन्दराबाद, वीराब्द ल० २४४६

(८) **चन्द्र प्रज्ञप्ति**, सं० अमोलक ऋषि, सिकन्दराबाद, १९२०

(९) **सूर्य प्रज्ञप्ति**, टी० मलयगिरि, बम्बई १९१९

(१०) **षट्खंडागम**, (सं० षट् खं०), पुष्पदंत भूतबलिकृतः वीरसेन कृत धवला टीका सहित, भाग १-१६, अमरावती, विदिशा (१९३९-१९५९)

(११) **गोम्मटसार जीव कांड**, भाग १ (१९७८), भाग २ (१९७९), (सं० गो० सा० जी०) नई दिल्ली

(१२) **गोम्मटसार कर्मकांड**, भाग १ (१९८०), भाग २ (१९८१) (सं० गो० सा० क०), नई दिल्ली

(१३) **जैन साहित्य का इतिहास**, ले०कै० चं० सि० शास्त्री, वाराणसी, १९६४

(१४) **जैन साहित्य का बृहद् इतिहास**, भाग ४ (१९६८), भाग ५ (१९६९), वाराणसी

(१५) **तिलोयपण्णत्ति**, यतिवृषभ कृत, भाग १ (१९४३), भाग २ (१९५१), (सं० ति० प०), शोलापुर

(१६) **कर्मग्रन्थ**, भाग १-६, मिश्रीमल, जोधपुर, १९७४-७६

(१७) **भगवती सूत्र**, (सं० भ० सू०), अभयदेव सूरिकृत टीकासहित, आक्सफोर्ड, १८९५

(१८) **कल्पसूत्र**, (सं० क० सू०), भद्रबाहु कृत, लाइप्जिग, १८९७

(१९) **तत्वार्थाधिगम सूत्र विद भाष्य ऑफ उमास्वाति** (सं० त० सू०), सं० के० पी० मोदी, कलकत्ता, १९०३

(२०) **महाबंध**, भाग १-७, काशी, १९४७-१९५८

(२१) **डी कास्मोग्राफी डेर इंडेर**, किरफेल, डब्लू०, बान, १९२०

(२२) **जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति** शांति चन्द्र टीका, मेहासन, १९१८

(२३) **हिस्ट्री आफ ग्रीक मेथामेटिक्स**, भाग १, २; हीथ, टी०, आक्सफोर्ड, १९२१

(२४) **दी डेवेलपमेंट आफ मेथामेटिक्स इन चाइना एण्ड जापान**, मिकामी वाई, लाइप्जिग, (१९१३)

(२५) **लघुक्षेत्र समास प्रकरण**, रत्नशेखर सूरि, बम्बई, १८८१

(२६) **उत्तराध्ययन सूत्र** (सं० उ० सू०), शरपेंटियर, उपसल १९२२

(२७) **गणितानुयोग**, सं० मुनि कन्हैयालाल, 'कमल', सांडेराव, १९७०

(२८) **कासमालाजी, ओल्ड एण्ड निउ**, जी० आर० जैन, ग्वालियर, १९४२

(२९) **हिस्ट्री आफ हिन्दू मेथामेटिक्स** [हिन्दू गणितशास्त्र का इतिहास (हिन्दी अनुवाद) भाग १, लखनऊ, १९५६], दत्त, बी०बी०, एवं सिंह, ए०एन०, बम्बई, १९६२ [लाहौर (१९३५)]

(३०) **विश्व प्रहेलिका** (सं० वि० प्र०), मुनि महेन्द्र कुमार द्वितीय, बम्बई, १९६९

(३१) **जम्बूद्वीप पण्णत्ती संगहो** (सं० ज० प० सं०), सं० एच० एल० जैन, ए० एन० उपाध्ये, शोलापुर, १९५८

(३२) **प्रस्तार रत्नावली**, मुनि रतनचन्द्र, बीकानेर, १९३४

(३३) **गणित तिलक**, वृत्ति सिंहतिलक सूरि, सं० एच० आर० कापड़िया, बड़ौदा १९३७

(३४) **सूत्रकृतांग** (सं० सू० कृ०), पी० एल० वैद्य, पूना, १९२८

(३५) **उत्तराध्ययन,** ल्यूमेन एण्ड शूब्रिंग, अहमदाबाद १९३२ ह० जैकोबी, आक्सफोर्ड, १८९५

(३६) **कसाह पाहुड**, जयधवला टीका, भाग १-१३, आदि, मथुरा, १९४९

(३७) **वृहद क्षेत्र समास**, जिनभद्र सूरि, भावनगर, १९७७

(३८) **जैन जेम डिक्शनरी**; जैन, जे० एल०, आरा १९१८

(३९) **साइंस एण्ड सिविलिजेशन इन चाइना**, नीधम, जे०, एवं लिंग, डब्लू०, भाग ३, केब्रिम्ज, १९५९

(४०) **जैनेन्द्र सिद्धान्त कोष**, (सं० जै० सि० को०) जिनेन्द्र वर्णी, भाग १-४, नई दिल्ली, (१९७०-१९७३)

(४१) **तत्वार्थवार्तिक** (सं० त० वा०), अकलंक देव, भाग १-२, बनारस, १९४४

(४२) **ए हिस्ट्री आफ जामेट्रिकल मेथड्स**, कूलिज, जे०एल०, आक्सफोर्ड, १९४०

(४३) **जैन लक्षणावली**, (सं० जै० ल०) बालचन्द्र शास्त्री, भाग १-३, (१९७२-१९७९), दिल्ली

(४४) **दी शुल्ब सूत्र**, एस० एन० सेन एवं ए० के० बाग, नई दिल्ली, १९८३

(४५) **अर्थ संदृष्टि अधिकार** (सं० अ० सं०) **गोम्मटसार जीवकांड कर्मकांड, एवं लब्धिसार** पं० टोडरमल की सम्य ज्ञान चन्द्रिका टीका सहित, कलकत्ता, ल० १९१९, [हस्तलिपि दि० जैन पार्श्वनाथ बड़ा मंदिर, हनुमान ताल, जबलपुर]

(४६) **भगवती**, शतक १-२०, कलकत्ता, वि० सं० २०११

(४७) **ज्योतिष करण्डक** (सं० ज्यो० क०), सटीक, रतलाम १९२८

(४८) **अनुयोगद्वार सूत्र** (सं० अनु० सू०), हेमचन्द्र कृत टीका, बम्बई, १९१५-१६

(४९) **जम्बूद्वीप समास** (सं० ज० द्वी० स०), विजयसिंह कृत टीका, अहमदाबाद, १९२२

(५०) **मेथामेटिक्स इन एंशियेंट एण्ड मेडीवल इंडिया**, ए० के० बाग, वाराणसी, १९७९ ?

(५१) **जामेट्री इन एंशियेंट एण्ड मेडीवल इंडिया**, टी. ए. सरस्वती अम्मां, दिल्ली, १९७९.

(५२) **कांट्रिब्युशन टू दी फाउण्डिंग आप दी थ्योरी ऑफ ट्रांस्फारनाइट नम्बर्स**, जार्ज कैण्टर, लासाले इलिनास, १९५२.

(५३) **इंट्रोडक्शन टू दी फाउण्डेशंस ऑफ मेथामेटिक्स**, आर. एल. वाइल्डर, न्यूयार्क, १९५२

(५४) **डी सूर्यप्रज्ञप्ति**, जे. एफ. कोल, फरसुख आइनेर टेक्सट गिशेख्टे, स्टुटगर्ट, १९२७.

(५५) **ए कोन्साइज हिस्ट्री ऑफ साइंस इन इंडिया**, डी. एम. बोस आदि, नई दिल्ली, १९७१

(५६) **भारतीय ज्योतिष**, नेमिचन्द्र शास्त्री, वाराणसी, १९७०.

(५७) दत्त, बी. बी., **दी जैन स्कूल ऑफ मेथामेटिक्स**, बुले० केल० मेथ० सो०, भा० xxi, अ० २, १९२९, पृ० ११५-१४५.

(५८) सिंह, ए. एन., **मेथामेटिक्स ऑफ धवला**, षट्खंडागम, पु० ४, अमरावती, १९४२, पृ० i—xxiv

(५९) सरस्वती, टी० ए०, **दी मेथामेटिक्स इन दी फर्स्ट फोर महाधिकाराज ऑफ दी त्रिलोक प्रज्ञप्ति**, जर्नल, जी० जे० आर० आर०, अलाहाबाद, भाग १८, १९६१-६२ पृ० २७-५१

(६०) जैन, एल० सी०, **सेट थ्योरी इन जैन स्कूल ऑफ मेथामेटिक्स**, आई० जे० एच० एस०, भाग ८·१-२, १९७३, पृ० १-२७

(६१) दत्त, बी० बी०, **दी बख्शाली मेथामेटिक्स**, बुले० केल० मेथ०, सो०, भाग xxi, अंक १, १९२९, पृ० १-६०

(६२) जैन, लक्ष्मी चन्द्र, **तिलोयपण्णत्ति का गणित**, (सं० ति०प०ग०), जम्बूदीव पण्णत्ति संगहो की प्रस्तावना, शोलापुर; १९५८, पृ० १-१०९

(६३) जैन, एल० सी०, **डाइवर्जेंट सीक्वेन्सेज लोकेटिंग ट्रांस्फाइनाइट सेट्स इन त्रिलोकसार**, आई० जे० एच० एस०, १२·१, १९७७, पृ० ५७-७५

(६४) जैन, एल० सी०, **आन सरटेन मेथामेटिकल टापिक्स ऑफ दी धवला टेक्सट्स** (दी जैन स्कूल ऑफ मेथामेटिक्स), आई०जे०एच० एस०, ११.२, १९७६, पृ० ८५-१११

(६५) जैन, एल०सी०, **आन दी जैन स्कूल ऑफ मेथामेटिक्स** सी० एल० स्मृतिग्रन्थ, कलकत्ता, १९६७, पृ० २६५-२९२

(६६) जैन, एल० सी०, **मेथामेटिकल कांट्रिब्यूशन ऑफ टोडरमल ऑफ जयपुर**, दी जैन एंटीक्वेरी, ३०.१, १९७७ पृ० १०-२२

(६७) बाग, ए० के०, **बायनामियल थ्योरम इन एंशियेंट इण्डिया**, आई० जे० एच० एस०, १·१, १९९६, पृ० ६४-७४

(६८) बाग, ए० के०, **सिम्बल फार जीरो इन मेथामेटिकल नोटेशन्स इन इंडिया**, बोलेटीन दे ला अकादेमिया नेशनल दे साइंसियाज, रोम ४८, प्राइमर पार्टे, १९७०, पृ० २४७-५४.

(६९) बेल, ई० टी०, **महावीर 'स डायोफेन्टाइन सिस्टम**, बु० के० मे० सो०, २८, १९४६, पृ० १२१-२२.

(७०) दत्त, बी० बी०, **जामेट्री इन दी जैन कास्मोग्राफी**, क्वेलेन उंट स्टूडिएन जुर गिशिख्ते डेर मेथामेटिक, अब्टाइलुंक, बैंड १, १९३०, पृ० २४५-५४

(७१) दत्त, बी० बी०, **मेथामेटिक ऑफ नेमिचन्द्र**, जैन एंटीक्वेरी, भाग १, अंक २, १९३५, पृ० २५-४४

(७२) गुप्ता, आर० सी०, **सरकम्फियरेंस ऑफ दी जंबूद्वीप इन जैन कास्मोग्राफी**, आई०जे०एच०एस०, १०·१, १९७५, पृ० ३८-४६

(७३) जैन, एल० सी०, **सिस्टम थ्योरी इन जैन स्कूल ऑफ मेथामेटिक्स**, आई०जे०एच०एस०, १४·१, १९७९ पृ० ३१-६५

(७४) जैन, एल० सी०, **दी काइनेमेटिक मोशन ऑफ एस्ट्रल रीयल एण्ड काउण्टर बाडीज इन त्रिलोकसार**, आई० जे० एच० एस०, २·१, १९७५, पृ० ५८-७४

(७५) जैन, एल० सी०, **आन सरटेन फिजीकल थ्योरीज इन जैन एस्ट्रानामी**, दी जैन एंटीक्वेरी, २९·१/२, १९७६, पृ० ९-११

(७६) जैन, एल० सी०, **आर्यभट-I एण्ड यतिवृषभ, ए, स्टडी इन कल्प एण्ड मेरु**, आई० जे० एच० एस०, १२·२, १९७७, पृ० १३५-१४९

(७७) जैन, एल० सी०, **आन प्राबेबिल स्पाइरो-एलिप्टिक मोशन ऑफ दी सन इम्प्लायड इन दी तिलोयपण्णत्ति**, आई० जे० एच० एस०, १३-१, १९७८ पृ० ४२-४९

(७८) जैन, एल० सी०, **एक्जेक्ट साइंसेज फ्राम जैन सोर्सेज** भाग १ (बेसिक मेथामेटिक्स), भाग २ (ऐस्ट्रानामी एण्ड कास्मालाजी), जयपुर, दिल्ली, १९८२/१९८३, पृ० १-४०/पृ० १-७२

(७९) थिबो, जी०, **आन दी सूर्य प्रज्ञप्ति**, जर्नल ऑफ एशि० सो० ऑफ बैंगाल, ४९ (१). १८८०, पृ० १०७-१२८, १८१-२०६

(८०) थिबो, जी०, **कांट्रिब्यूशन टू दी एक्प्लेनेशन ऑफ ज्योतिष वेदांग**, जर्नल ए० सो० बैंगाल, ४६ (१), १८७७, पृ० ४११-४३७

(८१) वलोदर्स्की, ए० आई०, **एबाउट ट्रिटाइज ऑफ महावीर**, (रूसी भाषा), फिजिको मेथामेटिक्स, नउकी वा स्ट्रानख वस्तोका विपुस्क II (v), मास्को, १९६७; पृ० ९८-१३०

(८२) सिंह, ए० एन०, **हिस्ट्री ऑफ मेथामेटिक्स इन इंडिया फ्राम जैन सोर्सेज**, जैन एंटीक्वेरी, भाग १५, अंक २, १९४९, पृ० ४६-५३, भाग १६, अंक २, १९५०, पृ० ५४-६९

(८३) लिश्क, एस० एस०, शर्मा एस० डी०, **दी एवोलुशन ऑफ मेजर्स इन जैन एस्ट्रानामी**, तीर्थंकर, १·७-१२, १९७५, पृ० २८-३५.

(८४) लिश्क, एस०-एस०, शर्मा, एस० डी०, **लेटिट्यूड ऑफ मून एज डिटर्मिड इन जैन एस्ट्रानामी**, श्रमण, २७·२, १९७५ पृ० २८-३५,

(८५) लिश्क, एस० एस०, शर्मा एस० डी०, **नोशन ऑफ आब्लिक्विटी ऑफ एक्लिप्टिक इन जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति**, जैन जर्नल, १९७८, पृ० ७९-९२

(८६) लिश्क, एस० एस०, शर्मा एस० ढी०, **रोल ऑफ प्रि-आर्यभट जैन स्कूल ऑफ एस्ट्रानामी इन दी डेवेलपमेंट ऑफ सिद्धान्त एस्ट्रानामी**, आई०जे०एच० एस०, १२·२, १९७७ पृ० १०६-११३

(८७) शर्मा एस० डी०, लिश्क, एस० एस०, **लेंग्थ ऑफ डे इन जैन एस्ट्रानामी**, सेंटारस, २२·३, १९७८, पृ० १६५-१७६

(८८) सिकदार, जे० सी०, **एक्लिप्सेज ऑफ दी सन एण्ड दी मून एकार्डिंग टू जैन एस्ट्रानामी**, आई०जे० एच० एस०, १२·२, १९७७, पृ० १०६-११३

(८९) सिकदार, जे० सी०, **जैन एटामिक थ्योरी**, आई०जे० एच० एस०, ५·२, १९७०, पृ० १९९-२१८

(९०) सिकदार, जे० सी०, **दी जैन कान्सेप्ट ऑफ टाइम**, रिसर्च जर्नल ऑफ फिलासफी, रांची, ३·१, १९७२, पृ० ७५-८८

(९१) जवेरी जे० एस०, **थ्योरी ऑफ एटम इन जैन फिलासफी**, लाडनूं, १९७५

(९२) शास्त्री, नेमिचन्द्र, **जैन ज्योतिष साहित्य**, आचार्य भिक्षु स्मृतिग्रन्थ, कलकत्ता, १९६१, पृ० २१०-२२१

(९३) शास्त्री, नेमिचन्द्र, **ग्रीक-पूर्व जैन ज्योतिष विचारधारा**, ब्र० चन्दाबाई अभिनन्दन ग्रन्थ, आरा, १९५४, ४६२-४६६

(९४) शास्त्री नेमिचन्द्र, **भारतीय-ज्योतिष का पोषक जैन-ज्योतिष,** वर्णी अभिनन्दन ग्रन्थ, सागर; १९६२, ४७८-४८४

(९५) वलोदर्स्की, ए० आई० वोल्कोवोया, ओ० एफ०, **"श्रीधर-पाटी का गणित"**, फिजिको मेतिमेतिश्की नऊकी, वा स्ट्रांख वस्तेका, विपुस्क I (iv), मास्को, १९६६, पृ० १६०-१८१, १८१-२४६

(९६) गुप्ता, आर० सी०, **महावीराचार्याज रूल फार सर्फेस एरिया ऑफ ए स्फेरिकल सेगमेंट**; ए न्यू इण्टरप्रिटेशन, तुलसीप्रज्ञा-२, अप्रे० जू० १९७५, पृ० ६३-६६

(९७) शुक्ला, के० एस०, **दि न्यू मेथामेटिक्स इन दी सेंविथ सेंचुरी एज फाउण्ड इन भास्कर I-कामेन्ट्री आन आर्यभटीय, गणित**, २२-१, ११५-१३०; २२·१, ६१-७८; २३·१, ५७-७९; ४१-५०

(९८) लिश्क, एस० एस०, **पोस्ट वैदिक एण्ड प्रिसिद्धान्तिक एस्ट्रानामी**, शोध प्रबन्ध, पटियाला विश्वविद्यालय

(९९) अग्रवाल, मु० बि०, **गणित एवं ज्योतिष के विकास में जैनाचार्यों का योगदान**, शोधप्रबन्ध, आगरा वि० वि०. १९७२, पृ० ३७७

(१००) ज्लाट, डब्लू एल०, **दी रोल ऑफ एक्जियम ऑफ च्वाइस इन दी डेवेलपमेंट ऑफ दी एबसैट्रेक्ट थ्योरी ऑफ सेट्स,** शोधप्रबन्ध, कोलम्बिया यूनिवर्सिटी, १९५७

(१०१) जैन, बी० एस०, **आन दी गणित सार संग्रह आफ महावीराचार्य,** आई०जे०एच० एस०, १२·१ १९७७, पृ० १७-३२

(१०२) जैन, एल० सी०, **आन दी कांट्रिब्यूशन्स, ट्रांसमिशन्स एण्ड इन्फ्लुएंसेज आफ दी जैन स्कूल आफ मेथामेटिकल साइंसेज**, तुलसी प्रज्ञा, लाडनूं ३·४, १९७७, पृ० १२१-१३४

(१०३) जैन, अनुपम, एवं अग्रवाल, सुरेश, **महावीराचार्य,** हस्तिनापुर, १९८५

(१०४) जैन, अनुपम, **सर्वे आफ दी वर्क डन आन जैन मेथामेटिक्स**, तुलसी प्रज्ञा, ११·१-३, १९८३, पृ० १५-२७

(१०५) दास एस० आर०, **दी जैन केलेण्डर,** दी जैन एंटीक्वेरी, ३·२, १९३७, पृ० ३१-३६

□

प्रथम संस्करण की भूमिका

(क) जैन मान्यतानुसार लोक-वर्णन

पं० हीरालाल शास्त्री

अनन्त आकाश के ठीक बीचों-बीच यह हमारा लोक अवस्थित है, जो नीचे पल्यंक के सदृश, मध्य में वज्र के समान और ऊपर खड़े मृदंग के तुल्य है। यह लोक नीचे विस्तीर्ण, मध्य में संक्षिप्त और ऊर्ध्वमुख मृदंग के समान हैं। यह सब मिलकर लोक का आकार पुरुष के आकार का सा हो जाता है। जैसे कोई पुरुष अपने दोनों पैरों को फैलाकर और दोनों हाथों को कटि पर रख कर खड़ा हो, तो उसका जैसा आकार होगा, ठीक इसी प्रकार लोक का आकार है। अथवा आधे मृदंग के ऊपर पूरे मृदंग को रखने पर जैसा आकार होता है, वैसा आकार लोक का समझना चाहिए[1]। कटि के नीचे के भाग को अधो-लोक, ऊपर के भाग को ऊर्ध्व-लोक और कटि-स्थानीय भाग को मध्य-लोक कहते हैं। इस तीन विभाग वाले लोक को लोकाकाश कहा जाता है, क्योंकि इसके भीतर ही जीव-पुद्गलादि सभी चेतन ओर अचेतन द्रव्य पाये जाते हैं। इस लोकाकाश के सर्व ओर पाये जाने वाले अनन्त आकाश को अलोकाकाश कहते हैं, क्योंकि इस में केवल आकाश के अतिरिक्त अन्य कोई चेतन या अचेतन द्रव्य नहीं पाया जाता है।

१—सामान्य लोक-स्वरूप

लोकाकाश की ऊँचाई १४ राजु है[2]। यह अधोलोक में सबसे नीचे सात राजु विस्तृत है। पुनः क्रम से घटता हुआ कटि स्थानीय मध्य-भाग में एक राजु विस्तृत है। इससे ऊपर क्रम से बढ़ता हुआ दोनों हाथों में कोहिनी-स्थान पर पाँच राजु विस्तृत है। पुनः क्रम से घटता हुआ शिर:स्थानीय लोक के अग्र-भाग पर एक राजु विस्तृत है। यह समस्त लोक सर्व ओर घनोदधि, घनवात और तनुवात इन तीन वलयों से वेष्टित है। अर्थात् इनके आधार पर अवस्थित है। प्रथम वलय अधिक सघन है, अतः इसे घनोदधि कहते हैं। दूसरा वलय तीसरे वलय की अपेक्षा सघन है, अतः उसे घनवात कहा गया है। तीसरा वलय उक्त दोनों की अपेक्षा अत्यन्त सूक्ष्य या पतला है, इसलिये इसे तनुवात कहते हैं[3]।

२—अधोलोक

कटि-स्थानीय झल्लरी के समान आकार वाले मध्यलोक के नीचे सात पृथिवियाँ हैं—घम्मा, वंशा, सेला, अंजना, अरिष्टा, मघा और माघवती। रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा, वालुकाप्रभा, पंकप्रभा, धूमप्रभा, तमःप्रभा और महामतःप्रभा—इनके गोत्र कहे गये हैं। इनमें से पहली रत्नप्रभा के तीन भाग हैं—खरभाग, पंकभाग और अब्बहुलभाग। इनमें खरभाग सोलह हजार योजन मोटा है। पंकभाग चौरासी हजार योजन और अब्बहुलभाग अस्सी हजार योजन मोटा है। इस प्रकार रत्नप्रभा पृथ्वी की मोटाई एक लाख अस्सी हजार योजन है। इस तीन विभाग वाली रत्नप्रभा पृथ्वी के नीचे असंख्यात हजार योजन के अन्तराल के बाद दूसरी शर्करा पृथ्वी है। यह एक लाख बत्तीस हजार योजन मोटी है। इसके नीचे पुनः असंख्यात हजार योजन नीचे जाकर तीसरी बालुका पृथ्वी हैं। इसकी मोटाई एक लाख अट्ठाईस हजार योजन है। इस तीसरी पृथ्वी का तल भाग मध्यलोक से दो रज्जु प्रमाण नीचा है। तीसरी पृथ्वी से असंख्यात हजार योजन नीचे जाकर चौथी पंकप्रभा पृथ्वी है। इसकी मोटाई एक लाख चौबीस हजार योजन है। इस पृथ्वी का तल भाग मध्यलोक से तीन राजु नीचा है।

---

१. देखो प्रस्तुत ग्रन्थ का सूत्र २८। तिलोयपण्णत्ती, अ०. १ गा० १३७-३८।
उब्भिय दलेक्कमुरवद्धसंचयसण्णिहो हवे लोगो। (त्रिलोकसार गा० ६)

२. चोद्दस रज्जूदयो लोगो (त्रिलोकसार गा० ६) जगसेढिसत्तभागो रज्जु। (त्रिलोकसार गा० ७)
चउदसरज्जू लोओ बुद्धिकओ होइ सत्तराजुघणो। कर्मग्रन्थ. ५–९७
सयंभुपरिमंताओ अवरंतो जाव रज्जूमाइओ। (प्रवचनसारो० १४३, ३१) राजु का प्रमाण जगच्छ्रेणी के सातवें भाग बराबर है जो कि स्वयम्भूरमण द्वीप के पूर्व-भाग से लेकर पश्चिमभाग पर्यन्त के प्रमाण है। एक राजु में असंख्यात योजन होते हैं।

३. दि० शास्त्रों में घनोदधिवात का वर्ण गोमूत्र-सम, घनवात का मूंग-समान और तनुवात का अव्यक्त वर्ण कहा है।

इससे असंख्यात हजार योजन नीचे जाने पर पाँचवीं धूमप्रभा पृथ्वी है। इसकी मोटाई एक लाख बीस हजार योजन है। इसका तल भाग मध्यलोक से चार रज्जु नीचा है। पाँचवीं पृथ्वी से असंख्यात हजार योजन नीचे जाने पर छठी तमःप्रभा पृथ्वी है। इसकी मोटाई एक लाख सोलह हजार योजन है। इसका तल भाग मध्यलोक से पाँच रज्जु नीचा है। छठी पृथ्वी से असंख्यात हजार योजन नीचे जाने पर सातवीं महातमःप्रभा पृथ्वी है। इसकी मोटाई एक लाख आठ हजार योजन है[1]। इसका तल भाग मध्यलोक से छह राजु नीचा है।

रत्नप्रभा पृथ्वी के एक लाख अस्सी हजार योजन प्रमाण क्षेत्र में से ऊपर नीचे के एक-एक हजार योजन भाग को छोड़कर मध्य वर्ती क्षेत्र में ऊपर भवनवासियों के सात करोड़ बहत्तर लाख भवन हैं,[2] तथा नीचे नारकियों के तीस लाख नारकावास हैं[3]। किन्तु त्रिलोकप्रज्ञति, तत्त्वार्थ-वार्त्तिक आदि दि० ग्रन्थों में इससे भिन्न उल्लेख पाया जाता है[4]।

दूसरी पृथ्वी के ऊपर नीचे एक-एक हजार योजन भूमि-भाग को छोड़कर मध्यवर्ती भाग में नारकों के २५ लाख नारकावास हैं। इसी प्रकार तीसरी से लगाकर सातवीं पृथ्वी तक उनकी मोटाई के ऊपर नीचे के एक-एक हजार योजन भाग को छोड़कर मध्यवर्ती भागों के क्रमशः १५ लाख, १० लाख, ३ लाख पाँच कम १ लाख और ५ नारकावास है। ये नारकावाश पटल या पाथड़ों में विभक्त हैं। पहली आदि पृथ्वी में क्रमशः १३, ११, ९, ७, ५, ३ और १ पटल हैं। इस प्रकार सातों पृथिवियों के नारकावासों के ४९ पटल हैं। इन ४९ पटलों में विभक्त सातों पृथिवियों के नारकावासों का प्रमाण ८४ लाख है, जिनमें असंख्यात नारकी जीव सदाकाल अनेक प्रकार के क्षेत्रज परस्परोदीरित, शारीरिक, मानसिकों दुःखों को भोगा करते हैं। इन नरकों में क्रूर कर्म करने वाले पापी मनुष्य और पशु-पक्षी तिर्यंच उत्पन्न होते हैं। वे पहली पृथ्वी में कम से कम १० हजार वर्ष की आयु से लेकर सातवीं पृथ्वी में ३३ सागरोपम काल तक नाना दुःखों को उठाया करते हैं। उनकी अकाल मृत्यु नहीं होती है। उनका शरीर वैक्रियिक और औपपातिक होता है। जन्म लेने के पश्चात अन्तर्मुहूर्त में ही उनके शरीर का पूरा निर्माण हो जाता है और वे उत्पन्न होते ही ऊपर की और पैर तथा अधोमुख होकर नीचे नरक भूमि पर गिरते हैं।

सातवीं पृथ्वी के नीचे एक राजु—प्रमाण मोटे और सात राजु—विस्तृत क्षेत्र में केवल एकेन्द्रिय जीव ही रहते हैं।

३—मध्यलोक

मध्यलोक का आकार झल्लरी या चूड़ी के समान गोल है। इसके सबसे मध्य भाग में एक लाख योजन विस्तृत जम्बूद्वीप है। इसे सर्व ओर से घेरे हुए दो लाख योजन विस्तृत लवण समुद्र है। इसे सर्व ओर से घेरे हुए चार लाख योजन विस्तृत धातकीखण्ड द्वीप है। इसे सर्व ओर से घेरे हुए आठ लाख योजन विस्तृत कालोद समुद्र है। इसे सर्व ओर से घेरे हुए सोलह लाख योजन विस्तृत पुष्कर द्वीप है। इस पुष्कर द्वीप के ठीक मध्य भाग में गोल आकार वाला मानुषोत्तर पर्वत है। इससे परवर्ती पुष्करार्ध द्वीप में तथा उससे आगे के असंख्यात द्वीप समुद्रों में वैक्रिय लब्धि संपन्न या चारणमुनि के अतिरिक्त अन्य मनुष्यों का आवागमन नहीं हो सकता, ऐसी श्वेताम्बर सम्प्रदाय की मान्यता है। किन्तु दिगम्बर-सम्प्रदाय की मान्यता के अनुसार ऋद्धि-सम्पन्न मनुष्य भी नहीं आ जा सकते हैं।

पुष्कर द्वीप को घेर कर उससे दूने विस्तार वाला पुष्करोद समुद्र है। पुनः उसे घेर उत्तरोत्तर दूने-दूने विस्तार वाले वरुणवर द्वीप-वरुणवर समुद्र, क्षीरवरद्वीप-क्षीरोदसागर, घृतवरद्वीप-घृतवर समुद्र, क्षोदवरद्वीप-क्षोदवर समुद्र, नन्दीश्वरद्वीप-नन्दीश्वरवर समुद्र आदि नाम वाले असंख्यात द्वीप और समुद्र हैं। सबसे अन्त में असंख्यात योजन विस्तृत स्वयम्भूरमण समुद्र है।

इस असंख्यात द्वीप-समुद्रों वाले मध्य लोक के ठीक मध्य में जो एक लाख योजन विस्तृत जम्बूद्वीप है उसके भी मध्य भाग में मूल में दस हजार योजन विस्तार वाला और एक लाख योजन ऊँचा मेरु पर्वत है। इसके उत्तर दिशा में अवस्थित उत्तरकुरु में एक अनादि-निधन पार्थिव जम्बू-वृक्ष है, जिसके निमित्त से ही इस द्वीप का नाम जम्बूद्वीप पड़ा है। इस द्वीप का विभाजन करने

---

१. दि० परम्परा में शर्करा आदि पृथिवियों की मोटाई क्रमशः ८०००, ३२०००, २८०००, २४०००, २००००, १६००० और ८००० योजन मानी गई है। तिलोयपण्णत्ति में 'पाठान्तर' देकर उपर्युक्त मोटाई का भी उल्लेख है।

२. देखो प्रस्तुत ग्रन्थ का सूत्र १५६।

३. देखो प्रस्तुत ग्रन्थ का सूत्र १२७।

४. दिगम्बर परम्परा के अनुसार रत्नप्रभा के तीन भागों में से प्रथम भाग के एक-एक हजार योजन क्षेत्र को छोड़कर मध्यवर्ती १४ हजार योजन के क्षेत्र में किन्नर आदि सात व्यन्तर के देवों के, तथा नागकुमार आदि नौ भवनवासी देवों के आवास हैं। तथा रत्नप्रभा के दूसरे भाग में असुरकुमार, भवनपति और राक्षस व्यन्तरपति के आवास हैं। रत्नप्रभा के तीसरे भाग में नारकों के आवास हैं। (देखो तिलोयपण्णत्ति अ० ३ गा० ७। तत्त्वार्थवार्तिक अ० ३, सू० १)

वाले पूर्व से लेकर पश्चिम तक लम्बे छह वर्षधर पर्वत हैं—हिमवान्, महाहिमवान्, निषध, नील, रुक्मी और शिखरी। इन वर्षधर पर्वतों से विभक्त होने के कारण जम्बूद्वीप के सात विभाग हो जाते हैं, इन्हें वर्ष या क्षेत्र कहते हैं। इनके नाम दक्षिण की ओर से इस प्रकार हैं—भरत, हैमवत, हरि, विदेह, रम्यक, हैरण्यवत और ऐरावत वर्ष। इनमें से विदेह क्षेत्र के मध्य-भाग में मेरु पर्वत है। इसके दक्षिणी भाग में भरत आदि तीन क्षेत्र हैं और उत्तरी भाग में रम्यक आदि तीन क्षेत्र हैं।

४—कर्मभूमियाँ और अकर्मभूमियाँ

उपर्युक्त सात क्षेत्रों में से भरत, ऐरावत और विदेहक्षेत्र (देवकुरु और उत्तरकुरु को छोड़कर) को कर्मभूमि कहा जाता है, क्योंकि यहाँ के मनुष्य असि, मषि, कृषि आदि कर्मों के द्वारा अपना जीवन-निर्वाह करते हैं। यहाँ के मनुष्य-तिर्यंच अपने-अपने पुण्य-पापों के अनुसार नरक, तिर्यंचादि चारों गतियों में उत्पन्न होते हैं तथा यहाँ के ही मनुष्य अपने पुरुषार्थ के द्वारा कर्मों का क्षय करके मोक्ष प्राप्त करते हैं। उक्त कर्मभूमि के सिवाय शेष को अकर्मभूमि या भोगभूमि कहा जाता है, क्योंकि यहाँ असि-मषि आदि कर्मों के द्वारा जीवकोपार्जन नहीं करना पड़ता, किन्तु प्रकृति-प्रदत्त कल्पवृक्षों के द्वारा ही जीवन-निर्वाह होता है। भोगभूमि के जीवों की अकाल मृत्यु भी नहीं होती है, किन्तु वे सदा स्वस्थ रहते हुए पूर्ण आयु-पर्यन्त दिव्य भोगों को भोगते रहते हैं।

५—अन्तरद्वीप

प्रथम हिमवान, पर्वत की चारों विदिशाओं में तीन-तीन सौ योजन लवण-समुद्र के भीतर जाकर चार अन्तर द्वीप हैं। इसी प्रकार लवण-समुद्र के भीतर चार सौ, पाँच सौ, छह सौ, सात सौ, आठ सौ और नौ सौ योजन आगे जाकर चारों विदिशाओं में चार-चार अन्तर-द्वीप और हैं। इस प्रकार चुल्ल हिमवान् के (७×४=२८) सर्व अन्तर-द्वीप २८ होते हैं। इसी प्रकार छठे शिखरी पर्वत के लवण समुद्रगत २८ अन्तर-द्वीप हैं। दोनों ओर के मिलाकर ५६ अन्तर द्वीप हो जाते हैं।[1] इनमें एकोरुक आदि अनेक आकृतियों वाले मनुष्य रहते हैं। वे कल्प-वृक्षों के फल-फूलों को खाकर अपना जीवन-निर्वाह करते हैं, स्त्री-पुरुष के रूप में युगल उत्पन्न होते हैं और साथ ही मरते हैं। इनके मरण के कुछ समय पूर्व युगल-सन्तान उत्पन्न होती है।[2]

ऊपर जिन छह वर्षधर पर्वतों के नाम कहे गये हैं, उनके ऊपर क्रमशः पद्म, महापद्म, तिगिंच्छ, केशरी, महापुण्डरीक और पुण्डरीक नाम का एक-एक ह्रद या सरोवर है। इन्हीं सरोवरों के मध्य में पद्मों (कमलों) का अवस्थान बतलाया गया है। (विशेष वर्णन के लिए प्रस्तुत ग्रन्थ का तद्विषयक प्रसंग देखिए।

हिमवान पर्वतस्थ पद्मद्रह के पूर्व भाग से गंगा महानदी निकली है, जो पर्वत से नीचे गिरकर दक्षिण भरतक्षेत्र में बह-कर पूर्वमुखी होकर पूर्व के लवण-समुद्र में जाकर मिलती है। इसी पद्म-सरोवर के पश्चिम-भाग से सिन्धु महानदी निकलकर भारतवर्ष के दक्षिण भाग में कुछ दूर बहकर पश्चिमाभिमुखी होकर पश्चिम लवण-समुद्र में जाकर मिलती है। इसी सरोवर के उत्तरी भाग से रोहितांशा नदी निकली है जो कि हैमवत-क्षेत्र में बहती है। अन्तिम शिखरी पर्बत के ऊपर स्थित पुण्डरीक सरो-वर के पूर्वी भाग से रक्ता और पश्चिमी भाग से रक्तोदा नदी निकलकर ऐरावत क्षेत्र में बहती हुई क्रमशः पूर्व और पश्चिम समुद्र में जाकर मिलती है। इसी पुण्डरीक सरोवर के दक्षिणी-भाग से सुवर्णकूला नदी निकली है, जो हैरण्यवत-क्षेत्र में बहती है। शेष मध्यवर्ती वर्षधर पर्वतों के सरोवरों से दो-दो नदियाँ निकली हैं। वे अपने-अपने क्षेत्रों में बहती हुई पूर्व एवं पश्चिम के समुद्र में जाकर मिलती हैं। इन प्रधान महानदियों में सहस्रों अन्य छोटी नदियां आकर मिलती हैं।

विदेह क्षेत्र में मेरु पर्वत के ईशानादि चारों कोणों में क्रमशः गन्धमादन, माल्यवान, सौमनस और विद्युत्प्रभ नाम वाले चार पर्वत हैं। इनसे विभक्त होने के कारण मेरु के दक्षिणी भाग को देवकुरु और उत्तरी भाग को उत्तरकुरु कहते हैं। ये दोनों ही क्षेत्र भोगभूमि हैं। मेरु के पूर्ववर्ती भाग को पूर्व-विदेह और पश्चिम दिशा वाले भाग को अपर या पश्चिम-विदेह कहते हैं। इन दोनों ही स्थानों में सीता—सीतोदा नदी के बहने से दो-दो खण्ड हो जाते हैं। इन चारों ही खण्डों में कर्मभूमि है। इन्हीं में सीमन्धर आदि तीर्थंकर सदा विहार करते और धर्मोपदेश देते हुए विराजते हैं और आज भी वहाँ के पुरुषार्थी मानव कर्मों का क्षय करके मोक्ष जाते हैं।

६—ज्योतिष्क लोक

जम्बूद्वीप के समतल भाग से ७९७ योजन की ऊँचाई से लेकर ९०० योजन की ऊँचाई तक ज्योतिष्क लोक है, जहाँ पर

---

१. दिगम्बर परम्परा में अन्तरद्वीपों की संख्या ९६ बतलायी गयी है। विशेष के लिए देखो—तिलोयपण्णत्ति अ०४, गा० २४७८-२४९०। तत्त्वार्थवार्त्तिक अ० ३, सूत्र ३७ की टीका आदि।

२. देखो—तिलोयपण्णत्ति अ० ४, गा० २४८९, तथा २५१२ आदि।

सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र और तारा, इन पाँच जाति के ज्योतिषी देवों के विमान हैं। ये सभी विमान यतः ज्योतिर्मान या प्रकाश-स्वभावी हैं, अतः इन्हें ज्योतिष्क-लोक कहते हैं। और उनमें रहने वाले ज्योतिष्क देवों के निवास के कारण उक्त क्षेत्र ज्योतिष्क-लोक कहलाता है। तिरछे रूप में ज्योतिष्क-लोक स्वयम्भूरमण समुद्र तक फैला हुआ है। इसमें ७९० योजन की ऊँचाई पर सर्वप्रथम ताराओं के विमान हैं। उनसे १० योजन की ऊँचाई पर सूर्य का विमान है। सूर्य से ८० योजन ऊपर चन्द्र का विमान है। चन्द्र से ४ योजन ऊपर नक्षत्र हैं। नक्षत्रों से ४ योजन ऊपर बुध का विमान है। बुध से ३ योजन ऊपर शुक्र का विमान है। शुक्र से ३ योजन ऊपर गुरु का विमान है। गुरु से ३ योजन ऊपर मंगल का विमान है। और मंगल से ३ योजन ऊपर शनैश्चर का विमान है। इस प्रकार सर्व ज्योतिष्क विमान-समुदाय एक सौ दस योजन के भीतर पाया जाता है।

मध्य-लोकवर्ती तीसरे पुष्कर-द्वीप के मध्य में जो मानुषोत्तर पर्वत है, वहाँ तक का क्षेत्र मनुष्यलोक कहलाता है। इस मनुष्यलोक के भीतर सर्व ज्योतिष्क-विमान मेरु की प्रदक्षिणा करते हुए निरन्तर घूमते रहते हैं। यहाँ पर सूर्य के उदय और अस्त से ही दिन-रात्रि का व्यवहार होता है। मनुष्यलोक के बाहरी भाग से लेकर स्वयम्भूरमण समुद्र तक के असंख्यात योजन विस्तृत क्षेत्र में जो असंख्य ज्योतिष्क-विमान हैं, वे घूमते नहीं, किन्तु सदा अवस्थित रहते हैं। जम्बूद्वीप में मेरु के चारों ओर ११२१ योजन तक ज्योतिष्क-मण्डल नहीं है। लोकान्त में भी इतने ही योजन छोड़कर ज्योतिष्क-मण्डल अवस्थित है। इसके मध्यवर्ती भाग में यथासंभव अन्तराल के साथ सर्वत्र वह फैला हुआ है।

जैन मान्यता के अनुसार जम्बूद्वीप में २ सूर्य और २ चन्द्र हैं। एक सूर्य मेरु पर्वत की पूरी प्रदक्षिणा दो दिन रात में करता है। इसका परिभ्रमण-क्षेत्र जम्बूद्वीप के भीतर १८० योजन और लवण-समुद्र के भीतर ३३०$\frac{४८}{६१}$ योजन है। सूर्य के घूमने के मण्डल १८३ हैं। एक मण्डल से दूसरे मण्डल का अन्तर दो योजन का है। इस प्रकार प्रथम मण्डल से अन्तिम मण्डल तक परिभ्रमण करने में सूर्य को ३६६ दिन लगते हैं। सौर मास के अनुसार एक वर्ष में इतने ही दिन होते हैं। चन्द्र के परिभ्रमण के मण्डल केवल १५ हैं। चन्द्र को भी मेरु की एक प्रदक्षिणा करने में दो दिन-रात से कुछ अधिक समय लगता है, क्योंकि उसकी गति सूर्य से मन्द है। इसी कारण से चन्द्र के उदय में सूर्य की अपेक्षा आगा-पीछापन दिखाई देता है। एक चन्द्र अपने १५ मंडलों में चन्द्रमास में १४$\frac{१}{२}$+$\frac{१}{६१}\frac{१}{२}$ मंडल ही चलता है; अतः चन्द्रमास के अनुसार वर्ष में ३५५ या ३५६ ही दिन होते है।

जैन मान्यतानुसार लवण-समुद्र में ४ सूर्य और ४ चन्द्र हैं। धातकीखण्ड में १२ सूर्य १२ चन्द्र हैं। कालोद-समुद्र में ४२ सूर्य और ४२ चन्द्र है। पुष्करार्ध-द्वीप में ७२ सूर्य और ७२ चन्द्र हैं। पुष्करार्ध के परवर्ती अर्ध भाग में भी ७२-७२ ही सूर्य-चन्द्र हैं। इससे आगे स्वयम्भूरमण-समुद्र पर्यन्त सूर्य और चन्द्र की संख्या उत्तरोत्तर दूनी-दूनी है।

एक चन्द्र के परिवार में एक सूर्य, अट्ठाईस नक्षत्र, अठ्यासी ग्रह और ६६९७५ कोड़ाकोड़ी तारे होते हैं। जम्बूद्वीप में दो चन्द्र होने से नक्षत्रादि की संख्या दूनी जाननी चाहिए। इस प्रकार सारे ज्योतिर्लोक में असंख्य सूर्य, चन्द्र हैं। इनसे अट्ठाईस गुणित नक्षत्र और अठयासी गुणित ग्रह हैं। तथा सूर्य से ६६९७५ कोड़ाकोड़ी गुणित तारे हैं।

मनुष्यलोकवर्ती ज्योतिष्क-विमान यद्यपि स्वयं गमन-स्वभावी हैं, तथापि आभियोग्य जाति के देव; सूर्य चन्द्रादि विमानों को गतिशील बनाये रखने में निमित्त-स्वरूप हैं। ये देव सिंह, गज, बैल और अश्व का आकार धारण कर और क्रमशः पूर्वादि चारों दिशाओं में संलग्न रहकर सूर्यादि को गतिशील बनाये रखते हैं।

७—ऊर्ध्व-लोक

मेरु-पर्वत को तीनों लोक का विभाजक माना गया है। मेरु के अधस्तन भाग को अधोलोक और मेरु के ऊपर के भाग को ऊर्ध्व-लोक कहते हैं। ऊर्ध्वलोक में श्वेताम्बरीय मान्यतानुसार स्वर्गों की संख्या बारह है और दिगम्बरीय मान्यतानुसार सोलह है। इन स्वर्गों में कल्पवासी देव और देवियाँ रहती हैं। इनसे ऊपर नौ ग्रैवेयक, उनके ऊपर दिगम्बरीय मान्यतानुसार नौ अनुदिश और उनके ऊपर पाँच अनुत्तर विमान हैं। इन विमानों में रहने वाले देव कल्पातीत कहलाते हैं, क्योंकि उनमें इन्द्र, सामानिक आदि कल्पना नहीं है, वे उससे परे हैं। इन विमानों में रहने वाले देव समान वैभव वाले हैं और सभी अपने आपको इन्द्र-स्वरूप से अनुभव करते हैं, इसलिए वे (अहं+इन्द्रः) 'अहमिन्द्र' कहलाते हैं।

स्वर्गों में जो कल्पवासी देव रहते हैं, उनमें इन्द्र, सामानिक, त्रायस्त्रिंश, पारिषद्, आत्मरक्ष, लोकपाल, अनीक, प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्विषिक नाम की दस जातियाँ हैं। जो सामानिक आदि अन्य देवों के स्वामी होते हैं, उन्हें इन्द्र कहते

हैं। उनकी आज्ञा सभी देव शिरोधार्य करते हैं और उनका वैभव, ऐश्वर्य अन्य सर्व देवों से बहुत बढ़ा-चढ़ा होता है। जो आज्ञा और ऐश्वर्य को छोड़कर शेष सब बातों में इन्द्र के समान होते हैं उन्हें सामानिक कहते हैं। मंत्री और पुरोहित का काम करने वाले देव त्रायस्त्रिंश कहलाते हैं। उनकी संख्या तैंतीस ही होती है, इसलिए ये त्रायस्त्रिंश कहे जाते हैं। इन्द्र की सभा या परिषद् के सदस्यों को पारिषद कहते हैं। इन्द्र के अंग-रक्षक देव आत्मरक्ष कहलाते हैं। सर्व देवों की रक्षा करने वाले देव लोकपाल कहलाते हैं। सेना में काम करने वाले देवों को अनीक कहते हैं। साधारण प्रजा-स्थानीय देवों को प्रकीर्णक कहते हैं। देवलोक में जो देव सब से हीन पुण्यवाले होते हैं, उन्हें किल्विषिक कहते हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थ में भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिष्क देवों का भी वर्णन किया है, उनमें से भवनवासियों में भी उपर्युक्त दस भेद हैं। किन्तु व्यन्तर और ज्योतिष्क देवों में त्रायस्त्रिंश और लोकपाल को छोड़कर शेष आठ भेद होते हैं। व्यन्तर देवों के आवास रत्नप्रभा पृथ्वी के प्रथम-द्वितीय काण्ड में तथा मध्यलोकवर्ती असंख्यात द्वीप और समुद्रों में पाये जाते हैं।

पाँचवें ब्रह्म स्वर्ग के अन्त में सारस्वत आदि लौकान्तिक देव रहते हैं। ये देवर्षि कहलाते हैं। वे स्वर्ग के देवों में सर्वाधिक ज्ञानी होते हैं। वे तीर्थंकरों के अभिनिष्क्रमण कल्याणक के सिवाय अन्य किसी कल्याणक में नहीं आते हैं और वे सभी एक भवावतारी होते हैं।

भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिष्क और कल्पवासी इन सभी प्रकार के देवों का औपपातिक जन्म होता है। ये अपनी उपपाद शय्या पर जन्म लेने के पश्चात एक अन्तर्मुहूर्त में ही पूर्ण युवावस्था को प्राप्त हो जाते हैं।

८—तमस्काय

जम्बूद्वीप से तिर्छे असंख्यात द्वीप-समुद्रों को लांघने पर अरुणवर-द्वीप की बाहरी वेदिका के अन्त से अरुणोद समुद्र में बयालीस हजार योजन अवगाहन करके जल के ऊपरी भाग में एक प्रदेश की श्रेणी वाला तमस्काय (अन्धकार-पिण्ड) आरम्भ होता है। पुनः वह १७२१ योजन ऊपर उठकर विस्तार को प्राप्त होता हुआ सौधर्मादि चार कल्पों को आवृत करके पाँचवें ब्रह्म लोक में रिष्ट विमान को प्राप्त होकर समाप्त होता है। इस तमस्काय का आकार नीचे मल्लकमूल और मुर्गे के पींजरे के समान है। इसके लोकतमिस्र आदि १३ नाम हैं और इसकी आठ कृष्णराजियाँ बतलायी गयी हैं। (विशेष के लिए प्रस्तुत ग्रन्थ का तद्विषयक प्रसंग देखिए।)

९—सिद्धलोक

ऊर्ध्वलोक के सबसे अन्त में स्थित सर्वार्थसिद्ध विमान के अग्रभाग से बारह योजन ऊपर ईषत्प्राग्भारा नाम की पृथ्वी है। वह पैंतालीस लाख योजन विस्तृत गोल-आकार वाली है। यह बीच में आठ योजन मोटी है फिर क्रम से घटती हुई सबसे अन्तिम प्रदेशों में मक्खी के पंख से भी पतली हो गई है। दिगम्बर मतानुसार इषत्प्राग्भार पृथ्वी लोकान्त तक विस्तृत होने से एक राजू चौड़ी और सात राजु लम्बी है। इसके ठीक मध्य भाग में मनुष्य-क्षेत्र पैंतालीस लाख योजन लम्बा-चौड़ा गोल-आकार वाला सिद्धक्षेत्र है। इसका आकार रूप्यमय छत्राकार है। इस सिद्धक्षेत्र या सिद्धलोक में कर्मों का क्षय करके संसार चक्र से छूटने वाले मुक्त जीव निवास करते हैं और अनन्त काल तक अपने आत्मिक अव्याबाध निरुपम सुख को भोगते रहते हैं।

१०—क्षेत्र—माप

जैन परम्परा में क्षेत्र-माप इस प्रकार बतलाया गया है—

परमाणु	=पुद्गल का सबसे छोटा अविभागी अंश
अनन्तपरमाणु	= १ उस्सण्हसण्हिया (उत्संज्ञसंज्ञिका)
८ **उस्सण्हसण्हिया**	= १ सण्हसण्हिया (संज्ञासंज्ञिका)
८ **सण्हसण्हिया**	= १ ऊर्ध्वरेणु
८ **ऊर्ध्वरेणु**	= १ त्रसरेणु
८ **त्रसरेणु**	= १ रथरेणु
८ **रथरेणु**	= १ देवकुरु के मनुष्य का बालाग्र
८ **देवकुरु मनुष्य का बालाग्र**	= १ हरिवर्ष " "
८ **हरिवर्ष** " "	= १ हैमवत " "
८ **हैमवत** " "	= १ विदेहक्षेत्रज " "
८ **विदेहक्षेत्रज** " "	= १ भरतक्षेत्रज " "
८ **भरतक्षेत्रज** " "	= १ लिक्षा (लीख)
८ **लिक्षा**	= १ यूका (जूं)
८ **यूका**	= १ यवमध्य
८ **यवमध्य**	= १ उत्सेधांगुल
६ **उत्सेधांगुल**	= १ पाद
२ **पाद**	= १ वितस्ति
२ **वितस्ति**	= १ रत्नि
२ **रत्नि**	= १ कुक्षि (दि० परं० किष्कु)
२ **कुक्षि (किष्कु)**	= १ दण्ड (धनुष)
२ **सहस्र धनुष**	= १ गव्यूति
४ **गव्यूति**	= १ योजन

उपर्युक्त माप-वर्णन उत्सेधांगुल से है। उत्सेधांगुल से प्रमाणांगुल पाँच सौ गुणा होता है। एक उत्सेधांगुल लम्बी एक प्रदेश की श्रेणी (पंक्ति) को सूच्यंगुल कहते हैं। सूच्यंगुल के वर्ग को प्रतरांगुल कहते हैं और सूच्यंगुल के घन को घनांगुल कहते हैं। असंख्यात कोड़ाकोड़ी घनांगुल गुणित योजनों की पंक्ति को श्रेणी या जगच्छ्रेणी कहते हैं। जगच्छ्रेणी के वर्ग को जगत्प्रतर कहते हैं और जगच्छ्रेणी के घन को लोक या घन-लोक कहते हैं। इनमें से जगच्छ्रेणी के सातवें भाग-प्रमाण क्षेत्र को राजु कहते हैं। लोकाकाश का घनफल ३४३ राजु प्रमाण है।

११—काल—माप

समय		=	काल का सूक्ष्मतम अंश
जघन्य युक्त असंख्यात समय		=	१ आवलिका
४४४६$\frac{2458}{3773}$		=	आवलिका = १ प्राण
७	प्राण	=	१ स्तोक
७	स्तोक	=	१ लव
३८$\frac{1}{2}$	लव	=	१ घड़ी
२	घड़ी	=	१ मुहूर्त (= ४८ मिनट)
३०	मुहूर्त	=	१ अहोरात्र
३०	अहोरात्र	=	१ मास
१२	मास	=	१ वर्ष
८४ लाख	वर्ष	=	१ पूर्वांग
,, ,,	पूर्वांग	=	१ पूर्व
,, ,,	पूर्व	=	१ त्रुटितांग
,, ,,	त्रुटितांग	=	१ त्रुटित
,, ,,	त्रुटित	=	१ अडडांग
,, ,,	अडडांग	=	१ अडड
,, ,,	अडड	=	१ अववांग
,, ,,	अववांग	=	१ अवव
,, ,,	अवव	=	१ हूहूकांग
,, ,,	हूहूकांग	=	१ हूहूक
,, ,,	हूहूक	=	१ उत्पलांग
,, ,,	उत्पलांग	=	१ उत्पल

इसी प्रकार आगे पद्मांग, पद्म, नलिनांग, नलिन, अर्थ-निपुरांग, अर्थनिपुर, अयुतांग, अयुत, प्रयुतांग, प्रयुत, नयुतांग, नयुत, चूलिकांग, चूलिका, शीर्षप्रहेलिकांग और शीर्षप्रहेलिका उत्तरोत्तर चौरासी लाख गुणित जानना चाहिए। यह काल-मान श्वेताम्बर-आगमों के अनुसार है।

दिगम्बर मान्यतानुसार उपर्युक्त कालमाप का वर्णन इस प्रकार है—

समय	=	काल का सबसे छोटा अविभागी अंश
असंख्यात समय	=	१ आवली
संख्यात आवली	=	१ प्राण (श्वासोच्छ्वास)
७ प्राण	=	१ स्तोक
७ स्तोक	=	१ लव
७७ लव	=	१ मुहूर्त
३० मुहूर्त	=	१ अहोरात्र
१५ अहोरात्र	=	१ पक्ष
२ पक्ष	=	१ मास
२ मास	=	१ ऋतु
३ ऋतु	=	१ अयन
२ अयन	=	१ वर्ष
८४ लाख वर्ष	=	१ पूर्वांग
८४ लाख पूर्वांग	=	१ पूर्व
८४ ,, पूर्व	=	१ पर्वांग
८४ ,, पर्वांग	=	१ पर्व
८४ ,, पर्व	=	१ नयुतांग
८४ ,, नयुतांग	=	१ नयुत
८४ ,, नयुत	=	१ कुमुदांग
८४ ,, कुमुदांग	=	१ कुमुद
८४ ,, कुमुद	=	१ पद्मांग
८४ ,, पद्मांग	=	१ पद्म
८४ ,, पद्म	=	१ नलिनांग
८४ ,, नलिनांग	=	१ नलिन

इसी प्रकार आगे कमलांग-कमल, तुट्यांग-तुट्य, अटटांग-अटट, अममांग-अमम, हूहूअंग-हूहू, लतांग-लता, महालतांग-महालता, शिरःप्रकम्पित, हस्तप्रहेलित और अचलात्म को उत्तरोत्तर ८४ लाख गुणित जानना चाहिए।

ये सभी संख्याएँ संख्यात गणना के ही भीतर हैं।

पल्योपम और सागरोपम आदि असंख्यात-गणना के भीतर हैं।

इन सबसे ऊपर अन्त-विहीन जो राशि है, वह अनन्त कहलाती है।

(ख) बौद्धमतानुसार लोक-वर्णन

१—लोक-रचना

आ० वसुबन्धु ने अपने अभिधर्म-कोश में लोक रचना इस प्रकार बतलाई है :—

लोक के अधोभाग में सोलह लाख योजन ऊँचा, अपरिमित वायु-मण्डल है[1]। उसके ऊपर ११ लाख बीस हजार योजन ऊँचा जल-मण्डल है। उसमें ३ लाख बीस हजार योजन कंचनमय भूमण्डल है[2]। जल-मण्डल और कंचन-मण्डल का विस्तार १२ लाख ३ हजार चार सौ पचास योजन तथा परिधि छत्तीस लाख दस हजार तीन सौ पचास योजन प्रमाण है[3]।

कांचनमय भूमण्डल के मध्य में मेरु-पर्वत है। यह अस्सी हजार योजन नीचे जल में डूबा हुआ है तथा इतना ही ऊपर निकला हुआ है[4]। इससे आगे अस्सी हजार योजन विस्तृत और दो लाख चालीस हजार योजन प्रमाण परिधि से संयुक्त प्रथम सीता (समुद्र) है। जो मेरु को घेर कर अवस्थित है। इससे आगे चालीस हजार योजन विस्तृत युगन्धर पर्वत वलयाकार से स्थित है। इसके आगे भी इसी प्रकार से एक-एक सीता को अन्तरित करके आधे-आधे विस्तार से संयुक्त क्रमशः युगन्धर, ईशाधर, खदीरक, सुदर्शन, अश्वकर्ण, विनतक, और निमिन्धर पर्वत हैं। सीताओं का विस्तार भी उत्तरोत्तर आधा-आधा होता गया है[5]। उक्त पर्वतों में से मेरु चतुर्रत्नमय और शेष सात पर्वत स्वर्णमय है। सबसे बाहर अवस्थित सीता (महासमुद्र) का विस्तार तीन लाख बाईस हजार योजन प्रमाण है। अन्त में लौहमय चक्रवाल पर्वत स्थित है।

निमिन्धर और चक्रवाल पर्वतों के मध्य में जो समुद्र स्थित है उसमें जम्बूद्वीप, पूर्वविदेह, अवरगोदानीय और उत्तरकुरु, ये चार द्वीप हैं। इनमें जम्बूद्वीप मेरु के दक्षिण भाग में है, उसका आकार शकट के समान है। उसकी तीन भुजाओं में से दो भुजाएँ दो-दो हजार योजन और एक भुजा तीन हजार पचास योजन की है।

मेरु के पूर्व भाग में अर्द्ध-चन्द्राकार पूर्वविदेह नाम का द्वीप है। इसकी भुजाओं का प्रमाण जम्बूद्वीप की तीनों भुजाओं के समान है[7]। मेरु के पश्चिम भाग में मण्डल-भार अवरगोदानीय-द्वीप है। इसका विस्तार अढाई हजार योजन और परिधि साढ़े सात हजार योजन प्रमाण है[8]। मेरु के उत्तर भाग में सम चतुष्कोण उत्तरकुरुद्वीप है। इसकी एक-एक भुजा दो-दो हजार योजन की है। इनमें से पूर्वविदेह के समीप में देह-विदेह, उत्तर-कुरु के समीप में कुरु-कौरव, जम्बूद्वीप के समीप में चामर, अवर-चामर तथा गोदानीय द्वीप के समीप में शाटा और उत्तरमन्त्री नामक अन्तर्द्वीप अवस्थित हैं। इनमें से चमरद्वीप में राक्षसों का और शेष द्वीप में मनुष्य का निवास है[9]।

मेरु-पर्वत के चार परिखण्ड (विभाग) हैं। प्रथम परिखण्ड शीता-जल से दस हजार योजन ऊपर तक माना गया है। इसके आगे क्रमशः दस-दस हजार योजन ऊपर जाकर दूसरा, तीसरा और चौथा परिखण्ड है। इनमें से पहला परिखण्ड सोलह हजार योजन दूसरा परिखण्ड आठ हजार योजन, तीसरा परिखण्ड चार हजार योजन और चौथा परिखण्ड दो हजार योजन मेरु से बाहर निकला हुआ है। पहले परिखण्ड में पूर्व की ओर करोट-पाणि-यक्ष रहते हैं। दूसरे परिखण्ड में दक्षिण की ओर मालाधर रहते हैं। तीसरे परिखंड में पश्चिम की ओर सदामद रहते हैं और चौथे परिखंड में चातुर्माहाराजिक देव रहते हैं। इसी प्रकार शेष सात पर्वतों पर भी उक्त देवों का निवास है[10]।

जम्बूद्वीप में उत्तर की ओर बने कीटादि और उनके आगे हिमवान पर्वत अवस्थित है। हिमवान पर्वत से आगे उत्तर में पाँच सौ योजन विस्तृत अनवतप्त नाम का अगाध सरोवर है। इससे गंगा, सिन्धु, वक्षु और सीता नाम की चार नदियाँ निकली हैं। इस सरोवर के समीप जम्बू-वृक्ष है, जिससे इस द्वीप का नाम जम्बू-द्वीप पड़ा है। अनवतप्त—सरोवर के आगे गन्धमादक नाम का पर्वत है[11]।

२—नरक लोक

जम्बूद्वीप के नीचे बीस हजार योजन विस्तृत अवीचि नाम का नरक है। उसके ऊपर क्रमशः प्रतापन, तपन, महारौरव, रौरव, संघात, कालसूत्र और संजीव नाम के सात नरक और

---

१. अभिधर्मकोश, ३, ४५।
२. अभिधर्मकोश ३, ४६।
३. ,, ,, ३, ४७-४८।
४. ,, ,, ३, ५०।
५. ,, ,, ३, ५१-५२।
६. ,, ,, ३, ५३।
७. ,, ,, ३, ५४।
८. ,, ,, ३, ५५।
९. ,, ,, ३, ५६।
१०. अभिधर्मकोश ३, ६३-६४,
११. ,, ,, ३, ५७,

है[1] । इन नरकों के चारों पार्श्व-भागों में कुकूल, कुणप, क्षुर्मा-र्गादिक, (असिपत्रवन, श्यामसबलस्वस्थान अयः शाल्मलीवन) और खारोदक वाली वैतरणी नदी ये चार उत्सद हैं । अर्बुद, निरर्बुद, अटट, उहहब, हुहूब, उत्पल, पद्म और महापद्म नाम वाले ये आठ शीत-नरक और हैं, जो जम्बूद्वीप के अधो-भाग में महानरकों के धरातल में अवस्थित है[2] ।

३—ज्योतिर्लोक

मेरु-पर्वत के अर्द्ध-भाग अर्थात् भूमि से चालीस हजार योजन ऊपर चन्द्र और सूर्य परिभ्रमण करते हैं । चन्द्र-मण्डल का प्रमाण पचास योजन और सूर्य-मण्डल का प्रमाण इक्यावन योजन है । जिस समय जम्बू-द्वीप में मध्याह्न होता है उस समय उत्तरकुरु में अर्ध रात्रि, पूर्वविदेह में अस्तगमन और अवरगोदानीय में सूर्योदय होता है[3] । भाद्र मास के शुक्ल-पक्ष की नवमी से रात्रि की वृद्धि और फाल्गुन मास के शुक्ल-पक्ष की नवमी से उसके हानि का आरम्भ होता है । रात्रि की वृद्धि, दिन की हानि और रात्रि की हानि, दिन की वृद्धि होती है । सूर्य के दक्षिणायन में रात्रि की वृद्धि और उत्तरायण में दिन की वृद्धि होती है[4] ।

४—स्वर्गलोक

मेरु के शिखर पर त्रयस्त्रिंश (स्वर्ग) लोक है । इसका विस्तार अस्सी हजार योजन है । यहाँ पर त्रायस्त्रिंश देव रहते हैं । इसके चारों विदिशाओं में वज्रपाणि देवों का निवास है[5] । त्रयस्त्रिंश-लोक के मध्य में सुदर्शन नाम का नगर है, जो सुवर्णमय है । इसका एक-एक पार्श्व भाग ढाई हजार योजन विस्तृत है । उसके मध्य-भाग में इन्द्र का अढाई सौ योजन विस्तृत वैजयन्त नामक प्रासाद है । नगर के बाहरी भाग में चारों ओर चैत्ररथ, पारुष्य, मिश्र और नन्दन ये चार वन हैं[6] । इनके चारों ओर बीस हजार योजन के अन्तर से देवों के क्रीड़ा-स्थल हैं[7] ।

त्रयस्त्रिंश-लोक के ऊपर विमानों में याम, तुषित, निर्माणरति, और परनिर्मित-वशवर्त्ती देव रहते हैं । कामधातुगत देवों में से चातुर्माहाराजिक और त्रयस्त्रिंश देव मनुष्य के समान काम सेवन करते हैं । याम, तुषित, निर्माणरति, परनिर्मितवशवर्ती देव क्रमशः आलिंगन, पाणिसंयोग, हसित, और अवलोकन से ही तृप्ति को प्राप्त होते हैं[8] ।

कामधातु के ऊपर सत्तरह स्थानों से संयुक्त रूपधातु हैं । वे सत्तरह स्थान इस प्रकार हैं । प्रथम स्थान में ब्रह्मकायिक, ब्रह्म-पुरोहित, और महाब्रह्म लोक हैं । द्वितीय स्थान में परिताभ, अप्रभाणाभ, और आभस्वर लोक हैं । तृतीय स्थान में परित्तशुभ, अप्रमाणशुभ, और शुभकृत्स्न लोक हैं । चतुर्थ स्थान में अनभ्रक, पुण्यप्रसव, वृहद्फल, पंचशुद्धावासिक, अवृह, अतप सुदृश-सुदर्शन और अकनिष्ठ नाम वाले आठ लोक हैं । ये सभी देवलोक क्रमशः ऊपर-ऊपर अवस्थित हैं । इनमें रहने वाले देव ऋद्धि-बल अथवा अन्य देव की सहायता से ही अपने से ऊपर के देव-लोक को देख सकते हैं[9] ।

जम्बूद्वीपस्थ मनुष्यों का शरीर साढ़े तीन या चार हाथ, पूर्व विदेहवासियों का ७-८ हाथ, गादानीय द्वीपवासियों का १४-१६ हाथ, और उत्तर-कुरुस्थ मनुष्यों का शरीर २८-३२ हाथ ऊँचा होता है । कामधातुवासी देवों में चातुर्महाराजिक देवों का शरीर $\frac{1}{4}$ कोश, त्रायस्त्रिंशों का $\frac{1}{2}$ कोश, यामों का $\frac{3}{4}$ कोश, तुषितों का १ कोश, निर्माणरति देवों का $1\frac{1}{4}$ कोश और परनिर्मितवशवर्ती देवों का शरीर $1\frac{1}{2}$ कोश ऊँचा है । आगे ब्रह्मपुरोहित, महाब्रह्म, परिताभ, अप्रभाणाभ, आभस्वर, परित्तशुभ, अप्रमाणशुभ, और शुभकृत्स्न देवों का शरीर क्रमशः १, $1\frac{1}{2}$, २, ४, ८, १६, ३२, और ६४ योजन प्रमाण ऊँचा है । अनभ्र देवों का शरीर १२५ योजन ऊँचा है, आगे पुण्यप्रसव आदि देवों के शरीर उत्तरोत्तर दूनी ऊँचाई वाले हैं[10] ।

५—क्षेत्र-माप

बौद्ध ग्रन्थों में योजन का प्रमाण इस प्रकार बतलाया गया है[11] :—

७	परमाणु	=	१ अणु
७	अणु	=	१ लौहरज
७	लौहरज	=	१ जलरज
७	जलरज	=	१ शशरज
७	शशरज	=	१ मेषरज
७	मेषरज	=	१ गोरज
७	गोरज	=	१ छिद्ररज
७	छिद्ररज	=	१ लिक्षा (लीख)
७	लिक्षा	=	१ यव

---

१. अ. को. ३, ५८,
२. अ. को. ३, ५९,
३. अ. को. ३, ६०,
४. अ. को. ३, ६१,
५. अ. को. ३, ६५,
६. अ. को. ३, ६६-६७,
७. अ. को. ३, ६८ ।
८. अभि. कोश. ३, ३९,
९. अ. को. ३, ७१-७२,
१०. अ. को. ३, ७५-७७,
११. अ. को. ३, ८५-८७ ।

७	यव	=	१ अंगुलीपर्व
२४	अंगुलीपर्व	=	१ हस्त
४	हस्त	=	१ धनुष
५००	धनुष	=	१ कोश
८	कोश	=	१ योजन

६—काल-माप

बौद्ध ग्रन्थों में काल का प्रमाण इस प्रकार बतलाया गया है[1]—

१२०	क्षण	=	१ तत्क्षण
६०	तत्क्षण	=	१ लव
३०	लव	=	१ मुहूर्त
६०	मुहूर्त	=	१ अहोरात्रि
३०	अहोरात्र	=	१ मास
१२	मास	=	१ संवत्सर

कल्पों के अन्तरकल्प, संवर्तकल्प और महाकल्प आदि अनेक भेद बतलाये गये हैं[2]।

तुलना और समीक्षा

बौद्धों ने दस लोक माने हैं—नरकलोक, प्रेतलोक, तिर्यक्-लोक, मनुष्यलोक और ६ देवलोक।[3] छह देवलोकों के नाम इस प्रकार हैं—चातुर्महाराजिक, त्रयस्त्रिंश, याम, तुषित, निर्माणरति और परनिर्मितवशवर्ती। प्रेतों को जैनों ने देवयौनिक माना है। अतएव इसे उक्त ६ देवलोकों में अन्तर्गत करने पर नरक, तिर्यक्, मनुष्य और देव, ये चार लोक ही सिद्ध होते हैं, जो कि जैनाभिमत चारों गतियों का स्मरण कराते हैं।

बौद्धों ने प्रेत-योनि को एक पृथक गति मानकर पाँच गतियाँ स्वीकार की हैं। यथा :—

नरकादिस्वनामोक्ता गतयः पंच तेषु ताः (अभिधर्मकोश ३, ४)

ऊपर बतलाये देवों में से चातुर्महाराजिक देव-इन्द्र का, तुषित-लौकान्तिक देवों का, त्रयस्त्रिंश त्रायस्त्रिंश देवों का, तथा शेष भेद व्यन्तर-देवों का स्पष्ट रूप से स्मरण कराते हैं।

जैनों के समान बौद्धों ने भी देवों और नारकी जीवों को औपपातिक जन्म वाला माना है। यथा :—

नारका उपपादुकाः अन्तरा भव देवश्च।

(अभिधर्मकोष, ३,४)

बौद्धों ने भी जैनों के समान नारकी जीवों का उत्पन्न होने के साथ ही ऊर्ध्वपाद और अधोमुख होकर नरक-भूमि में गिरना माना है। यथा :—

एते पतंति निरय उद्धपादा अवंसिरा। (सुत्तनिपात)

(ऊर्ध्वपादास्तु नारकाः) (अभिधर्मकोष ३, १५)

(ग) वैदिक धर्मानुसार लोक—वर्णन

१—मर्त्य लोक

जिस प्रकार जैन ग्रन्थों से ऊपर भूगोल का वर्णन किया गया है लगभग उसी प्रकार से हिन्दू-पुराणों में भी भूगोल का वर्णन पाया जाता है। विष्णु-पुराण के द्वितीयांश के द्वितीयाध्याय में बतलाया गया है कि इस पृथ्वी पर १ जम्बू, २ प्लक्ष, ३ शाल्मल, ४ कुश, ५ क्रौंच, ६ शाक और ७ पुष्कर नाम वाले सात द्वीप हैं। ये सभी चूड़ी के समान गोलाकार और क्रमशः १ लवणोद, २ इक्षुरस, ३ मदिरारस, ४ घृतरस, ५ दधिरस, ६ दूधरस, ७ मधुररस वाले सात समुद्रों से वेष्टित हैं। इन सबके मध्य-भाग में जम्बूद्वीप है। इसका विस्तार एक लाख योजन है। उसके मध्य भाग में ८४ हजार योजन ऊँचा स्वर्णमय मेरु-पर्वत है। इसकी नींव पृथ्वी के भीतर १६ हजार योजन है। मेरु का विस्तार मूल में १६ हजार योजन है और फिर क्रमशः बढ़कर शिखर पर ३२ हजार योजन हो गया है[4]।

इस जम्बूद्वीप में मेरु-पर्वत के दक्षिण-भाग में हिमवान हेमकूट और निषध तथा उत्तर भाग में नील, श्वेत और शृंगी ये छः वर्ष-पर्वत हैं। इन से जम्बूद्वीप के सात भाग हो जाते हैं। मेरु के दक्षिणवर्ती निषध और उत्तरवर्ती नील पर्वत, पूर्व-पश्चिम लवण-समुद्र तक १ लाख योजन लम्बे दो-दो हजार योजन ऊँचे और इतने ही चौड़े हैं। इनमें परवर्ती हेमकूट और श्वेत-पर्वत लवण-समुद्र तक पूर्व-पश्चिम में नव्वे (९०) हजार योजन लम्बे, दो हजार योजन ऊँचे और इतने ही विस्तार वाले हैं। इनसे परवर्ती हिमवान और शृंगी-पर्वत पूर्व-पश्चिम में अस्सी (८०) हजार योजन लम्बे, दो हजार योजन ऊँचे और इतने ही विस्तार वाले हैं। इन पर्वतों के द्वारा जम्बू-द्वीप के सात भाग हो जाते हैं। जिनके नाम दक्षिण की ओर से क्रमशः इस प्रकार हैं—१ भारतवर्ष, २ किम्पुरुष, ३ हरिवर्ष, ४ इलावृत, ५ रम्यक,

---

१. अभिधर्म कोश ३, ८८-९६
२. अभिधर्म कोश ३,९०
३. नरक-प्रेत-तिर्यञ्चो मानुषाः षड् दिवौकसः। (अभिधर्मकोष ३, १)
४. विष्णु-पुराण द्वितीयांश, द्वितीय अध्याय, श्लोक; ५-९ मार्कण्डेय-पुराण अ० ५४ श्लोक ५-७

६ हिरण्मय ७ और उत्तरकुरु[1]। इनमें इलावृत को छोड़कर शेष ६ का विस्तार उत्तर-दक्षिण में नौ-नौ हजार योजन है। इलावृत-वर्ष मेरु के पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर इन चारों ही दिशाओं में नौ-नौ हजार योजन विस्तृत है। इस प्रकार सर्व पर्वतों व वर्षों के विस्तार को मिलाने पर जम्बू-द्वीप का विस्तार १ लाख योजन प्रमाण हो जाता है।

मेरु-पर्वत के दोनों ओर पूर्व-पश्चिम में इलावृत-वर्ष की सीमा स्वरूप माल्यवान और गन्धमादन पर्वत हैं, जो नील और निषध-पर्वत तक विस्तृत हैं। इनके कारण दोनों ओर दो विभाग और हैं, जिनके नाम भद्राश्व और केतुमाल है। इस प्रकार उपर्युक्त सात वर्षों को और मिला देने से जम्बू-द्वीप सम्बन्धी सर्व वर्षों (क्षेत्रों) की संख्या नौ हो जाती है[2]।

मेरु के चारों ओर पूर्वादिक दिशाओं में क्रमशः मन्दर, गन्धमादन, विपुल और सुपार्श्व नाम वाले चार पर्वत हैं। इनके ऊपर क्रमशः ११०० योजन ऊँचे कदम्ब, जम्बू, पीपल और वट-वृक्ष हैं। इनमें से जम्बू-वृक्ष के नाम से यह जम्बू-द्वीप कहलाता है[3]।

जम्बूद्वीपस्थ भारतवर्ष में महेन्द्र, मलय, सह्य, सूक्तिमान्, ऋक्ष, विन्ध्य, पारियात्र, ये कुल सात पर्वत हैं।[4] इनमें से हिमवान से शत्तद्रु और चन्द्रभागा आदि, पारियात्र से वेद और स्मृति आदि, विन्ध्य से नर्मदा और सुरसा आदि, ऋक्ष से तापी, पयोष्णी और निर्विन्ध्यादि, सह्य से गोदावरी, भीमरथी और कृष्णवेणी आदि, मलय से कृतमाला और ताम्रपर्णी आदि, महेन्द्र से त्रिसामा और आर्यकुल्या आदि, तथा सूक्तिमान् पर्वत से ऋशिकुल्या और कुमारी आदि नदियाँ निकली हैं[5]। इन नदियों के किनारों पर मध्यदेश को आदि लेकर कुरु और पांचाल, पूर्व देश को आदि लेकर काम-रूप, दक्षिण को आदि लेकर पुण्ड्र, कलिंग और मगध, पश्चिम को आदि लेकर सौराष्ट्र, सूर, आभीर और अर्बुद, तथा उत्तर देश को आदि लेकर मालव, कोसभ, सौवीर, सैन्धव, हूण, शाल्व और पारसीकों को आदि लेकर भाद्र, आराम और अम्बष्ठ देशवासी रहते हैं[6]।

उपर्युक्त सप्त क्षेत्रों में से केवल भारतवर्ष में ही कृत, त्रेता, द्वापर, और कलि नामक चार युगों से काल परिवर्तन होता है। किम्पुरुषादिक शेष क्षेत्रों में काल परिवर्तन नहीं होता है। उन आठ क्षेत्रों में रहने वाली प्रजा को शोक, परिश्रम, उद्वेग और क्षुधा आदि की बाधा नहीं होती है। वहाँ के लोग सदा स्वस्थ एवं आतंक और दुःख से विमुक्त रहते हैं। वे सदा जरा और मृत्यु से निर्भय रहकर आनन्द का उपभोग करते हैं। इसलिए वहाँ पर भोगभूमि कही गयी है। वहाँ पर पुण्य-पाप, और ऊँच-नीच आदि का भी भेद नहीं है। उन क्षेत्रों में स्वर्ग-मुक्ति की प्राप्ति के कारणभूत व्रत-तपश्चर्या आदि का भी अभाव है, केवल भारतवर्ष के ही लोगों में व्रत-तपश्चरणादि के द्वारा स्वर्ग-मोक्षादिक की प्राप्ति संभव है। इसलिए यह सर्व क्षेत्रों में श्रेष्ठ माना गया है। यहाँ के लोग असि, मषि, आदि कर्मों के द्वारा अपनी आजीविका का उपार्जन करते हैं। इसलिए यहाँ की भूमि को कर्मभूमि कहा गया है[7]।

जम्बूद्वीप को सर्व ओर से घेरकर लवण-समुद्र अवस्थित है। यह १ लाख योजन विस्तृत है[8]। लवण-समुद्र को घेरकर दो लाख योजन विस्तार वाला प्लक्षद्वीप है। इसके भीतर गोमेध, चन्द्र, नारद, दुन्दुभि, सोमक और सुमना नामक ६ पर्वत हैं। इनसे विभाजित होकर शान्तद्वय, शिशिर, सुखोदय, आनन्द, शिव, क्षेमक, और ध्रुव नामक सात वर्ष अवस्थित हैं। इन वर्षों और पर्वतों के ऊपर देव और गन्धर्व रहते हैं, वे आधि-व्याधि से रहित और अतिशय पुण्यवान हैं। वहाँ युगों का परिवर्तन नहीं है। केवल सदा काल त्रेतायुग जैसा समय रहता है। उनमें चातु-र्वर्ण-व्यवस्था है और वे अहिंसा-सत्यादि पाँच धर्मों का पालन करते हैं। इस द्वीप में १ प्लक्ष वृक्ष है, इस कारण यह द्वीप प्लक्ष नाम से प्रसिद्ध है।[9]

प्लक्षद्वीप को चारों ओर से घेरकर इक्षुरसोद समुद्र-अवस्थित है, जो प्लक्षद्वीप के समान ही विस्तार वाला है। इसे चारों ओर से घेरकर चार लाख योजन विस्तार वाला शाल्मलद्वीप है। इसी क्रम से आगे सुरोद समुद्र, कुशद्वीप, घृतोद समुद्र, क्रौंचद्वीप,

---

१. विष्णु-पुराण द्वितीयांश द्वितीय अ० श्लोक १०-१५
२. विष्णु-पुराण " " १६
३. विष्णु-पुराण " " १७-१९
४. विष्णु-पुराण " " १६
५. विष्णु-पुराण, द्वितीयांश, द्वितीय अ०, श्लोक १६
६. " " " " "
७. " " " तृतीय " "

मार्कण्डेय-पुराण अ० ५४ श्लोक ८-१४
मार्कण्डेय-पुराण अ० ५४ श्लोक १४-१९
मार्कण्डेय-पुराण अ० ५४ श्लोक ९
मार्कण्डेय-पुराण अ० ५४ श्लोक १४-१९
मार्क० पु० अ० ४५ श्लोक १४-१९, १०-१४
१५-१७ ७. वि० पु० द्वि० अ० तृ० अ० श्लोक १९-२२
२८ ९. " " च० अ० " १-१८

दधिरसोद समुद्र, शाकद्वीप और क्षीरसमुद्र अवस्थित हैं। ये सभी द्वीप अपने पूर्ववर्ती द्वीप की अपेक्षा दूने विस्तार वाले हैं और समुद्रों का विस्तार अपने-अपने द्वीप के समान है। इन द्वीपों की रचना प्लक्षद्वीप के समान है[1]।

क्षीरसमुद्र को घेरकर सातवाँ पुष्कर-द्वीप अवस्थित है। इसके ठीक मध्य-भाग में गोलाकार वाला मानसोत्तर पर्वत है। इसके बाहरी भाग का नाम महावीर-वर्ष और भीतरी भाग का नाम धातकी वर्ष है। इस द्वीप में रहने वाले लोग भी रोग-शोक, एवं राग-द्वेष से रहित होते हैं। वहाँ न ऊँच नीच का भेद है, और न वर्णाश्रम व्यवस्था ही है। इस पुष्कर द्वीप में नदियाँ और पर्वत भी नहीं हैं[2]।

इस द्वीप को सर्व ओर से घेरकर मधुरोदक समुद्र अवस्थित है। इससे आगे प्राणियों का निवास नहीं है। मधुरोदक समुद्र से आगे उससे दूने विस्तार वाली स्वर्णमयी भूमि है। उसके आगे १० हजार योजन विस्तृत और इतना ही ऊँचा, लोकालोक पर्वत है। उसको चारों ओर से वेष्टित करके तमस्तम स्थित है। इस अण्डकटाह के साथ उपर्युक्त द्वीप-समूहों वाला यह समस्त भूमण्डल ५० करोड़ योजन विस्तार वाला है और इसकी ऊँचाई ७० हजार योजन है[3]।

इस भूमण्डल के नीचे दस-दस हजार योजन के ७ पाताल हैं। जिनके नाम इस प्रकार हैं—अतल, वितल, नितल, गभस्तिमत, महातल, सूतल, और पाताल। ये क्रमशः शुक्ल, कृष्ण, अरुण, पीत, शर्करा, शैल और काञ्चन स्वरूप हैं। यहाँ उत्तम भवनों से युक्त भूमियाँ हैं और यहाँ दानव, दैत्य, यक्ष, एवं नाग आदि निवास करते हैं[4]।

पातालों के नीचे विष्णु भगवान का शेष नामक तामस शरीर स्थित है जो अनन्त कहलाता है। यह शरीर सहस्र-फणों से संयुक्त होकर समस्त भूमण्डल को धारण करके पाताल-मूल में अवस्थित है। कल्पान्त के समय इसके मुख से निकली हुई संकर्षात्मक, रुद्र विषाग्नि-शिखा तीनों लोकों का भक्षण करती है[5]।

२—नरक-लोक

पृथ्वी और जल के नीचे रौरव, सूकर, रौध, ताल, विशासन महाज्वाल, तप्तकुम्भ, लवण, विलोहित, रुधिर, वैतरणी, कृमीश, कृमि-भोजन, असिपत्रवन, कृष्ण, अलाभक्ष, दारुण, पूयवह, वन्हिज्वाल अधःशिरा, सैंदेस, कालसूत्र, तम, आवीचि, श्वभोजन, अप्रतिष्ण और अग्रवि, इत्यादि नाम वाले अनेक महान भयानक नरक हैं। इनमें पापी जीव मरकर जन्म लेते हैं[6]। वे वहाँ से निकल कर क्रमशः स्थावर कृमि, जलचर, मनुष्य और देव आदि होते हैं। जितने जीव स्वर्ग में हैं उतने ही जीव नरकों में भी रहते हैं।[7]

३—ज्योतिर्लोक

भूमि से १ लाख योजन दूरी पर सौर-मण्डल है। इससे १ लाख योजन ऊपर चन्द्रमण्डल, इससे १ लाख योजन ऊपर नक्षत्र-मण्डल, इससे २ लाख योजन ऊपर बुध, इससे २ लाख योजन ऊपर शुक्र, इससे २ लाख योजन ऊपर मंगल, इससे २ लाख योजन ऊपर वृहस्पति, इससे २ लाख योजन ऊपर शनि, इससे १ लाख योजन ऊपर सप्तर्षिमण्डल तथा इससे १ लाख योजन ऊपर ध्रुवतारा स्थित है[8]।

४—महर्लोक (स्वर्गलोक)

ध्रुव से १ करोड़ योजन ऊपर जाकर महर्लोक है, यहाँ कल्प काल तक जीवित रहने वाले कल्पवासियों का निवास है। इससे २ करोड़ योजन ऊपर जनलोक है यहाँ नन्दनादि से सहित ब्रह्माजी के प्रसिद्ध पुत्र रहते हैं। इससे ८ करोड़ योजन ऊपर तपलोक है। यहाँ वैराज देव निवास करते हैं। इससे १२ करोड़ योजन ऊपर सत्यलोक है, यहां कभी न मरने वाले अमर (अपुनमरिक) रहते हैं। इसे ब्रह्मलोक भी कहते हैं। भूमि (भूलोक) और सूर्य के मध्य में सिद्धजनों और मुनिजनों में सेवित स्थान भुवर्लोक कहलाता है। सूर्य और ध्रुव के मध्य चौदह लाख योजन प्रमाण क्षेत्र स्वर्लोक नाम से प्रसिद्ध है।[9]

भूलोक, भुवर्लोक और स्वर्लोक, ये तीनों लोक कृतक, तथा जनलोक, तपलोक और सत्यलोक, ये तीन लोक अकृतक है। इन दोनों लोकों के बीच मे महर्लोक है। यह कल्पांत मे जन-शून्य हो जाता है, किन्तु सर्वथा नष्ट नहीं होता।[10]

---

१. विष्णु पुराण द्वितीय अंश चतुर्थ अध्याय, श्लोक २०-७२
२ विष्णु पुराण द्वितीय अंश चतुर्थ अध्याय श्लोक ७३-८०
३. विष्णु पुराण द्वितीय अंश चतुर्थ अध्याय. श्लोक ९३-९६
४. ,, ,, पंचम् ,, ,, २-४
५. ,, ,, पंचम ,, ,, १३ १५-१९-२०।
६. ,, ,, षष्ठम् ,, ,, १—६ ७. ,, ,, षष्ठम् ,, ३४
८. ,, ,, सप्तम् ,, ,, २—९ ९. विष्णु-पुराण द्वितीयांश षष्ठम् अध्याय श्लोक १२—१८
१०. ,, ,, षष्ठम् ,, ,, १९—२०

५—तुलना और समीक्षा

विष्णु-पुराण के आधार पर जो लोक स्थिति या भूगोल का वर्णन किया है उसका हम जैनसम्मत लोक के वर्णन से मिलान करते हैं तो अनेक तथ्य सामने आते हैं। जिनका दोनों मान्यताओं के नाम निर्देश के साथ यहाँ उल्लेख किया जाता है—

द्वीप

जैन मान्यता		वैदिक मान्यता	
१. द्वीप, समुद्र	असंख्यात	द्वीप, समुद्र	७ द्वीप
२. प्रथम द्वीप	जम्बूद्वीप	प्रथम द्वीप	जम्बूद्वीप
३. कुशक	पन्द्रहवाँ द्वीप[1]	कुश	चौथा द्वीप
४. क्रौंच	सोलहवाँ द्वीप[2]	क्रौंच	पाँचवा द्वीप
५. पुष्कर	तीसरा द्वीप	पुष्कर	सातवाँ द्वीप

समुद्र

१. लवणोद	प्रथम समुद्र	लवणोद	प्रथम समुद्र
२. वारुणी रस	चौथा समुद्र	मदिरा रस	तीसरा ”
३. क्षीर सागर	पाँचवा ”	दूधरस	छठा ”
४. घृतवर	छठा ”	मधुर रस	सातवां ”
५. इक्षुरस	सातवाँ ”	इक्षुरस	दूसरा ”

क्षेत्र

१. भारतवर्ष	१. भारतवर्ष
२. हैमवत	२. किम्पुरुष
३. हरिवर्ष	३. हरिवर्ष
४. विदेह	४. इलावृत
५. रम्यक	५. रम्यक
६. हैरण्यवत	६. हिरण्मय
७. ऐरावत	७. उत्तर-कुरु

यहाँ यह ज्ञातव्य है कि जैन मान्यतानुसार उत्तर-कुरु विदेह-क्षेत्र का एक भाग है। इलावृत ऐरावत का ही रूपान्तर है। हाँ, दूसरे हैमवत क्षेत्र के स्थान पर किम्पुरुष नाम अवश्य नया है।

६—पर्वत

जैन परम्परा	वैदिक परम्परा
१. हिमवान	१. हिमवान्
२. महाहिमवान	२. हेमकूट
३. निषध	३. निषध
४. नील	४. नील
५. रुक्मी	५. श्वेत
६. शिखरी	६. शृंगी

यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि शिखरी एवं शृंगी ये दोनों एकार्थक नाम हैं। पाँचवें रुक्मी पर्वत का वर्ण जैन मान्यतानुसार श्वेत ही माना गया है जो वैदिक मान्यता के श्वेत-पर्वत का ही बोधक है। केवल महाहिमवान के स्थान पर हेमकूट नाम नवीन है।

जैन और वैदिक दोनों ही मान्यताओं के अनुसार मेरु-पर्वत जम्बूद्वीप के मध्य भाग में स्थित है। अन्तर केवल ऊँचाई का का है। वैदिक मान्यता के अनुसार मेरु चौरासी हजार योजन ऊँचा है। जबकि जैनमान्यता इसे १ लाख योजन ऊँचा मानती है।

७—नदियाँ

वैदिक मान्यतानुसार ऊपर जो नदियों के नाम दिये गये हैं वे प्रायः सब आधुनिक नदियों के नाम हैं। जैन मान्यतानुसार जम्बू-द्वीप के सात क्षेत्रों में १४ प्रधान नदियाँ हैं। उनके नाम इस प्रकार हैं—गंगा, सिन्धु, रोहित-रोहितास्या, हरित-हरिकान्ता, सीता-सीतोदा, नारी-नारीकान्ता, स्वर्णकूला-रूप्यकूला, रक्ता-और रक्तोदा। भारतवर्ष आदि क्षेत्रों में क्रमशः उक्त दो नदियाँ बहती हैं। उनमें से पहली नदी पूर्व के समुद्र और दूसरी नदी पश्चिम के समुद्र में जाकर मिलती है। इस प्रकार दोनों ही मान्यताओं वाली नदियों के नामों में कोई समानता नहीं है।

८—नरक—स्थिति

जैन मान्यता के समान ही वैदिक मान्यता में भी अत्यन्त दुःख भोगने वाले नारकी-जीवों का अवस्थान इस धरातल के नीचे माना गया है। दोनों के कुछ नामों में समानता है, और कुछ नामों में विषमता है।

९—ज्योतिर्लोक

जैन मान्यतानुसार सम-भूमितल से सूर्य-चन्द्र आदि की ऊँचाई का जो उल्लेख है उससे वैदिक मान्यता में बहुत भारी अन्तर है। जो दोनों के पूर्व वर्णनों से पाठक भली भाँति जान सकेंगे।

१०—स्वर्गलोक

दोनों ही मान्यताओं के अनुसार स्वर्गलोक की स्थिति ज्योतिर्लोक के ऊपर मानी गई है। वैदिक मान्यता में स्वर्गलोक का नाम महर्लोक दिया गया है तथा वहाँ के निवासियों को जैन मान्यता के समान कल्पवासी कहा गया है। वैदिक मान्यता में स्वर्गलोक की स्थिति सूर्य और ध्रुव के मध्य में चौदह लाख योजन प्रमाण क्षेत्र में है। जबकि जैन मान्यता से वह सुमेरु के ऊपर से लेकर असंख्यात योजन ऊपरी क्षेत्र तक बतलाई गई है।

१-२. तिलोयपण्णत्ती अ०····।

११—कर्मभूमि और भोगभूमि

जिस प्रकार जैनागमों में कर्मभूमि और भोगभूमि का वर्णन आया है उसी प्रकार हिन्दू-पुराणों में भी मिलता है, विष्णु-पुराण के द्वितीयांश के तीसरे अध्याय में कर्मभूमि का वर्णन इस प्रकार किया गया है—

उत्तरं यत्समुद्रस्यः हिमाद्रेश्च दक्षिणम् ।
वर्षं तद्भारतं नाम भारती यत्र संततिः ॥१॥

नवयोजनसाहस्रो विस्तारोऽस्य महामुने ! ।
कर्मभूमिरियं स्वर्गमपवर्गञ्च गच्छताम् ॥२॥

अतः सम्प्राप्यतेस्वर्गो मुक्तिमस्मात् प्रायन्ति वै ।
तिर्यक्त्वं नरकं चापि यान्त्यतः पुरुषा मुने ॥३॥

इतः स्वर्गश्च मोक्षश्च, मध्यं चान्तश्च गम्यते ।
त खल्वन्यत्र मर्त्यानां, कर्मभूमौ विधीयते ॥४॥

भावार्थ—समुद्र के उत्तर और हिमाद्रि के दक्षिण में भारतवर्ष अवस्थित है । इसका विस्तार नौ हजार योजन विस्तृत है । यह स्वर्ग और मोक्ष जाने वाले पुरुषों की कर्मभूमि है । इसी स्थान से यतः मनुष्य स्वर्ग और मुक्ति प्राप्त करते हैं और यहीं से तिर्यंच और नरक-गति में भी जाते हैं—अतः कर्मभूमि है । इस भारतवर्ष के सिवाय अन्य क्षेत्र में कर्मभूमि नहीं है ।

अग्नि-पुराण के एक सौ अठारहवें अध्याय के द्वितीय श्लोक में भी भारतवर्ष को कर्मभूमि कहा गया है । यथा—

कर्मभूमिरियं स्वर्गमपवर्गञ्च गच्छताम् ।

विष्णु-पुराण के अन्त में कर्मभूमि का उपसंहार करते हुए लिखा है– कि भारतवर्ष में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र रहते हैं तथा वे क्रमशः पूजन-पाठ, आयुध-धारण, वाणिज्य-कर्म और सेवादि कार्य करते हैं । यथा—

ब्राह्मणाः क्षत्रियाः वैश्या मध्ये शूद्राश्च भागशः ।
इज्याऽऽयुध्वाणिज्याद्यैर्वर्तयन्तो व्यवस्थिताः ॥९॥

इस अध्याय का उपसंहार करते हुए कहा गया है कि भारतवर्ष के सिवाय अन्य सब क्षेत्रों में भोगभूमि है । यथा—

अत्रापि भारतं श्रेष्ठं जम्बूद्वीपे महामुने ।
यतो हि कर्मभूरेषा ह्यतोऽन्या भोगभूमयः ॥

भावार्थ—इस जम्बूद्वीप में भारतवर्ष सर्वश्रेष्ठ है । क्योंकि यहाँ पर स्वर्ग और मोक्ष प्राप्त कराने वाली कर्मभूमि है । भारतभूमि के सिवाय अन्य सर्व क्षेत्रकी भूमियाँ तो भोग-भूमियाँ हैं । क्योंकि वहाँ पर रहने वाले जीव सदाकाल बिना किसी रोग-शोक बाधा के भोगों का उपभोग करते रहते हैं ।

मार्कण्डेय-पुराण के ५५वें अध्याय के श्लोक २०-२१ में भी भोगभूमि और कर्मभूमि का वर्णन मिलता है ।

१२—उत्सर्पिणी अवसर्पिणी काल

जैनागमों में काल के परिवर्तन स्वरूप का वर्णन करते हुए बतलाया गया है कि जिस समय मनुष्य की आयु, सम्पत्ति, सुख-समृद्धि एवं भोगोपभोगों की वृद्धि हो उसे उत्सर्पिणी काल कहते हैं और जिस समय उक्त वस्तुओं की हानि या ह्रास हो तो उसे अवसर्पिणीकाल कहते हैं । दोनों प्रकार के कालों का परिवर्तन कर्मभूमि वाली पृथ्वियों में ही होता है—अन्यत्र भोग भूमि वाली पृथ्वियों में नहीं । विष्णुपुराण में भी इसका उल्लेख इस प्रकार से मिलता है—

अवसर्पिणी न तेषां वै नचोत्सर्पिणी द्विज ! ।
नत्वेषाऽस्ति युगावस्था तेषु स्थानेषु सप्तसु ॥

अर्थात्—हे द्विज ! जम्बूदीपस्थ अन्य सात क्षेत्रों में भारतवर्ष के समान न काल की अवसर्पिणी अवस्था है और न उत्सर्पिणी अवस्था ही ।

१३—वर्षधर पर्वतों पर सरोवर

जैन मान्यता के समान मार्कण्डेय पुराण में भी वर्षधर पर्वतों के ऊपर सरोवरों का तथा उनमें कमलों का उल्लेख इस प्रकार है—

एतेषां पर्वतानां तु द्रोण्योऽतीव मनोहराः ।
वनैरमलपानीयैः सरोभिरूपशोभिताः ॥

(अ० ५५ श्लोक १४—१५)

उक्त सरोवरों में कमलों का उल्लेख इस प्रकार है—

तदेतत् पार्थिवं पद्मं चतुष्पत्रं मयोदितम् ।

(अ० ५५ श्लोक २०)

यहाँ यह ज्ञातव्य है कि जैन मान्यता के समान ही पुराणकार ने भी पद्म को पार्थिव माना है ।

(घ) 'भारतवर्ष' का नामकरण

जम्बूद्वीप के प्रथम वर्ष या क्षेत्र का नाम 'भारतवर्ष' है। इसका यह नाम कैसे पड़ा, इस विषय में जैन मान्यता है कि आदि तीर्थंकर भ० ऋषभदेव के सौ पुत्रों में ज्येष्ठ आदि पुत्र भरत जो कि प्रथम चक्रवर्ती थे, उन्होंने इस क्षेत्र का सर्वप्रथम राज्य-सुख भोगा, इस कारण इस क्षेत्र का नाम 'भारतवर्ष' प्रसिद्ध हुआ। श्रीमदुमास्वामि-रचित तत्त्वार्थ-सूत्र के महान् भाष्यकार श्रीमदकलंक देव ने तीसरे अध्याय के दशवें सूत्र की व्याख्या करते हुए लिखा है :—

"**भरतक्षत्रिययोगाद्वर्षो भरतः विजयार्धस्य दक्षिणतो जलधेरुत्तरतः गंगा-सिन्ध्वोर्बहुमध्यदेशभागे विनीता नाम नगरी। तस्यामुत्पन्नः सर्व राजलक्षणसम्पन्नो भरतो नामाद्यश्चक्रधरः षट्खण्डाधिपतिः अवसर्पिण्या राज्य विभागकाले तेनार्दो भुक्तत्वात्, तद्योगाद् 'भरत' इत्याख्यायते वर्षः।**"

हिन्दुओं के प्रसिद्ध मार्कण्डेय-पुराण में भी व्यास महर्षि ने उक्त कथन का ही समर्थन करते हुए तिरेपनवें अध्याय में कहा है—

ऋषभाद् भरतो जज्ञे वीरः पुत्रंशताग्रजः।
सोऽभिषिच्यर्षभः पुत्रं, महाप्राव्राज्यमास्थितः॥४१॥
तपस्तेपे महाभागः पुलहाश्रमसंश्रयः।
हिमाह्वं दक्षिणं वर्ष, भरताय पिता ददौ॥४२॥
तस्मात्तु भारतं वर्ष, तस्य नाम्ना महात्मनः॥४३॥

अर्थात्—ऋषभ से भरत पैदा हुआ, जो उनके सौ पुत्रों में सर्व श्रेष्ठ था। उसका राज्याभिषेक करके ऋषभ महानुभाव प्रव्रजित होकर पुलहाश्रम चले गये। जम्बूद्वीप का हिम नामक दक्षिण क्षेत्र पिता ने भरत को दिया। इसके कारण उस महात्मा के नाम से यह क्षेत्र 'भारतवर्ष' कहलाने लगा।

इसके अतिरिक्त जम्बूद्वीप-प्रज्ञप्ति में 'भरतक्षेत्र' इस नाम के दो कारण और भी प्रतिपादित किये गये हैं—प्रथम इस क्षेत्र के अधिष्ठायक देव का नाम भरत है। दूसरा यह नाम शाश्वत है।

यहाँ यह भी स्मरणीय है कि प्रत्येक उत्सर्पिणी—अवसर्पिणी काल के प्रथम चक्रवर्ती का नाम भरत ही होता है। इन सब कारणों से यह क्षेत्र भरत नाम से प्रसिद्ध है।

कुछ लोग दुष्यन्त-पुत्र भरत के नाम से इस क्षेत्र का नामकरण हुआ कहते हैं। किन्तु इस भरत का व्यक्तित्व इतना असाधारण नहीं रहा है कि उसके नाम पर इस क्षेत्र की प्रसिद्धि मानी जाय। इसके अतिरिक्त इससे पूर्व इस क्षेत्र का नाम क्या था, यह अब तक किसी भी इतिहास-वेत्ता ने प्रकट नहीं किया है। इसी कारण अब विचारशील इतिहासज्ञों ने इस अभिमत को अस्वीकार कर दिया है।

(ङ) वैज्ञानिकों के मतानुसार आधुनिक विश्व

१—भूमण्डल

जिस पृथ्वी पर हम निवास करते हैं वह मिट्टी पत्थर का एक नारंगी के समान चपटा गोला है। इसका व्यास लगभग आठ हजार मील ($\frac{7926.6}{7899.9}$—२६·७) और परिधि लगभग पचीस हजार मील ($\frac{24902}{24860}$—४२) है।

वैज्ञानिकों के मतानुसार आज से खरबों वर्ष पूर्व किसी समय यह ज्वालामयी अग्नि का गोला था। यह अग्नि धीरे-धीरे ठण्डी होती गई और अब यद्यपि पृथ्वी का धरातल सर्वत्र शीतल हो चुका है, तथापि अभी इसके गर्भ में अग्नि तीव्रता से जल रही है, जिसके कारण पृथ्वी का धरातल भी कुछ उष्णता को लिए हुए है। नीचे की ओर खुदाई करने पर उत्तरोत्तर अधिक उष्णता पाई जाती है। कभी-कभी यही भूगर्भ की ज्वाला कुपित होकर भूकम्प उत्पन्न कर देती है और कभी ज्वालामुखी के रूप में भी फूट निकलती है, जिससे पर्वत, भूमि, नदी, समुद्र आदि के जल और स्थल भागों में परिवर्तन होता रहता है। इसी अग्नि के ताप से पृथ्वी का द्रव्य यथायोग्य दबाव और शीतलता पाकर नाना प्रकार की धातु-उपधातुओं एवं तरल पदार्थों में परिवर्तित हो गया है जो हमें पत्थर, कोयला, लोहा, सोना, चाँदी आदि, तथा जल और वायु मण्डल के रूप में दिखाई देता है। जल और वायु ही सूर्य के ताप से मेघ आदि का रूप धारण कर लेते हैं। यह वायुमण्डल पृथ्वी के धरातल से उत्तरोत्तर विरल होते हुए लगभग ४०० मील तक फैला हुआ अनुमान किया जाता है। पृथ्वी का धरातल भी सर्वत्र समान नहीं है। पृथ्वीतल का उच्चतम भाग हिमालय का गौरीशंकर शिखर (माउण्ट एवरेस्ट) माना जाता है, जो समुद्र तल से उनतीस हजार फुट, अर्थात् लगभग साढ़े पाँच मील ऊँचा है। समुद्र की अधिकतम गहराई ३५,४०० फुट अर्थात् लगभग छह मील तक नापी जा चुकी है। इस प्रकार पृथ्वी तल की ऊँचाई-नीचाई में साढ़े ग्यारह मील का अन्तर पाया जाता है।

पृथ्वी की ठंडी होकर जमी हुई परत सत्तर मील समझी जाती है। इसकी द्रव्य-रचना के अध्ययन से अनुमान लगाया

गया है कि उसे जमे हुए अरबों खरबों वर्ष हो गये हैं। सजीव तत्व के चिह्न केवल चौंतीस मील की ऊपरी परत में पाये जाते हैं। जिससे अनुमान लगाया गया है कि पृथ्वी पर जीव-तत्त्व उत्पन्न हुए दो करोड़ वर्ष से अधिक समय नहीं हुआ है। इसमें भी मनुष्य के विकास के चिह्न केवल एक करोड़ वर्ष के भीतर ही अनुमान किये जाते हैं।

पृथ्वी तल के ठंडे हो जाने के पश्चात् उस पर आधुनिक जीव-शास्त्र के अनुसार जीवन का विकास इस क्रम से हुआ—सर्वप्रथम स्थिर जल के ऊपर जीव-कोश प्रकट हुए, जो पाषाणादि जड़ पदार्थों से मुख्यतया तीन बातों में भिन्न थे। एक तो वे आहार ग्रहण करते और बढ़ते थे। दूसरे वे इधर-उधर चल भी सकते थे। और तीसरे वे अपने ही तुल्य अन्य कोश भी उत्पन्न कर सकते थे। काल-क्रम से इनमें से कुछ कोश भूमि में जड़ जमाकर स्थावरकाय वनस्पति बन गये, और कुछ जल में ही विकसित होते-होते मत्स्य बन गये। क्रमशः धीरे-धीरे ऐसे वनस्पति और मेंढक आदि प्राणी उत्पन्न हुए, जो जल में ही नहीं, किन्तु स्थल पर भी श्वासोच्छ्वास ग्रहण कर सकते थे। इन्हीं स्थल प्राणियों में से उदर के बल रेंगकर चलने वाले केंचुआ सांप आदि प्राणी उत्पन्न हुए। इनका विकास दो दिशाओं में हुआ—एक पक्षी के रूप में और दूसरे स्तनधारी प्राणी के रूप में। स्तनधारी प्राणी की यह विशेषता है कि वे अण्डे से उत्पन्न न होकर गर्भ से उत्पन्न होते हैं और पक्षी अण्डे से उत्पन्न होते हैं। मगर से लेकर भेड़, बकरी, गाय, भैंस, घोड़ा आदि सब इसी स्तनधारी जाति के प्राणी हैं। इन्हीं स्तनधारी प्राणियों की एक वानर जाति उत्पन्न हुई। किसी समय कुछ वानरों ने अपने अगले दो पैर उठाकर पीछे के दो पैरों पर चलना-फिरना सीख लिया। बस, यहीं से मनुष्य जाति का विकास प्रारम्भ हुआ माना जाता है। उक्त जीवकोश से लगाकर मनुष्य के विकास तक प्रत्येक नयी धारा उत्पन्न होने में लाखों करोड़ों वर्ष का अन्तर माना जाता है।

इस विकास-क्रम में समय-समय पर तात्कालिक परिस्थितियों के अनुसार नाना प्रकार की जीव-जातियाँ उत्पन्न हुईं। उनमें से अनेक जातियाँ समय के परिवर्तन, विप्लव और अपनी अयोग्यता के कारण विनष्ट हो गईं, जिनका पता हमें भूगर्भ में उनके निखातकों द्वारा मिलता है।

पृथ्वी-तल पर भूमि से जल का विस्तार लगभग तिगुना है। (थल २९% जल ७१%)। जल के विभागानुसार पृथ्वी के पांच प्रमुख खण्ड पाये जाते हैं—एशिया, यूरोप और अफ्रीका मिलकर एक, उत्तरी-दक्षिणी अमेरिका मिलकर दूसरा, आस्ट्रेलिया तीसरा, उत्तरी ध्रुव चौथा, पांचवां दक्षिणी ध्रुव। इनके अतिरिक्त अनेक छोटे-मोटे द्वीप भी हैं। यह भी अनुमान किया जाता है कि सुदूर पूर्व में सम्भवतः ये प्रमुख भूमि-भाग परस्पर जुड़े हुए थे। उत्तरी दक्षिणी अमेरिका की पूर्वी समुद्र तरीय रेखा ऐसी दिखाई देती है कि वह यूरोप-अफ्रीका की पश्चिमी समुद्र-तटीय रेखा के साथ मिलकर ठीक बैठ सकती है। तथा हिन्द-महासागर के अनेक द्वीप समूह की शृंखला एशिया खण्ड को आस्ट्रेलिया के साथ जोड़ती हुई दिखाई देती है। वर्तमान में नहरें खोदकर अफ्रीका का एशिया-यूरोप भूमि खण्ड से, तथा उत्तरी अमेरिका का दक्षिणी अमेरिका से भूमि-सम्बन्ध तोड़ दिया गया है। इन भूमि-खण्डों का आकार, परिमाण और स्थिति परस्पर अत्यन्त विषम है।

भारतवर्ष एशिया-खण्ड का दक्षिणी-पूर्वी भाग है। यह त्रिकोणाकार है। दक्षिणी कोण लंका द्वीप को प्रायः स्पर्श करता है। वहां से भारतवर्ष की सीमा उत्तर की ओर पूर्व-पश्चिम दिशाओं में फैलती हुई चली गई है और हिमालय पर्वत की श्रेणियों पर पर जाकर समाप्त होती है। भारत का पूर्व-पश्चिम और उत्तर-दक्षिणी विस्तार लगभग दो-दो हजार मील का है। इसकी उत्तरी सीमा पर हिमालय पर्वत है। मध्य में विन्ध्य और सतपुड़ा की पर्वतमालाएँ हैं। तथा दक्षिण के पूर्वी और पश्चिमी समुद्र-तटों पर पूर्वी-घाट और पश्चिमी-घाट नाम वाली पर्वत-श्रेणियाँ फैली हुई हैं।

भारतवर्ष की प्रमुख नदियों में हिमालय के प्रायः मध्य भाग से निकलकर पूर्व की ओर समुद्र में गिरनेवाली ब्रह्मपुत्र और गंगा है। इनकी सहायक नदियों में जमुना, चम्बल, वेतवा और सोन आदि हैं। हिमालय से निकलकर पश्चिम की ओर समुद्र में गिरने वाली सिन्धु और उसकी सहायक नदियाँ झेलम, चिनाव, रावी, व्यास और सतलज हैं। गंगा और सिन्धु की लम्बाई लगभग पन्द्रह सौ मील की है। देश के मध्य में विन्ध्य और सतपुड़ा के बीच पूर्व से पश्चिम की ओर समुद्र तक बहने वाली नर्मदा नदी है। सतपुड़ा के दक्षिण में ताप्ती नदी है। दक्षिण भारत की प्रमुख नदियां गोदावरी, कृष्णा, कावेरी पश्चिम से पूर्व की ओर बहती हैं।

देश के उत्तर में सिन्धु से गंगा के कछार तक प्रायः आर्य जाति के, तथा सतपुड़ा से सुदूर दक्षिण में द्रविड़ जाति के, एवं पहाड़ी प्रदेशों में गोंड, भील, कोल और किरात आदि आदिवासी जन-जातियों के लोग रहते हैं।

वर्तमान में उपलब्ध इस आठ हजार मील विस्तृत और पच्चीस हजार मील परिधि वाले भू-मण्डल के चारों ओर अनन्त आकाश है, जिसमें हमें दिन को सूर्य और रात्रि को चन्द्रमा एवं

ताराओं के दर्शन होते हैं और उनसे प्रकाश मिलता है। इनमें पृथ्वी के सबसे अधिक समीप चन्द्रमा है, जो इस भूमण्डल से लगभग अढाई लाख मील दूर है। यह पृथ्वी के समान ही एक भूमण्डल है जो पृथ्वी से बहुत छोटा है और उसी के चारों ओर घूमा करता है, जिससे हमारे यहां शुक्ल और कृष्ण पक्ष होते हैं। चन्द्रमा में स्वयं प्रकाश नहीं है, किन्तु वह सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित होता है, इसलिए अपने परिभ्रमण के अनुसार घटता-बढ़ता दिखाई देता है। अनुसन्धान से ज्ञात हुआ है कि चन्द्रमा बिल्कुल ठंडा हो गया है और पृथ्वी के गर्भ के समान अब उसमें अग्नि नहीं है। उसके आस-पास वायुमण्डल भी नहीं है और न उसके धरातल पर जल ही है। इन्हीं कारणों से वहां श्वासोच्छ्वास-प्रधान प्राणी और वनस्पति उपलब्ध नहीं हैं। वहां पर्वत तथा कन्दराओं के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। अनुमान किया जाता है कि चन्द्रमा पृथ्वी का ही एक भाग है, जिसे टूटकर अलग हुए पांच-छह करोड़ वर्ष हुए हैं।

२—चन्द्र का क्षेत्रफल आदि

आज के वैज्ञानिकों ने चन्द्र के विषय में जो तथ्य संकलित किये हैं उनमें से कुछ इस प्रकार हैं:—

चन्द्र व्यास—२१६० मील, या ३४५६ किलोमीटर, पृथ्वी का चतुर्थ भाग

चन्द्र की परिधि—१०८६४ किलोमीटर,

चन्द्र की पृथ्वी से दूरी—३८११७१ किलोमीटर,

चन्द्र का तापमान—११७ सेन्टीग्रेड, जब सूर्य सिर के ऊपर हो,

चन्द्र का रात में तापमान—१३७ सेटीग्रेड

चन्द्र सतह में गुरुत्वाकर्षण—पृथ्वी का छठा अंश

पृथ्वी पर जिस वस्तु का वजन २७ किलो है, उसका चांद पर ४·५ किलो है। चन्द्रविस्तार या बिम्ब पृथ्वी का १०० वां अंश है, और उसका आयतन पृथ्वी के आयतन का ५वां भाग है।

चन्द्रमा की गति ३६६९ किलोमीटर प्रति घण्टा है। चन्द्र को पृथ्वी की एक परिक्रमा करने २७ दिन ७ घण्टे और ४३ मिनट लगते हैं, क्योंकि वह लगभग इसी गति से अपनी धुरी पर घूमता है।

चन्द्रमा से परे क्रमशः शुक्र, बुध, मंगल, वृहस्पति और शनि आदि ग्रह हैं। ये सब पृथ्वी के समान ही भूमण्डल वाले हैं और सूर्य की परिक्रमा किया करते हैं, तथा सूर्य के ही प्रकाश से प्रकाशित होते हैं। इन ग्रहों में से किसी में भी हमारी पृथ्वी के समान जीवों की संभावना नहीं मानी जाती है, क्योंकि वहाँ की परिस्थितियां जीवन के साधनों से सर्वथा प्रतिकूल हैं।

इन ग्रहों से पृथ्वी से लगभग साढ़े नौ करोड़ मील की दूरी पर सूर्य-मण्डल है, जो पृथ्वी से लगभग पन्द्रह लाख गुना बड़ा है, अर्थात् पृथ्वी के समान लगभग पन्द्रह लाख भूमण्डल उसके गर्भ में समा सकते हैं। सूर्य का व्यास ८६०००० मील है। यह महाकाय सूर्य-मण्डल अग्नि से प्रज्वलित है और उसकी ज्वाला लाखों मील तक उठती हैं। सूर्य की ज्वाला से करोड़ों मील विस्तृत सौर-मण्डल भर में प्रकाश और उष्णता फैलती है। सूर्य के धरातल पर १०००० फारेनहीट गर्मी है। जेम्स जीन्स वैज्ञानिक का मत है कि इसी सूर्य की विच्छिन्नता से पृथ्वी, बुध, वृहस्पति आदि ग्रह और उनके उपग्रह बने हैं, जो सब अभी तक उसके आकर्षण से निबद्ध होकर उसी के आस-पास घूम रहे हैं। हमारा भूमण्डल सूर्य की परिक्रमा ३६५¼ दिन में तथा प्रति चौथे वर्ष ३६६ दिन में पूरी करता है और इसी के आधार पर हमारा वर्ष-मान अवलम्बित है। इसी परिभ्रमण में पृथ्वी निरन्तर अपनी कीली पर ६० हजार मील प्रति घण्टे के हिसाब से घूमा करती है, जिसके कारण हमारे यहां दिन और रात्रि हुआ करते हैं। पृथ्वी का जो गोलार्ध सूर्य के सम्मुख पड़ता है, वहाँ दिन और शेष गोलार्ध में रात्रि होती है। वैज्ञानिकों का यह भी मत है कि ये पृथ्वी आदि ग्रह और उपग्रह पुनः सूर्य की ओर आकृष्ट हो रहे हैं।

ऊपर जिस महाकाय सूर्य-मण्डल का उल्लेख किया गया है उसकी बराबरी का अन्य कोई भी ज्योतिर्मण्डल आकाश में दिखाई नहीं देता। किन्तु इससे यह नहीं समझना चाहिए कि उन अति लघु दिखाई देने वाले तारों में सूर्य के समान कोई एक भी नहीं है। वस्तुतः हमें जिन तारों का दर्शन होता है, उनमें सूर्य से छोटे एवं सूर्य की बराबरी वाले तारे तो बहुत थोड़े हैं। उनमें अधिकांश तो सूर्य से भी बहुत विशाल हैं, तथा उससे सैकड़ों, हजारों, लाखों गुने बड़े हैं। किन्तु उनके छोटे दिखाई देने का कारण यह है कि वे हम से सूर्य की अपेक्षा बहुत अधिक दूरी पर हैं। ज्येष्ठा नक्षत्र इतना विशाल है कि उसमें ७००,००,००, ००,००,००० पृथिवियाँ समा जायें।

३—प्रकाशवर्ष

तारों की दूरी समझने के लिए हमारे संख्या-वाचक शब्द काम नहीं देते। उनकी गणना के लिए वैज्ञानिकों की दूसरी ही विधि है। प्रकाश की गति प्रति सेकिण्ड एक लाख छयासी हजार

(१८६०००) मील, तथा प्रति मिनिट एक करोड़ ग्यारह लाख साठ हजार (१११६००००) मील मापी गई है। इस प्रमाण से सूर्य का प्रकाश हमारी पृथ्वी तक आने में साढ़े आठ (८½) मिनिट लगते हैं। तारे हमसे इतनी दूर हैं कि उनका प्रकाश हमारे समीप वर्षों में आ पाता है और जितने वर्षों में वह आता है उतने ही प्रकाश-वर्ष की दूरी पर वह तारा कहा जाता है। सेञ्चुरी नामक अति निकटवर्ती तारा हमसे साढ़े चार प्रकाश-वर्ष की दूरी पर है क्योंकि उसके प्रकाश को हमारे पास तक आने में साढ़े चार प्रकाश-वर्ष लगते हैं। इस प्रकार दस, बीस, पचास एवं सैकड़ों प्रकाश-वर्षों की दूरी के ही नहीं, किन्तु ऐसे-ऐसे तारों का ज्ञान हो चुका है जिनकी दूरी दस लाख प्रकाश-वर्ष की मापी गई है तथा जो परिमाण में इस पृथ्वी से तो क्या, हमारे सूर्य से भी लाखों गुने बड़े हैं।

ताराओं की संख्या का पार नहीं है। हमें अपनी दृष्टि से तो अधिक से अधिक छठे प्रमाण तक के लगभग छह-सात हजार तारे ही दिखाई देते हैं। किन्तु दूर-दर्शक यन्त्रों की जितनी शक्ति बढ़ती जाती है, उतने ही अधिकाधिक तारे दिखाई देते हैं। अभी तक बीसवें प्रमाण तक के तारों को देखने योग्य यन्त्र बन चुके हैं; जिनके द्वारा दो अरब से भी अधिक तारे देखे जा चुके हैं। जिनकी तालिका आगे दी जाती है।

४—वैज्ञानिकों के अनुसार तारों की संख्या

आज के वैज्ञानिकों ने प्रकाश की हीनाधिकता के अनुसार तारों को कई वर्गों में बाँटा है। पहिले, दूसरे और तीसरे वर्ग के तारे अधिक चमकीले हैं, किन्तु उनकी संख्या बहुत कम है। आठवें वर्ग तक के तारों को आँखों से देखा और गिना जा सकता है, किन्तु इससे आगे के वर्गों के तारों को दूरबीन की सहायता से ही देखा और गिना गया है।

वैज्ञानिकों के द्वारा २० वर्गों में विभक्त तारों की संख्या इस प्रकार है :—

वर्ग	संख्या	वर्ग	संख्या
१	१९	९	११७०००
२	६५	१०	३२४०००
३	२००	११	८७००००
४	५३०	१२	२२,७०,०००
५	१६२०	१३	५७,००,०००
६	४८५०	१४	१,३८,००,०००
७	१४३००	१५	३,२०,००,०००
८	४१०००	१६	७,१०,००,०००
१७	१,५०,००,०००	१९	५६,००,००,०००
१८	२९,६०,००,०००	२०	१,००,००,००,००० (एक अरब)

जेम्स जीन्स सदृश वैज्ञानिक ज्योतिषी का मत है कि तारों की संख्या हमारी पृथ्वी के समस्त समुद्र-तटों की रेत के कणों के बराबर हो तो आश्चर्य नहीं है। ये असंख्य तारे एक दूसरे से कितने दूर-दूर हैं, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सूर्य से अति निकटवर्ती तारा साढ़े चार प्रकाश-वर्ष अर्थात् अरबों-खरबों मील की दूरी पर है। ये सब तारे बड़े वेग से गतिशील हैं और उनका प्रवाह दो भिन्न दिशाओं में पाया जाता है।

५—नीहारिका

बिखरी वाष्प की शक्ल में जो अनेक तारों का समूह पाया जाता है, उन्हें नीहारिका कहते हैं। बिना दूरबीन के हम अपनी आँखों से एकाध ही नीहारिका देख सकते हैं और वह भी देखने में तारों जैसी ही मालूम होती है। दूरबीन से देखने पर उनमें कुछ गोल दिखाई देती हैं और कुछ की आकृति शंख के चक्कर की भांति है। गोल नीहारिकाएँ हमारे स्थानीय विश्व या आकाश-गंगा के तारागुच्छ हैं। चक्करदार नीहारिकाएँ महान विश्व से छोटी, किन्तु करोड़ों तारा गुच्छकों से मिलकर बने छोटे विश्व हैं। यद्यपि विशेष विवरण के साथ जाँच-पड़ताल की गई नीहारिकाएँ सौ से भी कम हैं, किन्तु दूरबीन से बीस लाख के करीब चक्करदार नीहारिकाओं के अस्तित्व का पता चला है। आकाश-गंगा भी इसी श्रेणी का एक द्वीप-विश्व है। हमारी पृथ्वी न वृहस्पति की भाँति विशाल और न शुक्र की भाँति छोटा ग्रह है। सूर्य भी मध्यम आकार का एक ग्रह है। किन्तु आकाश-गंगा अपनी श्रेणी के द्वीप-विश्वों से बहुत बड़ी है। आकाश-गंगा भी एक मध्यम आकार की नीहारिका है, जिसकी मात्रा एक अरब सूर्यों से भी ज्यादा है। सूर्य हमारी पृथ्वी से तीन लाख तेरह हजार गुना बड़ा है।

६—आकाश गंगा

यहाँ यह ज्ञातव्य है कि आकाश गंगा क्या वस्तु है? रात को आकाश में एक सफेद बालुका पथ या गंगा जैसी सफेद चौड़ी धारा दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर लम्बे आकार में दिखाई देती है, इसे ही आकाश-गंगा कहते हैं। आकाश-गंगा स्वयं तारों का एक समूह है। इसमें सूर्य जैसे दो खरब के करीब तारे हैं। इसकी आकृति अण्डाकार जेबी घड़ी या दो जुड़े गोल तवों की भाँति बीच में मोटी और किनारों पर पतली है। इसका व्यास ३ लाख प्रकाश-वर्ष और मोटाई १० हजार प्रकाश-वर्ष है।

७—ग्रह

ज्योतिर्मण्डल में ग्रहों का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है, उनका किंचित् परिचय निम्नलिखित कोष्ठक से ज्ञात हो सकेगा।

ग्रह का नाम	सूर्य से औसत दूरी मीलों में	औसत व्यास मीलों में	परिक्रमा का समय वर्षों में	उपग्रहों की संख्या
१. बुध	३,६०,००,०००	३०३०	०.२२	०
२. शुक्र	६,७२,००,०००	७७००	०.६२	०
३. पृथ्वी	९,२९,००,०००	७९१८	१.००	१
४. मंगल	१४,१५,००,०००	४२३०	१.८८	२
५. बृहस्पति	४८,३२,००,०००	८६५००	११.८६	९
६. शनि	८८,५९,००,०००	७३०००	२९.४६	९
७. अरुण	१,७८,२२,००,०००	३१९००	८४.०२	४
८. वरुण	२,७९,१६,००,०००	३४८००	१६४.७८	१
९. कुबेर	३,७०,००,००,०००	३६०५	२५०.००	अज्ञात

सूर्य तथा उसका ग्रह-कुटुम्ब मिलकर सौर्य-मण्डल कहा जाता है।

८—लोक या ब्रह्माण्ड का आकार

जिसको हम ब्रह्माण्ड कहते हैं, उसमें अनेक सौर्य-मण्डल हैं। ऐसा अनुमान किया जाता कि ऐसे सौर्य-मण्डलों की संख्या लगभग १० करोड़ है। हमारा सौर्य-मण्डल 'ऐरावत पथ' (मिल्की वे) नामक ब्रह्माण्ड में स्थित है। ऐरावत-पथ के चन्द्र रूपी पथ के लगभग २/३ भाग पर एक पीला बिन्दु है। यही बिन्दु हमारा सूर्य है, जो अपने ग्रहों को साथ लिए ऐरावत पथ पर बराबर घूम रहा है। पूर्व ऐरावत पथ में लगभग ५०० करोड़ तारे विद्यमान हैं। इनमें से बहुतों को हम नहीं देख सकते हैं, क्योंकि वे हमारे सामने से दिन में निकलते हैं, अतः सूर्य के प्रकाश में उनका प्रकाश हमें नहीं दिखाई देता है। तारों के अतिरिक्त ऐरावत-पथ में धुन्ध, गैस और धूल भी अधिक मात्रा में है। रात्रि में अनेक तारागणों का प्रकाश एकत्रित होकर इस गैस और धूल को प्रकाशित कर देता है।

इस प्रकार सारे विश्व या लोक का प्रमाण असंख्य हैं और आकाश का तो कहीं अन्त ही नहीं दिखाई देता है। तारागणों का आकाश में जिस प्रकार वितरण है, तथा आकाश-गंगा में जो तारा-पुञ्ज दिखाई देता है, उस पर से अनुमान लगाया गया है कि तारामण्डल-सहित समस्त लोक का आकार लेन्स के समान है, अर्थात ऊपर नीचे को उभरा हुआ और बीच में फैला हुआ गोल है, जिसकी परिधि पर आकाश गंगा दिखाई देती है और उभरे हुए भाग के मध्य में सूर्य-मण्डल है।

प्रस्तुत प्रस्तावना के लेखन में जिन लेखकों की रचनाओं का उपयोग किया गया है, मैं उन सबका आभारी हूँ साथ ही पं० मुनि श्री कन्हैयालाल जी महाराज 'कमल' का विशेषतः आभार मानता हूँ, जिन्होंने अपने इस महान् श्रम-साध्य 'गणितानुयोग'-संकलन की प्रस्तावना लिखने का अवसर प्रदान किया।

—हीरालाल 'सिद्धान्तशास्त्री', 'न्यायतीर्थ'.

□□

अनुक्रमणिका

गणितानुयोग

लोक प्रज्ञप्ति पृष्ठ : १-७३६

	सूत्रांक	पृष्ठांक
अरिहन्त-सिद्ध-स्तुति	१	१
उत्थानिका	२-३९	३-१८
चंपानगरी	१	३
चंपा में कोणिक राजा	३	३
चंपा में भगवान महावीर का आगमन संकल्प	४	३
प्रवृत्तिव्यावृत्त का कोणिक से निवेदन	५	४
कोणिककृत स्तव	६	४
भगवान का चम्पा में आगमन	७	५
भगवान का परिवार और देवताओं का आगमन	८	५
चम्पानिवासियों द्वारा पर्युपासना	९	६
कोणिक का आगमन	१०	६
भगवान द्वारा लोकादि के सम्बन्ध में उपदेश	११	७
लोकस्वरूप के ज्ञाता और उपदेशक	१२	८
लोक के भेद	१८	९
नामलोक	२१	१०
स्थापनालोक	२२	१०
लोकप्रमाण	२३	११
लोक का आयाम—मध्य भाग	२५	१२
लोक का समभाग और संक्षिप्त-भाग	२६	१२
लोक का वक्रभाग	२७	१२
लोक का संस्थान	२८	१३
आठ प्रकार की लोकस्थिति और बस्ति का उदाहरण	२९	१३
दस प्रकार की लोकस्थिति	३०	१४
लोक के विषय में स्कन्धक-संवाद	३२	१५
लोक का एकांत शाश्वतत्व और अशाश्वतत्व का निषेध	३३	१६
लोक के सम्बन्ध में अन्यतीर्थिकों की मान्यताएँ	३४	१७
लोक के विषय में अन्यतीर्थिकों के मतों का निषेध	३५	१७
लोक में चार समान हैं	३६	१७
लोक में उद्योत के कारण	३८	१८
लोक में अन्धकार के कारण	३९	१८

	सूत्रांक	पृष्ठांक
द्रव्यलोक	४०-६७	१८-३३
जीव-अजीवमय लोक	४०	१८
लोक में द्विविध पदार्थ	४१	१८
लोक में स्पर्शना	४४	१९
लोक में शाश्वत और अनन्त	४७	२०
पंचास्तिकायमय लोक	४९	२०
छह द्रव्यमय लोक	५०	२०
दिशाओं के भेद और स्वरूप	५१	२०
दिशाओं में जीव, अजीव और उनके देश, प्रदेश	५४	२३
लोक में जीव अजीव और उनके देश-प्रदेश	५६	२५
लोक में एक आकाश प्रदेश में जीव-अजीव और देश-प्रदेश	५७	२५
प्रदेशों का उदाहरण सहित अनाबाधत्व	५८	२६
लोक के एक आकाश-प्रदेश में जीवों और जीव-प्रदेशों का अल्प-बहुत्व	५९	२७
लोक के चरमान्तों में जीवाजीव और उनके देश-प्रदेश	६०	२८
नैगम और व्यवहारनय की अपेक्षा से लोक में क्षेत्रानुपूर्वी आदि द्रव्यों का अस्तित्व	६१	२९
नैगम और व्यवहारनय की अपेक्षा से लोक में आनुपूर्वीद्रव्य आदि की स्पर्शना	६४	३१
संग्रहनय की अपेक्षा से लोक में अनानुपूर्वी द्रव्यादि का अस्तित्व	६६	३२
संग्रहनय की अपेक्षा से आनुपूर्वी आदि द्रव्यों की लोक स्पर्शना	६७	३३
क्षेत्रलोक	६८-६८	३३-३४
क्षेत्रलोक के भेद और क्रम	६८	३३
अधोलोक	७०-२४५	३४-११९
अधोलोक के भेद और क्रम	७०	३४
अधोलोक का संस्थान	७२	३५
अधोलोक का आयाम-मध्य	७३	३५

	सूत्रांक	पृष्ठांक
अधोलोक में अन्धकार करने वाले	७४	३५
पृथ्वियों के नाम-गोत्र	७५	३५
पृथ्वियों का आधार	७६	३६
पृथ्वियों का प्रमाण	७८	३७
पृथ्वियों के संस्थान	८३	३९
पृथ्वियाँ शाश्वत भी हैं और अशाश्वत भी हैं	८४	३९
रत्नप्रभादि का धर्मास्तिकायादि से स्पर्श	८६	४०
पृथ्वियों का द्रव्य स्वरूप	८७	४१
पृथ्वियों के अधःस्थित द्रव्यों का स्वरूप	८८	४१
पृथ्वियों का परस्पर अबाधा अन्तर	८९	४२
सप्तम नरक और अलोक का अबाधा अन्तर	९०	४२
रत्नप्रभा नरक और ज्योतिषी देवों का अबाधा अन्तर	९१	४२
पृथ्वियों के नीचे गृहादि का अभाव	९२	४२
पृथ्वियों के नीचे देवादि-कृत स्थूल मेघादि हैं	९३	४२
पृथ्वियों के नीचे स्थूल अग्निकाय का अभाव	९४	४३
पृथ्वियों के नीचे ज्योतिषी देवों का अभाव	९५	४३
रत्नप्रभा पृथ्वी के काण्ड	९६	४३
शर्कराप्रभा आदि छह पृथ्वियों की एकरूपता	९७	४४
काण्डों का बाहुल्य	९८	४४
काण्डों का द्रव्य स्वरूप	९९	४५
काण्डों का संस्थान	१००	४६
पृथ्वी-चरमांतों का और काण्ड-चरमांतों का अन्तर	१०१	४६
पृथ्वियों के नीचे घनोदधि आदि का सद्भाव और उनका प्रभाव	१०२	४७
घनोदधि वलय आदि का प्रमाण	१०५	४८
घनोदधि आदि के संस्थान	१०८	४९
घनोदधि वलय आदि के संस्थान	१०९	४९
घनोदधि आदि का द्रव्य स्वरूप	११२	५०
घनोदधि वलय आदि का द्रव्य स्वरूप	११३	५१
पृथ्वियों के पूर्वादि चरमांत	११५	५१
पृथ्वियों के चरमान्तों का और घनोदधि आदि के चरमान्तों का अन्तर	११६	५२
पृथ्वियों के चरमान्तों में जीव, अजीव और उनके देश-प्रदेश	११९	५५
पृथ्वियों के चरमादि	१२०	५५
पृथ्वियों के अचरमादि पदों का अल्प-बहुत्व	१२१	५६
रत्नप्रभादि से लोकांत का अन्तर	१२२	५६
द्रव्य, काल और भाव से अधोलोक—क्षेत्रलोक का आधेय प्ररूपण	१२३	५७
अधोलोक के एक आकाश प्रदेश में जीव, अजीव और उनके देश प्रदेश	१२४	५७
अवकाशान्तर आदि का गुरुत्वादि प्ररूपण	१२५	५८
नैरयिकों के स्थान	१२६	५९
रत्नप्रभा पृथ्वी के नैरयिक स्थान	१२७	५९
रत्नप्रभा मे छह महानरकावास	१२८	६०
शर्कराप्रभा के नैरयिक स्थान	१२९	६०
बालुकाप्रभा के नैरयिक स्थान	१३०	६१
पंकप्रभा के नैरयिक स्थान	१३१	६२
पंकप्रभा में छह महानरकावास	१३२	६२
धूमप्रभा के नैरयिक स्थान	१३३	६२
तमःप्रभा के नैरयिक स्थान	१३४	६३
तमस्तमा पृथ्वी के नैरयिक स्थान	१३५	६४
सप्त पृथ्वियों का बाहल्य	१३७	६५
सप्त पृथ्वी स्थित नरकावासों के स्थान	१३८	६५
नरकावासों की संयुक्त संख्या	१३९	६५
पृथ्वियों में नरकावास	१४७	६६
नरकावासों का प्रमाण	१४८	७०
नरकावासों के संस्थान	१५२	७१
नरकावासों के वर्णादि	१५३	७२
नरकावास वज्रमय और शाश्वत-अशाश्वत हैं	१५४	७३
अधोलोक में दो शरीर वाले	१५५	७४
भवनवासी देवों के स्थान	१५६	७४
असुरकुमारों के स्थान का प्ररूपण	१५७	७७
असुरकुमारों के स्थान	१५८	७७
असुरकुमारों के इन्द्र	१५९	७८
दाक्षिणात्य असुरकुमारों के स्थान	१६०	७८
दाक्षिणात्य असुरेन्द्र चमर	१६१	७९
असुरकुमारों की नीचे जाने की शक्ति का प्ररूपण	१६२	८०
असुरकुमारों की तिर्यक्लोक में जाने की शक्ति का प्ररूपण	१६३	८१
असुरकुमारों की ऊर्ध्वलोक में जाने की शक्ति का प्ररूपण	१६४	८१
उत्तरदिशा के असुरकुमारों के स्थान	१६५	८२
उत्तरदिशा का असुरेन्द्र बलि	१६६	८३
नागकुमारों के स्थान	१६७	८३
नागकुमारेन्द्र	१६८	८३
दाक्षिणात्य नागकुमारों के स्थान	१६९	८४

	सूत्रांक	पृष्ठांक
दाक्षिणात्य नागकुमारेन्द्र धरण	१७०	८४
उत्तर दिशा के नागकुमारों के स्थान	१७१	८४
उत्तर दिशा के नागकुमारेन्द्र भूतानन्द	१७२	८५
सुपर्णकुमारों के स्थान	१७३	८५
सुपर्णकुमार देवों के इन्द्र	१७४	८६
दाक्षिणात्य सुपर्णकुमारों के स्थान	१७५	८६
दाक्षिणात्य सुपर्णकुमारेन्द्र वेणुदेव	१७६	८६
उत्तर दिशा के सुपर्णकुमारों के स्थान	१७७	८६
उत्तर दिशा के सुपर्णकुमारेन्द्र वेणुदाली	१७८	८७
विद्युत्कुमारादि सातों के स्थानादि का निरूपण	१७९	८७
भवनवासी देवों के भवनों की संख्या और उनका प्रमाण	१८०	८७
दक्षिणदिशा और उत्तरदिशा के भवनों की संख्या	१८३	८८
रत्नमय भवनावास शाश्वत और अशाश्वत	१८४	८८
भवनवासियों के इन्द्र	१८५	८९
भवनपति इन्द्रों की अग्रमहिषियाँ	१८६	९०
भवनवासी देवों के वर्ण	१९०	९१
भवनवासी देवों के परिधानों (वस्त्रों) का वर्ण	१९१	९१
भवनपतियों के सामानिक देवों की और आत्म-रक्षक देवों की संख्या	१९२	९१
भवनवासी इन्द्रों के लोकपाल	१९३	९२
भवनपति इन्द्रों के लोकपालों की अग्रमहिषियाँ	१९४	९३
चमरेंद्र की सुधर्मा सभा	१९५	९४
चमरेन्द्र का चमरचंचावास	१९६	९६
बलि की सुधर्मा सभा तथा बलिचंचा राजधानी	१९७	९९
पाँच सभा	१९८	९९
सभा की स्तम्भ संख्या	१९९	१००
सुधर्मा सभा की ऊँचाई	२००	१००
उपपात-विरह	२०१	१००
चमरचंचा के प्रत्येक द्वार के बाहर भौम (नगर)	२०२	१००
उपकारिकालयन	२०३	१००
भवनवासी देवों के चैत्य वृक्ष	२०४	१००
भवनपतियों की परिषदाएँ—चमर की परिषदाएँ	२०५	१००
तीन प्रकार की चमर परिषदाओं में देवों की संख्या	२०६	१०१
तीन प्रकार की चमर परिषदाओं में देवियों की संख्या	२०७	१०१
चमर की तीन परिषदाओं के प्रयोजन	२०८	१०१
बलि की परिषदाएँ	२०९	१०२
बलि की तीन प्रकार की परिषदाओं में देव-देवियों की संख्या	२१०	१०२
शेष भवनपतियों की परिषदायें	२११	१०३
भवनपतियों की सेनाएँ और सेनापति	२१३	१०४
भवनवासी पदाति सेनापतियों के सात कच्छों में देवों की संख्या	२१७	१०५
भवनवासी इन्द्रों और उनके लोकपालों के उत्पाद पर्वत	२१८	१०६
दो भवनवासी देवों की विषमता का हेतु	२१९	१०७
वायुकुमारों के चार प्रकार	२२०	१०८
छप्पन दिशाकुमारियाँ—अधोलोक में रहने वाली आठ दिशाकुमारियाँ	२२१	१०८
ऊर्ध्वलोक में रहने वाली आठ दिशाकुमारियाँ	२२२	१०९
पूर्व दिशा के रुचक पर्वत पर रहने वाली आठ दिशाकुमारियाँ	२२३	१०९
दक्षिण—दिशा के रुचक पर्वत पर रहने वाली आठ दिशाकुमारियाँ	२२४	११०
पश्चिम दिशा के रुचक पर्वत पर रहने वाली आठ दिशाकुमारियाँ	२२५	११०
उत्तर दिशा के रुचक पर्वत पर रहने वाली आठ दिशाकुमारियाँ	२२६	१११
चार विदिशाओं के रुचक पर्वतों पर रहने वाली चार दिशाकुमारियाँ	२२७	१११
मध्यरुचक पर्वत पर रहने वाली चार दिशा-कुमारियाँ	२२८	११२
पृथ्विकायिक जीवों के स्थान	२२९	११२
अप्कायिक जीवों के स्थान	२३१	११३
बादर तेजस्कायिक जीवों के स्थान	२३४	११४
वायुकायिकों के स्थान	२३५	११५
वनस्पतिकायिकों के स्थान	२३८	११६
द्वीन्द्रिय जीवों के स्थान	२४१	११७
त्रीन्द्रिय जीवों के स्थान	२४२	११७
चतुरिन्द्रिय जीवों के स्थान	२४३	११८
पंचेन्द्रिय जीवों के स्थान	२४४	११८
पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिकों के स्थान	२४५	११९
तिर्यक्लोक (मध्य लोक)		
भगवान महावीर का मिथिला में समवसरण	१	१२१
तिर्यक्लोक क्षेत्रलोक के भेद	२	१२९

	सूत्रांक	पृष्ठांक
तिर्यक्लोक—क्षेत्रलोक का संस्थान	३	१२२
तिर्यक्लोक—क्षेत्रलोक के आयाम का मध्य भाग	४	१२२
द्वीप और समुद्रों के स्थान, महत्ता, संस्थान और प्रकट आकार	५	१२२
जम्बूद्वीप का वर्णन	६-६२६	१२४-३३९
जम्बूद्वीप का स्थान एवं प्रमाणादि	६	१२४
जम्बूद्वीप शाश्वत और अशाश्वत	८	१२५
जम्बूद्वीप का पृथ्वी आदि परिणामित्व	१०	१२६
जम्बूद्वीप में सब जीवों का एकेन्द्रिय रूप से पूर्व में उत्पन्न होना	११	१२६
जम्बूद्वीप की जगती का प्रमाण	१२	१२६
जम्बूद्वीप की जगती के गवाक्ष का प्रमाण	१३	१२६
जम्बूद्वीप की जगती पर पद्मवरवेदिका का प्रमाण	१४	१२६
पद्मवरवेदिका का विस्तृत वर्णन	१५	१२७
पद्मवरवेदिका के नाम का हेतु	१९	१२८
पद्मवरवेदिका शाश्वत और अशाश्वत	२०	१२८
वनखण्ड का प्रमाण	२१	१२९
वनखण्ड का वर्णन	२२	१२९
वनखण्ड का समतल भूमि भाग	२४	१३१
कृष्णतृण—मणियों का इष्टतर कृष्णवर्ण	२५	१३१
नील तृण—मणियों का इष्टतर नीलवर्ण	२६	१३२
रक्त तृण—मणियों का इष्टतर रक्तवर्ण	२७	१३२
पीत तृण—मणियों का इष्टतर पीतवर्ण	२८	१३३
शुक्ल तृण—मणियों का इष्टतर शुक्लवर्ण	२९	१३३
तृण—मणियों का इष्टतर गन्ध	३०	१३४
तृण—मणियों का इष्टतर स्पर्श	३१	१३४
तृण—मणियों का इष्टतर शब्द	३२	१३५
वनखण्ड में मनोहर बावड़िया आदि	३५	१३७
त्रिसोपान प्रतिरूपकों का वर्णन	३६	१३७
त्रिसोपान प्रतिरूपकों के आगे तोरण	३७	१३८
तोरणों के ऊपर आठ-आठ मंगल	३८	१३८
तोरणों के ऊपर चामरयुक्त ध्वजाएँ	३९	१३८
तोरणों के ऊपर छत्रादि पदार्थ	४०	१३८
बावड़ियों के समीप उत्पात पर्वतादि	४१	१३९
उत्पात पर्वतों पर हंसासन आदि	४२	१३९
वनखण्ड के अनेक भागों में आलिगृहादि	४३	१३९
आलिगृहादि में हंसासन आदि	४४	१३९
वनखण्ड के अनेक भागों में जाइ-मण्डप आदि	४५	१३९
जाइ-मण्डपादि में विविध आकार के पृथ्वीशिलापट्ट	४६	१४०
वनखण्ड में वाणव्यन्तरों का विचरण	४७	१४०
पद्मवरवेदिका के अन्तर्भाग में एक वनखण्ड	४८	१४०
वनखण्ड में वाणव्यन्तरों का विहरण	४९	१४०
जम्बूद्वीप के चार द्वार	५०	१४१
विजयद्वार का प्रमाण	५१	१४१
विजयद्वार का वर्णन	५२	१४१
विजयद्वार की नैषिधिकियों में चन्दनकलशों की पंक्तियाँ	५३	१४३
विजयद्वार की नैषिधिकियों में नागदन्तकों की पंक्तियाँ	५४	१४३
विजयद्वार की नैषिधिकियों में सालभंजिकाओं को पंक्तियाँ	५८	१४४
विजयद्वार की नैषिधिकियों में जालकटक	५९	१४५
विजयद्वार की नैषिधिकियों में घण्टों की पंक्तियाँ	६०	१४५
विजयद्वार की नैषिधिकियों में वनमालाओं की पंक्तियाँ	६१	१४६
विजयद्वार की नैषिधिकियों में प्रकण्ठक	६२	१४६
विजयद्वार की नैषिधिकियों के तोरण	७१	१४८
विजयद्वार पर एक हजार अस्सी ध्वजायें	८९	१५१
विजयद्वार के आगे नव भौम	९०	१५१
विजयद्वार के ऊपर का आकार	९९	१५२
विजयद्वार के नाम का हेतु	१०३	१५३
विजयद्वार की शाश्वतता	१०४	१५३
विजया राजधानी का स्थान और प्रमाण	१०५	१५३
विजया राजधानी के प्राकार का प्रमाण	१०६	१५३
कंगूरों का वर्ण और प्रमाण	१०७	१५४
विजया राजधानी की प्रत्येक बाहा में एक सौ पच्चीस द्वार	१०८	१५४
प्रकंठकों का प्रमाण	११०	१५४
प्रासादवतंसकों का प्रमाण	१११	१५४
विजया राजधानी के द्वारों के आगे सतरह भौम	११३	१५५
विजया राजधानी के चार दिशा में चार वनखण्ड	११५	१५५
प्रासादवंतसकों का प्रमाण	११६	१५६
उपकारिकालयन का प्रमाण	१२१	१५६
मूलप्रासादवतंसक का प्रमाण	१२६	१५७
प्रासादवतंसकों का प्रमाण	१२९	१५८
विजयदेव की सुधर्मा सभा का वर्णन	१३५	१५९

	सूत्रांक	पृष्ठांक
मुखमंडपों का प्रमाण	१३७	१६०
प्रेक्षाघर मंडपों का प्रमाण	१३८	१६०
चैत्यस्तूपों का प्रमाण	१४२	१६१
चार जिनप्रतिमायें	१४४	१६१
चैत्यवृक्षों का प्रमाण	१४६	१६१
महिन्द्र ध्वजाओं का प्रमाण	१४६	१६२
नन्दापुष्करणियों का प्रमाण	१५१	१६३
गोमानसिकाओं की संख्या	१५४	१६४
माणवक चैत्य स्तम्भ	१५६	१६४
गोल डिब्बों में जिन-अस्थियाँ	१५८	१६४
देव शय्या का वर्णन	१६१	१६५
क्षुद्र (लघु) महिन्द्रध्वज का प्रमाण	१६२	१६६
विजयदेव का चोपाल नामक शस्त्रागार	१६३	१६६
सिद्धायतन का प्रमाण	१६४	१६६
एक महान देवच्छन्दक	१६६	१६७
एक सौ आठ जिन प्रतिमाओं का वर्णन	१६७	१६७
एक महान उपपात सभा	१७३	१६६
ह्रद का प्रमाण	१७७	१६६
एक महा अभिषेक सभा	१७८	१७०
विजयदेव का अभिषेक पात्र	१८१	१७०
एक महान अलंकार सभा	१८२	१७०
विजयदेव का अलंकार पात्र	१८३	१७०
एक महान व्यवसाय सभा	१८४	१७१
विजयदेव का एक महान पुस्तक रत्न	१८५	१७१
एक महाबलिपीठ और उसका प्रमाण	१८७	१७१
विजयदेव का इन्द्राभिषेक	१६४	१७३
विजयदेव का पुस्तकरत्न वांचन	२०२	१८२
विजयदेवकृत जिन प्रतिमा पूजन	२०५	१८२
सुधर्मा सभा में विजयदेव का सपरिकर बैठना	२१६	१८८
विजयदेव के सामानिक देवों की स्थिति	२२३	१८६
जम्बूद्वीप का वैजयन्त द्वार	२२५	१८६
जम्बूद्वीप का जयन्त द्वार	२२७	१६०
जम्बूद्वीप का अपराजित द्वार	२२८	१६०
जम्बूद्वीप के एक द्वार से दूसरे द्वार का अन्तर	२२६	१६०
सप्त वर्ष (क्षेत्र) वर्णन		
मनुष्यों की उत्पत्ति के स्थान	२३०	१६१
जम्बूद्वीप के सात क्षेत्र	२३१	१६१
जम्बूद्वीप के दस क्षेत्र	२३४	१६२
जम्बूद्वीप का आयाम-विष्कम्भ और परिधि की अपेक्षा से क्षेत्रों का तुल्यत्व	२३५	१६२
पन्द्रह कर्मभूमियाँ	२३८	१६२
तीस अकर्मभूमियाँ	२४०	१६३
छप्पन अन्तर्द्वीप	२४४	१६३
जम्बूद्वीप में तीन कर्मभूमियाँ		
जम्बूद्वीप में भरतवर्ष की अवस्थिति और प्रमाण	२४५	१६५
जम्बूद्वीप के भरतक्षेत्र में दस राजधानियाँ	२४६	१६६
भरतवर्ष के नाम का हेतु	२४७	१६६
भरतवर्ष का शाश्वतपन	२५०	१६६
वैताढ्यपर्वत से भरतवर्ष के दो विभाग	२५१	१६७
दक्षिणार्ध—भरतवर्ष की अवस्थिति और उसका प्रमाण	२५२	१६७
दक्षिणार्ध—भरत के अनुपृष्ठ का आयाम	२५५	१६७
दक्षिणार्ध—भरतवर्ष का आकारभाव	२५६	१६८
दक्षिणार्ध—भरतवर्ष के मनुष्यों का आकार भाव	२५७	१६८
उत्तरार्द्ध—भरतवर्ष की अवस्थिति और उसका प्रमाण	२५८	१६८
उत्तरार्ध—भरतवर्ष का आकार भाव	२६२	१६६
उत्तरार्ध भरतवर्ष के मनुष्यों का आकार भाव	२६३	१६६
ऐरवत वर्ष की अवस्थिति और प्रमाण	२६४	१६६
भरत और ऐरवत की जीवा का प्रमाण	२६५	२००
महाविदेहवर्ष का स्थान और प्रमाण	२६६	२००
महाविदेह का आकार-भाव	२७१	२००
महाविदेह के मनुष्यों का आकार भाव	२७२	२०१
महाविदेह वर्ष के नाम का हेतु	२७३	२०१
महाविदेह की शाश्वतता	२७४	२०१
जम्बूद्वीप में चौंतीस चक्रवर्ती विजय और राजधानियाँ	२७५	२०१
जम्बूद्वीप में बत्तीस चक्रवर्ती विजय राजधानियाँ—		
कच्छविजय की अवस्थिति एवं प्रमाण	२७७	२०२
दक्षिणार्ध कच्छविजय की अवस्थिति और प्रमाण	२७८	२०३
दक्षिणार्ध कच्छविजय का आकार भाव	२८०	२०३
उत्तरार्ध कच्छविजय की अवस्थिति और प्रमाण	२८१	२०३
कच्छविजय के नाम का हेतु	२८२	२०३
सुकच्छ विजय की अवस्थिति और प्रमाण	२८३	२०४
महाकच्छविजय के स्थान, अवस्थिति और प्रमाण	२८४	२०४
कच्छगावती विजय की अवस्थिति और प्रमाण	२८५	२०५
आवर्तविजय की अवस्थिति और प्रमाण	२८६	२०५
मंगलावर्तविजय की अवस्थिति और प्रमाण	२८७	२०५
पुष्कलावर्तविजय की अवस्थिति तथा प्रमाण	२८८	२०५

	सूत्रांक	पृष्ठांक
पुष्कलावती विजय की अवस्थिति और प्रमाण	२८९	२०६
वत्सादिविजय, वक्षस्कार पर्वत, महानदियाँ और कुछ राजधानियाँ	२९०	२०६
पद्मविजय, वक्षस्कार पर्वत, महानदियाँ और राजधानियाँ	२९१	२०७
वप्रादिविजय, वक्षस्कारपर्वत, महानदियाँ और राजधानियाँ	२९२	२०८
हेमवतवर्ष के अवस्थिति और प्रमाण	२९३	२०९
हैमवतवर्ष का आकार भाव	२९७	२१०
हैमन्तवर्ष के नाम का हेतु	२९८	२१०
हैरण्यवतवर्ष के अवस्थिति और प्रमाण	२९९	२१०
हैरण्यवतवर्ष के नाम का हेतु	३००	२११
हरिवर्ष का अवस्थिति और प्रमाण	३०१	२११
हरिवर्ष का आकार भाव	३०५	२१२
हरिवर्ष के नाम का हेतु	३०६	२१२
रम्यकवर्ष के अवस्थिति और प्रमाण	३०७	२१२
रम्यकवर्ष के नाम का हेतु	३०८	२१३
देवकुरु का स्थान-प्रमाणादि	३०९	२१३
देवकुरु का आकारभाव (स्वरूप)	३१२	२१४
देवकुरु के नाम का हेतु	३१३	२१४
देवकुरु में कूटशाल्मलीपीठ के स्थानादि	३१४	२१४
उत्तरकुरु की अवस्थिति और प्रमाणादि	३१६	२१५
उत्तरकुरु का आकारभाव (स्वरूप)	३१९	२१५
उत्तरकुरा में जम्बूपीठ की अवस्थिति और प्रमाण	३२३	२१६
जम्बूद्वीप के सुदर्शन वृक्ष की अवस्थिति और प्रमाण	३२४	२१७
जम्बू—सुदर्शन वृक्ष के बारह नाम	३२५	२२०
जम्बू—सुदर्शन वृक्ष के नाम का हेतु	३२७	२२०
जम्बू—सुदर्शन वृक्ष के चारों विदिशाओं में चार-चार नंदा पुष्करिणियाँ	३२८	२२१
जम्बू—सुदर्शन वृक्ष के चारों दिशा-विदिशाओं के मध्यभाग में आठ कूट	३२९	२२१
हे देवानुप्रिय ! जिनके नाम और गोत्र को सुनने मात्र से हर्षित, सन्तुष्ट यावत् हृदय विकसित हो जाते हैं—वे ही श्रमण भगवान महावीर क्रमशः विचरते हुए एक ग्राम से दूसरे ग्राम को गमन करते हुए चम्पा नगरी के उपनगर में पधारे हैं, और वे पूर्णभद्र चैत्य में आना चाहते हैं।"

देवानुप्रिय का प्रीतिकर विषय होने से यह प्रिय समाचार निवेदन कर रहा हूँ। वह आपके लिए प्रिय बने।

कुणियकओ थओ

६ : तए णं से कूणिए राया भंभसारपुत्ते तस्स पवित्तिवाउयस्स-अंतिए एयमट्ठं सोच्चा णिसम्म (जाव) करयलपरिग्गहियं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु एवं वयासी—

"णमोऽत्थु णं अरिहंताणं भगवंताणं (जाव) सिद्धिगइनामधेयं ठाणं संपत्ताणं।

णमोऽत्थु णं समणस्स भगवओ महावीरस्स (जाव) सिद्धिगइनामधेयं ठाणं संपाविउकामस्स मम धम्मायरियस्स धम्मोवदेसगस्स, वंदामि णं भगवंतं तत्थगयं इहगए पासउ मे भगवं तत्थगए इहगयं" ति कट्टु वंदइ णमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता सीहासणवरगए पुरत्थाभिमुहे णिसीयइ णिसीइत्ता तस्स पवित्तिवाउयस्स अट्ठुत्तरसयसहस्सं पीइदाणं दलयइ, दलइत्ता सक्कारेइ सम्माणेइ सक्कारित्ता सम्माणित्ता एवं वयासी—

कोणिक-कृत स्तव

६ : तब भंभसारपुत्र कोणिक राजा ने उस प्रवृत्ति-निवेदक से यह समाचार सुनकर हृदय में धारण कर (यावत्) हाथ जोड़कर सिर के चारों ओर घुमाये, अंजलि को सिर पर लगाई और इस प्रकार बोला—

"नमस्कार हो अरिहंत भगवंतों को (यावत्) सिद्धिगति नामक स्थान को प्राप्त सिद्ध भगवंतों को।

नमस्कार हो श्रमण भगवान महावीर को (यावत्) सिद्धिगति नामक स्थान को पाने के इच्छुक मेरे धर्माचार्य और धर्मोपदेशक को। यहाँ पर स्थित (मैं) वहाँ पर स्थित भगवान की वन्दना करता हूँ। वहाँ पर स्थित भगवान यहाँ पर स्थित मुझे देखें।" इस प्रकार (वह कोणिक राजा) वंदना-नमस्कार करता है, वंदना नमस्कार करके पूर्व की ओर मुख रखकर सिंहासन पर बैठता है और बैठकर उस प्रवृत्ति-निवेदक को एक लाख आठ हजार (रजत मुद्रा) का प्रीतिदान दिया, देकर सत्कार, सम्मान किया। सत्कार सम्मान करके पुनः इस प्रकार बोला—

"जया णं देवाणुप्पिया ! समणे भगवं महावीरे इहमागच्छेज्जा इह समोसरिज्जा, इहेव चंपाए णयरीए बहिया पुण्णभद्दे चेइए अहापडिरूवं ओग्गहं ओगिण्हित्ताणं अरहा जिणे केवली समणगणपरिवुडे, संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरेज्जा तया णं तुमं मम एयमट्ठं निवेदिज्जासि" ति कट्टु विसज्जिए ।

—ओव सु० १२ ।

"हे देवानुप्रिय ! जब श्रमण भगवान महावीर यहाँ आवें—यहाँ ठहरें, इस चम्पा नगरी के बाहर पूर्णभद्र चैत्य में संयमियों के योग्य आवासस्थान को ग्रहण करके श्रमणवृन्द से परिवृत अर्हन्त जिन केवली संयम और तप से आत्मा को भावित करते हुए रहें, तब तुम यह सूचना मुझे देना ।" इस प्रकार कहकर उस (प्रवृत्ति-निवेदक) को विसर्जित किया ।

भगवओ चंपाए आगमणं

७ : तए णं समणे भगवं महावीरे कल्लं पाउप्पभायाए रयणीए (जाव) उट्ठियम्मि सूरे सहस्सरस्सिम्मि दिणयरे तेयसा जलंते जेणेव चंपा णयरी, जेणेव पुण्णभद्दे चेइए, जेणेव वणसंडे, जेणेव असोगवरपायवे, जेणेव पुढविसिलापट्टए तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता अहापडिरूवं ओग्गहं ओगिण्हित्ताणं असोगवरपायवस्स अहे पुढविसिलापट्टगंसि पुरत्थाभिमुहे पलियंकनिसन्ने अरहा जिणे केवली समणगणपरिवुडे तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ ।

—ओव० सु० १३ ।

भगवान का चम्पा में आगमन

७ : तब श्रमण भगवान् महावीर प्रकाशयुक्त रात्रि में (यावत्) हजार किरण वाले, दिनकर के तेज से जाज्वल्यमान सूर्य के उदय होने पर जहाँ चम्पा नगरी थी—जहाँ पूर्णभद्र चैत्य था, जहाँ वनखण्ड था, जहाँ अशोक वृक्ष था और जहाँ पृथ्वी शिलापट था वहाँ पधारे, पधार कर संयम-मार्ग के अनुकूल आवास को ग्रहण करके, अशोक वृक्ष के नीचे पृथ्वी शिलापट पर पूर्वाभिमुख होकर पल्यंकासन से बैठे और वे श्रमणवृन्द से परिवृत अर्हन्त जिन केवली संयम और तप से आत्मा को भावित करते हुए रहे ।

भगवओ परिवारो देवागमणं य

८ : तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतेवासी बहवे समणा भगवंतो (जाव) णिरवकंखा साहू णिहुया चरंति धम्मं ।

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स बहवे असुरकुमारा देवा अंतियं पाउब्भवित्था (जाव) पज्जुवासंति ।

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स बहवे असुरिंदवज्जिया भवणवासी देवा अंतियं पाउब्भवित्था (जाव) पज्जुवासंति ।

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स बहवे वाणमंतरा देवा अंतियं पाउब्भवित्था (जाव) पज्जुवासंति ।

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स बहवे जोइसिया देवा अंतियं पाउब्भवित्था (जाव) पज्जुवासंति ।

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स बहवे वेमाणिया देवा अंतियं पाउब्भवित्था (जाव) पज्जुवासंति ।

—ओव० सु० १४-२६ ।

भगवान का परिवार और देवताओं का आगमन

८ : उस काल और उस समय में श्रमण भगवान महावीर के अन्तेवासी बहुत से श्रमण भगवन्त (यावत्) आकांक्षा-रहित साधक निश्चल चित्त से धर्म का आचरण करते हैं ।

उस काल और उस समय में श्रमण भगवान महावीर के समीप अनेक असुरकुमार देव आये (यावत्) पर्युपासना करने लगे ।

उस काल और उस समय में, श्रमण भगवान महावीर के समीप असुरेन्द्र को छोड़कर अनेक भवनवासी देव प्रकट हुए (यावत्) पर्युपासना करने लगे ।

उस काल और उस समय में श्रमण भगवान महावीर के समीप अनेक वाणव्यंतर देव प्रकट हुए (यावत्) वे पर्युपासना करने लगे ।

उस काल और उस समय में श्रमण भगवान महावीर के समीप अनेक ज्योतिष्क देव प्रकट हुए (यावत्) वे पर्युपासना करने लगे ।

उस काल और उस समय में श्रमण भगवान महावीर के समीप अनेक वैमानिक देव प्रकट हुए (यावत्) वे पर्युपासना करने लगे ।

चंपानयरीजणेहिं पज्जुवासणा

९ : तए णं चंपाए णयरीए (जाव) बहुजणो अण्णमण्णस्स एवमाइक्खइ एवं भासइ, एवं पण्णवेइ, एवं परूवेइ ।

"एवं खलु देवाणुप्पिया ! समणे भगवं महावीरे आइगरे तित्थयरे सयंसंबुद्धे पुरिसुत्तमे जाव सिद्धिगइ-नामधेयं ठाणं संपाविउकामे पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे गामाणुग्गामं दूइज्जमाणे, इहमागए, इह संपत्ते, इह समोसढे; इहेव चंपाए णयरीए बाहिं पुण्णभद्दे चेइए अहापडिरूवं उग्गहं उग्गिण्हित्ता संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ ।

तं महप्फलं खलु भो देवाणुप्पिया ! तहारूवाणं अरहंताणं णाम-गोयस्स वि सवणयाए किमंग पुण अभिगमण वंदण-णमंसण-पडिपुच्छण-पज्जुवासणयाए ।

एगस्स वि आरियस्स धम्मियस्स सुवयणस्स सवणयाए किमंग पुण विउलस्स अट्ठस्स गहणयाए ।
तं गच्छामो णं देवाणुप्पिया ! समणं भगवं महावीरं वंदामो (जाव) पज्जुवासामो एयं णं इहभवे पेच्चभवे य हियाए सुहाए खमाए निस्सेसाए आणुगामियत्ताए भविस्सइ" त्ति कट्टु बहवे उग्गा उग्गपुत्ता भोगा भोगपुत्ता (जाव) चंपाए णयरीए मज्झंमज्झेणं णिग्गच्छंति णिग्गच्छित्ता जेणेव पुण्णभद्दे चेइए तेणेव उवागच्छंति उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेंति करित्ता वंदंति णमंसंति वंदित्ता णमंसित्ता णच्चासण्णे णाइदूरे सुस्सूसमाणा णमंसमाणा अभिमुहा विणएणं पंजलिउडा पज्जुवासंति ।

—ओव० सु० २७ ।

चम्पानिवासियों द्वारा पर्युपासना

९ : उस समय चम्पा नगरी में (यावत्) अनेक मनुष्य एक दूसरे से इस प्रकार कहने लगे—इस प्रकार भाषण करने लगे—इस प्रकार ज्ञापन करने लगे—इस प्रकार प्ररूपण करने लगे—

हे देवानुप्रिय ! श्रमण भगवान महावीर आदिकर तीर्थंकर स्वयं-संबुद्ध, पुरुषों में उत्तम यावत् सिद्धिगति नामक स्थान को प्राप्त करने के इच्छुक क्रमशः चलते हुए एक गाँव से दूसरे गाँव गमन करते हुए यहाँ आये हैं, यहाँ ठहरे हैं और यहाँ निवास किया है, इस चम्पा नगरी के बाहर पूर्णभद्र चैत्य में श्रमणोचित स्थान ग्रहण करके संयम और तप से अपनी आत्मा को भावित करते हुए विराजमान हैं ।

हे देवानुप्रियो ! तथारूप अरिहंतों के नाम-गोत्र श्रवण का भी महाफल है तो उनके सम्मुख जाना—वंदन करना—नमस्कार करना, प्रश्न पूछना और पर्युपासना के फल का तो कहना ही क्या है ?

आर्यपुरुष के एक धार्मिक सुवचन श्रवण का भी महाफल है, तो विपुल अर्थ ग्रहण के फल का तो कहना ही क्या है !

इसलिए हे देवानुप्रिय ! चलो हम सब श्रमण भगवान महावीर को वंदन करें (यावत्) पर्युपासना करें । यह (हमारे द्वारा की गई भगवद् वंदना आदि) इस भव में और पर-भव में हित के लिए, सुख के लिए, क्षान्ति के लिए, कल्याण के लिए, भव परम्परा में सुख-लाभ के लिए होगी । इसलिए बहुत से उग्र, उग्रपुत्र, भोग, भोगपुत्र (यावत्) चम्पानगरी के मध्य से होकर निकले, निकलकर जहाँ पूर्णभद्र चैत्य था वहाँ आये । वहाँ आकर श्रमण भगवान महावीर को तीन बार आदक्षिणा प्रदक्षिणा की और करके वंदना नमस्कार किया, वंदना नमस्कार करके न अधिक समीप और न अधिक दूर सेवा करते हुए नमस्कार मुद्रा से भगवान की ओर मुँह करके विनयपूर्वक हाथ जोड़कर पर्युपासना करने लगे ।

कूणियस्सागमणं

१० : तए णं से पवित्तिवाउए इमीसे कहाए लद्धट्ठे समाणे हट्ठ-तुट्ठ जाव हियए ण्हाए जाव अप्प-महग्घाभरणालंकियसरीरे सयाओ गिहाओ पडिणिक्खमइ पडिणिक्खमित्ता चंपाणयरिं मज्झंमज्झेणं जेणेव कोणियस्स रण्णो गिहे जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला जेणेव कूणिए राया भंभसारपुत्ते तेणेव उवागच्छइ, (जाव) एवं वयासी—

कोणिक का आगमन

१० : तब वह प्रवृत्तिव्यापृत इस बात को जानकर, बहुत खुश हुआ यावत् विकसित हृदय हुआ । उसने स्नान किया यावत् अल्प भार वाले किन्तु मूल्यवान आभरणों से शरीर को अलंकृत किया, फिर वह अपने घर से बाहर निकला । निकलकर चम्पानगरी के मध्य बाजार से होता हुआ जहाँ कोणिक राजा की बाहरी राजसभा थी, जहाँ भंभसारपुत्र कोणिक राजा थे वहाँ गया (यावत्) इस प्रकार बोला—

"जस्स णं देवाणुप्पिया ! दंसणं कंखंति (जाव) से णं समणे भगवं महावीरे पुव्वाणुपुव्वि चरमाणे गामाणुगामं दूइज्जमाणे चंपाए णयरीए उवणगरग्गामं उवागए।"

तए णं से कूणिए राया (जाव) सीहासणवरगए पुरत्थाभिमुहे णिसीयइ णिसीइत्ता तस्स पवित्तिवाउयस्स अद्धतेरस्स सयसहस्साइं पीइदाणं दलयइ, दलइत्ता सक्कारेइ सम्माणेइ सक्कारित्ता सम्माणित्ता पडिविसज्जेइ।

तए णं से कूणिए राया भंभसारपुत्ते बलवाउयं आमंतेइ आमंतित्ता एवं वयासी—

"खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! आभिसेक्कं हत्थिरयणं पडिकप्पेहि (जाव) णिज्जाहिस्सामि समणं भगवं महावीरं अभिवंदिउं।"

तए णं से बलवाउए (जाव) एवं वयासी—

"कप्पिए णं देवाणुप्पियाणं आभिसेक्के हत्थिरयणे (जाव) तं णिज्जंतु णं देवाणुप्पिया ! समणं भगवं महावीरं अभिवंदिउं।"

तए णं से कूणिए राया (जाव) जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ (जाव) पज्जुवासइ।

तए णं ताओ सुभद्दापमुहाओ देवीओ (जाव) जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छंति (जाव) पज्जुवासंति।

—ओव० सु० २८-३३

हे देवानुप्रिय ! जिनके दर्शन की आप इच्छा करते हो (यावत्) वे श्रमण भगवान महावीर क्रमशः विचरते हुए मार्ग में आने वाले गाँवों को पावन करते हुए चम्पानगरी के उपनगर ग्राम में पधारे हैं।"

तब कोणिक राजा (यावत्) सिंहासन पर पूर्वाभिमुख होकर बैठकर, उस प्रवृत्तिव्यापृत को साढ़े बारह लाख (चाँदी की मुद्राओं का) प्रीतिदान दिया; देकर सत्कार सम्मान किया, सत्कार-सम्मान करके उसे विसर्जित किया।

तब भंभसार के पुत्र कोणिक राजा ने सेनापति को बुलवाया और बुलवाकर इस प्रकार कहा—

"हे देवानुप्रिय ! शीघ्र ही आभिषेक्य हस्तिरत्न को सजाकर तैयार करो (यावत्) मैं श्रमण भगवान महावीर की अभिवन्दना के लिए जाऊँगा।"

तब वह सेनापति (यावत्) इस प्रकार बोला—

"देवानुप्रियों का आभिषेक्य हस्तिरत्न तैयार है (तावत्) हे देवानुप्रिय ! अब श्रमण भगवान महावीर की अभिवन्दना के लिए प्रस्थान करें।"

तब वह कोणिक राजा (यावत्) जहाँ श्रमण भगवान महावीर थे, वहाँ आये (यावत्) पर्युपासना की।

तब भंभसार पुत्र कोणिक राजा की सुभद्रा प्रमुख देवियाँ (यावत्) जहाँ श्रमण भगवान महावीर थे (यावत्) वहाँ आईं और पर्युपासना करने लगीं।

भगवया लोगाइउवएसो—

११ : तए णं समणे भगवं महावीरे कूणियस्स रण्णो भंभसारपुत्तस्स सुभद्दापमुहाणं देवीणं तीसे य महइमहालियाए परिसाए (जाव) अद्धमागहाए भासाए भासइ।

भगवान द्वारा लोकादि के सम्बन्ध में उपदेश—

११ : तब श्रमण भगवान महावीर भंभसारपुत्र कोणिक को, सुभद्रा आदि देवियों को और उस अति विशाल परिषदा को (यावत्) अर्ध-मागधी भाषा में उपदेश देने लगे।[1]

---

१. भगवान महावीर ने कोणिक के शासन काल में चम्पानगरी के बाहर पूर्णभद्र चैत्य के वन में अशोकवृक्ष के नीचे पृथ्वी शिलापट पर स्थित होकर बहुत बड़ी परिषद के समक्ष अर्धमागधी भाषा में देशना दी थी। उस देशना में भगवान ने सर्वप्रथम लोक और अलोक के अस्तित्व का प्रतिपादन किया था। औपपातिक सूत्र में उक्त देशना का अति विस्तृत वर्णन है। वह कथानुयोग में दिया गया है और यहाँ उक्त देशना का संक्षिप्त वर्णन दिया गया है।

यहाँ यह जान लेना आवश्यक है कि मूल पाठों की दृष्टि से जैनागमों की दो वाचनाएँ प्रसिद्ध हैं—

१. विस्तृत वाचना, और २. संक्षिप्त वाचना।

वाचनाचार्यों ने यत्र-तत्र 'जाव' आदि अनेक संकेत देकर विस्तृत वाचना के मूल पाठों को संक्षिप्त करके संक्षिप्त वाचना का संकलन किया था उसी संकलन पद्धति का अनुसरण करके प्रस्तुत उत्थानिका में और आगे भी इस संस्करण में दो प्रकार के 'जाव' के संकेत दिये गये हैं। कुछ कोष्ठकों के अन्तर्गत हैं और कुछ कोष्ठकों के बिना हैं। कोष्ठकों के अन्तर्गत जितने 'जाव' के संकेत हैं, वे सब प्रस्तुत संस्करण के लिए दिये गये हैं और बिना कोष्ठकों के जितने 'जाव' के संकेत हैं, वे सब प्राचीन संक्षिप्त वाचना के हैं। इस सूचना को ध्यान में रखकर ही प्रस्तुत संस्करण का स्वाध्याय करना चाहिए।

अरिहा धम्मं परिकहेइ। तेसिं सव्वेसिं आरियमणारियाणं (जाव) अप्पणो सभासाए परिणामेणं परिणमइ, तं जहा अत्थि लोए अत्थि अलोए।

—ओव० सु० ३४

अरिहंत जो धर्म का कथन करते हैं वह उन सभी आर्यों तथा अनार्यों को (यावत्) अपनी-अपनी भाषा में परिणत हो जाता है। यथा—लोक है और अलोक है।

लोगसरूवस्स णायारो उवदेसगा य—

लोक-स्वरूप के ज्ञाता और उपदेशक—

१२ : आयतचक्खू लोगविपस्सी-लोगस्स अहोभागं जाणइ, उड्ढं भागं जाणइ, तिरियं भागं जाणइ।

—आया० सु० १, अ० २, उ० ५, सु० ६१

१२ : विशालदृष्टि लोकदर्शी लोक के अधोभाग को जानते हैं, ऊर्ध्वभाग को जानते ह और तिर्यक् भाग को जानते हैं।

१३ : दोहिं ठाणेहिं आया अहोलोगं जाणइ, पासइ, तं जहा—

१. समोहएणं चेव अप्पाणेणं आया अहोलोगं जाणइ, पासइ।

२. असमोहएणं चेव अप्पाणेणं आया अहोलोगं जाणइ, पासइ।

आहोही समोहयासमोहएणं चेव अप्पाणेणं आया अहोलोगं जाणइ, पासइ।

एवं तिरियलोगं, उड्ढलोगं, केवलकप्पं लोगं।

—ठाणं २, उ० २, सु० ८०

१३ : दो स्थानों से आत्मा अधोलोक को जानता है, देखता है, यथा—

१. आत्मा स्वयं के किये हुए समुद्घात से अधोलोक को जानता है और देखता है।

२. आत्मा स्वयं समुद्घात किये बिना भी अधोलोक को जानता है और देखता है।

आत्मा अधोवर्ती समुद्घात से या नियत क्षेत्र की अवधि तक की हुई समुद्घात से अथवा समुद्घात किये बिना भी अधोलोक को जानता है, देखता है।....

इसी प्रकार तिर्यक्लोक को ऊर्ध्वलोक को या सम्पूर्ण लोक को (जानता है और देखता है)....

१४ : दोहिं ठाणेहिं आया अहोलोगं जाणइ, पासइ, तं जहा—

१. विउव्विएणं चेव अप्पाणेणं आया अहोलोगं जाणइ पासइ।

२. अविउव्विएणं चेव अप्पाणेणं आया अहोलोगं जाणइ, पासइ।

आहोही विउव्वियाविउव्विएणं चेव अप्पाणेणं आया अहोलोगं जाणइ, पासइ।

एवं तिरियलोगं, उड्ढलोगं, केवलकप्पं लोगं।

—ठाणं २, उ० २, सु० ८०

१४ : दो स्थानों से आत्मा अधोलोक को जानता है, देखता है, यथा—

१. आत्मा स्वयं के किये हुए वैक्रिय से अधोलोक को जानता है, देखता है।

२. आत्मा स्वयं वैक्रिय किये बिना भी अधोलोक को जानता है, देखता है।

आत्मा अधोवर्ती वैक्रिय से या नियतक्षेत्र की अवधि तक की हुई वैक्रिय से अथवा वैक्रिय किये बिना भी अधोलोक को जानता है, देखता है।

इसी प्रकार तिर्यक्लोक को ऊर्ध्वलोक को या सम्पूर्ण लोक को (जानता है, देखता है।)....



आठ कृष्ण राजियाँ (प्राचीन चित्र)
वर्णन देखें पृष्ठ ७३२ सूत्र ३१-४०



लोक पुरुष (प्राचीन चित्र की अनुकृति)

१५ : गाहा—लोयं विजाणंतिह केवलेणं,
पुण्णेण णाणेण समाहिजुत्ता ।
धम्मं सम्मत्तं च कहंति जेउ,
तारंति अप्पाण परं च तिण्णा ।।
—सूय० सु० २, अ० ६, उ० २, गा० ५० ।

१५ : गाथार्थ—जो समाधियुक्त (पुरुष) पूर्ण केवलज्ञान द्वारा लोक को जानते हैं और सम्यक्त्व धर्म का कथन करते हैं वे उत्तीर्ण पुरुष स्व-पर के तारक हैं ।

१६ : गाहा—लोयं अयाणित्तिह केवलेणं,
कहंति जे धम्ममजाणमाणा ।
णासंति अप्पाण परं च णट्ठा,
संसारघोरम्मि अणोरपारे ।।
—सूय० सु० २, अ० ६, उ० २, गा० ४९ ।

१६ : गाथार्थ—जो अज्ञानी केवलज्ञान द्वारा लोक को जाने बिना धर्म का कथन करते हैं, वे अपना और दूसरे का भी नाश करते हैं तथा अपार घोर संसार में परिभ्रमण करते हैं ।

१७ : गाहा—नत्थि लोए अलोए वा, नेवं सन्नं निवेसए ।
अत्थि लोए अलोए वा, एवं सन्नं निवेसए ।।
—सूय० सु० २, अ० ५, गा० १२ ।

१७ : गाथार्थ—लोक और अलोक नहीं है—ऐसी संज्ञा (धारणा) नहीं रखना चाहिए । लोक और अलोक है—ऐसी संज्ञा रखना चाहिए ।

लोग-भेया

लोक के भेद

१८ : एगे लोए ।
—ठाणं० अ० १, सु० ५ । सम० स० १, सु० ७ ।

१८ : लोक एक है ।

१९ : तिविहे लोए पण्णत्ते, तं जहा—
१. णामलोगे,
२. ठवणालोगे,
३. दव्वलोगे ।
—ठाणं० अ० ३, उ० २, सु० १५३ ।

१९ : लोक तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा—
(१) नामलोक,
(२) स्थापनालोक,
(३) द्रव्यलोक ।

२० : प०—कइविहे णं भंते ! लोए पन्नत्ते ?
उ०—गोयमा ! चउव्विहे लोए पन्नत्ते, तं जहा—
१. दव्वलोए,
२. खेत्तलोए,
३. काललोए,
४. भावलोए ।
—भग० स० ११, उ० १०, सु० २ ।

२० : प्रश्न—भगवन् ! लोक कितने प्रकार का कहा गया है ?
उत्तर—गौतम ! लोक चार प्रकार का कहा गया है, यथा—
(१) द्रव्यलोक,
(२) क्षेत्रलोक,
(३) काललोक,
(४) भावलोक ।

णामलोगे

२१ : प०—[**से किं तं णामलोगे ?**]

उ०—[**णामलोगे**] **जस्स णं जीवस्स वा अजीवस्स वा तदुभयस्स वा तदुभयाण वा [लोगत्ति नामं कीरए से त्तं णामलोगे ।**[1]]

—अणु० सु० १०

नामलोक

२१ : प्रश्न—नामलोक (का स्वरूप) क्या है ?

उत्तर—नामलोक (का स्वरूप इस प्रकार) है—जिस जीव का या अजीव का, जिन जीवों का या अजीवों का तथा दोनों (जीव-अजीव) का या दोनों (जीवों-अजीवों) का "लोक" यह नाम किया जाता है - यह नामलोक (का स्वरूप) है।

ठवणालोगे

२२ : [**प०—से किं तं ठवणालोगे ?**]

उ०—[**ठवणालोगे**] **जण्णं—**

१. कट्ठकम्मे वा,
२. चित्तकम्मे वा,
३. पोत्थकम्मे वा,
४. लेप्पकम्मे वा,
५. गंथिमे वा,
६. वेढिमे वा,
७. पूरिमे वा,
८. संघाइमे वा,
९. अक्खे वा,
१०. वराडए वा....
(१) १०. **एगो वा,**
(२) १०. **अणेगा वा,**
(३) १०. **सब्भावठवणाए वा,**
(४) १०. **असब्भावठवणाए वा । [लोगत्ति ठवणा ठविज्जति । से त्तं ठवणालोगे ।**[2]]

—अणु० सु० ११

स्थापनालोक

२२ : प्रश्न—स्थापनालोक (का स्वरूप) क्या है ?

उत्तर—स्थापनालोक (का स्वरूप इस प्रकार) है—

१. काष्टकर्म—काष्ट पर कोर कर बनाई हुई आकृति ।
२. चित्रकर्म—कागज आदि पर बनाया हुआ चित्र ।
३. पुस्तकर्म—वस्त्र पर बनाई हुई आकृति ।
४. लेप्यकर्म—कुछ पदार्थों के लेप से निर्मित आकृति ।
५. ग्रंथिम—सूत आदि को गूँथकर बनाई गई आकृति ।
६. वेढिम—वेष्टन (लपेट कर) बनाई गई आकृति ।
७. पूरिम—सांचे में पूर (ढाल) कर बनाई गई आकृति ।
८. संघातिम—कुछ पदार्थों के खण्डों को जोड़कर बनाई गई आकृति ।
९. अक्ष—द्वीन्द्रिय जाति के एक प्रकार के प्राणियों की अस्थियों से बनाई गई आकृति ।
१०. वराटक—कौडियों से बनाई गई आकृति ।
(१) १०. एक आकृति ।
(२) १०. अनेक आकृतियाँ ।
(३) १०. सद्भाव (वास्तविक) स्थापना ।
(४) १०. असद्भाव (कल्पित) स्थापना । (इन दस में) 'लोक' की स्थापना स्थापित की जाती है । यह स्थापनालोक है ।

---

१. ऊपर कोष्ठकों में मूल पाठ का जितना अंश है वह संकलित है और शेष मूलपाठ महावीर वि० से प्रकाशित अनुयोग द्वार सूत्रांक १०, ११ के अनुसार है ।

२. स्व० पूज्य अमोलखऋषिजी महाराज अनुवादित अनुयोगद्वार की प्रति में स्थापना के चालीस भेद हैं, वे इस प्रकार हैं—
प्रथम दस भेद—काष्टकर्मादि दस पर अंकित की गई एक-एक आकृति ।
द्वितीय दस भेद—काष्टकर्मादि दस पर अंकित की गई अनेक आकृतियाँ ।
तृतीय दस भेद—काष्टकर्मादि दस पर अंकित सद्भाव स्थापना ।
चतुर्थ दस भेद—काष्टकर्मादि दस पर अंकित असद्भाव स्थापना ।

लोग-पमाणं

२३ : प० के महालए णं भंते ! लोए पन्नत्ते ?

उ० गोयमा ! महतिमहालए लोए पन्नत्ते,
पुरत्थिमेणं असंखेज्जाओ जोयणकोडाकोडीओ,
दाहिणेणं असंखेज्जाओ (जोयणकोडाकोडीओ,)
एवं पच्चत्थिमेण वि, एवं उत्तरेण वि, एवं उड्ढं पि ।

अहे असंखेज्जाओ जोयणकोडाकोडीओ आयाम-विक्खंभेणं ।[1]

—भग० स० १२, उ० ७, सु० २ ।

२४ : प० लोए णं भंते ! के महालए पण्णत्ते ?

उ० गोयमा ! अयं णं जंबुद्दीवे दीवे सव्वदीव-समुद्दाणं जाव परिक्खेवेणं ।

तेणं कालेणं तेणं समएणं छ देवा महिड्ढीया जाव महेसक्खा जंबुद्दीवे दीवे मंदरे पव्वए मंदरचूलियं सव्वओ समंता सपरिक्खित्ताणं चिट्ठेज्जा ।

अहे णं चत्तारि दिसाकुमारिमहत्तरियाओ चत्तारि बलिपिंडे गहाय जंबुद्दीवस्स दीवस्स चउसु वि दिसासु बहियाभिमुहीओ ठिच्चा ते चत्तारि बलिपिंडे जमगसमगं बहियाभिमुहे पक्खिवेज्जा ।

पभू णं गोयमा ! तओ एगमेगे देवे ते चत्तारि बलिपिंडे धरणितलमसंपत्ते खिप्पामेव पडिसाहरित्तए ।

तेणं गोयमा ! देवा ताए उक्किट्ठाए जाव देवगतीए एगे देवे पुरत्थाभिमुहे पयाए, एवं दाहिणाभिमुहे, एवं पच्चत्थाभिमुहे, एवं उत्तराभिमुहे, एवं उड्ढाभिमुहे एगे देवे अहोभिमुहे पयाए ।

तेणं कालेणं तेणं समएणं वाससहस्साउए दारए पयाए । तए णं तस्स दारगस्स अम्मा-पियरो-पहीणा भवंति नो चेव णं ते देवा लोगंतं संपाउणंति ।

लोक-प्रमाण

२३ : प्र० भगवन् ! यह लोक कितना महान् कहा गया है ?

उ० गौतम ! यह लोक अति महान् कहा गया है,
पूर्व में असंख्य कोटाकोटी योजन का है,
दक्षिण में असंख्य (कोटाकोटी योजन का है),
इसी प्रकार पश्चिम, उत्तर और ऊपर भी (असंख्य कोटाकोटी योजन का) है ।
नीचे असंख्य कोटाकोटी योजन का लंबा चौड़ा है ।

२४ : प्र० हे भगवन् ! यह लोक कितना महान कहा गया है ?

उ० हे गौतम ! यह जम्बूद्वीप नामक द्वीप सब द्वीप-समुद्रों के यावत् परिधिवाला है ।

उस काल उस समय में छ महर्धिक यावत् महासुख-सम्पन्न देव जम्बूद्वीप के (मध्य में रहे हुए) मेरु पर्वत पर मेरु की चूलिका (शिखर) को चारों ओर से घेरकर खड़े रहें ।

नीचे चार बड़ी दिशाकुमारियाँ चार बलिपिण्डों को ग्रहण कर जम्बूद्वीप नामक द्वीप के चारों दिशाओं में बाह्याभिमुख खड़ी होकर चारों बलिपिण्डों को एकसाथ बाहर फेंके ।

हे गौतम ! उन देवों में से प्रत्येक देव उन चारों बलिपिण्डों को पृथ्वी पर गिरने से पूर्व ही ग्रहण करने में समर्थ है ।

हे गौतम ! ऐसी उत्कृष्ट यावत् दिव्य देवगतिवाले उन देवों में से एक देव पूर्वाभिमुख प्रयाण करे । इसीप्रकार एक देव दक्षिणाभिमुख, एक देव पश्चिमाभिमुख, एक देव उत्तराभिमुख, एक देव ऊर्ध्वाभिमुख और एक देव अधोमुख प्रयाण करे ।

उस काल उस समय में एक हजार वर्ष की आयुवाला एक बालक जन्मा । काल क्रम से उस बालक के माता पिता का देहावसान हुआ । तब भी वे देव लोक का अन्त न पा सके ।

---

१. **प०** के महालए णं भंते ! लोए पन्नत्ते ?
उ० गोयमा ! महतिमहालए (लोए पन्नत्ते) **जहा बारसमसए ।**
तहेव जाव असंखेज्जाओ जोयण कोडाकोडीओ परिक्खेवेणं । —भग० स० १६, उ० ८, सु० १ ।

ऊपर अंकित भग० स० १२, उ० ७, सु० २ के अन्त में "**आयाम-विक्खंभेणं**" पाठ है और इस टिप्पण में अंकित भग० स० १६, उ० ८, सु० १ के अन्त में "**परिक्खेवेणं**" पाठ है ।

तए णं तस्स दारगस्स आउए पहीणे भवति, णो चेव णं जाव संपाउणंति ।

तए णं तस्स दारगस्स अट्ठि मिंजा पहीणा भवंति, णो चेव णं ते देवा लोगंतं संपाउणंति ।

तए णं तस्स दारगस्स आसत्तमे वि कुलवंसे पहीणे भवति, णो चेव णं ते देवा लोगंतं संपाउणंति ।

तए णं तस्स दारगस्स नाम-गोत्ते वि पहीणे भवति, नो चेव णं ते देवा लोगंतं संपाउणंति ।

प० तेसि णं भंते ! देवाणं किं गए बहुए, अगए बहुए ?

उ० गोयमा ! गए बहुए, नो अगए बहुए, गयाओ से अगए असंखेज्जाइभागे, अगयाओ से गए असंखेज्जगुणे ।

लोए णं गोयमा ! एमहालए पन्नत्ते ।

—भग० स० ११, उ० १०, सु० २६ ।

उस बालक की आयु क्षीण हुई—फिर भी यावत् वे देव लोक का अन्त न पा सके ।

उस बालक की अस्थि, मज्जा विनष्ट हो गई—फिर भी वे देव लोक का अन्त न पा सके ।

उस बालक की सात पीढ़ियों के बाद उसका कुल-वंश नष्ट हो गया—फिर भी वे देव लोक का अन्त न पा सके ।

उस बालक के नाम-गोत्र भी लुप्त हो गये—फिर भी वे देव लोक का अन्त न पा सके ।

प्र० हे भगवन् ! उन देवों का उल्लंघित क्षेत्र अधिक है या अनुल्लंघित क्षेत्र अधिक है ?

उ० हे गौतम ! उल्लंघित क्षेत्र अधिक है, अनुल्लंघित क्षेत्र कम । अनुल्लंघित क्षेत्र उल्लंघित क्षेत्र का असंख्यातवाँ भाग है और उल्लंघित क्षेत्र अनुल्लंघित क्षेत्र से असंख्यातगुण है ।

हे गौतम ! लोक इतना महान् कहा गया है ।

लोगस्स आयाम-मज्झभागो

२५ : प० कहि णं भंते ! लोगस्स आयाम-मज्झे पन्नत्ते ?

उ० गोयमा ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए ओवासंतरस्स असंखेज्जति भागं ओगाहित्ता–एत्थ णं लोगस्स आयाम-मज्झे पण्णत्ते ।

—भग० स० १३, उ० ४, सु० १२ ।

लोक का आयाम-मध्य भाग

२५ : प्र० हे भगवन् ! लोक का आयाम-मध्य (लम्बाई के बीच का भाग) कहाँ कहागया है ?

उ० हे गौतम ! इस रत्नप्रभापृथ्वी के अवकाशान्तर का असंख्यातवाँ भाग उल्लंघन करने पर—लोक का आयाम-मध्य कहा गया है ।

लोगस्स समभागो, संखित्तभागो य

२६ : प० [१] कहि णं भंते ! लोए बहुसमे ?

[२] कहि णं भंते ! लोए सव्वविग्गहिए पण्णत्ते ?

उ० [१] गोयमा ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए उवरिम-हेट्ठिलेसु खुड्डग-पयरेसु एत्थ णं लोए बहुसमे ।

[२] एत्थ णं लोए सव्वविग्गहिए पण्णत्ते ।

—भग० स० १३, उ० ४, सु० ६७ ।

लोक का समभाग और संक्षिप्त भाग

२६ : प्र० [१] भगवन् ! लोक का अधिक समभाग और

[२] लोक का सर्वसंक्षिप्तभाग कहाँ कहागया है ?

उ० [१] गौतम ! इस रत्नप्रभापृथ्वी के ऊपर से नीचे वाले क्षुद्र (लघु) प्रतरों में लोक का अधिक समभाग है और

[२] यहीं पर लोक का सर्व संक्षिप्तभाग कहागया है ।

लोगस्स वक्कभागो

२७ : प० कहि णं भंते ! विग्गहविग्गहिए लोए पन्नत्ते ?


उ० गोयमा ! विग्गहकंडए-एत्थ णं विग्गह-विग्गहिएलोए पन्नत्ते ।

—भग० स० १३, उ० ४, सु० ६८ ।

लोक का वक्रभाग

२७ : प्र० हे भगवन् ! लोक का वक्रभाग कहाँ कहागया है ?

उ० हे गौतम ! जहाँ विग्रह-कंडक है—वहीं पर लोक का वक्रभाग कहागया है ।


सिद्ध शिला
पंच अनुत्तर
नव
ग्रैवेयक
आरण
अच्युत
आनत
प्राणत
सहस्रार
शुक्र
लान्तक
ब्रह्म
ऊर्ध्वलोक
सनत्कुमार
माहेन्द्र
सौधर्म
ईशान
तिर्यग् लोक
चित्रा पृथ्वी
खर भाग
पंक भाग
रत्न प्रभा
शर्करा प्रभा
बालुका प्रभा
पंक प्रभा
धूम प्रभा
तमः प्रभा
महातमः प्रभा
अधो लोक
लोक पुरुष की बाईं ओर
लोक पुरुष की दाईं ओर

लोक पुरुष

लोग-संठाणं

२८ : प० किं संठिते णं भंते ! लोए पण्णत्ते ?

उ० गोयमा ! सुपतिट्ठगसंठिते लोए पण्णत्ते। हेट्ठा वित्थिण्णे, मज्झे संखित्ते, उप्पिं उद्धमुइंगाकारसंठिते।

तंसि च णं सासयंसि लोगंसि हेट्ठा वित्थिण्णंसि, मज्झे संखित्तंसि, उप्पिं उद्धमुइंगाकारसंठितंसि उप्पण्णनाण-दंसणधरे अरहा जिणे केवली जीवे वि जाणति, पासति, अजीवे वि जाणति पासति। तओ पच्छा सिज्झति जाव सव्वदुक्खाणमंतं करेति।[1]

—भग० स० ७, उ० २, सु० ५।

लोक का संस्थान

२८ : प्र० हे भगवन् ! इस लोक का संस्थान (आकार) कैसा कहागया है ?

उ० हे गौतम ! इस लोक का संस्थान सुप्रतिष्ठक (सिकोरा) के जैसा कहागया है—नीचे से विस्तीर्ण, मध्यमें संक्षिप्त और ऊपर से ऊर्ध्व मृदंग जैसे आकार का है।

उक्त शाश्वत लोक में—जो नीचे से विस्तीर्ण, मध्य में संक्षिप्त और ऊपर से ऊर्ध्व मृदंग जैसे आकार का है—उसमें उत्पन्न हुए ज्ञान-दर्शन के धारक अर्हत् जिन केवली जीव को भी जानते देखते हैं और अजीव को भी जानते देखते हैं। वे बाद में सिद्ध होते हैं यावत् सब दुःखों का अन्त करते हैं।

अट्ठविहा लोगट्ठिई वत्थिउदाहरणं य

२९ : भंते त्ति भगवं गोतमे समणं भगवं महावीरं जाव एवं वयासी।

प० कतिविहा णं भंते ! लोयट्ठिती पण्णत्ता ?

उ० गोयमा ! अट्ठविहा लोयट्ठिती पण्णत्ता, तं जहा—

(१) आगासपइट्ठिए वाए,
(२) वातपइट्ठिए उदही,
(३) उदहिपतिट्ठिता पुढवी,[2]
(४) पुढविपतिट्ठिता तस-थावरा पाणा,[3]
(५) अजीवा जीवपतिट्ठिता,
(६) जीवा कम्मपतिट्ठिता,[4]
(७) अजीवा जीवसंगहिता,
(८) जीवा कम्मसंगहिता।[5]

प० से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ-अट्ठविहा (लोगट्ठिई पण्णत्ता, तं जहा—१. आगासपइट्ठिए वाए) जाव जीवा कम्मसंगहिता ?

आठ प्रकार की लोकस्थिति और बस्ति का उदाहरण

२९ : भंते ! भगवन् गौतम श्रमण भगवान महावीर को यावत् इस प्रकार बोले—

प्र० भगवन् ! लोकस्थिति कितने प्रकार की कही गई है ?

उ० गौतम ! लोकस्थिति आठ प्रकार की कहीगई है, यथा—

१. आकाश-प्रतिष्ठित वायु,
२. वायु-प्रतिष्ठित उदधि,
३ उदधि-प्रतिष्ठित पृथ्वी,
४. पृथ्वी-प्रतिष्ठित त्रस-स्थावर प्राणी,
५. जीव-प्रतिष्ठित अजीव, (अजीव जीव-प्रतिष्ठित)
६. कर्म-प्रतिष्ठित जीव, (जीव कर्म-प्रतिष्ठित)
७. जीव-संग्रहित अजीव (अजीव जीव-संग्रहित)
८. कर्म-संग्रहित जीव, (जीव कर्म-संग्रहित)

प्र० भगवन् ! यह किस कारण से कहा जाता है कि आठ प्रकार की (लोकस्थिति कही गई है) आकाश-प्रतिष्ठित वायु यावत् जीव कर्म-संग्रहित हैं ?

---

१. क—महा० वि० द्वारा प्रकाशित प्रति में इस सूत्र के पाठ में जहाँ-जहाँ जाव है उनकी पूर्ति उसी प्रति के श० ५, उ० ९, सू० १४ [२] के अनुसार यहाँ की गई है।
ख—तुलना—भग० श० ११, उ० १०, सू० १०।
ग—तुलना—भग० श० १३, उ० ४, सू० ६९।
२. ठाणं ३ उ० २ सु० १६३।
३. ठाणं ४ उ० २ सु० २८६।
४. ठाणं ६ सु० ४९८।
५. ठाणं ८ सु० ६००।

उ० गोयमा ! से जहानामए केइ पुरिसे—वत्थिमाडोवेति, वत्थिमाडोवित्ता उप्पिं सितं बंधति, बंधित्ता मज्झे णं गंठिं बंधति, मज्झे गंठिं बंधित्ता उवरिल्लं गंठिं मुयति, मुइत्ता उवरिल्लं देसं वामेति, उवरिल्लं देसं वामेत्ता, उवरिल्लं देसं आउयायस्स पूरेति, पूरित्ता उप्पिं सितं बंधति, बंधित्ता मज्झिल्लं गंठिं मुयति ।

प० से नूणं गोयमा ! से आउयाए तस्स वाउयायस्स उप्पिं उवरितले चिट्ठति ?

उ० हंता चिट्ठति से तेणट्ठेणं जाव जीवा कम्मसंगहिता ।

से जहा वा केइ पुरिसे वत्थिमाडोवेति, आडोवित्ता कडीए बंधति, बंधित्ता, अत्थाहमतारमपोरुसियंसि उदगंसि ओगाहेज्जा ।

प० से नूणं गोयमा ! से पुरिसे तस्स आउयायस्स उवरिमतले चिट्ठति ?

उ० हंता, चिट्ठति । एवं वा अट्ठविहा लोयट्ठिती पण्णत्ता जाव जीवा कम्मसंगहिता ।

—भग० स० १, उ० ६, सु० २५-१, २, ३ ।

उ० गौतम ! जैसे कोई पुरुष बस्ति (मशक) को (वायु से) फुलाता है, बस्ति को फुलाकर ऊपर से (बस्ति के मुँह को) दृढ़ बाँध देता है, बाँधकर मध्य में गाँठ बाँध देता है । मध्य में गाँठ बाँधकर ऊपर की गाँठ खोल देता है, खोलकर ऊपर के भाग को मोड़ता है, ऊपर के भाग को मोड़कर ऊपर के भाग में पानी भरता है, भरकर ऊपर (बस्ति के मुँह को) दृढ़ बाँधता है, बाँधकर बीच की गाँठ खोल देता है ।

प्र० गौतम ! क्या यह निश्चित है कि वह पानी उस वायु के ऊपर (अर्थात्) ऊपर के तल पर ही रहता है ?

उ० हाँ (भगवन् !) रहता है । इसलिए यावत् जीव कर्म संग्रहित हैं ।

अथवा—जैसे कोई पुरुष बस्ति (मशक) को (वायु से) फुलाता है, फुलाकर कमर के बाँधता है, बाँधकर अथाह दुस्तर पुरुष प्रमाण से अधिक गहरे पानी में प्रवेश करता है ।

प्र० गौतम ! क्या यह निश्चित है कि वह पुरुष उस पानी के ऊपर के तलपर (ही) रहता है ?

उ० हाँ (भगवन् !) रहता है । इस प्रकार की आठ प्रकार की लोकस्थिति कही गई है यावत् जीव कर्म-संग्रहित है ।

दसविहा लोगट्ठिई

दस प्रकार की लोकस्थिति

३० : दसविहा लोगट्ठिई पण्णत्ता, तं जहा—

(१) जण्णं जीवा उद्दाइत्ता उद्दाइत्ता तत्थेव तत्थेव भुज्जो भुज्जो पच्चायंति—एवं पेगा लोगट्ठिई पण्णत्ता ।

(२) जण्णं जीवाणं सया समियं पावे कम्मे कज्जइ—एवं पेगा लोगट्ठिई पण्णत्ता ।

(३) जण्णं जीवाणं सया समियं मोहणिज्जे पावे कम्मे कज्जइ—एवं पेगा लोगट्ठिई पण्णत्ता ।

(४) ण एवं भूयं वा, भव्वं वा, भविस्सइ वा जं जीवा अजीवा भविस्संति, अजीवा वा जीवा भविस्संति—एवं पेगा लोगट्ठिई पण्णत्ता ।

(५) ण एवं भूयं वा, भव्वं वा भविस्सई वा जं तसापाणा वोच्छिज्जिस्संति थावरापाणा भविस्संति, थावरापाणा वोच्छिज्जिस्संति तसापाणा भविस्संति—एवं पेगा लोगट्ठिई पण्णत्ता ।

३० : दस प्रकार की लोकस्थिति कहीगई है, यथा—

(१) जीव मर-मरकर वहीं-वहीं (लोक के एक देश में, गति में, जाति में, योनि में) बार-बार उत्पन्न होते रहते हैं—यह भी एक प्रकार की लोकस्थिति कही गई है ।

(२) जीव (संसारी जीव) सदा निरन्तर पाप कर्म बाँधते रहते हैं—यह भी एक प्रकार की लोकस्थिति कही गई है ।

(३) जीव (संसारी जीव) सदा निरन्तर मोहनीय पापकर्म बाँधते रहते हैं—यह भी एक प्रकार की लोकस्थिति कही गई है ।

(४) "जीव का अजीव होना या अजीव का जीव होना"—न ऐसा हुआ है, न हो रहा है और न कभी होगा—यह भी एक प्रकार की लोकस्थिति कही गई है ।

(५) "त्रस प्राणियों का विच्छेद और स्थावर प्राणियों का का होना—या स्थावर प्राणियों का विच्छेद और त्रस प्राणियों होना"—न ऐसा हुआ है, न हो रहा है और न कभी होगा—यह भी एक प्रकार की लोकस्थिति कही गई है ।

(६) ण एवं भूयं वा, भव्वं वा, भविस्सइ वा जं लोगे अलोगे भविस्सइ, अलोगे वा लोगे भविस्सइ—एवं पेगा लोगट्ठिई पण्णत्ता ।

(७) ण एवं भूयं वा, भव्वं वा, भविस्सइ वा जं लोगे अलोगे पविस्सइ, अलोगे वा लोगे पविस्सइ—एवं पेगा लोगट्ठिई पण्णत्ता ।

(८) जाव ताव लोगे ताव ताव जीवा । जाव ताव जीवा ताव ताव लोगे—एवं पेगा लोगट्ठिई पण्णत्ता ।

(९) जाव ताव जीवाण य पोग्गलाण य गइपरियाए ताव ताव लोए, जाव ताव लोए ताव ताव जीवाण य पोग्गलाण य गइपरियाए—एवं पेगा लोगट्ठिई पण्णत्ता ।

(१०) सव्वेसु वि णं लोगतेसु अबद्धपासपुट्ठा पोग्गला लुक्खत्ताए कज्जंति जे णं जीवा य पोग्गला य नो संचायंति बहिया लोगंतागमणाए—एवं पेगा लोगट्ठिई पण्णत्ता ।

—ठाणं १० सु० ७०४ ।

(६) "लोक का अलोक होना या अलोक का लोक होना"—न ऐसा हुआ है, न हो रहा है और न कभी होगा—यह भी एक प्रकार की लोकस्थिति कही गई है ।

(७) "लोक का अलोक में प्रवेश करना या अलोक का लोक में प्रवेश करना"—न ऐसा हुआ है, न हो रहा है और न कभी होगा—यह भी एक प्रकार की लोकस्थिति कही गई है ।

(८) जहाँ-जहाँ लोक है वहाँ-वहाँ जीव है या जहाँ-जहाँ जीव है वहाँ-वहाँ लोक है—यह भी एक प्रकार की लोकस्थिति कही गई है ।

(९) जहाँ-जहाँ जीव और पुद्गलों की गति पर्याय है वहाँ-वहाँ लोक है तथा जहाँ-जहाँ लोक है वहाँ-वहाँ जीव और पुद्गलों की गतिपर्याय है—यह भी एक प्रकार की लोकस्थिति कही गई है ।

(१०) सब लोकान्तों में पुद्गल परस्पर बद्ध नहीं रहते हैं और न किसी ओर से परस्पर स्पृष्ट रहते हैं क्योंकि वहाँ वे रूखे हो जाते हैं अतएव जीव और पुद्गल लोकान्त के बाहर नहीं जा सकते हैं—यह भी एक प्रकार की लोकस्थिति कही गई है ।

लोगविसये जमालिस्स भगवंत-कय-समाहाणं

३१ : प०....सासए लोए जमाली ? असासए लोए जमाली ?....

—भग० स० ९, उ० ३३, सु० ९९ ।

उ०... सासए लोए जमाली ! जं णं कयावि णासि ण, कयावि ण भवति ण कयावि ण भविस्सइ, भुविं च भवइ य, भविस्सइ य, धुवे, णितिए, सासए, अक्खए, अव्वए, अवट्ठिए णिच्चे चेव ।

असासए लोए जमाली ! जओ ओसप्पिणी भवित्ता, उस्सप्पिणी भवइ, उस्सप्पिणी भवित्ता ओसप्पिणी भवइ....[1]

—भग० स० ९, उ० ३३ सु० १०१ ।

लोक के विषय में भगवान द्वारा जमालि का समाधान

३१ : प्र० ....जमाली ! लोक शास्वत है ? या अशास्वत है ?....

उ० ....जमाली ! लोक शास्वत है—क्योंकि लोक कभी नहीं था, नहीं है या नहीं रहेगा—इस प्रकार नहीं है किन्तु लोक था, है और रहेगा । लोक ध्रुव, नियत, शास्वत, अक्षय, अव्यय, अवस्थित व नित्य है ।

जमाली ! लोक अशास्वत भी है—क्योंकि अवसर्पिणी काल होकर उत्सर्पिणी काल होता है । तथा उत्सर्पिणी काल होकर अवसर्पिणी काल होता है ।....

लोगविसये खंधग-संवादो

३२ : खंदया ! ति समणे भगवं महावीरे खंदयं कच्चायणसगोत्तं एवं वयासी-से नूणं तुमं खंदया ! सावत्थीए नयरीए पिंगलएणं णियंठेणं वेसालियसावएणं इणमक्खेवं पुच्छिए :—

लोक के विषय में स्कन्धक-संवाद

३२ : स्कन्दक ! श्रमण भगवान महावीर कात्यायन-गोत्री स्कन्दक को इस प्रकार बोले—'सावत्थी नगरी में पिंगल निर्ग्रन्थ जो वैशाली का श्रावक था; उसने स्कन्दक ! तुझे आक्षेप (अवज्ञा) पूर्वक यह पूछा—

१. इस मूलपाठ का पूर्वापर अंश कथानुयोग जमालि-प्रकरण में देखें ।

मागहा ! किं सअंते लोए, अणंते लोए ? एवं तं चेव जाव जेणेव ममं अंतिए तेणेव हव्वमागए ।

प० से नूणं खंदया ! अयमट्ठे समट्ठे ?

उ० हंता अत्थि ।

जे वि य ते खंदया ! अयमेयारूवे अज्झत्थिए चिंतिए पत्थिए मणोगए संकप्पे समुप्पज्जित्था—

प० किं सअंते लोए अणंते लोए ?

उ० तस्स वि य ण अयमट्ठे— एवं खलु मए खंदया ! चउव्विहे लोए पण्णत्ते, तं जहा—(१) दव्वओ, (२) खेत्तओ, (३) कालओ, (४) भावओ ।[1]

(१) दव्वओ णं एगे लोए सअंते,

(२) खेत्तओ णं लोए असंखेज्जाओ, जोयणकोडाकोडीओ, आयाम-विक्खंभेणं, असंखेज्जाओ जोयण कोडाकोडीओ परिक्खेवेणं पण्णत्ते, अत्थि पुण सेअंते ।

(३) कालओ णं लाए न कयावि न आसि, न कयावि न भवति, न कयावि न भविस्सइ । भुवि च, भवति य, भविस्सइ य, धुवे णियए सासए अक्खए अव्वए अवट्ठिए णिच्चे । नत्थि पुण से अंते ।

(४) भावओ णं लोए अणंता वण्णपज्जवा, गंधपज्जवा, रसपज्जवा, फासपज्जवा, अणंता संठाणपज्जवा अणंता गरुय-लहुयपज्जवा, अणंता अगरुय-लहुयपज्जवा नत्थि पुण से अंते ।

से त्तं खंदगा ! दव्वओ लोए सअंते, खेत्तओ लोए सअंते, कालओ लोए अणंते भावओ लोए अणंते ।

—भग० स० २, उ० १, सु० २३, २४-१ ।

मागध ! क्या यह लोक सान्त है या अनन्त ?

इस प्रकार समस्त प्रश्न यावत् इसलिए उसी क्षण शीघ्र चलकर तू मेरे पास आया है ?

प्र० हे स्कन्दक ! क्या मेरा यह कथन यथार्थ है ?

उ० हाँ—यथार्थ है ।

स्कन्दक ! जो यह तेरा आत्मिक चिन्तित-प्रार्थित-मनोगत संकल्प हुआ है ।

प्र० क्या यह लोक सान्त है या अनन्त है ?

उ० उसका समाधान यह है—स्कन्दक ! मैंने लोक चार प्रकार का कहा है, यथा—(१) द्रव्य से, (२) क्षेत्र से, (३) काल से, (४) भाव से ।

(१) द्रव्य से—यह लोक एक है और सान्त है ।

(२) क्षेत्र से—यह लोक असंख्य कोटाकोटी योजन का लम्बा चौड़ा है, असंख्य कोटाकोटी योजन की उसकी परिधि कही है और सान्त है ।

(३) काल से—यह लोक कभी नहीं था—ऐसा नहीं है । कभी नहीं है—ऐसा नहीं है । कभी नहीं रहेगा—ऐसा भी नहीं है । यह लोक था, है और रहेगा । यह ध्रुव है, नियत है, शास्वत है, अक्षय है, अव्यय है, अवस्थित है, नित्य है और इसका अन्त नहीं है । (अर्थात् यह लोक काल से अनन्त है ।)

(४) भाव से—लोक में अनन्त वर्ण-पर्यव हैं, गंध-पर्यव हैं, रस-पर्यव हैं, स्पर्श-पर्यव हैं, अनंत संस्थान-पर्यव हैं । अनन्त गुरु-लघु पर्यव हैं, अनन्त अगुरु-लघु पर्यव हैं । और इसका अन्त नहीं हैं । (अर्थात् यह लोक भाव से अनन्त हैं ।)

स्कन्दक ! द्रव्य से यह लोक सान्त है, क्षेत्र से यह लोक सान्त है, काल से यह लोक अनन्त है, भाव से यह लोक अनन्त है ।

लोगस्स एगंत सासयत्तासासयत्तणिसेहो

३३ : **गाहाओ—**

अणादीयं परिन्नाय, अणवदग्गेति वा पुणो ।
सासयमसासए यावि इइ दिट्ठिं न धारए ॥

एएहिं दोहिं ठाणेहिं, ववहारो न विज्जइ ।
एएहिं दोहिं ठाणेहिं, अणायारं तु जाणए ॥

—सूय० सु० २, अ० ५, गा० २-३ ।

लोक का एकांत शाश्वतत्व और अशाश्वत का निषेध

३३ : गाथार्थ—

'लोक को अनादि और अनन्त जानकर'—'वह एकान्त शाश्वत है या एकान्त अशाश्वत है'—ऐसी दृष्टि धारण न करे ।

इन दोनों एकान्तस्थानों से व्यवहार नहीं होता । इन दोनों स्थानों को स्वीकार करने को अनाचार जानना चाहिए ।

---

१. भग० स० ११, उ० १०, सु० २ ।

लोयविसए अन्नतित्थियाणं पवादा—

३४ : ... अदुवा वायाओ विउंजंति, तं जहा—
अत्थि लोए, णत्थि लोए,
धुवे लोए, अधुवे लोए,
साइए लोए, अणाइए लोए,
सपज्जवसिए लोए, अपज्जवसिए लोए ...।
—आया० सु० १, अ० ८ उ० १, सु० २०० ।

लोक के सम्बन्ध में अन्यतीर्थिकों की मान्यतायें—

३४ : अथवा—(वे अन्यतीर्थिक) अनेक प्रकार के वचन कहते हैं—यथा—लोक एकान्ततः है, लोक एकान्ततः नहीं है,
लोक ध्रुव ही है, लोक अध्रुव ही है,
लोक सादि ही है, लोक अनादि ही है,
लोक सान्त ही है, लोक अनन्त ही है ।

लोगविसये अण्णउत्थिय-मय पडिसेहो—

३५ : गाहाओ—
इणमन्नं तु अन्नाणं, इहमेगेसिमाहियं ।
देव उत्ते अयं लोए, 'बंभउत्ते' त्ति आवरे ।।

ईसरेण कडे लोए, 'पहाणाइ' तहावरे ।
जीवाऽजीव - समाउत्ते, सुह-दुक्ख समन्निए ।।

सयंभुणा कडे लोए, इति वुत्तं महेसिणा ।
मारेण संथुया माया, तेण लोए असासए ।।

माहणा समणा एगे, आह अंडकडे जगे ।
असो तत्तमकासी य, अयाणंता मुसं वए ।।

सएहिं परियाएहिं, लोयं बूया कडे त्ति य ।
तत्तं ते ण विजाणंति, ण विणासी कयाइ वि ।।
—सूय० सु० १, अ० १, उ० ३, गा० ५-९ ।

लोक के विषय में अन्यतीर्थिकों के मतों का निषेध—

३५ : गाथार्थ—

एक अज्ञान यह भी है—कोई कहते हैं—यह लोक किसी देवता ने बनाया है, दूसरे कहते हैं—यह लोक ब्रह्मा ने बनाया है ।

कुछ ईश्वर-कर्तृत्ववादी कहते हैं—जीव और अजीव से तथा सुख और दुख से युक्त यह लोक ईश्वर ने बनाया है । तथा दूसरे (सांख्यवादी)कहते हैं—यह लोक प्रधान (प्रकृति) आदि कृत है ।

किसी महर्षि ने कहा है—यह लोक स्वयंभू (विष्णु) ने बनाया है । मार (यम) ने माया की रचना की है अतः यह लोक अनित्य है ।

कोई श्रमण ब्राह्मण कहते हैं—यह जगत् अण्डे से बना है । तथा ब्रह्मा ने तत्व की रचना की है—इस प्रकार ये लोग अज्ञानवश मिथ्या भाषण करते हैं ।

उक्तवादी अपने-अपने अभिप्राय (तर्क) से लोक को कृत—बना हुआ कहते हैं; वे तत्व (वस्तु-स्वरूप) को नहीं जानते हैं । वस्तुतः यह जगत् कभी विनष्ट नहीं होता ।

लोगे-चत्तारि समाणाणि—

३६ : चत्तारि लोगे समा सपक्खिं सपडिदिसिं पण्णत्ता, तं जहा—
(१) अपइट्ठाणे नरए,
(२) जंबुद्दीवे दीवे,
(३) पालए जाणविमाणे[1],
(४) सव्वट्ठसिद्धे महाविमाणे ।
—ठाणं ४, उ० ३, सु० ३२८ ।

लोक में चार समान हैं—

३६ : लोक में (एक लाख योजन परिमाणवाले) चार स्थान समान सपक्ष एवं सप्रतिदिक् (चारों ओर प्रत्येक दिशा में) कहे गये हैं, यथा—
(१) अप्रतिष्ठान नामक नरक,
(२) जम्बूद्वीप नामक द्वीप,
(३) पालक यानविमान,
(४) सर्वार्थसिद्ध महाविमान ।

३७ : चत्तारि लोगे समा सपक्खिं सपडिदिसिं पण्णत्ता, तं जहा—
(१) सीमंतए नरए,

३७ : लोक में (पैंतालीस लाख योजन परिमाण वाले) चार स्थान समान सपक्ष एवं सप्रतिदिक् कहे गये हैं, यथा—
(१) सीमान्त नामक नरक,

---

१. ठाणं० ३, उ० १, सु० १४८ ।

(२) समयक्खेत्ते,
(३) उडुविमाणे,[1]
(४) ईसिपब्भारा पुढवी ।
—ठाणं ४, उ० ३, सु० ३२८ ।

(२) समय क्षेत्र,
(३) उडुविमान,
(४) ईषत्प्राग्भारा पृथिवी ।

लोगुज्जोय-निमित्ताणि—

लोक में उद्योत के कारण—

३८ : चउहिं ठाणेहिं लोउज्जोए सिया, तं जहा—
(१) अरिहंतेहिं जायमाणेहिं,
(२) अरिहंतेहिं पव्वयमाणेहिं,
(३) अरिहंताणं णाणुप्पायमहिमासु,[2]
(४) अरिहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु ।
—ठाणं ४, उ० ३, सु० ३२४ ।

३८ : चार कारणों से लोक में उद्योत होता है, यथा—
(१) अर्हन्तों का जन्म होने पर,
(२) अर्हन्तों की प्रव्रज्या होने पर,
(३) अर्हन्तों के केवलज्ञान उत्पन्न होने के महोत्सवों में,
(४) अर्हन्तों के निर्वाण महोत्सवों में ।

लोगंधयार-निमित्ताणि—

लोक में अंधकार के कारण—

३९ : चउहिं ठाणेहिं लोगंधयारे सिया, तं जहा—
(१) अरिहंतेहिं वोच्छिज्जमाणेहिं,
(२) अरिहंत-पण्णत्ते धम्मे वोच्छिज्जमाणे,
(३) पुव्वगए वोच्छिज्जमाणे,[3]
(४) जायतेए वोच्छिज्जमाणे ।
—ठाणं ४, उ० ३, सु० ३२४ ।

३९ : चार कारणों से लोक में अन्धकार होता है, यथा—
(१) अर्हन्तों का व्युच्छेद होने पर,
(२) अर्हत्प्रणीत-धर्म का व्युच्छेद होने पर,
(३) पूर्वगत-ज्ञान का व्युच्छेद होने पर,
(४) अग्नि का व्युच्छेद होने पर ।

दव्वलोगो

द्रव्यलोक

जीवाजीवमयोलोगो—

जीव-अजीवमय लोक—

४० : प० के अयं लोए ?
उ० (१) जीवच्चेव, (२) अजीवच्चेव ।[4]
—ठाणं २, उ० ४, सु० १०३ ।

४० : प्र० यह लोक कैसा है ?
उ० जीवमय है और अजीवमय है ।

लोगे दुविहा पयत्था—

लोक में द्विविध पदार्थ—

४१ : जदत्थि णं लोगे तं सव्वं दुप्पडोआरं. तं जहा—
जीवच्चेव, अजीवच्चेव । तसे चेव, थावरे चेव ।
सजोणियच्चेव, अजोणियच्चेव, साउयच्चेव, अणाउयच्चेव ।
सइंदियच्चेव, अणिंदियच्चेव । सवेयगा चेव, अवेयगा चेव ।
सरूवि चेव, अरूवि चेव । सपोग्गला चेव, अपोग्गला चेव ।
संसारसमावन्नगा चेव, असंसारसमावन्नगा चेव ।
सासया चेव, असासया चेव ।
—ठाणं २, उ० १, सु० ५७ ।

४१ : लोक में जो कुछ हैं वे सब दो प्रकार के हैं, यथा—
जीव, अजीव, त्रस, स्थावर,
सयोनिक, अयोनिक, सायुष्क, अनायुष्क,
सेन्द्रिय, अनेन्द्रिय, सवेदक, अवेदक,
रूपि, अरूपि, सपुद्गल, अपुद्गल,
संसार-समापन्नक, असंसार-समापन्नक,
शाश्वत, अशाश्वत ।

---

१. ठाणं० ३, उ० १, सु० १४८ ।
२. ठाणं० ३, उ० १, सु० १३४ ।
३. ठाणं० ३, उ० १, सु० १३४ ।
४. **तुलना**—जीवा चेव अजीवा य, एस लोए वियाहिए । —उत्त० अ० ३६, गा० २ ।

४२ : आगासे चेव, नोआगासे चेव ।
धम्मे चेव, अधम्मे चेव ।
—ठाणं २, उ० १, सु० ५८ ।

४२ : आकाश, नो आकाश ।
धर्म, अधर्म ।

४३ : बंधे चेव, मोक्खे चेव । पुन्ने चेव, पावे चेव ।
आसवे चेव, संवरे चेव । वेयणा चेव, णिज्जरा चेव ।
—ठाणं २, उ० १, सु० ५९ ।

४३ : बंध, मोक्ष । पुन्य, पाप ।
आश्रव, संवर । वेदना, निर्जरा ।

लोगे फुसणा—

लोक में स्पर्शना

४४ : प० (१) लोगे णं भंते ! किणा फुडे ?
(२) कइहिं वा काएहिं फुडे ? (जाव)
(३-८) अद्धासमए णं फुडे ?
उ० (१-८) जहा आगासथिग्गले ।[1]
—पण्ण० प० १५, उ० १, सु० १००४ ।

४४ : प्र० [१] हे भगवन् ! लोक किससे स्पृष्ट है ?
[२] कितनी कायों से स्पृष्ट है ? (यावत्)
[३-८] अद्धासमय से स्पृष्ट है ?
उ० [१] आकास थिग्गल जैसा वर्णन यहाँ कहना चाहिए।

४५ : चउहिं अत्थिकाएहिं लोए फुडे पण्णत्ते, तं जहा—
(१) धम्मत्थिकाएणं,
(२) अधम्मत्थिकाएणं,
(३) जीवत्थिकाएणं,
(४) पुग्गलत्थिकाएणं ।
—ठाणं ४, उ० ३, सु० ३३३ ।

४५ : चार अस्तिकायों से यह लोक स्पृष्ट कहा गया है, यथा—
(१) धर्मास्तिकाय से,
(२) अधर्मास्तिकाय से,
(३) जीवास्तिकाय से,
(४) पुद्गलास्तिकाय से ।

४६ : चउहिं बादरकाएहिं उववज्जमाणेहिं लोगे फुडे पण्णत्ते, तं जहा—
(१) पुढविकाइएहिं,
(२) आउकाइएहिं,
(३) वाउकाइएहिं,
(४) वणस्सइकाइएहिं ।
—ठाणं ४० उ० ३, सु० ३३३ ।

४६ : उत्पद्यमान चार बादरकायों से यह लोक स्पृष्ट कहा गया है, यथा—
(१) पृथ्वीकायिकों से,
(२) अप्कायिकों से,
(३) वायुकायिकों से
(४) वनस्पतिकायिकों से ।

---

१. **पण्ण० पद १५, उ० १, सु० १००२ यहाँ पूरा उद्धृत किया है ।**
प० [१] आगासथिग्गले णं भंते ! किणा फुडे ? [२] कइहिं वा काएहिं फुडे ? [३] किं धम्मत्थिकाएणं फुडे ? [४] किं धम्मत्थिकायस्स देसेणं फुडे ? [५] धम्मत्थिकायस्स पदेसेहिं फुडे ? [६] **एवं अधम्मत्थिकाएणं, आगासत्थिकाएणं फुडे ?** [७] **एएणं भेदेणं** जाव **किं पुढविकाइएणं फुडे** जाव **तसकाएणं फुडे ?** [८] अद्धासमएणं फुडे ?
उ० [१] गोयमा ! धम्मत्थिकाएणं फुडे, [२] णो धम्मत्थिकायस्स देसेणं फुडे, [३] धम्मत्थिकायस्स पदेसेहिं फुडे, [४] **एवं अधम्मत्थिकाएणं वि** णो आगासत्थिकाएणं फुडे, आगासत्थिकायस्स देसेणं फुडे, आगासत्थिकायस्स पदेसेहिं फुडे **जाव** [५] वणप्फइकाएणं फुडे, [६] तसकाएणं सिय फुडे, सिय णो फुडे, [७] अद्धासमएणं देसे फुडे, देसे नो फुडे ।
इस सूत्र में प्रश्न आठ हैं किन्तु उत्तर सात प्रश्नों का ही है क्योंकि द्वितीय प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया है ।
प्रश्न की संक्षिप्त वाचना के अनुसार उत्तर की संक्षिप्त वाचना का क्रम होता तो अधिक अच्छा होता ।

लोगे सासया-अणंता य—

४७ : प० के सासया लोगे ?

उ० जीवच्चेव, अजीवच्चेव ।

—ठाणं २, उ० ४, सु० १०३ ।

४८ : प० के अणंता लोए ?

उ० जीवच्चेव, अजीवच्चेव ।

—ठाणं २, उ० ४, सु० १०३ ।

पंचत्थिकायमयो लोगो—

४९ : प० किमियं भंते ! लोए त्ति पवुच्चइ ?

उ० गोयमा ! पंचत्थिकाया—एस णं एवतिए लोए त्ति पवुच्चइ, तं जहा—धम्मऽत्थिकाए, अधम्मऽत्थिकाए, जाव पोग्गलऽत्थिकाए ।

—भग० स० १३, उ० ४, सु० २३ ।

छ दव्वमयो लोगो—

५० : गाहाओ—

धम्मो, अहम्मो, आगासं, कालो, पुग्गल, जंतवो ।
एसलोगो त्ति पन्नत्तो, जिणेहिं वरदंसिहिं ॥

धम्मो अहम्मो आगासं, दव्वं इक्किक्कमाहियं ।
अणंताणि य दव्वाणि, कालो पुग्गल जंतवो ॥

—उत्त० अ० २८, गा० ७-८ ।

दिसाणं भेया; सरूवं च—

५१ : प० कति णं भंते ! दिसाओ पण्णत्ताओ ?

उ० गोयमा ! दस दिसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

(१) पुरत्थिमा,
(२) पुरत्थिम-दाहिणा,
(३) दाहिणा,
(४) दाहिण-पच्चत्थिमा,
(५) पच्चत्थिमा,
(६) पच्चत्थिमुत्तरा,
(७) उत्तरा,
(८) उत्तर-पुरत्थिमा,
(९) उड्ढा,
(१०) अहा ।

प० एयासि णं भंते ! दसण्हं दिसाणं कति णामधेज्जा पण्णत्ता ?

लोक में शाश्वत और अनन्त—

४७ : प्र० लोक में शाश्वत कितने हैं ?

उ० जीव हैं और अजीव हैं ।

४८ : प्र० लोक में अनन्त कितने हैं ?

उ० जीव हैं और अजीव हैं ।

पंचास्तिकायमय लोक—

४९ : प्र० भगवन् ! लोक कैसा कहा गया है ?

उ० गौतम ! पंचास्तिकायमय है; यह लोक इतना ही कहा जाता है, यथा—धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, यावत् पुद्गलास्तिकाय ।

छह द्रव्यमय लोक—

५० : गाथार्थ—

१. धर्म, २. अधर्म, ३. आकाश, ४. काल, ५. पुद्गल और ६. प्राणी । श्रेष्ठ (वर) दर्शी जिनदेवों ने यह लोक कहा है ।

धर्म, अधर्म और आकाश—ये द्रव्य एकेक कहे गये हैं ।
काल, पुद्गल और प्राणी—ये द्रव्य अनन्त हैं ।

दिशाओं के भेद और स्वरूप—

५१ : प्र० भगवन् ! दिशाएँ कितनी कही गई हैं ?

उ० गौतम ! दस दिशाएँ कही गई हैं, यथा—

(१) पूर्व,
(२) पूर्व-दक्षिण,
(३) दक्षिण,
(४) दक्षिण-पश्चिम,
(५) पश्चिम,
(६) पश्चिम-उत्तर,
(७) उत्तर,
(८) उत्तर-पूर्व,
(९) ऊर्ध्व,
(१०) अधो ।

प्र० भगवन् ! इन दस दिशाओं के कितने नाम कहे गये हैं ?

उ० गोयमा ! दस नामधेज्जा पण्णत्ता, तं जहा—

गाहा—

इंदग्गेयी जम्मा य नेरती वारुणी य वायव्वा।
सोमा ईसाणी या विमला य तमा य बोधव्वा ॥

—भग० स० १०, उ० १, सु० ६-७ ।

उ० गौतम ! दस नाम कहे गये हैं, यथा—

गाथार्थ—

(१) इन्द्रा, (२) आग्नेयी, (३) याम्या, (४) नैर्ऋति, (५) वारुणी, (६) वायव्य, (७) सोमा, (८) ईशानी, (९) विमला, और (१०) तमा....।

५२ : प० किमियं भंते ! पाईणा ति पवुच्चति ?

उ० गोयमा ! जीवा चेव, अजीवा चेव ।

प० किमियं भंते ! पडीणा ति पवुच्चति ?

उ० गोयमा ! जीवा चेव, अजीवा चेव ।

एवं दाहिणा, एवं उदीणा, एवं उड्ढा, एवं अहा वि ।[1]

—भग० स० १०, उ० १, सु० ३-४-५ ।

५२ : प्र० भगवन् ! इस पूर्व दिशा में क्या है ?

उ० गौतम ! जीव और अजीव हैं ।

प्र० भगवन् ! इस पश्चिम दिशा में क्या है ?

उ० गौतम ! जीव और अजीव है ।

इसीप्रकार दक्षिण, उत्तर, ऊर्ध्व और अधोदिशा में भी हैं ।

५३ : प० इंदा णं भंते ! दिसा १. किमादिया,
२. किं पवहा,
३. कतिपदेसादिया,
४. कतिपदेसुत्तरा,
५. कतिपदेसिया,
६. किं पज्जवसिया,
७. किं संठिया पन्नत्ता ?

उ० गोयमा ! इंदाणं दिसा १. रुयगादीया,
२. रुयगप्पवहा,
३. दुपदेसादीया,
४. दुपदेसुत्तरा,
५. लोगं पडुच्च असंखेज्जपएसिया, अलोगं पडुच्च अणंतपदेसिया,
६. लोगं पडुच्च साईया सपज्जवसिया, अलोगं पडुच्च सादीया अपज्जवसिया,
७. लोगं पडुच्च मुखसंठिया, अलोगं पडुच्च सगडुद्धि-संठिया पण्णत्ता ।

५३ : प्र० भगवन् !१. इन्द्रा दिशा के आदि में क्या है ?
२. वह कहाँ से निकली है ?
३. उसके आदि में कितने प्रदेश हैं ?
४. उत्तरोत्तर कितने प्रदेशों की वृद्धि होती हैं ?
५. उसके कितने प्रदेश हैं ?
६. उसका अन्त कहाँ होता है ?
७. उसका संस्थान कैसा कहा गया है ? ।

उ० गौतम ! १. इन्द्रा दिशा के आदि में रुचक प्रदेश है,
२. वह रुचक प्रदेशों से निकली है,
३. उसके आदि में दो प्रदेश हैं,
४. आगे दो-दो प्रदेशों की उत्तरोत्तर वृद्धि होती है,
५. लोक की अपेक्षा यह असंख्यप्रदेशवाली है और अलोक की अपेक्षा अनन्तप्रदेशवाली है,
६. लोक की अपेक्षा सादि-सान्त है और अलोक की अपेक्षा सादि-अनन्त है,
७. लोक की अपेक्षा मुरज के (एक प्रकार का वाद्य) संस्थान वाली है और अलोक की अपेक्षा ऊर्ध्व शकट के संस्थान वाली कही गई है ।

---

१. प्रस्तुत द्रव्यलोक में दिशाओं के भेद और स्वरूप का संकलन इसलिए किया गया है कि दिशाओं का सम्बन्ध संपूर्णलोक और अलोक के साथ हैं । देखिए प्रस्तुत संकलन में अंकित **भग० श० १३, उ० ४, सू० १६-२२ पर्यंत** के मूल पाठ और उनके अनुवाद ।

यद्यपि उक्त आगमपाठों से अलोक में भी दिशाओं का अस्तित्व सिद्ध है, किन्तु अलोक शून्याकाश है, उसमें आकाश के अतिरिक्त कुछ नहीं है । अतएव लोक-विषयक इस संकलन में ही दिशाओं का तथा उनमें जीवादि द्रव्य और उनके देश प्रदेशादि का कथन संकलित किया गया है ।

प० अग्गेयी णं भंते ! दिसा १. किमादीया,

२. किं पवहा,

३. कतिपएसादीया,

४. कतिपएस-वित्थिण्णा,

५. कतिपदेसिया,

६. किं पज्जवसिया,

७. किं संठिया पन्नत्ता ?

उ० गोयमा ! अग्गेयी णं दिसा १. रुयगादीया,

२. रुयगप्पवहा,

३. एगपएसादीया,

४. एगपएस-वित्थिण्णा, अणुत्तरा,

५. लोगं पडुच्च असंखेज्जपएसिया, अलोगं पडुच्च अणंतपएसिया,

६. लोगं पडुच्च सादीया सपज्जवसिया, अलोगं पडुच्च सादीया अपज्जवसिया,

७. छिन्नमुत्तावलीसंठिया पन्नत्ता ।

जमा जहा इंदा । नेरती जहा अग्गेयी ।
एवं जहा इंदा तहा दिसाओ चत्तारि वि ।
जहा अग्गेयी तहा चत्तारि वि विदिसाओ ।

प० विमला णं भंते ! दिसा किमादिया (जाव)[1]
किं संठिया पन्नत्ता ?

उ० गोयमा ! १. विमला णं दिसा रुयगादीया,

२. रुयगप्पवहा,

३. चउप्पएसादीया,

४. दुपदेस-वित्थिण्णा, अणुत्तरा,

५-६. लोगं पडुच्च असंखेज्जपएसिया सेसं जहा अग्गेयीए । नवरं रुयगसंठिया पन्नत्ता ।

एवं तमा वि ।

—भग० स० १३, उ० ४, सु० १६-२२ ।

प्र० भगवन् ! १. आग्नेयी दिशा में क्या है ?

२. वह कहाँ से निकली है ?

३. उसके आदि में कितने प्रदेश हैं ?

४. उत्तरोत्तर कितने प्रदेशों की वृद्धि होती है ?

५. उसके कितने प्रदेश हैं ?

६. उसका अन्त कहाँ होता है ?

७. और उसका संस्थान कैसा कहा गया है ?

उ० गौतम ! आग्नेयी दिशा के १. आदि में रुचक प्रदेश है,

२. वह रुचक प्रदेशों से निकली है,

३. उसके आदि में एक प्रदेश है,

४. वह (अन्त तक) एक प्रदेश के विस्तार वाली है (अतएव) उत्तरोत्तर वृद्धि रहित हैं,

५. लोक की अपेक्षा वह असंख्यप्रदेशवाली है और अलोक की अपेक्षा अनन्त प्रदेशवाली है,

६. लोक की अपेक्षा वह सादि-सान्त है और अलोक की अपेक्षा सादि-अनन्त है,

७. और उसका संस्थान टूटी हुई मोतियों की माला जैसा कहा गया है ।

याम्या दिशा इन्द्रा जैसी है और नैऋति आग्नेयी जैसी है ।
इस प्रकार जैसी इन्द्रा दिशा है वैसी ही चारों दिशाएँ हैं ।
जैसी आग्नेयी विदिशा है वैसी ही चारों विदिशाएँ हैं ।

प्र० भगवन् ! १-६. विमला दिशा के आदि में क्या है ? (यावत्)
७. उसका संस्थान कैसा कहा गया है ?

उ० गौतम ! १. विमला दिशा के आदि में रुचक प्रदेश है,

२. वह रुचक प्रदेशों से निकली है,

३. उसके आदि में चार रुचक प्रदेश हैं,

४. वह अन्त तक दो प्रदेशों के विस्तारवाली है अतएव उत्तरोत्तर वृद्धि रहित है,

५-६. लोक की अपेक्षा वह असंख्यप्रदेशवाली है शेष आग्नेयी विदिशा जैसी है; विशेष उसका संस्थान रुचक प्रदेश जैसा कहा गया है ।

इसी प्रकार तमा दिशा भी है ।

---

१. महा० वि० की प्रति में मूल पाठ इस प्रकार है—"**विमला णं भंते ! दिसा किमादिया० पुच्छा**" ।

दिसासु जीवाजीवा तद्देस-पएसा य—

५४ : प० इंदा णं भंते ! दिसा किं जीवा **जीवदेसा, जीवपदेसा, अजीवा अजीवदेसा, अजीवपदेसा ?**

उ० गोयमा ! जीवा वि तं चेव **जाव** अजीवपएसा वि ।

जे जीवा ते नियमं एगिंदिया बेइंदिया जाव पंचिंदिया, अणिंदिया ।

जे जीवदेसा ते नियमं एगिंदियदेसा जाव अणिंदिय-देसा ।

जे जीवपएसा ते नियमं एगिंदियपदेसा जाव अणिंदियपदेसा ।

जे अजीवा ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—

१ रूवी अजीवा य,

२. अरूवी अजीवा य ।

जे रूवी अजीवा ते चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा—

१. खंधा, २. खंधदेसा,

३. खंधपएसा, ४. परमाणुपोग्गला ।

जे अरूवी अजीवा ते सत्तविहा पण्णत्ता, तं जहा—

नो धम्मत्थिकाए ।

१ धम्मत्थिकायस्स देसे,

२. धम्मत्थिकायस्स पदेसा, नो अधम्मत्थिकाए,

३. अधम्मत्थिकायस्स देसे,

४. अधम्मत्थिकायस्स पदेसा, नो आगासत्थिकाए,

५. आगासत्थिकायस्स देसे,

६. आगासत्थिकायस्स पदेसा,

७. अद्धासमए ।

—भग० स० १०, उ० १, सु० ८ ।

दिशाओं में जीव, अजीव और उनके देश, प्रदेश—

५४ : प्र० भगवन् ! (क्या) इन्द्रा दिशा में जीव, जीव-देश, जीव-प्रदेश, अजीव, अजीव-देश और अजीव-प्रदेश हैं ?

उ० गौतम ! इन्द्रा दिशा में जीव हैं यावत् अजीव-प्रदेश भी है ।

इन्द्रा दिशा में जितने जीव हैं वे नियमतः एकेन्द्रिय जीव हैं, द्वीन्द्रिय जीव हैं यावत् पंचेन्द्रिय जीव हैं और अनिन्द्रिय है ।

वहाँ जितने जीव देश हैं, वे नियमतः एकेन्द्रिय जीवों के देश हैं यावत् अनिन्द्रिय जीवों के देश है ।

वहाँ जितने जीव प्रदेश हैं वे नियमतः एकेन्द्रिय जीवों के प्रदेश हैं यावत् अनिन्द्रिय जीवों के प्रदेश हैं ।

वहाँ जितने अजीव हैं, वे दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा—

१. रूपी अजीव, और

२. अरूपी अजीव ।

वहाँ जितने रूपी अजीव हैं वे चार प्रकार के कहें गये हैं, यथा—

१. स्कंध, २. स्कंध-देश,

३. स्कंध-प्रदेश, ४. परमाणु-पुद्गल ।

वहाँ जितने अरूपी अजीव हैं वे सात प्रकार के कहे गये हैं, यथा—धर्मास्तिकाय नहीं है ।

१. धर्मास्तिकाय का देश है,

२. धर्मास्तिकाय के प्रदेश हैं । अधर्मास्तिकाय नहीं है,

३. अधर्मास्तिकाय का देश है,

४. अधर्मास्तिकाय के प्रदेश हैं । आकाशास्तिकाय नहीं है,

५. आकाशास्तिकाय का देश है,

६. आकाशास्तिकाय के प्रदेश हैं,

७. अद्धासमय ।

५५ : प० अग्गेयी णं भंते ! दिसा किं जीवा (जाव) अजीव-पएसा ?

उ० गोयमा ! णो जीवा, **जीवदेसा वि, जीवपदेसा वि, अजीवा वि, अजीवदेसा वि, अजीवपदेसा वि ।**

जे जीवदेसा ते नियमं एगिंदियदेसा ।

अहवा—१. एगिंदियदेसा य, बेइंदियस्स देसे ।

अहवा—२. एगिंदियदेसा य, बेइंदियस्स देसा ।

अहवा—३. एगिंदियदेसा य, बेइंदियाण य देसा ।

५५ : प्र० हे भगवन् ! क्या आग्नेयी दिशा में जीव हैं यावत् अजीव प्रदेश हैं ?

उ० हे गौतम ! वहाँ जीव नहीं हैं किन्तु जीवदेश है, जीव प्रदेश हैं, अजीव हैं, अजीवदेश हैं और अजीवप्रदेश हैं ।

वहाँ जितने जीव देश हैं वे नियमतः एकेन्द्रियजीवों के देश हैं ।

अथवा : एकेन्द्रिय जीवों के देश हैं और द्वीन्द्रियजीव का देश है ।

अथवा : एकेन्द्रिय जीवों के देश हैं और द्वीन्द्रियजीव के देश हैं ।

अथवा : एकेन्द्रिय जीवों के देश हैं और द्वीन्द्रियजीवों के देश है ।

अहवा—एगिंदियदेसा य, तेइंदियस्स देसे।

एवं चेव तियभंगो भाणियव्वो।
एवं जाव अणिंदियाण तियभंगो ।।

जे जीवपदेसा ते नियमा एगिंदियपदेसा।

अहवा—एगिंदियपदेसा य, बेइंदियस्स पदेसा।

अहवा—एगिंदियपदेसा य, बेइंदियाण य पदेसा।

एवं आदिल्ल विरहिओ जाव अणिंदियाणं।

जे अजीवा ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—
१. रूवि-अजीवा य,
२. अरूवि अजीवा य।
जे रूविअजीवा ते चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा—
खंधा जाव परमाणुपोग्गला।
जे अरूविअजीवा ते सत्तविधा पण्णत्ता, तं जहा—
नो धम्मत्थिकाए,
१. धम्मत्थिकायस्स देसे,
२. धम्मत्थिकायस्स पदेसा।
एवं ३-४ अधमत्थिकायस्स वि।
एवं ५-६ आगासत्थिकायस्स वि, जाव आगासत्थिकायस्स पदेसा, ७ अद्धासमए।
प० जम्मा णं भंते ! दिसा किं जीवा जाव अजीवपएसा ?

उ० जहा इंदा तहेव निरवसेसं।
नेरई जहा अग्गेयी,
वारुणी जहा इंदा,
वायव्वा जहा अग्गेयी,
सोमा जहा इंदा,
ईसाणी जहा अग्गेयी।
विमलाए जीवा जहा अग्गेयी, अजीवा जहा इंदाए।

एवं तमाए वि, नवरं अरूवी छव्विहा। अद्धासमयो न भण्णति।

—भग० स० १०, उ० १, सू० ६-१७।

अथवा : एकेन्द्रिय जीवों के देश हैं और त्रेन्द्रिय जीव का देश है।

इस प्रकार त्रीन्द्रिय के तीन भंग कहने चाहिए। यावत् अनिन्द्रिय जीवों के भी तीन भंग करने चाहिए।

वहाँ जितने जोव प्रदेश हैं वे नियमतः एकेन्द्रिय जीवों के प्रदेश है।

अथवा : एकेन्द्रिय जीवों के प्रदेश हैं और द्वीन्द्रिय जीव के प्रदेश हैं।

अथवा : एकेन्द्रिय जीवों के प्रदेश हैं और द्वीन्द्रिय जीवों के प्रदेश हैं।

इस प्रकार प्रथम भंग छोड़कर यावत् अनिन्द्रिय पर्यन्त भंग कहने चाहिए।

वहाँ जितने अजीव हैं वे दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा—
१. रूपी अजीव,
२. और अरूपी अजीव।

वहाँ जितने रूपी अजीव हैं, वे चार प्रकार के कहे गये हैं, यथा—स्कंध यावत् परमाणुपुद्गल।

वहाँ जितने अरूपी अजीव हैं, वे सात प्रकार के कहे गये हैं, यथा—धर्मास्तिकाय नहीं है।
१. धमास्तिकाय का देश है,
२. अधर्मास्तिकाय के प्रदेश हैं, इसी प्रकार
३-४. धर्मास्तिकाय के,
५-६. आकाशास्तिकाय के यावत् आकाशास्तिकाय के प्रदेश हैं, ७. अद्धासमय।

उ० [१] हे गौतम ! एक लाख अठारह हजार योजन की मोटाई वाली धूमप्रभा के ऊपर से एक हजार योजन अन्दर प्रवेश करने पर और नीचे एक हजार योजन छोड़ने पर एक लाख सोलह हजार योजन प्रमाण मध्य भाग में धूमप्रभा पृथ्वी के नैरयिकों के तीन लाख नरकावास हैं—ऐसा कहा गया है ।

ये नरकावास अन्दर से वृत्ताकार (गोलाकार) हैं, बाहर से चोकोर हैं (यावत्) इन नरकावासों में वेदना भी अशुभ है । इन नरकावासों में धूमप्रभा पृथ्वी के पर्याप्त तथा अपर्याप्त नैरयिकों के स्थान कहे गये हैं ।

[२] लोक के असंख्यातवें भाग में ये नैरयिक उत्पन्न होते हैं ।
लोक के असंख्यातवें भाग में ये नैरयिक समुद्घात करते हैं ।
लोक के असंख्यातवें भाग में इन नैरयिकों के अपने स्थान हैं, इनमें धूमप्रभा पृथ्वी के अनेक नैरयिक रहते हैं ।
ये नैरयिक कृष्ण वर्ण वाले हैं (यावत्) नरक भयका अनुभव करते रहते हैं ।

तमप्पभानेरइयाणं ठाणाइं—

तमःप्रभा के नैरयिक स्थान—

१३४ : प० [१] कहि णं भंते ! तमप्पभापुढविनेरइयाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

[२] कहि णं भंते ! तमप्पभापुढविनेरइया परिवसंति ?

१३४ : प्र० [१] हे भगवन् ! तमःप्रभा पृथ्वी के पर्याप्त और अपर्याप्त नैरयिकों के स्थान कहाँ पर कहे गये हैं ?

[२] हे भगवन् ! तमःप्रभा पृथ्वी के नैरयिक कहाँ रहते हैं ?

उ० [१] गोयमा ! तमप्पभाएपुढवीए सोलसुत्तर जोयणसयसहस्स बाहल्लाए उवरिं एगं जोयण-सहस्सं ओगाहित्ता, हेट्ठा वेगं जोयणसहस्सं वज्जेत्ता, मज्झे चोद्दसुत्तरे जोयणसयसहस्से—एत्थ णं तमप्पभा पुढविनेरइयाणं एगे पंचूणे णरगावाससयसहस्से भवंतीतिमक्खायं ।[4]

ते णं णरगा अंतो वट्टा बाहिं चउरंसा (जाव) असुभा नरगेसु वेयणाओ[5]—एत्थ णं तमप्पभा पुढविनेरइयाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ।

[२] उववाएणं लोयस्स असंखेज्जइभागे,
समुग्घाएणं लोयस्स असंखेज्जइभागे,

उ० [१] हे गौतम ! एक लाख सोलह हजार योजन की मोटाई वाली तमःप्रभा पृथ्वी के ऊपर से एक हजार योजन अन्दर प्रवेश करने पर और नीचे एक हजार योजन छोड़ने पर एक लाख चौदह हजार योजनप्रमाण मध्यभाग में तमःप्रभा पृथ्वी के नैरयिकों के पाँच कम एक लाख नरकावास हैं—ऐसा कहा गया है ।

ये नरकावास अन्दर से गोलाकार हैं, बाहर से चोकोर हैं (यावत्) इन नरकावासों में वेदना भी अशुभ है । इन नरकावासों में तमःप्रभा पृथ्वी के पर्याप्त तथा अपर्याप्त नैरयिकों के स्थान कहे गये हैं ।

[२] लोक के असंख्यातवें भाग में ये नैरयिक उत्पन्न होते हैं ।
लोक के असंख्यातवें भाग में ये नैरयिक समुद्घात करते हैं ।

---

१. सम० १८, सु० ७ ।
२. (क) ठाणं ३, उ० १, सु० १४७ । (ख) भग० स० १३, उ० १, सु० १४ ।
३. जीवा० प० ३, उ० १, सु० ८१ । ४. भग० स० १३, उ० १, सु० १५ ।
५. जीवा० प० ३, उ० १, सु० ८१ ।

सट्ठाणेणं लोयस्स असंखेज्जइभागे—तत्थ णं बहवे तमप्पभा पुढविनेरइया परिवसंति। काला (जाव) नरगभयं पच्चणुभवमाणा विहरंति।

—पण्ण० पद० २, सु० १७३।

लोक के असंख्यातवें भाग में इन नैरयिकों के अपने स्थान है, इनमें तमःप्रभा पृथ्वी के अनेक नैरयिक रहते हैं।

ये नैरयिक कृष्ण वर्ण वाले हैं (यावत्) नरक भयका अनुभव करते रहते हैं।

तमतमापुढविनेरइयाणं ठाणाइं—

तमस्तमा पृथ्वी के नैरयिक स्थान—

१३५ : प० [१] कहि णं भंते ! तमतमापुढविनेरइयाणं पज्जत्ता-ऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

[२] कहि णं भंते ? तमतमापुढविनेरइया परिवसंति ?

१३५ : प्र० [१] हे भगवन् ! तमस्तमःप्रभा पृथ्वी के पर्याप्त और अपर्याप्त नैरयिकों के स्थान कहाँ पर कहे गये हैं ?

[२] हे भगवन् ! तमस्तमःप्रभा पृथ्वी के नैरयिक कहाँ रहते हैं ?

उ० [१] गोयमा ! तमतमाए पुढवीए अट्ठोत्तरजोयणसयसहस्सबाहल्लाए उवरिं अद्धतेवण्णं जोयणसहस्साइं ओगाहित्ता, हेट्ठा वि अद्धतेवण्णं वज्जेत्ता, मज्झे तिसु जोयणसहस्सेसु—एत्थ णं तमतमापुढविनेरइयाणं पज्जत्ता-ऽपज्जत्ताणं[1] पंचदिसिं पंच अणुत्तरा महइमहालया महाणिरया पण्णत्ता, तं जहा—(१) काले, (२) महाकाले, (३) रोरुए, (४) महारोरुए, (५) अप्पइट्ठाणे।[2] ते णं णरगा अंतो वट्टा बाहिं चउरंसा (जाव) असुभा नरगेसु वेयणाओ[3]—एत्थ णं तमतमापुढविनेरइयाणं पज्जत्ता-ऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता।

उ० [१] हे गौतम ! एक लाख आठ हजार योजन की मोटाई वाली तमस्तमःप्रभा पृथ्वी के ऊपर से साढ़े बावन हजार योजन अन्दर प्रवेश करने पर और नीचे साढ़े बावन हजार योजन छोड़ने पर तीन हजार योजन प्रमाण मध्यभाग में तमस्तमःप्रभा पृथ्वी के नैरयिकों के पाँच दिशाओं में अति विशाल पाँच नरकावास कहे गये हैं, यथा—(१) काल, (२) महाकाल, (३) रौरव, (४) महारौरव, (५) और अप्रतिष्ठान।

ये नरकावास अन्दर से वृत्ताकार हैं, बाहर से चतुष्कोण हैं, यावत् इन नरकावासों में वेदना भी अशुभ है। इन नरकावासों में तमस्तमःप्रभा पृथ्वी के पर्याप्त तथा अपर्याप्त नैरयिकों के स्थान कहे गये हैं।

[२] उववाएणं लोयस्स असंखेज्जइभागे,
समुग्घाएणं लोयस्स असंखेज्जइभागे,
सट्ठाणेणं लोयस्स असंखेज्जइभागे—तत्थ णं बहवे तमतमापुढविनेरइया परिवसंति।[4]
काला (जाव) णरगभयं पच्चणुभवमाणा विहरंति।

—पण्ण० पद० २, सु० १७४।

[२] लोक के असंख्यातवें भाग में ये नैरयिक उत्पन्न होते हैं।
लोक के असंख्यातवें भाग में ये नैरयिक समुद्घात करते हैं।
लोक के असंख्यातवें भाग में इन नैरयिकों के अपने स्थान हैं, इनमें तमस्तमःप्रभा पृथ्वी के अनेक नैरयिक रहते हैं।

ये नैरयिक कृष्ण वर्ण वाले हैं यावत् नरक भयका अनुभव करते रहते हैं।

---

१. सम० सु० १४९, १५०।
२. (क) भग० स० १३, उ० १, सु० १६। (ख) ठाणं० ५, उ० ३, सु० ४५१।
३. जीवा० प० ३, उ० १, सु० ८१।
४. "पर्याप्त तथा अपर्याप्त नैरयिकों के स्थान कहाँ है ?" यह प्रथम प्रश्न है और "वे कहाँ रहते हैं ?" यह द्वितीय प्रश्न है। इन दोनों प्रश्नों के उत्तर भी यहाँ क्रमशः दो ही दिये हैं।
महावीर विद्यालय से प्रकाशित प्रज्ञापना स्थान पद सूत्रांक १६७, १६८ और १६९ में यही क्रम रहा। किन्तु सूत्रांक १७० से १७४ पर्यन्त सभी सूत्रों में केवल प्रथम प्रश्न है, द्वितीय प्रश्न नहीं है। जबकि पूर्ववत् उत्तर दोनों ही हैं। इन सूत्रों में संक्षिप्त वाचनासूचक जाव, जहा, एवं आदि संकेत वाक्य भी नहीं है।
पाठकों की सुविधा के लिए यहाँ सूत्रांक १७० से १७४ पर्यन्त सभी में दो प्रश्न और उनके दो उत्तर क्रमशः दिये गये हैं।

अप्पइट्ठाणणरयस्स आयाम-विक्खंभा—

१३६ : अप्पइट्ठाणे नरए एगं जोयणसयसहस्सं आयाम-विक्खंभेणं पण्णत्ते ।

—सम० १, सु० २० ।

अप्रतिष्ठान नरकावास का आयाम-विष्कंभ—

१३६ : अप्रतिष्ठान नरकावास एक लाख योजन का लम्बा चौड़ा कहा गया है ।

सत्तपुढवीणं बाहल्लं—

१३७ : गाहा—

(१) आसीतं
(२) बत्तीसं
(३) अट्ठावीसं च होइ
(४) वीसं च ।
(५) अट्ठारस
(६) सोलसगं
(७) अट्ठुत्तरमेव हिट्ठिमया ॥ १ ॥

—पण्ण० पद० २, सु० १७४ ।

सप्त पृथ्वियों का बाहल्य—

१३७ : गाथार्थ :—

१. रत्नप्रभा पृथ्वी का बाहल्य—१,८०,००० योजन हैं ।
२. शर्कराप्रभा पृथ्वी का बाहल्य—१,३२,००० योजन हैं ।
३. वालुकाप्रभा पृथ्वी का बाहल्य—१,२८,००० योजन हैं ।
४. पंकप्रभा पृथ्वी का बाहल्य—१,२०,००० योजन हैं ।
५. धूमप्रभा पृथ्वी का बाहल्य—१,१८,००० योजन हैं ।
६. तमःप्रभा पृथ्वी का बाहल्य—१,१६,००० योजन हैं ।
७. नीचे की तमस्तमप्रभा पृथ्वी का बाहल्य—१,०८,००० योजन हैं ।

सत्तपुढविनिरयावासाणं ठाणं—

१३८ : गाहाओ—

(१) अडहुत्तरं च ।
(२) तीसं
(३) छव्वीसं चेव सतसहस्सं तु ।
(४) अट्ठारस
(५) सोलसगं
(६) चोद्दसमहियं तु छट्ठीए ॥ २ ॥
(७) अद्धतिवण्णसहस्सा उवरिमज्झे वज्जिऊणतो भणियं ।
मज्झे उ तिसु सहस्सेसु होंति नरगा तमतमाए ॥३॥

—पण्ण० पद० २, सु० १७४ ।

सप्त पृथ्वी स्थित नरकावासों के स्थान—

१३८ : गाथार्थ :—

१. रत्नप्रभा पृथ्वी के नरकावास १,७८,००० योजन में हैं ।
२. शर्कराप्रभा पृथ्वी के नरकावास १,३०,००० योजन में हैं ।
३. वालुकाप्रभा पृथ्वी के नरकावास १,२६,००० योजन में हैं ।
४. पंकप्रभा पृथ्वी के नरकावास १,१८,००० योजन में हैं ।
५. धूमप्रभा पृथ्वी के नरकावास १,१६,००० योजन में हैं ।
६. तमःप्रभा पृथ्वी के नरकावास १,१४,००० योजन में हैं ।
७. साढ़े बावन हजार योजन ऊपर और नीचे छोड़कर मध्य में तमस्तमःप्रभापृथ्वी के नरकावास—३,००० योजन में है कहा है ।

निरयावासाणं संजुत्तसंखा—

१३९ : पढम-पंचम-छट्ठी-सत्तमीसु चउसु पुढवीसु चोत्तीसं निरयावाससयसहस्सा पण्णत्ता ।

— सम० ३४, सु० ६ ।

नरकावासों की संयुक्त संख्या—

१३९ : प्रथम, पंचम, षष्ठ और सप्तम, इन चार पृथ्वियों में (सब को मिलाकर) चौतीस लाख नरकावास कहे गये हैं ।

१४० : बितिय-चउत्थीसु दोसु पुढवीसु पणतीसं निरयावाससयसहस्सा पण्णत्ता ।

—सम० ३५, सु० ६ ।

१४० : द्वितीय तथा चतुर्थ, इन दोनों पृथ्वियों में पैंतीस लाख नरकावास कहे गये हैं ।

१४१ : दोच्च-चउत्थ-पंचम-छट्ठ-सत्तमासु णं पंचसु पुढवीसु एगूणचत्तालीसं निरयावाससयसहस्सा पण्णत्ता ।

—सम० ३९, सु० ३ ।

१४१ : द्वितीय, चतुर्थ, पंचम, षष्ठ और सप्तम, इन पाँचों पृथ्वियों में उनतालीस लाख नरकावास कहे गये हैं ।

१४२ : चउसु पुढवीसु एक्कचत्तालीसं निरयावाससयसहस्सा पण्णत्ता, तं जहा—रयणप्पभाए, पंकप्पभाए, तमाए, तमतमाए ।

—सम० ४१, सु० २ ।

१४२ : चार पृथ्वियों में इकतालीस लाख नरकावास कहे गये हैं, यथा—रत्नप्रभा, पंकप्रभा, तमःप्रभा और तमस्तमःप्रभा ।

१४३ : पढम-चउत्थ-पंचमासु पुढवीसु तेयालीसं निरयावाससयसहस्सा पण्णत्ता ।

—सम० ४३, सु० २ ।

१४३ : प्रथम, चतुर्थ तथा पंचम पृथ्वियों में तियालीस लाख नरकावास कहे गये हैं ।

१४४ : पढम-बिइयासु दोसु पुढवीसु पणवन्नं निरयावाससयसहस्सा पण्णत्ता ।

—सम० ५५, सु० ५ ।

१४४ : प्रथम तथा द्वितीय, दोनों पृथ्वियों में पचपन लाख नरकावास कहे गये हैं ।

१४५ : पढम-दोच्च-पंचमासु तिसु पुढवीसु अट्ठावन्नं निरयावाससयसहस्सा पण्णत्ता ।

—सम० ५८, सु० १ ।

१४५ : प्रथम, द्वितीय और पंचम, इन तीनों पृथ्वियों में अठावन लाख नरकावास कहे गये हैं ।

१४६ : चउत्थवज्जासु छसु पुढवीसु चोवत्तरिं निरयावाससयसहस्सा पण्णत्ता ।

—सम० ७४, सु० ४ ।

१४६ : चतुर्थ को छोड़कर शेष छह पृथ्वियों में चौहत्तर लाख नरकावास कहे गये हैं ।

पुढवीसु निरयावासा—

पृथ्वियों में नरकावास—

१४७ : प० इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए केवइया निरयावाससयसहस्सा पण्णत्ता ?

उ० गोयमा ! तीसं णिरयावाससयसहस्सा पण्णत्ता ।

एवं एएणं अभिलावेणं सव्वासिं पुच्छा, इमा गाहा अणुगंतव्वा—

(१) तीसा य
(२) पण्णवीसा
(३) पण्णरस
(४) दसेव
(५) तिण्णि य हवंति ।
(६) पंचूणसयसहस्सं
(७) पंचेव अणुत्तरा णरगा ।।[1]

१४७ : प्र० भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में कितने लाख नरकावास कहे गये हैं ?

उ० गौतम ! तीसलाख नरकावास कहे गये हैं ।

इस प्रकार ऐसे प्रश्नोत्तरों से इस गाथा की व्याख्या करनी चाहिए ।

रत्नप्रभा में तीस लाख नरकावास हैं ।
शर्कराप्रभा में पच्चीसलाख नरकावास हैं,
वालुकाप्रभा में पन्द्रहलाख नरकावास हैं,
पंकप्रभा में दसलाख नरकावास हैं,
धूमप्रभा में तीनलाख नरकावास हैं,
तमःप्रभा में पाँच कम एकलाख नरकावास हैं,
तमस्तमःप्रभा में पाँच बहुत बड़े नरकावास है,

---

१. (क) सम० सु० १५० । (ख) भग० स० १, उ० ५, सु० १, २ ।
(ग) पण्ण० पद २, सु० १७४ ।

जाव अहे सत्तमाए पंच अणुत्तरा महति-महालया महाणरगा पण्णत्ता, तं जहा—

१, काले, २. महाकाले, ३. रोरुए, ४. महारोरुए, ५. अपइट्ठाणे ।[1]

—जीवा० पडि० ३, उ० १, सु० ७० ।

यावत् नीचे सातवीं पृथ्वी में पाँच सबसे बड़े अति विस्तृत महानरकावास कहे गये हैं, यथा—

(१) काल, (२) महाकाल, (३) रोरुक, (४) महा-रोरुक, (५) अप्रतिष्ठान ।

पाँच नरकावासों का दिशा विभाग—

१. **क—गाहा—पुव्वेण होइ कालो, अवरेणं, अपइट्ठ, महकालो ।**
रोरू दाहिणपासे, उत्तरपासे महारोरू ॥

ख—रत्नप्रभा से लेकर तमःप्रभा पर्यंत छह पृथ्वियों में से प्रत्येक पृथ्वी में दो प्रकार के नरकावास हैं । (१) आवलिका प्रविष्ट और (२) आवलिकाबाह्य (प्रकीर्णक विखरे हुए) ।

(१) **रत्नप्रभापृथ्वी में १३ प्रस्तट** (भवन की भूमिका तुल्य) हैं ।

प्रथम प्रस्तट की पूर्वादि चारों दिशाओं में से प्रत्येक दिशा में ४९, ४९ आवलिका-प्रविष्ट नरकावास हैं और चार विदिशाओं में से प्रत्येक विदिशा में ४८, ४८ आवलिका प्रस्तट हैं ।

मध्य में सीमंतक नाम का नरकेन्द्रक (प्रमुख) नरकावास है ।

इस प्रकार प्रथम प्रस्तट में आवलिकाप्रविष्ट नरकावास ३८९ हैं ।

शेष बारह प्रस्तटों में से प्रत्येक प्रस्तट की दिशा तथा विदिशाओं में एक-एक नरकावास कम होने पर प्रत्येक प्रस्तट में आठ-आठ नरकावास कम हो जाते हैं ।

प्रथम प्रस्तट में ३८९ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं ।
द्वितीय प्रस्तट में ३८१ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं ।
तृतीय प्रस्तट में ३७३ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं ।
चतुर्थ प्रस्तट में ३६५ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं ।
पंचम प्रस्तट में ३५७ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं ।
षष्ठ प्रस्तट में ३४९ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं ।
सप्तम प्रस्तट में ३४१ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं ।
अष्ठम प्रस्तट में ३३३ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं ।
नवम प्रस्तट में ३२५ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं ।
दशम प्रस्तट में ३१७ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं ।
एकादश प्रस्तट में ३०९ आवलिका प्रविष्ट नरकावास हैं ।
द्वादश प्रस्तट में ३०१ आवलिका प्रविष्ट नरकावास हैं ।
त्रयोदश प्रस्तट में २९३ आवलिका प्रविष्ट नरकावास हैं ।

इन तेरह प्रस्तटों में आवलिकाप्रविष्ट नरकावास ४४३३ हैं । और आवलिकाबाह्य (प्रकीर्णक) नरकावास उनतीस लाख पिचानवे हजार पाँच सौ सडसठ (२९,९५,५,६७) हैं ।

आवलिकाप्रविष्ट और आवलिकाबाह्य नरकावासों की संयुक्त संख्या तीस लाख (३०००००) हैं ।

गाहा—सत्तट्ठी पंचसया, पणनउइसहस्स लक्खगुणतीसं ।
रयणाए सेढीगया, चोयालसया उ तित्तीसं ॥

(२) शर्कराप्रभा में ११ प्रस्तट हैं—

प्रथम प्रस्तट की पूर्वादि चारों दिशाओं में से प्रत्येक दिशा में ३६, ३६ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं और प्रत्येक विदिशा में ३५, ३५ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं । मध्य में एक नरकेन्द्रक प्रमुख नरकावास है । इस प्रकार प्रथम प्रस्तट में आवलिकाप्रविष्ट २८५ नरकावास है ।

(क्रमशः)

शेष दस प्रस्तटों में से प्रत्येक प्रस्तट की पूर्वादि चारों दिशा तथा विदिशाओं में से एक-एक नरकावास कम होने पर प्रत्येक प्रस्तट में ८, ८ नरकावास कम हो जाते हैं।

प्रथम प्रस्तट में २८५ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
द्वितीय प्रस्तट में २७७ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
तृतीय प्रस्तट में २६९ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
चतुर्थ प्रस्तट में २६१ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
पंचम प्रस्तट में २५३ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
षष्ठ प्रस्तट में २४५ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
सप्तम प्रस्तट में २३७ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
अष्टम प्रस्तट में २२९ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
नवम प्रस्तट में २२१ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
दशम प्रस्तट में २१३ आवलिका प्रविष्ट नरकावास हैं।
एकादश प्रस्तट में २०५ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।

इस प्रकार ११ प्रस्तटों में आवलिकाप्रविष्ट नरकावास २६९५ हैं और आवलिकाबाह्य (प्रकीर्णक) नरकावास चौबीस लाख सत्तानवें हजार तीन सौ पाँच (२४,९७,३०५) हैं।

आवलिकाप्रविष्ट और आवलिका बाह्य नरकावासों की संयुक्त संख्या पच्चीस लाख (२५००००) है।

गाहा—सत्ताणउइ सहस्सा, चउवीसं लक्ख तिसय पंचऽहिया।
बीयाए सेढिगया, छव्वीससया उ पणनउया॥

(३) वालुकाप्रभा में ९ प्रस्तट है—

प्रथम प्रस्तट की पूर्वादि चारों दिशाओं में से प्रत्येक दिशा में २५, २५ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं और प्रत्येक विदिशा में २४, २४ आवलिका प्रविष्ट नरकावास हैं। मध्य में एक नरकेन्द्रक—प्रमुख नरकावास है। इस प्रकार प्रथम प्रस्तट में आवलिका प्रविष्ट नरकावास १९७ हैं।

शेष आठ प्रस्तटों की प्रत्येक दिशा-विदिशा में एक-एक नरकावास कम होने पर प्रत्येक प्रस्तट में आठ-आठ नरकावास कम हो जाते हैं।

प्रथम प्रस्तट में १९७ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
द्वितीय प्रस्तट में १८९ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
तृतीय प्रस्तट में १८२ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
चतुर्थ प्रस्तट में १७३ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
पंचम प्रस्तट में १६५ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
षष्ठ प्रस्तट में १५७ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
सप्तम प्रस्तट में १४९ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
अष्टम प्रस्तट में १४१ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।
नवम प्रस्तट में १३३ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।

इस प्रकार ९ प्रस्तटों में आवलिकाप्रविष्ट नरकावास १४८५ हैं। और आवलिका बाह्य नरकावास चौदह लाख अठानवे हजार पाँच सौ पन्द्रह (१४,९८,५१५) हैं।

आवलिकाप्रविष्ट और आवलिकाबाह्य नरकावासों की संयुक्त संख्या पन्द्रह लाख (१५००००) हैं।

गाहा—पंचसया पन्नारा, अडनवइ सहस्स लक्ख चोद्दस य।
तइयाए सेढिगया, पणसीया चोद्दससया उ॥

(४) पंकप्रभा में सात प्रस्तट हैं—

प्रथम प्रस्तट की पूर्वादि चारों दिशाओं में से प्रत्येक दिशा में १६, १६ आवलिका प्रविष्ट नरकावास हैं। और प्रत्येक विदिशा में १५, १५ आवलिका प्रविष्ट नरकावास हैं। मध्य में एक—नरकेन्द्र प्रमुख नरकावास है। (क्रमशः)

इस प्रकार प्रथम प्रस्तट में आवलिकाप्रविष्ट नरकावास १२५ है।

शेष ६ प्रस्तटों में से प्रत्येक प्रस्तट की प्रत्येक दिशा-विदिशाओं में एक-एक नरकावास कम होने पर प्रत्येक प्रस्तट में आठ-आठ नरकावास कम हो जाते हैं।

प्रथम प्रस्तट में १२५ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।

द्वितीय प्रस्तट में ११७ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।

तृतीय प्रस्तट में १०९ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।

चतुर्थ प्रस्तट में १०१ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।

पंचम प्रस्तट में ९३ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।

षष्ठ प्रस्तट मे ८५ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।

सप्तम प्रस्तट में ७७ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।

इस प्रकार सात प्रस्तटों में आवलिकाप्रविष्ट नरकावास ७०७ हैं और आवलिकाबाह्य नरकावास नव लाख निन्यानवे हजार दो सौ तिरानवे (९,९९,२९३) हैं।

आवलिका प्रविष्ट और आवलिका बाह्य नरकावासों की संयुक्त संख्या दस लाख (१०००००) है।

गाहा—तेणउया दोण्णिसया, नवनउइसहस्स नव य लक्खा य। पंकाए सेढिगया, सत्तसया हुंति सत्तहिया॥

(५) धूमप्रभा में पाँच प्रस्तट हैं—

प्रथम प्रस्तट की पूर्वादि चारों दिशाओं में से प्रत्येक दिशा में ९, ९ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास है और प्रत्येक विदिशा में ८, ८ आवलिका प्रविष्ट नरकावास है। मध्य में एक नरकेन्द्र (प्रमुख) नरकावास है। इस प्रकार प्रथम प्रस्तट में ६९ आवलिका प्रविष्ट नरकावास हैं।

शेष चार प्रस्तटों में से प्रत्येक प्रस्तट की प्रत्येक दिशा-विदिशा में एक-एक नरकावास कम होने पर प्रत्येक प्रस्तट में ८, ८ नरकावास कम हो जाते हैं।

प्रथम प्रस्तट में ६९ आवलिका प्रविष्ट नरकावास है।

द्वितीय प्रस्तट में ६१ आवलिका प्रविष्ट नरकावास हैं।

तृतीय प्रस्तट में ५३ आवलिका प्रविष्ट नरकावास हैं।

चतुर्थ प्रस्तट में ४५ आवलिका प्रविष्ट नरकावास हैं।

पंचम प्रस्तट में ३७ आवलिका प्रविष्ट नरकावास हैं।

इस प्रकार पाँच प्रस्तटों में आवलिकाप्रविष्ट नरकावास २६५ हैं और आवलिकाबाह्य (प्रकीर्णक) नरकावास २,९९,७३५ हैं। आवलिकाप्रविष्ट और आवलिकाबाह्य नरकावासों की संयुक्त संख्या ३००००० तीन लाख है।

गाहा—सत्तसया पणतीसा, नवनवइ सहस्स दो य लक्खा य। धूमाए सेढिगया, पणसट्ठा दो सया होंति॥

(६) तमःप्रभा में तीन प्रस्तट हैं—

प्रथम प्रस्तट की पूर्वादि चारों दिशाओं में से प्रत्येक दिशा में ४, ४ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं और प्रत्येक विदिशा में ३, ३ आवलिका प्रविष्ट नरकावास हैं। मध्य में एक नरकेन्द्रक (प्रमुख) नरकावास हैं। इस प्रकार प्रथम प्रस्तट में २९ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।

शेष दो प्रस्तटों में से प्रत्येक प्रस्तट की प्रत्येक दिशा-विदिशा में एक-एक नरकावास कम होने पर प्रत्येक प्रस्तट में ८, ८ नरकावास कम हो जाते हैं।

प्रथम प्रस्तट में २९ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।

द्वितीय प्रस्तट में २१ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।

तृतीय प्रस्तट में १३ आवलिकाप्रविष्ट नरकावास हैं।

इस प्रकार तीन प्रस्तटों में ६३ नरकावास आवलिकाप्रविष्ट हैं और ९९, ९३२ नरकावास आवलिका बाह्य हैं।

आवलिका प्रविष्ट और आवलिका बाह्य नरकावासों की संयुक्त संख्या ९९,९९५ हैं।

गाहा—नवनउई य सहस्सा, नव चेव सया हवंति बत्तीसा। पुढवीए छट्ठीए, पइण्णगाणेस संखेवो॥

* यह टिप्पण आगमोदय समिति प्रकाशित जीवाभिगमप्रतिपत्ति ३, उद्देशक १, सूत्र ७० की संस्कृत टीका के आधार से लिखा गया है।

णरगाणं-पमाणं—

१४८ : प० इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए णरगा केवतियं बाहल्लेणं पण्णत्ता ?

उ० गोयमा ! तिण्णि जोयणसहस्साइं बाहल्लेणं पण्णत्ता, तं जहा—हेट्ठा घणा सहस्सं, मज्झे झुसिरा सहस्सं, उप्पिं संकुइया सहस्सं ।

एवं जाव अहेसत्तमाए ।

—जीवा० पडि० ३, उ० १, सु० ८२ ।

नरकावासों का प्रमाण—

१४८ : प्र० हे भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नरकावासों की मोटाई कितनी कही गई हैं ?

उ० हे गौतम ! तीन हजार योजन की मोटाई कही गई है । यथा—नीचे एक हजार योजन घन हैं, मध्य में एक हजार योजन पोले हैं और ऊपर एक हजार योजन संकुचित है ।

इसी प्रकार यावत् नीचे सप्तम पृथ्वी पर्यन्त है ।

१४९ : प० इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए णरगा केवतियं आयाम-विक्खंभेणं, केवइयं परिक्खेवेणं पण्णत्ता ?

उ० गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—

१. संखेज्जवित्थडा य, २. असंखेज्जवित्थडा य ।[1]

तत्थ णं जे ते संखेज्जवित्थडा ते णं संखेज्जाइं जोयणसहस्साइं आयाम-विक्खंभेणं, संखेज्जाइं जोयण-सहस्साइं परिक्खेवेणं पण्णत्ता ।

तत्थ णं जे ते असंखेज्जवित्थडा ते णं असंखेज्जाइं जोयणसहस्साइं आयाम-विक्खंभेणं, असंखेज्जाइ जोयणसहस्साइं परिक्खेवेणं पण्णत्ता ।

एवं जाव तमाए ।

प० अहे सत्तमाए णं भंते ! पुढवीए णरगा केवतियं आयाम-विक्खंभेणं, केवतियं परिक्खेवेणं पण्णत्ता ?

उ० गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—

१. संखेज्जवित्थडे[2] य, २. असंखेज्जवित्थडा य ।

तत्थ णं जे ते संखेज्जवित्थडे से णं एक्कं जोयणसय-सहस्सं आयाम-विक्खंभेणं, तिन्नि जोयणसयसहस्साइं सोलससहस्साइं दोन्नि य सत्तावीसे जोयणसए तिन्नि कोसे य अट्ठावीसं च धणुसतं तेरस य अंगुलाइं अद्धं-गुलयं च किंचि विसेसाहिए परिक्खेवेणं पण्णत्ते ।

तत्थ णं जे ते असंखेज्जवित्थडा ते णं असंखेज्जाइं जोयण-सयसहस्साइं आयाम-विक्खंभेणं, असंखेज्जाइं जोयण-सयसहस्साइं परिक्खेवेणं पण्णत्ता ।

—जीवा० पडि० ३, उ० १, सु० ८२ ।

१४९ : प्र० हे भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नरकावासों का आयाम-विष्कम्भ (लम्बाई-चौड़ाई) कितना कहा गया है ? और उनकी परिधि कितनी कही गई है ?

उ० हे गौतम ! (इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नरकावास) दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा—

(१) संख्येय विस्तार वाले, और (२) असंख्येय विस्तार वाले,

इनमें जो संख्येय विस्तार वाले हैं उनका आयाम-विष्कम्भ संख्येय सहस्रयोजन का है और परिधि भी संख्येय सहस्रयोजन की है ।

जो असंख्येय विस्तार वाले हैं उनका आयाम-विष्कम्भ असंख्येय सहस्र योजन का है और परिधि भी असंख्येय सहस्र योजन की कही गई है ।

इसी प्रकार यावत् (छठी) तमा (पृथ्वी) पर्यन्त है ।

प्र० हे भगवन् ! नीचे सप्तम पृथ्वी के नारकावासों का आयाम-विष्कम्भ कितना कहा गया है और उनकी परिधि कितनी कही गई है ?

उ० हे गौतम ! (नीचे सप्तम पृथ्वी के नारकावास) दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा—

(१) संख्येय विस्तारवाले और (२) असंख्येय विस्तारवाले ।

इनमें जो संख्येय विस्तार वाले हैं उनका आयाम-विष्कम्भ एक लाख योजन का है और तीन लाख सोलह हजार दो सौ सत्ताईस योजन, तीन कोस एकसौ अठाईस धनुष कुछ अधिक साढ़े तेरह अंगुल की परिधि वाले कहे गये हैं ।

जो असंख्येय विस्तार वाले हैं । उनका आयाम-विष्कम्भ असंख्य लाख योजन का है और परिधि भी असंख्य लाख योजन की कही गई है ।

१-२. भग० स० १३, उ० १, सु० ५-११ तथा १७ ।

१५० : सीमंतए णं नरए पणयालीसं जोयणसयसहस्साइं आयाम-विक्खंभेणं पण्णत्ता ।

—सम० ४५, सु० २ ।

१५० : (प्रथम नरक के प्रथम प्रस्तट में) सीमंतक नामका नारकावास पैंतालीस लाख योजन के आयाम-विष्कम्भ वाला कहा गया है ।

१५१ : प० इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए णरका केमहालिया पण्णत्ता ?

उ० गोयमा ! अयं णं जंबुद्दीवे दीवे सव्व-दीव-समुद्दाणं सव्वब्भंतराए सव्व-खुड्डाए वट्टे तेल्लापूय-संठाण-संठिए, वट्टे रहचक्कवाल-संठाणसंठिए, वट्टे पुक्खर-कण्णिया-संठाणसंठिए, वट्टे पडिपुण्णचंद-संठाण-संठिए, एगं जोयणसयसहस्सं आयाम-विक्खंभेणं तिण्णि जोयणसयसहस्साइं सोलससहस्साइं दोण्णि य सत्ता-वीसे जोयणसए तिण्णि य कोसे अट्ठावीसं च धणुसयं तेरस य अंगुलाइं अद्धंगुलं च किंचिविसेसाहिए परि-क्खेवेणं पण्णत्ते ।

देवे णं महिड्ढीए जाव महाणुभागे जाव इणामेव इणामेवत्ति कट्टु इमं केवलकप्पं जंबुद्दीवं दीवं तिहिं अच्छरानिवाएहिं तिसत्तखुत्तो अणुपरियट्टित्ताणं हव्व-मागच्छेज्जा ।

से णं देवे ताए उक्किट्ठाए तुरिताए चवलाए चंडाए सिग्घाए उद्धुयाए जयणाए [छेगाए] दिव्वाए दिव्व-गतीए वीतिवयमाणे वीतिवयमाणे जहण्णेणं एगाहं वा, दुयाहं वा तियाहं वा उक्कोसेणं छम्मासेणं वीति-वएज्जा ?

१५१ : प्र० हे भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नारकावास कितने विशाल कहे गये हैं ?

उ० हे गौतम ! यह जम्बूद्वीप सब द्वीप-समुद्रों के मध्य में हैं, सबसे छोटा है, तेल में तले हुए पुये के समान वृत्त (गोल) संस्थान से संस्थित है, रथ के पहिये के समान वृत्त संस्थान से संस्थित है, पुष्करकर्णिका (कमल का मध्यभाग) के समान वृत्त संस्थान से संस्थित है, प्रतिपूर्ण चन्द्र के समान वृत्त संस्थान से संस्थित है, इसका आयाम-विष्कम्भ एकलाख योजन का है तथा तीनलाख सोलह हजार दो सौ सत्ताईस योजन तीन कोश एक सौ अट्ठाईस धनुष तेरह अंगुल और आधे अंगुल से कुल अधिक परिधि वाला कहा गया है ।

एक महर्धिक यावत् महानुभाग देव यावत् अभी आया अभी आया यों (कहता हुआ) तीन चुटकियों में इस पूर्वोक्त सम्पूर्ण जम्बू द्वीप नामक द्वीप की इक्कीसवार परिक्रमा करके शीघ्र आ जावे ।

प्र० (दौड़ लगाने में ऐसी शीघ्र गति वाला) वह देव उत्कृष्ट त्वरित चपल चण्ड शीघ्र उद्धत वेगयुक्त, दक्ष दिव्य देवगति से चलता-चलता जघन्य एक दिन, दो दिन, तीन दिन में उत्कृष्ट छः मास में (क्या उन नारकावासों को) पार कर सकता है ?

उ० अत्थेगतिए वीइवएज्जा, अत्थेगतिए नो वीतिवएज्जा ।[1]

उ० कुछ नरकावासों को पार कर सकता है और कुछ नारकावासों को नहीं पार कर सकता है ।

एमहालता णं गोयमा ! इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए णरगा पण्णत्ता ।

हे गौतम ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नरकावास इतने विशाल कहे हैं ।

एवं जाव अहेसत्तमाए ।[2]

इसी प्रकार यावत् नीचे सप्तम पृथ्वी पर्यन्त है ।

—जीवा० पडि० ३, उ० १, सु० ८४ ।

णरगाणं संठाणं—

नरकावासों के संस्थान—

१५२ : प० इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए णरका किं-संठिया पण्णत्ता ?

१५२ : प्र० हे भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नरकावास किस संस्थान के कहे गये हैं ?

---

१. प्रथम नरक के प्रथम प्रस्तट में सीमंतक नरकावास पैंतालीस लाख योजन का लम्बा चौड़ा है, इसलिए दिव्य देव गति द्वारा पार किया जा सकता है किन्तु असंख्य योजन लम्बे-चौड़े नरकावास दिव्य देवगति द्वारा भी छ मास की अवधि में पार नहीं किये जा सकते हैं ।

२. सप्तम नरक के पाँच नरकावासों में मध्य (तृतीय) नरकावास केवल एकलाख योजन के आयाम-विष्कम्भ वाला है; इस लिए दिव्य देवगति द्वारा अल्पावधि में पार किया जा सकता है किन्तु शेष चार नरकावास असंख्य योजन लम्बे-चौड़े हैं अतः वे छ मास की अवधि में पार नहीं किया जा सकते हैं ।

उ० गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—

(१) आवलिय-पविट्ठा य ।

(२) आवलिय-बाहिरा य ।

तत्थणं जे ते आवलिय-पविट्ठा ते तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—वट्टा, तंसा, चउरंसा ।

तत्थ णं जे ते आवलिय-बाहिरा ते णाणासंठाण-संठिया पण्णत्ता, तं जहा—

१. अयकोट्ठ-संठिया,	२. पिट्ठपयणग-संठिया,
३. कंडू-संठिया,	४. लोही-संठिया,
५. कडाह-संठिया,	६. थाली-संठिया,
७. पिहडग-संठिया,	८. किमियड-संठिया,
९. किन्नपुडग-संठिया,	१०. उडव-संठिया,
११. मुरव-संठिया,	१२. मुयंग-संठिया,
१३. नंदिमुयंग-संठिया,	१४. आलिंगक-संठिया,
१५. सुघोस-संठिया,	१६. दद्दरय-संठिया,
१७. पणव-संठिया,	१८. पडह-संठिया,
१९. भेरी-संठिया,	२०. झल्लरी-संठिया,
२१. कुतुंबक-संठिया	२२. नालि संठिया ।

एवं जाव तमाए ।

प० अहे सत्तमाए णं भंते ! पुढवीए णरका किंसंठिया पण्णत्ता ?

उ० गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—

(१) वट्टे य, (२) तंसा य ।

—जीवा० पडि० ३, उ० १, सु० ८२ ।

उ० हे गौतम ! दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा—

(१) आवलिकाप्रविष्ट ।

(२) आवलिकाबाह्य ।

इनमें जो आवलिका प्रविष्ट हैं वे तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा—१. वृत्त (गोल), २. त्रिकोण, और ३. चतुष्कोण ।

तथा जो आवलिका बाह्य हैं वे नाना (अनेक) संस्थानों में स्थित कहे हैं, यथा—

१. अयकोष्ठ-संस्थान,	२. पिष्टपचनक-संस्थान,
३. कंडू-संस्थान,	४. लोही-संस्थान,
५. कटाह-संस्थान,	६. थाली-संस्थान,
७. पिहडक-संस्थान,	८. कृमिपट-संस्थान,
९. किन्नपुटक-संस्थान,	१०. उडव-संस्थान,
११. मुरज-संस्थान,	१२. मृदंग-संस्थान,
१३. नंदिमृदंग-संस्थान,	१४. आलिंगक-संस्थान,
१५. सुघोषा संस्थान,	१६. दर्दरक-स्थान,
१७. पणव-संस्थान,	१८. पटह-संस्थान,
१९. भेरी-संस्थान,	२०. झल्लरी-संस्थान,
२१. कुतुंबक-संस्थान,	२२. नालि संस्थान ।

इसी प्रकार यावत् तमःप्रभा (छठी पृथ्वी) पर्यन्त है ।

प्र० हे भगवन् ! नीचे सप्तम पृथ्वी में नरकावास किस (संस्थान) के कहे गये हैं ?

उ० हे गौतम ! दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा—

(१) वृत्त और (२) त्रिकोण ।

णरगाणं वण्णाइं—

१५३ : प० इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए णरया केरिसया वण्णेणं पण्णत्ता ?

उ० गोयमा ! काला कालावभासा गंभीरलोमहरिसा भीमा उत्तासणया परमकिण्हा वण्णेणं पण्णत्ता ।

एवं जाव अधे सत्तमाए ।

प० इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए णरगा केरिसया गंधेणं पण्णत्ता ?

उ० गोयमा ! से जहा नामए अहिमडेति वा गोमडेति वा सुणग-मडेति वा मज्जार-मडेति वा मणुस्स-मडेति वा महिस-मडेति वा मूसग-मडेति वा आस-मडेति वा हत्थि-मडेति वा सीह-मडेति वा वग्घ-मडेति वा विग-मडेति वा दीविय-मडेति वा;

नरकावासों के वर्णादि—

१५३ : प्र० हे भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नरकावास कैसे वर्ण के कहे गये हैं ?

उ० हे गौतम ! काले, कालावभास (काली कान्ति) वाले गम्भीर रोम हर्षवाले (देखने पर अत्यधिक रोमांच करनेवाले) भयानक, त्रास उत्पन्न करनेवाले, परमकृष्ण वर्णवाले कहे गये हैं ।

इसी प्रकार यावत् नीचे सप्तम पृथ्वी पर्यन्त है ।

प्र० हे भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नरकावास कैसी गन्ध वाले कहे गये हैं ?

उ० हे गौतम ! जैसे सर्प का मृतकलेवर, गौ का मृतकलेवर, श्वान (कुत्ते) का मृतकलेवर, मार्जार (बिल्ली) का मृतकलेवर, मनुष्य का मृतकलेवर, महिष (भैंस) का मृतकलेवर, हाथी का मृतकलेवर; सिंह का मृतकलेवर, व्याघ्र का मृतकलेवर, वृक (भेड़िया) का मृतकलेवर, या द्वीपिक (चीता) का मृतकलेवर;

मय-कुहिय - चिरविणट्ठ - कुणिम-वावण्ण - दुब्भिगंधे असुइविलीणविगत-बीभच्छ-दरिसणिज्जे किमिजाला-उलसंसत्ते भवेयारूवे सिया ?

णो इणट्ठे समट्ठे ।

गोयमा ! इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए णरगा एत्तो अणिट्ठतरका चेव जाव अमणामतरा चेव गंधेणं पण्णत्ता ।

एवं जाव अधे सत्तमाए पुढवीए ।

प० इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए णरगा केरिसया फासेणं पण्णत्ता ?

उ० गोयमा ! से जहानामए असि-पत्तेइ वा, खुर-पत्तेइ वा, कलंबचीरिया-पत्तेइ वा, सत्तग्गेइ वा, कुंतग्गेइ वा, तोमरग्गेति वा, नारायग्गेति वा, सूलग्गेति वा, लउलग्गेति वा, भिंडिमालग्गेति वा, सूचिकलावेति वा, कवियच्छूति वा, विच्छुयकंटएति वा, इंगालेति वा, जालेति वा, मुम्मु रेति वा, अच्चिति वा, अलाएति वा, सुद्धागणीइ वा, भवे एतारूवे सिया ?

णो इणट्ठे समट्ठे ।

गोयमा ! इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए णरगा एत्तो अणिट्ठतरा चेव जाव अमणामतरका चेव फासेणं पण्णत्ता ।

एवं जाव अहे सत्तमाए पुढवीए ।

—जीवा० पडि० ३, उ० १, सु० ८३ ।

जो बहुत दिनों से पड़ा हो, सड़कर दुर्गन्ध दे रहा हो, बहुत दिनों से क्षत विक्षत होने के कारण माँस के टुकड़ों से दुर्गन्ध आरही हो, अशुचिमय होने से देखने में बीभत्स तथा कृमि समूह से व्याप्त हो—क्या इनके समान (रत्नप्रभा पृथ्वी के नरकावासों की) दुर्गन्ध है ?

नहीं ऐसा नहीं है ।

हे गौतम ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नारकावास इन (पूर्वोक्त कलेवरों की दुर्गन्ध) से भी अनिष्टतर यावत् अमनोज्ञतर गन्ध वाले कहे गये हैं ।

इस प्रकार यावत् नीचे सप्तम पृथ्वी पर्यन्त है ।

प्र० हे भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नारकावास किस प्रकार के स्पर्शवाले कहे गये हैं ?

उ० हे गौतम ! जिस प्रकार असिपत्र, क्षुरपत्र, कदम्बचीरिका पत्र, शक्ति का अग्रभाग, (नौक) कुंत (भाले) का अग्रभाग, तोमर का अग्रभाग, नाराच (वज्र) का अग्रभाग. शूल का अग्रभाग, लकुल का अग्रभाग, भिंडिमाल का अग्रभाग, सूची-कलाप, (सूइयों का समूह) कपिकच्छु, बिच्छु का डंक, अग्नि, ज्वाला, मुर्मुर, अर्चि (लपट) अलात या शुद्धाग्नि—क्या (इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नारकावासों का) स्पर्श ऐसा है ?

नहीं—ऐसा नहीं है ।

हे गौतम ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नारकावासों का स्पर्श इनसे (पूर्वोक्त असिपत्र आदि के स्पर्श से) भी अनिष्टतर यावत् अमनामतर स्पर्श वाले कहे गये हैं ।

इसी प्रकार यावत् नीचे सप्तम पृथ्वी पर्यन्त है ।

णरगाणं वइरामयत्तं सासयासासयत्तं य—

नरकावास वज्रमय और शाश्वत-अशाश्वत हैं—

१५४ : प० इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए णरगा किंमया पण्णत्ता ?

१५४ : प्र० भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में नारकावास किन (पुद्गलों) के बने हुए कहे गये हैं ?

उ० गोयमा ! सव्ववइरामया पण्णत्ता । तत्थ णं नरएसु बहवे जीवा य पोग्गला य अवक्कमंति, विउक्कमंति, चयंति, उववज्जति ।

सासता णं ते णरगा दव्वट्ठयाए ।

वण्णपज्जवेहिं गंधपज्जवेहिं रसपज्जवेहिं फासपज्जवेहिं असासया ।[1]

एवं जाव अहे सत्तमाए ।

—जीवा० पडि० ३, उ० १, सु० ८५ ।

उ० गौतम ! सब वज्रमय कहे गये हैं । उन नारकावासों में अनेक जीव उत्पन्न होते हैं और मरते हैं । तथा पुद्गल आते हैं और जाते हैं ।

अतएव वे नारकावास द्रव्यों की अपेक्षा शाश्वत है ।

वर्ण-पर्यवों गन्ध-पर्यवों रस-पर्यवों और स्पर्श-पर्यवों की अपेक्षा अशाश्वत हैं ।

इस प्रकार यावत् नीचे सातवीं पृथ्वी पर्यन्त है····।

---

१. नरकावास वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श-पर्यवों की अपेक्षा से अशाश्वत हैं—इस कथन में रस-पर्यवो का निर्देश है—अतः इसका अभिप्राय यह हुआ कि नरकावासों के पुद्गलों में रस-पर्यव हैं किन्तु इन नारकावासों के इस वर्णन में "**णरगाणं वण्णाइं**" इस शीर्षक के नीचे जीवा० प्र० ३, उ० १, सु० ८३ दिया है—इस सूत्र में नरकावासों के वर्ण, गन्ध और स्पर्श सम्बन्धी प्रश्नोत्तर हैं । इनमें नरकावासों के वर्ण, गन्ध और स्पर्श को अनेक उपमाएँ देकर अनिष्टतर कहा है किन्तु रस का निर्देश नहीं है । टीकाकार भी रस लेने के सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई हेतु नहीं देते हैं । फिर भी आगमज्ञ मुनिजनों की धारणा से समाधान हो सकेगा तो यथास्थान अंकित किया जायगा ।

अहोलोए बिसरीरा—

१५५ : अहोलोगे णं चत्तारि बिसरीरा[1] पण्णत्ता, तं जहा—

(१) पुढविकाइया ।
(२) आउकाइया ।
(३) वणस्सइकाइया ।
(४) उराला तसापाणा ।[2]

—ठाणं० ४, उ० ३, सु० ३२९ ।

अधोलोक में दो शरीर वाले—

१५५ : अधोलोक में दो शरीरवाले चार कहे गये हैं, यथा—

(१) पृथ्वीकायिक ।
(२) अप्कायिक ।
(३) वनस्पतिकायिक ।
(४) औदारिक (शरीर वाले) त्रसप्राणी ।

भवणवासिदेवठाणाइं—

१५६ : प० [१] कहि णं भंते ! भवणवासीणं देवाणं पज्जत्ता-ऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

[२] कहि णं भंते ! भवणवासी देवा परिवसंति ?

उ० [१] गोयमा ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए असी-उत्तरजोयणसयसहस्सबाहल्लाए उवरिं एगं जोयणसहस्सं ओगाहित्ता, हेट्ठा वेगं जोयणसहस्सं वज्जेत्ता, मज्झे अट्ठहत्तरे जोयणसयसहस्से-एत्थ णं भवणवासीणं देवाणं सत्त भवणकोडीओ बावत्तरिं च भवणावाससयसहस्सा भवंतीति-मक्खायं ।

ते णं भवणा बाहिं वट्टा, अंतो समचउरंसा, अहे पुक्खरकण्णिया संठाणसंठिया उक्किणंतर-विउल-गंभीर-खातपरिहा[3]

पागार-ऽट्टालय-कवाड-तोरण-पडिदुवार देसभागा जंत-सयग्घि-मुसल-मुसंढिपरियरिया अउज्झा सदा जता सदा गुत्ता ।

अडयाल-कोट्ठग-रइया अडयाल-कयवणमाला ।[4]

भवनवासी देवों के स्थान—

१५६ : प्र० [१] हे भगवन् ! पर्याप्त और अपर्याप्त भवनवासी देवों के स्थान कहाँ कहे गये हैं ।

[२] हे भगवन् भवनवासी देव कहाँ रहते हैं ?

उ० [१] हे गौतम ! एकलाख अस्सीहजार योजन की मोटाई वाली इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर से एक हजार योजन अन्दर प्रवेश करने पर और नीचे से एक हजार योजन छोड़ने पर एक लाख अठहत्तर हजार के मध्य भाग में भवनवासी देवों के सात क्रोड बहत्तर लाख भवनावास हैं—ऐसा कहा गया है ।

ये भवन बाहर से वृत्ताकार हैं । अन्दर से चतुष्कोण हैं और नीचे से कमल की कर्णिका (कमल का बीजकोष) के संस्थान से स्थित हैं । विशाल तथा गहरी खुदी हुई खायी तथा परिखा से युक्त हैं ।

(भवन के) प्राकारों के कुछ भागों पर अट्टालक कपाट तोरण और छोटी-छोटी खिड़कियाँ हैं, (ये प्राकार) यन्त्र शतघ्नी, मुशल और मुसंढीसे युक्त हैं, (अतएव ये भवन) अयोध्य हैं, सदा जयकारी हैं अर्थात् अजेय हैं, सदा सुरक्षित हैं ।

भवनों में प्रशस्त कोष्ठक हैं और वे प्रशस्त वनमालाओं से सुशोभित हैं ।

---

१. प्रथम वर्तमान भवका शरीर और द्वितीय मनुष्य शरीर प्राप्त कर मुक्त होने वाले जीव ।
—स्थानांग० अ० ४, उ० ३, सू० ३२९ की टीका ।

२. क—यहाँ औदारिक शरीरवाले त्रस केवल संज्ञी पंचेन्द्रिय ही ग्रहण किये हैं ।
—स्थानांग० अ० ४, उ० ३, सू० ३२९ की टीका ।
ख—अधोलोक में मनुष्य शरीर संहरण की अपेक्षा से कहा गया है ।

३. खाइ और परिखा भिन्न है—इनका अन्तर दिखाने वाली एक पालिका इन दोनों के मध्य में हैं । —टीकानुवाद

४. "अडयालकोट्ठगरइया—अडयालकयवणमाला" इन दो वाक्यों में 'अडयाल' शब्द का अर्थ आचार्य श्री मलयगिरि ने 'अष्ट-चत्वारिंशत्' संस्कृत पर्याय दिया है । उसका अर्थ 'अडतालीस' होता है किन्तु उन्होंने अन्य आचार्यों के मतका उल्लेख करते हुए कहा है—'अडयाल' देश्य शब्द है और उसका अर्थ प्रशंसा परक है । इसलिए प्रस्तुत अनुवाद में पूर्वाचार्य सम्मत अर्थ ही दिया है ।

खेमा सिवा किंकरामरदंडोवरक्खिया लाउल्लोइय-महिया ।

(ये भवन) क्षेम (उपद्रवरहित) हैं, शिव (मंगलरूप) हैं। किंकर (द्वारपाल) देवों के दण्ड से सुरक्षित हैं। लीपन तथा कलई की सफेदी से सुशोभित हैं।

गोसीस सरस-रत्तचंदणदद्दरदिण्ण पंचंगुलितला । उवचिय-चंदणकलसा ।

(द्वारों के दोनों ओर) गोशीर्ष तथा रक्तचन्दन के गाढे लेपसे लिप्त पाँचों अंगुलियों के छापे दिये हुए हैं। चन्दन-कलश रखे हुए हैं।

चंदण-घड-सुकय-तोरण-पडिदुवारदेसभागा ।

तोरण तथा लघु द्वारों का एक भाग चन्दन-घटों से सुशोभित हैं।

आसत्तोसत्त - विउलवट्टवग्घारिय - मल्लदाम-कलावा पंचवण्ण-सरस-सुरहि-मुक्क-पुप्फपुंजोवयार-कलिया ।

विस्तृत वृत्ताकार चन्दोवे के भूमितल पर्यन्त लम्बी लटकती हुई पुष्पमालाएँ हैं, पाँच वर्णों के सुन्दर सुगन्धित पुष्पपुंजों की शोभा से युक्त हैं।

कालागरु-पवरकुंदुरुक्क-तुरुक्क - धूव मघमघेंतगंधुद्धुया-भिरामा सुगंधवरगंधगंधिया गंधवट्टिभूया ।

श्रेष्ठ कालागुरु कुंदुरुक्क और तुरुष्क धूप के मनोहर उत्कट गन्ध से महकते हुए हैं। श्रेष्ठ सुगन्ध से सुगन्धित हैं। सुगन्धित द्रव्यों की गुटिका जैसे हैं।

अच्छरगण-संघ-संविगिण्णा दिव्व तुडित-सद्द संपणदिता सव्वरयणामया अच्छा सण्हा लण्हा घट्ठा मट्ठा णीरया णिम्मला निप्पंका निक्कंकडच्छाया सप्पहा सस्सिरिया समरिया सउज्जोया पासाईया दरिसणिज्जा अभिरूवा पडिरूवा—एत्थ णं भवणवासीणं देवाणं पज्जत्ता-ऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ।

(ये भवन) अप्सराओं के समूह से व्याप्त हैं, दिव्य वाद्यों की ध्वनियों से गुँजित हैं। सब रत्नमय हैं, अति स्वच्छ, स्निग्ध, कोमल घिसे हुए हैं। साफ किये हुए हैं, निर्मल निष्पंक निरावरण कान्ति वाले हैं। प्रभा वाले हैं, किरणों वाले हैं, उद्योत वाले हैं, मन प्रसन्न वाले हैं, दर्शनीय हैं, अत्यन्त सुन्दर हैं और समान सौन्दर्य वाले हैं। इनमें पर्याप्त तथा अपर्याप्त भवनवासी देवों के स्थान कहे गये हैं।

[२] उववाएणं लोगस्स असंखेज्जइभागे,

[२] लोक के असंख्यातवें भाग में (ये भवनवासी देव) उत्पन्न होते हैं।

समुग्घाएणं लोगस्स असंखेज्जइभागे,

लोक के असंख्यातवें भाग में (ये भवनवासी देव) समुद्घात करते हैं।

सट्ठाणेणं लोगस्स असंखेज्जइभागे—तत्थ णं बहवे भवणवासी देवा परिवसंति, तं जहा—

लोक के असंख्यातवें भाग में इन (भवनवासी देवों) के अपने स्थान हैं। इनमें अनेक भवनवासी देव रहते हैं—यथा

गाहा—

असुरा, नाग, सुवण्णा, विज्जू, अग्गी य दीव उदही य।
दिसि, पवण, थणियनामा, दसहा एए भवणवासी ॥[1]

गाथार्थ—

१. असुरकुमार, २. नागकुमार, ३. सुपर्णकुमार, ४. विद्युत्कुमार, ५. अग्निकुमार, ६. द्वीपकुमार, ७. उदधिकुमार, ८. दिक्कुमार, ९. पवनकुमार और १०. स्तनितकुमार। ये दस भवनवासी देव हैं।

१. चूडामणिमउडरयण,
२. भूसण-णागफड,
३. गरुल,
४. वइर,
५. पुण्णकलसविउप्फेस,

१. चूडामणि रत्न का चिह्न है।
२. नागकुमार के मुकुट में—नाग के फण का चिह्न है।
३. सुपर्णकुमार के मुकुट में—गरुड का चिह्न है।
४. विद्युत्कुमार के मुकुट में—वज्र का चिह्न है।
५. अग्निकुमार के मुकुट में—पूर्ण कलश का चिह्न है।

१. (क) ठाणं० १०, सु० ७३६। (ख) भग० स० १३, उ० २, सु० २।
(ग) उत्त० अ० ३६, गा० २०६।

६. सीह,
७. हयवर,
८. गयअंक
९. मगर,
१०. वद्धमाण-निज्जुत्त-चित्तचिंधगता ।

सुरूवा महिड्ढीया महज्जुईया महायसा महब्बला महाणुभागा महासोक्खा ।

हारविराइयवच्छा कडग-तुडिय-थंभियभुया अंगद-कुंडल-मट्ठगंडतल-कण्ण-पीढधारी, विचित्त-हत्थाभरणा विचित्त-माला-मउलीमउडा ।

कल्लाणग-पवर-वत्थ-परिहिया, कल्लाणग-पवर-मल्लाणुलेवणधरा भासुर बोंदी पलंबवणमालधरा ।

दिव्वेणं वण्णेणं, दिव्वेणं गंधेणं, दिव्वेणं फासेणं, दिव्वेणं संघयणेणं,[1] दिव्वेणं, संठाणेणं, दिव्वाए इड्ढीए, दिव्वाए जुतीए, दिव्वाए पभाए, दिव्वाए छायाए, दिव्वाए अच्चीए, दिव्वेणं तेएणं, दिव्वाए लेसाए, दस दिसाओ उज्जोवेमाणा पभासेमाणा ।

ते णं तत्थ साणं साणं भवणावाससयसहस्साणं, साणं साणं सामाणियसाहस्सीणं, साणं साणं तायत्तीसगाणं, साणं साणं लोगपालाणं, साणं साणं अग्गमहिसीणं, साणं साणं परिसाणं, साणं साणं अणियाणं, साणं साणं अणियाहिवईणं, साणं साणं आयरक्खदेवसाहस्सीणं अन्नेसिं च बहूणं भवणवासीणं देवाण य, देवीण य, आहेवच्चं पोरेवच्चं सामित्तं भट्टित्तं महयरगत्तं आणाईसरसेणावच्चं कारेमाणा पालेमाणा,

महताऽहतनट्ट-गीत-वाइत-तंती-तल-ताल-तुडिय-घणमुयंगपडुप्पवाइयरवेणं दिव्वाइं भोग-भोगाइं भुंजमाणा विहरंति ।[2]

—पण्ण० पद० २, सु० १७७ ।

६. द्वीपकुमार के मुकुट में—सिंह का चिह्न है ।
७. उदधिकुमार के मुकुट में—श्रेष्ठ अश्व का चिह्न है ।
८. दिक्कुमार के मुकुट में—श्रेष्ठ गज का चिह्न है ।
९. पवनकुमार के मुकुट में—मगर का चिह्न है ।
१०. स्तनितकुमार के मुकुट में—वर्धमान (शराव संपुट) का चिह्न है ।

(ये भवनवासी देव) सुरूप हैं । महाऋद्धि वाले हैं । महाद्युति वाले हैं, महायश वाले हैं, महाबल वाले हैं, महानुभाव (आदरणीय) हैं, महासुखी हैं ।

(इन देवों के वक्षस्थल) हार से सुशोभित हैं, भुजाएँ कडे और त्रुटित (भुजबन्ध) से स्तम्भित (सहित) हैं, कानों में अंगद कुंडल और कपोल से स्पृष्ट कर्णपीठ धारण किये हुए हैं, हाथों में विचित्र प्रकार के आभरण हैं, मस्तक पर विचित्र मालाओं से सुसज्जित मुकुट हैं ।

ये देव कल्याणकारी श्रेष्ठ वस्त्र तथा मालाएँ धारण किये हुए हैं, (वदन पर) विलेपन लगाये हुए हैं, दिव्य दैदिप्यमान देह पर लम्बी लटकती हुई वन पुष्प मालाएँ धारण किये हुए हैं ।

ये देव दिव्यवर्ण, दिव्यगन्ध, दिव्यस्पर्श, दिव्यसंघयण तथा दिव्यसंस्थान, दिव्यऋद्धि, दिव्यद्युति, दिव्यप्रभा, दिव्यछाया (सामूहिक शोभा), दिव्यअर्ची (रत्नकान्ति) और दिव्यतेज से दस दिशाओं को उद्योतित तथा प्रकाशित करते हैं ।

ये देव अपने अपने लाखों भवनावासों के, अपने अपने हजारों सामानिक देवों के, अपने अपने त्रायस्त्रिंश देवों के, अपने अपने लोकपालों के, अपनी अपनी अग्रमहिषियों के, अपनी अपनी परिषदों के, अपनी अपनी सेनाओं के, अपने अपने सेनापतियों के, अपने-अपने हजारों आत्मरक्षक देवों के और अनेक भवनवासी देवों के और देवियों के अधिपति हैं, अग्रेसर हैं, स्वामी हैं भर्ता हैं, महत्तर हैं और सेनापतियों द्वारा आज्ञा पालन करवाते हैं तथा ऐश्वर्य धारण किये हुए रहते हैं ।

ये देव स्वयं आख्यानकों के नृत्य (कत्थक नृत्य) नित्य देखते हैं, गीत सुनते हैं, बजती हुई वीणा तल (करतल) ताल त्रुटित (वेणु-बंसरी) की तथा वाद्य बजाने में कुशल व्यक्तियों द्वारा बजाये गये मृदंग की मेघ सम महान गम्भीर ध्वनियाँ सुनते हुए और दिव्य भोग भोगते हुए रहते हैं ।

---

१. प० ····देवाणं सरीरगा किंसंघयणी पण्णत्ता ?
उ० गोयमा ! छण्हं संघयणाणं असंघयणी पण्णत्ता । नेवट्ठि, नेव छिरा, नवि ण्हारु, णेव संघयणमत्थि ।
जे पोग्गला इट्ठा कंता जाव ते तेसिं संघातत्ताए परिणमंति····। —जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० २१४ ।

२. क—जीवा० प० ३, उ० १, सु० ११६ । ख—भग० स० २, उ० ७, सु० २ ।

असुरकुमारठाण-परूवणं—

१५७ : भंते ! त्ति भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरं वंदइ, नमंसइ, वंदित्ता, नमंसित्ता एवं वयासी—

प० अत्थि णं भंते ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए अहे असुरकुमारा देवा परिवसंति ?

उ० गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे ।

एवं जाव अहेसत्तमाए पुढवीए ।

सोहम्मस्स कप्पस्स अहे जाव....

प० अत्थि णं भंते ! ईसिपब्भाराए पुढवीए अहे असुरकुमारा देवा परिवसंति ?

उ० गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे ।

प० से कहिं ? णं भंते ! असुरकुमारा देवा परिवसंति ?

उ० गोयमा ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए असीउत्तरजोयणसयसहस्सबाहल्लाए—एवं असुरकुमारदेववत्तव्वया जाव दिव्वाइ भोगभोगाइं भुंजमाणा विहरंति ।

—भग० स० ३, उ० २, सु० ३ (१-२) ४ ।

असुरकुमारों के स्थान का प्ररूपण—

१५७ : भगवन् गौतम ने श्रमण भगवान महावीर को भंते ! (ऐसा कहकर) वन्दना नमस्कार किया और वन्दना नमस्कार करके इस प्रकार कहा—

प्र० "भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नीचे असुरकुमार देव रहते हैं ?"

उ० गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं हैं—अर्थात् इस प्रकार नहीं हैं ।

इस प्रकार यावत् नीचे सातवीं पृथ्वी (पर्यन्त) है ।

सौधर्मकल्प के नीचे यावत्....

प्र० भगवन् ! ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी के नीचे असुरकुमार देव रहते हैं ?

उ० गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है ।

प्र० भगवन् ! वे असुरकुमार देव फिर कहाँ रहते हैं ।

उ० गौतम ! एक लाख अस्सी हजार योजन मोटी इस रत्नप्रभा पृथ्वी में—असुरकुमार देव सम्बन्धी वक्तव्यता यावत् दिव्य भोगोपभोग भोगते हुए रहते हैं ।

असुरकुमारठाणाइं—

१५८ : प० [१] कहि णं भंते ! असुकुमाराणं देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

[२] कहि णं भंते ! असुरकुमारा देवा परिवसंति ?

उ० [१] गोयमा ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए असीउत्तर जोयणसयसहस्सबाहल्लाए उवरिं एगं जोयणसहस्सं ओगाहित्ता, हेट्ठा वेगं जोयणसहस्सं वज्जेत्ता, मज्झे अट्ठहत्तरे जोयणसयसहस्से—एत्थ णं असुरकुमाराणं देवाणं चोवट्ठिं भवणावाससयसहस्सा हवंतीतिमक्खायं ।[१]

ते णं भवणा बाहिं वट्टा अंतो चउरंसा (जाव) पासाईया दरिसणिज्जा अभिरूवा पडिरूवा—एत्थ णं असुरकुमाराणं देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ।

असुरकुमारों के स्थान—

१५८ : प्र० [१] हे भगवन् ! पर्याप्त और अपर्याप्त असुरकुमार देवों के स्थान कहाँ पर कहे गये हैं ?

[२] हे भगवन् ! असुरकुमार देव कहाँ रहते हैं ।

उ० [१] गौतम ! एक लाख अस्सी हजार योजन की मोटाई वाली रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर से एक हजार योजन अवगाहन करने पर और नीचे से एक हजार योजन छोड़ने पर एक लाख अठहत्तर योजन प्रमाण मध्य भाग में असुरकुमार देवों के चौंसठ लाख भवनावास हैं ऐसा कहा गया है ।

ये भवन बाहर से वृत्ताकार हैं, अन्दर से चतुष्कोण हैं, यावत् प्रसन्नता जनक हैं, दर्शनीय हैं, सुन्दर हैं, समान सौन्दर्य वाले हैं, इन भवनों में पर्याप्त तथा अपर्याप्त असुरकुमार देवों के स्थान कहे गये हैं ।

---

१. क—सम० ६४, सु० २ । ख—भग० स० १३, उ० २, सु० ३ ।
ग—भग० स० १६, उ० ७, सु० १ ।

[२] उववाएणं लोयस्स असंखेज्जइभागे,

समुग्घाएणं लोयस्स असंखेज्जइभागे,

सट्ठाणेणं लोयस्स असंखेज्जइभागे—तत्थ णं बहवे असुरकुमारा देवा परिवसंति ।

काला लोहियक्ख-बिंबोट्ठा धवलपुप्फदंता असियकेसा वामेयकुंडलधरा अट्टचंदणाणुलित्तगत्ता

ईसीसिलिंधपुप्फपगासाइं असंकिलिट्ठाइं सुहुमाइं वत्थाइं पवरपरिहिया, वयं च पढमं समइक्कंता बिइयं च असंपत्ता, भद्दे जोव्वणे वट्टमाणा,

तलभंगयतुडित-पवरभूसणणिम्मलमणि-रयणमंडितभुया, दसमुद्दा मंडियग्गहत्था चूडामणिचित्तचिंधगया सुरूवा (जाव) दिव्वाइं भोग-भोगाइं भुंजमाणा विहरंति ।

—पण्ण० पद० २, सु० १७८ (१) ।

[२] लोक के असंख्यातवें भाग में ये (असुरकुमार) उत्पन्न होते हैं ।

लोक के असंख्यातवें भाग में ये (असुरकुमार) समुद्घात करते हैं ।

लोक के असंख्यातवें भाग में इन (असुरकुमार देवों) के अपने स्थान हैं । वहाँ अनेक असुरकुमार देव रहते हैं ।

ये (असुरकुमार देव) श्याम वर्ण वाले हैं, इनके ओष्ठ बिंबफल जैसे रक्त हैं, दन्त श्वेत पुष्प जैसे हैं, केश श्यामवर्ण के हैं, बायें कान पर एक कुण्डल है, शरीर पर चन्दन का विलेपन है ।

ये (असुरकुमार देव) शिलिंध्र पुष्प जैसे अल्परक्त वर्ण के चमकते हुए सुखद सूक्ष्म श्रेष्ठ वस्त्र पहने हुए हैं । इन (असुरकुमार देवों) की प्रथमवय (कुमारावस्था) बीत गई है और युवावस्था पूर्ण प्राप्त नहीं हुई है किन्तु सुखद युवावस्था प्रारम्भ हुई है।

ये देव निर्मल मणिरत्नों से मंडित तलभंग तथा त्रुटित (भुज बन्ध) श्रेष्ठ भूषण भुजा पर धारण किये हुए हैं, इनकी अंगुलियाँ दसमुद्रिकाओं से सुशोभित हैं । इनके (मुकुट) विचित्र चूडामणि के चिह्न युक्त हैं सुरूप हैं यावत् दिव्य भोग भोगते हुए रहते हैं ।

असुरकुमाराणां इंदा—

१५९ : चमर-बलिणो यऽत्थ दुवे असुरकुमारिंदा असुरकुमार रायाणो परिवसंति ।

काला महानीलसरिसा णील - गुलिय-गवल - अयसि कुसुमप्पगासा वियसिय - सयवत्त - णिम्मल - इसीसित-रत्त-तंबणयणा गरुलायय उज्जु - तुंगणासा ओय-वियसिलप्पवाल - बिंबफल - सन्निभाहरोट्ठा पंडुरससि-सगल-विमल - निम्मलदहिघण-संख-गोखीर - कुंद-दगरय-मुणालिया-धवल दंतसेढी हुयवहणिद्धंतधोयतत्ततवणिज्ज-रत्ततल-तालु-जीहा अंजण-घण-कसिण-रुयग-रमणिज्ज-णिद्ध-केसा वामेयकुंडलधरा (जाव) दिव्वाइं भोग-भोगाइं भुंजमाणा विहरंति ।

—पण्ण० पद० २, सु० १७८ (२) ।

असुरकुमारों के इंद्र—

१५९ : यहीं पर चमरेन्द्र और बलीन्द्र ये दो असुरकुमारेन्द्र असुरकुमार राजा रहते हैं ।

(इन दोनों इन्द्रों के शरीरों का वर्ण) कृष्ण अति नील, नील-गुटिका, वनमहिष-शृंग तथा अलसी के पुष्पों जैसा श्याम है, इनके नेत्र विकसित कमल सदृश श्वेत तथा स्वल्परक्त ताम्रवर्ण के हैं, इनकी नासिका गरुड जैसी लम्बी सीधी एवं उन्नत है, इनके अधरोष्ठ घिसी हुई प्रवालशिला तथा बिंबफल जैसे हैं, इनकी दन्तपंक्ति निष्कलंक श्वेत चन्द्र खण्ड, निर्मल घन-दही, शंख-गोक्षीर कुंद (मोगरा) पुष्प, उदक-कण तथा मृणालिका (कमलतंतु) जैसी श्वेत है, इनके हाथ-पैर के तलवे तालु और जीभ अग्नि में तपाये हुए शुद्ध स्वर्ण जैसे रक्त है, केश अंजन मेघ और रुचक रत्न जैसे रमणीय एवं स्निग्ध हैं, बायें (कान पर) एक कुण्डल है यावत् दिव्य भोग भोगते हुए रहते हैं ।

दाहिणिल्ल-असुरकुमारठाणाइं —

१६० : प० [१] कहि णं भंते ! दाहिणिल्लाणं असुरकुमाराणं देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

[२] कहि णं भंते ! दाहिणिल्ला असुरकुमारा देवा परिवसंति ?

उ० [१] गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए असीउत्तर

दाक्षिणात्य असुरकुमारों के स्थान—

१६० : प्र० [१] हे भगवन् ! दक्षिण दिशा के पर्याप्त और अपर्याप्त असुरकुमार देवों के स्थान कहाँ पर कहे गये हैं ?

[२] हे भगवन् ! दक्षिण दिशा के असुरकुमार देव कहाँ रहते हैं ?

उ० [१] हे गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के (मध्यस्थित) मेरु पर्वत की दक्षिण दिशा में एक लाख अस्सी हजार योजन की

जोयणसयसहस्स-बाहल्लाए उवरिं एगं जोयण-सहस्सं ओगाहित्ता, हेट्ठा वेगं जोयणसहस्सं वज्जित्ता, मज्झे अट्ठहत्तरे जोयणसयसहस्से— एत्थ णं दाहिणिल्लाणं असुरकुमाराणं देवाणं चोत्तीसं भवणावाससयसहस्सा भवंतीति मक्खायं ।[1]

मोटाई वाली इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर से एक हजार योजन अवगाहन करने पर और नीचे से एक हजार योजन छोड़ने पर एक लाख अठहत्तर हजार योजन प्रमाण मध्यभाग में दक्षिण दिशा के असुरकुमार देवों के चौंतीस लाख भवनावास हैं। ऐसा कहा गया है।

ते णं भवणा बाहिं वट्टा अंतो चउरंसा सोच्चेव वण्णओ (जाव) पासाईया दरिसणिज्जा अभिरूवा पडिरूवा – एत्थ णं दाहिणिल्लाणं असुरकुमाराणं देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ।

ये भवन बाहर से वृत्ताकार, अन्दर से चतुष्कोण हैं (यहाँ) वही वर्णक है यावत् प्रसन्नता जनक दर्शनीय अभिरूप एवं प्रतिरूप हैं। इनमें दक्षिण दिशा के पर्याप्त तथा अपर्याप्त असुरकुमार देवों के स्थान कहे गये हैं।

[२] तिसु वि लोयस्स असंखेज्जइभागे – तत्थ णं बहवे दाहिणिल्ला असुरकुमारा देवा य देवीओ य परिवसंति ।

[२] लोक के असंख्यातवें भाग में (असुरकुमार देवों की उत्पत्ति समुद्घात तथा उनके स्वस्थान) तीनों हैं। इनमें दक्षिण दिशा के अनेक असुरकुमार देव-देवियाँ रहते हैं।

काला लोहियक्खबिंबोट्ठा तहेव जाव दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा विहरंति ।[2]

—पण्ण० पद० २, सु० १७९ (१)।

ये श्यामवर्ण वाले हैं, इनके ओष्ठ बिम्बफल जैसे रक्त हैं। यावत् दिव्य भोग भोगते हुए रहते हैं।

दाहिणिल्लअसुरिंदो चमरो—

दाक्षिणात्य असुरेन्द्र चमर—

१६१ : चमरे अत्थ असुरकुमारिंदे असुरकुमारराया परिवसइ ।

१६१ : यहीं पर असुरकुमारेन्द्र असुरकुमारों के राजा चमरेन्द्र रहते हैं।

काले महानीलसरिसे णीलगुलिय-गवल-अयसिकुसुमप्पगासे,

चमरेन्द्र के शरीर का वर्ण कृष्ण अतिनील नीलगुटिका, जंगली भैंस के सींग तथा अलसी के पुष्पों जैसा श्याम है।

वियसियसयवत्त-णिम्मल-इसीसित-रत्त-तंबणयणे,

नेत्र विकसित कमल सदृश श्वेत तथा स्वल्परक्त ताम्रवर्ण के हैं।

गरुलायय उज्जुतुंगणासे,

नासिका गरुड जैसी लम्बी सीधी एवं उन्नत है।

ओयवियसिलप्पवाल-बिंबफल-सन्निभाहरोट्ठे,

अधरोष्ठ घिसी हुई प्रवाल-शिला तथा बिम्बफल जैसे हैं।

पंडुरससिसगल-विमल-निम्मल-दहिघण-संख-गोखीर-कुंद-दगरय-मुणालिया-धवल दंतसेढी,

दन्तपंक्ति अकलंक श्वेतचन्द्र खण्ड, स्वच्छ घट्ट (गाढा) दही, शंख, गोक्षीर, कुंद-पुष्प, उदक-कण तथा मृणालिका जैसी श्वेत है।

हुयवहणिद्धंतधोयतत्ततवणिज्ज-रत्ततालु-तालु जीहे,

हाथ-पैर के तलवे, तालु और जीभ अग्नि में तपाये हुए शुद्ध स्वर्ण सदृश हैं।

अंजण-घण-कसिणरुयगरमणिज्जणिद्धकेसे,

केश अंजन, मेघ और रुचक रत्न जैसे रमणीय एवं स्निग्ध हैं।

वामेयकुंडलधरे, अट्ठचंदणाणुलित्तगत्ते,

बायें कान पर एक कुण्डल है। शरीर चन्दनके लेप से लिप्त है।

इसीसिलिंधपुप्फपगासाइं असंकिलिट्ठाइं सुहुमाइं वत्थाइं पवरपरिहिए,

शिलिंध्र पुष्प जैसे थोड़े लाल वर्ण के सुखद सूक्ष्म श्रेष्ठ वस्त्र पहने हुए हैं।

वयं च पढमं समइक्कंते, बिइयं तु असंपत्ते, भद्दे जोव्वणे वट्टमाणे,

प्रथमवय (कुमारावस्था) बीत गयी है और युवावस्था पूर्ण प्राप्त नहीं हुई है किन्तु कल्याणकर युवावस्था प्रारम्भ हुई है।

तलभंगयतुडिय-पवरभूसण-निम्मलमणि-रयणमंडियभुजे,

भुजायें निर्मल मणिरत्न मण्डित तलभंग तथा त्रुटित (भुज-बन्ध) श्रेष्ठ भूषण से विभूषित है।

---

१. सम० ३४, सु० ५। २. जीवा० पडि० ३, उ० १, सु० ११७।

दसमुद्दामंडितग्गहत्थे,
चूडामणिचित्तचिंधगए,
सुरूवे महिड्ढीए महज्जुइए महायसे महाबले महाणुभागे महासोक्खे,
हारविराइयवच्छे,
कडय-तुडिय-थंभियभुजे,
अंगद-कुंडल-मट्ठ गंडतल-कण्णपीढधारी
विचित्तहत्थाभरणे, विचित्तमालामउली,

कल्लाणगपवरवत्थपरिहिए, कल्लाणगपवरमल्लाणुलेवणे,
भासुरबोंदी, पलंबवणमालधरे,

दिव्वेणं वण्णेणं जाव दिव्वाए लेसाए दसदिसाओ उज्जोवेमाणे पभासेमाणे ।[1]

से णं तत्थ चोत्तीसाए भवणावाससयसहस्साणं,[2] **चउसट्ठीए सामाणियसाहस्सीणं**[3], **तावत्तीसाए तावत्तीसाणं, चउण्हं लोगपालाणं,**[4] **पंचण्हं अग्गमहिसीणं,**[5] **सपरिवाराणं, तिण्हं परिसाणं,**[6] **सत्तण्हं अणियाणं, सत्तण्हं अणियाहिवईणं,**[7] **चउण्हं य चउसट्ठीणं आयरक्खदेवसाहस्सीणं, अण्णेसिं च बहूणं दाहिणिल्लाणं देवाण य देवीण य आहेवच्चं पोरेवच्चं जाव दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरइ ।**[8]

—पण्ण० पद० २, सु० १७९ (२) ।

अंगुलियाँ दस मुद्रिकाओं से मण्डित हैं ।

(मुकुट) विचित्र चूडामणि के चिह्न से युक्त है ।

यह चमरेन्द्र सुरूप है महाऋद्धि वाला है, महाद्युति वाला है, महाबल वाला है, महायश वाला है, महानुभाव है, महासुखी है ।

चमरेन्द्र का वक्षस्थल हार से सुशोभित है ।

भुजायें कडे और भुजबन्ध से सुदृढ़ हैं ,

कानों में अंगद, कुण्डल और कर्णपीठ धारण किये हुए है ।

हाथों में विचित्र आभरण है, विचित्र मालाओं से सुसज्जित मुकुट मस्तक पर है ।

कल्याणकारी श्रेष्ठ वस्त्र तथा मालाएँ धारण किये हुए है । वदन पर विलेपन लगाये हुए है, दिव्य दैदिप्यमान देह पर लम्बी लटकती हुई वन पुष्पों की मालायें धारण किये हुए है ।

दिव्य वर्ण यावत् दिव्यलेश्यासे दस दिशाओं को उद्योतित तथा प्रकाशित करता है ।

यह चमरेन्द्र चौतीस लाख भवनावासों का, चोसठ हजार सामानिक देवों का, तेतीस त्रायस्त्रिंश देवों का, चार लोकपालों का सपरिवार पाँच अग्रमहिषियों का, तीन परिषदों का, सात सेनाओं का, सात सेनापतियों का, चोसठ हजार के चोगुणे अर्थात् दो लाख छप्पन हजार आत्मरक्षक देवों का और दक्षिण दिशा के अन्य अनेक देव-देवियों का अधिपति है अग्रसेर है यावत् दिव्य भोगों को भोगता हुआ रहता है ।

असुरकुमाराणं अहोगइविसयपरूवणा—

१६२ : प० अत्थि णं भंते ! असुरकुमाराणं देवाणं अहेगतिविसए पण्णत्ते ?

उ० हंता अत्थि ।

असुरकुमारों की नीचे जानेकी शक्ति का प्ररूपण—

१६२ : प्र० हे भगवन् ! क्या असुरकुमार देवों की नीचे जाने की शक्ति कही गई है ?

उ० हाँ (कही गयी) है ।

---

१. म० वि० पण्ण० प० २, सु० १७९ [२] में "**चमरे ऽत्थ असुरकुमारिंदे असुरकुमारराया परिवसति काले महानीलसरिसे जाव (सु० १७७ [२] पभासेमाणे ।**" ऐसी संक्षिप्त वाचनाकार की सूचना है, किन्तु सूत्र १७७ में [१] या [२] विभाग नहीं है और उसमें "**काले····से····हारविराइयवच्छे**" तक का पाठ भी नहीं है ।

उक्तप्रति के सूत्र १७८ [२] में "**काला··· से पभासेमाणा**" पर्यन्त पाठ मिलता है, किन्तु उसमें 'चमर' और 'बलि' का एक साथ वर्णन है । इसलिए सभी वाक्य बहुवचनांत है, बहुवचनांत वाक्यों से एकवचनांत वाक्यों की कल्पना कर लेना कुछ कठिन भी हैं, तथा इस सूत्र की अनुवृत्ति सूत्र १८० [२], १८२ [२], १८३ [२] आदि में लेने की सूचना संक्षिप्त वाचनाकार ने दी है अतः यहाँ एकवचनांत वाक्यों वाला विस्तृत पाठ दिया है ।

२. सम० ३४, सु० ५ ।
३. सम० ६४, सु० ३ ।
४. ठाणं० ४, उ० १, सु० २५६ ।
५. ठाणं० ५, उ० १, सु० ४०३ ।
६. ठाणं० ३, उ० २, सु० १५४ ।
७. क—ठाणं० ५, उ० १, सु० ४०४ में नृत्यानीक और गंधर्वानीक नहीं गिने हैं ।
ख—ठाणं ७, सु० ५८२ ।
८. जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० ११७ ।

प० केवति यं च णं भंते ! असुरकुमाराणं देवाणं अहेगतिविसए पण्णत्ते ?

उ० गोयमा ! जाव अहेसत्तमाए पुढवीए, तच्चं पुण पुढविं गता य, गमिस्संति य ।

प० किंपत्तियं णं भंते ! असुरकुमारा देवा तच्चं पुढविं गता य, गमिस्संति य ?

उ० गोयमा ! पुव्ववेरियस्स वा वेदण-उदीरणयाए, पुव्वसंगतियस्स वा वेदण-उवसामणयाए । एवं खलु असुरकुमारा देवा तच्चं पुढविं गता य, गमिस्संति य ।

—भग० स० ३, उ० २, सु० ५-७ ।

प्र० हे भगवन् ! असुरकुमारों की नीचे जाने की शक्ति कितनी कही गई है ।

उ० हे गौतम ! नीचे सातवीं पृथ्वी पर्यन्त जाने की शक्ति है और तीसरी पृथ्वी पर्यन्त तो गये हैं और जायेंगे भी ।

प्र० हे भगवन् ! असुरकुमार देव तीसरी पृथ्वी पर्यन्त क्यों गये और क्यों जायेंगे ।

उ० हे गौतम ! पूर्व जन्म के वैरी से बदला लेने के लिए और पूर्व जन्म के साथी की वेदना उपशान्त करने के लिए असुरकुमार देव तीसरी पृथ्वी तक गये हैं और जायेंगे भी ।

असुरकुमाराणं तिरियगइविसयपरूवणा –

असुरकुमारों की तिर्यक्लोक में जाने की शक्ति का प्ररूपण—

१६३ : प० अत्थि णं भंते ! असुरकुमाराणं देवाणं तिरियं गतिविसए पण्णत्ते ?

उ० हंता, अत्थि ।

प० केवति यं च णं भंते ! असुरकुमाराणं देवाणं तिरियं गतिविसए पण्णत्ते ?

उ० गोयमा ! जाव असंखेज्जा दीव-समुद्दा, नंदिस्सरवर पुणदीवं गता य, गमिस्संति य ।

प० किंपत्तियं णं भंते ! असुरकुमारा देवा नंदीसरवर दीवं गता य, गमिस्संति य ?

उ० गोयमा ! जे इमे अरिहंता भगवंता एतेसिं णं जम्मण-महेसु वा, निक्खमण-महेसु वा, णाणुप्पत्ति-महिमासु वा, परिनिव्वाण-महिमासु वा—एवं खलु असुरकुमारा देवा नंदीसरवरं दीवं गता य, गमिस्संति य ।

—भग० स० ३, उ० २, सु० ८-१० ।

१६३ : प्र० हे भगवन् ! क्या असुरकुमारों की तिर्यक् लोक में जाने की शक्ति कही गई है ?

उ० हाँ (कही गयी) है !

प्र० हे भगवन् ! असुरकुमारों की तिर्यक् लोक में जाने की शक्ति कितनी कही गई है ?

उ० हे गौतम ! यावत् असंख्यद्वीप समुद्रपर्यन्त जाने की शक्ति है और नंदीश्वरद्वीप पर्यन्त गये हैं और पुनः जोयेंगे भी ।

प्र० हे भगवन् ! असुरकुमार देव नंदीश्वर द्वीप क्यों गये और क्यों जायेंगे ?

उ० हे गौतम ! जो ये अर्हन्त भगवन्त हैं (अतीत में हुए हैं और भविष्य में होंगे) इनके जन्म महोत्सवों में निष्क्रमण-महोत्सवों में (केवल) ज्ञानोत्पत्ति-महोत्सवों में और निर्वाण-महोत्सवों में असुरकुमार देव नंदीश्वर द्वीप गये हैं और जायेंगे भी ।

असुरकुमाराणं उड्ढगइविसयपरूवणा—

असुरकुमारों की उर्ध्वलोक में जाने की शक्ति का प्ररूपण—

१६४ : प० अत्थि णं भंते ! असुरकुमाराणं देवाणं उड्ढं गति विसए पण्णत्ते ?

उ० हंता, अत्थि ।

प० केवति यं च णं भंते ! असुरकुमाराणं देवाणं उड्ढं गति विसए पण्णत्ते ?

उ० गोयमा ! जाव अच्चुतो कप्पो । सोहम्मं पुण कप्पं गता य, गमिस्संति य ।

प० किंपत्तियं णं भंते ! असुरकुमारा देवा सोहम्मं कप्पं गता य, गमिस्संति य ?

१६४ : प्र० हे भगवन् ! क्या असुरकुमार देवों की उर्ध्वलोक में जाने की शक्ति कही गई है ?

उ० हाँ (कही गई) है ।

प्र० हे भगवन् ! असुरकुमार देवों की उर्ध्वलोक में जाने की शक्ति कितनी कही गई है ?

उ० हे गौतम ! अच्युतकल्प पर्यन्त जाने का सामर्थ्य है और सौधर्मकल्प पर्यन्त तो गये हैं और जायेंगे भी ।

प्र० हे भगवन् ! असुरकुमार देव सौधर्मकल्प पर्यन्त क्यों गये और क्यों जायेंगे ?

उ० गोयमा ! तेसि णं देवाणं भवपच्चइयवेराणुबंधे। ते णं देवा विकुव्वेमाणा परियारेमाणा वा आयरक्खे देवे वित्तासेंति। अहालहुस्सगाइं रयणाइं गहाय आयाए एगंतमंतं अवक्कमंति।

प० अत्थि णं भंते ! तेसिं देवाणं अहालहुस्सगाइं रयणाइं ?

उ० हंता, अत्थि।

प० से कहमिदाणिं पकरेंति ?

उ० तओ से पच्छा कायं पव्वहंति।

प० पभू णं भंते ! ते असुरकुमारा देवा तत्थ गया चेव समाणा ताहिं अच्छराहिं सद्धिं दिव्वाइं भोगभोगाहिं भुंजमाणा विहरित्तए ?

उ० णो इणट्ठे समट्ठे। ते णं तओ पडिनियत्तंति, तओ पडिनियत्तित्ता इहमागच्छंति, इहमागच्छित्ता जति णं ताओ अच्छराओ आढायंति परियाणंति—पभू णं ते असुरकुमारा देवा ताहिं अच्छराहिं सद्धिं दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा विहरित्तए, अह णं ताओ अच्छराओ नो आढायंति, नो परियाणंति णो णं पभू ते असुरकुमारा देवा ताहिं अच्छराहिं सद्धिं दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा विहरित्तए।

एवं खलु गोयमा ! असुरकुमारा देवा सोहम्मं कप्पं गता य, गमिस्संति य।

—भग० स० ३, उ० २, सु० ११-१३।

उ० हे गौतम ! उन असुरकुमारों का (सौधर्मकल्पवासी) देवों से पूर्व जन्म का वैरानुबन्ध हो तो (बदला लेने के लिए) वैक्रिय करके भोग भोगते हैं, उनके आत्मरक्षक देवों को त्रास देते हैं तथा छोटे-छोटे रत्नों को लेकर एकान्त में चले जाते हैं।

प्र० हे भगवन् ! क्या उन (वैमानिक) देवों के पास छोटे-छोटे रत्न होते हैं ?

उ० हाँ होते हैं।

प्र० हे भगवन् ! (वैमानिक देवों के छोटे छोटे रत्न लेकर असुरकुमार जब एकान्त में चले जाते हैं तब) वे वैमानिक देव उनका क्या करते हैं ?

उ० वैमानिक देव उसके बाद (उनके) शरीर को पीडा देते हैं।

प्र० हे भगवन् ! वे असुरकुमार देव सौधर्मकल्प में ही उन अप्सराओं के साथ क्या दिव्य भोग भोगने में समर्थ हैं ?

उ० ऐसा नहीं है। वे वहाँ से (अप्सराओं का अपहरण करके) लौटते हैं और लौटकर यहाँ आते हैं। यहाँ आने के बाद यदि अप्सरायें उन्हें स्वीकार कर लेती हैं या आदर देती हैं तो वे असुरकुमार देव उन अप्सराओं के साथ भोग भोग सकते हैं। यदि वे अप्सरायें उन्हें आदर नहीं देती हैं या स्वीकार नहीं करती हैं तो वे असुरकुमार देव उनके साथ दिव्य भोग नहीं भोग सकते हैं।

हे गौतम ! इस प्रकार असुरकुमार देव सौधर्मकल्प में गये हैं और जायेंगे भी।

उत्तरिल्लअसुरकुमारठाणाइं—

१६५ : प० [१] कहि णं भंते ! उत्तरिल्लाणं असुरकुमाराणं देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

[२] कहि णं भंते ! उत्तरिल्ला असुरकुमारा देवा परिवसंति ?

उ० [१] गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरेणं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए असीउत्तर जोयणसयसहस्सबाहल्लाए उवरिं एगं जोयणसहस्सं ओगाहेत्ता, हेट्ठा वेगं जोयणसहस्सं वज्जेत्ता, मज्झे अट्ठहत्तरे जोयणसतसहस्से—एत्थ णं उत्तरिल्लाणं असुरकुमाराणं देवाणं तीसं भवणावाससतसहस्सा भवंतीतिमक्खातं।

ते णं भवणा बाहिं वट्टा अंतो चउरंसा सेसं जहा दाहिणिल्लाणं जाव विहरंति।[1]

—पण्ण० पद० २, सु० १८०-१।

उत्तरदिशा के असुरकुमारों के स्थान—

१६५ : प्र० [१] हे भगवन् ! उत्तरदिशा के पर्याप्त और अपर्याप्त असुरकुमार देवों के स्थान कहाँ कहे गये हैं।

[२] हे भगवन् ! उत्तरदिशा के असुरकुमार देव कहाँ रहते हैं ?

उ० [१] हे गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मेरु पर्वत से उत्तर में एक लाख अस्सीहजार योजन मोटाई वाली इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर से एक हजार योजन अवगाहन (अन्दर जाने पर) करने पर और नीचे से एक हजार योजन छोड़ने पर एक लाख अठत्तर हजार योजन प्रमाण मध्य भाग में उत्तर दिशावासी असुरकुमारों के तीसलाख भवनावास हैं—ऐसा कहा गया है।

ये भवन बाहर से वृत्ताकार हैं और अन्दर से चतुष्कोण हैं। शेष दक्षिण दिशावासी असुरकुमारों के समान हैं यावत् (दिव्य भोग भोगते हुए) रहते हैं।

१. जीवा० प० ३, उ० २, सु० ११९।

उत्तरिल्ल-असुरिंदो बली –

१६६ : बली यत्थ वइरोयणिंदे वइरोयणराया परिवसति । काले महानीलसरिसे जाव दिव्वाए लेसाए दसदिसाओ उज्जोवेमाणे पभासेमाणे ।

से णं तत्थ तीसाए भवणावाससय-सहस्साणं, सट्ठीणं सामाणियसाहस्सीणं,[1] तावत्तीसाए तावत्तीसगाणं, चउण्हं लोगपालाणं, पंचण्हं अग्गमहिसीणं सपरिवाराणं, तिण्हं परिसाणं, सत्तण्हं अणियाणं, सत्तण्हं अणियाधिवतीणं,[2] चउण्हं य सट्ठीणं आयरक्खदेवसाहस्सीणं,[3] अण्णेसिं च बहूणं उत्तरिल्लाणं असुरकुमाराणं देवाण य देवीण य आहेवच्चं पोरेवच्चं कुव्वमाणे विहरति ।[4]

—पण्ण० पद० २, सु० १८०-२ ।

उत्तरदिशा का असुरेन्द्र बली—

१६६ : यहाँ पर वैरोचन राजा वैरोचनेन्द्र बली रहता है । बली (वैरोचनेन्द्र) के शरीर का वर्ण अतिनील यावत् दिव्यलेश्या से दस दिशाओं को उद्योतित तथा प्रकाशित करता है ।

वह वहाँ तीसलाख भवनावासों का, साठहजार सामानिक देवों का, तेंतीस त्रायस्त्रिंशकों का, चार लोकपालों का, पाँच सपरिवार अग्रमहिषियों का, तीन परिषदाओं का, सात सेनाओं का, सात सेनापतियों का, साठहजार के चोगुणे (दो लाख चालीसहजार) आत्मरक्षक देवों और अन्य अनेक उत्तर दिशावासी असुरकुमार देव-देवियों का आधिपत्य या प्रमुखता करता हुआ रहता है ।

णागकुमारठाणाइं--

१६७ : प० [१] कहि णं भंते ! णागकुमाराणं देवाणं पज्जत्ता-ऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

[२] कहि णं भंते ! णागकुमारा देवा परिवसंति ?

उ० [१] गोयमा ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए असीउत्तरजोयणसयसहस्सबाहल्लाए उवरिं एगं जोयणसहस्सं ओगाहित्ता, हेट्ठा वेगं जोयणसहस्सं वज्जिऊण, मज्झे अट्ठहत्तरे जोयणसयसहस्सं—एत्थ णं णागकुमाराणं देवाणं पज्जत्ता-ऽपज्जत्ताणं चुलसीइ भवणावाससयसहस्सा हवंतीतिमक्खातं ।[5]

ते णं भवणा बाहिं वट्टा अंतो चउरंसा जाव पडिरूवा । तत्थ णं णागकुमाराणं देवाणं पज्जाप्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ।

[२] तिसु वि लोगस्स असंखेज्जइभागे । तत्थ णं बहवे णागकुमारा देवा परिवसंति ।[6] महिड्ढीया महाजुतीया—सेसं जहा ओहियाणं जाव विहरंति ।

—पण्ण० पद० २, उ० १, सु० १८१-१ ।

नागकुमारों के स्थान—

१६७ : प्र० [१] हे भगवन् ! पर्याप्त और अपर्याप्त नागकुमार देवों के स्थान कहाँ पर कहे गये हैं ?

[२] हे भगवन् ! नागकुमार देव कहाँ रहते हैं ?

उ० [१] हे गौतम ! एक लाख अस्सीहजार योजन बाहल्य (मोटाई) वाली इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर से एक हजार योजन अन्दर जाने पर और नीचे से एक हजार योजन छोड़ने पर एक लाख अठत्तर हजार योजन प्रमाण मध्यभाग में पर्याप्त तथा अपर्याप्त नागकुमार देवों के चालीस लखा भवनावास हैं—ऐसा कहा गया है ।

वे भवन बाहर से वृत्ताकार (गोल) हैं, अन्दर से चोकोर हैं यावत् प्रतिरूप हैं । उनमें पर्याप्त तथा अपर्याप्त नागकुमार देवों के स्थान कहे गये हैं ।

लोक के असंख्यातवें भाग में (नागकुमारों की उत्पत्ति, समुद्घात और उनके अपने स्थान) ये तीनों हैं—उनमें अनेक नागकुमार देव रहते हैं । वे महाऋद्धि वाले हैं, महाद्युतिवाले हैं शेष सामान्य वर्णन के समान है यावत् (दिव्य भोग भोगते हुए) रहते हैं ।

णागकुमारिंदा—

१६८ : धरण-भूयाणंदा एत्थ दुवे णागकुमारिंदा णागकुमारराया परिवसंति महिड्ढिया सेसं जहा ओहियाणं जाव विहरंति ।

—पण्ण० पद० २, उ० १, सु० १८१-२ ।

नागकुमारेन्द्र—

१६८ : यहाँ पर नागकुमारों के राजा, नागकुमारेन्द्र धरण और भूतानन्द ये दो रहते हैं । वे महर्धिक हैं शेष सारा वर्णन सामान्य वर्णन के समान है यावत् (दिव्य भोग भोगते हुए) रहते हैं ।

---

१. सम० ६०, सु० ४ ।
२. ठाणं० ७, सु० ५८२ ।
३. भग० स० ३, उ० ६, सु० १४ ।
४. जीवा० प० ३, उ० १, सु० ११६ ।
५. सम० ८४, सु० ११ ।
६. जीवा० प० ३, उ० २, सु० १२० ।

दाहिणिल्ल-णागकुमारठाणाइं—

१६६ : प० [१] कहि णं भंते ! दाहिणिल्लाणं णागकुमाराणं देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

[२] कहि णं भंते ! दाहिणिल्ला णागकुमारा देवा परिवसंति ?

उ० [१] गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए असी-उत्तरजोयणसयसहस्सबाहल्लाए, उवरिं एगं जोयणसहस्सं ओगाहेत्ता, हेट्ठा वेगं जोयणसहस्सं वज्जेत्ता, मज्झे अट्ठहत्तरे जोयणसयसहस्से—एत्थ णं दाहिणिल्लाणं णागकुमाराणं देवाणं चोयालीसं भवणावाससयसहस्सा भवंतीति मक्खातं ।

ते णं भवणा बाहिं वट्टा अंतो चउरंसा जाव पडि-रूवा—एत्थ णं दाहिणिल्लाणं णागकुमाराणं देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ।

[२] तिसु वि लोगस्स असंखेज्जइभागे । एत्थ णं बहवे दाहिणिल्ला णागकुमारा देवा परिवसंति । महिड्ढीया जाव विहरंति ।

—पण्ण० पद० २, सु० १८२ [१] ।

दाक्षिणात्य नागकुमारों के स्थान—

१६६ : प्र० [१] हे भगवन् ! दक्षिण दिशा में रहने वाले पर्याप्त और अपर्याप्त नागकुमार देवों के स्थान कहाँ पर कहे गये हैं ?

[२] हे भगवन् ! दक्षिण दिशा में रहने वाले नागकुमार देव कहाँ रहते हैं ?

उ० [१] हे गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मेरु पर्वत से दक्षिण में एक लाख अस्सीहजार योजन मोटाई वाली इस रत्न-प्रभा पृथ्वी के ऊपर से एक हजार योजन अवगाहन करने पर और नीचे एक हजार योजन छोड़ने पर एक लाख अठत्तर हजार योजन प्रमाण मध्य भाग में दक्षिण दिशावासी नागकुमार देवों के चुम्मा-लीस लाख भवनावास हैं—ऐसा कहा गया है ।

वे भवन बाहर से वृत्ताकार हैं अन्दर से चतुष्कोण हैं यावत् प्रतिरूप हैं । यहाँ दक्षिण दिशावासी पर्याप्त तथा अपर्याप्त नाग-कुमार देवों के स्थान कहे गये हैं ।

[२] लोक के असंख्यातवें भाग में (नागकुमारों की उत्पत्ति, समुद्घात तथा उनके अपने स्थान) ये तीनों हैं । यहाँ दक्षिण दिशावासी नागकुमार देव रहते हैं । ये महर्धिक हैं, यावत् (दिव्य भोग भोगते हुए) रहते हैं ।

दाहिणिल्लणागकुमारिंदो धरणो—

१७० : धरणे यऽत्थ णागकुमारिंदे णागकुमारराया परिवसंति महिड्ढीए जाव दिव्वाए लेसाए दसदिसाओ उज्जोवेमाणे पभासेमाणे ।

से णं तत्थ चोयालीसाए भवणावाससय-सहस्साणं[1] छण्हं सामाणियसाहस्सीणं,[2] तावत्तीसाए तावत्तीसगाणं, चउण्हं लोगपालाणं,[3] पंचण्हं अग्गमहिसीणं[4] सपरिवाराणं, तिण्हं परिसाणं, सत्तण्हं अणियाणं, सत्तण्हं अणियाधिवतीणं,[5] चउव्वीसाए आयरक्खदेवसाहस्सीणं अण्णेसिं च बहूणं दाहिणिल्लाणं नागकुमाराणं देवाण य देवीण य आहेवच्चं पोरेवच्चं कुव्वमाणे विहरति ।[6]

—पण्ण० पद० २, सु० १८२-२ ।

दाक्षिणात्य नागकुमारेन्द्र धरण—

१७० : यहाँ नागकुमार राजा नागकुमारेन्द्र धरण रहते हैं । वे महर्धिक हैं यावत् दिव्यलेश्या से दसों दिशाओं को उद्योतित एवं प्रकाशित करते हुए रहते हैं ।

वह चुम्मालीस लाख भवनावासों का, छह हजार सामानिक देवों का, तेतीस त्रायस्त्रिंश देवों का, चार लोकपालों का, सपरिवार पाँच अग्रमहिषियों का, तीन परिषदाओं का, सात सेनाओं का, सात सेनापतियों का, चौबीसहजार आत्मरक्षक देवों का और अन्य अनेक दक्षिण दिशावासी नागकुमार देव-देवियों का आधिपत्य एवं पुरो-वर्तित्व करते हुए रहता है ।

उत्तरिल्ल-णागकुमारठाणाइं—

१७१ : प० [१] कहि णं भंते ! उत्तरिल्लाणं णागकुमाराणं देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

उत्तरदिशा के नागकुमारों के स्थान—

१७१ : प्र० [१] हे भगवन् ! उत्तरदिशावासी पर्याप्त और अपर्याप्त नागकुमार देवों के स्थान कहाँ पर कहे गये हैं ?

---

१. सम० ४४, सु० ३ ।
२. ठाणं० ६, सु० ५०६ ।
३. ठाणं ४, उ० १, सु० ५६ ।
४. ठाणं० ६, सु० ५०८ में धरण की छह अग्रमहिषियाँ कही गई हैं ।
५. ठाणं० ७, सु० ५८२ ।
६. जीवा० प० ३, उ० २, सु० १२० ।

[२] कहि णं भंते ! उत्तरिल्ला णागकुमारा देवा परिवसंति ?

उ० [१] गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरेणं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए असीउत्तर जोयणसतसहस्स बाहल्लाए उवरिं एगं जोयणसहस्सं ओगाहेत्ता, हेट्ठा वेगं जोयणसहस्सं वज्जेत्ता, मज्झे अट्ठहत्तरे जोयणसतसहस्से—एत्थ णं उत्तरिल्लाणं णागकुमाराणं देवाणं चत्तालीसं भवणावाससतसहस्सा भवंतितो मक्खातं ।

ते णं भवणा बाहिं वट्टा—सेसं जहा दाहिणिल्लाणं जाव विहरंति ।

—पण्ण० पद० २, सु० १८३-१ ।

[२] हे भगवन् ! उत्तर दिशावासी नागकुमार देव कहाँ रहते हैं ?

उ० [१] हे गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मेरु पर्वत से उत्तर में एक लाख अस्सीहजार योजन मोटाई वाली इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर से एक हजार योजन अवगाहन करने पर और नीचे से एक हजार योजन छोड़ने पर एक लाख अठत्तर हजार योजन प्रमाण मध्य भाग में उत्तर दिशावासी नागकुमार देवों के चालीस लाख भवनावास हैं—ऐसा कहा गया है ।

ये भवन बाहर से वृत्ताकार हैं अन्दर से चौकोर हैं—शेष वर्णन दक्षिण दिशावासी (नागकुमारों) के समान हैं यावत् रहते हैं ।

उत्तरिल्लणागकुमारिंदो भूयाणंदो—

उत्तर दिशा के नागकुमारेन्द्र भूतानन्द—

१७२ : भूयाणंदे यऽत्थ णागकुमारिंदे णागकुमारराया परिवसति महिड्ढीए जाव दिव्वाए लेसाए दसदिसाओ उज्जोवेमाणे पभासेमाणे ।

ते णं तत्थ चत्तालीसं भवणावाससयसहस्साणं[1] आहेवच्चं जाव विहरइ ।[2]

—पण्ण० पद० २, सु० १८३ [२] ।

१७२ : यहाँ नागकुमारों के राजा नागकुमारेन्द्र भूतानन्द रहते हैं वे महर्धिक हैं यावत् दिव्यलेश्या से दसों दिशाओं को उद्योतित एवं प्रकाशित करते हुए रहते हैं ।

वहाँ चालीस लाख भवनावासों का आधिपत्य एवं पुरोगामित्व करते हुए यावत् रहते हैं ।

सुवण्णकुमारठाणाइं—

सुपर्णकुमारों के स्थान—

१७३ : प० [१] कहि णं भंते ! सुवण्णकुमाराणं देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

[२] कहि णं भंते ! सुवण्णकुमारा देवा परिवसंति ?

उ० [१] गोयमा ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए असीउत्तर जोयणसयसहस्सबाहल्लाए उवरिं एगं जोयणसहस्सं ओगाहित्ता, हेट्ठा वेगं जोयणसहस्सं वज्जिऊण, मज्झे अट्ठहत्तरे जोयणसयसहस्से—एत्थ णं सुवण्णकुमाराणं देवाणं बावत्तरिं भवणावाससतसहस्सा भवंतीतिमक्खातं ।[3]

ते णं भवणा बाहिं वट्टा जाव पडिरूवा—तत्थ णं सुवण्णकुमाराणं देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ।

[२] तिसु वि लोगस्स असंखेज्जइभागे । तत्थ णं सुवण्णकुमारा देवा परिवसंति, महिड्ढीया सेसं जहा ओहियाणं जाव विहरंति ।

—पण्ण० पद० २, सु० १८४ [१] ।

१७३ : प्र० [१] हे भगवन् ! पर्याप्त और अपर्याप्त सुपर्णकुमार देवों के स्थान कहाँ पर कहे गये हैं ?

[२] हे भगवन् ! सुपर्णकुमार देव कहाँ रहते हैं ?

उ० [१] हे गौतम ! एक लाख अस्सीहजार योजन बाहल्य (मोटाई) वाली इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर से एक हजार योजन अवगाहन करने पर और नीचे से एक हजार योजन छोड़ने पर एक लाख अठत्तर हजार योजन प्रमाण मध्य भाग में सुवर्णकुमार देवों के बहत्तर लाख भवनावास हैं—ऐसा कहा गया है ।

ये भवन बाहर से वृत्ताकार हैं यावत् प्रतिरूप हैं । इनमें पर्याप्त तथा अपर्याप्त सुपर्णकुमार देवों के स्थान कहे गये हैं ।

[२] लोक के असंख्यात वें भाग में (इनकी उत्पत्ति समुद्घात और उनके स्वस्थान) ये तीनों हैं । वहाँ सुपर्णकुमार देव रहते हैं । वे महर्धिक हैं शेष सामान्य वर्णन जैसा है यावत् (क्रीड़ारत) रहते हैं ।

---

१. सम० ४०, सु० ४ । २. जीवा० प० ३, उ० २, सु० १२० । ३. सु० ७२, सु० १ ।

सुवण्णकुमारिंदा—

१७४ : वेणुदेव-वेणुदाली यऽत्थ दुवे सुवण्णकुमारिंदा सुवण्णकुमाररायाणो[1] परिवसंति । महिड्ढीया जाव विहरंति ।

—पण्ण० पद० २, सु० १८४ [२] ।

सुपर्णकुमार देवों के इन्द्र—

१७४ : सुपर्णकुमारों के राजा सुपर्णकुमारेन्द्र वेणुदेव और वेणुदाली ये दो वहाँ रहते हैं । वे महर्धिक हैं यावत् वे (क्रीड़ारत) रहते हैं ।

दाहिणिल्लसुवण्णकुमारठाणाइं—

१७५ : प० [१] कहि णं भंते ! दाहिणिल्लाणं सुवण्णकुमाराणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

[२] कहि णं भंते ! दाहिणिल्ला सुवण्णकुमारा देवा परिवसंति ?

उ० [१] गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए असीउत्तर जोयणसयसहस्स बाहल्लाए उवरिं एगं जोयणसहस्सं ओगाहित्ता, हेट्ठा वेगं जोयणसहस्सं वज्जिऊण, मज्झे अट्ठहत्तरे जोयणसयसहस्से—एत्थ णं दाहिणिल्लाणं सुवण्णकुमाराणं अट्ठतीसं भवणावाससतसहस्सा भवंतीतिमक्खातं ।

ते णं भवणा बाहिं वट्टा जाव पडिरूवा—एत्थ णं दाहिणिल्लाणं सुवण्णकुमाराणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ।

[२] तिसु वि लोगस्स असंखेज्जइभागे । एत्थ णं बहवे सुवण्णकुमाराणं देवा परिवसंति ।

—पण्ण० पद० २, सु० १८५ [१] ।

दाक्षिणात्य सुपर्णकुमारों के स्थान—

१७५ : प्र० [१] हे भगवन् ! दक्षिण दिशावासी पर्याप्त-अपर्याप्त सुपर्णकुमार देवों के स्थान कहाँ पर कहे गये हैं ?

[२] हे भगवन् ! दक्षिण दिशावासी सुपर्णकुमार देव कहाँ रहते हैं ?

उ० [२] हे गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मेरु पर्वत से दक्षिण में एक लाख अस्सीहजार योजन बाहल्य वाली इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर से एक हजार योजन अवगाहन करने पर और नीचे से एक हजार योजन छोड़ने पर एक लाख अठत्तर हजार योजन प्रमाण मध्य भाग में दक्षिण दिशावासी सुपर्णकुमारों के अडतीस लाख भवनावास हैं—ऐसा कहा गया है ।

ये भवन बाहर से वृत्ताकार हैं यावत् प्रतिरूप हैं । यहाँ दक्षिण दिशावासी पर्याप्त तथा अपर्याप्त सुपर्णकुमारों के स्थान कहे गये हैं ।

[२] लोक के असंख्यातवें भाग में (इनकी उत्पत्ति समुद्घात तथा इनके अपने स्थान) ये तीनों हैं । यहाँ पर अनेक सुपर्णकुमार देव रहते हैं ।

दाहिणिल्लसुवण्णकुमारिंदो वेणुदेवो—

१७६ : वेणुदेवे यऽत्थ सुवण्णिंदे सुवण्णकुमारराया परिवसइ । सेसं जहा णागकुमाराणं ।

—पण्ण० पद० २, सु० १८५ [२] ।

दाक्षिणात्य सुपर्णकुमारेन्द्र वेणुदेव—

१७६ : यहाँ पर सुपर्णकुमारों के राजा सुपर्णकुमारेन्द्र वेणुदेव रहते हैं । शेष सारा वर्णन नागकुमारों के समान हैं ।

उत्तरिल्लसुवण्णकुमारठाणाइं—

१७७ : प० [१] कहि णं भंते ! उत्तरिल्लाणं सुवण्णकुमाराणं देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

[२] कहि णं भंते ! उत्तरिल्ला सुवण्णकुमारा देवा परिवसंति ?

उत्तर दिशा के सुपर्णकुमारों के स्थान—

१७७ : प्र० [१] भगवन् ! उत्तर दिशावासी पर्याप्त और अपर्याप्त सुपर्णकुमार देवों के स्थान कहाँ पर कहे गये हैं ?

[२] भगवन् ! उत्तर दिशावासी सुपर्णकुमार देव कहाँ रहते हैं ?

---

१. ठाणं० २, उ० ३, सु० ९४ ।

उ० [१] गोयमा ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए असी-उत्तरजोयणसयसहस्सबाहल्लाए उवरिं एगं जोयणसहस्सं ओगाहेत्ता, हेट्ठा वेगं जोयणसहस्सं वज्जिऊण, मज्झे अट्ठहत्तरे जोयणसयसहस्से—एत्थ णं उत्तरिल्लाणं सुवण्णकुमाराणं चोत्तीसं भवणावाससयसहस्सा भवंतीति मक्खायं ।

ते णं भवणा बाहिं वट्टा अंतो चउरंसा जाव पडिरूवा—एत्थ णं उत्तरिल्लाणं सुवण्णकुमाराणं पज्जत्ता-ऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ।

[२] तिसु वि लोगस्स असंखेज्जइभागे—एत्थ णं बहवे उत्तरिल्ला सुवण्णकुमारा देवा परिवसंति । महिड्ढीया जाव विहरंति ।

—पण्ण० पद० २, सु० १८६ [१] ।

उ० [१] गौतम ! एक लाख अस्सी हजार योजन मोटी इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर से एक हजार योजन अवगाहन करने पर और नीचे से एक हजार योजन छोड़ने पर एक लाख अठहत्तर हजार योजन प्रमाण मध्य भाग में उत्तर दिशावासी सुपर्णकुमार देवों के चोतीसलाख भवनावास हैं—ऐसा कहा गया है ।

ये भवन बाहर से वृत्ताकार हैं, अन्दर से चतुष्कोण हैं, यावत् प्रतिरूप हैं । यहाँ उत्तरदिशा के पर्याप्त और अपर्याप्त सुपर्णकुमारों के स्थान कहे गये हैं ।

[२] लोक के असंख्यातवें भाग में (इनकी उत्पत्ति, समुद्घात तथा उनके अपने अपने स्थान) ये तीनों हैं । यहाँ पर उत्तर दिशावासी सुपर्णकुमार देव रहते हैं । वे महर्द्धिक हैं यावत् वे रहते हैं।

उत्तरिल्लसुवण्णकुमारिंदो वेणुदाली--

१७८ : वेणुदाली यऽत्थ सुवण्णकुमारिंदे सुवण्णकुमारराया परिवसइ । महिड्ढीए सेसं जहा णागकुमाराणं ।

– पण्ण० पद० २, सु० १८६ [२] ।

उत्तर दिशा के सुपर्णकुमारेन्द्र वेणुदाली—

१७८ : सुपर्णकुमार राजा सुपर्णकुमारेन्द्र वेणुदाली यहाँ रहते हैं । वे महर्द्धिक हैं—शेष (सम्पूर्ण वर्णन) नागकुमारों जैसा है ।

विज्जुकुमाराईणं सत्तण्हं ठाणमाईण निरूवणं—

१७९ : एवं जहा सुवण्णकुमाराणं वत्तव्वया भणिया तहा सेसाण वि चोद्दसण्हं इंदाणं भाणियव्वा—
नवरं भवण-णाणत्तं,
इंद-णाणत्तं,
वण्ण-णाणत्तं,
परिहाण-णाणत्तं च ।[1]

—पण्ण० पद० २, सु० १८७ ।

विद्युत्कुमारादि सातों के स्थानादिका निरूपण—

१७९ : जिस प्रकार सुपर्णकुमारों का वर्णन कहा गया है उसी प्रकार शेष चौदह इन्द्रों का वर्णन भी कहना चाहिए।
विशेष—भवनों की संख्या भिन्न भिन्न है ।
इन्द्रों के नाम भिन्न भिन्न हैं ।
(भवनवासी देवों के) वर्ण भिन्न भिन्न हैं ।
(भवनवासी देवों के) परिधानों का वर्ण भिन्न भिन्न हैं।

भवणवासिदेवाण भवणसंखा पमाण य—

१८० : प० केवतिया णं भंते ! असुरकुमारावाससयसहस्सा पन्नत्ता ?

उ० गोयमा ! चोसट्ठि असुरकुमारावाससयसहस्सा पन्नत्ता ।

प० ते णं भंते ! किं संखेज्जवित्थडा, असंखेज्जवित्थडा ?

उ० गोयमा ! संखेज्जवित्थडा वि, असंखेज्जवित्थडा वि ।

—भग० स० १३, उ० २, सु० ३-४ ।

भवनवासी देवों के भवनों की संख्या और उनका प्रमाण—

१८० : प्र० भगवन् ! असुकुमारों के कितने लाख आवास कहे गये हैं ?

उ० गौतम ! असुरकुमारों के चौसठलाख आवास कहे गये हैं ।

प्र० भगवन् ! क्या वे संख्येय विस्तार वाले हैं या असंख्येय विस्तार वाले हैं ?

उ० गौतम ! संख्येय विस्तार वाले हैं और असंख्येय विस्तार वाले भी हैं ।

---

१. यहाँ "इमाहिं गाहाहिं अणुगंतव्वं" ऐसा सूचना पाठ है और नीचे सात गाथायें हैं—इनमें से भवनसंख्यासूचक प्रारम्भ की चार गाथायें —'भवणवासिदेवाणं भवणसंखा पमाणं य" इस शीर्षक के नीचे दिये गये मूलपाठ के पश्चात् दी गई है ।

१८१ : प० केवतिया णं भंते ! नागकुमारावाससयसहस्सा पन्नत्ता ?

उ० (गोयमा ! चुलसीइनागकुमारावाससयसहस्सा पण्णत्ता ।) एवं जाव थणियकुमारा ।

नवरं—जत्थ जत्तिया भवणा ।

—भग० स० १३, उ० २, सु० ६ ।

१८१ : प्र० भगवन् ! नागकुमारों के कितने लाख आवास कहे गये हैं ?

उ० (गौतम ! नागकुमारों के चौरासीलाख आवास कहे गये हैं ।) इस प्रकार यावत् स्तनितकुमार तक हैं ।

विशेष—जहाँ जितने भवन हैं (उतने कहें) ।

१८२ : गाहाओ—

१ चोसट्ठिं असुराणं,[1]
२ चुलसीति चेव होंति नागाणं ।[2]
३ बावत्तरिं सुवण्णे,[3]
४ वाउकुमाराण छण्णउ य[4] ॥
५ दीव, ६ दिसा, ७ उदहीणं, ८ विज्जुकुमारिंद,
९ थणिय, १० मग्गीणं ।
छण्हं पि जुवलयाणं, छावत्तरिमो सयसहस्सा ।[5]

—पण्ण० पद० २, सु० १८७ ।

१८२ : गाथार्थ—

१. असुरकुमारों के चौसठलाख भवन हैं ।
२. नागकुमारों के चौरासीलाख भवन हैं ।
३. सुपर्णकुमारों के बहत्तरलाख भवन हैं ।
४. वायुकुमारों के छिन्नवेलाख भवन हैं ।
५. द्वीपकुमार, ६. दिशाकुमार, ७. उदधिकुमार, ८. विद्युत्कुमार, ९. स्तनितकुमार और १०. अग्निकुमार इन ६ युगलों (दक्षिण उत्तर) के (प्रत्येक युगल के) छिहत्तरलाख भवन हैं ।

दाहिणिल्ल उत्तरिल्ल-भवणसंखा —

दक्षिणदिशा और उत्तरदिशा के भवनों की संख्या—

१८३ : गाहाओ—

१ चोत्तीसा,[6]
२ चोयाला,[7]
३ अट्ठतीसं च सयसहस्साइं ।
४ पण्णा,
५ चत्तालीसा, ६-१० दाहिणओ होंति भवणाइं ॥

१ तीसा,
२ चत्तालीसा,[8]
३ चोत्तीसं चेव सयसहस्साइं ।
४ छायाला,[9]
५ छत्तीसा, ६-१० उत्तरओ होंति भवणाइं ।

—पण्ण० पद० २, सु० १८७ ।

१८३ : गाथार्थ—

१. असुरेन्द्र चमर के भवन चौतीसलाख हैं ।
२. नागकुमारेन्द्र धरण के भवन चुम्मालीसलाख हैं ।
३. सुपर्णकुमारेन्द्र वेणुदेव के भवन अडतीसलाख हैं ।
४. विद्युत्कुमारेन्द्र हरि (कांत) के भवन पचासलाख हैं ।

शेष छह इन्द्रों के (प्रत्येक के) भवन चालीस चालीसलाख हैं ।....

१. असुरेन्द्र बली के भवन तीसलाख हैं ।
२. नागकुमारेन्द्र भूतानन्द के भवन चालीसलाख हैं ।
३. सुपर्णकुमारेन्द्र वेणुदाली के भवन चौतीसलाख हैं ।
४. विद्युत्कुमारेन्द्र हरिस्सह के भवन छियालीसलाख हैं ।

शेष छह इन्द्रों के (प्रत्येक के) भवन छत्तीस, छत्तीसलाख हैं ।....

भवणावासाणं रयणामयत्तं सासयासासयत्तं य—

रत्नमय भवनावास शाश्वत और अशाश्वत—

१८४ : प० केवतिया णं भंते ! असुरकुमार भवणावाससयसहस्सा पन्नत्ता ?

१८४ : प्र० भगवन् ! असुरकुमारों के कितने लाख भवनावास कहे गये हैं ?

---

१. सम० ६४, सु० २ ।
२. क—सम० ८४, सु० ११ ।
   ख—भग० स० १३, उ० २, सु० ६ ।
३. सम० ७२, सु० १ ।
४. सम० ९६, सु० २ ।
५. क—सम० ७६, सु० १-२ ।
   ख—भग० स० १, उ० ५, सु० ३ ।
६. सम० ३४, सु० ५ ।
७. सम० ४४, सु० ३ ।
८. सम० ४०, सु० ४ ।
९. सम० ४६, सु० ३ ।

उ० गोयमा ! चोयट्ठिं असुरकुमार-भवणावाससयसहस्सा पन्नत्ता ।

प० ते णं भंते ! किमया पन्नत्ता ?

उ० गोयमा ! सव्वरयणामया अच्छा सण्हा जाव पडिरूवा । तत्थ णं बहवे जीवा य पोग्गला य वक्कमंति, विउक्कमंति, चयंति, उववज्जंति, सासया णं ते भवणा दव्वट्ठयाए, वण्णपज्जवेहिं जाव फासपज्जवेहिं असासया ।

एवं जाव थणियकुमारावासा ।

—भग० स० १६, उ० ७, सु० १, २, ३ ।

उ० गौतम ! असुरकुमारों के चौसठलाख भवनावास कहे गये हैं ।

प्र० भगवन् ! वे किसके बने हुए हैं ?

उ० गौतम ! वे सम्पूर्ण रत्नमय हैं, स्वच्छ हैं, श्लक्षण—चिकने हैं, यावत् मनोहर हैं । उनमें अनेक जीव उत्पन्न होते हैं और मरते हैं । अनेक पुद्गल आते हैं और जाते हैं । अतः वे भवन द्रव्यों की अपेक्षा से शाश्वत हैं । वर्ण पर्यवों (की अपेक्षा) से यावत् स्पर्श पर्यवों (की अपेक्षा) से अशाश्वत हैं ।

इसी प्रकार यावत् स्तनितकुमारावास हैं ।

भवणवासीणं इंदा—

१८५ : १. दो असुरकुमारिंदा पण्णत्ता, तं जहा—
(१) चमरे चेव, (२) बलि चेव ।
२. दो नागकुमारिंदा पण्णत्ता, तं जहा—
(१) धरणे चेव, (२) भूयाणंदे चेव ।
३. दो सुवण्णकुमारिंदा पण्णत्ता, तं जहा—
(१) वेणुदेवे चेव, (२) वेणुदाली चेव ।
४. दो विज्जुकुमारिंदा पण्णत्ता, तं जहा—
(१) हरिच्चेव, (२) हरिस्सहे चेव ।
५. दो अग्गिकुमारिंदा पण्णत्ता, तं जहा—
(१) अग्गिसिहे चेव, (२) अग्गिमाणवे चेव ।
६. दो दीवकुमारिंदा पण्णत्ता, तं जहा—
(१) पुण्णे चेव, (२) विसिट्ठे चेव ।
७. दो उदहिकुमारिंदा पण्णत्ता, तं जहा—
(१) जलकंते चेव, (२) जलप्पभे चेव ।
८. दो दिसाकुमारिंदा पण्णत्ता, तं जहा—
(१) अमियगई चेव, (२) अमियवाहणे चेव ।
९. दो वायुकुमारिंदा पण्णत्ता, तं जहा—
(१) वेलंबे चेव, (२) पभंजणे चेव,
१०. दो थणियकुमारिंदा पण्णत्ता, तं जहा—
(१) घोसे चेव,[1] (२) महाघोसे चेव ।[2]

—ठाणं० २, उ० ३, सु० ९४ ।

भवनवासियों के इन्द्र—

१८५ : १. असुरकुमारों के दो इन्द्र कहे गये हैं, यथा—
(१) चमर और (२) बलि ।
२. नागकुमारों के दो इन्द्र कहे गये हैं, यथा—
(१) धरण और (२) भूतानन्द ।
३. सुवर्णकुमारों के दो इन्द्र कहे गये हैं, यथा—
(१) वेणुदेव और (२) वेणुदाली ।
४. विद्युत्कुमारों के दो इन्द्र कहे गये हैं, यथा—
(१) हरी और (२) हरिस्सह ।
५. अग्निकुमारों के दो इन्द्र कहे गये हैं, यथा—
(१) अग्निशिख और (२) अग्निमाणव ।
६. द्वीपकुमारों के दो इन्द्र कहे गये हैं, यथा—
(१) पूर्ण और (२) वासिष्ठ ।
७. उदधिकुमारों के दो इन्द्र कहे गये हैं, यथा—
(१) जलकांत और (२) जलप्रभ ।
८. दिशाकुमारों के दो इन्द्र कहे गये हैं, यथा—
(१) अमितगति और (२) अमितवाहन ।
९. वायुकुमारों के दो इन्द्र कहे गये हैं, यथा—
(१) वेलंब और (२) प्रभंजन ।
१०. स्तनितकुमारों के दो इन्द्र कहे गये हैं, यथा—
(१) घोष और (२) महाघोष ।

---

१. सम० ३२, सु० २ ।

२. दाहिणिल्ला इंदा : गाहा—
१. चमर, २. धरणे, ३. तह वेणुदेव, ४. हरिकंत, ५. अग्गिसीहे य ।
६. पुण्णे, ७. जलकंते य, ८. अमिय, ९. विलंबे य, १०. घोसे य ॥

उत्तरिल्ला इंदा : गाहा—
१. बलि, २. भूयाणंदे, ३. वेणुदालि, ४. हरिस्सहे, ५. अग्गिमाणव, ६. वसिट्ठे ।
७. जलप्पभे, ८. अमियवाहण, ९. पभंजणे य, १०. महाघोसे ॥ —पण्ण० पद० २, सु० १८७ ।

भवणवइइंदाणं अग्गमहिसीओ—

१८६ : १. चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो पंच अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

(१) काली, (२) राई, (३) रयणी,
(४) विज्जू, (५) मेहा ।

२. बलिस्स णं वइरोयणिंदस्स वइरोयणरण्णो पंच अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

(१) सुभा, (२) निसुभा, (३) रंभा,
(४) निरंभा, (५) मयणा ।

—ठाणं० ५, उ० १, सु० ४०३ ।

भवनपति इन्द्रों की अग्रमहिषियाँ—

१८६ : १. असुरकुमारराज असुरेन्द्र चमर की पाँच अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा—

(१) काली, (२) राजि, (३) रत्नी,
(४) विद्युत, (५) मेघा ।

२. वैरोचनराज वैरोचनेन्द्र बली की पाँच अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा—

(१) शुभा, (२) निःशुभा, (३) रंभा,
(४) निरंभा, (५) मदना ।

१८७ : १. धरणस्स णं नागकुमारिंदस्स नागकुमाररण्णो छ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

१-६ आला जाव घणविज्जुया ।

२. भूयाणंदस्स णं नागकुमारिंदस्स नागकुमाररण्णो छ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

१-६ रूवा जाव रूवप्पभा ।

जहा धरणस्स तहा सव्वेसिं २-१० दाहिणिल्लाणं जाव घोसस्स ।

जहा भूयाणंदस्स तहा सव्वेसिं २-१० उत्तरिल्लाणं जाव महाघोसस्स ।

—ठाणं० ६, सु० ५०८ ।

१८७ : १. नागकुमारराज नागकुमारेन्द्र धरण की छह अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा—

(१-६) आला यावत् घनविद्युता ।

२. नागकुमारराज नागकुमारेन्द्र भूतानन्द की छह अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा—

(१-६) रूपा यावत् रूपप्रभा ।

दक्षिण दिशा के घोष पर्यन्त सभी (शेष आठ इन्द्रों) की अग्रमहिषियों के नाम धरण जैसे हैं ।

उत्तर दिशा के महाघोष पर्यन्त सभी (शेष आठ इन्द्रों) की अग्रमहिषियों के नाम भूतानन्द जैसे हैं ।

१८८ : छ दिसिकुमारिमहत्तरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

(१) रूया, (२) रूयंसा, (३) सुरूवा, (४) रूपवई,
(५) रूपकंता, (६) रूपप्पभा ।

छ विज्जुकुमारिमहत्तरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

(१) आला, (२) सक्का, (३) सतेरा, (४) सोयामणी,
(५) इंदा, (६) घनविज्जुया ।[1]

—ठाणं० ६, सु० ५०७ ।

१८८ : दिशाकुमारियों में महत्तरिका—प्रधान छह कही गई हैं, यथा—

(१) रूपा, (२) रूपांशा, (३) सुरूपा, (४) रूपवती,
(५) रूपकांता, (६) रूपप्रभा ।

विद्युत्कुमारियों में महत्तरिका—प्रधान छह कही गई हैं, यथा—

(१) आला, (२) शक्रा, (३) शतेरा, (४) सौदामिनी,
(५) इन्द्रा, (६) घनविद्युता ।

१८९ : चत्तारि दिसाकुमारिमहत्तरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

(१) रूया, (२) रूयंसा, (३) सुरूवा, (४) रूपवई ।

१८९ : दिशाकुमारियों में महत्तरिका—प्रधान चार कही गई हैं, यथा—

(१) रूपा, (२) रूपांशा, (३) सुरूपा, (४) रूपवती ।

---

१. इन सूत्रों में छह छह महत्तरिकाओं के जो नाम हैं वे ऊपर ५०८ सूत्र में दिये गये नामों के समान हैं । इसलिए 'अग्रमहिषी' और 'महत्तरिका' ये दोनों शब्द पर्यायवाची प्रतीत होते हैं ।

चत्तारि विज्जुकुमारिमहत्तरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
(१) चित्ता, (२) चित्तकणगा,[1] (३) सएरा, (४) सोयामणी ।

—ठाणं ४, उ० १, सु० २५९ ।

विद्युत्कुमारियों में महत्तरिका—प्रधान चार कही गई हैं, यथा—
(१) चित्रा, (२) चित्र कनका, (३) शतेरा, (४) सौदामिनी।

भवणवासीणं वण्णाइं—

१९० : गाहाओ :—

काला असुरकुमारा, णागा उदही य पंडुरा दो वि ।
वरकणगणिहसगोरा, होंति सुवण्णा दिसा थणिया ।।
उत्तत्तकणगवण्णा, विज्जू अग्गी य होंति दीवा य ।
सामा पियंगुवण्णा, वाउकुमारा मुणेयव्वा ।।

—पण्ण० पद० २, सु० १८७ ।

भवनवासी देवों के वर्ण—

१९० : गाथार्थ—

असुरकुमारों का वर्ण काला है, नागकुमार और उदधिकुमारों का वर्ण पंडुर (श्वेत-पीत मिश्रित) है, सुवर्णकुमार, दिशाकुमार और स्तनितकुमारों का वर्ण कसोटी पर की हुई श्रेष्ठ स्वर्णरेखा के समान गौर वर्ण है। विद्युत्कुमार, अग्निकुमार और द्वीपकुमारों का वर्ण तपे हुए स्वर्ण वर्ण जैसा है, वायुकुमारों का वर्ण प्रियंगु जैसा श्याम जानना चाहिए ।

भवणवासीणं परिहाणवण्णाइं—

१९१ : गाहाओ :—

असुरेसु होंति रत्ता, सिलिंघ पुप्फपभा य नागुदही ।
आसासगवसणधरा, होंति सुवण्णा दिसा थणिया ।।
णीलाणुरागवसणा, विज्जू अग्गी य होंति दीवा य ।
संझाणुरागवसणा, वाउकुमारा मुणेयव्वा ।।

—पण्ण० पद० २, सु० १८७ ।

भवनवासी देवों के परिधानों (वस्त्रों) का वर्ण—

१९१ : गाथार्थ—

असुरकुमारों के वस्त्रों का वर्ण रक्त है, नागकुमार और उदधिकुमारों के वस्त्रों का वर्ण सिलिंध्र (वृक्ष) के पुष्पों की प्रभा जैसा है, सुवर्णकुमार, दिशाकुमार और स्तनितकुमारों के वस्त्रों का वर्ण आसासग (वृक्ष के वर्ण) जैसा है, विद्युतकुमार, अग्निकुमार और द्वीपकुमारों के वस्त्रों का वर्ण नीला है, वायुकुमारों के वस्त्रों का वर्ण संध्या समय जैसा जानना चाहिए ।

भवणवईणं सामाणियदेव आयरक्खदेवसंखा य—

१९२ : गाहाओ :—

१. चउसट्ठी[1], २. सट्ठी[3] खलु,
३-१०. छच्चसहस्साउ असुरवज्जाणं[4] ।
सामाणिया उ एए,
चउग्गुणा आयरक्खा उ ।।

—पण्ण० पद० २, सु० १८७ ।

भवनपतियों के सामानिक देवों की और आत्मरक्षक देवों की संख्या—

१९२ : गाथार्थ—

चमरेन्द्र के चौसठ हजार सामानिक देव हैं और चौसठ हजार के चौगुणे (दो लाख छप्पन हजार) आत्मरक्षक देव हैं ।

वैरोचनेन्द्र बलि के साठ हजार सामानिक देव हैं और साठ-हजार के चौगुणे (दो लाख चालीस हजार) आत्मरक्षक देव हैं ।

असुरेन्द्रों को छोड़कर शेष आठ इन्द्रों (प्रत्येक) के छह-छह हजार सामानिक देव हैं और प्रत्येक के आत्मरक्षक देव छह हजार के चौगुणे (चौबीस हजार) हैं ।

---

१. इस सूत्र में चित्रा और चित्रकनका—ये दो नाम ऊपर ५०८ सूत्र में दी गई संक्षिप्त वाचना की सूचना से भिन्न है।
सूचना—महत्तरिकाओं के चार सूत्र केवल तुलनात्मक अध्ययन के लिए यहाँ दिये हैं ।
२. सम० ६४, सु० ३ । ३. सम० ६०, सु० ४ ।
४. ठाणं० ६, सु० ५०९ ।

भवणवासिइंदाणं लोगपाला—

१९३ : १. चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररन्नो चत्तारि लोगपाला पण्णत्ता, तं जहा—

१. सोमे, २. जमे, ३. वरुणे, ४. वेसमणे ।

२. एवं बलिस्स वि—

१. सोमे, २. जमे, ३. वेसमणे, ४. वरुणे ।

३. एवं धरणस्स वि—

१. कालपाले, २. कोलपाले, ३. सेलपाले, ४. संखपाले ।

४. एवं भूयाणंदस्स वि—

१. कालपाले, २. कोलपाले, ३. संखपाले, ४. सेलपाले ।

५. एवं वेणुदेवस्स वि—

१. चित्ते, २. विचित्ते, ३. चित्तपक्खे, ४. विचित्तपक्खे ।

६. एवं वेणुदालिस्स वि—

१. चित्ते, २. विचित्ते, ३. विचित्तपक्खे, ४. चित्तपक्खे ।

७. एवं हरिकंतस्स वि—

१. पभे, २. सुपभे, ३. पभकंते, ४. सुपभकंते ।

८. एवं हरिसहस्स वि—

१. पभे, २. सुपभे, ३. सुपभकंते, ४. पभकंते ।

९. एवं अग्गिसिहस्स वि—

१. तेउ, २. तेउसिहे, ३. तेउकंते, ४. तेउप्पभे ।

१०. एवं अग्गिमाणवस्स वि—

१. तेउ, २. तेउसिहे, ३. तेउप्पभे, ४. तेउकंते ।

११. एवं पन्नस्स वि—

१. रूए, २. रूयंसे, ३. रूयकंते, ४. रूयप्पभे ।

१२. एवं वसिट्ठस्स वि—

भवनवासि इन्द्रों के लोकपाल—

१९३ : १. असुरकुमारराज असुरेन्द्र चमर के चार लोकपाल कहे गये हैं, यथा—

१. सोम, २. यम, ३. वरुण, ४. वैश्रमण ।

२. इसी प्रकार बली के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. सोम, २. यम, ३. वैश्रमण, ४. वरुण ।

३. इसी प्रकार धरण के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. कालपाल, २. कोलपाल, ३. शैलपाल, ४. शंखपाल ।

४. इसी प्रकार भूतानन्द के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. कालपाल, २. कोलपाल, ३. शंखपाल, ४. शैलपाल ।

५. इसी प्रकार वेणुदेव के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. चित्र, २. विचित्र, ३. चित्रपक्ष, ४. विचित्रपक्ष ।

६. इसी प्रकार वेणुदाली के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. चित्र, २. विचित्र, ३. विचित्रपक्ष, ४. चित्रपक्ष ।

७. इसी प्रकार हरिकांत के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. प्रभ, २. सुप्रभ, ३. प्रभकांत, ४. सुप्रभकांत ।

८. इसी प्रकार हरिस्सह के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. प्रभ, २. सुप्रभ, ३. सुप्रभकांत, ४. प्रभकांत ।

९. इसी प्रकार अग्निशिख के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. तेजस्, २. तेजःशिख, ३. तेजस्कांत, ४. तेजस्प्रभ ।

१०. इसी प्रकार अग्निमाणव के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. तेजस्, २. तेजःशिख, ३. तेजस्प्रभ, ४. तेजस्कांत ।

११. इसी प्रकार पूर्ण के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. रूप, २. रूपांश, ३. रूपकांत, ४. रूपप्रभ ।

१२. इसी प्रकार वशिष्ठ के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. रूए, २. रूयंसे, ३. रूयप्पभे, ४. रूयकंते ।

१३. एवं जलकंतस्स वि—

१. जले, २. जलरए, ३. जलकंते, ४. जलप्पभे ।

१४. एवं जलप्पहस्स वि—

१. जले, २. जलरए, ३. जलप्पभे, ४. जलकंते ।

१५. एवं अमितगतिस्स वि—

१. तुरियगई, २. खिप्पगई, ३. सीहगई, ४. सीहविक्कमगई ।

१६. एवं अमितवाहणस्स वि—

१. तुरियगई, २. खिप्पगई, ३. सीहविक्कमगई, ४. सीहगई ।

१७. एवं वेलंबस्स वि—

१. काले, २. महाकाले, ३. अंजणे, ४. रिट्ठे ।

१८. एवं पभंजणस्स वि—

१. काले, २. महाकाले, ३. रिट्ठे, ४. अंजणे ।

१९. एवं घोसस्स वि—

१. आवत्ते, २. वियावत्ते, ३. णंदियावत्ते, ४. महाणंदियावत्ते ।

२०. एवं महाघोसस्स वि—

१. आवत्ते, २. वियावत्ते, ३. महाणंदियावत्ते ४. णंदियावत्ते ।

—ठाणं० ४, उ० १, सु० २५६ ।

१. रूप, २. रूपांश, ३. रूपप्रभ, ४. रूपकांत ।

१३. इसी प्रकार जलकांत के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. जल, २. जलरत, ३. जलकांत, ४. जलप्रभ ।

१४. इसी प्रकार जलप्रभ के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. जल, २. जलरत, ३. जलप्रभ, ४. जलकांत ।

१५. इसी प्रकार अमितगति के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. त्वरितगति, २. क्षिप्रगति, ३. सिंहगति ४. सिंहविक्रमगति ।

१६. इसी प्रकार अमितवाहन के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. त्वरितगति, २. क्षिप्रगति, ३. सिंहविक्रमगति, ४. सिंहगति ।

१७. इसी प्रकार वेलंब के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. काल, २. महाकाल, ३. अंजन, ४. रिष्ठ ।

१८. इसीप्रकार प्रभंजन के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. काल, २. महाकाल, ३. रिष्ठ, ४. अंजन ।

१९. इसी प्रकार घोष के भी (चार लोकपाल कहे गये हैं, यथा—

१. आवर्त, २. व्यावर्त, ३. नंदितावर्त, ४. महानंदितावर्त ।

२०. इसी प्रकार महाघोष के भी (चार लोकपाल कहे गये) हैं, यथा—

१. आवर्त, २. व्यावर्त, ३. महानंदितावर्त, ४. नंदितावर्त ।

भवणवइइंद-लोगपालाणं अग्गमहिसीओ—

१९४ : १. चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो १ सोमस्स महारण्णो चत्तारि अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

१. कणगा, २. कणगलया, ३. चित्तगुत्ता, ४. वसुंधरा ।

एवं २ जमस्स, ३ वरुणस्स, ४ वेसमणस्स ।

भवनपति इन्द्रों के लोकपालों की अग्रमहिषियाँ—

१९४ : १. असुरकुमारराज असुरकुमारेन्द्र चमर के सोम (लोकपाल) महाराज की चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा—

१. कनका, २. कनकलता, ३. चित्रगुप्ता, ४. वसुंधरा ।

इसी प्रकार यम, वरुण और वैश्रमण (लोकपालों की अग्रमहिषियों के नाम) हैं ।

२. बलिस्स णं वइरोयणिंदस्स वइरोयणरन्नो १ सोमस्स महारण्णो चत्तारि अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

१. मितगा, २. सुभद्दा, ३. विज्जुत्ता, ४. असणी ।

एवं २ जमस्स, ३ वेसमणस्स, ४ वरुणस्स ।

२. वैरोचनराज वैरोचनेन्द्र बलि के सोम (लोकपाल) महाराज की चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा—

१. मितगा, २. सुभद्रा, ३. विद्युत, ४. अशनी ।

इसी प्रकार यम, वरुण और वैश्रमण (लोकपाल की अग्रमहिषियों के नाम) हैं ।

३. धरणस्स णं नागकुमारिंदस्स नागकुमाररण्णो कालवालस्स महारण्णो चत्तारि अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

१. असोगा, २. विमला, ३. सुप्पभा, ४. सुदंसणा ।

एवं जाव संखवालस्स ।

३. नागकुमारराज नागकुमारेन्द्र धरण के कालवाल (लोकपाल) महाराज की चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा—

१. असोका, २. विमला, ३. सुप्रभा, ४. सुदर्शना ।

इसीप्रकार संखवाल पर्यंत (लोकपालों की अग्रमहिषियों के नाम) हैं ।

४. भूताणंदस्स णं नागकुमारिंदस्स नागकुमाररण्णो कालवालस्स महारण्णो चत्तारि अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

१. सुणंदा, २. सुभद्दा, ३. सुजाया, ४. सुमणा ।

एवं जाव सेलवालस्स ।

४. नागकुमारराज नागकुमारेन्द्र भूतानन्द के कालवाल (लोकपाल) महाराज की चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा—

१. सुनन्दा, २. सुभद्रा, ३. सुजाया, ४. सुमना ।

इसी प्रकार सेलवाल पर्यंत (लोकपालों की अग्रमहिषियों के नाम) हैं ।

जहा धरणस्स एवं सव्वेसिं दाहिणिंदलोगपालाणं जाव घोसस्स ।

घोष पर्यंत सभी दक्षिणेन्द्रों के लोकपालों की अग्रमहिषियों के नाम धरण (के लोकपालों की अग्रमहिषियों के नाम) जैसे हैं ।

जहा भूताणंदस्स एवं सव्वेसिं उत्तरिंदलोगपालाणं जाव महाघोसस्स लोगपालाणं ।

महाघोष पर्यंत सभी उत्तरेन्द्रों के लोकपालों की अग्रमहिषियों के नाम भूतानन्द (के लोकपालों की अग्रमहिषियों) के समान हैं ।

—ठाणं० ४, उ० १, सु० २७३ ।

१९५ : चमरस्स सुहम्मा सभा—

चमरेंद्र की सुधर्मा सभा—

प० कहि णं भंते ! चमरस्स असुररण्णो सभा सुहम्मा पण्णत्ता ?

१९५ : प्र० हे भगवन् ? असुरराजचमर की सुधर्मा सभा कहाँ पर कही गई है ?

उ० गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं तिरियमसंखेज्जे दीव-समुद्दे[1] वीईवइत्ता, अरुणवरस्स दीवस्स बाहिरिल्लातो वेइयंताओ अरुणोदयं समुद्दं बायालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहित्ता—एत्थ णं चमरस्स असुररण्णो तिगिंछि कूडे नामं उप्पायपव्वत्ते पण्णत्ते ।

उ० हे गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मेरु पर्वत से दक्षिण में तिरछे असंख्यद्वीप समुद्र पार करने पर अरुणवर द्वीप की बाहिर की वेदिका से अरुणोदय समुद्र में बियालीस हजार योजन जाने पर असुरराज चमर का तिगिच्छ कूट नामक उत्पात पर्वत कहा गया है ।

सत्तरसएक्कवीसे जोयणसते उड्ढं उच्चत्तेणं,[2]
चत्तारितीसे जोयणसते कोसं च उव्वेहेणं ।

इस उत्पात पर्वत की ऊंचाई सतरहसो इक्कीस योजन है और उद्वेध (भू-गर्भ की गहराई) चार सौ तीस योजन और एक कोश है ।

१. सम० १७, सु० ७ । २. सम० सूत्र १०३/२ ।

गोत्थुभस्स आवासपव्वयस्स पमाणेण नेयव्वं, नवरं:—उवरिल्ले पमाणं मज्झे भाणियव्वं जाव मूले वित्थडे, मज्झे संखित्ते, उप्पिं विसाले, वरवइर विग्गहिए महामउंदसंठाणसंठिए सव्वरयणामए अच्छे जाव पडिरूवे ।

इस उत्पात पर्वत का प्रमाण गोस्तुभ आवास पर्वत के समान जानना चाहिए। विशेष (अन्तर) यह है कि (गोस्तुभ आवास पर्वत के) ऊपर के प्रमाण के समान (इस उत्पात पर्वत के) मध्य भाग का प्रमाण जानना चाहिए। यावत् यह मूल में विस्तृत है, मध्य में संक्षिप्त है और ऊपर से विशाल है। इस (पर्वत) की आकृति श्रेष्ठ वज्र जैसी है, महा मुकुंद (वाद्य) के संस्थान से स्थित है। सारा पर्वत रत्नमय है स्वच्छ है यावत् प्रतिरूप है।

से णं एगाए पउमवरवेइयाए एगेणं वणसंडेणं य सव्वओ समंता संपरिक्खित्ते ।

पउमवरवेईयाए वणसंडस्स य वण्णओ ।

यहाँ (उत्पात पर्वत) चारों ओर एक पद्मवर वेदिका और एक वनखण्ड से घिरा हुआ है।

यहाँ पद्मवरवेदिका तथा वनखण्ड का वर्णन कहना चाहिए।

तस्स णं तिगिंछिकूडस्स उप्पायपव्वयस्स उप्पिं बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते । वण्णओ । तस्स णं बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभागे—एत्थ णं महं एगे पासायवडिंसए पण्णत्ते । अड्ढाइज्जाइं जोयण-सयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, पणवीसं जोयण-सयं विक्खंभेणं ।

पासाय-वण्णओ । उल्लोयभूमिवण्णओ । अट्ठ जोयणाइं मणिपेढिया ।

चमरस्स सीहासणं सपरिवारं भाणियव्वं ।

उस तिगिच्छ कूट उत्पात पर्वत के ऊपर का भू-भाग अत्यधिक सम एवं रमणीय कहा गया है। यहाँ भूभाग का वर्णन कहना चाहिए। उस सम एवं रमणीय भूभाग के ठीक मध्य भाग में एक विशाल प्रासादावतसक (सुन्दर महल) कहा गया है। इस (प्रासादावतंसक) की ऊँचाई दो सौ पचास योजन है और विष्कम्भ एक सौ पचीस योजन का है।

यहाँ प्रासादावतंसक एवं उसके ऊपरी भाग का वर्णन कहना चाहिए। आठ योजन की मणिपीठिका है।

यहाँ चमरेन्द्र के सिंहासन का सपरिवार वर्णन कहना चाहिए।

तस्स णं तिगिंछिकूडस्स दाहिणेणं छक्कोडिसए पणपन्नं च कोडीओ पणतीसं च सतसहस्साइं पण्णासं च जोयण सहस्साइं अरुणोदए समुद्दे तिरियं वीइवइत्ता, अहे य रयणप्पभाए पुढवीए चत्तालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहित्ता एत्थ णं चमरस्स असुरिंदस्स असुररण्णो चमरचंचा नामं रायहाणी पण्णत्ता ।

उस तिगिच्छ कूट (उत्पात पर्वत) के दक्षिण में अरुणोदय समुद्र में छह सौ पचपन करोड़ पैंतीस लाख पचास हजार योजन जाने पर नीचे रत्न प्रभा पृथ्वी का चालीस हजार योजन भाग अवगाहन करने पर असुरराज असुरेन्द्र चमर की चमर चंचा नामक राजधानी कही गई है।

एगं जोयणसतसहस्सं आयाम-विक्खंभेणं जंबुद्दीवपमाणा । ओवारियलेणं सोलसजोयणसहस्साइं आयामविक्खंभेणं, पन्नासं जोयणसहस्साइं पंच य सत्ताणउए जोयण किंचि-विसेसूणे परिक्खेवेणं ।

इसका आयाम-विष्कम्भ एक लाख योजन है जो जम्बूद्वीप के बराबर है। उपकारिकालयन का आयाम-विष्कम्भ सोलह हजार योजन है और उसकी परिधि पचास हजार पाँच सो सित्तानवे योजन में कुछ कम है।

सव्वप्पमाणं वेमाणियप्पमाणस्स अद्धं नेयव्वं । सभा सुहम्मा उत्तर-पुरत्थिमेणं, जिणघरं, ततो उववायसभा हरओ अभिसेय अलंकारो जहा विजयस्स । गाहा—

यहाँ सारा प्रमाण वैमानिकों के प्रमाण से आधा जानना चाहिए। सुधर्मा सभा, उत्तर-पूर्व में जिनघर, उपपात सभा, ह्रद, अभिषेक और अलंकार यह सारा वर्णन विजय देव के वर्णन के समान है। गाथार्थ—

उववाओ संकप्पो अभिसेय विभूसणा य ववसाओ ।
अच्चाणिय सुहगमो वि य चमरपरिवार इड्ढित्त ।।

उपपात, संकल्प, अभिषेक, विभूषणा, व्यवसाय, अर्चनिका, शुभागमन चमर का परिवार और उसकी ऋद्धि सम्पन्नता।

(इस गाथा में कहे गये विषयों का विस्तृत वर्णन विजयदेव के समान है।)

—भग० स० २, उ० ८, सू० १।

चमरिंदस्स चमरचंचावासो—

१९६ : प० कहि णं भंते ! चमरस्स असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो चमरचंचे नामं आवासे पन्नत्ते ?

उ० गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं तिरियमसंखेज्जे दीवसमुद्दे[1] वीइवइत्ता अरुणवरस्स दीवस्स बाहिरिल्लाओ वेइयंताओ अरुणोदयं समुद्दं बायालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहित्ता—एत्थ णं चमरस्स असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो तिगिंछिकूडे नामं उप्पायपव्वए पण्णत्ते ।

सत्तरसएक्कवीसे जोयणसए उड्ढं उच्चत्तेणं ।

चत्तारितीसे जोयणसए कोसं च उव्वेहेणं[2] ।

मूले दसबावीसे जोयणसए विक्खंभेणं,

मज्झे चत्तारि चउवीसे जोयणसए विक्खंभेणं,

उवरिं सत्ततेवीसे जोयणसए विक्खंभेणं,

मूले तिण्णि जोयणसहस्साइं दोण्णि य बत्तीसुत्तरे जोयणसए किंचि विसेसूणं परिक्खेवेणं ।

मज्झे एगं जोयणसहस्सं तिण्णि य इगुयाले जोयणसए किंचि विसेसूणं परिक्खेवेणं ।

उवरिं दोण्णि य जोयणसहस्साइं दोण्णि य छलसीए जोयणसए किंचि विसेसाहिए परिक्खेवेणं ।

मूले वित्थडे, मज्झे संखित्ते, उप्पिं विसाले, वरवइर विग्गहिए महामउंदसंठाणसंठिए सव्वरयणामए अच्छे जाव पडिरूवे ।

से णं एगाए पउमवरवेइयाए एगेणं य वणसंडेणं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ते ।

चमरेन्द्र का चमरचंचावास—

१९६ : प्र० भगवन् ! असुरकुमारराज असुरेन्द्र चमर का चमर चंच नामक आवास कहाँ पर कहा गया है ?

उ० गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप से मेरु पर्वत के दक्षिण में तिरछे असंख्य द्वीप समुद्र लाँघने के बाद अरुणवरद्वीप की बाहर की वेदिका के अन्तिम भाग से अरुणवर समुद्र में बियालीस हजार योजन जाने के बाद असुरकुमारराज असुरेन्द्र चमर का तिगिंछि कूट नामक उत्पात पर्वत कहा गया है ।

(वह) सत्रह सौ इकवीस योजन ऊपर की ओर उन्नत है,

चार सो तीस योजन और एक कोश भूमि में गहरा है,

उसका विष्कम्भ मूल में एक हजार बाईस योजन का है ।

मध्य में चार सौ चौबीस योजन का विष्कम्भ है ।

ऊपर सातसौ तेवीस योजन का विष्कम्भ है ।

उसकी परिधि मूल में तीन हजार दो सौ बत्तीस योजन से कुछ कम है ।

मध्य में एक हजार तीन सौ इकतालीस योजन से कुछ कम है ।

ऊपर दो हजार दो सौ छियालीस योजन से कुछ अधिक है ।

मूल में विस्तृत, मध्य में संक्षिप्त और ऊपर से विशाल है । श्रेष्ठ वज्र जैसी आकृति है, महा मुकुंद के संस्थान से स्थित है, सब रत्नमय है स्वच्छ है यावत् मनोहर है ।

वह एक पद्मवरवेदिका और एक वनखण्ड से चारों ओर से घिरा हुआ है ।

---

१. क—यहाँ संक्षिप्त वाचनाकार की सूचना है :—

एवं जहा बितिय सए सभा उद्देस वत्तव्वया (स० २ उ० ८, सु० १) सच्चेव अपरिसेसा नेयव्वा, नवरं इमं नाणत्तं **जाव तिगिंछकूडयस्स उप्पायपव्वयस्स, चमरचंचाए रायहाणीए चमरचंचस्स आवासपव्वयस्स अन्नेसिं च बहूणं सेसं तं चेव जाव तेरस अंगुलाइं अद्धंगुलं च किंचि विसेसाहिया परिक्खेवेणं ।**

इस सूचना के अनुसार (स० २, उ० ८, सु० १) से "**वीइवइत्ता**"····से····"·····**कोसं च उव्वेहेणं**····" तक का पाठ यहाँ दिया है ।

ख—ऊपर अंकित संक्षिप्त वाचना की सूचना में—"**नवरं इमं नाणत्तं**" के आगे जो **जाव** दिया है—इसका अभिप्राय अन्वेषणीय है ।

२. यहाँ (म० वि० विया० स० २, उ० ८, सू० १ में) संक्षिप्त वाचनाकार की सूचना है :—

"·····**गोत्थुभस्स आवासपव्वयस्स पमाणेणं नेयव्वं नवरं उवरिल्लं पमाणं मज्झे भाणियव्वं जाव मूले वित्थडे**····"

इस सूचना के अनुसार वियाहपण्णत्ति प्रथम भाग पृ० १११ के टिप्पण से यहाँ पाठ दिया है ।

पउमवरवेइयाए, वणसंडस्स य वण्णओ ।

तस्स णं तिगिंछिकूडस्स उप्पायपव्वयस्स उप्पिं बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते । वण्णओ ।

तस्स णं बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभागे—एत्थणं महं एगे पासायवडिंसए पण्णत्ते । अड्ढाइज्जाइं जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, पणवीसं जोयणसयं विक्खंभेणं ।

पासायवण्णओ । उल्लोयभूमिवण्णओ ।

अट्ठ जोयणाइं मणिपेढिया, चमरस्स सीहासणं सपरिवारं भाणियव्वं ।

तस्स णं तिगिंछिकूडस्स दाहिणेणं छक्कोडिसए पणपन्नं च कोडीओ, पणतीसं च सयसहस्साइं, पण्णासं च जोयणसहस्साइं अरुणोदए समुद्दे तिरियं वीइवइत्ता, अहे य रयणप्पभाए पुढवीए चत्तालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहित्ता—एत्थ णं चमरस्स असुरिंदस्स असुररन्नो चमरचंचा नामं रायहाणी पण्णत्ता ।

एगं जोयणसयसहस्सं आयाम-विक्खंभेणं[1], तिण्णि जोयणसयसहस्साइं सोलससहस्साइं दोण्णि य सत्तावीसे जोयणसए तिण्णि य कोसे अट्ठावीसं च धणुसयं तेरस य अंगुलाइं अद्धंगुलं च किंचि विसेसाहिए परिक्खेवेणं पण्णत्ते ।

पागारो दिवड्ढं जोयणसयं उड्ढं उच्चत्तेणं, मूले पण्णासं जोयणाइं विक्खंभेणं, उवरिं अद्धतेरस जोयणाइं विक्खंभेणं कविसीसगा अद्धजोयणआयामं, कोसं विक्खंभेणं देसूणं अद्धजोयणं उड्ढं उच्चत्तेणं, एगमेगाए बाहाए पंच पंच दारसया, अड्ढाइज्जाइं जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, अद्धं विक्खंभेणं ।[2]

यहाँ पद्मवरवेदिका और वनखण्ड का वर्णन कहना चाहिए ।

उस तिगिंच्छ कूट उत्पात पर्वत से ऊपर का भू भाग अधिक सम एवं रमणीय कहा गया है। (भू भाग का) वर्णन कहना चाहिए ।

उस अधिक सम एवं रमणीय भू भाग के मध्य में एक महान प्रासादावतंसक (भव्य प्रासाद) कहा गया है। वह प्रासाद ढाई सौ योजन ऊपर की ओर उन्नत है और उसका विष्कम्भ एक सौ पच्चीस योजन का है ।

प्रासाद का वर्णक, छत का वर्णक, आठ योजन की मणिपीठिका और चमर का सपरिवार सिंहासन (का वर्णक) यहाँ कहना चाहिए ।

उस तिगिच्छ कूट (पर्वत) के दक्षिण में छह सौ पचपन करोड़ पैंतीस लाख पचास हजार योजन अरुणोदक समुद्र में तिरछे जाने पर और (वहाँ से) नीचे रत्न प्रभा पृथ्वी के भीतर चालीस हजार योजन जाने पर असुरकुमारराज असुरेन्द्र चमर की चमर चंचा नाम की राजधानी कही गई है ।

(वह राजधानी) एक लाख योजन की लम्बी चौड़ी हैं और उसकी परिधि तीन लाख सोलह हजार दो सौ सत्तावीस योजन तीन कोश अठावीस धनुष तेरह अंगुल तथा आधे अंगुल से कुछ अधिक कही गई है ।

(उस राजधानी का) प्राकार डेढ सौ योजन ऊपर की ओर उन्नत है, (प्राकार के) मूल का विष्कम्भ पचास योजन है, (प्राकार के) ऊपर का विष्कम्भ साढ़े बारह योजन है, (प्राकार के) कपिशीर्षक—कंगूरे आधा योजन लम्बे हैं, एक कोश चौड़े हैं और आधा योजन से कुछ कम ऊपर की ओर उन्नत हैं । (प्राकार की) प्रत्येक बाहु में पाँच पाँच सौ द्वार हैं, (प्रत्येक) द्वार ढाई सौ योजन ऊपर की ओर उन्नत है (ढाई सौ के आधा अर्थात्) सवा सौ योजन का चौड़ा है ।

---

१. यहाँ म० वि० वियाहपण्णत्ति स० २, उ० ८, सु० १ में '**जंबुद्दीवपमाणा**' । **यह संक्षिप्त वाचना का पाठ है ।**

यह पाठ सगत होते हुए भी भ्रांति मूलक है क्योंकि श० १३, उ० ६, सू० ५ में—

सेसं तं चेव जाव तेरस अंगुलाइं अद्धंगुलं च किंचि विसेसाहिया परिक्खेवेणं ।

ऐसा पाठ है । अतः श० २, उ० ८, सु० १ में—"**जंबुद्दीवपमाणा**" के स्थान में श० १३, उ० ६, सू० ५ में सूचित पाठ ही होना चाहिए ।

२. म० वि० वियाहपण्णत्ति, श० २, उ० ८, सू० ९, पृष्ठ ११२ के टिप्पण ४ से चमरचंचा राजधानी के प्राकार आदि का परिमाण यहाँ दिया है ।

तिसेणं चमरचंचाए रायहाणीए दाहिणपच्चत्थिमेणं छक्कोडीसए पणपन्नं च कोडीओ पणतीसं च सयसहस्साइं पन्नासं च जोयणसहस्साइं अरुणोदगसमुद्दं तिरियं वीईवइत्ता एत्थ णं चमरस्स असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो चमर चंचे नामं आवासे पण्णत्ते।

चउरासीइं जोयणसहस्साइं आयाम-विक्खंभेणं, दो जोयणसयसहस्सा पन्नट्ठिं च सहस्साइं छच्च बत्तीसे जोयणसए किंचि विसेसाहिए परिक्खेवेणं। से णं एगेणं पागारेणं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ते, से णं पागारे दिवड्ढं जोयणसयं उड्ढं उच्चत्तेणं[1], मूले पण्णासं जोयणाइं विक्खंभेणं, उवरिं अद्धतेरस जोयणाइं विक्खंभेणं कविसीसगा अद्धजोयणआयामं, कोसं विक्खंभेणं, अद्धजोयणं उड्ढं उच्चत्तेणं, एगमेगाए बाहाए पंच-पंच दारसया, अड्ढाइज्जाइं जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, अद्धं विक्खंभेणं।

उस चमर चंचा राजधानी के दक्षिण पश्चिम में छह सौ पचपन क्रोड पैंतीसलाख पचासहजार योजन अरुणोदक समुद्र में तिरछे जाने पर असुरकुमारराज असुरेन्द्र चमर का चमरचंच नाम का आवास कहा गया है।

(उसका) आयाम-विष्कम्भ चौरासीहजार योजन का है (और उसकी) परिधि दो लाख पैंसठ हजार छह सौ बत्तीस योजन से कुछ अधिक है। वह एक प्राकार द्वारा चारों ओर से घिरा हुआ है। प्राकार डेढ़सौ योजन ऊपर की ओर उन्नत है, (प्राकार के) मूल का विष्कंभ पचास योजन है और ऊपर का विष्कंभ साड़े बारह योजन है। (प्राकार के) कंगूरे आधा योजन लम्बे हैं, एक कोस चौड़े हैं और आधा योजन ऊपर की ओर उन्नत है। उसकी प्रत्येक बाहु में पाँच-पाँचसौ द्वार हैं। प्रत्येक द्वार ढाईसौ योजन ऊपर की ओर उन्नत है और (ढाईसौ योजन के) आधे अर्थात् सवासौ योजन उनका विष्कंभ है।

प० चमरे णं भंते ! असुरिंदे असुरकुमारराया चमरचंचे आवासे वसहिं उवेइ ?

प्र० हे भगवन् ! असुरकुमारों का राजा असुरेन्द्र क्या चमर चंच आवास में (स्थायी) निवास करता है ?

उ० गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

उ० गौतम ! ऐसा नहीं है।

प० से केणं खाइ अट्ठे णं भंते ! एवं वुच्चइ—'चमर चंचे आवासे, चमरचंचे आवासे ?

प्र० हे भगवन् ! किस अभिप्राय से यह कहा जाता है कि—"यह चमर चंच आवास हैं, यह चमर चंच आवास है ?

उ० गोयमा ! से जहा नामए—इहं मणुस्सलोगंसि उवगारियालेणाइ वा, उज्जाणियलेणाइ वा, निज्जाणियलेणाइ वा, धारवारियलेणाइ वा, तत्थ णं बहवे मणुस्सा य, मणुस्सीओ य, आसयंति सयंति जहा रायपसेणइज्जे जाव कल्लाणफलवित्तिविसेसं पच्चणुभवमाणा विहरंति। अन्नत्थ पुण वसहिं उवेंति।

उ० हे गौतम ! जिस प्रकार इस मनुष्य लोक में उपकारिक (प्रासाद की पीठिका रूप) लयनादि, उद्यानिक (बगीचे में बने हुए) लयनादि, निर्याणिक (नगर द्वार के बाहर बने हुए) लयनादि तथा धारकरिक (पानी की धाराएँ छोड़ने वाले) लयनादि (गृहादि) होते हैं—वहाँ अनेक मनुष्य और मानुषियाँ बैठते हैं, सोते हैं रायपसेणी में आये वर्णन के समान यावत् विशेष पुण्य के फल का अनुभव करते हुए रहते हैं और वे अन्यत्र (स्थायी) निवास करते हैं।

एवामेव गोयमा ! चमरस्स असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो चमरचंचे आवासे केवलं किड्डारतिपत्तियं, अन्नत्थ पुण वसहिं उवेइ।

इसी प्रकार हे गौतम ! असुरकुमारों के राजा असुरेन्द्र चमर का चमर चंच आवास केवल (उसकी) क्रीडारति के लिए है और वह अन्यत्र (स्थायी) निवास करता है।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ चमरचंचे आवासे[2]।

इसीलिए हे गौतम ! यह चमर चंच आवास कहा जाता है।

—भग० स० १३, उ० ६, सु० ५, ६।

---

१. यहाँ संक्षिप्त वाचना की सूचना इस प्रकार हैं :—"**एवं चमरचंचा रायहाणी वत्तव्वया भाणियव्वा सभा विहूणा जाव चत्तारि पासायपंतीओ**"—इस सूचना के अनुसार यहाँ चमरचंचा आवास के प्राकार आदि का परिमाण भग० पृ० ११२ के टिप्पण से दिया है।

२. म० वि० वियाहपण्णत्ति भाग २ श० १३, उ० ६, सू० ५, पृ० ६४० पर संक्षिप्त वाचना की सूचना इस प्रकार है :—"**नवरं इमं नाणत्तं जाव तिगिच्छिकूडस्स उप्पायपव्वयस्स, चमर चंचाए रायहाणीए चमरचंचस्स आवासपव्वयस्स अन्नेसिं च बहूणं**—इस सूचना के अनुसार पण्ण० प० २, सु० १७८ [२] से यहाँ यह पाठ संकलित किया है।

से णं तत्थ तिगिच्छिकूडस्स उप्पायपव्वयस्स, चमरचंचाए रायहाणीए, चमरचंचस्स आवासपव्वयस्स, अन्नेसिं च बहूणं दाहिणिल्लाणं देवाण देवीणं य आहेवच्चं पोरेवच्चं जाव विहरइ।

बलिस्स सुहम्मा सभा : बलिचंचा रायहाणी—

१९७ : प० कहि णं भंते ! बलिस्स वइरोयणिंदस्स वइरोयणरन्नो सभा सुहम्मा पन्नत्ता ?

उ० गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरेणं तिरियमसंखेज्जे दीव-समुद्दे वीइवइत्ता, अरुणवरस्स दीवस्स बाहिरिल्लातो वेइयंतातो अरुणोदयं समुद्दं बायालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहित्ता—एत्थ णं बलिस्स वइरोयणिंदस्स वइरोयणरन्नो रुयगिंदे नामं उप्पायपव्वए पन्नत्ते[1], सत्तरसएक्कवीसे जोयणसए उड्ढं उच्चत्तेणं[2], एवं पमाणं तिगिंछकूडस्स, पासायवडेंसगस्स तं चेव पमाणं, सीहासणं सपरिवारं बलिस्स परियारेणं। अट्ठो तहेव।

नवरं—रुयगिंदप्पभाइं कुमुयाइं।

सेसं तं चेव जाव बलिचंचाए रायहाणीए अन्नेसिं च जाव निच्चे।

रुयगिंदस्स णं उप्पाय पव्वयस्स उत्तरेणं छक्कोडिसए तहेव जाव चत्तालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहित्ता—एत्थ णं बलिस्स वइरोयणिंदस्स वइरोयणरन्नो बलिचंचा नामं रायहाणी पन्नत्ता। एगं जोयणसयसहस्सं पमाणं तहेव, जाव बलिपेढस्स उववातो जाव आयरक्खा सव्वं तहेव निरवसेसं।

नवरं—सातिरेगं सागरोवमं ठितो पन्नत्ता। सेसं तं चेव जाव बली वइरोयणिंदे, बली वइरोयणिंदे।

सेवं भंते, सेवं भंते जाव विहरति।

—भग० स० १६, उ० ९, सु० १।

बलि की सुधर्मा सभा तथा बलि चंचा राजधानी

१९७ : प्र० हे भगवन् ! वैरोचनराज वैरोचनेन्द्र बली की सुधर्मा सभा कहाँ पर कही गई है ?

उ० हे गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मेरु पर्वत से उत्तर में तिरछे असंख्यद्वीप समुद्र लाँघने पर अरुणवर द्वीप की बाहिर की वेदिका से अरुणोदय समुद्र में बयालीस हजार योजन अवगाहन करने पर वैरोचनराज वैरोचनेन्द्र बलि का रुचकेन्द्र नामक उत्पात पर्वत कहा गया है। वह सतरहसौ इक्कीस योजन ऊँचा है, शेष प्रमाण तिगिच्छ कूट उत्पात पर्वत के समान है। प्रासादावतंसक का प्रमाण भी वही है। बलि का सिंहासन और उसके परिवार के सिंहासनों का वर्णन तथा रुचकेन्द्र नाम का अर्थ भी उसी प्रकार है।

विशेष यह है कि रुचकेन्द्र रत्न की प्रभावाले उत्पलादि है।

शेष सभी उसी प्रकार है यावत् बलिचंचा राजधानी और अन्यों का (आधिपत्य करता हुआ) यावत् नित्य है।

रुचकेन्द्र उत्पात पर्वत के उत्तर में उसी प्रकार यावत् (पचपन करोड़; छहसौ पैंतीसलाख पचासहजार योजन अरुणोदय समुद्र में तिरछा जाने पर नीचे रत्नप्रभा का) चालीसहजार योजन भाग अवगाहन करने पर वैरोचनराज वैरोचनेन्द्र बलिकी बलिचंचा नाम की राजधानी कही गई है। इसका आयाम विष्कम्भ एक लाख योजन का है। शेष प्रमाण यावत् बलि पीठ तक कहना चाहिए। उपपात यावत् आत्मरक्षक आदि का सम्पूर्ण वर्णन पहले के समान है।

विशेष—कुछ अधिक एक सागरोपम की स्थिति कही गई है। शेष उसी प्रकार है, यावत् बलि वैरोचनेन्द्र ! बलि वैरोचनेन्द्र !

हे भगवन् ! हे भगवन् ! इसी प्रकार है। इसी प्रकार यावत् विचरण करते हैं।

पंच सभाओ—

१९८ : चमरचंचाए रायहाणीए पंच सभाओ पण्णत्ताओ तं जहा—

१. सुहम्मा सभा, २ उववाय सभा,
३. अभिसेय सभा, ४. अलंकारिय सभा,
५. ववसाय सभा।

(३) तिर्यक्लोक में—कूपों में, तालाबों में, नदियों में, द्रहों में, वापिकाओं में, पुष्करिणियों में, दीर्घिकाओं में, गुंजालिकाओं में, सरों में, सरपंक्तियों में, सरसर-पंक्तियों में, बिलों में, बिल-पंक्तियों में, पहाड़ी झरणों में, भूमि में से निकलने वाले झरणों में, चिल्वलों में, पल्वलों में, तालाबों के किनारे की भूमियों में, द्वीपों में, समुद्रों में और सभी प्रकार के जलाशयों में तथा सभी जलस्थानों में पर्याप्त और अपर्याप्त पंचेन्द्रियों के स्थान कहे गये हैं ।

उपपात की अपेक्षा—लोक के असंख्यातवें भाग में उत्पन्न होते हैं ।

समुद्घात की अपेक्षा—लोक के असंख्यातवें भाग में समुद्घात करते हैं ।

स्वस्थान की अपेक्षा—लोक के असंख्यातवें भाग में उनके स्थान हैं ।

---

१ उत्त० अ० ३६, गाथा १४६ ।

२ उत्त० अ० ३६, गाथा १५८, १७३, १८२, १८६ ।

पंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं ठाणाइं—

२४५. प० कहि णं भंते ! पंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

उ० गोयमा ! (१) उड्ढलोए तदेक्कदेसभाए ।

(२) अहोलोए तदेक्कदेसभाए ।

(३) तिरियलोए अगडेसु तलाएसु नदीसु दहेसु वावीसु पुक्खरिणीसु दीहियासु गुंजालियासु सरेसु सरपंतियासु सरसरपंतियासु बिलेसु बिलपंतियासु उज्झरेसु निज्झरेसु चिल्ललेसु पल्ललेसु वप्पिणेसु दीवेसु समुद्देसु सव्वेसु चेव जलासएसु जलट्ठाणे—एत्थ णं पंचेंदियतिरिक्खजोणियाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ।

उववाएणं लोयस्स असंखेज्जइभागे ।

समुग्घाएणं लोयस्स असंखेज्जइभागे ।

सट्ठाणेणं लोगस्स असंखेज्जइभागे ।[1]

—पण्ण०, पद २, सु० १७५

पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिकों के स्थान—

२४५. प्र०—भगवन् ! पर्याप्त और अपर्याप्त पंचेन्द्रियतिर्यंच-योनिकों के स्थान कहाँ कहे गये हैं ?

उ०—गौतम ! (१) ऊर्ध्वलोक के एक भाग में हैं ।

(२) अधोलोक के एक भाग में हैं ।

(३) तिर्यक्लोक में—कूपों में, तालाबों में, नदियों में, द्रहों में, वापिकाओं में, पुष्करिणियों में, दीर्घिकाओं में, गुंजालिकाओं में, सरों में, सरपंक्तियों, सरसरपंक्तियों में, बिलों में, बिल-पंक्तियों में, पहाड़ी झरणों में, भूमि में से निकलने वाले झरणों में, चिल्वलों में, पल्वलों में, तालाबों के किनारे वाली भूमियों में, द्वीपों में, समुद्रों में और सभी प्रकार के जलाशयों में, तथा सभी जलस्थानों में पर्याप्त तथा अपर्याप्त तिर्यंच-पंचेन्द्रियों के स्थान कहे गये हैं ।


उपपात की अपेक्षा—लोक के असंख्यातवें भाग में उत्पन्न होते हैं ।

समुद्घात की अपेक्षा—लोक के असंख्यातवें भाग में समुद्घात करते हैं ।

स्वस्थान की अपेक्षा—लोक के असंख्यातवें भाग में इनके स्थान हैं ।

॥ अधोलोक वर्णन सम्पूर्ण ॥

१ उत्त० अ० ३६, गाथा १८९ ।



तिर्यक् (मध्य) लोक वर्णन

[सूत्र १ से ११२८, पृष्ठ १२१ से ६५४ तक]

लोय-पण्णत्ति

तिरियलोगो

(मज्झलोगो)

लोक-प्रज्ञप्ति

तिर्यक् लोक

(मध्य लोक)

भगवओ महावीरस्स मिहिलाए समोसरणं—

१. तेणं कालेणं तेणं समएणं मिहिला णामं णयरी होत्था, रिद्धत्थिमियसमिद्धा । वण्णओ ।

तीसे णं मिहिलाए णयरीए बहिया उत्तरपुरच्छिमे दिसीभाए एत्थ णं माणिभद्दे चेइए होत्था । वण्णओ ।
जियसत्तुराया, धारिणीदेवी····वण्णओ ।

तेणं कालेणं तेणं समएणं सामी समोसढे, परिसा णिग्गया, धम्मो कहिओ, परिसा पडिगया ।

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स जेट्ठे अंतेवासी इंदभूई णामं अणगारे गोयम गोत्तेण सत्तुस्सेहे समचउरंससंठाणे-जाव-तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेइ वंदइ णमंसइ वंदित्ता णमंसित्ता एवं वयासी—

—जंबु० वक्ख० १, सु० १-२

तिरियलोय-खेत्तलोयस्स भेया—

२. प० तिरियलोय-खेत्तलोए णं भंते ! कतिविधे पण्णत्ते ?

उ० गोयमा ! असंखेज्जतिविधे पण्णत्ते, तं जहा—जंबुद्दीव-तिरियलोय खेत्तलोए-जाव-सयंभुरमणसमुद्द तिरियलोय-खेत्तलोए । —भग० स० ११, उ० १० सु० ५

भगवान महावीर का मिथिला में समवसरण—

१. उस काल और उस समय में मिथिला नामक नगरी थी, वह ऋद्धि से तथा शान्ति से समृद्ध थी । यहाँ नगरी का वर्णक कहना चाहिए ।

उस मिथिला नगरी के बाहर उत्तर-पूर्व दिग्विभाग में माणिभद्र चैत्य था । यहाँ चैत्य का वर्णक कहना चाहिए ।

वहाँ जितशत्रु राजा था, (उनकी) धारिणीदेवी (रानी) थी । यहाँ राजा और रानी का वर्णक कहना चाहिए ।

उस काल और उस समय में (भगवान महावीर) स्वामी पधारे, (उनकी देशना सुनने के लिए नगरी से) परिषदा निकली । (भगवान महावीर ने) धर्म कहा । (देशना पूर्ण होने पर) परिषदा वापस चली गई ।

उस काल और उस समय में श्रमण भगवान महावीर के ज्येष्ठ अन्तेवासी इन्द्रभूति नामक अनगार (जिनका) समचतुरस्र संस्थान था—यावत्—वे (श्रमण भगवान महावीर को) तीन बार आदक्षिणा प्रदक्षिणा करके वन्दन नमस्कार करते हैं और वन्दन नमस्कार करके वे इस प्रकार बोले—

तिर्यक्लोक क्षेत्रलोक के भेद—

२. प्र०—हे भगवन् ! तिर्यक्लोक का क्षेत्रलोक कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ०—हे गोतम ! असंख्येय प्रकार का कहा गया है, यथा—जम्बूद्वीप तिर्यक्लोक का क्षेत्रलोक—यावत्—स्वयम्भूरमणसमुद्र तिर्यक्लोक का क्षेत्रलोक ।

तिरियलोय-खेत्तलोयस्स संठाणं—

३. प० तिरियलोगखेत्तलोए णं भंते ! किंसंठिए पन्नत्ते ?

उ० गोयमा ! झल्लरिसंठिए पन्नत्ते ।

—भग० सं० ११, उ० १०, सु० ८

तिरियलोय-खेत्तलोयस्स आयाम-मज्झं—

४. प० कहि णं भंते ! तिरियलोगस्स आयाम-मज्झे पन्नत्ते ?

उ० गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स बहुमज्झदेसभाए इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए उवरिम-हेट्ठिल्लेसु खुड्डगपयरेसु—एत्थ णं तिरियलोगमज्झे अट्ठपएसिए रुयए पन्नत्ते, जओ णं इमाओ दस दिसाओ पवहंति, तं जहा—पुरत्थिमा, पुरत्थिमदाहिणा एवं—जहा दसमसते–जावनामधेज्ज त्ति ।

—भग० स० १३, उ० ३, सु० १५

दीव-समुद्दाणं ठाणं संखा महत्तं संठाणं आगारभाव-पडोयारं च—

५. (१) प० कहि णं भंते ! दीव-समुद्दा ?

(२) प० केवइया णं भंते ! दीव-समुद्दा ?

(३) प० के महालया णं भंते ! दीव-समुद्दा ?

(४) प० किं संठिया णं भंते ! दीव-समुद्दा ?

(५) प० किमाकारभावपडोयारा णं भंते ! दीव-समुद्दा पण्णत्ता ?

(१) उ० गोयमा ! अस्सिं तिरियलोए जंबुद्दीवाइया दीवा, लवणाइया समुद्दा ।

(२) उ० असंखेज्जा दीव-समुद्दा सयंभुरमणपज्जवसाणा ।

(३) उ० दुगुणादुगुणे पडुप्पायमाणा पडुप्पायमाणा, पवित्थरमाणा पवित्थरमाणा, ओभासमाणवीचीया बहु उप्पल-पउम-कुमुद-णलिण-सुभग-सोगंधिय-पोंडरीय-महापोंडरीय-सतपत्त-सहस्सपत्तपप्फुल्लकेसरोवचिता पत्तेयं-पत्तेयं पउमवरवेइयापरिक्खित्ता, पत्तेयं-पत्तेयं वणसंडपरिक्खित्ता पण्णत्ता समणाउसो ।

(४) उ० संठाणतो एकविहविधाणां, वित्थारतो अणेगविधविधाणा ।

तिर्यक्लोक—क्षेत्रलोक का संस्थान—

३. प्र०—हे भगवान् ! तिर्यक्लोक का क्षेत्रलोक किस संस्थान (आकार) का कहा गया है ?

उ०—हे गौतम ! झालर के संस्थान का कहा गया है ।

तिर्यक्लोक—क्षेत्रलोक के आयाम का मध्यभाग—

४. प्र०—हे भगवन् ! तिर्यक्लोक के आयाम का मध्यभाग कहाँ कहा गया है ?

उ० हे गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में मेरु पर्वत के मध्य भाग में इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपरी भाग के नीचे के क्षुद्र प्रतरों में तिर्यक्लोक का मध्य भाग रूप आठ प्रदेशों का रुचक प्रदेश कहा गया है—जहाँ से ये दस दिशायें निकलती हैं, यथा—पूर्व, पूर्व-दक्षिण—यावत्—इसी प्रकार दशम शतक के अनुसार सभी दिशाओं के नाम कहने चाहिए ।

द्वीप और समुद्रों के स्थान, महत्ता, संस्थान और प्रकट आकार—

५. (१) प्र०—भगवन् ! द्वीप और समुद्र कहाँ हैं ?

(२) प्र०—भगवन् ! द्वीप और समुद्र कितने हैं ?

(३) प्र०—भगवन् ! द्वीप और समुद्र कितने बड़े हैं ?

(४) प्र०—भगवन् ! द्वीप और समुद्रों के संस्थान कैसे हैं ?

(५) प्र—भगवन् ! द्वीप और समुद्रों के प्रकट आकार का स्वरूप कैसा कहा गया है ?

(१) उ०—गौतम ! जम्बूद्वीपआदि द्वीप और लवणसमुद्र आदि समुद्र तिर्यक्लोक में है ।

(२) उ०—(जम्बूद्वीप से लेकर) स्वयम्भूरमण समुद्र पर्यन्त असंख्य द्वीप समुद्र हैं ।

(३) उ०—हे आयुष्मन् श्रमण ! (जम्बूद्वीप से दुगुना लवण समुद्र और लवणसमुद्र से दुगुना धातकीखण्ड—इस प्रकार स्वयम्भूरमण समुद्रपर्यन्त) गुणन करते-करते दुगुने विस्तार वाले तथा प्रकाशमान लहरों वाले द्वीप और समुद्र अनेक उत्पल-पद्म-कुमुद-नलिन-सुभग-सौगंधिक-पौंडरीक-महापौंडरीक–शतपत्र–सहस्रपत्र प्रफुल्लित केशर से सुशोभित हैं । प्रत्येक द्वीप पद्मवर वेदिका से और प्रत्येक पद्मवरवेदिका वनखण्ड से घिरी हुई कही गई है ।

(४) उ०—सभी द्वीप-समुद्र संस्थान से एक (वृत्त-गोल) प्रकार के हैं और विस्तार से अनेक प्रकार के हैं ।

(५) उ० **तत्थ णं अयं जंबुद्दीवे णामं दीवे दीवसमुद्दाणं अब्भितरिए सव्वखुड्डाए।**
वट्टे तेल्लापूयसंठाणसंठिए,
वट्टे रहचक्कवालसंठाणसंठिए,
वट्टे पुक्खरकण्णियासंठाणसंठिए,
वट्टे पडिपुन्नचंदसंठाणसंठिए,
एक्कं जोयणसयसहस्सं आयाम-विक्खंभेणं, तिण्णि जोयणसयसहस्साइं, सोलस य सहस्साइं "दोण्णि य सत्तावीसे जोयणसए, तिण्णि य कोसे, अट्ठावीसं च धणुसयं, तेरस अंगुलाइं, अद्धंगुलकं च किंचि विसेसाहियं परिक्खेवेणं पण्णत्ते।[1]

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२३-१२४

(५) उ०—यह जम्बूद्वीप नामक द्वीप उन द्वीप-समुद्रों के अन्दर है, सबसे छोटा है,
तेल के पूये जैसे वृत्त (गोल) संस्थान से स्थित है।
रथ के पहिये जैसे वृत्त संस्थान से स्थित है।
पुष्करकर्णिका जैसे वृत्त संस्थान से स्थित है।
पूर्णचन्द्र जैसे वृत्त संस्थान से स्थित है।

इसका आयाम-विष्कम्भ एक लाख योजन का है। तीन लाख सोलह हजार दो सौ सत्ताबीस योजन, तीन कोश, अठावीस धनुष, तेरह अंगुल और आधे अंगुल से कुछ अधिक की इसकी परिधि कही गई है।

---

१ आगमोदय समिति से प्रकाशित जीवाभिगम (मलयगिरि-टीक सहित) के सूत्र १२३ के मूलपाठ में द्वीप-समुद्र सम्बन्धी पाँच प्रश्न जिस क्रम से है, उसी क्रम से उनके उत्तर नहीं है।

टीकाकार पाँच प्रश्नों और उत्तरों का क्रमशः विषय निर्देश इस प्रकार करते हैं—

(१) प्र०—'कहि णं भंते ! दीव-समुद्दा ?' इत्यादि 'क्व' कस्मिन् णमिति वाक्यालङ्कारे भदन्त ! परम कल्याणयोगिन् ! द्वीप-समुद्राः प्रज्ञप्ताः ? अनेन द्वीपसमुद्राणामवस्थानं पृष्टम्।

(२) प्र०—'केवइया णं भंते ! दीव-समुद्दा ?' इति 'कियन्तः' कियत्संख्याका णमिति वाक्यालंकारे भदन्त ! द्वीपसमुद्राः प्रज्ञप्ताः ? अनेन द्वीपसमुद्राणां संख्यानं पृष्टम्।

(३) प्र०—'के महालिया णं भंते ! दीवसमुद्दा ?' इति किं महानालय-आश्रयो व्याप्यक्षेत्ररूपो येषां ते महालयाः किं प्रमाण-महालया णमिति प्राग्वद् द्वीपसमुद्राः प्रज्ञप्ताः ? किं प्रमाणं द्वीपसमुद्राणां महत....मिति भावः, एतेन द्वीप समुद्राणामायामादि परिमाणं पृष्टम्।

(४) प्र०—'किं संठिया णं भंते ! दीव-समुद्दा ?' इति किं संस्थितं संस्थानं येषां किं संस्थिता, णमिति पूर्ववद्, भदन्त ! द्वीप-समुद्राः प्रज्ञप्ताः ? अनेन संस्थानं पप्रच्छ।

(५) प्र०—'किमागारभावपडोयारा णं भंते ! दीव-समुद्दा पण्णत्ता ?' इति आकारभावः स्वरूपविशेषः, कस्य आकारभावस्य प्रत्यवतारो येषां ते किमाकार भावप्रत्यवताराः.....णमिति पूर्ववद्, द्वीपसमुद्राः प्रज्ञप्ताः ? किं स्वरूपं द्वीप-समुद्राणामिति भावः, अनेन स्वरूप विशेषविषयः प्रश्नः कृतः।

उत्तरों का विषयनिर्देश :—

(१) उ०—इह 'अस्सिं तिरियलोए' इत्यनेन स्थानमुक्तम्।

(२) उ०—'असंखेज्जा' इत्यनेन संख्यानम्।

(३) उ०—'दुगुणादुगुण' मित्यादिना महत्वम्।

(४) उ०—'संठाणतो' इत्यादिना संस्थानम्।

पाँचवें उत्तर के सम्बन्ध में टीकाकार की सूचना :—

सम्प्रत्याकार भाव प्रत्यवतारं विवक्षुरिदमाह—

(५) उ०—'तत्थाणं अयं जंबुद्दीवे णामं दीवे..... परिक्खेवेणं पण्णत्ते।' चार प्रश्नों के उत्तर सूत्र १२३ में है और पाँचनें प्रश्न का उत्तर सूत्र १२४ में है।

आगमोदयसमिति से प्रकाशित जीवाभिगम सूत्र १२३ का मूलपाठ :—

(१) प्र०—कहि णं भंते ! दीवसमुद्दा ?

(२) प्र०—केवइया णं भंते दीवसमुद्दा ?

(३) प्र०—के महालया णं भंते ! दीवसमुद्दा ?

(शेष पृ० १२४ पर)

जंबुद्दीवस्स ठाण-पमाणाइ—

६. प० (१) **कहि णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे ?**

(२) **के महालए णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे ?**

(३) **किं संठिए णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे ?**

(४) **किमायारभाव पडोयारे णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे पण्णत्ते ?**

उ० (१) **गोयमा ! अयण्णं जंबुद्दीवे दीवे सव्व दीव-समुद्दाणं सव्वब्भंतराए ।**

(२) **सव्वखुड्डाए ।**

(३) **वट्टे तेल्लापूयसंठाणसंठिए ।**
वट्टे रहचक्कवालसंठाणसंठिए ।
वट्टे पुक्खरकण्णिया संठाणसंठिए ।
वट्टे पडिपुण्ण चंद संठाणसंठिए ।

(४) **एगं जोयणसयसहस्सं आयाम-विक्खंभेणं ।[1]**
तिण्णि जोयणसयसहस्साइं सोलससहस्साइं दोण्णि य सत्तावीसे जोयणसए तिण्णि य कोसे अट्ठावीसं च धणुसयं तेरसअंगुलाइं अद्धंगुलं च किंचि विसेसाहियं परिक्खेवेणं पण्णत्ते ।[2]

—जंबु० वक्ख० १, सु० ३

जम्बूद्वीप का स्थान एवं प्रमाणादि—

६. प्र०—(१) भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप कहाँ है ?

(२) भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप कितना विशाल है ?

(३) भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप का संस्थान कैसा है ?

(४) भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप का आकार भाव-स्वरूप कैसा कहा गया है ?

उ०—(१) गौतम ! यह जम्बूद्वीप सर्वद्वीप-समुद्रों के सर्वाभ्यन्तर बीच में है ।

(२) सबसे छोटा है ।

(३) तेल में तले हुए पुए के आकार का गोल है ।
रथ के पहिये के संस्थान के समान गोल है ।
कमल की कर्णिका के आकार की तरह गोल है ।
परिपूर्ण चन्द्रमा के आकार की तरह गोल है ।

(४) एक लाख योजन लम्बा-चौड़ा है ।
तीन लाख सोलह हजार दो सौ सत्ताईस योजन, तीन कोस, एक सौ अट्ठाईस धनुष, कुछ अधिक साढ़े तेरह अंगुल की परिधि कही गयी है ।

७. प० (१) **जंबुद्दीवे णं भंते दीवे केवइयं आयाम-विक्खंभेणं ?**

(२) **केवइयं परिक्खेवेणं ?**

(३) **केवइयं उव्वेहेणं ?**

(४) **केवइयं उड्ढं उच्चत्तेणं ?**

(५) **केवइयं सव्वग्गेणं पण्णत्ते ?**

७. प्र०—(१) जम्बूद्वीप नामक द्वीप का आयाम-विष्कम्भ कितना है ?

(२) परिक्षेप कितना है ?

(३) उद्वेध कितना है ?

(४) ऊँचाई कितनी है ?

(५) सर्वपरिमाण कितना कहा गया है ?

(शेष पृष्ठ १२३ का)

(४) प्र०—किं संठिया णं भंते ! दीवसमुद्दा ?

(५) प्र०—किमाकारभावपडोयारा णं भंते ! दीवसमुद्दा णं पण्णत्ता ?

(४) उ०—गोयमा ! जंबुद्दीवाइया दीवा, लवणाइया समुद्दा संठाणतो एकविह... ... विधाणा, वित्थारतो अणेगविध विधाणा ।

(३) उ०—दुगुणादुगुणे पडुप्पायमाणा २ पवित्थरमाणा २ ओभासमाणवीचीया, बहु उप्पल-पउम-कुमुद-णलिण-सुभग सोगंधिय-पोंडरीय-महापोंडरीय-सतपत्त-सहस्सपत्त-पप्फुल्लकेसरोवचिता पत्तेयं पत्तेयं पउमवरवेइयापरिक्खित्ता पत्तेयं पत्तेयं वणसंडपरिक्खित्ता ।


(१) उ०—अस्सिं तिरियलोए ।

(२) उ०—असंखेज्जा दीव-समुद्दा संयभुरमणपज्जवसाणा पण्णत्ता समणाउसो ।

(५) उ०—तत्थ णं अयं जंबुद्दीवे णामं दीवे दीव-समुद्दाणं अब्भिंतरिए सव्वखुड्डाए, वट्टे तेल्लापूयसंठाणसंठिए, वट्टे रहचक्कवालसंठाणसंठिए, वट्टे, पुक्खरकण्णिया संठाणसंठिए, वट्टे पडिपुन्नचदसंठाणसंठिए, एक्कं जोयणसयसहस्सं आयामविक्खंभेणं, तिण्णि जोयणसयसहस्साइं सोलस य सहस्साइं दोण्णि य सत्तावीसे जोयणसए तिण्णियकोसे अट्ठावीसं व धणुसयं तेरस अंगुलाइं अद्धंगुलकं च किंचि विसेसाहियं परिक्खेवेणं पण्णत्ते ।

१ (क) सम० स० १, सु० १६ । (ख) सम० सु० १२४ ।

२ (क) ठाणं० अ० १, सु० ५२ । (ख) भग० स० ६, उ० १, सु०, २-३ । (ग) जीवा० प० ३, उ० १ सु० १२४ ।



जम्बूद्वीप का चित्र : वर्णन देखें पृष्ठ १२४ पर

उ० (१) गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे एगं जोयणसयसहस्सं आयाम-विक्खंभेणं ।

(२) तिण्णि जोयणसयसहस्साइं सोलसयसहस्साइं दोण्णि अ सत्तावीसे जोअणसए तिण्णि अ कोसे अट्ठावीसं च धणुसयं तेरस अंगुलाइं अद्धंगुलं च किंचि विसेसाहिअं परिक्खेवेणं पण्णत्ते ।[1]

(३) एगं जोयणसहस्सं उव्वेहेणं ।

(४) णवणउतिं जोअणसहस्साइं साइरेगाइं उद्धं उच्चत्तेणं ।

(५) साइरेगं जोअणसयसहस्सं सव्वग्गेणं पण्णत्ते ।

—जंबु० व० १, सु० १७४

उ०—(१) गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप का आयाम-विष्कम्भ एक लाख योजन है ।

(२) परिधि तीन लाख सोलह हजार दो सौ सत्ताइस योजन, तीन कोस एक सौ अट्ठाईस धनुष एवं कुछ अधिक साढ़े तेरह अंगुल की कही गई है ।

(३) गहराई एक हजार योजन है ।

(४) ऊँचाई कुछ अधिक निन्यानवें हजार योजन है ।

(५) सर्वपरिमाण कुछ अधिक एक लाख योजन का कहा गया है ।

जंबुद्दीवस्स सासया-ऽसासयत्तं—

जम्बूद्वीप शाश्वत और अशाश्वत—

८. प० (१) जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे किं सासए असासए ?

८. प्र०—भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप क्या शास्वत है या अशाश्वत है ?

उ० गोयमा ! सिय सासए, सिय असासए ।

उ०—गौतम ! कथंचित् शाश्वत है और कथंचित् अशाश्वत है ।

प० (२) से केणट्ठे णं भंते ! एवं वुच्चइ—'सिय सासए सिय असासए ?

प्र०—भगवन् ! किस हेतु से ऐसा कहा जाता है कि—'कथंचित् शाश्वत और कथंचित् अशाश्वत है ?'

उ० गोयमा ! दव्वट्ठयाए सासए, वण्ण-पज्जवेहिं, गंध-पज्जवेहिं, रस-पज्जवेहिं, फास-पज्जवेहिं असासए । से तेणट्ठे णं गोयमा ! एवं वुच्चइ—'सिय सासए, सिय असासए ।

—जंबु० व० ७, सु० १७५

उ०—गौतम ! द्रव्यों की अपेक्षा से (जम्बूद्वीप) शाश्वत है और वर्णपर्यायों से, गंधपर्यायों से, रसपर्यायों से तथा स्पर्शपर्यायों से अशाश्वत है । गौतम ! इस कारण से ऐसा कहा जाता है—'कथंचित् शाश्वत और कथंचित् अशाश्वत है ।.....

९. प० (१) जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे कालओ केवचिरं होइ ?

९. प्र०—भगवन् ! काल की अपेक्षा से जम्बूद्वीप कब तक रहता है ?

उ० गोयमा ? ण कयावि णासि, ण कयावि णत्थि, ण कयावि ण भविस्सइ, भुविं च, भवइ अ, भविस्सइ अ, धुवे, णिइए, सासए, अक्खए, अव्वए, अवट्ठिए, णिच्चे जंबुद्दीवे दीवे पण्णत्ते ।[2]

—जंबु० व० ७, सु० १७५

उ०—गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप कभी नहीं था—ऐसा नहीं है, कभी नहीं है, ऐसा नहीं है और कभी नहीं होगा, ऐसा भी नहीं है । वह था, है और रहेगा । वह ध्रुव, नियत, शाश्वत, अक्षय, अव्यय, अवस्थित और नित्य कहा गया है ।

---

१ जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति-वक्षस्कार एक के सूत्र ३ में जम्बूद्वीप से सम्बन्धित चार प्रश्नोत्तर हैं और सूत्र १७४ में पाँच प्रश्नोत्तर हैं, सूत्र तीन के चौथे प्रश्न में तथा सूत्र १७४ के प्रथम-द्वितीय प्रश्न में भाव-साम्य होते हुए भी शब्द साम्य नहीं है, किन्तु इनके उत्तर में शब्द साम्य एवं भाव साम्य पूर्ण रूप से है ।

एक ही आगम में इस प्रकार के प्रश्न भेदों का अस्तित्व विचारणीय है ।

२ ऊपर सूत्र के प्रथम विभाग में जम्बू द्वीप को द्रव्य की अपेक्षा शास्वत तथा पर्याय की अपेक्षा से अशाश्वत कहा गया है और द्वितीय विभाग में काल की अपेक्षा से सर्वथा शास्वत कहा गया है ।

जंबुद्दीवस्स पुढविआइपरिणामित्तं—

१०. प० (१) जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे किं पुढवि-परिणामे, आउ-परिणामे, जीव-परिणामे, पोग्गल-परिणामे ?

उ० गोयमा ! पुढविपरिणामे वि, आउपरिणामे वि, जीव-परिणामे वि, पोग्गलपरिणामे वि ।

—जंबु० व० ७, सु० १७६(१)

जंबुद्दीवे सव्वजीवाणं एगिंदियत्तेणं अणंतसो उववन्न-पुव्वत्तं—

११. प० (१) जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे सव्वपाणा, सव्वजीवा, सव्वभूआ, सव्वसत्ता, पुढविकाइअत्ताए, आउकाइ-अत्ताए, तेउकाइअत्ताए, वाउकाइअत्ताए, वणस्सइ-काइअत्ताए उववन्नपुव्वा ?

उ० हंता गोयमा ! असइं, अदुवा अणंतखुत्तो ।

—जंबू० व० ७, सु० १७६(२)

जंबुद्दीवजगतीपमाणं—

१२. से णं एगाए वइरामईए जगईए सव्वओ समंता संपरिक्खित्ते,
सा णं जगई अट्ठ जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं,[1]
मूले बारस जोअणाइं विक्खंभेणं,[2]
मज्झे अट्ठ जोयणाइं विक्खंभेणं,[3]
उवरिं चत्तारि जोअणाइं विक्खंभेणं,
मूले वित्थिन्ना, मज्झे संखित्ता, उवरिं तणुया, गोपुच्छ-संठाण-संठिया सव्व वइरामई अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

—जम्बु० व० १, सु० ७

जंबुद्दीवजगतीगवक्खपमाणं—

१३. सा णं जगई एगेणं महंत गवक्खकडएणं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ता,
से णं गवक्खकडए अद्धजोअणं उड्ढं उच्चत्तेणं, पंच धणुसयाइं विक्खंभेणं सव्वरयणामए अच्छे-जाव-पडिरूवे ।

—जम्बु० व० १, सु० ४

जंबुद्दीवजगतीपउमवरवेइयापमाणं—

१४. तीसे णं जगईए उप्पिं बहुमज्झदेसभाए—एत्थ णं महई एगा पउमवरवेइया पण्णत्ता,
अद्धजोयणं उड्ढं उच्चत्तेणं, पंच धणुसयाइं विक्खंभेणं, जगई समिया परिक्खेवेणं, सव्व रयणामई अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

—जम्बु० व० १, सु० ३

जम्बूद्वीप का पृथ्वी आदि परिणामित्व—

१०. प्र०—भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप क्या पृथ्वी का परिणमन है, जल का परिणमन है, जीवका परिणमन है, या पुद्गल का परिणमन है ?

उ०—गौतम ! (जम्बूद्वीप) पृथ्वी का परिणमन भी है, जीव का परिणमन भी है और पुद्गल का परिणमन भी है....

जम्बूद्वीप में सब जीवों का एकेन्द्रिय रूप से पूर्व में उत्पन्न होना—

११. प्र० भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में सब प्राणी, सब जीव, सब भूत और सबसत्व पृथ्वीकाय रूप में, अप्काय रूप में, तेजस्काय रूप में, वायुकाय रूप में और वनस्पतिकाय रूप में पूर्व में उत्पन्न हुए हैं ?

उ० हाँ गौतम ! अनेक बार अथवा अनन्तवार पूर्व में उत्पन्न में हुये हैं ।....

जम्बूद्वीप की जगती का प्रमाण—

१२. वह (जम्बूद्वीप) एक वज्रमय जगती से सब ओर से घिरा है।
वह जगती आठ योजन ऊपर की ओर उन्नत है,
मूल में बारह योजन विष्कम्भ वाली है,
मध्य में आठ योजन विष्कम्भ वाली है,
ऊपर चार योजन विष्कम्भ वाली है,
मूल में विस्तीर्ण, मध्य में संक्षिप्त और ऊपर पतली है, गाय के पूँछ के आकार के संस्थान वाली सर्व वज्रमयी स्वच्छ—यावत्—मनोहर है ।

जम्बूद्वीप की जगती के गवाक्ष का प्रमाण—

१३. वह जगती एक विशाल जालकटक (जालियों के समूह) से सब ओर से घिरी है ।

वह जालकटक आधा योजन ऊपर की ओर उन्नत है । पाँच सौ धनुष चौड़ा है, सर्वरत्नय स्वच्छ—यावत्—प्रतिरूप है ।

जम्बूद्वीप की जगती पर पद्मवरवेदिका का प्रमाण—

१४. उस जगती के ऊपर मध्य भाग में एक विशाल पद्मवर-वेदिका कही गई है ।

वह (पद्मवरवेदिका) आधा योजन ऊपर की ओर उन्नत है, पाँच सौ धनुष विष्कम्भ वाली है । जगती के समान परिधि है । सर्वात्मना रत्नमय स्वच्छ—यावत्—प्रतिरूप है ।

---

१ ठाणं ८, सु० ६४२ । सम० ८, सु० । २ सम० १२, सु० ७ । ३ ठाणं ८, सु० ६४२ ।

पउमवरवेइयाए वित्थरओ वण्णणं—

१५. तीसे णं पउमवरवेइयाए अयमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तं जहा—वइरामया नेमा, रिट्ठामया पइट्ठाणा, वेरुलियामया, खंभा, सुवण्णरुप्पमया फलगा; वइरामया संधी, लोहितक्खमईओ सूईओ, णाणामणिमया कलेवरा णाणामणिमया कलेवर-संघाडा, णाणामणिमया रूवा, णाणामणिमया रूवसंघाडा, अंकामया पक्खा, पक्खबाहाओ, जोइरसामया वंसा, वंसक-वेल्लुया य, रययामईओ पट्टियाओ, जातरूवमयीओ ओहाड-णीओ, वइरामयीओ उवरि पुंछणीओ सव्वसेए रययामते साणं छादणे ।

पद्मवरवेदिका का विस्तृत वर्णन—

१५. उस पद्मवरवेदिका का विस्तृत वर्णन इस प्रकार कहा गया है—यथा—उसके नेम मूल वज्रमय है। प्रतिष्ठान (मूल पाये) रिष्टरत्नमय हैं। स्तम्भ वैडूर्यमय हैं। फलक स्वर्ण-रजतमय हैं। संधियाँ वज्रमय हैं। सूचियाँ लोहिताक्ष (रत्न) मय हैं। कलेवर (मनुष्य शरीर) एवं कलेवरयुग्म (दो मनुष्य शरीर) नाना मणिमय हैं। पक्ष एवं पक्षबाहु अंकरत्नमय हैं। वांस (पृष्ठवंश) और वंशकवेल्लुक ज्योतिरस नामक रत्नमय हैं। पट्टिकायें (पृष्ठ वंशों के ऊपर की कम्बायें) रजतमय हैं। अवघाटनी (ढकनी) जातरूप स्वर्ण की हैं। पोंछनी (पोंछने का उपकरण) वज्रमय है। पद्मवरवेदिका के ऊपर का आच्छादन श्वेत रजतमय है।

१६. साणं पउमवरवेइया एगमेगेणं हेम-जालेणं, एगमेगेणं गवक्ख-जालेणं, एगमेगेणं किंकिणी-जालेणं, एगमेगेणं घंटा-जालेणं, एगमेगेणं मुत्ता-जालेणं, एगमेगेणं मणिजालेणं, एगमेगेणं कणग-जालेणं, एगमेगेणं रयण-जालेणं, एगमेगेणं पउमवर-जालेणं, सव्वरयणामएणं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ता ।

१६. वह पद्मवरवेदिका एक-एक हेमजाल से, एक-एक गवाक्ष-जाल से, एक-एक किंकिनी (छोटी घंटी) जाल से, एक-एक घंटा जाल से, एक-एक मुक्ताजाल से, एक-एक मणि-जाल से, एक-एक कनकजाल से, एक-एक रत्नजाल से, एक-एक सर्वरत्नमय पद्मवरजाल से सब ओर से अर्थात् चारों ओर से घिरी हुई है।

१७. ते णं जाला तवणिज्जलंबूसगा सुवण्णपयरगमंडिया, णाणा-मणिरयण विविहहारद्धहारउवसोभितसमुदया ईसिं अण्णमण्ण-मसंपत्ता पुव्वावरदाहिण उत्तरागतेहिं वाएहिं मंदागं मंदागं एज्जमाणा एज्जमाणा कंपिज्जमाणा कंपिज्जमाणा लंबमाणा लंबमाणा पप्फंसमाणा पप्फंसमाणा सद्दायमाणा सद्दायमाणा तेणं ओरालेणं मणुण्णेणं कण्णमणणेव्वुत्तिकरेणं सद्देणं सव्वओ समंता आपूरेमाणा सिरीए अतीव उवसोभेमाणा उवसोभे-माणा चिट्ठन्ति ।

१७. वे जाल तपनीय (स्वर्णमय) लंबूसक (झूमके) वाले हैं। स्वर्ण के पतरे से मंडित हैं। उनके समूह नाना प्रकार के मणिरत्नों से और विविध प्रकार के हार तथा अर्धहारों से सुशोभित हैं। वे (लंबूसक) एक-दूसरे से कुछ दूरी पर हैं। पूर्व-पश्चिम-दक्षिण और उत्तरदिशा से आये हुए वायु से मन्द-मन्द डोलते हुए, कम्पित होते हुए, लटकते हुए, आवाज करते हुए एवं गूँजते हुए हैं। उस उदार मनोज्ञ कर्ण एवं मन को आनन्द देने वाले शब्द से सब दिशाओं को पूरित करते हुए तथा श्री से अतीव शोभित होते हुए स्थित हैं।

१८. तीसे णं पउमवरवेइयाए तत्थ तत्थ देसे तहिं तहिं बहवे हय-संघाडा, गय-संघाडा, नर-संघाडा, किण्णर-संघाडा, किंपुरिस-संघाडा, महोरग-संघाडा, गंधव्व-संघाडा, वसह-संघाडा सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

तीसे णं पउमवरवेइयाए तत्थ तत्थ देसे तहिं तहिं हयपंतीओ तहेव-जाव-पडिरूवाओ ।

तीसे णं पउमवरवेइयाए तत्थ तत्थ देसे तहिं तहिं हयवीहीओ तहेव-जाव-पडिरूवाओ ।

तीसे णं पउमवरवेइयाए तत्थ तत्थ देसे तहिं तहिं हयमिहुणाइं तहेव-जाव-पडिरूवाइं ।

तीसे णं पउमवरवेइयाए तत्थ तत्थ देसे तहिं तहिं बहवे पउमलयाओ, णागलयाओ, असोगलयाओ, चंपगलयाओ, वणलयाओ, वासंतीलयाओ, अतिमुत्तगलयाओ, कुण्डलयाओ, सामलयाओ, णिच्चं कुसुमियाओ, णिच्चं मउलियाओ, णिच्चं

१८. उस पद्मवरवेदिका के अनेक स्थानों पर अनेक अश्वयुगल गजयुगल, नरयुगल, किंनरयुगल, किंपुरुषयुगल, महोरगयुगल, गंधर्वयुगल, वृषभयुगल बने हैं, जो सर्वरत्नमय स्वच्छ हैं—यावत् —प्रतिरूप हैं।

उस पद्मवरवेदिका के अनेक स्थानों पर अनेक अश्वपंक्तियाँ —यावत्—प्रतिरूप हैं।

उस पद्मवरवेदिका के अनेक स्थानों पर अनेक अश्व वीथियाँ हैं—यावत्—प्रतिरूप हैं।

उस पद्मवरवेदिका के अनेक स्थानों पर अनेक अश्वमिथुन हैं—यावत्—प्रतिरूप हैं।

उस पद्मवरवेदिका के अनेक स्थानों पर अनेक पद्मलतायें, नागलतायें, अशोकलतायें चंपकलतायें, चूत (आम्र) लतायें, श्यामलतायें हैं जो नित्य कुसुमित रहती हैं, नित्य मुकुलित (कलिकायुक्त) रहती है, नित्य लवयित (पल्लवित) रहती हैं,

लवइयाओ, णिच्चं थवइयाओ, णिच्चं गुम्मियाओ, णिच्चं जमलियाओ, णिच्चं जुअलियाओ, णिच्चं विणमियाओ, णिच्चं पणमियाओ णिच्चं सुविभत्त पिंडमंजरि वडिंसगधरीओ सव्वरयणामईओ अच्छाओ-जाव-पडिरूवाओ ।[1]

[तीसे णं पउमवरवेइयाए तत्थ तत्थ देसे तहिं तहिं बहवे अक्खयसोत्थिया पण्णत्ता सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।] —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२५

नित्य स्तवकित (गुच्छेयुक्त) रहती है। नित्य गुल्मित (गुल्मयुक्त) रहती हैं, नित्य यमलित रहती है, नित्य युगलित रहती हैं, नित्य विनमित रहती हैं, नित्य प्रणमित रहती है, नित्य सुविभक्त पिण्डमंजरी रूप अवतंसक धारण करने वाली हैं, सर्वरत्नमय है

(उस पद्मवरवेदिका के अनेक स्थानों पर अक्षत स्वस्तिक कहे गये हैं। सब रत्नमय है, स्वच्छ हैं—यावत्—प्रतिरूप हैं।....)

पउमवरवेइयाणामस्स हेउ—

१९. प० से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ—'पउमवरवेइया, पउमवरवेइया ?

उ० गोयमा ! पउमवरवेइयाए तत्थ तत्थ देसे तहिं तहिं वेदियासु वेदियाबाहासु वेदियासीसफलएसु वेदियापुडंतरेसु खंभेसु खंभबाहासु खंभसीसेसु खंभपुडंतरेसु सूईसु सूईमुहेसु सूईफलएसु सूईपुडंतरेसु पक्खेसु पक्खबाहासु पक्ख पुडंतरेसु बहूइं उप्पलाइं-जाव-सतसहस्सपत्ताइं सव्वरयणामयाइं अच्छाइं-जाव-पडिरूवाइं ।

महया महया वासिक्कछत्तसमाणाइं पण्णत्ताइं समणाउसो !

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—पउमवरवेइया, पउमवरवेइया ।

पद्मवरवेदिका के नाम का हेतु—

१९. प्र० भगवन् ! पद्मवरवेदिका, पद्मवरवेदिका क्यों कही जाती है ?

उ०—गौतम ! पद्मवरवेदिका की अनेक वेदिकाओं पर वेदिका-पार्श्वों पर, वेदिका शीशफलकों पर, दो वेदिकाओं के मध्य भागों पर, स्तम्भों पर, स्तम्भ पार्श्वों पर, स्तम्भ-मस्तकों पर, दो स्तम्भों के मध्य भागों पर, सूचियों पर, सूचिमुखों पर, सूचीफलकों पर, दो सूचियों के मध्य भागों पर, (वेदिका के) पक्षों (भागों) पर (वेदिका के) पक्षवाहों (विभागों) पर, विभागों के मध्य भागों पर अनेक उत्पन्न—यावत्—शत सहस्र पत्र सर्वरत्नमय हैं, स्वच्छ हैं—यावत्—प्रतिरूप है।'

आयुष्मान् श्रमणो ! यह वर्षाकाल में बनाई हुई बड़ी-बड़ी छतरियों के समान हैं।

गौतम ! इस कारण से पद्मवरवेदिका, पद्मवरवेदिका कही जाती हैं।

पउमवरवेइयाए सासया-ऽसासयत्तं—

२०. प० पउमवरवेइया णं भंते ! किं सासया असासया ?

उ० गोयमा ! सिय सासया, सिय असासया ।

प० से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ—'सिय सासया सिय असासया ।'

उ० गोयमा ! दव्वट्ठयाए सासया, वण्ण-पज्जवेहिं गंध-पज्जवेहिं रस-पज्जवेहिं फास-पज्जवेहिं असासया ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—'सिय सासया, सिय असासया ।"

प० पउमवरवेइया णं भंते ! कालओ केवच्चिरं होइ ?

पद्मवरवेदिका शाश्वत और अशाश्वत—

२०. प्र०—भगवन् ! पद्मवरवेदिका शाश्वत हैं या अशाश्वत ?

उ०—गौतम ! कथंचित् शाश्वत और कथंचित् अशाश्वत है ?

प्र०—भगवन् ! किस हेतु से कहा जाता है कि (पद्मवरवेदिका) कथंचित् शाश्वत है और कथंचित् अशाश्वत है ?

उ०—गौतम ! द्रव्यों की अपेक्षा से (पद्मवरवेदिका) शाश्वत है। वर्ण-पर्यायों से, गंध-पर्यायों से, रस-पर्यायों से और स्पर्श-पर्यायों से अशाश्वत है।

गौतम ! इस कारण से (पद्मवरवेदिका) कथंचित् शाश्वत है और कथंचित् अशाश्वत है—ऐसा कहा जाता है।....

प्र०—भगवन् ! पद्मवरवेदिका काल की अपेक्षा से कब तक है ?

---

१ "णिच्चं कुसुमिय-मउलिय-लवइया-थवइय-गुलइय-गुच्छिय-जमलिय-जुअलिय-विणमिअ-पणमिअ-सुविभत्त पिंडमंजरिवडिंसगधरीओ" यहाँ समासान्त पाठ भी है।

उ० गोयमा ! ण कयावि णासि, ण कयावि णत्थि, ण कयावि न भविस्सइ ।
भुविं च, भवति य, भविस्सति य, धुवा नियया सासया अक्खया अव्वया अवट्ठिया णिच्चा पउमवरवेदिया ।
—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२५

उ० गौतम ! पद्मवरवेदिका कभी नहीं थी—ऐसा नहीं है, कभी नहीं है, ऐसा नहीं है और कभी नहीं रहेगी, ऐसा भी नहीं है।
वह सदा थी, है, और रहेगी। वह ध्रुव है, नियत है, शाश्वत है, अक्षय है, अव्यय है, अवस्थित है और नित्य है।....

वणसंडपमाणं—

वनखण्ड का प्रमाण—

२१. तीसे णं जगतीए उप्पिं बाहिं पउमवरवेइयाए—एत्थ णं एगे महं वणसंडे पण्णत्ते। देसूणाइं दो जोयणाइं चक्कवालविक्खंभेणं जगतीसमए परिक्खेवेणं।[1]
—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२६

२१. उस जगती के ऊपर पद्मवरवेदिका के बाह्य प्रदेश में एक विशाल वनखण्ड कहा गया है। इसका चक्रवाल विष्कम्भ कुछ कम दो योजन का है और उसकी परिधि जगती के सदृश है।

वणसंडवण्णओ—

वनखण्ड का वर्णन—

२२. किण्हे, किण्होभासे-जाव-(नीले, नीलोभासे, हरिए, हरिओभासे सीए, सीओभासे, णिद्धे, णिद्धोभासे, तिव्वे, तिव्वोभासे।

किण्हे, किण्हच्छाए, नीले, नीलच्छाए, हरिए, हरियच्छाए, सीए, सीयच्छाए, णिद्धे, णिद्धच्छाए, तिव्वे, तिव्वच्छाए, घणकडियच्छाए, रम्मे, महामेहणिकुरंबभूए।

२२. वह वनखण्ड कृष्ण है और कृष्ण रूप से अवभासित होता है, —यावत्—(नीला है, नील रूप से प्रतिभासित होता है, हरा है एवं हरित रूप से इसका प्रतिभास होता है, शीतल है और शीतल स्पर्श रूप से प्रतिभासित होता है, स्निग्ध है और स्निग्धावभास रूप है, तीव्र है और तीव्र रूप से अवभासित—प्रतीत होता है।

(वृक्षों की) छाया कृष्ण होने से वह वनकृष्ण है, (वृक्षों की) छाया नीली होने से वह वन नीला है, (वृक्षों की) छाया हरी होने से वह वन हरा है, (वृक्षों की) छाया शीतल होने से वह वन शीतल है, (वृक्षों की) छाया स्निग्ध (गहरी) होने से वह वन स्निग्ध (गहरा) है, (वृक्षों की) छाया तीव्र होने से वह वन तीव्र है। विविध वृक्षों की शाखा प्रशाखायें परस्पर में प्रविष्ट होने से सघन छायावाला है, रमणीय है, और जलभार से अवनत हुए महामेघों के समूह जैसा प्रतीत होता है।

२३. तेणं पायवा मूलमंतो, कंदमंतो, खंधमंतो, तयामंतो, सालमंतो, पवालमंतो, पत्तमंतो, पुप्फमंतो, फलमंतो, बीयमंतो, अणुपुव्विसुजातरुइलवट्टभावपरिणया, एगखंधी, अणेगसाहप्पसाहविडिमा, अणेगनरवामसुप्पसारिया गेज्झघण-विउल-वट्टखंधा, अच्छिद्दपत्ता, अविरलपत्ता, अवाईणपत्ता, अणईईपत्ता, णिद्धूयजरढ-पंडुरपत्ता, णव-हरिअ-भिसंतपत्तभारंधयार—गभीरदरिसणिज्जा, उवविणिग्गय—नवतरुणपत्तपल्लव कोमलुज्जल चलंतकिसलय सुकुमालपवाल—सोभियवरकुरग्ग सिहरा।

२३. इस वनखण्ड के वृक्ष मूल (जड़) वाले हैं, प्रशस्त कन्दवाले हैं, स्कन्धवाले हैं, त्वचा-छाल वाले हैं, शाखायुक्त हैं, प्रवालयुक्त हैं, पत्र, पुष्प, फल और बीज युक्त हैं, एवं समस्त दिशा-विदिशाओं में अपनी शाखा प्रशाखाओं द्वारा इस ढंग से फैले हुए हैं कि वर्तुलाकार (गोल) प्रतीत होते हैं। ये सब वृक्ष एक स्कन्धवाले हैं और अनेक शाखा-प्रशाखाओं से जिनके मध्य भाग का विस्तार अधिक है, अनेक पुरुषों के द्वारा मिलकर फैलाये गये अपने व्याम (दोनों बाहु) द्वारा जिसे ग्रहण नहीं कर सकते हैं, ऐसा निविड विस्तीर्ण इनका गोल स्कन्ध है, इनके पत्र छिद्र रहित हैं, अविरल पत्रवाले हैं, इनके पत्रों में अन्तराल नहीं हैं, वायु से अनुपहत पत्रवाले हैं, जो पत्र जीर्ण-पुराने और सफेद हो जाते हैं उनको वायु द्वारा उड़ाकर अन्यत्र फैंक दिया जाता है, नवीन हरे-हरे पत्र समूह से दैदीप्यमान, घनान्धकार से आच्छादित एवं दर्शनीय है, तथा सुन्दर अंकुरों के अग्रभाग से निरन्तर निकलते हुए नये ताजा पत्तों से और कोमल मनोज्ञ उज्ज्वल कम्पमान किसलयों से एवं सुकुमाल प्रवालों से शोभायमान बने रहते हैं।

---

१ जंबु-वक्ख० १, सु० ५। सूत्र के अन्त में "वणसंडवण्णओ णेयव्वो" संक्षिप्त वाचना की यह सूचना है।

—णिच्चं कुसुमिया, णिच्चं मउलिया, णिच्चं लवइया, णिच्चं थवइया, णिच्चं गुलइया, णिच्चं गुच्छिया, णिच्चं जमलिया, णिच्चं जुअलिया, णिच्चं विणमिआ, णिच्चं पणमिया ।

—ये वृक्ष सदा कुसुम (पुष्प) युक्त रहते हैं, ये वृक्ष सदा मुकुल (अर्धखिली कलियों से) युक्त हैं, ये वृक्ष सदा पल्लव (पत्र) युक्त हैं, ये वृक्ष सदा स्तबक (फूलों के गुच्छों से) युक्त हैं, ये वृक्ष सदा गुल्म (ऐसे पौधे जिनकी शाखाओं से) युक्त हैं, ये वृक्ष सदा गुच्छों, (फूलों के समूह से) युक्त है, ये वृक्ष सदा यमलों (जुड़वाँ वृक्षों) से युक्त हैं, ये वृक्ष सदा युगल (दो समान वृक्षों) से युक्त हैं, ये वृक्ष सदा फलों के भार से झुके हुए रहते हैं ये वृक्ष सदा फलों के भार से अत्यधिक झुके हुए रहते हैं ।

—णिच्चं कुसुमिय-मउलिअ-लवइअ-थवइअ-गुलइअ-गोच्छिअ-जमलिअ-जुअलिअ-विणमिअ-पणमिअ-सुविभत्तपडिमंजरिवडिंसयधरा, सुअ-बरहिण-मयणसलाग-कोइल-कोरग-भिंगारग-कोंडलक-जीवंजीवग-णंदीमुह-कविल-पिंगलक्खग-कारंडव-चक्कवाय-कलहंस-सारस-अणेगसउणगणविरइअ-सद्दुन्नइआ महुरसरणाइआ, सुरम्मा, संपिंडिअ दरिअ भमर-महुअरिपहकर परिलिंत-मत्तछप्पय-कुसुमासवलोल-महुरगुमगुमेंत-गुंजंतदेसभागा, अब्भिंतर पुप्फफला, बाहिरपत्तछन्ना,

ये वृक्ष सदा कुसुमित-मुकुलित-पल्लवित-स्तबकित- गुल्मित-गुच्छित-यमलित-युगलित विनमित एवं प्रणमित रहते हैं, जिससे ये वृक्ष सुविभक्त प्रतिमंजरी रूप अवतंसक (आभूषणों) को धारण किये रहते हैं, इन वृक्षों पर शुक-मयूर-मदनशलाका-मैना-कोयल-कुरवक-भिंगारक-कुण्डलक—चकोर—नन्दीमुख—कपिल—कपिंजन—कारण्डक-चक्रवाक-कलहंस-सारस आदि अनेक पक्षियों के समूह बैठे-बैठे दूर तक सुने जा सकें ऐसे उन्नत मधुरस्वरोपेत ध्वनि से चहचहाते रहते हैं, इन वृक्षों पर मधु का संचय करने वाले उन्मत्त हुए पिंडीभूत भ्रमरों और भ्रमरियों का समूह बैठा रहता है और मधुपान में लीन होने से मदोन्मत्त पुष्पपराग का पान करने में लंपट षट्पद-भ्रमरों की मधुर गुनगुनाहट से जिनके देशभाग गूँजते रहते हैं, जिनके पुष्प और फल उन्हीं के भीतर छिपे रहते हैं, और बाहर में पत्रों से आच्छादित रहते हैं ।

—पुप्फेहिं फलेहिं य उच्छन्न-पलिच्छन्ना, णीरोअया अकंटया, साउफला, णाणाविहगुच्छ-गुम्म-मंडवगसोहिया, विचित्तसुहकेउभूया, वावी-पुक्खरिणी-दीहिया-सुनिवेसियरम्मजालघरगा, पिंडिमनीहारिम-सुगंधि-सुहसुरभि मणहरं महया च गंधद्धणिं मुअंता, सुहसेउकेउबहुला,[1]) अणेग सगड-रह-जाण-जुग्ग-सिबिह-संदमाणिआ, पविमोअणा-जाव-पडिरूवा ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२६

ये वृक्ष सदैव उत्पन्न होने वाले पुष्पों और फलों से परिव्याप्त रहते हैं, ये वृक्ष निरोग—रोगरहित, अकंटक-काँटोंरहित हैं, इनके फल सुस्वाद—मिष्टस्वाद वाले हैं, अनेक प्रकार के गुच्छों, गुल्मों और लता आदि के मंडपों से सुशोभित हैं, इनके ऊपर अनेक प्रकार की चित्र-विचित्र, सुन्दर ध्वजायें फहराती हैं, अच्छी तरह से जिन्हें सींचने के लिये वाटिकाओं में, पुष्करिणियों में, दीर्घिकाओं में सुन्दर जालगृह बने हुए हैं । ये वृक्ष निरन्तर अन्य गंधों से भी विशिष्ट और मनोहर सुगंध को निरन्तर पिंडरूप से छोड़ते रहते हैं कि जिससे घ्राणेन्द्रिय तृप्त हो जाती है, इनके अलावा क्यारियाँ शुभ हैं और इनके ऊपर जो ध्वजायें लगी हैं वे भी अनेक रूप वाली हैं और जिनके नीचे अनेक शकट-गाडे रथ-यान युग्म-शिविका (पालखी) स्यन्दमानिका आदि वाहन ठहरते रहते हैं, स्वच्छ निर्मल —यावत्—प्रतिरूप है ।

---

१ जीवाभिगम का पाठ इस प्रकार है—"किण्हे किण्होभास जाव-अणेगसगड-रह-जाण-जुग्गपरिमोयणे पासातीए सण्हे लण्हे घट्ठे मट्ठे नीरए निप्पंके निम्मले निक्कंकडच्छाए सप्पभे समिरीए स उज्जोए पासादीए दरिसणिज्जे अभिरूवे पडिरूवे ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२६

यहाँ "जाव" से सूचित पाठ जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति वक्ष० १, सूत्र ५ की टीका से उद्धृत किया है । टीकाकार ने यह वनखण्ड वर्णन औपपातिक सूत्र से लिया है । टीकाकार का कथन इस प्रकार है—"वनखण्ड वर्णकः सर्वोप्यत्र प्रथमोपाङ्गतो नेतव्यः ।

ऊपर जाव से आगे का पाठ जीवाभिगम का नहीं दिया है क्योंकि जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति के पाठ से ही अभिप्राय की पूर्ति होती है ।

वणसंडस्स समतलो भूमिभागो—

२४. तस्स णं वणसंडस्स अंतो बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते से जहा नामए—आलिंगपुक्खरेइ वा, मुइंगपुक्खरेइ वा, सरतलेइ वा, करतलेइ वा, आयंसमंडलेइ वा, चंदमंडलेइ वा, सूरमंडलेइ वा, उरब्भचम्मेइ वा, उसभचम्मेइ वा, वराहचम्मेइ वा, सीहचम्मेइ वा, वग्घचम्मेइ वा, विगचम्मेइ वा, दीवितचम्मेइ वा, अणेग संकुकीलए सहस्सवितते। आवड-पच्चावड-सेढी-पसेढी-सोत्थिय-सोवत्थिय-पूसमाण-वद्धमाण-मच्छंडक-मकरंडक-जार मार फुल्लावलि-पउमपत्तसागर तरंग, वासंतिलय-पउमलय-भत्तिचित्तेहिं सच्छाएहिं समिरीएहिं सउज्जोएहिं णाणाविह पंचवण्णेहिं तणेहि य मणिहि य उवसोहिए। तं जहा—किण्हेहिं-जाव-सुक्किलेहिं।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२६

वनखंड का समतल भूमि भाग—

२४. इस वनखण्ड का अन्तर्वर्ती भूमिभाग मुरज नामक वाद्य पर मंढे हुए चर्म जैसा समतल है, अथवा मृदंग नामक वाद्य पर मंढे हुए चर्म जैसा समतल है, अथवा सरोवर के ऊपर के तलभाग जैसा सम है, अथवा करतल (हथेली) के समान है अथवा दर्पण के समान है, अथवा चंद्रमंडल के समान है, अथवा सूर्यमंडल के समान है, अथवा अनेक तीक्ष्ण नुकीली हजारों कीलों को लगाकर फैलाये गये उरभ्र (घेटा) चर्म के समान है, अथवा वृषभचर्म के समान है, अथवा वराह (सुअर) के चमड़े के समान है, अथवा सिंह के चर्म के समान है, अथवा व्याघ्र चर्म के समान है, अथवा वृक (भेड़िया) के चर्म के समान है, अथवा दीपडा (चीता) के चर्म समान है, तथा आवर्त-प्रत्यावर्त, श्रेणी-प्रश्रेणी, स्वस्तिक सौवस्तिक, पुष्प, वर्धमानक (सकोरा), मत्स्यांडक, मकरांडक, जार-मार आदि रचनाओं से युक्त एवं पुष्पावलि पद्मपत्र, सागर तरंग, बासंतीलता आदि के पृथक्-पृथक् चित्रों से शोभित सुन्दर कांति से कांतिमान किरणजाल सहित, उद्योत से युक्त, पंचवर्ण वाले तृणों और नाना प्रकार की मणियों से उपशोभित है, यथा कृष्णवर्ण—यावत्—शुक्लवर्ण है।

किण्हतण-मणीणं इट्ठयरे किण्हवण्णे—

२५. प० तत्थ णं जे ते किण्हा तणायमणी य, तेसि णं भंते! अयमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, से जहा नामए—जीमूतेति वा, अंजणेति वा, खंजणेति वा, कज्जलेति वा, मसीइ वा, मसीगुलियाइ वा, गवलेइ वा, गवलगुलियाइ वा, भमरेति वा, भमरावलियाति वा, भमर पत्तगयसारेति वा, जंबुफलेति वा, अद्दारिट्ठेति वा, परिपुट्ठएति वा, गएति वा, गयकलभेति वा, कण्हसप्पेइ वा, कण्हकेसरेइ वा, आगासथिग्गलेति वा, कण्हासोएति वा, कण्हकणवीरेइ वा, कण्ह बंधुजीवएति वा—भवे एयारूवे सिया?

उ० गोयमा! णो तिणट्ठे समट्ठे, तेसि णं कण्हाणं तणाणं मणीण य इत्तो इट्ठतराए चेव, कंततराए चेव, पियतराए चेव, मणुण्णतराए चेव, मणामतराए चेव, वण्णेणं पण्णत्ते।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२६

कृष्णतृण-मणियों का इष्टतर कृष्णवर्ण—

२५. प्र० हे भगवन्! उनमें जो कृष्णवर्णवाले तृण और मणियाँ है, उनका वर्णविन्यास क्या इस प्रकार का कहा गया है? यथा—मेघों की कृष्ण घटाओं के समान, अथवा अंजन के समान अथवा खंजन के समान अथवा काजल के समान अथवा मसि (स्याही) के समान अथवा मसिगुटिका के समान अथवा गवल (भैंसे का सींग) के समान, अथवा गवल गुटिका (भैंस के सींग का अंतर्वर्ती भाग) के समान अथवा भ्रमर के समान अथवा भ्रमर पंक्ति (समूह) के समान अथवा भ्रमर के पंखों के अन्दर के भाग के समान अथवा जम्बूफल (जामुन) के समान अथवा कोमल काक पक्षी के समान अथवा कोयल के समान अथवा गज (हाथी) के समान अथवा गज-कलभ (हाथी का बच्चा) के समान अथवा कृष्ण सर्प के समान अथवा कृष्ण केशर (वकुलवृक्ष) के समान अथवा आकाश थिग्गल (मेघरहित-शरदऋतु का आकाश खंड) के समान अथवा कृष्ण अशोक वृक्ष के समान अथवा कृष्ण कनेर के समान अथवा काले बन्धुजीवक के समान—तो क्या पूर्वोक्त जीमूत आदि के जैसा होता है?

उ०—हे गौतम! उनका कृष्णत्व बतलाने के लिये यह अर्थ समर्थ नहीं है किन्तु ये तृण और मणि उनसे भी अधिक कृष्ण वर्ण वाले हैं तथा ये देखने में इष्टतर ही हैं, कंततर (अत्यन्त कमनीय) ही है, मनोज्ञतर ही है और मणामतर (मनोज्ञ से भी अधिक मनोहर) ही है,

नीलतण-मणीणं इट्ठयरे नीलवण्णे—

२६. प० तत्थ णं जे ते णीलगा तणा य मणी य तेसि णं भंते ! इमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते—से जहा नामए—भिंगेइ वा, भिंगपत्तेति वा, चासेति वा, चासपिच्छेति वा, सुएति वा, सुयपिच्छेति वा, णीलीति वा, णीलीभेए ति वा, णीली गुलियाति वा, सामाएति वा, उच्चंतएति वा, वणराईइ वा, हलहर-वसणेइ वा, मोरग्गीवाति वा, पारेवयगीवाति वा, अयसि-कुसुमेति वा, अंजणकेसिगा कुसुमेति वा, णीलुप्पलेति वा, णीलासोएति वा, णीलकणवीरेति वा, णीलबंधुजीवए ति वा, भवेएया रूवे सिया ?

उ० गोयमा ! नो तिणट्ठे समट्ठे, तेसि णं णीलगाणं तणाणं मणीण य एत्तो इट्ठतराए चेव-जाव-मणामतराए चेव वण्णेणं पण्णत्ते ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२६

नील तृण-मणियों का इष्टतर नीलवर्ण—

२६. प्र० हे भगवन् ! उनमें जो नीलवर्ण वाले तृण और मणि हैं उनका वर्णविन्यास क्या इस प्रकार का बतलाया है ? जैसे कि भृंग के समान अथवा भृंगपक्ष के समान चाषपक्षी के समान अथवा अथवा चाषपक्षी के पंख के समान अथवा शुक (तोता) पक्षी के समान अथवा शुक के पंख के समान अथवा नीली के समान अथवा नीली भेद के समान अथवा नीली गुटिका के समान अथवा श्यामक धान्य के समान अथवा उच्चंतग-दन्तराग के समान अथवा वनराजि के समान अथवा हलधर बलभद्र के वस्त्रों के समान अथवा मयूरग्रीवा के समान अथवा कपोत (कबूतर) की ग्रीवा के समान अथवा अलसी के पुष्प के समान अथवा अंजन केशिका के कुसुम के समान अथवा नील कमल के समान अथवा नील अशोक वृक्ष के समान अथवा नीले कनेर के समान अथवा नीले बन्धुजीवक के समान—तो क्या उनका रूप ऐसा होता है ?

उ०—हे गौतम ! ऐसा अर्थ समर्थ नहीं है अर्थात् उक्त पदार्थों से भी वे तृण और मणि अधिक नीले है, उन नीले तृणों और मणियों का नीलवर्ण इनसे भी अधिक इष्टतर है—यावत्—मणामतर वर्णवाला कहा है ।

लोहिततण-मणीणं इट्ठयरे लोहियवण्णे—

२७. प० तत्थ णं जे ते लोहितगा तणा य मणी य, तेसि णं भंते ! अयमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, से जहा णामए—ससक-रुहिरे ति वा, उरब्भ-रुहिरे ति वा, णर-रुहिरे ति वा, वराह-रुहिरे ति वा, महिस-रुहिरे ति वा, बालिंद गोवए ति वा, बालदिवाकरे ति वा, संझब्भ-रागेति वा, गुंजद्ध-रागे ति वा, जातिहिंगुलुएति वा, सिलप्पवाले ति वा, पवालंकुरे ति वा, लोहितक्ख मणीति वा, लक्खारसए ति वा, किमिरागेइ वा, रत्तकंबलेइ वा, चीणपिट्ठरासीइ वा, जासुयण-कुसुमेइ वा, किंसुअ-कुसुमेइ वा, पालियाइ-कुसुमेइ वा, रत्तुप्पलेति रत्तासोगेति वा, रत्तकणयारेति वा, रत्तबंधुजीवेइ वा भवे एयारूवे सिया ?

उ० गोयमा ! नो तिणट्ठे समट्ठे, तेसि णं लोहियगाणं तणाण य, मणीण य एत्तो इट्ठतराए चेव-जाव-मणामतराए चेव वण्णेणं पण्णत्ते ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२६

रक्त तृण-मणियों का इष्टतर रक्तवर्ण—

२७. प्र०—हे भगवन् ! वहाँ जो लोहित—लाल वर्णवाले तृण और मणि बतलाये हैं, उनका वर्णविन्यास क्या इस प्रकार का कहा गया है ? यथा—साशक—(खरगोश) के रक्त के समान अथवा उरभ्र (भेड) के खून के समान अथवा मनुष्य के रक्त के समान अथवा सूअर के रुधिर के समान, अथवा महिष (भैंसा) के रक्त समान, अथवा इन्द्रगोप कीट के समान अथवा प्रातःकालीन बालदिवाकर (सूर्य) के समान अथवा संध्याकालीन आकाश के रंग के समान अथवा गुंजा के आधे भाग के वर्ण समान अथवा हिंगलुक के समान, अथवा शिलाप्रबाल (मूँगा) के समान अथवा प्रवाल (कोंपल) के अंकुर के समान अथवा लोहिताक्षमणि के समान अथवा लाक्षा (लाख) रस के समान अथवा कृमिराग के समान अथवा रक्त कंबल के समान, अथवा चीनपिष्टराशि चीना नामक धान्य विशेष की पीठी-आटा के समान, अथवा जपा-पुष्प के समान, अथवा पलाश-पुष्प के समान, अथवा पारिजात-पुष्प के समान, अथवा रक्तोत्पल (लालकमल) के समान, अथवा रक्ताशोक के समान अथवा रक्त कनेर के समान अथवा रक्त बन्धुजीवक के समान—तो क्या उनका ऐसा ही रूप होता है ?

उ०—हे गौतम ! उनका वर्णन कहने में यह अर्थ समर्थ नहीं है, क्योंकि उन लोहित रक्त वर्ण वाले तृणों और मणियों का इनसे भी अधिक इष्टतर—यावत्—मणामतर वर्ण बतलाया गया है ।

हालिद्दतण-मणीणं इट्ठयरे हालिद्दवण्णे—

२८. प० तत्थ णं जे ते हालिद्दगा तणा य मणी य तेसि णं भंते ! अयमेयारूवे वण्णा वासे पण्णत्ते, से जहा णामए—चंपए वा, चंपगच्छल्लीइ वा; चंपयभेएइ वा, [चंपगच्छेएइ वा] हालिद्दाइ वा, हालिद्दभेएइ वा, हालिद्दगुलियाइ वा, हरियालेइ वा, हरियालभेएइ वा, हरियालगुलियाइ वा, चिउरेति वा, चिउरंगरागेति वा, वरकणए ति वा, वरकणग-निघसेति वा, सुवण्णसिप्पिए ति वा, वर-पुरिसवसणे ति वा, सल्लई कुसुमे ति वा, चंपक-कुसुमेइ वा, कुहंडिया-कुसुमेइ वा, कोरंटक-कुसुमेइ वा, तडउडा-कुसुमेइ वा, घोसाडिया-कुसुमेइ वा, सुवन्नजूहिया-कुसुमेइ वा, सुहिरण्णिया-कुसुमेइ वा, बीअग-कुसुमेइ वा, पीया-सोए ति वा, पीय-कणवीरे ति वा, पीय-बंधुजीए ति वा, भवे एयारूवे सिया ?

उ० गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे । ते णं हालिद्दा तणा य मणी य एत्तोइट्ठतराए चेव-जाव-मणामतराए चेव वण्णेणं पण्णत्ते । —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२६

सुक्किल्लतण-मणीणं इट्ठयरे सुक्किल्ले वण्णे—

२९. प० तत्थ णं जे ते सुक्किलगा तणा य मणी य तेसि णं भंते । अयमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, से जहा णामए—अंके ति वा, संखेति वा, चंदेति वा, कुन्दे ति वा, कुसुमे ति वा, दगरए ति वा, दहिघणेइ वा, खीरेइ वा, खीरपूरेइ वा, हंसावलीति वा, कोंचावलीति वा, हारावलीति वा, बलायावलीति वा, चंदावलीति वा, सारइअबलाहइएति वा, धंतधोयरूप्पपट्टेइ वा, सालिपीट्ठरासीति वा;—

पीत तृण-मणियों का इष्टतर पीतवर्ण—

२८. प्र०—हे भगवन् ! वहाँ जो हारिद्र वर्ण के तृण और मणि हैं क्या उनका वर्णविन्यास इस प्रकार का कहा गया है ? जैसे—सुवर्ण चम्पक के समान अथवा सुवर्ण चम्पक वृक्ष की छाल के समान अथवा चम्पक खण्ड के समान, अथवा (सुवर्ण चम्पक वृक्ष के समान) अथवा हरिद्रा (हल्दी) के समान, अथवा हरिद्राभेद (खण्ड-टुकड़ा) के समान, अथवा हरिद्रा की गुलिका (अन्दर का भाग या गोली) के समान अथवा हरताल (खनिज) के समान अथवा हरतालभेद (खण्ड) के समान अथवा हरताल की गोली के समान अथवा चिकुर (गंध द्रव्य विशेष) के समान अथवा चिकुर के रंग से रंगे हुए वस्त्र के समान, अथवा श्रेष्ठ स्वर्ण (सोना) धातु के समान, अथवा कसौटी पर खींची गई श्रेष्ठ स्वर्णरेखा के समान, अथवा सुवर्णशिल्पिक के समान अथवा वर पुरुष (कृष्ण वासुदेव) के वस्त्र के समान अथवा शल्यकी पुष्प के समान अथवा चम्पक कुसुम के समान अथवा कुष्मांड पुष्प के समान अथवा कोरंटक पुष्प के समान, अथवा तड़बड़ा के पुष्प के समान, अथवा घोषातिकी (चिरायता) के फूल के समान, अथवा सुवर्ण जुही के पुष्प के समान, अथवा सुहिद पियका के पुष्प के समान, बीजक (बीजा नामक वृक्ष) पुष्प के समान, अथवा पीलाशोक वृक्ष के समान अथवा पीतवनेर के समान, अथवा पीत बन्धुजीवक के समान—तो क्या उनका ऐसा रूप (वर्ण) होता है ?

उ०—हे गौतम ! इनका वर्णन करने में यह अर्थ समर्थ नहीं है, वे हारिद्र वर्ण के तृण और मणि इनसे भी इष्टतर—यावत्—मणामतर वर्ण वाले कहे गये हैं ।

शुक्ल तृण-मणियों का इष्टतर शुक्ल वर्ण—

२९. प्र० हे भगवन् ! इन तृणों और मणियों के बीच जो शुक्ल-वर्ण के तृण और मणि है, इनका वर्ण विन्यास क्या इस प्रकार का कहा गया है ? यथा—अंकरत्न के समान है, अथवा शंख के समान है, अथवा चन्द्रमा के समान है, अथवा कुन्दपुष्प के समान है, अथवा कुसुम के समान है, अथवा उदकरज (बूँद) के समान है, अथवा दधिघन (जमा हुआ दही) के समान है, अथवा क्षीर (दूध) के समान है, अथवा क्षीर पूर (दूध का फेन) के समान है, अथवा हंस पंक्ति के समान हैं, अथवा क्रौंच पक्षियों की पंक्ति के समान है, अथवा (मुक्ता) हार की पंक्ति के समान है, अथवा वलयावली (रजत निर्मित कंकण) के समान है, अथवा चन्द्रावली के समान है, अथवा शरदऋतु की मेघ पंक्ति के समान है, अथवा अग्नि से तपाकर राख आदि से माँजे गये रजत पट् के समान है, अथवा चावल की चूर्णराशि के समान है ।

—कुन्द-पुप्फरासीति वा, कुमुयरासीति वा, सुक्कछिवाडीति वा, पेहुणमिंजाति वा, बिसेति वा, मिणालिया ति वा, गयदंतेति वा, लवंगदलेति वा, पोंडरीयदलेति वा, सिंदुवारमल्लदामेइ वा, सेतासोए ति वा, सेय-कणवीरेति वा, सेयबंधुजीएइ वा, भवे एयारूवे सिया ?

—अथवा कुन्द-पुष्प की राशि के समान है, अथवा कुसुमराशि के समान है, अथवा सूखी हुई सेम की फली के समान है, अथवा मयूर पिच्छी के मध्यभाग के समान है, अथवा मृणाल (कमलनाल) के समान है, अथवा कमलनाल के तंतुओं के समान है, अथवा गजरत्न के समान है, लोंग के वृक्ष के पत्ते के समान है अथवा श्वेत कमल की पंखुरी के समान है, अथवा सिन्दुवार पुष्पों की माला के समान है, अथवा श्वेत अशोकवृक्ष के समान है, अथवा श्वेत कनेर के समान है, अथवा श्वेतबन्धुजीवक के समान है—तो क्या ऐसा श्वेत रूप उन तृणों और मणियों का होता है ?

उ० गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे । तेसि णं सुक्किल्लाणं तणाणं मणीण य एत्तो इट्ठुत्तराए चेव-जाव-मणामतराए चेव वण्णेणं पण्णत्ते । —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२६

उ०—हे गौतम ! यह कथन इनका रूप वर्णन करने में समर्थ नहीं है, वे शुक्ल तृण और मणि इनसे भी इष्टतर—यावत् मणामतर वर्ण वाले कहे गये हैं ।

तण-मणीणं इट्ठयरे गंधे—

तृण-मणियों का इष्टतर गंध—

३०. प० तत्थ णं जे ते तणाय मणीय तेसि णं भंते ! केरिसए गंधे पण्णत्ते ? से जहा णामए—कोट्ठ-पुडाण वा, पत्त-पुडाण वा, चोय-पुडाण वा, तगर-पुडाण वा, एला-पुडाण वा, किरिमेरि-पुडाण वा, चंदण-पुडाण वा, कुंकुम-पुडाण वा, उसीर-पुडाण वा, चंपग-पुडाण वा, मरुयग-पुडाण वा, दमणग-पुडाण वा, जाति-पुडाण वा, जूहिया-पुडाण वा, मल्लिय-पुडाण वा, णोमालिय-पुडाण वा, वासंतिय-पुडाण वा, केअइ-पुडाण वा, कप्पूर-पुडाण वा, अणुवायंसि उब्भिज्जमाणाण वा, णिब्भिज्जमाणाण वा, कोट्ठिज्जमाणाण वा, रुविज्जमाणाण वा, उक्किरिज्जमाणाण वा, विकिरिज्जमाणाण वा, परिभुज्जमाणाण वा, भंडाओ भंडं साहरिज्जमाणाणं ओराला मणुण्णा, घाण-मणणिव्वुतिकरा सव्वओ समंता गंधा अभिणिस्सवंति—भवे एयारूवे सिया ?

३०. प्र० हे भगवन् ! वहाँ जो तृण और मणि हैं उनका कैसा गंध कहा गया है ? वह इन नाम वाले पदार्थों की गंध जैसा है—कोष्टगंध द्रव्यों के पुटों (पुड़ियाँ) जैसा है, अथवा गंध पत्रपुटों जैसा है, अथवा तगर पत्रपुटों जैसा है, अथवा एला (इलायची) पुटों जैसा है, अथवा अमलतास के पुटों जैसा है, अथवा चन्दन पुटों जैसा है, अथवा कुंकुम पुटों जैसा है, अथवा इसीर (खश) पुटों जैसा है, अथवा चंपक पुटों जैसा है, अथवा मरुवा पुटों जैसा है, अथवा जूही पुटों जैसा है, अथवा मल्लिका (मोगरा) पुटों जैसा है, अथवा नवमल्लिका पुटों जैसा है, अथवा गंधवासन्ती लता के पुष्प पुटों के समान है, अथवा केतकी (केवडा) पुटों जैसा है, अथवा कपूर पुटों जैसा है, और इन सब पुटों की गंध अनुकूल वायु के चलने से चारों ओर फैल रही हो, ये सब पुट तोड़े जा रहे हों, कूटे जा रहे हों, टुकड़े किये जा रहे हों, इधर-उधर उड़ाये जा रहे हों, बिखेरे जा रहे हों, उपभोक्ताओं द्वारा उपभोग किये जा रहे हों, एक बर्तन से दूसरे बर्तन में उडेले जा रहे हों, तब इनकी गंध बहुत अधिक व्यापक रूप में फैलती है, और मनोनुकूल होती है, घ्राण और मन को शांतिदायक होती है, और इस प्रकार से वह गंध चारों दिशाओं में सब ओर अच्छी तरह फैल जाती है—तो क्या उनकी गंध इस प्रकार की होती है ?

उ० गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे । तेसि णं तणाण य मणीण य एत्तो उ इट्ठतराए चेव-जाव-मणामतराए चेव गंधे पण्णत्ते । —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२६

उ०—हे गौतम ! यह अर्थ उस गंध का वर्णन करने में समर्थ नहीं है क्योंकि इन तृणों और मणियों की गंध इनसे भी इष्टतर —यावत्—मणामतर कही गई है ।

तण-मणीण इट्ठयरे फासे—

तृण-मणियों का इष्टतर स्पर्श—

३१. प० तत्थ णं जे ते तणा य मणी य तेसिं णं भंते ! केरिसए फासे पण्णत्ते ? से जहा णामए—आईणे ति वा, रूए

३१. प्र० —हे भगवन् ! वहाँ जो तृण और मणि हैं, उनका स्पर्श कैसा कहा गया है ? क्या उनका स्पर्श इस प्रकार का कहा है—

ति वा, बूरे ति वा, णवणीतेति वा, हंसगब्भतूलीति वा, सिरीसकुसुमणिचतेति वा, बालकुमुदपत्तरासीतिवा,—भवे एयारूवे सिया ?

आजिनक (चर्ममय वस्त्र) के जैसा होता है, अथवा रुई के जैसा होता है, अथवा बूर नामक वनस्पति जैसा होता है, अथवा नवनीत जैसा होता है, अथवा हंसगर्भतूलिका जैसा होता है, अथवा शिरीष पुष्पसमूह जैसा होता है, अथवा बालकुमुद पत्र के राशि (समूह) जैसा होता है—तो क्या उन तृणों और मणियों का स्पर्श इस प्रकार का होता है ?

उ० गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे । तेसि णं तणाण य मणीण य एत्तो इट्ठुत्तराए चेव-जाव-मणामतराए चेव फासे पण्णत्ते । —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२६

उ०—हे गौतम ! यह अर्थ उनके स्पर्श का वर्णन करने में समर्थ नहीं है, उन तृणों और मणियों का स्पर्श तो इनसे भी इष्टतर—यावत्—मणामतर कहा है ।

तण-मणीणं इट्ठयरे सद्दे—

तृण-मणियों का इष्टतर शब्द—

३२. प० तत्थ णं जे ते तणा य मणी य तेसिं णं भंते ! पुव्वावर-दाहिण उत्तरागतेहिं वाएहिं मंदायं मंदायं एइयाणं, वेइयाणं, कंपियाणं, खोभियाणं, चालियाणं, फंदियाणं, घट्टियाणं, उदीरियाणं केरिसए सद्दे पण्णत्ते ?

३२. हे भगवन् ! वहाँ जो तृण और मणि है, वे जब पूर्व-पश्चिम-दक्षिण और उत्तर दिशाओं से बहने वाली वायु से मंद-मंद रूप से कंपित किये जाते हैं, विशेष रूप में कंपित किये जाते हैं, बारंबार कंपित किये जाते हैं, क्षुभित किये जाते हैं, चलाये जाते हैं, स्पंदित किये जाते हैं, परस्पर संघर्षित किये जाते हैं, उदीरित किये जाते हैं, तब इनकी कैसी शब्द ध्वनि कही गई है ?

से जहा णामए—सिवियाए वा, संदमाणियाए वा, रहवरस्स वा सछत्तस्स सज्झयस्स सघंटयस्स सतोरणवरस्स, सणंदिघोसस्स सखिखिणिहेमजालपेरंतपरिखित्तस्स हेमवयचित्त-विचित्त-तिणिस-कणग-निज्जुस-दारुयागस्स सुप्पिणिद्धारकमंडलधुरागस्स कालायस-सुकय-णेमिजंतकम्मस्स—आइण्णवरतुरगसुसंपउत्तस्स कुसलणर-छेय-सारहि-सुसंपरिगहितस्स सरस्सय-बत्तीस-तोरण-परिमंडितस्स सकंकडवडिंसगस्स, सचावसरपहरणावरण-हरियस्स जोह जुद्धस्स रायंगणंसि वा, अंतेउरंसि वा, रम्मंसि वा, मणिकोट्टिमतलंसि अभिक्खणं अभिक्खणं अभिघट्टिज्जमाणस्स वा, णियट्टिज्जमाणस्स वा, जे उराला मणुण्णा कण्ण-मणणिव्वुतिकरा सव्वओ समंता सद्दा अभिणिस्सवंति—भवे एयारूवे सिया ?

क्या वह इन नाम वाले पदार्थों से होने वाली शब्द ध्वनि जैसी होती है । यथा—शिविका (पालखी) से होने वाली ध्वनि जैसी अथवा स्यन्दमानिका (एक प्रकार की पालखी विशेष) से होने वाली ध्वनि जैसी अथवा जो छत्र से युक्त हो, ध्वजा से युक्त हो, दोनों बाजुओं में लटकते हुए घंटों से युक्त हो, उत्तम तोरण से युक्त हो, नन्दिघोष आदि तूर्णों (मुँह से बजाये जाने वाले वाद्य विशेष) के निनाद से युक्त हो, क्षुद्र घटिकाओं से युक्त सुवर्ण निर्मित मालाओं द्वारा जो सब ओर से व्याप्त हो, चित्रविचित्र मनोहारी चित्रों से युक्त एवं सुवर्ण खचित ऐसे हिमवान् पर्वत के तिनिशकाष्ठ से जो निर्मित हो, जिसके पट्टियों में आंटे बहुत ही अच्छी तरह से लगे हो, और जिसकी धुरा मजबूत हो, जिसके चक्र (पट्टीये) जमीन की रगड़ से घिस न जायें और चक्र के पटिया अलग-अलग न हो जाये, इस अभिप्राय से पट्टियों पर लोहे की दाँत चढाई गई है ।—

—गुणसम्पन्न, जातिमन्त श्रेष्ठ घोड़े जिसमें जुते हुए हैं, अश्व संचालन में कुशल और दक्ष सारथि से जो युक्त हो, जिनमें सौ-सौ बाण हो ऐसे बत्तीस तूणीरों (भाथों) से युक्त हो, जिसका शिखर भाग कवच (बख्तर) से आच्छादित हो, धनुषसहित बाणों और कुन्त—भाले आदि प्रहरणों एवं कवच आदि आयुधों से जो परिपूर्ण हो, योद्धाओं के युद्ध के निमित्त जो सजाया गया हो और जो राजप्रांगण एवं अन्तःपुर की मणियों से खचित भूमि में बारंबार वेग से आता-जाता हो ऐसे श्रेष्ठ रथ से उस समय जो उदार, मनोज्ञ तथा कर्ण एवं मन को तृप्तिकारक सब ओर से उस समय निकलने वाली ध्वनि जैसी है—तो क्या ऐसी ध्वनि उन तृणों और मणियों से निकलती है ?

उ० गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे ।

उ०—हे गौतम ! उस ध्वनि का वर्णन करने में यह अर्थ समर्थ नहीं है ।

३३. प० से जहा णामए—वेयालियाए वीणाए उत्तरमंदा मुच्छित्ताए अंके सुपतिट्ठियाए कुसलनर नारि संपग्गहिताए चंदणसारकाण पडिघट्टिताए पदोसपच्चूस कालसमयंसि मंदं मंदं एइयाए वेइयाए खोभियाए उदीरियाए ओराला मणुण्णा कण्णमणणिव्वुतिकरा सव्वओ समंता सद्दा अभिणिस्सवंति भवे एयारूवे सिया ?

३३. प्र०—(अथवा हे भगवन् ! क्या उनकी ध्वनि इस प्रकार की होती है ? जिस प्रकार उतर-मंदा मूर्च्छना से युक्त, अंक (गोद) में अच्छी तरह से रखी गई, वीणावादन में कुशल नर अथवा नारी द्वारा संस्पर्शित—बजाई जा रही, श्रेष्ठ चन्दन के कोण (वीणा बजाने का दंड-लकड़ी) से संघर्षित (ऐसी वेतालिकी वीणा को जब) प्रातःकाल अथवा सायंकाल मंद-मंद स्वर से बजाया जाता है, उच्च स्वर में बजाया जाता है, संक्षुभित किया जाता है, उदिरित-प्रेरित किया जाता है, तब उससे जो उदार, मनोज्ञ, कर्ण और मन को मोहित करने वाला घोष सब ओर से निकलता है—तो क्या ऐसी शब्द ध्वनि उन तृणों और मणियों से निकलती है ?

उ० गोयमा ! णो तिणट्ठे समट्ठे ।

उ०—हे गौतम ! यह अर्थ भी उसका वर्णन करने में समर्थ नहीं है ।

३४. प० से जहा णामए—किण्णराण वा, किंपुरिसाण वा, महोरगाण वा, गंधव्वाण वा, भद्दसालवणगयाण वा, नंदणवणगयाण वा, सोमणसवणगयाण वा, पंडगवणगयाण वा, हिमवंत-मलय-मंदर-गिरिगुह समण्णागयाण वा, एगतो सहिताणं संमुहागयाणं, समुविट्ठाणं; संनिविट्ठाणं, पमुदियपक्कीलियाणं, गीयरतिगंधव्व-हरिसियमणाणं गेज्जं पज्जं कत्थं गेयं पयविद्धं पायविद्धं उक्खित्तयं पवत्तयं मंदायं रोचियावसाणं सत्तसर समण्णागयं अट्ठरससुसंपउत्तं छद्दोसविप्पमुक्कं एकारसगुणालंकारं अट्ठगुणोववेयं गुंजंतवंस कुहरोवगूढं रत्तं तिट्ठाण-करणसुद्धं मधुरं समं सुललियं सकुहर गुंजंतवंसततीसुसंपउत्तं, तालसुसंपउत्तं तालसमं [रयसुसंपउत्तं गहसुसंपउत्तं] मणोहरं मउय-रिभिय-पयसंचारं सुरभिं सुणंति वरचारुरूवं दिव्वं नट्टं सज्जं गेयं पगीयाणं—भवे एयारूवे सिया ?

३४. प्र०—(अथवा हे भगवन ! उनका शब्दघोष क्या इनके जैसा है ?) यथा—जिस प्रकार किन्नर, किंपुरुष, महोरग और गंधर्व भद्रसालवन में अथवा नन्दनवन में अथवा सोमनसवन में अथवा पण्डक वन में अथवा हिमवन पर्वत की मलय पर्वत की, गुफाओं में बैठे हों, एक स्थान पर एकत्रित हुए हों, एक-दूसरे के समक्ष बैठे हों, समुचित रूप से बैठे हों, सम संस्थान से बैठे हों, प्रमोद-भाव सहित होकर आनन्दपूर्वक क्रीड़ा करने में मग्न हो रहे हों, गीत में जिनकी रति हो, गंधर्व नाट्य आदि करने से जिनका मन हर्षित हो रहा हो, (गद्य, पद्य, कत्थ—कथात्मक गेय, पदबिद्ध, पादबिद्ध, उत्क्षिप्त, प्रवर्तक, मंद, रोचित, अवसान वाले, सप्त स्वरोपेत, शृङ्गार आदि) आठ रसों से युक्त, छह दोषों से विमुक्त, ग्यारह गुणों से अलंकृत, आठ गुणों से उपेत, गुंजायमान बांसुरी की मधुर ध्वनि से युक्त, राग-रागिनी से अनुरक्त, त्रिस्थानकरण (वक्षस्थल, कंठ और मस्तिष्क) से शुद्ध, मधुर, समताल और स्वरवाले, सुललित, सस्वर, गूँजती हुई बांसुरी और तंत्री की ध्वनि से बद्ध, समताल के अनुरूप, हस्ततल से सुसंप्रयुक्त (रवमधुर गुंज से संयुक्त, गह—तल्लीनता से व्याप्त) मनोहर, मृदु-निर्मित स्वरानुसार पद संचार करने वाले (पैरों में थिरकन पैदा करने वाले), सुरभि (श्रोताओं को आकर्षित करने वाले), सुष्ठु प्रकार से अंग प्रत्यंगों को नत करने वाले, श्रेष्ठ सुन्दर रूप वाले, दिव्य नाट्य, षड्ज (स्वर विशेष से युक्त) गीत को गाने वालों के स्वरों जैसा होता है ?

उ० हंता, गोयमा ! एवं भूए सिया ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२६

हे गौतम ! हाँ, उनके शब्द स्वर इसी प्रकार के होते हैं ।

वणसंडे पडिरूवाओ वावीआईओ—

३५. तस्स णं वणसंडस्स तत्थ तत्थ देसे देसे तहिं तहिं बहवे खुड्डा खुड्डियाओ, वावीओ, पुक्खरिणीओ, गुंजालियाओ, दीहियाओ, सराओ, सरपंतियाओ, सरसरपंतियाओ, बिलपंतियाओ, अच्छाओ सण्हाओ रययामयकूलाओ समतीराओ वयरामयपासाणाओ तवणिज्जमयतलाओ वेरुलिय-मणि-फालिय-पडलपच्चोयडाओ णवणीयतलाओ सुवण्णसुज्झ-(ब्भ) रययमणिवालुयाओ सुहोयारा सु उत्तराओ णाणामणि-तित्थ-सुबद्धाओ चारु (चउ) क्कोणाओ, समतीराओ आणुपुव्व-सुजाय-वप्प-गंभीर-सीयजलाओ संछण्ण पत्त-भिस-मुणालाओ, बहुउप्पल-कुमुय-णलिण-सुभग-सोगंधित-पोंडरीय-सयपत्त-सहस्सपत्त-फुल्लकेसरोवइयाओ, छप्पय-परिभुज्जमाणकमलाओ, अच्छ विमल-सलिल पुण्णाओ,

परिहत्थ भमंत-मच्छ-कच्छभ-अणेग-सउणमिहुणपरिचरित्ताओ, पत्तेयं पत्तेयं पउमवरवेदिया परिक्खित्ताओ, पत्तेयं पत्तेयं वण-संडपरिक्खित्ताओ अप्पेगतियाओ आसवोदगाओ, अप्पेगतियाओ वारुणोदगाओ, अप्पेगतियाओ खोदोदगाओ, अप्पेगतियाओ खीरोदगाओ, अप्पेगतियाओ घओदगाओ, अप्पेगतियाओ अमयरससमरसोदगाओ, अप्पेगइयाओ पगतीए उदगरसेणं पण्णत्ताओ पासाइयाओ-जाव-पडिरूवाओ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२७

वनखण्ड में मनोहर बावड़ियाँ आदि—

३५. उस वनखण्ड में जगह-जगह पर अनेक छोटी-छोटी वापिकायें, पुष्करिणियाँ, गुंजालिकायें (टेढ़े-मेढे आकार-वक्र आकार वाली वापिकायें) दीर्घिकायें (झरने वाली वापिकायें) सरोवर, सरः पंक्तियाँ, सर-सर पंक्तियाँ, कूप पंक्तियाँ हैं। जो स्वच्छ, स्फटिक की तरह चिकने प्रदेश वाली है, रत्नमय तटों वाली है, समान तीर-किनारों वाली है, वज्ररत्नमय पाषाण-पत्थरों वाली है, इनका तल भाग तपनीय सुवर्ण का बना हुआ है। तट के समीपवर्ती अत्युन्नत प्रदेश वैडूर्यमणि और स्फटिकमणि से बने हुए हैं। नवनीत के समान इनके सुकोमल तल है। इनमें जो बालुका है, वह सुवर्ण शुद्ध रजत-चाँदी और मणियों से युक्त और उनके समान कांति वाली है। जो सुखपूर्वक प्रवेश करने और निर्गमन—बाहर निकलने योग्य है, जिनके घाट नाना प्रकार की मणियों से बने हुए हैं, इनके (चारों) कोने सुन्दर-मनोज्ञ हैं। तट-सम हैं, इनका वप्र-जलस्थान क्रमशः नीचे गहरा होता गया है, और अगाध एवं शीतल है, जिनका जल पत्र भिस, मृणाल से आच्छादित है। इनमें प्रफुल्लित केशर परागयुक्त अनेक उत्पल, कुमुद, नलिन, सुभग, सौगंधिक, पुण्डरिक, शतपत्र, सहस्रपत्र, जातीय कमल व्याप्त है। भ्रमर समूह जिनके कमलों और कुमुदों का रसास्वादन कर रहे हैं, जो स्वच्छ विमलजल से परिपूर्ण हैं,

जिनमें बहुत बड़ी संख्या में मच्छ और कच्छप इधर से उधर घूमते रहते हैं। तथा जो अनेक प्रकार के शकुनमियुन पक्षियों के जोड़ों के गमनागमन से व्याप्त है। प्रत्येक जलाशय पद्मवरवेदिका से व्याप्त है। प्रत्येक वनखण्ड से घिरा हुआ है। इनमें से किन्हीं वापिकाओं आदि का जल आसव जैसा मधुर स्वाद वाला है। कितने का जल इक्षुरस के सदृश मधुर स्वाद वाला है, कितनेक का जल क्षीरसमुद्र के जल जैसा स्वाद वाला है, कितनेक जलाशयों का जल घृत के जैसे स्वाद वाला है, कोई-कोई जलाशय ऐसे हैं जिनका जल अमृतरस के सदृश स्वाद वाला है, कितने ही जलाशय प्राकृतिक उदकरस से युक्त है। और ये सभी जलाशय प्रासादिक—**यावत्**—प्रतिरूप है।

तिसोवाणपडिरूवाणं वण्णावासे—

३६. तस्स णं वणसंडस्स तत्थ तत्थ देसे देसे तहिं तहिं तासि णं खुड्डियाणं वावीणं-जाव-बिलपंतीयाणं पत्तेयं पत्तेयं चउद्दिसि चत्तारि तिसोवाणपडिरूवगा पण्णत्ता, तेसि णं तिसोवाण पडिरूवाणं अयमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते तं जहा, वइरामया नेमा, रिट्ठामया पतिट्ठाणा, वेरुलियामया खंभा, सुवण्ण-रुप्पामया फलगा,

त्रिसोपान प्रतिरूपकों का वर्णन—

३६. उस वनखण्ड में जगह-जगह पर स्थित जो अनेक छोटी-छोटी वापिकायें—**यावत्**—कूपपंक्तियाँ है वे प्रत्येक चारों दिशाओं में चार त्रिसोपान-प्रतिरूपक कही गयी है—विशिष्ट तीन-तीन सीढियों से युक्त है, उन त्रिसोपान प्रतिरूपकों का वर्णविन्यास इस प्रकार का कहा गया है। यथा—इनका मूलभाग-नींव वज्ररत्नों से निर्मित है। मूलपाद रिष्टरत्नों से बने हुए हैं, एवं ये वैडूर्य रत्न से बने हैं। फलक पट्टियाँ, (तख्ता) स्वर्ण और चाँदी के बने हैं। इन फलकों की संधियाँ वज्ररत्न की है। जिनमें लोहिताक्ष-

वइरामया संधी, लोहितक्खमईओ सूईओ, णाणा मणिमया अवलंबणा, अवलंबण बाहाओ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १५७

रत्न की सूचियाँ-कीलियाँ लगी हुई है। आजू-बाजू के अवलंबन दंड (रेलिंग) और अवलंबनबाहा नाना प्रकार की मणियों की बनी हुई है।

तिसोवाणपडिरूवगाणं पुरओ तोरणा—

त्रिसोपान प्रतिरूपकों के आगे तोरण—

३७. **तेसि णं तिसोवाणपडिरूवगाणं पुरतो पत्तेयं पत्तेयं तोरणा पण्णत्ता, तेणं तोरणा णाणा मणिमयखंभेसु उवणिविट्ठ सण्णिविट्ठा, विविहमुत्तंत रोवइता, विविहतारारूवोवचिता, ईहामिय-उसभ-तुरग-णर-मगर-विहग-वालग-किण्णर-रुरू-सरभ-चमर-कुंजर-वणलय-पउमलय-भत्तिचित्ता खंभुग्गय-वइरवेदिया परिगताभिरामा, विज्जाहर-जमल-जुयल-जंतजुत्ताविव, अच्चि सहस्समालणीया, भिसमाणा, भिब्भिसमाणा, चक्खुल्लोयणलेसा, सुहफासा, सस्सिरीयरूवा, पासाइया-जाव-पडिरूवा।**

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२७

३७. उन प्रत्येक त्रिसोपान प्रतिरूपकों के आगे तोरण कहे गये है। ये तोरण अनेक प्रकार की मणियों से बने हुए खंभों पर पास में ही स्थित है और यथास्थान लगे हुए हैं। इनमें अनेक प्रकार की आकृतियों में गूँथे गये मुक्तामणि लगे हुए हैं। विविध प्रकार के तारारूपों से खचित है। इनमें ईहामृग, वृषभ, घोड़ा, मनुष्य, मगर, पक्षी, सर्प, किन्नर, रुरू, सरभ-अष्टापद, चमर, कुंजर-हाथी, वनलता, पद्मलता के चित्र बने हुए हैं। स्तम्भों पर बनी हुई वज्रमयी वेदिकाओं के कारण ये तोरण बहुत ही सुन्दर लगते हैं। समश्रेणी में बने हुए विद्याधर युगलों के चित्र-यंत्रचालित जैसे प्रतीत होते हैं। सहस्ररश्मि सूर्य की प्रभा जैसे प्रभा समुदाय से युक्त है। चमकदार दीप्तमान, अत्यन्त दैदीप्यमान, दर्शनीय, नेत्राकर्षक, सुखकर, सुखद स्पर्श वाले, सश्रीकरूप वाले, प्रासादीय, आल्हादजनक—**यावत्**—**प्रतिरूप** है।

तोरणाणं उप्पिं अट्ठट्ठमंगलगा—

तोरणों के ऊपर आठ-आठ मंगल—

३८. **तेसि णं तोरणाणं उप्पिं बहवे अट्ठट्ठमंगलगा पण्णत्ता।**

तं जहा—

(१) सोत्थिय, (२) सिरिवच्छ, (३) णंदियावत्त, (४) वद्धमाण, (५) भद्दासण, (६) कलस, (७) मच्छ, (८) दप्पणा, सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२७

३८. उन तोरणों के ऊपर अनेक आठ-आठ मंगल द्रव्य कहे गये हैं। **उनके नाम यह हैं—**

(१) स्वस्तिक, (२) श्रीवत्स, (३) नन्दिकावर्त, (४) वर्द्धमान, (५) भद्रासन, (६) कलश, (७) मत्स्य, और (८) दर्पण, ये सभी सर्वात्मना रत्नमय, स्वच्छ—**यावत्**—**प्रतिरूप** हैं।

तोरणाणं उप्पिं चामरज्झया—

तोरणों के ऊपर चामरयुक्त ध्वजायें—

३९. **तेसि णं तोरणाणं उप्पिं बहवे किण्हचामरज्झया नीलचामरज्झया लोहियचामरज्झया हारिद्दचामरज्झया सुक्किल्लचामरज्झया अच्छा सण्हा रुप्पपट्टा वइरदंडा जलयामलगंधीया सुरूवा पासाइया-जाव-पडिरूवा।**

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२७

३९. उन तोरणों के ऊर्ध्वभाग में कृष्णकांति वाले चामरों से युक्त ध्वजायें हैं। नीलवर्ण वाले चामरों से युक्त ध्वजायें हैं। लोहित—लाख वर्णीय चामरों से युक्त ध्वजायें हैं। हारिद्र वर्ण वाले चामरों से युक्त ध्वजायें हैं, श्वेत वर्ण के चामरों से युक्त ध्वजायें हैं। ये ध्वजायें स्वच्छ स्निग्ध हैं। इनके किनारे सोने-चाँदी के बने हैं। और दंड वज्ररत्न से बना हुआ है। इनका गंध विमल जलज-कमल के गंध जैसा है, सुरूप प्रासादीय—**यावत्**—**प्रतिरूप** है।

तोरणाणं उप्पिं छत्ताइपयत्थाइं—

तोरणों के ऊपर : छत्रादि पदार्थ—

४०. **तेसि णं तोरणाणं उप्पिं बहवे छत्ताइछत्ता, पडागाइपडागा, घंटाजुयला, चामरजुयला, उप्पलहत्थया-जाव-सय-सहस्सवत्तहत्थगा, सव्वरयणामया, अच्छा-जाव-पडिरूवा।**

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२७

४०. उन तोरणों के ऊपर अनेक छत्रातिछत्र (एक छत्र के ऊपर दूसरा छत्र) पताकातिपताकायें, घंटायुगुल, चामरयुगल, उत्पल हस्तक-कमलों के गुच्छे (गुलदस्ते)—**यावत्**—शत-सहस्र-पत्र हस्तक है। जो सभी सर्व रत्नमय, स्वच्छ—**यावत्**—**प्रतिरूप** हैं।

वावीआईणं देसेसु उप्पायपव्वयाइं—

४१. तस्स णं वणसंडस्स तत्थ तत्थ देसे देसे तहिं तहिं तासि णं खुड्डियाणं बावीणं-जाव-बिलपंतीयाणं बहवे उप्पाय-पव्वया, णियइ-पव्वया, जगति-पव्वया, दारु-पव्वयगा, दग-मंडलगा, दग-मंचका, दग-मालगा, दग-पासायगा, ऊसडा, खुल्ला, खड-हडगा, अंदोलगा, पक्खंदोलगा, सव्वरयणामया -जाव-पडिरूवगा ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२७

बावड़ियों के समीप उत्पात पर्वतादि—

४१. उस वनखण्ड के उन-उन प्रदेशों में, प्रदेशों के एक देश में जो छोटी-छोटी वापिकायें—**यावत्**—कूपपंक्तियाँ हैं, उनके प्रदेशों में, प्रदेशों के एक देश में अनेक उत्पात पर्वत, नियति पर्वत, जगति पर्वत, दारु पर्वत, दकमंडप (स्फटिकमणि से बने हुए मंडप) दकमंचक, दकमलिका (स्फटिकमणि से निर्मित छत का ऊपरी भाग, तला, मंजिल), दकप्रासाद है। उनमें से कितने ही ऊँचे हैं, कितने ही छोटे हैं कितने ही खडहडगा (चौड़ाई में कम और लम्बाई में अधिक विस्तार वाले) कितने ही अन्दोलक (हिंडोला) रूप है। कितने ही पक्ष्यन्दोलक झूला रूप है। तथा ये सभी सर्वात्मना रत्नमय, स्फटिक के समान स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है।

उप्पायपव्वयाइसु हंसासणाई—

४२. तेसु णं उप्पाय-पव्वतेसु-जाव-पक्खंदोलएसु बहवे हंसासणाइं कोंचासणाइं गरुलासणाइं उण्णयासणाइं पणयासणाइं दीहासणाइं भद्दासणाइं पक्खासणाइं मगरासणाइं उसभासणाइं सीहासणाइं पउमासणाइं दिसा सोवत्थियासणाइं सव्वरयणामयाइं अच्छाइं-जाव-पडिरूवाइं ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२७

उत्पात पर्वतों पर हंसासन आदि—

४२. उन उत्पाद पर्वतों—**यावत्**—पक्ष्यन्दोलकों में अनेक हंसासन हैं। क्रोचासन है, गरुडासन है, उन्नतासन है, प्रणतासन है, दीर्घासन है, सिंहासन है, पद्मासन है, दिक् सौवस्तिकासन है। ये सभी आसन सर्वात्मना रत्नमय, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है।

वणसंडदेसेसु आलिघराई—

४३. तस्स णं वणसंडस्स तत्थ तत्थ देसे देसे तहिं तहिं बहवे आलिघरा, मालिघरा, कयलिघरा, लयाघरा, अच्छणघरा, पेच्छणघरा, मज्जण-घरगा, पसाहण-घरगा, गब्भ-घरगा, मोहण-घरगा, साल-घरगा, जाल-घरगा, कुसुम-घरगा, चित्त-घरगा, गंधव्व-घरगा, आयंस-घरगा, सव्वरयणामया अच्छा -जाव-पडिरूवा ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२७

वनखण्ड के अनेक भागों में आलिगृहादि—

४३. उस वनखण्ड के स्थान-स्थान पर और उनके भी एक-एक देश में बहुत से आलिगृह (आलिनामक वनस्पतियों से बने घर), मालिगृह, कदलीगृह, लतागृह, अच्छणगृह, (विश्रामगृह), प्रेक्षणगृह, मज्जनगृह—स्नानगृह, प्रसाधन-शृंगारगृह, गर्भगृह, (तलघर-गुंभारिया), मोहनगृह-केलिगृह, शालागृह, जालगृह, (जाली-झरोखायुक्त घर) पुष्पगृह (पुष्पों के समूह से युक्त घर) चित्रगृह (चित्रों की प्रधानता वाले घर—चित्रशाला), गंधर्वगृह (नाट्य, गीत, नृत्य किये जाने वाले घर), दर्पणमय गृह है, ये सभी गृह सर्वात्मा रत्नों से निर्मित स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है।

आलिघराईसु हंसासणाई—

४४. तेसु णं आलिघरएसु-जाव-आयंसघरएसु बहुइं हंसासणाइं -जाव-दिसासोवत्थियासणाइं सव्वरयणामयाइं अच्छाइं-जाव-पडिरूवाइं ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२७

आलिगृहादि में हंसासन आदि—

४४. उन आलिगृहों—**यावत्**—दर्पणगृहों में बहुत से हंसासन—यावत्—दिक् सौवस्तिकासन रखे हुए है, ये आसन पूर्ण रूप से रत्नमय स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है।

वणसंडदेसेसु जाइमंडवगाई—

४५. तस्स णं वणसंडस्स तत्थ तत्थ देसे देसे तहिं तहिं बहवे जाइ-मंडवगा, जूहिया-मंडवगा, मल्लिया-मंडवगा, णवमल्लिया मंडवगा, वासंती-मंडवगा, दधिवासुया-मंडवगा, सुरिल्लि-

वनखण्ड के अनेक भागों में जाइ-मण्डप आदि—

४५. उस वनखण्ड के स्थान-स्थान पर और उन स्थानों के भी एक-एक देश में अनेक जातिमंडप (चमेली पुष्पों से भरे मंडप) है, जूहिका (जूही के पुष्प) मंडप है, मल्लिका (मोगरा पुष्प) मंडप है, नव मल्लिका-मंडप है, वासन्ती लता मंडप है, दधिवासुक (वनस्पति विशेष) के मंडप है, सुरिल्लि (वनस्पति विशेष) मंडप

मंडवगा, तंबोली-मंडवगा, मुद्दिया-मंडवगा, णागलया-मंडवगा, अतिमुत्त-मंडवगा, अप्फोआ-मंडवगा, मालुया-मंडवगा, सामलया-मंडवगा, णिच्चं कुसुमिया-जाव-सुविभत्त पडिमंजरि वडिंसगधरा सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२७

जाईमंडवाईसु विविहसंठिया पुढवि-सिलापट्टगा—

४६. **तेसु णं जातीमंडवएसु-जाव- सामलयामंडवएसु बहवे पुढवि-सिलापट्टगा पण्णत्ता, तं जहा—हंसासण-संठिता, कोंचासण-संठिता, गरुलासण-संठिता, उण्णयासण-संठिता, पणयासण-संठिता, दीहासण-संठिता, भद्दासण-संठिता, पक्खासण-संठिता, मगरासण-संठिता, उसभासण-संठिता, सीहासण-संठिता, पउमासण-संठिता, दिसासोत्थियासण-संठिता, पण्णत्ता तत्थ बहवे वरसयणासण विसिट्ठसंठाणसंठिया पण्णत्ता समणाउसो !**

आइण्णग-रूय-बूर-णवणीत-तूलफासा मउया सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२१

वणसंडे वाणमंतराणं विहरणं—

४७. **तत्थ णं बहवे वाणमंतरा देवा देवीओ य आसयंति, सयंति, चिट्ठन्ति, णिसीयंति, तुयट्टन्ति, रमंति, ललंति, कीलंति, मोहंति, पुरा पोराणाणं सुचिण्णाणं सुपरिक्कंताणं सुभाणं कल्लाणाणं कडाणं कम्माणं फलवित्तिविसेसं पच्चणुब्भवमाणा विहरंति ।** —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२७

पउमवरवेइयाए अंतो एगे महं वणसंडे—

४८. **तीसे णं जगतीए उप्पिं अंतो पउमवरवेइयाए—एत्थ णं एगे महं वणसंडे पण्णत्ते ।**

देसूणाइं दो जोयणाइं विक्खंभेणं वेइयासमएणं परिक्खेवेणं, किण्हे किण्होभासे वणसंड-वण्णओ (मणि) तणसद्दविहूणो णेयव्वे ।[1] —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२७

वणसंडे वाणमंतराणं विहरणं—

४९. **तत्थ णं बहवे वाणमंतरा देवा देवीओ य आसयंति-जाव-सुभाणं कंताणं कडाणं कम्माणं फलवित्तिविसेसं पच्चणुब्भवमाणा विहरंति ।** —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२७

है, ताम्बूली (पानों की बेल) मंडप है, मृद्वीका (अंगूर) मंडप है, नागलता मंडप है, अतिमुक्तलता मंडप है, अप्फोगा (वनस्पति विशेष) मंडप है, मालुका (वृक्ष विशेष) मंडप हैं, श्यामलता मंडप है, ये सभी मंडप सर्वदा पुष्पों से युक्त—यावत्—सुन्दर रचनायुक्त प्रतिमंजरी रूप शिरोभूषण से शोभायमान है, और सर्वात्मना रत्नमय, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है ।

जाई-मण्डपादि में विविध आकार के पृथ्वीशिलापट्ट—

४६. उन जातिमंडपों में—**यावत्**—श्यामलता मंडपों में अनेक पृथ्वी शिलापट्टक कहे गये हैं । यथा—हंसासन जैसे हैं, क्रोंचासन, जैसे हैं, गरुडासन जैसे हैं, उन्नतासन जैसे हैं, प्रणतासन के समान है, दीर्घासन के समान है, भद्रासन के समान है, पक्ष्यासन के समान है, मकरासन के समान है, वृषभासन के समान है, सिंहासन के समान है, पद्मासन के समान है, दिक्सौवस्तिकासन के समान कहे गये हैं, हे आयुष्मन् श्रमण ! वहाँ पर बहुत से पृथ्वी शिलापट्टक विशिष्ट शयनासन संस्थान वाले कहे गये हैं ।

उनका स्पर्श आजिलक (चर्ममय वस्त्र) रुई—बूर (आक की रुई) नवनीत—तूल (हंस के पंख) के स्पर्श जैसा मृदु (सुकोमल) है, तथा सर्वात्मना रत्नमय, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है ।

वनखण्ड में वाणव्यन्तरों का विचरण—

४७. उन आसनों पर अनेक वाणव्यन्तर देव और देवियाँ सुखपूर्वक बैठती है, सोती है, स्थित होती है, विश्रामार्थ बैठती है, लेटती है, रमण करती है, मनोविनोद करती है, क्रीडा करती है, रति-क्रीडा करती है, इस प्रकार से पूर्व फल से किये गये शुभ—सद् आचरण से अर्जित-शुभ पराक्रम से जनित, शुभरूप, कल्याण रूप, कृतकर्मों के फलविपाक को भोगते हुए समय को व्यतीत करती हैं ।

पद्मवरवेदिका के अन्तर्भाग में एक वनखण्ड—

४८. उस जगती के ऊपर और पद्मवरवेदिका के अन्तर्भाग में एक विशाल वनखंड कहा गया है ।

जो कुछ कम दो योजन का विस्तार वाला एवं परिक्षेप—पद्मवरवेदिका के परिक्षेप जैसा है । इसका रूप कृष्ण, कृष्ण प्रतिभास सदृश आदि **वनखण्ड के वर्णन के समान समझना चाहिये, किन्तु मणियों और तृणों का शब्द नहीं होता है ऐसा जानना चाहिये ।**

वनखण्ड में वाणव्यन्तरों का विहरण—

४९. उस वनखण्ड में बहुत से वाण-व्यन्तर देव और देवियाँ सुखपूर्वक बैठती है ।—**यावत्**—शुभ कल्याणरूप कृतकर्मों के फलविपाक का अनुवेदन करती हुई विचरण करती है, समय यापन करती है ।

---

१ जंबु व० १, सु० ६ ।

जंबुद्दीवस्स विजयदार वण्णओ—

जंबुद्दीवस्स चत्तारि दारा—

५०. प० जंबुद्दीवस्स णं भंते ! दीवस्स कति दारा पण्णत्ता ?

उ० गोयमा ! चत्तारि दारा पण्णत्ता, तं जहा—(१) विजये, (२) वेजयंते, (३) जयंते, (४) अपराजिए।[1]

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२८

विजयदारस्स पमाणं—

५१. प० कहि णं भंते ! जंबुद्दीवस्स दीवस्स विजये नामं दारे पण्णत्ते ?

उ० गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमेणं पणयालीसं जोयणसहस्साइं अबाधाए[2], जंबुद्दीवे दीवे पुरच्छिमपेरंते लवणसमुद्दपुरच्छिमद्धस्स पच्चत्थिमेणं सीताए महाणदीए उप्पिं—एत्थ णं जंबुद्दीवस्स दीवस्स विजये णामं दारे पण्णत्ते।

अट्ठ जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं,[3] चत्तारि जोयणाइं विक्खंभेणं, तावतियं चेव पवेसेणं,[4] सेए वरकणगथूभियागे, ईहामिय-उसभ-तुरग-नर-मगर-विहग-वालग-किण्णर-रुरू-सरभ-चमर-कुंजर-वणलय-पउमलय-भत्तिचित्ते, खंभुग्गय-वइरवेदिया परिगयाभिरामे विज्जाहर जमल जुयलजंतजुत्ते इव अच्चीसहस्समालिणीए, रूवगसहस्स कलिते, भिसिमाणे, भिब्भिसमाणे चक्खुल्लोयणलेसे सुहफासे सस्सिरीयरूवे।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२७

विजयदारस्स वण्णओ—

५२. दारस्स वण्णओ तस्सिमो होइ, तं जहा—

---

१ जंबु० व० १, सु० ७।

२ सम० ४५, सु० ६।

जंबूद्वीप : विजयद्वार वर्णन—

जम्बूद्वीप के चार द्वार—

५०. प्र० हे भगवन् ! जम्बूद्वीप के कितने द्वार कहे गये हैं ?

उ०—हे गौतम ! चार द्वार कहे गये हैं। यथा—(१) विजय, (२) वैजयन्त, (३) जयन्त, और (४) अपराजित।

विजयद्वार का प्रमाण—

५१. प्र०—हे भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप का विजय नाम का द्वार कहाँ पर कहा गया है ?

उ०—हे गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मध्य में स्थित मन्दर पर्वत की पूर्वदिशा में व्यवधानरहित पैंतालीस हजार योजन जाने पर जम्बूद्वीप की पूर्व दिशा के अन्त में एवं लवण समुद्र के पूर्वार्ध के पश्चिम भाग में सीता महानदी के ऊपर जम्बूद्वीप नाम वाले द्वीप का विजय नामक द्वार कहा है।

यह विजय द्वार ऊँचाई में आठ योजन ऊँचा है, और चार योजन का चौड़ा है, एवं उतना ही प्रवेश करने का स्थान है, श्रेष्ठ अंकरत्न से निर्मित होने के कारण इसका वर्ण शुक्ल है, और शिखर श्रेष्ठ स्वर्ण का बना हुआ है, इस पर ईहामृग, वृषभ, अश्व, मनुष्य, मकर, पक्षी, नाग, किन्नर, रुरू, अष्टापद, चमरी गाय, हाथी, वनलता, पद्मलता आदि के चित्र बने हुए हैं, स्तम्भों पर बनी हुई वज्र रत्नमयी वेदिकाओं से अत्यन्त शोभायमान हो रहा है। समश्रेणी में स्थित विद्याधर युगल यन्त्र चलित जैसे प्रतीत होते हैं। हजारों किरण समूहों से परिव्याप्त, हजारों रूपों से युक्त, दीप्यमान, दैदीप्यमान, नेत्राकर्षक, सुखद स्पर्श एवं सश्रीक रूप सम्पन्न है।

विजयद्वार का वर्णन—

५२. इस द्वार का वर्णन इस प्रकार है। यथा—

---

३ ठाणं ८, सु० ६५७।

४ ठाणं ४, उ० २, सु० ३०३/१, २।

वइरामया णिम्मा ।

इसका नैम (जमीन के ऊपर निकला प्रदेश—कुरसी) वज्रमय है ।

रिट्ठामया पइट्ठाणा ।

प्रतिष्ठान (देहली) रिष्ठरत्नमय है ।

वेरुलियामया खंभा ।

इसके खम्भे वैडूर्य रत्न के बने हैं ।

जायरूवोवचिय-पवर-पंचवण्ण-मणि-रयण-कोट्टिमतले ।

इसका कुट्टिमतल—बद्धभूमितल स्वर्ण से उपचित श्रेष्ठ पंचवर्ण वाले मणिरत्नों से बना हुआ है ।

हंसगब्भगए एलुए ।

इसकी एलुक (देहली की चौखट) हंसगर्भ नामक रत्न विशेष से बनी है ।

गोमेज्जमए इंदक्खीले ।

गोमेद रत्न से इसकी इन्द्रकील बनी है ।

लोहितक्खमईओ दारचिडाओ ।

लोहिताक्ष रत्न से इसकी द्वार शाखायें बनी हैं ।

जोतिरसामते उत्तरंगे ।

इसका उत्तरंग (द्वार के ऊपर तिरछा रखा हुआ काष्ठ) ज्योतिरस नामक रत्न से बना है ।

वेरुलियामया कवाडा ।

इसके किवाड़ वैडूर्य रत्न से निर्मित है ।

वइरामया संधी ।

किवाडों की संधियाँ वज्ररत्न की है ।

लोहितक्खमईओ सूईओ ।

किवाडों में लगाई गई सुई—कीलियाँ लोहिताक्ष रत्न की हैं ।

णाणा मणिमया समुग्गगा ।

समुद्गक नाना मणियो से बने हुए हैं ।

वईरामईओ अग्गलाओ अग्गलपासाया ।

वज्ररत्न से बनी हुई अर्गलाये हैं और अर्गलाओं को रखने के स्थान भी वज्ररत्न के बने हुए हैं ।

वइरामई आवत्तणपेढिया ।

आवर्तनपीठिका (इन्द्रकील का स्थान) भी वज्ररत्न का है ।

अंकुत्तर पासते ।

किवाडों का पार्श्वभाग (पिछला हिस्सा) अंकरत्न का बना है ।

णिरंतरितघणकवाडे ।

ये किवाड ऐसे जुड़े हुए हैं कि किंचिन्मात्रभी अन्तर (सांध) नहीं है ।

भित्तीसु चेव भित्तीगुलिया छप्पण्णा ।

भीतों (दीवालों) में एक सौ अडसठ (५६ × ३ = १६८) भित्ति गुलिकायें-खुंटिया है ।

तिण्णि होंति गोमाणसी ।

और उतनी ही (१६८) गोमानसी (शैयाकार स्थान विशेष) है ।

तत्तिया णाणा मणिरयण-वालरूवग-लीलट्ठिय-सालिभंजिया ।

और उतनी ही द्वार पर नाना प्रकार के मणियों और रत्नों से व्याप्त होके एवं क्रीडा करती हुई—लीलारत शालभंजिकाओं —पुतलियों के चित्र बने हुए हैं ।

वइरामए कूडे ।

वज्ररत्न से शिखर बना है ।

रययामए उस्सेहे ।

और उत्सेध-ऊँचाई रत्नमय है ।

सव्व तवणिज्जमए उल्लोए ।

चंदेवा चाँदनी रूप ऊपरी भाग तपनीय स्वर्ण का बना है ।

णाणा मणिरयण-जाल पंजर-मणि वंसग-लोहितक्ख पडिवंसग रयतभोम्मे ।

इस द्वार के झरोखे मणिमय वंशों वाले लोहिताक्ष रत्नमय प्रतिवंशों वाले, रजतमय भूमि वाले और विविध प्रकार की मणि रत्नों वाले हैं ।

अंकामया पक्खा पक्खबाहाओ ।

इसके पक्ष और पक्षबाह अंकरत्न से बने हैं ।

जातिरसामया वंसा, वंसकवेल्लगा य ।

रयतामयी पट्टियाओ ।
जातरूवमयी ओहाडणी ।
वइरामयी उवरि पुच्छणी,
सव्वसेतरययमए चछायणे ।
अंकमय-कणग-कूड-तवणिज्ज-थूभियाए ।

ज्योतिरसरत्न के ही इसके बांस हैं, और ज्योतिरस रत्न के ही बांसों पर छाये हुए कवेलू हैं ।

बांसों को जोड़ने वाली पट्टियाँ चाँदी की हैं ।
अवघाटिनी (एक प्रकार की ओढनी) स्वर्णमयी है ।
ऊपर के भाग में बनी पुंछणियाँ वज्रनिर्मित है ।
इसका छादन सम्पूर्ण रूप से श्वेत है और रत्नों का बना है,
इसका कूट प्रधानशिखर अंकरत्न और कनकस्वर्ण का बना हुआ है । तथा स्तूपिकायें—छोटी-छोटी शिखरें तपनीय स्वर्ण की हैं ।

सेए संखतल–विमलणिम्मल–दधि–घण–गोखीर-फेण–रयय-णिगरप्पगासे तिलग रयणद्धचंदचित्ते ।

विमल-निर्मल शंखतल, घनीभूत दही, गाय के दूध का फेन, चाँदी के समूह के समान इसका श्वेत-धवल शुभ्र प्रकाश है, तिलक रत्नों से जिस पर अर्धचन्द्रों के चित्र बने हुए हैं ।

णाणा मणिमयदामालंकिए, अंतो य, बहिं च सण्हे तवणिज्ज-रुइल-वालुया-पत्थडे, सुहप्फासे सस्सिरीयरूवे पासाईए-जाव-पडिरूवे । —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२९

अनेक मणिमय मालाओं से जो अलंकृत हो रहा है, भीतर और बाहर में जो श्लक्ष्ण (अत्यन्त सूक्ष्म) पुद्गलों के स्कन्धों से निर्माणित है, दीप्तमान तपनीय स्वर्ण की वालुका जिसमें विछायी हुई है, जिसका स्पर्श सुखप्रद है, जिसका रूप सुहावना दर्शनीय—**यावत्**—प्रतिरूप है ।

विजयदारस्स णिसीहियाए चंदणकलसपरिवाडीओ—

विजयद्वार की नैषिधिकियों में चन्दनकलशों की पंक्तियाँ—

५३. विजयस्स णं दारस्स उभओ पासिं दुहओ णिसीहियाए दो दो चंदणकलसपरिवाडीओ, पण्णत्ताओ ।

५३. विजय द्वार की दोनों तरफ आजू-बाजू में दो नैषिधिकियाँ बैठने के स्थान (चौकियाँ) हैं, जिन पर दो-दो चन्दन के कलशों की पंक्तियाँ कही गई हैं ।

तेणं चंदणकलसा, वरकमलपइट्ठाणा, सुरभिवरवारिपडि-पुण्णा, चंदणकयचच्चागा, आबद्धकंठेगुणा. पउमुप्पल-पिहाणा, सव्वरयणामया, अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

ये चन्दनकलश श्रेष्ठ कमलों पर रखे हुए हैं, श्रेष्ठ-शुद्ध सुगन्धित जल से भरे हुए हैं, चन्दन से जो चर्चित है अर्थात् थापे लगे हैं, और जिनके कंठ में मौली बाँधी गयी है । जिनके मुख पद्मकमल के ढक्कनों से ढके हुए हैं, तथा सर्वात्मना रत्नों से जटित, स्फटिकमणि के समान स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है ।

महया महया महिंदकुम्भसमाणा पण्णत्ता समणाउसो ।
—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२९

हे आयुष्मान् श्रमणो ! ये चन्दनकलश विशाल बड़े-बड़े महेन्द्रकुम्भ के समान कहे गये हैं ।

विजयदारस्स णिसीहियाए नागदंतपरिवाडीओ—

विजयद्वार की नैषिधिकियों में नागदन्तकों की पंक्तियाँ—

५४. विजयस्स णं दारस्स उभओ पासिं दुहओ णिसीहियाए दो दो णागदंतपरिवाडीओ पण्णत्ताओ ।

५४. विजयद्वार के उभय पार्श्वों की दोनों निषधिकाओं में दो-दो नागदन्तकों की पंक्तियाँ कही गई है ।

तेणं णागदंतगा मुत्ताजालंतरूसिअ–हेमजाल–गवक्खजाल-खिखिणीघंटाजालपरिक्खित्ता, अब्भुग्गया, अभिणिसिट्ठा तिरियं सुसंपगहिया, अहे पण्णगद्धरूवा, पण्णगद्धसंठाणसंठिया, सव्व-रयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

ये सब नागदन्तक चारों ओर से मुक्ताजालों के अन्दर लटकती हुई सुवर्णमय मालाओं, गवाक्ष आकृति वाले रत्नों की मालाओं से और छोटी-छोटी घण्टिकाओं से घिरे हुए है । आगे के भाग में कुछ ऊँचे उठे हुए हैं, और दीवाल में अच्छी तरह से ठुके हुए हैं, कुछ तिरछेपन को लिये स्थित है, अधोभाग में ये सर्प के अर्धभाग जैसे आकार वाले हैं, और अर्ध सर्पाकार रूप में स्थापित है, सर्वात्मना रत्नमय, स्वच्छ-निर्मल—**यावत्**—प्रति-रूप है ।

महया महया गयदंतसमाणा पण्णत्ता समणाउसो !

हे आयुष्मन् श्रमणों ! ये नागदन्तक विशाल गजदन्तों के समान कहे गये हैं ।

५५. तेसु णं णागदंतएसु बहवे किण्हसुत्तबद्धवग्घारिय मल्लदाम कलावा-जाव-सुक्किल्ल सुत्तबद्ध वग्घारियमल्लदामकलावा ।

५५. उन नागदन्तकों के ऊपर अनेक काले डोरे से बँधी हुई अनेक पुष्प मालायें लटक रही हैं—**यावत्**—श्वेत सूत्र में बँधी हुई अनेक पुष्प मालायें लटक रही हैं ।

तेणं दामा तवणिज्जलंबूसगा सुवण्णपयरगमंडिया, णाणा मणिरयण-विविधहारद्धहारउवसोभियसमुदया–जाव—सिरीए अईव अईव उवसोभेमाणा उवसोभेमाणा चिट्ठन्ति ।

इन मालाओं के अग्रभाग में स्वर्ण से बने हुए लंबूस (गेंद क आकार का आभरण विशेष, झुमका) लटक रहे हैं, और ये सब मालायें स्वर्ण के पत्रों से मंडित है, अनेक मणियों, रत्नों, हारों, और अर्धहारों से ये मालायें विशेष-विशेष रूप से सुशोभित है, —**यावत्**—अपनी श्री-कांति से विशिष्ट रूप में शोभायमान होती हुई स्थित हैं,

५६. तेसि णं नागदंतगाणं उवरिं अण्णाओ दो दो णागदंत परिवाडिओ पण्णत्ताओ ।

५६. उन नागदन्तकों के ऊपर भी और दूसरी दो-दो नागदन्तकों की पंक्तियाँ कही गई है ।

तेसि णं णागदंतगाणं मुत्ताजालंतरूसिया तहेव-जाव-पडिरूवा,

उन नागदन्तकों का भी मुक्ताजालों के अन्तर इत्यादि पूर्ववत् **प्रतिरूप पर्यन्त सब वर्णन समझ लेना चाहिये ।**

महया महया गयदंतसमाणा पण्णत्ता समणाउसो ।

हे आयुष्मन् श्रमणो ! ये नागदन्तक भी विशाल गजदन्तों के समान कहे गये हैं ।

५७. तेसु णं णागदंतएसु बहवे रययामया सिक्कया पण्णत्ता,

५७. उन नागदन्तकों पर बहुत से रत्नमय सींके लटके हुए हैं ।

तेसु णं रययामएसु सिक्कएसु बहवे वेरूलियामईओ धूवघडीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—ताओ णं धूवघडीओ कालागुरु-पवरकुन्दरुक्क-तुरुक्क धूव मघमघंतगंधुद्धुयाभिरामाओ सुगंधवरगंधगंधियाओ गंधवट्टिभूयाओ ओरालेणं मणुण्णेणं घाण-मणणिव्वुइकरेणं गंधेणं तप्पए से सव्वओ समंता आपूरेमाणीओ आपूरेमाणीओ अईव अईव सिरीए उवसोभेमाणा उवसोभेमाणा चिट्ठन्ति ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२९

उन रत्नमय सींकों में वैडूर्य रत्नों से बनी हुई अनेक धूप-घटिकाये (धूपदान) रखी हुई कही गई है । यथा—वे धूप-घटिकायें काला गुरु, श्रेष्ठ कुन्दरुष्क, तुरुष्क, लोबान की धूप-विशेष से निकल रही गंध को फैलाती हुई विशेष सुन्दर दिखती है, सुगन्धित पदार्थों की उत्तम गंध से गंधायमान होने से गंध की गुटिका जैसे प्रतीत होती है, उदार-श्रेष्ठ, मनोज्ञ गंध से नासिका और मन को तृप्ति-शांति प्रदान करने वाली है, और अपनी गंध से सर्वदिशाओं में उन-उन प्रदेशों को पुनीत करती हुई अतिविशिष्ट श्री से—यावत्—शोभायमान होती हुई स्थित है ।

विजयदारस्स णिसीहियाए सालभंजियपरिवाडीओ—

विजयद्वार की नैषिधिकियों में सालभंजिकाओं की पंक्तियाँ—

५८. विजयस्स णं दारस्स उभयओ पासिं दुहओ णिसीहियाए दो दो सालभंजिया परिवाडीओ पण्णत्ताओ ।

५८. विजयद्वार के उभयपार्श्व में स्थित उन दोनों निषिधिकाओं में दो-दो काष्ठपुतलिकाओं की परिपाटी-क्रमबद्ध पंक्तियाँ कही गई हैं ।

ताओ णं सालभंजियाओ लीलट्ठियाओ सुपयट्ठियाओ सुअलंकियाओ, णाणागारवसणाओ. णाणा मल्ल-पिणद्धिओ, मुट्ठीगेज्झमज्झाओ आमेलग-जमल जुयलवट्टि अब्भुण्णय-पीणरचिय-संठिय-पयोहराओ रत्तावंगाओ असियकेसीओ, मिदुविसय

वहाँ वे पुतलिकायें क्रीड़ारत हुई जैसी स्थापित की हुई है, सुन्दर वेषभूषा से अलंकृत की गई है, रंग-बिरंगे परिधानो से शृङ्गारित है, अनेक मालायें इन्हें पहनाई गई हैं, कटि प्रदेश इतना पतला है कि मुट्ठी में आ सकता है, इनके पयोधर (स्तन) समश्रेणिक चूचुक युगल से युक्त, कठिन, वृत्ताकार, सामने की ओर उन्नत-तने हुए पुष्ट, रत्युत्पादक है, इनके नेत्र प्रान्त (नेत्रों के किनारे) लालिमायुक्त है, (भ्रमर जैसे) कृष्ण वर्ण, कोमल, विशद-मृणाल तन्तुओं के समान बारीक, प्रशस्त लक्षणों, गुणों से

पसत्थलक्खण, संवेल्लियग्गसिरयाओ ईसिं असोगवरपादप-समुट्ठियाओ, वामहत्थग्गहियग्ग सालाओ, ईसिं अद्धच्छिकडक्ख-विद्धिएहिं लूसेमाणीओ इव चक्खुल्लोयणलेसाहिं अण्णमण्णं खिज्जमाणीओ इव ।

युक्त है, तथा जिनका आगे का भाग मुकुट से ढका हुआ है, ये अशोक वृक्ष का कुछ सहारा लिये हुई-सी खड़ी हैं और बायें हाथ से इन्होंने अशोक वृक्ष की शाखा के अग्रभाग को ग्रहण कर रखा है, अपने तिरछे कटाक्षों से दर्शकों के मन को मानो चुरा रही हैं, परस्पर एक-दूसरे की ओर देखती हुई ऐसी प्रतीत होती हैं कि मानो एक-दूसरे के सौभाग्य को ईर्ष्या के कारण सहन न करने से खेद विपन्न-सी हो रही हैं ।

पुढविपरिणामाओ सासयभावमुवगयाओ चंदाणणाओ चंद-विलासिणीओ चंदद्धसमनिडालाओ चंदाहियसोमदंसणाओ उक्का इव उज्जोयमाणीओ विज्जुघणमरीचि-सूर-दिप्पंत तेय अहियपर संनिकासाओ, सिंगारागारचारुवेसाओ पासाइयाओ-जाव-पडिरूवाओ । तेयसा अतीव अतीव सोभेमाणीओ सोभेमाणीओ चिट्ठन्ति ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२९

ये शालभंजिकायें पार्थिव पुद्गलों से बनी हुई हैं, और विजयद्वार की तरह शाश्वत हैं, इनका मुख चन्द्रमा के जैसा है, चन्द्रमंडल की तरह चमकने वाली हैं, इनका ललाट अर्धचन्द्र (अष्टमी के चन्द्रमा) के समान सुशोभित है, चन्द्रमा से भी अधिक इनका सौम्यदर्शन है, चन्द्रमा से भी अधिक दर्शनीय है, उल्का के समान चमकीली है, मेघ-विद्युत की किरणों और दैदीप्यमान अनावृत सूर्य के तेज से भी अधिक इनका प्रकाश है, इनकी आकृति शृङ्गार प्रधान और वेषभूषा सुहावनी है, अतएव ये प्रासादीय, दर्शनीय—**यावत्**—प्रतिरूप है, इस तरह ये अपने तेज से अत्यन्त सुशोभित होती हुई (विजय-द्वार की उभय पार्श्ववर्ती नैषधिकी में) खड़ी हुई है ।

विजयदारस्स णिसीहियाए जालकडगा—

विजय-द्वार की नैषिधिकियों में जालकटक—

५९. विजयस्स णं दारस्स उभयओ पासिं दुहओ णिसीहियाए दो दो जालकडगा पण्णत्ता ।

५९. विजयद्वार की दोनों बाजुओं की दोनों नैषधिकाओं में दो-दो जालकटक (यवनिका-परदा) कहे गये हैं ।

ते णं जालकडगा सव्व रयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२९

वे जालकटक सर्वात्मनो रत्नमय स्वच्छ निर्मल—**यावत्**—प्रतिरूप है ।

विजयदारस्स णिसीहियाए घंटापरिवाडीओ—

विजय-द्वार की नैषिधिकियों में घंटों की पंक्तियाँ—

६०. विजयस्स णं दारस्स उभयओ पासिं दुहओ णिसीहियाए दो दो घंटापरिवाडीओ पण्णत्ताओ ।

६०. विजयद्वार की दोनों ओर की दोनों नैषिधिकाओं में दो-दो घंटाओं की परिपाटी-पंक्ति कही गई है ।

तासि णं घंटाणं अयमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तं जहा—जंबूणयमईओ घंटाओ, वइरामईओ लालाओ, णाणा मणि-मया घंटा पासगा, तवणिज्जमईओ संकलाओ, रययामईओ रज्जूओ ।

इन घंटाओं का वर्णन इस प्रकार का कहा गया है । यथा—ये सब घंटे जंबूनद स्वर्णमय हैं, वज्ररत्न की इनकी लालायें हैं, अनेक मणियों से बने हुए घंटा पार्श्व हैं, जिन सांकलों में ये घंटे लटके हुए हैं वे स्वर्ण की बनी हुई हैं, और चाँदी की बनी हुई डोरियाँ हैं, अर्थात् घंटा बजाने के लिये लालाओं (लोलक-पंडलुम) में जो डोरियाँ बँधी हुई हैं वे चाँदी की बनी हुई हैं ।

ताओ णं घंटाओ ओहस्सराओ, मेहस्सराओ, हंसस्सराओ, कोंचस्सराओ, णंदिस्सराओ, णंदिघोसाओ, सीहस्सराओ, सीहघोसाओ, मंजुस्सराओ, मंजुघोसाओ, सुस्सराओ सुस्सर णिग्घोसाओ ते पदेसे ओरालेणं मणुण्णेणं कण्ण-मणणिव्वुइ-करेण सद्देणं-जाव-चिट्ठन्ति ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२९

इन घंटाओं का स्वरनाद ओघस्वर (जलप्रवाह का स्वर) जैसा है, मेघस्वर जैसा, हंसस्वर जैसा, क्रौंचस्वर जैसा, नन्दिस्वर जैसा, नन्दिघोष जैसा, सिंहगर्जना जैसा, सिंहघोष जैसा, मंजुस्वर जैसा, मंजुघोष जैसा प्रतीत होता है, विशेष और क्या कहा जाये कि वे सब घंटे अपने सुस्वरों और सुस्वर निर्घोषों से उदार मनोज्ञ, कर्ण और मन को तृप्तिकर शब्दों से उस प्रदेश को व्याप्त करते हुए—**यावत्**—स्थित हैं ।

विजयदारस्स णिसीहियाए वणमालापरिवाडीओ—

६१. विजयस्स णं दारस्स उभओ पासिं दुहओ णिसीहियाए दो दो वणमालापरिवाडीओ पण्णत्ताओ।

ताओ णं वणमालाओ णाणा दुमलया-किसलय-पल्लवसमाउलाओ छप्पयपरिभुज्जमाणकमलसोभंत सस्सिरीयाओ पासाईयाओ-जाव-पडिरूवाओ।

ते पएसे उरालेणं-जाव-मणुण्णेणं घाण-मण-निव्वुइ करेणं गंधेणं तप्पएसे सव्वओ समंता आपूरेमाणीओ आपूरेमाणीओ अईव अईव सिरीए उवसोभेमाणा उवसोभेमाणा चिट्ठन्ति।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १२९

विजयद्वार की नैषिधिकियों में वनमालाओं की पंक्तियाँ—

६१. विजयद्वार के दोनों और दोनों नैषिधिकाओं में दो-दो वनमालाओं की परिपाटियाँ कही गई हैं।

ये वनलतायें अनेक वृक्षों और लताओं के किसलय-पल्लवों (कोमल पत्तों) से युक्त हैं, भ्रमरों द्वारा भुज्यमान कमलों से सुशोभित हैं, सश्रीक-शोभातिशयवाली दर्शनीय—**यावत्**—प्रतिरूप हैं।

ये वनलतायें अपनी उदार—**यावत्**—मनोज्ञ घ्राण और मन को शांतिप्रद गंध से सर्व दिशाओं और विदिशाओं के प्रदेशों को भरती हुई अपनी शोभा से अत्यन्त शोभायमान होती हुई स्थित हैं।

विजयदारस्स णिसीहियाए पगंठगा—

६२. विजयस्स णं दारस्स उभओ पासिं दुहओ णिसीहिआए दो दो पगंठगा पण्णत्ता।

तेणं पगंठगा चत्तारि जोयणाइं आयाम-विक्खंभेणं, दो जोयणाइं बाहल्लेणं सव्व वइरामया अच्छा-जाव पडिरूवा।

विजयद्वार की नैषिधिकियों में प्रकण्ठक—

६२. विजयद्वार के उभय पार्श्व में स्थित दोनों नैषिधिकाओं में दो-दो प्रकण्ठक (पीठ विशेष) कहे गये हैं।

ये प्रकण्ठक चार योजन के लम्बे-चौड़े हैं, तथा इनकी मोटाई दो योजन की है, ये सर्वात्मना वज्ररत्नमय, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है।

६३. तेसिं णं पगंठगाणं उवरिं पत्तेयं पत्तेयं पासायवडेंसगा पण्णत्ता।

तेणं पासायवडेंसगा चत्तारि जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, दो जोयणाइं आयाम-विक्खंभेणं, अब्भुग्गयमूसिय पहसिया विव विविहमणिरयणभत्तिचित्ता, वाउद्धुय विजयवेजयंती पडागछत्तातिछत्तकलिया, तुंगा, गगणतलमभिलंघमाणसिहरा, (गगणतलमणुलिहंतसिहरा) जालंतर-रयण-पंजरुम्मिलितव्व, मणि कणग-भूमियागा, वियसिय सयवत्त-पोंडरीय-तिलक-रयणद्धचंद चित्ता, णाणामणिमयदामालंकिया, अंतो य बाहिं च सण्हा, तवणिज्जरुइल वालुया पत्थडा, सुहफासा, सस्सिरीयरूवा पासाईया-जाव-पडिरूवा।

६३. उन प्रकण्ठकों के ऊपर अलग-अलग प्रासादावतंसक कहे गये हैं।

ये प्रासादावतंसक ऊँचाई में चार योजन ऊँचे और दो योजन के लम्बे-चौड़े हैं, ये समस्त दिशाओं में फैले हुए और हँसते हुए से प्रतीत होते हैं, विविध प्रकार की मणियों और रत्नों से बने हुए चित्रों से चित्रित हैं, जिन पर वायु के संयोग से लहलहाती हुई विजय वैजयन्ती पताकायें जो छत्रातिछत्रों के समान शोभायमान हैं, और बहुत ऊँची हैं, जिनके शिखर अपनी ऊँचाई से आकाश का भी उल्लंघन करते हैं, इनकी जालियों में लगे रत्न ऐसे प्रतीत होते हैं कि मानो अभी-अभी पिंजड़ों से बाहर निकाले हैं, इनमें जो स्तूपिकायें बनी हैं, वे मणियों और स्वर्ण निर्मित हैं, इनके द्वार प्रदेश में विकसित शतपत्रों, पुण्डरीकों और तिलकरत्नों से बने हुए अर्धचन्द्रों के चित्र बने हुए हैं, अनेक मणिमय मालाओं से अलंकृत हैं, भीतर और बाहर से स्निग्ध (चिकने) हैं, इनके भीतर तपनीय स्वर्ण की बालुका बिछी हुई है, इनका स्पर्श सुखद है, रूप सुहावना है, दर्शनीय है—**यावत्**—प्रतिरूप है।

६४. तेसिं णं पासायवडेंसगाणं उल्लोया पउमलया जाव सामलया भत्तिचित्ता। सव्व तवणिज्जमया अच्छा-जाव-पडिरूवा।

६४. इन प्रासादावतंसकों के ऊपरी भाग (अगासी) में पद्मलता—**यावत्**—श्यामलता के चित्र बने हुए हैं, वे सब सर्वात्मना तपनीय, स्वर्णमय, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप हैं।

६५. तेसि णं पासायवडेंसगाणं पत्तेयं पत्तेयं अंतो बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते—से जहा णामए, आलिंग पुक्खरेइ

६५. इन प्रासादावतंसकों में से प्रत्येक का भीतरी भूमि भाग अत्यन्त सम एवं रमणीय कहा गया है, जैसे कि वह इस प्रकार

वा जाव **णाणाविहपंचवण्णेहि तणेहि य मणीहि य उवसोभिए ।**

का है—आलिंगपुष्कर-मृदंग के मुख पर चढ़े हुए चमड़े के समान **—यावत्**—अनेक प्रकार के पंचरंगों तृणों और मणियों से उपशोभित है ।

मणीणं गंधो वण्णो फासो य नेयव्वो ।

—मणियों के गंध, वर्ण और स्पर्श का वर्णन पूर्व में किये गये वर्णन के अनुरूप जानना चाहिए ।—

६६. तेसि णं बहुसमरमणिज्जाणं भूमिभागाणं बहुमज्झदेसभाए पत्तेयं पत्तेयं मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ ।

६६. इन अत्यधिक सम और रमणीय भूमिभागों के मध्यातिमध्य देश भाग-प्रदेश में अलग-अलग मणिपीठिकायें कही गई हैं ।

ताओ णं मणिपेढियाओ जोयणं आयाम-विक्खंभेणं, अट्ठ जोयणबाहल्लेणं, सव्वरयणामईओ जाव पडिरूवाओ ।

वे मणि पीठिकायें लम्बाई-चौड़ाई में एक योजन की और मोटाई में आठ योजन की हैं, जो सर्वात्मना रत्नमय स्वच्छ **—यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

६७. तासि णं मणिपेढियाणं उवरिं पत्तेयं पत्तेयं सीहासणे पण्णत्ते ।

६७. उन प्रत्येक मणिपीठिकाओं के ऊपर एक-एक सिंहासन कहा गया है ।

तेसि णं सीहासणाणं अयमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तं जहा—तवणिज्जमया चक्कवाला, रययामया सीहा, सोवण्णिया पादा, णाणा मणिमयाइं पादपीढगाइं, जंबुणयमयाइं गत्ताइं, वइरामया संधी, णाणा मणिमए वेच्चे ।

इन सिंहासनों का वर्णन इस प्रकार कहा गया है, यथा—इनका चक्रवाला (पायों के रखने का) अधोवर्ती प्रदेश तपनीय स्वर्ण से बना हुआ है, सिंहों की आकृतियाँ चाँदी से बनी हुई हैं, इनके पाये स्वर्ण के बने हुए हैं, अनेक प्रकार की मणियों से इनके पादपीठ बने हुए हैं, इनकी ईषायें (पाटियाँ) जाम्बूनद (स्वर्ण विशेष) की बनी हुई हैं, इनकी संधियाँ (सांधें, दरारें) वज्ररत्न से भरी गई हैं, और अनेक मणियों से इनका मध्यभाग बना हुआ है ।

तेणं सीहासणा ईहामियउसभ जाव **पउमलयभत्तिचित्ता, ससार सारोवइय-विविह मणिरयणपायपीढा, अच्छरग-मिउमसूरग-नवतयकुसंतलिच्च-सीहकेसर-पच्चुत्थयाभिरामा, उवचिय-खोमदुगुल्लय-पडिच्छयणा, सुविरचियरयत्ताणा, रत्तंसुयसंवुया, सुरम्मा, आईणग-रूय-बूर-णवणीय-तूलमउयफासा, मउया, पासाईया, जाव पडिरूवा ।**

ये सिंहासन ईहामृग, बैल**—यावत्**—पद्मलता के चित्रों से चित्रित है, इनके पादपीठ श्रेष्ठातिश्रेष्ठ अनेक प्रकार के विविध रत्नों के बने हुए हैं, इनमें से प्रत्येक पर बिछे हुए मृदु-सुकोमल आच्छादनक (चादर) ओसीसा और नवीन त्वचा वाले (तत्काल उत्पन्न हुए) दर्भ के तृणों से भरे हुए गद्दे बड़े ही मनमोहक हैं, तथा आच्छादनकों के ऊपर भी अनेक बेलबूटों वाला दूसरा प्रतिच्छादनक (पलंगपोस) बिछा हुआ है, और उस पलंगपोस पर भी सुन्दर प्रकार से बना हुआ रजत्राण (वस्त्र विशेष, कवर) डाला गया है, ये सभी सिंहासन लालवस्त्र से ढके हुए हैं, अति रमणीय हैं, इनका स्पर्श चर्ममय वस्त्र, कपास, बूर (सेमल की रुई) नवनीत, तूल (आक की रुई) के समान अतिकोमल है, ये सिंहासन अतिमृदु, दर्शनीय**—यावत्**—प्रतिरूप है ।

६८. तेसि णं सीहासणाणं उप्पिं पत्तेयं पत्तेयं विजयदूसं पण्णत्ते ।

६८. इन सिंहासनों में से प्रत्येक सिंहासन पर अलग-अलग विजय-दूष्य (वस्त्र विशेष) कहा गया है ।

तेणं विजयदूसा, सेया, संख-कुन्द-दगरय-अमय-महियफेणपुञ्जसन्निकासा, सव्वरयणामया अच्छा जाव **पडिरूवा ।**

ये विजय दूष्य शंख-कुन्दपुष्प, जलकण, अमृत, मथे जा रहे दूध के फेन पुंज के समान श्वेत सर्वात्मना रत्नमय, स्फटिक के समान **स्वच्छ—यावत्**—प्रतिरूप है ।

६९. तेसि णं विजयदूसाणं बहुमज्झदेसभाए पत्तेयं पत्तेयं वइरामया अंकुसा पण्णत्ता ।

६९. इन विजय दूष्यों के बहुमध्य देश में अलग-अलग वज्रमय अंकुश कहे गये हैं ।

तेसि णं वइरामएसु अंकुसेसु पत्तेयं पत्तेयं कुम्भिक्का मुत्तादामा पण्णत्ता ।

तेणं कुम्भिक्का मुत्तादामा अन्नेहिं चउहिं चउहिं तदद्धुच्चप्पमाणमेत्तेहिं अद्धकुम्भिक्केहिं मुत्तादामेहिं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ता ।

तेणं दामा तवणिज्जलंबूसगा, सुवण्ण पयरगमंडिया जाव **चिट्ठन्ति ।**

इन वज्रमय प्रत्येक अंकुश में कुम्भप्रमाण मुक्ताओं की मालायें कही गई हैं ।

ये कुम्भप्रमाण मोतियों की मालायें भी और दूसरी चार-चार अर्धकुम्भ प्रमाण वाली और ऊँचाई में उनसे आधी मुक्तामालाओं से सब ओर परिवेष्ठित है ।

ये मालायें तपनीय स्वर्ण से बने हुए लांबूसकों (झूमकों) से युक्त हैं, और स्वर्ण के पतरों से मंडित हैं—**यावत्**—स्थित हैं ।

७०. **तेसि णं पासायवडिंसगाणं उप्पिं बहवे अट्ठट्ठमंगलगा पण्णत्ता, सोत्थिय** तहेव जाव **छत्ता ।**

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३०

७०. इन प्रासादावतंसकों के ऊर्ध्वभाग में अनेक अष्टमंगल द्रव्य कहे हैं, वे स्वस्तिक से लेकर छत्रपर्यन्त जैसे पहले कहे गये हैं वैसे ही हैं ।

विजयदारस्स णिसीहियाए तोरणा—

विजयद्वार की नैषिधिकियों के तोरण—

७१. **विजयस्स णं दारस्स उभओ पासिं दुहओ णिसीहियाए दो दो तोरणगा पण्णत्ता ।**

तेणं तोरणा णाणा मणिमया तहेव जाव **अट्ठट्ठमंगलगा य छत्तातिछत्ता ।**

तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो सालभंजियाओ पण्णत्ताओ जहेव णं हेट्ठा तहेव ।

तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो णागदंतगा पण्णत्ता ।

तेणं णागदंतगा मुत्ताजालंतरूसिया तहेव ।

तेसु णं णागदंतएसु बहवे किण्हे सुत्तवट्ट....वग्घारिय मल्लदाम कलावा जाव **चिट्ठन्ति ।**

तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो हयसंघाडगा पण्णत्ता । सव्व रयणामया अच्छा जाव **पडिरूवा ।**

एवं पंतीओ वीहीओ मिहुणगा ।

७१. विजयद्वार के दोनों ओर की उन दोनों नैषिधिकियों पर दो-दो तोरण कहे गये हैं ।

ये तोरण अनेक प्रकार की मणियों के बने हुए हैं, **इनका वर्णन** (पूर्व में किये गये तोरणों के वर्णन के) **समान समझना चाहिए—यावत्**—वे आठ-आठ मंगल द्रव्य और छत्रातिछत्र युक्त हैं ।

इन तोरणों के अग्रभाग में दो-दो काष्ठ पुतलिकायें कही गई हैं, **इनका वर्णन जैसा पीछे किया गया है, वैसा ही जानना चाहिए ।**

इन तोरणों के आगे दो-दो नागदंतक खूंटियाँ कही गई हैं ।

इन नागदंतकों का वर्णन मुक्ताजालों के भीतर लटकती हुई (इत्यादि पीछे किये गये) **वर्णन के अनुरूप जानना चाहिए ।**

इन नागदंतकों पर कृष्ण सूत्र—डोरे से बँधी हुई अनेक पुष्पमालाओं के समूह लटक रहे हैं—**यावत्**—स्थित हैं ।

इन तोरणों के अग्रभाग में दो-दो अश्वों के संघटक युगल कहे गये हैं, जो सर्वात्मना रत्नमय, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप हैं,

इसी प्रकार से पंक्तियाँ, विथिकायें और मिथुनक भी जानने चाहिए ।

७२. **दो दो पउमलयाओ** जाव **पडिरूवाओ ।**

७२. दो-दो पद्मलतायें हैं—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

७३. **तेसि णं तोरणाणं पुरओ अक्खा असोवत्थिया सव्वरयणामया अच्छा** जाव **पडिरूवा ।**

७३. इन तोरणों के आगे स्वस्तिक के अक्ष—पासे हैं, जो सर्वात्मना रत्नमय, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

७४. **तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो चंदणकलसा पण्णत्ता ।**

तेणं चंदणकलसा वरकमलपइट्ठाणा तहेव सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा । **समणाउसो !**

७४. इन तोरणों के आगे दो-दो चन्दन कलश कहे गये हैं ।

वे चन्दन कलश उत्तमकमलों पर प्रतिष्ठित हैं, **शेष वर्णन पूर्व की तरह जानना तथा सर्वात्मना रत्नमय, स्वच्छ—यावत्—प्रतिरूप है ।**

७५. **तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो भिंगारगा पण्णत्ता वरकमलपइट्ठाणा** जाव **सव्वरयणामया अच्छा** जाव **पडिरूवा महता**

७५. इन तोरणों के आगे दो-दो भृंगारक झारियाँ कही गयी हैं, ये भृंगारक, श्रेष्ठ कमलों पर रखे हैं—**यावत्**—सम्पूर्ण रूप से

महता मत्तगयमुहागिइ समाणा पण्णत्ता समणाउसो।

रत्नमय स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है, हे आयुष्मन् श्रमणो! इनका प्रतिरूप-आकार विशाल मत्त गजराज की मुखाकृति के समान कहा गया है।

७६. तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो आयंसगा पण्णत्ता।

तेसि णं आयंसगाणं अयमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तं जहा—तवणिज्जमया पगंठगा, वेरुलियमया छरुहा [थंभया] वइरामया वरंगा, णाणामणिमया वलक्खा, अकामया मंडला, अणोग्घसिय निम्मलाए छायाए सव्वओ चेव समणुबद्धा चंदमंडलपडिणिकासा, महया महया अद्धकायसमाणा पण्णत्ता समणाउसो!

७६. इन तोरणों के आगे दो-दो आरीसा (दर्पण) कहे गये हैं।

इन आदर्शकों-दर्पणों का वर्णन इस प्रकार का कहा गया है, यथा—इनके प्रकंठक—पीठविशेष तपनीय स्वर्ण के बने हुए हैं, वैडूर्य रत्नमय इनके स्तम्भ हैं, इनका पृष्ठभाग वज्रमय है, शृङ्खलादिरूप इनके अवलम्बन अनेक मणियों से बने हुए हैं, इनका मंडल-प्रतिबिम्ब पड़ने का स्थान-अंकरत्न का बना हुआ है, ये अनवघर्षित—स्वाभाविक प्रतिच्छाया से युक्त एवं निर्मल हैं, चन्द्रमंडल के समान आकार वाले और बहुत बड़े हैं, हे आयुष्मान् श्रमणो! ये देखने वाले के शरीर के अग्रभाग जितने प्रमाण के हैं।

७७. तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो वइरणाभा थाला पण्णत्ता,

तेणं थाला अच्छतिच्छडिय सालितंदुल नहसंदुट्ठ बहुपडिपुण्णा, चेव चिट्ठन्ति। सव्व जंबूणयामया अच्छा—जाव—पडिरूवा। महया महया रहचक्कसमाणा पण्णत्ता समणाउसो!

७७. इन तोरणों के आगे वज्र के बने हुए दो-दो थाल कहे गये हैं।

ये थाल तीन बार सूप आदि से फटक कर स्वच्छ शुद्ध किये गये और ओखली में कूट कर जिनकी भूसी अलग कर दी गई है ऐसे शालि-तंदुलों-विशिष्ट जाति के चावलों से परिपूर्ण भरे हुए हैं। ये थाल सर्वात्मना स्वर्ण से बने हुए, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है, आयुष्मान् श्रमणो! ये थाल विशाल रथ चक्र-रथ के पहिये के समान विशाल आकार वाले कहे गये हैं।

७८. तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो पातीओ पण्णत्ताओ।

ताओ णं पातीओ अच्छोदय पडिहत्थाओ, णाणाविह पंचवण्णस्स फलहरितगस्स बहुपडिपुण्णाओ विव चिट्ठन्ति। सव्वरयणामईओ अच्छाओ—जाव—पडिरूवाओ, महया महया गोकलिंजगचक्कसमाणाओ पण्णत्ताओ समणाउसो!

७८. इन तोरणों के आगे दो-दो पात्री कही गई हैं।

ये पात्रियाँ स्वच्छ जल से भरी हुई हैं, तथा नाना प्रकार के पंचवर्ण वाले हरे फलों से भरी हुई जैसी प्रतीत होती हैं, तथा सर्वात्मना रत्नमय स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप हैं, हे आयुष्मान श्रमणो! ये ऐसी प्रतीत होती हैं, मानो गाय को खिलाने के चक्राकार पात्र हैं।

७९. तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो सुपइट्ठगा पण्णत्ता।

तेणं सुपइट्ठगा णाणाविह पंचवण्ण-पसाहणगभंड विरचिया, सव्वोसहिपडिपुण्णा सव्वरयणामया अच्छा—जाव—पडिरूवा।

७९. इन तोरणों के आगे दो-दो सुप्रतिष्ठक-आधार विशेष बाजोट कहे गये हैं।

उन सुप्रतिष्ठकों पर पंचवर्णों वाले एवं सर्व औषधियों से परिपूर्ण प्रसाधनभांड सजाकर रखे हैं और ये सुप्रतिष्ठक सर्वात्मना रत्नों से बने हुए स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप हैं।

८०. तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो मणोगुलियाओ पण्णत्ताओ।

तासु णं मणोगुलियासु बहवे सुवण्ण-रुप्पामया फलगा पण्णत्ता।

तेसु णं सुवण्ण रुप्पामएसु फलएसु बहवे वइरामया णागदंतगा मुत्ताजालंतरुसिगा, हेम—जाव—गयदंतसमाणा पण्णत्ता।

८०. इन तोरणों के आगे दो-दो मनोगुलिकायें-पीठिकायें कही गई हैं।

इन मनोगुलिकाओं के ऊपर अनेक स्वर्ण और चाँदी के बने हुए फलक-पटिये कहे गये हैं।

इन स्वर्ण-रजतमय फलकों में अनेक वज्रमय नागदंतक-खूँटियां लगी हुई हैं, ये खूँटियाँ मुक्ताजालों के भीतर लटकती हुई हेममालाओं—**यावत्**—गजदन्तों के समान कही हैं।

८१. तेसु णं वइरामएसु णागदंतएसु बहवे रययामया सिक्कया पण्णत्ता ।

तेसु णं रययामएसु सिक्कएसु बहवे वायकरगा पण्णत्ता । तेणं वायकरगा किण्हसुत्तसिक्कगवत्थिया—जाव—सुक्किलसुत्तसिक्कगवत्थिया सव्वे वेरुलियामया अच्छा—जाव—पडिरूवा ।

८१. इन वज्रमय नागदन्तकों पर अनेक रत्नमय छींके लटक रहे हैं ।

इन रत्नमय छींकों के ऊपर अनेक कोरे घट कहे गये हैं । ये वातकरक काले सूत से बने हुए छींकों पर अवस्थित हैं—**यावत्**—श्वेत सूत्र से बने छीकों पर रखे हुए हैं, और ये सभी वैडूर्य रत्नमय है, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

८२. तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो चित्ता रयणकरंडगा पण्णत्ता—से जहा णामए रण्णो चाउरंतचक्कवट्टिस्स चित्ते रयणकरंडे वेरुलियमणिफालिय पडलपच्चोयडेसाए पभाए ते पदेसे सव्वओ समंता ओभासइ उज्जोवेइ तावेइ, पभासेइ—एवामेव—ते चित्तरयणकरंडगा पण्णत्ता । वेरुलिय पडल पच्चोयडा साए पभाए ते पदेसे सव्वओ समंता ओभासेइ । —जाव—पभासेइ ।

८२. इन तोरणों के आगे रंगबिरंगे रत्नों से भरे हुए दो-दो करंडक—पिटारा कहे गये हैं, जैसे कि चातुरन्त चक्रवर्ती-चारों दिशाओं में एक छत्र राज्य करने वाले चक्रवर्ती राजा का आश्चर्यजनक रत्नकरंडक जो कि वैडूर्य मणि और स्फटिकमणि से बने हुए ढक्कन वाला होता है, और अपनी प्रभा से उस प्रदेश को सब तरफ से प्रकाशित करता रहता है, उद्योतित करता है, चमकाता रहता है, और कांतियुक्त करता रहता है, उसी तरह के ये चित्र-विचित्र रत्नों के करंडक कहे गये हैं, ये रत्नकरंडक भी वैडूर्य रत्न के बने हुए ढक्कन वाले हैं, अपनी प्रभा से उस प्रदेश को समस्त दिशाओं और विदिशाओं में सर्वात्मना प्रकाशित करते रहते हैं ।

८३. तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो हयकंठगा—जाव—दो दो उसभकंठगा पण्णत्ता । सव्वरयणामया अच्छा—जाव—पडिरूवा ।

तेसु णं हयकंठएसु—जाव—उसभकंठएसु दो दो पुप्फचंगेरीओ पण्णत्ताओ । एवं मल्ल-चुण्ण-गंध-वत्थाभरण-सिद्धत्थग-लोमहत्थग चंगेरीओ, सव्व रयणामईओ अच्छाओ—जाव—पडिरूवाओ ।

८३. इन तोरणों के आगे दो-दो अश्व कंठा प्रमाण वाले—**यावत्**—दो-दो वृषभ कंठाप्रमाणवाले आभूषण विशेष कहे गये हैं । ये सभी सर्वात्मना रत्नमय, स्फटिकमणि के समान स्वच्छ-निर्मल—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

इन अश्व कंठाप्रमाण वाले—**यावत्**—वृषभ कंठाप्रमाण वाले आभूषण विशेषों में दो-दो पुष्प चंगेरिकायें कही गई हैं । इसी प्रकार से माला गंध, चूर्ण, सुगंधित द्रव्य, वस्त्र, आभरण, सरसों, मयूरपिच्छों को रखने की चंगेरिकायें (ढोकनिया) हैं, ये सभी रत्नमयी, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

८४. तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो पुप्फपडलाइं—जाव—लोमहत्थपडलाइं सव्वरयणामयाइं—जाव—पडिरूवाइं ।

८४. इन तोरणों के सामने दो-दो पुष्पपटल (गुलदस्ता)—**यावत्**—मयूरपिच्छियाँ कही गयी हैं, जो सर्वात्मना रत्नमय—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

८५. तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो सीहासणाइं पण्णत्ताइं । तेसि णं सीहासणाणं अयमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तहेव—जाव—पासाईया—जाव—पडिरूवा ।

८५. इन तोरणों के सामने दो-दो सिंहासन कहे गये हैं, **इन सिंहासनों का वर्णन पीछे किये गये सिंहासनों के वर्णन के समान कहना चाहिए, ये दर्शनीय—यावत्—प्रतिरूप हैं ।**

८६. तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो रुप्पच्छदा छत्ता पण्णत्ता ।

तेणं छत्ता वेरुलियभिसंतविमलदंडा, जंबूणयकण्णिया वइरसंधी मुत्ताजालपरिगया, अट्ठ सहस्सवरकंचणसलागा,

८६. इन तोरणों के आगे दो-दो रुप्य के आच्छादनभूत छत्र (छत्रा छत्री) कहे गये हैं ।

इन छत्रों का दण्ड विमल एवं चमकीले वैडूर्य रत्नों का बना हुआ है । इनकी कर्णिका जाम्बूनद स्वर्ण की बनी हुई हैं, वज्ररत्न की संधियाँ हैं । ये छत्र मुक्ताजालों से परिगत-सुशोभित हैं, और प्रत्येक छत्र में श्रेष्ठ स्वर्ण से निर्मित आठ हजार शलाकायें-ताणी लगी हुई हैं, अत्यन्त सुगन्धित मलय चन्दन और सर्व ऋतुओं में

दद्दर मलय सुगंधी, सव्वोउय सुरभिसीयलच्छाया, मंगलभत्तिचित्ता, चंदागारोवमा वट्टा ।

उत्पन्न होने वाले पुष्पों की सुरभि से परिपूर्ण जिनकी शीतल छाया है, जिन पर अष्टमंगल द्रव्यों के चित्र बने हुए हैं, चन्द्रमा के आकार जैसा इनका गोल आकार है ।

८७. तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो चामराओ पण्णत्ताओ ।

ताओ णं चामराओ (चंदप्पभवइरवेरुलिय-णाणामणि-रयणखचिय दंडाओ) णाणामणि-कणगरयणविमलमहरिहतवणिज्जुज्जलविचित्तदंडाओ, चिल्लिआओ संखकंकुन्द-दगरयअमयमथियफेणपुंजसण्णिकासाओ सुहुमरययदीहवालाओ, सव्वरयणामयाओ अच्छाओ —जाव—पडिरूवाओ ।

८७. इन तोरणों के आगे दो-दो चामर कहे गए हैं ।

इन चामरों के (चन्द्रकान्त मणि, वज्ररत्न, वैडूर्यमणि आदि अनेक प्रकार के मणिरत्नों से खचित दंड है) अथवा ये चामर अनेक प्रकार के मणियों, कनक, और रत्नों से जटिल एवं विमल महामूल्यवान्, तपनीय स्वर्ण से निर्मित उज्ज्वल विचित्र दंड वाले हैं, तथा शंख, अंकरत्न, कुन्दपुष्प, जलकण, मथित अमृत के फेन पुंज की दैदीप्यमान शुभ्रता वाले हैं, सूक्ष्म एवं रजत के समान धवल लम्बे बालों से युक्त हैं, सर्वात्मना रत्नमय स्वच्छ —**यावत्**—प्रतिरूप है ।

८८. तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो दो तिल्लसमुग्गा, कोट्ठसमुग्गा, पत्तसमुग्गा, चोयसमुग्गा, तयरसमुग्गा, एलासमुग्गा, हरियालसमुग्गा, हिंगुलयसमुग्गा; मणोसिलासमुग्गा, अंजणसमुग्गा; सव्वरयणामया अच्छा—जाव—पडिरूवा ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३१

८८. इन तोरणों के आगे दो-दो तैलसमुद्गक कोष्ठ समुद्गक, पत्र समुद्गक, चोय समुद्गक, तगर समुद्गक, इलायची समुद्गक, हरताल समुद्गक, हिंगुलुक समुद्गक, मैनसिल समुद्गक, अंजनसमुद्गक रखे हैं, ये सभी समुद्गक-वस्तु को रखने के पात्र-सर्वात्मना रत्नों से बने हुए, स्वच्छ **यावत्** प्रतिरूप हैं ।

विजयदारे असीयं केउसहस्स —

विजयद्वार पर एक हजार अस्सी ध्वजायें—

८९. विजये णं दारे अट्ठसयंचक्कझयाणं, अट्ठसयं मिगझयाणं, अट्ठसयं गरुलझयाणं, अट्ठसयं विगझयाणं, अट्ठसयं रुरुझयाणं, अट्ठसयं छत्तझयाणं, अट्ठसयं पिच्छझयाणं, अट्ठसयं सउणिझयाणं, अट्ठसयं सीहझयाणं, अट्ठसयं उसभझयाणं, अट्ठसयं सेयाणं चउविसाण वरनागकेऊणं एवामेव सपुव्वावरेणं विजयदारे य असीयं केउसहस्सं भवतित्तिमक्खायं ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३२

८९. उस विजयद्वार के ऊपर चक्र के चिह्न से युक्त एक सौ आठ ध्वजाएँ, एक सौ आठ मृग के चिन्ह से अंकित ध्वजाएँ, एक सौ आठ गरुड के चिह्न से अंकित ध्वजायें, एक सौ आठ वृक के चिह्न से अंकित ध्वजायें, एक सौ आठ रुरु के चिह्न से अंकित ध्वजायें, एक सौ आठ छत्र के चिह्न से अंकित ध्वजायें, एक सौ आठ मयूर पिच्छ के चिह्न से अंकित ध्वजायें, एक सौ आठ शकुनिपक्षी के चिह्न से अंकित ध्वजायें, एक सौ आठ सिंह के चिह्न से अंकित ध्वजायें, एक सौ आठ वृषभ के चिह्न से अंकित ध्वजायें, एक सौ आठ श्रेष्ठ नाग के केतुभूत श्वेत चार दंतों के आकार वाले चिह्न से अंकित ध्वजायें फहरा रही हैं, इस प्रकार सब मिलाकर उस विजयद्वार पर एक हजार अस्सी ध्वजाओं का परिमाण कहा गया है ।

विजयदारे नवभोमा—

विजयद्वार के आगे नव भौम—

९०. विजये णं दारे नवभोमा पण्णत्ता,[1] तेसि णं भोमा णं अंतो बहुसमरमणिज्जा भूमिभागा पण्णत्ता—जाव—मणीणं फासो । तेसि णं भोमाणं उप्पिं उल्लोया पउमलया—जाव—सामलया भत्तिचित्ता—जाव—सव्व तवणिज्जमया अच्छा—जाव—पडिरूवा ।

९०. विजयद्वार के आगे नौ भौम-विशिष्ट स्थान कहे गए हैं, उन स्थानों के अन्दर का भूमि भाग अत्यन्त समतल और रमणीय कहा गया है,—**यावत्**—मणियों के स्पर्श के तुल्य है, उन भौमों के ऊपर के उल्लोकों-आगासी में पद्मलता **यावत्** श्यामलता के चित्राम चित्रित हैं—**यावत्**—ये सभी भौम तपनीय स्वर्णमय, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

---

१ सम० ९, सु० ९ ।

९१. तेसि णं भोमाणं बहुमज्झदेसभाए जे से पंचमे भोमे, तस्स णं भोमस्स बहुमज्झदेसभाए—एत्थ णं एगे महं सीहासणे पण्णत्ते। सीहासण वण्णओ विजये दूसे—जाव—अंकुसे—जाव—दामा चिट्ठन्ति।

९१. इन भौमों के मध्यातिमध्य प्रदेश में स्थित जो पाँचवाँ भौम है, उस भौम के भी बीचोंबीच एक विशाल सिंहासन कहा गया है, **सिंहासन का वर्णन विजय दूष्य का—यावत्—अंकुश का—यावत्—मालाओं का वर्णन (पहले किये गये इन इन के वर्णन के समान यहाँ भी कर लेना चाहिये।)**

९२. तस्स णं सीहासणस्स अवरुत्तरेणं उत्तरेणं उत्तरपुरत्थिमेणं—एत्थ णं विजयस्स देवस्स चउण्हं सामाणियसहस्साणं चत्तारि भद्दासणसाहस्सीओ पण्णत्ताओ।

९२. इस सिंहासन के वायव्यकोण में उत्तर दिशा में और ईशान कोण में विजयदेव के चार हजार सामानिक देवों के चार हजार भद्रासन कहे गये हैं।

९३. तस्स णं सीहासणस्स पुरच्छिमेणं—एत्थ णं विजयस्स देवस्स चउण्हं अग्गमहिसीणं सपरिवाराणं चत्तारि भद्दासणा पण्णत्ता।

९३. इस सिंहासन के पूर्व दिशा में विजयदेव की सपरिवार चार अग्रमहिषियों के चार भद्रासन कहे गये हैं।

९४. तस्स णं सीहासणस्स दाहिण-पुरत्थिमेणं—एत्थ णं विजयस्स देवस्स अब्भितरियाए परिसाए अट्ठण्हं देवसाहस्सीणं, अट्ठण्हं भद्दासणसाहस्सीओ पण्णत्ताओ।

९४. इस सिंहासन के आग्नेय कोण में विजयदेव की आभ्यन्तर परिषदा के आठ हजार देवों के आठ हजार भद्रासन कहे गये हैं।

९५. तस्स णं सीहासणस्स दाहिणेणं—एत्थ णं विजयस्स देवस्स मज्झिमियाए परिसाए दसण्हं देवसाहस्सीणं दस भद्दासण साहस्सीओ पण्णत्ताओ।

९५. इस सिंहासन की दक्षिण दिशा में विजयदेव की मध्यमा परिषदा के दस हजार देवों के दस हजार भद्रासन कहे गये हैं।

९६. तस्स णं सीहासणस्स दाहिण-पच्चत्थिमेणं—एत्थ णं विजयस्स देवस्स बाहिरियाए परिसाए बारसण्हं देवसाहस्सीणं बारस भद्दासण साहस्सीओ पण्णत्ताओ।

९६. इस सिंहासन की दक्षिण-पश्चिम दिशा में विजयदेव की बाह्य परिषदा के बारह हजार देवों के बारह हजार भद्रासन कहे गये हैं।

९७. तस्स णं सीहासणस्स पच्चत्थिमेणं—एत्थ णं विजयस्स देवस्स सत्तण्हं अणियाहिवईणं सत्त भद्दासणा पण्णत्ता।

९७. इस सिंहासन के पश्चिम दिग्भाग में विजयदेव के सात अनीकाधिपतियों-सेनापतियों के सात भद्रासन कहे गये हैं।

९८. तस्स णं सीहासणस्स पुरत्थिमेणं दाहिणेणं पच्चत्थिमेणं उत्तरेणं—एत्थ णं विजस्स देवस्स सोलस आयरक्खदेवसाहस्सीणं सोलस भद्दासणसाहस्सीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—पुरत्थिमेणं चत्तारि साहस्सीओ, एवं चउसु वि—जाव—उत्तरेणं चत्तारि साहस्सीओ।

अवसेसेसु भोमेसु पत्तेयं पत्तेयं भद्दासणा पण्णत्ता।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३२

९८. इस सिंहासन की पूर्व-दक्षिण-पश्चिम और उत्तर दिशा में विजयदेव के सोलह हजार आत्मरक्षक देवों के सोलह हजार भद्रासन कहे गये हैं, वे इस प्रकार हैं—पूर्वदिशा में चार हजार, इसी प्रकार चारों दिशाओं में **यावत्** उत्तरदिशा में चार हजार भद्रासन कहे गये हैं।

अवशेष भौमों में भी प्रत्येक भद्रासन कहे गये हैं।

विजयदारस्स उवरिमागारा—

विजयद्वार के ऊपर का आकार—

९९. विजयस्स णं दारस्स उवरिमागारा सोलसविहेहिं रयणेहिं उवसोभिया, तं जहा—रयणेहिं वइरेहिं वेरुलिएहिं—जाव—रिट्ठेहिं।

९९. विजयद्वार के ऊपर का आकार सोलह प्रकार के रत्नों से सुशोभित है, यथा—वज्ररत्न वैडूर्य रत्न **यावत्** रिष्ट रत्न।

१००. विजयस्स णं दारस्स उप्पिं बहवे अट्ठट्ठमंगलगा पण्णत्ता, तं जहा—सिरिवच्छ—जाव—दप्पणा, सव्वरयणामया अच्छा—जाव—पडिरूवा।

१००. विजयद्वार के ऊपर अनेक आठ-आठ मंगल द्रव्य कहे गये हैं यथा—स्वस्तिक, श्रीवत्स **यावत्** दर्पण, **ये** सभी मंगल द्रव्य सर्वात्मना रत्नमय, स्वच्छ, निर्मल **यावत्** प्रतिरूप है।

१०१. विजयस्स णं दारस्स उप्पिं बहवे कण्हचामरज्झया—जाव—सव्वरयणामया अच्छा—जाव—पडिरूवा।

१०१. विजयद्वार के ऊपर अनेक कृष्ण चामरों की ध्वजायें हैं **यावत्** जो सर्वात्मना रत्नमय स्वच्छ **यावत्** प्रतिरूप है।

१०२. विजयस्स णं दारस्स उप्पिं बहवे छत्तातिछत्ता तहेव।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३३

१०२. विजयद्वार के ऊपर अनेक छत्रातिछत्र हैं, **जिनका वर्णन पूर्व में किये छत्रातिछत्रों के वर्णन के अनुसार जानना चाहिये।**

विजयदारस्स णामहेउ—

१०३. प० से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ ? 'विजए णं दारे, विजए णं दारे !'

उ० गोयमा ! विजए णं दारे विजए णामं देवे महिड्ढीए —जाव— महाणुभावे पलिओवमठिईए परिवसइ ।

से णं तत्थ चउण्हं सामाणियसाहस्सीणं, चउण्हं अग्गमहिसीणं सपरिवाराणं, तिण्हं परिसाणं, सत्तण्हं अणियाणं, सत्तण्हं अणियाहिवईणं, सोलसण्हं आयरक्खदेवसाहस्सीणं, विजयस्स णं दारस्स, विजयाए रायहाणीए, अण्णेसिं च बहूणं विजयाए रायहाणीए वत्थव्वगाणं देवाणं देवीण य आहेवच्चं —जाव—दिव्वाइं भोगभोगाइं भुञ्जमाणे विहरइ ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—"विजए दारे, विजए दारे ।" —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३४

विजयदारस्स सासयत्तं—

१०४. 'अदुत्तरं च णं गोयमा ! विजयस्स णं दारस्स सासए णामधेज्जे पण्णत्ते—जण्ण कयाइ णत्थि—जाव—णिच्चे विजए दारे । —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३४

विजयारायहाणीए ठाणं पमाणं य—

१०५. प० कहि णं भंते ! विजयस्स देवस्स विजया णामं रायहाणी पण्णत्ता ?

उ० गोयमा ! विजयस्स णं दारस्स पुरत्थिमेणं तिरियमसंखेज्जे दीव-समुद्दे वीइवइत्ता, अण्णंमि जंबुद्दीवे दीवे बारसजोयणसहस्साइं ओगाहित्ता—एत्थ णं विजयस्स देवस्स विजया णाम रायहाणी पण्णत्ता—बारसजोयणसहस्साइं आयाम-विक्खंभेणं, सत्ततीसजोयणसहस्साइं नव य अडयाले जोयणसए किंचि विसेसाहिए परिक्खेवेणं पण्णत्ते ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३५

विजयारायहाणीए पागारस्स पमाणं—

१०६. सा णं एगेण पागारेणं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ता ।

से णं पागारे सत्ततीसं जोयणाइं अद्धजोयणं च उड्ढं उच्चत्तेणं, मूले अद्धतेरसजोयणाइं विक्खंभेणं, मज्झेऽत्थ सक्कोसाइं छ जोयणाइं विक्खंभेणं, उप्पिं तिण्णि सद्धकोसाइं जोयणाइं विक्खंभेणं, मूले वित्थिण्णे, मज्झे संखित्ते, उप्पिं तणुए, बाहिं वट्टे, अंतो चउरंसे, गोपुच्छसंठाणसंठिए सव्वकणगामए अच्छे—जाव—पडिरूवे ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३५

विजयद्वार के नाम का हेतु—

१०३. प्र० हे भगवन् ! ऐसा आप किस कारण से कहते हैं कि यह विजयद्वार है, यह विजयद्वार है ?

उ० हे गौतम ! विजयद्वार को विजयद्वार कहने का कारण यह है कि वहाँ ऋद्धि सम्पन्न यावत् महातेजस्वी और पल्योपम की स्थिति वाला विजय नामक देव रहता है ।

वह विजयदेव चार हजार सामानिक देवों, सपरिवार चार अग्रमहिषियों, तीन परिषदाओं, सात अनीकों—सेनाओं, सात अनीकाधिपतियों, सोलह हजार आत्मरक्षक देवों तथा विजयद्वार की विजया नामक राजधानी तथा उस विजया नामक राजधानी में निवास करने वाले और दूसरे बहुत से देव-देवियों का आधिपत्य करते हुए यावत् दिव्य भोग भोगते हुए विचरण करते हैं ।

इस कारण गौतम ! विजयद्वार को विजयद्वार कहते हैं ।

विजयद्वार की शाश्वतता—

१०४. अथवा हे गौतम ! विजयद्वार यह शाश्वत नाम कहा गया है, 'यह विजयद्वार कभी नहीं था' ऐसा नहीं है, यावत् नित्य है ।

विजया राजधानी का स्थान और प्रमाण—

१०५. प्र०—हे भगवन् ! विजयदेव की विजया नामक राजधानी किस स्थान पर कही गई है ? अर्थात् कहाँ पर स्थित है ?

उ०—हे गौतम ! विजयद्वार की पूर्व दिशा में तिर्यग् असंख्यात द्वीप समुद्रों का अतिक्रमण करने के बाद प्राप्त अन्य जम्बूद्वीप में बारह हजार योजन जाने पर विजय देव की विजया नामक राजधानी कही गई है—यह विजया राजधानी लम्बाई-चौड़ाई में बारह हजार योजन की है, तथा इसका परिक्षेप कुछ अधिक सैंतीस हजार नौ सौ अड़तालीस योजन प्रमाण कहा गया है ।

विजया राजधानी के प्राकार का प्रमाण—

१०६. यह राजधानी एक प्राकार—कोट से चारों ओर घिरी हुई है ।

यह प्राकार ऊँचाई में साढ़े सैंतीस योजन ऊँचा है, मूल में साढ़े बारह योजन का विस्तार वाला, मध्य में एक कोस सहित छह योजन का विस्तार वाला और ऊपर साढ़े तीन योजन का विस्तार वाला है । इस प्रकार मूल में विस्तृत; मध्य में संक्षिप्त-संकुचित और ऊपरी भाग में पतला होता गया है, बाह्य भाग में वृत्ताकार और भीतरी भाग में समचतुष्क-चौरस है, आकार में गोपुच्छ के संस्थान वाला है, और सर्वात्मना स्वर्ण का बना हुआ स्वच्छ यावत् प्रतिरूप है ।

कविसीसगाणं वण्णं पमाण य—

१०७. **से णं पागारे णाणाविह पंचवण्णेहिं कविसीसएहिं उवसोभिए, तं जहा—किण्हेहिं**—जाव—**सुक्किलेहिं ।**

तेणं कविसीसका अद्धकोसं आयामेणं पंचधणुसयाइं विक्खंभेणं, देसोणमद्धकोसं उड्ढं उच्चत्तेणं, सव्वमणिमया अच्छा—जाव—**पडिरूवा ।**

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३५

कंगूरों का वर्ण और प्रमाण—

१०७. इस प्राकार पर अनेक प्रकार के पंचरंगी कंगूरे शोभायमान हो रहे हैं, यथा—कृष्णवर्ण के **यावत्** श्वेत वर्ण के ।

ये कंगूरे आधे कोस के लम्बे और पाँच सौ धनुष के चौड़े हैं और कुछ कम आधे कोस के ऊँचे हैं, ये सभी अगूरे सर्वात्मना मणियो से बने हुए, स्वच्छ **यावत्** प्रतिरूप हैं ।

विजयारायहाणीए एगमेगाए बाहाए पणवीसं दारसयं—

विजया राजधानी की प्रत्येक बाहा में एक सौ पच्चीस द्वार—

१०८. **विजयाए णं रायहाणीए एगमेगाए बाहाए पणुवीसं पणुवीसं दारसयं भवतीतिमक्खायं ।**

तेणं दारा बावट्ठिं जोयणाइं अद्धजोयणं च उड्ढं उच्चत्तेणं, एक्कतीसं जोयणाइं कोसं च विक्खंभेणं, तावतियं चेव पवेसेणं, सेया वरकणगथूभियागा ईहामिय० तहेव जहा विजए दारे —जाव— **तवणिज्ज वालुगपत्थडा, सुहफासा, सस्सिरीया, सरूवा, पासाईया**—जाव—**पडिरूवा ।**

१०८. विजया राजधानी की एक-एक बाहा में एक सौ पच्चीस एक सौ पच्चीस द्वार होते हैं, ऐसा कहा गया है ।

ये प्रत्येक द्वार साढ़े बासठ योजन के ऊँचे, इकतीस योजन और एक कोस के विस्तार वाले हैं, और उतना ही विस्तार वाला प्रवेश मार्ग है, श्वेतवर्ण वाले हैं, और श्रेष्ठ सोने से बनी हुई स्तूपिकाओं-शिखरों से मंडित हैं, **तथा इहामृग आदि के चित्रामों से चित्रित आदि जैसा वर्णन विजयद्वार का पूर्व में किया गया है उसी प्रकार इनका भी वर्णन करना चाहिये यावत्** तपनीय स्वर्णमय बालुका बिछी हुई है, सुखद स्पर्श वाले, सश्रीक, रूप सम्पन्न, दर्शनीय **यावत्** प्रतिरूप है ।

१०९. **तेसि णं दाराणं उभयपासिं दुहओ णिसीहियाए दो चंदण-कलसपरिवाडीओ पण्णत्ताओ,** तहेव भाणियव्वं—जाव—वणमालाओ । —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३५

१०९. इन द्वारों के दोनों ओर की दोनों नैषेधिकाओं पर दो-दो चन्दन कलशों की श्रेणियाँ कही गई हैं, **इनका वर्णन भी पूर्व की तरह कहना चाहिये यावत् वनमालायें हैं ।**

पगंठगाणं पमाणं—

११०. **तेसि णं दाराणं उभओ पासिं दुहओ णिसीहिआए दो दो पगंठगा पण्णत्ता, तेणं पगंठगा एक्कतीसं जोयणाइं कोसं च आयाम-विक्खंभेणं, पण्णरसजोयणाइं अड्ढाइज्जे कोसे बाहल्लेणं पण्णत्ता । सव्ववइरामया अच्छा**—जाव—**पडिरूवा ।**

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३५

प्रकंठकों का प्रमाण—

११०. इन द्वारों के उभय पार्श्व की दोनों नैषिधिकाओं में दो-दो प्रकण्ठक पीठ विशेष कहे गये हैं, वे प्रकंठक एक कोस अधिक इकतीस योजन के लम्बे-चौड़े हैं, ढाई कोस अधिक पन्द्रह योजन के मोटे कहे गये हैं, तथा सर्वात्मना वज्ररत्नों से बने हुए, स्वच्छ **यावत्** प्रतिरूप हैं ।

पासायवडिंसगाण पमाणं—

१११. **तेसि णं पगठगाणं उप्पिं पत्तेयं पत्तेयं पासायवडिंसगा पण्णत्ता । तेणं पासायवडिंसगा एक्कतीसं जोयणाइं कोसं च उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णरसजोयणाइं अड्ढाइज्जे य कोसे आयाम-विक्खंभेणं** सेसं तं चेव—जाव—समुग्गया । **णवरं**—बहुवयणं भाणियव्वं ।

प्रासादवतंसकों का प्रमाण—

१११. इन प्रत्येक प्रकठकों के ऊपर एक-एक प्रासादवतंसक कहे गये हैं, ये प्रत्येक प्रासादावतंसक ऊँचाई में एक कोस अधिक इकतीस योजन ऊँचे, अढाई कोस अधिक पन्द्रह योजन के लम्बे-चौड़े हैं, **शेष वर्णन समुद्गक पर्यन्त पूर्व की तरह समझ लेना चाहिये, लेकिन अन्तर इतना है कि विजयद्वार के वर्णन में एक वचन का प्रयोग है और यहाँ बहुवचन का प्रयोग करना चाहिये ।**

११२. **विजयाए णं रायहाणीए एगमेगे दारे अट्ठसयं चक्कझयाणं** —जाव—**अट्ठसयं सेयाणं चउविसाणाणं णागवरकेऊणं,**

११२. विजया राजधानी के प्रत्येक द्वार के ऊपर एक सौ आठ चक्र के चिह्न से अंकित ध्वजायें हैं **यावत्** श्रेष्ठ नाग के केतुभूत श्वेत चार दन्तों की आकृति के चिह्न से अंकित एक सौ आठ

एवामेव सपुव्वावरेणं विजयाए रायहाणीए एगमेगे दारे आसीयं आसीयं केउसहस्सं भवतीतिमक्खायं ।

—जीवा० प० ३, उ० १ सु० १३५

ध्वजायें फहरा रही हैं, इस प्रकार सब मिलाकर उस विजया राजधानी के प्रत्येक द्वार पर एक हजार अस्सी, एक हजार अस्सी ध्वजायें कही गई हैं ।

विजयारायहाणीए दाराण पुरओ सत्तरस भोमा—

विजया राजधानी के द्वारों के आगे सतरह भौम—

११३. विजयाए णं रायहाणीए एगमेगे दारे (तेसि णं दाराणं पुरओ) सत्तरस भोमा पण्णत्ता ।

११३. विजया राजधानी के उन प्रत्येक द्वार पर (द्वार के आगे) सतरह-सतरह भौम कहे गये हैं ।

तेसि णं भोमाणं भूमिभागा उल्लोया य पउमलया—जाव—भत्तिचित्ता ।

इन भौमों के अन्दर की छत और अगासी में पद्मलता आदि यावत् चित्राम चित्रित हैं ।

तेसि णं भोमाणं बहुमज्झदेसभाए जे ते नवमनवमा भोमा ।

इन भौमो के बीचोंबीच के भाग में नोंवा भौम है ।

तेसि णं भोमाणं बहुमज्झदेसभाए पत्तेयं पत्तेयं सीहासणा पण्णत्ता, सीहासण वण्णओ—जाव—दामा जहा हेट्ठा एत्थ णं अवसेसेसु भोमेसु पत्तेयं पत्तेयं भद्दासणा पण्णत्ता ।

उन सब भौमों के बीचोंबीच अलग-अलग एक-एक सिंहासन कहा गया है । इन सब सिंहासनों का दाम पर्यन्त का वर्णन जैसा पूर्व में विजयद्वार के वर्णन में किया है, वैसा ही वर्णन यहाँ कर लेना चाहिये, यहाँ अवशेष भौमों में से प्रत्येक में भद्रासन कहे गये हैं ।

११४. तेसि णं दाराणं उवरिमागारा सोलसविहेहिं रयणेहिं उवसोभिया, तं चेव—जाव—छत्ताइछत्ता ।

११४. इन द्वारों के ऊपर का भाग सोलह प्रकार के रत्नों से उपशोभित है, और शेष वर्णन छत्रातिछत्र विजयद्वार के वर्णन जैसा ही समझ लेना चाहिये ।

एवामेव पुव्वावरेण विजयाए रायहाणीए पंच दारसया भवंतीतिमक्खायं । —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३५

इस प्रकार पूर्वापर आगे-पीछे के सब मिलाकर विजया राजधानी के पाँच सौ द्वार होते हैं, ऐसा कहा गया है ।

विजयारायहाणीए चउद्दिसिं चत्तारि वणसंडा—

विजया राजधानी के चार दिशा में चार वनखण्ड—

११५. विजयाए णं रायहाणीए चउद्दिसिं पंचजोयणसयाइं अबाहाए—एत्थ णं चत्तारि वणसंडा पण्णत्ता, तं जहा—(१) असोगवणं, (२) सत्तवण्णवणे, (३) चंपगवणे, (४) चूतवणे ।

११५. विजया राजधानी की चारों दिशाओं में पाँच सौ योजन आगे जाने पर चार वनखंड कहे गये हैं, यथा—(१) अशोकवन, (२) सप्तपर्णवन, (३) चंपकवन और (४) आम्रवन ।

(१) पुरत्थिमेणं असोगवणे, (२) दाहिणेणं सत्तवण्णवणे, (३) पच्चत्थिमेणं चंपगवणे, (४) उत्तरेणं चूतवणे ।

इसमें से पूर्व दिशा में अशोकवन दक्षिण दिशा में सप्तपर्णवन, पश्चिम दिशा में चंपकवन और उत्तर दिशा में आम्रवन है ।

तेणं वणसंडा साइरेगाइं दुवालसजोयणसहस्साइं आयामेणं पंच जोयणसयाइ विक्खंभेणं, पण्णत्ता । पत्तेयं पत्तेयं पागारपरिक्खित्ता किण्हा किण्होभासा, वणसंड वण्णओ भाणियव्वो । -जाव-बहवे वाणमंतरा देवा य देवीओ य आसयंति, सयंति, चिट्ठन्ति, णिसीदंति, तुयट्टन्ति, रमंति, ललंति, कीलंति, मोहंति, पुरापोराणाणं सुचिण्णाणं सुपरिक्कंताणं सुभाणं कम्माणं कडाणं कल्लाणं फलवित्तिविसेसं पच्चणुब्भवमाणा विहरंति । —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३६

ये प्रत्येक वनखंड कुछ अधिक बारह हजार योजन के लम्बे और पाँच सौ योजन के चौड़े कहे गये हैं, प्रत्येक वनखंड प्राकार-कोट से घिरा हुआ है और कृष्णवर्ण जैसा प्रतीत होता है, और छाया भी कृष्ण वर्ण की है, वनखंड का वर्णन (पूर्व में किये गये वनखंड वर्णन जैसा) कर लेना चाहिये—यावत्—बहुत से वाण-व्यंतर देव और देवियाँ जहाँ सुखपूर्वक बैठती हैं, होती हैं, खड़ी होती हैं, बैठी रहती हैं, लेटती हैं, रमण करती हैं, यथारुचि, मनोनुकूल कार्य करती है, क्रीड़ा करती है, ऐन्द्रियिक विषय सेवन करती हैं, और इस प्रकार से पूर्व जन्म में किये हुए सुआचरित, सुपरिक्रांत शुभ कर्मों के, कल्याण रूप फलविशेषों का उपभोग करती हुई समय व्यतीत करती है ।

पासायवडिंसगाणं पमाणं—

११६. **तेसि णं वणसंडाणं बहुमज्झदेसभाए पत्तेयं पत्तेयं पासायवडिंसगा पण्णत्ता। तेणं पासायवडेंसगा बावट्ठि जोयणाइं अद्धजोयणं च उड्ढं उच्चत्तेणं, एक्कतीसं जोयणाइं कोसं च आयाम-विक्खंभेणं अब्भुग्गयमूसिया** तहेव-जाव-**अंतो बहुसमरमणिज्जा भूमिभागा पण्णत्ता।** उल्लोया, पउमलया, भत्तिचित्ता भाणियव्वा।

प्रासादावतंसकों का प्रमाण—

११६. इन वनखण्डों में से प्रत्येक वनखंड के मध्यातिमध्य भाग में अलग-अलग प्रासादावतंसक कहे गये हैं, इन प्रासादावतंसकों की ऊँचाई बासठ योजन और अर्धकोस की है, और लम्बाई-चौड़ाई एक कोस अधिक इकतीस योजन की है, ये भूमितल से ऊपर उठे हुए हैं, **इत्यादि वर्णन पूर्व में आगत वर्णन के अनुरूप करना चाहिए—यावत्**—अन्दर का भूमिभाग अत्यधिक समतल और रमणीय कहा गया है, **ऊपर की छत पद्मलता आदि के चित्रों से चित्रित है आदि सभी वर्णन कहना चाहिए।**

११७. **तेसि णं पासायवडेंसगाणं बहुमज्झदेसभाए पत्तेयं पत्तेयं सीहासणा पण्णत्ता,** वण्णावासो सपरिवाए।

११७. इन प्रासादावतंसकों में से प्रत्येक के मध्यातिमध्य भाग में एक-एक सिंहासन कहा गया है, **भद्रासनों आदि परिवार सहित इनका वर्णन करना चाहिये।**

११८. **तेसि णं पासायवडेंसगाणं उप्पिं बहवे** अट्ठट्ठ मंगलगा, झया, छत्तातिछत्ता।

११८. इन प्रासादावतंसकों के ऊपर आठ-आठ मंगलद्रव्य, ध्वजा, छत्रातिछत्र हैं।

तत्थ णं चत्तारि देवा महिड्ढिया-जाव-**पलिओवमट्ठितीया परिवसंति। तं जहा—(१) असोए, (२) सत्तवण्णे, (३) चंपए, (४) चूते।**

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३६

वहाँ पर महा ऋद्धिसम्पन्न—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाले चार देव निवास करते हैं, यथा—(१) अशोक वन में अशोक नाम का देव, (२) सप्तपर्णवन में सप्तपर्ण नाम का देव, (३) चंपकवन में चंपक नाम का देव, और (४) आम्रवन में चूत नाम का देव रहता है।

११९. **तत्थ णं ते साणं साणं वणसंडाणं, साणं साणं पासायवडेंसयाणं साणं साणं सामाणियाणं, साणं साणं अग्गमहिसीणं, साणं साणं परिसाणं, साणं साणं आयरक्खदेवाणं आहेवच्चं** -जाव-**विहरंति।**

११९. ये अशोक आदि देव अपने-अपने वनखंड का, अपने-अपने प्रासादावतंसक का, अपने-अपने सामानिक देवों का, अपनी-अपनी अग्रमहिषियों का, अपनी-अपनी परिषदाओं का और अपने-अपने आत्मरक्षक देवों का आधिपत्य करते हुए—**यावत्**—सुखपूर्वक रहते हैं।

१२०. **विजयाए णं रायहाणीए अंतो बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते,**-जाव-**पंचवण्णेहिं मणीहिं उवसोभिए**—तणसद्दविहूणे -जाव-**देवा य देवीओ य आसयंति**-जाव-**विहरंति।**

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३६

१२०. विजया राजधानी का अन्तवर्ती भूमिभाग बहुत ही सम एवं रमणीय कहा गया है—**यावत्**—पाँच वर्णों की मणियों से उपशोभित है, **तृण आदि के शब्द से रहित—यावत्**—देव और देवियाँ विश्राम करती हैं—**यावत्**—सुखपूर्वक समय बिताती हैं।

ओवरियालेणस्स पमाणं—

उपकारिकालयन का प्रमाण—

१२१. **तस्स णं बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभाए—एत्थ णं एगे महं ओवरियालेणे पण्णत्ते, बारसजोयणसयाइं आयाम-विक्खंभेणं, तिन्नि जोयणसहस्साइं सत्त य पंचाणउए जोयणसए किंचि विसेसाहिए परिक्खेवेणं, अद्धकोसं बाहल्लेणं, सव्व जंबूणयामएणं,** अच्छे-जाव-पडिरूवे।

१२१. इस बहुत अधिक सम और रमणीय भू-प्रदेश के ठीक बीचों-बीच के भाग में एक बहुत बड़ा उपकारिकालयन (सचिवालय, कार्यालय आदि) कहा गया है, जो बारह सौ योजन का लम्बा-चौड़ा है और परिक्षेप विशेषाधिक तीन हजार सात सौ पंचानवें योजन का है, इसकी मोटाई आधे कोस की है, और सर्वात्मना जाम्बूनद स्वर्ण से बना हुआ है, स्वच्छ—**यावत्**—**प्रतिरूप** है।

१२२. **से णं एगाए पउमवरवेइयाए, एगेणं वणसंडेणं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ते,**

१२२. यह उपकारिकालयन एक पद्मवरवेदिका और एक वनखंड से चारों ओर सर्वात्मना घिरा हुआ है।

पउमवरवेइयाए वण्णओ, वणसंड-वण्णओ-जाव-**देवाय देवीओ य आसयंति-जाव-विहरंति ।**

यहाँ पद्मवरवेदिका और वनखंड का वर्णन कर लेना चाहिये —यावत्—देव-देवियाँ बैठती है—यावत्—विचरण करती हैं ।

१२३. **से णं वणसंडे देसूणाइं दो जोयणाइं चक्कवाल-विक्खंभेणं, ओवरियालयणसमपरिक्खेवेणं ।**

तस्स णं ओवरियालयणस्स चउद्दिसिं चत्तारि तिसोवाण पडिरूवगा पण्णत्ता । वण्णओ ।

१२३. इस वनखंड का चक्रवाल-विष्कम्भ—घेरा कुछ कम दो योजन का है, और उपकारिकालयन के बराबर परिक्षेप वाला है ।

इस उपकारिकालयन के चारों ओर चार त्रिसोपान पंक्तियाँ कही गयी हैं, **यहाँ त्रिसोपान का वर्णन करना चाहिए ।**

१२४. **तेसि णं तिसोवाण पडिरूवगाणं पुरओ पत्तेयं पत्तेयं तोरणा पण्णत्ता-जाव-छत्तातिछत्ता ।**

१२४. इन शोभनीय तीन सोपानों में से प्रत्येक के आगे तोरण कहे गये हैं—**यावत्**—छत्रातिछत्र है ।

१२५. **तस्स णं ओवरियालयणस्स उप्पिं बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते,-जाव-मणीहिं उवसोभिए ।** मणिवण्णओ, गंध-रस-फासो । —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३६

१२५. इस उपकारिकालयन की ऊपरी छत का प्रदेश बहुत ही सम और रमणीय कहा गया है—**यावत्**—मणियों से शोभायमान हो रहा है, **यहाँ मणियों का वर्णन तथा गंध रस और स्पर्श का वर्णन कहना चाहिये ।**

मूलपासायवडिंसस्स पमाणं—

मूलप्रासादवतंसक का प्रमाण—

१२६. **तस्स णं बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभाए—एत्थ णं एगे महं मूलपासायवडिंसए पण्णत्ते ।**

१२६. इस बहु सम रमणीय भूमिभाग के मध्यातिमध्य भाग में एक विशाल मुख्य प्रासादावतंसक कहा गया है ।

से णं पासायवडिंसए बावट्ठिं जोयणाइं अद्धजोयणं च उड्ढं उच्चत्तेणं, एक्कतीसं जोयणाइं कोसं च आयाम-विक्खंभेणं, अब्भुग्गयमूसियप्पहसिए, तहेव ।

वह प्रासादावतंसक बासठ योजन और आधे योजन का ऊँचा है, तथा एक कोस अधिक इकतीस योजन का लम्बाई-चौड़ाई वाला है, और ऐसा प्रतीत होता है कि अपनी ऊँचाई से आकाश-तल का स्पर्श करके उसका उपहास कर रहा है, **इत्यादि वर्णन पूर्व में किये गये वर्णन के अनुरूप इसका भी समझना चाहिये ।**

तस्स णं पासायवडिंसगस्स अंतो बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते,-जाव- मणिफासे उल्लोए ।

इस प्रासादावतंसक का अन्तवर्ती भूमिभाग अत्यन्तसम एवं रमणीय कहा गया है—**यावत्**—मणियों का स्पर्श और **उल्लोक-चाँदनी का वर्णन पूर्व की तरह करना चाहिये ।**

१२७. **तस्स णं बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभागे—एत्थ णं एगा महं मणिपेढिया पण्णत्ता ।**

१२७. इस अत्यन्त सम एवं रमणीय भूमिभाग के अतिमध्यभाग में एक बहुत बड़ी मणिपीठिका कही गई है ।

सा च एगं जोयणमायाम-विक्खंभेणं, अद्धजोयणं बाहल्लेणं सव्वमणिमई अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

यह मणिपीठिका एक योजन की लम्बी चौड़ी है, और आधे योजन की मोटी है, तथा सर्वात्मना रत्नों से बनी हुई स्वच्छ——**यावत्**—प्रतिरूप है ।

तीसे णं मणिपेढियाए उवरिं एगे महं सीहासणे पण्णत्ते । एवं सीहासण-वण्णओ सपरिवारो ।

इस मणिपीठिका के ऊपर एक बहुत बड़ा सिंहासन कहा गया है, **और भद्रासन आदि परिवारसहित इस सिंहासन का वर्णन करना चाहिए ।**

१२८. **तस्स णं पासायवडिंसगस्स उप्पिं बहवे** अट्ठट्ठमंगलगा, झया, छत्तातिछत्ता ।

तेणं पासायवडेंसगा अण्णेहिं चउहिं तदद्धुच्चत्तप्पमाण-मेत्तेहिं पासायवडेंसएहिं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ते ।

१२८. इस प्रासादावतंसक के ऊपर अनेक आठ-आठ मंगलद्रव्य, ध्वजायें और छत्रातिछत्र हैं ।

यह प्रासादावतंसक अपनी ऊँचाई से आधी ऊँचाई वाले अन्य चार प्रासादावतंसकों द्वारा सर्वतः सभी दिशाओं में परि-वेष्टित है ।

पासायवडिंसगाणं पमाणं—

१२९. **ते णं पासायवडिंसगा एक्कतीसं जोयणाइं कोसं च उड्ढं उच्चत्तेणं अद्धसोलस जोयणाइं अद्धकोसं च आयामविक्खंभेणं अब्भुग्गतमूसियपहसियाविव विविहमणिरयण - भत्तिचित्ता** तहेव, **तेसि णं पासायवडिंसयाणं अंतो बहुसमरमणिज्जा भूमिभागा उल्लोया ।**

तेसि णं बहुसमरमणिज्जाणं भूमिभागाणं बहुमज्झदेसभाए पत्तेयं पत्तेयं सीहासणं पण्णत्तं, वण्णओ ।

तेसिं परिवारभूता भद्दासणा पण्णत्ता, तेसि णं अट्ठट्ठमंगलगा झया छत्तातिछत्ता ।

१३०. **ते णं पासायवडिंसका अण्णेहिं चउहिं चउहिं तदद्धुच्चत्तप्पमाण-मेत्तेहिं पासायवडेंसएहिं सव्वतो समंता संपरिक्खित्ता ।**

१३१. **ते णं पासायवडेंसका अद्धसोलसजोयणाइं अद्धकोसं च उड्ढं उच्चत्तेणं देसूणाइं अट्ठ जोयणाइं आयामविक्खंभेणं अब्भुग्गय-मूसियपहसियाविव विविहमणिरयणभत्तिचित्ता तहेव, तेसि णं पासायवडेंसगाणं अंतो बहुसमरमणिज्जा भूमिभागा उल्लोया, तेसि णं बहुसमरमणिज्जाणं भूमिभागाणं बहुमज्झ-देसभाए पत्तेयं पत्तेयं पउमासणा पण्णत्ता, तेसि णं पासायाणं अट्ठट्ठमगलगा झया छत्तातिछत्ता ।**

१३२. **ते णं पासायवडेंसगा अण्णेहिं चउहिं तदुद्धुच्चत्तपमाणमेत्तेहिं पासायवडेंसएहिं सव्वतो समंता संपरिक्खित्ता ।**

१३३. **ते णं पासायवडेंसका देसुणाइं अट्ठ जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं देसूणाइं चत्तारि जोयणाइं आयामविक्खंभेणं अब्भुग्गतमूसिय-पहसियाविव विविहमणिरयणभत्तिचित्ता** भूमिभागा उल्लोया भद्दासणाइं उवरिं मंगलगा झया छत्तातिछत्ता ।

१३४. **ते णं पासाय वडेंसगा अण्णेहिं चउहिं तदुद्धुच्चत्तप्पमाणमेत्तेहिं पासायवडिंसएहिं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ता ।**

ते णं पासायवडेंसगा देसूणाइं चत्तारि जोयणाइं उड्ढं

प्रासादावतंसकों का प्रमाण—

१२९. ये प्रासादावतंसक ऊँचाई में एक कोस अधिक इकतीस योजन ऊँचे हैं, तथा साढ़े पन्द्रह योजन और आधे कोस के लम्बे-चौड़े हैं, अपनी ऊँचाई से ऐसे प्रतीत होते हैं कि आकाश का स्पर्श करते हुए उसका उपहास ही कर रहे हैं, अनेक प्रकार के मणिरत्नों के चित्रामों से चित्रित है, **इत्यादि वर्णन पूर्व में किये गये वर्णन के अनुरूप कहना चाहिये,** इन प्रासादावतंसकों का अन्तर्वर्ती भूमिभाग अत्यधिक सम और रमणीय है, और चाँदनी-अगासी है, **इत्यादि वर्णन करना चाहिये ।**

इन बहु सम रमणीय भूमिभागों के बीचों-बीच पृथक्-पृथक् सिंहासन कहे गये हैं, **उनका वर्णन करना चाहिये ।**

इन सिंहासनों के परिवार-भूत अन्य भद्रासन कहे गये हैं, और उनके आठ-आठ मंगलद्रव्य ध्वजायें, छत्रातिछत्र हैं, **(इत्यादि सबका वर्णन यहाँ पर करना चाहिये ।)**

१३०. ये प्रासादवतंसक भी अन्य चार-चार प्रासादावतंसकों से सर्व दिशाओं में घिरे हुए हैं, जिनकी ऊँचाई उन प्रासादावतंसको से आधी है ।

१३१. ये सभी प्रासादावतंसक साधिक अर्ध कोस साढ़े पन्द्रह योजन के ऊँचे हैं, कुछ कम आठ योजन के लम्बे-चौड़े हैं, तथा अपनी ऊँचाई से आकाश का स्पर्श करते हुए ऐसे प्रतीत होते हैं, कि, उसका उपहास ही कर रहे हैं, विविध मणिरत्नों से बने चित्रों से चित्रित है, **इत्यादि वर्णन पूर्ववत् करना चाहिये,** इन प्रासादावतंसकों का भीतरी भाग बहुत ही सम और रमणीय है, और चाँदनी—अगासी है, उन बहु सम और रमणीय भूमिभागों के अति मध्य प्रदेश में पृथक्-पृथक् पद्मासन कहे गये हैं, उन प्रासादों के अग्र भाग में आठ-आठ मंगलद्रव्य; ध्वजायें छत्रातिछत्र हैं ।

१३२. ये प्रासादावतंसक अपने से आधी ऊँचाई के प्रमाण वाले अन्य चार प्रासादावतंसकों द्वारा सर्वतः चारों दिशाओं में घिरे हुए हैं ।

१३३. ये प्रासादावतंसक देशोन आठ योजन ऊँचे और देशोन चार योजन के लम्बे-चौड़े हैं, तथा अपनी ऊँचाई से आकाश मंडल का स्पर्श करते हुए मानो उसका उपहास करते हुए से प्रतीत होते हैं विविध मणि रत्नों से बने हुए अनेक प्रकार के चित्रों से चित्रित हैं, **भूमिभाग, उल्लोकों, भद्रासनों के ऊपर अष्ट मंगलद्रव्य, ध्वजायें, छत्रातिछत्र इत्यादि वर्णन कर लेना चाहिये ।**

१३४. ये प्रासादावतंसक भी अपने से आधी ऊँचाई वाले और दूसरे चार प्रासादावतंसकों द्वारा चारों दिशाओं में घिर हुए हैं ।

ये प्रासादावतंसक देशोन चार योजन के ऊँचे हैं, देशोन दो

उच्चत्तेणं, देसूणाइं दो जोयणाइं आयाम-विक्खंभेणं, अब्भुगय-मूसिय० भूमिभागा, उल्लोया, पउमासणाइं, उवरिं मंगलगा, झया, छत्तातिछत्ता।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३६

विजयदेवस्स सुहम्मा सभा वण्णओ—

१३५. तस्स णं मूल पासायवडेंसगस्स उत्तर-पुरत्थिमे णं—एत्थ णं विजयस्स देवस्स सभा सुहम्मा पण्णत्ता। अद्धतेरस जोयणाइं आयामेणं छ सक्कोसाइं जोयणाइं विक्खंभेणं, णव जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं।

अणेगखंभसयसंनिविट्ठा, अब्भुग्गयसुकयवइरवेदिया, तोरण-वररइयसाल भंजिया, सुसिलिट्ठ, विसिट्ठ-लट्ठ-संठिय-पसत्थ वेरुलिय-विमलखंभा, णाणामणि-कणग-रयण-खइय-उज्जल-बहु-सम-सुविभत्त-चित्तरमणिज्ज-कुट्टिमतला, ईहामिय-उसभ-तुरग णर-मगर-विहग-वालग-किण्णर-रुरु-सरभ-चमर-कुंजर-वणलय-पउमलय-भत्तिचित्ता, थंभुग्गय वइरवेइया परिगयाभिरामा, विज्जाहर जमल-जुयलजंतजुत्ताविव, अच्चिसहस्स-मालणीया, रूवगसहस्स कलिया भिसमाणी, भिब्भिसमाणी, चक्खुलोयणलेसा, सुहफासा, सस्सिरीयरूवा।

कंचण-मणिरयण-थूभियागा, णाणाविह पंचवण्ण-घंटा-पडाग-पडिमंडितग्गसिहरा, धवला, मिरीइकवचं विणिम्मुयंती लाउल्लोइयमहिया, गोसीस-सरसरत्तचंदण-दद्दरदिन्नपंचंगुलितला, उवचियचंदण कलसा, चंदणघडसुकय-तोरण-पडिदुवार-देसभागा, आसत्तोसत्त-विउल-वट्ट-वग्घारिय-मल्लदामकलावा, पंचवण्ण-सरस-सुरभिमुक्क-पुप्फपुञ्जोवयारकलिया, कालागुरु-पवर-कुन्दुरुक्क-तुरुक्क-धूवमघमघेंत-गंधुद्धुयाभिरामा-सुगंधवर-

योजन के लम्बे-चौड़े हैं, अपनी ऊँचाई से आकाश को स्पर्श करते हैं, **समतल भूमिभाग है, उल्लोक, पद्मासन, ऊपर मंगल द्रव्य, ध्वजायें, छत्रातिछत्र इत्यादि वर्णन पहले किये गये वर्णन के जैसा ही समझना चाहिये।**

विजयदेव की सुधर्मा सभा का वर्णन—

१३५. इस मुख्य प्रासादावतंसक की उत्तर-पूर्व दिशा ईशानकोण में विजयदेव की सुधर्मा सभा कही गई है, यह सभा साढ़े-बारह योजन की लम्बी, कोसाधिक छह योजन (सवा छह योजन) की चौड़ी और ऊँचाई में यह नौ योजन की ऊँची है।

(यह) अनेक सैकड़ों खम्भों से सन्निविष्ट है, अच्छी तरह से बनी हुई वेदिका से युक्त है, जिसके श्रेष्ठ तोरण (मुख्य द्वार) पर (शोभानिमित्त) शाल भंजिकायें (काष्ठ से बनी पुत्तलिकायें) बनी हुई हैं, जिसके स्तम्भ अति सुघड़तापूर्वक लेप (पलस्तर) किये गये और विमल वैडूर्य मणियों से खचित हैं, जिसका भूमिभाग (फर्श) अनेक प्रकार की मणियों, स्वर्ण और रत्नों से खचित है, अर्थात् जिसके फर्श में मणिरत्न आदि जड़े हुए हैं, जिससे बड़ा ही उज्ज्वल समतल सुविभक्त और चित्ताकर्षक है, ईहामृग, वृषभ, अश्व, मनुष्य, मगर, पक्षी, सर्प, किन्नर, रुरु, सरभ, अष्टापद, चमरीगाय, हाथी, वनलता, पद्मलता आदि के चित्रों से चित्रित है, स्तम्भों के ऊपर वज्र की बनी हुई वेदिकाओं से अत्यन्त सुहावनी प्रतीत हो रही है, और स्तम्भों पर समश्रेणी में बने हुए विद्याधर युगल यन्त्रचालित जैसे प्रतीत होते हैं, अपनी चमचमाहट से हजारों सूर्य किरणों की माला जैसी प्रतीत होती है, हजारों रूपों से यह युक्त है, दीप्यमान, दैदीप्यमान है, दर्शकों के नेत्रों को आकृष्ट करने वाली है, इसका स्पर्श सुखकारी है, इसका रूप बड़ा मनोहर है।

इसके शिखर स्वर्ण मणि और रत्नों के बने हुए हैं, अनेक प्रकार के घंटों और पंचवर्ण वाली पताकाओं से जिसके शिखरों के अग्रभाग मंडित हैं, ये शिखर धवल-श्वेत वर्ण के हैं, जिससे ऐसी प्रतीत होती है कि मानो किरणरूपी कवचों को छोड़ रही हैं, अर्थात् चारों ओर से किरणें निकल रही हैं, इसका नीचे का सारा भाग गोमय से लिपा हुआ और भीतें श्वेत मिट्टी से पुती होने से पवित्रता की प्रतीति होती है, इसकी भित्तियों पर गो-शीर्ष और सरस रक्त चन्दन के लेप के हाथ लगे हुए हैं, मंगल के निमित्त जिसमें चन्दन कलश रखे हैं, इसके प्रवेश द्वारों पर सुघड़ता से बनाये गये चन्दन कलशों के तोरण स्थापित किये गये है, जिसकी छत से लटकाई गई विस्तृत और गोल-गोल मालाओं का समूह नीचे जमीन पर लटक रहा है, जो पाँच वर्ण के सरस सुगन्धित पुष्पों के पुञ्ज से सुशोभित है, श्रेष्ठ कालागुरु, कुन्दरुष्क, तुरुष्क, धूप की महकती हुई गंध के फैलने से जो सुहावनी हो रही है, उत्तम सुगंध से सराबोर हो रही है, जिससे गंध की गुटिका जैसी

गंधिया, गंधवट्टिभूया, अच्छरगणसंघसंविकिन्ना-दिव्वतुडिय-मधुरसद्दसंपणाइया, सुरम्मा, सव्वरयणामयी अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

—जीवा० प०, ३ उ० १, सु० १३७

प्रतीत होती है, जो भिन्न-भिन्न देवगणों से खचाखच भरी हुई है, दिव्य वादित्रों के मधुर शब्दघोषों से जो प्रतिध्वनित हो रही है, देखने वालों को रमणीय प्रतीत होती है, सर्वात्मना रत्नमयी स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है ।

सोहम्माए सभाए तिदिसिं तओदारा—

१३६. तीसे णं सोहम्माए सभाए तिदिसिं तओदारा पण्णत्ता ।

तेणं दारा पत्तेयं पत्तेयं दो दो जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, एगं जोयणं विक्खंभेणं, तावइयं चेव पवेसेणं, सेया, वर-कणग थूभियागा,-जाव-वणमाला, दारवण्णओ ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३७

सुधर्मा सभा के तीन दिशाओं में तीन द्वार—

१३६. इस सुधर्मा सभा के तीन दिशाओं में तीन द्वार कहे गये हैं ।

ये प्रत्येक द्वार दो-दो योजन ऊँचे, चौड़ाई में एक-एक योजन के हैं, और उतना ही प्रवेश करने का क्षेत्र है, इन द्वारों के उपरितन भाग श्वेत एवं श्रेष्ठ स्वर्ण के बने हुए हैं—**यावत्—वनमाला के चित्र बने हैं, इसी प्रकार शेष द्वारों का वर्णन करना चाहिये ।**

मुहमंडवाणं पमाणं—

१३७. तेसि णं दाराणं पुरओ मुहमंडवा पण्णत्ता, तेणं मुहमंडवा, अद्धतेरसजोयणाइं आयामेणं, छ जोयणाइं सक्कोसाइं विक्खंभेणं, साइरेगाइं दो जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, मुहमंडवा अणेगखंभसय संनिविट्ठा,-जाव-उल्लोया, भूमिभाग-वण्णओ ।

तेसि णं मुहमंडवाणं उवरिं पत्तेयं पत्तेयं अट्ठट्ठ मंगला पण्णत्ता, सोत्थिय-जाव-दप्पण० ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३७

मुखमंडपों का प्रमाण—

१३७. इन द्वारों के आगे मुखमंडप कहे गये हैं, ये मुखमंडप साढ़े बारह योजन की लम्बाई और एक कोस अधिक छह योजन की चौड़ाई वाले हैं, और कुछ अधिक दो योजन के ऊँचे हैं, ये मुख मंडप अनेक सैकड़ों खम्भों से युक्त हैं—**यावत्—उल्लोक एवं भूमिभाग इत्यादि का वर्णन करना चाहिये ।**

इन प्रत्येक मुख मंडपों के ऊपर आठ-आठ मंगलद्रव्य कहे गये हैं, यथा—**स्वस्तिक—यावत्—दर्पण ।**

पेच्छाघरमंडवाणं पमाणं—

१३८. तेसि णं मुहमंडवाणं पुरओ पत्तेयं पत्तेयं पेच्छा घरमंडवा पण्णत्ता ।

तेणं पेच्छाघरमंडवा अद्धतेरस जोयणाइं आयामेणं,-जाव-दो जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं,-जाव-मणिफासो ।

प्रेक्षाघर मंडपों का प्रमाण—

१३८. इन प्रत्येक मुखमंडपों के आगे प्रेक्षागृह मंडप कहे गये हैं ।

ये प्रेक्षागृह मंडप साढ़े बारह योजन के लम्बे—**यावत्**—ऊँचाई में दो योजन के ऊँचे हैं—**यावत्—भूमिभाग का वर्णन मणियों के स्पर्श के वर्णन तक पूर्व के जैसा करना चाहिये ।**

१३९. तेसि णं बहुमज्झदेसभाए पत्तेयं पत्तेयं वइरामय अक्खाडगा पण्णत्ता ।

तेसि णं वइरामयाणं अक्खाडगाणं बहुमज्झदेसभाए पत्तेयं पत्तेयं मणिपीढिया पण्णत्ता ।

ताओ णं मणिपीढियाओ जोयणमेगं आयाम-विक्खंभेणं, अद्धजोयणं बाहल्लेणं, सव्वमणिमईओ अच्छाओ-जाव-पडिरूवाओ ।

तासि णं मणिपीढियाणं उप्पिं पत्तेयं पत्तेयं सीहासणा पण्णत्ता ।

सीहासण,वण्णओ-जाव-दामा परिवारो ।

१३९. प्रत्येक मुखमंडप के अतिमध्यभाग में वज्ररत्न से बने हुए अखाड़े कहे गये हैं ।

इन वज्ररत्नमय अखाड़ों के बीचों-बीच अलग-अलग मणि-पीठिकायें कही गई हैं ।

ये मणिपीठिकायें एक योजन की लम्बी चौड़ी और आधे योजन की मोटी है, सर्वात्मना रत्नमयी, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है ।

इन प्रत्येक मणिपीठिकाओं पर अलग-अलग सिंहासन कहे गये हैं ।

इन सिंहासनों का वर्णन—यावत्—मालाओं का भद्रासन आदि परिवारसहित वर्णन पूर्व के जैसा करना चाहिये ।

१४०. तेसि णं पेच्छाघरमंडवाणं उप्पिं अट्ठट्ठमंगलगा, झया, छत्ताइछत्ता।

१४०. इन प्रेक्षागृह मंडपों के ऊपर आठ-आठ मंगल द्रव्य हैं, ध्वजायें हैं, छत्रातिछत्र हैं।

१४१. तेसि णं पेच्छाघरमंडवाणं पुरओ तिदिसिं तओ मणिपेढियाओ, पण्णत्ताओ।

ताओ णं मणिपेढियाओ दो जोयणाइं आयाम-विक्खंभेणं, जोयणं बाहल्लेणं, सव्वमणिमईओ अच्छाओ-जाव-पडिरूवाओ। —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३७

१४१. इन प्रेक्षागृह मंडपों के सामने तीन दिशाओं में तीन मणि-पीठिकायें कही गई हैं।

ये मणिपीठिकायें दो योजन की लम्बी-चौड़ी और एक योजन की मोटी है, सभी सर्वात्मना रत्नमयी स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप हैं।

चेइयथूभाणं पमाणं—

चैत्यस्तूपों का प्रमाण—

१४२. तासि णं मणिपेढियाणं उप्पिं पत्तेयं पत्तेयं चेइयथूभा पण्णत्ता, तेणं चेइयथूभा दो जोयणाइं आयाम-विक्खंभेणं, साइरेगाइं दो जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, सेया, संखंककुन्ददगरयामय महियफेणपुञ्ज सण्णिकासा सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा।

१४२. इन प्रत्येक मणिपीठिकाओं के ऊपर अलग-अलग चैत्य स्तूप कहे गये हैं, ये चैत्य स्तूप दो योजन के लम्बे-चौड़े, और ऊँचाई में कुछ अधिक दो योजन के ऊँचे हैं, इनका वर्ण शंख, कुन्दपुष्प, जलकण, अमृत और मथित फेन पुंज के समान श्वेत है, ये सभी सर्वात्मना रत्नमय, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप हैं।

१४३. तेसिं णं चेइयथूभाणं उप्पिं अट्ठट्ठमंगलगा, बहुकिण्हचामर, झया, पण्णत्ता छत्ताइछत्ता।

तेसि णं चेइयथूभाणं चउद्दिसिं पत्तेयं पत्तेयं चत्तारि मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ।

ताओ णं मणिपेढियाओ जोयणं आयाम-विक्खंभेणं, अद्धजोयण बाहल्लेणं, सव्वमणिमईओ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३७

१४३. इन चैत्य स्तूपों के ऊपर आठ-आठ मंगलद्रव्य, अत्यन्त कृष्णवर्णीय चामर आदि ध्वजायें छत्रातिछत्र कहे गए हैं।

इन प्रत्येक चैत्य स्तूपों की चारों दिशाओं की पृथक्-पृथक् चार मणिपीठिकायें कही गई हैं।

वे मणिपीठिकायें एक योजन की लम्बी-चौड़ी और आधे योजन की मोटी हैं, तथा सर्वात्मना मणिमयी है।

चत्तारि जिणपडिमाओ—

चार जिनप्रतिमायें—

१४४. तासि णं मणिपेढियाणं उप्पिं पत्तेयं पत्तेयं चत्तारि जिणपडिमाओ जिणुस्सेहपमाणमेत्ताओ पलियंकणिसण्णाओ थूभाभिमुहीओ सन्निविट्ठाओ चिट्ठन्ति, तं जहा—(१) उसभा, (२) वद्धमाणा, (३) चंदाणणा, (४) वारिसेणा।

१४४. इन प्रत्येक मणिपीठिकाओं के ऊपर अलग-अलग चार जिन प्रतिमायें हैं, जिनका उत्सेध जिनेश्वर के उत्सेध प्रमाण है, अर्थात् जिनका उत्सेध उत्कृष्ट पाँच सौ धनुष और जघन्य सात हाथ का है, ये सब जिन प्रतिमाएँ पर्यंकासन से बैठी हुई हैं, और इनका मुख स्तूप के अभिमुख है, प्रतिमाओं के नाम इस प्रकार है—(१) वृषभ, (२) वर्धमान, (३) चन्द्रानन, (४) वारिसेण।

१४५. तेसि णं चेइयथूभाणं पुरओ तिदिसिं पत्तेयं पत्तेयं मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ। ताओ णं मणिपेढियाओ दो दो जोयणाइं आयाम-विक्खंभेणं, जोयणं बाहल्लेणं, सव्वमणिमईओ अच्छाओ-जाव-पडिरूवाओ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३७

१४५. इन चैत्य स्तूपों के आगे तीन दिशाओं में अलग-अलग मणि-पीठिकायें कही गई हैं, वे मणिपीठिकाएँ दो-दो योजन की लम्बी-चौड़ी, एक योजन की मोटी, सर्वात्मना रत्नमयी, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप हैं।

चेइयरुक्खाणं पमाणं—

चैत्यवृक्षों का प्रमाण—

१४६. तासि णं मणिपेढियाणं उप्पिं पत्तेयं पत्तेयं चेइयरुक्खा पण्णत्ता, तेणं चेइयरुक्खा अट्ठ जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, अद्धजोयणं उव्वेहेणं, दो जोयणाइं खंधी, अद्धजोयणं विक्खंभेणं छ जोय-

१४६. इन प्रत्येक मणिपीठिकाओं के ऊपर अलग-अलग चैत्य वृक्ष कहे गये हैं, ये चैत्य वृक्ष आठ योजन ऊँचे हैं, उद्वेध की अपेक्षा (गहराई में, नींव में) आधे योजन के हैं, इनके स्कन्ध दो योजन के विस्तृत हैं, और वह स्कन्ध आधा योजन मोटा है, छह योजन

णाइं विडिमा, बहुमज्झदेसभाए अट्ठ जोयणाइं आयाम-विक्खंभेणं, साइरेगाइं अट्ठ जोयणाइं सव्वग्गेणं पण्णत्ताइं।

की विडिमाएँ (वृक्ष के ठीक बीच में से निकलकर ऊपर की ओर फैलती हुई शाखाएँ) हैं, जिनकी बीच की लम्बाई-चौड़ाई आठ योजन की है, इसीलिए ये सभी चैत्य वृक्ष कुल मिलाकर कुछ अधिक आठ योजन के कहे गये हैं।

तेसि णं चेइयरुक्खाणं अयमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तं जहा—

वइरामया मूला, रययसुपइट्ठिया विडिमा, रिट्ठामय विपुल कंदवेरुलिय-रुइलखंधा, सुजातरूवपढमगविसालसाली, णाणामणि-रयण-विविहसाहप्पसाह-वेरुलियपत्त तवणिज्जपत्त-वेंटा, जंबूणय—रत्त-मउय-सुकुमाल—पवाल-पल्लव-सोभंतवर-कुरग्गसिहरा, विचित्त मणि-रयण-सुरभिकुसुम-फलभर-णमिय-साला, सच्छाया, सप्पभासमिरीया सउज्जोया, अमयरस-समरस-फला, अहियं णयण-मण-णिव्वुइकरा, पासाईया-जाव-पडिरूवा।

इन चैत्यवृक्षों का वर्णन इस प्रकार का कहा गया है, यथा—

इनकी मूल—जड़ें वज्ररत्न की हैं, चाँदी की इनकी विडिमायें मूल शाखाएँ हैं, रिष्ट रत्नमय इनके विपुल कन्द हैं, और वैडूर्य रत्न के स्कन्ध हैं, इनकी मूलभूत प्रथम विशाल शाखायें शुद्ध-श्रेष्ठ स्वर्ण की हैं, इनकी अनेक प्रकार की और दूसरी शाखा-प्रशाखाएँ नाना प्रकार के मणियों और रत्नों की हैं, इनके पत्ते वैडूर्य रत्न के हैं, और पत्तों के वृत्त-डठल तपे हुए स्वर्ण के हैं, जाम्बूनद-स्वर्ण विशेष से बने लाल रंग के मृदु मनोज्ञ इनके प्रवाल और पल्लव है, जिनमें इनके श्रेष्ठ अग्रशिखर सुशोभित हो रहे हैं, विचित्र मणियों के मणि-रत्नों के सुगन्धित कुसुमों और फलों के भार से इनकी शाखायें झुकी हुई हैं, इनकी छाया बड़ी भव्य है, प्रभा सहित है, किरणों सहित है, उद्योतसहित है, अमृत के समान रस वाले इनके फल हैं, अधिक-से-अधिक नयनों और मन को शांतिदायक है, दर्शनीय है—**यावत्**—प्रतिरूप हैं।

१४७. तेणं चेइयरुक्खा अन्नेहिं बहूहिं तिलय-लवय-छत्तोवग-सिरीस-सत्तवन्न-दहिवन्न-लोद्ध-धव-चंदण-नीव-कुडय-कयंब-पणस-ताल-तमाल-पियाल-पियंगु-पारावय-रायरुक्ख-नंदिरुक्खेहिं सव्वओ संपरिक्खित्ता।

तेणं तिलया-जाव-नंदिरुक्खा, मूलवंतो-जाव-सुरम्मा।

१४७. ये चैत्य वृक्ष और भी बहुत से तिलक, लवंग, छत्रोपग, शिरीष, सप्तपर्ण, दधिपर्ण, लोध्र, धव, चन्दन, नीव, कुटज, कदंब, पनस, ताल तमाल, प्रियाल, प्रियंगु, पारावत, राजवृक्ष और नन्दी वृक्ष आदि वृक्षों से सर्वतः चारों ओर से घिरे हुए हैं।

ये सब तिलक—**यावत्**—नन्दी वृक्ष पर्यन्त के सभी वृक्ष प्रशान्त मूल-जड़ वाले—**यावत्**—सुरम्य है।

तेणं तिलया-जाव-नंदिरुक्खा, अन्नेहिं बहूहिं पउमलयाहिं -जाव-सामलयाहिं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ता, ताओ णं पउमलयाओ-जाव-सामलयाओ निच्चं कुसुमियाओ-जाव-पडिरूवाओ।

ये तिलक—**यावत्**—नन्दी वृक्षों पर्यन्त के सभी वृक्ष और भी अनेकों पद्मलताओं—**यावत्**—श्याम लताओं से चारों ओर से घिरे हुए, ये पद्मलतायें—**यावत्**—श्यामलतायें पर्यन्त की सभी लतायें कुसुमित—**यावत्**—प्रतिरूप हैं।

१४८. तेसि णं चेइयरुक्खाणं उप्पिं बहवे अट्ठट्ठमंगलगा झया छत्ता-तिछत्ता।

१४८. इन चैत्य वृक्षों के ऊपर बहुत से **आठ-आठ मंगलद्रव्य है, ध्वजायें और छत्रातिछत्र हैं।**

तेसि णं चेइयरुक्खाणं पुरओ, तिदिसिं तओ मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ। ताओ णं मणिपेढियाओ, जोयणं आयाम-विक्खंभेणं, अद्धजोयणं बाहल्लेणं सव्वमणिमईओ, अच्छाओ-जाव-पडिरूवाओ। —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३७

इन चैत्य वृक्षों के आगे तीन दिशाओं में तीन मणिपीठिकायें कही गयी हैं, ये मणिपीठिकायें एक योजन की आयाम-विष्कम्भ वाली और आधे योजन की मोटी हैं, ये सभी मणिपीठिकायें सर्वात्मना मणियों से बनी हुई हैं, स्वच्छ-निर्मल—**यावत्**—प्रतिरूप हैं।

महिंदज्झयाणं पमाणं—

महिन्द्र ध्वजाओं का प्रमाण—

१४९. तासि णं मणिपेढियाणं उप्पिं पत्तेयं पत्तेयं महिंदज्झया अद्ध-ट्ठमाइं जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, अद्धकोसं उव्वेहेणं, अद्ध-

१४९. इन प्रत्येक मणिपीठिकाओं के ऊपर अलग-अलग महिन्द्र ध्वजायें हैं, ये ध्वजायें साढ़े सात योजन की ऊंची है, आधे कोस

कोसं विक्खंभेणं, वइरामय-वट्ट-लट्ठ-संठिय-सुसिलिट्ठ-परिघट्ट-मट्ठ-सुपइट्ठिया, विसिट्ठा, अणेगवरपंचवण्ण कुडभीसहस्स-परिमंडियाभिरामा, वाउद्धुय विजय वेजयंतीपडागा, छत्तातिछत्त-कलिया, तुङ्गा, गगणतलमभिलंघमाणसिहरा, पासाईया -जाव-पडिरूवा ।

का इनका उद्वेध-गहराई है, आधे कोस का इनका विष्कम्भ है, तथा वज्ररत्न की बनी हुई हैं, इनका संस्थान गोल हैं, मनोज्ञ हैं, ये सब अपनी चिकनाई से ऐसी प्रतीत होती है कि मानो अच्छी तरह घिसी गई हैं, प्रमार्जित की गई हैं, सुप्रतिष्ठित हैं, अन्य ध्वजाओं की अपेक्षा विशिष्ट हैं, तथा ये सभी ध्वजायें अन्य अनेक श्रेष्ठ पंचवर्णों की हजारों लघु पताकाओं से परिमंडित होने से देखने में सुन्दर हैं, वायु वेग से जिन पर निरन्तर विजय वैजयन्ती पताकायें उड़ती रहती हैं, जो छत्रातिछत्रों से युक्त और बहुत ऊँची हैं, गगनतल का उल्लंघन करने वाले जिनके शिखर हैं, दर्शनीय—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

१५०. **तेसि णं महिंदज्झयाणं उप्पिं** अट्ठट्ठमंगलगा झया छत्ताइछत्ता ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३७

१५०. इन महिन्द्र ध्वजाओं के ऊपर आठ-आठ मंगलद्रव्य, ध्वजायें और छत्रातिछत्र हैं ।

णंदा पोक्खरणियाणं पमाणं—

नन्दापुष्करणियों का प्रमाण—

१५१. **तेसि णं महिंदज्झयाणं पुरओ तिदिसिं तओ णंदाओ पोक्खरिणीओ पण्णत्ताओ । ताओ णं पुक्खरिणीओ अद्धतेरसजोयणाइं आयामेणं, सक्कोसाइं छ जोयणाइं विक्खंभेणं, दस जोयणाइं उव्वेहेणं, अच्छाओ-जाव-पडिरूवाओ ।**

पोक्खरिणी वण्णओ—

पत्तेयं पत्तेयं पउमवरवेइया परिक्खित्ताओ,

पत्तेयं पत्तेयं वणसंडपरिक्खित्ताओ,

वण्णओ-जाव-पडिरूवाओ ।

१५१. इन माहेन्द्र ध्वजाओं के आगे तीन दिशाओं में नन्दा नाम की तीन पुष्करिणियाँ कही गई हैं, ये पुष्करिणियाँ साढ़े बारह योजन की लम्बी, एक कोस अधिक छह योजन की चौड़ी और दस योजन की गहरी है, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

पूर्व के समान इन पुष्करिणियों का वर्णन कर लेना चाहिये ।

ये प्रत्येक पुष्करिणियाँ पद्मवरवेदिकाओं से परिवेष्ठित घिरी हुई हैं,

और ये प्रत्येक पद्मवरवेदिकायें भी वनखंडों से परिवेष्ठित है,

इन पद्मवरवेदिकाओं और वनखंडों का वर्णन पूर्व की तरह यहाँ भी—यावत्—प्रतिरूप पद तक करना चाहिये ।

१५२. **तेसि णं पुक्खरिणीणं पत्तेयं पत्तेयं तिदिसिं तिसोवाण पडिरूवगा पण्णत्ता ।**

तेसि णं तिसोवाण पडिरूवगाणं वण्णओ,

तोरणा भाणियव्वा, जाव छत्ताइछत्ता ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३७

१५२. इन पुष्करिणियों की तीन दिशाओं में अलग-अलग त्रिसोपान पंक्तियाँ कही गई हैं ।

इन त्रिसोपान प्रतिरूपकों का यहाँ वर्णन करना चाहिये तथा तोरणों का वर्णन करना चाहिये और यह वर्णन—यावत्—छत्रातिछत्र पद तक करना चाहिये ।

मणोगुलिआणं संखा—

मनोगुलिकाओं की संख्या—

१५३. **सभाए णं सुहम्माए छ मणोगुलिसाहस्सीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—**

पुरत्थिमेणं दो साहस्सीओ, पच्चत्थिमेणं दो साहस्सीओ, दाहिणेणं एगा साहस्सी, उत्तरेणं एगा साहस्सी ।

तासु णं मणोगुलियासु बहवे सुवण्णरुप्पमया फलगा पण्णत्ता, तेसु णं सुवण्णरुप्पामएसु फलगेसु बहवे वइरामया णागदंतगा पण्णत्ता ।

तेसु णं वइरामएसु णागदंतएसु बहवे किण्हसुत्तवट्टवग्घारिय मल्ल दाम कलावा-जाव-सुक्किल्ल वट्ट वग्घारिय मल्लदाम कलावा, तेणं दामा तवणिज्जलंबूसगा-जाव-चिट्ठन्ति ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३७

१५३. सुधर्मा सभा में छह हजार मनोगुलिकाएँ कही गई हैं, जो इस प्रकार हैं—

पूर्व दिशा में दो हजार, पश्चिम दिशा में दो हजार, दक्षिण दिशा में एक हजार और उत्तर दिशा में एक हजार ।

इन मनोगुलिकाओं में अनेक स्वर्ण और चाँदी के फलक-पटिये कहे गये हैं, इन स्वर्ण और रजतमय फलकों में अनेक वज्ररत्न से बने हुए नागदंतक (खूंटियाँ) लगे हैं ।

इन वज्ररत्नमय नागदंतकों पर अनेक कृष्णसूत्र से गुंथी हुई पुष्पमालाओं के समूह—**यावत्**—श्वेत सूत्र से गुंथी हुई पुष्पमालाओं के समूह लटके हुए हैं । ये मालायें तपे हुए स्वर्ण के लंबूसकों-गुच्छों झुमकों वाली हैं ।—**यावत्**—स्थित हैं ।

गोमाणसिआणं संखा—

१५४. **सभाए णं सुहम्माए छ गोमाणसी साहस्सीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—पुरत्थिमेणं दो साहस्सीओ,** एवं पच्चत्थिमेण वि, दाहिणेणं सहस्सं, एवं उत्तरेण वि ।

तासु णं गोमाणसीसु बहवे सुवण्णरुप्पमया फलगा पण्णत्ता, -जाव-तेसु णं वइरामएसु नागदंतएसु बहवे रययामया सिक्कया पण्णत्ता ।

तेसु णं रययामएसु सिक्कएसु बहवे वेरुलियामइओ धूव-घडियाओ पण्णत्ताओ ।

ताओ णं धूवघडियाओ कालागुरु-पवर-कुन्दुरुक्क तुरुक्क -जाव-घाण-मण-णिव्वुइकरेणं गंधेण सव्वओ समंता आपूरे-माणीओ चिट्ठन्ति ।

१५५. **सभाए णं सुहम्माए अंतो बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते** -जाव-मणीणं फासो, उल्लोया, पउमलय-भत्तिचित्ता, -जाव-सव्व तवणिज्जमए अच्छे-**जाव**-पडिरूवे ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३७

गोमानसिकाओं की संख्या—

१५४. इस सुधर्मा सभा में छह हजार गोमानसिकायें—(शैयारूप-स्थान विशेष-आराम कुर्सी) कही गई हैं, ये इस प्रकार रखी हुई हैं—पूर्व दिशा में दो हजार इसी प्रकार पश्चिम दिशा में भी इतनी ही दक्षिण दिशा में एक हजार इसी प्रकार उत्तर दिशा में इतनी ही जानना चाहिए ।

इन गोमानसिकाओं में अनेक स्वर्ण और चाँदी के बने हुए फलक—पटिये कहे गए हैं—**यावत्**—उन वज्ररत्नमय नागदंतकों पर बहुत से चाँदी के बने हुए छींके कहे गये है ।

इन रजतमय छींकों में अनेक वैडूर्य रत्नों से बनी हुई धूप-घटिकायें कही गई हैं ।

ये धूपघटिकाएँ—धूपदान श्रेष्ठ कालागुरु, कुन्दरुष्क, तुरुष्क—**यावत्**—घ्राण और मन को प्रफुल्लित करने वाली सुगन्ध से सभी दिशाओं को व्याप्त करती हैं ।

१५५. सुधर्मा सभा का अन्तर्वर्ती भूमिभाग अत्यन्त सम और रमणीय कहा गया है—**यावत् मणिस्पर्श पद तक पूर्व की तरह भूमिभाग को वर्णन कर लेना चाहिये, उल्लोक-चाँदनी, पद्मलता आदि चित्रों से चित्रित—यावत्—वे सब तपनीय स्वर्ण के बने हुए हैं, स्वच्छ—यावत्—प्रतिरूप** है, (इत्यादि वर्णन विजयद्वार के वर्णन जैसा यहाँ कर लेना चाहिये ।)

माणवगे चेइयखंभे—

१५६. **तस्स णं बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभाए—एत्थ णं एगा महं मणिपीढिया पण्णत्ता । सा णं मणिपीढिया दो जोयणाइं आयाम-विक्खंभेणं, जोयणं बाहल्लेणं, सव्व-मणिमया ।** अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

१५७. **तीसे णं मणिपीढियाए उप्पिं—एत्थ णं माणवए णामं चेइय-खंभे पण्णत्ते । अद्धट्ठमाइं जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, अद्धकोसं, उव्वेहेणं, अद्धकोसं विक्खंभेणं, छ कोडीए, छ लंसे, छ विग्गहिए वइरामय वट्ट लट्ठ संठिए एवं जहा महिंदज्झयस्स वण्णओ, पासाईए-जाव-पडिरूवे ।**

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३८

माणवक चैत्य स्तम्भ—

१५६. इस बहुसम रमणीय भूमिभाग के ठीक बीच में एक बहुत बड़ी मणिपीठिका कही गई है, यह मणिपीठिका दो योजन की लम्बी-चौड़ी, एक योजन मोटी, सर्वात्मना रत्नमयी, **स्वच्छ—यावत्—प्रतिरूप है ।**

१५७. इस मणिपीठिका के ऊपर माणवक नाम का एक चैत्य स्तम्भ कहा गया है, जो साढ़े सात योजन ऊँचा, आधे कोस का उद्वेध वाला (जमीन के अन्दर) आधे कोस का विस्तार वाला है, इसके छह कोने हैं, छह संधियाँ हैं, और छह विग्रह वाला है, यह वज्ररत्न का बना हुआ है, गोल और सुन्दर है, जैसा पहले माहेन्द्र ध्वज का वर्णन किया गया है वैसा ही इसका वर्णन करना चाहिये, यह दर्शनीय है—**यावत्**—प्रतिरूप है ।

गोलवट्ट सभुग्गएसु जिणसकहाओ—

१५८. **तस्स णं माणवगस्स चेइयखंभस्स उवरिं छक्कोसे ओगाहित्ता, हेट्ठा वि छक्कोसे वज्जेत्ता, मज्झे अद्ध पंचमेसु जोयणेसु—एत्थ णं बहवे सुवण्णरुप्पमया फलगा पण्णत्ता ।**

गोल डिब्बों में जिन-अस्थियाँ—

१५८. इस माणवक चैत्य स्तम्भ के ऊपर छह कोस आगे जाने पर और नीचे के भाग में भी छह कोस छोड़कर बीच में साढ़े चार योजन पर बहुत से स्वर्ग और चाँदी के फलक—पटिए कहे गए हैं ।

तेसु णं सुवण्णरुप्पमएसु फलएसु बहवे वइरामया णागदंता पण्णत्ता ।

इन स्वर्ण-रजतमय फलकों में वज्ररत्नों के बने हुए अनेक नागदंतक कहे गए हैं ।

तेसु णं वइरामएसु नागदंतएसु बहवे रययामया सिक्कगा पण्णत्ता ।

इन वज्ररत्नमय नागदंतकों पर चाँदी के बने हुए अनेक छींके कहे गये हैं ।

तेसु णं रययामयसिक्कएसु बहवे वइरामया गोलवट्ट-समुग्गका पण्णत्ता ।

इन रजतमय छींकों में वज्ररत्नों से बने हुए अनेक गोल आकृति वाले समुद्गक रखे हैं ।

तेसु णं वइरामएसु गोलवट्टसमुग्गएसु बहवे जिण-सकहाओ संनिक्खित्ताओ चिट्ठन्ति ।

इन वज्ररत्नमय गोल वर्तुलाकार समुद्गकों में अनेक जिनेन्द्रों की अस्थियाँ रखी हुई हैं ।

जाओ णं विजयस्स देवस्स अण्णेसिं च बहूणं वाणमंतराणं देवाण य देवीण य अच्चणिज्जाओ वंदणिज्जाओ पूयणिज्जाओ सक्कारणिज्जाओ सम्माणणिज्जाओ कल्लाणं मंगलं देवयं चेइयं पज्जुवासणिज्जाओ ।

जो अस्थियाँ विजय देव तथा और दूसरे भी अनेक वाण-व्यन्तर देवों और देवियों के द्वारा अर्चना करने योग्य हैं, वन्दना करने योग्य हैं, क्योंकि ये कल्याणरूप, मंगलरूप, देव और चैत्य समान होने से पर्युपासनीय हैं ।

१५९. **माणवकस्स णं चेइयखंभस्स उवरिं** अट्ठट्ठमंगलगा, झया छत्ताइछत्ता ।

१५९. माणवक चैत्यस्तम्भ के ऊपर आठ-आठ मंगलद्रव्य, ध्वजायें और छत्रातिछत्र हैं ।

तस्स णं माणवकस्स चेइयखंभस्स पुरत्थिमेणं—एत्थ णं एगा महामणिपेढिया पण्णत्ता । सा णं मणिपेढिया दो जोयणाइं आयाम-विक्खंभेणं, जोयणं बाहल्लेणं, सव्वमणिमई अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

इस माणवक चैत्य स्तम्भ की पूर्व दिशा में एक विशाल मणिपीठिका कही गई है, यह मणिपीठिका दो योजन की लम्बी-चौड़ी और एक योजन मोटी है, सर्वात्मना रत्नों से बनी हुई स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है ।

तीसे णं मणिपेढियाए उप्पिं— एत्थ णं एगे महं सीहासणे पण्णत्ते । सीहासण-वण्णओ ।

इस मणिपीठिका के ऊपर एक विशाल सिंहासन कहा गया है । **यहाँ सिंहासन का वर्णन करना चाहिये ।**

१६०. **तस्स णं माणवगस्स चेइयखंभस्स पच्चत्थिमेणं—एत्थ णं एगा महा मणिपेढिया पण्णत्ता । सा णं मणिपेढिया जोयणं आयाम-विक्खंभेणं, अद्धजोयणं बाहल्लेणं, सव्व मणिमई अच्छा-जाव-पडिरूवा ।** —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३८

१६०. इस माणवक चैत्य स्तम्भ की पश्चिम दिशा में एक विशाल मणिपीठिका कही गई है, वह मणिपीठिका एक योजन की लम्बी-चौड़ी, आधे योजन की मोटी, सर्वात्मना रत्नों से बनी हुई, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है ।

देवसयणिज्जस वण्णओ—

देव शय्या का वर्णन—

१६१. **तीसे णं मणिपेढियाए उप्पिं—एत्थ णं एगे महं देवसयणिज्जे पण्णत्ते । तस्स णं देवसयणिज्जस्स अयमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तं जहा—**

१६१. इस मणिपीठिका के ऊपर एक विशाल देवशय्या कही गई है, इस देवशय्या का वर्णन इस प्रकार का कहा गया है, यथा—

णाणा मणिमया पडिपादा, सोवण्णिया पादा, णाणा मणिमया पायसीसा, जंबूणयमयाइं गत्ताइं, वइरामया संधी, णाणा मणिमए चिच्चे, रइयामया तूली लोहियक्खमया बिब्बोयणा, तवणिज्जमयी, गंडोवहाणिया ।

अनेक मणियों से बने प्रतिपाद (मूल पायों के नीचे रखे गये पाये) हैं, और मूल पाद स्वर्ण के बने हुए हैं, पादों के शीर्ष भाग ऊपर के भाग अनेक प्रकार की मणियों के बने हुए हैं, इसकी पाटियाँ जाम्बूनद—स्वर्ण विशेष की बनी हुई हैं, इसकी संधियाँ वज्ररत्न की बनी हुई हैं, अनेक प्रकार की मणियों द्वारा जिस पर चिच्चा—नक्काशी की गई हैं, चाँदी के समान श्वेत वर्ण का जिस पर गद्दा बिछा हुआ है, लोहिताक्ष मणि के बने हुए तकिये रखे हैं, तपे हुए स्वर्ण के समान रंग वाले जिस पर गंडोपधान—गालों के नीचे रखने योग्य तकिये रखे हैं ।

से णं देवसयणिज्जे उभओ बिब्बोयणे दुहओ उण्णए, मज्झे णयगंभीरे सालिंगण-वट्टीए, गंगा पुलिण वालु उद्दाल सालिसए, ओतवितक्खोमदुगुल्ल पट्ट-पडिच्छायणे, सुविरचियरयत्ताणे, रत्तंसुयसंवुए, सुरम्मे, आईणग-रूय-बूर-णवणीय-तूल-फासमउए, पासाईए-जाव-पडिरूवे ।

इस देवशय्या के दोनों ओर (शिर और पैर की ओर) रखे तकिए दोनों छोरों पर ऊँचे, मध्यभाग में नत (पतले) और गम्भीर हैं, तथा सालिङ्गनवर्तिका—(सोते समय करवट के पास रखे जाने वाले तकिए) के समान है, वह शय्या गंगा नदी की बालु के सदृश इतनी सुकोमल है कि बैठने पर कटि तक शरीर धस जाता है, जो क्षोम (रुई से बनी) और रेशमी चादर से ढकी हुई है, पास में जिसके नीचे पैर पौंछने के लिये रजस्त्राण वस्त्र बिछा हुआ है, जो लाल वस्त्र से ढका हुआ है, जो देखने में रमणीय है, चर्मवस्त्र, रुई, बूर—सेमल की रुई, मक्खन आक की रुई के समान जिसका सुकोमल स्पर्श है, दर्शनीय—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

तस्स णं देवसयणिज्जस्स उत्तर-पुरत्थिमेणं—एत्थ णं एगा महई मणिपीढिया पण्णत्ता—साणं मणिपेढिया जोयणमेगं आयाम-विक्खंभेणं, अद्धजोयणं बाहल्लेणं, सव्वमणिमई अच्छा -जाव-पडिरूवा । —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३८

इस देव शय्या की उत्तर-पूर्व दिशा-ईशानकोण में एक बहुत बड़ी मणिपीठिका कही गई है, वह मणिपीठिका एक योजन की लम्बी-चौड़ी, आधे योजन की मोटी, सर्वात्मना रत्नमयी, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

खुड्डाए महिंदज्झयस्स पमाणं—

क्षुद्र (लघु) महिन्द्रध्वज का प्रमाण—

१६२. **तीसे णं मणिपीढियाए उप्पिं—एत्थ णं एगं महं खुड्डुए महिंदज्झए पण्णत्ते, अद्धट्ठमाइं जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, अद्धकोसं उव्वेहेणं, अद्धकोसं विक्खंभेणं वेरुलियमय-वट्ट-लट्ठ संठिए** तहेव-जाव-अट्ठट्ठमंगलगा, झया, छत्ताइछत्ता ।

१६२. इस मणिपीठिका के ऊपर एक विशाल क्षुद्र माहेन्द्र ध्वज कहा गया है, जो साढ़े सात योजन ऊँचा, जमीन के भीतर आधे कोस प्रमाण वाला कहा गया है, और इसका विष्कम्भ आधे कोस का है, यह माहेन्द्र ध्वज वज्ररत्न का बना हुआ है, और इसका आकार गोल तथा चिकना है, **आठ-आठ मंगलद्रव्य, ध्वजाये, छत्रातिछत्र आदि तक इस ध्वज का वर्णन भी पूर्व में किये गये माहेन्द्र ध्वज के वर्णन के समान यहाँ करना चाहिये ।**

विजयदेवस्स चुप्पालयनामं पहरणकोसं—

विजयदेव का चोपाल नामक शस्त्रागार—

१६३. **तस्स णं खुड्डमहिंदज्झयस्स पच्चत्थिमेणं—एत्थ णं विजयस्स देवस्स चुप्पालए नामं पहरणकोसे पण्णत्ते, तत्थ णं विजयस्स देवस्स फलिहरयण पामोक्खा बहवे पहरण-रयणा संनिक्खित्ता चिट्ठन्ति । उज्जल सुणिसिय सुतिक्खधारा पासाईया-जाव-पडिरूवा ।**

तीसे णं सभाए सुहम्माए उप्पिं बहवे अट्ठट्ठमंगलगा झया, छत्ताइछत्ता । —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १३८

१६३. इस क्षुद्र माहेन्द्र ध्वज की पश्चिम दिशा में विजयदेव का चतुष्पाल (चौपाल) नामक शस्त्रागार कहा गया है, इस शस्त्रागार में विजयदेव के अनेक मुद्गर रत्न आदि प्रमुख शस्त्ररत्न रखे हुए हैं, ये शस्त्र बहुत ही उज्ज्वल, चमकीले, तेज और अत्यन्त तीक्ष्ण धार वाले प्रासादीय-दर्शनीय—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

इस सुधर्मा सभा के ऊपर अनेक आठ-आठ मंगल द्रव्य, ध्वजाएँ छत्रातिछत्र है ।

सिद्धायतणस्स पमाणं—

सिद्धायतन का प्रमाण—

१६४. **सभाए णं सुहम्माए उत्तर-पुरत्थिमेणं—एत्थ णं एगे महं सिद्धायतणे पण्णत्ते, अद्धतेरसजोयणाइं आयामेणं, छ जोयणाइ सकोसाइं विक्खंभेणं नव जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, -जाव-गोमाणसिया वत्तव्वया ।**

१६४. सुधर्मा सभा के उत्तर-पूर्व दिग्भाग में एक विशाल सिद्धायतन कहा गया है । यह सिद्धायतन साढ़े बारह योजन लम्बा एक कोस सहित—छह योजन चौड़ा, और नौ योजन ऊँचा है । **इत्यादि जैसा सुधर्मा सभा का कथन किया है वह सबका सब कथन गोमानसिका (शय्याकार स्थान विशेष) की वक्तव्यता तक यहाँ कर लेना चाहिये ।**

जा चेव सभाए सुहम्माए वत्तव्वया सा चेव निरवसेसा भाणियव्वा। तहेव दारा, मुहमंडवा, पेच्छाघरमंडवा, झया, थूभा, चेइयरुक्खा, महिंदज्झया, णंदाओ पुक्खरिणीओ, तओ य सुहम्माए जहा पमाणं, मणगुलियाणं, गोमाणसीया, धूवयघडीओ, तहेव भूमिभागे, उल्लोए य-जाव-मणिफासे।

अर्थात् जिस प्रकार सुधर्मा सभा की पूर्व-दक्षिण और उत्तर दिशा में द्वार हैं, द्वारों के आगे मुखमंडप है, मुख मंडपों के आगे प्रेक्षागृह हैं, मंडप हैं, प्रेक्षागृह मंडपों के ऊपर ध्वजायें हैं, प्रेक्षागृह मंडपों के आगे स्तूप हैं, स्तूपों के आगे चैत्यवृक्ष हैं, इन चैत्यवृक्षों के आगे माहेन्द्र ध्वज है, इन माहेन्द्र ध्वजों के आगे नन्दा पुष्करिणियाँ हैं, और सुधर्मा सभा का जो प्रमाण है, मनोगुलिकायें हैं, गोमानसिकायें हैं, धूपघटिकायें हैं, **इत्यादि वर्णन जैसा सुधर्मा सभा का पूर्व में किया गया है, उसी प्रकार का सब वर्णन तथा सुधर्मा सभा के वर्णन के अनुरूप ही भूमिभाग उल्लोक-चाँदनी—यावत्—मणिस्पर्श तक इस सिद्धायतन का भी वर्णन करना चाहिये।**

१६५. तस्स णं सिद्धायतणस्स बहुमज्झदेसभाए—एत्थ णं एगा महा मणिपेढिया पण्णत्ता, दो जोयणाइं आयाम-विक्खंभेणं, जोयणं बाहल्लेणं, सव्व मणिमई अच्छा-जाव-पडिरूवा।

—जीवा० प० ३, उ० २, सु० १३९

१६५. इस सिद्धायतन के अति मध्यभाग में एक विशाल मणिपीठिका कही गई है, यह मणिपीठिका दो योजन की लम्बी-चौड़ी, एक योजन मोटी, और सर्वात्मना रत्नों से बनी हुई, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है।

एगे महं देवच्छंदय—

एक महान देवच्छन्दक—

१६६. तीसे णं मणिपेढियाए उप्पिं—एत्थ णं एगे महं देवच्छंदए पण्णत्ते, दो जोयणाइं आयाम-विक्खंभेणं, साइरेगाइं दो जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, सव्वरयणामए अच्छे-जाव-पडिरूवे।

—जीवा० प० ३, उ० २, सु० १३९

१६६. इस मणिपीठिका के ऊपर एक विशाल देवच्छन्दक-जिनदेव का आसन विशेष कहा गया है, यह दो योजन का लम्बा-चौड़ा, कुछ अधिक दो योजन ऊँचा, सर्वात्मना रत्नमय, स्वच्छ—**यावत्** प्रतिरूप है।

अट्ठसयं जिणपडिमाणं वण्णावासं—

एक सौ आठ जिन प्रतिमाओं का वर्णन—

१६७. तत्थ णं देवच्छंदए अट्ठसयं जिणपडिमाणं जिणुस्सेहप्पमाणमेत्ताणं संनिक्खित्तं चिट्ठइ।

१६७. इस देवच्छन्दक में जिनोत्सेध प्रमाण वाली अर्थात् पाँच सौ धनुष से लेकर सात हाथ तक ऊँची जिनप्रतिमायें स्थापित हैं।

तासि णं जिणपडिमाणं अयमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तं जहा—

उन जिन प्रतिमाओं का वर्णन इस प्रकार का कहा गया है, यथा—

तवणिज्जमया हत्थतला,[1]
तपनीयस्वर्ण—रक्तवर्ण के स्वर्ण की जैसी इनकी हथेली है,

अंकामयाइं णक्खाइं,
अंकरत्न के जैसे इनके नख हैं,

अंतोलोहियक्ख परिसेयाइं,
जिनका शेष अन्दर का भाग लोहिताक्ष रत्न जैसा है,

कणगमया पादा,
इनके पैर स्वर्ण जैसे हैं,

कणगामया गोप्फा,
जिनकी एड़ियाँ कनक-स्वर्ण की बनी हैं,

कणगामईओ जंघाओ,
स्वर्णमय इनकी जंघायें हैं,

कणगामय जाणू,
कनकमय जानु-घुटने,

कणगामय ऊरू, **कणगामयाओ** गायलट्ठीओ,
कनकमय ऊरु और गात्रयष्ठि-शरीर पिंजर है,

तवणिज्जमईओ णाभीओ,
तपे हुए स्वर्ण की इनकी नाभि है,

---

१ '**तवणिज्जमया हत्थतला**' मूल पाठ के इस वाक्य की टीका आचार्य मलयगिरि ने—'**तपनीय मयानि हस्ततल-पादतलानि**' की है। इससे प्रतीत होता है—टीकाकार के सामने मूल पाठ दूसरा है।

रिट्ठामईओ रोमरोईओ,
तवणिज्जमया चुच्चुया,**तवणिज्जमया** सिरिवच्छा,

कणगमयाओ बाहाओ,
कणगमईओ पासाओ,
कणगमईओ गीवाओ,
रिट्ठामए मंसु,
सिलप्पवालमया उट्ठा,
फलिहामया दंता,
तवणिज्जमईओ जीहाओ,
तवणिज्जमया तालुया,
कणगमईओ णासाओ,
अंतो लोहितक्ख परिसेयाओ,

अंकामयाइं अच्छीणि,
पुलगमईओ दिट्ठीओ,
रिट्ठामईओ तारगाओ,
रिट्ठामयाइं अच्छिपत्ताइं,
रिट्ठामईओ भमुहाओ,
कणगामया कवोला,
कणगामया सवणा,
कणगामया णिडाला,
वट्टा वइरामईओ सीसघडीओ,
तवणिज्जमईओ केसंतकेसभूमीओ,
रिट्ठामया उवरिमुद्धजा,

रिष्ट रत्न की इनकी रोमराजि है,
तपनीय स्वर्ण के इनके चुचुक (स्तन के अग्रभाग) और श्रीवत्स है,

स्वर्णमय इनकी बाँहें हैं,
स्वर्णमय पार्श्वभाग (पसलियों का भाग) है,
स्वर्णमयी इनकी ग्रीवा है,
रिष्ट रत्न के वर्ण जैसी इनकी मश्रु दाढ़ी-मूँछें हैं,
इनके ओठ शिलाप्रवाल-मूँगा के हैं,
इनके दाँत स्फटिकमणि के बने हुए हैं,
इनकी जीभ तपनीय स्वर्ण की बनी हुई है,
और इनका तालु भाग तपनीय स्वर्ण का बना हुआ है,
इनकी नासिका स्वर्ण की बनी हुई है,
नाक के भीतर की रेखा आदि भाग लोहिताक्ष रत्न का बना हुआ है,

इनकी आँखें अंकरत्न की बनी हुई है,
इनकी दृष्टिका चितवन-पुलक-रत्न विशेष की बनी हुई है,
आँखों की तारिकायें कनीनिकायें, रिष्टरत्न की बनी हुई हैं,
आँखों की बरौनियाँ (अक्षिपत्र) रिष्ट रत्न की बनी हुई हैं,
और भौहें भी रिष्ट रत्न की बनी हुई हैं,
इनके कपोल-गाल स्वर्ण के बने हुए हैं,
इनके कान स्वर्ण के बने हुए हैं,
इनके भाल ललाट स्वर्ण के बने हुए हैं,
इनके मस्तक वर्तुलाकार वज्ररत्न के बने हुए हैं,
तपनीय स्वर्ण की इनकी केशभूमि (टाल चाँद),
और रिष्ट रत्न के इनके सिर के बाल हैं।

१६८. **तासि णं जिणपडिमाणं पिट्ठओ पत्तेयं पत्तेयं छत्तधारपडिमाओ पण्णत्ताओ, ताओ णं छत्तधारपडिमाओ हिम-रयय-कुन्देंदु-सप्पकासाइं, सकोरेंटमल्लदामधवलाइं आतपत्ताइं सलीलं ओहारमाणीओ चिट्ठन्ति।**

१६८. इन जिनप्रतिमाओं में से प्रत्येक जिनप्रतिमाओं के पीछे छत्र धारण करने वाली प्रतिमायें कही गई हैं, ये छत्रधारिणी प्रतिमायें हाव-भाव-विलासपूर्वक हिम, रजत, कुन्दपुष्प, और चन्द्रमा की प्रभा के समान श्वेत प्रभा वाले और कोरंट पुष्पों की माला से युक्त आतपत्रों को उत्साहपूर्वक उन प्रतिमाओं के ऊपर ताने हुए खड़ी है।

१६९. **तासि णं जिणपडिमाणं उभओ पासिं पत्तेयं पत्तेयं चामरधार पडिमाओ पन्नत्ताओ, ताओ णं चामरधारपडिमाओ चंदप्पह-वइर-वेरुलिय-णाणामणि-कणग-रयण-विमल-महरिह-तवणिज्जुज्जल-विचित्तदंडाओ, चिल्लियाओ, संखंक-कुन्द-दगरय-अमय-मथित-फेण-पुंज सण्णिकासाओ सुहुभरययदीह वालाओ, धवलाओ चामराओ सलीलं ओहारमाणीओ चिट्ठन्ति।**

१६९. इन जिन प्रतिमाओं में से प्रत्येक जिन प्रतिमा की दोनों बाजुओं में अलग-अलग चामरधारिणी प्रतिमायें कही गई हैं। ये चामरधारिणी प्रतिमायें इन प्रतिमाओं के ऊपर चन्द्रकान्त, वज्र, वैडूर्य आदि अनेक प्रकार की महामूल्यवान् मणियों, कनक आदि रत्नों और तपनीय स्वर्ण से बनी हुई उज्ज्वल कांतियुक्त, चित्र विचित्र डांडियाँ हैं, जिनकी ऐसे दैदीप्यमान शंख, कुन्दपुष्प, जलकण, अमृत और मथित फेन पुंज के सदृश: चाँदी के बारीक तारों जैसे लम्बे-लम्बे बालों वाले श्वेत-धवल-चामरों की विलास-पूर्वक ढोरती हुई खड़ी हैं।

१७०. तासि णं जिणपडिमाणं पुरओ दो दो नागपडिमाओ, दो दो जक्खपडिमाओ, दो दो भूतपडिमाओ, दो दो कुण्डधारपडिमाओ, विणओणयाओ, पायवडियाओ, पंजलिउडाओ संण्णिविखत्ताओ चिट्ठन्ति। सव्वरयणामईओ अच्छाओ-जाव-पडिरूवाओ।

१७०. इन जिन प्रतिमाओं के सामने विनयावनत चरणों में झुकी हुई और हाथ जोड़े हुए दो-दो नाग प्रतिमायें, दो-दो यक्ष प्रतिमायें, दो-दो भूतप्रतिमायें, और दो-दो कुण्डधारिणी-आज्ञाकारिणी प्रतिमायें खड़ी हुई हैं, ये सभी प्रतिमायें सर्वात्मना रत्नमय, स्वच्छ —यावत्—प्रतिरूप हैं।

१७१. तासि णं जिणपडिमाणं पुरओ अट्ठसयं घंटाणं, अट्ठसयं चंदणकलसाणं, एवं अट्ठसयं भिंगारगाणं, अट्ठसयं आयंसगाणं, अट्ठसयं थालाणं, अट्ठसयं पातीणं, अट्ठसयं सुपइट्ठगाणं, अट्ठसयं मणगुलियाणं, अट्ठसयं वातकरगाणं, अट्ठसयं चित्ताणं, अट्ठसयं रयणकरंडगाणं, अट्ठसयं हयकंठगाणं-जाव-उसभकंठगाणं, अट्ठसयं पुप्फचंगेरीणं-जाव-लोमहत्थ-चंगेरीणं, अट्ठसयं पुप्फपडलगाणं, अट्ठसयं तेल्लसमुग्गाणं-जाव-धूवकडुच्छयाणं संणिक्खित्तं चिट्ठन्ति।

१७१. इन जिन प्रतिमाओं के समक्ष एक सौ आठ घंटा, एक सौ आठ चन्दन कलश, एक सौ आठ भृंगारक—झारी, एक सौ आठ आदर्शक-दर्पण, एक सौ आठ पात्री, एक सौ आठ सुप्रतिष्ठान, एक सौ आठ मनोगुलिका, एक सौ आठ वातकरक (कोरे घड़े), एक सौ आठ चित्र, एक सौ आठ रत्नकरंडक, एक सौ आठ अश्वकंठा—यावत्—वृषभकंठा, एक सौ आठ पुष्पचंगेरिकायें —यावत्—मयूरपिच्छिकायें, एक सौ आठ पुष्पपडलक और एक सौ आठ तेल समुद्गक—यावत्—धूपकडुच्छक-धूपदान रखे हुए हैं।

१७२. तस्स णं सिद्धायतणस्स उप्पिं बहवे अट्ठट्ठमंगलगा, झया, छत्ताइछत्ता, उत्तिमागारा, सोलसविहेहिं रयणेहिं उवसोभिया, तं जहा—रयणेहिं-जाव-रिट्ठेहिं।

—जीवा० प० ३, उ० २, सु० १३९

१७२. इस सिद्धायतन के ऊपर अनेक आठ-आठ मंगलद्रव्य, ध्वजायें और छत्रातिछत्र हैं, जो उत्तम आकार वाले और सोलह प्रकार के रत्नों से सुशोभित हैं, यथा—वैडूर्य रत्नों से—यावत्—रिष्टादि रत्नों से अर्थात् वैडूर्य आदि से लेकर रिष्ट रत्न पर्यन्त सोलह प्रकार के रत्नों से सुशोभित हैं।

एगा महा उववायसभा—

एक महान उपपातसभा—

१७३. तस्स णं सिद्धायतणस्स णं उत्तर-पुरत्थिमेणं एत्थणं एगा महा उववायसभा पण्णत्ता, जहा सुहम्मा तहेव-जाव-गोमाणसीओ। उववायसभाए वि दारा, मुहमंडवा, सव्वे भूमिभागे तहेव मणिफासो। (सुहम्मा सभा वत्तव्वया भाणियव्वा-जाव-भूमीए फासो)।

१७३. इस सिद्धायतन के उत्तर पूर्व दिशा में—ईशान कोण में एक विशाल उपपात सभा कही गई है, जैसा वर्णन सुधर्मा सभा का है, उसी प्रकार का गोमानसिकी तक समग्र वर्णन इसका भी समझना चाहिये, अर्थात् उपपात सभा के तीन द्वार है, उनके आगे मुखमंडप है, इत्यादि सबका कथन यहाँ पर गोमानसिका के वर्णन तक करना चाहिये, उसके बाद उल्लोक का वर्णन और भूमिभाग का वर्णन मणिस्पर्श के वर्णन तक करना चाहिये, (सुधर्मा सभा की समग्र वक्तव्यता भूमिस्पर्श तक का यहाँ कथन करना चाहिए।)

१७४. तस्स णं बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभाए—एत्थ णं एगा महा मणिपेढिया पण्णत्ता, साणं जोयणमेगं आयाम-विक्खंभेणं, अद्धजोयणं बाहल्लेणं, सव्वमणिमई अच्छा-जाव-पडिरूवा।

१७४. इस बहुसम रमणीय भूमिभाग के मध्यभाग में एक विशाल मणिपीठिका कही गई है, वह एक योजन की लम्बी-चौड़ी, आधे योजन की मोटी, सर्वात्मना रत्नों की बनी हुई, स्फटिकमणि के समान स्वच्छ—यावत्—प्रतिरूप है।

१७५. तीसे णं मणिपेढियाए उप्पिं—एत्थ णं एगे महं देवसयणिज्जे पण्णत्ते, तस्स णं देवसयणिज्जस्स वण्णओ।

१७५. इस मणिपीठिका के ऊपर एक विशाल देवशय्या कही गई है, इस देवशय्या का वर्णन पहले के समान करना चाहिये।

१७६. उववाय सभाए णं उप्पिं अट्ठट्ठमंगलगा, झया, छत्ताइछत्ता-जाव-उत्तिमागारा।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १४०

१७६. उपपात सभा के ऊपर आठ-आठ मंगलद्रव्य, ध्वजायें, छत्रातिछत्र हैं, जो रत्नों के बने हुए—यावत्—उत्तम आकार के हैं।

हरयस्स पमाणं—

ह्रद का प्रमाण—

१७७. तीसे णं उववाय सभाए उत्तर-पुरत्थिमेणं—एत्थ णं एगे महं

१७७. इस उपपात सभा के उत्तर-पूर्व दिशा में-ईशान कोण में

हरए पण्णत्ते, सेणं हरए अद्धतेरसजोयणाइं आयामेणं, छ कोसाइं जोयणाइं विक्खंभेणं, दस जोयणाइं उव्वेहेणं, अच्छे -जाव-**पडिरूवे** । जहेव णंदाणं पुक्खरणीणं-जाव-तोरण-वण्णओ । —जीवा० प० ३, उ० १, सु० १४०

एक विशाल ह्रद कहा गया है, वह ह्रद साढ़े बारह योजन का लम्बा, कोसाधिक छह योजन का चौड़ा, दस योजन गहरा, स्वच्छ **—यावत्**—प्रतिरूप है । **जैसा नन्दा पुष्करिणी का वर्णन पूर्व में किया गया है उसी प्रकार इस ह्रद का वर्णन भी तोरणों के वर्णन तक कर लेना चाहिये ।**

एगा महा अभिसेयसभा—

१७८. **तस्स णं हरयस्स उत्तर-पुरत्थिमेणं—एत्थ णं एगा महा अभिसेयसभा पण्णत्ता**, जहा सभासुहम्मा तं चेव निरवसेसं -जाव- गोमाणसीओ, भूमिभाए, उल्लोए तहेव ।

एक महा अभिषेक सभा—

१७८. उस ह्रद के ईशानकोण में एक विशाल अभिषेक सभा कही गई है, **जैसा सुधर्मासभा का वर्णन है, वह समग्र वर्णन गोमानसिका के वर्णन तक यहाँ भी करना चाहिये, उसके बाद यहाँ के भूमिभाग का व उल्लोक का वर्णन भी पूर्व के समान करना चाहिये ।**

१७९. **तस्स णं बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभाए—एत्थ णं एगा महा मणिपेढिया पण्णत्ता, सा णं जोयणमेगं आयाम-विक्खंभेणं, अद्धजोयण बाहल्लेणं, सव्वमणिमया अच्छा** -जाव-**पडिरूवा ।**

१७९. इस अभिषेक सभा के बहुसम रमणीय भूमिभाग के बीचों-बीच एक विशाल मणिपीठिका कही गई है, यह मणीपिठिका एक योजन की लम्बी-चौड़ी, आधे योजन की मोटी, सर्वात्मना रत्नों की बनी हुई, स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है ।

१८०. **तीसे णं मणिपेढियाए उप्पिं—एत्थ णं एगे महं सीहासणे पण्णत्ते**, सीहासण-वण्णओ, अपरिवारो ।
—जीवा० प० ३, उ० २, सु० १४०

१८०. इस मणिपीठिका के ऊपर एक विशाल सिंहासन कहा गया है, **इस सिंहासन का वर्णन भद्रासन आदि परिवार को छोड़कर करना चाहिये ।**

विजयदेवस्स अभिसेक्कं भंडं—

विजयदेव का अभिषेक पात्र—

१८१. **तत्थ णं विजयदेवस्स सुबहु अभिसेक्के भंडे संणिक्खित्ते चिट्ठइ ।**

अभिसेयसभाए उप्पिं अट्ठट्ठमंगलए-जाव-उत्तिमागारा सोलसविहेहिं रयणेहिं उवसोभिया, तं जहा —रयणेहि-जाव-रिट्ठेहिं । —जीवा० प० ३, उ० २, सु० १४०

१८१. इस सिंहासन पर विजयदेव का एक बहुत सुन्दर अभिषेक पात्र रखा हुआ है ।

अभिषेक सभा के ऊपर आठ-आठ मंगल द्रव्य है—**यावत्**—उत्तम आकारवाले, सोलह प्रकार के रत्नों से सुशोभित हैं, यथा—वज्रदन्तों—**यावत्**—रिष्टरत्नों से सुशोभित हैं ।

एगा महा अलंकारियसभा—

एक महान अलंकार सभा—

१८२. **तीसे णं अभिसेयसभाए उत्तर-पुरत्थिमेणं—एत्थ णं एगा महा अलंकारियसभा** वत्तव्वया भाणियव्वा-जाव-गोमाणसीओ, मणिपेढियाओ, जहा अभिसेयसभाए उप्पिं सीहासणं सपरिवारं ।
—जीवा० प० ३, उ० २, सु० १४०

१८२. इस अभिषेक सभा के उत्तर पूर्व दिग्भाग-ईशानकोण में एक श्रेष्ठ विशाल अलंकारिक सभा है, उसके प्रमाण, **द्वारत्रय आदि का समग्र वर्णन— यावत्—गोमानसिका, मणिपीठिका पद तक पूर्व के समान करना चाहिये,** तथा अभिषेक सभा में एक मणिपीठिका है, उस पर भद्रासन आदिरूप परिवार से रहित सिंहासन रखा है, **इत्यादि जो वर्णन है, उसी प्रकार का वर्णन इस अलंकार सभा का करना चाहिये ।**

विजयदेवस्स अलंकारियभंडे—

विजयदेव का अलंकार पात्र—

१८३. **तत्थ णं विजयस्स देवस्स सुबहु अलंकारिए भंडे संणिक्खित्ते चिट्ठन्ति । उत्तिमागारा. अलंकारियसभाए उप्पिं** अट्ठट्ठमंगलगा, झया-जाव-छत्ताइछत्ता ।
— जीवा० प० ३, उ० २, सु० १४०

१८३. इस सिंहासन पर विजयदेव का एक बहुत अच्छा अलंकार भांड रखा हुआ है, इस अलंकार सभा के ऊपर आकार प्रकार के आठ-आठ मंगल द्रव्य, ध्वजायें—**यावत्**—छत्रातिछत्र हैं ।

एगा महा ववसायसभा—

१८४. तीसे णं आलंकारिय सभाए उत्तर-पुरत्थिमेणं—एत्थ णं एगा महा ववसायसभा पण्णत्ता ।

अभिसेयसभा वत्तव्वया-जाव-अपरिवारं ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १४०

एक महान व्यवसायसभा—

१८४. इस अलंकार सभा के उत्तर-पूर्व ईशान-दिशा में एक विशाल व्यवसाय सभा कही गई है ।

इस व्यवसाय सभा का वर्णन भी भद्रासन आदि रूप परिवार से रहित सिंहासन तक अभिषेक सभा के वर्णन सदृश करना चाहिये ।

विजयदेवस्स एगं महं पोत्थयरयणं—

१८५. तत्थ णं विजयस्स देवस्स एगे महं पोत्थयरयणे संनिक्खित्ते चिट्ठइ । तत्थ णं पोत्थयरयणस्स अयमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तं जहा—रिट्ठामईओ कंबियाओ ।

रयतामतीतिं पत्तकाइं,
रिट्ठामयातिं अक्खराइं,
तवणिज्जमए दोरे,
णाणामणिमए गंठी,
वेरुलियमए लिप्पासणे,
तवणिज्जमयी संकला,

रिट्ठमए छादने,
रिट्ठामया मसी,
वइरामयी लेहणी,
रययामयाइं पत्तकाइं,
[**अंकमयाइं** पत्ताइं,]
रिट्ठामयाइं अक्खराइं, धम्मिए सत्थे ।

विजयदेव का एक महान् पुस्तक रत्न—

१८५. इस सिंहासन पर विजयदेव का एक श्रेष्ठ-उत्तम-विशाल पुस्तक रत्न रखा हुआ है, इस पुस्तक रत्न का वर्णन इस प्रकार का कहा गया है, यथा—रिष्ट रत्न से बना हुआ जिसका आवरण पृष्ठ (पुट्ठा) है ।

चाँदी से जिसके पृष्ठ (पन्ने) बने हैं ।
रिष्ट रत्न से बने जिसमें अक्षर हैं ।
डोरे (बाँधने की रस्सी) तपनीय स्वर्ण के बने हैं ।
इन डोरों में अनेक मणियों की गांठें लगी हैं ।
वैडूर्य रत्न के लिप्यासन-दावात हैं ।
लिप्यासन में जो सांकल लगी है वह तपनीय स्वर्ण की बनी हुई है ।
मषी-पात्र-दावात का ढक्कन रिष्टरत्न का बना हुआ है ।
स्याही रिष्ट रत्न की बनी हुई है ।
वज्ररत्न की बनी लेखनी है ।
इसके पत्र चाँदी के बने हैं ।
(अंकरत्न से इसके पत्र बने हैं ।)
अक्षर रिष्ट रत्न के बने हुए हैं, और यह पुस्तकरत्न धर्म-शास्त्र है ।

१८६. ववसायसभाए णं उप्पिं अट्ठट्ठमंगलगा, झया, छत्ताइछत्ता, उत्तिमागारेति । —जीवा० प० ३, उ० २, सु० १४०

१८६. व्यवसाय सभा के ऊपर उत्तम आकार प्रकार के आठ-आठ मंगलद्रव्य ध्वजायें, और छत्रातिछत्र हैं ।

एगं महं बलिपेढं तस्स य पमाणं—

१८७. तीसे णं ववसायसभाए उत्तर-पुरत्थिमेणं—एत्थ णं एगे महं बलिपेढे पण्णत्ते, से णं दो जोयणाइं आयाम-विक्खंभेणं जोयणं बाहल्लेणं, सव्वरयणामए अच्छे-जाव-पडिरूवे ।

एक महा बलिपीठ और उसका प्रमाण—

१८७. इस व्यवसाय सभा के ईशानकोण में एक विशाल बलिपीठ कहा गया है, वह बलिपीठ दो योजन का लम्बा-चौड़ा, एक योजन मोटा, और सर्वात्मना चाँदी से बना हुआ स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप है ।

१८८. एत्थ णं तस्स णं बलिपेढस्स उत्तर-पुरत्थिमेणं एगा महई णंदा पुक्खरिणी पण्णत्ता, जं चेव माणं हरयस्स तं चेव सव्वं ।

—जीवा० प० ३, उ० २, सु० १४०

१८८. इस बलिपीठ के उत्तर-पूर्व दिग्भाग में एक उत्तम विशाल नन्दा पुष्करिणी कही गई है, **जैसा पूर्व में पुष्करिणी की लम्बाई-चौड़ाई आदि का प्रमाण आदि कहा गया है, वैसा ही सब इस नन्दा पुष्करिणी का तथा ह्रदों का वर्णन समझना चाहिये ।**

विजयदेवस्स उववायं—

१८९. तेणं कालेणं तेणं समएणं विजए देवे विजयाए रायहाणीए,

विजयदेव का उपपात (जन्म)—

१८९. उस काल और उस समय में विजयदेव विजया राजधानी

उववायसभाए देवसयणिज्जंसि देवदूसंतरिए अंगुलस्स असंखेज्जइभागमेत्तीए बोंदीए विजयदेवत्ताए उववण्णे ।

की उपपात सभा में देवदूष्य से अन्तरित देवशय्या पर अंगुल के असंख्यातवें भाग मात्र अवगाहना वाले शरीर से विजयदेव के रूप में उत्पन्न हुआ ।

१९०. तए णं से विजए देवे अहुणोववण्णमेत्तए चेव समाणे पंचविहाए पज्जत्तीए पज्जत्तीभावं गच्छइ, तं जहा—(१) आहारपज्जत्तीए, (२) सरीरपज्जत्तीए, (३) इंदियपज्जत्तीए, (४) आणापाणु पज्जत्तीए, (५) भासा-मण-पज्जत्तीए ।

१९०. इसके अनन्तर ही वह विजयदेव उत्पन्न होते ही पाँच प्रकार की पर्याप्तियों से पार्याप्तभाव को प्राप्त हुआ, वे पाँच पर्याप्तियाँ इस प्रकार हैं—(१) आहारपर्याप्ति, (२) शरीर पर्याप्ति, (३) इन्द्रियपर्याप्ति, (४) श्वासोच्छ्वास पर्याप्ति और (५) भाषा-मनः पर्याप्ति ।

१९१. तए णं तस्स विजयस्स देवस्स पंचविहाए पज्जत्तीए पज्जत्तीभावं गयस्स इमे एयारूवे अज्झत्थिए चिंतिए पत्थिए मणोगए संकप्पे समुप्पज्जित्था ।

किं मे पुव्वं सेयं ? किं मे पच्छा सेयं ?

किं मे पुव्वि करणिज्जं ? किं मे पच्छा करणिज्जं ?

किं मे पुव्वि वा पच्छा वा हियाए सुहाए खेमाए णिस्सेसाए अणुगामियत्ताए भविस्सइ त्ति कट्टु एवं संपेहेइ ।

१९१. तदनन्तर पाँच प्रकार की पर्याप्तियों से पर्याप्त भाव को प्राप्त उस विजयदेव के मन में इस प्रकार का आध्यात्मिक चिन्तित, प्रार्थित, मनोगत संकल्प उत्पन्न हुआ—

मुझे पहले क्या श्रेय रूप है, और पश्चात् क्या हितकर है ?

पहले मुझे क्या करना चाहिये और पीछे क्या करना चाहिये ?

पहले अथवा पीछे, हित के लिये, सुख के लिये, क्षेम के लिये, निःश्रेयस के लिये, और साथ में जाने योग्य कौन-सी वस्तु होगी ? ऐसा उसने विचार किया ।

१९२. तए णं तस्स विजयस्स देवस्स सामाणिय परिसोववण्णगा देवा विजयस्स देवस्स इमं एयारूवे अज्झत्थियं, चिंतियं, पत्थियं, मणोगयं संकप्पं, समुप्पण्णं जाणित्ता जेणामेव से विजए देवे तेणामेव उवागच्छंति, तेणामेव उवागच्छित्ता विजयं देवं करयलपरिग्गहियं सिरसावत्तं मत्थए अंजलि कट्टु जएणं विजएणं वद्धावेंति, जएणं विजएणं वद्धावेत्ता एवं वयासी—

"एवं खलु देवाणुप्पियाणं विजयाए रायहाणीए सिद्धायतणंसि अट्ठसयं जिणपडिमाणं जिणुस्सेहप्पमाण मेत्ताणं संनिक्खित्तं चिट्ठन्ति ।

सभाए य सुहम्माए माणवए चेइयखंभे वइरामएसु गोलवट्टसमुग्गएसु बहूओ जिण सकहाओ संनिक्खित्ताओ चिट्ठन्ति ।

जाओ णं देवाणुप्पियाणं अन्नेसिं च बहूणं विजया रायहाणि वत्थव्वाणं देवाणं देवीण य अच्चणिज्जाओ वंदणिज्जाओ पूयणिज्जाओ सक्कारणिज्जाओ सम्माणणिज्जाओ कल्लाणं मंगलं देवयं चेइयं पज्जुवासणिज्जाओ—एयण्णं देवाणुप्पियाणं पुव्वि पि सेयं, एयण्णं देवाणुप्पियाणं पच्छा वि सेयं, एयण्णं देवाणुप्पियाणं पुव्वि पि करणिज्जं, एयण्णं देवाणुप्पियाणं पच्छा वि करणिज्जं, एयण्णं देवाणुप्पियाणं पुव्वि वा पच्छा वा हियाए-जाव-आणुगामियत्ताए भविस्सइ त्ति" कट्टु महया महया जय जय सद्दं पउंजंति ।

१९२. तत्पश्चात् उस विजयदेव के सामानिक परिषदा-स्थानीय देव अर्थात् सामानिक देव विजय देव के उत्पन्न हुए इस प्रकार के इस आध्यात्मिक, चिन्तित, प्रार्थित और मनोगत संकल्प को जानकर जहाँ वह विजय देव था वहाँ पर आये, वहाँ आकर करयुगल को जोड़कर और मस्तक पर घुमाकर अंजलि पूर्वक उस विजय देव को जय-विजय शब्दों से बधाया और जय-विजय शब्दों से बधाकर इस प्रकार बोले—

'हे देवानुप्रिय ! आप की विजया राजधानी में स्थित सिद्धायतन में जिनोत्सेध प्रमाण वाली एक सौ आठ जिन प्रतिमाएँ विराजमान हैं, तथा—

सुधर्मा सभा के माणवक चैत्यस्तम्भ में वज्ररत्नों से निर्मित गोल वर्तुलाकार समुद्गकों में बहुत-सी जिनेन्द्र देवों की अस्थियाँ रखी हुई हैं ।

ये (जिन प्रतिमायें और अस्थियाँ) आप देवानुप्रिय को एवं विजया राजधानी में निवास करने वाले और दूसरे अनेक देवों और देवियों के लिये अर्चनीय, वन्दनीय, पूजनीय, सत्कारणीय (सत्कार करने योग्य) सम्माननीय है, तथा कल्याण रूप, मंगल-रूप, देवरूप और चैत्य रूप होने से पर्युपासना, सेवा करने योग्य हैं, ये सब आप देवानुप्रिय के लिये पूर्व में भी श्रेय रूप हैं, और ये सब पीछे भी आप देवानुप्रिय के लिये श्रेयस्कर है, अतएव आप देवानुप्रिय के लिये यह पहले भी करणीय हैं, और आप देवानुप्रिय के लिये बाद में भी करणीय—करने योग्य हैं, क्योंकि यह आप देवानुप्रिय को पहले और बाद में हित के लिये—**यावत्**—अनुगामीरूप से होगा, इस प्रकार कहकर उन्होंने जोर-जोर से जय-जय शब्दघोष किया ।

१९३. तए णं से विजए देवे तेसिं सामाणियपरिसोववण्णगाणं देवाणं अंतिए एयमट्ठं सोच्चा णिसम्म हट्ठतुट्ठ-जाव-हियए देवसयणिज्जाओ अब्भुट्ठेइ, अब्भुट्ठित्ता दिव्वं देवदूसजुयलं परिहेइ, परिहित्ता देवसयणिज्जाओ पच्चोरुहइ, पच्चोरुहित्ता उववायसभाओ पुरत्थिमेणं वारेण णिग्गच्छइ, णिग्गच्छित्ता जेणेव हरए तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता हरयं अणुपदाहिणं करेमाणे करेमाणे पुरत्थिमेणं तोरणेणं अणुप्पविसइ अणुप्पविसित्ता पुरत्थिमिल्लेणं तिसोवाणपडिरूवएणं पच्चोरुहइ, पच्चोरुहित्ता हरयं ओगाहेइ, ओगाहित्ता जलावगाहणं करेइ, करित्ता जलमज्जणं करेइ, करित्ता जलकिडुं करेइ, करित्ता आयंते चोक्खे परमसूइभूए हरयाओ पच्चुत्तरइ, पच्चुत्तरित्ता जेणामेव अभिसेयसभा तेणामेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता अभिसेयसभं पदाहिणं करेमाणे करेमाणे पुरत्थिमिल्लेणं वारेणं अणुप्पविसइ, अणुप्पविसित्ता जेणेव सए सीहासणे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सीहासणवरगए पुरत्थाभिमुहे सण्णिसण्णे ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १४१

१९३. तत्पश्चात् वह विजयदेव सामानिक परिषदोपगत देवों के इस हितावह अर्थ को सुनकर और मन में निश्चय कर हृष्ट-तुष्ट —यावत्—हृदय प्रफुल्लित होता हुआ देवशय्या से उठा, उठकर दिव्य देवदूष्य युगल को पहना, पहनकर देवशय्या से नीचे उतरा, उतर कर उपपात सभा के पूर्व दिशावर्ती द्वार से बाहर निकला, निकलकर जहाँ ह्रद था, वहाँ गया, वहाँ जाकर ह्रद की बार-बार प्रदक्षिणा करता हुआ पूर्व तोरण द्वार से उसमें प्रविष्ट हुआ, अनुप्रवेश करके पूर्वदिशा भाग में स्थित त्रिसोपान पंक्ति से नीचे उतरा, उतरकर ह्रद में प्रविष्ट हुआ, प्रविष्ट होकर जलावगाहन-स्नान किया, स्नान करके शरीर का जलमर्दन किया, मर्दन करके जलक्रीडा की, जलक्रीड़ा करके आचमन द्वारा स्वच्छ, परमशुचिभूत होकर ह्रद से बाहर निकला, बाहर निकल कर जहाँ अभिषेक सभा थी, वहाँ आया, वहाँ आकर अभिषेक सभा की पुनः-पुनः प्रदक्षिणा करता हुआ पूर्व दिशा के द्वार से उसमें प्रविष्ट हुआ, प्रवेश करके जहाँ सिंहासन था, वहाँ आया और आकर उस श्रेष्ठ सिंहासन पर पूर्व दिशा की ओर मुख करके बैठ गया ।

विजयदेवस्स इंदाभिसेयं—

विजयदेव का इन्द्राभिषेक—

१९४. तए णं तस्स विजयस्स देवस्स सामाणियपरिसोववण्णगा देवा आभिओगिए देवे सद्दावेंति, सद्दावित्ता एवं वयासी—

"खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! विजयस्स देवस्स महत्थं महग्घं महरिहं विपुलं इंदाभिसेयं उवट्ठवेह ।"

१९४. तदनन्तर उस विजयदेव के सामानिक परिषदोपन्न देवों ने आभियोगिक देवों को बुलाया, और बुलाकर उनसे इस प्रकार कहा—

"हे देवानुप्रियो ! तुम लोग अतिशीघ्र विजयदेव का इन्द्राभिषेक करने के लिये महान अर्थवाली, महा मूल्यवान, महापुरुषों के योग्य, विपुल ऐसी इन्द्राभिषेकयोग्य सामग्री उपस्थित करो ।

१९५. तए णं ते आभिओगिआ देवा सामाणिय परिसोववण्णेहिं एवं वुत्ता समाणा हट्ठतुट्ठ—जाव—हियया करयलपरिग्गहियं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु एवं देवा तहत्ति आणाए विणएणं वयणं पडिसुणंति, पडिसुणित्ता उत्तर-पुरत्थिमं दिसीभागं अवक्कमंति, अवक्कमित्ता वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहणंति, समोहणित्ता संखेज्जाइं जोयणाइं दंडं णिसरंति, तं जहा—रयणाणं जाव-रिट्ठाणं । अहा बायरे पोग्गले परिसाडंति, परिसाडित्ता अहा सुहुमे पोग्गले परियायंति, परियायित्ता दोच्चं पि वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहणंति, समोहणित्ता—

(१) अट्ठसहस्सं सोवण्णियाणं कलसाणं,
(२) अट्ठसहस्सं रुप्पामयाणं कलसाणं,
(३) अट्ठसहस्सं मणिमयाणं कलसाणं,

१९५. तत्पश्चात् सामानिक परिषदोपपन्न देवों के द्वारा आज्ञापित वे आभियोगिक देव उन सामानिक देवों के आदेश को सुनकर हृष्ट-तुष्ट —यावत्—उल्लसित होकर दोनों हाथों को जोड़ मस्तक पर आवर्त करके अंजलिपूर्वक "हे देव ! हमें आपकी आज्ञा प्रमाण है, कहकर विनयपूर्वक आज्ञा वचनों को सुनते हैं, सुनकर उत्तर-पूर्व दिग्भाग में गये, वहाँ जाकर वैक्रिय समुद्घात द्वारा विकुर्वणा की, विकुर्वणा करके संख्यात योजन प्रमाण दंडाकार के रूप में आत्म-प्रदेशों को बाहर निकाला, यथा—रत्नों के—यावत्—रिष्टों के यथा बाहर-असार पुद्गलों को अलग किया, दूर हटाया दूर हटाकर यथा सूक्ष्म-सारभूत पुद्गलों को ग्रहण किया, ग्रहण करके पुनः दूसरी बार दुबारा भी वैक्रिय समुद्घात किया, समुद्घात करके—

(१) एक हजार आठ स्वर्ण के कलशों की,
(२) एक हजार आठ चाँदी के कलशों की,
(३) एक हजार आठ मणियों के कलशों की,

(४) अट्ठसहस्सं सुवण्ण-रुप्पामयाणं कलसाणं,
(५) अट्ठसहस्सं सुवण्ण-मणिमयाणं कलसाणं,
(६) अट्ठसहस्सं रुप्पामणिमयाणं कलसाणं,
(७) अट्ठसहस्सं सुवण्ण-रुप्पामयाणं कलसाणं,
(८) अट्ठसहस्सं भोमेज्जाणं कलसाणं,
(९) अट्ठसहस्सं भिंगारगाणं,
(१०) अट्ठसहस्सं आयंसगाणं,
(११) अट्ठसहस्सं थालाणं,
(१२) अट्ठसहस्सं पातीणं,
(१३) अट्ठसहस्सं सुपइट्ठगाणं[1],
(१४) अट्ठसहस्सं चित्ताणं,
(१५) अट्ठसहस्सं रयणकरंडगाणं,
(१६) अट्ठसहस्सं पुप्फचंगेरीणं-जाव-लोमहत्थ चंगेरीणं,

(१७) अट्ठसहस्सं पुप्फपडलगाणं-जाव-लोमहत्थ पडलगाणं,

(१८) अट्ठसयं सीहासणाणं,
(१९) अट्ठसयं छत्ताणं,
(२०) अट्ठसयं चामराणं,[2]
(२१) अट्ठसयं अवपडगाणं,
(२२) अट्ठसयं वट्टकाणं,
(२३) अट्ठसयं तवसिप्पाणं,
(२४) अट्ठसयं खोरकाणं,
(२५) अट्ठसयं पीणकाण,
(२६) अट्ठसयं तेल्लसमुग्गकाणं,
(२७) अट्ठसयं धूवकडुच्छुयाणं विउव्वंति।

(४) एक हजार आठ स्वर्ण और चाँदी के कलशों की,
(५) एक हजार आठ स्वर्ण और मणियों के कलशों की,
(६) एक हजार आठ चाँदी और मणियों के कलशों की,
(७) एक हजार आठ स्वर्ण और चांदी के मिश्रित कलशों की,
(८) एक हजार आठ मिट्टी के कलशों की,
(९) एक हजार आठ भृङ्गारकों-झारियों की,
(१०) एक हजार आठ आदर्शकों-दर्पणों की,
(११) एक हजार आठ थालों की,
(१२) एक हजार आठ पात्रियों की,
(१३) एक हजार आठ सुप्रतिष्ठकों-बाजोटों की,
(१४) एक हजार आठ चित्रों की,
(१५) एक हजार आठ रत्न करंडकों की,
(१६) एक हजार आठ पुष्पचंगेरिकाओं की—**यावत्**—लोमहस्त-(मयूरपिच्छ) चंगेरिकाओं की,

(१७) एक हजार आठ पुष्पपटलों की—**यावत्**—लोमहस्तपट-लकों की,

(१८) एक सौ आठ सिंहासनों की,
(१९) एक सौ आठ छत्रों की,
(२०) एक सौ आठ चामरों की,
(२१) एक सौ आठ अधपट्टकों की,
(२२) एक सौ आठ वर्तकों की,
(२३) एक सौ आठ तपःसिप्रों की,
(२४) एक सौ आठ क्षोरकों की—कटोरों की,
(२५) एक सौ आठ पीणकों की—समचतुरस्र पात्र विशेषों की,
(२६) एक सौ आठ तैल समुद्गकों की,
(२७) एक सौ आठ धूप कडुच्छकों की विकुर्वणा की।

ते साभाविए विउव्विए य कलसे य-जाव-धूवकडुच्छुए य गेण्हंति, गेण्हित्ता विजयाओ रायहाणीओ पडिनिक्खमंति, पडिनिक्खमित्ता ताए उक्किट्ठाए-जाव-उद्धुत्ताए दिव्वाए देव-गईए तिरियमसंखेज्जाणं दीव-समुद्दाणं मज्झं मज्झेणं वीयी-वयमाणा वीयीवयमाणा जेणेव खीरोदे समुद्दे तेणेव उवा-गच्छंति, तेणेव उवागच्छित्ता खीरोदगं गिण्हंति, गिण्हित्ता जाइं तत्थ उप्पलाइं-जाव-सयसहस्सपत्ताइं ताइं गिण्हंति,

इन सबको स्वाभाविक रूप से विकुर्वित हुए कलशों को—**यावत्**—धूपकडुच्छकों को लिया, लेकर विजया राजधानी में से निकले, निकलकर वे अपनी इस उत्कृष्ट—**यावत्**—उद्धृत दिव्य देवगति से तिर्यग् असंख्यातद्वीप समुद्रों के बीच में से होकर चलते हुए—चलते हुए जहाँ क्षीरोदधि समुद्र था वहाँ आये, वहाँ आकर क्षीरोदक को पात्र में भरा, क्षीर सागर के जल को लेकर जितने भी वहाँ पर उत्पल—**यावत्**—शतपत्र, सहस्रपत्र, कमल थे उन

---

१ आगमोदय समिति से प्रकाशित जीवाभिगम मलयगिरि आचार्यकृत टीका की प्रति पृ० २३८ सू० २४१ के मूल पाठ में—**'सुपतिट्ठकाणं'** के बाद **'चित्ताणं'** है, किन्तु पृ० २४४ के पृष्ठ भाग पर टीका में **'सुप्रतिष्ठ'** के बाद **'मनोगुलिका'** और **'वातकरक'** ये दो शब्द अधिक हैं। तथा इनके बाद **'चित्त'** शब्द है।

२ मूल पाठ में—**'चामराणं'** के बाद "**अवपडगाणं, वट्टकाणं तवसिप्पाणं, खोरकाणं, पीणकाणं**" इतने शब्द हैं और इनके बाद **'तेल्लसमुल्लगकाणं'** है, किन्तु टीका में—**'चामर'** के बाद केवल **'समुद्गक'** और **'ध्वज'** ये दो शब्द हैं, अतः स्पष्ट है कि आगमोदय समिति से प्रकाशित मूल पाठ में और टीकाकार के सामने जो पाठ था, उसमें पाठ भेद है।

गिण्हित्ता जेणेव पुक्खरोदे समुद्दे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता पुक्खरोदगं गेण्हंति, गिण्हित्ता जाइं तत्थ उप्पलाइं -जाव-सयसहस्सपत्ताइं ताइं गिण्हंति, गिण्हित्ता जेणेव समयखेत्ते, जेणेव भरहेरवयाइं वासाइं, जेणेव मागध-वरदाम-पभासाइं तित्थाइं तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता तित्थोदगं गिण्हंति, गिण्हित्ता तित्थमट्टियं गेण्हंति ।

गेण्हित्ता जेणेव गंगा-सिंधु-रत्ता-रत्तवई सलीला तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता सरितोदगं गेण्हंति, गिण्हित्ता उभओ तडमट्टियं गेण्हंति ।

गेण्हित्ता जेणेव चुल्लहिमवंत-सिहरि वासधरपव्वया तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता सव्वतूवरे य, सव्व पुप्फे य, सव्व गंधे य, सव्व मल्ले य, सव्वोसहिसिद्धत्थए गिण्हंति, सव्वोसहिसिद्धत्थए गिण्हित्ता जेणेव पउमद्दह-पुण्डरीयद्दहा तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता दहोदगं गेण्हंति, गेण्हित्ता जाइं तत्थ उप्पलाइं-जाव-सयसहस्सपत्ताइं ताइं गेण्हंति ।

ताइं गेण्हित्ता जेणेव हेमवय-हेरण्णवयाइं वासाइं, जेणेव रोहिय-रोहियंस-सुवण्णकूल-रुप्पकूलाओ तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता सलिलोदगं गेण्हंति, गेण्हित्ता उभओ तडमट्टियं गेण्हंति, गेण्हित्ता जेणेव सद्दावाति-मालवंत-परियागा वट्ट वेतड्ढ पव्वया तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता सव्वतूवरे य, -जाव-सव्वोसहिसिद्धत्थए य गेण्हंति, गेण्हित्ता जेणेव महाहिमवंत-रुप्पिवासधरपव्वया उवागच्छंति, उवागच्छित्ता सव्वपुप्फे तं चेव महा पउमद्दह-महापुण्डरीयद्दहा तेणेव उवागच्छंति ।

उवागच्छित्ता जाइं तत्थ उप्पलाइं-जाव-सयसहस्सपत्ताइं ताइं गेण्हंति, गेण्हित्ता जेणेव हरिवासे रम्मावासे ति, जेणेव हरकंत-हरिकंत-णरकंत-णारिकंताओ सलिलाओ तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता सलिलोदगं गिण्हंति, गेण्हित्ता उभओ तडमट्टियं गेण्हंति,

गेण्हित्ता जेणेव वियडावइ-गंधावइ-वट्ट वेयड्ढ पव्वया तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता सव्वतूवरे य-जाव-सव्वोसहिसिद्धत्थए गेण्हंति, गेण्हित्ता जेणेव-णिसह-णीलवंत वासहर पव्वया तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता, सव्वतूवरे य-जाव-सव्वोसहिसिद्धत्थए य गेण्हंति ।

गेण्हित्ता जेणेव तिगिच्छदह-केसरिदहा तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता जाइं तत्थ उप्पलाइं-जाव-सयसहस्सपत्ताइं ताइं

सबको लिया, उन्हें लेने के बाद जहाँ पुष्करोदधि था वहाँ आये वहाँ आकर पुष्करोदक ग्रहण किया, ग्रहण करके वहाँ जितने भी उत्पल—**यावत्**—शतदल-सहस्रदलकमल थे, उनको लिया, लेकर फिर वे जहाँ मनुष्य क्षेत्र था, उसमें भी जहाँ भरत और ऐरावत क्षेत्र थे, जहाँ मागध, वरदाम, प्रभास आदि तीर्थ थे, वहाँ आये, वहाँ आकर तीर्थोदक पात्रों में भरा, भरकर तीर्थों की मिट्टी ली ।

मिट्टी लेने के बाद जहाँ गंगा, सिंधु, रक्ता-रक्तवती महानदियाँ थीं, वहाँ आये, वहाँ आकर सरितोदक पात्रों में भरा, सरितोदक लेकर नदियों के दोनों तटों की मिट्टी ली ।

मिट्टी लेकर फिर जहाँ क्षुद्र हिमवान और शिखरी नामक वर्षधर पर्वत थे वहाँ आये, वहाँ आकर समस्त ऋतुओं की और रस विशेषों से युक्त वस्तुओं को समस्त पुष्पों को, समस्त गंधों को, समस्त मालाओं को, समस्त औषधियों और सिद्धार्थ को—सरसों को लिया, समस्त औषधियों और सरसों को लेकर जहाँ पद्मद्रह, पुण्डरिकद्रह थे वहाँ आये, वहाँ आकर द्रहोदक लिया और वहाँ जितने भी उत्पल—**यावत्**—शत सहस्रदल कमल थे, उनको लिया ।

उनको लेने के बाद जहाँ हेमवत—हैरण्यवत क्षेत्र थे, जहाँ रोहित-रोहितांस क्षेत्र, सुवर्णकूला, रूप्यकूला, नदियाँ थी, वहाँ आये, वहाँ आकर नदियों का जल भरा और दोनो तटों की मिट्टी ली, मिट्टी लेने के बाद जहाँ शब्दापाति, माल्यवंत, प्रयाग, वृत्तवैताढ्य पर्वत थे, वहाँ आये, वहाँ आकर सर्व रस विशेषों से युक्त वस्तुओं—**यावत्**—समस्त औषधियों और सरसों को लिया, लेने के बाद जहाँ महाहिमवन्त और रूप्य वर्षधर पर्वत थे, वहाँ आये, वहाँ आकर समस्त पुष्पों आदि को लिया और उसी प्रकार से जहाँ महापद्मद्रह, महा पुण्डरीकद्रह थे वहाँ आये ।

वहाँ आकर जितने वहाँ उत्पल थे—**यावत्**—शत सहस्र कमल थे, उनको लिया, उनको लेकर जहाँ हरिवर्ष, रम्यक वर्ष थे, जहाँ हरकांता, हरिकांता, नरकांता, नारीकांता नदियां थीं वहाँ आये, वहाँ आकर नदियों का जल पात्रों में लिया, जल लेकर उन नदियो के दोनों तटों की मिट्टी ली ।

मिट्टी लेने के बाद जहाँ विकटापति, गंधापति, वृत्तवैताढ्य पर्वत थे, वहाँ आये, वहाँ आकर सर्वरस विशेषों से युक्त सर्व ऋतुओं में उत्पन्न श्रेष्ठ वस्तुओं—**यावत्**—समस्त औषधियों व सिद्धार्थकों को लिया, उसके बाद जहाँ निषध, नील नामक वर्षधर पर्वत थे वहाँ आये, आकर सर्व ऋतुओं के उत्तम पुष्पों—**यावत्**—समस्त औषधियों और सर्षपों को लिया ।

सर्षपों को लेने के बाद जहाँ तिगिच्छद्रह, केसरीद्रह थे वहाँ आये, वहाँ आकर उन्होंने वहाँ जितने उत्पल—**यावत्**—शत-

गेण्हंति, गेण्हित्ता जेणेव पुव्व विदेहावर विदेह वासाइं, जेणेव सीयासीओयाओ महाणईओ जहा णईओ ।

सहस्र पत्र कमल थे, उनको लिया, उनको लेकर जहाँ पूर्वविदेह और पश्चिमविदेह क्षेत्र थे, जहाँ सीता और सीतोदा महा-नदियाँ थीं ।

जेणेव सव्व चक्कवट्टि विजया, जेणेव सव्वमागह-वरदाम-पभासाइं तित्थाइं तहेव ।

जहाँ सर्व चक्रवर्तियों के विजेतव्य विजय थे, जहाँ पर सर्व मागध, वरदाम, प्रभास आदि तीर्थ थे **वहाँ से जैसे पूर्व नदियों का जल, मिट्टी, कमल आदि लेने का वर्णन किया गया है, वैसा इन नदियों ह्रदों, तीर्थों के जल लेने आदि का सर्व वर्णन यहाँ भी कर लेना चाहिए ।**

जेणेव सव्ववक्खारपव्वया सव्व तुवरे य, जेणेव सव्वंतर-णईओ सलीलोदगं गेण्हंति, गेण्हित्ता तं चेव ।

जहाँ वक्षस्कार पर्वत थे, वहाँ आये और वहाँ आकर सर्व ऋतुओं के पुष्पादिकों को लिया, फिर जहाँ सर्व अन्तर्वर्ती नदियाँ थीं वहाँ आये । **वहाँ से भी पूर्व की तरह जल, दोनों तटों की मिट्टी आदि ली, इत्यादि का वर्णन करना चाहिये ।**

जेणेव मंदरे पव्वए, जेणेव भद्दसालवणे तेणेव उवागच्छंति सव्व तुवरे य-जाव-सव्वोसहिसिद्धत्थए य गिण्हंति, गेण्हित्ता; जेणेव णंदणवणे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सव्व तुवरे य-जाव-सव्वोसहिसिद्धत्थए य सरसं च गोसीसचंदणं गिण्हंति, गिण्हित्ता जेणेव सोमणसवणे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता सव्व तुवरे य-जाव-सव्वोसहिसिद्धत्थ य सरसं च गोसीस चंदणं दिव्वं च सुमणदामं गेण्हंति, गेण्हित्ता जेणेव पंडगवणे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता सव्व तूवरे य-जाव-सव्वो-सहिसिद्धत्थे य सरसं च गोसीस चंदणं दिव्वं च सुमणदामं दद्दरय-मलय सुगंधिए य गंधे गेण्हंति ।

तत्पश्चात् जहाँ मन्दर पर्वत था और उसमें भी जहाँ भद्रशाल वन था, वहाँ आये, और वहाँ से भी रस प्रधान सर्वऋतुओं के पुष्पों-फलों—**यावत्**—सर्व औषधियों और सिद्धार्थकों को लिया, लेने के बाद जहाँ नन्दनवन था वहाँ आये, और वहाँ आकर सब ऋतुओं के पुष्पों-फलों—**यावत्**—सर्व औषधियों और सिद्धार्थकों को लिया, तथा सरस गोशीर्ष चन्दन को लिया, चन्दन को लेकर जहाँ सौमनसवन था वहाँ आये, वहाँ आकर सर्व ऋतुओं के पुष्पों-फलों आदि को—**यावत्**—सर्व औषधियों और सिद्धार्थकों-सरसों और सरस गोशीर्ष चन्दन एवं दिव्य सुमन मालाओं, मलय-चन्दन की गंध से मिश्रित अत्यन्त सुगन्धित गन्धद्रव्यों को लिया ।

गेण्हित्ता एगओ मिलंति, मिलित्ता जंबुद्दीवस्स पुरत्थि-मिल्लेणं दारेणं णिगच्छंति, णिगच्छित्ता ताए उक्किट्ठाए-जाव-दिव्वाए देवगईए तिरियमसंखेज्जाणं दीव-समुद्दाणं मज्झं-मज्झेणं वीईवयमाणा वीईवयमाणा जेणेव विजया रायहाणी तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता विजयं रायहाणिं अणुप्प-याहिणं करेमाणा करेमाणा जेणेव अभिसेयसभा, जेणेव विजए देवे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता करयल परिग्गहियं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु जएणं विजएणं वद्धावेंति, विजयस्स देवस्स तं महत्थं महग्घं महरिहं विपुलं अभिसेयं उवट्ठवेंति ।

इन सबको लेकर वे सब एक स्थान पर एकत्रित हुए, एकत्रित होकर जम्बूद्वीप के पूर्वद्वार से निकले, निकलकर वे अपनी उस उत्कृष्ट—**यावत्**—दिव्य देवगति से तिर्यग् असंख्यात द्वीप-समुद्रों के बीचोंबीच से चलते हुए जहाँ विजया राजधानी थी, वहाँ आये, वहाँ आकर विजया राजधानी की प्रदक्षिणा करते हुए जहाँ अभिषेक सभा थी, उसमें भी जहाँ विजयदेव था, वहां आये, वहाँ आकर दोनों हाथों को जोड़कर और मस्तक पर आवर्त कर के अंजलिपूर्वक जय-विजय शब्दों के द्वारा बधाया, और फिर विजय देव के अभिषेक की वह महार्थक, महामूल्यवान, महान पुरुषों के योग्य और विपुल सामग्री सामने रखी ।

१९६. तए णं तं विजयदेवं चत्तारि य सामाणिय साहस्सीओ चत्तारि अग्गमहिसीओ सपरिवाराओ तिण्णि परिसाओ सत्त अणिया, सत्त अणियाहिवई, सोलस आयरक्खदेवसाहस्सीओ अन्ने य बहवे विजय रायहाणिवत्थव्वगा वाणमंतरा देवाय देवीओ य तेहिं सामाविएहिं उत्तरवेउव्विएहिं य वरकमलपइट्ठाणेहिं सुरभिवरवारि पडिपुण्णेहिं चंदण कयचच्चाएहिं आविद्धकंठ-

१९६. तदनन्तर (अभिषेक सामग्री उपस्थित करने के बाद) चार हजार सामानिक देवों, अपने परिवार सहित चार अग्रमहिषियों, तीन परिषदाओं, सातों प्रकार की अनीक-सेनाओं, सातों अनीका-धिपतियों, सोलह हजार आत्मरक्षक देव तथा विजयाराजधानी के निवासी और दूसरे भी अनेक वाण-व्यंतर देव-देवियों ने उन स्वाभाविक और उत्तर विक्रिया करके आभियोगिक देवों द्वारा उपस्थित श्रेष्ठ कमलों के ऊपर स्थापित, सुगन्धित, श्रेष्ठ जल से पूर्ण रूपेण भरे हुए, चन्दन के लेप से चित्रित (अर्थात् जिन पर

गुणेहिं पउमुप्पलपिहाणेहिं करयल सुकुमाल कोमल परिग्गहिएहिं अट्ठ सहस्साणं सोवण्णियाणं कलसाणं-जाव-अट्ठ सहस्साणं भोमेयाणं कलसाणं सव्वोदएहिं सव्वमट्टियाहिं सव्वतुवरेहिं -जाव-सव्वोसहिसिद्धत्थएहिं सव्विड्ढीए सव्वजुत्तीए सव्वबलेणं सव्वसमुदएणं सव्वायरेणं सव्वविभूतिए सव्वविभूसाए सव्वसंभमेणं सव्वोरोहेणं सव्वणाडएहिं सव्व पुप्फ-गंध-मल्लालंकार विभूसाए, सव्व दिव्वतुडियणिणाएणं, महया इड्ढीए, महया जुत्तीए, महया बलेणं, महया समुदएणं, महया तुरिय जमग-समग-पडुप्पवाइयरवेणं संख-पणव-पडह-भेरि-झल्लरि-खरमुहि-मुरव-मुयंग-दुंदुहि-हुडुक्कणिग्घोस-संनिनादियरवेणं महया महया इंदाभिसेगेणं अभिसिंचंति ।

चन्दन के लेप के थापे लगे हुए हैं) जिनके कंठों में सूत—कलावा (पंचरंगा सूत) बँधा हुआ है, पद्मकमलों के ढक्कन से ढके हुए और सुकुमाल कोमल हस्ततलों (हथेलियों में धारण किये हुए) ऐसे एक हजार आठ सौवर्णिक (स्वर्ण से बने हुए) कलशों—**यावत्**—एक हजार मिट्टी के कलशों से तथा सभी महानदियों, द्रहों, तीर्थ-सरोवरों, अन्तर्वर्ती नदियों आदि के जल और इन-इनके तटों की मिट्टी से एवं सभी ऋतुओं के पुष्पों-फलों—**यावत्**—सर्व औषधियों और सिद्धार्थकों आदि रूप अभिषेक सामग्री से तथा अपनी समस्त ऋद्धि, समस्त द्युति-कांति, समस्त सेना, समस्त परिवार आदि के साथ अत्यधिक आदरपूर्वक एवं समस्त विभूति, विभूषा, औत्सुक्य, अन्तःपुर सहित तथा अनेक प्रकार के नाटकों-उत्सवों के साथ, समस्त पुष्पों, गंधों, मालाओं और अलंकारों आदि के द्वारा की गई विभूषा-सजावट के साथ, समस्त दिव्य वाद्यों के निनाद पूर्वक, महान् ऋद्धि, महान् द्युति, महान् बल, महान् अभ्युदय एवं निपुण पुरुषों द्वारा एक साथ बजाये जा रहे उत्तम वाद्यों की ध्वनि तथा शंख, प्रणव, ढोल-पटह-नगाडा, भेरी, झल्लरी, खरमुखी (वाद्य विशेष), मुरज, मृदंग, दुन्दुभि, हुडुक्क—तबला आदि वाद्यों के समुदाय की निनाद ध्वनि पूर्वक बड़े ठाट-बाट से उस विजय देव का इन्द्राभिषेक किया ।

१९७. तए णं तस्स विजयस्स देवस्स महया महया इंदाभिसेगंसि वट्टमाणंसि—

१९७. तत्पश्चात् जब इस प्रकार के अतिशय प्रभावक भव्य समारोहपूर्वक इस विजय देव का इन्द्राभिषेक हो रहा था तब ;

अप्पेगइया देवा **णच्चोदगं णातिमट्टियं पविरलफुसियं दिव्वं सुरभिं रयरेणुविणासणं गंधोदगवासं वासंति ।**

कितने ही देव जिसमें न तो अधिक जल का उपयोग होता हैं, और न कीचड़ होता है, इस प्रकार से रिमझिम-रिमझिम फुहारों के रूप में धूलि-मिट्टी को उपशमित करने के लिये दिव्य सुगंधित गंधोदक की वर्षा करते हैं ।

अप्पेगइया देवा **णिहयरयं णट्ठरयं भट्ठरयं पसंतरयं उवसंतरयं करेंति ।**

कितने ही देव उस विजय राजधानी को निहतरज वाली, नष्टरज वाली, भ्रष्टरज वाली, प्रशांत रज वाली और उपशांत रज वाली करते हैं, बनाते हैं ।

अप्पेगइया देवा **विजयं रायहाणिं सब्भिंतर-बाहिरियं आसिय-सम्मज्जिओवलित्तं सित्तसुइसम्मट्ठरत्थंतरावणवीहियं करेंति ।**

कतिपय देव उस विजय राजधानी में भीतर-बाहर (सब तरफ) जल का छिड़काव कर साफ-सुथरा कर और लीप-पोतकर गलियों, बाजारों रास्तों को भली भाँति शुद्ध-पवित्र बनाते हैं ।

अप्पेगइया देवा **विजयं रायहाणिं मंचातिमंचकलियं करेंति,**

कुछ एक देव विजया राजधानी को मंचातिमंच युक्त करते हैं ।

अप्पेगइया देवा **विजयं रायहाणिं णाणाविहरागरंजिय-ऊसिय जयविजय-वेजयंती-पडागातिपडागमंडियं करेंति ।**

कितनेक देव विजया राजधानी को अनेक प्रकार के रंगों से रंगी हुई (रंगबिरंगी) जय-विजय सूचक और फहराती हुई विविध आकार-प्रकार वाली विजय वैजयन्ती पताकाओं से मंडित करते हैं ।

अप्पेगइया देवा **विजयं रायहाणिं लाउल्लोइयमहियं करेंति,**

कितनेक देव विजया राजधानी को गोबर आदि से लीपते हैं ।

अप्पेगइया देवा **विजयं रायहाणिं गोसीस-सरसरत्त चंदण-दद्दर दिण्ण पंचंगुलितलं करेंति ।**

कितनेक देव विजया राजधानी को सरस गोशीर्ष, रक्त चन्दन एवं दर्दर चन्दन के लेप के थापों से मंडित करते हैं ।

अप्पेगइया देवा **विजय रायहाणिं उवचियचंदणकलसं चंदणघडसुकय-तोरण-पडिदुवारदेसभागं करेंति ।**

अप्पेगइया देवा **विजयं रायहाणिं आसत्तोसत्त-विपुल-वट्ट-वग्घारिय-मल्लदामकलावं करेंति ।**

अप्पेगइया देवा **विजयं रायहाणिं पंचवण्ण-सरस-सुरभि-मुक्क-पुप्फ-पुञ्जोवयारकलियं करेंति ।**

अप्पेगइया देवा **विजयं रायहाणिं कालागुरु-पवर कुन्दुरुक्क-तुरुक्क-धूव-डज्झंत-मघमघेंत-गंधुद्धुयाभिरामं सुगंधवरगंधियं गंधवट्टिभूयं करेंति ।**

अप्पेगइया देवा **हिरण्णवासं वासंति ।**

अप्पेगइया देवा **सुवण्णवासं वासंति ।**

एवं रयणवासं वइरवासं पुप्फवासं मल्लवासं गंधवासं चुण्णवासं वत्थवासं आहरणवासं **वासंति ।**

अप्पेगइया देवा **हिरण्णविहिं भाइंति ।**

एवं सुवण्णविहिं रयणविहिं वइरविहिं पुप्फविहिं मल्लविहिं, चुण्णविहिं, गंधविहिं वत्थविहिं आभरणविहिं **भाइंति ।**

अप्पेगइया देवा **दुयं णट्टविहिं उवदंसेंति ।**

अप्पेगइया देवा **विलंबियं णट्टविहिं उवदंसेंति ।**

अप्पेगइया देवा **दुय-विलंबियं णट्टविहिं उवदंसेंति ।**

एवं अंचियं णट्टविहिं, रिभियं णट्टविहिं, अंचियरिभियं णट्टविहिं, दिव्वं णट्टविहिं, आरभडं णट्टविहिं, भसोलं णट्टविहिं, आरभड-भसोलं णट्टविहिं, उप्पाय-णिवायपवुत्तं णट्टविहिं, संकुचिय-पसारियं णट्टविहिं, रियारियं णट्टविहिं, भंतसंभंतं णाम दिव्वं णट्टविहिं उवदंसेंति ।

अप्पेगइया देवा **चउव्विहवाइयं वादेंति, तं जहा—**

(१) ततं, (२) **विततं**, (३) **घणं**, (४) **झुसिरं ।**

अप्पेगइया देवा **चउव्विहं गेयं गायंति, तं जहा—(१) उक्खित्तयं**, (२) **पवत्तयं**, (३) **मंदायं** (४) **रोइदावसाणं ।**

अप्पेगइया देवा **चउव्विह अभिणयं अभिणयंति, तं जहा—(१) दिट्ठंतियं**, (२) **पाडंतियं**, (३) **सामंतोवणिवाइयं**, (४) **लोगमज्झावसाणियं ।**

अप्पेगइया देवा **पीणंति**, अप्पेगइया देवा **वुक्कारेंति,** अप्पेगइया देवा **तंडवेंति**, अप्पेगइया देवा **लासेंति**, अप्पेगइया देवा **पीणंति, वुक्कारेंति, तंडवेंति, लासेंति ।**

कितने ही देव विजया राजधानी के प्रत्येक घर के द्वार को चन्दन के कलशों और चन्दन के घटों से निर्मित तोरणों से मंडित करते हैं ।

कितने ही देव विजया राजधानी को लटकती हुई बड़ी-बड़ी गोलाकार पुष्पमालाओं से शृंगारित करते हैं ।

कितने ही देव विजया राजधानी को पंचरंगे सरस सुगंधित पुष्पों के पुंजों (गुलदस्तों) से सजाते हैं ।

कितने ही देव विजया राजधानी को काले अगर, श्रेष्ठ कुन्दुरुष्क, तुरुष्क, धूप का अग्नि में प्रक्षेप करने पर महकती हुई गंध के उड़ने से मनमोहक और श्रेष्ठ सुगंध की गंधवर्तिका (अगरबत्ती) जैसी बनाते हैं ।

कितने ही देव चाँदी की वर्षा बरसाते हैं ।

कितने ही देव स्वर्ण की वर्षा करते हैं ।

इसी प्रकार रत्नवर्षा, वज्ररत्नवर्षा, पुष्पवर्षा, माल्यवर्षा, गंधवर्षा, चूर्णवर्षा, वस्त्रवर्षा, और आभरण वर्षा बरसाते हैं ।

कितने ही देव चाँदी का दान देते थे ।

इसी प्रकार कितने ही देव स्वर्णदान, रत्नदान, वज्ररत्नदान, पुष्पदान, माल्यदान, सुगन्धित चूर्णदान, गंधदान, वस्त्रदान, आभरण दान देते हैं ।

कितने ही देव द्रुत नाट्यविधि का प्रदर्शन करते हैं ।

कितने ही देव विलम्बितनाट्यविधि का प्रदर्शन करते हैं ।

कितने ही देव द्रुत विलम्बित नाट्यविधि का प्रदर्शन करते हैं ।

"इसी प्रकार कितने ही देव अंचित नाट्यविधि का, रिभित नाट्यविधि का, अंचित-रिभित नाट्यविधि का, दिव्य नाट्य विधि का, आरभट नाट्यविधि का, भसोल नाट्यविधि का, आरभट-भसोल नाट्यविधि का, उत्पात-निपात प्रयुक्त नाट्य विधि का, संकुचित-प्रसारित नाट्यविधि का, गमनागमन रूप नाट्य-विधि का, भ्रान्त-संभ्रान्त नामक दिव्य नाट्य विधि का प्रदर्शन करते हैं ।"

कितने ही देव चार प्रकार के वाद्यों को बजाते हैं, यथा—(१) तत, (२) वितत, (३) घन, (४) शुषिर ।

कितने ही देव चार प्रकार के गीतों को गाते हैं, यथा—(१) उत्क्षिप्त, (२) प्रवृत, (३) मंद, (४) रोचितावसान ।

कितने ही देव चार प्रकार के अभिनयों का अभिनय करते हैं, यथा—(१) दार्ष्टान्तिक, (२) पाटांतिक, (३) सामंतोविनि-पातिक, (४) लोकमध्यावसान्तिक ।

कितने ही देव अपने शरीर का स्थूल-आकार बनाते हैं, **कितने ही देव** गर्जना करते हैं, **कितने ही देव** तांडव नृत्य करते हैं, कितने ही देव नृत्य करते हैं, और **कितने ही देव** अपने शरीर को मांसल बनाते हैं, गर्जना करते हैं, तांडवनृत्य करते हैं और नृत्य करते हैं ।

अप्पेगइया देवा **अप्फोडेंति,** अप्पेगइया देवा **वग्गंति,** अप्पेगइया देवा **तिवेंति,** अप्पेगइया देवा **छिदेंति,** अप्पेगइया देवा **अप्फोडेंति, वग्गंति, तिवेंति, छिदेंति ।**

कितने ही देव ताल ठोकते हैं, **कितने ही देव** उछल-कूद करते हैं, कितने ही देव छलांग लगाते हैं, **कितने ही देव** छेदन-भेदन करते हैं, **कितने ही देव** ताल ठोकते हैं, उछल-कूद करते हैं, छलांग मारते हैं, और छेदन-भेदन करते हैं ।

अप्पेगइया देवा **हयहेसियं करेंति,** अप्पेगइया देवा **हत्थिगुलगुलाइयं करेंति,** अप्पेगइया देवा **रहघणघणाइयं करेंति,** अप्पेगइया देवा **हयहेसियं, हत्थिगुलगुलाइयं रहघणघणाइयं करेंति ।**

कितने ही देव घोड़े जैसे हिनहिनाते हैं, **कितने ही देव** हाथी जैसे गुडगुड़ाहट करते हैं, **कितने ही देव** रथ जैसी घनघनाहट करते हैं, **कितने ही देव** घोड़े जैसी हिनहिनाहट करते हैं, हाथी जैसी गुडगुडाहट और रथ जैसी घनघनाहट करते हैं ।

अप्पेगइया देवा **उच्छोलेंति,** अप्पेगइया देवा **पच्छोलेंति,** अप्पेगइया देवा **उक्किट्ठीओ करेंति,** अप्पेगइया देवा **उच्छोलेंति, पच्छोलेंति, उक्किट्ठीओ करेंति ।**

कितने ही देव हर्षातिरेक से उछलते हैं, **कितने ही देव** आँखें मटकाते हैं, **कितने ही** एक-दूसरे को गोदी में उठा लेते हैं, **और कितने ही देव** उछलते हैं, आँखें मटकाते हैं एवं एक-दूसरे को गोदी में उठा लेते हैं ।

अप्पेगइया देवा **सीहणादं करेंति,** अप्पेगइया देवा **पायदद्दरयं करेंति,** अप्पेगइया देवा **भूमिचवेडं दलयंति,** अप्पेगइया देवा **सीहणादं, पायदद्दरयं करेंति, भूमिचवेडं दलयंति ।**

कितने ही देव सिंहनाद करते हैं, **कितने ही देव** जोर-जोर से जमीन पर पैर पटकते हैं, **कितने ही देब** जमीन पर हाथों को पटकते हैं, **और कितने ही देव** सिंहनाद करते हैं, जमीन पर पैर पटकते हैं, एवं हाथों को पटकते हैं ।

अप्पेगइया देवा **हक्कारेंति,** अप्पेगइया देवा **वुक्कारेंति,** अप्पेगइया देवा **थक्कारेंति,** अप्पेगइया देवा **पुक्कारेंति,** अप्पेगइया देवा **नामाइं सावेंति,** अप्पेगइया देवा **हक्कारेंति, वुक्कारेंति, थक्कारेंति, पुक्कारेंति, णामाइं सावेंति ।**

कितनेक देव एक-दूसरे को पुकारते हैं, कितनेक देव बकरे की तरह बुगबुगाहट करते हैं, कितनेक देव थकथकाहट करते हैं, कितनेक देव फुत्करोहट करते हैं, कितनेक देव आपस में एक-दूसरे के नामों को सुनाने लगते हैं, और कितनेक देव आपस में एक-दूसरे को पुकारते हैं, बुगबुगाहट करते हैं, थकथकाहट करते हैं, फुत्कराहट करते हैं, और एक-दूसरे के नामों को सुनाते हैं ।

अप्पेगइया देवा **उप्पतंति,** अप्पेगइया देवा **णिवयंति,** अप्पेगइया देवा **परिवयंति,** अप्पेगइया देवा **उप्पयंति, णिवयंति, परिवयंति ।**

कितनेक देव ऊपर को उछलते हैं, **कितनेक देव** जमीन पर लोटपोट होते हैं, **कितनेक देव** बाँके-तिरछे होते हैं, **और कितनेक देव** ऊपर उछलते हैं, लोटपोट होते हैं एवं बाँके-तिरछे नमते हैं ।

अप्पेगइया देवा **जलेंति,** अप्पेगइया देवा **तवंति,** अप्पेगइया देवा **पतवंति,** अप्पेगइया देवा **जलेंति, तवंति, पतवंति ।**

कितनेक देव दैदीप्यमान ज्वालाओं को प्रगट करने का रूपक दिखाते हैं, **कितने ही देव** महान तपस्वी होने का रूपक दिखाते हैं, और **कितने ही देव** अत्यधिक ज्वालाओं को प्रगट करने का रूपक दिखाते हैं, **कितने ही देव** ज्वाला प्रकट करते हैं तपस्वी होने का तथा अत्यधिक ज्वाला प्रकट करने का रूपक दिखाते हैं ।

अप्पेगइया देवा **गज्जेंति,** अप्पेगइया देवा **विज्जुयायंति,** अप्पेगइया देवा **वासेंति,** अप्पेगइया देवा **गज्जेंति, विज्जुयायंति, वासेंति ।**

कितनेक देव मेघ गर्जना जैसे दृश्य को उपस्थित करते हैं, **कितने ही देव** मेघ विद्युत के चमकने का दृश्य दिखाते हैं, **कितने ही देव** मेघवर्षा का दृश्य दिखाते हैं, और **कितने ही देव** मेघ गर्जना, विद्युत के चमकने (कौंधने) एवं मेघवर्षा का दृश्य उपस्थित करते हैं ।

अप्पेगइया देवा **देव-सन्निवायं करेंति,** अप्पेगइया देवा **देवुक्कलियं करेंति,** अप्पेगइया देवा **देवकहकहं करेंति,** अप्पेगइया देवा **देवदुहदुहं करेंति,** अप्पेगइया देवा **देवसन्निवायं देवुक्कलियं, देवकहकहं, देवदुहदुहं करेंति ।**

कितने ही देव एक-दूसरे के गले मिलते हैं, **कितने ही देव** खेल-कूद आदि क्रीड़ा करते हैं, **कितने ही देव** कहकहे लगाते हैं, **कितने ही देव** दुह-दुहध्वनिघोष करते हैं, और **कितनेक देव** आपस में गले मिलते हैं, खेल-कूद आदि क्रीडा करते हैं, कहकहे लगाते हैं, एवं दुह-दुह घोष करते हैं ।

अप्पेगइया देवा **देवुज्जोयं करेंति**, अप्पेगइया देवा **विज्जुयारं करेंति**, अप्पेगया देवा **चेलुक्खेवं करेंति**, अप्पेगइया देवा **देवुज्जोयं विज्जुयारं चेलुक्खेवं करेंति ।**

कितने ही देव दिव्य उद्योत करते हैं, **कितने ही देव** आकाश को विद्युतमय (आतिशबाजी-फटाखों को फोड़ने की चमक जैसा) करते हैं, **कितने ही देव** वस्त्र के बने गुब्बारे उड़ाते हैं, और **कितनेक देव** दिव्य उद्योत करते हैं, आकाश को विद्युतमय करते हैं, और गुब्बारे उड़ाते हैं ।

अप्पेगइया देवा **उप्पलहत्थगया**-जाव-**सहस्सपत्तहत्थगया ।**

कितने ही देवों ने हाथों में कमल ले रखे हैं—**यावत्**—शतदल-सहस्रदल कमल ले रखे हैं ।

अप्पेगइया देवा **घंटाहत्थगया, कलसहत्थगया**-जाव-**धूव कडुच्छहत्थगया ।**

कितने ही देव हाथों में घंटा लिये हैं, कलश लिये हैं—**यावत्**—धूप का कडुच्छ धूपदान लिये हैं ।

हट्ठतुट्ठा-जाव-**हरिसवस विसप्पमाणहियया विजयाए रायहाणीए सव्वओ समंता आधावेंति परिधावेंति ।**

इस प्रकार से वे सबके सब देव हृष्ट-तुष्ट—**यावत्**—हर्षातिरेक से प्रफुल्लित हृदय वाले होकर विजया राजधानी के चारों ओर सभी दिशाओं में कभी इधर दौड़-भाग करते हैं, कभी उधर भागते हैं ।

तए णं तं विजयं देवं चत्तारि सामाणिय साहस्सीओ चत्तारि अग्गमहिसीओ सपरिवाराओ-जाव-**सोलस आयरक्ख देवसाहस्सीओ अण्णे य बहवे विजय रायहाणीवत्थव्वा वाणमंतरा देवा य देवीओ य तेहिं वरकमलपइट्ठाणेहिं**-जाव-**अट्ठसएणं सोवण्णियाणं कलसाणं** तं चेव-जाव-**अट्ठसएणं भोमेज्जाणं कलसाणं सव्वोदगेहिं सव्वमट्टियाहिं सव्वतुवरेहिं सव्व पुप्फेहिं**-जाव-**सव्वोसहि सिद्धत्थएहिं सव्विड्ढीए**-जाव-**निग्घोस नाइयरवेणं महया महया इंदाभिसेएणं अभिसिंचंति, अभिसिंचित्ता पत्तेयं पत्तेयं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु एवं वयासी—**

तत्पश्चात् चार हजार सामानिक देव, अपने-अपने परिवार सहित चार अग्रमहिषियाँ—**यावत्**—सोलह हजार आत्मरक्षक देव और दूसरे बहुत से विजय राजधानी के निवासी वाणव्यंतर देव और देवियाँ उन श्रेष्ठ कमलों पर रखे हुए—**यावत्**—एक सौ आठ स्वर्ण के कलशों के तथा पूर्व में बताये गये अनुसार—**यावत्**—एक सौ आठ मृत्तिका कलशों के समस्त पवित्र जल से महानदियों, ह्रदों, तीर्थसरोवरों के जल से, और उनके तटों की मिट्टी से सर्व ऋतुओं के समस्त पुष्पों से—**यावत्**—सर्व औषधियों और सिद्धार्थकों से, समस्त ऋद्धि—**यावत्**—वाद्यघोषों की नाद ध्वनिपूर्वक महान् इन्द्राभिषेक द्वारा उस विजय देव का अभिषेक करते हैं, और अभिषेक करने के बाद प्रत्येक ने नतमस्तक हो अंजलिपूर्वक इस प्रकार कहा—

'जय जय नंदा, जय जय भद्दा, जय जय नंद भद्दं ते अजियं जिणेहि, जियं पालियाहि, अजियं जिणेहिं सत्तुपक्खं, जियं पालेहिं मित्तपक्खं, जिय मज्झे वसाहि, तं देव ! निरुवसग्गं, इंदो इव देवाणं, चंदो इव ताराणं, चमरो इव असुराणं, धरणो इव नागाणं, भरहो इव मणुयाणं बहूणि पलिओवमाइं बहूणि सागरोवमाइं चउण्हं सामाणियसाहस्सीणं-जाव-**आयरक्ख देव साहस्सीणं विजयस्स देवस्स विजयाए रायहाणीए अण्णेसिं च बहूणं विजयरायहाणि वत्थव्वाणं वाणमंतराणं देवाणं देवीणं य आहेवच्चं**-जाव-**आणाईसर सेणावच्चं कारेमाणे पालेमाणे विहराहि" त्ति कट्टु महया महया सद्देणं जय जय सद्दं पउंजंति ,"**

—जीवा० प० ३, उ० २, सु० १४१

"हे नन्द ! आपकी जय हो, जय हो, हे भद्र ! आपकी जय हो, जय हो, हे नन्द-भद्र ! आपकी जय-विजय हो, आप अजित पर विजय प्राप्त करें, विजितों का पालन करें, अजित शत्रुपक्ष को विजित—वश में करें और जित मित्र पक्ष का पालन-पोषण रक्षण करें, जित-अनुकूल मित्रगण को बसाओ, हे देव ! देवों में इन्द्र की तरह, ताराओं में चन्द्र की तरह, असुरों में चमर की तरह, नागों में धरण की तरह, और मनुष्यों में भरत की तरह निरुपसर्ग होकर विचरण करो, एवं अनेक पल्योपमों और सागरोपमों के समय तक चार हजार सामानिक देवों—**यावत्**—सोलह हजार आत्मरक्षक देवों के और विजयदेव की विजया राजधानी एवं विजया राजधानी के निवासी और दूसरे बहुत से वाण व्यंतर देव-देवियों के आधिपत्य—**यावत्**—आज्ञा-ऐश्वर्यत्व सेनापतित्व को करते हुए और उनको पालते हुए सुखपूर्वक समय यापन करो, इस प्रकार के स्वस्ति वचनों को कहकर बड़े जोर से जय-जयकार करते हैं ।

१९८. तए णं से विजए देवे महया महया इंदाभिसेएणं अभिसित्ते समाणे सीहासणाओ अब्भुट्ठेइ, अब्भुट्ठेत्ता अभिसेयसभाओ पुरत्थिमेणं दारेणं पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता जेणामेव अलंकारियसभा तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता अलंकारियसभं अणुप्पयाहिणीकरेमाणे करेमाणे पुरत्थिमेणं दारेणं अणुपविसइ, अणुपविसित्ता जेणेव सीहासणे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सीहासणवरगए पुरत्थाभिमुहे सण्णिसण्णे।

१९८. इसके बाद वह विजय देव जब महान् महोत्सव के साथ इन्द्राभिषेक से अभिषिक्त हो चुका तब सिंहासन से उठा और उठकर अभिषेक सभा के पूर्वी द्वार से बाहर निकला, निकलकर जहाँ अलंकार सभा थी वहाँ पर आया, वहाँ आकर अलंकार सभा की प्रदक्षिणा करते हुए पूर्व दिशा के द्वार से उसमें प्रविष्ट हुआ, प्रविष्ट होने के बाद जहाँ सिंहासन था, वहाँ आया, और वहाँ आकर पूर्वदिशा की ओर मुख करके उस श्रेष्ठ उत्तम सिंहासन पर बैठ गया।

१९९. तए णं तस्स विजयस्स देवस्स सामाणिय-परिसोववण्णगा देवा आभिओगिए देवे सद्दावेंति सद्दावित्ता एवं वयासी—

१९९. तत्पश्चात् उस विजय देव के सामानिक परिषदोपपन्न देवों ने आभियोगिक देवों को बुलाया और बुलाकर उनसे इस प्रकार कहा—

"खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया! विजयस्स देवस्स आलंकारियं भंडं उवणेह।"

"हे देवानुप्रियो! तुम शीघ्र ही विजय देव के आलंकारिक भांड को उपस्थित करो।

तेणेव ते आलंकारियं भंडं उवट्ठवेंति।

पूर्व वर्णन के समान वे आलंकारिक भांड को लेकर उपस्थित करते हैं।

२००. तए णं से विजए देवे तप्पढमयाए पम्हल सूमालाए दिव्वाए सुरभीए गंधकासाईए गायाइं लूहेइ, लूहित्ता सरसेणं गोसीस चंदणेणं गायाइं अणुलिंपइ, अणुलिंपित्ता तयाऽणंतरं च णं नासानीसासवायवज्झं चक्खुहरं वण्णफरिसजुत्तं, हयलालापेलवाइरेगं धवलं कणग-खइयंत कम्मं आगासफलियसरिसप्पभं अहतं दिव्वं देवदूसजुयलं णियंसेइ, णियंसित्ता हारं पिणिद्धेइ, पिणिद्धेत्ता एवं एकावलिं पिणिधति एकावलिं पिणिधेत्ता;

२००. तदनन्तर उस विजय देव ने सर्वप्रथम पद्मपराग अथवा हंस के पंखों के समान सुकुमाल दिव्य सुगन्धित काषायिक गंध से युक्त वस्त्र खंड (तौलिया) से शरीर को पोंछा, पोंछकर सरस गोशीर्ष चन्दन का शरीर पर लेप किया, अनुलेप करने के अनन्तर-नाक की निश्वास वायु से उड़ जाये ऐसे नेत्राकर्षक सुन्दर वर्ण और स्पर्श से युक्त, घोड़े की लीद से भी अधिक सुकोमल और श्वेत-धवल-शुभ्र सुनहरी बेल-बूटे वाले, और आकाश-स्फटिकमणि की प्रभा जैसी प्रभा वाले अनोखे, दिव्य, देवदूष्य युगल को पहना, देवदूष्य युगल को पहनकर फिर हार को पहना, हार को पहनने के बाद इसी प्रकार से एकावली (एक लड़ी) हार विशेष को पहना, एकावली को पहनकर फिर—

एवं एएणं अभिलावेणं मुत्तावलिं, कणगावलिं, रयणावलिं, कडगाइं, तुडियाइं अंगयाइं केयूराइं दसमुद्दियाणंतकं कडिसुत्तकं तेअत्थिसुत्तगं मुरविं कंठमुरविं पालंबंसि कुण्डलाइं चूडामणिं चित्तरयणुक्कडं मउडं पिणिद्धेइ।"

"उसने इसी प्रकार से अभिलाप—कथनानुसार मुक्तावली, कनकावली, रत्नावली, करक, त्रुटित, अंगद, केयूर, दस मुद्रिकाओं, कटिसूत्र, त्रयस्थिसूत्र, (तिमनिया), मुरवि, आभूषण विशेष, कंठमुरवि, प्रलंब सूत्र—कंठ से पैर तक लटकने वाला आभूषण विशेष, कुण्डल, चूड़ामणि, नाना प्रकार के रत्नों से खचित उत्तम मुकुट आदि आभूषणों को यथास्थान पहना।

पिणिधित्ता गंठिम-वेढिम-पूरिम-संघाइमेणं चउव्विहेणं मल्लेणं कप्परुक्खयं पिव अप्पाणं अलंकिय-विभूसियं करेइ, करेत्ता दद्दर-मलय सुगंध गंधिएहिं गंधेहिं गायाइं सुक्किडइ, सुक्किडित्ता दिव्वं च सुमणदामं पिणिद्धइ।

आभूषणों को पहनकर ग्रन्थिम, वैष्टिम, पूरित और संघातिम इस प्रकार चार तरह की मालाओं से अपने को कल्पवृक्ष जैसा अलंकृत-विभूषित किया, विभूषित करके दद्दर मलय चन्दन की गन्ध से सुगन्धित गन्ध द्रव्यों से शरीर को सुवासित किया, सुवासित करके दिव्य पुष्पमाला को पहना।

२०१. तए णं से विजए देवे (१) केसालंकारेणं, (२) वत्थालंकारेणं,

२०१. तदनन्तर वह विजयदेव जब—(१) केशालंकार, (२)

(३) मल्लालंकारेणं, (४) आभरणालंकारेणं चउव्विहेणं अलंकारेणं अलंकिए विभूसिए समाणे पडिपुण्णालंकारे सीहासणाओ अब्भुट्ठेइ, अब्भुट्ठित्ता अलंकारिय सभाओ पुरित्थिमिल्लेणं दारेणं पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता जेणेव ववसाय सभा तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता ववसायसभं अणुप्पदाहिणं करेमाणे करेमाणे पुरित्थिमिल्लेणं दारेणं अणुपविसइ, अणुपविसित्ता जेणेव सीहासणे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सीहासणवरगए पुरत्थाभिमुहे सण्णिसणे ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १४२

वस्त्रालंकार, (३) माल्यालंकार, और (४) आभरणालंकार रूप चार प्रकार के अलंकारों से पूर्णतया अलंकृत विभूषित हो चुका तब सिंहासन से उठा, सिंहासन से उठकर पूर्व द्वार से होकर उस आलंकारिक सभा से बाहर निकला, बाहर निकलकर जहाँ व्यवसाय सभा थी वहाँ आया, वहाँ आकर व्यवसाय सभा की प्रदक्षिणा करते हुए पूर्व द्वार से उस व्यवसाय सभा में प्रविष्ट हुआ, प्रवेश करके जहाँ सिंहासन था, वहाँ आया, और वहाँ आकर पूर्व की ओर मुख करके उस श्रेष्ठ सिंहासन पर बैठ गया।

विजयदेवस्स पोत्थयरयण-वायणं—

२०२. तए णं तस्स विजयस्स देवस्स आभिओगियादेवा पोत्थयरयणं उवणेंति ।

तए णं से विजए देवे पोत्थयरयणं गेण्हइ, गेण्हित्ता, पोत्थयरयणं मुयइ, मुएत्ता पोत्थयरयणं विहाडेइ, विहाडेत्ता पोत्थयरयणं वाएइ, वायत्ता धम्मियं ववसायं पगेण्हइ, पगेण्हित्ता पोत्थयरयणं पडिणिक्खवेइ, पडिणिक्खवित्ता सीहासणाओ अब्भुट्ठेइ, अब्भुट्ठित्ता ववसायसभाओ पुरत्थिमिल्लेणं दारेणं पडिणिक्खमइ, पडिणिक्खमित्ता जेणेव णंदा पोक्खरिणी तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता णदं पुक्खरिणिं अणुप्पयाहिणी करेमाणे पुरित्थिमिल्लेणं दारेणं अणुपविसइ, अणुपविसित्ता पुरत्थिमिल्लेणं तिसोवाणपडिरूवगएणं पच्चोरुहइ, पच्चोरुहित्ता हत्थं पायं पक्खालेइ, पक्खालित्ता एगं महं सेयं रययामयं विमलसलिलपुण्णं मत्तगयमहामुहाकिइसमाणं भिंगारं पगिण्हइ, पगिण्हित्ता जाइं तत्थ उप्पलाइ पउमाइं-जाव-सयसहस्सपत्ताइं ताइं गिण्हइ, गिण्हित्ता णंदाओ पोक्खरिणीओ पच्चुत्तरेइ, पच्चुत्तरित्ता जेणेव सिद्धाययणे तेणेव पहारेत्थ गमणाए ।

विजय देव का पुस्तकरत्न वांचन—

२०२. तत्पश्चात् उस विजयदेव के आभियोगिक देव पुस्तकरत्न को लाकर समक्ष रखते हैं ।

तदनन्तर विजय देव ने उस पुस्तक रत्न को लिया, लेकर वेष्टन से बाहर निकाला, बाहर निकालकर खोला, खोलकर पुस्तक रत्न को वाँचा, वांचन करने के बाद धार्मिक व्यवसाय-प्रवृत्ति कार्य करने की अभिलाषा की, अभिलाषा करके—निश्चय करके पुस्तकरत्न को रख दिया, रखकर सिंहासन से उठा, उठकर पूर्वी द्वार से होकर व्यवसाय सभा से बाहर निकला, बाहर निकलकर जहाँ नन्दा पुष्करिणी थी वहाँ आया, वहाँ आकर नन्दा पुष्करिणी की प्रदक्षिणा करते हुए पूर्वी द्वार से उसमें प्रविष्ट हुआ, प्रविष्ट होकर पूर्व दिशावर्ती त्रिसोपान-प्रतिरूपक से नीचे उतरा, नीचे उतर कर पुष्करिणी के जल से हाथ-पैरों को धोया, हाथ-पैरों को धोकर मदोन्मत्त गजेन्द्र के महामुख-सूंड की आकृति के समान आकृति वाले और विमल जल से परिपूर्ण ऐसे एक श्रेष्ठ श्वेत चाँदी के बने हुए भृङ्गारक (जारी) को उठाया, भृङ्गारक को उठाने के बाद वहां जितने भी उत्पल, पद्म—**यावत्**—शतपत्र, सहस्रपत्र आदि कमल थे, उनको लिया, कमलों को लेकर नन्दा पुष्करिणी से बाहर निकला, बाहर निकलकर जहाँ सिद्धायतन था उस ओर गमन करने के लिए उद्यत हुआ ।

२०३. तए णं तस्स विजयस्स देवस्स चत्तारि सामाणिय-साहस्सीओ -जाव-अण्णे य बहवे वाणमंतरा देवा य देवीओ य अप्पेगइया उप्पल हत्थगया-जाव-सहस्सपत्त हत्थगया, विजयं देवं पिट्ठओ पिट्ठओ अणुगच्छंति ।

२०३. तत्पश्चात् इस विजयदेव के चार हजार सामानिक देव—**यावत्**—और दूसरे भी अनेक वाण-व्यंतर देव और देवियाँ जिनमें से कितनेक हाथों में कमल लिये हुए थे—**यावत्**—कितनेक सहस्रपत्र कमल लिये थे, उस विजय देव के पीछे-पीछे चले ।

२०४. तए णं तस्स विजयस्स देवस्स बहवे आभिओगिया देवा देविओ य कलस हत्थगया-जाव-धूवकडुच्छय हत्थगया विजयं देवं पिट्ठओ पिट्ठओ अणुगच्छंति ।

—जीवा० प० ३, उ० १ सु० १४२

२०४. उस विजय देव के बहुत आभियोगिक देव और देवियाँ हाथों में कलश लिये हुए—**यावत्**—धूप कडुच्छकों को लिये विजय देव के पीछे-पीछे चले ।

विजयदेवकयजिणपडिमाणं पूयणं—

२०५. तए णं से विजए देवे चउहिं सामाणिय साहस्सीहिं-जाव-

विजयदेवकृत जिन प्रतिमा पूजन—

२०५. तत्पश्चात् वह विजयदेव चार हजार सामानिक देवों—

अण्णेहि य बहूहिं वाणमंतरेहिं देवेहि य देवीहि य सद्धिं संपरिवुडे सव्विड्ढीए-जाव-णिग्घोसणाइयरवेणं जेणेव सिद्धाययणे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सिद्धाययणं अणुप्पयाहिणी करेमाणे करेमाणे पुरत्थिमिल्लेणं दारेणं अणुपविसइ, अणुपविसित्ता जेणेव देवच्छंदए तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता आलोए जिणपडिमाणं पणामं करेइ,

यावत्—और दूसरे बहुत से वाण-व्यंतर देवों और देवियों से संपरिवृत होकर समस्त ऋद्धि—**यावत्**—वाद्यों के ध्वनिघोष के साथ जहाँ सिद्धायतन था, वहाँ आया, वहाँ आकर सिद्धायतन की प्रदक्षिणा करते हुए पूर्व दिशावर्ती द्वार से उसमें प्रविष्ट हुआ, प्रवेश करके जहाँ देवच्छन्दक था वहाँ आया, देवच्छन्दक के पास आकर दर्शन किये और फिर जिन प्रतिमाओं को प्रणाम किया।

करित्ता लोमहत्थगं गेण्हइ, गेण्हित्ता जिणपडिमाओ लोमहत्थएणं पमज्जइ, पमज्जित्ता सुरभिणा गंधोदएणं ण्हाणेइ, ण्हाणित्ता दिव्वाए सुरभिगंधकासाइए गायाइं लूहेइ, लूहित्ता सरसेणं गोसीसचंदणेणं गायाणि अणुलिपइ, अणुलिपेत्ता जिणपडिमाणं अहयाइं सेयाइं देवदूसजुयलाइं णियंसेइ, णियंसेत्ता अग्गेहिं वरेहिं य गंधेहि य मल्लेहि य अच्चेइ, अच्चित्ता पुप्फारुहणं गंधारुहणं मल्लारुहणं वण्णारुहणं चुण्णारुहणं आभरणारुहणं करेइ, करेत्ता आसत्तोसत्त विउलवट्टवग्घारिय मल्लदाम कलावं करेइ, करित्ता अच्छेहिं सण्हेहिं रययामयेहिं अच्छरसातंदुलेहिं जिणपडिमाणं पुरओ अट्ठट्ठमंगलए आलिहइ, आलिहित्ता कयग्गाहग्गहिय-करयल पब्भट्ठ विप्पमुक्केणं दसद्ध वण्णेणं कुसुमेणं मुक्क पुप्फ पुञ्जोवयारकलियं करेइ,

प्रणाम करके मयूरपिच्छी ली, मयूरपिच्छी को लेकर उससे जिन प्रतिमाओं का प्रमार्जन किया, प्रमार्जन करके सुवासित गंधोदक से न्हवन-अभिषेक किया, अभिषेक करके दिव्य एवं सुरभिगंध से युक्त काषायिक वस्त्र खंड से इन प्रतिमाओं के शरीर को पोंछा, पोंछकर सरस गोशीर्ष चन्दन का शरीर पर लेप किया, लेप करके अहत-अपरिमर्दित (कोरा) श्वेत देवदूष्य युगल पहनाया, देवदूष्य युगल को पहनाकर उत्कृष्ट, उत्तम गंध द्रव्यों और मालाओं से अर्चना की, अर्चना करके सामने पुष्पों को चढ़ाया, गंध द्रव्यों को चढ़ाया, मालाओं को चढ़ाया, वर्ण को चढ़ाया, चूर्ण को चढ़ाया, और आभरणों को चढ़ाया, इन पुष्पादि को चढ़ाकर ऊपर से जमीन तक लटकती हुई लम्बी गोल गुथी हुई पुष्पमालाओं से विभूषित किया, विभूषित करके आकाश की तरह स्वच्छ, चिकने, रजत जैसी कांति वाले, अक्षत-अखंड तंडुलों—चावलों से जिन प्रतिमाओं के सामने अष्ट मंगल द्रव्यों का आलेखन किया। आलेखन करके केशपाश ग्रहण करने जैसे हाथों के आकार विशेष (खोबा) से ग्रहण किये जाने के कारण हथेलियों से नीचे गिरने से शेष रहें, पंचरंगे उन्मुक्त खिले हुए पुष्पों के पुंजों द्वारा पूजा की ;

करित्ता चंदप्पभ वइर-वेरुलिय-विमल-दंडं-कंचन-मणि-रयण-भत्तिचित्तं कालागुरु-पवर-कुन्दुरुक्क-तुरुक्क-धूवगंधुत्तमाणविद्धं धूमवट्टिं विणिम्मुयंतं वेरुलियामयं कडुच्छुयं पग्गहित्तु पयत्तेण धूवं दाऊण जिणवराणं अट्ठसय विसुद्ध गंथजुत्तेहिं महावित्तेहिं अत्थजुत्तेहिं अपुणरुत्तेहिं संथुणइ, संथुणित्ता सत्तट्ठपयाइं ओसरइ, ओसरित्ता वामं जाणुं अंचेइ, अंचित्ता दाहिणं जाणुं धरणियलंसि णिवाडेइ, णिवाडित्ता तिक्खुत्तो मुद्धाणं धरणियलंसि णमेइ, णमित्ता ईसिं पच्चुण्णमइ, पच्चुण्णमित्ता कडय-तुडिय थंभियाओ भुयाओ पडिसाहरइ, पडिसाहरित्ता करयलपरिग्गहियं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु एवं वयासी—

—पूजा करके चन्द्रकान्त, वज्र और वैडूर्य रत्नमय विमल दंड वाले, स्वर्ण मणि और रत्नों से बने हुए चित्रामों से चित्रित श्रेष्ठ कालागुरु, कुन्दरुष्क, तुरुष्क, धूप की उत्तम गंध से युक्त, धूमवर्तिका को छोड़ रहे, ऐसे वज्ररत्न से बने हुए धूप-कडुच्छुक को लेकर सावधानीपूर्वक उसमें धूप का प्रक्षेप करके विशुद्ध रचना से युक्त सार्थक, अपुनरुक्त ऐसे एक सौ आठ उत्तम छन्दों द्वारा स्तुति की, स्तुति करके सात-आठ पैर आगे सरक गया, सरक कर बायाँ घुटना ऊपर उठाया, बायाँ घुटना ऊपर उठाकर दाहिना घुटना जमीन पर टिकाया, टिकाकर तीन बार मस्तक को पृथ्वी तल पर झुकाया, नमाया, मस्तक को नमाकर फिर कुछ ऊँचा उठा, ऊँचा उठकर कटकों और त्रुटितों से स्तंभित भुजाओं को समेटा—एकत्रित किया, एकत्रित करके दोनों हाथों को जोड़ मस्तक पर आवर्त करके अंजलिपूर्वक उसने इस प्रकार कहा—

"णमोऽत्थु अरिहंताणं भगवंताणं-जाव-सिद्धिगइ णामधेयं

"अरिहन्त भगवन्तों—**यावत्**—सिद्धगति नामक स्थान को

ठाणं संपत्ताणं'' ति कट्टु वंदइ णमंसइ[1] वंदित्ता णमंसित्ता जेणेव सिद्धायतणस्स बहुमज्झदेसभाए तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता दिव्वाए उदगधाराए अब्भुक्खइ, अब्भुक्खित्ता सरसेणं गोसीसचंदणेणं पंचंगुलितलेणं मंडलं आलिहइ, आलिहित्ता वच्चए दलयइ, दलइत्ता कयग्गाहग्गहिय करयल-पब्भट्ठ विमुक्केणं दसद्धवण्णेणं कुसुमेणं मुक्कपुप्फ-पुञ्जोवयारकलियं करेइ, करित्ता धूवं दलयइ ।

प्राप्त भगवन्तों को मेरा नमस्कार हो, ऐसा कहकर उसने वन्दन और नमस्कार किया, वन्दना, नमस्कार करके जहाँ सिद्धायतन का मध्यातिमध्य भाग है, वहाँ आया, वहाँ आकर दिव्य उदक-धारा—जलधारा से सिंचन किया, सिंचन करके सरस गोशीर्ष चन्दन से हाथों को लिप्त करके मंडल का आलेखन किया, आलेखन करके अर्चना की, अर्चना करके केशपाश को झेलने जैसे हाथों में से गिरे हुए पुष्पों को छोड़कर शेष पंचरंगे उन्मुक्त खिले हुए पुष्पों के पुंज करके पूजा की, पूजा करके धूप जलाई ।

दलयित्ता जेणेव सिद्धाययणस्स दाहिणिल्ले दारे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता लोमहत्थयं गेण्हइ, गेण्हित्ता दार-चेडीयाओ य सालभंजियाओ य बालरूवए य लोमहत्थएणं पमज्जइ, पमज्जित्ता बहुमज्झदेसभाए सरसेणं गोसीस चंदणेणं पंचंगुलितलेणं अणुलिंपइ, चच्चए दलयइ, दलइत्ता पुप्फारुहणं -जाव-आभरणारुहणं करेइ, करित्ता आसत्तोसत्तविउल वट्ट वग्घारिय-मल्ल-दाम-कलावं करेइ, कयग्गाहग्गहिय करयल-पब्भट्ठविमुक्केणं दसद्धवण्णेणं कुसुमेणं मुक्क पुप्फ पुञ्जोवयार कलियं करेइ, करेत्ता, धूवं दलयइ, दलइत्ता जेणेव मुहमंड-वस्स बहुमज्झदेसभाए तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता लोम-हत्थेणं पमज्जइ, पमज्जित्ता दिव्वाए उदगधाराए अब्भुक्खेइ, अब्भुक्खित्ता सरसेणं गोसीसचंदणेणं पंचंगुलितलेणं मंडलगं आलिहइ, आलिहित्ता चच्चए दलयइ, दलइत्ता कयग्गाहग्ग-हिय-करयलपब्भट्ठ-विमुक्केणं दसद्धवण्णेणं कुसुमेणं मुक्क पुप्फ पुञ्जोवयारकलियं करेइ, करित्ता धूवं दलयइ ।

धूप जलाकर जहाँ सिद्धायतन का दक्षिण द्वार था, वहाँ आया, आकर मयूरपिच्छी को लिया, मयूरपिच्छी को लेकर द्वार चेटिकारूप-ड्योढ़ीदार शाल भंजिकाओं-काष्ठ पुतलियों और व्याल रूपों का मयूरपिच्छी से प्रमार्जन किया, प्रमार्जन करके अतिमध्य देश भाग में सरस गोशीर्ष चन्दन से पाँचों अंगुलियों के थापे लगाये, थापे लगाकर अर्चना की, अर्चना करके पुष्पों को चढ़ाया—**यावत्**—आभरणों को चढ़ाया, पुष्पों आदि को चढ़ाकर ऊपर से नीचे लटकती हुई ऐसी लम्बी वर्तुलाकार मालाओं को पहनाकर केशपाश को ग्रहण करने रूप हाथ के आकार में से गिरे हुए पुष्पों को छोड़कर शेष पंचरंगे उन्मुक्त खिले हुए पुष्पों के पुंज करके पूजा की, पूजा करके धूप जलाई, धूप जलाकर जहाँ मुख मंडप का मध्य भाग था, वहाँ आया, वहाँ आकर मयूरपिच्छी से प्रमार्जन किया, प्रमार्जन करके दिव्य जलधारा से सिंचन करके सरस गोशीर्ष चन्दन से हाथों को लिप्त करके मंडल का आलेखन किया, आलेखन करके अर्चना की, अर्चना करके केशपाश ग्रहण करने रूप हाथों के आकार से गिरे हुए पंचरंगी पुष्पों को छोड़कर शेष खिले हुए पुष्प पुंजों से पूजा की, पूजा करके धूप प्रक्षेप किया ।

दलइत्ता जेणेव मुहमंडवस्स पच्चत्थिमिल्ले दारे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता लोमहत्थगं गेण्हइ, गेण्हित्ता दार-चेडीओ य सालभंजियाओ य बालरूवए य लोमहत्थगेण पमज्जइ, पमज्जित्ता दिव्वाए उदगधाराए अब्भुक्खेइ, अब्भु-क्खित्ता सरसेणं गोसीसचंदणेणं पंचंगुलितलेणं मंडलगं आलिहइ, आलिहित्ता चच्चए दलयइ, दलयित्ता आसत्तोसत्त विउल वट्ट वग्घारिय मल्लं दामकलावं करेइ, करित्ता कयग्गाहगहिय करयल पब्भट्ठ विमुक्केणं दसद्धवण्णेणं कुसुमेणं मुक्क पुप्फ पुञ्जोवयारकलियं करेइ, करित्ता धूवं दलयइ ।

धूप प्रक्षेपण करके जहाँ मुख मंडप का पश्चिमी द्वार था, वहाँ आया, वहाँ आकर मयूरपिच्छी को लिया, मयूरपिच्छी को लेकर द्वार चेटिका रूप शालभंजिकाओं और व्याल रूपों का मयूरपिच्छी से प्रमार्जन किया, प्रमार्जन करके दिव्य जलधारा से सिंचन किया, सिंचन करके सरस गोशीर्ष चन्दन से हाथों को लिप्त कर मंडल-मांडना बनाया, मांडना बनाकर अर्चना की, अर्चना करके ऊपर से नीचे तक लटकती हुई लम्बी गोल मालाओं को पहनाया, पहनाकर केशपाश झेलने रूप हाथों के आकार विशेष से गिरे हुए पुष्पों को छोड़कर शेष पंचवर्णीय खिले हुए पुष्पों के पुंज द्वारा पूजा की, पूजा करके धूपदान में धूप जलाई ।

---

१ विजय देव के इस वर्णन में जिनप्रतिमाओं का और उनकी पूजा का विस्तृत वर्णन है। यह वर्णन आचारांग प्रथम श्रुतस्कन्ध के प्रथम अध्ययन में प्रतिपादित अहिंसा विधान से सर्वथा विपरीत है क्योंकि जिन पूजा में धूप, दीप, पुष्प आदि का प्रयोग निरवद्य नहीं है और सावद्य आराधना से जन्म, जरा, मरण के दुःखों से मुक्तिरूप-निर्वाण असंभव है। बहुत संभव है, जैन परम्परा में भक्तिमार्ग की स्थापना एवं सुव्यवस्था के लिए चैत्यवासी आचार्यों ने ऐसे वर्णन किये हैं ।

दलइत्ता जेणेव मुहमंडवगस्स उत्तरिल्ला णं खंभपंती तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता लोमहत्थगं परामूसति सालभंजियाओ दिव्वाए उदगधाराए सरसेणं गोसीसचंदणेणं पुप्फारुहणं-जाव-**आसत्तोसत्त**–जाव–**मुक्क–पुप्फ–पुञ्जोवयारकलियं करेइ ;**

धूप जलाकर जहां मुखमंडप की उत्तरदिशावर्ती स्तम्भ पंक्ति थी, वहाँ आया, वहाँ आकर मयूरपिच्छी से शालभंजिकाओं आदि का प्रमार्जन किया, दिव्य जलधारा का सिंचन किया, सरस गोशीर्ष चन्दन से मंडल बनाया, पुष्प चढ़ाये – **यावत्**—लम्बी मालायें पहनाईं—**यावत्**—उन्मुक्त, खिले हुए पुष्प पुंजों से पूजा की, पूजा करके धूप जलाई ;

करित्ता धूवं दलयइ, दलइत्ता जेणेव मुहमंडवस्स पुरित्थिमिल्ले दारे तं चेव सव्वं भाणियव्वं जाव दारस्स अच्चणिया, जेणेव दाहिणिल्ले दारे तं चेव ।

धूप जलाकर जहाँ मुखमंडप का पूर्वी द्वार था वहाँ आया, **इत्यादि उसका सर्व वर्णन पहले किये गये वर्णन के अनुसार—यावत्—द्वार की अर्चना की; पद तक करना चाहिये, तत्पश्चात् दक्षिण द्वार का भी इस प्रकार वर्णन करना चाहिये।**

२०६. जेणेव पेच्छाघरमंडवस्स बहुमज्झदेसभाए, जेणेव वइरामए अक्खाडए, जेणेव मणिपेढिया, जेणेव सीहासणे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता लोमहत्थगं गिण्हइ, गिण्हित्ता अक्खाडगं च सीहासणं च लोमहत्थगेण पमज्जइ, पमज्जित्ता दिव्वाए उदगधाराए अब्भुक्खेइ, अब्भुक्खित्ता पुप्फारुहणं-जाव-**धूवं दलयइ ।**

२०६. जहाँ प्रेक्षागृह मंडप का अतिमध्य देशभाग था, जहाँ वज्ररत्नों का बना अखाड़ा था, जहाँ मणिपीठिका थी, जहाँ सिंहासन था, वहाँ आया, वहाँ आकर मयूरपिच्छिका ली, मयूरपिच्छिका लेकर अक्षवाटक अखाड़े-व्यायामशाला, और सिंहासन का प्रमार्जन किया, प्रमार्जन करके दिव्य जलधारा से सिंचन किया, सिंचन करके पुष्प चढ़ाये – **यावत्**—धूप जलाई ।

जेणेव पेच्छाघर मंडव-पच्चत्थिमिल्ले दारे दारच्चणिया ।

जहाँ प्रेक्षागृह मंडप का पश्चिमी द्वार था वहाँ आया, **इत्यादि द्वार-अर्चना का वर्णन पूर्व की तरह यहाँ भी करना चाहिये ।**

उत्तरिल्ला खंभपंती तहेव, पुरित्थिमिल्ले दारे तहेव, जेणेव दाहिणिल्ले दारे तहेव ।

इसी प्रकार से उत्तर दिग्वर्ती स्तम्भ पंक्ति का भी पूर्व दिशा के द्वार का भी वर्णन करना चाहिये, जहाँ दक्षिणी द्वार था, उसका भी इसी प्रकार समस्त वर्णन कर लेना चाहिये ।

२०७. जेणेव चेइयथूभे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता लोमहत्थगं गेण्हइ, गेण्हित्ता चेइयथूभं लोमहत्थएणं पमज्जइ, पमज्जित्ता दिव्वाए उदगधाराए; सरसेणं गोसीसचंदणेण; पुप्फारुहणं, आसत्तोसत्त० जाव धूवं दलयइ ।

२०७. जहाँ चैत्य स्तम्भ था, वहाँ आया, वहाँ आकर मयूरपिच्छी को लिया, लेकर उस मयूरपिच्छी से चैत्य स्तम्भ का प्रमार्जन किया, प्रमार्जन करके दिव्य उदगधारा से सिंचन किया, सरस गोशीर्ष चन्दन से माँडना मांडा, पुष्प चढ़ाये, अच्छी बड़ी लटकती हुई मालाओं को पहनाया—**यावत्**—धूप जलाई ।

२०८. जेणेव पच्चत्थिमिल्ला मणिपेढिया—जेणेव जिण-पडिमा तेणेव उवागच्छइ, जिणपडिमाए आलोए पणामं करेइ, करित्ता लोमहत्थगं गेण्हइ, गेण्हित्ता तं चेव सव्वं जं जिणपडिमाणं जाव सिद्धिगइनामधेयं ठाणं संपत्ताणं वंदइ णमंसइ ।

२०८. जहाँ पश्चिम दिशावर्ती मणिपीठिका थी, जहाँ जिनप्रतिमा थी वहाँ आया, आकर जिनप्रतिमा के दर्शन कर प्रणाम किया, प्रणाम करके मयूरपिच्छी को लिया, लेकर **इत्यादि जिनप्रतिमा सम्बन्धी समग्र वर्णन—यावत्—सिद्धगति नामक स्थान को प्राप्त भगवन्तों को वन्दना नमस्कार किया, इस पद तक पूर्व की तरह कहना चाहिये ।**

एवं उत्तरिल्लाए वि ; एवं पुरित्थिमिल्लाए वि० एवं दाहिणिल्लाए वि; ।

इसी प्रकार से उत्तर दिशा भाग का भी पूर्व दिग्भाग का भी और दक्षिण दिशा भाग का भी वर्णन करना चाहिये ।

२०९. जेणेव चेइयरुक्खा दारविही य मणिपेढिया, जेणेव महिंदज्झए दारविही ।

२०९. जहाँ चैत्यवृक्ष थे, द्वार थे, मणिपीठिका थी, तथा माहेन्द्र ध्वज और द्वार थे, **उस सम्बन्धी विधान आदि का वर्णन पूर्व के समान करना चाहिये ।**

जेणेव दाहिणिल्ला णंदा पुक्खरिणी तेणेव उवागच्छइ, लोमहत्थगं गेण्हइ, चेइयाओ य, तिसोवाणपडिरूवए य, तोरणे य, सालभंजियाओ य, बालरूवए य लोमहत्थएण पमज्जइ, पमज्जित्ता दिव्वाए उदगधाराए सिंचइ, सरसेणं गोसीसचंदणेणं अणुलिंपइ, अणुलिंपित्ता पुप्फारुहणं जाव धूवं दलयइ दलयित्ता **सिद्धायतणं अणुप्पयाहिणं करेमाणे जेणेव उत्तरिल्ला णंदापुक्खरिणी तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता** तहेव महिंदज्झया, चेइयरुक्खो, चेइयथूभे, पच्चित्थिमिल्ला, मणिपेढिया, जिणपडिमा एवं उत्तरिल्ला पुरत्थिमिल्ला, दक्खिणिल्ला।

पेच्छाघरमंडवस्स वि तहेव, जहा दक्खिणिल्लस्स पच्चत्थिमिल्ले दारे-जाव-दक्खिणिल्ला णं खंभपंती, मुहमंडस्स वि तिण्हं दाराणं अच्चणिया भणिऊणं दक्खिणिल्लाणं खंभपंती।

उत्तरे दारे, पुरच्छिमे दारे, सेसं तेणेव कमेण-जाव-पुरत्थिमिल्ला णंदा पुक्खरिणी जेणेव सभा सुहम्मा तेणेव पहारेत्थ गमणाए।

२१०. **तए णं तस्स विजयस्स चत्तारि सामाणिय साहस्सीओ**— [एयप्पभिइं जाव सव्विड्ढीए जाव णाइयरवेणं जेणेव सभा सुहम्मा तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता तं णं सभं सुहम्मं अणुप्पयाहिणी करेमाणे करेमाणे पुरत्थिमिल्लेणं दारेणं अणुपविसइ, अणुपविसित्ता आलोए जिणसकहाणं पणामं करेइ, करित्ता जेणेव मणिपेढिया जेणेव माणवकचेइयखंभे, जेणेव वइरामया गोलवट्ट-समुग्गका तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता लोमहत्थयं गेण्हइ, गेण्हित्ता वइरामए गोलवट्टसमुग्गए लोमहत्थएणं पमज्जइ, पमज्जित्ता वइरामए गोलवट्टसमुग्गए विहाडेइ, विहाडित्ता जिणसकहाओ लोमहत्थएणं पमज्जइ, पमज्जित्ता सुरभिणा गंधोदएणं तिसत्तखुत्तो जिणसकहाओ पक्खालेइ, पक्खालित्ता सरसेणं गोसीसचंदणेणं अणुलिंपइ, अणुलिंपित्ता अग्गेहिं वरेहिं गंधेहिं मल्लेहिं य अच्चिणइ, अच्चिणित्ता धूवं दलयइ, दलयित्ता वइरामएसु गोलवट्टसमुग्गएसु पडिणिक्खवेइ, पडिणिक्खवित्ता माणवकं चेइयखंभं लोमहत्थएणं पमज्जइ, पमज्जित्ता दिव्वाए उदगधाराए अब्भुक्खेइ, अब्भुक्खित्ता सरसेणं गोसीस चंदणेणं चच्चए दलयइ, दलयित्ता पुप्फारुहणं-जाव-आसत्तोसत्त० कयग्गाइ० धूवं दलयइ, दलयित्ता जेणेव सभाए सुहम्माए बहुमज्झदेसभाए तं चेव जेणेव सीहासणे तेणेव जहा दारच्चणिया।

तत्पश्चात् जहाँ दक्षिण दिग्भाग की नन्दापुष्करिणी थी वहां आया, आकर मयूरपिच्छी ली और उस मयूरपिच्छी से चैत्यों का, त्रिसोपान, प्रतिरूपकों का, तोरणों का शालभंजिकाओं का और व्याल रूपों का प्रमार्जन किया, प्रमार्जन करके दिव्य उदकधारा से सींचा, सरस गोशीर्ष चन्दन से लेप किया, लेप करके पुष्प चढ़ाये—**यावत्**—धूप जलाई, धूप जलाकर सिद्धायतन की प्रदक्षिणा करते हुए जहाँ उत्तरदिशा की नन्दा पुष्करिणी भी वहाँ आया, वहाँ आकर उसी प्रकार से माहेन्द्र ध्वज, चैत्यवृक्ष, चैत्यस्तम्भ, पश्चिम दिशा की मणिपीठिका, जिनप्रतिमा आदि का वर्णन करना चाहिये, **तथा उसी प्रकार से उत्तर पूर्व और दक्षिण दिशा सम्बन्धी द्वार, स्तम्भ, मुखमंडप, अर्चना आदि का वर्णन पूर्ववत् कहना चाहिए।**

प्रेक्षागृह मंडपों का भी उसीप्रकार वर्णन करना चाहिए जैसा दक्षिण और पश्चिम दिशाओं के द्वारों का—यावत्—दक्षिण दिशा की स्तम्भ पंक्ति, मुखमंडप का भी और तीनों द्वारों की अर्चना कहनी चाहिए, दक्षिण दिशा की स्तम्भ पंक्ति।

उत्तर द्वार, पूर्व द्वार का—यावत्—पूर्व दिशा की नंदा पुष्करिणी का शेष वर्णन पूर्व क्रमानुसार करना चाहिए। तत्पश्चात् जहाँ सुधर्मा सभा थी उसी ओर चलने को उद्यत हुआ।

२१०. तत्पश्चात् उस विजयदेव के चार हजार सामानिक देव [आदि—**यावत्**—सर्व ऋद्धि—**यावत्**—वाद्यध्वनिघोषों के साथ जहाँ सुधर्मा सभा थी वहाँ आये; वहाँ आकर सुधर्मा सभा की प्रदक्षिणा करते हुए पूर्वी द्वार से प्रवेश किया, प्रवेश करके जिनास्थियों के दर्शन कर प्रणाम किया, प्रणाम करके जहाँ मणिपीठिका थी जहाँ माणवक चैत्य-स्तम्भ था, जहाँ वज्र रत्नमय गोल-गोल समुद्गक थे, वहाँ आये, वहाँ आकर मयूरपिच्छी को लिया, मयूरपिच्छी को लेकर गोल वर्तुलाकार समुद्गकों का प्रमार्जन किया, प्रमार्जन करके वज्ररत्नमय गोल-गोल समुद्गकों को खोला, खोलकर मयूरपिच्छिका से जिनास्थियों का प्रमार्जन किया, प्रमार्जन करके सुगन्धित गन्धोदक से जिनास्थियों का इक्कीस बार प्रक्षालन किया, प्रक्षालन करके सरस गोशीर्ष चन्दन का लेप किया, लेप करके सर्वोत्तम श्रेष्ठ गंध और मालाओं से अर्चना की, अर्चना करके धूप जलाई, धूप जलाकर वापस वज्ररत्नमय गोल समुद्गकों में उन्हें रखा, उन्हें वापस रखकर माणवक चैत्य स्तम्भ का मयूरपिच्छी से प्रमार्जन किया, प्रमार्जन करके दिव्य जल की धारा से सींचा, सींचकर सरस गोशीर्ष चन्दन से चर्चित किया—थापे लगाये, थापे लगाकर पुष्प चढ़ाये—**यावत्**—लटकती हुई लम्बी मालायें पहनाई, हाथों में लिये हुए विकसित पचरंगे फूलों के पुंजों से पूजा की, धूप जलाई धूप जलाकर जहाँ सुधर्मा सभा का अन्तिम मध्यभाग था, जहाँ सिंहासन था, वहाँ आये, **जैसे पूर्व में द्वार अर्चना की उसी प्रकार यहाँ कहना चाहिये।**

जेणेव देवसयणिज्जे तं चेव जेणेव खुड्डागे माहिंदज्झए तं चेव ।

जहाँ देवशय्या थी, जहाँ क्षुद्र, माहेन्द्रध्वज था, इत्यादि वर्णन पूर्व के समान वहाँ समझना चाहिये ।

२११. जेणेव पहरणकोसे चोप्पाले तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता पत्तेयं पत्तेयं पहरणाइं लोमहत्थएणं पमज्जइ, पमज्जित्ता सरसेणं गोसीसचंदणेणं तहेव सव्वं सेसंपि दक्खिणदारं आदिकाउं तहेव णेयव्वं जाव पुरित्थिमिल्ला णंदा पुक्खरिणी सव्वाणं सभाणं जहा सुहम्माए सभाए तहा अच्चणिया उववाय सभाए । णवरं-देवसयणिज्जस्स अच्चणिया सेसासु सीहासणाण अच्चणिया हरयस्स जहा णंदाए पुक्खरिणीए अच्चणिया ।

२११. जहाँ प्रहरणकोश (आयुधशाला) था, चौपाल थी, वहाँ आया, वहाँ आकर प्रत्येक प्रहरण (शस्त्र) को मयूरपिच्छी से पोंछा, पोंछकर सरस गोशीर्ष चन्दन से चर्चित किया, **इत्यादि शेष वर्णन कर लेना चाहिये, दक्षिण द्वार आदि द्वारों का—यावत्—पूर्व दिशा की नन्दा पुष्करिणी तक सभी सभाओं का सुधर्मा सभा जैसा तथा अर्चना आदि का वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिये, उपपातसभा का भी ऐसा ही वर्णन करना चाहिये,** विशेष वहाँ देवशय्या की अर्चना **तथा शेष सभाओं में सिंहासनों की अर्चना तथा ह्रदों की अर्चना नन्दा पुष्करिणी की अचना के समान समझना चाहिये ।**

ववसायसभाए पोत्थयरयणं लोमहत्थएणं दिव्वाए उदगधाराए सरसेणं गोसीसचंदणेणं अणुलिंपइ, अग्गेहिं वरेहिं गंधेहिं य मल्लेहिं य अच्चिणइ अच्चिणित्ता सीहासणं लोमहत्थएणं **पमज्जइ** जाव **धूवं दलयइ ।**

तत्पश्चात् व्यवसाय सभा में आकर मयूरपिच्छिका से पुस्तक रत्न का प्रमार्जन किया, दिव्य जलधारा को सींचा, सींचकर सरस गोशीर्ष चन्दन का लेप किया, सर्वोत्तम श्रेष्ठ गंधद्रव्यों और मालाओं से अर्चना की, अर्चना करके मयूरपिच्छी से सिंहासन का प्रमार्जन किया—**यावत्**— धूप जलाई ।

सेसं तं चेव णंदाए जहा हरयस्स तहा

नन्दा पुष्करिणी के वर्णन की तरह ह्रदों का शेष वर्णन पूर्व के समान समझ लेना चाहिये ।

२१२. जेणेव बलिपीढं तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता अभिओगे देवे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी—

२१२. तत्पश्चात् जहाँ बलिपीठ थी, वहाँ आया, आकर आभियोगिक देवों को बुलाया और बुलाकर उनसे इस प्रकार कहा—

"खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! विजयाए रायहाणीए सिंघाडगेसु य, तिएसु य, चउक्केसु य, चच्चरेसु य, चउमुहेसु य, महापहपहेसु य, पासाएसु य, पागारेसु य, अट्टालएसु य, चरियासु य, दारेसु य, गोपुरेसु य, तोरणेसु य, बावीसु य, पुक्खरिणीसु य,-जाव-बिलपंतियासु य, आरामेसु य, उज्जाणेसु य, काणणेसु य, वणेसु य, वणसंडेसु य, वणराईसु य, अच्चणियं करेह, करेत्ता ममेयमाणत्तियं खिप्पामेव पच्चप्पिणह ।

"हे देवानुप्रियो ! तुम लोग शीघ्र ही विजया राजधानी के शृंगाटकों, त्रिकों, चतुष्कों, चौकों, चतुर्मुखों, राजमार्गों और मार्गों, प्रासादों, प्राकारों, अट्टालिकाओं, चरिकाओं (दुर्ग और नगर के बीच का मार्ग) द्वारों, गोपुरों, तोरणों, वापिकाओं, पुष्करिणियों—**यावत्**—बिलपंक्तियों (कूप-कुंआ) आरामों, उद्यानों काननों, वनों, वनखंडों और वनराजियों में जाकर अर्चना करो, अर्चना करके आज्ञानुसार कार्य सम्पन्न होने की शीघ्र सूचना दो ।

२१३. तए णं ते आभिओगिया देवा विजएणं देवेणं एवं वुत्ता समाणा -जाव-हट्ठतुट्ठा विणएणं पडिसुणेंति, पडिसुणित्ता विजयाए रायहाणीए सिंघाडगेसु य-जाव-अच्चणियं करेत्ता जेणेव विजए देवे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता एयमाणत्तियं पच्चप्पिणंति ।

२१३. तत्पश्चात् विजयदेव के द्वारा इस प्रकार से कहे जाने पर उन आभियोगिक देवों ने—**यावत्**—हृष्ट-तुष्ट होकर विनयपूर्वक स्वीकार किया, स्वीकार करके विजया राजधानी के शृंगाटकों आदि में आये—**यावत्**—अर्चना करके जहाँ विजयदेव था, वहाँ आये और वहाँ आकर आज्ञानुसार कार्य सम्पन्न होने की सूचना देते हैं ।

२१४. तए णं से विजए देवे तेसि णं आभिओगियाणं देवाणं अंतिए एयमट्ठं सोच्चा णिसम्म हट्ठतुट्ठ चित्तमाणंदिय-जाव-हयहियए जेणेव णंदापुक्खरिणी तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता पुरत्थिमिल्लेणं तोरणेणं-जाव-हत्थ-पायं पक्खालेइ, पक्खालित्ता

२१४. तदनन्तर वह विजय देव इन आभियोगिक देवों की इस बात को सुनकर और अवधारित कर हृष्ट-तुष्ट और आनन्दित होता हुआ—**यावत्**—हर्षोल्लासपूर्वक जहाँ नन्दा पुष्करिणी थी वहाँ आया, वहाँ आकर पूर्व दिशावर्ती तोरण से—**यावत्**—हाथ-

आयंते चोक्खे परमसुइभूए णंदा पुक्खरिणीओ पच्चुत्तरइ, पच्चुत्तरित्ता जेणेव सभा सुहम्मा तेणेव पहारेत्थ गमणाए ।

पैरों का प्रक्षालन किया, प्रक्षालन करके आचमन-कुल्ला आदि करने से अत्यन्त स्वच्छ-शुद्ध परम शुचिभूत होकर नन्दा पुष्करिणी से वापस बाहर आया, बाहर आकर जहाँ सुधर्मा सभा थी उसी ओर चलने को उद्यत हुआ ।

२१५. तए णं से विजए देवे चउहिं सामाणिय साहस्सीहिं-जाव-सोलसहिं आयरक्खदेवसाहस्सीहिं सव्विड्ढीए-जाव-निग्घोस नाइयरवेणं जेणेव सभा सुहम्मा तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सभं सुहम्मं पुरित्थिमिल्लेणं दारेणं अणुपविसइ, अणुपविसित्ता जेणेव मणिपेढिया तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सीहासण वरगए पुरच्छाभिमुहे सण्णिसण्णे ।

—जीवा० प० ३, उ० २, सु० २४२

२१५. तदनन्तर वह विजयदेव चार हजार सामानिक देवों—यावत्—सोलह हजार आत्मरक्षक देवों सहित अपनी समस्त ऋद्धि—यावत्—वाद्यों की घोष ध्वनिपूर्वक जहाँ सुधर्मा सभा थी वहाँ आकर पूर्व दिग्वर्ती द्वार से सुधर्मा सभा में प्रविष्ट हुआ, प्रवेश करके जहाँ मणिपीठिका थी, वहाँ आया, वहाँ आकर पूर्व दिशा की ओर मुख करके उस श्रेष्ठ सिंहासन पर बैठ गया ।

सुहम्माए सभाए विजयदेवस्स सपरिक्करणिसीयणं—

सुधर्मा सभा में विजयदेव का सपरिकर बैठना—

२१६. तए णं तस्स विजयस्स देवस्स चत्तारि सामाणिय-साहस्सीओ अवरुत्तरेणं उत्तरेणं उत्तर-पुरत्थिमेणं पत्तेयं पत्तेयं पुव्वणत्थेसु भद्दासणेसु णिसीयंति ।

२१६. तत्पश्चात् उस विजयदेव के चार हजार सामानिक देव पश्चिम-उत्तर, उत्तर-पूर्व दिशा—ईशानकोण में पहले से अलग-अलग रखे हुए प्रत्येक भद्रासन पर अनुक्रम से आकर बैठ गये ।

२१७. तए णं तस्स विजयस्स देवस्स चत्तारि अग्गमहिसीओ पत्तेयं पत्तेयं पुव्वणत्थेसु भद्दासणेसु णिसीयंति ।

२१७. तत्पश्चात् उस विजय देव की चार अग्रमहिषियाँ पूर्व दिशा में पहले से रखे हुए एक-एक भद्रासन पर आकर बैठ गईं ।

२१८. तए णं तस्स विजयस्स देवस्स दाहिणपुरत्थिमेणं अब्भितरियाए परिसाए अट्ठ देवसाहस्सीओ पत्तेयं पत्तेयं पुव्वणत्थेसु भद्दासणेसु णिसीयंति ।

२१८. तदनन्तर उस विजयदेव की आभ्यन्तरिक परिषदा के आठ हजार देव दक्षिण-पूर्व दिशा—आग्नेय कोण में पहले से ही रखे हुए अलग-अलग एक-एक भद्रासन पर बैठ गये ।

२१९. एवं दक्खिणेणं मज्झिमियाए परिसाए दसदेवसाहस्सीओ जाव णिसीयंति ।

२१९. इसी प्रकार से मध्यम परिषदा के दस हजार देव दक्षिण दिशा में—यावत् बैठ गये ।

२२०. एवं दाहिण-पच्चत्थिमेणं बाहिरियाए परिसाए बारस देवसाहस्सीओ जाव णिसीयंति ।

२२०. इसी प्रकार से दक्षिण-पश्चिम दिशा—नैऋत्य कोण में बाह्य परिषदा के बारह हजार देव—यावत्—बैठ गये ।

२२१. तए णं तस्स विजयस्स देवस्स पच्चत्थिमेणं सत्त अणियाहिवती पत्तेयं पत्तेयं पुव्वणत्थेसु भद्दासणेसु णिसीयंति ।

२२१. इसके बाद उस विजयदेव के सात अनीकाधिपति पश्चिम दिशा में पहले से रखे हुए एक-एक भद्रासन पर बैठ गये ।

२२२. तए णं तस्स विजयस्स देवस्स पुरत्थिमेणं दाहिणेणं पच्चत्थिमेणं उत्तरेणं सोलस आयरक्खदेवसाहस्सीओ पत्तेयं पत्तेयं पुव्वणत्थेसु भद्दासणेसु णिसीयंति । तं जहा—पुरत्थिमेणं चत्तारि आयरक्खदेवसाहस्सीओ पत्तेयं पत्तेयं पुव्वणत्थेसु भद्दासणेसु णिसीयंति । एवं जाव उत्तरेणं ।

२२२. तदनन्तर उस विजय देव के सोलह हजार आत्मरक्षक देव पूर्व दिशा में, दक्षिण दिशा में, पश्चिम दिशा में, और उत्तर दिशा में पहले से रखे हुए एक-एक भद्रासन पर बैठ गये, यथा—चार हजार आत्मरक्षक देव पहले से ही पूर्व दिशा में अलग-अलग रखे हुए प्रत्येक भद्रासन पर बैठे, इसी प्रकार से—यावत्—उत्तरदिशा में पूर्व से रखे हुए प्रत्येक भद्रासन पर बैठे ।

तेणं आयरक्खा सन्नद्ध-बद्ध-वम्मिय-कवया, उप्पीलिय-सरासण-पट्टिया, पिणद्ध-गेवेज्ज-विमलवर-चिंधपट्टा, गहिया-

वे आत्मरक्षक देव अच्छी तरह कसकर शरीर पर बख्तर बाँधे हुए थे, उनके हाथों में शरासनपट्टिका (धनुष खींचने के समय हाथ की रक्षा के लिये बाँधा जाता चमड़े का पट्टा) बँधी हुई थी, गले में सुभट चिह्नपट रूप विमल और श्रेष्ठ ग्रैवेयक—हार रखा था, हाथों में प्रहार करने हेतु आयुध—शस्त्र लिये हुए थे, तीन स्थानकों (आदि, मध्य और अन्तरूप तीन स्थानों) में

उहपहरणा, तिणयाइं तिसंधीणि, वइरामया कोडीणि, धणूइं अहिगिज्झ परियाइय कंडकलावा णीलपाणिणो, पीयपाणिणो, रत्त-पाणिणो, चाव-पाणिणो, चारु-पाणिणो, चम्म-पाणिणो, खग्ग-पाणिणो, देउ-पाणिणो, पास-पाणिणो,

नत, तीन सन्धियों वाले और वज्रमय कोटि (अग्रभाग) वाले ऐसे विशिष्ट धनुष बाण और तूणीर लिये थे, कितनेक आत्मरक्षक देव हाथ में नीले-नीले बाण, कितनेक पीले-पीले और कितनेक रक्त वर्ण के बाण लिये हुए थे, कितनेक देव हाथों में धनुष लिये हुए थे, कितनेक चारु—शस्त्र विशेष, कितनेक चर्म (चमड़े से बना कोड़ा), कितनेक खड्ग (तलवार), कितनेक दंड, कितनेक पाश (जाल) लिये हुए थे।

णील–पीय-रत्त-चाव–चारु-चम्म–खग्ग–दंड–पासवरधरा, आयरक्खा रक्खोवगा गुत्ता, गुत्तपालिया, जुत्ता-जुत्तपालिया पत्तेयं पत्तेयं समयओ विणयओ किंकरभूताविव चिट्ठंति।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १४३

और कितने ही देव श्रेष्ठ नील, पीत और रक्त वर्ण के बाणों, धनुषों, चारुओं, चर्मों, तलवारों, दंडों और पाशों को लिये हुए थे, ये आत्मरक्षक देव रक्षा कार्य में निरत—तत्पर रहते हैं, गुप्त वेश में, गुप्तरूप से कार्य करते हैं, अपने योग्य सहकारियों से युक्त होते हैं, और इनकी कार्य परम्परा एक-दूसरे से जुड़ी हुई होती है, और ये प्रत्येक समय विनयपूर्वक किंकर के जैसे होकर बैठते हैं।

विजयदेवस्स सामाणियाणं देवाणं य ठिई—

विजयदेव के सामानिक देवों की स्थिति—

२२३. प०—विजयस्स णं भंते! देवस्स केवइयं कालं ठिई पण्णत्ता?

उ०—गोयमा! एगं पलिओवमं ठिई पण्णत्ता।

२२३. प्र०—हे भगवन्! विजयदेव की स्थिति कितने काल की कही गई है?

उ०—हे गौतम! विजय देव की स्थिति एक पल्योपम की कही गई है।

२२४. प०—विजयस्स णं भंते! देवस्स सामाणियाणं देवाणं केवइयं कालं ठिई पण्णत्ता?

उ०—गोयमा! एगं पलिओवमं ठिई पण्णत्ता।

एवं महिड्ढीए, एवं महज्जुईए, एवं महब्बले, एवं महायसे एवं महासुक्खे, एवं महाणुभागे विजए देवे विजए देवे।

—जीवा० प० ३, उ० २, सु० १४३

२२४. प्र०—हे भगवन्! विजय देव के सामानिक देवों की स्थिति कितने काल की कही गई है?

उ०—हे गौतम! एक पल्योपम की स्थिति कही गई है।

"इस प्रकार से विजयदेव की ऐसी महा ऋद्धि है, ऐसी महा द्युति है, ऐसा महाबल है, ऐसा महायश है, ऐसा महासुख है, और ऐसा महान् प्रभाव है।

जंबुद्दीवस्स वेजयंतं णाम दारं—

जम्बूद्वीप का वैजयन्त द्वार—

२२५. प०—कहि णं भंते! जंबुद्दीवस्स वेजयंते णामं दारे पण्णत्ते?

उ०—गोयमा! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दक्खिणेणं पणयालीसं जोयणसहस्साइं अबाहाए जंबुद्दीवदीव-दाहिण-पेरंते लवणसमुद्द दाहिणद्धस्स उत्तरेणं—एत्थ णं जंबुद्दीवस्स दीवस्स वेजयंते णामं दारे पण्णत्ते।

२२५. प्र०—हे भगवन्! जम्बूद्वीप का वैजयन्त नामक द्वार कहाँ पर कहा गया है?

उ०—हे गौतम! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मन्दर पर्वत (सुमेरु पर्वत) की दक्षिण दिशा में पैंतालीस हजार योजन आगे जाने पर जम्बूद्वीप की दक्षिणदिशा के अन्त में और लवणसमुद्र के दक्षिणार्ध से उत्तर में जम्बूद्वीप का वैजयन्त नामक द्वार कहा गया है।

अट्ठजोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, सच्चेव सव्वा वत्तव्वया जाव णिच्चे।

यह वैजयन्त द्वार आठ योजन ऊँचा है, **इत्यादि विजय द्वार के जैसी इसकी सब वक्तव्यता है—यावत्—नित्य है।**

२२६. प०—कहि णं भंते! रायहाणी?

उ०—गोयमा! दाहिणेणं-जाव-वेजयंते देवे, वेजयंते देवे।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १४४

२२६. प्र०—हे भगवन्! वैजयन्त देव की राजधानी कहाँ पर है और क्या नाम है?

उ०—गौतम! दाहिनी ओर राजधानी है, उसका नाम वैजयन्ती है, और वहाँ का अधिपति वैजयन्त नामक देव है।

जंबुद्दीवस्स जयंतं णामं दारं—

२२७. प०—**कहि णं भंते ! जंबुद्दीवस्स दीवस्स जयंते णामं दारे पण्णत्ते ?**

उ०—**गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पच्चत्थिमेण पणयालीसं जोयणसहस्साइं जंबुद्दीवपच्चत्थिमपेरंते लवणसमुद्दपच्चत्थिमद्धस्स पुरत्थिमेणं सीओदाए महाणदीए उप्पिंएत्थ णं जंबुद्दीवस्स जयंते णामं दारे पण्णत्ते ।** तं चेव से पमाणं जयंते देवे पच्चत्थिमेणं से रायहाणी जाव महिड्ढीए ।

—जीवा० प० ३, उ० १, सु० १४४

जंबुद्दीवस्स अपराइयं णामं दारं—

२२८. प०—**कहि णं भंते ! जंबुद्दीवस्स दीवस्स अपराइए णामं दारे पण्णत्ते ?**

उ०—**गोयमा ! मंदरस्स उत्तरेणं पणयालीसं जोयणसहस्साइं अबाहाए जंबुद्दीवे दीवे उत्तरपेरंते लवणसमुद्दस्स उत्तरद्धस्स दाहिणेणं-एत्थ णं जंबुद्दीवे दीवे अपराइए णामं दारे पण्णत्ते ।**

तं चेव पमाणं । रायहाणी उत्तरेणं जाव अपराइए देवे चउण्ह वि अण्णंमि जंबुद्दीवे ।[1]

—जीवा० प० ३, उ० २, सु० १४४

जंबुद्दीवस्स दारस्स दारस्स य अंतरं—

२२९. प०—**जंबुद्दीवस्स णं भंते ! दीवस्स दारस्स य दारस्स य-एस णं केवइयं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते ?**

उ०—**गोयमा ! अउणासीइं जोयणसहस्साइं बावण्णं च जोयणाइं देसूणं च अद्धजोयणं दारस्स य दारस्स य अबाहाए अंतरे पण्णत्ते ।**[2]

—जीवा० प० ३, उ० २, सु० १४५

जम्बूद्वीप का जयन्तद्वार—

२२७. प्र०—हे भगवन् ! जम्बूद्वीप का जयन्त नामक द्वार कहाँ पर कहा गया है ?

उ०—हे गौतम ! जम्बूद्वीप के मन्दर पर्वत की पश्चिम दिशा में पैंतालीस हजार योजन आगे जाने पर जम्बूद्वीप के पश्चिमान्त में और लवणसमुद्र की पूर्व दिशा में सीतोदा महानदी के ऊपर जम्बूद्वीप का जयन्त नामक द्वार कहा गया हैं । **इसके प्रमाण आदि का वर्णन विजयद्वार के वर्णन के जैसा जानना चाहिये ।** यहाँ के अधिपति का नाम जयन्त है, पश्चिम में राजधानी है—**यावत्**—महाऋद्धि वाला है ।

जम्बूद्वीप का अपराजित द्वार—

२२८. प्र०—हे भगवन् ! जम्बूद्वीप का अपराजित नामक द्वार कहाँ कहा गया है ?

उ०—हे गौतम ! मन्दर पर्वत की उत्तर दिशा में पैंतालीस हजार योजन आगे जाने पर जम्बूद्वीप की उत्तर दिशा के अन्त में और लवणसमुद्र के उत्तरार्द्ध की दक्षिण दिशा में जम्बूद्वीप का अपराजित नामक द्वार कहा गया है ।

इसके प्रमाण आदि का वर्णन विजयद्वार के वर्णन जैसा जानना चाहिये, उत्तर में राजधानी है—यावत्—अपराजित नामक देव वहाँ का अधिपति है ।

[जम्बूद्वीप के इन चारों द्वारों के विषय में अन्य जो कुछ भी विशेष वक्तव्य है, वह यहाँ कहा जाता है ।]

जम्बूद्वीप के एक द्वार से दूसरे द्वार का अन्तर—

२२९. प्र०—भगवन् ! जम्बूद्वीप के इन प्रत्येक द्वार से द्वार के बीच में कितनी दूरी का अन्तर कहा गया है ?

उ०—हे गौतम ! प्रत्येक द्वार से द्वार के बीच उन्यासी हजार और कुछ कम साढ़े बावन योजन का अबाधा—अन्तर जानना चाहिये ।



१ जंबु० व० १, सु० ७, सु० ८ । २ जंबु० व० १, सु० ९ ।
सूत्र ९ में एक गाथा अधिक है, गाहा—अउणासीइ सहस्सा, बावण्णं चेव जोअणा । ऊणं च अद्धजोअण, दारंतरं जंबुद्दीवस्स ॥

सत्त वासा (खेत्त) वण्णओ—

मणुआणं उप्पइठाणं—

२३०. प०—कहि णं भंते ! मणुस्साणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

उ०—गोयमा ! अंतोमणुस्सखेत्ते पणतालीसाए जोयणसतसहस्सेसु अड्ढाइज्जे दीवसमुद्देसु पण्णरससु कम्मभूमीसु तीसाए अकम्मभूमीसु छप्पण्णाए अंतरदीवेसु । एत्थ णं मणुस्साणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ।

उववाएणं लोयस्स असंखेज्जइभागे ।

समुग्घाएणं सव्वलोए ।

सट्ठाणेणं लोयस्स असंखेज्जइभागे ।

—पण्ण०, पद० २, सु० १७६

जंबुद्दीवे सत्तवासा—

२३१. प०—जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे कतिवासा पण्णत्ता ?

उ०—गोयमा ! सत्तवासा पण्णत्ता, तं जहा—(१) भरहे, (२) एरवए, (३) हेमवए, (४) हिरण्णवए, (५) हरिवासे, (६) रम्मगवासे, (७) महाविदेहे ।[1]

—जंबु० वक्ख० ६, सु० १२५

२३२. जंबूमंदरस्स दाहिणेणं तओ वासा पण्णत्ता, तं जहा—(१) भरहे, (२) हेमवए, (३) हरिवासे ।

२३३. जंबूमंदरस्स उत्तरेणं तओ वासा पण्णत्ता, तं जहा—(१) रम्मगवासे, (२) हिरण्णवए, (३) एरवए ।

—ठाणं० ३, उ० ४, सु० १६७

सप्त वर्ष (क्षेत्र) वर्णन—

मनुष्यों की उत्पत्ति के स्थान—

२३०. प्र०—भगवन् ! पर्याप्त और अपर्याप्त मनुष्यों के स्थान कहाँ हैं ?

उ०—गौतम ! मनुष्यक्षेत्र में हैं, पैंतालीस लाख योजन (लम्बे-चौडे) अढाई द्वीप में हैं, पन्द्रह कर्मभूमियों में, तीस अकर्मभूमियों में और छप्पन अन्तर्द्वीपों में हैं। इनमें पर्याप्त और अपर्याप्त मनुष्यों के स्थान हैं।

उपपात की अपेक्षा—लोक के असंख्यातवें भाग में उत्पन्न होते हैं।

समुद्घात की अपेक्षा—सम्पूर्ण लोक में समुद्घात करते हैं।

स्वस्थान की अपेक्षा—लोक के असंख्यातवें भाग में इनके स्थान हैं।

जम्बूद्वीप में सात क्षेत्र—

२३१. प्र०—भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में कितने वर्ष (क्षेत्र) कहे गये हैं ?

उ०—गौतम ! सात वर्ष कहे गये हैं, यथा—(१) भरत, (२) ऐरवत (३) हैमवत, (४) हैरण्यवत, (५) हरिवर्ष, (६) रम्यक्वर्ष, (७) और महाविदेह ।

२३२. जम्बूद्वीप के मेरुपर्वत से दक्षिण में तीन वर्ष (क्षेत्र) कहे गये हैं, यथा—(१) भरत, (२) हैमवत, (३) हरिवर्ष ।

२३३. जम्बूद्वीप के मेरुपर्वत से उत्तर में तीन वर्ष (क्षेत्र) कहे गये हैं, यथा—(१) रम्यक्वर्ष, (२) हैरण्यवत, (३) ऐरवत ।

---

१ (क) ठाणं ७, सु० ५५५ । (ख) सम० ७. सु० ३ । (ग) ठाणं ६, सु० ५२२ ।

जंबूद्दीवे दस खेत्ता—

२३४. **जंबुद्दीवे दीवे दस खेत्ता, पण्णत्ता, तं जहा**—(१) भरहे, (२) एरवए, (३) हेमवए, (४) हिरण्णवए, (५) हरिवासे, (६) रम्मगवासे, (७) पुव्वविदेहे, (८) अवरविदेहे, (९) देवकुरा, (१०) उत्तरकुरा।[1] —ठाणं १०, सु० ७२३

जंबुद्दीव-खेत्ताणं आयाम-विक्खंभ-परिणाहेण तुल्लत्तं—

२३५. **जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तर-दाहिणेणं दो वासा पण्णत्ता, बहुसमतुल्ला अविसेसमणाणत्ता अन्नमन्नं णाइवट्टन्ति आयाम-विक्खंभ-संठाण-परिणाहेणं, तं जहा**—(१) भरहे चेव, (२) एरवए चेव।

एवमेएणमभिलावेणं (१) हेमवए चेव, (२) हेरण्णवए चेव।

एवमेएणमभिलावेणं (१) हरिवासे चेव, (२) रम्मयवासे चेव।

२३६. **जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिम-पच्चत्थिमेणं दो खेत्ता पण्णत्ता, बहुसमतुल्ला-जाव-आयाम-विक्खंभ-संठाण-परिणाहेणं, तं जहा**—(१) पुव्वविदेहे चेव, (२) अवरविदेहे चेव।

२३७. **जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तर-दाहिणेणं दो कुराओ पण्णत्ताओ, बहुसमतुल्लाओ-जाव-आयाम-विक्खंभ-संठाण-परिणाहेणं, तं जहा—(१) देवकुरा चेव, (२) उत्तरकुरा चेव।**
—ठाणं० २, उ० ३, सु० ८६

जंबुद्दीवे पण्णरस कम्मभूमीओ—

२३८. प०—**कति णं भंते ! कम्मभूमीओ पण्णत्ताओ ?**

उ०—**गोयमा ! पण्णरसकम्मभूमीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—पंच भरहाइं, पंच एरवयाइं, पंच महाविदेहाइं।**
—भग० स० २०, उ० ८, सु० १

२३९. **जंबुद्दीवे दीवे तओ कम्मभूमीओ पण्णत्ताओ, तं जहा**—(१) भरहे, (२) एरवए, (३) महाविदेहे।

एवं धायइ संडे दीवे पुरत्थिमद्धे,
एवं धायइसंडे दीवे पच्चत्थिमद्धे,

जम्बूद्वीप में दस क्षेत्र—

२३४. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में दस क्षेत्र कहे गये हैं, यथा—(१) भरत, (२) ऐरवत, (३) हैमवत, (४) हैरण्यवत, (५) हरिवर्ष, (६) रम्यक्वर्ष, (७) पूर्वविदेह, (८) अपरविदेह, (९) देवकुरु, (१०) उत्तरकुरु।

जम्बूद्वीप का आयाम-विष्कम्भ और परिधि की अपेक्षा से क्षेत्रों का तुल्यत्व—

२३५. जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मेरुपर्वत से उत्तर और दक्षिण में दो वर्ष (क्षेत्र) कहे गये हैं—वे अधिक समान एवं तुल्य हैं, विशेषता रहित हैं, नानापन से रहित हैं, आयाम-विष्कम्भ-संस्थान तथा परिधि की अपेक्षा से एक-दूसरे का अतिक्रमण नहीं करते हैं, यथा—(१) भरत और (२) ऐरवत।

इसी प्रकार ऐसे ही अभिलापक्रम से हैमवत और हैरण्यवत हैं।

इसी प्रकार ऐसे ही अभिलापक्रम से हरिवर्ष और रम्यक् वर्ष हैं।

२३६. जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मेरुपर्वत से पूर्व और पश्चिम में दो क्षेत्र कहे गये हैं, वे अधिक समान एवं तुल्य हैं—**यावत्**—आयाम विष्कम्भ-संस्थान तथा परिधि की अपेक्षा से एक-दूसरे का अतिक्रमण नहीं करते हैं, यथा—(१) पूर्वविदेह और (२) अपरविदेह।

२३७. जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मेरुपर्वत से उत्तर और दक्षिण में दो कुरा कहे गये हैं—वे अधिक समान एवं तुल्य हैं—**यावत्**—आयाम-विष्कम्भ-संस्थान तथा परिधि की अपेक्षा से एक-दूसरे का अतिक्रमण नहीं करते हैं, यथा—(१) देवकुरु (२) और उत्तरकुरु।....

पन्द्रह कर्मभूमियाँ—

२३८. प्र०—हे भगवन् ! कर्मभूमियाँ कितनी कही गई हैं ?

उ०—हे गौतम ! कर्मभूमियाँ पन्द्रह कही गई हैं, यथा—पाँच भरत, पाँच ऐरवत, पाँच महाविदेह।

२३९. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में तीन कर्मभूमियाँ कही गई हैं, यथा—(१) भरत, (२) ऐरवत, (३) महाविदेह।

इसी प्रकार धातकीखण्ड द्वीप के पूर्वार्ध में हैं।

इसी प्रकार धातकीखण्ड द्वीप के पश्चिमार्ध में हैं।

---

१ इस सूत्र में महाविदेह का नाम नहीं है किन्तु महाविदेह के चार विभाग (१. पूर्व विदेह, २. अपर—पश्चिम विदेह, ३. देवकुरु, ४. उत्तरकुरु के नाम गिनाकर दस की संख्या पूरी की गई है।

एवं पुक्खरवरदीवड्ढ-पुरत्थिमद्धे,
एवं पुक्खरवरदीवड्ढ-पच्चत्थिमद्धे ।
—ठाणं ३, उ० ३, सु० १८३

इसी प्रकार पुष्करवर-द्वीपार्ध के पूर्वार्ध में हैं ।
इसी प्रकार पुष्करवर-द्वीपार्ध के पश्चिमार्ध में हैं ।

जंबुद्दीवे तीस अकम्मभूमीओ—

तीस अकर्मभूमियाँ—

२४०. प०—कति णं भंते ! अकम्मभूमीओ पण्णत्ताओ ?
उ०—गोयमा ! तीस अकम्मभूमीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
पंच हेमवयाइं, पंच हेरण्णवयाइं, पंच रम्मगवासाइं,
पंच देवकुरुओ, पंच उत्तरकुरुओ ।
—भग० स० २, उ० ८, सु० २

२४०. प्र०—हे भगवन् ! अकर्मभूमियाँ कितनी कही गई हैं ?
उ०—हे गौतम ! अकर्मभूमियाँ तीस कही गई हैं, यथा—पाँच हैमवत, पाँच हैरण्यवत, पाँच हरिवर्ष, पाँच रम्यक्वर्ष, पाँच देवकुरु, पाँच उत्तरकुरु ।

२४१. जंबुद्दीवे दीवे छ अकम्मभूमीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
(१) हेमवए, (२) हेरण्णवए, (३) हरिवासे, (४) रम्मगवासे,
(५) देवकुरा, (६) उत्तरकुरा ।

एवं धायइसंडे दीवे पुरत्थिमद्धे णं छ अकम्मभूमीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—हेमवए-जाव-उत्तरकुरा ।

एवं धायइसंडे दीवे पच्चत्थिमद्धे णं छ अकम्मभूमीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—हेमवए-जाव-उत्तरकुरा ।

एवं पुक्खरवरदीवड्ढ-पुरत्थिमद्धे णं छ अकम्मभूमीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—हेमवए-जाव-उत्तरकुरा ।

एवं पुक्खरवरदीवड्ढ-पच्चत्थिमद्धे णं छ अकम्मभूमीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—हेमवए-जाव-उत्तरकुरा ।
—ठाणं ६, सु० ५२२

२४१. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में छह अकर्मभूमियाँ कही गई हैं, यथा—(१) हैमवत, (२) हैरण्यवत, (३) हरिवर्ष, (४) रम्यक्वर्ष, (५) देवकुरु, (६) उत्तरकुरु ।

इसी प्रकार धातकीखण्डद्वीप के पूर्वार्ध में छह अकर्मभूमियाँ कही गई हैं, यथा—हैमवत—यावत् उत्तरकुरु ।

इसी प्रकार धातकीखण्डद्वीप के पश्चिमार्ध में छह अकर्मभूमियाँ कही गई हैं, यथा—हैमवत—यावत्—उत्तरकुरु ।

इसी प्रकार पुष्करवर द्वीपार्ध के पूर्वार्ध में छह अकर्मभूमियाँ कही गई हैं, यथा—हैमवत—यावत्—उत्तरकुरु ।

इसी प्रकार पुष्करवर द्वीपार्ध के पश्चिमार्ध में छह अकर्मभूमियाँ कही गई हैं, यथा—हैमवत—यावत्—उत्तरकुरु ।

२४२. जंबुद्दीवे दीवे देवकुरु-उत्तरकुरु-वज्जाओ चत्तारि अकम्मभूमीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—(१) हेमवए, (२) हेरण्णवए, (३) हरिवासे, (४) रम्मगवासे ।[1]
—ठाणं ४, उ० १, सु० ३०२

२४२. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में देवकुरु और उत्तरकुरु को छोड़कर चार अकर्मभूमियाँ कही गई हैं, यथा—(१) हैमवत, (२) हैरण्यवत, (३) हरिवर्ष, (४) रम्यक्वर्ष ।

२४३. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं तओ अकम्मभूमीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—(१) हेमवए, (२) हरिवासे, (३) देवकुरा ।

जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरेणं तओ अकम्मभूमीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—(१) उत्तरकुरा, (२) रम्मगवासे, (३) हेरण्णवए ।

एवं धायइसंडे दीवे पुरत्थिमद्धे वि अकम्मभूमीओ,

एवं धायइसंडे दीवे पच्चत्थिमद्धे वि अकम्मभूमीओ,

२४३. जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मेरुपर्वत से दक्षिण में तीन अकर्मभूमियाँ कही गई हैं, यथा—(१) हैमवत, (२) हरिवर्ष, (३) देवकुरु ।

जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मेरुपर्वत से उत्तर में तीन अकर्मभूमियाँ कही गई हैं, यथा—(१) उत्तरकुरु, (२) रम्यक्वर्ष, (३) हैरण्यवत ।

इसी प्रकार धातकीखण्ड द्वीप के पूर्वार्ध में भी (छह) अकर्मभूमियाँ हैं ।

इसी प्रकार धातकीखण्ड द्वीप के पश्चिमार्ध में भी (छह) अकर्मभूमियाँ हैं ।

---

१ स्थानांग ६, सूत्र ५२२ में जम्बूद्वीप में छह अकर्मभूमियाँ कही गई है किन्तु इस सूत्र में देवकुरु और उत्तरकुरु को छोड़कर केवल चार अकर्मभूमियाँ कहने का तात्पर्य क्या है ? यह अन्वेषणीय है ।

एवं पुक्खरवरदीवड्ढ-पुरत्थिमद्धे वि अकम्मभूमीओ,

एवं पुक्खरवरदीवड्ढ-पच्चत्थिमद्धे वि अकम्मभूमीओ।[1]
—ठाणं ३, उ० ४, सु० १६७

इसी प्रकार पुष्करवर द्वीपार्ध के पूर्वार्ध में भी (छह) अकर्म भूमियाँ हैं।

इसी प्रकार पुष्करवर द्वीपार्ध के पश्चिमार्ध में भी (छह) अकर्मभूमियाँ हैं।

छप्पण्ण अन्तरदीवा—

छप्पन अन्तरद्वीप—

२४४. **जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं, चुल्लहिमवंतस्स वासहरपव्वयस्स चउसु विदिसासु, तिन्नि २ जोयणसयाइं ओगाहित्ता एत्थ णं चत्तारि अन्तरदीवा पण्णत्ता, तं जहा—एगूरूयदीवे, आभासियदीवे, वेसाणियदीवे, णंगोलियदीवे।**

तेसु णं दीवेसु चउव्विहा मणुस्सा परिवसंति, तंजहा—एगूरूया, आभासिया, वेसाणिया, णंगोलिया।

तेसि णं दीवाणं चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं चत्तारि २ जोयणसाइं ओगाहेत्ता एत्थ णं चत्तारि अंतरदीवा पण्णत्ता, तंजहा—हयकण्णदीवे, गयकण्णदीवे, गोकण्णदीवे, संकुलिकण्णदीवे, तेसु णं दीवेसु चउव्विया मणुस्सा परिवसंति, तं जहा—हयकन्ना, गयकन्ना, गोकन्ना, संकुलिकन्ना।

तेसि णं दीवाणं चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं पंच २ जोयणसयाइं ओगाहित्ता एत्थ णं चत्तारि अंतरदीवा पण्णत्ता, तंजहा—आयंसमुहदीवे, मेंढमुहदीवे, अओमुहदीवे, गोमुहदीवे।

तेसु णं दीवेसु चउव्विहा मणुस्सा भाणियव्वा।

तेसि णं दीवाणं चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं छ छ जोयणसयाइं ओगाहेत्ता एत्थ णं चत्तारि अंतरदीवा पण्णत्ता, तं जहा—आसमुहदीवे, हत्थिमुहदीवे, सीहमुहदीवे, वग्घमुहदीवे।

तेसु णं दीवेसु मणुस्सा भाणियव्वा।

तेसि णं दीवाणं चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं सत्त-सत्त जोयणसयाइं ओगाहेत्ता एत्थ णं चत्तारि अंतरदीवा पण्णत्ता, तं जहा—आसकन्नदीवे, हत्थिकन्नदीवे, अकन्नदीवे, कन्नपाउरणदीवे। तेसु णं दीवेसु मणुया भाणियव्वा।

तेसि णं दीवाणं चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं अट्ठट्ठ जोयणसयाइं ओगाहेत्ता एत्थ णं चत्तारि अन्तरदीवा पण्णत्ता, तं जहा—उक्कामुहदीवे, मेहमुहदीवे, विज्जुमुहदीवे, विज्जुदंतदीवे। तेसु णं दीवेसु मणुस्सा भाणियव्वा।[2]

तेसि णं दीवाणं चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं णव-णव जोयणसयाइं ओगाहेत्ता एत्थ णं चत्तारि अन्तरदीवा पण्णत्ता,

२४४. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में मन्दर पर्वत के दक्षिण में, चुल्ल-हिमवन्तवर्षधर पर्वत की चारों विदिशाओं में तीन-तीन सौ योजन आगे जाने पर चार अन्तरद्वीप कहे हैं, यथा—एकोरुकद्वीप, आभाषिकद्वीप, वैषाणिकद्वीप और लांगूलिकद्वीप।

उन द्वीपों में चार प्रकार के मनुष्य निवास करते हैं, यथा—एकोरुक, आभाषिक, वैषाणिक और लांगूलिक।

इन द्वीपों में चारों विदिशाओं में लवणसमुद्र में चार-चार सौ योजन आगे जाने पर वहाँ चार अन्तरद्वीप कहे हैं, यथा—हयकर्ण-द्वीप, गजकर्णद्वीप, गोकर्णद्वीप और शष्कुलिकर्णद्वीप। उन द्वीपों में चार प्रकार के मनुष्य निवास करते हैं, यथा—हयकर्ण, गजकर्ण, गोकर्ण और शष्कुलिकर्ण।

इन द्वीपों के चारों विदिशाओं में लवणसमुद्र में पाँच-पाँच सौ योजन आगे जाने पर वहाँ चार अन्तरद्वीप कहे हैं, यथा—आदर्शमुखद्वीप, मेंढमुखद्वीप अजामुखद्वीप और गोमुखद्वीप।

इन द्वीपों में चार प्रकार के मनुष्य कहने चाहिए।

इन द्वीपों में चारों विदिशाओं में लवणसमुद्र में छह-छह सौ योजन आगे जाने पर वहाँ चार अन्तरद्वीप हैं, यथा—अश्वमुखद्वीप हस्तिमुखद्वीप, सिंहमुखद्वीप और व्याघ्रमुखद्वीप।

इन द्वीपों में (इन्हीं नामों वाले चार प्रकार के) मनुष्य कहने चाहिए।

इन द्वीपों से चारों विदिशाओं में लवणसमुद्र में सात-सात सौ योजन आगे जाने पर वहाँ चार अन्तरद्वीप हैं, यथा—अश्व-कर्णद्वीप, हस्तिकर्णद्वीप, अकर्णद्वीप और कर्णप्रावरणद्वीप। इन द्वीपों में (चार प्रकार के) मनुष्य कह लेने चाहिए।

इन द्वीपों से चारों विदिशाओं में लवणसमुद्र में आठ-आठ सौ योजन अवगाहन करने पर वहाँ चार अन्तरद्वीप हैं, यथा—उल्कामुखद्वीप, मेघमुखद्वीप, विद्युन्मुखद्वीप और विद्युद्दन्तद्वीप। इन द्वीपों में मनुष्यों का कथन कर लेना चाहिए।

इन द्वीपों से चारों विदिशाओं में नौ-नौ सौ योजन आगे जाने पर वहाँ चार अन्तरद्वीप कहे हैं, यथा-घनदन्तद्वीप, लष्टदन्त-

---

१ जम्बूद्वीप के मेरुपर्वत से दक्षिण एवं उत्तर में छह अकर्मभूमियाँ हैं—इसी प्रकार धातकीखण्ड के पूर्वार्ध-पश्चिमार्ध में तथा पुष्करवरद्वीपार्ध के पूर्वार्ध-पश्चिमार्ध में मेरु पर्वत से दक्षिण-उत्तर में छह-छह अकर्मभूमियाँ हैं—इस प्रकार तीस अकर्मभूमियाँ हैं।

२ ठा० ८, सूत्र ६३०, पृ० ४११।

तंजहा—घणदन्तदीवे, लट्ठदन्तदीवे, गूढदन्तदीवे, सुद्धदन्तदीवे। तेसु णं दीवेसु चउव्विहा मणुस्सा परिवसंति, तंजहा—घणदन्ता, लट्ठदन्ता, गूढदन्ता, सुद्धदन्ता।[1]

द्वीप गूढदन्तद्वीप और शुद्धदन्तद्वीप। इन द्वीपों में चार प्रकार के मनुष्य निवास करते हैं, यथा-घनदन्त, लष्टदन्त, गूढदन्त और शुद्धदन्त।

जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरेणं सिहरिस्स वासहरपव्वयस्स चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं तिन्नि-तिन्नि जोयणसयाइं ओगाहेत्ता एत्थ णं चत्तारि अन्तरदीवा पण्णत्ता, तं जहा—एगूरुयदीवे, सेसं तहेव निरवसेसं भाणियव्वं-जाव-सुद्धदंता।[2] —ठा० ४, उ० २, सु० ३०४

जम्बूद्वीप के मन्दरपर्वत से उत्तर में शिखरिवर्षधर पर्वत की चारों विदिशाओं में, लवणसमुद्र में तीन-सौ योजन आगे जाने पर वहाँ चार अन्तरद्वीप हैं, यथा—एकोरुकद्वीप (आदि पूर्ववत्)। शेष सब वक्तव्यता (उसी प्रकार) कह लेनी चाहिए—**यावत्**—मनुष्य रहते हैं।

जबुद्दीवे तओ कम्मभूमीओ—

जम्बूद्वीप में तीन कर्मभूमियां—

जंबुद्दीवे भरहवासस्स अवट्ठिई पमाणं च—

जम्बूद्वीप में भरतवर्ष की अवस्थिति और प्रमाण—

२४५. प०—कहि णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे भरहे णामं वासे पण्णत्ते ?

२४५. प्र०—भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में भरत नामक वर्ष (क्षेत्र) कहाँ कहा गया है ?

उ०—गोयमा ! चुल्लहिमवंतस्स वासहरपव्वयस्स दाहिणेणं, दाहिणलवणसमुद्दस्स उत्तरेणं पुरत्थिमलवणसमुद्दस्स पच्चत्थिमेणं, पच्चत्थिमलवणसमुद्दस्स पुरत्थिमेणं, एत्थ णं जंबुद्दीवे दीवे भरहे णामं वासे पण्णत्ते।

उ०—गौतम ! चुल्लहिमवन्त नामक वर्षधर पर्वत के दक्षिण में, दक्षिणी लवणसमुद्र के उत्तर में, पूर्वी लवणसमुद्र के पश्चिम में तथा पश्चिमी लवणसमुद्र के पूर्व में जम्बूद्वीप नामक द्वीप में भरतनामक वर्ष (क्षेत्र) कहा गया हैं।

खाणुबहुले, कंटकबहुले, विसमबहुले, दुग्गबहुले, पव्वयबहुले, पवायबहुले, उज्झरबहुले, णिज्झरबहुले, खड्डाबहुले, दरिबहुले, णईबहुले, दहबहुले, रुक्खबहुले, गुच्छबहुले, गुम्मबहुले, लयाबहुले, वल्लीबहुले, अडवीबहुले, सावयबहुले, तेणबहुले, तक्करबहुले, डिम्बबहुले, डमरबहुले, दुब्भिक्खबहुले, दुक्कालबहुले, पासंडबहुले, किवणबहुले, वणीमगबहुले, ईतिबहुले, मारिबहुले, कुवुट्ठिबहुले, अणावुट्ठिबहुले, रायबहुले, रोगबहुले, संकिलेसबहुले, अभिक्खणं-अभिक्खणं संखोहबहुले।

यह क्षेत्र स्थाणु, कंटक, विषमभूमि, दुर्गप्रदेश, पर्वत, प्रपात, उर्झर, गडहे, गुफा, नदी, द्रह, वृक्ष, गुच्छ, गुल्म, लता, वल्लरी, अटवी, श्वापद, (हिंस्र जन्तु), स्तेन, (चोर) तस्कर, डिम्ब (स्वराजा का उपद्रव) डमर (परराजा का उपद्रव), दुर्भिक्ष, दुष्काल, पाखण्ड, कृपण, वनीपक (भिखारी), ईति, मारी, कुवृष्टि, राजा, रोग, संक्लेश, संक्षोभ, इत्यादि की बहुलता वाला है।

पाईण-पडीणायए, उदीण-दाहिणवित्थिन्ने, उत्तरओ पलिअंकसंठाणसंठिए, दाहिणओ धणुपिट्ठसंठिए तिधा लवणसमुद्दं पुट्ठे, गंगासिंधूहिं महाणईहिं वेयड्ढेण य पव्वएण छब्भागपविभत्ते।

यह वर्ष क्षेत्र—पूर्व-पश्चिम में लम्बा, उत्तर-दक्षिण में चौड़ा, उत्तर में पर्यंक के आकार का, दक्षिण में धनुष की पीठ के आकार का तथा तीन तरफ लवण समुद्र से स्पृष्ट है। गंगा और सिंधु नामक महानदियों तथा वैताढ्य नामक पर्वत से यह छह भागों में विभक्त है।

जंबुद्दीवदीवणउयसयभागे पंचछव्वीसे जोयणसए छच्च एगूणवीससइभागे जोयणस्स विक्खंभेण।

—जम्बु० वक्ख० १, सु० १०

जम्बूद्वीप नामक द्वीप के एक सौ नव्वे भाग करने पर $५२६\frac{६}{१९}$ योजन का (भरत क्षेत्र का) विष्कम्भ है।

---

१ ठा० ९ सूत्र ६९८, पृ० ४४४।

२ (क) जीवा, प्रति० २, सूत्र १०९-११२, पृ० १४४-१५६।
(ख) विवा० भाग ३, श० ९ उ० ३-३०, पृ० १२७।
(ग) ,, ,, श० १० उ० ७-३४, पृ० २०५।

जंबुद्दीवस्स भरहे वासे दसरायहाणीओ—

२४६. जंबुद्दीवे दीवे भरहेवासे दसरायहाणीओ पण्णत्ताओ, तंजहा—

गाहा—चंपा, महुरा, वाणारसी य, सावत्थि तह य साएयं,
हत्थिणंउर कंपिल्लं, मिहिला कोसंबि रायगिहं ।

—ठाणं १०, सु० ७१८

भरहवासस्स णामहेउ—

२४७. प०—से केणट्ठे णं भंते ! एवं वुच्चइ—भरहे वासे भरहे वासे ?

उ०—गोयमा ! भरहे णं वासे वेअड्ढस्स पव्वयस्स दाहिणेणं, चोद्दसुत्तरं जोअणसयं एगस्स य एगूणवीसइभाए जोयणस्स अबाहाए, लवणसमुद्दस्स उत्तरेणं चोद्दसुत्तरं जोअणसयं एक्कारस य एगूणवीसइभाए जोअणस्स अबाहाए, गंगाए महाणईए पच्चत्थिमेणं, सिंधुए—महाणईए पुरत्थिमेणं, दाहिणड्ढभरहमज्झिल्लतिभागस्स बहुमज्झदेसभाए, एत्थ णं विणीआ णामं रायहाणी पण्णत्ता ।

पाईण-पडीणमया उदीण-दाहिणवित्थिन्ना दुवालसजोयणायामा णवजोयणवित्थिन्ना धणवइमइणिम्माया चामीयरपायारा णाणामणिपंचवण्णकविसीसगपरिमंडिआभिरामा अलकापुरीसंकासा पमुइयपक्किलिआ पच्चक्खं देवलोगभूआ रिद्धित्थिमिअसमिद्धा पमुइजअणजाणवया-जाव-पडिरूवा ।

२४८. तत्थ णं विणीआए रायहाणीए भरहे णामं राया चाउरंतचक्कवट्टी समुप्पज्जित्था ।[1]

—जंबु० वक्ख० ३, सु० ४१-४२

२४९. भरहे अ इत्थ देवे महिड्ढिए-जाव-पलिओवमट्ठिइए परिवसइ ।

से एएणट्ठे णं गोयमा ! एवं वुच्चइ-भरहे वासे भरहे वासे इति । —जंबु० वक्ख० ३, सु० ७१

भरहवासस्स सासयत्तं—

२५०. अदुत्तरं च णं गोयमा ! भरहस्स वासस्स सासए णामधिज्जे पण्णत्ते, जं ण कयाइ ण आसि, ण कयाइ णत्थि, ण कयाइ ण भविस्सइ, भुविं च, भवइ अ, भविस्सइ अ, धुवे णिअए सासए अक्खए अव्वए अवट्ठिए णिच्चे भरहेवासे ।

—जंबु० वक्ख० ३, सु० ७१

जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में दस राजधानियाँ—

२४६. जम्बूद्वीप नामक द्वीप के भरत क्षेत्र में दस राजधानियाँ कही गई हैं । यथा—गाथार्थ—(१) चम्पा, (२) मथुरा, (३) वाराणसी, (४) श्रावस्ति, (५) साकेत, (अयोध्या), (६) हस्तिनापुर, (७) कांपिल्यपुर, (८) मिथिला, (९) कोशाम्बि, १०. राजगृह ।

भरतवर्ष के नाम का हेतु—

२४७. प्र०—भगवन् ! भरतवर्ष को भरतवर्ष क्यों कहते हैं ?

उ०—गौतम ! भरतवर्ष में, वैताढ्य पर्वत से दक्षिण में व्यवधानरहित $114\frac{1}{19}$ योजन दूरी पर, लवणसमुद्र से उत्तर में व्यवधानरहित $114\frac{11}{19}$ योजन दूरी पर, गंगा महानदी के पश्चिम में, सिन्धु महानदी से पूर्व में, दक्षिणार्ध भरत के मध्यविभाग के ठीक बीचोंबीच विनीता नामक राजधानी कही गई है ।

वह पूर्व-पश्चिम में लम्बी, उत्तर-दक्षिण में चौड़ी, बारह योजन लम्बी, नौ योजन चौड़ी है । वह कुबेर की बुद्धि से निर्मित, स्वर्णमय और प्राकार वाली, नानामणियों के पंचरंगे कंगूरों से मंडित होने से रमणीय, अलकापुरी के सदृश प्रमुदित एवं प्रक्रीडित जैसी, प्रत्यक्ष देवलोक के समान, ऋद्धि, भवन और जनसमूह से समृद्ध, नगरनिवासीजनों एवं आगतजनों को प्रमोद उत्पन्न करने वाली है—**यावत्**—प्रतिरूप है ।

२४८. उस विनीता राजधानी में भरत नामक राजा चारों दिशाओं पर विजय प्राप्त करने वाला चक्रवर्ती उत्पन्न हुआ ।

२४९. यहाँ भरत नामक देव रहता है जो महर्द्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाला है ।

इस कारण गौतम ! इसका नाम भरतवर्ष है ।

भरतवर्ष का शाश्वतपन—

२५०. अथवा गौतम ! भरतवर्ष का यह नाम शाश्वत कहा गया है, जो कभी नहीं था ऐसा नहीं है, कभी नहीं है, ऐसा नहीं है, कभी नहीं होगा, ऐसा भी नहीं है—वह था, है और रहेगा । भरतवर्ष यह नाम ध्रुव है, नियत है, शाश्वत है, अक्षय है, अव्यय है, अवस्थित है और नित्य है ।

---

१ इसके आगे सूत्र ७० पर्यन्त चक्रवर्ती वर्णन, धर्मकथानुयोग प्रथम स्कन्ध में है ।

वेअड्ढपव्वएण भरहवासस्स दुहा विभयणं—

२५१. भरहस्स णं वासस्स बहुमज्झदेसभाए एत्थ णं वेअड्ढे णामं पव्वए पण्णत्ते, जे णं भरहं वासं दुहा विभयमाणे चिट्ठइ। तं जहा—दाहिणड्ढभरहं च, उत्तरड्ढभरहं च।

—जम्बु० वक्ख० १, सु० १०

वैताढ्यपर्वत से भरतवर्ष के दो विभाग—

२५१. भरतक्षेत्र के मध्य भाग में वैताढ्य नामक पर्वत कहा गया है। जो भरतक्षेत्र को दो भागों में विभक्त करता हुआ स्थित है। यथा—दक्षिणार्ध-भरत और उत्तरार्ध-भरत।

दाहिणड्ढभरहवासस्स अवट्ठिई पमाणं च—

२५२. प्र०—कहि णं भंते ! जम्बुद्दीवे दीवे दाहिणड्ढे भरहे णामं वासे पण्णते ?

उ०—गोयमा ! वेयड्ढस्स पव्वयस्स दाहिणेणं, दाहिणलवणसमुद्दस्स उत्तरेणं, पुरत्थिमलवणसमुद्दस्स पच्चत्थिमेणं, पच्चत्थिमलवणसमुद्दस्स पुरत्थिमेणं, एत्थ णं जम्बुद्दीवे दीवे दाहिणड्ढभरहे णामं वासे पण्णत्ते। पाईण-पडीणायए, उदीण-दाहिणवित्थिन्ने अद्धचंदसंठाणसंठिए, तिहा लवणसमुद्दं पुट्ठे, गंगा-सिंधूहिं महाणईहिं तिभागपविभत्ते, दोण्णि अट्ठतीसे जोअणसए तिण्णि अ एगूणवीसइभागे जोयणस्स विक्खंभेणं।

वैताढ्यपर्वत की अवस्थिति और उसका प्रमाण—

२५२. प्र०—भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में दक्षिणार्ध-भरत नामक वर्ष कहाँ कहा गया है ?

उ०—गौतम ! वैताढ्य पर्वत के दक्षिण में, दक्षिणी लवणसमुद्र के उत्तर में, पूर्वी लवणसमुद्र के पश्चिम में तथा पश्चिमी लवणसमुद्र के पूर्व में जम्बूद्वीप नामक द्वीप में दक्षिणार्ध भरत नामक वर्ष कहा गया है। यह पूर्व-पश्चिम में लम्बा और उत्तर-दक्षिण में चौड़ा है। उसका आकार अर्धचन्द्र के समान है। यह तीन ओर से लवणसमुद्र से स्पृष्ट है। तथा गंगा और सिन्धु नामक महानदियों से तीन भागों में विभक्त हैं। इसकी चौड़ाई $२३८\frac{३}{१९}$ योजन है।

२५३. तस्स जीवा उत्तरेणं पाईण-पडीणायया, दुहा लवणसमुद्दं पुट्ठा, पुरत्थिमिल्लाए कोडीए पुरत्थिमिल्लं लवणसमुद्दं पुट्ठा, पच्चत्थिमिल्लाए कोडीए पच्चत्थिमिल्लं लवणसमुद्दं पुट्ठा, णवजोयणसहस्साइं सत्त य अडयाले जोयणसए दुवालस य एगूणवीसइभागे जोयणस्स आयामेणं[1]।

२५३. उसकी जीवा उत्तर में पूर्व-पश्चिम की ओर लम्बी तथा दोनों ओर से लवणसमुद्र से स्पृष्ट है। पूर्व की ओर पूर्वी लवणसमुद्र से स्पृष्ट है, और पश्चिम की ओर पश्चिमी लवणसमुद्र से स्पृष्ट है। उस जीवा की लम्बाई $१७४८\frac{१२}{१९}$ योजन है।

२५४. तीसे णं धणुपुट्ठे दाहिणेणं णव जोयणसहस्साइं सत्तछावट्ठे जोयणसए इक्कं च एगूणवीसइभागे जोयणस्स किंचिविसेसाहिए परिक्खेवेणं पण्णत्ते।

—जम्बु० वक्ख० १, सु० ११

२५४. उसकी धनुर्पीठिका दक्षिण में—

$९७६६\frac{१}{१९}$ योजन से किंचित्-विशेष अधिक परिधि वाल कही गई है।

दाहिणभरहड्ढे धणुपिट्ठस्स आयामं—

२५५. दाहिणभरहड्ढस्स णं धणुपिट्ठे अट्ठाणउइजोयणसयाइं किंचूणाइं आयामेणं पण्णत्ते[2]।

—सम० ९८, सु० ४

दक्षिणार्ध भरत के अनुपृष्ठ का आयाम—

२५५. दक्षिणार्ध भरत के धनुपृष्ठ का आयाम कुछ कम अट्ठाणवे सौ योजन का कहा गया है।

---

१ दाहिणड्ढभरहस्स णं जीवा पाईण-पडीणायया दुहओ लवणसमुद्दं पुट्ठा नवजोयणसहस्साइं आयामेणं पण्णत्ता।—सम० सु० १२२ ऊपर जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति वक्षस्कार एक, सूत्र ग्यारह में दक्षिणार्धभरत की जीवा की लम्बाई नौ हजार सात सौ अड़तालीस योजन एक योजन के उन्नीस भागों में से बारह भाग जितनी कही है, किन्तु समवायांग सूत्र १२२ में दक्षिणार्ध भरत की जीवा की लम्बाई केवल नौ हजार योजन की ही कही गई है।

२ ऊपर जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति वक्षस्कार एक सूत्र ११ में दक्षिण भरतार्ध के धनुपृष्ठ की केवल परिधि कही है और यहाँ दक्षिणभरतार्ध के धनुपृष्ठ का आयाम कहा गया है।

दाहिणड्ढभरहवासस्स आयारभावो—

२५६. दाहिणड्ढभरहस्स णं भंते ! वासस्स केरिसए आयारभाव-पडोयारे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते । से जहाणामए आलिंगपुक्खरेइ वा-जाव-णाणाविह-पंचण्णेहिं मणीहिं तणेहिं उवसोभिए । तं जहा-कित्तिमेहिं चेव, अकित्तिमेहिं चेव ।

—जम्बु० वक्ख० १, सु० ११

दक्षिणार्ध भरतवर्ष का आकारभाव—

२५६. प्र०—भगवन् ! दक्षिणार्ध-भरतवर्ष का आकारभाव (स्वरूप) कैसा कहा गया है ?

उ०—गौतम ! इसका भूमिभाग बहुत सम और रमणीय कहा गया है, वह मुरज नामक वाद्य पर मँढे हुए चर्म जैसा समतल है—**यावत्**—नाना प्रकार की पंचवर्णमणियों से तथा तृणों से सुशोभित है । यथा—(ये मणियाँ और तृण) कृत्रिम और अकृत्रिम (दो तरह के) हैं ।

दहिणड्ढभरहवासस्स मणुआणं आयारभावो—

२५७. प्र०—दाहिणड्ढभरहे णं भंते ! वासे मणुयाणं केरिसए आयारभावपडोयारे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! ते णं मणुआ बहुसंघयणा, बहुसंठाणा, बहुउच्चत्तपज्जवा, बहुआउपज्जवा; बहूइं वासाइं आउं पालेंति, पालित्ता अप्पेगइया णिरयगामी, अप्पेगइया तिरियगामी, अप्पेगइया मणुयगामी, अप्पेगइया देवगामी, अप्पेगइया सिज्झंति बुज्झंति मुच्चंति परिणिव्वायंति सव्वदुक्खाणमंतं करेंति ।

—जम्बु० वक्ख० १, सु० ११

दक्षिणार्ध-भरतवर्ष के मनुष्यों का आकारभाव—

२५७. भगवन् ! दक्षिणार्ध-भरतवर्ष के मनुष्यों का आकारभाव (स्वरूप) कैसा कहा गया है ?

उ०—गौतम ! ये मनुष्य अनेक प्रकार के संहनन, अनेक प्रकार के संस्थान, अनेक प्रकार की ऊँचाई तथा अनेक प्रकार की आयु वाले हैं । वे बहुत वर्षों की आयु भोगते हैं । और भोगकर कोई-कोई नरक गति में जाते हैं, कोई-कोई तिर्यंचगति में जाते हैं । कोई-कोई मनुष्यगति में जाते हैं और कोई-कोई देवगति में जाते हैं, कोई-कोई सिद्ध, बुद्ध, मुक्त एवं परिनिवृत्त होकर सब दुःखों का अन्त करते हैं ।

उत्तरड्ढभरहवासस्स अवट्ठिई-पमाणं च—

२५८. कहि णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे उत्तरड्ढभरहे णामं वासे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! चुल्लहिमवंतस्स वासहरपव्वयस्स दाहिणेणं, वेअड्ढस्स पव्वयस्स उत्तरेणं पुरत्थिमलवणसमुद्दस्स पच्चत्थिमेणं, पच्चत्थिमलवणसमुद्दस्स पुरत्थिमेणं, एत्थ णं जंबुद्दीवे दीवे उत्तरड्ढभरहे णामं वासे पण्णत्ते ।

पाईण-पडीणायए, उदीण-दाहिणवित्थिन्ने, पलिअंक-संठाणसंठिए, दुहा लवणसमुद्दं पुट्ठे, पुरच्छिमिल्लाए कोडीए पुरच्छिमिल्लं लवणसमुद्दं पुट्ठे, पच्चत्थि-मिल्लाए कोडीए पच्चत्थिमिल्लं लवणसमुद्दं पुट्ठे, गंगा-सिंधूहिं महाणईहिं तिभागपविभत्ते, दोण्णि अट्ठतीसे जोअणसए तिण्णि अ एगूणवीसइभागे जोअणस्स विक्खंभेणं ।

उत्तरार्द्ध-भरतवर्ष की अवस्थिति और उसका प्रमाण :—

२५८. प्र०—भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में उत्तरार्द्ध-भरत नामक वर्ष (क्षेत्र) कहाँ कहा गया ?

उ०—गौतम ! चुल्लहिमवन्त नामक वर्षधर पर्वत के दक्षिण में, वैताढ्य पर्वत के उत्तर में, पूर्वी लवणसमुद्र के पश्चिम में, पश्चिमी लवणसमुद्र के पूर्व में जम्बूद्वीप नामक द्वीप में उत्तरार्द्ध भरत नामक वर्ष कहा गया है ।

वह पूर्व-पश्चिम में लम्बा तथा उत्तर-दक्षिण में चौड़ा है । इसका आकार पर्यंक (पलंग) के समान है । यह दो ओर से लवणसमुद्र से स्पृष्ट है । पूर्व की ओर पूर्वी लवणसमुद्र से स्पृष्ट है और पश्चिम की ओर पश्चिमी लवणसमुद्र से स्पृष्ट है । गंगा और सिन्धु नामक महानदियाँ इसे तीन भागों में विभक्त करती है । इसकी चौड़ाई २३८$\frac{३}{१९}$ योजन है ।

२५९. तस्स बाहा पुरच्छिम-पच्चच्छिमेणं अट्ठारस बाणउए जोअणसए सत्त य एगूणवीसइभागे जोअणस्स अद्धभागं च आयामेणं ।

२५९. पूर्व-पश्चिम में इसकी बाहु—

१८९२$\frac{७}{१९}+\frac{१}{२}$ योजन लम्बी है ।

२६०. तस्स जीवा उत्तरेणं पाईण-पडीणायया, दुहा लवणसमुद्दं पुट्ठा, तहेव-जाव-चोद्दस जोअणसहस्साइं चत्तारि अ एक्कहत्तरे (एगुत्तरे) जोयणसए छच्च य एगूणवीसइभाए जोयणस्स किंचिविसेसूणे आयामेणं पण्णत्ते[1]।

२६०. उसकी जीवा उत्तर में पूर्व-पश्चिम की ओर लम्बी है तथा दोनों ओर से लवणसमुद्र से स्पृष्ट है। यह उसी प्रकार—**यावत्**—

$१४४७१\frac{६}{१९}$ योजन से कुछ कम लम्बी कही गई है।

२६१. तीसे णं धणुपुट्ठे दाहिणेणं चोद्दसजोअणसहस्साइं पंच अट्ठावीसे जोअणसए एक्कारस य एगूणवीसइभाए जोअणस्स परिक्खेवेणं।

—जंबु० वक्ख० १, सु० १६

२६१. उसका धनुषपृष्ठ दक्षिण में—

$१४५२८\frac{११}{१९}$ योजन की परिधि वाला है।

उत्तरड्ढभरहवासस्स आयारभावे—

उत्तरार्ध भरतवर्ष का आकारभाव—

२६२. प्र०—उत्तरड्ढभरहस्स णं भंते! वासस्स केरिसए आयारभावपडोयारे पण्णत्ते?

उ०—गोयमा! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते, से जहाणामए आलिंगपुक्खरेइ वा-जाव-कित्तिमेहिं चेव अकित्तिमेहिं चेव।

जंबु० वक्ख० १, सु० १६

२६२. प्र०—भगवन्! उत्तरार्ध भरतवर्ष का आकारभाव (स्वरूप) कैसा कहा गया हैं?

उ०—गौतम! इसका भूमिभाग अति सम एवं रमणीय कहा गया है। वह मुरज नामक वाद्य पर मँढे हुए चर्म जैसा समतल है—**यावत्**—कृत्रिम तथा अकृत्रिम (मणियों और तृणों से सुशोभित है।

उत्तरड्ढभरहवासस्स मणुआणं आयारभावो—

उत्तरार्ध-भरतवर्ष के मनुष्यों का आकारभाव—

२६३. प्र०—उत्तरड्ढभरहे णं भंते! वासे मणुआणं केरिसए आयारभावपडोयारे पण्णत्ते?

उ०—गोयमा! ते णं मणुआ बहुसंघयणा-जाव-अप्पेगइया सिज्झंति-जाव-सव्वदुक्खाणमंतं करेंति।

—जंबु० वक्ख० १, सु० १६

२६३. प्र०—भगवन्! उत्तरार्ध-भरतवर्ष (क्षेत्र) के मनुष्यों का आकारभाव (स्वरूप) कैसा कहा गया है?

उ०—गौतम! यहाँ के मनुष्य अनेक प्रकार के संहनन वाले हैं—**यावत्**—कोई-कोई सिद्ध होते हैं—**यावत्**—सब दुःखों का अन्त करते हैं।

एरवयवासस्स अवट्ठिई पमाणं य—

ऐरवत वर्ष की अवस्थिति और प्रमाण—

२६४. प्र०—कहि णं भंते! जंबुद्दीवे दीवे एरावए णामं वासे पण्णत्ते?

उ०—गोयमा! सिहरिस्स उत्तरेणं, उत्तरलवणसमुद्दस्स दक्खिणेणं, पुरत्थिमलवणसमुद्दस्स पच्चत्थिमेणं, पच्चत्थिमलवणसमुद्दस्स पुरत्थिमेणं, एत्थ णं जंबुद्दीवे दीवे एरावए णामं वासे पण्णत्ते।

'खाणुबहुले, कंटकबहुले, एवं जच्चेव भरहस्स वत्तव्वया सच्चेव सव्वा णिरवसेसा णेयव्वा सओअवणा सणिक्खमणा सपरिणिव्वाणा।

णवरं—एरावओ चक्कवट्टी, एरावओ देवो।

से तेणट्ठेणं गोयमा! एवं वुच्चइ—"एरावए वासे, एरावए वासे"। —जंबु० वक्ख० ४, सु० १११

२६४. प्र०—हे भगवन्! जम्बूद्वीप नाम के द्वीप में ऐरावत नाम का वर्ष कहाँ कहा गया है?

उ०—गौतम! शिखरी पर्वत के उत्तर में उत्तरी लवणसमुद्र के दक्षिण में पूर्वी लवणसमुद्र के पश्चिम में और पश्चिमी लवणसमुद्र के पूर्व में जम्बूद्वीप नाम के द्वीप में ऐरावत नाम का वर्ष कहा गया है।

वह स्थाणु (ठूँठ) बहुल है, कंटक बहुल है, **इस प्रकार जो कथन भरतवर्ष का है वही समग्र सम्पूर्ण इसका जान लेना चाहिए, यह षट्खण्ड की साधना सहित, निष्क्रमणसहित और निर्वाण सहित है।**

विशेष—**यहाँ ऐरावत चक्रवर्ती और ऐरावत देव है।**

इसलिए हे गौतम! इसका नाम ऐरावतवर्ष हैं, ऐरावत वर्ष है।

---

१ सम० १४, सु० ६

भरहेरवयाणं जीवा-पमाणं—

२६५. भरहेर वयाओ णं जीवाओ चउद्दस चउद्दस जोयणसहस्साइं चत्तारि अ एगुत्तरे जोयणसए छच्च एगूणवीसे भागे जोयणस्स आयामेणं पण्णत्ता। —सम० १४, सु० ६

भरत और ऐरवत की जीवा का प्रमाण—

२६५. भरत और ऐरवत (प्रत्येक) की जीवा का आयाम चौदह हजार चार सौ इकहत्तर एक योजन के उन्नीस भागों में से छः भाग जितना कहा गया है।

महाविदेहवासस्स अवट्ठिई पमाणं च—

२६६. प्र०— कहि णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे महाविदेहे णामं वासे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! णीलवंतस्स वासहरपव्वयस्स दक्खिणेणं, णिसहस्स वासहरपव्वयस्स उत्तरेणं, पुरत्थिमलवणसमुद्दस्स पच्चत्थिमेणं, पच्चत्थिमलवणसमुद्दस्स पुरत्थिमेणं, एत्थ णं जंबुद्दीवे दीवे महाविदेहे णामं वासे पण्णत्ते।

पाईण-पडीणायए, उदीण-दाहिणवित्थिन्ने, पलिअंकसंठाणसंठिए दुहा लवणसमुद्दं पुट्ठे, पुरत्थिमिल्लाए कोडीए पुरत्थिमिल्लं लवणसमुद्दं पुट्ठे, पच्चत्थिमिल्लाए कोडीए पच्चत्थिमिल्लं लवणसमुद्दं पुट्ठे। तित्तीसं जोअणसहस्साइं छच्च चुलसीए जोअणसए चत्तारि अ एगूणवीसइभागे जोअणस्स विक्खंभेणंति[1]।

२६६. प्र०—भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में महाविदेह नामक वर्ष (क्षेत्र) कहाँ कहा गया है ?

उ०—गौतम ! नीलवन्त वर्षधर पर्वत से दक्षिण में, निषध वर्षधर पर्वत से उत्तर में, पूर्व लवणसमुद्र से पश्चिम में तथा पश्चिमी लवणसमुद्र से पूर्व में जम्बूद्वीप नामक द्वीप में महाविदेह नामक वर्ष कहा गया है।

यह पूर्व और पश्चिम में लम्बा, उत्तर-दक्षिण में चौड़ा, पर्यंक (पलंग) के आकार का एवं दो ओर से लवणसमुद्र से स्पृष्ट है, पूर्व की ओर पूर्वी लवणसमुद्र से है और पश्चिम की ओर पश्चिमी लवण समुद्र से स्पृष्ट है, यह $३३६८४\frac{४}{१९}$ योजन चौड़ा है।

२६७. तस्स बाहा पुरत्थिम-पच्चत्थिमेणं तेत्तीसं जोअणसहस्साइं सत्त य सत्तसट्ठे-जोअणसए सत्त य एगूणवीसइभाए जोअणस्स आयामेणंति।

२६७. इसकी बाहा पूर्व-पश्चिम की ओर—

$३३६७६७\frac{७}{१९}$ योजन लम्बी है।

२६८. तस्स जीवा बहुमज्झदेसभाए पाईण-पडीणायया दुहा लवणसमुद्दं पुट्ठा, पुरत्थिमिल्लाए कोडीए पुरत्थिमिल्लं लवणसमुद्दं पुट्ठा पच्चत्थिमिल्लाए कोडीए पच्चत्थिमिल्लं लवणसमुद्दं पुट्ठा। एगं जोयणसयसहस्सं आयामेणंति।

२६८. इसकी जीवा मध्य में पूर्व-पश्चिम की ओर लम्बी है, एवं दोनों ओर से लवणसमुद्र से स्पृष्ट है, पूर्व की ओर पूर्वी लवणसमुद्र से स्पृष्ट है और पश्चिम की ओर पश्चिमी लवणसमुद्र से स्पृष्ट है, यह एक लाख योजन लम्बी है।

२६९. तस्स धणुं उभयो पासिं उत्तर-दाहिणेणं एगं जोयणसयसहस्सं अट्ठावण्णं जोअणसहस्साइं एगं च तेरसुत्तरं जोअणसयं सालेस य एगूणवीसइभागे जोअणस्स किंचिविसेसाहिए परिक्खेवेणंति।

२६९. इसका धनुःपृष्ठ दोनों ओर उत्तर-दक्षिण में—

$१५८११३\frac{१६}{१९}$ योजन से कुछ अधिक की परिधि वाला है।

२७०. महाविदेहे णं वासे चउव्विहे चउप्पडोआरे पण्णत्ते, तंजहा—१ पुव्वविदेहे, २ अवरविदेहे, ३ देवकुरा, ४ उत्तरकुरा[2]।

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ८

२७०. महाविदेह वर्ष चार प्रकार का है और चार भागों में विभक्त कहा गया है, यथा—(१) पूर्व महाविदेह, (२) अपर महाविदेह, (३) देवकुरु, और (४) उत्तरकुरु।

महाविदेहवासस्स आयारभावो

२७१. प्र०—महाविदेहस्स णं भंते ! वासस्स केरिसए आयारभावपडोयारे पण्णत्ते ?

महाविदेह का आकार-भाव—

२७१. प्र०—भगवन् ! महाविदेह वर्ष का आकारभाव (स्वरूप) कैसा कहा गया है ?

---

१ सम० ३३, सु० ३ २ ठाणं, ४, उ० २, सु० ३०२

उ०—गोयमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते-जाव-किंत्तिमेहिं चेव अकित्तिमेहिं चेव ।

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ८५

उ०—गौतम ! इसकी भूमि बहुत सम और रमणीय कही गई है—**यावत्**—कृत्रिम और अकृत्रिम (मणियों तथा तृणों) से (सुशोभित) है ।

महाविदेहवासस्स मणुआणं आयारभावो—

२७२. प०—महाविदेहे णं भंते ! वासे मणुआणं केरिसए आयार-भावपडोयारे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! तेसि णं मणुआणं छव्विहे संघयणे, छव्विहे संठाणे, पंचधणुसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं उक्कोसेणं पुव्वकोडी आउअं पालेंति, पालेत्ता अप्पेगइआ निरयगामी-जाव-अप्पेगइआ सिज्झंति-जाव-अंतं करेंति ।

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ७५

महाविदेह के मनुष्यों का आकारभाव—

२७२. प्र०—महाविदेह वर्ष के मनुष्यों का आकारभाव (स्वरूप) कैसा कहा गया है ?

उ०—गौतम ! वहाँ के मनुष्य छह प्रकार के संहनन और छह प्रकार के संस्थान वाले हैं, पाँच सौ धनुष की ऊँचाई वाले हैं, वे जघन्य अन्तर्मुहूर्त एवं उत्कृष्ट पूर्वकोटि की आयु भोगते हैं और भोगकर कोई-कोई नरक में जाते हैं—**यावत्**—कोई-कोई सिद्ध होते हैं—**यावत्**—(सब प्रकार के दुःखों का) अन्त करते हैं ।

महाविदेहवासस्स णामहेऊ—

२७३. प०—से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ—महाविदेहे वासे महाविदेहे वासे ?

उ०—गोयमा ! महाविदेहे णं वासे भरहेरवय-हेमवय-हेरण्ण-वय-हरिवास-रम्मगवासेहिंतो आयाम-विक्खंभ-संठाण-परिणाहेणं वित्थिन्नतराए चेव, विपुलतराए चेव, महंततराए चेव, सुप्पमाणतराए चेव ।

महाविदेहा य इत्थ मणूसा परिवसंति । महाविदेहे अ इत्थ देवे महिड्ढिए-जाव-पलिओवमट्ठिइए परिवसइ ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—"महाविदेहेवासे, महाविदेहे वासे ।" —जंबु० वक्ख० ४, सु० ८५

महाविदेह वर्ष के नाम का हेतु—

२७३. प्र०—भगवन् ! महाविदेह वर्ष को महाविदेह वर्ष क्यों कहते हैं ?

उ०—गौतम ! महाविदेह वर्ष भरत, ऐरवत, हैमवत, हैरण्य-वत, हरिवर्ष और रम्यक्वर्ष से लम्बाई, चौड़ाई संस्थान (आकार) और परिधि में अधिक विस्तीर्ण है, अधिक विपुल है, अधिक विशाल है और अधिक सुप्रमाण वाला है ।

यहाँ महाविदेह अर्थात् बड़े ऊँचे शरीर वाले मनुष्य रहते हैं, यहाँ महाविदेह नामक महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाला देव रहता है ।

इस हेतु से, गौतम ! यह महाविदेह वर्ष, महाविदेह वर्ष कहलाता है ।

महाविदेहस्स सासयत्तं—

२७४. अदुत्तरं च णं गोयमा ! महाविदेहस्स वासस्स सासए णाम-धेज्जे पण्णत्ते, जं ण कयाइ णासि ण कयाइ णत्थि ण कयाइ ण भविस्सइ भुविं च भवइ अ भविस्सइ धुवे णिअए सासए अक्खए अव्वए अवट्ठिए णिच्चे महाविदेहे वासे ।

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ८५

महाविदेह की शाश्वतता—

२७४. अथवा गौतम ! इसका यह नाम शाश्वत है, जो कभी नहीं था ऐसा नहीं है, कभी नहीं है—ऐसा नहीं है, कभी नहीं होगा—ऐसा नहीं है, था, है, और होगा, यह महाविदेह वर्ष ध्रुव है, नियत है, शाश्वत है, अक्षय है, अव्यय है, अवस्थित है और नित्य है ।

जंबुद्दीवे चोत्तीसं चक्कवट्टि-विजया रायहाणीओ य—

२७५. प०—(क) जंबुद्दीवे दीवे केवइया चक्कवट्टि-विजया ?

(ख) केवइयाओ रायहाणीओ ?

उ०—(क) गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे चोत्तीसं चक्कवट्टि-विजया,

जम्बूद्वीप में चोतीस चक्रवर्ती विजय और राजधानियाँ—

२७५. प्र०—(क) (भगवन् !) जम्बूद्वीप नामक द्वीप में कितने चक्रवर्ती विजय है ?

(ख) और उनकी राजधानियाँ कितनी हैं ?

उ०—(क) गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीपों में चोतीस चक्रवर्ती विजय है ।

(ख) चोत्तीसं रायहाणीओ[1],

—जंबु० वक्ख० ६, सु० १२५

(ख) और उनकी राजधानियाँ भी चोतीस हैं।

२७६. जंबुद्दीवे णं दीवे चउत्तीसं चक्कवट्टि विजया पण्णत्ता। तं जहा-बत्तीसं महाविदेहे, दो भरहे एरवए।

—सम० ३४, सु० २

२७६. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में चोतीस चक्रवर्ती विजय कहे गये हैं, यथा—बत्तीस (चक्रवर्ती विजय) महाविदेह में हैं, और दो (चक्रवर्ती विजय) भरत तथा ऐरवत में हैं।

जंबुद्दीवस्स महाविदेहवासे बत्तीसं चक्कवट्टिविजया रायहाणीओ य कच्छविजयस्स ठाणं पमाणं च—

जम्बूद्वीप महाविदेह में बत्तीस चक्रवर्ती विजय राजधानियाँ— कच्छविजय की अवस्थिति एवं प्रमाण—

२७७. प०—कहि णं भंते! जंबुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे कच्छे णामं विजए पण्णत्ते?

उ०—गोयमा! सीआए महाणईए उत्तरेणं, णीलवंतस्स वासहरपव्वयस्स दक्खिणेणं, चित्तकूडस्स वक्खारपव्वयस्स पच्चत्थिमेणं, मालवंतस्स वक्खारपव्वयस्स पुरत्थिमेणं—एत्थ णं जंबुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे कच्छे णामं विजए पण्णत्ते।

'उत्तर-दाहिणायए, पाईण पडीणवित्थिण्णे, पलिअंक संठाणसंठिए....गंगा-सिंधूहिं महाणईहिं वेयड्ढेण य पव्वएणं छब्भागपविभत्ते।

'सोलस जोयणसहस्साइं पंच य बाणउए जोयणसए दोण्णि अ एगूणवीसइभागे जोयणस्स आयामेणं,

'दो जोयणसहस्साइं दोण्णि अ तेरसुत्तरे जोयणसए किंचि विसेसूणे विक्खंभेणं ति।

'कच्छस्स णं विजयस्स बहुमज्झदेसभाए-एत्थ णं वेअड्ढे णामं पव्वए पण्णत्ते। जेणं कच्छविजयं दुहा विभयमाणे विभयमाणे चिट्ठइ। तं जहा-दाहिणड्ढ-कच्छं च उत्तरड्ढकच्छं चेति।

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ६३

२७७. प्र०—हे भगवन्! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के महाविदेह वर्ष में कच्छविजय कहाँ कहा गया है?

उ०—हे गौतम! सीता महानदी से उत्तर में, नीलवन्त वर्षधर पर्वत से दक्षिण में, चित्रकूट वक्षस्कार पर्वत से पश्चिम में, एवं माल्यवन्त वक्षस्कार पर्वत से पूर्व में जम्बूद्वीप नामक द्वीप के महाविदेह वर्ष में कच्छ नामक विजय कहा गया है।

यह उत्तर-दक्षिण में लम्बा, पूर्व-पश्चिम में चौड़ा एवं पलंग के आकार का है। गंगा-सिन्धु महानदियों से तथा वैताढ्य पर्वत से यह छह भागों में विभक्त हैं।

इसकी लम्बाई सोलह हजार पाँच सौ बानवे योजन १६५९२ और दो योजन के उन्नीस भाग जितनी है।

इसकी चौड़ाई बावीस सौ तेरह २२१३ योजन से कुछ कम है।

कच्छविजय के ठीक मध्यभाग में वैताढ्यपर्वत कहा गया है, जो इसे दो भागों में विभक्त करता हुआ स्थित है, यथा—(१) दक्षिणार्धकच्छ और (२) उत्तरार्धकच्छ।

दाहिणड्ढकच्छविजयस्स अवट्ठिई पमाणं च—

दक्षिणार्ध कच्छविजय की अवस्थिति और प्रमाण—

२७८. प०—कहि णं भंते! जंबुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे दाहिणड्ढ-कच्छे णामं विजए पण्णत्ते?


उ०—गोयमा! वेयड्ढस्स पव्वयस्स दाहिणेणं, सीआए महाणईए उत्तरेणं, चित्तकूडस्स वक्खारपव्वयस्स

२७८. प्र०—भगवन्! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के महाविदेह वर्ष में दक्षिणार्ध कच्छ नामक विजय कहाँ कहा गया है?

उ०—गौतम! वैताढ्य पर्वत से दक्षिण में सीता महानदी से उत्तर में, चित्रकूट वक्षस्कार पर्वत से पश्चिम में, एवं माल्यवन्त

---

१ अढाईद्वीप में एक सौ सत्तर १७० चक्रवर्ती विजय है—इनकी गणना इस प्रकार है—
अढाईद्वीप में ५ भरत, ५ ऐरवत और ५ महाविदेह है।
प्रत्येक भरत और प्रत्येक ऐरवत में एक-एक विजय है तथा प्रत्येक महाविदेह में बत्तीस विजय हैं, इस प्रकार पाँच महाविदेह में एक सौ साठ विजय हैं, पाँच भरत एवं ऐरवत के दस विजय हैं—इस प्रकार १७० चक्रवर्ती विजय है।
प्रत्येक विजय में एक राजधानी है और प्रत्येक राजधानी का वर्णन भरत क्षेत्र की राजधानी विनीता (अयोध्या) के समान है।



जम्बूद्वीप अन्तवर्ती ३२ विजय एवं उनकी राजधानियाँ : वर्णन पृष्ठ २०२ पर

पच्चत्थिमेणं, मालवंतस्स वक्खारपव्वयस्स पुरत्थिमेणं एत्थ णं जंबुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे, दाहिणड्ढकच्छे णामं विजए पण्णत्ते ।

उत्तर-दाहिणायए, पाईण-पडीणविच्छिन्ने, अट्ठ जोअण-सहस्साइं दोण्णि अ एगसुतरे जोअणसए एक्कं च एगूणवीसइभागं जोअणस्स आयामेणं,

दो जोअणसहस्साइं दोण्णि अ तेरसुत्तरे जोअणसए किंचिविसेसूणे विक्खंभेणं, पलिअंकसंठाणसंठिए ।

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ९३

वक्षस्कार पर्वत से पूर्व में जम्बूद्वीप नामक द्वीप के महाविदेह वर्ष में दक्षिणार्ध कच्छ नामक विजय कहा गया है ।

यह उत्तर-दक्षिण में लम्बा, पूर्व-पश्चिम में चौड़ा है, $८२७१\frac{१}{१९}$ योजन लम्बा है ।

बावीस सौ तेरह योजन से कुछ कम चौड़ा है और पलंग के आकार का है ।

दाहिणड्ढकच्छविजयस्स आयारभावे—

दक्षिणार्ध कच्छविजय का आकार भाव—

२७९. प०—दाहिणड्ढकच्छस्स णं भंते ! विजयस्स केरिसए आयार-भावपडोयारे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते, तंजहा -जाव-किंत्तिमेहिं चेव अकित्तिमेहिं चेव ।

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ९३

२७९. प्र०—भगवन् ! दक्षिणार्धकच्छ विजय का आकारभाव (स्वरूप) कैसा कहा गया हैं ?

उ०—गौतम ! यह अत्यन्त सम एवं रमणीय भूभाग वाला कहा गया है—**यावत्**—कृत्रिम तथा अकृत्रिम (मणि-तृणों) से (सुशोभित) है ।

दाहिणड्ढकच्छविजयस्स मणुआणं आयारभावे—

दक्षिणार्ध कच्छविजय के मनुष्यों का आकार भाव—

२८०. प०—दाहिणड्ढकच्छे णं भंते ! विजए मणुआणं केरिसए आयारभावपडोयारे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! तेसि णं मणुआणं छव्विहे संघयणे-जाव-सव्वदुक्खाणमंतं करेंति ।

— जंबु० वक्ख० ४, सु० ९३

२८०. प्र०—भगवन् ! दक्षिणार्ध कच्छ विजय के मनुष्यों का आकारभाव (स्वरूप) कैसा कहा गया है ?

उ०—गौतम ! यहाँ के मनुष्य छह प्रकार के संहनन वाले —**यावत्**—सर्व दुःखों का अन्त करने वाले हैं ।

उत्तरड्ढकच्छविजयस्स अवट्ठिई पमाणं च—

उत्तरार्ध कच्छविजय की अवस्थिति और प्रमाण—

२८१. प०—कहि णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे उत्तरड्ढ-कच्छे णामं विजए पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! वेअड्ढस्स पव्वयस्स उत्तरेणं, णीलवंतस्स वासहरपव्वयस्स दाहिणेणं, मालवंतस्स वक्खारपव्वय-स्स पुरत्थिमेणं, चित्तकूडस्स वक्खारपव्वयस्स पच्च-त्थिमेणं, एत्थं णं जंबुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे उत्तरड्ढकच्छे णामं विजय पण्णत्ते-जाव-सव्वदुक्खाणमंतं करेंति ।

तहेव णेअव्वं सव्वं ।

२८१. प्र०—भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के महाविदेह वर्ष में उत्तरार्धकच्छ नामक विजय कहाँ कहा गया है ?

उ०—गौतम ! वैताढ्य पर्वत से उत्तर में, नीलवन्त वर्षधर पर्वत से दक्षिण में, माल्यवन्त वक्षस्कार पर्वत से पूर्व में एवं चित्रकूट वक्षस्कार पर्वत से पश्चिम में जम्बूद्वीप नामक द्वीप के महाविदेह वर्ष में उत्तरार्धकच्छ नामक विजय कहा गया है—**यावत्**—(वहाँ के कोई-कोई मनुष्य) सब दुःखों का अन्त करते हैं ।

इस प्रकार सब कथन पूर्ववत् जान लेना चाहिए ।

(१) कच्छविजयस्स णामहेउ—

(१) कच्छविजय के नाम का हेतु—

२८२. प०—से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ—"कच्छे विजए—कच्छे विजए" ?

२८२. प्र०. भगवन् ! कच्छविजय को कच्छविजय क्यों कहते हैं ?

उ०—गोयमा ! कच्छे विजए वेयड्ढस्स पव्वयस्स दाहिणेणं, सीआए महाणईए उत्तरेणं, गंगाए महाणईए पच्चत्थिमेणं, सिंधूए महाणईए पुरत्थिमेणं ।

दाहिणड्ढकच्छविजयस्स बहुमज्झदेसभाए—एत्थ णं खेमा णामं रायहाणी पण्णत्ता । विणीआ रायहाणी सरिसा भाणियव्वा ।

तत्थ णं खेमाए रायहाणीए कच्छे णामं राया समुप्पज्जइ । महयाहिमवंत-जाव-सव्वं भरहोअवणं भाणियव्वं । निक्खमणवज्जं सेसं सव्वं भाणियव्वं-जाव-भुंजए माणुस्सए सुहे ।

कच्छणामधेज्जे अ कच्छे इत्थ देवे महड्ढीए-जाव-पलिओवमट्ठिइए परिवसइ ।

से एएणट्ठे णं गोयमा ! एवं वुच्चइ—"कच्छे विजए कच्छे विजए जाव णिच्चे ।

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ९३

सव्वेसु विजएसु कच्छवत्तव्वया-जाव-अट्ठो, रायाणो सरिसणामगा ।

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ९५

उ०—गौतम ! कच्छविजय वैताढ्य पर्वत से दक्षिण में, सीता महानदी से उत्तर में, गंगा महानदी से पश्चिम में तथा सिन्धु महानदी से पूर्व में है ।

दक्षिणार्ध कच्छ बिजय के मध्य में क्षेमा नामक राजधानी कही गई है । **इसका वर्णन विनीता राजधानी के समान समझ लेना चाहिए ।**

क्षेमा राजधानी में कच्छ नामक राजा उत्पन्न होता है, वह महाहिमवन्त (पर्वत के समान विशाल है)—**यावत्**—**निष्क्रमण (दीक्षा) को छोड़कर उसका सब वर्णन (भरत चक्रवर्ती के समान समझना चाहिए, तथा शेष सब वर्णन कहना चाहिए—यावत्**—वह मानवीय सुखों का उपभोग करता हुआ रहता है ।

यहाँ कच्छ में कच्छ नामक महर्द्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाला देव रहता है ।

इस कारण गौतम ! कच्छ विजय को कच्छ विजय कहते हैं—**यावत्**—(यह नाम) नित्य है ।

कच्छविजय के अनुसार सब विजयों का कथन करना चाहिए—यावत्—विजयों के नाम का हेतु भी कहना चाहिए । राजाओं के नाम विजयों के नामों के समान कहना चाहिए ।

(२) सुकच्छ विजयस्स अवट्ठिई पमाणं च—

(२) सुकच्छ विजय के अवस्थिति और प्रमाण—

२८३. प०—कहि णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे सुकच्छे णामं विजए पण्णत्ते ?

२८३. प्र०—भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के महाविदेह वर्ष में सुकच्छ नामक विजय कहाँ कहा गया है ?

उ०—गोयमा ! सीआए महाणईए उत्तरेणं, णीलवंतस्स वासहरपव्वयस्स दाहिणेणं, गाहावईए महाणईए पच्चत्थिमेणं, चित्तकूडस्स वक्खारपव्वयस्स पुरत्थिमेणं, एत्थ णं जंबुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे सुकच्छे णामं विजए पण्णत्ते ।

उत्तर-दाहिणायए, जहेव कच्छे, विजए तहेव सुकच्छे विजए ।

णवरं—खेमपुरा रायहाणी, सुकच्छे राया समुप्पज्जइ, तहेव सव्वं ।

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ९५

उ०—गौतम ! सीता महानदी के उत्तर में, नीलवन्त वर्षधर पर्वत के दक्षिण में, ग्राहावती महानदी के पश्चिम में एवं चित्रकूट वक्षस्कार पर्वत के पूर्व में जम्बूद्वीप नामक द्वीप के महाविदेह क्षेत्र में सुकच्छ नामक विजय कहा गया है ।

यह उत्तर-दक्षिण में लम्बा है, **जैसा कच्छ विजय का वर्णन है, वैसा ही सुकच्छ विजय का है ।**

विशेष—यह है कि यहाँ की राजधानी खेमपुरा है, तथा यहाँ सुकच्छ नामक राजा उत्पन्न होता है, **शेष सब उसी के (कच्छ विजय) के अनुसार है ।**

(३) महाकच्छ विजयस्स अवट्ठिई पमाणं च—

(३) महाकच्छविजय के स्थान; अवस्थिति और प्रमाण—

२८४. प०—कहि णं भंते ! महाविदेहे वासे महाकच्छे णामं विजए पण्णत्ते ?

२८३. प्र०—भगवन् ! महाविदेह क्षेत्र में महाकच्छ नामक विजय कहाँ कहा गया है ?

उ०—गोयमा ! णीलवंतस्स वासहरपव्वयस्स दाहिणेणं, सीआए महाणईए उत्तरेणं, पम्हकूडस्स वक्खारपव्वयस्स पच्चत्थिमेणं, गाहावईए महाणईए पुरत्थिमेणं

उ०—गौतम ! नीलवन्त वर्षधर पर्वत के दक्षिण में, सीता महानदी के उत्तर में, ग्राहावती महानदी के पूर्व में महाविदेह वर्ष में महाकच्छ नामक

एत्थ णं महाविदेहे वासे महाकच्छे णामं विजए पण्णत्ते। सेसं जहा कच्छविजयस्स-जाव-**महाकच्छे अ इत्थ देवे** महिड्ढीए-जाव-**पलिओवमट्ठिईए परिवसइ** अट्ठो अ भाणिअव्वो। —जंबु वक्ख० ४, सु० ९५

विजय कहा गया है, **शेष वर्णन कच्छ विजय के समान है**—यावत्—यहाँ महाकच्छ नामक महर्द्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाला देव रहता है, **इसका वर्णन पूर्ववत् कर लेना चाहिए।**

(४) कच्छगावईविजयस्स अवट्ठिई पमाणं च—

(४) कच्छगावतीविजय की अवस्थिति और प्रमाण—

२८५. प०—**कहि णं भंते ! महाविदेहे वासे कच्छगावती णामं विजए पण्णत्ते ?**

२८४. प्र०—भगवन् महाविदेह वर्ष में कच्छगावती नामक विजय कहाँ कहा गया है ?

उ०—**गोयमा ! णीलवंतस्स दाहिणेणं, सीआए महाणईए उत्तरेणं, दहावतीए महाणईए पच्चत्थिमेणं, पम्हकूडस्स पुरत्थिमेणं एत्थ णं महाविदेहे वासे कच्छगावती णामं विजए पण्णत्ते।**

उत्तर-दाहिणायए, पाईण-पडीणविच्छिण्णे, सेसं जहा कच्छस्स विजयस्स-जाव-**कच्छगावई अ इत्थ देवे** महिड्ढीए-जाव-पलिओवमट्ठिइए **परिवसइ।**

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ९५

उ०—गौतम ! नीलवन्त (पर्वत) के दक्षिण में, सीता महानदी के उत्तर में, द्रहावती महानदी के पश्चिम में एवं ब्रह्मकूट (पर्वत) के पूर्व में महाविदेह वर्ष में कच्छगावती नामक विजय कहा गया है।

यह उत्तर-दक्षिण में लम्बा और पूर्व-पश्चिम में चौड़ा है। **शेष वर्णन कच्छ विजय के समान है**—**यावत्**—यहाँ कच्छगावती नामक महर्द्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थितिवाला देव रहता है।

(५) आवत्तविजयस्स अवट्ठिई पमाणं च—

(५) आवर्तविजय की अवस्थिति और प्रमाण—

२८६. प०—**कहि णं भंते ! महाविदेहे वासे आवत्ते णामं विजए पण्णत्ते ?**

२८६. प्र०—भगवन् ! महाविदेह वर्ष में आवर्त नामक विजय कहाँ कहा गया है ?

उ०—**गोयमा ! णीलवंतस्स वासहरपव्वयस्स दाहिणेणं, सीआए महाणईए उत्तरेणं, णलिणकूडस्स वक्खार-पव्वयस्स पच्चत्थिमेणं, दहावतीए महाणईए पुरत्थिमेणं एत्थ णं महाविदेहे वासे आवत्ते णामं विजए पण्णत्ते।**

सेसं जहा कच्छस्स विजयस्स इति।

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ९५

उ०—गौतम ! नीलवन्त वर्षधर पर्वत से दक्षिण मे, सीता महानदी से उत्तर में, नलिनकूट वक्षस्कार पर्वत से पश्चिम में तथा द्रहावती महानदी से पूर्व में, महाविदेह वर्ष में आवर्त नामक विजय कहा गया है।

शेष कथन कच्छविजय के समान है।

(६) मंगलावत्तविजयस्स अवट्ठिई पमाणं च—

(६) मंगलावर्तविजय की अवस्थिति और प्रमाण—

२८७. प०—**कहि णं भंते ! महाविदेहे वासे मंगलावत्ते णामं विजए पण्णत्ते ?**

२८७. प्र०—भगवन् ! महाविदेह वर्ष में मंगलावर्त नामक विजय कहाँ कहा गया है ?

उ०—**गोयमा ! णीलवंतस्स दक्खिणेणं, सीआए महाणईए उत्तरेणं, णलिणकूडस्स पुरत्थिमेणं, पंकावईए पच्चत्थिमेणं, एत्थ णं मंगलावत्ते णामं विजए पण्णत्ते।**

जहा कच्छस्स विजए तहा एसो भाणिअव्वो-जाव-**मंगलावत्ते अ इत्थ देवे महिड्ढीए-जाव-पलिओवम-ट्ठिईए परिवसइ।**

से एएणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ मंगलावत्ते विजए, मंगलावत्ते विजए। —जंबु० वक्ख० ४, सु० ९५

उ०—गौतम ! नीलवन्त से दक्षिण में, सीता महानदी से उत्तर में, नलिनकूट से पूर्व में और पंकावती से पश्चिम में मंगलावर्त नामक विजय कहा गया है, **कच्छविजय की भाँति इसका भी वर्णन जान लेना चाहिए**—**यावत्**—यहाँ मंगलावर्त नामक महर्द्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाला देव रहता है।

इस कारण गौतम ! इसका नाम मंगलावर्तविजय है।

(७) पुक्खलावत्तविजयस्स अवट्ठिई पमाणं च—

(७) पुष्कलावर्तविजय की अवस्थिति और प्रमाण—

२८८. प०—**कहि णं भंते ! महाविदेहे वासे पुक्खलावत्ते णामं विजए पण्णत्ते ?**

२८८. प्र०—भगवन् ! महाविदेह वर्ष में पुष्कलावर्त नामक विजय कहाँ कहा गया है ?

उ०—गोयमा ! **णीलवंतस्स दाहिणेणं, सीआए महाणईए उत्तरेणं पंकावईए पुरत्थिमेणं, एक्कसेलस्स वक्खार-पव्वयस्स पच्चत्थिमेणं, एत्थ णं पुक्खलावत्ते णामं विजए पण्णत्ते ।**

जहा कच्छविजए तहा भाणिअव्वं-जाव-**पुक्खले अ इत्थ देवे महिड्ढिए**-जाव-**पलिओवमट्ठिइए परिवसइ ।**

से एएणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ-पुक्खलावत्ते विजए पुक्खलावत्ते विजए । —जम्बु० वक्ख० ४, सु० ९५

उ०—गौतम ! नीलवन्त के दक्षिण में, सीता महानदी के उत्तर में, पंकावती के पूर्व में तथा एकशैलवक्षस्कार पर्वत के पश्चिम में पुष्कलावर्त नामक विजय कहा गया है ।

इसका वर्णन कच्छविजय के समान जानना चाहिए—यावत्—यहाँ **पुष्कल** नामक महर्द्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाला देव रहता है ।

इस कारण गौतम ! पुष्कलावर्तविजय को—पुष्कलावर्त विजय कहते हैं ।

(८) पुक्खलावईविजयस्स अवट्ठिई पमाणं च—

(८) पुष्कलावती विजय की अवस्थिति और प्रमाण—

२८९. प्र०—**कहि णं भंते ! महाविदेहे वासे पुक्खलावई णामं चक्कवट्टिविजए पण्णत्ते ?**

उ०—**गोयमा ! णीलवंतस्स दक्खिणेणं, सीआए महाणईए उत्तरेणं, उत्तरिल्लस्स सीआमुहवणस्स पच्चत्थिमेणं, एगसेलस्स वक्खारपव्वयस्स पुरत्थिमेणं, एत्थ णं महा-विदेहे वासे पुक्खलावई णामं विजए पण्णत्ते ।**

उत्तर-दाहिणायए, एवं जहा कच्छ विजयस्स-जाव-**पुक्खलावई अ इत्थ देवे महिड्ढिए**-जाव-**पलिओव-मट्ठिइए परिवसइ ।**

एएणट्ठे णं गोयमा ! एवं वुच्चइ-पुक्खलावईविजए पुक्खलावईविजए[1] ।

२८९. प्र०—भगवन् ! महाविदेह वर्ष में पुष्कलावती नामक चक्रवर्ती विजय कहाँ कहा गया है ?

उ०—गौतम ! नीलवन्त के दक्षिण में, सीता महानदी के उत्तर में, उत्तरी सीतामुखवन के पश्चिम में तथा एकशैल वक्षस्कार पर्वत के पूर्व में महाविदेह वर्ष में पुष्कलावती नामक विजय कहा गया है ।

यह उत्तर-दक्षिण में लम्बा है, **शेष वर्णन कच्छविजय के समान है—यावत्**—यहाँ पुष्कलावती नामक महर्द्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाली देवी रहती है ।

इस कारण गौतम ! इसका नामक पुष्कलावती विजय कहा गया है ।

अट्ठ रायहाणीओ—

विजया भणिआ, रायहाणीओ इमाओ—

गाहा—खेमा खेमपुरा चेव, रिट्ठा रिट्ठपुरा तहा ।
खग्गी मंजूसा अवि अ, ओसही पुण्डरिगिणी ॥

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ९५

आठ राजधानियाँ—

आठ विजय कहे गये हैं, उनकी राजधानियाँ ये हैं—

गाथा—(१) क्षेमा, (२) क्षेमपुरा, (३) रिष्टा, (४) रिष्टपुरा, (५) खड्गी, (६) मंजूषा, (७) औषधी, (८) पुण्डरीकिणी ।....

वच्छाइविजया, वक्खारपव्वया, महाणईओ, राय-हाणीओ य—

वत्सादिविजय, वक्षस्कार पर्वत, महानदियाँ और राज-धानियाँ—

२९०. प्र०—९ (१) **कहि णं भंते ! जम्बुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे वच्छे णामं विजए पण्णत्ते ?**

उ०—**गोयमा ! णिसहस्स वासहरपव्वयस्स उत्तरेणं, सीयाए महाणईए दाहिणेणं दाहिणिल्लस्स सीआमुहवणस्स पच्चत्थिमेणं, तिउडस्स वक्खारपव्वयस्स पुरत्थिमेणं—एत्थ णं जंबुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे वच्छे णामं विजए पण्णत्ते ।**

२९०. प्र०—९(१) भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के महाविदेह क्षेत्र में वत्स नामक विजय कहाँ कहा गया है ?

उ०—गौतम ! निषधवर्षधर पर्वत के उत्तर में, सीतामहानदी के दक्षिण में, दक्षिणी सीतामुखवन के पश्चिम में और त्रिकूट वक्षस्कार पर्वत के पूर्व में जम्बूद्वीप नामक द्वीप के महाविदेह क्षेत्र में वत्स नामक विजय कहा गया है ।

---

१ ठाणं० ८, सु० ६३७ ।

सुसीमारायहाणी तं चेव पमाणं[1]।

(इस विजय की राजधानी का नाम) सुसीमाराजधानी है, इसका प्रमाण पूर्वोक्त (अयोध्या के समान) है।

१० (२) तिउडेवक्खारपव्वए, सुवच्छेविजए, कुण्डलारायहाणी।

१०(२) आगे त्रिकूटवक्षस्कार पर्वत, सुवत्सविजय, कुण्डला राजधानी है।

११ (३) तत्तजलामहाणई, महावच्छेविजए, अपराजितारायहाणी।

११(३) तप्तजलामहा नदी, महावत्सविजय, अपराजिता राजधानी है।

१२ (४) वेसमणकूडवक्खारपव्वए, वच्छावईविजए, पभंकरारायहाणी।

१२(४) वैश्रमणकूट, वक्षस्कार पर्वत, वत्सावतीविजय, प्रभंकरा राजधानी है।

१३ (५) मत्तजलामहाणई, रम्मेविजए, अंकावईरायहाणी।

१३(५) मत्तजला महानदी, रम्यविजय अंकावती राजधानी है।

१४ (६) अंजणेवक्खारपव्वए, रम्मगेविजए पम्हावईरायहाणी।

१४(६) अंजनवक्षस्कार पर्वत, रम्यक्विजय, पद्मावती राजधानी है।

१५ (७) उम्मत्तजलामहाणई रमणिज्जेविजए सुभारायहाणी।

१५(७) उन्मत्तजला महानदी, रमणीयविजय, सुभा राजधानी है।

१६ (८) मायंजले (णे) वक्खारपव्वए[2] मंगलावईविजए[3] रयणसंचयारायहाणी[4]।

एवं जहचेव सीयाए महाणईए उत्तरंपासं तहचेव दक्खिणिल्लं भाणियव्वं। दाहिणिल्लसीआमुहवणाइ।[5]

—जंबु० वक्ख० ४ सु० ९६

१६(८) मातंजलवक्षस्कार पर्वत, मंगलावतीविजय, रत्नसंचया राजधानी है।

जिस प्रकार सीता महानदी के उत्तर पार्श्व का वर्णन किया है। उसी प्रकार दक्षिण पार्श्व का वर्णन कहना चाहिए। दक्षिणी शीतामुखवनादि का वर्णन भी कहना चाहिए"।

पम्हाइविजया, वक्खारपव्वया, महाणईओ, रायहाणीओ य—

पद्मविजय, वक्षस्कार पर्वत, महानदियाँ और राजधानियाँ

२९१. १७ (१) एवं पम्हे विजए, अस्सपुरारायहाणी, अंकावई-वक्खारपव्वए।

२९१. १७(१) इसीप्रकार पद्मविजय, अश्वपुरा राजधानी, अंकावती वक्षस्कार पर्वत है।

१—"वच्छस्स विजयस्स णिसहे दाहिणेणं, सीआ उत्तरेणं, दाहिणिल्लसीयामुहवणे पुरत्थिमेणं तिउडे पच्चत्थिमेणं सुसीमारायहाणी। पमाणं तं चेवेति।" —जंबु० वक्ख० ४, सु० ९६

इसी सूत्र की टीका में यह कथन है—कि सुसीमा राजधानी का प्रमाण जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति वक्षस्कार ३ सूत्र ४१ में वर्णित विनीता (अयोध्या) के समान है। इसी प्रकार सभी विजयों की सभी राजधानियों का प्रमाण अयोध्या के समान समझना चाहिए।

२ इमे वक्खारकूडा पण्णत्ता, तं जहा—
गाहा—तिउडे, वेसमणकूडे, अंजणे, मायंजणे।
णईउ तत्तजला, मत्तजला, उम्मत्तजला॥

३ इमे विजया पण्णत्ता, तं जहा—
गाहा—वच्छे सुवच्छे महावच्छे, चउत्थे वच्छगावई।
रम्मे रम्मए चेव, रमणिज्जे मंगलावई॥

४ इमाओ रायहाणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
गाहा—सुसीमा कुंडला चेव, अवराइअ पहंकरा।
अंकावई पम्हावई, सुभा रयणसंचया॥

५ (क) इस मूल पाठ के आगे (जंबु० वक्ख० ४, सु० ९६) के मूलपाठ में सुसीमा राजधानी की अवस्थिति, (गद्य में) तथा वक्षस्कार पर्वत, नदियाँ, विजय और राजधानियों के नामों की गाथाएँ हैं। निर्धारित संकलनपद्धति के अनुसार गद्यपाठ और गाथायें यहाँ दी गई हैं।
(ख) ठाणं-८, सु० ६३७।

१८ (२) सुपम्हेविजए, सीहपुरारायहाणी, खीरोदामहाणई ।

१८(२) **सुपद्मविजय, सिंहपुरा, राजधानी, क्षीरोदा महानदी है ।**

१९ (३) महापम्हेविजए, महापुरारायहाणी, पम्हावईवक्खार-पव्वए ।

१९(३) **महापद्मविजय, महापुरा राजधानी, पद्मावती वक्षस्कार पर्वत है ।**

२० (४) पम्हगावईविजए, विजयपुरारायहाणी, सीअसोआ-महाणई ।

२०(४) **पद्मगावती विजय, विजयपुरा राजधानी, शीतश्रोता महानदी है ।**

२१ (५) संखेविजए, अपराइयारायहाणी, आसीविसे-वक्खार-पव्वए ।

२१(५) **शंखविजय, अपराजिता राजधानी, आशिविषवक्ष-स्कार पर्वत है ।**

२२ (६) कुमुदेविजए, अरजारायहाणी, अंतोवाहिणीमहाणई ।

२२(६) **कुमुदविजय, अरजा राजधानी, अंतोवाहिनी महा-नदी है ।**

२३ (७) णलिणेविजए, असोगारायहाणी सुहावहे वक्खारपव्वए ।

२३(७) **नलिनविजय, अशोका राजधानी, सुखावह वक्षस्कार पर्वत है ।**

२४ (८) णलिणावईविजए, वीयसोगारायहाणी ।[1]
दाहिणिल्ले सीओआमुखवणसंडे, उत्तरिल्ले वि एमेव भाणियव्वे-जहा सीआए ।

२४(८) **नलिनावती विजय, वीतशोका राजधानी है ।**
दक्षिणी शीतोदा मुखवन खण्ड (का जैसा वर्णन है) वैसा ही उत्तरी (शीतोदामुख वन खण्ड का वर्णन) भी कहना चाहिए ।
जिस प्रकार शीतामुखवन खण्ड का (वर्णन है उसी प्रकार शीतोदामुखवनखण्ड का वर्णन है) ।

वप्पाइविजया, वक्खारपव्वया, महाणईओ, रायहाणीओ य—

वप्रादिविजय, वक्षस्कारपर्वत, महानदियाँ और राजधानियाँ—

२९२. २५ (१) वप्पेविजए, विजयारायहाणी, चंदेवक्खारपव्वए ।

२९२. (१) **(इसी प्रकार) वप्रविजय, विजया राजधानी, चन्द्र वक्षस्कार पर्वत है ।**

२६ (२) सुवप्पेविजए वेजयंतीरायहाणी, ओम्मिमालिणी णई ।

२६(२) **सुवप्रविजय, वैजयन्ती राजधानी, ऊर्मीमालिनी नदी है ।**

२७ (३) महावप्पेविजए, जयंतीरायहाणी, सूरेवक्खारपव्वए ।

२७(३) **महावप्रविजय, जयन्ती राजधानी सूर्यवक्षस्कार पर्वत है ।**

---

१ (क) जंबुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे मंदरस्स पव्वयस्स पच्चत्थिमेणं, णिसढवासहरपव्वयस्स उत्तरेणं, सीतोदाए महाणईए दाहिणेणं, सुहावइस्स वक्खारपव्वयस्स पच्चत्थिमेणं, पच्चत्थिमलवणसमुद्दस्स पुरत्थिमेणं—एत्थणं सलीलावई णामं विजए पण्णत्ते-तत्थ णं (सलीलावई विजए) वीयसोगणामं रायहाणी.... —णायाधम्म० अ० ८.
(णलिणावती, विजय का दूसरा नाम सलिलावती विजय भी है ।)

(ख) तत्थ ताव सीओआए महाणईए दक्खिणिल्ले णं कूले इमे विजया पण्णत्ता, तं जहा—
गाहा—पम्हे सुपम्हे महापम्हे, चउत्थे पम्हगावई ।
संखे कुमुए णलिणे अट्ठमे णलिणावई ।।

(ग) ....इमाओ रायहाणीओ पण्णत्ताओ तं जहा—
गाहा—आसपुरा, सीहपुरा महापुरा, चेव हवइ विजयपुरा ।
अवराइया य अरया, असोगा तह वीतसोगा य ।।

(घ) ....इमे वक्खारा पण्णता, तं जहा—१. अंके, २. पम्हे, ३. आसीविसे, ४. सुहावहे ।
एवं इत्थ परिवाडीए दो दो विजया कूटसरिसणामया भाणियव्वा ।
दिसा—विदिसाओ य भाणियव्वाओ । सीओआमुहवणं च भाणियव्वं । सीओआआए दाहिणिल्लं उत्तरिल्लं च ।

(ङ) इमाओ णईओ सीओआए महाणईए दाहिणिल्ले कूले खीरोओ, सीअसोया, अन्तरवाहिणीओ ।

(च) ठाणं० ८. सु० ६३७ ।

२८ (४) वप्पावईविजए, अपराइआरायहाणी, फेणमालिणी णई ।

२९ (५) वग्गूविजए, चक्कपुरारायहाणी, णागे वक्खारपव्वए ।

३० (६) सवग्गूविजए, खग्गपुरारायहाणी, गंभीरमालिणी अंतरणई ।

३१ (७) गंधिलेविजए, अवज्झारायहाणी, देवे वक्खारपव्वए ।

३२ (८) गंधिलावईविजए,[1] अयोज्झारायहाणी[2] ।

एवं मन्दरस्स पव्वयस्स पच्चित्थिमिल्लं पासं भाणियव्वं । —जंबु० वक्ख० ४, सु० १-२

२८(४) वप्रावतीविजय, अपराजिता राजधानी, फेनमालिनी नदी है ।

२९(५) वल्गु विजय, चक्रपुरा राजधानी, नाग वक्षस्कार पर्वत है ।

३०(६) सुवल्गु विजय, खड्गपुरा राजधानी, गंभीरमालिनी नदी है ।

३१(७) गंधिलविजय, अवध्या राजधानी, देववक्षस्कार पर्वत है ।

३२(८) गंधिलावतीविजय, अयोध्याराजधानी है ।

इसी प्रकार मेरु पर्वत के पश्चिमी पार्श्व का (वर्णन) कहना चाहिए ।

हेमवयवासस्स अवट्ठिई पमाणं च—

हेमवतवर्ष के अवस्थिति और प्रमाण—

२९३. प्र०—कहि णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे हेमवए णामं वासे पण्णत्ते ।

उ०—गोयमा ! महाहिमवंतस्स वासहरपव्वयस्स दक्खिणेणं चुल्लहिमवंतस्स वासहरपव्वयस्स उत्तरेणं, पुरत्थिमलवणसमुद्दस्स पच्चत्थिमेणं, पच्चत्थिमलवणसमुद्दस्स पुरत्थिमेणं, एत्थ णं जंबुद्दीवे दीवे हेमवए णामं वासे पण्णत्ते ।

पाईण-पडीणायए, उदीण-दाहिणवित्थिण्णे, पलिअंकसंठाणसंठिए, दुहा लवणसमुद्दं पुट्ठे । पुरत्थिमिल्लाए कोडीए पुरत्थिमिल्लं लवणसमुद्दं पुट्ठे, पच्चत्थिमिल्लाए कोडीए पच्चत्थिमिल्लं लवणसमुद्दं पुट्ठे, दोण्णि जोअणसहस्साइं एगं च पंचुत्तरं जोअणसयं पंच य एगूणवीसइभाए जोअणस्स विक्खंभेणं ।

२९३. प्र०—भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में हेमवत नामक वर्ष कहाँ कहा गया है ।

उ०—गौतम ! महाहिमवन्त वर्षधर पर्वत से दक्षिण में, चुल्लहिमवन्त वर्षधर पर्वत से उत्तर में, पूर्वी लवणसमुद्र से पश्चिम में तथा पश्चिमी लवणसमुद्र से पूर्व में जम्बूद्वीप नामक द्वीप में हैमवत नामक वर्ष कहा गया है ।

यह पूर्व-पश्चिम में लम्बा तथा उत्तर-दक्षिण में चौड़ा है । पलंग के आकार का है । तथा दो ओर से लवणसमुद्र से स्पृष्ट है । पूर्व की ओर पूर्वी लवणसमुद्र से स्पृष्ट है और पश्चिम की ओर पश्चिमी लवणसमुद्र से स्पृष्ट है । यह २१०५$\frac{५}{१९}$ योजन चौड़ा है ।

२९४. तस्स बाहा पुरत्थिम-पच्चत्थिमेणं छज्जोयणसहस्साइं सत्त य पणवण्णे जोअणसए तिण्णि अ एगूणवीसइभाए जोअणस्स आयामेणं[3] ।

२९४. उसकी बाहु पूर्व-पश्चिम में—

६७५५$\frac{३}{१९}$ योजन लम्बी है ।

---

१ सीओआए उत्तरिल्ले पासे इमे विजया पण्णत्ता, तं जहा—
गाहा—वप्पे सुवप्पे महावप्पे, चउत्थे वप्पयावई । वग्गू अ सुवग्गू अ, गंधिले गंधिलावई ॥

२ (क) ....इमाओ रायहाणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
गाहा—विजया वेजयंती, जयंती अपराजिया । चक्कपुरा खग्गपुरा हवइ अवज्झा अउज्झा य ॥
....इमे वक्खारा पण्णत्ता, तंजहा—
गाहा— चंदपव्वए, सूरपव्वए, नागपव्वए, देवपव्वए ।
इमाओ णईओ—सीओआए महाणईए उत्तरिल्ले कूले—
उम्मिमालिणी, फेणमालिणी, गंभीरमालिनी । उत्तरिल्लविजयाणंतराउत्ति ।
(ख) ठाणं. ८. सु. ६३७ ।

३ (क) हेमवयहेरण्णवयाओ णं बाहाओ सत्तट्ठिं सत्तट्ठिं जोयणसयाइं पणपन्नाइं तिण्णि य भागा जोयणस्स आयामेणं पण्णत्ता ।
—सम. ६७, स. २

(ख) यहाँ हेमवत और हैरण्यवत की बा काहु आयाम ६७५५ योजन तथा तीन योजन के उन्नीस भाग जितना कहा है । किन्तु समवाय ६७, सूत्र २ में ६७५५ योजन तथा एक योजन के तीन भाग जितना कहा है ।

२९५. तस्स जीवा उत्तरेणं पाईण-पडीणायया, दुहओ लवणसमुद्दं पुट्ठा, पुरत्थिमिल्लाए कोडीए पुरत्थिमिल्लं लवणसमुद्दं पुट्ठा, पच्चत्थिमिल्लाए कोडीए पच्चत्थिमिल्लं लवणसमुद्दं पुट्ठा। सत्तीसं जोअणसहस्साइं छच्चचउसत्तरे जोअणसए सोलस य एगूणवीसइभागे जोअणस्स किंचिविसेसूणे आयामेणं[1],

२९५. उसकी जीवा उत्तर में पूर्व-पश्चिम की ओर लम्बी एवं दोनों ओर से लवणसमुद्र से स्पृष्ट है। पूर्व की ओर पूर्वी लवणसमुद्र से स्पृष्ट है और पश्चिम की ओर पश्चिमी लवणसमुद्र से स्पृष्ट है। यह ३७६७४$\frac{१६}{१९}$ योजन से कुछ कम लम्बी है।

२९६. तस्स धणुं दाहिणेणं अट्ठतीसं जोअणसहस्साइं सत्त य चत्तालं जोअणसए दस य एगूणवीसइभाए जोअणस्स परिक्खेवेणं[2]।
—जंबु० वक्ख० ४, सु० ७६

२९६. उसका धनुपृष्ठ दक्षिण में—

३८७४०$\frac{१०}{१९}$ योजन की परिधि वाला है।

हेमवयस्स वासस्स आयारभावो—

२९७. प०—हेमवयस्स णं भंते! वासस्स केरिसए आयारभावपडोयारे पण्णत्ते?

उ०—गोयमा! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते।

एवं तइअसमाणुभावो णेअव्वो त्ति।
—जंबु० वक्ख० ४, सु० ७६

हैमवतवर्ष का आकार भाव—

२९७. प्र०—भगवन्! हैमवतवर्ष का आकारभाव (स्वरूप) कैसा कहा गया है?

उ०—गौतम! उसका भूमिभाग अति सम एवं रमणीय कहा गया है।

उसका वर्णन (भरत क्षेत्र के) तीसरे आरे के वर्णन जैसा जानना चाहिए।

हेमवयवासस्स णामहेऊ—

२९८. प०—से केणट्ठेणं भंते! एवं वुच्चइ—हेमवए वासे हेमवए वासे?

उ०—गोयमा! चुल्लहिमवंत—महाहिमवंतेहिं वासहरपव्वएहिं दुहओ समवगूढे। णिच्चं हेमं दलई, णिच्चं हेमं दलइत्ता णिच्चं हेमं पगासइ, हेमवए य इत्थ देवे महिड्ढीए-जाव-पलिओवमट्ठिइए परिवसइ।

से तेणट्ठेणं गोयमा! एवं वुच्चइ—"हेमवएवासे हेमवएवासे।"
—जंबु० वक्ख० ४, सु० ७८

हैमवतवर्ष का नाम का हेतु—

२९८. प्र०—भगवन्! हैमवतवर्ष को हैमवत वर्ष क्यों कहते हैं?

उ०—गौतम! यह चुल्लहिमवन्त और महाहिमवन्त नामक वर्षधर पर्वतों से दोनों ओर से समवगूढ अर्थात् संश्लिष्ट है। यह सदैव (आसनप्रदान आदि द्वारा) हेम-स्वर्ण देता है, नित्य स्वर्ण देकर सदैव हेम जैसा प्रकाशित होता है और यहाँ हैमवत नामक महर्द्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाला देव निवास करता है।

इस कारण गौतम! हैमवतवर्ष, हैमवतवर्ष कहलाता है।

हेरण्णवयवासस्स अवट्ठिई पमाणं च—

२९९. प०—कहि णं भंते! जंबुद्दीवे दीवे हेरण्णवए णामं वासे पण्णत्ते?

उ०—गोयमा! रुप्पिस्स उत्तरेणं सिहरिस्स दक्खिणेणं, पुरत्थिमलवणसमुद्दस्स पच्चत्थिमेणं, पच्चत्थिमलवण

हैरण्यवतवर्ष के अवस्थिति और प्रमाण—

२९९. प्र०—भगवन्! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में हैरण्यवत नामक वर्ष कहाँ कहा गया है?

उ०—गौतम! रुक्मि पर्वत से उत्तर में, शिखरीपर्वत से दक्षिण में, पूर्वी लवणसमुद्र से पश्चिम में और पश्चिमी लवण-

---

१ हेमवय-हेरण्णवयाओ णं जीवाओ सत्ततीसं जोयणसहस्साइं छच्च चउसत्तरे जोयणसए सोलस य एगूणवीसइभाए जोयणस्स किंचिवेसेसूणाओ आयामेणं पण्णत्ता।
—सम. ३७, सु. २

२ हेमवए-हेरण्णवयाईणं जीवाणं धणुपिट्ठे अट्ठतीसं जोयणसहस्साइं सत्त य चत्तालं जोयणसए दस एगूणवीसइभागे जोयणस्स किंचिविसेसूणा परिक्खेवेणं पण्णत्ता।
—सम. ३८, सु. २

समुद्दस्स पुरत्थिमेणं, एत्थ णं जंबुद्दीवे दीवे हिरण्णवए वासे पण्णत्ते ।

एवं जह चेव हेमवयं तह चेव हेरण्णवयं पि भाणियव्वं । णवरं जीवा दाहिणेणं, उत्तरेणं धणुं अवसिट्ठं तं चेवत्ति ।[1]

—जंबु० वक्ख० ४, सु० १११

समुद्र से पश्चिम में और पश्चिमी लवणसमुद्र से पूर्व में, जम्बूद्वीप नामक द्वीप में हैरण्यवत वर्ष कहा गया है ।

जैसा हैमवतवर्ष का कथन किया है वैसा ही हैरण्यवतवर्ष भी कह लेना चाहिये । विशेष यह है कि इसकी जीवा दक्षिण में और धनुपृष्ठ उत्तर में है । शेष कथन वही है ।

हेरण्णवयवासस्स णामहेऊ—

३००. प०—**से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ—हेरण्णवएवासे हेरण्णवएवासे ?**

उ०—**गोयमा ! हेरण्णवए णं वासे रुप्पी-सिहरीहिं वासहर-पव्वएहिं दुहओसमवगूढे, णिच्चं हिरण्णं दलइ, णिच्चं हिरण्णं मुंचइ, णिच्चं हिरण्णं पगासइ ।**

हेरण्णवए अ इत्थ देवे महिड्ढीए-जाव-पलिओवमट्ठिईए परिवसइ ।

से एएणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—'हेरण्णवएवासे ।"

—जंबु० वक्ख० ४, सु० १११

हैरण्यवतवर्ष के नाम का हेतु—

३००. प्र०—भगवन् ! हैरण्यवतवर्ष को हैरण्यवतवर्ष क्यों कहते हैं ?

उ०—गौतम ! हेरण्यवतवर्ष रुक्मि और शिखरी नामक वर्षधर पर्वतों से दोनों ओर से समवगूढ है अर्थात् संश्लिष्ट है । यह नित्य हिरण्य को प्रदान करता है । नित्य हिरण्य को त्यागता है तथा नित्य हिरण्य जैसा प्रकाशित होता है ।

यहाँ महर्द्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थितिवाला हैरण्यवत नामक देव निवास करता है ।

इस कारण गौतम ! इसका नाम हैरण्यवतवर्ष, हैरण्यवतवर्ष कहा गया है ।

हरिवासस्स अवट्ठिई पमाणं च—

३०१. प०—**कहि णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे हरिवासे णामं वासे पण्णत्ते ?**

उ०—**गोयमा ! णिसहस्स वासहरपव्वयस्स दक्खिणेणं, महाहिमवंतवासहरपव्वयस्स उत्तरेणं, पुरत्थिमलवणसमुद्दस्स पच्चत्थिमेणं, पच्चत्थिमलवणसमुद्दस्स पुरत्थिमेणं एत्थ णं जंबुद्दीवे दीवे हरिवासे णामं वासे पण्णत्ते ।**

एवं-जाव-पच्चत्थिमिल्लाए कोडीए पच्चत्थिमिल्लं लवणसमुद्दं पुट्ठे, अट्ठजोअणसहस्साइं चत्तारि अ एगवीसे जोयणसए एगं च एगूणवीसइभागे जोअणस्स विक्खंभेणं ।[2]

हरिवर्ष का अवस्थिति और प्रमाण—

३०१. भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में हरिवर्ष नामक वर्ष कहाँ कहा गया है ?

उ०—गौतम ! निषध वर्षधर पर्वत से दक्षिण में, महाहिमवन्त वर्षधर पर्वत से उत्तर में, पूर्वी लवणसमुद्र से पश्चिम में, और पश्चिमी लवणसमुद्र से पूर्व में जम्बूद्वीप नामक द्वीप में हरिवर्ष नामक वर्ष कहा गया है ।

यह—**यावत्**—पश्चिम की ओर से पश्चिमी लवणसमुद्र से स्पृष्ट है । इसकी चौड़ाई $८४२१\frac{१}{१९}$ योजन की है ।

३०२. **तस्स बाहा पुरत्थिम**—**पच्चत्थिमेणं तेरस जोअणसहस्साइं, तिण्णि अ एगसट्ठे जोअणसए, छच्च एगूणवीसइभाए जोअणस्स, अद्धभागं च आयामेणंति ।**

३०२. उसकी बाहु पूर्व-पश्चिम में—

$१३३६१\frac{६}{१९}\frac{१}{२}$ योजन लम्बी है ।

३०३. **तस्स जीवा उत्तरेणं पाईण-पडीणायया, दुहा लवणसमुद्दं पुट्ठा, पुरत्थिमिल्लाए कोडीए पुरत्थिमिल्लं लवणसमुद्दं पुट्ठा पच्चत्थिमिल्लाए कोडीए पच्चत्थिमिल्लं लवणसमुद्दं पुट्ठा**

३०३. उसकी जीवा उत्तर में पूर्व-पश्चिम की ओर लम्बी और दोनों ओर से लवणसमुद्र से स्पृष्ट है । पूर्व की ओर पूर्वी लवणसमुद्र से स्पृष्ट है और पश्चिम की ओर पश्चिम की ओर पश्चिमी

---

१ (क) सम. ६७ सु. २ । (ख) सम. ३७ सु. २ । (ग) सम. ३८ सु. २ ।....

२ हरिवास-रम्मयाणं वासा अट्ठजोयणसहस्साइं साइरेगाइं वित्थरेणं पण्णत्ता । —सम. सु. १२१

तेवत्तरिं जोअणसहस्साइं णव अ एगुत्तरे जोअणसए सत्तरस य एगूणवीसइभाए जोअणस्स अद्धभागं च आयामेणं ।[1]

लवणसमुद्र से स्पृष्ट है। यह ७३९७१$\frac{१७}{१९}$ $\frac{१}{२}$ योजन लम्बी है।

३०४. तस्स धणुं दाहिणेणं चउरासीइं जोअणसहस्साइं सोलस जोअणाइं चत्तारि एगूणवीसइभाए जोअणस्स परिक्खेवेणं ।[2]

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ८२

३०४. इसकी धनुःपीठिका दक्षिण में—

८४०१६$\frac{४}{१९}$ योजन की परिधि में है।

हरिवासस्स आयारभावो—

हरिवर्ष का आकारभाव—

३०५. प०—हरिवासस्स णं भंते ! वासस्स केरिसए आयारभाव-पडोयारे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते-जाव-मणीहिं तणेहि अ उवसोभिए ।

एवं मणीणं तणाणं य वण्णो गंधो फासो सद्दो भाणि-अव्वो ।

हरिवासे णं तत्थ तत्थ देसे तहिं तहिं बहवे खुड्डा खुड्डियाओ ।

एवं जो सुसमाए अणुभावो सो चेव अपरिसेसो वतव्वोत्ति । —जंबु० वक्ख० ४, सु० ८२

३०५. प्र०—भगवन् ! हरिवर्ष का आकारभाव (स्वरूप) कैसा कहा गया है ?

उ०—गौतम ! इसका आकार अत्यन्त सम और रमणीय भूमिभाग वाला कहा गया है—यावत्—मणियों तथा तृणों से सुशोभित है।

मणियों और तृणों के वर्ण, गंध (रस) और स्पर्श तथा शब्द का वर्णन कर लेना चाहिये।

हरिवर्ष में जगह-जगह—यत्र-तत्र अनेक छोटी-बड़ी वापिकाएँ हैं।

इस प्रकार सुषमाकाल (द्वितीय आरे) की भाँति सम्पूर्ण वर्णन कहना चाहिये।

हरिवासस्स णामहेऊ—

हरिवर्ष के नाम का हेतु—

३०६. प०—से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ-'हरिवासे हरिवासे ?"

उ०—गोयमा ! हरिवासे णं वासे मणुआ अरुणा अरुणोभासा सेआ णं संखदलसण्णिकासा हरिवासे अ इत्थ देवे महिड्ढीए-जाव-पलिओवमट्ठिइए परिवसइ ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ-"हरिवासे हरिवासे ।"

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ८२

३०६. प्र०—भगवन ! हरिवर्ष को हरिवर्ष क्यों कहते हैं ?

उ०—गौतम ! हरिवर्ष में (कुछ) मनुष्य अरुण वर्णवाले एवं अरुण कान्ति वाले हैं। (कुछ) मनुष्य शंखखण्ड के समान श्वेत वर्ण वाले हैं। यहाँ हरिवर्ष नामक महर्द्धिक—यावत्—पल्योपम की स्थितिवाला देव रहता है।

इस कारण गौतम ! हरिवर्ष-हरिवर्ष कहा जाता है।

रम्मयवासस्स अवट्ठिई पमाणं च—

रम्यक्वर्ष के अवस्थिति और प्रमाण—

३०७. प०—कहि णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे रम्मए णामं वासे पण्णत्ते ?

३०७. प्र०—भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में रम्यक्वर्ष नामक वर्ष कहाँ कहा गया है ?

---

१ हरिवास-रम्मयवासयाओ णं जीवाओ तेवत्तरिं तेवत्तरिं जोयणसहस्साइं नव य एगुत्तरे जोयणसए सत्तरस य एगूणवीसइभागे जोयणस्स अद्धभागं च आयामेणं पण्णत्ता । —सम० ७३, सु०

२ हरिवास-रम्मयवासियाणं जीवाणं धणुपिट्ठा चउरासीं जोयणसहस्साइं सोलसजोयणाइं चत्तारि य भागा जोयणस्स परिक्खेवेणं पण्णत्ता । —सम० ८४, सु० ८

यहाँ हरिवर्ष की जीवा के धनुपृष्ठ की परिधि चोरासी हजार सोलह योजन तथा चार योजन के उन्नीस भाग जितनी कही है किन्तु सम० ८४, सूत्र ८ में हरिवर्ष रम्यक्वर्ष (दोनों में प्रत्येक) की जीवा के धनुपृष्ठ की परिधि चोरासी हजार सोलह योजन तथा एक योजन के चार भाग जितनी कही है।

सम० ८४, सूत्र ८ का मूलपाठ ऊपर उद्धृत है; तुलना करें।

उ०—गोयमा ! णीलवंतस्स उत्तरेणं, रुप्पिस्स दक्खिणेणं, पुरत्थिमलवणसमुद्दस्स पच्चत्थिमेणं, पच्चत्थिमलवणसमुद्दस्स पुरत्थिमेणं ।

एवं जह चेव हरिवासं तह चेव रम्मयं वासं भाणिअव्वं । णवरं दक्खिणेणं जीवा, उत्तरेणं धणुं, अवसेसं तं चेव ।[1]

—जंबु० वक्ख० ४, सु० १११

उ०—गौतम ! नीलवन्त (वर्षधर पर्वत) से उत्तर में, रुक्मि (पर्वत) से दक्षिण में, पूर्वी लवणसमुद्र से पश्चिम में और पश्चिमी लवणसमुद्र से पूर्व में (रम्यक्वर्ष) हैं ।

हरिवर्ष का जैसा कथन किया गया है वैसा ही रम्यक्वर्ष का कहना चाहिये । विशेष यह है कि इसकी जीवा दक्षिण में है । धनुःपृष्ठ उत्तर में, शेष वक्तव्यता यही है ।

रम्मयवासस्स णामहेऊ—

रम्यक्वर्ष के नाम हेतु—

३०८. प०—से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ—रम्मएवासे रम्मए वासे ?

उ०—गोयमा ! रम्मएवासे णं रम्मे रम्मए रमणिज्जे, रम्मए अ इत्थ देवे महिड्ढीए-जाव-पलिओवमट्ठिइए परिवसइ ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—"रम्मएवासे रम्मएवासे ।"

—जंबु० वक्ख० ४, सु० १११

३०८. प्र०—भगवन् ! रम्यक्वर्ष किस कारण से रम्यक्वर्ष कहलाता है ?

उ०—गौतम ! रम्यक्वर्ष अत्यन्त रम्य एवं रमणीय है, तथा रम्यक् नामक महर्द्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाला देव निवास करता है ।

इस कारण गौतम ! यह रम्यक्वर्ष रम्यक्वर्ष कहलाता है ।

देवकुराए अवट्ठिई पमाणं च—

देवकुरु का स्थान-प्रमाणादि—

३०९. प०—कहि णं भंते ! महाविदेहे वासे देवकुरा णामं कुरा पण्णत्ता ?

उ०—गोयमा ! मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं, णिसहस्स वासहरपव्वयस्स उत्तरेणं, विज्जुप्पहस्स वक्खारपव्वयस्स पुरत्थिमेणं, सोमणसवक्खारपव्वयस्स पच्चत्थिमेणं एत्थ णं महाविदेहेवासे देवकुरा णामं कुरा पण्णत्ता ।

पाईण-पडीणायया, उदीण-दाहिणवित्थिण्णा, अद्धचंदसंठाणसंठिया इक्कारस जोयणसहस्साइं अट्ठ य बायाले जोयणसए दोण्णि य एगूणवीसइभाए जोयणस्स विक्खंभेणं ति ।

३०९. प्र०—भगवन् ! महाविदेह वर्ष में देवकुरु नामक कुरु कहाँ कहा गया है ?

उ०—गौतम ! मेरु पर्वत से दक्षिण में, निषध वर्षधर पर्वत से उत्तर में, विद्युत्प्रभ वक्षस्कार पर्वत से पूर्व में, तथा सोमनस वक्षस्कार पर्वत से पश्चिम में महाविदेह वर्ष में देवकुरु नामक कुरु कहा गया है ।

यह पूर्व-पश्चिम में लम्बा, उत्तर-दक्षिण में चौड़ा है और अर्धचन्द्र संस्थान से स्थित है । इग्यारह हजार आठसौ बयालीस योजन तथा दो योजन के उन्नीस विभाग जितना इसका विष्कम्भ है ।

३१०. तीसे णं जीवा उत्तरेणं पाईण-पडीणायया, दुहा वक्खारपव्वयं पुट्ठा—तं जहा—पुरित्थिमिल्लाए कोडीए पुरित्थिमिल्लं वक्खारपव्वयं पुट्ठा, पच्चत्थिमिल्लाए कोडीए पच्चत्थिमिल्लं वक्खारपव्वयं पुट्ठा । तेवण्णं जोयणसहस्साइं आयामेणं ति ।[2]

३१०. उसकी जीवा उत्तर की ओर पूर्व-पश्चिम में लम्बी है । दोनों ओर से वक्षस्कार पर्वत से स्पृष्ट है । यथा—पूर्वीय किनारे से पूर्वी वक्षस्कार पर्वत से स्पृष्ट है तथा पश्चिमी किनारे से पश्चिमी वक्षस्कार पर्वत से स्पृष्ट है । जीवा की लम्बाई त्रेपन हजार योजन है ।

३११. तीसे णं धणुं दाहिणेणं सट्ठिं जोयणसहस्साइं चत्तारि अ अट्ठारसे जोयणसए दुवालस य एगूणवीसइभाए जोयणस्स परिक्खेवेणं ।[3]

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ९७

३११. उसका धनुपृष्ठ दक्षिण में सात हजार चारसौ अठारह योजन तथा बारह योजन के उन्नीस विभाग जितनी परिधि वाला है ।

---

१ (क) सम. सु. १२१ । (ख) सम. ७३, सु. १ । (ग) सम. ८४, सु. ८ ।

२ देवकुरु—उत्तरकुरुयाओ णं जीवाओ तेवन्नं तेवन्नं जोयणसहस्साइं साइरेगाइं आयामेणं पण्णत्ताओ । —सम० ५३, सु०

३ 'जहा उत्तरकुराए वत्तव्वया जाव' इस संक्षिप्त वाचना की सूचना के अनुसार सु० ८७ से यहाँ पाठ की पूर्ति की गई है ।

देवकुराए आयारभावो—

३१२. प०—**देवकुराए णं भंते ! कुराए केरिसए आयारभाव पडोयारे पण्णत्ते ?**

उ०—**गोयमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते ।**

एवं पुव्ववण्णिआ जच्चेव सुसमसुसमावत्तव्वया सच्चेव णेयव्वा जाव (१) **पउमगंधा,** (२) **मिअगंधा,** (३) **अममा,** (४) **सहा,** (५) **तेतली,** (६) **सणिचारी ।**

—जंबु० वक्ख० ४, सु० ९७

देवकुरु का आकारभाव (स्वरूप)—

३१२. प्र०—भगवन् ! देवकुरा नामक कुरा का आकारभाव (स्वरूप) कैसा कहा गया है ?

उ०—गौतम ! उसका भूमिभाग बहुत सम एवं रमणीय कहा गया है ।

इस प्रकार पूर्ववर्णित सुषमासुषमा की जो वक्तव्यता है वही यहाँ समझ लेना चाहिए । यावत् (वहाँ छह प्रकार के मनुष्य हैं) । १ पद्मगंध, २ मृगगंध, ३ अमम, ४ सह, ५ तेतली और ६ शनैश्चारी ।

देवकुराए णामहेऊ—

३१३. प०—**से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ—देवकुरा, देवकुरा ?**

उ०—**गोयमा ! देवकुराए देवकुरुणामं देवे महिड्ढीए-जाव-पलिओवमट्ठिईए परिवसइ ।**

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—देवकुरा, देवकुरा । अदुत्तरं च णं गोयमा ! देवकुराए सासए णामधेज्जे पण्णत्ते । —जंबु० वक्ख० ४, सु० १००

देवकुरु के नाम का हेतु—

३१३. प्र०—भगवन् ! देवकुरु को देवकुरु क्यों कहते हैं ?

उ०—गौतम ! देवकुरु में देवकुरु नामक महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाला देव रहता है ।

इस कारण गौतम ! देवकुरु देवकुरु कहा जाता है ।

अथवा—गौतम ! देवकुरु यह नाम शास्वत कहा गया है ।

देवकुराए कूडसामलीपेढस्स ठाणाइं—

३१४. प०—**कहि णं भंते ! देवकुराए कुराए कूडसामलिपेढे णामं पेढे पण्णत्ते ?**

उ०—**गोयमा ! मंदरस्स पव्वयस्स दाहिण-पच्चत्थिमेणं णिसहस्स वासहरपव्वयस्स उत्तरेणं, विज्जुप्पभस्स वक्खारपव्वयस्स पुरत्थिमेणं, सीओआए महाणईए पच्चत्थिमेणं, देवकुरुपच्चत्थिमद्धस्स बहुमज्झदेसभाए एत्थ णं देवकुराए कुराए कूडसामलीपेढे णामं पेढे पण्णत्ते ।**[1]

एवं जच्चेव जंबूए सुदंसणाए वत्तव्वया सच्चेव सामलीए वि भाणिअव्वा णामविहूणा ।[2]

गरुलदेवे, रायहाणी दक्खिणेणं । अवसिट्ठं तं चेव ।

—जंबु० वक्ख० ४, सु० १००

देवकुरु में कूटशाल्मलीपीठ के स्थानादि—

३१४. प्र०—भगवन् ! देवकुरु नामक कुरु में कूटशाल्मलीपीठ नामक पीठ कहाँ कहा गया है ?

उ०—गौतम ! मेरुपर्वत से दक्षिण पश्चिम में, निषध वर्षधर पर्वत से उत्तर में, विद्युत्प्रभ वक्षस्कार पर्वत से पूर्व में, शीतोदा महानदी से पश्चिम मे तथा देवकुरु के पश्चिमार्ध के मध्य में देवकुरु नामक कुरु में कूटशाल्मलीपीठ नामक पीठ कहा गया है ।

जम्बूसुदर्शन (वृक्ष) की भाँति शाल्मलीका भी, नाम को छोड़कर समस्त वर्णन कर लेना चाहिये ।

यहाँ गरुड़ नामक देव (रहता है) (इस देव की) राजधानी दक्षिण में है । शेष वर्णन पूर्ववत् है ।

३१५. **तत्थ णं दो महइमहालया, महद्दुमा बहुसमतुल्ला, अविसेसमणाणत्ता अण्णमण्णं नाइवट्टन्ति आयाम-विक्खंभुच्चत्तोव्वेहसंठाण—परिणाहेणं तं जहा—कूडसामली चेव सुदंसणा चेव ।**

३१५. वहाँ दो विशाल महावृक्ष हैं, जो परस्पर सर्वथा तुल्य, विशेषतारहित, विविधतारहित, लम्बाई, चौड़ाई, ऊँचाई, गहराई, आकृति और परिधि में एक दूसरे का अतिक्रमण नहीं करते हैं, यथा—कूटशाल्मली और जंबूसुदर्शना ।

---

१ ठाणं १० सु० ७६४

२ (क) कूडसामलीणं अट्ठ जोयणाइं एवं चेव ।

—ठाणं ८, सु० ६३५

(ख) सम० ८ सु० ५

तत्थ णं दो देवा महिड्ढिया-जाव-पलिओवमट्ठिइया परिवसंति तं जहा—गरुले चेव वेणुदेवे, अणाढिए चेव जंबुद्दीवाहिवई। —ठाणं २ उ० ३, सु० ८६

वहाँ महाऋद्धि वाले—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाले दो देव रहते हैं, यथा—वेणुदेव गरुड़ और अनाढिय। ये दोनों जम्बूद्वीप के अधिपति हैं।

उत्तरकुरुस्स अवट्ठिई पमाणं च—

३१६. प०—कहि णं भंते! महाविदेहे वासे उत्तरकुरा णामं कुरा पण्णत्ता?

उ०—गोयमा मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरेणं, णीलवंतस्स वासहरपव्वयस्स दक्खिणेणं, गंधमायणस्स वक्खारपव्वयस्स पुरत्थिमेणं, मालवन्तस्स वक्खारपव्वयस्स पच्चत्थिमेणं, एत्थ णं उत्तरकुरा णामं कुरा पण्णत्ता।

पाईण-पडीणायया, उदीण-दाहिणवित्थिन्ना, अद्धचंदसंठाणसंठिया, इक्कारस जोअणसहस्साइं अट्ठ य बायाले जोअणसए दोण्णि अ एगूणवीसइभाए जोअणस्स विक्खंभेणंति।

उत्तरकुरु की अवस्थिति और प्रमाणादि—

३१६. प्र०—भगवन्! महाविदेह वर्ष में उत्तरकुरु नामक कुरु कहाँ कहा गया है?

उ०—गौतम! मन्दर पर्वत से उत्तर में, नीलवन्त वर्षधर पर्वत से दक्षिण में, गंधमादन वक्षस्कार पर्वत से पूर्व में और माल्यवन्त वक्षस्कार पर्वत से पश्चिम में उत्तरकुरु नामक कुरु कहा गया है।

वह पूर्व-पश्चिम में लम्बा, उत्तर-दक्षिण में चौड़ा, तथा अर्धचन्द्राकार है। वह ११८४२$\frac{२}{१९}$ विष्कंभ वाला है।

३१७. तीसे णं जीवा उत्तरेणं पाईण-पडीणायया, दुहा वक्खारपव्वयं पुट्ठा, तं जहा—पुरत्थिमिल्लाए कोडीए पुरत्थिमिल्लं वक्खारपव्वयं पुट्ठा, पच्चत्थिमिल्लाए कोडीए पच्चत्थिमिल्लं वक्खारपव्वयं पुट्ठा, तेवण्णं जोअणसहस्साइं आयामेणंति।[1]

३१७. उसकी जीवा उत्तर में पूर्व-पश्चिम में लम्बी है और दोनों ओर से वक्षस्कार पर्वत से स्पृष्ट है। यथा—पूर्वीय किनारे से पूर्वी वक्षस्कार पर्वत से स्पृष्ट है तथा पश्चिमी किनारे से पश्चिमी वक्षस्कार पर्वत से स्पृष्ट है। उसकी लम्बाई तेपन हजार योजन है।

३१८. तीसे णं धणुं दाहिणेणं सट्ठिं जोअणसहस्साइं चत्तारि अ अट्ठारसे जोअणसए दुवालस य एगूणवीसइभागे जोअणस्स परिक्खेवेणं।[2] —जंबु० वक्ख० ४, सु० ८७

३१८. उसका धनुःपृष्ठ दक्षिण में—

६०४१८$\frac{१२}{१९}$ योजन की परिधि वाला है।

उत्तरकुराए आयारभावो—

३१९. प०—उत्तरकुराए णं भंते! कुराए केरिसए आयारभावपडोयारे पण्णत्ते?

उ०—गोयमा! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते।

से जहाणामए आलिंगपुक्खरेइ वा-जाव-एवं एक्कोरुय-दीववत्तव्वया-जाव-देवलोग-परिग्गहा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता समणाउसो!

णवरि इमं णाणत्तं छ धणुसहस्स-मूसिता, दोछप्पन्ना पिट्ठकरंडसता, अट्ठमभत्तस्स आहारट्ठे समुप्पज्जति तिण्णि पलिओवमाइं देसूणाइं पलिओवमस्सासंखिज्जइभागेण ऊणगाइं जहन्नेणं, तिन्निपलिओवमाइं

उत्तरकुरु का आकारभाव (स्वरूप)—

३१९. प्र०—भगवन्! उत्तरकुरा का आकारभाव (स्वरूप) कैसा कहा गया है?

उ०—गौतम! उसका भूभाग अत्यधिक सम एवं रमणीय कहा गया है।

चर्ममंडेहुए मृदंगवाद्य के चर्मतल जैसा है—**यावत्**—**एकोरुकद्वीप के कथन जैसा है—यावत्**—हे आयुष्मन् श्रमण! (उत्तरकुरा के) मनुष्य देवलोक में उत्पन्न होने वाले कहे गये हैं।

यहाँ विशेषता यह है कि वे छह हजार धनुष ऊँचे होते हैं, उनके दोसौ छप्पन पांसलियां होती हैं अष्टभक्त (तीन दिन) के बाद उन्हें आहार की इच्छा होती है उनका जघन्य आयु कुछ कम अर्थात् पल्योपम के असंख्यातवें भाग से कुछ कम तीन

---

१ सम० ५३, सु०।

२ जीवा. प० ३, उ० २, सु० १४७

उक्कोसेणं । एकूणपण्णराइंदियाइं अणुपालणा । सेसं जहा एगुरुयाणं ।

पल्योपम का है और उत्कृष्ट तीन पल्योपम का है।[1] वे उनपचास अहोरात्रपर्यन्त अपने बालयुगल का पालन-पोषण करते हैं। **शेष वर्णन एकोरुकद्वीप (निवासी मनुष्यों) जैसा है।**

३२०. उत्तरकुराएणं कुराए छव्विहा मणुस्सा अणुसज्जंति । तं जहा । (१) पम्हगंधा, (२) मियगंधा, (३) अम्ममा, (४) सहा, (५) तेयालीसे, (६) सणिच्चारी ।[1]

—जीवा० प० ३, उ० २, सु० १४७

३२०. उत्तरकुरा नामक कुरा में छह प्रकार के मनुष्य निवास करते हैं—यथा—१ पद्म (कमल) जैसी गंधवाले, २ मृग (कस्तूरीमृग) जैसी गंधवाले, ३ ममत्वरहित, ४ सहनशील, ५ तेजस्तलीन (तेतली) ६ शनैश्चारी (शनैःशनैः चलने वाले)।

उत्तरकुराए णामहेऊ—

उत्तरकुरु के नाम का हेतु—

३२१. प०—से केणट्ठेणं भंते । एवं वुच्चइ-उत्तरकुरा उत्तरकुरा ।

उ०—गोयमा ! उत्तरकुराए उत्तरकुरु णामं देवे महिड्ढीए -जाव-पलिओवमट्ठिइए परिवसइ । से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—"उत्तरकुरा, उत्तरकुरा ।"

अदुत्तरं च णं गोयमा ! उत्तरकुराए सासए णामधेज्जे पण्णत्ते । —जंबु० वक्ख० ४, सु० ९१

३२१. प्र०—भगवन् ! उत्तरकुरु-उत्तरकुरु क्यों कहा जाता है ?

उ०—गौतम ! उत्तरकुरु में उत्तरकुरु नामक महर्धिक —यावत्— पल्योपम की स्थिति वाला देव रहता है। इस कारण गौतम ! उत्तरकुरु उत्तरकुरु कहा जाता है।

अथवा—गौतम ! उत्तरकुरा यह नाम शास्वत कहा गया है।

३२२. देवकुरु-उत्तरकुरुएसु णं मणुया एगूणपन्नाराइंदिएहिं संपन्न-जोव्वणा भवंति । —सम ४९, सु० ९२

३२२. देवकुरु उत्तरकुरु में मनुष्य उनपचास अहोरात्रि में युवा-वस्था को प्राप्त होते हैं।

उत्तरकुराए जंबुपेढस्स अवट्ठिई पमाणं च—

उत्तरकुरा में जम्बूपीठ की अवस्थिति और प्रमाण—

३२३. प०—कहि णं भंते ! उत्तरकुराए २ जंबूपेढे णामं पेढे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! णीलवंतस्स वासहरपव्वयस्स दक्खिणेणं मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरेणं मालवंतस्स वक्खारपव्वयस्स पच्चत्थिमेणं, गंधमादणस्स वक्खारपव्वयस्स पुरत्थिमेणं, सीआए महाणईए पुरत्थिमिल्ले कूले—एत्थ णं उत्तरकुराए कुराए जंबूपेढे णामं पेढे पण्णत्ते ।[2]

३२३. प्र०—हे भगवन् ! उत्तरकुरा में जम्बूपीठ नामक पीठ कहाँ कहा गया है ?

उ०—हे गौतम ! नीलवंत वर्षधर पर्वत से दक्षिण में, मंदर पर्वत से उत्तर में, मालवंत वक्षस्कार पर्वत से पश्चिम में, गंधमादन वक्षस्कार पर्वत से पूर्व में शीता महानदी के पूर्वी किनारे पर उत्तरकुरा में जम्बूपीठ नामक पीठ कहा गया है।

---

१ जंबु० वक्ख० ४, सु० ८७

२ जम्बूपीठ से सम्बन्धित वर्णन आगमोदय समिति से प्रकाशित जीवाभिगम और जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति सूत्र में है—दोनों आगमों के वर्णनों में वाचना भेद से कहीं कहीं असमानता है।

उ०—गोयमा ! गोतित्थसंठिते, नावासंठाणसंठिते, सिप्पिसंपुडसंठिते, आसखंधसंठिते वलभिसंठिते, वट्टे वलयागारसंठाणसंठिते पण्णत्ते !

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १७२

६२८. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र का संस्थान (आकार) कैसा कहा गया है ?

उ०—गौतम ! लवणसमुद्र गोतीर्थ-संस्थान, नावा-संस्थान, शुक्तासंपुट-संस्थान, अश्वस्कंध-संस्थान, वलभीगृह-संस्थान, वृत्त और वलयाकार-संस्थान से स्थित कहा गया है ।

---

१ भग० स० १० उ० ७-२८ सु० १ ।

६२९. प०—लवणे णं भंते ! समुद्दे किं समचक्कवालसंठिते ? विसमचक्कवालसंठिते ?

उ०—गोयमा ! समचक्कवालसंठिए, नो विसमचक्कवालसंठिए ।

६२९. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र क्या समचक्राकार संस्थान से स्थित है ? या विषमचक्राकार संस्थान से स्थित है ?

उ०—गौतम ! समचक्राकार-संस्थान से स्थित है, विषमचक्राकार-संस्थान से स्थित नहीं है ।

६३०. प०—लवणे णं भंते ! समुद्दे केवतियं चक्कवालविक्खंभेणं, केवतियं परिक्खेवेणं पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! लवणे णं समुद्दे दो जोयणसतसहस्साइं चक्कवालविक्खंभेणं पण्णत्ते,[1]

पण्णरसजोयणसयसहस्साइं एगासीइसहस्साइं सयमेगोणचत्तालीसे किंचिविसेसाहिए लवणोदधिणो चक्कवालपरिक्खेवेणं पण्णत्ते ।[2]

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५४

६३०. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र की चक्राकार चौड़ाई कितनी कही गई है और परिधि कितनी कही गई है ?

उ०—गौतम लवणसमुद्र की चक्राकार चौड़ाई दो लाख योजन की कही गई ।

पन्द्रह लाख इक्यासी हजार एक सौ उनतालीस योजन से कुछ अधिक की लवणसमुद्र की चक्रवाल-परिधि कही गई है ।

लवणसमुद्दस्स पउमवरवेइयाए वणसंडस्स य पमाणं—

लवणसमुद्र की पद्मवरवेदिका का तथा वनखण्ड का प्रमाण—

६३१. से णं एक्काए पउमवरवेइयाए एगेण य वणसंडेणं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ते चिट्ठइ । दोण्हवि वण्णओ ।

६३१. वह एक पद्मवरवेदिका और एक वनखण्ड से चारों ओर से घिरा हुआ है । **दोनों (पद्मवरवेदिका और वनखण्ड) का वर्णन कहना चाहिए ।**

६३२. सा णं पउमवरवेइया अद्धजोयणं उड्ढं उच्चत्तेणं[3], पंचधणुसयविक्खंभेणं, लवणसमुद्दसमियपरिक्खेवेणं, सेसं तहेव ।

६३२. वह पद्मवरवेदिका आधा योजन ऊपर की ओर ऊँची है, पाँच सौ धनुष चौड़ी है, लवणसमुद्र के समान परिधि वाली है **शेष उसी प्रकार है ।**

---

१ (क) ठाणं २, उ० ३, सु० ९१ ।
(ख) सम० सु० १२५ ।
(ग) जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० १७२ ।
(घ) लवणे णं भंते ! समुद्दे केवतियं चक्कवालविक्खंभेणं पन्नत्ते ? एवं नेयव्वं—**जाव**—लोगट्ठिती, लोगाणुभावे ।
—भग. स. ५, उ. २, सु. १८

२ (क) प०—लवणे णं ! समुद्दे केवतियं परिक्खेवेणं पण्णत्ते ?
उ०—गोयमा ! पण्णरसजोयणसयसहस्साइं एकासीति च सहस्साइं सतं च इगुयालं किंचिविसेसूणे परिक्खेवेणं पण्णत्ते ।
—जीवा पडि. ३, उ. २, सू. १७२

जीवा. प्रति. ३, उ. २, सू. १५४ में लवणसमुद्र की परिधि १५,८१,१३९ (पन्द्रह लाख, इक्यासी हजार, एक सौ उनतालीस) योजन से कुछ अधिक की कही गई है और जीवा. प्रति. ३, उ. २, सूत्र १७२ में १५,८१,१३९ (पन्द्रह लाख, इक्यासी हजार, एक सौ उनतालीस) योजन से कुछ कम की कही गई है । यद्यपि यह अन्तर विशेष नहीं है किन्तु एक ही आगम में दो प्रकार के ये कथन भ्रान्तिमूलक हैं ।

(ख) जीवा. प्रति. ३, उ. २, सूत्र १७२ में लवणसमुद्र के (१) संस्थान, (२) चक्रवालविष्कम्भ, (३) परिधि, (४) उद्वेध, (५) उत्सेध और सर्वप्रमाण से सम्बन्धित पाँच प्रश्न एक साथ हैं तथा पाँच उत्तर भी एक साथ हैं । किन्तु यहाँ एक प्रश्नोत्तर टिप्पण में लिया है और शेष प्रश्नोत्तर विषयानुक्रम से विभक्त करके दिये गये हैं ।

(ग) सूरिय. पा. १९, सु. १०० ।

३ ठाणं. अ. २, उ. ३, सु. ९१ ।

६३३. से णं वणसंडे देसूणाइं दो जोयणाइं चक्कवालविक्खंभेणं -जाव-विहरइ। —जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५४

६३३. वह वनखण्ड कुछ कम दो योजन चक्रवाल चौड़ा है—यावत्—(देव) विचरण करते हैं।

लवणसमुद्दस्स उदगमाल पमाणं—

६३४. प०—लवणस्स णं भंते ! समुद्दस्स केमहालए उदगमाले[1] पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! दसजोयणसहस्साइं उदगमाले पण्णत्ते।[2]

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १७१

लवणसमुद्दस्स उव्वेहाईणं पमाणं—

६३५. प०—लवणे णं भंते ! समुद्दे केवतियं उव्वेहेणं पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! एगं जोयणसहस्सं उव्वेहेणं पण्णत्ते।

६३६. प०—लवणे णं भंते ! समुद्दे केवतियं उस्सेहेणं पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! सोलसजोयणसहस्साइं उस्सेहेणं पण्णत्ते।[3]

६३७. प०—लवणे णं भंते ! समुद्दे केवतियं सव्वग्गेणं पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! सत्तरसजोयणसहस्साइं सव्वग्गेणं पण्णत्ते।[4]

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १७२

लवणसमुद्दस्स उव्वेहपरिवुड्ढी—

६३८. प०—लवणे णं भंते ! समुद्दे केवतियं उव्वेहपरिवुड्ढीते पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! लवणस्स णं समुद्दस्स उभओ पासिं पंचाणउतिं पंचाणउतिं पदेसे गंता पदेसं उव्वेहपरिवुड्ढीए पण्णत्ते।

पंचाणउतिं पंचाणउतिं वालग्गाइं गंता वालग्गं उव्वेहपरिवुड्ढीए पण्णत्ते।

पंचाणउतिं पंचाणउतिं लिक्खाओगंता लिक्खा उव्वेहपरिवुड्ढीए पण्णत्ते।

एवं पंचाणउइ जवाओ जवमज्झे अंगुल-विहत्थि-रयणी-कुच्छी-धणु-गाउय-जोयण-जोयणसत-जोयणसहस्साइं गंता जोयणसहसं उव्वेहपरिवुड्ढीए।[5]

—जीवा. पडि. ३, उ, २, सु. १७०

लवणसमुद्दस्स उस्सेहपरिवुड्ढी—

६३९. प०—लवणे णं भंते ! समुद्दे केवतियं उस्सेहपरिवुड्ढीए पण्णत्ते ?

लवणसमुद्र की उदकमाला का प्रमाण—

६३४. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र की उदकमाला कितनी विशाल कही गई हैं ?

उ०—गौतम ! उदकमाला दस हजार योजन की कही गई है।

लवणसमुद्र के उद्वेधादि का प्रमाण—

६३५. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र की गहराई कितनी कही गई है ?

उ०—गौतम ! एक हजार योजन की गहराई कही गई है।

६३६. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र की ऊँचाई कितनी कही गई है ?

उ०—गौतम ! सोलह हजार योजन की ऊँचाई कही गई है।

६३७. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र का सर्वाग्र कितना कहा गया है।

उ०—गौतम ! सतरह हजार योजन का सर्वाग्र कहा गया है।

लवणसमुद्र में गहराई की वृद्धि—

६३८. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र में गहराई की वृद्धि कितनी कही गई है ?

उ०—गौतम ! लवणसमुद्र के दोनों ओर (जम्बूद्वीप की वेदिका एवं लवणसमुद्र की वेदिका के अन्त से आरम्भ करके) पंचानवे पंचानवे प्रदेश जाने पर एक एक प्रदेश गहराई की वृद्धि कही गई।

पंचानवे पंचानवे वालाग्र जाने पर एक-एक वालाग्र गहराई की वृद्धि कही गई है।

पंचानवे पंचानवे लीक्षा जाने पर एक-एक लीक्षा गहराई की वृद्धि कही गई है।

इसी प्रकार पंचानवे पंचानवे यव, यवमध्य, अंगुल, वितस्ति, रत्नि, कुक्षी, धनुष, गाउ, सौ योजन और हजार योजन पर एक-एक यव, यवमध्य—यावत्—हजार योजन गहराई की वृद्धि कही गई है।

लवणसमुद्र की उत्सेध परिवृद्धि—

६३९. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र की उत्सेधपरिवृद्धि (शिखा-वृद्धि) कितनी कही गई है ?

---

१ उदकमाला-समपानीयोपरिभूता। २ ठाणं. १०, सु० ७२०।
३ सम. १६, सु. ७। ४ सम. १७, सु. ५।
५ सम. ९५ सु. ३।

उ०—गोयमा ! लवणस्स णं समुद्दस्स उभओ पासिं पंचाण-उतिं पंचाणउतिं पदेसेगंता सोलसपएसे उस्सेहपरिवुड्ढीए पण्णत्ते ।

गोयमा ! लवणस्स णं समुद्दस्स एएणेव कमेणं-जाव-पंचाणउतिं पंचाणउतिं जोयणसहस्साइं गंता सोलस-जोयणसहस्साइं उस्सेहपरिवुड्ढीए पण्णत्ते ।[1]

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १७०

उ०—गौतम ! लवणसमुद्र के दोनों ओर पंचानवे पंचानवे प्रदेश जाने पर सोलह प्रदेशों की शिखावृद्धि कही गई है ।

गौतम ! इसी क्रम से—**यावत्**—पंचानवे पंचानवे हजार योजन की लवणसमुद्र की शिखावृद्धि कही गई ।

लवणसमुद्दवुड्ढी हाणि-कारणाइं—

लवणसमुद्र की वृद्धि और हानि के कारण—

६४०. प०—कम्हा णं भंते ! लवणसमुद्दे चाउद्दसट्ठमुद्दिट्ठपुण्णिमासिणीसु अतिरेगं अतिरेगं वड्ढति वा, हायति वा ?

६४०. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र (का पानी) चतुर्दशी, अष्टमी, अमावस्या और पूर्णिमा को किस कारण से अधिकाधिक बढ़ता और घटता है ?

उ०—गोयमा ! जंबुद्दीवस्स णं दीवस्स चउद्दिसिं बाहिरिल्लाओ वेइयंताओ लवणसमुद्दं पंचाणउतिं पंचाणउतिं जोयणसहस्साइं ओगाहित्ता—एत्थ णं चत्तारि महालिंजरसंठाणसंठिया महइमहालया महापायाला पण्णत्ता,

तं जहा—१. वलयामुहे, २. केतूए,
३. जूवे, ४. ईसरे ।[2]

तेणं महापायाला एगमेगं जोयणसयसहस्सं उव्वेहेणं ।

मूले दसजोयणसहस्साइं विक्खंभेणं,

मज्झे एगपदेसियाए सेढीए एगमेगं जोयणसतसहस्सं विक्खंभेणं,

उवरिं मुहमूले दसजोयणसहस्साइं विक्खंभेणं,

तेसि णं महापायालाणं कुड्डा सव्वत्थ समा दसजोयण-सतबाहल्ला पण्णत्ता, सव्ववइरामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।[4]

तत्थ णं बहवे जीवा पोग्गला य अवक्कमंति, विउक्क-मंति, चयंति, उवचयंति ।

सासया णं ते कुड्डा दव्वट्ठयाए ।

वण्णपज्जवेहिं गंधपज्जवेहिं रसपज्जवेहिं फासपज्जवेहिं असासया ।

तत्थ णं चत्तारि देवा महिड्ढीया-जाव-पलिओवमट्ठि-तीया परिवसंति,

उ०—गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के चारों ओर की बाहरी वेदिकाओं के अन्त से लवणसमुद्र में पंचानवे पंचानवे हजार योजन जाने पर महाआलिंजर (विशालकुम्भ) के आकार के चार बड़े-बड़े महापाताल (कलश) कहे गये हैं ।

यथा—(१) वलयामुख, (२) केतुक,
(३) यूप, और (४) ईश्वर ।

प्रत्येक महापाताल (कलश) एक लाख योजन गहरा है ।

मूल दस हजार योजन चौड़ा है ।

एक एक प्रदेश की श्रेणी से (बढ़ते बढ़ते) मध्य में एक लाख योजन का चौड़ा है ।

ऊपर के मुख का मूल (एक एक प्रदेश की श्रेणी कम होते होते) दस हजार योजन चौड़ा है ।

उन महापाताल कलशों की दिवालें सर्वत्र समान हैं, वे दस हजार योजन मोटी कही गई हैं । सब वज्रमय हैं स्वच्छ हैं—**यावत्**—मनोहर हैं ।

उन (दिवारों) में से अनेक जीव और पुद्गल निकलते हैं, उत्पन्न होते हैं, चय और उपचय को प्राप्त होते हैं ।

वे दिवारें द्रव्यों की अपेक्षा से शाश्वत हैं ।

वर्णपर्यायों, गंधपर्यायों, रसपर्यायों और स्पर्शपर्यायों की अपेक्षा से अशाश्वत हैं ।

वहाँ महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाले चार देव रहते हैं ।

---

१ सम. १६, सु. ७ ।

२ (क) ठाणं० ४, उ० २, सु० ३०५ । (ख) सम० ९५, सु० २ ।

३ ठाणं १०, सु० ७२० । ४ ठाणं १०, सु० ७२० ।

तं जहा—१. काले, २. महाकाले,
३. वेलंबे, ४. पभंजणे ।[1]

यथा—(१) काल, (२) महाकाल,
(३) वेलम्ब और (४) प्रभंजन ।

६४१. तेसि णं महापायालाणं तओ तिभागा पण्णत्ता,

तं जहा—हेट्ठिले तिभागे, मज्झिल्ले तिभागे, उवरिमे तिभागे ।

६४१. उन महापातालों के तीन विभाग कहे गये हैं ।

यथा—(१) नीचे का विभाग, (२) मध्य का विभाग, (३) ऊपर का विभाग ।

ते णं तिभागा तेत्तीसं जोयणसहस्सा तिण्णि य तेत्तीसं जोयणसतं जोयणतिभागं च बाहल्लेणं ।

ये तीन भाग तेतीस हजार, तीन सौ, तेतीस योजन और एक योजन के तीन भाग जितने मोटे हैं ।

तत्थ णं जे से हेट्ठिल्ले तिभागे—एत्थ णं वाउकाओ संचिट्ठति ।

उनमें से जो नीचे का त्रिभाग है उसमें वायुकाय है ।

तत्थ णं जे से मज्झिल्ले तिभागे—एत्थ णं वाउकाए य, आउकाए य संचिट्ठति ।

उनमें से जो मध्य का त्रिभाग है उसमें वायुकाय और अप्काय है ।

तत्थ णं जे से उवरिल्ले तिभागे—एत्थ णं आउकाए संचिट्ठति ।

उनमें से जो ऊपर का त्रिभाग है उसमें अप्काय है ।

६४२. अदुत्तरं च णं गोयमा ! लवणसमुद्दे तत्थ तत्थ देसे बहवे खुड्डालिंजरसंठाणसंठिया खुड्डपायालकलसा पण्णत्ता ।

६४२. गौतम ! इनके अतिरिक्त लवणसमुद्र में जहाँ तहाँ छोटे कलश के आकार के अनेक छोटे पाताल कलश कहे गये हैं ।

ते णं खुड्डा पाताला एगमेगं जोयणसहस्सं उव्वेहेणं,

प्रत्येक छोटे पाताल कलश एक हजार योजन के गहरे हैं ।

मूले एगमेगं जोयणसतं विक्खंभेणं,

प्रत्येक (छोटे पाताल कलश) का मूल (पैंदा) एक सौ योजन चौड़ा है ।

मज्झे एगदेसियाए सेढीए एगमेगं जोयणसहस्सं विक्खंभेणं,

प्रत्येक (छोटे पाताल कलश) का मध्य एक एक प्रदेश की श्रेणी से (बढ़ते बढ़ते) एक हजार योजन का चौड़ा है ।

उप्पिं मुहमूले एगमेगं जोयणसतं विक्खंभेणं ।

प्रत्येक (छोटे पाताल कलश) के ऊपर के मुख का मूल (एक एक प्रदेश की श्रेणी कम होते होते) एक सौ एक सौ योजन का चौड़ा है ।

६४३. तेसि णं खुड्डागपायालाणं कुड्डा सव्वत्थ समा दस जोयणाइं बाहल्लेणं पण्णत्ता सव्ववइरामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।[2]

६४३. उन छोटे पातालकलशों की दिवालें सर्वत्र समान हैं, वे दस योजन की मोटी कही गई हैं । सब वज्रमय हैं, स्वच्छ हैं—यावत्—मनोहर हैं ।

तत्थ णं बहवे जीवा पोग्गला य अवक्कमंति-जाव-उवचयंति ।

उनमें से अनेक जीव और पुद्गल निकलते हैं—यावत्—उपचय को प्राप्त होते हैं ।

सासया णं ते कुड्डा दव्वट्ठाए ।

उन (छोटे पातालकलशों) की दिवालें द्रव्यों की अपेक्षा से शाश्वत हैं ।

वण्णपज्जवेहिं-जाव-फासपज्जवेहिं असासया ।

वर्णपर्यायों की अपेक्षा से—यावत्—स्पर्शपर्यायों की अपेक्षा से अशाश्वत हैं ।

पत्तेयं पत्तेयं अद्धपलिओवमट्ठितीताहिं देवताहिं परिग्गहिया ।

प्रत्येक (क्षुद्र पाताल कलश) अर्धपल्योपम की स्थिति वाली देवियों से परिगृहीत हैं ।

---

१ ठाणं ४, उ० २, सु० ३०५ २ ठाणं १०, सु० ७२० ।

६४४. तेसि णं खुड्डगपातालाणं ततो तिभागा पण्णत्ता, तं जहा—हेट्ठिल्ले तिभागे, मज्झिल्ले तिभागे, उवरिल्ले तिभागे ।

ते णं तिभागा तिण्णि तेत्तीसे जोयणसते जोयणतिभागं च बाहल्लेणं पण्णत्ते ।

तत्थ णं जे से हेट्ठिल्ले तिभागे—एत्थ णं वाउकाओ संचिट्ठति,

तत्थ णं जे से मज्झिल्ले तिभागे—एत्थ णं वाउकाए य आउकाए य संचिट्ठति,

तत्थ णं जे से उवरिल्ले तिभागे—एत्थ णं आउकाए संचिट्ठति,

एवामेव सपुव्वावरेणं लवणसमुद्दे सत्त पायालसहस्सा अट्ठ य चुलसीता पातालसता भवंतीतिमक्खाया ।

६४४. उन क्षुद्रपाताल कलशों के तीन त्रिभाग कहे गये हैं। यथा—(१) नीचे का त्रिभाग, (२) मध्य का त्रिभाग, (३) ऊपर का त्रिभाग ।

ये त्रिभाग तीन सौ तेतीस योजन और एक योजन के तीन भाग जितने मोटे कहे गये हैं ।

उनमें से जो नीचे का त्रिभाग है—उसमें वायुकाय है ।

उनमें से जो मध्य का त्रिभाग है—उसमें वायुकाय और अप्काय है ।

उनमें से जो ऊपर का त्रिभाग है—उसमें अप्काय है ।

इस प्रकार सब मिलाकर लवणसमुद्र में सात हजार आठ सौ, चौरासी (क्षुद्र) पाताल (कलश) हैं, ऐसा कहा गया है ।

६४५. तेसि णं महापायालाणं खुड्डगपायालाण य हेट्ठिममज्झिमिल्लेसु तिभागेसु बहवे ओरालावाया संसेयंति संमुच्छिमंति एयंति चलंति कंपंति खुब्भंति घट्टन्ति फंदंति तं तं भावं परिणमंति, तया णं से उदए उण्णाभिज्जंति ।

जया णं तेसि महापायालाणं खुड्डगपायालाण य हेट्ठिल्ल-मज्झिल्लेसु तिभागेसु नो बहवे ओराला वाया संसेयंति-जाव-फंदंति, तं तं भावं परिणमंति तया णं से उदए नो उन्नाभिज्जइ ।

अंतरा वि य णं ते वायं उदीरेंति, अंतरा वि य णं से उदगे उण्णाभिज्जइ ।

अंतरा वि य ते वाया नो उदीरंति, अंतरा वि य णं ते उदगे नो उण्णाभिज्जइ ।

एवं खलु गोयमा ! लवणसमुद्दे चाउद्दसट्ठमुद्दिट्ठपुण्णमासिणीसु अइरेगं अइरेगं वड्ढति वा, हायति वा ।[1]

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५६

६४५. उन महापाताल कलशों के और क्षुद्रपाताल कलशों के नीचे के तथा मध्य के त्रिभागों में उदार वायुकाय (के जीव) उत्पन्न होते हैं, सम्मूर्छित होते हैं, हिलते हैं, चलते हैं, कम्पित होते हैं, क्षुब्ध होते हैं, टकराते हैं, घर्षण को प्राप्त होते हैं तथा उन उन भावों में परिणत होते हैं, तब वहाँ का पानी ऊपर की ओर उछलता है ।

जब उन महापाताल कलशों और क्षुद्रपाताल कलशों के नीचे के तथा मध्य के त्रिभागों में उदार अनेक वायुकाय के जीव उत्पन्न नहीं होते हैं—**यावत्**—घर्षण को प्राप्त नहीं होते हैं और उन उन भावों को परिणत नहीं होते है तब वहाँ का पानी ऊँचा नहीं उछलता है ।

अतिरिक्त समय में भी जब वायुकाय की उदीरणा होती है तो पानी ऊपर की ओर उछलता है ।

और जब वायुकाय की उदीरणा नहीं होती है तो पानी ऊपर की ओर नहीं उछलता है ।

इस प्रकार गौतम ! लवणसमुद्र (का पानी) चतुर्दशी, अष्टमी, अमावस्या और पूर्णिमा को अधिकाधिक बढ़ता और घटता है ।

तीसमुहुत्तेसु लवणसमुद्दो वड्ढति हायति य—

तीस मुहूर्त में लवणसमुद्र बढ़ता है और घटता है—

६४६. प०—लवणे णं भंते ! समुद्दे तीसाए मुहुत्ताणं कतिखुत्तो अतिरेगं अतिरेगं वड्ढति वा हायति वा ?

उ०—गोयमा ! लवणे णं समुद्दे तीसाए मुहुत्ताणं दुक्खुत्तो अतिरेगं अतिरेगं वड्ढति वा, हायति वा ।

६४६. प्र०—भगवन् ! तीस मुहूर्त में (अहोरात्रि में) लवणसमुद्र का पानी अधिक से अधिक कितनी बार बढ़ता है और घटता है ?

उ०—गौतम ! तीस मुहूर्त में लवणसमुद्र का पानी अधिक से अधिक दो बार बढ़ता है और घटता है ।

---

१ भग० स० ३, उ० ३, सु० १७ ।

६४७. प०—से केणट्ठे णं भंते ! एवं वुच्चइ—"लवणे णं समुद्दे तीसाए मुहुत्ताणं दुक्खुत्तो अइरेगं अइरेगं वड्ढइ वा हायइ वा ?

उ०—गोयमा ! उड्ढमंतेसु पायालेसु वड्ढइ, आपूरितेसु पायालेसु हायइ ।

से तेणट्ठे णं गोयमा ! लवणे णं समुद्दे तीसाए मुहुत्ताणं दुक्खुत्तो अइरेगं अइरेगं वड्ढइ वा, हायइ वा ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५७

६४७. प्र०—भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि—"तीस मुहूर्त में लवणसमुद्र का पानी अधिक से अधिक दो बार बढ़ता है और घटता है ?"

उ०—गौतम ! पाताल कलशों से पानी के बाहर आने पर पानी बढ़ता है और पाताल कलशों में वायु भर जाने पर पानी घटता है ।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि—तीस मुहूर्त में लवणसमुद्र का पानी अधिक से अधिक दो बार बढ़ता है और घटता है ।

लवणसिहाए चक्कवालविक्खंभो—

लवणशिखा का चक्रवाल विष्कम्भ—

६४८. प०—लवणसिहा णं भंते ! केवतियं चक्कवालविक्खंभेणं, केवतियं अइरेगं अइरेगं वड्ढति वा, हायति वा ?

उ०—गोयमा ! लवणसिहाए णं दस जोयणसहस्साइं चक्कवालविक्खंभेणं, देसूणं अद्धजोयणं अतिरेगं अतिरेगं वड्ढति वा, हायति वा ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५८

६४८. प्र०—भगवन् ! लवणशिखा की चक्राकार चौड़ाई कितनी है ? और वह ज्यादा से ज्यादा कितनी बढ़ती व घटती है ?

उ०—गौतम ! लवणशिखा की चक्राकार चौड़ाई दस हजार योजन की है और ज्यादा से ज्यादा कुछ कम आधा योजन जितनी बढ़ती व घटती है ।

लवणसमुद्दस्स वेलंधरणागरायाणं संखा—

लवणसमुद्र के वेलंधर नागराजों की संख्या—

६४९. प०—लवणस्स णं भंते ! समुद्दस्स—

कइ णागसाहस्सीओ अब्भितरियं वेलं धारेंति ?
कइ नागसाहस्सीओ बाहिरियं वेलं धारेंति,
कइ नागसाहस्सीओ अग्गोदयं[1] वेलं धारेंति ?

उ०—गोयमा ! लवणसमुद्दस्स—

बायालीसं णागसाहस्सीओ अब्भितरियं वेलं धारेंति,[2]
बावत्तरिं णागसाहस्सीओ बाहिरियं वेलं धारेंति,[3]
सट्ठिं णागसाहस्सीओ अग्गोदयवेलं धारेंति ।[4]
एवामेव सपुव्वावरेणं एगा णागसतसाहस्सी चोवत्तरिं च णागसहस्सा भवंतीतिमक्खाया ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५८

६४९. प्र०—भगवत् ! लवणसमुद्र की—

आभ्यन्तर वेला को कितने हजार नाग धारण करते हैं ?
बाह्य वेला को कितने हजार नाग धारण करते हैं ?
अग्रोदक वेला को कितने हजार नाग धारण करते हैं ?

उ०—गौतम ! लवणसमुद्र की—

आभ्यन्तर वेला को बियालीस हजार नाग धारण करते हैं ।
बाह्य वेला को बहत्तर हजार नाग धारण करते हैं ।
अग्रोदक वेला को साठ हजार नाग धारण करते हैं ।

इस प्रकार पूर्वापर के मिलाकर एक लाख चोहत्तर हजार नाग होते हैं—ऐसा कहा गया है ।

वेलंधर नागरायचउक्कवण्णणं—

चार वेलंधर नागराजों का वर्णन—

६५०. प०—कति णं भंते ! वेलंधरा णागराया पण्णत्ता ?

उ०—गोयमा ! चत्तारि वेलंधरा णागराया पण्णत्ता, तं जहा—
१. गोथूभे, २. सिवए, ३. संखे, ४. मणोसिलए ।

६५०. प्र०—भगवन् ! वेलंधर नागराज कितने कहे गये हैं ?

उ०—गौतम ! वेलंधर नागराज चार कहे गये हैं, यथा—
(१) गोस्तूप, (२) शिवक, (३) शंख, (४) मनःशिलाक ।

---

१ 'अग्रोदक'—'देशोनयोजनार्द्धजलादुपरि वर्द्धमानं जलम्' ।—टीका
२ सम. ४२, सु. ७ ।
३ सम. ७२, सु. २ ।
४ सम. ६०, सु. २ ।

प०—एतेसि णं भंते ! चउण्हं वेलंधरणागरायाणं कति आवासपव्वता पण्णत्ता ?

उ०—गोयमा ! चत्तारि आवासपव्वता पण्णत्ता, तं जहा—१. गोथूभे, २. उदगभासे, ३. संखे, ४. दगसीमे ।[1]

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५६

प्र०—भगवन् ! इन चार वेलंधर नागराजों के आवासपर्वत कितने कहे गये हैं ?

उ०—गौतम ! चार आवासपर्वत कहे गये हैं, यथा—(१) गोस्तूप, (२) उदकभास, (३) शंख, (४) दकसीम ।

गोथूभ आवासपव्वयस्स अवट्ठिई पमाणं य—

गोस्तूप आवासपर्वत की अवस्थिति और प्रमाण—

६५१. प०—कहि णं भंते ! गोथूभस्स वेलंधरणागरायस्स गोथूभे आवासपव्वते पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमेणं लवणं समुद्दं बायालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहित्ता—एत्थ णं गोथूभस्स भुजगिंदस्स भुजगरायस्स वेलंधरणागरायस्स गोथूभे णामं आवासपव्वते पण्णत्ते ।

सत्तरसएक्कवीसाइं जोयणसताइं उड्ढं उच्चत्तेणं[2],
चत्तारि तीसे जोयणसते कोसं च उव्वेधेणं,
मूले दसबावीसे जोयणसते आयाम-विक्खंभेणं,
मज्झे सत्ततेवीसे जोयणसते आयाम-विक्खंभेणं,
उवरिं चत्तारि चउवीसे जोयणसते आयाम-विक्खंभेणं,
मूले तिण्णि जोयणसहस्साइं दोण्णि य बत्तीसुत्तरे जोयणसते किंचि विसेसूणे परिक्खेवेणं,
मज्झे दो जोयणसहस्साइं दोण्णि य छलसीते जोयणसते किंचि विसेसाहिए परिक्खेवेणं,
उवरिं एगं जोयणसहस्सं तिण्णि य ईयाले जोयणसते किंचि विसेसूणे परिक्खेवेणं ।
मूले वित्थिण्णे, मज्झे संखित्ते, उप्पिं तणुए गोपुच्छसंठाणसंठिए सव्वकणगामए अच्छे-जाव-पडिरूवे ।

से णं एगाए पउमवरवेइयाए एगेण य वणसंडेणं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ते । दोण्हवि वण्णओ ।

६५१. प्र०—भगवन् ! गोस्तूप वेलंधर नागराज का गोस्तूप आवासपर्वत कहाँ कहा गया है ?

उ०—गौतम ! जम्बूद्वीप (नामक) द्वीप के मेरुपर्वत से पूर्व में लवणसमुद्र में बियालीस हजार योजन जाने पर यहाँ पर गोस्तूप भुजगेन्द्र भुजगराज नामक वेलंधर नागराज का गोस्तूप नामक आवासपर्वत कहा गया है ।

सत्रह सौ इक्कीस योजन ऊपर की ओर ऊँचा है ।
चार सौ, तीस योजन और एक कोश (भूमि में) गहरा है ।
मूल में एक हजार बावीस (१०२२) योजन लम्बा-चौड़ा है ।
मध्य में सात सौ, तेवीस (७२३) योजन लम्बा-चौड़ा है ।
ऊपर चार सौ, चौबीस (४२४) योजन लम्बा-चौड़ा है ।
मूल में तीन हजार, दो सौ, बत्तीस (३२३२) योजन से कुछ कम की परिधि है ।
मध्य में दो हजार, दो सौ, छियासी (२२८६) योजन से कुछ अधिक की परिधि है ।
ऊपर एक हज़ार, तीन सौ इकतालीस (१३४१) योजन से कुछ कम की परिधि है ।

मूल में विस्तृत, मध्य में संक्षिप्त और ऊपर से पतला है, गाय के पूंछ के आकार जैसा है, पूरा कनकमय है स्वच्छ है—**यावत्**—प्रतिरूप है ।

वह एक पद्मवरवेदिका और एक वनखण्ड से चारों ओर से घिरा हुआ है । **यहाँ दोनों का वर्णन कहना चाहिए ।**

६५२. गोथूभस्स णं आवासपव्वतस्स उवरिं बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते-जाव-तत्थ णं बहवे नागकुमारा देवा आसयंति सयंति-जाव-विहरंति ।

तस्स णं बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभाए—एत्थ णं एगे महं पासायवडेंसए ।

बावट्ठं जोयणद्धं च उड्ढं उच्चत्तेणं, तं चेव पमाणं ।
अद्ध आयाम-विक्खंभेणं वण्णओ-जाव-सीहासणं सपरिवारं ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५६

६५२. गोस्तूप आवासपर्वत के ऊपर अधिक सम एवं रमणीय भूभाग कहा गया है—**यावत्**—वहाँ पर बहुत से नागकुमार देव बैठते हैं, सोते हैं—**यावत्**—विचरण करते हैं ।

उस अधिक सम एवं रमणीय भूभाग के ठीक मध्य भाग में एक महान् प्रासादावतंसक है ।

(वह) साढ़ा बासठ योजन ऊपर की ओर ऊँचा है, **उसका वही प्रमाण है ।** उसका आधा (सवा बत्तीस योजन) लम्बा-चौड़ा है । **प्रासाद का वर्णन—यावत्—सपरिवार सिंहासन का वर्णन है ।**

---

१ ठाणं, अ. ४, उ. २, सु. ३०५ ।

२ सम. १७, सु. ४ ।

गोथूभ आवासपव्वयस्स णामहेऊ—

६५३. प०—**से केणट्ठे णं भंते ! एवं वुच्चइ—गोथूभे आवास-पव्वए, गोथूभे आवासपव्वए ?**

उ०—**गोयमा ! गोथूभे णं आवासपव्वते तत्थ तत्थ देसे तहिं तहिं बहुओ खुड्डाखुड्डियाओ-जाव-गोथूभवण्णाइं बहूइं उप्पलाइं** तहेव-जाव-**गोथूभे तत्थ देवे महिड्ढीए-जाव-पलिओवमट्ठितीए परिवसति ।**

से णं तत्थ चउण्हं सामाणियसाहस्सीणं-जाव-**गोथूभस्स आवासपव्वतस्स गोथूभाए रायहाणीए-**जाव-**विहरति ।**

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—गोथूभे आवास-पव्वए सासए-जाव-**णिच्चे ।**

—जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० १५९

गोथूभा रायहाणी—

६५४. प०—**कहि णं भंते ! गोथूभस्स भुजगिंदस्स भुजगरायस्स गोथूभा रायहाणी पण्णत्ता ?**

उ०—**गोयमा ! गोथूभस्स आवासपव्वतस्स पुरत्थिमेणं तिरियमसंखेज्जे दीवसमुद्दे वीतिवइत्ता अण्णंमि लवण-समुद्दे** तं चेव पमाणं, तहेव सव्वं ।[1]

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५९

दओभासपव्वयस्स अवट्ठिइ पमाणं य—

६५५. प०—**कहि णं भंते ! सिवगस्स वेलंधरणागरायस्स दओभास-णामे आवासपव्वते पण्णत्ते ?**

उ०—**गोयमा ! जंबुद्दीवे णं दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दक्खिणेणं लवणसमुद्दं बायालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहित्ता—एत्थ णं सिवगस्स वेलंधरणागरायस्स दओभासे णामं आवासपव्वते पण्णत्ते ।**

तं चेव पमाणं जं गोथूभस्स । **णवरि सव्वअंकामए, अच्छे-**जाव-**पडिरूवे-**जाव- अट्ठो भाणियव्वो ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५९

दओभासपव्वयस्स णामहेउ—

६५६. प०—**से केणट्ठे णं भंते ! एवं वुच्चइ—"दओभासे नामं आवासपव्वए, दओभासे नामं आवासपव्वए ?"**

गोस्तूप आवासपर्वत के नाम का हेतु—

६५३. प्र०—भगवन् ! किस कारण से गोस्तूप आवासपर्वत को गोस्तूप आवासपर्वत कहा जाता है ?

उ०—गौतम ! गोस्तूप आवासपर्वत पर जगह-जगह अनेक छोटी छोटी (वापिकायें)—**यावत्**—गोस्तूप वर्ण वाले अनेक कमल है उसी प्रकार—**यावत्**—महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाला गोस्तूप देव वहाँ रहता है ।

वह वहाँ चार हजार सामानिक देवों के (साथ)—**यावत्**—गोस्तूप आवासपर्वत की गोस्तूपा राजधानी में—**यावत्**—विचरण करता है ।

गौतम ! इसी कारण से गोस्तूप आवासपर्वत शाश्वत—**यावत्**—नित्य कहा गया है ।

गोस्तूपा राजधानी—

६५४ प्र०—हे भगवन् ! गोस्तूप भुजगेन्द्र भुजगराज की गोस्तूपा राजधानी कहाँ कही गई है ?

हे गौतम ! गोस्तूप आवासपर्वत के पूर्व में तिरछे असंख्यद्वीप समुद्र लाँघने पर अन्य लवणसमुद्र में (राजधानी है) **वही प्रमाण है । उसी प्रकार सब है ।**

दकभास आवासपर्वत की अवस्थिति और प्रमाण—

६५५. प्र०—भगवन् ! शिवक वेलंधर नागराज का दकभास नाम का आवासपर्वत कहाँ कहा गया है ?

उ०—गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मेरुपर्वत से दक्षिण में लवणसमुद्र में बियालीस हजार योजन जाने पर शिवक वेलंधर नागराज का दकभास नामक आवासपर्वत कहा गया है ।

जो गोस्तूप (आवासपर्वत) का प्रमाण है वही इसका प्रमाण है । विशेष यह है कि पूरा पर्वत अंकरत्नमय है स्वच्छ है—**यावत्**—मनोहर है—**यावत्**—**नाम का हेतु कहना चाहिए ।**

दकभास आवासपर्वत के नाम का हेतु—

६५६. प्र०—हे भगवन् ! किस कारण से दकभास आवासपर्वत को दकभास आवासपर्वत कहा जाता है ?

---

१ गोयमा ! गोथूभस्स आवासपव्वयस्स दुवालस जोयणसहस्साइं ओगाहित्ता गोथूभस्स भुजगिंदस्स भुजगरायस्स गोथूभा नामरायहाणी पण्णत्ता, सा च विजयारायहाणी सरिसी वत्तव्वया । (टीकान्तर्गत पाठान्तर)

उ०—गोयमा ! दओभासे णं आवासपव्वते लवणसमुद्दं अट्ठजोयणियखेत्तं दगं सव्वतो समंता ओभासेति उज्जोवेति तवति पभासेति।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५९

उ०—गौतम ! दकभास आवासपर्वत लवणसमुद्र के आठ योजन जितने क्षेत्र में जल को सब ओर से अवभासित करता है, उद्योतित करता है, तपाता है और प्रभासित करता है।

सिविगा रायहाणी—

६५७. सिवए इत्थ देवे महिड्ढीए-जाव-रायहाणी।

से दओभासस्स पव्वयस्स दक्खिणेणं अण्णंमि लवणसमुद्दे सिविगा रायहाणी दओभासस्स। सेसं तं चेव।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५९

शिविका राजधानी—

६५७. यहाँ शिवक महर्धिक देव है—**यावत्**—राजधानी (का वर्णन) कहें,

वह शिविका राजधानी दकभासपर्वत के दक्षिण में है। **शेष पूर्ववत् है।**

संखस्स आवासपव्वयस्स अवट्ठिई पमाणं य—

६५८. प०—कहि णं भंते ! संखस्स वेलंधरणागरायस्स संखे णामं आवासपव्वते पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! जंबुद्दीवे णं दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पच्चत्थिमेणं लवणं समुद्दं बायालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहित्ता—एत्थ णं संखस्स वेलंधरणागरायस्स संखे णामं आवासपव्वते। तं चेव पमाणं, णवरं सव्वरयणामए अच्छे-जाव-पडिरूवे।

से णं एगाए पउमवरवेइयाए एगेण य वणसंडेणं-जाव-अट्ठो बहुओ खुड्डाखुड्डियाओ-जाव-बहूइं उप्पलाइं संखाभाइं संखवण्णाइं संखवण्णाभाइं।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५९

शंख आवासपर्वत की अवस्थिति और प्रमाण—

६५८. प्र०—भगवन् ! शंख वेलंधर नागराज का शंख नामक आवासपर्वत कहाँ कहा गया है ?

उ०—गौतम ! जम्बूद्वीप (नामक) द्वीप के मेरुपर्वत से पश्चिम में लवणसमुद्र में बियालीस हजार योजन जाने पर शंख वेलंधर नागराज का शंख नामक आवासपर्वत है। **पर्वत का प्रमाण गोस्तूप पर्वत के समान है। विशेष यह है कि—पूरा पर्वत रत्नमय है, स्वच्छ है—यावत्—मनोहर है।**

वह पर्वत एक पद्मवरवेदिका और एक वनखण्ड से (सब ओर से घिरा हुआ है)—**यावत्**—नाम का हेतु कहना चाहिए। अनेक छोटी-छोटी (वापिकायें)—**यावत्**—अनेक उत्पल हैं। वे शंख जैसी आभा वाले हैं, शंख जैसे वर्ण वाले हैं, शंख जैसे वर्ण की आभा वाले हैं।

संखा रायहाणी—

६५९. संखे एत्थ देवे महिड्ढीए-जाव-रायहाणीए पच्चत्थिमेणं,

संखस्स आवासपव्वयस्स संखा नामं रायहाणी, तं चेव पमाणं। —जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५९

शंखा राजधानी—

६५९. वहाँ शंख (नामक) देव महर्धिक है—**यावत्**—राजधानी पश्चिम में है।

शंख आवासपर्वत की शंखा नाम की राजधानी है। **राजधानी का प्रमाण गोस्तूपा राजधानी के प्रमाण के समान है।**

दगसीम आवासपव्वयस्स अवट्ठिइ पमाणं य—

६६०. प०—कहि णं भंते ! मणोसिलगस्स वेलंधरणागरायस्स दगसीमे णामं आवासपव्वते पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! जंबुद्दीवे णं दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरेणं, लवणसमुद्दं बायालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहित्ता—एत्थ णं मणोसिलगस्स वेलंधरणागरायस्स दगसीमे णामं आवासपव्वते पण्णत्ते। तं चेव पमाणं, णवरि सव्वफलिहामए अच्छे-जाव-अट्ठो।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५९

दकसीम आवासपर्वत की अवस्थिति और प्रमाण—

६६०. प्र०—भगवन् ! मनःशिलाक वेलंधर नागराज का दकसीम नामक आवासपर्वत कहाँ कहा गया है ?

उ०—गौतम ! जम्बूद्वीप (नामक) द्वीप के मेरुपर्वत से उत्तर में लवणसमुद्र में बियालीस हजार योजन जाने पर मनःशिलाक वेलंधर नागराज का दकसीम नामक आवासपर्वत कहा गया है। **पर्वत का प्रमाण गोस्तूपपर्वत के समान है। विशेष यह है कि—पूरा पर्वत स्फटिक रत्नमय है स्वच्छ है—यावत्—नाम का हेतु कहना चाहिए।**

दगसीम आवासपव्वयस्स णामहेउ—

६६१. प०—**से केणट्ठे णं भंते ! एवं वुच्चइ—"दगसीमेणं आवास-पव्वए दगसीमेणं आवासपव्वए ?**

उ०—**गोयमा ! दगसीमंते णं आवासपव्वते सीतासीतोदगाणं महाणदीणं तत्थ गतो सोए पडिहम्मति ।**

से तेणट्ठेणं दगसीमे णामं आवासपव्वते सासए जाव-णिच्चे ।

मणोसिलए एत्थ देवे महिड्ढीए-जाव-से णं तत्थ चउण्हं सामाणियसाहस्सीणं-जाव-विहरति ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५९

मणोसिला रायहाणी—

६६२. प०—**कहि णं भंते ! मणोसिलगस्स वेलंधरणागरायस्स मणोसिला णामं रायहाणी पण्णत्ता ?**

उ०—**गोयमा ! दगसीमस्स आवासपव्वयस्स उत्तरेणं तिरिय-मसंखेज्जे दीवसमुद्दे वीतिवइत्ता अण्णंमि लवणसमुद्दे एत्थ णं मणोसिला णामं रायहाणी पण्णत्ता ।** तं चेव पमाणं-जाव-मणोसिलए देवे ।

गाहा—**कणगंक-रययफालियमया य वेलंधराणमावासा ।**
अणुवेलंधरराईण पव्वया होंति रयणमया ॥

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५९

अणुवेलंधरनागरायचउक्कवण्णणं—

६६३. प०—**कहि णं भंते ! अणुवेलंधरणागरायाणो पण्णत्ता ?**

उ०—**गोयमा ! चत्तारि अणुवेलंधरणागरायाणो पण्णत्ता, तं जहा—१. कक्कोडए, २. कद्दमए, ३. केलासे, ४. अरुणप्पभे ।**

प०—**एतेसि णं भंते ! चउण्हं अणुवेलंधरणागरायाणं कति आवासपव्वया पण्णत्ता ?**

उ०—**गोयमा ! चत्तारि आवासपव्वया पण्णत्ता, तं जहा—१. कक्कोडए, २. कद्दमए, ३. कइलासे, ४. अरुणप्पभे ।**[1]

६६४. प०—**कहि णं भंते ! कक्कोडगस्स अणुवेलंधरणागरायगस्स कक्कोडए णामं आवासपव्वते पण्णत्ते ?**

उ०—**गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तर-पुरत्थिमेणं लवणसमुद्दं बायालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहित्ता—कक्कोडगस्स अणुवेलंधरणागरायस्स कक्कोडए णामं आवासपव्वए पण्णत्ते ।**

दकसीम आवासपर्वत के नाम का हेतु—

६६१. प्र०—भगवन् ! किस कारण से दकसीम आवासपर्वत को दकसीम आवासपर्वत कहा जाता है ?

उ०—गौतम ! दकसीम आवासपर्वत शीता और शीतोदा महानदी के प्रवाह को प्रतिहत करता है ।

इस कारण से यह दकसीम नामक आवासपर्वत शाश्वत—**यावत्**—नित्य है ।

यहाँ मनःशिलाक महर्धिक देव है—**यावत्**—वह वहाँ चार हजार सामानिक देवों का (आधिपत्य करता हुआ)—**यावत्**—विचरण करता है ।

मनःशिला राजधानी—

६६२. प्र०—भगवन् ! मनःशिलाक वेलंधर नागराज की मनःसिला नाम की राजधानी कहाँ कही गई है ?

उ०—गौतम ! दकसीम आवासपर्वत के उत्तर में तिरछे असंख्यद्वीप-समुद्र लाँघने पर अन्य लवणसमुद्र में मनःशिला नाम की राजधानी कही गई है । **राजधानी का प्रमाण पूर्ववत् है—यावत्—मनःशिलाक देव है ।**

गाथार्थ—वेलंधरों के आवासपर्वत कनकमय, अंकरत्नमय, रजतमय और स्फटिक रत्नमय हैं । अनुवेलंधरों के आवासपर्वत रत्नमय होते है ।

चार अनुवेलंधर नागराजों का वर्णन—

६६३. प्र०—भगवन् ! अनुवेलंधर नागराज कितने कहे गये हैं ?

उ०—गौतम ! अनुवेलंधर नागराज चार कहे गये हैं, यथा—(१) कर्कोटक, (२) कर्दमक (३) कैलाश, (४) अरुणप्रभ ।

प्र०—भगवन् ! इन चार अनुवेलंधर नागराजों के आवास-पर्वत कितने कहे गये हैं ?

उ०—गौतम ! चार आवासपर्वत कहे गये हैं, यथा—(१) कर्कोटक- (२) कर्दमक, (३) कैलाश, (४) अरुणप्रभ ।[1]

६६४. प्र०—भगवन् ! कर्कोटक अनुवेलंधर नागराज का कर्कोटक नाम का आवासपर्वत कहाँ कहा गया है ?

उ०—गौतम ! जम्बूद्वीप (नामक) द्वीप के मेरुपर्वत से उत्तर पूर्व में लवणसमुद्र में बियालीस हजार योजन जाने पर कर्कोटक अनुवेलंधर नागराज का कर्कोटक नामक आवासपर्वत कहा गया है ।

---

१ ठाणं अ. ४, उ, २ सु. ३०५ ।

तं चेव पमाणं जं गोथूभस्स। णवरं-सव्वरयणामए अच्छे—जाव—निरवसेसं जाव सिहासणं सपरिवारं।

अट्ठो-से बहूइं उप्पलाइं कक्कोडप्पभाइं सेसं तं चेव। णवरि कक्कोडगपव्वयस्स उत्तरपुरत्थिमेणं। एवं तं चेव सव्वं।

गोस्तूप पर्वत का जितना प्रमाण है उतना ही इस पर्वत का प्रमाण है। विशेष यह है कि पूरा पर्वत सर्व रत्नमय है स्वच्छ है —यावत्—सपरिवार सिंहासन का सम्पूर्ण वर्णन है।

नामहेतु—अनेक उत्पल कर्कोटक जैसी प्रभावाले हैं, शेष वर्णन पूर्ववत् है। विशेष यह है कि कर्कोटक पर्वत के उत्तर पूर्व में (कर्कोटका नाम की राजधानी है) इस प्रकार सर्व वर्णन पूर्ववत् है।

६६५. (२) कद्दमस्स वि सो चेव गमओ अपरिसेसो। नवरं—दाहिणपुरत्थिमेणं आवासो, विज्जुप्पभा रायहाणी दाहिण-पुरत्थिमेणं।

(३) कइलासे वि एवं चेव। नवरं—दाहिण-पच्चत्थिमेणं कइलासा वि रायहाणी ताए चेव दिसाए।

(४) अरुणप्पभे वि उत्तरपच्चत्थिमेणं, रायहाणी वि ताए चेव दिसाए।

चत्तारि वि एगप्पमाणा सव्वरयणामया य।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १६०

६६५. (२) कर्दमक (अनुवेलंधर नागराज) का सम्पूर्ण वर्णन कर्कोटक जैसा है। विशेष यह है कि कर्दमक आवासपर्वत दक्षिण पूर्व में है। विद्युत्प्रभा राजधानी दक्षिण-पूर्व में है।

(३) कैलाश (अनुवेलंधर नागराज) का वर्णन भी इसी प्रकार है। विशेष यह है कि—कैलाश (आवासपर्वत) दक्षिण-पश्चिम में है। कैलाशा राजधानी भी उसी दिशा में है।

(४) अरुणप्रभ आवासपर्वत भी उत्तर-पश्चिम में है। राजधानी भी उसी दिशा में है।

चारों पर्वत एक समान प्रमाण वाले हैं और सर्वरत्नमय हैं।

जंबुद्दीवचरमंताओ गोत्थुभाइचरमंताणमंतरं—

जम्बूद्वीप के चरमान्त से गोस्तूपादि पर्वतों के चरमान्तों का अन्तर—

६६६. **जंबुद्दीवस्स णं दीवस्स पुरत्थिमिल्लाओ चरमंताओ १. गोथुभस्स णं आवासपव्वयस्स पच्चत्थिमिल्ले चरमंते, एस णं बायालीसं जोयणसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते,**

एवं चउद्दिसिं पि,

२. दओभासे,

३. संखे,

४. दगसीमे य।

—सम. ४२, सु. २-३

६४६. जम्बूद्वीप द्वीप के पूर्वी चरमान्त से गोस्तूप आवासपर्वत के पश्चिमी चरमान्त का व्यवहित अन्तर बियालीस हजार योजन का कहा गया है।

इसी प्रकार चारों दिशाओं में,

इसी प्रकार जम्बूद्वीप के दक्षिणी चरमान्त से दकावभास आवासपर्वत के उत्तरी चरमान्त का,

जम्बूद्वीप के पश्चमी चरमान्त से शंख आवासपर्वत के पूर्वी चरमान्त का,

जम्बूद्वीप के उत्तरी चरमान्त से दकसीम आवासपर्वत के दक्षिणी चरमान्त का व्यवहित अन्तर बियालीस हजार योजन का है।

६६७. **जंबुद्दीवस्स णं दीवस्स पुरत्थिमिल्लाओ चरमंताओ गोथुभस्स णं आवासपव्वयस्स पुरत्थिमिल्ले चरमंते, एस णं तेयालीसं जोयणसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते,**

एवं चउद्दिसिं पि,

२. दओभासे,

३. संखे,

४. दगसीमे य।

—सम. ४३, सु. ३, ४

६६७. जम्बूद्वीप द्वीप के पूर्वी चरमान्त से गोस्तूप आवासपर्वत के पूर्वी चरमान्त का व्यवहित अन्तर तियालीस हजार योजन का कहा गया है।

इसी प्रकार चारों दिशाओं में,

इसी प्रकार जम्बूद्वीप के दक्षिणी चरमान्त से दकावभास आवासपर्वत के दक्षिणी चरमान्त का,

जम्बूद्वीप के पश्चिमी चरमान्त से शंख आवासपर्वत के पश्चिमी चरमान्त का,

जम्बूद्वीप के उत्तरी चरमान्त से दकसीम आवासपर्वत के उत्तरी चरमान्त का व्यवहित अन्तर तियालीस हजार योजन का है।

मन्दरचरमंताओ गोथुभाइ य चरमंताणमंतरं—

६६८. **मंदरस्स णं पव्वयस्स पुरत्थिमिल्लाओ चरमंताओ गोथुभस्स आवासपव्वयस्स पच्चत्थिमिल्ले चरमंते एस णं सत्तासीइं जोयणसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते ।**

मंदरस्स णं पव्वयस्स दक्खिणिल्लाओ चरमंताओ दगभासस्स आवासपव्वयस्स उत्तरिल्ले चरमंते एस णं सत्तासीइं जोयणसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते ।

मंदरस्स णं पव्वयस्स पच्चत्थिमिल्लाओ चरमंताओ संखस्स आवासपव्वयस्स पुरत्थिमिल्ले चरमंते, एस णं सत्तासीइं जोयणसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते,

मंदरस्स णं पव्वयस्स उत्तरिल्लाओ चरमंताओ दगसीमस्स आवासपव्वयस्स दाहिणिल्ले चरमंते, एस णं सत्तासीइं जोयणसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते । —सम. ८७, सु. १-४

६६९. **मंदरस्स णं पव्वयस्स पच्चत्थिमिल्लाओ चरमंताओ गोथूभस्स णं आवासपव्वयस्स पच्चत्थिमिल्ले चरमंते, एस णं सत्ताणउइ जोयणसहस्साइं अवाहाए अंतरे पण्णत्ते,**

एवं चउद्दिसि पि, —सम. ९७, सु. १, २

६७०. **मंदरस्स णं पव्वयस्स पच्चत्थिमिल्लाओ चरमंताओ गोथूभस्स णं आवासपव्वयस्स पुरत्थिमिल्ले चरमंते, एस णं अट्ठाणउइ-जोयणसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते,**

एवं चउद्दिसि पि, —सम. ९८, सु. २, ३

मन्दर मज्झभागाओ गोथुभाई चरमन्ताणमन्तरं—

६७१. **मंदरस्स णं पव्वयस्स बहुमज्झदेसभागाओ गोथूभस्स आवासपव्वयस्स पच्चत्थिमिल्ले चरमंते, एस णं बाणउइं जोयणसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते,**

एवं चउण्हं पि आवासपव्वयाणं, —सम. ९२, सु. ३,

गोथुभाइचरमंताओ बलयामुहाइमहापायालचरमंताणमन्तरं—

६७२. **गोथुभस्स णं आवासपव्वयस्स पुरत्थिमिल्लाओ चरमंताओ १. बलयामुहस्स महापायालस्स पच्चत्थिमिल्ले चरमंते, एस णं बावण्णं जोयणसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते ।**

एवं २. दगभासस्स २. केउगस्स,

मंदरपर्वत और गोस्तूपादि चरमान्तों का अन्तर—

६६८. मन्दर पर्वत के पूर्वी चरमान्त से गोस्तूप आवासपर्वत के पश्चिमी चरमान्त का व्यवहित अन्तर सत्यासी हजार योजन का कहा गया है ।

मन्दर पर्वत के दक्षिणी चरमान्त से दकभास आवासपर्वत के उत्तरी चरमान्त का व्यवहित अन्तर सत्यासी हजार योजन का कहा गया है ।

मन्दर पर्वत के पश्चिमी चरमान्त से शंख आवासपर्वत के पूर्वी चरमान्त का व्यवहित अन्तर सत्यासी हजार योजन कहा गया हैं ।

मन्दर पर्वत के उत्तरी चरमान्त से दकसीम आवासपर्वत के दक्षिणी चरमान्त का व्यवहित अन्तर सत्यासी हजार योजन का कहा गया है ।

६६९. मन्दर पर्वत के पश्चिमी चरमान्त से गोस्तूप आवास पर्वत के पश्चिमी चरमान्त का व्यवहित अन्तर सत्तानवें हजार योजन का कहा गया है ।

इसी प्रकार चारों दिशाओं में अन्तर कहना चाहिए ।

६७०. मन्दर पर्वत के पश्चिमी चरमान्त से गोस्तूप आवास पर्वत के पूर्वी चरमान्त का व्यवहित अन्तर अठाणवें हजार योजन का कहा गया है ।

इसी प्रकार चारों दिशाओं में अन्तर कहना चाहिए ।

मन्दरपर्वत के मध्यभाग से गोस्तूपादि पर्वतों के चरमान्तों का अन्तर—

६७१. मन्दर पर्वत के बहुमध्य देसभाग से गोस्तूप आवासपर्वत के पश्चिमी चरमान्त का व्यवहित अन्तर बानवें हजार योजन का कहा गया है ।

इसी प्रकार—

दकावभास आवासपर्वत के उत्तरी चरमान्त का,

शंख आवासपर्वत के पूर्वी चरमान्त का,

दकसीम आवासपर्वत के दक्षिणी चरमान्त का व्यवहित अन्तर बानवें हजार योजन का है ।

गोस्तूपादि पर्वतों के चरमान्तों से वलयामुखादि महापाताल कलशों के चरमान्तों का अन्तर—

६७२. गोस्तूप आवासपर्वत के पूर्वी चरमान्त से वलयामुख महापाताल कलश के पश्चिमी चरमान्त का व्यवहित अन्तर बावन हजार योजन का कहा गया है ।

इसी प्रकार दकभास पर्वत के पूर्वी चरमान्त से केतुक पाताल कलश के पश्चिमी चरमान्त का अन्तर है ।

३. संखस्स ३. जूयगस्स,

४. दगसीमस्स ४. ईसरस्स,

—सम. ५२, सु. २, ३

गोथुभाइचरमन्ताओ वलयामुहमहापायालाइ मज्झभागाणमन्तरं--

६७३. गोथुभस्स णं आवासपव्वयस्स पुरत्थिमिल्लाओ चरमंताओ वलयामुहस्स महापायालस्स बहुमज्झदेसभाए एस णं सत्तावन्नं जोयणसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते,

एवं २. दगभासस्स २. केउगस्स,

३. संखस्स ३. जूयगस्स,

४. दगसीमस्स ४. ईसरस्स,

—सम. ५७, सु. २, ३

गोथुभ चरमन्ताओ बलयामुहमहापायाल मज्झभायस्स अंतरं—

६७४. गोथुभस्स आवासपव्वयस्स पुरत्थिमिल्लाओ चरमंताओ वलयामुहस्स महापायालस्स बहुमज्झदेसभाए एस णं अट्ठावण्णं जोयणसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते ।

एवं चउदिसिं पि नेयव्वं, —सम. ५८, सु. ३, ४

लवणसमुद्दजलावपीडणाओ जंबुद्दीवस्स अबाहाए कारणाणि—

६७५. प०—जइ णं भंते ! लवणसमुद्दे दो जोयणसतसहस्साइं चक्कवालविक्खंभेणं, पण्णरसजोयणसयसहस्साइं एकासीतिं च सहस्साइं सतं इगुयालं किंचिविसेसूणे परिक्खेवेणं, एगं जोयणसहस्सं उव्वेहेणं, सोलसजोयणसहस्साइं सव्वग्गेणं पण्णत्ते ।

कम्हा णं भंते ! लवणसमुद्दे जंबुद्दीव दीवं नो उवीलेति, नो उप्पीलेति नो चेव णं एक्कोदगं करेंति ?

उ०—१. गोयमा ! जंबुद्दीवे णं दीवे भरहेरवएसु वासेसु अरहंतचक्कवट्टि-बलदेव-वासुदेवा चारणा विज्जाधरा समणा समणीओ सावया सावियाओ मणुया एगधच्चा पगतिभद्दया पगतिविणीया पगतिउवसंता पगतिपयणुकोह-माण-माया-लोभा मिउमद्दवसंपन्ना अल्लीणा भद्दगा विणीता—तेसि णं पणिहाते लवणे समुद्दे जंबुद्दीवं दीवं नो उवीलेति, नो उप्पीलेति, नो चेव णं एगोदगं करेंति ।

इसी प्रकार संख आवासपर्वत के पूर्वी चरमान्त से यूपक पातालकलश के पश्चिमी चरमान्त का अन्तर है ।

इसी प्रकार दकसीम आवासपर्वत के पूर्वी चरमान्त से ईसर पातालकलश के पश्चिमी चरमान्त का अन्तर है ।

गोस्तूपादि पर्वतों के चरमान्तों से वलयामुखादि महापाताल कलशों के मध्यभागों का अन्तर—

६७३. गोस्तूप आवासपर्वत के पूर्वी चरमान्त से वलयामुखपाताल कलश के मध्यभाग का व्यवहित अन्तर सत्तावन हजार योजन का कहा गया है ।

इसी प्रकार दकभास आवासपर्वत के पूर्वी चरमान्त से केतुक पातालकलश के मध्यभाग का अन्तर है ।

इसी प्रकार संख आवासपर्वत के पूर्वी चरमान्त से यूपक पातालकलश के मध्यभाग का अन्तर है ।

इसी प्रकार दकसीम आवासपर्वत के पूर्वी चरमान्त से ईसर पातालकलश के मध्यभाग का अन्तर है ।

गोस्तूप के चरमान्त से वलयामुख महापातालकलश के मध्यभाग का अन्तर—

६७४. गोस्तूप आवासपर्वत के पूर्वी चरमान्त और वलयामुख पातालकलश के मध्यभाग का व्यवहित अन्तर अट्ठावन हजार योजन का कहा गया है ।

इसी प्रकार चारों दिशाओं में जानना चाहिए ।

लवणसमुद्र के जल से जम्बूद्वीप के जलमग्न न होने के कारण—

६७५. प्र०—भगवन् ! यदि लवणसमुद्र की चक्राकार चौड़ाई दो लाख योजन की है, पन्द्रह लाख इक्यासी हजार एक सौ गुनतालीस योजन से कुछ कम की परिधि है, एक हजार योजन की गहराई है, सोलह हजार योजन की ऊँचाई है और सतरह हजार योजन का सर्वाग्र कहा गया है ।

तो भगवन् ! किस कारण से लवणसमुद्र जम्बूद्वीप नामक द्वीप को बहाता क्यों नहीं है, उत्पीड़ित क्यों नहीं करता है और जलमग्न क्यों नहीं करता है ?

उ०—(१) गौतम ! जम्बूद्वीप (नामक) द्वीप के भरत और ऐरवत क्षेत्र में अर्हन्त (तीर्थंकर), चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव, चारण (जंघाचारण और विद्याचारण मुनि) विद्याधर; श्रमण-श्रमणियाँ श्रावक-श्राविकायें हैं तथा भद्र प्रकृति वाले, विनीत प्रकृति वाले, उपशांत प्रकृति वाले, अल्पक्रोध मान माया-लोभ की प्रकृति वाले, मार्दवसम्पन्न अलिप्त भद्र एवं विनीत मनुष्य रहते हैं—उनके प्रभाव से लवणसमुद्र जम्बूद्वीप (नामक) द्वीप को बहाता नहीं है उत्पीड़ित नहीं करता है और जलप्लावित नहीं करता है ।

२. गंगा-सिंधु-रत्ता-रत्तवईसु सलिलासु देवयाओ-जाव-पलिओवमट्ठितीयाओ परिवसंति। तेसि णं पणिहाए लवणसमुद्दे-जाव-नो चेव णं एगोदगं करेंति।

३. चुल्लहिमवंत-सिहरेसु वासहरपव्वतेसु देवा महिड्ढिया-जाव-पलिओवमट्ठितीया परिवसंति। तेसि णं पणिहाए लवणसमुद्दे-जाव-नो चेव णं एगोदगं करेंति।

४. हेमवतेरण्णवतेसु वासेसु मणुया पगतिभद्दया-जाव-विणीता-तेसि णं पणिहाए लवणसमुद्दे-जाव-नो चेव णं एगोदगं करेंति।

५. रोहिता-रोहितंस-सुवण्णकूल-रुप्पकूलासु सलिलासु देवयाओ महिड्ढियाओ-जाव-पलिओवमट्ठितीयाओ परिवसंति। तेसि णं पणिहाए लवणसमुद्दे-जाव-नो चेव णं एगोदगं करेंति।[1]

६. सद्दावति-वियडावतिवट्टवेयड्ढपव्वतेसु देवा महिड्ढिया-जाव-पलिओवमट्ठितीया परिवसंति। तेसि णं पणिहाए लवणसमुद्दे-जाव-नो चेव णं एगोदगं करेंति।

७. महाहिमवंत-रुप्पिसु वासहरपव्वतेसु देवा महिड्ढिया-जाव-पलिओवमट्ठितीया परिवसंति। तेसि णं पणिहाए लवणसमुद्दे-जाव-नो चेव णं एगोदगं करेंति।

८. हरिवास-रम्मयवासेसु मणुया पगतिभद्दया-जाव-विणीता—तेसि णं पणिहाए लवणे समुद्दे-जाव-नो चेव णं एगोदगं करेंति।

९. गंधावति-मालवंतपरिताएसु वट्टवेयड्ढपव्वतेसु देवा महिड्ढिया-जाव-पलिओवमट्ठितीया परिवसंति। तेसि णं पणिहाए लवणसमुद्दे-जाव-नो चेव णं एगोदगं करेंति।

१०. णिसढ-नीलवंतेसु वासधरपव्वतेसु देवा महिड्ढिया-जाव-पलिओवमट्ठितीया परिवसंति। तेसि णं पणिहाए लवणसमुद्दे-जाव-नो चेव णं एगोदगं करेंति।

११. सव्वाओ दहदेवयाओ भाणियव्वाओ।[2]

पउमद्दह-पुण्डरीअद्दह-महापउमद्दह-महापुण्डरीअद्दह-तिगिच्छिद्दह-केसरिद्दहावसाणेसु देवा महिड्ढिया-जाव-पलिओवमट्ठितीया परिवसंति। तेसि णं पणिहाए लवणसमुद्दे-जाव-नो चेव णं एगोदगं करेंति।

१२. पुव्वविदेहावरविदेहेसु वासेसु अरिहंत-चक्कवट्टि-बलदेव-वासुदेवा चारणा विज्जाहरा समणा समणीओ मणुया पगतिभद्दया-जाव-विणीता तेसि णं पणिहाए लवणसमुद्दे-जाव-नो चेव णं एगोदगं करेंति।

(२) गंगा सिन्धु रक्ता और रक्तवती नदियों में महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाली देवियाँ रहती है—उनके प्रभाव से लवणसमुद्र—**यावत्**—जलप्लावित नहीं करता है।

(३) लघुहिमवन्त और शिखरी वर्षधर पर्वत पर महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाले देव रहते हैं उनके प्रभाव से लवणसमुद्र—**यावत्**—जलप्लावित नहीं करता है।

(४) हैमवत और हैरण्यवत क्षेत्रों में भद्र प्रकृति वाले मनुष्य रहते हैं—**यावत्**—विनीत मनुष्य रहते हैं उनके प्रभाव से लवणसमुद्र—**यावत्**—जलप्लावित नहीं करता है।

(५) रोहिता, रोहितांशा, सुवर्णकूला और रूप्यकूला नदियों में महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाली देवियाँ रहती हैं—उनके प्रभाव से लवणसमुद्र—**यावत्**—जलप्लावित नहीं करता है।

(६) शब्दापाति और विकटापति वृत्तवैताढ्य पर्वतों पर महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाले देव रहते हैं—उनके प्रभाव से लवणसमुद्र—**यावत्**—जलप्लावित नहीं करता है।

(७) महाहिमवंत और रुक्मिवर्षधर पर्वत पर महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाले देव रहते हैं—उनके प्रभाव से लवणसमुद्र—**यावत्**—जलप्लावित नहीं करता है।

(८) हरिवर्ष और रम्यक्वर्ष में भद्र प्रकृति वाले मनुष्य रहते हैं—**यावत्**—विनीत मनुष्य रहते है—उनके प्रभाव से लवणसमुद्र—**यावत्**—जलप्लावित नहीं करता है।

(९) गंधापाति और माल्यवंत पर्याय वृत्त वैताढ्य पर्वतों पर महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाले देव रहते हैं—उनके प्रभाव से लवणसमुद्र—**यावत्**—जलप्लावित नहीं करता है।

(१०) निषध और नीलवन्त वर्षधर पर्वत पर महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाले देव रहते हैं—उनके प्रभाव से लवणसमुद्र—**यावत्**—जलप्लावित नहीं करता है।

(११) सभी द्रह देवियों का भी कथन करना चाहिए—

पद्मद्रह पुण्डरीकद्रह महापद्मद्रह महापुण्डरीकद्रह तिगिच्छद्रह और अन्तिम केशरीद्रहों पर महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाले देव रहते हैं—उनके प्रभाव से लवणसमुद्र—**यावत्**—जलप्लावित नहीं करता है।

(१२) पूर्वविदेह और अपरिविदेह (महाविदेह) क्षेत्र में अर्हन्त चक्रवर्ती वासुदेव चारण विद्याधर श्रमण-श्रमणियाँ श्रावक-श्राविकायें तथा भद्र प्रकृति वाले—**यावत्**—विनीत मनुष्य रहते हैं—उनके प्रभाव से लवणसमुद्र—**यावत्**—जलप्लावित नहीं करता है।

---

१ आगमोदयसमिति से प्रकाशित प्रति में—नदियों के नामों में रोहिता नदी का नाम छूटा है।

१ द्रहों के नामों में पुंडरीकद्रह- महापद्द्रह, महापुण्डरीकद्रह का नाम छूटा हुआ है।

१३. सीया-सीतोदगासु सलिलासु देवयाओ महिड्ढीयाओ-जाव-पलिओवमट्ठितीयाओ परिवसंति। तेसि णं पणिहाए लवणसमुद्दे-जाव-नो चेव णं एगोदगं करेंति।

१४. देवकुरू-उत्तरकुरूसु वासेसु मणुया पगतिभद्दया -जाव-विणीता—तेसि णं पणिहाए लवणे समुद्दे-जाव-नो चेव णं एगोदगं करेंति।

१५. मंदरे पव्वते देवा महिड्ढीया-जाव-पलिओवमट्ठितीया परिवसंति। तेसि णं पणिहाए लवणसमुद्दे-जाव-नो चेव णं एगोदगं करेंति।

१६. जंबूए य सुदंसणाए जंबुद्दीवाहियती अणाढीए णामं देवे महिड्ढीए-जाव-पलिओवमट्ठितीए परिवसंति। तस्स पणिहाए लवणसमुद्दे नो उवीलेति नो उप्पीलेति नो चेव णं एकोदगं करेंति।

१७. अदुत्तरं च णं गोयमा! एसालोगट्ठिती लोगाणुभावे जण्णं लवणसमुद्दे जंबुद्दीवं दीवं नो उवीलेति नो उप्पीलेति नो चेव णं एगोदगं करेंति।[1]

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १७३

(१३) शीता और शीतोदगा नदियों में महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाली देवियां रहती **है**—उनके प्रभाव से लवणसमुद्र—**यावत्**—जलप्लावित नहीं करता है।

(१४) देवकुरू और उत्तरकुरू क्षेत्र में भद्रप्रकृति वाले—**यावत्**—विनीत मनुष्य रहते हैं—उनके प्रभाव से लवणसमुद्र—**यावत्**—जलप्लावित नहीं करता है।

(१५) मेरुपर्वत पर महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाले देव रहते हैं—उनके प्रभाव से लवणसमुद्र—**यावत्**—जलप्लावित नहीं करता है।

(१६) जम्बू सुदर्शन वृक्ष पर महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाला जम्बूद्वीप का अधिपति अनाधृत नामक देव रहता है, उसके प्रभाव से लवणसमुद्र जम्बूद्वीप को बहाता नहीं है उत्पीड़ित नहीं करता है और जलप्लावित नहीं करता है।

(१७) अथवा हे गौतम! लोक स्थिति एवं लोकानुभाव ही ऐसा है जिसके कारण लवणसमुद्र जम्बूद्वीप (नामक) द्वीप को बहाता नहीं है, उत्पीडित नहीं करता है और जलप्लावित नहीं करता है।

लवणसमुद्दे दव्वसरूवं—

लवणसमुद्र में द्रव्यों का स्वरूप—

६७६. प०—अत्थि णं भंते! लवणसमुद्दे दव्वाइं—
सवण्णाइं पि, अवण्णाइं पि,
सगंधाइं पि, अगंधाइं पि,
सरसाइं पि, अरसाइं पि,
सफासाइं पि, अफासाइं पि,
अण्णमण्णबद्धाइं अण्णमण्ण पुट्ठाइं,
अण्णमण्णबद्धपुट्ठाइं, अण्णमण्ण घडत्ताए चिट्ठन्ति?

उ०—हंता गोयमा! अत्थि।

—भग. स. ११, उ. ६, सु. २६

६७६. प्र०—हे भगवन्! लवणसमुद्र में द्रव्य—
वर्णसहित भी हैं, वर्णरहित भी है,
गंधसहित भी हैं, गंधरहित भी है,
रससहित भी हैं, रसरहित भी है,
स्पर्शसहित भी हैं, स्पर्शरहित भी है,
परस्पर बद्ध है, परस्पर स्पृष्ट हैं,
परस्पर बद्ध-स्पृष्ट हैं, परस्पर सम्बद्ध हैं?

उ०—हाँ गौतम! हैं।

जंबुद्दीवपएसाणं लवणसमुद्दफासाइ—

जम्बूद्वीप के प्रदेशों का लवणसमुद्र से स्पर्श—

६७७. प०—जंबुद्दीवस्स णं भंते! दीवस्स पएसा लवणं समुद्दं पुट्ठा?

उ०—हंता। पुट्ठा।

प०—ते णं भंते! किं जंबुद्दीवे दीवे लवणसमुद्दे?

उ०—गोयमा! जंबुदीवे नो खलु ते लवणसमुद्दे।[2]

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १४६

६७७. प्र०—भगवन्! जम्बूद्वीप (नामक) द्वीप के प्रदेश क्या लवणसमुद्र से स्पृष्ट है?

उ०—हाँ स्पृष्ट हैं।

प्र०—भगवन्! क्या वे (प्रदेश) जम्बूद्वीप हैं या लवणसमुद्र हैं?

उ०—गौतम! वे (प्रदेश) जम्बूद्वीप (नामक) द्वीप है किन्तु लवणसमुद्र नही है।

---

१ (क) भग. स. ५, उ. २, सु. १८। (ख) भग. स. ३, उ. ३ सु. १७।

२ जंबु० वक्ख० ६, सु० १२४।

लवणसमुद्द-पएसाणं जंबुद्दीवफासाइ—

६७८. प०—लवणस्स णं भंते ! समुद्दस्स पदेसा जंबुद्दीवं दीवं पुट्ठा ?

उ०—हंता ! पुट्ठा ।

प०—ते णं भंते ! किं लवणसमुद्दे जंबुद्दीवे दीवे ?

उ०—गोयमा ! लवणे णं ते समुद्दे नो खलु ते जंबुद्दीवे दीवे ।[1] —जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १४६

जंबुद्दीवजीवाणं लवणसमुद्दे उप्पत्ति—

६७९. प०—जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे जीवा उद्दाइत्ता उद्दाइत्ता लवणसमुद्दे पच्चायंति ?

उ०—गोयमा ! अत्थेगतिया पच्चायंति, अत्थेगतिया नो पच्चायंति । —जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १४६

लवणसमुद्दस्स जीवाणं जंबुद्दीवे उप्पत्ति—

६८०. प०—लवणे णं भंते ! समुद्दे जीवा उद्दाइत्ता उद्दाइत्ता जंबुद्दीवे दीवे पच्चायंति ?

उ०—गोयमा ! अत्थेगतिया पच्चायंति, अत्थेगतिया नो पच्चायंति । —जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १४६

लवणसमुद्दस्स दारचउक्कं—

६८१. प०—लवणस्स णं भंते ! समुद्दस्स कति दारा पण्णत्ता ?

उ०—गोयमा ! चत्तारि दारा पण्णत्ता, तं जहा—१. विजए, २. वेजयंते, ३. जयंते, ४. अपराजिते ।[2]

६८२. प०—कहि णं भंते ! लवणसमुद्दस्स विजए णामं दारे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! लवणसमुद्दस्स पुरत्थिमपेरंते, धायइसंडस्स दीवस्स पुरत्थिमद्धस्स पच्चत्थिमेणं, सीओदाए महानदीए उप्पिं—एत्थ णं लवणसमुद्दस्स विजए णामं दारे पण्णत्ते । अट्ठ जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, चत्तारि जोयणाइं विक्खंभेणं ।

एवं तं चेव सव्वं जहा जंबुद्दीवस्स विजयस्ससरिसे ।

६८३. रायहाणी पुरत्थिमेणं अण्णमि लवणसमुद्दे ।

६८४. प०—कहि णं भंते ! लवणसमुद्दे वेजयंते नामं दारं पण्णत्ते ?

लवणसमुद्र के प्रदेशों का जम्बूद्वीप से स्पर्श—

६७८. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र के प्रदेश क्या जम्बूद्वीप (नामक) द्वीप से स्पृष्ट हैं ?

उ०—हाँ स्पृष्ट हैं ।

प्र०—भगवन् ! क्या वे (प्रदेश) लवणसमुद्र हैं या जम्बूद्वीप (नामक) द्वीप है ?

उ०—गौतम ! वे (प्रदेश) लवणसमुद्र हैं किन्तु वे (प्रदेश) जम्बूद्वीप (नामक) द्वीप नहीं है।

जम्बूद्वीप के जीवों की लवणसमुद्र में उत्पत्ति—

६७९. भगवन् ! जम्बूद्वीप (नामक) द्वीप के जीव मर-मरकर क्या लवणसमुद्र में उत्पन्न होते है ?

उ०—गौतम ! कुछ उत्पन्न होते हैं और कुछ उत्पन्न नहीं होते हैं ।

लवणसमुद्र के जीवों की जम्बूद्वीप में उत्पत्ति—

६८०. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र के जीव मर-मर कर क्या जम्बूद्वीप (नामक) द्वीप में उत्पन्न होते हैं ?

उ०—गौतम ! कुछ उत्पन्न होते है और कुछ उत्पन्न नहीं होते हैं ।

लवणसमुद्र के चार द्वार—

६८१. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र के द्वार कितने कहे गये हैं ?

उ०—गौतम ! चार द्वार कहे गये हैं, यथा—(१) विजय, (२) वैजयन्त, (३) जयन्त, (४) अपराजित ।

६८२. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र का विजय नामक द्वार कहाँ कहा गया है ?

उ०—गौतम ! लवणसमुद्र के पूर्वान्त में, घातकीखण्ड द्वीप के पूर्वार्ध के पश्चिम में और शीतोदा महानदी के ऊपर लवणसमुद्र का विजय नामक द्वार कहा गया है । वह आठ योजन ऊपर की ओर ऊँचा है, चार योजन चौड़ा है ।

इसका सम्पूर्ण वर्णन जम्बूद्वीप के विजयद्वार के सदृश है ।

६८३. इसकी राजधानी पूर्व में अन्य लवणसमुद्र में है ।

६८४. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र का वैजयन्त नामक द्वार कहाँ कहा गया है ?

---

१ जंबु० वक्ख० ६, सु० १२४ की संक्षिप्त वाचना है ।

२ ठाणं ४. उ. २, सु. ३०५ ।

उ०—गोयमा ! लवणसमुद्दे दाहिणपेरंते धायइसंडस्स दीवस्स दाहिणद्धस्स उत्तरेणं । सेसं तं चेव ।

एवं जयंते वि । णवरिं सीयाए महाणदीए उप्पिं भाणियव्वे ।

एवं अपरिजाते वि । णवरं—दिसिभागे भाणियव्वो ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५४

उ०—गौतम ! लवणसमुद्र के दक्षिणान्त में धातकीखण्ड द्वीप के दक्षिणार्ध के उत्तर में है । शेष पूर्ववत् है ।

इस प्रकार जयन्त द्वार का भी वर्णन है । विशेष यह है कि यह द्वार शीता महानदी के ऊपर कहना चाहिए ।

इस प्रकार अपराजित द्वार का भी वर्णन है । विशेष यह है कि इसका दिशाभाग कहना चाहिए ।

६८५. ते णं दारा णं चत्तारि जोयणाइं विक्खंभेणं तावइयं चेव पवेसे णं पण्णत्ते, तं जहा—तत्थ णं चत्तारि देवा महिड्ढिया -जाव-पलिओवमट्ठिइया परिवसंति, तं जहा—१. विजए, २. विजयंते, ३. जयंते, ४. अपराजिए ।

—ठाणं ४, उ. २, सु. ३०५

६८५. वे द्वार चार योजन चौड़े है उतना ही उनका प्रवेश मार्ग है । तथा—वहाँ चार देव महर्धिक—यावत्—पल्योपम की स्थिति वाले रहते हैं, यथा—(१) विजय, (२) वेजयन्त, (३) जयन्त, (४) अपराजित ।

लवणसमुद्दस्स दारस्स दारस्स य अंतरं—

लवणसमुद्र के एक द्वार से दूसरे द्वार का अन्तर—

६८६. प०—लवणस्स णं भंते ! समुद्दस्स दारस्स य दारस्स य एस णं केवतियं अबाधाए अंतरे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! (गाहा—)

तिण्णेव सतसहस्सा, पंचाणउतिं भवे सहस्साइं ।
दो जोयणसतअसिता, कोसं दारंतरे लवणे ॥

-जाव-अबाधाए अंतरे पण्णत्ते ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५४

६८६. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र के एक द्वार से दूसरे द्वार का अबाधा अन्तर कितना कहा गया है ?

उ०—गौतम ! (गाथार्थ) लवणसमुद्र के द्वारों का व्यवहित अन्तर तीन लाख पंचानवे हजार दो सौ अस्सी योजन और एक कोश का—यावत्—कहा गया है ।

लवणसमुद्द नामहेउ—

लवणसमुद्र के नाम का हेतु—

६८७. प०—से केणट्ठे णं भंते ! एवं वुच्चइ—"लवणसमुद्दे, लवणसमुद्दे ?"

उ०—गोयमा ! लवणे णं समुद्दे उदगे आविले रइले लोणे लिंदे खारए कडुए ।

अपेज्जे बहूणं दुपय-चउप्पय-मिय-पसु-पक्खि-सिरीसवाणं णण्णत्थ तज्जोणियाणं सत्ताणं ।[1]

सोत्थिए एत्थ लवणाहिवई देवे महिड्ढीए-जाव-पलिओवमट्ठिईएपरिवसइ,

से णं तत्थ सामाणिय-जाव-लवणसमुद्दस्स सुत्थियाए रायहाणीए अण्णेसिं च बहूणं वाणमंतरदेवाणं देवीणं आहेवच्चं-जाव-विहरइ ।

से एएणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—लवणे णं समुद्दे, लवणे णं समुद्दे ।

अदुत्तरं च णं गोयमा ! लवणसमुद्दे सासए-जाव-णिच्चे ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १५४

६८७. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र को लवणसमुद्र किस कारण से कहा जाता है ?

उ०—गौतम ! लवणसमुद्र का जल मलिन है, कीचड़ वाला है, लवणसदृश है, गोबर सदृश है, खारा है, कडुआ है ।

अनेक द्विपद, चतुष्पद, मृग, पशु, पक्षी और सरीसृपों के पीने योग्य नहीं है । केवल लवणसमुद्र में उत्पन्न प्राणियों के पीने योग्य है ।

यहाँ लवणाधिपति सुस्थित देव महर्धिक—यावत्—पल्योपम की स्थिति वाला रहता है ।

वह वहाँ सामानिक—यावत्—लवणसमुद्र की सुस्थिता राजधानी में अन्य अनेक वाणव्यन्तर देव देवियों का आधिपत्य करता हुआ—विचरण करता है ।

गौतम ! इस कारण से लवणसमुद्र को लवणसमुद्र कहा जाता है ।

अथवा—गौतम ! लवणसमुद्र शास्वत है—यावत्—नित्य है ।

---

१ प्र०—लवणस्स णं भंते ! समुद्दस्स उदए केरिसए अस्साएणं पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! लवणस्स उदए आइले रइले (खारे) लिंदे लवणे कडुए । अपेज्जे बहुणं दुपय-चउप्पय-मिग-पसु-पक्खि-सरिसवाणं । णण्णत्थ तज्जोणियाणं सत्ताणं ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १३७

लवणसमुद्दस्स पुरत्थिम-पच्चत्थिम चरिमाण अंतरं—

६८८. लवणसमुद्दस्स णं पुरत्थिमिल्लाओ चरमंताओ पच्चत्थिमिल्ले चरिमंते—एस णं पंच जोयणसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते।

—सम० सु० १२८

लवणसमुद्र के पूर्व-पश्चिम चरमान्तों का अन्तर—

६८८. लवणसमुद्र के पूर्वी चरमान्त से पश्चिमी चरमान्त का व्यवहित अन्तर पाँच लाख योजन का कहा गया है।

लवणसमुद्दस्स गोतित्थस्स गोतित्थविरहितखेत्तस्स य पमाणं—

६८९. प०— लवणस्स णं भंते ! समुद्दस्स केमहालए गोतित्थे[1] पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! लवणस्स णं समुद्दस्स उभओ पासिं पंचाणउतिं पंचाणउतिं जोयणसहस्साइं गोतित्थं पण्णत्ते।

६९०. प०—लवणस्स णं भंते ! समुद्दस्स केमहालए गोतित्थविरहिते खेत्ते पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! लवणस्स णं समुद्दस्स दस जोयणसहस्साइं गोतित्थ-विरहिते खेत्ते पण्णत्ते।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १७१

लवणसमुद्र के गोतीर्थ का और गोतीर्थ-विरहित क्षेत्र का प्रमाण—

६८९. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र का गोतीर्थ (क्रमशः निम्न निम्नतर अर्थात् ढालुभाग) कितना विशाल कहा गया हैं ?

उ०—गौतम ! लवणसमुद्र के दोनों ओर से (जम्बूद्वीप की वेदिका के अन्तिम भाग से लवणसमुद्र की वेदिका के अन्तिम भाग से) पंचानवे पंचानवे हजार योजन जाने पर गोतीर्थ कहा गया है।

६९०. प्र०—भगवन् ! लवणसमुद्र का गोतीर्थ-विरहित क्षेत्र (उतार चढ़ाव रहित भाग !) कितना विशाल कहा गया है ?

उ०—गौतम ! लवणसमुद्र का गोतीर्थ-विरहित क्षेत्र दस हजार योजन का कहा गया है।

गोयमदीववण्णणं—

६९१. प०—कहि णं भंते ! सुट्ठियस्स लवणाहिवइस्स गोयमदीवे णामं दीवे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पच्चत्थिमेणं लवणसमुद्दं बारसजोयणसहस्साइं ओगाहित्ता—एत्थ णं सुट्ठियस्स लवणाहिवइस्स गोयमदीवे णामं दीवे पण्णत्ते।

बारसजोयणसहस्साइं आयाम-विक्खंभेणं,

सत्ततीसं जोयणसहस्साइं नव य अडयाले जोयणसए किंचिविसेसोणे परिक्खेवेणं।

से एएणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—"वरुणोदे समुद्दे, वरुणोदे समुद्दे ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १८०

हे गौतम ! इस कारण के वरुणोद समुद्र वरुणोद समुद्र कहा जाता है ।

वरुणोदसमुद्दस्स निच्चत्तं—

वरुणोद समुद्र की नित्यता—

८१०. अदुत्तरं च णं गोयमा ! वरुणोदे समुद्दे सासए-जाव-णिच्चे ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १८०

८१०. अथवा—हे गौतम ! वरुणोद समुद्र शाश्वत—**यावत्**—नित्य है ।

---

१ "मुखइंत वरकिमदिण्णकद्दमा, कोपसन्ना, अच्छा, वरवारुणी, अतिरसा, जम्बूफलपुट्ठवन्ना, सुजात ईसिउट्ठावलंबिणी, अहियमधुर-पेज्जा, ईसासिरत्तणेत्ता, कोमलकवोलकरणी—**जाव**—आसादित्ता, विसादित्ता, अणिहुयसंलावकरणहरिसपीतिजणणी, संतोस-तत-बिबोक्क-हाव-बिब्भम-विलास-वेल्लहलगमणकरणी, विरणमधियसत्तजणणी य होति संगाम-देस-कालेकरयणसमरपसरकरणी, कढियाणविज्जुपयतिहिययाण मंउयकरणी य होति, उववेसिता समाणा गतिं खलावेति य सयलंमि वि सुभास वुप्पालिया समर-भग्गवणोसहयारसुरभिरसदीविया सुगंधा आसायणिज्जा विस्सायणिज्जा पीणणिज्जा दप्पणिज्जा मयणिज्जा सव्विंदियगात-पल्हायणिज्जा ।" मूल प्रति में कोष्ठकान्तर्गत इतना पाठ और है किन्तु वृत्तिकार ने इस की व्याख्या नहीं की है ।

२ प्र०—वरुणोदस्स णं भंते ! समुद्दस्स उदए केरिसए अस्साएणं पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! से जहा नामए पत्तासवेति वा चोयासवेति वा खज्जूरसारेति वा, सुपक्कखोतरसेति वा, मेरएति वा कावितायणेति वा चंदप्पभाति वा मणसिलातिवा वरसीधूति वा पवरवारुणी वा, अट्ठपिट्ठपरिणिट्ठिताति वा जम्बूफलकालिया वरप्पसण्णा उक्कोसमदपत्ता ईसिउट्ठावलंबिणी ईसितंबच्छिकरणी ईसिवोच्छयकरणी आसला मांसला पेसला वण्णेणं उववेता—**जाव**—फासेणं उववेत्ता ।

प्र०—भवे एयारूवे सिया ?

उ०—गोयमा ! नो तिणट्ठे समट्ठे । वारुणोदए एत्तो इट्ठतरए चेव—**जाव**—अस्साणं पण्णत्ते ।

—जीवा पडि. ३, उ. २, सु. १८७

खीरवरदीवो वण्णओ—

खीरवरदीवस्स संठाणं—

८११. वरुणोदण्णं समुद्दं खीरवरे णामं दीवे वट्टे वलयागारसंठाण-संठिए सव्वओ समंता संपरिक्खित्ताणं चिट्ठति ।[1]

तहेव समचक्कवाल संठाणसंठिए ।

विक्खंभ-परिक्खेवो संखिज्जाइं जोयणसयसहस्साइं ।

दारा, दारंतरं, पउमवरवेइया, वणसंडे, पएसा, जीवा तहेव ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १८१

खीरदीवस्स णामहेऊ—

८१२. प०—से केणट्ठे णं भंते ! एवं वुच्चइ—"खीरवरे दीवे, खीरवरे दीवे ?"

उ०—गोयमा ! खीरवरेणं दीवे तत्थ तत्थ देसे देसे तहिं तहिं बहुओ खुड्डाखुड्डियाओ बावीओ-जाव-सरसरपंतियाओ खीरोदगपडिहत्थाओ पासातीयाओ-जाव-पडिरूवाओ ।

तासु णं खुड्डियासु-जाव-बिलपंतियासु बहवे उप्पाय-पव्वगा-जाव-सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

पुण्डरीग-पुप्फदंता एत्थ दो देवा महिड्ढीया-जाव-पलिओवमट्ठितीया परिवसंति ।

से एतेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—"खीरवरे दीवे, खीरवरे दीवे । —जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १८१

खीरवरदीवस्स निच्चत्तं—

८१३. अदुत्तरं च णं गोयमा ! खीरवरे दीवे सासए-जाव-णिच्चे ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १८१

क्षीरवरद्वीप वर्णन—

क्षीरवरद्वीप का संस्थान—

८११. वृत्त एवं वलयाकार संस्थान से स्थित क्षीरवरद्वीप वरुणोद समुद्र को चारों ओर से घेरकर स्थित है ।

वह उसी प्रकार समचक्राकार संस्थान से स्थित है ।

उसका विष्कम्भ और परिधि संख्यात लाख योजन की है ।

क्षीरवरद्वीप के द्वार, द्वारों के अन्तर, पद्मवरवेदिका, वनखण्ड, द्वीप और समुद्र के प्रदेशों का परस्पर स्पर्श, द्वीप और समुद्र के जीवों की एक दूसरे में उत्पत्ति पूर्ववत् है ।

क्षीरवरद्वीप के नाम का हेतु—

८१२. प्र०—क्षीरवरद्वीप क्षीरवरद्वीप ही क्यों कहा जाता है ?

उ०—गौतम ! क्षीरवरद्वीप में स्थान स्थान पर अनेक छोटी छोटी वापिकायें है—**यावत्**—सरोवरों की पंक्तियाँ है । वे सब क्षीर जैसे उदक से प्रतिपूर्ण भरे हुए हैं, दर्शनीय है—**यावत्**—मनोहर हैं ।

उन छोटी छोटी वापिकाओं **में—यावत्**—बिलपंक्तियों में अनेक उत्पात पर्वत हैं—**यावत्**—वे सब रत्नमय हैं, स्वच्छ हैं—मनोहर हैं ।

पुण्डरीक और पुष्पदन्त नामक महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाले दो देव वहाँ रहते हैं ।

गौतम ! इस कारण से क्षीरवरद्वीप, क्षीरवरद्वीप कहा जाता है ।

क्षीरवरद्वीप की नित्यता—

८१३. अथवा—गौतम ! क्षीरवरद्वीप यह नाम शास्वत है—**यावत्**—नित्य है ।

खीरोदसमुद्दो—

खीरोदसमुद्दस्स संठाणं—

८१४. खीरवरण्णं दीवं खीरोए णामं समुद्दे वट्टे वलयागार संठाण-संठिते सव्वओ समंता संपरिक्खित्ता णं चिट्ठति ।[2]

क्षीरोदसमुद्र—

क्षीरोद समुद्र का वर्णन—

८१४. वृक्ष एवं वलयाकार संस्थान से स्थित क्षीरोदसमुद्र क्षीरवरद्वीप को चारों ओर से घेरकर स्थित है ।

---

१ सूरिय. पा. १९ सु. १०१ ।

२ सूरिय. पा. १९ सु. १०१ ।

तहेव समचक्कवालसंठाणसंठिए ।

विक्खंभ-परिक्खेवो संखेज्जाइं जोयणसयसहस्साइं ।

दारा, दारंतरं, पउमवरवेइया, वणसंडो, पदेसा, जीवा य तहेव । —जीवा. पडि, ३ उ. २ सु. १८१

वह उसी प्रकार समचक्राकार संस्थान से स्थित है ।

उसका विष्कम्भ और परिधि संख्यात लाख योजन के हैं ।

क्षीरोदसमुद्र के द्वार, द्वारों के अन्तर, पद्मवरवेदिका, वनखण्ड, द्वीप और समुद्र के प्रदेशों का परस्पर स्पर्श, द्वीप और समुद्र के जीवों की एक दूसरे में उत्पत्ति, पूर्ववत् है ।

खीरोदसमुद्दस्स नामहेऊ—

८१५. प०—**से केणट्ठे णं भंते ! एवं वुच्चइ—"खीरोदसमुद्दे, खीरोदसमुद्दे" ?**

उ०—**गोयमा ! खीरोयस्स णं समुद्दस्स उदगं से जहाणामए रण्णो चाउरंतचक्कवट्टिस्स उवट्ठविते खंडगुडमच्छंडितो वणीते पयत्तमंदग्गिसुकठिते वण्णेणं उववेते-जाव-फासेणं उववेते आसायणिज्जे विसायणिज्जे पीणणिज्जे-जाव-सव्विंदियगातपल्हायणिज्जे भवे एयारूवे सिया ?**

गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे ।

खीरोदस्स णं से उदए एत्तो इट्ठतराए चेव आसाएणं पण्णत्ते ।[1]

विमल-विमलप्पभा एत्थ दो देवा महिड्ढीया-जाव-पलिओवमट्ठिइया परिवसंति ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—"खीरोदसमुद्दे, खीरोदसमुद्दे । —जीवा. पडि० ३, उ. २, सु. १८१

क्षीरोदसमुद्र के नाम का हेतु—

८१५. भगवन् ! क्षीरोदसमुद्र को क्षीरोदसमुद्र ही क्यों कहा जाता है ?

उ०—जैसे खांड, गुड़ या मिश्री युक्त जल जो मंदाग्नि से पक्व हो, चारों दिशाओं के स्वामी चक्रवर्ती राजा के पीने योग्य, आस्वादनीय, विशेष आस्वादनीय पुष्टिकर—**यावत्**—सभी इन्द्रियों और शरीर को आनन्ददायी वर्णयुक्त—**यावत्**—स्पर्शयुक्त जल हे, गौतम ! क्षीरोद समुद्र का जल क्या ऐसा है ?

गौतम ! यह अर्थ-अभिप्राय समर्थ—संगत नहीं है ।

क्षीरोदसमुद्र का जल इससे भी इष्टतर है—**यावत्**—स्वाद से मनोहर कहा गया है ।

विमल और विमलप्रभ—ये दो महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम स्थिति वाले देव वहाँ रहते हैं ।

गौतम ! इस कारण से क्षीरोदसमुद्र क्षीरोदसमुद्र कहा जाता है ।

खीरोदसमुद्दस्स निच्चत्तं—

८१६. **अदुत्तरं च णं गोयमा ! खीरोदसमुद्दे सासए-जाव-णिच्चे ।** —जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० १८१

क्षीरोदसमुद्र की नित्यता—

८१६. अथवा—गौतम ! क्षीरोदसमुद्र यह नाम शास्वत है—**यावत्**—नित्य है ।

---

१ गोयमा ! खीरोयस्स णं समुद्दस्स उदगं से जहाणामए (सुउसुहीमारूपण्ण अज्जुणतरूण-सरसपत्तकोमलअत्थिग्गत्तणग्ग पोंडगवरुच्छु-चारिणीणं लवंगपत्तपुप्फपल्लवकक्कोलगसफल रुक्खबहुगुच्छगुम्मकलितमलट्ठिमधुपयुर पिप्पलीफलितवल्लिवरविवर चारिणीणं, अप्पोदगपोतसइरससमभूमिभागणिभयसुहोसियाणं, सुप्पेसितसुहातरोगपरिवज्जित्ताण णिरूवहतसरीरिणं कालप्पसविणीणं बितिय-ततिय सामप्पसूताणं अंजणवरगवलयजलधर जच्चंजण रिट्ठभमरपभूयसमप्पभाणं कुण्डदोहणाणं वद्धत्थीपत्थुताणं रूढाणं मधुमास-कालेसरहनेहो अज्ज चातुरक्केव होज्ज तासि खीरे मधुररसविवगच्छबहुदव्वसंपउत्ते पत्तेयं मंदग्गिसुकढिते आउत्ते) ।

आगमोदय समिति से प्रकाशित जीवाभिगम सूत्र की प्रति में यह कोष्ठकान्तर्गत मूलपाठ है किन्तु टीकाकार ने इस पाठ की टीका नहीं की है अतः यह पाठ यहाँ टिप्पण में दिया गया है ।

प्र०—खीरोदस्स णं भंते ! उदए केरिसए अस्साएणं पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! से जहा णामए रण्णो चाउरंत चक्कवट्टिस्स चाउरक्के गोखीरे पयत्तमंदग्गिसुकड्ढिते आउत्तर खंडमच्छंडितोववेते वण्णेणं उववेते—**जाव**—फासेणं उववेते ।

भवे एयारूवे सिया ?

णो तिणट्ठे समट्ठे । गोयमा । एत्तो इट्ठतराए चेव—**जाव**—अस्साएणं पण्णत्ते । —जीवा पडि. ३, उ. २, सु. १८७

ऊपर अंकित पाठ में और इस पाठ में याने दोनों पाठों में क्षीरोदसमुद्र के पानी के आस्वाद का वर्णन है, दोनों पाठों का भाव साम्य होने से एक पाठ यहाँ टिप्पण में दिया है ।

घयवरदीवो—

घयवरदीवस्स सठाणं—

८१७. **खीरोदण्ण समुद्दं घयवरे णामं दीवे वट्टे वलयागारसंठाण-संठिते सव्वओ समंता संपरिविखत्ता णं चिट्ठति ।**[1]

तहेव समचक्कवालसंठाणसंठिए ।

विक्खंभ-परिक्खेवो संखिज्जाइं जोयणसयसहस्साइं ।

दारा, दारंतरं, पउमवरवेइया, वणसंडे, पएसा जीवा तहेव ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १८१

घयवरदीवस्स णामहेऊ—

८१८. **प०—से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ—"घयवरेदीवे घयवरे-दीवे ?"**

उ०—गोयमा ! घयवरे णं दीवे तत्थ तत्थ देसे देसे तहिं तहिं बहुओ खुड्डाखुड्डियाओ बावीओ-जाव-सरसरपंतियाओ घयोदगपडिहत्थाओ पासाइयाओ-जाव-पडिरूवाओ ।

तासु णं खुड्डियासु-जाव-बिलपंतियासु बहवे उप्पाय-पव्वगा-जाव-खडहडगा सव्वकंचणमया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

कणय-कणयप्पभा एत्थ दो देवा महिड्ढिया-जाव-पलिओवमट्ठितिया परिवसंति ।

से एतेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—"घयवरे दीवे घयवरे दीवे ।"

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १८१

घयवरदीवस्स निच्चत्तं—

८१९. **अदुत्तरं च णं गोयमा ! घयवरे दीवे सासए-जाव-णिच्चे ।**

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १८१

घृतवरद्वीप—

घृतवरद्वीप का संस्थान—

८१७. वृत्त एवं वलयाकार संस्थान से स्थित घृतवर नाम का द्वीप क्षीरोदसमुद्र को चारों ओर से घेरकर स्थित है ।

वह उसी प्रकार समचक्राकार संस्थान से स्थित है ।

उसका विष्कम्भ और परिधि संख्यात लाख योजन के हैं ।

घृतवर द्वीप के द्वार और द्वारों के अन्तर, पद्मवर वेदिका, वनखण्ड, द्वीप और समुद्र के प्रदेशों का परस्पर स्पर्श, द्वीप और समुद्र के जीवों की एक दूसरे में उत्पति पूर्ववत् है ।

घृतवरद्वीप के नाम हेतु—

८१८. प्र०—भगवन् ! घृतवर द्वीप को घृतवर द्वीप ही क्यों कहा जाता है ?

उ०—गौतम ! घृतवरद्वीप में स्थान स्थान पर अनेक छोटी छोटी वापिकायें हैं—**यावत्**—सरों की पंक्तियाँ है, वे सब घृतोदक से परिपूर्ण हैं, प्रसन्नताजनक हैं—**यावत्**—मनोहर हैं ।

उन वापिकाओं में—**यावत्**—बिलपंक्तियों में अनेक उत्पात पर्वत हैं—**यावत्**—पर्वतगृह हैं, सभी कंचनमय हैं स्वच्छ हैं—**यावत्**—मनोहर हैं ।

कनक और कनकप्रभ ये दो महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम स्थिति वाले देव वहाँ रहते हैं ।

गौतम ! इस कारण से घृतवरद्वीप घृतवरद्वीप कहा जाता है ।

घृतवरद्वीप का नित्यत्व—

८१९, अथवा हे गौतम ! घृतवर द्वीप यह नाम शास्वत-**यावत्**-नित्य है ।

---

१ सूरिय० पा. १९ सु. १०१ ।

घयोदसमुद्दो—

घयोदसमुद्दस्स संठाणं—

८३०. **घयवरण्णं दीवं घतोदे नामं समुद्दे वट्टे वलयागारसंठाण-संठिए सव्वओ समंता संपरिक्खित्ताणं चिट्ठति ।**[1]

तहेव समचक्कवाल-संठाणसंठिए,

विक्खंभ-परिक्खेवो, संखिज्जाइं जोयणसयसहस्साइं,

दारा दारंतरं, पउमवरवेइया, वणसंडे, पएसा, जीवा तहेव,

—जीवा. पडि. ३ उ. २ सु, १८२

घयोदसमुद्दस्स णामहेऊ—

८३१. **प०—से केणट्ठे णं भंते ! एवं वुच्चइ—"घतोदे समुद्दे, घतोदे समुद्दे ?**

उ०—गोयमा ! घयोदस्स णं समुद्दस्स उदए से जहा नामए पप्फुल्लसल्लइ-विमुक्कलकण्णियार सरसबसुविबुद्धको-रेंटदामपिंडिततरस्स निद्धगुणतेयदीविय निरूवहयवि-सिट्ठसुन्दरतरस्स सुजायदहिमहियतद्दिव सगहिय नव-णीय-पडुवणावियमुक्कडिढय इट्ठावसज्जविसंदियस्स अहियं पीवरसुरहिगंधमणहरमहुरपरिणामदरिसणि-ज्जस्स पत्थनिम्मलसुहोवभोगस्स सरयकालंमि होज्ज गोघतवरस्स मंडए, भवे एयारूवे सिया ।[2]

णो तिणट्ठे समट्ठे ।

गोयमा ! घतोदस्स णं समुद्दस्स एत्तो इट्ठतराए चेव -जाव-आसाएणं पण्णत्ते ।[3]

कंत-सुकंता एत्थ दो देवा महिड्ढीया-जाव-पलिओव-मट्ठितिया परिवसंति ।

से एएणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—"घतोदे समुद्दे घतोदे समुद्दे ।" —जीवा. पडि. ३ उ. २ सु. १०२

घृतोदसमुद्र—

घृतोद समुद्र का संस्थान—

८३०. वृत्त एवं वलयाकार संस्थान से स्थित घृतोद नामक समुद्र घृतवरद्वीप को चारों ओर से घेरकर स्थित है ।

वह उसी प्रकार समचक्राकार संस्थान से स्थित है ।

उसका विष्कम्भ और परिक्षेप संख्यात लाख योजन का है ।

घृतोदसमुद्र के द्वार, द्वारों के अन्तर पद्मवरवेदिका, वन-खण्ड, द्वीप और समुद्र के प्रदेशों का परस्पर स्पर्श, द्वीप और समुद्र के जीवों की एक दूसरे में उत्पत्ति पूर्ववत् है ।

घृतोदसमुद्र के नाम का हेतु—

८३१. प्र०—भगवन् ! घृतोदसमुद्र घृतोदसमुद्र ही क्यों कहा जाता है ?

उ०—हे गौतम ! घृतोद समुद्र का जल क्या विकसित शल्लकी, विकसित कनेर, सरसों, खिले हुए कोरंट पुष्पों की गुँथी माला के वर्ण के समान वर्ण वाले, स्निग्ध गुण वाले, अग्नि पर पकाए हुए किन्तु निरूपहत एवं विशिष्ट सुन्दर, दधि को मथ कर निकाले हुए उसी दिन के नवनीत को तपाकर तैयार किये हुए ताजा, अतिश्रेष्ठ, सुगन्धयुक्त, मनोहर मधुर परिणमन से युक्त दर्शनीय पथ्य निर्मल सुखोपभोग्य शरत्कालीन गौघृत के समान है ?

हे गौतम ! नहीं, ऐसा नहीं है—

घृतोद समुद्र का जल इससे भी अधिक इष्ट—**यावत्**—आस्वादनीय कहा गया है ।

यहाँ कान्त सुकान्त नामक महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाले दो देव रहते हैं ।

हे गौतम ! इस कारण से घृतोदसमुद्र घृतोदसमुद्र कहा जाता है ।

---

१ सूरिय. पा. १९ सु. १०० ।

२ आगमोदय समिति से प्रकाशित जीवाभिगम की प्रति में यह मूलपाठ मुद्रित है किन्तु टीकाकार ने इस मूलपाठ की टीका नहीं की है ।

३ प्र०—घतोदस्स णं भंते ! समुद्दस्स उदए केरिसए अस्साएणं पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! से जहाणामए सारइयस्स गोघयपरस्स मंडे सल्लइ-कण्णियापुप्फवण्णाभे सुकड्ढित उदारसज्झविसंदिते वण्णेणं उववेते—**जाव**—फासेण उववेते, भवे एयारूवे सिया ? णो तिणट्ठे समट्ठे । गोयमा ! घतोदस्स उदए एत्तो इट्ठतराए चेव —**जाव**—अस्साएणं पण्णत्ते । —जीवा. पडि. ३ उ. २, सु. १८७

ऊपर अंकितपाठ और इस पाठ में घृतोदसमुद्र के पानी के आस्वाद का ही वर्णन है, दोनों पाठों में शब्द साम्य भी है अतः यह पाठ यहां टिप्पण में दिया है ।

घयोदसमुद्दस्स निच्चत्तं—

८३२. **अदुत्तरं च णं गोयमा ! घतोदे समुद्दे सासए-जाव-णिच्चे ।**
—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १८२

घृतोद समुद्र की नित्यता—

८३२. अथवा हे गौतम ! घृतोद समुद्र शास्वत है—**यावत्**—नित्य है ।



खोदवरदीवो—

खोदवरदीवस्स संठाणं—

८३४. **घतोदण्णं समुद्दं खोदवरे णामं दीवे वट्टे वलयागारसंठाण-संठिए सव्वओ समंता संपरिक्खित्ताणं चिट्ठति ।**[1]

तहेव समचक्कवालसंठाणसंठिए ।
विक्खंभ-परिक्खेवो संखिज्जाइं जोयणसयसहस्साइं ।
दारा, दारंतरं, पउमवरवेइया, वणसंडे, पएसा, जीवा तहेव ।
—जीवा. पडि. ३ उ. २ सु. १८२

खोदवरदीवस्स णामहेऊ—

८३४. प०—**से केणट्ठे णं भंते ! एवं वुच्चइ—"खोदवरे दीवे, खोदवरे दीवे ?"**

उ०—**गोयमा ! खोतवरे णं दीवे तत्थ तत्थ देसे देसे तहिं तहिं बहुओ खुड्डाखुड्डियाओ बावीओ-जावसरसरपंतियाओ खोदोदगपडिहत्थाओ पासाइयाओ-जाव- पडिरूवाओ ।**

तासु णं खुड्डियासु-जाव-बिलपंतियासु बहवे उप्पायपव्वगा-जाव-खडहडगा सव्व वेरुलियामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

सुप्पभ-महप्पभा य दो देवा महिड्ढीया-जाव-पलिओवमट्ठितिया परिवसंति ।

से एतेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—"खोदवरे दीवे खोदवरे दीवे । —जीवा. पडि. ३ उ. २ सु. १८२

खोदवरदीवस्स निच्चत्तं—

८३५. **अदुत्तरं च णं गोयमा ! खोदवरे दीवे सासए-जाव-णिच्चे ।**
—जीवा. पडि. ३ उ. २ सु. १८२

क्षोदवरद्वीप—

क्षोदवरद्वीप का संस्थान—

८३३. वृत्त एवं वलयाकार संस्थान से स्थित क्षोदवरद्वीप घृतोद-समुद्र को चारों ओर से घेरकर स्थित है ।

पूर्ववत् समचक्रवाल संस्थान से स्थित है ।

विष्कम्भ और परिधि संख्यात लाख योजन की है ।

क्षोदवर द्वीप के द्वार, द्वारों के अन्तर, पद्मवरवेदिका, वनखण्ड, समुद्र और द्वीप के प्रदेशों का परस्पर स्पर्श, समुद्र और द्वीप के जीवों की एक दूसरे में उत्पत्ति पूर्ववत् कहें ।

क्षोदवरद्वीप के नाम का हेतु—

८३४. प्र० —हे भगवन् ! खोदवरद्वीप को 'खोदवरद्वीप' किस कारण के कहा जाता है ?

उ०—हे गौतम ! खोदवरद्वीप के प्रत्येक विभाग में और उन विभागों के छोटे छोटे विभागों में अनेक छोटी छोटी बावड़ियाँ क्षोदोदक (ईक्षुरस जैसे जल) से परिपूर्ण हैं वे दर्शनीय हैं—**यावत्** —मनोहर हैं ।

उन बावड़ियों पर—**यावत्**—बिलों की पंक्तियों पर अनेक उत्पात पर्वत हैं—**यावत्**—पर्वत गृह हैं, वे सभी वैडूर्यरत्नमय हैं स्वच्छ हैं—**यावत्**—मनोहर हैं ।

वहाँ पर महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाले, सप्रभ, महाप्रभ नाम के दो देव रहते हैं ।

हे गौतम ! इस कारण से 'खोदवरद्वीप' खोदवरद्वीप कहा जाता है ।

क्षोदवरद्वीप की नित्यता—

८३५. अथवा हे गौतम ! खोदवरद्वीप यह नाम शास्वत है—**यावत्**—नित्य है ।



१ सूरियः पा. १६ सू १०१ ।

खोदोदसमुद्दो—

खोदोदसमुद्दस्स संठाणं—

८३६. **खोयवरण्णं दीवं खोदोदे णामं समुद्दे वट्टे वलयागारसंठाण-संठिए सव्वओ समंता संपरिक्खित्ताणं चिट्ठति।**[1]

तहेव समचक्कवालसंठाणसंठिए।

विक्खंभ-परिक्खेवो संखिज्जाइं जोयणसयसहस्साइं।

दारा, दारंतरं, पउमवरवेइया, वणसंडे, पएसा, जीवा तहेव।

—जीवा. पडि. ३ उ. २ सु. १८२

खोदोदसमुद्दस्स णामहेऊ—

८३७. **प०—से केणट्ठे णं भंते! एवं वुच्चइ—"खोदोदसमुद्दे, खोदोदसमुद्दे ?"**

उ०—गोयमा! खोदोदस्स णं समुद्दस्स उदए से जहा णामए आसल-मांसल-पसत्थ-वीसंत-निद्ध सुकुमालभूमिभागे सुच्छिन्ने सुकट्ठ-लट्ठ विसिट्ठ-निरुवहयाजोयवावीय-सुकासजपयत्तनिउणे-परिकम्म-अणुपालिय-सुवुड्ढि-वुड्ढाणं, सुजाताणं, लवणतणदोसवज्जियाणं णयाय-परिवड्ढियाणं, णिम्मातसुन्दराणं, रसेणं परिणयमउ-पीणपोरभंगुरसुजाय-मधुररस-पुप्फविरइयाणं, उवद्द-व-विवज्जियाणं, सीयपरिफासियाणं, अभिणवमग्गाणं-अभिलित्ताणं तिभायणिच्छोडियवाडिगाणं, अवणित-मूलाणं गंठिपरिसोहियाणं, कुसलनर कप्पियाणं, उव्वणं -जाव-पोंडियाणं, बलवगणरजत्त, जंतपरिगालितमेत्ताणं खोयरसे होज्जा[2] **वत्थपरिपूए चाउज्जातगसुवासिते, अहियपत्थलहुके वण्णोववेते-जाव-फासेणोववेते।**

भवे एयारूवे सिया ?

णो तिणट्ठे समट्ठे, गोयमा! खोदोदस्सणं समुद्दस्स उदए एत्तो इट्ठतरए चेव-जाव-आसाएणं पण्णत्ते।[3]

क्षोतोद समुद्र—

क्षोतोद समुद्र का संस्थान—

८३६. वृत्त वलयाकार संस्थान से स्थित क्षोतोद नामक समुद्र क्षोतवरद्वीप को चारों ओर से घेरे हुए है।

वह पूर्ववत् समचक्रवाल संस्थान से स्थित है।

उसका विष्कम्भ और परिधि संख्यात लाख योजन की है।

क्षोतोद समुद्र के द्वार, द्वारों के अन्तर, पद्मवरवेदिका, वन-खण्ड, द्वीप और समुद्र के प्रवेशों का परस्पर स्पर्श, समुद्र के जीवों की द्वीप में उत्पत्ति और द्वीप के जीवों की समुद्र में उत्पत्ति पूर्ववत् है।

क्षोतोदसमुद्र के नाम का हेतु—

८३६. प्र०—हे भगवन्! क्षोतोदसमुद्र किस कारण से क्षोतोद समुद्र कहा जाता है ?

उ०—हे गौतम! जिस प्रकार आस्वाद्य, मसल (लाभप्रद) प्रशस्त, विश्रान्त, स्निग्ध एवं सुकुमाल भूमिभाग को कोई कुशल कृषिकार सुकाष्ठ के सुन्दर एवं विशिष्ट हल से जोतकर ईख बोये, निपुण रक्षक उसकी रक्षा करे, निनाण करने पर अच्छी तरह बढ़े, तृण आदि के दोष से रहित कृषि प्रणाली से परि-वर्धित, मृदु, पुष्ट एवं मधुर रस युक्त पोर, पुष्परज रहित, उपद्रववर्जित शीतस्पर्श युक्त ताजा तोड़े हुए रस से लिप्त ऊपर तृतीय भाग और अधोभाग (मूल) रहित, गाँठे साफ कर कुशल पुरुष द्वारा काटकर तैयार किए गये—**यावत्**—पौण्डूजनपद के ईक्षु बलवान पुरुष द्वारा यंत्र से पीले गये वस्त्र से छाने गये, इलायची आदि से सुवासित किये गये, पथ्यकर सुपाच्य वर्णवान् इक्षुरस है,

क्या क्षोतोद समुद्र का जल ऐसा है ?

गौतम! नहीं ऐसा नहीं है, क्षोतोदसमुद्र का जल इससे भी इष्टतर—**यावत्**—स्वादिष्ट कहा गया है।

---

१ सूरिय. पा. १९ सु. १०१।

२ रसेणं परिणय-मउ-पीण-पोर-भंगुर-सुजाय-महुररस-पुप्फविरइयाणं उवद्दवविवज्जियाणं, सीयपरिफासियाणं, अभिणवतवग्गाणं अपालिताणं (कुछ प्रतियों में इतना पाठ अधिक है।)

३ प्र०—खोदोदस्स णं भंते! समुद्दस्स उदए केरिसए अस्साएणं पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा! से जहा णामए उच्छूणं जच्चपुण्डकाणं वा, हरियालपिंडराणं वा, भेरुण्डछणाणं वा, कालपोराणं वा, तिभाग-निव्वाडियवाडगाणं वा, बलवगपरजंत-परिगालियमित्ताणं वा, जे य से रसे होज्जा वत्थपरिपूए चाउज्जातगसुवासिते अहियपत्थे लहुए वण्णेणं उववेए—**जाव**—फासेणं उववेए।

प्र०—भवे एयारूवे सिया।

उ०—नो इणट्ठे समट्ठे, गोयमा! एत्तो इट्ठतराए चेव—अस्साएणं पण्णत्ते।

जहा खोतोदो तहा सेसा वि, णवरं-सयंभूरमणसमुद्दो—जहा—पुक्खरोदो। —जीवा. पडि. ३ उ. २. १८७

पुण्णभद्द-माणिभद्दा य इत्थ दुवे देवा महिड्ढीया -जाव-पलिओवमट्ठितिया परिवसंति ।

से एएणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ--"खोदोदसमुद्दे, खोदोदसमुद्दे ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १८२

यहाँ पल्योपम की स्थिति वाले महर्धिक—**यावत्**—महासुखी पूर्णभद्र, माणिभद्र नाम वाले दो देव रहते हैं ।

हे गौतम ! इस कारण से 'खोतोदसमुद्र' खोतोदसमुद्र कहा जाता है ।

खोदोदसमुद्दस्स निच्चत्त—

खोदोद समुद्र की नित्यता—

८३८. **अदुत्तरं च णं गोयमा ! खोदोदसमुद्दे सासए-जाव-णिच्चे ।**

—जीवा. पडि. ३ उ. २ सु. १८२

८३८. अथवा हे गौतम ! खोदोदसमुद्र शास्वत है—**यावत्**—नित्य है ।

❋❋❋

णंदीसरदीवो—

नंदीश्वरद्वीप—

णंदीसरवरदीवस्स संठाणं—

नन्दीश्वर द्वीप का संस्थान—

८३९. **खोदोदण्णं समुद्दं णंदिसरवरे णामं दीवे वट्टे वलयागार-संठाणसंठिए सव्वओ समंता संपरिक्खित्ताणं चिट्ठति ।**[1]

तहेव समचक्कवालसंठाणसंठिए ।

विक्खंभ-परिक्खेवो संखिज्जाइं जोयणसयसहस्साइं ।

दारा, दारंतरं, पउमवरवेइया, वणसंडे, पएसा जीवा तहेव ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २ सु. १८३

८३९. नन्दीश्वर नामक द्वीप वृत्त वलयाकार संस्थान से स्थित क्षोतोदसमुद्र को चारों ओर से घेरे हुए स्थित है ।

वह पूर्ववत् समचक्रवाल संस्थान से स्थित है ।

उसकी चौड़ाई और परिधि संख्येय लाख योजन की कही गई है ।

नदीश्वर द्वीप के द्वार, द्वारों के अन्तर, पद्मवरवेदिका वनखण्ड, द्वीप और समुद्र के प्रदेशों का परस्पर स्पर्श द्वीप और समुद्र के जीवों की एक दूसरे में उत्पत्ति, ये सब पूर्ववत हैं ।

णंदीसरवरदीवस्स णामहेऊ—

नन्दीश्वर द्वीप के नाम का हेतु—

८४०. **प०—से केणट्ठे णं भंते ! एवं वुच्चइ--"णंदीसरदीवे, णंदीसरदीवे ?"**

८४०. हे भगवन् ! किस कारण से 'नन्दीश्वर द्वीप' नन्दीश्वर द्वीप कहा जाता है ?

उ०--गोयमा ! णंदीसरवरे णं दीवे तत्थ तत्थ देसे देसे तहिं तहिं बहुओ खुड्डाखुड्डियाओ बावीओ-जाव-सरसरपंतियाओ खोदोदगपडिहत्थाओ पासाइयाओ-जाव-पडिरूवाओ ।

तासु णं खुड्डियासु-जाव-बिलपंतियासु बहवे उप्पायपव्वगा-जाव-खडहडगा सव्ववइरामया अच्छा-जाव-पडिरूवा । —जीवा. पडि. ३ उ २ सु. १८३

उ०—हे गौतम ! नन्दीश्वरद्वीप के सब विभागों में जगह जगह अनेक छोटी छोटी बावड़ियाँ हैं—**यावत्**—सरोवरों की पंक्तियाँ हैं, वे सब ईक्षुरस से भरी हुई हैं, प्रसन्नता देने वाली है **यावत्**—मनोहर है ।

उन छोटी छोटी बावड़ियों पर—**यावत्**—बिलपंक्तियों पर अनेक पर्वत—**यावत्**—पर्वतगर्त (खडहडगा) हैं, सभी वज्रमय हैं स्वच्छ हैं—**यावत्**—मनोहर हैं ।

णंदीसरवरदीवे चत्तारि अंजणगपव्वया--

नन्दीश्वरवरद्वीप में चार अंजनक पर्वत—

८४१. **अदुत्तरं च णं गोयमा ! णंदिसरदीवचक्कवालविक्खंभबहुमज्झदेसभागे एत्थ णं चउद्दिसिं चत्तारि अंजणगपव्वता पण्णत्ता ।**

८४१. अथवा हे गौतम ! नन्दीश्वरवरद्वीप के चक्रवाल विष्कम्भ के मध्य भाग की चारों दिशाओं में चार अंजकनक पर्वत कहे गये हैं ।

---

१ सूरिय पाठ १९, सु० १०१ ।

ते णं अंजणगपव्वयगा चतुरासीतिजोयणसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं,[1]

वे अंजनक पर्वत चौरासी हजार योजन ऊँचे हैं।

एगमेगं जोयणसहस्सं उव्वेहेणं,

एक हजार योजन भूमि में गहरे हैं।

मूले साइरेगाइं दस जोयणसहस्साइं आयाम-विक्खंभेणं,

मूल में दस हजार योजन से कुछ अधिक लम्बे चौड़े हैं।

धरणियले दस जोयणसहस्साइं आयाम-विक्खंभेणं[2],

धरणि तल पर दस हजार योजन लम्बे चौड़े हैं।

ततोऽणंतरं च णं माताए माताए पदेसपरिहाणीए परिहायमाणा परिहायमाणा उवरिं एगमेगं जोयणसहस्सं आयाम-विक्खंभेणं,

तदनन्तर थोड़े थोड़े प्रदेश घटते घटते ऊपर एक हजार योजन लम्बे चौड़े हैं।

मूले एक्कतीसं जोयणसहस्साइं छच्च तेवीसे जोयणसते किंचिविसेसाहिया परिक्खेवेणं,

मूल में इगतीस हजार छः सौ तेवीस योजन में कुछ कम की परिधि हैं।

धरणियले एक्कतीसं जोयणसहस्साइं छच्च तेवीसे जोयणसते देसूणे परिक्खेवेणं,

धरणितल पर इकतीस हजार छः सौ तेवीस योजन में कुछ अधिक की परिधि है।

सिहरतले तिण्णि जोयणसहस्साइं एक्कं च बावट्ठं जोयणसतं किंचि विसेसाहियं परिक्खेवेणं पण्णत्ता,

शिखरतल पर तीन हजार एक सौ बासठ योजन से कुछ अधिक की परिधि कही गई है।

मूले वित्थिण्णा, मज्झे संखित्ता, उप्पिं तणुया, गोपुच्छसंठाणसंठिया सव्वंजणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा।

मूल में विस्तीर्ण, मध्य में संक्षिप्त, ऊपर पतले गोपुच्छ के आकार वाले वे सारे अंजनक पर्वत स्वच्छ हैं—**यावत्**—मनोहर हैं।

पत्तेयं पत्तेयं पउमवरवेइया परिक्खित्ता, पत्तेयं पत्तेयं वणसंडपरिक्खित्ता,

प्रत्येक अंजनक पर्वत पद्मवरवेदिका से घिरा हुआ है और प्रत्येक पद्मवरवेदिका वनखण्ड से घिरी हुई है।

वण्णओ।

पद्मवरवेदिका और वनखण्ड का वर्णक कहें।

तेसि णं अंजणगपव्वयाणं उवरिं पत्तेयं पत्तेयं बहुसमरमणिज्जो भूमिभागो पण्णत्तो, से जहा णामए आलिंगपुक्खरेति वा-जाव-विहरंति।

प्रत्येक अंजनक पर्वत पर सर्वथा सम रमणीय भूमिभाग कहा गया है जिस प्रकार मृदंगतल है—**यावत्**—वहाँ देव-देवियाँ विहरण करते हैं।

तेसि णं बहुसमरमणिज्जाणं भूमिभागाणं बहुमज्झदेसभाए पत्तेयं पत्तेयं सिद्धायतणा पण्णत्ता।

उन सर्वथा रमणीय भूमिभागों के ठीक मध्यभाग में सिद्धायतन कहे गये हैं।

एगमेगं जोयणसतं आयामेणं, पण्णासं जोयणाइं विक्खंभेणं, बावत्तरिजोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, अणेगखंभसतसन्निविट्ठा,

प्रत्येक सिद्धायतन सौ योजन लम्बा, पचास योजन चौड़ा बहत्तर योजन ऊँचा सैंकड़ों स्तम्भों से बना हुआ है।

वण्णओ।

यहाँ सिद्धायतन का वर्णक कहें।

तेसि णं सिद्धायतणाणं पत्तेयं पत्तेयं चउद्दिसिं चत्तारि दारा पण्णत्ता, तं जहा—

उन प्रत्येक सिद्धायतनों के चारों दिशाओं में चार चार द्वार कहे गये हैं यथा—

१. पुरत्थिमेणं देवद्दारे,

(१) पूर्व दिशा में, देवद्वार,

२. दाहिणेणं असुरद्दारे,

(२) दक्षिण दिशा में असुरद्वार,

३. पच्चत्थिमेणं णागद्दारे,

(३) पश्चिम दिशा में नागद्वार,

४. उत्तरेणं सुवण्णद्दारे।

(४) उत्तर दिशा में सुवर्णद्वार।

---

१ सम. ८४, सु. ७।

२ सव्वेवि णं अंजणगपव्वता दसजोयणसयाइमुव्वेहेणं मूले दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं, उवरिं दसजोयणसताइं विक्खंभेणं पण्णत्ता।
—ठाण १०, सु० ७२५

तत्थ णं चत्तारि देवा महिड्ढीया-जाव-**पलिओवमट्ठितीया परिवसंति, तं जहा—**

देवे, असुरे, णागे, सुवण्णे ।

तेणं दारा सोलसजोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, अट्ठ जोयणाइं विक्खंभेणं, तावतियं चेव पवेसेणं, सेता वरकणगथूभियागा -जाव-**वणमाला ।**

वण्णओ ।

तेसि णं दाराणं चउद्दिसिं चत्तारि मुहमंडवा पण्णत्ता ।

तेणं मुहमंडवा एगमेगं जोयणसतं आयामेणं, पण्णासं जोयणाइं विक्खंभेणं,

साइरेगाइं सोलस जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं,
वण्णओ ।

तेसि णं मुहमंडवाणं चउद्दिसिं चत्तारि दारा पण्णत्ता,
तेणं दारा सोलसजोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं,
अट्ठ जोयणाइं विक्खंभेणं,
तावतियं चेव पवेसेणं,
सेसं तं चेव-जाव-वणमालाओ ।

एवं पेच्छाघरमंडवा वि ।
तं चेव पमाणं, जं मुहमडवाणं,
दारा वि तहेव।

णवरं—बहुमज्झदेसे पेच्छाघरमंडवाणं, अक्खाडगा, मणिपेढियाओ अद्धजोयणप्पमाणाओ,

सीहासणा अपरिवारा-**जाव-**दामा ।

थूभाइं चउद्दिसिं तहेव ।
णवरं—सोलस जोयणप्पमाणा सातिरेगाइं सोलस जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, सेसं तहेव-**जाव-**जिणपडिमा ।

चेइयरूक्खा तहेव चउद्दिसिं तं चेव पमाणं, जहा विजयाए रायहाणीए ।

णवरं—मणिपेढियाए सोलस जोयणप्पमाणाओ ।

तेसि णं चेइयरुक्खाणं चउद्दिसिं चत्तारि मणिपेढियाओ अट्ठ जोयणविक्खंभाओ चउजोयण बाहल्लाओ ।

महिंदज्झया चउसट्ठिजोयणुच्चा, जोयणोव्वेधा, जोयणविक्खंभा ।

सेसं तं चेव ।

एवं चउद्दिसिं चत्तारि णंदा पुक्खरिणीओ,
णवरं—खोयरसपडिपुण्णाओ ।

वहाँ पल्योपम की स्थिति वाले चार महर्धिक—**यावत्**—महासुखी देव रहते हैं यथा—

(१) देव, (२) असुर, (३) नाग, (४) सुपर्ण ।

वे द्वार सोलह योजन ऊँचे हैं । आठ योजन चौड़े हैं उतने ही चौड़े उनके प्रवेश भाग हैं, वे सब श्रेष्ठ कनक स्तूपिकाओं से सुशोभित हैं—**यावत्**—वनमालायें लटक रही है ।

यहाँ द्वार वर्णक है ।

उन द्वारों के चारों दिशाओं में चार मुख मण्डप कहे गये हैं, वे मुख मण्डप एक सौ योजन लम्बे हैं, पचास योजन चौड़े है,

सोलह योजन से कुछ अधिक ऊँचे हैं ।
यहाँ मुखमण्डप वर्णक है ।

उन मुखमण्डपों में चारों दिशाओं के चार द्वार कहे गये हैं ।
वे द्वार सोलह योजन ऊँचे हैं,
आठ योजन चौड़े हैं ।
उतना ही चौड़ा उनका प्रवेशभाग है ।
शेष सब पूर्ववत्—यावत्—**वनमालाओं का वर्णन करना चाहिए ।**

इसी प्रकार प्रेक्षाघर मण्डप भी है ।
उन प्रेक्षाघर मण्डपों का प्रमाण पूर्ववत् है ।
उनके द्वारों का प्रमाण भी पूर्ववत् है ।

विशेष—वे द्वार प्रेक्षाघर मण्डपों के मध्यभाग में है; आधे योजन लम्बे चौड़े अखाड़े और मणिपीठिकायें हैं ।

परिवार रहित सिंहासन—यावत्—**मालाओं का वर्णन कहना चाहिए ।**

चारों दिशाओं में पूर्ववत् चार स्तूप हैं ।
विशेष—वे स्तूप सोलह योजन से कुछ अधिक ऊँचे हैं, शेष पूर्ववत्—यावत्—**जिन प्रतिमाओं का वर्णक है ।**

स्तूपों के चारों दिशाओं में चैत्यवृक्ष पूर्ववत् है, उनका प्रमाण विजया राजधानी के चैत्य वृक्षों के समान है ।

विशेष—मणिपीठिकायें सोलह योजन लम्बी चौड़ी है ।

उन चैत्य वृक्षों के चारों दिशाओं में आठ योजन चोड़ी चार योजन मोटी मणिपीठिकायें हैं ।

चौसठ योजन ऊँची महेन्द्र ध्वजायें हैं ।
वे एक योजन भूमि में गहरी हैं और एक योजन चौड़ी है ।
शेष सब पूर्ववत् है ।

इसी प्रकार चारों दिशाओं में चार नन्दा पुष्करणियाँ हैं ।
विशेष—वे इक्षुरस जैसे जल से भरी हुई है ।

जोयणसतं आयामेणं, पण्णासं जोयणाइं विक्खंभेणं, पण्णासं जोयणाइं उव्वेधेणं । सेसं तं चेव ।

मणोगुलियाणं गोमाणसीण य अडयालीसं अडयालीसं सहस्साइं ।

पुरत्थिमेणं वि सोलस,-
पच्चत्थिमेणं वि सोलस,
दाहिणेणं वि अट्ठ,
उत्तरेणं वि अट्ठ साहस्सीओ,
तहेव सेसं ।

उल्लोया भूमिभागा-जाव-बहुमज्झदेसभागे मणिपेढिया सोलसजोयणाइं आयाम-विक्खंभेणं, अट्ठ जोयणाइं बाहल्लेणं तारिसं ।

मणिपीढियाणं उप्पिं देवच्छंदगा सोलस जोयणाइं आयाम-विक्खंभेणं, सातिरेगाइं सोलस जोयणाइं, उड्ढं उच्चत्तेणं, सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

अट्ठसयं जिणपडिमाणं सव्वो सो चेव गमो जहेव वेमाणिय सिद्धायतणस्स । —जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० १८३

एक सौ योजन लम्बी हैं—पचास योजन चौड़ी है, पचास योजन गहरी है, शेष सब पूर्ववत् है ।

आस्थानमण्डप और शय्यागृह अड़तालीस अड़तालीस हजार है ।

पूर्व दिशा में सोलह हजार,
पश्चिम दिशा में सोलह हजार,
दक्षिण दिशा में आठ हजार,
उत्तर दिशा में आठ हजार,
शेष सब पूर्ववत् है ।

छतों के भूमिभाग—**यावत्**—उनके मध्यभाग में सोलह योजन लम्बी चौड़ी और आठ योजन मोटी मणिपीठिकायें हैं ।

मणिपीठिकाओं के ऊपर सोलह योजन लम्बे चौड़े और सोलह योजन से कुछ अधिक ऊँचे देवछंदक—चंदवे हैं, वे सब रत्नमय हैं—**यावत्**—मनोहर है ।

एक सौ आठ जिन प्रतिमाओं का सम्पूर्ण वर्णन वैमानिक देवों के सिद्धायतनों की प्रतिमाओं के समान है ।

पुरत्थिमिल्ले अंजणगपव्वए—

८४२. **तत्थ णं जे से पुरत्थिमिल्ले अंजणगपव्वते तस्स णं चउद्दिसिं चत्तारि णंदाओ पोक्खरिणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—**
णंदुत्तरा य णंदा आणंदा णंदिवद्धणा ।[1]

ताओ णंदा पुक्खरिणीओ एगमेगं जोयणसयं आयाम-विक्खंभेणं, दस जोयणाइं उव्वेहेणं, अच्छाओ-जाव-पडिरूवाओ ।

पत्तेयं पत्तेयं पउमवरवेदिया परिक्खित्ता, पत्तेयं पत्तेयं वणसंडपरिक्खित्ता ।

तत्थ तत्थ-जाव-सोवाणपडिरूवगा तोरणा ।
—जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० १८३

पूर्वी अंजनक पर्वत—

८४२. उनमें से पूर्व दिशा के अंजनक पर्वत पर उसके चारों दिशाओं में चार नन्दा पुष्करणियाँ कही गई है, यथा—
(१) नन्दुत्तरा, (२) नन्दा, (३) आनन्दा, (४) नन्दीवर्धना ।

वे नन्दा पुष्करणियाँ प्रत्येक एक सौ योजन लम्बी चौड़ी है दस योजन गहरी है । स्वच्छ हैं—**यावत्**—मनोहर है ।

प्रत्येक नन्दापुष्करणी पद्मवरवेदिका से घिरी हुई है, प्रत्येक पद्मवरवेदिका वनखण्ड से घिरी हुई है ।

उन सबके—यावत्—**पगथिया तथा तोरण हैं ।**

पुक्खरणीसु दधिमुहपव्वया—

८४३. **तासि णं पुक्खरिणीणं बहुमज्झदेसभाए,**

पत्तेयं पत्तेयं दहिमुहपव्वया चउसट्ठि जोयसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं[2]**, एगं जोयणसहस्सं उव्वेहेणं,**

सव्वत्थ समा पल्लगसंठाणसंठिता दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं[3]**,**

पुष्करणियों में दधिमुख पर्वत—

८४३. उन पुष्करिणियों के मध्य भाग में दधिमुख पर्वत है ।

प्रत्येक दधिमुख पर्वत चौसठ हजार योजन ऊँचा है, एक हजार योजन भूमि में गहरा है ।

पल्यंक के आकार से स्थित है अतएव सर्वत्र समान है, दस हजार योजन चौड़ा है ।

---

१ पाठान्तर—नंदिसेणा अमोघा य गोथूभा य सुदंसणा ।

२ सव्वे वि णं दधिमुहपव्वया पल्लगसंठाणसंठिता सव्वत्थसमाविक्खंभुस्सेहेणं चउसट्ठिं चउसट्ठिं जोयणसहस्साइं पण्णत्ता ।
—सम. ६४, सु. ४

३ सव्वे वि णं दधिमुहपव्वता दसजोयणसताइं, सव्वत्थ समा पल्लगसंठिता, दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं पण्णत्ता ।
—ठाण १०, सु. ७२५

एक्कतीसं जोयणसहस्साइं छच्चतेवीसे जोयणसए परिक्खेवेणं पण्णत्ता,

सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

तहा पत्तेयं पत्तेयं पउमवरवेइया परिक्खित्ता, पत्तेयं पत्तेयं वणसंडपरिक्खित्ता, दोण्ह वि वण्णओ ।

तेसि णं दधिमुहपव्वयाणं उवरिं बहुसमरमणिज्जो भूमिभागो पण्णत्तो, से जहा नामए आलिंगपुक्खरेइ वा-जाव-विहरंति ।

सिद्धायतणं तं चेव पमाणं ।

अंजणपव्वएसु सच्चेव वत्तव्वया णिरवसेसं भाणियव्वं -जाव-उप्पिं अट्ठट्ठमंगलगा ।

—जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० १८३

उसकी परिधि इकतीस हजार छः सौ तेवीस योजन की कही गई है ।

प्रत्येक पर्वत सर्वरत्नमय है स्वच्छ है—**यावत्**—मनोहर है ।

प्रत्येक पर्वत पद्मवरवेदिका से घिरा हुआ है और प्रत्येक पद्मवरवेदिका वनखण्ड से घिरी हुई ।

उन दधिमुख पर्वतों पर सर्वथा सम रमणीय भूभाग कहा गया है । जिस प्रकार मृदंग तल है—**यावत्**—उन पर देव देवियाँ विहरण करती हैं ।

उन पर सिद्धायतन का प्रमाण पूर्ववत् है ।

अंजनक पर्वतों पर का सम्पूर्ण वर्णन वही है—यावत्—**उन पर आठ आठ मंगल हैं ।**

दक्खिणिल्ले अंजणगपव्वए—

दक्षिणी अंजनक पर्वत—

८४४. तत्थ णं जे से दक्खिणिल्ले अंजणपव्वते तस्स णं चउद्दिसिं चत्तारि णंदापुक्खरिणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—भद्दा य विसाला य कुमुया पुण्डरिगिणी[1],

तं चेव पमाणं,

तं चेव दधिमुहा पव्वया, तं चेव पमाणं,

-जाव-सिद्धायतणा ।— जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० १८३

८४४. उनमें से दक्षिण दिशा के अंजनक पर्वत पर उसके चारों दिशाओं में चार नन्दा पुष्करणियाँ कही गई हैं, **यथा**—(१) भद्रा, (२) विसाला, (३) कुमुदा, (४) पुण्डरीकिणी ।

उन सबका प्रमाण पूर्ववत् है ।

दधिमुख पर्वतों का प्रमाण भी पूर्ववत् है ।

यावत्—**सिद्धायतनों का वर्णन भी पूर्ववत् है ।**

पच्चत्थिमिल्ले अंजणगपव्वए—

पश्चिमी अंजनक पर्वत—

८४५. तत्थ णं जे से पच्चत्थिमिल्ले अंजणगपव्वए तस्स णं चउदिसिं चत्तारि णंदापुक्खरिणीओ तं जहा—णंदिसेणा य, अमोहा य, गोत्थूभी य सुदंसणा ।[2]

तं चेव सव्वभाणियव्वं-जाव-सिद्धायतणा ।

—जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० १८३

८४५. उनमें से पश्चिमदिशा के अंजनक पर्वत पर उसके चारों दिशाओं में चार नन्दा पुष्करणियाँ कही गई है, यथा—
(१) नन्दिसेणा, (२) अमोघा, (३) गोस्तूपा और (४) सुदर्शना ।

सिद्धायतन पर्यन्त सारा वर्णन पूर्ववत् कहना चाहिए ।

उत्तरिल्ले अंजणगपव्वए—

उत्तरी अंजनक पर्वत—

८४६. तत्थ णं जे से उत्तरिल्ले अंजणगपव्वते, तस्स णं चउद्दिसिं चत्तारि णंदापुक्खरिणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—विजया, वेजयंती, जयंती, अपराजिया ।

सेसं तहेव-जाव-सिद्धायतणा, सव्वा वण्णणा णातव्वा[3],

८४६. उनमें उत्तरदिशा के अंजनक पर्वत पर उसके चारों दिशाओं में चार नन्दा पुष्करणियाँ कहीं गई हैं, यथा—
(१) विजया, (२) वेजयंती, (३) जयंती, (३) अपराजिता ।

शेष सिद्धायतन पर्यन्त सारा वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए ।

---

१ पाठान्तर—नंदुत्तरा य नंदा आनंदा नंदिवड्ढणा ।

२ (भद्दा विसाला कुमुदा पुण्डरीकिणी)

३ णंदीसरवरदीवे चत्तारि अंजणगपव्वया :—
णंदीसरवरस्स णं दीवस्स चक्कवालविक्खंभस्स बहुमज्झदेसभागे चत्तारि अंजणगपव्वया पण्णत्ता, तं जहा—
१. पुरत्थिमिल्ले अंजणगपव्वए, २. दाहिणिल्ले अंजणगपव्वए, ३. पच्चत्थिमिल्ले अंजणगपव्वए, ४. उत्तरिल्ले अंजणगपव्वए ।
ते णं अंजणगपव्वया चउरासीइजोयणसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं,
एगे जोयणसहस्सं उव्वेहेणं,
मूले दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं,

(शेष पृ० ४०५ पर)

तत्थ णं बहवे भवणवइ-वाणमंतर-जोतिसिय वेमाणिया देव चाउमासियापडिवएसु संवच्छरिएसु वा अण्णेसु य बहूसु जिणजम्मण-णिक्खमण णाणुप्पत्ति-णिव्वाणमादिएसु य देव-कज्जेसु य देवसमुदयेसु य देवसमितीसु य देवसमवाएसु य देवपओयणेसु य एगंतओ सहिता समुवागता समाणा पमुदित-पक्कीलिया अट्ठाहितारूवाओ महामहिमाओ करेमाणा पालेमाणा सुहं सुहेणं विहरंति ।

उन पर्वतों पर अनेक भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिषी और वैमानिक देव चातुर्मासिक प्रतिपदाओं में, संवत्सरी में अन्य अनेक जिन जन्म-निष्क्रमण ज्ञानोत्पत्ति, निर्वाण आदि के प्रसंग पर तथा देवकार्यों में, देवसमूहों में, देवसमितियों में, देवसमवायों में, देव प्रयोजनों में एकत्रित होकर आए हुए आमोद प्रमोद करते हुए क्रीड़ा करते हुए सुखपूर्वक विहरण करते हैं ।

(शेष पृ० ४०४ का)

तदणंतरं च णं मायाए मायाए परिहाएमाणे परिहाएमाणे, उवरिमेगं जोयणसहस्सं विक्खंभणं पण्णत्ता ।
मूले एक्कतीसं जोयणसहस्साइं छच्च तेवीसे जोयणसए परिक्खेवेणं ।
उवरिं तिण्णि तिण्णि जोयणसहस्साइं एगं च बावट्ठं जोयणसयं परिक्खेवेणं ।
मूले वित्थिण्णा, मज्झे संखित्ता, उप्पिं तणुया, गोपुच्छसंठाणसंठिया, सव्व अंजणमया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।
तेसि णं अंजणगपव्वयाणं उवरिं बहुसमरमणिज्जा भूमिभागा पण्णत्ता ।
तेसि णं बहुसमरमणिज्जाणं भूमिभागाणं बहुमज्झदेसभागे चत्तारि सिद्धाययणा पण्णत्ता,
ते णं सिद्धाययणा एगं जोयणसयं आयामेणं, पण्णासं जोयणाइं विक्खंभेणं, बावत्तरिं जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं,
तेसि णं सिद्धाययणाणं चउदिसिं चत्तारि दारा पण्णत्ता, तं जहा—१. देवदारे, २. असुरदारे, ३. णागदारे, ४. सुवण्णदारे ।
तेसु णं दारेसु चउव्विहा देवा परिवसन्ति तं जहा—१. देवा, २. असुरा, ३. णागा, ४. सुवण्णा ।
तेसि णं दाराणं पुरओ चत्तारि मुहमंडवा पण्णत्ता,
तेसि णं मुहमंडवाणं पुरओ चत्तारि पेच्छा घरमंडवा पण्णत्ता ।
तेसि णं पेच्छाघरमंडवाणं बहुमज्झदेसभागे चत्तारि वइरामया अक्खाडगा पण्णत्ता ।
तेसि णं वइरामयाणं अक्खाडगाणं बहुमज्झदेसभागे चत्तारि मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ,
तासि णं मणिपेढियाणं उवरिं चत्तारि सीहासणा पण्णत्ता,
तेसि णं सीहासणाणं उवरिं चत्तारि विजयदूसा पण्णत्ता ।
तेसि णं विजयदूसगाणं बहुमज्झदेसभागे चत्तारि वइरामया अंकुसा पण्णत्ता,
तेसि णं वइरामएसु अंकुसेसु कुम्भिकमुत्तादामा पण्णत्ता,
ते णं कुम्भिका मुत्तादामा पत्तेयं पत्तेयं अन्नेहिं तदद्ध उच्चत्तपमाणमेत्तेहिं चउहिं अद्ध कुम्भिकेहिं मुत्तादामेहिं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ता,
तेसिं णं पेच्छाघरमंडवाणं पुरओ चत्तारि मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ ।
तासि णं मणिपेढियाणं उवरिं चत्तारि चेइयथूभा पण्णत्ता ।
तेसि णं चेइयथूभाणं पत्तेयं पत्तेयं चउदिसिं चत्तारि मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ ।
तासि णं मणिपेढियाणं उवरिं चत्तारि जिणपडिमाओ सव्वरयणामईओ सपलियंक णिसण्णाओ थूभाभिमुहीओ चिट्ठन्ति तं जहा—
१. रिसभा, २. वद्धमाणा, ३. चंदाणणा, ४. वारिसेणा,
तेसि णं चेइयथूभाणं पुरओ चत्तारि मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ ।
तासि णं मणिपेढियाणं उवरिं चत्तारि चेइयरुक्खा पण्णत्ता ।
तेसि णं चेइयरुक्खाणं पुरओ चत्तारि मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ ।
तासि णं मणिपेढियाणं उवरिं चत्तारि महिंदज्झया पण्णत्ता ।
तासि णं महिंदज्झयाणं पुरओ चत्तारि णंदा पोक्खरिणीओ पण्णत्ताओ ।
तासि णं पोक्खरणीणं पत्तेयं पत्तेयं चउदिसिं चत्तारि वणसंडा पण्णत्ता, तं जहा—
१. पुरत्थिमेणं, २. दाहिणेणं, ३. पच्चत्थिमेणं, ४. उत्तरेणं ।

(शेष पृष्ठ ४०६ पर)

कइलास—हरिवाहणा य तत्थ दुवे देवा महिड्ढीया-जाव-पलिओवमट्ठितिया परिवसंति ।

वहाँ पर पल्योपम की स्थिति वाले महर्धिक—**यावत्**—महासुखी कैलाश और हरिवाहन ये दो देव रहते हैं ।

से एतेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—"णंदिस्सरवरे दीवे, णंदिस्सरवरे दीवे ।"

—जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० १८३

हे गौतम ! इस कारण से 'नन्दीश्वरद्वीप' नन्दीश्वरद्वीप कहा जाता है ।

णंदीसरवरदीवस्स निच्चत्तं—

८४७. अदुत्तरं च णं गोयमा ! णंदिस्सरवरे दीवे सासए-जाव-णिच्चे ।

—जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० १८३

नन्दीश्वरद्वीप की नित्यता—

७४७. अथवा हे गौतम ! नन्दीश्वरद्वीप शाश्वत है—**यावत्**—नित्य है ।

(शेष पृष्ठ ४०५ का)

गाहा—पुव्वे णं असोगवणं, दाहिणओ होइ सत्तवण्णवणं । अवरेण चंपगवणं, चूअवणं उत्तरे पासे ।

१ पुरत्थिमिल्ले अंजणगपव्वए—

तत्थ णं जे से पुरत्थिमिल्ले अंजणगपव्वए तस्स णं चउदिसिं चत्तारि णंदाओ पोक्खरिणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

१. णंदुत्तरा, २. णंदा, ३. आणंदा, ४. णंदिवद्धणा ।

ताओ णं णंदाओ पोक्खरणीओ एगं जोयणसयसहस्सं आयामेणं, पण्णासं जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं, दसजोयणसयाइं उव्वेहेणं ।

तासि णं पोक्खरणीणं पत्तेयं पत्तेयं चउदिसिं चत्तारि तिसोवाणपडिरूवगा पण्णत्ता,

तेसि णं तिसोवाणपडिरूवगाणं पुरओ चत्तारि तोरणा पण्णत्ता, तं जहा—

१. पुरत्थिमेणं, २. दाहिणेणं, ३. पच्चत्थिमेणं, ४. उत्तरेणं ।

तासि णं पोक्खरणीणं पत्तेयं पत्तेयं चउदिसिं चत्तारि वणसंडा पण्णत्ता, तं जहा—

१. पुरत्थिमे णं, २. दाहिणे णं, ३. पच्चत्थिमे णं, ४. उत्तरे णं ।

गाहा—पुव्वे णं असोगवणं, दाहिणओ होइ सत्तवण्णवणं । अवरे णं चंपगवणं, चूय वणं उत्तरे पासे ॥

तासि णं पुक्खरणीणं बहुमज्झदेसभागे चत्तारि दधिमुहगपव्वया पण्णत्ता ।

ते णं दधिमुहगपव्वया चउसट्ठिं जोयणसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं, एगं जोयणसहस्सं उव्वेहेणं, सव्वत्थ समा, पल्लगसंठाणसंठिया ।

दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं एक्कतीसं जोयणसहस्साइं छच्च तेवीसे जोयणसए परिक्खेवेणं, सव्वरयणामया अच्छा-**जाव**-पडिरूवा ।

२. दाहिणिल्ले अंजणगपव्वए—

तत्थ णं जे से दाहिणिल्ले अंजणगपव्वए तस्स णं चउदिसिं चत्तारि णंदाओ पोक्खरणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

१. भद्दा, २. विसाला, ३. कुमुदा, ४. पोंडरिगिणी ।

ताओ णं णंदाओ पोक्खरणीओ एक्कं जोयणसयसहस्सं, आयामेणं, सेसं तं चेव पमाणं तहेव दधिमुहगपव्वया, तहेव सिद्धाययणा -**जाव**-वणसंडा ।

३. पच्चत्थिमिल्ले अंजणगपव्वए—

तत्थ णं जे से पच्चत्थिमिल्ले अंजणगपव्वए, तस्स णं चउदिसिं चत्तारि णंदाओ पोक्खरणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

१. णंदिसेणा, २. अमोहा, ३. गोथूभा, ४. सुदंसणा ।

ताओ णं णंदाओ पोक्खरणीओ एक्कं जोयणसयसहस्सं आयामेणं, सेसं तं चेव पमाणं, तहेव दधिमुहगपव्वया, तहेव सिद्धाययणा -**जाव**-वणसंडा ।

४. उत्तरिल्ले अंजणगपव्वए—

तत्थ णं जे से उत्तरिल्ले अंजणगपव्वए,

तस्स णं चउदिसिं चत्तारि णंदाओ पोक्खरणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—१. विजया, २. वेजयंती, ३. जयंती, ४. अपराजिया ।

ताओ णं णंदाओ पोक्खरणीओ एक्कं जोयणसयसहस्सं आयामेणं, सेसं तं चेव पमाणं, तहेव दधिमुहगपव्वया, तहेव सिद्धाययणा -जाव-वणसंडा ।

—ठाणं अ० ४, उ० ३, सु० ३०७

णंदीसरवरे दीवे चत्तारि रतिकरगपव्वया—

८४८. णंदीसरवरस्स णं दीवस्स चक्कवालविक्खंभस्स बहुमज्झ-देसभागे चउसु विदिसासु चत्तारि रतिकरगपव्वया पण्णत्ता, तं जहा—

१. उत्तर-पुरत्थिमिल्ले, रतिकरगपव्वए,
२. दाहिण-पुरत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वए,
३. दाहिण-पच्चत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वए,
४. उत्तर-पच्चत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वए,

ते णं रतिकरगपव्वया दसजोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं,
दस गाउयसयाइं उव्वेहेणं,
सव्वत्थसमा, झल्लरिसंठाणसंठिया,

दसजोयणसहस्साइं विक्खंभेणं,

एक्कतीसं जोयणसहस्साइं छच्च तेवीसे जोयणसए परिक्खेवेणं,

सव्वरयणामया, अच्छा-जाव-पडिरूवा।

—ठाणं अ० ३, उ० ४, सु० ३०७

नन्दीश्वर में चार रतिकर पर्वत—

८४८. नन्दीश्वरद्वीप के चक्रवाल विष्कम्भ के मध्यभाग की चार विदिशाओं में चार रतिकर पर्वत कहे गये हैं। यथा—

(१) उत्तर-पूर्व (ईशानकोण) में रतिकर पर्वत।
(२) दक्षिण-पूर्व (आग्नेयकोण) में रतिकर पर्वत।
(३) दक्षिण-पश्चिम (नैऋत्यककोण) में रतिकर पर्वत।
(४) उत्तर-पश्चिम (वायव्यकोण) में रतिकर पर्वत।

वे रतिकर पर्वत एक हजार योजन ऊँचे हैं।

एक हजार गाउ भूमि में गहरे हैं।

ये पर्वत झालर के आकार से स्थित हैं अतएव सर्वत्र समान है।

दस हजार योजन चौड़े हैं।

इन पर्वतों की परिधि इकतीस हजार छः सौ तेवीस योजन की है।

ये पर्वत सर्वरत्नमय हैं, स्वच्छ हैं—**यावत्**—मनोहर है।

उत्तरपुरत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वए—

८४९. तत्थ णं जे से उत्तरपुरत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वए तस्स णं चउदिसिमीसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो चउण्हमग्गमहिसीणं जंबुद्दीवपमाणाओ चत्तारि रायहाणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

१. णंदुत्तरा, २. णंदा, ३. देवकुरा. ४. उत्तरकुरा।

१. कण्हाए,
२. कण्हराईए,
३. रामाए,
४. रामरक्खियाए।

—ठाणं अ० ३, उ० ४, सु० ३०७

उत्तरपूर्व दिशा में रतिकर पर्वत—

८४९. उन पर्वतों से उत्तर-पूर्व (ईशानकोण) के रतिकर पर्वत की चारों दिशाओं में ईशान देवेन्द्र देवराज की चारों अग्रमहिषियों की जम्बूद्वीप जितनी लम्बी चौड़ी चार राजधानियाँ कही गई हैं, यथा—

(१) नन्दुत्तर, (२) नन्दा, (३) कुरा, (४) उत्तरकुरा।

(कृष्णा अग्रमहिषी की राजधानी का नाम) नन्दुत्तरा,
(कृष्णराजी अग्रमहिषी की राजधानी का नाम) नन्दा,
(रामा अग्रमहिषी की राजधानी का नाम) देवकुरा,
(रामरक्षिता अग्रमहिषी की राजधानी का नाम) उत्तरकुरा,

दाहिणपुरत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वए—

८५०. तत्थ णं जे से दाहिण-पुरत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वए, तस्स णं चउदिसिं सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो, चउण्हमग्गमहिसीणं जंबुदीवपमाणाओ चत्तारि रायहाणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

१. समणा, २. सोमणसा, ३. अच्चिमाली, ४. मणोरमा।

१. पउमाए,
२. सिवाए,
३. सईए,
४. अंजूए।

—ठाणं अ० ३, उ० ४, सु० ३०७

दक्षिण-पूर्व दिशा में रतिकर पर्वत—

८५०. उन पर्वतों में से दक्षिण-पूर्व (आग्नेयकोण) के रतिकर पर्वत की चारो दिशाओं में शक्र देवेन्द्र देवराज की चारों अग्रमहिषियों की जम्बूद्वीप जितनी लम्बी चौड़ी चार राजधानियाँ कही गई हैं, यथा—

(१) समणा, (२) सोमणसा, (३) अर्चिमाली, (४) मनोरमा,

१. (पद्मा अग्रमहिषी की राजधानी का नाम) समणा,
२. (शिवा अग्रमहिषी की राजधानी का नाम) सोमणसा,
३. (शची अग्रमहिषी की राजधानी का नाम) अर्चिमाली,
४. (अंजू अग्रमहिषी की राजधानी का नाम) मनोरमा,

दाहिण पच्चत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वए—

८५१. **तत्थ णं जे से दाहिण-पच्चत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वए, तस्स णं चउद्दिसिं सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो चउण्हमग्गमहिसीणं जंबुदीवपमाणाओ चत्तारि रायहाणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—**

१. भूता, २. भूतवडेंसा, ३. गोथूभा, ४. सुदंसणा ।

१. अमलाए,
२. अच्छराए,
३. णवमियाए,
४. रोहिणीए । —ठाणं अ० ३, उ० ४, सु० ३०७

दक्षिण-पश्चिम दिशा में रतिकर पर्वत—

८५१. उन पर्वतों में से दक्षिण-पश्चिम (नैऋत्यकोण) के रतिकर पर्वत की चारों दिशाओं में शक्र देवेन्द्र देवराज की चारों अग्रमहिषियों की जम्बूद्वीप जितनी लम्बी चौड़ी चार राजधानियाँ कही गई हैं । यथा—

(१) भूता, (२) भूतावतंसा, (३) गोस्तूपा, (४) सुदर्शना ।
(१) ('अमरा' अग्रमहिषी की राजधानी का नाम) भूता,
(२) (अप्सरा अग्रमहिषी की राजधानी का नाम) भूतावतंसा,
(३) ('नवमिला' अग्रमहिषी की राजधानी का नाम) गोस्तूपा,
(४) ('रोहिणी' अग्रमहिषी की राजधानी का नाम) सुदर्शना,

उत्तर-पच्चत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वए—

८५२. **तत्थ णं जे से उत्तर-पच्चत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वए, तस्स णं चउद्दिसिमीसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो चउण्हमग्गमहिसीणं, जंबुदीवपमाणाओ चत्तारि रायहाणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—**

१. रयणा, २. रयणुच्चया, ३. सव्वरयणा, ४. रयण-संचया ।

१. वसूए,
२. वसुगुत्ताए,
३. वसुमित्ताए,
४. वसुन्धराए ।[1]
—ठाणं अ० ३, उ० ४, सु० ३०७

उत्तर-पश्चिम दिशा में रतिकर पर्वत—

८५२. उन पर्वतों में से उत्तर-पश्चिम (वायव्यकोण) के रतिकर पर्वत की चारों दिशाओं में ईशान देवेन्द्र देवराज की चार अग्रमहिषियों की जम्बूद्वीप जितनी लम्बी चौड़ी चार राजधानियाँ कही गई हैं, यथा—

(१) रत्ना, (२) रत्नोच्चया, (३) सर्वरत्ना, (४) रत्न-संचया ।

(१) ('वसु' अग्रमहिषी की राजधानी का नाम) रत्ना,
(२) ('वसुगुप्ता' अग्रमहिषी की राजधानी का नाम) रत्नोच्चया,
(३) ('वसुमित्रा' अग्रमहिषी की राजधानी का नाम) सर्व-रत्ना,
(४) ('वसुन्धरा' अग्रमहिषी की राजधानी का नाम) रत्न-संचया,

❋❋❋

---

१ तृतीय उपांग जीवाभिगम के वृत्तिकार श्री मलयगिरि इस सूत्र की वृत्ति में लिखते हैं—"केषु चित्पुस्तकेषु रतिकरपर्वत चतुष्टय-वक्तव्यता सर्वथा न दृश्यते" अतः यह स्वतः स्पष्ट है कि उनके सामने एक ऐसी प्रति भी थी, जिसमें रतिकरपर्वत चतुष्टयवाला पाठ था, क्योंकि इस पाठ की वृत्ति भी उन्होंने की है ।

आगमोदय समिति से प्रकाशित जीवाभिगम की प्रति में "रतिकरपर्वत" चतुष्टयवाला मूलपाठ तो नहीं है किन्तु उस पाठ की श्री मलयगिरिकृत वृत्ति अक्षरशः अंकित है ।

स्थानाग के चतुर्थ स्थान द्वितीय उद्देशक सूत्र ३०७ में जीवाभिगम के समान नंदीश्वरवरद्वीप की चार दिशाओं में स्थित चार अंजनक पर्वतों का तथा चार विदिशा में स्थित चार रतिकर पर्वतों का वर्णन है ।

आगमोदय समिति से प्रकाशित स्थानांग की प्रति से (रतिकरपर्वत चतुष्टय वाला) पाठ यहाँ उद्धृत किया गया है । यदि रतिकर पर्वत चतुष्टय वाला पाठ स्थानांग में नहीं मिलता तो यह पाठ विच्छिन्न हो गया होता । क्योंकि जीवाभिगम की उपलब्ध प्रतियों में यह पाठ मिलता नहीं है ।

नंदीसरोदसमुद्दो—

नंदीसरोदसमुद्दस्स संठाणं—

८५३. **णंदीस्सरवरण्णं दीवं णंदीसरोदे णामं समुद्दे वट्टे वलयागार-संठाणसंठिए सव्वओ समंता संपरिक्खित्ताणं चिट्ठइ,**[1]

तहेव समचक्कवालसंठाणसंठिए ।

विक्खंभ-परिक्खेवो संखेज्जाइं जोयणसयसहस्साइं ।

दारा, दारंतरं, पउमवरवेइया, वणसंडे, पएसा, जीवा, तहेव,

अट्ठो जो खोदोदगस्स,-जाव-

सुमण-सोमणस भद्दा, एत्थ दो देवा महिड्ढिया-जाव-पलिओवमट्ठिईया परिवसंति,

से एएणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—"णंदीसरोदे समुद्दे, णंदीसरोदे समुद्दे,

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १८४

नंदीसरोदसमुद्दस्स निच्चत्तं—

८५४. **अदुत्तरं च णं गोयमा ! णंदीसरोदे समुद्दे सासए-जाव-णिच्चे ।** —जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १८४

णंदीसरदीवे सत्तदीवा—

८५५. **णंदीसरवरस्स णं दीवस्स अंतो सत्तदीवा पण्णत्ता, तं जहा—**
१. जंबुद्दीवे, २. धायइसंडे, ३. पोक्खरवरे, ४. वरुणवरे, ५. खीरवरे, ६. घयवरे, ७. खोयवरे ।

—ठाणं ७, सु० ५८०

णंदीसरदीवे सत्त समुद्दा—

८५६. **णंदीसरवरस्स णं दीवस्स अंतो सत्तसमुद्दा पण्णत्ता, तं जहा—**
१. लवणे, २. कालोए, ३. पुक्खरोदे, ४. वरुणोदे, ५. खोरोदे, ६. घओदे, ७. खोओदे ।

—ठाणं ७, सु० ५८०

नंदीश्वरोद समुद्र—

नन्दीश्वरोद समुद्र का संस्थान—

८५३. नन्दीश्वरोद नामक समुद्र वृत्त वलयाकार संस्थान से स्थित नन्दीश्वरवरद्वीप को चारों ओर से घेरकर स्थित है ।

वह समचक्रवाल संस्थान से पूर्ववत् स्थित है ।

उसकी चौड़ाई और परिधि संख्यात लाख योजन की है ।

नन्दीश्वरोदसमुद्र के द्वार, द्वारों के अन्तर, पद्मवरवेदिका, वनखण्ड, द्वीप और समुद्र के प्रदेशों का परस्पर स्पर्श, समुद्र और द्वीप के जीवों की एक दूसरे में उत्पत्ति पूर्ववत् है ।

नन्दीश्वरोद नामक समुद्र के नाम का हेतु क्षोतोदसमुद्र के नाम के हेतु के समान है—यावत्—

पल्योपम की स्थिति वाले सुमन और सोमनसभद्र नाम वाले दो महर्धिक—**यावत्**—देव वहाँ रहते हैं ।

हे गौतम ! इस कारण से 'नन्दीश्वरोद समुद्र' नन्दीश्वरोद समुद्र कहा जाता है ।

नन्दीश्वरोद समुद्र की नित्यता—

८५४. अथवा हे गौतम ! नन्दीश्वरोदसमुद्र शाश्वत हैं—**यावत्**—नित्य हैं ।

नन्दीश्वरद्वीप में सात द्वीप—

८५५. नन्दीश्वरद्वीप में सात द्वीप कहे गये हैं, यथा—(१) जम्बूद्वीप, (२) धातकीखण्डद्वीप, (३) पुष्करवरद्वीप, (४) वरुणवरद्वीप, (५) क्षीरवरद्वीप, (६) घृतवरद्वीप ।

नन्द्रीश्वरद्वीप में सात समुद्र—

८५६. नन्दीश्वरद्वीप में सात समुद्र कहे गये हैं, यथा—(१) लवणसमुद्र, (२) कालोदसमुद्र, (३) पुष्करोदसमुद्र, (४) वरुणोदसमुद्र, (५) क्षीरोदसमुद्र, (६) घृतोदसमुद्र, (७) क्षोदोदसमुद्र ।



---

१ सूरिय० पाठ १९, सु० १०१ ।

अरुणाइदीवसमुद्दा—

अरुणाइ दीव-समुद्दाणं संखित्त परूवणं—
अरुणदीवस्स संठाणं—

८५७. **णंदीसरोदं समुद्दं अरुणे णामं दीवे वट्टे वलयागार संठाण-संठिए सव्वओ समंता संपरिक्खित्ता णं चिट्ठति,**

प०—अरुणे णं भंते ! दीवे किं समचक्कवाल सठाणसंठिए विसमचक्कवाल संठाणसंठिए ?

उ०—गोयमा ! समचक्कवालसंठाणसंठिए, नो विसमचक्क-वालसंठाणसंठिए,

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सू. १८५

अरुणदीवस्स विक्खंभ-परिक्खेवं—

८५८. **प०—अरुणे णं भंते ! दीवे केवइयं चक्कवाल-विक्खंभेणं केवइयं चक्कवाल-परिक्खेवेणं पण्णत्ते ?**

उ०—गोयमा ! संखेज्जाइं जोयणसयसहस्साइं चक्कवाल-विक्खंभेणं, पण्णत्ते, संखेज्जाइं जोयणसयसहस्साइं परिक्खेवेणं पण्णत्ते,[1]

'पउमवर वेइया' वणखंडो, दारा, दारंतरं य तहेव,

संखेज्जाइं जोयणसयसहस्साइं दारंतरं—**जाव**—अट्ठो,

वावीओ खोदोदगपडिहत्था,
उप्पायपव्वया सव्ववइरामया अच्छा-**जाव**-पडिरूवा,
असोग-वीतसोगा य एत्थ दुवे देवा महिड्ढीया-**जाव**-पलिओवमट्ठिइया परिवसंति,
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ अरुणे णामं दीवे, अरुणे णामं दीवे[2],

—जीवा पडि. ३, उ. २, सु. १८५

८५९. अरुणे णं दीवं अरुणोद णामं समुद्दे वट्टे वलयागार-संठाण-संठिए सव्वओ समंता संपरिक्खित्ताणं चिट्ठइ[3],
तस्स वि तहेव चक्कवालविक्खंभो पक्खिवो, य,
अट्ठो, खोतोदगं तहेव
णवरं—सुभद्द-सुमणभद्दा, एत्थ दो देवा महिड्ढीया-**जाव**-पलिओवमट्ठिइया परिवसंति, सेसं तहेव ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १८५

अरुणादिद्वीप समुद्र—

अरुणादि दीप-समुद्रों का संक्षिप्त प्ररूपण—
अरुणद्वीप का संस्थान—

८५७. 'अरुण' नामक द्वीप वृत्त वलयाकार संस्थान से स्थित है, वह नन्दीश्वरोद समुद्र को चारों ओर से घेरे हुए स्थित हैं ।

प्र०—हे भदंत ! अरुणद्वीप क्या समचक्रवाल संस्थान से स्थित है या विषमचक्रवाल संस्थान से स्थित है ?

उ०—हे गौतम ! (अरुणद्वीप) समचक्रवाल संस्थान से स्थित हैं किन्तु विषमचक्रवाल संस्थान से स्थित नहीं है ।

अरुणद्वीप की चौड़ाई और परिधि—

८५८. प्र०—हे भदंत ! अरुणद्वीप का चक्रवाल विष्कम्भ और चक्रवाल परिधि कितनी कही गई है ?

उ०—हे गौतम ! संख्यात लाख योजन की चक्रवाल चौड़ाई और संख्यात लाख योजन की परिधि कही गई है ।

अरुणद्वीप की पद्मवरवेदिका, वनखण्ड, द्वार, द्वारों के अन्तर पूर्ववत् हैं ।

द्वारों का संख्यात लाख योजन का अन्तर है—यावत्—नाम का हेतु पूर्ववत् है ।

वापिकायें इक्षुरस से भरी हुई हैं ।

उत्पात पर्वत सर्ववज्रमय हैं, स्वच्छ हैं—यावत्—मनोहर हैं ।

अशोक और वीतशोक नाम वाले महर्धिक—यावत्—पल्यो-पम की स्थिति वाले दो देव वहाँ रहते हैं ।

हे गौतम ! इस कारण से अरुण नामक द्वीप 'अरुण नामक द्वीप' कहा जाता है ।

८५९. **अरुणोद समुद्र वृत्त, वलयाकार संस्थान से स्थित है, वह अरुणद्वीप को चारों ओर से घेरकर स्थित है ।**

उसकी चक्रवाल चौड़ाई और परिधि, पूर्ववत् है ।

उसके नाम का हेतु और इक्षुरस जैसा जल, पूर्ववत् है ।

विशेष—सुभद्र और सुमनभद्र नाम वाले महर्धिक—यावत्—पल्योपम की स्थिति वाले दो देव वहाँ रहते हैं । शेष पूर्ववत् है ।

---

१ सूरिय० पाठ १९, सु० १०१ ।

२ स च देवप्रभया, पर्वतादिगत वज्ररत्नप्रभया चारुण इति अरुणनामा ।

३ सूरिय० पाठ १९, सु० १०१ ।

अरुणवरदीवस्स संठाणं—

८६०. **णंदीसरवरोदं समुद्दे अरुणवरे[1] णामं दीवे वट्टे वलयागारसंठाण-संठिए सव्वओ समंता संपरिक्खित्ताणं चिट्ठति ।**

प०—अरुणवरे णं भंते ! दीवे किं समचक्कवालसंठाणसंठिते, विसमचक्कवालसंठाणसंठिते ?

उ०—गोयमा ! समचक्कवालसंठाणसंठिते, नो विसमचक्क-वालसंठाणसंठिते ।

—जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १८५

अरुणवरदीवस्स विक्खंभ-परिक्खेवं—

८६१. **प०—अरुणवरे णं भंते ! दीवे केवतियं चक्कवालविक्खंभेणं, केवतियं परिक्खेवेणं पण्णत्ते ?**

उ०—गोयमा ! संखेज्जाइं जोयणसयसहस्साइं चक्कवाल-विक्खंभेणं, संखेज्जाइं जोयणसयसहस्साइं परिक्खेवेणं पण्णत्ते ।

दारा, दारंतरा य तहेव संखेज्जाइं जोयणसतसहस्साइं ।

सेणं एगाए पउमवरवेइयाए एगेणं वणसंडेणं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ते चिट्ठइ, दोण्हवि वण्णओ ।
पदेसा दोण्हवि (परोप्परं) पुट्ठा ।

जीवा दोसु (दीवेसु वि-समुद्देसु) वि पच्चायंति ।

—जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० १८५

अरुणवरदीवस्स णामहेऊ—

८६२. **प०—से केणट्ठे णं भंते ! एवं वुच्चइ—"अरुणवरे दीवे, अरुणवरे दीवे ?**

उ०—गोयमा ! अरुणवरे णं दीवे तत्थ तत्थ देसे देसे तहिं तहिं बहुओ खुड्डाखुड्डियाओ-जाव-बिलपंतियाओ अच्छाओ-जाव-महुरसरणाइयाओ खोदोदगपडिहत्थाओ पासाइयाओ-जाव-पडिरूवाओ ।

तासु णं खुड्डियासु-जाव-बिलपंतियासु बहवे उप्पाय-पव्वया-जाव-सव्ववइरामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

अरुणवरभद्द-अरुणवरमहाभद्दा एत्थ दो देवा महि-ड्ढिया-जाव-पलिओवमट्ठितिया परिवसंति ।
से एएणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—अरुणवरे दीवे, अरुणवरे दीवे ।"

—जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० १८५

अरुणद्वीप का संस्थान—

८६०. अरुणवर नामक द्वीप वृत्त वलयाकार संस्थान से स्थित है, वह नन्दीश्वरोद समुद्र को चारों ओर से घेरकर स्थित है ।

प्र०—हे भदन्त ! अरुणवरद्वीप क्या समचक्रवाल-संस्थान से स्थित है ?

उ०—हे गौतम ! अरुणवरद्वीप समचक्रवाल-संस्थान से स्थित है, विषम चक्रवाल संस्थान से स्थित नहीं है ।

अरुणवरद्वीप की चौड़ाई एवं परिधि—

८६१. प्र०—हे भदन्त ! अरुणवरद्वीप का चक्रवाल विष्कम्भ और उसकी परिधि कितनी कही गई है ?

उ०—हे गौतम ! संख्यात लाख योजन की चक्रवाल चौड़ाई है और संख्यात लाख योजन की परिधि कही गई है ।

उसके द्वार और द्वारों का अन्तर संख्यात लाख योजन के है ।

यहां पद्मवरवेदिका और वनखण्ड का वर्णन है ।

अरुणवरद्वीप और नन्दीश्वरोद समुद्र के प्रदेश परस्पर स्पृष्ट हैं ।

अरुणद्वीप के जीव और नन्दीश्वरोद समुद्र के जीव एक दूसरे में उत्पन्न होते हैं ।

अरुणवरद्वीप के नाम का हेतु—

८६२. प्र०—हे भगवन् ! किस कारण से 'अरुणवरद्वीप' अरुण-वरद्वीप कहा जाता है ?

उ०—हे गौतम ! अरुणवरद्वीप के सभी विभागों में सर्वत्र छोटी बावड़ियाँ है—**यावत्**—बिलपंक्तियाँ है, वे सब स्वच्छ हैं—**यावत्**—मधुर स्वर से गूँजने वाली हैं और क्षोतोद (इक्षु रस जैसे जल) से भरी हुई है, प्रसन्नता प्रदान करने वाली है—**यावत्**—मनोहर है ।

उन बावड़ियों में—**यावत्** बिलपंक्तियों में अनेक उत्पात पर्वत हैं—**यावत्**—वे सब वज्रमय हैं, स्वच्छ हैं—**यावत्**—मनोहर हैं ।

वहाँ महर्धिक—**यावत्**—पल्योपम की स्थिति वाले अरुणवर भद्र और अरुणवरमहाभद्र नाम वाले दो देव रहते हैं ।

हे गौतम ! इस कारण से 'अरुणवरद्वीप' अरुणवरद्वीप कहा जाता है ।

---

१ सूरिय० पाठ १९, सु० १०१ ।

अरुणवरदीवस्स निच्चत्तं—

८६३. **अदुत्तरं च णं गोयमा ! अरुणवरे दीवे सासए-जाव-णिच्चे ।**

—जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० १८५

८६४. **अरुणवरं णं दीवं अरुणवरोदे णामं समुद्दे वट्टे-जाव-चिट्ठति ।**[1]

अरुणवर-अरुणवरमहावरा य एत्थ दो देवा महिड्ढीया -जाव-पलिओवमट्ठिइया परिवसंति,

सेसं सव्वं तहेव ।

८६५. **अरुणवरोदं समुद्दं अरुणवरावभासे णामं दीवे वट्टे-जाव-चिट्ठति ।**

अरुणवरावभासभद्दं—अरुणवराभासमहाभद्दा य एत्थ दो देवा महिड्ढीया-जाव-पलिओवमट्ठिइया परिवसंति,

सेसं सव्वं तहेव ।

८६६. **अरुणवरावभासे णं दीवं अरुणवरावभासे णामं समुद्दे वट्टे -जाव-चिट्ठति ।**[3]

अरुणवरावभास—अरुणवरावभासमहावरा एत्थ दो देवा महिड्ढीया-जाव-पलिओवमट्ठिइया परिवसंति,

सेसं सव्वं तहेव ।

—जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० १८५

अरुणवरद्वीप की नित्यता—

८६३. अथवा हे गौतम ! अरुणवरद्वीप शाश्वत है—**यावत्**—नित्य है ।

८६४. वृत्त वलयाकार संस्थान से स्थित अरुणवरोद समुद्र अरुणवरद्वीप को चारों ओर से घेरकर स्थित है ।

पल्योपम की स्थिति वाले अरुणवर और अरुणवरमहावर नाम के दो महर्धिक देव—**यावत्**—वहाँ रहते हैं ।

शेष सब वर्णन पूर्ववत् है ।

८६५. वृत्त वलयाकार संस्थान से स्थित अरुणवरावभासद्वीप अरुणवरोदसमुद्र को चारों ओर से घेरकर स्थित है ।

५. एगे पुण एवमाहंसु—

पिच्छाघरसंठिया तावक्खेत्तसंठिती पण्णत्ता, एगे एवमाहंसु,

६. एगे पुण एवमाहंसु—

वलभीसंडिया तावक्खेत्तसंठिती पण्णत्ता, एगे एवमाहंसु,

७. एगे पुण एवमाहंसु—

हम्मियतलसंठिया तावक्खेत्तसंठिती पण्णत्ता, एगे एवमाहसु,

८. एगे पुण एवमाहंसु—

वालग्गपोतिया संटिया तावक्खेत्तसंठिती पण्णत्ता, एगे एवमाहंसु,

९. एगे पुण एवमाहंसु—

जस्संठिए जंबुद्दीवे तस्संठिए तावक्खेत्तसंठिती पण्णत्ता, एगे एवमाहंसु,

१०. एगे पुण एवमाहंसु—

जस्संठिए भारहे वासे तस्संठिए तावक्खेत्तसंठिती पण्णत्ता, एगे एवमाहंसु,

सूर्य के ताप-क्षेत्र की संस्थिति—

१०. प्र०—सूर्य के ताप-क्षेत्र की संस्थिति = व्यवस्था कैसी है ? कहें ।

उ०—(सूर्य के तापक्षेत्र से सम्बन्धित) ये सोलह प्रतिपत्तियाँ = मान्यताएँ कही गई हैं, यथा—

(१) इनमें से एक मान्यता वाले इस प्रकार कहते हैं ।

"घर के आकार जैसी (सूर्य के) ताप-क्षेत्र की संस्थिति कही गई है ।

(२) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं,

गृहापण = घर और दुकान एक साथ जैसी (सूर्य के) तापक्षेत्र की संस्थिति कही गई है ।

(३) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं,

प्रासाद = राजमहल जैसी (सूर्य के) ताप-क्षेत्र की संस्थिति कही गई है ।

(४) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं,

गोपुर = नगरद्वार जैसी (सूर्य के) ताप-क्षेत्र की संस्थिति कही गई है ।

(५) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं,

प्रेक्षा-गृह = मंत्रणागृह जैसी (सूर्य के) ताप-क्षेत्र की संस्थिति कही गई है ।

(६) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं,

वलभी = घर पर ढाँके जाने वाले छप्पर जैसी (सूर्य के) तापक्षेत्र की संस्थिति कही गई है ।

(७) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं,

हर्म्यतल = तलघर जैसी (सूर्य के) ताप-क्षेत्र की संस्थिति कही गई है ।

(८) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं,

वालाग्रपोतिका = आकाशतटाक के मध्य में स्थित क्रीडागृह के लिए लघुप्रासाद जैसी (सूर्य के) ताप-क्षेत्र की संस्थिति कही गई है ।

(९) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं,

जम्बूद्वीप का जो आकार है उसी आकार की (सूर्य के) ताप-क्षेत्र की संस्थिति कही गई है ।

(१०) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं,

भरतक्षेत्र का जो आकार है उसी आकार की (सूर्य के) ताप-क्षेत्र की संस्थिति कही गई है ।

११. एगे पुण एवमाहंसु—
उज्जाणसंठिया तावक्खेत्तसंठिती पण्णत्ता,
एगे एवमाहंसु,

(११) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं,
उद्यान=बाग जैसी (सूर्य के) ताप-क्षेत्र की संस्थिति कही गई है।

१२. एगे पुण एवमाहंसु—
निज्जाणसंठिया तावक्खेत्तसंठिती पण्णत्ता,
एगे एवमाहंसु,

(१२) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं,
निर्याण=ग्राम या नगर से निकलने के मार्ग जैसी (सूर्य के) ताप-क्षेत्र की संस्थिति कही गई है।

१३. एगे पुण एवमाहंसु—
एगओ णिसधसंठिया तावक्खेत्तसंठिती पण्णत्ता,
एगे एवमाहंसु,

(१३) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं,
एक निषध=रथ के एक बैल जैसी (सूर्य के) ताप-क्षेत्र की संस्थिति कही गई है।

१४. एगे पुण एवमाहंसु—
दुहओ णिसधसंठिया तावक्खेत्तसंठिती पण्णत्ता,
एगे एवमाहंसु,

(१४) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं,
दो निषध=रथ के दो बैलों जैसी (सूर्य के) ताप-क्षेत्र की संस्थिति कही गई है।

१५. एगे पुण एवमाहंसु—
सेयणगसंठिया तावक्खेत्तसंठिती पण्णत्ता, एगे एवमाहंसु,

(१५) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं,
सेचानक=बाज पक्षी जैसी (सूर्य के) ताप-क्षेत्र की संस्थिति कही गई है।

१६. एगे पुण एवमाहंसु—
सेयणगपट्ठसंठिया तावक्खेत्तसंठिती पण्णत्ता,
एगे एवमाहंसु,

(१६) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं,
सेचानक-पृष्ठ=बाज पक्षी के पृष्ठ भाग जैसी (सूर्य के) ताप-क्षेत्र की संस्थिति कही गई है।

वयं पुण एवं वदामो—
ता उद्धीमुह कलंबुआ-पुप्फसंठिया तावक्खेत्तसंठिती पण्णत्ता,
अंतो संकुचिया, बाहिं वित्थडा
अंतो वट्टा, बाहिं पिधुला,
अंतो अंकमुहसंठिया.[1] बाहिं सत्थिमुहसंठिया[2]
—सूरिय. पा. ४, सु. २५

हम फिर इस प्रकार कहते हैं—
ऊपर की ओर मुँह किये हुए कलंबुकापुष्प=नालिका पुष्प जैसी (सूर्य के) ताप-क्षेत्र की संस्थिति कही गई है।
अन्दर से संकुचित, बाहर से विस्तृत,
अन्दर से वृत्त=वर्तुलाकार, बाहर से पृथुल=लम्बी-चौड़ी,
अन्दर से अंकमुख=पद्मासन स्थित पुरुषाकार है बाहर से स्वस्तिक-अग्रभागाकार है।

तावक्खेत्त संठिइए दुवे बाहाओ—

तापक्षेत्र संस्थिति की दो बाहायें—

११. उभओ पासेणं तीसे दुवे बाहाओ अवट्ठियाओ[3] भवंति, पणयालीसं पणयालीसं जोयणसहस्साइं आयामेणं,
तीसे दुवे बाहाओ अणवट्ठिआओ[4] भवंति, तं जहा—१. सव्व ब्भंतरिया चेव बाहा, २. सव्व बाहिरिया चेव बाहा,

११. तापक्षेत्र के दोनों पार्श्व में दोनों बाहायें पैंतालीस पैंतालीस हजार योजन लम्बी अवस्थित हैं।
ये दोनों बाहायें अनवस्थित हैं। यथा—(१) सर्व आभ्यन्तर बाहा, (२) सर्व बाह्य बाहा,

---

१ अंतर्मेरुदिशि अंक=पद्मासनोपविष्टस्योत्संगरूप आसनबन्धः तस्य मुखं अग्रभागोर्द्धवलयाकारस्तस्येव संस्थित संस्थानं यस्या सा.

२ (क) तथा बहिर्लवणदिशि स्वस्तिकमुखसंस्थिता, स्वस्तिकः सुप्रतीतः तस्य मुखं अग्रभागः तस्येवातिविस्तीर्णतया संस्थित-संस्थानं यस्या सा,
(ख) चंद. पा. ४ सु, २५।

३ "ये द्वे बाहे ते आयामेन-जम्बूद्वीपगतमायाममाश्रित्यावस्थिते भवतः।" —सूरिय. वृत्ति.

४ "द्वे च बाहे अनवस्थिते भवतः
तद्यथा सर्वाभ्यन्तरा, सर्व बाह्या च।
(क) तत्र या मेरुसमीपे विष्कम्भमधिकृत्य बाहा सा सर्वाभ्यन्तरा।
(ख) या तु लवणदिशि जम्बूद्वीप पर्यन्त विष्कम्भमधिकृत्य बाहा सा सर्व बाह्यबाहा।
(ग) आयामश्च-दक्षिणायततया प्रतिपत्तव्यो, विष्कम्भः पूर्वापरायततया।

प०—तत्थ को हेउ त्ति ? वएज्जा,

उ०—ता अयण्णं जबुद्दीवे दीवे—
सव्वदीव-समुद्दाणं सव्वब्भंतराए, सव्व खुड्डाए
वट्टे तेल्लापूय-संठाण-संठिए,
वट्टे रहचक्कवाल-संठाण-संठिए,
वट्टे पुक्खरकण्णिया-संठाण-संठिए,
वट्टे पडिपुण्णचंद-संठाण-संठिए,
एगं जोयणसयसहस्सं आयाम-विक्खंभेणं,

तिण्णि जोयणसयसहस्साइं, सोलससहस्साइं दोण्णि य सत्तावीसे जोयणसए, तिण्णि य कोसे, अट्ठावीसं च धणुसयं, तेरस अंगुलाइं अद्धंगुलं च किंचि विसेसाहियं परिक्खेवेणं पण्णत्ते,[1]

—सूरिय० पा० ४, सु० २५

प्र०—उक्त व्यवस्था का हेतु क्या है ? कहें ।

उ०—यह जम्बूद्वीप नामक द्वीप सब द्वीप-समुद्रों के अन्दर है, सबसे छोटा है ।

तैल में पके हुए मालपुए जैसे वृत्ताकार संस्थान से स्थित है ।

रथ के पहिए जैसे वृत्ताकार संस्थान से स्थित है ।

कमल-कर्णिका जैसे वृत्ताकार संस्थान से स्थित है ।

प्रतिपूर्ण चन्द्र जैसे वृत्ताकार संस्थान से स्थित है ।

एक लाख योजन लम्बा-चौड़ा है ।

तीन लाख सोलह हजार दो सौ सत्तावीस योजन तीन कोस अट्ठावीस धनुष तेरह अंगुल और आधे अंगुल से कुछ अधिक उसकी परिधि कही गई है ।

तावक्खेत्तसंठिइए परिक्खेवा—

तापक्षेत्र संस्थिति की परिधि—

१२. ता जयाणं सूरिए सव्वब्भंतरं मंडलं उवसंकमित्ता चारं चरंति, तया णं उद्धीमुहकलंबुआ-पुप्फसंठिया तावक्खेत्तसंठिई आहितात्ति वएज्जा, अंतो संकुडा, बाहिं वित्थडा, अंतो वट्टा, बाहिं पि थुला, अंतो अंकमुहसंठिया, बाहिं सत्थिमुहसंठिया, दुहओ पासेणं तीसे तहेव जाव सव्वबाहिरिया चेव बाहा,

१२. जब सूर्य सर्वाभ्यन्तर मण्डल का लक्ष्य करके गति करता है तब ऊपर की ओर मुँह वाले नलिनी पुष्प के संस्थान जैसी तापक्षेत्र की आकृति होती है ।

वह अन्दर से संकुचित, बाहर से विस्तृत, अन्दर से वृत्ताकार बाहर से विस्तृत, अन्दर से पद्मासन के अग्रभाग जैसी अर्थात् अर्द्धवलयाकार, बाहर से स्वस्तिक के अग्रभाग जैसी है ।

दोनों पार्श्वभाग से तापक्षेत्र की संस्थिति उसी प्रकार है—

यावत्—सर्वबाह्य बाहा,

(क) तीसे णं सव्वब्भंतरिया बाहा-मंदरपव्वयं तेणं णव जोयणसहस्साइं चत्तारि य छलसीए जोयणसए णव य दसभागे जोयणस्स परिक्खेवेणं, आहिए त्ति वएज्जा,

(क) उस (तापक्षेत्र) की सर्व आभ्यन्तर बाहा उसकी परिधि मन्दर पर्वत के समीप नौ हजार चार सौ छियासी योजन और एक योजन के दस भागों में से नौ भाग जितनी है ।

प०—ता सेणं परिक्खेवविसेसे कओ ? आहिए त्ति वएज्जा ?

प्र०—उस (सर्व आभ्यन्तर) बाहा की इस परिधि विशेष की सिद्धि किस प्रकार है ? कहें ।

उ०—ता जे णं मंदरस्स पव्वयस्स परिक्खेवे, तं परिक्खेवं तिहिं गुणित्ता, दसहिं छित्ता दसहिं भागे हीरमाणे—एस णं परिक्खेवविसेसे, आहिए त्ति वएज्जा,

उ०—मन्दर पर्वत की परिधि को तीन से गुणा करें । दश का भाग दें, दस का भाग देने पर यह परिधि विशेष होती है ।

(ख) तीसे णं सव्वबाहिरिया बाहा—लवणसमुद्दं तेणं, चउणउइं जोयणसहस्साइं, अट्ठ य अट्ठसट्ठे जोयणसए, चत्तारि य दसभागे जोयणस्स परिक्खेवेणं, आहिए त्ति वएज्जा,[2]

(ख) उस (तापक्षेत्र) की सर्व बाह्य बाहा—उसकी परिधि लवणसमुद्र के समीप चोराणवें हजार आठ सौ अडसठ योजन और एक योजन के दस भागों में से चार भाग जितनी है ।

---

१ (क) चन्द. पा. ४ सु. २५ ।
(ख) जम्बु. वक्ख ७ सु. १३५ ।

२ मेरु की परिधि ३१,६,२३ योजन की है, इसे तीन से गुणा करने पर ९४,८,७९ योजन हुए । इनके दस का भाग देने पर ९.८,८६$\frac{९}{१०}$ लब्ध होते हैं— यह सर्व आभ्यन्तर बाहा की परिधि है ।

प०—ता से णं परिक्खेवविसेसे कओ ? आहिए त्ति वएज्जा,

प्र०—उस (सर्व बाह्य बाहा की) परिधि की (सिद्धि) किस प्रकार है ?

उ०—ता जे णं जंबुद्दीव-दीवस्स परिक्खेवे तं परिक्खेवं तिहिं गुणित्ता, दसहिं छेत्ता, दसहिं भागे हीरमाणे=एस णं परिक्खेव-विसेसे, आहिए त्ति वएज्जा,[1]

—सूरिय. पा. ४, सु. २५

उ०—जम्बूद्वीप की परिधि तीन गुणा करें, दस का भाग दें, दस का भाग देने पर यह परिधि विशेष होती है ।

तावखेत्तस्स अंधकार खेत्तस्स य आयामाईणं परूवणं—

तापक्षेत्र और अन्धकारक्षेत्र के आयामादि का प्ररूपण—

१३. प०—ता तीसे णं तावक्खेत्ते केवइयं आयामेणं ? आहिए त्ति वएज्जा,

१३. प्र०—सूर्य के उस ताप (प्रकाशित) क्षेत्र का आयाम कितना है ? कहें,

उ०—ता अट्ठुत्तरिं जोयणसहस्साइं, तिण्णि य तेत्तीसे जोयणसए जोयणतिभागे च आयामेणं, आहिए त्ति वएज्जा,

उ०—अठहत्तर हजार तीन सौ तेतीस योजन और एक योजन के तीन भागों में से एक भाग जितना है ।

प०—तया णं किं संठिया अंधकारसंठिई ? आहिए त्ति वएज्जा,

प्र०—उस अन्धकार (सूर्य से अप्रकाशित क्षेत्र) की संस्थिति कैसी है ? कहें,

उ०—उद्धीमुह-कलंबुआ-पुप्फसंठिया तहेव जाव बाहिरिया चेव बाहा,

उ०—ऊपर की ओर मुँह किये हुए नलिनी पुष्प जैसी है—**यावत्—बाह्य पर्यन्त उसी प्रकार से कहें ।**

तीसे णं सव्वब्भंतरिया बाहा मंदरपव्वयंतेणं छज्जोयणसहस्साइं तिण्णि य चउवीसे जोयणसए छच्च दसभागे जोयणस्स परिक्खेवेणं आहिए त्ति वएज्जा,

उसकी सर्वाभ्यन्तर बाहा मन्दर पर्वत के समीप छः हजार तीन सौ चौबीस योजन और एक योजन के दस भागों में से छः भाग जितनी परिधि वाली है ।

प०—ता तीसे णं परिक्खेवविसेसे कओ ? आहिए त्ति वएज्जा,

प्र०—उसकी इस परिधि विशेष का प्रमाण किस प्रकार है ? कहें ।

उ०—ता जे णं मंदरस्स पव्वयस्स परिक्खेवेणं तं परिक्खेवं दोहिं गुणेत्ता, दसहिं छित्ता दसहिं भागे हीरमाणे, एस णं परिक्खेव-विसेसे, आहिए त्ति वएज्जा,

उ०—मन्दर पर्वत की पूर्वोक्त परिधि को दो से गुणा करके दस से भाग देने पर परिधि विशेष का प्रमाण उपलब्ध होता है ।

तीसे णं सव्वबाहिरिया बाहा लवणसमुद्दं तेणं तेवट्ठि जोयणसहस्साइं दोण्णि य पणयाले जोयणसए छच्च दस भागे जोयणस्स परिक्खेवेणं, आहिए त्ति वएज्जा,

उसकी सर्व बाह्य बाहा लवणसमुद्र के समीप त्रेसठ हजार दो सौ पैंतालीस योजन और एक योजन के दस भागों में से छः भाग जितनी परिधि वाली है ।

प०—ता से णं परिक्खेवविसेसे कओ ? आहिए त्ति वएज्जा,

प्र०—उसकी इस परिधि विशेष का प्रमाण किस प्रकार है ? कहें,

उ०—ता जे णं जंबुद्दीवस्स दीवस्स परिक्खेवे, त परिक्खेवं दोहिं गुणेत्ता दसहिं छेत्ता दसहिं भागेहिं हीरमाणे दसण परिक्खेवविसेसे, आहिए त्ति वएज्जा,

उ०—जम्बूद्वीप की पूर्वोक्त परिधि को दुगुणा करके दस का भाग देने पर इस परिधि विशेष का प्रमाण उपलब्ध होता है ।

प०—ता जे णं अंधकारे केवइयं आयामेणं ? आहिए त्ति वएज्जा,

प्र०—उस अन्धकार (सूर्य से अप्रकाशित क्षेत्र) का आयाम कितना है ? कहें,

---

२ (क) जम्बूद्वीप की परिधि ३, १६, २, २७ योजन तीन कोस २८ धनुष १३ अंगुल तथा आधे अंगुल से कुछ अधिक है । इनके दस का भाग देने पर ९४,८,६८ योजन और एक योजन के दस भागों में से चार भाग जितनी सर्वबाह्य बाहा की परिधि विशेष है ।

(ख) चन्द. पा. ४ सु. २५ । (ग) जम्बु. वक्ख. ७ सु. १३५ ।

उ०—ता अट्ठुत्तरिं जोयणसहस्साइं तिण्णि य तेत्तीसे जोयणसए जोयणतिभागं च आयामेणं, आहिए त्ति वएज्जा,

तया णं उत्तमकट्ठपत्ते उक्कोसेणं अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवति, जहण्णिया दुवालसमुहुत्ता राई भवइ,

उ०—अठहत्तर हजार तीन सौ तेतीस योजन और एक योजन के तीन भागों में से एक भाग जितना है।

उस समय सूर्य का परम उत्कर्ष होने से उत्कृष्ट अठारह मुहूर्त का दिन होता है और जघन्य बारह मुहूर्त की रात्रि होती है।

प०—ता जया णं सूरिए सव्वबाहिरं मंडलं उवसंकमित्ता चारं चरइ तया णं किं संठिया तावखेत्तसंठिई ? आहिए त्ति वएज्जा,

प्र०—जब सूर्य सर्वाभ्यन्तर मण्डल का लक्ष्य करके गति करता है तब सूर्य के उस ताप क्षेत्र की संस्थिति किस प्रकार की होती है ? कहें,

उ०—ता उद्धीमुह-कलंबुया पुप्फसंठिया तावक्खेत्तसंठिई आहिए त्ति वएज्जा,

उ०—ऊपर की ओर मुँह किये हुए नलिनी पुष्प जैसी होती है।

एवं जं अब्भिंतरमंडले अंधकारसंठिईए पमाणं तं बाहिरमंडले तावक्खेत्तसंठिईए जं तहिं तावक्खेत्तसंठिईए तं बाहिरमंडले अंधकारसंठिईए भाणियव्वं, जाव····

जिस प्रकार आभ्यन्तर मण्डल में अन्धकार की संस्थिति का प्रमाण हैं वही बाह्य मण्डल में ताप क्षेत्र की संस्थिति का प्रमाण है और आभ्यन्तर मण्डल में जो ताप क्षेत्र की संस्थिति का प्रमाण है वही बाह्य मण्डल में अन्धकार की संस्थिति का प्रमाण कहना चाहिए—यावत्—

तया णं उत्तमकट्ठपत्ता उक्कोसेणं अट्ठारस मुहुत्ता राई भवति, जहण्णिए दुवालस मुहुत्ते दिवसे भवइ,[1]

—सूरिय. पा. ४, सु. २५

उस समय सूर्य का परम उत्कर्ष होने से उत्कृष्ट अठारह मुहूर्त की रात्रि होती है और जघन्य बारह मुहूर्त का दिन होता है।

जंबुद्दीवे सूरियाणं खेत्तं किरिया परूवणं—

जम्बूद्वीप में सूर्यों की क्षेत्रों में क्रिया प्ररूपण—

१४. प०—(क) जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे सूरिया—किं तीए खेत्ते किरिया कज्जइ ?

१४. प्र०—(क) हे भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में सूर्य क्या अतीत क्षेत्र में क्रिया करते हैं ?

(ख) पडुप्पन्ने खेत्ते किरिया कज्जइ ?

(ख) वर्तमान क्षेत्र में क्रिया करते हैं ?

(ग) अणागए खेत्ते किरिया कज्जइ ?

(ग) या अनागत क्षेत्र में क्रिया करते हैं ?

उ०—(क) गोयमा ! नो तीए खेत्ते किरिया कज्जइ,

उ०—(क) हे गौतम ! वे अतीत क्षेत्र में क्रिया नहीं करते हैं।

(ख) पडुप्पण्णे खेत्ते किरिया कज्जइ,

(ख) वर्तमान क्षेत्र में क्रिया करते हैं,

(ग) नो अणागए खेत्ते किरिया कज्जइ,

(ग) अनागत क्षेत्र में क्रिया नहीं करते हैं।

प०—सा भंते ! किं पुट्ठा किरिया कज्जति, अपुट्ठा किरिया कज्जति ?

प०—हे भगवन् ! वे स्पृष्ट क्रिया करते हैं या अस्पृष्ट क्रिया करते हैं ?

उ०—गोयमा ! पुट्ठा किरिया कज्जति, नो अपुट्ठा किरिया कज्जति-जाव-[2]

उ०—हे गौतम ! वे स्पृष्ट क्रिया करते हैं, अस्पृष्ट क्रिया नहीं करते हैं—**यावत्**—

---

१ (क) जम्बु. वक्ख. ७ सु. १३५। (ख) चन्द. पा. ४ सु. २५।

१ **—यावत्**—पद से संग्रहित सूत्र—

प०—से णं भंते ! किं ओगाढा किरिया कज्जइ ? अणोगाढा किरिया कज्जइ ?

उ०—गोयमा ! ओगाढा किरिया कज्जइ, नो अणोगाढा किरिया कज्जइ।

प०—से णं भंते ! किं अणंतरोगाढा किरिया कज्जइ ? परंपरोगाढा किरिया कज्जइ ?

उ०—गोयमा ! अणंतरोगाढा किरिया कज्जइ, नो परंपरोगाढा किरिया कज्जइ। (क्रमशः)

प०—सा भंते ! किं एगदिसिं किरिया कज्जति, छद्दिसिं किरिया कज्जइ ?

उ०—गोयमा ! नो एगदिसिं किरिया कज्जति, नियमा छद्दिसिं किरिया कज्जइ[1],

—भग. स. ८, उ. ८, सु. ४३, ४४

प०—हे भगवन् ! क्या वे एक दिशा में क्रिया करते हैं या छहों दिशाओं में किया करते हैं ?

उ०—हे गौतम ! वे एक दिशा में क्रिया नहीं करते हैं वे नियमित रूप से छहों दिशाओं में क्रिया करते हैं ।

जंबुद्दीवे सूरिया कहं दूरे समीवे दीसंति ?—

जम्बूद्वीप में सूर्य दूर और समीप किस प्रकार दिखाई देते हैं—

१५. प०—(क) जंबुद्दीवे णं भंते ? दीवे सूरिया[2] उग्गमणमुहुत्तंसि दूरे य, मूले य दीसंति ?

(ख) मज्झंतियमुहुत्तंसि मूले य, दूरे य दीसंति ?

(ग) अत्थमणमुहुत्तंसि दूरे य, मूले य, दीसंति ?

१५. प्र० —(क) हे भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में सूर्य उदय के समय दूर होते हुए भी समीप में दिखाई देते हैं ?

(ख) मध्याह्न के समय समीप होते हुए भी दूर दिखाई देते हैं ?

(ग) अस्त होने के समय दूर होते हुए भी समीप में दिखाई देते हैं ?

उ०—(क-ग) हंता गोयमा ! जंबुद्दीवे णं दीवे सूरिया—उग्गमणमुहुत्तंसि दूरे य, मूले य दीसंति-जाव-अत्थमणमुहुत्तंसि दूरे य, मूले य दीसंति,

उ०—(क-ग) हाँ गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में सूर्य उदय के समय दूर होते हुए भी समीप में दिखाई देते हैं—**यावत्** —अस्त होने के समय दूर होते हुए भी समीप दिखाई देते हैं ।

प०—जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे सूरिया—उग्गमणमुहुत्तंसि य, मज्झंतियमुहुत्तंसि य, अत्थमणमुहुत्तंसि य सव्वत्थ समा उच्चत्ते णं ?

उ०—हंता गोयमा ! जंबुद्दीवे णं दीवे सूरिया—उग्गमणमुहुत्तंसि य, मज्झंतियमुहुत्तंसि य, अत्थमणमुहुत्तंसि य सव्वत्थ समा उच्चत्तेणं ।

प०—जइ णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे सूरिया उग्गमणमुहुत्तंसि य, मज्झंसियमुहुत्तंसि य, अत्थमणमुहुत्तंसि य सव्वत्थ समा उच्चत्तेणं,

प्र०—हे भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में सूर्य उदय के समय मध्याह्न और अस्त के समय अर्थात् सर्वत्र समान ऊँचे रहते हैं ।

उ०—हाँ गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में सूर्य उदय के समय, मध्याह्न के समय और अस्त के समय अर्थात् सर्वत्र समान ऊँचे रहते हैं ।

प्र०—हे भगवन् ! यदि जम्बूद्वीप नामक द्वीप में सूर्य उदय के समय मध्याह्न के समय और अस्त के समय अर्थात् सर्वत्र समान ऊँचे रहते हैं तो,—

(क्रमशः)

प०—सा णं भंते ! किं अणु किरिया कज्जइ ? बायरा किरिया कज्जइ ?

उ०—गोयमा ! अणु वि किरिया कज्जइ, बायरा वि किरिया कज्जइ ।

प०—सा णं भंते ! किं उड्ढं किरिया कज्जइ ? अहे किरिया कज्जइ ? तिरियं किरिया कज्जइ ?

उ०—गोयमा ! उड्ढं वि किरिया कज्जइ, अहे वि किरिया कज्जइ, तिरियं किरिया कज्जइ ।

प०—सा णं भंते ! किं आइं किरिया कज्जइ ? मज्झे किरिया कज्जइ ? पज्जवसाणे किरिया कज्जइ ?

उ०—गोयमा ! आइं वि किरिया कज्जइ, मज्झे वि किरिया कज्जइ. पज्जवसाणे किरिया कज्जइ ।

प०—सा णं भंते ! किं सविसया किरिया कज्जइ ? अविसया किरिया कज्जइ ?

उ०—गोयमा ! सविसया किरिया कज्जइ, नो अक्सिया किरिया कज्जइ ।

प०—सा णं भंते ! किं आणुपुव्वि किरिया कज्जइ ? अणाणुपुव्वि किरिया कज्जइ ?

उ०—गोयमा ! आणुपुव्वि किरिया कज्जइ, नो अणाणुपुव्वि किरिया कज्जइ ।

प०—सा णं भंते ! किं एगदिसिं किरिया कज्जइ-जाव-छद्दिसिं किरिया कज्जइ ?

उ०—गोयमा ! नो एगदिसिं किरिया कज्जइ, नियमा छद्दिसिं किरिया कज्जइ । —जम्बु. वक्ख. ७, सु० १३८ की टीका से

१ जम्बु. वक्ख. ७, सु. १३८ ।

२ जम्बूद्वीप में दो चन्द्र और दो सूर्य हैं—इस अपेक्षा से वहाँ बहुवचन का प्रयोग है ।

से केणं खाइ अट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ—"जंबुद्दीवे णं दीवे सूरिया उग्गमणमुहुत्तंसि दूरे य, मूले य दीसंति -जाव-अत्थमणमुहुत्तंसि दूरे य, मूले य दीसंति ?

हे भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि—"जम्बूद्वीप नामक द्वीप में सूर्य उदय के समय दूर होते हुए भी समीप में दिखाई देते हैं—**यावत्**—अस्त होने के समय दूर होते हुए भी समीप में दिखाई देते हैं ?

उ०—(क) गोयमा । लेसापडिघाएणं उग्गमणमुहुत्तंसि दूरे य, मूले य दीसंति,

उ०—(क) हे गौतम ! लेश्या-तेज के प्रतिघात से उदय के समय दूर होते हुए भी समीप दिखाई देते हैं ।

(ख) लेसाभितावेणं मज्झंतियमुहुत्तंसि मूले य, दूरे य दीसंति,

लेश्या के अभिताप से मध्याह्न के समय समीप होते हुए भी दूर दिखाई देते हैं ।

(ग) लेस्सापडिघाएणं अत्थमणमुहुत्तंसि दूरे य मूले य दीसंति,

लेश्या के प्रतिघात से अस्त होने के समय दूर होते हुए भी समीप में दिखाई देते हैं ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—'जंबुद्दीवे णं दीवे सूरिया उग्गमणमुहुत्तंसि दूरे य मूले य दीसंति -जाव-अत्थमणमुहुत्तंसि दूरे य, मूले य दीसंति[1] ।

—भग. स. ८, उ. ८, सु. ३५-३७

इस कारण से हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि—"जम्बूद्वीप नामक द्वीप में सूर्य उदय के समय दूर होते हुए भी समीप में दिखाई देते हैं—**यावत्**—अस्त होने के समय दूर होते हुए भी समीप में दिखाई देते हैं ।

पोरिसि च्छाय-निव्वत्तणं—

पौरुषी छाया की उत्पत्ति—

१६. प०—ता कइकट्ठं ते सूरिए पोरिसीच्छायं णिव्वत्ते ति ? आहिए त्ति वएज्जा,

१६. प्र०—सूर्य कैसी स्थिति में पौरुषी छाया को उत्पन्न करता है ? कहें ।

उ०—तत्थ खलु इमाओ तिण्णि पडिवत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

उ०—इस सम्बन्ध में तीन अन्य मान्यताएँ कही गई है यथा—

१. तत्थेगे एवमाहंसु—

ता जे णं पोग्गला सूरियस्स लेसं फुसंति, ते णं पोग्गला संतप्पंति, ते णं पोग्गला संतप्पमाणा तदणंतराइं बाहिराइं पोग्गलाइं संतावेंतीति,

एस णं से समिए तावक्खेत्ते एगे एवमाहंसु,

(१) उनमें से एक मान्यता वाले इस प्रकार कहते हैं ।

सूर्य के तेज से जितने पुद्गल स्पर्श को प्राप्त होते हैं वे तपते हैं और तपने के बाद वे बाह्य पुद्गलों को तपाते हैं ।

यह (सूर्य से) उत्पन्न ताप क्षेत्र है ।

२. एगे पुण एवमाहंसु—

ता जे णं पोग्गला सूरियस्स लेसं फुसंति, ते णं पोगला नो संतप्पंति, ते णं पोग्गला असंतप्पमाणा तदणंतराइं बाहिराइं पोग्गलाइं णो संतावेंतीति,

एस णं से समिए तावक्खेत्ते, एगे एवमाहंसु,

(२) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं—

सूर्य के तेज से जितने पुद्गल स्पर्श को प्राप्त होते हैं वे नहीं तपते हैं, नहीं तपे हुए वे पुद्गल समीप के बाह्य पुद्गलों को भी नहीं तपाते हैं ।

वह (सूर्य से) उत्पन्न ताप क्षेत्र हैं ।

३. एगे पुण एवमाहंसु—

ता जे णं पोग्गला सूरियस्स लेसं फुसंति, ते णं पोग्गला अत्थेगइया संतप्पंति, अत्थेगइया नो संतप्पंति,

तत्थ अत्थेगइया संतप्पमाणा तदणंतराइं बाहिराइं पोग्गलाइं अत्थेगयाइं संतावेंति, अत्थेगयाइं नो संतावेंतीति,

(३) एक मान्यता वाले फिर इस प्रकार कहते हैं—

सूर्य के तेज से जितने पुद्गल स्पर्श को प्राप्त होते हैं उनमें से कुछ पुद्गल तपते हैं और कुछ पुद्गल नहीं तपते हैं ।

उनमें से तपे हुए कुछ पुद्गल समीप के कुछ बाह्य पुद्गलों को तपाते हैं और कुछ को नहीं तपाते हैं ।

---

१ जम्बु. वक्ख. ७, सु. १३६।

एस णं से समिए तावक्खेत्ते, एगे एवमाहंसु,

वयं पुण एवं वयामो—

ता जाओ इमाओ चंदिम-सूरियाणं देवाणं विमाणेहिंतो लेसाओ बहित्ता उच्छूढा अभिणिसट्ठाओ पंतावेंति,

एयासि णं लेसाणं अंतरेसु अण्णयरीओ छिण्णलेसाओ संमुच्छंति, तए णं ताओ छिण्णलेस्साओ संमुच्छियाओ समाणीओ तदणंतराइ बाहिराइं पोग्गलाइं सतावेंतीति,

एस णं से समिए तावक्खेत्ते,[1]

—सूरिय. पा. ६, सु. ३०

यह (सूर्य से) उत्पन्न ताप क्षेत्र है ।

हम फिर इस प्रकार कहते हैं—

सूर्य देवों के विमानों से निकले हुए तेज से तेज तथा चन्द्र देवों के विमानों से निकले हुए उद्योत से उद्योत निकलकर पुद्गलों को तपाते हैं; प्रकाशित करते है ।

सूर्य के तेज से निकले हुए तेज तथा चन्द्र के उद्योत से निकले हुए उद्योत सम्मूर्छित होते हुए अनन्तर स्थित बाह्य पुद्गलों को तपाते हैं, प्रकाशित करते है ।

यह सूर्य से उत्प तापक्षेत्र है ।

(यह चन्द्र से उत्पन्न प्रकाशक्षेत्र है ।)

पोरिसिच्छाय-निवत्तणं—

१७. प०—ता कइकट्ठे ते सूरिए पोरिसि च्छायं णिव्वत्ति ? आहिए त्ति वएज्जा,

उ०—तत्थ खलु इमाओ पणवीसं पडिवत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

तत्थेगे एवमाहंसु—

१. ता अणुसमयमेव सूरिए पोरिसिच्छायं णिव्वत्तेइ, आहिए त्ति वएज्जा, एगे एवमाहंसु,

एगे पुण एवमाहंसु—

२. ता अणुमुहुत्तमेव सूरिए पोरिसिच्छायं णिव्वत्तेइ, आहिए त्ति वएज्जा,

जाओ चेव ओयसंठिईए पडिवत्तीओ एएणं अभिलावेणं णेयव्वाओ,-जाव-[2] (३-२४)

एगे पुण एवमाहंसु—

२५. ता अणुउस्सप्पिणि-ओसप्पिणिमेव सूरिए पोरिसिच्छायं णिव्वत्तेइ, आहिए त्ति वएज्जा, एगे एवमाहंसु,

वयं पुण एवं वयामो—

१. ता सूरियस्स णं—

उच्चत्तं च लेसं च, पडुच्च छायुद्देसे,

२. उच्चत्तं च, छायं च पडुच्च लेसुद्देसे,

३. लेस्सं च छायं च पडुच्च उच्चतोद्देसे[2]

—सूरिय. पा. ६, सु. ३१

पौरुषी-छाया का निष्पादन—

१७. प्र०—सूर्य कितने समय में "पौरुषी-छाया" की निष्पत्ति करता है ? कहें ।

उ०—इस सम्बन्ध में ये पच्चीस प्रतिपत्तियाँ (मान्यतायें) कही गई हैं, यथा—

उनमें से एक (मान्यता वाले) इस प्रकार कहते हैं—

(१) सूर्य प्रत्येक समय में पौरुषी-छाया की निष्पत्ति करता है ।

एक (मान्यता वाले) फिर इस प्रकार कहते है—

(२) सूर्य प्रत्येक मुहूर्त में पौरुषी-छाया की निष्पत्ति करता है ।

(३-२४) **ओज संस्थिति की जितनी (पच्चीस) प्रतिपत्तियाँ हैं उतनी ही यहाँ इन अभिलापों से जाननी चाहिए ।**

एक (मान्यता वाले) फिर इस प्रकार कहते **हैं**—

(२५) सूर्य प्रत्येक उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी में "पौरुषी-छाया" की निष्पत्ति करता है ।

हम फिर इस प्रकार कहते हैं—

(१) सूर्य की ऊँचाई और लेश्या (प्रकाश) की अपेक्षा करके छाया (पौरुषी-छाया) का कथन हैं ।

(२) सूर्य की ऊँचाई और छाया (पौरुषी-छाया) की अपेक्षा करके लेश्या (प्रकाश) का कथन है ।

(३) सूर्य की लेश्या (प्रकाश) और छाया (पौरुषी-छाया) की अपेक्षा करके ऊँचाई का कथन है ।

---

१ चन्द. पा. ६ सु. ३० ।

२ सूरिय. पा. ६, सु. २७ ।

३ चन्द. पा. ६ सु. ३१ ।

पोरिसिच्छाय-निव्वत्तणं—

१८. प०—.....[1]

उ०—तत्थ खलु इमाओ दुवे पडिवत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

तत्थेगे एवमाहंसु—

(क) १. ता अत्थि णं से दिवसे जंसि णं दिवसंसि सूरिए चउपोरिसिच्छायं निव्वत्तेइ,

(ख) अत्थि णं से दिवसे जंसि णं दिवसंसि सूरिए दु-पोरिसिच्छायं निव्वत्तेइ, एगे एवमाहंसु—

एगे पुण एवमाहंसु—

(क) २. ता अत्थि णं से दिवसे जंसि णं दिवसंसि सूरिए दु-पोरिसिच्छायं निव्वत्तेइ,

(ख) अत्थि णं से दिवसे जंसि णं दिवसंसि सूरिए नो किंचि पोरिसिच्छायं निव्वत्तेइ,

तत्थ जे ते एवमाहंसु—

(क) १. ता अत्थि णं से दिवसे जंसि णं दिवसंसि सूरिए चउ-पोरिसिच्छायं निव्वत्तेइ,

(ख) अत्थि णं से दिवसे-जंसि णं दिवसंसि सूरिए दु-पोरिसिच्छायं निव्वत्तेइ,

ते एवमाहंसु,

(क) १. ता जया णं सूरिए सव्वब्भंतरं मंडलं उवसंकमित्ता चारं चरइ, तया णं उत्तमकट्ठपत्ते उक्कोसिए अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवइ, जहण्णिया दुवालसमुहुत्ता राई भवइ,

तंसि च णं दिवसंसि सूरिए चउ-पोरिसिच्छायं निव्वत्तेइ, तं जहा—

उग्गमण-मुहुत्तंसि य, अत्थमण-मुहुत्तंसि य,

लेसं अभिवड्ढेमाणे नो चेव णं निव्वुड्ढेमाणे,

पौरुषी छाया का निवर्तन—

१८. प्र०—प्रश्न सूत्र विच्छिन्न है,[2]

उ०—इस सम्बन्ध में ये दो प्रतिपत्तियाँ (मान्यतायें) कही गई हैं यथा—

इनमें से एक (मान्यता वाले) इस प्रकार कहते हैं—

(क) १. ऐसा एक दिवस है—जिस (दिवस) में सूर्य चार पौरुषी-छाया का निवर्तन (निष्पादन) करता है।

(ख) ऐसा एक दिवस है—जिस (दिवस) में सूर्य दो-पौरुषी छाया का निवर्तन (निष्पादन) करता है।

एक (मान्यता वाले) फिर इस प्रकार कहते हैं—

(क) २. ऐसा एक दिवस है—जिस (दिवस) में सूर्य दो-पौरुषी छाया का निवर्तन (निष्पादन) करता है।

(ख) ऐसा एक दिवस है—जिस (दिवस) में सूर्य किसी प्रकार की छाया का निवर्तन (निष्पादन) नहीं करता है।

उनमें से जो इस प्रकार कहते हैं—

(क) १. ऐसा एक दिवस है—जिस (दिवस) में सूर्य चार पौरुषी-छाया का निवर्तन (निष्पादन) करता है।

(ख) ऐसा एक दिवस हैं—जिस (दिवस) में सूर्य दो-पौरुषी छाया का निवर्तन (निष्पादन) करता है।

(वे अपनी मान्यताओं की सिद्धि इस प्रकार करते हैं[2])

(क) जब सूर्य सर्वाभ्यन्तर मण्डल को प्राप्त करके गति करता है, उस समय परम उत्कर्ष प्राप्त उत्कृष्ट अठारह मुहूर्त का दिन होता है और जघन्य बारह मुहूर्त की रात्रि होती है—

उस दिन सूर्य चार पौरुषी-छाया का निवर्तन करता है यथा—

उद्गमन मुहूर्त में और अस्तमन मुहूर्त में,

लेश्या (प्रकाश) को बढ़ाता हुआ, घटाता हुआ नहीं,

---

१ सूर्य प्रज्ञप्ति की संकलन शैली के अनुसार यहाँ प्रश्नसूत्र होना चाहिए था, किन्तु यहाँ प्रश्नसूत्र आ. स. आदि किसी प्रति में नहीं है, अतः यहाँ का प्रश्नसूत्र विच्छिन्न हो गया है, ऐसा मान लेना ही उचित है।

सूर्यप्रज्ञप्ति के टीकाकार भी यहाँ प्रश्न-सूत्र के होने या न होने के सम्बन्ध में सर्वथा मौन हैं, अतः यहाँ प्रश्न-सूत्र का स्थान रिक्त रखा है।

यदि कहीं किसी प्रति में प्रश्न-सूत्र हो तो स्वाध्यायशील आगमज्ञ सूचित करने की कृपा करें, जिससे द्वितीय संस्करण में संशोधन परिवर्धन किया जा सके।

२ मूल पाठ में ऐसा सूचना पाठ नहीं है—यह सूचना सम्पादक ने अपनी ओर से दी है।

(ख) ता जया णं सूरिए सव्वबाहिरं मण्डलं उवसंकमित्ता चारं चरइ, तया णं उत्तमकट्ठपत्ता उक्कोसिया अट्ठारसमुहुत्ता राई भवइ, जहण्णए दुवालस-मुहुत्ता दिवसे भवइ,

तंसि च णं दिवसंसि सूरिए दु-पोरिसिच्छायं निव्वत्तेइ, तं जहा—

उग्गमण-मुहुत्तंसि य, अत्थमण-मुहुत्तंसि य,
लेसं अभिवड्ढेमाणे नो चेव णं निव्वुड्ढेमाणे,

तत्थ णं जे ते एवमाहंसु—

(क) २. ता अत्थि णं से दिवसे-जंसि णं दिवसंसि सूरिए दु-पोरिसिच्छायं निव्वत्तेइ,

अत्थि णं से दिवसे-जंसि णं दिवसंसि सूरिए नो किंचि पोरिसिच्छायं निव्वत्तेइ,

ते एवमाहंसु—

(क) ता जया णं सूरिए सव्वब्भंतरं मण्डलं उवसंकमित्ता चारं चरइ, तया णं उत्तमकट्ठपत्ते उक्कोसिए अट्ठारस-मुहुत्ते दिवसे भवइ, जहण्णिया दुवालस-मुहुत्ता राई भवइ,

तंसि च णं दिवसंसि सूरिए दु-पोरिसिच्छायं निव्वत्तेइ तं जहा—

उग्गमण-मुहुत्तंसि य, अत्थमण-मुहुत्तंसि य,

लेसं अभिवड्ढेमाणे, नो चेव णं निव्वुड्ढेमाणे,

(ख) ता जया णं सूरिए सव्वबाहिरं मण्डलं उवसंकमित्ता चारं चरइ, तया णं उत्तमकट्ठपत्ता उक्कोसिया अट्ठारस-मुहुत्ता राई भवइ, जहण्णए दुवालस-मुहुत्ते दिवसे भवइ,

तंसि च णं दिवसंसि सूरिए नो किंचि पोरिसिच्छायं निव्वत्तेइ, तं जहा—

उग्गमण-मुहुत्तंसि य, अत्थमण-मुहुत्तंसि य,

नो चेव ण लेसं अभिवड्ढेमाणे वा, निव्वुड्ढेमाणे वा[1],

—सूरिय. पा. ९, सु. ३१

(ख) जब सूर्य सर्व बाह्य मण्डल को प्राप्त करके गति करता है, उस समय परम उत्कर्ष प्राप्त उत्कृष्ट अठारह मुहूर्त की रात्रि होती है, जघन्य बारह मुहूर्त का दिन होता है।

उस दिन सूर्य दो-पौरुषी-छाया का निवर्तन करता है, यथा—

उद्गमन मुहूर्त में और अस्तमन मुहूर्त में,
लेश्या को बढ़ाता हुआ, घटाता हुआ नहीं,

उनमें से जो इस प्रकार कहते हैं—

(२) ऐसा एक दिवस है—जिस (दिवस) में सूर्य दो पौरुषी छाया का निवर्तन (निष्पादन) करता है।

ऐसा एक दिवस है—जिस (दिवस) में सूर्य किसी प्रकार की छाया का निवर्तन नहीं करता है।

वे अपनी मान्यताओं को इस प्रकार सिद्ध करते हैं[2]—

(क) जब सूर्य सर्वाभ्यन्तर मण्डल को प्राप्त करके गति करता है तब परम उत्कर्ष प्राप्त उत्कृष्ट अठारह मुहूर्त का दिन होता है और जघन्य बारह मुहूर्त की रात्रि होती है।

उस दिन सूर्य दो पौरुषी छाया का निवर्तन करता है, यथा—

उद्गमन मुहूर्त में और अस्तमन मुहूर्त में,

लेश्या (प्रकाश) को बढ़ाता हुआ—घटाता हुआ नहीं।

(ख) जब सूर्य सर्व बाह्यमण्डल को प्राप्त करके गति करता है, तब परम उत्कर्ष प्राप्त उत्कृष्ट अठारह मुहूर्त की रात्रि होती है और जघन्य बारह मुहूर्त का दिन होता है।

उस दिन सूर्य किसी प्रकार की पौरुषी छाया का निवर्तन नहीं करता है यथा—

उद्गमन मुहूर्त में और अस्तमन मुहूर्त में,

न लेश्या (प्रकाश) को बढ़ाता हुआ, न घटाता हुआ,

---

१ (क) इसके अनन्तर यहाँ स्वमतसूचक "वयं पुण एवं वयामो" यह वाक्य नहीं है और न स्वमत का कथन ही है।
"तदेवं परतीर्थिक-प्रतिपत्तिद्वयं श्रुत्वा भगवान् गौतमः स्वमतं पृच्छति, ता कइ कट्ठमित्यादि" —सूर्य. टीका.
टीकाकार का यह कथन सूर्यप्रज्ञप्ति की संकलन शैली के अनुरूप नहीं है—क्योंकि प्रतिपत्तियों के कथन के अनन्तर "वयं पुण एवं वयामो" इस वाक्य से ही सर्वत्र स्वमत का प्रतिपादन किया गया है।

(ख) चन्द पा. ९ सु. ३१।

२ यह पंक्ति सम्पादक ने दी है।

पोरिसिच्छाय-निव्वत्तणं—

१९. प०—ता कइकट्ठं ते सूरिए पोरिसिच्छायं निव्वत्तेइ ? आहिए त्ति वएज्जा,

उ०—तत्थ इमाओ छण्णउइ पडिवत्तीओ पण्णत्ताओ,

तं जहा—

तत्थेगे एवमाहंसु—

१. ता अत्थि णं से देसे-जंसि णं देसंसि सूरिए एग-पोरिसीयं छायं निव्वत्तेइ,[1] एगे एवमाहंसु,

एगे पुण एवमाहंसु—

२. ता अत्थि णं से देसे-जंसि णं देसंसि सूरिए दु-पोरिसीयं छायं निव्वत्तेइ, एगे एवमाहंसु,

एवं एएणं अभिलावेणं णेयव्वं,-जाव-(३-९५)

एगे पुण एवमाहंसु—

९६. ता अत्थि णं से देसे-जंसि णं देसंसि सूरिए छण्ण-उइ पोरिसीयं छाय निव्वत्तेइ, एगे एवमाहंसु,

तत्थ जे ते एवमाहंसु—

१. ता अत्थि णं से देसे-जंसि णं देसंसि सूरिए एग-पोरिसीयं छायं निव्वत्तेइ त्ति,

ते एवमाहंसु,

ता सूरियस्स णं सव्वहेट्ठिमाओ सूर-प्पडिहीओ बहित्ता अभिणिसट्ठाहिं लेसाहिं ताडिज्जमाणीहिं इमीसे रयण-प्पभाए पुढवीए बहुसमरमणिज्जाओ भूमिभागाओ जावइयं सूरिए उड्ढं उच्चत्तेणं, एवइयाए एगाए अद्धाए, एगेणं छायाणुमाणप्पमाणेणं उमाए, तत्थ से सूरिए एगपोरिसीयं छायं निव्वत्तेइ त्ति,

तत्थ जे ते एवमाहंसु—

२. ता अत्थि णं से देसे, जंसि णं देसंसि सूरिए दु-पोरिसीयं छायं निव्वत्तेइ 'त्ति'

ते एवमाहंसु,

ता सूरियस्स णं सव्वहेट्ठिमाओ सूर-प्पडिहीओ बहित्ता अभिणिसट्ठाहिं लेसाहिं ताडिज्जमाणीहिं, इमीसे रयण-प्पभाए पुढवीए बहुसमरमणिज्जाओ भूमिभागाओ

पौरुषी छाया का निवर्तन—

१९. प्र०—सूर्य किस स्थान में कितनी पौरुषी छाया की निष्पत्ति करता है ? कहें ।

उ०—इस सम्बन्ध में ये छन्नवे (९६) प्रतिपत्तियाँ (मान्यतायें) कही गई हैं यथा—

इनमें से एक (मान्यता वाले) इस प्रकार कहते हैं—

(१) एक ऐसा देश (स्थान) है—जिस देश में सूर्य एक पौरुषी-छाया की निष्पत्ति करता है,

एक (मान्यता वाले) फिर इस प्रकार कहते हैं—

(२) एक ऐसा देश है—जिस देश में सूर्य दो पौरुषी छाया की निष्पत्ति करता है ।

(३-९५) इस प्रकार इस अभिलाप से जानना चाहिए—यावत्—

एक (मान्यता वाले) फिर इस प्रकार कहते हैं—

(९६) एक ऐसा देश है—जिस देश में सूर्य छिन्नवे पौरुषी छाया की निष्पत्ति करता है ।

उनमें से जो इस प्रकार कहते हैं—

(१) एक ऐसा देश है—जिस देश में सूर्य एक पौरुषी-छाया की निष्पत्ति करता है ।

(वे अपनी मान्यता को इस प्रकार सिद्ध करते हैं)

इस रत्नप्रभा पृथ्वी के अधिक सम-रमणीय भूभाग से सूर्य जितना ऊँचा है उतने ही एक मार्ग में, सूर्य के सबसे नीचे के निवेश से निकली हुई किरणों से स्पर्शित पदार्थ की छाया जहाँ अनुमान प्रमाण से विभक्त की जाती है, वहाँ सूर्य (एक पुरुष प्रमाण) पौरुषी छाया की निष्पत्ति करता है ।

उनमें से जो इस प्रकार कहते हैं—

(२) ऐसा एक देश है—जिस देश में सूर्य दो पौरुषी छाया की निष्पत्ति करता है ।

(वे अपनी मान्यता को इस प्रकार सिद्ध करते हैं)

इस रत्नप्रभा पृथ्वी के अधिक सम-रमणीय भूभाग से सूर्य जितना ऊँचा है उतने ही दो मार्गों में सूर्य के सबसे नीचे के निवेश से निकलती हुई किरणों से स्पर्शित पदार्थ की छाया जहाँ

---

१ तत्र-तेषां षण्णवतेः परतीर्थिकानां मध्ये, एके एवमाहुः
"ता" इति पूर्ववत् अस्ति स देशो, यस्मिन् देशे सूर्यः आगतःसन् एकपौरूषी-एकपुरुष-प्रमाणां (पुरुषग्रहणमुपलक्षणं सर्वस्यापि प्रकाश्यवस्तुनः स्व-प्रमाणां) छायां निवर्तयति,
—सूर्य. टीका.

जावइयं सूरिए उड्ढं उच्चत्तेणं, एवइयाइं दोहिं अद्धाहिं दोहिं छायाणुमाण-प्पमाणेहिं उमाए, एत्थ णं से सूरिए दुपोरिसीयं छायं निव्वत्तेइ त्ति,

अनुमान प्रमाण से दो भागों में विभक्त की जाती है वहाँ सूर्य दो (पुरुषप्रमाण) पौरुषी छाया की निष्पत्ति करता है।

३-९५. एवं एएणं अभिलावेणं णेयव्वं,-जाव-

(३-९५) इस प्रकार इस अभिलाप से जानना चाहिए—यावत्—

तत्थ जे ते एवमाहंसु—

उनमें से जो इस प्रकार कहते हैं—

९६. "ता अत्थि णं से देसे-जंसि णं देसंसि सूरिए छण्ण-उइं पोरिसीयं छायं निव्वत्तेइत्ति"

९६. ऐसा एक देश है—जिस देश में सूर्य छन्नवें पौरुषी छाया की निष्पत्ति करता है।

ते एवमाहंसु,

(वे अपनी मान्यता को इस प्रकार सिद्ध करते हैं)

ता सूरियस्स णं सव्वहिट्ठिमाओ सूरप्पडिहीओ बहित्ता अभिणिसट्ठाहिं लेसाहिं ताडिज्जमाणाहिं इमीसे रयण-प्पभाए पुढवीए बहुसमरमणिज्जाओ भूमिभागाओ जावइयं सूरिए उड्ढं उच्चत्तेणं, एवइयाइं छण्णउईए छायाणुमाण-प्पमाणेहिं उमाए, एत्थ णं से सूरिए छण्ण-उइं पोरिसीयं छायं निव्वत्तेइ त्ति,

इस रत्नप्रभा पृथ्वी के अधिक सम-रमणीय भूभाग से सूर्य जितना ऊँचा है उतने ही "छन्नवें" मार्गों में सूर्य के सबसे नीचे के निवेश से निकली हुई किरणों से स्पर्शित पदार्थ की छाया जहाँ अनुमान प्रमाण से छन्नवें भागों में विभक्त की जाती है वहाँ सूर्य छन्नवें (पुरुष प्रमाण) पौरुषी छाया की निष्पत्ति करता है।

वयं पुण एवं वयामो—

हम फिर इस प्रकार कहते हैं—

ता साइरेग-अउणट्ठि-पोरिसीणं सूरिए पोरिसिच्छायं निव्वत्तेइ त्ति, —सूरिय. पा. ९, सु. ३१

सूर्य कुछ अधिक उनसठ (५९) पौरुषी छाया की निष्पत्ति करता है।

पोरिसिच्छाय-प्पमाणं—

पौरुषी छाया का प्रमाण—

२०. (क) प०—ता अवड्ढ-पोरिसी णं छाया दिवसस्स किं गए वा, सेसे वा ?

२०. प्र०—अपार्धपौरुषी "आधीपौरुषी" अर्थात् पुरुष की आधी छाया तथा सभी प्रकाश्य पदार्थों की आधी छाया, दिन का कितना भाग बीतने पर अथवा कितना भाग शेष रहने पर होती है ?

उ०—ता ति-भागे गए वा सेसे वा।

उ०—दिन के तीन भाग बीतने पर अथवा तीन भाग शेष रहने पर आधी पौरुषी होती है।

(ख) प०—ता पोरिसी णं छाया दिवसस्स किं गए वा, सेसे वा ?

प्र०—पौरुषी अर्थात् पुरुष की स्वप्रमाण छाया, तथा सभी प्रकाश्य पदार्थों की स्वप्रमाण छाया, दिन का कितना भाग बीतने पर अथवा कितना भाग शेष रहने पर होती है ?

उ०—ता चउब्भागे गए वा, सेसे वा,[1]

उ०—दिन के चार भाग बीतने पर तथा दिन के चार भाग शेष रहने पर "पौरुषी-छाया" होती है।

---

१ पौरुषी की परिभाषा—

"पुरिसत्ति, संकू, पुरिस-सरीरं वा, ततो, पुरिसे निप्फन्ना पोरिसी, एवं सव्वस्स वत्थुणो यदा स्वप्रमाणा छाया, भवति, तदा हवइ, एवं पोरिसि-प्रमाणं उत्तरायणस्स अंते, दक्खिणायणस्स, आईए इक्कं दिणं भवइ अतोपरं अद्ध-एगसट्ठिभागा अंगुलस्स दक्खिणायणे वड्ढंति, उत्तरायणे हस्संति, एवं मंडले मंडले अन्ना पोरिसी"

"यह पौरुषी की परिभाषा सूर्य-प्रज्ञप्ति की टीका में नन्दिचूर्णी से उद्धृत है।" चूर्णी की परिभाषा संस्कृत-मिश्रित प्राकृत होती है—अतः ऊपर अंकित चूर्णी-पाठ अशुद्ध नहीं है।

(ग) प०—ता दिवड्ढ-पोरिसी णं छाया दिवसस्स किं गए वा, सेसे वा ?

उ०—ता पंचभागे गए वा, सेसे वा ।

प्र०—डेढ-पौरुषी छाया दिव का कितना भाग बीतने पर अथवा कितना भाग शेष रहने पर होती है ?

उ०—दिन के पाँच भाग बीतने पर तथा दिन के पाँच भाग शेष रहने पर "डेढ पौरुषी-छाया" होती है ।

(घ) प०—ता बि-पोरिसी णं छाया दिवसस्स किं गए वा, सेसे वा ?

उ०—छब्भागगए वा, सेसे वा ।

प्र०—दो-पौरुषी-छाया दिन का कितना भाग बीतने पर अथवा कितना भाग शेष रहने पर होती है ?

उ०—दिन के छः भाग बीतने पर तथा दिन के छः भाग शेष रहने पर "दो-पौरुषी-छाया" होती है ।

प०—ता अड्ढाइज्ज-पोरिसी णं छाया दिवसस्स किं गए वा, सेसे वा ?

उ०—ता सत्तभाग गए वा, सेसे वा ।

प्र०—अढाई-पौरुषी-छाया दिन का कितना भाग बीतने पर अथवा कितना भाग शेष रहने पर होती है ?

उ०—दिन के सात भाग बीतने पर तथा दिन के सात भाग शेष रहने पर "अढाई-पौरुषी-छाया" होती है ।

एवं अवड्ढपोरिसि छोढुँ छोढुँ पुच्छा[1]
दिवसभागं छोढुँ छोढुँ वागरणं[2]-जाव-....

इस प्रकार "अर्धपौरुषी" मिला मिलाकर प्रश्नसूत्र कहें । दिवसभाग मिला मिलाकर उत्तरसूत्र कहें—यावत्—

प०—ता अद्धा अउणसट्ठि-पोरिसी णं छाया दिवसस्स किं गए वा, सेसे वा ?

उ०—ता एगूणवीस-सय-भागे गए वा, सेसे वा ।

प्र०—उनसठ-पौरुषी-छाया दिन का कितना भाग बीतने पर अथवा कितना भाग शेष रहने पर होती है ?

उ०—दिन के एक सौ उन्नीस भाग बीतने पर तथा दिन के एक सौ उन्नीस भाग शेष रहने पर "उनसठ-पौरुषी-छाया" होती है ।

प०—ता अउणसट्ठि पोरिसी णं छाया दिवसस्स किं गए वा, सेसे वा ?

उ०—बावीससहस्सभागे गए वा, सेसे वा ।

प्र०—उनसठ पौरुषी छाया दिन का कितना भाग बीतने पर अथवा कितना भाग शेष रहने पर होती है ?

उ०—दिन का एक हजार बावीसवाँ भाग व्यतीत होने पर एवं बाकी अर्ध का शेष रहने पर होती है ।

प०—ता साइरेग-अउणसट्ठि-पोरिसी णं छाया दिवसस्स किं गए वा, सेसे वा ?

उ०—ता नत्थि किंचि गए वा, सेसे वा,[3]

प्र०—कुछ अधिक "उनसठ-पौरुषी-छाया" दिन का कितना भाग बीतने पर अथवा कितना भाग शेष रहने पर होती है ?

उ०—दिन का कोई भाग बीतने पर या शेष रहने पर साठ पौरुषी छाया नहीं होती हैं ।

---

१ एवमित्यादि-एवमुक्तेन प्रकारेण "अर्द्ध-पौरुषी" अर्द्धपुरुष प्रमाणां छायां क्षिप्त्वा, क्षिप्त्वा पृच्छा, पृच्छा सूत्रं द्रष्टव्यं ।—सूर्य. टीका.

२ दिवसभागं ति, पूर्व-पूर्वसूत्रापेक्षया एकैकमधिकं दिवसभागं क्षिप्त्वा क्षिप्त्वा व्याकरणं, उत्तरसूत्रं ज्ञातव्यं । —सूर्य. टीका.

३ यहाँ अंकित प्रश्नोत्तर यहाँ दी गई संक्षिप्त वाचना की सूचनानुसार संशोधित है । सूर्यप्रज्ञप्ति की "१ अ. स. १२ शा. स. १२ अ. सु. १४ ह. ग्र." इन चारों प्रतियों में दिये गये प्रश्नोत्तर यहाँ दी गई संक्षिप्त वाचना की सूचना से कितने विपरीत हैं ? यह निर्णय पाठक स्वयं करें ।

प०—"ता अद्ध अउणसट्ठि पोरिसी णं छाया दिवसस्स किं गये वा, सेसे वा ?

उ०—ता एगूणवीससयभागे गए वा, सेसे वा ।

प०—ता अउणसट्ठि पोरिसी णं छाया दिवसस्स किं गए वा, सेसे वा ?

उ०—ता बावीस-सहस्स भागे गए वा, सेसे वा ।

प०—साइरेग-अउणसट्ठि-पोरिसी णं छाया दिवस्स किं गए वा, सेसे वा ?

उ०—ता नत्थि किंचि गए वा, सेसे वा ।

(क्रमशः)

तत्थ खलु इमा पणवीसविहा छाया पण्णत्ता, तं जहा-

१. खंभ-छाया, २. रज्जु-छाया, ३. पागार-छाया, ४. पासाय-छाया, ५. उग्गम-छाया, ६. उच्चत्त-छाया, ७. अणुलोम-छाया, ८. पडिलोम-छाया, ९. आरंभिया-छाया, १०. उवहया-छाया, ११. सभा-छाया, १२. पडिहया-छाया, १३. खील-छाया, १४. पक्ख-छाया, १५. पुरओ-उदया-छाया, १६. पुरिम कंठ-भागुवगया-छाया, १७. पच्छिम-कंठ-भागुवगया-छाया, १८. छायाणुवाइणी-छाया, १९. किट्ठाणुवाइणी-छाया, २०. छाय-छाया, २१. विकप्प-छाया, २२. वेहास-छाया, २३. कड-छाया, २४. गोल-छाया, २५. पिट्ठओदग्गा-छाया।

उनमें ये पच्चीस प्रकार की छाया कही गई है, यथा—

(१) स्तम्भछाया, (२) रज्जुछाया, (३) प्राकारछाया, (४) प्रासाद छाया, (५) उद्गम छाया, (६) उच्चत्व=(ऊँचाई की) छाया, (७) अनुलोमछाया, (८) प्रतिलोम छाया, (९) आरंभिका छाया, (१०) उपहता छाया, (११) सभा छाया, (१२) प्रतिहता छाया, (१३) कील छाया, (१४) पक्ष छाया, (१५) पूर्वोदय छाया, (१६) पूर्वकण्ठभाग उपगता छाया, (१७) पश्चिम कण्ठभाग उपगता छाया, (१८) छायानुवादिनी छाया, (१९) कृत्यानुवादिनी छाया, (२०) छाय-छाया, (२१) विकल्प छाया, (२२) विहाय छाया, (२३) कट छाया, (२४) गोल छाया, (२५) पृष्ठतोदया छाया।

तत्थ णं गोल-छाया अट्ठविहा पण्णत्ता, तं जहा—

१. गोल-छाया, २. अवड्ढ-गोल-छाया, ३. गाढ-गोल-छाया, ४. अवड्ढ-गाढ-गोल-छाया, ५. गोलावलि-छाया, ६. अवड्ढ-गोलावलि-छाया, ७. गोलपुंजछाया, ८. अवड्ढ-गोल-पुंज-छाया।[1]

—सूरिय. पा. ९, सु. ३१

इनमें गोल छाया आठ प्रकार की कही गई है, यथा—

(१) गोल छाया, (२) अपार्धगोल छाया, (३) गाढगोल छाया, (४) अपार्धगाढगोल छाया, (५) गोलावलि छाया, (६) अपार्धगोलावलि छाया, (७) गोलपुंज छाया, (८) अपार्ध-गोलपुंज छाया।

सूरमंडलाणं संखा—

२१. प०—कइ णं भंते ! सूरमंडला पण्णत्ता ?

उ०—गोयमा ! एगे चउरासीए मंडलसए पण्णत्ते।

—जंबु. वक्ख. ७, सु. १२७

सूर्यमण्डलों की संख्या—

२१. प्र०—हे भगवन् ! सूर्यमण्डल कितने कहे गये हैं ?

उ०—हे गौतम ! एक सौ चौरासी सूर्यमण्डल कहे गये हैं।

(क्रमशः)

(क) यहाँ इन प्रश्नोत्तरों में व्यतिक्रम हो गया प्रतीत होता है। सर्वप्रथम साढे उनसठ पौरुषी छाया का प्रश्नोत्तर है। द्वितीय प्रश्नोत्तर उनसठ पौरुषी छाया का है तृतीय प्रश्नोत्तर कुछ अधिक उनसठ छाया का है।

(ख) यहाँ प्रश्नों के अनुरूप उत्तर भी नहीं है। प्रथम प्रश्नोत्तर में—"साढे उनसठ पौरुषी छाया, एक सौ उन्नीस दिवस भाग से निष्पन्न होती है" ऐसा माना है किन्तु संक्षिप्तवाचना पाठ के सूचनानुसार एक सौ बीस दिवस भाग से निष्पन्न होती है।

द्वितीय प्रश्नोत्तर में—उनसठ पौरुषी छाया की निष्पत्ति बावीस हजार दिवस भाग से होती है—ऐसा माना है, किन्तु यह मानना सर्वथा असंगत है, क्योंकि संक्षिप्त वाचना के सूचना पाठ की टीका में एक एक दिवस भाग बढ़ाने का ही सूचन है। तृतीय प्रश्नोत्तर में—प्रश्न ही असंगत है, क्योंकि संक्षिप्त वाचना के सूचना पाठ में अर्द्ध पौरुषी छाया से सम्बन्धित प्रश्न हो तो यहाँ कहा गया उत्तर सूत्र यथार्थ है।

१ (क) प्रस्तुत सूत्र में छाया के पच्चीस प्रकार तथा गोल छाया के आठ प्रकार का कथन है।

"तत्थेत्यादि, तत्र=तासां पंचविंशति-छायानां मध्ये खल्वियं गोल-छाया अष्टविधा प्रज्ञप्ता,"

सूर्यप्रज्ञप्ति की टीका के इस कथन से प्रतीत होता है कि छाया के पच्चीस प्रकारों में "गोल-छाया" का नाम था और उसके आठ प्रकार भिन्न थे, किन्तु सूर्यप्रज्ञप्ति की" १ आ. स. १२ शा. स. १३ अ. सु. १" इन तीन प्रतियों में छाया के केवल सतरह नाम है और गोल-छाया के आठ नाम है। इस प्रकार पच्चीस पूरे मान लिए गये हैं। सतरह नामों में गोल-छाया का नाम नहीं है फिर भी "तत्थेत्यादि" पाठ से संगति करके पच्चीस नाम पूरे मानना आश्चर्यजनक है—

एक "ह. ग्र." प्रति में छाया के पच्चीस नाम तथा गोल-छाया के आठ नाम हैं, जो मूल पाठ के अनुसार है।

(ख) चंद. पा. ९ सु. ३१।

जंबुद्दीवे सूरमंडलाणं संखा—

२२. प०—जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे केवइयं ओगाहित्ता केवइया सूरमंडला पण्णत्ता ?

उ०—गोयमा ! जंबुद्दीवे णं दीवे असीअं जोयणसयं ओगाहित्ता एत्थ णं पण्णट्ठी सूरमंडला पण्णत्ता[1]

—जंबु, वक्ख. ७, सु. ११७

लवणसमुद्दे सूरमंडलाणं संखा—

२३. प०—लवणे णं भंते ! समुद्दे केवइअं ओगाहित्ता केवइआ सूरमंडला पण्णत्ता ?

उ०—गोयमा ! लवणे समुद्दे तिण्णि तीसे जोयणसए ओगाहित्ता एत्थ णं एगूणवीसे सूरमंडलसए पण्णत्ते ।

एवामेव सपुव्वावरेणं जंबुद्दीवे दीवे लवणे असमुद्दे एगे चउरासीए मंडलसए भवंतीति मक्खायंति[2],

— जंबु. वक्ख. ७, सु. १२७

निसढ-नीलवंतेसु सूरमंडल संखा परूवण—

२४. णिसढे णं पव्वए तेवट्ठिं सूरोदया पण्णत्ता ।

एवं नीलवंते वि । —सम. ६३, सु. ३-४

सूरियाणं अण्णमण्णस्स अन्तर-चारं—

२५. प०—ता केवइयं एए दुवे सूरिया अण्णमण्णस्स अन्तरं कट्टु चारं चरंति ? आहिए त्ति वएज्जा,

उ०—तत्थ खलु इमाओ छ पडिवत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

तत्थ एगे एवमाहंसु—

१. ता एगं जोयणसहस्सं एगं च तेत्तीसं जोयणसयं अण्णमण्णस्स अंतरं कट्टु सूरिया चारं चरंति, आहितेति वएज्जा, एगे एवमाहंसु,

एगे पुण एवमाहंसु—

२. ता एगं जोयणसहस्सं एगं च चोत्तीसं जोयणसयं अण्णमण्णस्स अंतरं कट्टु सूरिया चारं चरंति, आहितेति वएज्जा, एगे एवमाहंसु,

एगे पुण एवमाहंसु—

३. ता एगं जोयणसहस्सं एगं च पणतीसं जोयणसयं

जम्बूद्वीप में सूर्यमण्डलों की संख्या—

२२. प्र०—हे भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में कितने (योजन) अवगाहन करने पर कितने सूर्यमण्डल कहे गये हैं ?

उ०—हे गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में एक सौ अस्सी योजन अवगाहन करने पर पैंसठ सूर्यमण्डल कहे गये हैं ।

लवणसमुद्र में सूर्य-मण्डलों की सख्या—

२३. प्र०—हे भगवन् ! लवणसमुद्र में कितने (योजन) अवगाहन करने पर कितने सूर्यमण्डल कहे गये हैं ?

उ०—हे गौतम ! लवणसमुद्र में तीन सौ तीस योजन अवगाहन करने पर एक सौ उन्नीस सूर्यमण्डल कहे गये हैं ।

इस प्रकार जम्बूद्वीप नामक द्वीप में और लवणसमुद्र में पूर्वापर के मिलाकर एक सौ चौरासी सूर्यमण्डल होते हैं—ऐसा कहा गया है ।

निषध और नीलवंत पर्वत पर सूर्यमण्डलों की संख्या का प्ररूपण—

२४. निषध पर्वत पर त्रेसठ सूर्य मण्डल कहे गये हैं ।

इसी प्रकार नीलवंत पर्वत पर भी त्रेसठ सूर्य मण्डल हैं ।

सूर्यों की एक दूसरे से अन्तर गति—

२५. प्र०—ये दोनों (भारतीय[3] और ऐरावतीय) सूर्य एक दूसरे से कितना अन्तर करके गति करते हैं ?

उ०—इस सम्बन्ध में ये छः प्रतिपत्तियाँ (मतान्तर) कही गई हैं, यथा—

इनमें से एक (मत वालों) ने ऐसा कहा है—

(१) भारतीय सूर्य ऐरावतीय सूर्य से एक हजार योजन का अन्तर करके गति करता है और ऐरावतीय सूर्य भारतीय सूर्य से एक सौ तेतीस योजन का अन्तर करके गति करता है ।

एक (मत वालों) ने फिर ऐसा कहा है—

(२) भारतीय सूर्य ऐरावतीय सूर्य से एक हजार योजन का अन्तर करके गति करता है और ऐरावतीय सूर्य भारतीय सूर्य से एक सौ चौतीस योजन का अन्तर करके गति करता है ।

एक (मतवालों) ने फिर ऐसा कहा है—

(३) भारतीय सूर्य ऐरावतीय सूर्य से एक हजार योजन का

---

१ जम्बुद्दीवे णं दीवे पणसट्ठिं सूरमंडला पण्णत्ता । —सम. स. ८५, सु. १

२ जम्बूद्वीप में पैंसठ सूर्यमण्डल और लवणसमुद्र में एक सौ उगणीस सूर्य मण्डल—इन दोनों संख्याओं के संयुक्त करने पर एक सौ चौरासी सूर्यमण्डल होते हैं ।

३ भरतक्षेत्रवर्ती ।

अण्णमण्णस्स अन्तरं कट्टु सूरिया चारं चारंति, आहितेति वएज्जा, एगे एवमाहंसु,

एगे पुण एवमाहंसु—

४-१. ता एगं दीवे, एगं समुद्दं अण्णमण्णस्स अन्तरं कट्टु सूरिया चारं चरंति, आहितेति वएज्जा, एगे एवमाहंसु,

एगे पुण एवमाहंसु—

५-२. ता दो दीवे, दो समुद्दे अण्णमण्णस्स अन्तरं कट्टु सूरिया चारं चरंति, आहितेति वएज्जा, एगे एवमाहंसु,

एगे पुण एवमाहंसु—

६-३. ता तिण्णि दीवे, तिण्णि समुद्दे, अण्णमण्णस्स अन्तरं कट्टु सूरिया चारं चरंति, आहितेति वएज्जा, एगे एवमाहंसु,

वयं पुण एवं वयामो

ता पंच पंच जोयणाइं पणतीसं च एगट्ठिभागे जोयणस्स एगमेगे मंडले अण्णमण्णस्स अन्तरं अभिवड्ढेमाणा वा, निवड्ढेमाणा वा सूरिया चारं चरंति, आहितेति वएज्जा,

अन्तर करके गति करता है और ऐरावतीय सूर्य भारतीय सूर्य से एक सौ पैंतीस योजन का अन्तर करके गति करता है।

एक (मत वालों) ने फिर ऐसा कहा है—

(४-१) भारतीय सूर्य ऐरावतीय सूर्य से एक द्वीप का अन्तर करके गति करता है और ऐरावतीय सूर्य भारतीय सूर्य से एक समुद्र का अन्तर करके गति करता है।

एक (मत वालों) ने फिर ऐसा कहा है—

(५-२) भारतीय सूर्य ऐरावतीय सूर्य से दो द्वीप का अन्तर करके गति करता है और ऐरावतीय सूर्य भारतीय सूर्य से दो समुद्र का अन्तर करके गति करता है।

एक (मत वालों) ने फिर ऐसा कहा है—

(६-३) भारतीय सूर्य ऐरावतीय सूर्य से तीन द्वीप का अन्तर करके गति करता है ऐरावतीय सूर्य भारतीय सूर्य से तीन समुद्र का अन्तर करके गति करता है।

हम फिर इस प्रकार कहते हैं—

प्रत्येक मण्डल में ये दोनों सूर्य पाँच पाँच योजन तथा एक योजन के इगसठ भागों में से पैंतीस भाग जितना अन्तर एक दूसरे से बढ़ाते हुए अथवा घटाते हुए गति करते हैं।

प०—तत्थ णं को हेऊ ? आहितेति वएज्जा,

प्र०—इस (उक्त) मान्यता (की सिद्धि) के सम्बन्ध में क्या हेतु है ? कहें।

उ०—ता अयं णं जंबुद्दीवे दीवे सव्वदीव-समुद्दाणं सव्वब्भंतराए सव्वखुड्डागे वट्टे-जाव-जोयणसयसहस्समायाम-विक्खंभे णं, तिण्णि जोयणसयसहस्साइं दोण्णि य सत्तावीसे जोयणसए, तिण्णि कोसे अट्ठावीसं च धणुसयं, तेरसय-अंगुलाइं अद्धंगुलं च किंचि विसेसाहिए परिक्खेवे णं पण्णत्ते,

उ०—यह जम्बूद्वीप (नामक) द्वीप सब द्वीप-समुद्रों के मध्य में है, सबसे छोटा है, वृत्ताकार है—**यावत्**—एक लाख योजन का लम्बा-चौड़ा है तथा तीन लाख दो सौ सत्तावीस योजन तीन कोश एक सौ अठावीस धनुष तेरह अंगुल और आधे अंगुल से कुछ अधिक की परिधि वाला कहा गया है।

१. ता जया णं एते दुवे सूरिया सव्वब्भंतरं मण्डलं उवसंकमित्ता चारं चरंति तया णं णवणउइं जोयणसहस्साइं, छच्च चत्तालं जोयणसए अण्णमण्णस्स अन्तरं कट्टु चारं चरंति आहितेति वएज्जा,

(१) जब ये दोनों सूर्य सर्वाभ्यन्तर मण्डल को प्राप्त करके गति करते हैं तब वे निन्यानवे हजार छः सौ चालीस योजन का परस्पर अन्तर करके गति करते हैं।

तया णं उत्तमकट्ठपत्ते उक्कोसए अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवइ जहण्णिया दुवालसमुहुत्ता राई भवइ,

तब परम उत्कर्ष को प्राप्त उत्कृष्ट अठारह मुहूर्त का दिन होता है और जघन्य बारह मुहूर्त की रात्रि होती है।

२. ते निक्खममाणा सूरिया णवं संवच्छरं अयमाणा पढमंसि अहोरत्तंसि अब्भिंतराणंतरं मंडलं उवसंकमित्ता चारं चरंति,

(२) (सर्वाभ्यन्तर मण्डल से) निकलते हुए वे दोनों सूर्य नये संवत्सर का दक्षिणायन प्रारम्भ करते हुए प्रथम अहोरात्र में आभ्यन्तरानन्तर मण्डल को प्राप्त करके गति करते हैं।

ता जया णं एते दुवे सूरिया अब्भिंतराणंतरं मण्डलं उवसंकमित्ता चारं चरंति, तया णं णवणउइं जोयण-

जब ये दोनों सूर्य आभ्यन्तरानन्तर मण्डल को प्राप्त करके गति करते हैं तब वे निन्यानवे हजार छः सौ पैंतालीस योजन

सहस्साइं छच्च पणयाले जोयणसए पणतीसं च एगट्ठिभागे जोयणस्स अण्णमण्णस्स अन्तरं कट्टु चारं चरंति आहितेति वएज्जा,

तथा एक योजन के इगसठ भागों में से पैंतीस भाग जितना परस्पर अन्तर करके गति करते हैं।

तया णं अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवइ, दोहिं एगट्ठिभाग मुहुत्तेहिं ऊणे, दुवालसमुहुत्ता राई भवइ दोहिं एगट्ठिभाग मुहुत्तेहिं अहिया,

तब एक मुहूर्त के इगसठ भागों में से दो भाग कम अठारह मुहूर्त का दिन होता है और एक मुहूर्त के इगसठ भाग तथा दो भाग अधिक बारह मुहूर्त की रात्रि होती है।

३. ते निक्खममाणा सूरिया दोच्चंसि अहोरत्तंसि अब्भिंतरं तच्चं मंडलं उवसंकमित्ता चारं चरंति,

(३) (आभ्यन्तरानन्तर मण्डल से) निकलत हुए वे दोनों सूर्य दूसरे अहोरात्र में आभ्यन्तर तृतीय मण्डल को प्राप्त करके गति करते हैं।

ता जया णं एते दुवे सूरिया अब्भिंतरं तच्चं मण्डलं उवसंकमित्ता चारं चरंति, तया णं णवणउइं जोयणसहस्साइं छच्च इक्कावण्णे जोयणसए नव य एगट्ठिभागे जोयणस्स अण्णमण्णस्स अन्तरं कट्टु चारं चरंति, आहितेति वदेज्जा,

जब ये दोनों सूर्य आभ्यन्तर तृतीय मण्डल को प्राप्त करके गति करते हैं तब वे निन्यानवे हजार छः सौ इक्कावन योजन तथा एक योजन के इगसठ भागों में से नौ भाग जितना परस्पर अन्तर करके गति करते हैं।

तया णं अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवइ चउहिं एगट्ठिमुहुत्तेहिं ऊणे दुवालसमुहुत्ता राई भवइ चउहिं एगट्ठिभागमुहुत्तेहिं अहिया,

तब एक मुहूर्त के इगसठ भागों से चार भाग कम अठारह मुहूर्त का दिन होता है और एक मुहूर्त के इगसठ भाग तथा चार भाग अधिक बार मुहूर्त की रात्रि होती है।

एवं खलु एएणं उवाएणं निक्खममाणा एते दुवे सूरिया तयाणंतराओ मंडलाओ तयाणंतरं मण्डलं संकममाणा संकममाणा पंच पंच जोयणाइं पणतीसं च एगट्ठिभागे जोयणस्स एगमेगे मण्डले अण्णमण्णस्स अंतरं अभिवड्ढेमाणा अभिवड्ढेमाणा सव्व बाहिरं मण्डलं उवसंकमित्ता चारं चरंति,

इस प्रकार इस क्रम से निकलते हुए ये दोनों सूर्य तदनन्तर मण्डल से तदनन्तर मण्डल की ओर संक्रमण करते करते प्रत्येक मण्डल में पाँच पाँच योजन तथा एक योजन के इगसठ भागों में से पैंतीस भाग जितने अन्तर को परस्पर बढ़ाते बढ़ाते सर्व बाह्य मण्डल की ओर बढ़ते हुए गति करते हैं।

१. ता जया णं एते दुवे सूरिया सव्व बाहिरं मण्डलं उवसंकमित्ता चारं चरंति, तया णं एगं जोयणसयसहस्सं छच्च सट्ठे जोयणसए अण्णमण्णस्स अन्तर कट्टु चारं चरंति,

(१) जब ये दोनों सूर्य सर्व बाह्यमण्डल की ओर बढ़ते हुए गति करते हैं तब एक लाख छः सौ साठ योजन जितना अन्तर परस्पर करके गति करते हैं।

तया णं उत्तमकट्ठपत्ता उक्कोसिया अट्ठारसमुहुत्ता राई भवइ, जहण्णए दुवालसमुहुत्ते दिवसे भवइ,

तब परम उत्कर्ष प्राप्त उत्कृष्ट अठारह मुहूर्त की रात्रि होती है और जघन्य बारह मुहूर्त का दिन होता है।

एस णं पढमे छम्मासे, एस णं पढमस्स छम्मासस्स पज्जवसाणे,

ये प्रथम छः मास (दक्षिणायन के) है यह प्रथम छः मास का अन्त है।

२. ते पविसमाणा सूरिया दोच्चं छम्मासं अयमाणा पढमंसि अहोरत्तंसि बाहिराणंतरं मण्डलं उवसंकमित्ता चारं चरंति,

(२) (सर्व बाह्यमण्डल की ओर से प्रवेश करते हुए वे दोनों सूर्य दूसरे छः मास से उत्तरायण प्रारम्भ करते हुए प्रथम अहोरात्र में बाह्यान्तरमण्डल को प्राप्त करके गति करते हैं।

ता जया णं एते दुवे सूरिया बाहिराणंतरं मण्डलं उवसंकमित्ता चारं चरंति, तया णं एगं जोयणसयसहस्सं छच्च चउप्पण्णे जोयणसए छत्तीसं च एगट्ठिभागे जोयणस्स, अण्णमण्णस्स अन्तरं कट्टु चारं चरन्ति,

जब ये दोनों सूर्य बाह्यानन्तर मण्डल को प्राप्त करके गति करते हैं तब एक लाख छः सो चौवन तथा एक योजन के इगसठ भागों में से छत्तीस भाग जितना अन्तर परस्पर करके गति करते हैं।

तया णं अट्ठारसमुहुत्ता राई भवइ, दोहिं एगट्ठिभाग-मुहुत्तेहिं ऊणा, दुवालसमुहुत्ते दिवसे भवइ, दोहिं एगट्ठिभागमुहुत्तेहिं अहिए,

३. ते पविसमाणा सूरिया दोच्चंसि अहोरत्तंसि बाहिरं तच्चं मण्डलं उवसंकमित्ता चारं चरन्ति,

ता जया णं एते दुवे सूरिया बाहिरं तच्चं मंडलं उव-संकमित्ता चारं चरन्ति, तया णं एगं जोयणसयसहस्सं छच्च अडयाले जोयणसए बावण्णं च एगट्ठिभागे जोय-णस्स, अण्णमण्णस्स अन्तरं कट्टु चार चरन्ति,

तया णं अट्ठारसमुहुत्ता राई भवइ, चउहिं एगट्ठिभाग-मुहुत्तेहिं ऊणा, दुवालसमुहुत्ते दिवसे भवइ, चउहिं एगट्ठिभागमुहुत्तेहिं अहिए,

एवं खलु एएणं उवाएणं पविसमाणा एते दुवे सूरिया तयाणंतराओ मण्डलाओ तयाणंतरं मण्डलं संकममाणा संकममाणा पंच पंच जोयणाइं पणतीसे च एगट्ठिभागे जोयणस्स एगमेगे मण्डले अण्णमण्णस्स अन्तरं निवड्ढे-माणा निवड्ढेमाणा सव्वब्भंतरं मण्डलं उवसंकमित्ता चारं चरन्ति,

ता जया णं एते दुवे सूरिया सव्वब्भंतरं मण्डलं उव-संकमित्ता चारं चरन्ति, तया णं णवणउइं जोयण-सहस्साइं छच्च चत्ताले जोयणसए अण्णमण्णस्स अंतरं कट्टु चारं चरन्ति,

तया णं उत्तमकट्ठपत्ते, उक्कोसए अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवइ, जहण्णिया दुवालसमुहुत्ता राई भवइ,

एस णं दोच्चे छम्मासे एस णं दोच्चस्स छम्मासस्स पज्जवसाणे,

एस णं आइच्चे संवच्छरे, एस णं आइच्चस्स संवच्छ-रस्स पज्जवसाणे,[1]

—सूरिय. पा. १, पाहु. ४, सु. १५

तब एक मुहूर्त के इगसठ भागों में से दो भाग कम अठारह मुहूर्त की रात्रि होती है और एक मुहूर्त के इगसठ भाग तथा दो भाग अधिक बारह मुहूर्त का दिन होता है।

(३) (बाह्यानन्तर मण्डल की ओर से) प्रवेश करते हुए वे दोनों सूर्य दूसरे अहोरात्र में बाह्य तृतीय मण्डल को प्राप्त करके गति करते हैं।

जब ये दोनों सूर्य बाह्य तृतीय मण्डल को प्राप्त करके गति करते हैं तब एक लाख छः सौ अडतालीस योजन तथा एक योजन के इगसठ भागों में से बावन भाग जितना अन्तर परस्पर करके गति करते हैं।

तब एक मुहूर्त के इगसठ भागों में से चार भाग कम अठारह मुहूर्त की रात्रि होती है और एक मुहूर्त के इगसठ भाग तथा चार भाग अधिक बारह मुहूर्त का दिन होता है।

इस प्रकार इस क्रम से प्रवेश करते हुए ये दोनों सूर्य तदनन्तर मण्डल से तदनन्तरमण्डल की ओर संक्रमण करते करते प्रत्येक मण्डल में पाँच पाँच योजन तथा एक योजन के इगसठ भागों में से पैंतीस भाग जितने अन्तर को परस्पर घटाते घटाते सर्व आभ्यन्तर मण्डल की ओर बढ़ते हुए गति करते हैं।

जब ये दोनों सूर्य सर्व आभ्यन्तर मण्डल की ओर बढ़ते हुए गति करते हैं तब निन्यानवे हजार छः सौ चालीस योजन जितना परस्पर अन्तर करके गति करते हैं।

तब परम उत्कर्ष प्राप्त अठारह मुहूर्त का दिन होता है और जघन्य बारह मुहूर्त की राति होती है।

ये दूसरे छः मास (उत्तरायण के) हैं यह दूसरे छ मास का अन्त है।

यह आदित्य संवत्सर है। यह आदित्य संवत्सर का अन्त है।

सूरियाणं संचरण खेत्त—

२६. प०—ता किं ते चिण्णं पडिचरति आहितेति वदेज्जा ?

उ०—तत्थ खलु इमे दुवे सूरिया पण्णत्ता, तं जहा—
भारहे चेव सूरिए, एरवए चेव सूरिए।

ता एए णं दुवे सूरिया पत्तेयं पत्तेयं—तीसाए तीसाए

सूर्यों के संचरण क्षेत्र—

२६. प्र०—कौनसा सूर्य (स्वयं या दूसरे के) चले हुए क्षेत्र में पुनः पुनः चलता है ? कहें।

उ०—इस (जम्बूद्वीप) में ये दो सूर्य कहे गये हैं यथा—भरतक्षेत्र का सूर्य और ऐरवत क्षेत्र का सूर्य।

इन दोनों सूर्यों में से प्रत्येक सूर्य तीस तीस मुहूर्त में एक

१ चन्द. पा. १ सु. १५।

मुहुत्तेहिं एगमेगं अद्धमण्डलं चरइ, सट्ठीए सट्ठीए मुहुत्तेहिं एगमेगं मण्डलं संघाययंति,

इस प्रकार अश्लेषा नक्षत्र एक रात्रि चन्द्र के साथ योग-युक्त रहता है।

जोयं जोइत्ता जोयं अणुपरियट्टइ,

योग करके योग-मुक्त हो जाता है।

जोयं अणुपरियट्टित्ता पाओ चंदं मघाणं समप्पेइ,

योग-मुक्त होकर प्रातःकाल में "अश्लेषा नक्षत्र" मघा नक्षत्र को चन्द्र समर्पित कर देता है।

१६. ता मघा खलु णक्खत्ते पुव्वंभागे समक्खेत्ते तीसइ-मुहुत्ते तप्पढमयाए पाओ चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ, तओ पच्छा अवरं राइं,

(१६) मघा नक्षत्र "दिन के" पूर्वभाग-प्रातःकाल में चन्द्र के साथ योग प्रारम्भ करता है। तदनन्तर एक रात्रि अर्थात् "पूर्वापर का काल मिलाकर" तीस मुहूर्त चन्द्र के साथ समक्षेत्र में योग-युक्त रहता है।

एवं खलु मघा णक्खत्ते एगं च दिवसं एगं च राइं चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ,

इस प्रकार मघा नक्षत्र एक दिन और एक रात चन्द्र के साथ योग-युक्त रहता है।

जोयं जोइत्ता जोयं अणुपरियट्टइ,

योग करके योग-मुक्त हो जाता है।

जोयं अणुपरियट्टित्ता पाओ चंदं पुव्वाफग्गुणीणं समप्पेइ,

योग-मुक्त होकर प्रातःकाल में "मघा नक्षत्र" पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र को चन्द्र समर्पित कर देता है।

१७. ता पुव्वाफग्गुणी खलु णक्खत्ते पुव्वंभागे समक्खेत्ते तीसइ-मुहुत्ते तप्पढमयाए पाओ चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ, तओ पच्छा अवरं राइं,

(१७) पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र "दिन के" पूर्वभाग-प्रातःकाल में चन्द्र के साथ योग प्रारम्भ करता है, तदनन्तर एक रात्रि अर्थात् "पूर्वापर का काल मिलाकर" तीस मुहूर्त चन्द्र के साथ समक्षेत्र में योग-युक्त रहता है।

एवं खलु पुव्वाफग्गुणी णक्खत्ते एगं च दिवसं एगं च राइं चंदेणं सद्धिं जोयं जोएइ,

इस प्रकार पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र एक दिन और एक रात्रि चन्द्र के साथ योग-युक्त रहता है।

जोयं जोइत्ता जोयं अणुपरियट्टेइ,

जोयं अणुपरियट्टित्ता पाओ चंद उत्तराफग्गुणीणं समप्पेइ,

योग करके योग-मुक्त हो जाता है।

योग-मुक्त होकर प्रातःकाल में "पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र" उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र को चन्द्र समर्पित कर देता है।

१८. ता उत्तरा-फग्गुणी खलु णक्खत्ते उभयंभागे दिवड्ढ-खेत्ते पणयालीसइ-मुहुत्ते तप्पढमयाए पाओ चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ, अवरं च राइं तओ पच्छा अवरं च दिवसं,

(१८) उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र "दिन के" पूर्वभाग-प्रातः-काल में तथा "दिन के" पिछले भाग सायंकाल में चन्द्र के साथ योग प्रारम्भ करता है। तदनन्तर एक रात्रि और एक दिन अर्थात "पूर्वापर का काल मिलाकर" पैंतालीस मुहूर्त चन्द्र के साथ डेढ़ क्षेत्र में योग-युक्त रहता है।

एवं खलु उत्तराफग्गुणी णक्खत्ते दो दिवसे एगं च राइं चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ,

जोयं जोइत्ता जोयं अणुपरियट्टइ,

जोयं अणुपरियट्टित्ता सायं चंदं हत्थं समप्पेइ,

इस प्रकार उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र दो दिन और एक रात चन्द्र के साथ योग-युक्त रहता है।

योग करके योग-मुक्त हो जाता है।

योग-मुक्त होकर सायंकाल में—"उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र" हस्त नक्षत्र को चन्द्र समर्पित कर देता है।

१९. ता हत्थे खलु णक्खत्ते पच्छंभागे समक्खेत्ते तीसइमुहुत्ते तप्पढमयाए सायं चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ, तओ पच्छाराइं अवरं च दिवसं,

(१९) हस्त नक्षत्र "दिन के" पिछले भाग सायंकाल में चन्द्र के साथ योग प्रारम्भ करता है। तदनन्तर एक दिन, अर्थात् "पूर्वापर का काल मिलाकर" तीस मुहूर्त चन्द्र के साथ समक्षेत्र में योग-युक्त रहता है।

एवं खलु हत्थ णक्खत्ते एगं च राइं, एगं च दिवसं चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ,

जोयं जोइत्ता जोयं अणुपरियट्टइ,

जोयं अणुपरियट्टित्ता सायं चंदं चित्ताए समप्पेइ,

इस प्रकार हस्त नक्षत्र एक रात्रि और एक दिवस चन्द्र के साथ योग-युक्त रहता है।

योग करके योग-मुक्त हो जाता है।

योग-मुक्त होकर सायंकाल में "हस्त नक्षत्र" चित्रा नक्षत्र को चन्द्र समर्पित कर देता है।

२०. ता चित्ता खलु णक्खत्ते पच्छंभागे समक्खेत्ते तीसइ-मुहुत्ते तप्पढमयाए सायं चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ, तओ पच्छाराइं अवरं च दिवसं,

(२०) चित्रा नक्षत्र "दिन के" पिछले भाग—सायंकाल में चन्द्र के साथ योग प्रारम्भ करता हैं, तदनन्तर एक दिवस अर्थात् "पूर्वापर का काल मिलाकर" तीस मुहूर्त चन्द्र के साथ समक्षेत्र में योग-युक्त रहता है।

एवं खलु चित्ता णक्खत्ते एगं च राइं, एगं च दिवसं चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ,

जोयं जोइत्ता जोयं अणुपरियट्टइ,

जोयं अणुपरियट्टित्ता सायं चंदं साईए समप्पेइ,

इस प्रकार चित्रा नक्षत्र एक रात्रि और एक दिवस चन्द्र के साथ योग-युक्त रहता है।

योग करके योग-मुक्त हो जाता है।

योग-मुक्त होकर सायंकाल में "चित्रा नक्षत्र" स्वाती नक्षत्र को चन्द्र समर्पित कर देता है।

२१. ता साई खलु णक्खत्ते नत्तंभागे अवड्ढखेत्ते पण्णरस-मुहुत्ते तप्पढमयाए सायं चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ, नो लभइ अवरं दिवसं,

(२१) स्वाती नक्षत्र सायंकाल में चन्द्र के साथ योग प्रारम्भ करता है, रात्रि में पन्द्रह मुहूर्त चन्द्र के साथ अर्धक्षेत्र में योग-युक्त रहता है। किन्तु दूसरे दिन योग-युक्त नहीं रहता है।

एवं खलु साइ णक्खत्ते एगं च राइं चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ,

जोयं जोइत्ता जोयं अणुपरियट्टइ,

इस प्रकार स्वाती नक्षत्र एक रात्रि चन्द्र के साथ योग-युक्त रहता है।

योग करके योग-मुक्त हो जाता है।

जोयं अणुपरियट्टित्ता पाओ चंदं विसाहाणं, समप्पेइ,

योग-मुक्त होकर प्रातःकाल में "स्वाती नक्षत्र" विशाखा नक्षत्र को चन्द्र समर्पित कर देता है ।

२२. ता विसाहा खलु णक्खत्ते उभयंभागे दिवड्ढखेत्ते पणयालीस-मुहुत्ते तप्पढमयाए पाओ चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ—अवरं च राइं तओ पच्छा अवरंदिवसं,

(२२) विशाखा नक्षत्र "दिन के" पूर्वभाग—प्रातःकाल में तथा "दिन के" पिछले भाग—सायंकाल में चन्द्र के साथ योग प्रारम्भ करता है, तदनन्तर एक रात्रि और एक दिवस अर्थात् "पूर्वापर का काल मिलाकर "पैंतालीस मुहूर्त चन्द्र के साथ डेढ़ क्षेत्र में योग-युक्त रहता है ।

एवं खलु विसाहा णक्खत्ते दो दिवसे एगं च राइं चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ,

इस प्रकार विशाखा नक्षत्र दो दिन तथा एक रात्रि चन्द्र के साथ योग-युक्त रहता है ।

जोयं जोइत्ता जोयं अणुपरियट्टइ,

योग करके योग-मुक्त हो जाता है ।

जोयं अणुपरियट्टित्ता सायं चंदं अणुराहाए समप्पेइ,

योग-मुक्त होकर सायंकाल में "विशाखा नक्षत्र" अनुराधा नक्षत्र को चन्द्र समर्पित कर देता है ।

२३. ता अणुराहा खलु णक्खत्ते पच्छंभागं समक्खेत्ते तीसइ-मुहुत्ते तप्पढमयाए सायं चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ, तओ पच्छा राइं अवरं च दिवसं,

(२३) अनुराधा नक्षत्र "दिन के" पिछले भाग सायंकाल में चन्द्र के साथ योग-प्रारम्भ करता है । तदनन्तर एक रात्रि और एक दिवस अर्थात् "पूर्वापर का काल मिलाकर" तीस मुहूर्त चन्द्र के साथ समक्षेत्र में योग-युक्त रहता है ।

एवं खलु अणुराहा णक्खत्ते एगं राइं एगं च दिवसं चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ,

इस प्रकार अनुराधा नक्षत्र एक रात्रि और एक दिवस चन्द्र के साथ योग-युक्त रहता है ।

जोयं जोइत्ता जोयं अणुपरियट्टइ,

योग करके योग-मुक्त हो जाता है ।

जोयं अणुपरियट्टित्ता सायं चंदं जिट्ठाए समप्पेइ,

योग-मुक्त होकर सायंकाल में "अनुराधा नक्षत्र" ज्येष्ठा नक्षत्र को चन्द्र समर्पित कर देता है ।

२४. ता जेट्ठा खलु णक्खत्ते नत्तं भागे अवड्ढखेत्ते पण्णरस-मुहुत्ते तप्पढमयाए सायं चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ, नो लभइ अवरं दिवसं,

(२४) ज्येष्ठा नक्षत्र सायंकाल में चन्द्र के साथ योग प्रारम्भ करता है, रात्रि में पन्द्रह मुहूर्त चन्द्र के साथ अर्धक्षेत्र में योग-युक्त रहता है । किन्तु दूसरे दिन योग-युक्त नहीं रहता है ।

एवं खलु जिट्ठा णक्खत्ते एगं च राइं चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ,

इस प्रकार ज्येष्ठा नक्षत्र एक रात्रि चन्द्र के साथ योग-युक्त रहता है ।

जोयं जोइत्ता जोयं अणुपरियट्टइ,

योग करके योग-मुक्त हो जाता है ।

जोयं अणुपरियट्टित्ता पाओ चंदं मूलस्स समप्पेइ,

योग-मुक्त होकर प्रातःकाल में "ज्येष्ठा नक्षत्र" मूल नक्षत्र को चन्द्र समर्पित कर देता है ।

२५. ता मूले खलु णक्खत्ते पुव्वंभागे समक्खेत्ते तीसइ-मुहुत्ते तप्पढमयाए पाओ चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ,

(२५) मूल नक्षत्र "दिन के" पूर्वभाग प्रातःकाल में चन्द्र के साथ योग प्रारम्भ करता है, तदनन्तर एक रात्रि अर्थात् "पूर्वापर का काल मिलाकर" तीस मुहूर्त चन्द्र के साथ समक्षेत्र में योग-युक्त रहता है ।

एवं खलु मूलं णक्खत्तं एगं च दिवसं एगं च राइं चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ,

इस प्रकार मूल नक्षत्र एक दिन और एक रात चन्द्र के साथ योग-युक्त रहता है ।

जोयं जोइत्ता जोयं अणुपरियट्टइ,

योग करके योग-मुक्त हो जाता है ।

जोयं अणुपरियट्टित्ता पाओ चंदं पुव्वासाढाणं समप्पेइ,

योग-मुक्त होकर प्रातःकाल में "मूल नक्षत्र" पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र को चन्द्र समर्पित कर देता है ।

२६. ता पुव्वासाढा खलु णक्खत्ते पुव्वं भागे समक्खेत्ते तीसइ-मुहुत्ते तप्पढमयाए पाओ चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ; तओ पच्छा अवरं च राइं,

एवं खलु पुव्वासाढा णक्खत्ते एगं च दिवसं एगं च राइं चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ,

जोयं जोइत्ता जोयं अणुपरियट्टइ,

जोयं अणुपरियट्टित्ता पाओ चंदं उत्तरासाढाणं समप्पेइ,

(२६) पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र "दिन के" पूर्वभाग—प्रातःकाल में चन्द्र के साथ योग प्रारम्भ करता है। तदनन्तर एक रात्रि अर्थात् "पूर्वापर का काल मिलाकर" तीस मुहूर्त चन्द्र के साथ समक्षेत्र में योग-युक्त रहता है।

इस प्रकार पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र एक दिवस और एक रात्रि चन्द्र के साथ योग-युक्त रहता है।

योग करके योग-मुक्त हो जाता है।

योग-मुक्त होकर प्रातःकाल में "पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र" उत्तराषाढ़ा नक्षत्र को चन्द्र समर्पित कर देता है।

२७. ता उत्तरासाढा खलु णक्खत्ते उभयंभागे दिवड्ढखेत्ते पणयालीस-मुहुत्ते तप्पढमयाए पाओ चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ, अवरं च राइं तओ पच्छा अवरं च दिवसं,

(२७) उत्तराषाढा नक्षत्र "दिन के" पूर्वभाग—प्रातःकाल में तथा "दिन के" पिछले भाग—सायंकाल में अर्थात् उभयभाग में चन्द्र के साथ योग प्रारम्भ करता है, तदनन्तर एक रात्रि और एक दिवस अर्थात् "पूर्वापर का काल मिलाकर" पैंतालीस मुहूर्त चन्द्र के साथ योग-युक्त रहता है।

एवं खलु उत्तरासाढा णक्खत्ते दो दिवसे एगं च राइं चंदेण सद्धिं जोयं जोएइ,

जोयं जोइत्ता जोयं अणुपरियट्टइ,

जोयं अणुपरियट्टित्ता सायं चंदे अभिई सवणाणं समप्पेइ[1] —सूरिय. पा. १०, पाहु. ४, सु. ३६

इस प्रकार उत्तराषाढ़ा नक्षत्र दो दिन और एक रात चन्द्र के साथ योग-युक्त रहता है।

योग करके योग-मुक्त हो जाता है।

योग-मुक्त होकर सायंकाल में "उत्तराषाढ़ा नक्षत्र" अभिजित और श्रवण नक्षत्र को चन्द्र समर्पित कर देता है।

णक्खत्ताणं भोयणं कज्ज-सिद्धि य—

नक्षत्रों के भोजन और कार्य-सिद्धि—

१२५. प०—ता कहं ते भोयणा ? आहिए त्ति वएज्जा,

१२५. प्र०—नक्षत्र के भोजन क्या हैं ? कहें।

उ०—ता एएसि णं अट्ठावीसाए णं णक्खत्ताणं मज्झे—

उ०—इन अट्ठाईस नक्षत्रों में से—

१. कत्तियाहिं दधिणा भोच्चा कज्जं साधेंति,

(१) कृत्तिका नक्षत्र में दही खाकर कार्य करे तो कार्य सिद्ध होता है।

२. रोहिणीहिं वसभ-मंसं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(२) रोहिणी नक्षत्र में वृषभ का मांस खाकर कार्य करे तो कार्य सिद्ध होता है।

३. मिगसिरे णं (संठाणाहिं) मिग-मंसं[2] भोच्चा कज्जं साधेंति,

(३) मृगशिरा नक्षत्र में मृग का मांस खाकर कार्य करे तो कार्य सिद्ध होता है।

४. अद्दाहिं णवणीएणं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(४) आर्द्रा नक्षत्र में नवनीत खाकर कार्य करे तो कार्य सिद्ध होता है।

५. पुणव्वसुणाऽथ घएणं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(५) पुनर्वसु नक्षत्र में घृत खाकर कार्य करे तो कार्य सिद्ध होता है।

६. पुस्से णं खीरेण भोच्चा कज्जं साधेंति,

(६) पुष्य नक्षत्र में दूध पीकर कार्य करे तो कार्य सिद्ध होता है।

---

१ (क) सूत्रांक १० से २७ पर्यन्त के मूलपाठ सूर्य प्रज्ञप्ति की टीका से यहाँ उद्धृत किये हैं।

(ख) चंद. पा. १० सु. ३६।

२ रोहिणीहिं चमम-मसं (चमसमसं) भोच्चा कज्जं साधेंति, आ. स. समिति से प्रकाशित प्रति के पृष्ठ १५१ पर (पाठान्तर) है।

७. अस्सेसाए दीवग-मंसं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(७) अश्लेषा नक्षत्र में दीपक का मांस खाकर कार्य करे तो कार्य सिद्ध होता है।

८. महाहिं कसोति भोच्चा कज्जं साधेंति,

(८) मघा नक्षत्र में कथोटी खाकर कार्य करे तो कार्य सिद्ध होता है।

९. पुव्वाहिं फग्गुणीहिं मेढक-मंसं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(९) पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में मेंढक का मांस खाकर कार्य करे तो कार्य सिद्ध होता है।

१०. उत्तराहिं फग्गुणीहिं णक्खी मंसं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(१०) उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में नख वाले का मांस खाकर कार्य करे तो कार्य सिद्ध होता है।

११. हत्थेण वत्थाणीए णं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(११) हस्त नक्षत्र में वस्त्रानीत-खाद्य विशेष खाकर कार्य करे तो कार्य सिद्ध होता है।

१२. चित्ताहिं मुग्ग-सूवेणं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(१२) चित्रा नक्षत्र में मूंग की दाल खाकर कार्य करे तो कार्य सिद्ध होता है।

१३. साइणा फलाइं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(१३) स्वाती नक्षत्र में फल खाकर कार्य करें तो कार्य सिद्ध होता है।

१४. विसाहाहिं आसित्तियाओ भोच्चा कज्जं साधेंति,

(१४) विशाखा नक्षत्र में आसित्तिका=खाद्य विशेष खाकर कार्य करें तो कार्य सिद्ध होता है।

१५. अणुराहाहिं मिस्सकूरं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(१५) अनुराधा नक्षत्र में मिश्रकूर=खाद्य विशेष खाकर कार्य करें तो कार्य सिद्ध होता है।

१६. जेट्ठाहिं लट्ठिएण भोच्चा कज्जं साधेंति,

(१६) जेष्ठा नक्षत्र में लट्ठिअ=खाद्य विशेष खाकर कार्य करें तो सिद्ध होता है।

१७. मूलेणं मूलापन्नेणं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(१७) मूल नक्षत्र में मूली के पत्ते खाकर कार्य करे तो कार्य सिद्ध होता हैं।

१८. पुव्वाहिं आसाढाहिं आमलग-सरीरे भोच्चा कज्जं साधेंति,

(१८) पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में आमलक खाकर कार्य करे तो कार्य सिद्ध होता है।

१९. उत्तराहिं आसाढाहिं बलेहिं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(१९) उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में बल=खाद्य विशेष खाकर कार्य करें तो कार्य सिद्ध होता है।

२०. अभीयिणा पुप्फेहिं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(२०) अभिजित् नक्षत्र में पुष्प खाकर कार्य करें तो कार्य सिद्ध होता है।

२१. सवणे णं खीरे णं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(२१) श्रवण नक्षत्र में दुग्ध पीकर कार्य करे तो कार्य सिद्ध होता है।

२२. धणिट्ठाहिं जूसे णं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(२२) धनिष्ठा नक्षत्र में जूस=मूंग आदि का क्वाथ पीकर कार्य करे तो कार्य सिद्ध होता है।

२३. सतभिसयाए तुवरीओ भोच्चा कज्जं साधेंति,

(२३) शतभिषक् नक्षत्र में तुवर की दाल खाकर कार्य करें तो कार्य सिद्ध होता है।

२४. पुव्वाहिं पुट्ठवयाहिं कारिल्लएहिं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(२४) पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में करेला खाकर कार्य करें तो कार्य सिद्ध होता है।

२५. उत्तराहिं पुट्ठवयाहिं वराहमंसं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(२५) उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में वराह का मांस खाकर कार्य करें तो कार्य सिद्ध होता है।

२६. रेवतीहिं जलयर-मंसं भोच्चा कज्जं साधेंति,

(२६) रेवती नक्षत्र में जलचर का मांस खाकर कार्य करें तो कार्य सिद्ध होता है।

२७. अस्सिणीहिं तितिर-मंसं वट्टकमंसं वा भोच्चा कज्जं साधेंति,

२८. भरणीहिं तलं तंदुलकं भोच्चा कज्जं साधेंति,[1]

—सूरिय. पा. १०, पाहु. १७, सु. ५१

(२७) अश्विनी नक्षत्र में तीतर का या घतक का मांस खाकर कार्य करें तो कार्य सिद्ध होता है।

(२८) भरणी नक्षत्र में तिल और चावल खाकर कार्य करें तो कार्य सिद्ध होता है।[2]

---

१ चंद. पा. १० सु. ५१।

२ कुल्माषांस्तिलतण्डुलानपि तथा माषांश्च गव्यं दधि; त्वाज्यं दुग्धमथैणमांसमपरं तस्यैव रक्तं तथा।
तद्वत्पायसमेव चाषपललं मार्गं च शाशं तथा षाष्टिवयं च प्रियंग्वपूपमथवा चित्राण्डजान् सत्फलम् ।। ८४ ।।
कौर्म सारिकगोधिकं च पललं शाल्यं हविष्यं हयाद्यृक्षे स्यान्कृसरान्नमुद्गमपि वा पिष्टं यवानां तथा।
मत्स्यान्नं खलु चित्रितान्नमथवा दध्यन्नमेवं क्रमाद् भक्ष्याऽभक्ष्यमिदं विचार्य मतिमान् भक्षेत्तथाऽऽलोकयेत् ।। ८५ ।।

—मुहूर्तचिन्तामणि यात्राप्रकरण

सूर्यप्रज्ञप्ति और मुहूर्त चिन्तामणी के अनुसार नक्षत्र भोजन विधान की तालिका—

क्र०	सूर्यप्रज्ञप्ति नक्षत्र नाम	सूर्यप्रज्ञप्ति नक्षत्र भोजन	मुहूर्त चिन्तामणी नक्षत्र नाम	मुहूर्त चिन्तामणी नक्षत्र भोजन
१	अभिजित्	पुष्प	अश्विनी	मूंग
२	श्रवण	दूध	भरणी	खिचड़ी
३	धनिष्ठा	जूस	कृत्तिका	मूंग-भात
४	शतभिषक्	तुवरदाल	रोहिणी	जौ का आटा
५	पूर्वाभाद्रपद	करेला	मृगशिरा	मछली-भात
६	उत्तराभाद्रपद	वराह-मांस	आर्द्रा	खिचड़ी
७	रेवती	जलचर-मांस	पुनर्वसु	दही-भात
८	अश्विनी	तीतर मांस, बतक मांस	पुष्य	उड़द जौ
९	भरणी	तिल, चावल	अश्लेषा	तिल, चावल
१०	कृत्तिका	दही	मघा	उड़द
११	रोहिणी	वृषभमांस	पूर्वाफाल्गुनी	गाय का दही
१२	मृगशिरा	मृग-मांस	उत्तराफाल्गुनी	गाय का घृत
१३	आर्द्रा	नवनीत	हस्त	गाय का दूध
१४	पुनर्वसु	घृत	चित्रा	हरिण-मांस
१५	पुष्य	दूध	स्वाती	हरिण-रक्त
१६	अश्लेषा	दीपक-मांस	विशाखा	क्षीर
१७	मघा	कथौटी	अनुराधा	पपीहा-मांस
१८	पूर्वाफाल्गुनी	मेंडक-मांस	जेष्ठा	हरिण-मांस
१९	उत्तराफाल्गुनी	श्वापद-मांस	मूल	शशक-मांस
२०	हस्त	वस्त्रानीत	पूर्वाषाढ़ा	साठी-चावल
२१	चित्रा	मूंगदाल	उत्तराषाढ़ा	मालकांगनी
२२	स्वाती	फलाहार	अभिजित्	पूआ
२३	विशाखा	आसिक्तिका	श्रवण	विचित्र पक्षी
२४	अनुराधा	मिश्रकूर	धनिष्ठा	उत्तम फल
२५	जेष्ठा	लड्डिअ	शतभिषक्	कच्छप-मांस
२६	मूल	मूली-पत्र	पूर्वाभाद्रपद	सारिका पक्षी मांस
२७	पूर्वाषाढ़ा	आमला	उत्तराभाद्रपद	गोधा-मांस
२८	उत्तराषाढ़ा	बल	रेवती	साही-मांस

(क्रमशः)

णाणस्स वुड्ढिकरा दस णक्खत्ता—

११२६. दस णक्खत्ता णाणस्स वुड्ढिकरा पण्णत्ता, तं जहा—

गाहा—

मिगसिरमद्दा पुस्सो, तिण्णि य पुव्वाइं मूलमस्सेसा ।
हत्थो चित्ता य तहा, दस वुड्ढिकराइं णाणस्स ॥१॥[1]

—ठाणं. १०, सु० ७८१

ज्ञान वृद्धि करने वाले दस नक्षत्र—

११२६. ज्ञान की वृद्धि करने वाले दस नक्षत्र हैं, यथा—

गाथायें—

(१) मृगशिर, (२) आर्द्रा, (३) पुष्य, (४) पूर्वाषाढा, (५) पूर्वाफाल्गुनी, (६) उत्तराफाल्गुनी, (७) मूल, (८) अश्लेषा, (९) हस्त, (१०) चित्रा ।

ताराणं अणुत्तं, तुल्लतं—

११२७. प०—(क) अत्थि णं भंते ! चंदिम-सूरियाणं हिट्ठिं पि तारारूवा-अणुं पि तुल्लावि ?

(ख) समे वि तारारूवा-अणुं पि, तुल्ला वि ?

(ग) उप्पिं पि तारारूवा-अणुं पि, तुल्ला वि ?

उ०—(क-ग) हंता ! गोयमा ! तं चेव उच्चारेयव्वं ।

प०—से केणट्ठे णं भंते ! एवं वुच्चइ—"अत्थि णं चंदिम-सूरियाणं हिट्ठिंपि तारारूवा-अणुंपि तुल्लावि-जाव-उप्पिंपि तारारूवा-अणुंपि, तुल्लावि ?

उ०—गोयमा ! जहा-जहाणं तेसिं देवाणं तव-नियम-बंभचेराणि उसियाइं भवंति तहा तहा णं तेसिं णं देवाणं-एवं पण्णायए, तं जहा—अणुत्ते वा, तुल्लत्तेवा ।

(क्रमशः)

ताराओं का अणुत्व-तुल्यत्व—

११२७. प्र०—(क) हे भगवन् ! चन्द्र-सूर्य-विमान के नीचे जो तारे हैं वे (चन्द्र-सूर्य की कान्ति से) हीन हैं या तुल्य हैं ?

(ख) समक्षेत्र में जो तारे हैं वे हीन हैं या तुल्य हैं ?

(ग) ऊपर जो तारे हैं वे हीन हैं या तुल्य हैं ?

उ०—(क-ग) हाँ गौतम ! प्रश्नसूत्र के समान ही (उत्तर सूत्र) कहना चाहिए ।

प्र०—हे भगवन् ! यह किस प्रकार कहा जाता है, चन्द्र-सूर्य-विमानों के नीचे जो तारे हैं वे हीन भी हैं, तुल्य भी हैं—यावत्—ऊपर जो तारे हैं वे हीन भी हैं, तुल्य भी हैं ?

उ०—हे गौतम ! जिन-जिन देवों के (पूर्वभव के) तप-नियम-ब्रह्मचर्य जितने-जितने उत्कृष्ट होते हैं उन देवताओं के (द्युति-वैभव आदि) उतने ही जाने जाते हैं, यथा—हीनत्व या तुल्यत्व ।

---

१ सूर्यप्रज्ञप्ति के संकलनकर्ता ने पूरे आगम में सभी गणित के सूत्र दिए हैं केवल यही एक सूत्र इसमें फलित से सम्बन्धित हैं । जैनागमों में निमित्त शास्त्र को पापश्रुत और निमित्त के प्रवक्ता श्रमण को पापश्रमण कहा है, अतः फलित के कथन का प्ररूपण इस आगम में होना श्रमण-साधना से सर्वथा विपरीत है ।

नक्षत्र भोजन विधान में कतिपय महाविगयों के भोजन तो अहिंसा के उपासक गृहस्थों के लिए भी वर्ज्य हैं ।
वृत्तिकार ने भी इस सूत्र की वृत्ति में मांस वाचक पदार्थों को फलवाचक सिद्ध करने का प्रयत्न नहीं किया है ।
किन्तु स्व० आचार्य अमोलकऋषिजी महाराज और स्व० पूज्य श्री घासीलालजी महाराज ने मांस वाचक पदार्थों को फलवाचक सिद्ध करने का प्रयत्न किया है । उनके इस प्रयत्न से यह सूत्र सर्वज्ञ प्ररूपित सिद्ध हो गया है ।

एक ओर निमित्त कथन को पापश्रुत मानना और दूसरी ओर इस सूत्र को सर्वज्ञ प्ररूपित सिद्ध करना परस्पर विरोधी कथन के अतिरिक्त अपने हाथों से ही अपने पैरों पर कुठाराघात करना है ।
सम्भव है रूढ़ परम्परा वालों ने ऐसे सूत्रों के कारण ही चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति के स्वाध्याय से विक्षिप्त होने के भय का भूत खड़ा कर दिया है ।

अनेक शोध-निबन्ध लेखक देश-विदेश के विद्वानों ने इन आगमों का पठन-पाठन किया है, फिर भी वे विक्षिप्त नहीं हुए हैं अतः गणितज्ञ इन आगमों का स्वाध्याय काल में स्वाध्याय करके ज्ञान वृद्धि कर सकते हैं ।
जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति वक्ष. सु. १५६ में नक्षत्रों के नाम अभिजित् से उत्तराषाढा पर्यन्त कहे गये हैं और सूर्यप्रज्ञप्ति में भी नक्षत्र विषयक सभी कथन अभिजित् से उत्तराषाढ़ा पर्यन्त कहे गये हैं, केवल यही एक सूत्र कृतिका से भरणी पर्यन्त उपलब्ध है अतः यह सूत्र अन्य मान्यता का सूचक है किन्तु इसकी वाक्यावली लिपिकों की भ्रान्ति से परिवर्तित हो गई है । अथवा यह सूत्र प्रक्षिप्त है ।

—सम्पादक

१ सम. १०, सु. ७ ।

जहा जहा णं तेसिं देवाणं तव-नियम-बंभचेराणि णो उसियाइं भवंति तहा तहा णं तेसि णं देवाणं-एवं णो पण्णायए, तं जहा—अणुत्ते वा, तुल्लत्तेवा ।

—जंबु० वक्ख० ७, सु० १६२

जिन-जिन देवों के (पूर्वभव के) तप-नियम-ब्रह्मचर्य उत्कृष्ट नहीं होते हैं उनके (द्युति-वैभव आदि) उतने नहीं जाते हैं, यथा हीनत्व या तुल्यत्व ।

से एएणट्ठे णं गोयमा ! एवं वुच्चइ—"अत्थि णं चंदिम-सूरियाणं हिट्ठिंपि तारारूवा अणुंपि, तुल्लावि -जाव-उप्पिंपि तारारूवा अणुंपि, तुल्लावि ।[1]

—जीवा० प० ३, उ० २, सु० १९३

हे गौतम ! इस प्रकार यह कहा जाता है कि—"चन्द्र-सूर्य-विमानों के नीचे जो तारे हैं वे हीन भी हैं और तुल्य भी हैं —यावत्—ऊपर जो तारे हैं वे हीन भी हैं और तुल्य भी हैं ।

ताराणं अबाहा अंतरं परूवणं—

ताराओं के अबाधा अन्तर का प्ररूपण—

११२८. प्र०—ता जंबुद्दीवे णं दीवे तारारूवस्स य तारारूवस्स य एस णं केवइए अबाहाए अंतरे पण्णत्ते ?

११२८. प्र०—इस जम्बूद्वीप द्वीप में एक तारा से दूसरे तारा का अबाधा अन्तर कितना है ?

उ०—दुविहे अंतरे पण्णत्ते, तं जहा—

(१) वाघाइमे य, (२) निव्वाघाइमे य,

(क) तत्थ णं जे से वाघाइमे, से णं जहण्णेणं दोण्णि छावट्ठे जोयणसए, उक्कोसेणं बारस जोयण सहस्साइं दोण्णि बावत्ते जोयणसए तारारूवस्स य तारारूवस्स य अबाहाए अंतरे पण्णत्ते ।

(ख) तत्थ णं जे से णिव्वाघाइमे से णं जहण्णेणं पंचधणुसयाइं, उक्कोसेणं अद्धजोयणं तारारूवस्स य, अबाहाए अंतरे पण्णत्ते ।[2]

—सूरिय० पा० १८, सु० ९६

उ०—अन्तर दो प्रकार का कहा गया है, यथा—

(१) व्यवधान वाला और बिना व्यवधान वाला ।

(क) इनमें जो व्यवधान वाला है, वह जघन्य दो सौ छासठ योजन का है और उत्कृष्ट बारह हजार दो सौ छियालीस योजन का है ।

(ख) इनमें जो व्यवधान वाला है, वह जघन्य पाँच सौ धनुष का है और उत्कृष्ट आधे योजन का है ।

॥ तिर्यक्लोक वर्णन समाप्त ॥

---

१ (क) जीवा० प० ३, उ० २, सु० १९३ । (ख) सूरिय० पा० १८, सु० ९० ।
(ग) यह निगमन सूत्र केवल जीवाभिगम और सूर्य प्रज्ञप्ति में ही है ।
(घ) यहाँ तप=अनशनादि बारह प्रकार का, नियम=शौचादि, और ब्रह्मचर्य=मैथुन विरति-इनकी उत्कृष्ट आराधना करने वाला ज्योतिष्क देवों में उत्पन्न होता है । शेष व्रतों का आराधक ज्योतिष्क देवों में उत्पन्न नहीं होता है—
"अत्र शेषव्रतानामनुपदर्शनमुत्कटव्रतधारिणां ज्योतिष्केषु उत्पादासम्भवात्—जंबु० वक्ख० ७, सु० १६२ टीका ।

२ (क) जंबु० वक्ख० ७, सु० १६९, (ख) जीवा० पडि० ३, उ० २, सु० २०१, (ग) चंद० पा० १८, सु० ९६ ।

३

ऊर्ध्वलोक वर्णन

[सूत्र १ से ७८, पृष्ठ ६५५ से ६९० तक]

उड्ढ लोओ

उड्ढलोग खेत्तलोगस्स पण्णरसविह परूवणं—

१. प०—उड्ढलोग खेत्तलोए णं भंते । कइविहे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! पण्णरसविहे पण्णत्ते, तं जहा—

१. सोहम्मकप्प उड्ढलोगखेत्तलोए ।
२—११-जाव-१२. अच्चुय उड्ढलोगखेत्तलोए,
१३. गेवेज्जविमाण उड्ढलोग खेत्तलोए,
१४. अणुत्तरविमाण उड्ढलोग खेत्तलोए,
१५. इसिपब्भार पुढवि उड्ढलोग खेत्तलोए ।

—भग. स. ११, उ. १०, सु. ६

उड्ढलोग खेत्तलोगस्स संठाण परूवणं—

२. प०—उड्ढलोग खेत्तलोए णं भंते ! किं संठिए पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! उड्ढमुइंगाकारसंठिए पण्णत्ते ।

—भग. स. ११, उ. १०, सु. ९

उड्ढलोग खेत्तलोए जीवाजीव देस-पदेश-परूवणं—

३. प०—उड्ढलोग खेत्तलोए णं भंते ! किं जीवा जीवदेसा जीवपदेसा अजीवा अजीवदेसा अजीव-पदेसा ?

उ०—गोयमा ! जीवा वि तं चेव-जाव-अजीव-पदेसा वि ।

जे जीवा ते णियमं एगिंदिया-जाव-पंचेदिया अणिंदिया,

जे जीवदेसा ते णियमं एगिंदिया देसा-जाव-अणिंदिय देसा ।

जे जीव पदेसा ते णियमं पदेसा-जाव-अणिंदिय-पदेसा ।

ऊर्ध्व लोक

ऊर्ध्वलोक क्षेत्र लोक का पन्द्रह प्रकार से प्ररूपण—

१. प्र०—भगवन् ! उर्ध्वलोक क्षेत्र लोक कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ०—गौतम ! पन्द्रह प्रकार का कहा गया है, यथा—

(१) सौधर्म कल्प ऊर्ध्वलोक क्षेत्र लोक,
(२-११) **यावत्**, (१२) अच्युत (कल्प) ऊर्ध्वलोक क्षेत्रलोक,
(१३) ग्रैवेयक विमान ऊर्ध्वलोक क्षेत्र लोक,
(१४) अनुत्तर विमान ऊर्ध्वलोक क्षेत्र लोक,
(१५) ईषत् प्राग्भार पृथ्वी ऊर्ध्वलोक क्षेत्र लोक ।

ऊर्ध्वलोक क्षेत्र लोक के संस्थान का प्ररूपण—

२. प्र०—भगवन् ! ऊर्ध्वलोक क्षेत्र लोक का संस्थान किस प्रकार का कहा गया है ?

उ०—गौतम ! ऊर्ध्व मृदङ्गकार संस्थान कहा गया है ।

ऊर्ध्वलोक क्षेत्र लोक में जीव तथा अजीव के देशों और प्रदेशों का प्ररूपण—

३. प्र०—भगवन् ! ऊर्ध्वलोक क्षेत्र लोक में क्या जीव, जीव के देश, जीव के प्रदेश तथा अजीव, अजीव के देश अजीव के प्रदेश हैं ?

उ०—गौतम ! जीव हैं, (**प्रश्न सूत्र के समान**)—**यावत्**—अजीव के प्रदेश भी हैं ।

जो जीव हैं वे निश्चित रूप से एकेन्द्रिय हैं—**यावत्**—पंचेन्द्रिय हैं या अनिन्द्रिय के देश हैं ।

जो जीव के देश हैं वे निश्चित रूप से एकेन्द्रिय के देश हैं, —यावत्—अनिन्द्रिय के देश हैं ।

जो जीव के प्रदेश हैं वे निश्चित रूप से एकेन्द्रिय के प्रदेश हैं—**यावत्**—अनिन्द्रिय के प्रदेश हैं ।

जे अजीवा ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—

१. रूवि अजीवा य, २. अरूवी अजीवा य ।

जे रूवि अजीवा ते चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा—

१. खंधा, २. खंधदेसा, ३. खंधपदेसा, ४. परमाणु पोग्गला ।

जे अरूवि अजीवा ते छव्विहा पण्णत्ता, तं जहा—

नो धम्मत्थिकाए—**१. धम्मत्थिकायस्सदेसे, २. धम्मत्थिकायस्स पदेसा ।**

नो अधम्मत्थिकाए—**३. अधम्मत्थिकायस्सदेसे, ४. अधम्मत्थिकायस्सपदेसा ।**

नो आगासत्थिकाए, **५. आगासत्थिकायस्स देसे, ६. आगासत्थिकायस्स पदेसा, ७. अद्धासमओ नत्थि**[1],

—भग. स. ११, उ. १०, सु. १४

जो अजीव हैं वे दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा—

(१) रूपी अजीव और (२) अरूपी अजीव,

जो रूपी अजीव हैं वे चार प्रकार के कहे गये हैं, यथा—

(१) स्कंध, (२) स्कंध के देश, (३) स्कंध के प्रदेश, (४) परमाणु पुद्गल ।

जो अरूपी अजीव हैं वे छ प्रकार के कहे गये हैं, यथा—

धर्मास्तिकाय नहीं—(१) धर्मास्तिकाय के देश हैं, (२) धर्मास्तिकाय के प्रदेश हैं ।

अधर्मास्तिकाय नहीं, (३) अधर्मास्तिकाय के देश हैं, (४) अधर्मास्किाय के प्रदेश हैं ।

आकाशास्तिकाय नहीं, (५) आकाशास्तिकाय के देश हैं, (६) आकाशास्तिकाय के प्रदेश हैं, (७) अद्धा समय नहीं है ।

उड्ढलोगखेत्तलोगस्स एगपएसे जीवाजीव-देस-पदेस परूवणं—

ऊर्ध्वलोक क्षेत्र लोक के एक आकाश-प्रदेश में जीव तथा अजीव के देश और प्रदेशों का प्ररूपण—

४. प०—उड्ढलोग-खेत्तलोगस्स णं भंते ! एगम्मि आगास पएसे किं जीवा जीवदेसा, जीव पदेसा, अजीवा, अजीवदेसा, अजीवपदेसा ?

४. प्र०—भन्ते ! ऊर्ध्वलोक क्षेत्र लोक के एक आकाश प्रदेशों में क्या जीव हैं ? जीव के देश हैं ? जीव के प्रदेश हैं ? तथा अजीव के देश हैं ? अजीव के प्रदेश हैं ?

उ०—गोयमा ! नो जीवा, जीवदेसा वि, जीव पदेसा वि, अजीवा वि, अजीवदेसा वि, अजीवपदेसा वि ।

उ०—गौतम ! **जीव नहीं** हैं, जीव के देश हैं, जीव के प्रदेश हैं, अजीव हैं अजीव के देश हैं, अजीव के प्रदेश हैं ।

जे जीवदेसा ते नियमं एगिंदियदेसा ।

जो जीव के देश हैं वे निश्चित रूप से एकेन्द्रिय के देश हैं ।

अहवा—**एगिंदिय देसा य, बेइंदियस्स देसे ।**

अथवा—एकेन्द्रिय के देश हैं और बेइन्द्रिय का एक देश हैं ।

अहवा—**एगिंदिय देसा य, बेइंदियाण य देसा ।**

अथवा—एकेन्द्रिय के देश हैं और बेइन्द्रियों के देश हैं ।

एवं मज्झिल्लविरहिओ-जाव-अणिंदिएसु ।

इस प्रकार बीच के भंग बिना—यावत्—**शेष भंग अनिन्द्रियों में हैं ।**

अहवा—**एगिंदिय देसा य, अणिंदियाण-देसा ।**

अथवा—एकेन्द्रियों के देश हैं—**यावत्**—अनिन्द्रियों के देश हैं ।

जे जीव पदेसा ते नियमं एगिंदिय-पदेसा,

जो जीव के प्रदेश हैं वे निश्चित रूप से एकेन्द्रिय के प्रदेश **हैं** ।

अहवा—**एगिंदिय पदेसा य, बेइंदियस्स पदेसा,**

अथवा—एकेन्द्रिय के प्रदेश हैं और बेइन्द्रिय के प्रदेश हैं ।

अहवा—**एगिंदिय पदेसा य, बेइंदियाण य पदेसा ।**

अथवा—एकेन्द्रिय प्रदेश हैं और बेइन्द्रियों के प्रदेश हैं ।

एवं आदिल्ल विरहिओ-**जाव**-पंचेंदिएसु ।

इस प्रकार प्रथम भंग रहित—यावत्—**(शेष भंग) पंचेन्द्रियों में हैं ।**

अणिंदिएसु तिय भंगो—

अनिन्द्रियों में तीन भंग हैं ।

---

१ एवं उड्ढलोग खेत्तलोए वि, नवरं—अरूवी छव्विहा, अद्धा समओ नत्थि । —भग. स. ११, उ. १०, सु. १४
इस संक्षिप्त पाठ का विस्तृत पाठ ऊपर अंकित है ।

जे अजीवा ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—

१. रूवी अजीवा य, २. अरूवी अजीवा य ।

रूवी तहेव—

जे अरूवी अजीवा ते चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा—

नो धम्मत्थिकाए, **१. धम्मत्थिकायस्स देसे, २. धम्मत्थिकायस्स पदेसे ।**

३-४. अधम्मत्थिकायस्स वि ।[1]

—भग. ११, उ. १०, सु. १६

जो अजीव है वे दो प्रकार के कहे गये हैं यथा—

(१) रूपी अजीव, (२) अरूपी अजीव ।

रूपी पूर्ववत् कहें ।

जो अरूपी अजीव हैं वे चार प्रकार के कहे गये **हैं**, यथा—

धर्मास्तिकाय नहीं हैं, (१) धर्मास्तिकाय के देश हैं, (२) धर्मास्तिकाय के प्रदेश हैं ।

(३-४) **इसी प्रकार अधर्मास्तिकाय के देश और प्रदेश हैं ।**

उड्ढलोगस्स आयाम-मज्झ परूवणं—

ऊर्ध्वलोक के आयाम-मध्य का प्ररूपण—

५. प०—कहि णं भंते ! उड्ढलोगस्स आयाम-मज्झे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! उप्पिं सणंकुमार-माहिंदाणं । हेट्ठि बंभलोए कप्पे रिट्ठे विमाणपत्थडे । एत्थ णं उड्ढलोगस्स आयाम-मज्झे पण्णत्ते ।

—भग. स. १३, उ. ४, सु. १४

५. प्र० —भगवन् ! ऊर्ध्वलोक के आयाम-मध्य (लम्बाई का मध्य भाग) कहाँ गया है ?

उ०—गौतम ! सनत्कुमार और माहेन्द्र कल्प के ऊपर और नीचे ब्रह्मलोक कल्प में रिष्ट विमान के प्रस्तट में ऊर्ध्वलोक का आयाम-मध्य कहा गया है ।

वेमाणिय देवाण ठाणाइं—

वैमानिक देवों के स्थान—

६. प०—कहि णं भंते ! वेमाणियाणं देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

प०—कहि णं भंते ? वेमाणिया देवा परिवसंति ?

उ०—गोयमा ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए बहुसम-रमणिज्जाओ भूमिभागाओ उड्ढं चंदिम-सूरिय-गह-णक्खत्त-तारारूवाणं बहूइं जोयणसयाइं, बहूइं जोयणसहस्साइं बहुगीओ जोयणकोडीओ, बहुगीओ जोयणकोडाकोडीओ उड्ढं दूरं उप्पइत्ता । एत्थ णं सोहम्मीसाण-सणंकुमार-माहिंद-बंभलोय-लंतगे महासुक्क-सहस्सार-आणय-पाणय-आरण-अच्चुय-गेवेज्ज-अणुत्तरेसु । एत्थ णं वेमाणियाणं देवाणं चउरासीइ विमाणावास सयसहस्सा सत्ताणउइं च सहस्सा तेवीसं च विमाणा भवंतीतिमक्खायं ।[2]

ते णं विमाण सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा,

तत्थ णं वेमाणियाणं देवाणं पज्जत्तापज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता । तिसु वि लोगस्स असंखेज्जइ भागे ।[3]

तत्थ णं बहवे वेमाणिया देवा परिवसंति, तं जहा—

सोहम्मीसाण सणंकुमार-माहिंद-बंभलोग-लंतग-महासुक्क-

६. प्र० —भगवन् ! पर्याप्त और अपर्याप्त वैमानिक देवों के स्थान कहाँ कहे गये हैं ?

प्र०—भगवन् ! वैमानिक देव कहाँ रहते हैं ?

उ०—गौतम ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के सम भूमि भाग से ऊपर चन्द्र-सूर्य-ग्रह-नक्षत्र और तारा विमानों से अनेक सौ अनेक हजार (अनेक लाख) अनेक क्रोड़ तथा अनेक क्रोडा-क्रोड योजन दूर ऊपर सौधर्म-ईशान-सनत्कुमार-माहेन्द्र-ब्रह्मलोक-लांतक-महाशुक्र-सहस्रार-आनत-प्राणत-आरण-अच्युत-(कल्प) ग्रैवेयक और अनुत्तरो (कल्पातीतों) में वैमानिक देवों के चौरासी लाख, सत्तानवे हजार तेवीस विमान हैं ऐसा कहा गया है ।

वे विमान सर्वरत्नमय है, स्वच्छ हैं—**यावत्**—मनहर हैं ।

इन विमानों में पर्याप्त और अपर्याप्त वैमानिक देवों के स्थान कहे गये हैं, उपपात समुद्घात और स्वस्थान इन तीन की अपेक्षा से (ये स्थान) लोक के असंख्यातवें भाग में हैं ।

उन विमानों में अनेक वैमानिक देव रहते **हैं**, यथा—

सौधर्म-ईशान-सनत्कुमार-माहेन्द्र-ब्रह्मलोक-लांतक-महाशुक्र-

---

१ एवं उड्ढलोग खेत्तलोगस्स वि, नवरं—अद्धासमओ नत्थि, अरूवी चउव्विहा । —भग. स. ११, उ. १०, सु. १६
इस संक्षिप्त पाठ का विस्तृत पाठ ऊपर अंकित है ।

२ सम. स. ८४, सु. १७ ।

३ भवनपति देवों के समान हैं ।

सहस्सार-आणय-पाणयः आरणऽच्चुयगेवेज्जगाऽणुत्तरोववाइया देवा ।

सहस्रार-आनत-प्राणत-आरण-अच्युत-ग्रैवेयक और अनुत्तरों में उत्पन्न होने वाले देव ।

बारह देवलोकों के देवों के मुकुटों पर अंकित चिह्न—

ते णं

१. मिग,

(१) सौधर्म कल्पवासी देवों के मुकुटों पर मृग का चिह्न है ।

२. महिस,

(२) ईशानकल्पवासीदेवों के मुकुटों पर पाडे का चिह्न है ।

३. वराह,

(३) सनत्कुमारकल्पवासीदेवों के मुकुटों पर वराह का चिह्न है ।

४. सीह,

(४) माहेन्द्रकल्पवासीदेवों के मुकुटों पर सिंह का चिह्न है ।

५. छगल,

(५) ब्रह्मलोककल्पवासीदेवों के मुकुटों पर बकरे का चिह्न है ।

६. दद्दुर,

(६) लान्तककल्पवासीदेवों के मुकुटों पर मेंडक का चिह्न है ।

७. हय,

(७) महाशुक्रकल्पवासीदेवों के मुकुटों पर घोड़े का चिह्न है ।

८. गयवई,

(८) सहस्रारकल्पवासीदेवों के मुकुटों पर गजपति का चिह्न है ।

९. भुयग,

(९) आनतकल्पवासीदेवों के मुकुटों पर भुजंग का चिन्ह है ।

१०. खग्ग,

(१०) प्राणतकल्पवासीदेवों के मुकुटों पर खड्ग का चिन्ह है ।

११. उसभंक,

(११) आरणकल्पवासीदेवों के मुकुटों पर वृषभ का चिन्ह है।

१२. विडिम, पागडिय-चिंधमउडा ।

(१२) अच्युतकल्पवासी देवों के मुकुटों पर विडिम (मृग विशेष) का चिन्ह है ।

पसिढिलवरमउड-तिरीड धारिणो

वे शिथिल श्रेष्ठ मुकुट किरीट धारण करने वाले हैं,

वरकुण्डलुज्जोइयाणणा

श्रेष्ठ कुण्डलों से प्रकाशित मुख वाले हैं,

मउडदित्त सिरया ।

मुकुटों से सुशोभित केशों वाले हैं,

रत्तभा पउमपम्हगोरा,

लालवर्ण के कमलों जैसे गौर वर्ण वाले है,

सेया सुहवण्णगंध-फासा,

श्वेत शुभ वर्ण-गंध-स्पर्श वाले हैं,

उत्तमवेउव्विणो,

उत्तम वैक्रिय करने वाले हैं,

पवरवत्थ-गंध-मल्लाणुलेवणधरा,

श्रेष्ठ वस्त्र गंध माल्य तथा लेपन धारण करने वाले हैं,

महिड्ढिया-जाव- महासोक्खा ।

महान् ऋद्धि वाले हैं—**यावत्**—महासुख वाले हैं,

हारविराइयवच्छा,

वक्ष स्थल पर विराजित हार वाले हैं,

कडयू-तुडियभियभुया,

कड़ा और भुजबंध से सुदृढ़ भुजा वाले हैं,

अंगद-कुडल-मट्ठगंडतलकण्णपीढधारी,

अंगद और कुण्डल स्पृष्ट कपोलों पर कर्णपीठ धारण करने वाले हैं,

विचित्तहत्थाभरणा,

हाथों पर विचित्र आभरण धारण करने वाले हैं,

विचित्तमालामउली ।

मस्तक पर विचित्र मालायें धारण करने वाले हैं,

कल्लाणगपवरवत्थपरिहिया,

कल्याणकर श्रेष्ठ वस्त्र धारण करने वाले हैं,

कल्लाणगपवरमल्लाऽणुलेवणा,

कल्याणकर श्रेष्ठ माल्य एवं विलेपन धारण करने वाले हैं,

भासरबोंदि पलंबवणमालधरा,

दिव्य देह वाले हैं, लम्बी वनमालायें धारण करने वाले हैं,

दिव्वेणं वण्णेणं-जाव-दिव्वाए लेस्साए दस दिसाओ उज्जोवेमाणा । पभासेमाणा । ते णं तत्थ साणं साणं विमाणावाससयसहस्साणं-जाव-साणं साणं आयरक्ख-देवसाहस्सीणं अण्णेसिं च बहूणं वेमाणियाणं देवाणं देवीण य आहेवच्चं-जाव-दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा विहरंति । —पण्ण. प. २, सु. १९६

दिव्य वर्ण से—**यावत्**—दिव्य तेज से दस दिशाओं को उद्योतित करते हुए, प्रभासित करते हुए वे अपने अपने लाखों विमानावासों का—**यावत्**—अपने अपने हजारों आत्मरक्षक देवों का और अन्य अनेक वैमानिक देव-देवियों का आधिपत्य करते हुए—**यावत्**—दिव्य भोगों को भोगते हुए रहते हैं ।

सोहम्मगदेवाणं ठाणाइं—

७. प०—कहि णं भंते ! सोहम्मगदेवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

प०—कहि णं भंते ! सोहम्मगदेवा परिवसंति ?

उ०—गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणे णं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए बहुसम-रमणिज्जाओ भूमिभागाओ उड्ढं । चंदिम-सूरिय-गह-णक्खत्ता-तारारूवाणं बहूइं जोयणसयाइं जोयणसहस्साइं बहूइं जोयणसयसहस्साइं बहुगीओ जोयण कोडीओ बहुगीओ जोयण कोडाकोडीओ उड्ढं दूरं उप्पइत्ता । एत्थ णं सोहम्मे णामं कप्पे पण्णत्ते ।

पाईण-पडीणायए उदीण-दाहिणवित्थित्थण्णे अद्ध चंद संठाण संठिए अच्चिमालिभासरासिवण्णाभे असंखेज्जाओ जोयण कोडीओ असंखेज्जाओ जोयणकोडाकोडीओ आयाम-विक्खंभेणं असंखेज्जाओ जोयण कोडाकोडीओ परिक्खेवेणं ।

सव्वरयणामए अच्छे-जाव-पडिरूवे ।

तत्थ णं सोहम्मगदेवाणं बत्तीसं विमाणावास सयसहस्सा हवंतीतिमक्खायं ।

ते णं विमाणा सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

ते णं विमाणा णं बहुमज्झ देसभाए पंच वडेंसया पण्णत्ता, तं जहा—

१. असोगवडेंसए, २. सत्तिवण्णवडेंसए, ३. चंपगवडेंसए, ५. मज्झेय त्थ सोहम्मवडेंसए ।

ते णं वडेंसया सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

एत्थ णं सोहम्मगदेवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ।

तिसु वि लोगस्स असंखेज्जइ भागे ।

उ०—तत्थ णं सोहम्मगदेवा परिवसंति ।

महिड्ढीया-जाव-दिव्वाए लेस्साए दस दिसाओ उज्जोवेमाणा पभासेमाणा ।

ते णं तत्थ साणं साणं विमाणावास सयसहस्साणं साणं साणं सामाणिय साहस्सीणं-जाव-साणं साणं आयरक्खदेव साहस्सीणं अण्णेसिं च बहूणं सोहम्मग कप्पवासीणं वेमाणियाणं देवाण य देवीण य आहेवच्चं-जाव-दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा विहरंति ।

—पण्ण. प. २, सु. १९७

सौधर्मकल्प के देवों के स्थान—

७. प्र०—भगवन् ! पर्याप्त और अपर्याप्त सौधर्मकल्प के देवों के स्थान कहाँ कहे गये हैं ?

प्र०—भगवन् ! सौधर्मकल्प के देव कहाँ रहते हैं ?

उ०—गौतम ! जम्बूद्वीप द्वीप के मन्दर पर्वत से दक्षिण में इस रत्नप्रभा पृथ्वी के समभूभाग से ऊपर चन्द्र-सूर्य-ग्रह-नक्षत्र ताराओं से अनेक सौ योजन, अनेक हजार योजन अनेक लाख योजन और अनेक क्रोडाक्रोड योजन ऊपर इतने दूर जाने पर सौधर्म नाम का कल्प कहा गया है ।

वह पूर्व-पश्चिम में लम्बा, उत्तर-दक्षिण में चौड़ा अर्धचन्द्र के आकार से स्थित, सूर्य के किरण समूह सदृश प्रभाव वाला, असंख्य कोटाकोटी योजन लम्बा चौड़ा, और असंख्य कोटाकोटी योजन की परिधि वाला है ।

सर्व रत्नमय है, स्वच्छ है—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

उसमें सौधर्म कल्पवासी देवों के बत्तीस लाख विमान कहे गये हैं ।

वे विमान सर्व रत्नमय हैं स्वच्छ हैं—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

उन विमानों के मध्य में पाँच अवतंसक विमान कहे गये हैं, यथा—

(१) अशोकावतंसक, (२) सप्तपर्णावतंसक, (३) चंपकावतंसक, (४) चूतावतंसक, (५) और मध्य में सौधर्मावतंसक ।

वे सभी अवतंसक स्वर्णमय हैं स्वच्छ हैं—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

यहाँ पर्याप्त और अपर्याप्त सौधर्मकल्प के देवों के स्थान कहे गये हैं ।

(१) उपपात, (२) समुद्घात और (३) स्वस्थान की अपेक्षा से लोक के असंख्यातवें भाग में हैं ।

उ०—वहाँ अनेक सौधर्म कल्पवासी देव रहते हैं ।

वे महा ऋद्धि वाले हैं—**यावत्**—दिव्य तेज से दस दिशाओं को प्रकाशित करते हुए रहते हैं ।

वे अपने अपने लाखों विमानों का अपने अपने हजारों सामानिक देवों का—**यावत्**—अपने अपने आत्मरक्षक देवों का आधिपत्य करते हुए—**यावत्**—दिव्य भोगोपभोग भोगते हुए रहते हैं ।

सोहम्मिंदस्स वण्णओ—

८. सक्के यऽत्थ देविंदे देवराया परिवसति ।

वज्जपाणी पुरंदरे सतक्कतू सहस्सक्खे मघवं पागसासणे दाहिणड्ढलोगाहिवई बत्तीसविमाणावाससयसहस्साहिवई एरावणवाहणे ।

सुरिंदे अरयंबरवत्थधरे, आलइयमालमउडे णवहेमचारुचित्त-चंचल कुण्डले ।

विलिहिज्जमाणगंडे महिड्ढीए-जाव-दिव्वाए लेस्साए दस दिसाओ उज्जोवेमाणे पभासेमाणे ।

से णं तत्थ बत्तीसाए विमाणावाससयसहस्साणं[1] चउरासीए सामाणिय सहस्सीणं ।[2] तावत्तीसए तावत्तीसगाणं । चउण्हं लोगपालाणं अट्ठण्हं अग्गमहिसीणं सपरिवाराणं । तिण्हं परिसाणं[3] सत्तण्हं अणियाणं बहूणं सोहम्मकप्पवासीणं वेमाणियाणं देवाण य देवीण य आहेवच्चं-जाव-दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरइ ।

—पण्ण. प. २, सु. १९७/२

ईसाणगदेवाणं ठाणाइं—

९. प०—**कहि णं भंते ! ईसाणगदेवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?**

प०—**कहि णं भंते ! ईसाणगदेवा परिवसंति ?**

उ०—**गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरेणं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए बहुसम-रमणिज्जाओ भूमिभागाओ उड्ढं चंदिम-सूरिय-गह-णक्खत्त-तारा-रूवाणं बहूइं जोयणसयाइं-जाव-बहुगीओ जोयण कोडा-कोडीओ उड्ढं दूरं उप्पइत्ता । एत्थ णं ईसाणे णामं कप्पे पण्णत्ते ,**

पाईण-पडिणायए-जाव-असंखेज्जाओ जोयण कोडा-कोडीओ परिक्खेवेणं । सव्वरयणामए अच्छे-जाव-पडिरूवे ।

तत्थ णं ईसाणगदेवाणं अट्ठावीसं विमाणा वाससयसहस्सा हवंतीतिमक्खायं ।[4]

ते णं विमाणा सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

सौधर्मेन्द्र वर्णक—

८. यहाँ देवेन्द्र देवराज "शक्र" रहता है ।

वह वज्रपाणी=हाथ में वज्र रखने वाला, पुरंदर, शतक्रतु सहस्राक्ष, मघवा, पाकशासन, दक्षिणार्ध लोक का अधिपति, बत्तीस लाख विमानों का स्वामी, ऐरावण नामक हाथी के वाहन वाला है ।

वह सुरेन्द्र रजरहित आकाश जैसे वस्त्र धारण करने वाला है, माला और मुकुट पहने हुए हैं, जिसके गालों पर चित्त जैसे चंचल स्वर्ण के नये सुन्दर कुण्डल चमक रहे हैं ।

वह महा ऋद्धि वाला है—**यावत्**—दिव्य तेज से दस दिशाओं को उद्योतित एवं प्रकाशित करता हुआ रह रहा है ।

वह वहाँ बत्तीस लाख विमान का चौरासी हजार सामानिक देवों का, तेतीस त्रायस्त्रिक देवों का, चार लोकपालों का सपरिवार आठ अग्रमहिषियों का, तीन परिषदाओं का सात सेनाओं का, सात सेनापतियों का, (सामानिक देवों से चोगुने) तीन लाख छत्तीस हजार आत्मरक्षक देवों का और अन्य अनेक सौधर्म कल्पवासी वैमानिक देव देवियों का आधिपत्य करता हुआ—**यावत्**—दिव्य भोगोपभोगों को भोगता हुआ रह रहा है ।

ईशानकल्प देवों के स्थान—

९. प्र०—भगवन् ! ईशान कल्पवासी पर्याप्त और अपर्याप्त देवों के स्थान कहाँ कहे गये हैं ?

प्र०—भगवन् ! ईशान कल्पवासी देव कहाँ रहते हैं ?

उ०—गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मन्दर पर्वत से उत्तर में इस रत्नप्रभा पृथ्वी के अतिसम रमणीय भूभाग से ऊपर चन्द्र सूर्य ग्रह नक्षत्र और ताराओं से अनेक सौ योजन—**यावत्**—अनेक क्रोडाक्रोडी योजन ऊपर दूर जाने पर ईशान नामक कल्प कहा गया हैं ।

पूर्व-पश्चिम में लम्बा—**यावत्**—असंख्य क्रोडाक्रोडी योजन की परिधि से स्थित है, सर्व रत्नमय हैं स्वच्छ हैं—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

वहाँ ईशान कल्पवासी देवों के अट्ठावीस लाख विमान कहे गये है ।

वे विमान सर्व रत्नमय हैं, स्वच्छ हैं—**यावत्**—प्रतिरूप हैं ।

---

१ सम. ३२, सु. ४ ।

२ सम. ८४, सु. ५ ।
जीवा. प. ३, सु. २०८ ।

३ ठाणं अ. ३, उ. २, सु. १६२ ।

४ सम. २८, सु. ४, सोहम्मीसाणेसु दोसु कप्पेसु सट्ठि विमाणावासयसहस्सा पण्णत्ता । —सम. ६०, सु. ६

तेसिं णं बहुमज्झदेसभाए पंच वडेंसगा पण्णत्ता।
तं जहा—

१. अंकवडेंसए, २. फलिहवडेंसए, ३. रयणवडेंसए, ४. जायरूववडेंसए, ५. मज्झेऽय एत्थ ईसाणवडेंसए।

ते णं वडेंसया सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा।

एत्थ णं ईसाणगाणं देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता,
तिसु वि लोगस्स असंखेज्जइ भागे।

सेसं जहा सोहम्मगदेवाणं-**जाव**-दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा विहरंति। —पण्ण. प. २, सु. १९८/१

उन विमानों के मध्यभाग में पाँच अवतंसक कहे गये हैं, यथा—

(१) अंकावतंसक, (२) स्फटिकावतंसक, (३) रत्नावतंसक, (४) जातरूपावतंसक और मध्य में, (५) ईशानावतंसक हैं।

ये अवतंसक सर्वरत्नमय हैं, स्वच्छ हैं—**यावत्** – प्रतिरूप हैं।

यहाँ ईशानकल्पवासी पर्याप्त और अपर्याप्त देवों के स्थान कहे गये हैं।

(१) उपपात, (२) समुद्घात और स्वस्थान अपेक्षा से ये लोक के असंख्यातवें भाग हैं।

शेष सौधर्मकल्पवासी देवों के समान—यावत्—**दिव्य भोग भोगते हुए रहते** हैं।

ईसाणंदस्स वण्णओ—

ईशानेन्द्र वर्णक—

१०. ईसाणे यऽत्थ देविंदे देवराया परिवसति सूलपाणी वसभवाहणे उत्तरड्ढ लोगाहिवई अट्ठावीसं विमाणावाससयसहस्साहिवई।

अयरंबरवत्थधरे सेसं जहा सक्कस्स-**जाव**-दिव्वाइं भोग-भोगाइं भुंजमाणे विहरइ।

—पण्ण. प. २, सु. १९८/२

१०. यहाँ देवेन्द्र देवराज ईशान रहता है।

उसके हाथ में शूल हैं, उसका वाहन वृषभ है, वह उत्तरार्ध लोक का अधिपति है, बत्तीस लाख विमानों का स्वामी है।

रजरहित वस्त्र धारण करने वाला है, **शेष वर्णन शक्र के समान है।**

सणंकुमारदेवाणं ठाणाइं—

सनत्कुमार देवों के स्थान—

११. प०—कहि णं भंते ! सणंकुमार देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

प०—कहि णं भंते ! सणंकुमारा देवा परिवसंति ?

उ०—गोयमा ! सोहम्मस्स कप्पस्स उप्पिं सपक्खिसपडिदिसिं बहूइं जोयणाइं बहूइं जोयणसयाइं बहूइं जोयणसहस्साइं बहूइं जोयणसयसहस्साइं बहुगीओ जोयणकोडीओ बहुगीओ जोयणकोडाकोडीओ उड्ढं दूरं उप्पइत्ता। एत्थ णं सणंकुमारे णामं कप्पे पण्णत्ते।

पाईण-पडीणायए उदीण-दाहिणवित्थिण्णे जहा सोहम्मे-**जाव**-पडिरूवे।

एत्थ णं सणंकुमाराणं देवाणं बारस विमाणावास सय-सहस्सा भवंतीतिमक्खायं।

ते णं विमाणा सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा।
तेसि णं विमाणाणं बहुमज्झदेसभाए पंच वडेंसगा पण्णत्ता, तं जहा—

१. असोगवडेंसए, २. सत्तिवण्णवडेंसए, ३. चंपगवडेंसए, ४. चूयवडेंसए, ५. मज्झे यऽत्थ सणंकुमारवडेंसए,

ते णं वडेंसया सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा।

सनत्कुमार देवों के स्थान—

११. प्र०—भगवन् ! पर्याप्त और अपर्याप्त सनत्कुमार देवों के स्थान कहाँ कहे गये हैं ?

प्र०—भगवन् ! सनत्कुमार देव कहाँ रहते हैं ?

उ०—गौतम ! सौधर्मकल्प के ऊपर समान दिशा में और समान विदिशा में अनेक सौ, अनेक हजार, अनेक लाख और अनेक क्रोडाक्रोडी योजन ऊपर दूर जाने पर सनत्कुमार नाम का कल्प कहा गया है।

पूर्व-पश्चिम में लम्बा, उत्तर-दक्षिण में चौड़ा, **सौधर्म कल्प है**—यावत्—**प्रतिरूप है।**

यहाँ सनत्कुमार देवों के बारह लाख विमान कहे गये हैं।

वे विमान सर्व रत्नमय हैं, स्वच्छ हैं—**यावत्**—प्रतिरूप हैं।

उन विमानों के मध्य भाग में पाँच अवतंसक कहे गये हैं, यथा—

(१) अशोकावतंसक, (२) सप्तपर्णावतंसक, (३) चंपकावतंसक, (४) चूतावतंसक, (५) और मध्य में सनत्कुमारावतंसक हैं।

ये अवतंसक सर्वरत्नमय हैं स्वच्छ—**यावत्**—प्रतिरूप हैं।

एत्थ णं सणंकुमार देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता,

तिसु वि लोगस्स असंखेज्जइ भागे ।

उ०—तत्थ णं बहवे सणंकुमारा देवा परिवसंति । महिड्ढीया -जाव-पभासेमाणा विहरंति ।

णवरं—**अग्गमहिसीओ णत्थि ।**

—पण्ण. प. २, सु. १९९/१

यहाँ पर्याप्त और अपर्याप्त सनत्कुमार देवों के स्थान कहे गये हैं ।

(१) उपपात, (२) समुद्घात और (३) स्वस्थान की अपेक्षा से ये लोक के असंख्यातवें भाग में हैं ।

उ०—वहाँ अनेक सनत्कुमार देव रहते हैं वे महर्धिक हैं—**यावत्**—दैदिप्यमान रहते हैं ।

विशेष—अग्रमहिषियाँ नहीं हैं ।

सणंकुमारेन्द वण्णओ—

१२. सणंकुमारे यऽत्थ देविंदे देवराया परिवसइ । अरयंबर वत्थधरे, सेसं जहा सक्कस्स ।

से णं तत्थ बारसण्हं विमाणावाससयसहस्साणं बावत्तरीए सामाणिय साहस्सीणं, सेसं जहा सक्कस्स, अग्गमहिसी वज्जं ।

णवरं—**चउण्हं बावत्तरीणं आयरक्खदेव साहस्सीणं**-जाव-**विहरइ ।** —पण्ण. प. २, सु. १९९/२

सनत्कुमारेन्द्र वर्णक—

१२. यहाँ देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार रहता है । रजतरहित वस्त्रधारी हैं, **शेष वर्णन "शक्र" जैसा है ।**

वह बारह लाख विमानों का बहत्तर हजार सामानिक देवों का स्वामी है **शेष वर्णन "शक्र" जैसा है, अग्रमहिषियाँ नहीं हैं ।**

विशेष—बहत्तर हजार के चौगुने अर्थात् दो लाख अट्ठावीस हजार आत्मरक्षक देव—**यावत्**—रहते हैं ।

माहिंदाणं देवाणं ठाणाइं—

१३. प०—कहि णं भंते ! माहिंदाणं देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ता णं ठाणा पण्णत्ता ?

प०—कहि णं भंते ! माहिंदग देवा परिवसंति ?

उ०—गोयमा ! ईसाणस्स कप्पस्स उप्पिं सपक्खिं सपडिदिसिं बहूइं जोयणाइं-जाव-**बहुगीओ जोयण कोडाकोडीओ उड्ढं दूरं उप्पइत्ता एत्थ णं माहिंदे नामे कप्पे पण्णत्ते । पाईण-पडीणायए** एवं जहेव सणंकुमारे ।

णवरं—**अट्ठविमाणावास सयसहस्सा ।**[1]

वडेंसया जहा ईसाणे ।

णवरं—**मज्झे यऽत्थ माहिंदवडेंसए ।**

एवं सेसं जहा सणंकुमारग देवाणं-जाव-**विहरइ ।**

—पण्ण. प. २, सु. २००/१

माहेन्द्र देवों के स्थान—

१३. प्र०—भगवन् ! पर्याप्त और अपर्याप्त माहेन्द्र देवों के स्थान कहाँ कहे गये हैं ?

प्र०—भगवन् ! माहेन्द्र देव कहाँ रहते हैं ?

उ०—गौतम ! ईशान कल्प के ऊपर समान दिशा में और समान विदिशा में अनेक योजन—**यावत्**—अनेक क्रोडाक्रोडी योजन ऊपर दूर जाने पर माहेन्द्र नामक कल्प कहा गया है ।

पूर्व-पश्चिम में लम्बा है **शेष सनत्कुमार जैसा है ।**

विशेष—वहाँ आठ लाख विमान है ।

अवतंसक **ईशानकल्प** जैसे हैं ।

विशेष—यहाँ मध्य में माहेन्द्रावतंसक हैं ।

शेष सनत्कुमार देवों जैसा है—यावत्—यहाँ रहते हैं ।

माहेंद वण्णओ—

१४. माहिंदे यऽत्थ देविंदे देवराया परिवसइ । अरयंबरवत्थधरे, एवं जहा सणंकुमारे-जाव-**विहरइ ।**

णवरं—**अट्ठण्हं विमाणावाससयसहस्साणं सत्तरीए सामाणिय-साहस्सीणं चउण्हं सत्तरीणं आयरक्खदेव साहस्सीणं**-जाव-**विहरइ ।** —पण्ण. प. २, सु. २००/२

माहेन्द्र वर्णक—

यहाँ देवेन्द्र देवराज माहेन्द्र रहता है, रजरहित वस्त्रधारी है, **शेष सनत्कुमार जैसा है**—यावत्—**रहता है ।**

विशेष—आठ लाख विमानों का सित्तर हजार सामानिक देवों का सित्तर हजार के चौगुने अर्थात् दो लाख अस्सी हजार आत्म रक्षक देवों का आधिपत्य करता हुआ—**यावत्**—रहते हैं ।

---

१ सम. १३१ ।

बंभलोग देवाणं ठाणाइं—

१५. प०—कहि णं भंते ! बंभलोग देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ता णं ठाणा पण्णत्ता ?

प०—कहि णं भंते । बंभलोग देवा परिवसंति ?

उ०—गोयमा ! सणंकुमार माहिंदाणं कप्पाणं उप्पिं सपक्खिं सपडिदिसिं बहूइं जोयणाइं-जाव-बहूगीओ जोयण कोडा-कोडीओ उड्ढं दूरं उप्पइत्ता । एत्थ णं बंभलोए णामं कप्पे पण्णत्ते ।

पाईण पडीणायए उदीण दाहिण वित्थिण्णे । पडिपुण्ण चंदसंठाण संठिए अच्चिमाली भासरासिप्पभे ।

अवसेसं जहा सणंकुमाराणं ।

णवरं—**चत्तारि विमाणावास सयसहस्सा ।**[1]

वडेंसगा जहा सोहम्मवडेंसया ।

णवरं—**मज्झे यऽत्थ बंभलोएवडेंसए ।**

एत्थ णं बंभलोगाणं देवाणं ठाणा पण्णत्ता ।

सेसं तहेव-जाव-**विहरंति ।**

—पण्ण. प. २, सु. २०१/१

ब्रह्मलोक देवों के स्थान—

१५. प्र०—भगवन् ! पर्याप्त और अपर्याप्त ब्रह्मलोक देवों के स्थान कहाँ हैं ?

प्र०—भगवन् ! ब्रह्मलोक के देव कहाँ रहते हैं ?

उ०—गौतम ! सनत्कुमार और माहेन्द्र कल्प के ऊपर समान दिशा में और समान विदिशा में अनेक योजन—**यावत्**—अनेक क्रोडाक्रोडी योजन ऊपर दूर जाने पर ब्रह्मलोक नामक कल्प कहा गया है ।

पूर्व-पश्चिम में लम्बा, उत्तर-दक्षिण में चौड़ा प्रतिपूर्ण चन्द्र जैसे आकार से स्थित सूर्य सदृश कान्ति समूह से सम्पन्न ।

शेष सनत्कुमार सदृश है ।

विशेष—उनमें चार लाख विमान हैं ।

अवतंसक—**सौधर्म कल्प के अवतंसकों के समान हैं ।**

विशेष—उनके मध्य में ब्रह्मलोकावतंसक हैं ।

इसमें ब्रह्मलोक देवों के स्थान कहे गये हैं ।

शेष पूर्ववत् —यावत् —रहते हैं ।

बंभदेवेंदवण्णओ—

१६. बंभे यऽत्थ देविंदे देवराया परिवसइ ।

अरयम्बर वत्थधरे एवं जहा सणंकुमारे-जाव-**विहरइ ।**

णवरं—**चउण्हं विमाणावाससयसहस्साणं । सट्ठीए समाणिय-साहस्सीणं चउण्हं सट्ठीणं आयरक्खदेवसाहस्सीणं-जाव-विहरइ ।**

—पण्ण. प. २, सु. २०१/२

ब्रह्म देवेन्द्र वर्णन—

१६. वहाँ देवेन्द्र देवराज ब्रह्म रहता है ।

वह रजरहित वस्त्रधारी हैं, **शेष सनत्कुमारेन्द्र सदृश है—यावत्—रहता है ।**

विशेष—चार लाख विमान, साठ हजार सामानिक देव इनसे चौगुने अर्थात् दो लाख चालीस हजार आत्मरक्षक देव हैं **—यावत्**—रहता है ।

लंतगदेवाणं ठाणाइं—

१७. प०—कहि णं भंते ! लंतग देवाणं पज्जत्तापज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

प०—कहि णं भंते ! लंतग देवा परिवसंति ?

उ०—गोयमा ! बंभलोगस्स कप्पस्स उप्पिं सपक्खिं सपडि-दिसिं बहूइं जोयणाइं-जाव-बहुगीओ जोयण कोडा-कोडीओ उड्ढं दूरं उप्पइत्ता एत्थ णं लंतग णामे कप्पे पण्णत्ते ।

पाईण-पडीणायए जहा बंभलोए ।

णवरं—**पण्णासं विमाणावास सहस्सा भवंतीति मक्खायं**[2]

वडेंसगा जहा ईसाणवडेंसगा ।

लान्तक देवों के स्थान—

१७. प्र०—भगवन् ! पर्याप्त और अपर्याप्त लान्तक देवों के स्थान कहाँ कहे गये हैं ?

प्र०—भगवन् ! लान्तक देव कहाँ रहते हैं ?

उ०—गौतम ! ब्रह्मलोक कल्प के ऊपर समान दिशा में समान विदिशा में अनेक योजन—**यावत्**—अनेक क्रोडाक्रोडी योजन ऊपर दूर जाने पर लान्तक नाम का कल्प कहा गया है ।

पूर्व-पश्चिम में लम्बा, **ब्रह्मलोक जैसा है ।**

विशेष—पचास हजार विमान कहे गये हैं ।

अवतंसक **ईशान कल्प के अवतंसकों के समान हैं ।**

---

१ सोहम्मीसाणेसु बंभलोए य तीस कप्पेसु चउसट्ठि विमाणावास सयसहस्सा पण्णत्ता । —सम. ६४, सु. ५

२ सम. ५०, सु. ५ ।

णवरं— मज्झे यऽत्थ लंतगवडेंसए ।
एत्थ णं लंतग देवाणं ठाणा पण्णत्ता ।
सेसं तहेव-जाव-विहरंति ।

—पण्ण. प. २, सु. २०२/१

लंतग देवेन्द वण्णओ—

१८. लंतए यऽत्थ देविंदे देवराया परिवसइ । जहा सणंकुमारे ।

णवरं—पण्णासाए विमाणावाससहस्साणं, पण्णासाए सामाणिय साहस्सीणं, चउण्हं य पण्णासाणं आयरक्खदेवसाहस्सीणं-जाव-विहरइ ।

—पण्ण. प. २, सु. २०२/२

महासुक्काणं देवाणं ठाणाइं—

१९. प०—कहि णं भंते ! महासुक्काणं देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

प०—कहि णं भंते ! महासुक्का देवा परिवसंति ?

उ०—गोयमा ! लंतयस्स कप्पस्स उप्पिं सपक्खिं सपडिदिसिं बहूइं जोयणसयाइं-जाव-बहुगीओ जोयण कोडाकोडीओ उड्ढं दूरं उप्पइत्ता । एत्थ णं महासुक्के णामं कप्पे पण्णत्ते ।

पाईण-पडीणायए जहा बंभलोए ।

णवरं—चत्तालीसं विमाणावाससहस्सा भवंतीति मक्खायं[1]

वडेंसगा जहा सोहम्मवडेंसगा ।

णवरं—मज्झे यऽत्थ महासुक्कवडेंसए ।

एत्थ णं महासुक्क देवाणं ठाणा पण्णत्ता ।

सेसं तहेव-जाव-विहरंति ।

—पण्ण. प. २, सु. २०३/१

महासुक्क देवेन्द वण्णओ—

२०. महासुक्के यऽत्थ देविंदे देवराया परिवसइ ।
जहा सणंकुमारे ।

णवरं—चत्तालीसाए विमाणावाससहस्साणं,
चत्तालीसाए सामाणिय साहस्सीणं,
चउण्हं य चत्तालीसाणं आयरक्खदेव साहस्सीणं-जाव-विहरइ ।

—पण्ण. प. २. सु. २०३/२

विशेष—यहाँ मध्य में लान्तकावतंसक हैं ।
यहाँ लान्तक देवों के स्थानक कहे गये हैं ।
शेष पूर्ववत्—यावत्—**रहते हैं** ।

लान्तक देवेन्द्र वर्णक—

१८. यहाँ देवेन्द्र देवराज लान्तक रहता है, **शेष सनत्कुमार जैसा है** ।

विशेष—पचास हजार विमानों का, पचास हजार सामानिक देवों का, इनके चौगुने अर्थात् दो लाख आत्मरक्षक देवों का स्वामी—**यावत्**—रहते हैं ।

महाशुक्र देवों के स्थान—

१९. प्र०—भगवन् ! पर्याप्त और अपर्याप्त महाशुक्र देवों के स्थान कहाँ कहे गये हैं ?

प्र०—भगवन् ! महाशुक्र देव कहाँ रहते हैं ?

उ०—गौतम ! लान्तक कल्प के ऊपर समान दिशा में समान विदिशा में अनेक सौ योजन—अनेक क्रोडाक्रोडी योजन ऊपर दूर जाने पर महाशुक्र कल्प कहा गया है ।

पूर्व-पश्चिम में लम्बा **ब्रह्मलोक जैसा है** ।

विशेष— इसमें चालीस हजार विमान कहे गये हैं ।

अवतंसक—**सौधर्म कल्प के अवतंसकों के समान हैं** ।

विशेष—यहाँ मध्य में महाशुक्रावतंसक हैं ।

यहाँ महाशुक्र देवों के स्थान कहे गये हैं ।

शेष पूर्ववत्—यावत्—**रहते हैं** ।

महाशुक्र देवेन्द्र वर्णक—

२०. यहाँ देवेन्द्र देवराज महाशुक्र रहता है ।

शेष वर्णन सनत्कुमार जैसा है ।

विशेष—चालीस हजार विमानों का,
चालीस हजार सामानिक देवों का,
इनसे चौगुने अर्थात् एक लाख साठ हजार देवों का—**यावत्**—आधिपत्य करता हुआ रहता है ।

---

१ सम. ४०, सु. ८ ।

सहस्सार देवाणं ठाणाइं—

२१. प०—कहि णं भंते ! सहस्सार देवाणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

प०—कहि णं भंते ! सहस्सार देवा परिवसंति ?

उ०—गोयमा ! महासुक्कस्स कप्पस्स उप्पिं सपक्खिं सपडिदिसिं बहूइं जोयणाइं-जाव-बहुगीओ जोयण कोडाकोडीओ उड्ढं दूरं उप्पइत्ता । एत्थ णं सहस्सारे णामं कप्पे पण्णत्ते ।

पाईण-पडीणायए जहा बंभलोए ।

णवरं—**छव्विमाणावास सहस्सा भवंतीतिमक्खायं ।**[1]

वडेंसगा जहा ईसाणस्स ।

णवरं—**मज्झे यऽत्थ सहस्सार वडेंसए ।**

एत्थ णं सहस्सार देवाणं ठाणा पण्णत्ता ।

सेसं तहेव-जाव **विहरंति ।**

—पण्ण. प. २, सु. २०४/१

सहस्सार देवेन्द वण्णओ—

२२. सहस्सारे यऽत्थ देविंदे देवराया परिवसइ ।

जहा सणंकुमारे ।

णवरं—**छण्हं विमाणावास सहस्साणं,**

तीसाए सामाणिय साहस्सीणं,

चउण्हं य तीसाए आयरक्खदेवसाहस्सीणं-जाव-विहरइ ।

—पण्ण. प. २, सु. २०४/२

आणय-पाणय देवाणं ठाणाइं—

२३. प०—कहि णं भंते ! आणय-पाणयाणं देवाण पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ?

प०—कहि णं भंते ! आणय-पाणय देवा परिवसंति ?

उ०—गोयमा ! सहस्सारस्स कप्पस्स उप्पिं सपक्खिं सपडिदिसिं बहूइं जोयणाइं-जाव-बहुगीओ जोयण कोडाकोडीओ उड्ढं दूरं उप्पइत्ता एत्थ णं आणय-पाणय नामेणं दुवे कप्पा पण्णत्ता ।

पाईण-पडीणायया उदीण दाहिण वित्थिण्णा अद्ध चंद संठाण संठिया अच्चिमाली भासरासिप्पभा ।

सेस जहा सणंकुमारे-जाव-पडिरूवा ।

तत्थ णं आणय-पाणय देवाणं चत्तारि विमाणावाससया भवंतीति मक्खायं ।[2]**-जाव-पडिरूवा ।**

वडिंसगा जहा सोहम्मे ।

सहस्रार देवों के स्थान—

२१. प्र०—भगवन् ! पर्याप्त और अपर्याप्त सहस्रार देवों के स्थान कहाँ कहे गये हैं ?

प्र०—भगवन् ! सहस्रार देव कहाँ रहते हैं ?

उ०—गौतम ! महाशुक्र कल्प के ऊपर समान दिशा में समान विदिशा में अनेक योजन—**यावत्**—अनेक क्रोडाक्रोडी योजन ऊपर दूर जाने पर सहस्रार नाम का कल्प कहा गया है ।

पूर्व-पश्चिम लम्बा **ब्रह्मलोक जैसा है ।**

विशेष—यहाँ छ हजार विमान कहे गये हैं ।

अवतंसक—**ईशानकल्प के अवतंसक जैसे हैं ।**

विशेष—यहाँ मध्य में सहस्रारावतंसक हैं ।

यहाँ सहस्रार देवों के स्थान कहे गये हैं ।

शेष पूर्ववत् यावत् रहते हैं ।

सहस्रार देवेन्द्र वर्णक—

२२. यहाँ देवेन्द्र देवराज सहस्रार रहता है ।

शेष वर्णन सनत्कुमार जैसा है ।

विशेष—छह हजार विमानों का,

तीस हजार सामानिक देवों का,

इनसे चौगुने अर्थात् एक लाख बीस हजार आत्मरक्षक देवों का—**यावत्**—आधिपत्य करता हुआ रहता है ।

आनत-प्राणत देवों के स्थान—

२३. प्र०—भगवन् ! पर्याप्त और अपर्याप्त आनत-प्राणत देवों के स्थान कहाँ कहे गये हैं ?

प्र०—भगवन् ! आनत-प्राणत देव कहाँ रहते हैं ?

उ०—गौतम ! सहस्रारकल्प के ऊपर समान दिशा में समान विदिशा में अनेक योजन—**यावत्**—अनेक क्रोडाक्रोडी योजन ऊपर दूर जाने पर आनत-प्राणत नाम के दो कल्प कहे गये हैं ।

पूर्व-पश्चिम में लम्बे, उत्तर-दक्षिण में चौड़े, अर्ध चन्द्र के आकार से स्थित, सूर्य के किरण समूह सदृश प्रभा वाले हैं ।

शेष सनत्कुमार कल्प जैसा है—यावत्—प्रतिरूप है ।

वहाँ आनत-प्राणत देवों के चार सौ विमान कहे गये हैं—**यावत्**—वे प्रतिरूप हैं ।

अवतंसक—**सौधर्म कल्प जैसे हैं ।**

---

१ सम. ११६, सु. ।

२ सम. १०६, सु. ४ ।

णवरं—**मज्झे पाणयवडेंसए ।**

ते णं वडेंसगा सव्वरयणामया अच्छा-जाव-पडिरूवा ।

क्या धर्मास्तिकाय से स्पृष्ट है ? **यावत्**
क्या आकाशास्तिकाय से स्पृष्ट है ?

उ०—गौतम ! न धर्मास्तिकाय से स्पृष्ट है—**यावत्**—न आकाशास्तिकाय से स्पृष्ट है ।

आकाशास्तिकाय के देश से स्पृष्ट है ।
आकाशास्तिकाय के प्रदेशों से स्पृष्ट है ।

पृथ्वीकाय से स्पृष्ट नहीं है—**यावत्**—अद्धासमय (काल द्रव्य) से स्पृष्ट नहीं है ।

॥ अलोक प्रज्ञप्ति समाप्त ॥

लोकालोक प्रज्ञप्ति

[सूत्र १ से १० पृष्ठ ७४१ से ७४६ तक]

लोकालोक प्रज्ञप्ति

जीवाणं पोग्गलाणं लोगस्स बहिया गमणमसक्क—

१. चउहिं ठाणेहिं जीवा य, पोग्गला य, नो संचाएंति बहिया लोगंता गमणाए। तं जहा—

(१) गइ अभावेणं

(२) निरव्वग्गहया

(३) लुक्खत्ताए

(४) लोगाणुभावेणं। —ठाणं० अ० ४, उ० ३, सु० ३३४

देवस्स अलोगंसि हत्थाइ आउंटणाइ असामत्थ निरूवणं—

२. प०—देवे णं भंते ! महिड्ढीए-जाव-महेसक्खे, लोगंते ठिच्चा, णो पभू अलोगंसि हत्थं वा-जाव-उरुं वा आउंटावेत्तए वा पसारेत्तए वा ?

उ०—नो इणट्ठे समट्ठे।

प०—से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ—"देवे णं महिड्ढीए -जाव-महेसक्खे लोगंते ठिच्चा णो पभू अलोगंसि हत्थं वा-जाव-उरुं वा आउंटावेत्तए वा, पसारेत्तए वा ?

उ०—गोयमा ! जीवाणं आहारोवचिया पोग्गला।

बोंदिचिया पोग्गला,

कलेवरचिया पोग्गला,

पोग्गलमेव पप्प जीवाण य, अजीवाण य, गइपरियाए आहिज्जइ।

अलोए नेवत्थि जीवा, नेवत्थि पोग्गला,

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—"देवेणं महिड्ढीए -जाव-महेसक्खे लोगंते ठिच्चा णो पभू अलोगंसि हत्थं वा-जाव-उरुं वा आउंटावेत्तए वा, पसारेत्तए वा।

—भग० स० १६, उ० ८, सु० १५

आगासत्थिकायस्स भेया—

३. प०—कइविहे णं भंते ! आगासे पण्णत्ते ?

उ०—गोयमा ! दुविहे आगासे पण्णत्ते। तं जहा—

(१) लोगागासे य, (२) अलोगागासे य।

—भग० स० २, उ० १०, सु० १०

जीव और पुद्गलों का लोक से बाहर गमन अशक्य—

१. जीव और पुद्गलों का चार कारणों से लोक से बाहर गमन शक्य नहीं है :—

(१) गति के अभाव से

(२) गति सहायक धर्मास्तिकाय के अभाव से,

(३) रूक्षता होने से,

(४) लोक स्वभाव होने से।

अलोक में देव का हाथ आदि फैलाने के असामर्थ्य का निरूपण—

२. प्र०—भगवन् ! महर्धिक—**यावत्**—महासुखी महान् देव लोकान्त में स्थित होकर अलोक में हाथ—**यावत्**—उरु को सिकोड़ने या पसारने में समर्थ है ?

उ०—गौतम ! समर्थ नहीं है।

प्र०—भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा गया है कि महर्धिक —**यावत्**—महासुखी महान् देव लोकान्त में स्थित होकर अलोक में हाथ—**यावत्**—उरु को सिकोड़ने-पसारने में समर्थ नहीं है ?

उ०—गौतम ! जीवों का आहार-पुद्गलों से निष्पन्न होता है।

शरीर पुद्गलों से निष्पन्न होता है।

कलेवर पुद्गलों से निष्पन्न होता है।

पुद्गलों के सहयोग से जीवों एवं अजीवों की गति कही गई है।

अलोक में न जीव हैं और न पुद्गल हैं।

हे गौतम ! इस कारण से इस प्रकार कहा गया है कि महर्धिक—**यावत्**—महासुखी महान् देव लोकान्त में स्थित होकर अलोक में हाथ—**यावत्**—उरु को सिकोड़ने में या पसारने में समर्थ नहीं है।

आकाशास्तिकाय के भेद—

३. प्र०—भगवन् ! आकाश कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ०—गौतम ! आकाश दो प्रकार का कहा गया है, यथा—

(१) लोकाकाश (२) अलोकाकाश।

लोगागास-सरूवं—

४. प०—लोगागासे णं भंते ! किं जीवा, जीवदेसा, जीवपएसा, अजीवा, अजीवदेसा, अजीवपएसा ?

उ०—गोयमा ! जीवा वि, जीवदेसा वि, जीवपएसा वि, अजीवा वि, अजीवदेसा वि, अजीवपएसा वि ।

जे जीवा ते नियमा एगिंदिया, बेइंदिया, तेइंदिया, चउरिंदिया, पंचेंदिया, अणिंदिया ।

जे जीवदेसा ते नियमा एगिंदियदेसा-जाव-अणिंदिय देसा ।

जे जीवपएसा ते नियमा एगिंदियपएसा-जाव-अणिंदियपएसा ।

जे अजीवा ते दुविहा पण्णत्ता । तं जहा—

(१) रूवी य, (२) अरूवी य ।

जे रूवी ते चउव्विहा पण्णत्ता । तं जहा—

(१) संघा, (२) संघदेसा, (३) संघ पएसा, (४) परमाणु पोग्गला ।

जे अरूवी ते पंचविहा पण्णत्ता । तं जहा—

(१) धम्मत्थिकाए, नो धम्मत्थिकायस्स देसे,

(२) धम्मत्थिकायस्स पएसा ।

(३) अधम्मत्थिकाए, नो अधम्मत्थिकायस्स देसे,

(४) अधम्मत्थिकायस्स पएसा, (५) अद्धासमए ।

—भग० स० २, उ० १०, सु० ११

लोकाकाश का स्वरूप—

४. प्र०—भगवन् ! लोकाकाश में क्या जीव हैं, जीवदेश हैं, और जीवप्रदेश हैं, अजीव हैं, अजीवदेश हैं और अजीव-प्रदेश हैं ?

उ०—गौतम ! जीव भी हैं, जीवदेश भी हैं, जीवप्रदेश भी हैं, अजीव भी हैं, अजीवदेश भी हैं अजीवप्रदेश भी हैं ।

जो जीव हैं, वे निश्चित रूप से एकेन्द्रिय हैं, द्वीन्द्रिय हैं, त्रीन्द्रिय हैं, चतुरिन्द्रिय हैं, पंचेन्द्रिय हैं, अनिन्द्रिय हैं ।

जो जीवदेश हैं वे निश्चित रूप से एकेन्द्रिय के देश हैं —**यावत्**—अनिन्द्रिय के देश हैं ।

जो जीवप्रदेश हैं वे निश्चित रूप से एकेन्द्रिय के प्रदेश हैं —**यावत्**—अनिन्द्रिय के प्रदेश हैं ।

जो अजीव हैं वे दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा—

(१) रूपी, (२) अरूपी ।

जो रूपी हैं वे चार प्रकार के कहे गये हैं, यथा—

(१) स्कन्ध, (२) देश, (३) प्रदेश, (४) परमाणु पुद्गल ।

जो अरूपी हैं वे पाँच प्रकार के कहे गये हैं, यथा—

(१) धर्मास्तिकाय है, **धर्मास्तिकाय के देश नहीं,**

(२) धर्मास्तिकाय के प्रदेश हैं ।

(३) अधर्मास्तिकाय है, **अधर्मास्तिकाय के देश नहीं,**

(४) अधर्मास्तिकाय के प्रदेश हैं, (५) अद्धासमय—काल द्रव्य हैं ।

लोगस्स चरिमाचरिम विभागा—

५. प०—लोए णं भंते ! किं चरिमं, अचरिमं[1] ?

चरिमाइं, अचरिमाइं[2] ?

चरिमंत पएसे, अचरिमंत पएसे ?

उ०—गोयमा ! लोए नो चरिमे, नो अचरिमे,

नो चरिमाइं, नो अचरिमाइं,

नो चरिमंत पएसे, नो अचरिमंत पएसे[3]

नियमा—अचरिमं, चरिमाणि य,

चरिमंत पएसे य, अचरिमंत पएसे य[4] ।

—पण्ण० प० १०, सु० ७७६

लोक के चरमाचरम विभाग—

५. प्र०—भगवन् ! लोक क्या चरिम है या अचरिम है ?

चरिम हैं या अचरिम हैं ?

चरिमान्त प्रदेश है अचरिमान्त प्रदेश हैं ?

उ०—गौतम ! लोक न चरिम है, न अचरिम है,

न चरिम हैं, न अचरिम हैं,

न चरिमान्त प्रदेश है, न अचरिमान्त प्रदेश हैं ।

लोक निश्चित रूप से अनेक चरिम है, अचरिम हैं ।

चरिमान्त प्रदेश है, अचरिमान्त प्रदेश हैं ।

---

१ 'चरिम' = अन्तिम । 'चरिम' सदा दूसरे की अपेक्षा से होता है । इसलिए यह सापेक्ष शब्द है ।

२ 'अचरिम' = मध्यवर्ती । 'अचरिम'—सदा 'चरिम' की अपेक्षा से होता है । इसलिए यह भी सापेक्ष शब्द है ।
चरिम और अचरिम—ये दोनों पारिभाषिक शब्द हैं ।

३ लोक की यदि अखण्ड रूप से विवक्षा की जाय तो प्रश्न सूत्र गत छहों विकल्पों का सर्वथा निषेध है ।

४ (क) लोक असंख्यात प्रदेशावगाढ है अतः उसकी अवयव, अवयवी भाव से विवक्षा की जाय तो लोक के अन्तिम खण्डों के मध्य में लोक का जो एक विशाल खण्ड है वह एक वचनान्त 'अचरिम' है । (शेष पृष्ठ ७४३ पर)

अलोगस्स चरिमा चरम विभागा—

६. प०—अलोए णं भंते ! किं चरिमे अचरिमे चरिमाइं अचरिमाइं चरिमंतपएसे अचरिमंतपएसे ?

उ०—गोयमा ! अलोए नो चरिमे, नो अचरिमे,
नो चरिमाइं, नो अचरिमाइं,
नो चरिमंत पएसे, नो अचरिमंत पएसे ।
नियमा अचरिमं चरिमाणि य, चरिमंतपएसे य, अचरिमंतपएसे य[1] —पण्ण० प० १०, सु० ७७६

लोगस्स चरिमाचरिमपयाणं अप्प-बहुत्तं—

७. प०—लोगस्स णं भंते ! अचरिमस्स य, चरिमाण य, चरिमंत पएसाण य, अचरिमंत पएसाण य, दव्वट्ठयाए पएसट्ठयाए दव्व-पएसट्ठयाए, कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा, बहुया वा, तुल्ला वा, विसेसाहिया वा ?

उ०—गोयमा ! सव्वत्थोवे लोगस्स,
दव्वट्ठयाए एगे अचरिमे,
चरिमाइं असंखेज्जगुणाइं,
अचरिमं च चरिमाणि य दो वि विसेसाहियाइं ।
पएसट्ठयाए **सव्वत्थोवा चरिमंत पएसा ।**
अचरिमंत पएसा असंखेज्जगुणा ।
चरिमंतपएसा य, अचरिमंतपएसा य दो वि विसेसाहिया ।

दव्वट्ठपएसट्ठयाए **सव्वत्थोवे ।**
दव्वट्ठयाए **एगे अचरिमे,**
चरिमाइं असंखेज्जगुणाइं,
अचरिमं च चरिमाणि य दोवि विसेसाहियाइं—
चरिमंतपएसा असंखेज्जगुणा,
अचरिमंतपएसा असंखेज्जगुणा,
चरिमंतपएसा य, अचरिमंतपएसा य दो वि विसेसाहिया[2] । —पण्ण० प० १०, सु० ७७८

अलोक के चरमाचरम विभाग—

६. प्र०—अलोक क्या चरिम है, अचरिम है, चरिम हैं, अचरिम हैं ? चरिमान्त प्रदेश हैं, अचरिमान्त प्रदेश हैं ?

उ०—गौतम ! अलोक न चरिम है, न अचरिम है,
न चरिम हैं, न अचरिम हैं,
न चरिमान्त प्रदेश हैं, न अचरिमान्त प्रदेश हैं ।
अलोक निश्चित रूप से—अचरिम है, अनेक अचरिम हैं, चरिमान्त प्रदेश हैं, अचरिमान्त प्रदेश हैं ।

लोक के चरमाचरम पदों का अल्प-बहुत्व—

७. प्र०—भगवन् ! लोक के अचरिम, चरिम, चरिमान्त प्रदेश अचरिमान्त प्रदेश, द्रव्य की अपेक्षा से, प्रदेश की अपेक्षा से, द्रव्य एवं प्रदेश की अपेक्षा से कौन किससे अल्प, अधिक, तुल्य या विशेष अधिक हैं ?

उ०—गौतम ! **द्रव्य की अपेक्षा से**—सबसे अल्प लोक का एक अचरिम है ।
चरिम असंख्यातगुण हैं ।
अचरिम और चरिम ये दोनों विशेषाधिक हैं ।
प्रदेश की अपेक्षा से—सबसे अल्प चरिमान्त प्रदेश हैं,
अचरिमान्त प्रदेश असंख्यातगुण हैं,
चरिमान्त प्रदेश और अचरिमान्त प्रदेश ये दोनों विशेष अधिक हैं ।

द्रव्य एवं प्रदेश की अपेक्षा से—सबसे अल्प **द्रव्य की अपेक्षा** एक अचरिम हैं ।
चरिम असंख्यगुण है ।
अचरिम और चरिम ये दोनों विशेषाधिक हैं ।
चरिमान्त प्रदेश असंख्यगुण हैं ।
अचरिमान्त प्रदेश असंख्यगुण हैं ।
चरिमान्त प्रदेश और अचरिमान्त प्रदेश ये दोनों विशेषाधिक हैं ।

(शेष पृष्ठ ७४२ का)

(ख) लोक के अनेक अन्तिम खण्ड हैं वे बहुवचनान्त 'चरिम' हैं ।
(ग) प्रदेशों की अपेक्षा से लोक की विवक्षा की जाय तो लोक के अन्त में रहे हुए खण्डों के जो प्रदेश हैं वे 'चरिमान्त प्रदेश' हैं । लोक के मध्यवर्ती खण्डों के जो प्रदेश हैं वे 'अचरिमान्त प्रदेश' हैं ।
(घ) ऊपर अंकित सूत्रांक में—'लोगे वि एवं चेव' यह संक्षिप्त वाचना का पाठ है—अतः यहाँ सूत्र ७७५ के आधार से मूल व्यवस्थित किया है ।

१ (क) लोक के टिप्पणों के समान अलोक के टिप्पण भी हैं ।
(ख) ऊपर अंकित सूत्रांक में 'एवं अलोगे वि' यह संक्षिप्त वाचना का पाठ है—अतः यहाँ सूत्र ७७५ के अनुसार मूलपाठ व्यवस्थित किया है ।

२ इस सूत्रांक में 'लोगस्स य एवं चेव' यह संक्षिप्त वाचना का पाठ है । अतः सूत्रांक ७७७ के मूल पाठ से व्यवस्थित किया है ।

अलोगस्स चरिमाचरिम पयाणं अप्पबहुत्तं—

८. प०—अलोगस्स णं भंते ! अचरिमस्स य चरिमाण य, चरिमंतपएसाण य, अचरिमंतपएसाण य, दव्वट्ठयाए पएसट्ठयाए दव्वट्ठ-पएसट्ठयाए कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा बहुया वा, तुल्ला वा विसेसाहिया वा ?

उ०—गोयमा ! सव्वत्थोवे अलोगस्स,
दव्वट्ठयाए एगे अचरिमे,
चरिमाइं असंखेज्जगुणाइं,
अचरिमं च चरिमाणि य दो वि विसेसाहियं ।

पएसट्ठयाए—सव्वत्थोवा अलोगस्स चरिमंत पएसा,
अचरिमंत पएसा अनन्तगुणा,
चरिमंत पएसा य, अचरिमंतपएसा य दो वि विसेसाहिया ।

दव्वट्ठपएसट्ठयाए—सव्वत्थोवे अलोगस्स एगे अचरिमे ।
चरिमाइं असंखेज्जगुणाइं,
अचरिमं च चरिमाणि य दो वि विसेसाहियाइं ।
चरिमंत-पएसा असंखेज्जगुणा,
अचरिमंतपएसा अणंतगुणा,
चरिमंत पएसा य अचरिमंतपएसा य दो वि विसेसाहिया । —पण्ण० प० १०, सु० ७७९

लोगालोगस्स चरिमाचरिमपयाणं अप्प-बहुत्तं—

९. प०—लोगालोगस्स णं भंते ! अचरिमस्स य चरिमाण य, चरिमंत पएसाण य, अचरिमंत पएसाण य, दव्वट्ठयाए, पएसट्ठयाए, दव्वट्ठ पएसट्ठयाए कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा, बहुया वा, तुल्ला वा, विसेसाहिया वा ?

उ०—गोयमा ! सव्वत्थोवे लोगालोगस्स—
दव्वट्ठयाए एगमेगे अचरिमे,
लोगस्स चरिमाइं असंखेज्जगुणाइं,
अलोगस्स चरिमाइं विसेसाहियाइं,
लोगस्स य अलोगस्स य अचरिमं च चरिमाणि य दो वि विसेसाहियाइं ।

पएसट्ठयाए सव्वत्थोवा लोगस्स चरिमंत पएसा,
अलोगस्स चरिमंत पएसा विसेसाहिया,
लोगस्स अचरिमंत पएसा असंखेज्जगुणा,
अलोगस्स अचरिमंत पएसा अनन्तगुणा,
लोगस्स य, अलोगस्स य चरिमंत पएसा य, अचरिमंत पएसा य, दो वि विसेसाहिया ।

अलोक के चरमाचरम पदों का अल्प-बहुत्व—

८. भगवन् ! अलोक के अचरिम, चरिम, चरिमान्त प्रदेश और अचरिमान्त प्रदेश, द्रव्य की अपेक्षा, प्रदेशों की अपेक्षा, द्रव्य एवं प्रदेशों की अपेक्षा कौन किससे अल्प हैं, अधिक है, तुल्य हैं या विशेषाधिक हैं ?

उ०—गौतम ! **द्रव्य की अपेक्षा से**—सबसे अल्प अलोक का एक अचरिम है ।
चरिम असंख्यगुण हैं ।
अचरिम और चरिम ये दो विशेषाधिक हैं ।

प्रदेश की अपेक्षा से—सबसे अल्प अलोक के चरिमान्त प्रदेश हैं ।
अचरिमान्त प्रदेश अनन्तगुण हैं ।
चरिमान्त प्रदेश और अचरिमान्त प्रदेश ये दोनों विशेषाधिक हैं ।

द्रव्य एवं प्रदेश की अपेक्षा से—सबसे अल्प अलोक का एक अचरिम है ।
चरिम असंख्यगुण हैं ।
अचरिम और चरिम ये दो विशेषाधिक हैं ।
चरिमान्त प्रदेश असंख्यगुण हैं ।
अचरिमान्त प्रदेश अनन्तगुण हैं ।
चरिमान्त प्रदेश और अचरिमान्त प्रदेश ये दोनों विशेषाधिक हैं ।

लोकालोक के चरमाचरम पदों का अल्प-बहुत्व—

९. प्र०—भगवन् ! लोकालोक के अचरिम, चरिम, चरमान्त प्रदेश और अचरमान्त प्रदेश, द्रव्य की अपेक्षा से, प्रदेशों की अपेक्षा से, द्रव्य एवं प्रदेशों की अपेक्षा से कौन किससे अल्प, अधिक, तुल्य या विशेषाधिक हैं ?

उ०—गौतम ! **द्रव्य की अपेक्षा से**—सबसे अल्प लोकालोक का एक अचरिम हैं ।
लोक के चरिम असंख्यगुण हैं ।
अलोक के चरिम प्रदेश विशेषाधिक हैं ।
लोकालोक के अचरिम और चरिम ये दोनों विशेषाधिक हैं ।

प्रदेशों की अपेक्षा से–सबसे अल्प लोक के चरमान्त प्रदेश हैं ।
अलोक के चरमान्त प्रदेश विशेषाधिक हैं ।
लोक के अचरिमान्त प्रदेश असंख्यगुण हैं ।
अलोक के अचरिमान्त प्रदेश अनन्तगुण हैं ।
लोकालोक के चरमान्त प्रदेश और अचरमान्त प्रदेश ये दोनें विशेषाधिक हैं ।

दव्वट्ठ-पएसट्ठयाए सव्वत्थोवे लोगालोगस्स,
दव्वट्ठयाए एगमेगे अचरिमे,

लोगस्स चरिमाइं असंखेज्जगुणाइं,
अलोगस्स चरिमाइं विसेसाहियाइं,

लोगस्स य, अलोगस्स य, अचरिमं च चरिमाणि य दो वि विसेसाहियाइं।
लोगस्स चरिमंत पएसा असंखेज्जगुणा,
अलोगस्स चरिमंत पएसा विसेसाहिया,
लोगस्स अचरिमंत पएसा असंखेज्जगुणा,
अलोगस्स अचरिमंत पएसा अणंतगुणा,
लोगस्स य अलोगस्स य चरिमंत पएसा य, अचरिमंत पएसा य दो वि विसेसाहिया,
सव्व दव्वा विसेसाहिया,
सव्व पएसा अनंतगुणा,
सव्व पज्जवा अनंतगुणा।

—पण्ण० प० १०, सु० ७८०

द्रव्य एवं प्रदेश की अपेक्षा से—

द्रव्य की अपेक्षा से—सबसे अल्प लोकालोक के एक-एक अचरिम हैं।

लोक के चरिम असंख्यगुण हैं।
अलोक के चरिम विशेषाधिक हैं।

लोकालोक के चरिमान्त प्रदेश और अचरिमान्त प्रदेश ये दोनों विशेषाधिक हैं।

लोक के चरमान्त प्रदेश असंख्यगुण हैं।
अलोक के चरमान्त प्रदेश विशेषाधिक हैं।
लोक के अचरमान्त प्रदेश असंख्यगुण हैं।
अलोक के अचरमान्त प्रदेश अनन्तगुण हैं।

लोक और अलोक के चरमान्त प्रदेश और अचरमान्त प्रदेश ये दोनों विशेषाधिक हैं।

सर्व द्रव्य विशेषाधिक हैं।
सर्व प्रदेश अनन्तगुण हैं।
सर्व पर्यव अनन्तगुण हैं।

लोय-अलोय-ओवासंतरईणं पुव्वा-ऽवरविसए (रोह अणगारपण्हाणं समाहाणं)—

१०. तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतेवासी रोहे णामं अणगारे पगइभद्दए पगइमउए पगइविणीए पगइउवसंते पगइपतणुकोह-माण-माय-लोभे मिउमद्दवसंपन्ने अल्लीणे भद्दए विणीए समणस्स भगवओ महावीरस्स अदूरसामंते उड्ढं जाणू अहोसिरे झाणकोट्ठोवगए संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ।

तए णं से रोहे नामं अणगारे जायसड्ढे-जाव-पज्जुवासमाणे एवं वयासी—

प०—पुव्विं णं भंते ! लोए ? पच्छा अलोए ? पुव्विं अलोए ? पच्छा लोए ?

उ०—रोहा ! लोए य अलोए य पुव्विं पेते, पच्छा पेते, दो वि ते सासया भावा—अणाणुपुव्वी एसा रोहा !

प०—पुव्विं भंते ! लोअंते ? पच्छा अलोअंते ? पुव्विं अलोअंते ? पच्छा लोअंते ?

उ०—रोहा ! लोयंते य अलोयंते य-जाव-अणाणुपुव्वी एसा रोहा !

प०—पुव्विं भंते ! लोअंते ? पच्छा सत्तमे ओवासंतरे ? पुव्विं सत्तमे ओवासंतरे ? पच्छा लोयंते ?

लोक अलोक और अवकाशान्तर आदि में पूर्वापर कौन ? (इस सम्बन्ध में रोहा अणगार के प्रश्न और समाधान—)

१०. उस काल और उस समय श्रमण भगवान महावीर का अंतेवासी रोहा नामक अणगार जो भद्रप्रकृति मृदुप्रकृति, विनीतप्रकृति, उपशान्तप्रकृति, अल्प क्रोध-मान-माया-लोभ प्रकृति, मृदु-मार्दव सम्पन्न, अलिप्त भद्र एवं विनीत था। वह श्रमण भगवन महावीर के समीप ऊर्ध्व जानु तथा अधोशिर करके ध्यानमग्न हुआ और संयम एवं तप से अपनी आत्मा को भावित करता हुआ स्थित रहा।

तदनन्तर वह रोहा अणगार श्रद्धायुक्त—यावत्—पर्युपासना करता हुआ इस प्रकार बोला—

प्र०—हे भगवन् ! लोक पहले है और अलोक पीछे है या अलोक पहले है और लोक पीछे है ?

उ०—हे रोहा ! लोक तथा अलोक पहले भी है और पीछे भी है—ये दोनों शाश्वत भाव हैं। हे रोहा ! यह अनानुपूर्वी है अर्थात् यह पहले और यह पीछे—इनका ऐसा क्रम नहीं है।

प्र०—हे भगवन् ! पहले लोकान्त है और पीछे अलोकान्त है या पहले अलोकान्त है और पीछे लोकान्त है ?

उ०—हे रोहा ! लोकान्त और अलोकान्त—यावत्—हे रोहा ! यह अनानुपूर्वी है।

प्र०—हे भगवन् ! पहले लोकान्त है और पीछे सप्तम अवकाशान्तर है या पहले सप्तम अवकाशान्तर और पीछे लोकान्त है ?

उ०—रोहा ! लोअंते य सत्तमे य ओवासंतरे पुव्वि पेते-जाव-अणाणुपुव्वी एसा रोहा !

एवं लोअंते य सत्तमे य तणुवाते ।
एवं घणवाते, घणोदही सत्तमा पुढवी ।

एवं लोअंते एक्केक्केणं संजोएयव्वे इमेहिं ठाणेहिं तं जहा—

गाहाओ—

ओवास वात घण उदहि, पुढवि, दीवा य सागरा वासा ।
नेरइयादि अत्थि य, समया कम्माइं लेस्साओ ।।

दिट्ठी दंसण णाणा, सण्ण सरीरा य जोग उवओगे ।
दव्व पदेसा पज्जव अद्धा ।

प०—किं पुव्वि लोयंते ?
उ०—

प०—पुव्वि भंते ! लोयंते ? पच्छा सव्वद्धा ?
उ०—

रोहा ! जहा लोयंतेणं संजोइया सव्वे ठाणा एते, एवं अलोयंतेणं वि संजोएयव्वा सव्वे ।

प०—पुव्वि भंते ! सत्तमे ओवासंतरे ? पच्छा सत्तमे तणुवाते ?

उ०—

रोहा ! एवं सत्तमं ओवासंतरे सव्वेहिं समं संजोएयव्वे -जाव-सव्वद्धाए ।

प०—पुव्वि भंते ! सत्तमे तणुवाते ? पच्छा सत्तमे घणवाते ?

उ०—

एयं पि तहेव नेतव्वं-जाव-सव्वद्धा ।

एवं उवरिल्लं एक्केक्कं संजोयंतेणं जो जो हेट्ठिल्लो तं तं छड्डेंतेणं नेयव्वं-जाव-अतीत-अणागतद्धा पच्छा सव्वद्धा जाव अणाणुपुव्वी एसा रोहा !

सेवं भंते ३ जाव विहरति ।

—भग. स. १, उ. ६, सु. १२-१३, १७-२४

।। समत्ता लोय-अलोय पण्णत्ति ।।

उ०—हे रोहा ! लोकान्त और सप्तम अवकाशान्तर पहले भी है—यावत्—हे रोहा ! यह अनानुपूर्वी है ।

इस प्रकार लोकान्त और सप्तम तनुवात, इसी प्रकार घनवात, घनोदधि और सप्तम पृथ्वी है ।

इसी प्रकार इन (आगे कहे जाने वाले) स्थानों में से प्रत्येक के साथ लोकान्त को संयुक्त करना चाहिये । यथा—

गाथार्थ—

(१) अवकाशान्तर, (२) वात, (३) घनोदधि, (४) पृथ्वी, (५) द्वीप, (६) सागर, (७) वर्ष (क्षेत्र), (८) नारकी आदि के २४ दण्डक, (९) अस्तिकाय, (१०) समय, (११) कर्म, (१२) लेश्या, (१३) दृष्टि, (१४) दर्शन, (१५) ज्ञान, (१६) संज्ञा, (१७) शरीर, (१८) योग, (१९) उपयोग, (२०) द्रव्य, (२१) प्रदेश, (२२) पर्याय और (२३) काल ।

प्र०—क्या ये पहले हैं और लोकान्त पीछे है ?
उ०—पूर्ववत् है ।

प्र०—हे भगवन् ! पहले लोकान्त है और पीछे सर्वअद्धा है ?
उ०—पूर्ववत् है ।

जिस प्रकार उक्त—सब स्थान लोकान्त के साथ संयुक्त किये गये हैं इसी प्रकार ये सब (उक्त) स्थान अलोकान्त के साथ भी संयुक्त करने चाहिए ।

प्र०—हे भगवन् ! पहले सप्तम अवकाशान्तर है और पीछे सप्तम तनुवात है ?

उ०—पूर्ववत् है ।

इस प्रकार सप्तम अवकाशान्तर को सबके साथ संयुक्त करने चाहिए—यावत्—सर्वअद्धा पर्यन्त ।

प्र०—हे भगवन् ! पहले सप्तम तनुवात है और पीछे सप्तम घनवात है ?

उ०—पूर्ववत् है ।

इसको भी सर्वअद्धा पर्यन्त उसी प्रकार कहना चाहिए ।

इस प्रकार ऊपर के एक-एक को संयुक्त करते हुए और नीचे के एक-एक को छोड़ते हुए कहना चाहिए—यावत्—अतीत अनागत अद्धा पीछे सर्व अद्धा—यावत्—हे रोहा ! यह अनानुपूर्वी है ।

हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है ३—यावत्—विचरण करता है ।

।। लोक-अलोक प्रज्ञप्ति समाप्त ।।

परिशिष्ट

- लोकालोक सम्बन्धी विविध प्रश्नोत्तर
- माप-विरूपण
- पर्वत कूट-द्रह आदि तालिका
- संकलन में प्रयुक्त आगमों के स्थल निर्देश
- विशिष्ट शब्द सूची

परिशिष्ट

१. चत्तारि एक्का पण्णत्ता । तं जहा—

(१) दविए एक्कए, (२) माउए एक्कए, (३) पज्जवेक्कए, (४) संगहे एक्कए ।

२. चत्तारि कती पण्णत्ता । तं जहा—

(१) दविएकती, (२) माउयकती, (३) पज्जवकती, (४) संगहकती ।

३. चत्तारि सव्वा पण्णत्ता । तं जहा—

(१) णाम सव्वए, (२) ठवण सव्वए, (३) आएस सव्वए, (४) णिरवसेस सव्वए ।

—ठाणं० अ० ४, उद्देशक २, सु० १९७

१. चार प्रकार के एक कहे गये हैं । यथा—

(१) द्रव्य एक, (२) मातृका एक, (३) पर्याय एक, (४) संग्रह एक ।[1]

२. चार प्रकार के कति=अनेक कहे गए हैं । यथा—

(१) द्रव्य कति, (२) मातृका कति, (३) पर्याय कति, (४) संग्रह कति ।[2]

३. चार प्रकार के सर्व कहे गए हैं । यथा—

(१) नाम सर्व, (२) स्थापना सर्व, (३) आदेश सर्व, (४) निरवशेष सर्व ।

(विवेचन टिप्पण पृष्ठ ७४८ पर देखें)

---

१. विवेचन—

द्रव्य एक—लोक में अनन्त जीव द्रव्य हैं और अनन्त अजीव द्रव्य हैं । द्रव्यत्व की अपेक्षा जीवद्रव्य है । अजीव द्रव्य भी एक है ।

२. मातृका एक—"उत्पाद-व्यय-ध्रौव्ययुक्त" यह मातृका पद एक है । इसमें तीन पद हैं—(१) उत्पाद, (२) व्यय, (३) ध्रौव्य ।

द्रव्य में एक पर्याय उत्पन्न होती है । द्रव्य की एक पर्याय नष्ट होती है और द्रव्य ध्रुव रहता है ।

लोक में स्थित अनन्तानन्त जीवाजीव द्रव्यों का यह मातृकापद एक है ।

३. पर्याय एक—लोक में अनन्त द्रव्य हैं—प्रत्येक द्रव्य की अनन्तानन्त पर्यायें हैं किन्तु पर्यायत्व की अपेक्षा पर्याय एक है ।

४. संग्रह एक—संग्रह अनेक पदार्थों का होता है उन अनेकों का संग्रह एक कहा जाता है ।

"वृक्ष" शब्द से एक वृक्ष भी कहा जाता है और अनेक वृक्ष भी कहे जाते हैं ।

२. विवेचन—

१. द्रव्य कति—प्रत्येक द्रव्य की अपेक्षा लोक में अनेक अर्थात् अनन्त द्रव्य हैं ।

२. मातृका कति—विभिन्न नयों की अपेक्षा से मातृका पद अनेक हैं ।

यथा-गृहस्थ—यह एक मातृका पद है—गृहस्थ में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र हैं ।

ब्राह्मण—यह भी मातृका पद है—ब्राह्मण में दाधीच, गौड़, आदि अनेक हैं । इस प्रकार अनेक मातृका पद हैं ।

३. पर्याय कति—प्रत्येक पर्याय की अपेक्षा एक द्रव्य के अनेक पर्याय हैं । अतीतकाल में एक द्रव्य के अनेक पर्याय हुए हैं और भविष्य काल में भी एक द्रव्य के अनेक पर्याय होंगे ।

४. संग्रह कति—अवान्तर जातियों की अपेक्षा अनेक संग्रह हैं यथा—एक उद्यान में अनेक वृक्षों का संग्रह है किन्तु आम, अनार, अमरूद, इमली, उदुम्बर आदि अवान्तर जातियों की अपेक्षा अनेक संग्रह हैं ।

(शेष विवेचन अगले पृष्ठ पर देखें)

लोइय गणियप्पगा।—

४ दसविहे संखाणे पण्णत्ते, तं जहा—गाहा

पडिकम्मं ववहारो, रज्जू रासी[1] कलासवण्णे य।
जावं ताव इ वग्गो, घणो य तह वग्गवग्गो वि।
कप्पो य[2]।

—ठाणं अ. १०, सु. ७४७।

लोयत अलोयंताणं फुसणा—

५. प०—लोअंते भंते ! अलोअंतं फुसइ ?
अलोअंते वि लोअंतं फुसइ ?

उ०—हंता गोयमा ! लोअंते अलोअंतं फुसइ।
अलोअंते वि लोअंतं फुसइ।

प०—तं भंते ! किं पुट्ठं फुसइ, अपुट्ठं फुसइ ?

लौकिक गणित के प्रकार—

४. दस प्रकार के संख्यान कहे गए हैं। यथा—

(१) परिकर्म, (२) व्यवहार, (३) रज्जू, (४) राशि, (५) कलासवर्ण, (६) यावत् तावत्, (७) वर्ग, (८) घन, (९) वर्गवर्ग, (१०) कल्प।[3]

लोकान्त और अलोकान्त का स्पर्श—

५. प्र०—भगवन् ! लोकान्त अलोकान्त का स्पर्श करता है ? अलोकान्त भी लोकान्त का स्पर्श करता है ?

उ०—हाँ गौतम ! लोकान्त अलोकान्त का स्पर्श करता है। अलोकान्त भी लोकान्त का स्पर्श करता है।

प्र०—भगवन् ! क्या उस स्पृष्ट को स्पर्श करता है या अस्पृष्ट को स्पर्श करता है ?

(शेष विवेचन ७४७ का)

३. **विवेचन**—

१. नाम सर्व—किसी व्यक्ति का "सर्व" नाम है वह नाम सर्व है।

२. स्थापना सर्व—किसी एक व्यक्ति या पदार्थ में सर्व की स्थापना करना स्थापना सर्व है।

जिस प्रकार एक व्यक्ति प्रतिनिधि होता है वह "स्थापना सर्व" है। जिन व्यक्तियों की ओर से जिसको प्रतिनिधि बनाया गया है उन सबका वह है अतः स्थापना सर्व है।

३. आदेश सर्व—किसी एक व्यक्ति को एक कार्य करने के लिए आदेश दिया। वह व्यक्ति उस कार्य को कर रहा है, कार्य सम्पूर्ण होने वाला है, थोड़ा कार्य शेष है—उस समय उसे पूछा—कार्य हो गया ? उसने कहा—हां हो गया, यह आदेश सर्व है।

४. निरवशेष सर्व—एक जगह एक धान्य की राशि पड़ी है, एक ने एक को कहा—यह सारा धान ले आओ, वह सारे धान्य को ले गया, यह निरवशेष सर्व है।

ये तीनों सूत्र सामान्य सूचक हैं—एक, अनेक और सर्व ये तीनों सामान्य संख्यायें हैं।

---

१. चउव्विहे संखाणे पण्णत्ते। तं जहा—
(१) पडिकम्मं, (२) ववहारे, (३) रज्जू, (४) रासी। —ठाणं अ० ४, उ० ३, सु० ३३७।

२. कप्पो य।" इतना गाथा से अधिक है।

३. **१. परिकर्म—संकलित आदि अनेक प्रकार के गणित।**
२. व्यवहार—श्रेणी व्यवहार आदि। इसे पाटी गणित भी कहते हैं।
३. रज्जू—क्षेत्र गणित।
४. राशि—अन्न की ढेरी की परिधि से अन्न का प्रमाण निकालना।
५. कला सवर्ण—जो संख्या अंशों में हो उसे समान करना।
६. यावत् तावत् इति—गुणाकार।
७. वर्ग—दो समान संख्याओं का गुणन।
८. घन—तीन समान संख्याओं का गुणनफल।
९. वर्ग वर्ग—वर्ग को वर्ग से गुणा करना।
१०. कल्प—पाटी गणित का एक प्रकार।
गणित के इन प्रकारों का विशेष ज्ञान करने के लिए स्थानांग वृत्ति तथा गणित के पारिभाषिक शब्दों का कोश देखना चाहिए।

उ०—गोयमा ! पुट्ठं फुसइ, नो अपुट्ठं फुसइ ।

उ०—गौतम ! स्पृष्ट को स्पर्श करता है, अस्पृष्ट को स्पर्श नहीं करता है ।

प०—तं भंते ! किं ओगाढं फुसइ, अणोगाढं फुसइ ?

प्र०—भगवन् ! क्या उस अवगाढ को स्पर्श करता है या अनवगाढ को स्पर्श करता है ?

उ०—गोयमा ! ओगाढं फुसइ, तो अणोगाढं फुसइ ।

उ०—गौतम ! अवगाढ को स्पर्श करता है, अनवगाढ को स्पर्श नहीं करता है ।

प०—तं भंते ! किं अणंतरोगाढं फुसइ, परंपरोगाढं फुसइ ?

प्र०—भगवन् ! क्या उस अनन्तरावगाढ को स्पर्श करता है, या परम्परावगाढ को स्पर्श करता है ?

उ०—गोयमा ! अणंतरोगाढं फुसइ, नो परंपरोगाढं फुसइ ।

उ०—गौतम ! अनन्तरावगाढ को स्पर्श करता है, परम्परावगाढ को स्पर्श नहीं करता है ।

प०—तं भंते ! किं अणुं फुसइ, बायरं फुसइ ?

प्र०—भगवन् ! क्या उस सूक्ष्म को स्पर्श करता है या स्थूल को स्पर्श करता है ?

उ०—गोयमा ! अणुं पि फुसइ, बायरं पि फुसइ ।

उ०—गौतम ! सूक्ष्म को भी स्पर्श करता है और स्थूल को भी स्पर्श करता है ।

प०—तं भंते ! किं उड्ढं फुसइ, तिरियं फुसइ, अहे फुसइ ?

प्र०—भगवन् ! क्या उस ऊर्ध्व—ऊपर को स्पर्श करता है, तिरछे को स्पर्श करता है, या नीचे को स्पर्श करता है ?

उ०—गोयमा ! उड्ढं पि फुसइ, तिरियं पि फुसइ, अहे वि फुसइ ।

उ०—गौतम ! ऊपर को भी स्पर्श करता है, तिरछे को भी स्पर्श करता है, नीचे को भी स्पर्श करता है ।

प०—तं भंते ! किं आइं फुसइ, मज्झे फुसइ, अंते फुसइ ?

प्र०—भगवन् ! क्या उसे आदि में स्पर्श करता है, मध्य में स्पर्श करता है, अन्त में स्पर्श करता है ?

उ०—गोयमा ! आइं पि फुसइ, मज्झे वि फुसइ, अंते वि फुसइ ।

उ०—गौतम ! आदि में भी स्पर्श करता है, मध्य में भी स्पर्श करता है, अन्त में भी स्पर्श करता है ।

प०—तं भंते ! किं सविसए फुसइ, अविसए फुसइ ?

प्र०—भगवन् ! क्या उसके स्वविषय को स्पर्श करता है, अविषय को स्पर्श करता है ?

उ०—गोयमा ! सविसए फुसइ, नो अविसए फुसइ ।

उ०—गौतम ! स्वविषय को स्पर्श करता है, अविषय को स्पर्श नहीं करता है ।

प०—तं भंते ! किं आणुपुव्वि फुसइ, अणाणुपुव्वि फुसइ ?

प्र०—भगवन् ! क्या उसे अनुक्रम से स्पर्श करता है, या बिना अनुक्रम के स्पर्श करता है ?

उ०—गोयमा ! आणुपुव्वि फुसइ, नो अणाणुपुव्वि फुसइ ।

उ०—गौतम ! अनुक्रम से स्पर्श करता है, बिना अनुक्रम के स्पर्श नहीं करता है ।

प०—तं भंते ! कइ दिसिं फुसइ ?

उ०—गोयमा ! नियमा छद्दिसिं फुसइ ।

—भग. स. १, उ. ६, सु. ५

प्र०—भगवन् ! उसे किस दिशा से स्पर्श करता है ?

उ०—गौतम ! निश्चित छहों दिशाओं से स्पर्श करता है ।

अहोलोयाईहिं धम्मत्थिकायाईणं फुसणा—

अधोलोक आदि से धर्मास्तिकाय आदि का स्पर्श—

६. प०—अहे लोए णं भंते ! धम्मत्थिकायस्स केवइयं फुसइ ?

६. प्र०—भगवन् ! अधोलोक धर्मास्तिकाय का कितना स्पर्श करता है ?

उ०—गोयमा ! सातिरेगं अद्धं फुसइ ।

उ०—गौतम ! आधे से कुछ अधिक (धर्मास्तिकाय) का स्पर्श करता है ।

प०—तिरियलोए णं भंते ! धम्मत्थिकायस्स केवइयं फुसइ ?

उ०— गोयमा ! असंखेज्जइ भागं फुसइ ।

प०—उड्ढलोए णं भंते ! धम्मत्थिकायस्स केवइयं फुसइ ?

उ०—गोयमा ! देसूणं अद्धं फुसइ ।

एवं अधम्मत्थिकाए, एवं लोयागासे वि ।

—भग. स. २, उ. १०, सु. १४-१६ (२२)

प्र०—भगवन् ! तिर्यक्लोक धर्मास्तिकाय का कितना स्पर्श करता है ?

उ०—गौतम ! (धर्मास्तिकाय के) असंख्यातवें भाग का स्पर्श करता है ।

प्र०—भगवन् ! ऊर्ध्वलोक धर्मास्तिकाय का कितना स्पर्श करता है ?

उ०—गौतम ! कुछ कम आधे (धर्मास्तिकाय) का स्पर्श करता है ।

इसी प्रकार (अधोलोक, तिर्यक् लोक, और ऊर्ध्व लोक) अधर्मास्तिकाय का स्पर्श करते हैं ।

इसी प्रकार (लोकाकाश अधर्मास्तिकाय) का स्पर्श करता है ।

अहोलोयाईहिं धम्मत्थिकायाईणं ओगाहणं—

७. प०—अहे लोए णं भंते ! धम्मत्थिकायस्स केवइयं ओगाढे ?

उ०—गोयमा ! साइरेगं अद्धं ओगाढे ।

एवं जाव उड्ढलोए ।

एवं अधम्मत्थिकाए, एवं लोयागासे वि ।

—भग. स. २०, उ. २, सु. ३

अधोलोक आदि से धर्मास्तिकाय आदि का अवगाहन—

प्र०—भगवन् ! अधोलोक धर्मास्तिकाय का कितना अवगाहन करता है ?

उ०—गौतम ! कुछ अधिक आधे का अवगाहन करता है ।

इसी प्रकार—यावत्—**ऊर्ध्वलोक पर्यन्त है ।**

इसी प्रकार अधर्मास्तिकाय का अवगाहन है ।

इसी प्रकार लोकाकाश का अवगाहन है ।

लोयालोयसेढीणं दव्वट्ठयाए संखेज्ज-असंखेज्ज अणंतत्तं—

८. प०—सेढीओणं भंते ! दव्वट्ठयाए किं संखेज्जाओ, असंखेज्जाओ, अणंताओ ?

उ०—गोयमा ! नो संखेज्जाओ, नो असंखेज्जाओ, अणंताओ ।

प०—पाईण-पडीणाययाओ णं भंते ! सेढीओ दव्वट्ठयाए किं संखेज्जाओ, असंखेज्जाओ, अणंताओ ?

उ०—गोयमा ! नो संखेज्जाओ, असंखेज्जाओ, नो अणंताओ ।

एवं दाहिणुत्तराययाओ वि ।

एवं उड्ढमहाययाओ वि ।

प०—लोयागाससेढीओ णं भंते ! दव्वट्ठाए किं संखेज्जाओ, असंखेज्जाओ, अणंताओ ?

उ०—गोयमा ! नो संखेज्जाओ, असंखेज्जाओ, नो अणंताओ ।

एवं पाईण-पडीणाययाओ वि ।

एवं दाहिणुत्तराययाओ वि ।

एवं उड्ढमहाययाओ वि ।

द्रव्य की अपेक्षा से लोकालोक की श्रेणियों का संख्येय-असंख्येय और अनन्तत्व—

प्र०—भगवन् ! द्रव्य की अपेक्षा लोकालोक की श्रेणियां क्या संख्येय हैं, असंख्येय हैं, अनन्त हैं ?

उ०—गौतम ! संख्येय नहीं हैं, असंख्येय नहीं हैं, अनन्त हैं ।

प्र०—भगवन् ! पूर्व से पश्चिम पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ द्रव्य की अपेक्षा क्या संख्येय हैं, असंख्येय हैं या अनन्त हैं ?

उ०—गौतम ! न संख्येय हैं, न असंख्येय हैं, अनन्त हैं ।

इसी प्रकार दक्षिण से उत्तर पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ हैं ।

इसी प्रकार ऊपर से नीचे तक लम्बी श्रेणियाँ हैं ।

प्र०—भगवन् ! द्रव्य की अपेक्षा लोकाकाश की श्रेणियाँ क्या संख्येय हैं, असंख्येय हैं या अनन्त हैं ?

उ०—गौतम ! संख्येय नहीं हैं, असंख्येय हैं, अनन्त नहीं हैं ।

इसी प्रकार पूर्व से पश्चिम पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ हैं ।

इसी प्रकार दक्षिण से उत्तर पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ हैं ।

इसी प्रकार ऊपर से नीचे तक लम्बी श्रेणियाँ हैं ।

प०—अलोयागाससेढीओ णं भंते ! दव्वट्ठयाए किं संखेज्जाओ, असंखेज्जाओ, अणंताओ ?

उ०—गोयमा ! नो संखेज्जाओ, नो असंखेज्जाओ, अणंताओ ।

एवं पाईण-पडीणाययाओ वि ।
एवं दाहिणुत्तरायायाओ वि ।
एवं उड्ढमहाययाओ वि ।

—भग. स. २५, उ. ३, सु. ६८-७९

लोयालोयसेढीणं पएसट्ठयाए संखेज्ज-असंखेज्ज-अणंतत्तं—

८. प०—सेढीओ णं भंते ! पएसट्ठयाए किं संखेज्जाओ, असंखेज्जाओ, अणंताओ ?

उ०—गोयमा ! जहा दव्वट्ठयाए तहा पएसट्ठयाए वि ।

एवं पाईण-पडीणाययाओ वि-**जाव**-उड्ढमहाययाओ ।
सव्वाओ अणंताओ ।

प०—लोयागाससेढीओ णं भंते ! पएसट्ठयाए किं संखेज्जाओ, असंखेज्जाओ, अणंताओ ?

उ०—गोयमा ! सिय संखेज्जाओ, सिय असंखेज्जाओ, नो अणंताओ ।

एवं पाईण-पडीणाययाओ वि, दाहिणुत्तरायायाओ वि ।

उड्ढमहाययाओ नो संखेज्जाओ, असंखेज्जाओ, नो अणंताओ ।

प०—अलोयागाससेढीओ णं भंते ! पएसट्ठयाए किं संखेज्जाओ, असंखेज्जाओ, अणंताओ ?

उ०—गोयमा ! सिय संखेज्जाओ, सिय असंखेज्जाओ, सिय अणंताओ ।

प०—पाईण-पडीणाययाओ णं भंते ! अलोयागाससेढीओ पएसट्ठयाए किं संखेज्जाओ, असंखेज्जाओ, अणंताओ ?

उ०—गोयमा ! नो संखेज्जाओ, नो असंखेज्जाओ, अणंताओ ।
एवं दाहिणुत्तरायायाओ वि ।

प०—उड्ढमहाययाओ णं भंते ! अलोयागाससेढीओ पएसट्ठयाए किं संखेज्जाओ, असंखेज्जाओ, अणंताओ ?

उ०—गोयमा ! सिय संखेज्जाओ, सिय असंखेज्जाओ, सिय अणंताओ ।

—भग. स. २५, उ. ३, सु. ८०-८७

प्र०—भगवन् ! द्रव्य की अपेक्षा अलोकाकाश की श्रेणियाँ क्या संख्येय हैं, असंख्येय हैं, या अनन्त हैं ?

उ०—गौतम ! संख्येय नहीं हैं, असंख्येय नहीं हैं, अनन्त हैं ।

इसी प्रकार पूर्व से पश्चिम पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ हैं ।
इसी प्रकार दक्षिण से उत्तर पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ हैं ।
इसी प्रकार ऊपर से नीचे तक लम्बी श्रेणियाँ हैं ।

प्रदेश की अपेक्षा से लोकालोक की श्रेणियों का संख्येय, असंख्येय, अनन्तत्व—

प्र०—भगवन् ! प्रदेश की अपेक्षा से श्रेणियाँ क्या संख्येय हैं, असंख्येय हैं या अनन्त हैं ?

उ०—गौतम ! द्रव्य की अपेक्षा से जैसा है वैसा ही प्रदेश की अपेक्षा से भी है ।

इसी प्रकार पूर्व से पश्चिम पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ—यावत्—**ऊपर से नीचे तक लम्बी श्रेणियाँ सब अनन्त हैं ।**

प्र०—भगवन् ! प्रदेश की अपेक्षा से लोकाकाश की श्रेणियाँ क्या संख्येय हैं, असंख्येय हैं या अनन्त हैं ?

उ०—गौतम ! कभी संख्येय हैं, कभी असंख्येय हैं, अनन्त नहीं हैं ।

इसी प्रकार पूर्व से पश्चिम पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ भी हैं । दक्षिण और उत्तर पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ भी हैं ।

ऊपर से नीचे तक लम्बी श्रेणियाँ संख्येय नहीं है, असंख्येय हैं, अनन्त नहीं हैं ।

प्र०—भगवन् ! प्रदेश की अपेक्षा से अलोकाकाश की श्रेणियाँ क्या संख्येय हैं, असंख्येय हैं या अनन्त हैं ?

उ०—गौतम ! कभी संख्येय हैं, कभी असंख्येय हैं और कभी अनन्त हैं ।

प्र०—भगवन् ! प्रदेश की अपेक्षा से पूर्व से पश्चिम पर्यन्त लम्बी अलोकाकाश की श्रेणियाँ क्या संख्येय हैं, असंख्येय हैं या अनन्त हैं ?

उ०—गौतम ! न संख्येय हैं, न असंख्येय हैं, अनन्त हैं ।

इसी प्रकार दक्षिण से उत्तर पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ भी हैं ।

प्र०—भगवन् ! प्रदेश की अपेक्षा से ऊपर से नीचे तक लम्बी श्रेणियाँ क्या संख्येय हैं, असंख्येय हैं या अनन्त हैं ?

उ०—गौतम ! कभी संख्येय हैं, कभी असंख्येय हैं और कभी अनन्त हैं ।

लोयालोयसेढीणं सादीय सपज्जवसियाइत्तं—

९. प०—सेढीओ णं भंते ! किं—

(१) सादीयाओ सपज्जवसियाओ,

(२) सादीयाओ अपज्जवसियाओ,

(३) अणादीयाओ सपज्जवसियाओ,

(४) अणादीयाओ अपज्जवसियाओ ?

उ०—गोयमा ! (१) नो सादीयाओ सपज्जवसियाओ,

(२) नो सादीयाओ अपज्जवसियाओ,

(३) नो अणादीयाओ सपज्जवसियाओ.

(४) अणादीयाओ अपज्जवसियाओ ।

एवं पाईण-पडीणाययाओ वि-**जाव**-उड्ढमहाययाओ ।

प०—लोयागाससेढीओ णं भंते ! किं—

(१) सादीयाओ सपज्जवसियाओ-जाव-

(२-४) अणादीयाओ अपज्जवसियाओ ?

उ०—गोयमा ! (१) सादीयाओ सपज्जवसियाओ ।

(२) नो सादीयाओ अपज्जवसियाओ ।

(३) नो अणादीयाओ सपज्जवसियाओ ।

(४) नो अणादीयाओ सपज्जवसियाओ ।

एवं पाईण-पडीणाययाओ वि-**जाव**-उड्ढमहाययाओ ।

प०—अलोयागाससेढीओ णं भंते ! किं—

(१) सादीयाओ सपज्जवसियाओ-जाव

(२-४) अणादीयाओ अपज्जवसियाओ ?

उ०—गोयमा ! (१) सिय सादीयाओ सपज्जवसियाओ ।

(२) सिय सादीयाओ अपज्जवसियाओ ।

(३) सिय अणादीयाओ सपज्जवसियाओ ।

(४) सिय अणादीयाओ अपज्जवसियाओ ।

पाईण-पडीणाययाओ दाहिणुत्तरायाओ य एवं चेव ।

नवरं—नो सादीयाओ सपज्जवसियाओ ।

सिय सादीयाओ अपज्जवसियाओ ।

सेसं तं चेव ।

उड्ढमहाययाओ जहा ओहियाओ तहेव चउभंगे ।

—भग. स. २५, उ. ३, सु. ८८-९४

लोकालोक की श्रेणियाँ : सादिसपर्यवसितत्व आदि—

प्र०—भगवन् ! श्रेणियाँ क्या—

(१) सादि सान्त हैं,

(२) सादि अनन्त हैं,

(३) अनादि सान्त हैं,

(४) अनादि अनन्त हैं ?

उ०—गौतम ! (१) सादि सान्त नहीं हैं,

(२) सादि अनन्त नहीं हैं,

(३) अनादि सान्त नहीं हैं,

(४) अनादि अनन्त हैं ।

इसी प्रकार पूर्व से पश्चिम पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ भी हैं—यावत्—उपर से नीचे तक लम्बी श्रेणियाँ भी हैं ।

प्र०—भगवन् ! लोकाकाश श्रेणियाँ क्या—

(१) सादि सान्त हैं—**यावत्**—

(२-४) अनादि अनन्त हैं ?

उ०—गौतम ! (१) सादि सान्त हैं,

(२) सादि अनन्त नहीं हैं,

(३) अनादि सान्त नहीं हैं,

(४) अनादि अनन्त नहीं है ।

इसी प्रकार पूर्व से पश्चिम पर्यन्त लम्बी लोकाकाश श्रेणियाँ भी हैं—यावत्—ऊपर से नीचे तक लम्बी लोकाकाश श्रेणियाँ भी हैं ।

प्र०—भगवन् ! अलोकाकाश श्रेणियाँ क्या—

(१) सादि सान्त हैं—**यावत्**—

(२-४) अनादि अनन्त हैं ?

उ०—गौतम ! (१) कभी सादि सान्त हैं,

(२) कभी सादि अनन्त हैं,

(३) कभी अनादि सान्त हैं,

(४) कभी अनादि अनन्त हैं ।

इसी प्रकार पूर्व से पश्चिम पर्यन्त लम्बी अलोकाकाश श्रेणियाँ और दक्षिण से उत्तर पर्यन्त लम्बी अलोकाकाश श्रेणियाँ हैं ।

विशेष—सादि सान्त नहीं हैं,

कभी सादि अनन्त हैं ।

शेष पूर्ववत् हैं ।

जैसी सामान्य श्रेणियाँ हैं वैसी ही ऊपर से नीचे तक लम्बी अलोकाकाश श्रेणियों की चौभंगी हैं ।

लोयालोयसेढीणं दव्वट्ठयाए, पएसट्ठयाए य कडजुम्मा-इयत्तं—

१० प०—सेढीओ णं भंते ! दव्वट्ठयाए किं—

(१) कडजुम्माओ, (२) तेओयाओ ।

(३) दावरजुम्माओ, (४) कलियोगाओ ?

उ०—गोयमा ! (१) कडजुम्माओ, (२) नो तेओयाओ, (३) नो दावरजुम्माओ, (४) नो कलियोगाओ ।

एवं पाईण-पडीणाययाओ-**जाव**-उड्ढमहाययाओ ।

लोयागास सेढीओ एवं चेव ।

एवं अलोयागास सेढीओ वि ।

प०—सेढीआ णं भंते ! पएसट्ठयाए किं—

(१) कडजुम्माओ, (२) तेओयाओ,

(३) दावरजुम्माओ, (४) कलियोगाओ ?

उ०—गोयमा ! (१) कडजुम्माओ, (२) नो तेओयाओ, (३) नो दावरजुम्माओ, (४) नो कलियोगाओ ।

एवं पाईण-पडीणाययाओ-**जाव**-उड्ढमहाययाओ ।

प०—लोयागास सेढीओ णं भंते ! पएसट्ठयाए किं—

(१) कडजुम्माओ-जाव (२-४) **कलिओगाओ ?**

उ०—गोयमा ! (१) सिय कडजुम्माओ, (२) नो तेओयाओ, (३) सिय दावरजुम्माओ, (४) नो कलियाओ ।

एवं पाईण-पडीणाययाओ वि, दाहिणुत्तरायायाओ वि ।

प०—उड्ढमहाययाओ णं भंते ! किं—

(१) कडजुम्माओ-जाव (२-४) **कलिओगाओ ?**

उ०—गोयमा ! (१) कडजुम्माओ, (१) नो तेओयाओ, (३) नो दावरजुम्माओ, (४) नो कलिओगाओ ।

द्रव्य की अपेक्षा से और प्रदेशों की अपेक्षा से लोकालोक श्रेणियों का कृतयुग्मादित्व—

प्र०—भगवन् ! द्रव्य की अपेक्षा से श्रेणियाँ क्या—

(१) कृतयुग्म हैं, (२) त्र्योज हैं,

(३) द्वापरयुग्म हैं, (४) कल्योज हैं ?[1]

उ०—गौतम ! (१) कृतयुग्म हैं, (२) न त्र्योज हैं,

(३) न द्वापरयुग्म हैं, (४) न कल्योज हैं ।

इसी प्रकार पूर्व से पश्चिम पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ हैं—यावत्—**ऊपर से नीचे तक लम्बी श्रेणियाँ हैं ।**

द्रव्य की अपेक्षा से लोकाकाश श्रेणियाँ भी इसी प्रकार हैं ।

द्रव्य की अपेक्षा से अलोकाकाश श्रेणियाँ भी इसी प्रकार हैं ।

प्र०—भगवन् ! प्रदेशों की अपेक्षा से श्रेणियाँ क्या—

(१) कृतयुग्म हैं, (२) त्र्योज हैं,

(३) द्वापरयुग्म हैं, (४) कल्योज हैं ?

उ०—गौतम ! (१) कृतयुग्म हैं, (२) न त्र्योज हैं,

(३) न द्वापरयुग्म हैं, (४) न कल्योज हैं ।

इसी प्रकार प्रदेशों की अपेक्षा से पूर्व से पश्चिम पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ हैं—यावत्—ऊपर से नीचे तक लम्बी श्रेणियाँ हैं ।

प्र०—भगवन् ! प्रदेशों की अपेक्षा से लोकाकाश श्रेणियाँ क्या—

(१) कृतयुग्म हैं—**यावत्**—(२-४) कल्योज हैं ?

उ०—गौतम ! (१) कभी कृतयुग्म हैं, (२) त्र्योज नहीं हैं, (३) कभी द्वापरयुग्म हैं, (४) कल्योज नहीं है ।

इसी प्रकार पूर्व से पश्चिम पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ भी हैं और दक्षिण से उत्तर पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ भी हैं ।

प्र०—भगवन् ! प्रदेशों की अपेक्षा से ऊपर से नीचे तक लम्बी श्रेणियाँ क्या—

(१) कृतयुग्म हैं—**यावत्**—(२-४) कल्योज हैं ?

उ०—गौतम ! (१) कृतयुग्म हैं, (२) न त्र्योज हैं,

(३) न द्वापरयुग्म हैं, (४) न कल्योज हैं ।

---

१ इनकी परिभाषा इस प्रकार है—

(१) **कृतयुग्म**—राशि में से चार-चार घटाने पर शेष चार रहे, जैसे—८, १२, १६, २०·····

(२) **त्र्योज**—राशि में से चार-चार घटाने पर शेष तीन रहे, जैसे—७, ११, १५, १९·····

(३) **द्वापर युग्म**—राशि में से चार-चार घटाने पर शेष दो रहे, जैसे—६, १०, १४, १८·····

(४) **कल्योज**—राशि से चार-चार घटाने पर एक शेष रहे, जैसे—५, ९, १३, १७, २१····· —स्थानांगवृत्ति, पत्र २२६

प०—अलोयागाससेढीओ णं भंते ! पएसट्ठयाए किं—

(१) कडजुम्माओ-जाव (२-४) कलियोगाओ ?

उ०—गोयमा ! (१) सिय कडजुम्माओ-जाव (२-४) सिय कलियोगाओ ।

एवं पाईण-पडीणाययाओ वि ।

एवं दाहिणुत्तरायया ओ वि ।

उड्ढमहाययाओ वि एवं चेव ।

नवरं—नो कलियोगाओ । सेस तं चेव ।

—भग. स. २५, उ. ३, सु. ९५-१०७

सेढीणं सत्त भेया—

११. प०—कति णं भंते ! सेढीओ पण्णत्ताओ ?

उ०—गोयमा ! सत्तसेढीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

(१) उज्जु आयता, (२) एगओ वंका, (३) दुहओ वंका, (४) एगओ खहा, (५) दुहओ खहा, (६) चक्कवाला, (७) अद्धचक्कवाला ।

—भग. स. २५, उ. ३, सु. १०८

प्र०—भगवन् ! प्रदेशों की अपेक्षा से अलोकाकाश श्रेणियाँ क्या—

(१) कृतयुग्म हैं—यावत्—(२-४) कल्योज हैं ?

उ०—गौतम ! (१) कभी कृतयुग्म हैं—यावत्—(२-४) कभी कल्योज हैं ।

इसी प्रकार पूर्व से पश्चिम पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ भी हैं ।

इसी प्रकार दक्षिण से उत्तर पर्यन्त लम्बी श्रेणियाँ भी हैं ।

इसी प्रकार ऊपर से नीचे तक लम्बी श्रेणियाँ भी हैं ।

विशेष—कल्योज नहीं है, शेष पूर्ववत् ।

श्रेणियों के सात भेद—

प्र०—भगवन् ! श्रेणियाँ कितनी कही गई हैं ?

उ०—गौतम ! श्रेणियाँ सात कही गई हैं, यथा—

(१) ऋजु आयत, (२) एक ओर से वक्र, (३) दो ओर से वक्र, (४) एक ओर से क्षत, (५) दो ओर से क्षत, (६) चक्रवाल, (७) अर्धचक्रवाल ।

❀❀

परिशिष्ट : २

माव-निरुवणं

खेत्तप्पमाण परूवणं—

१. प०—से किं तं खेत्तप्पमाणे ?

उ०—खेत्तप्पमाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—

(१) पदेसनिप्फणे य, (२) विभागनिप्फण्णे य ।

प०—से किं तं पदेसनिप्फण्णे ?

उ०—पदेसनिप्फण्णे—एग पदेसोगाढे-जाव-दस पदेसोगाढे संखेज्जपदेसोगाढे, असंखेज्जपदेसोगाढे, से तं पएस निप्फण्णे ।

प०—से किं तं विभाग निप्फण्णे ?

उ०—संगहणी गाहा—

(१) अंगुल, (२) विहत्थी, (३) रयणी,
(४) कुच्छी, (५) धणु, (६) गाउयं च बोधव्वं ।
(७) जोयण, (८) सेढी, (९) पयरं,
(१०) लोगमलोगे वि य तहेव ।

माप-निरूपण

क्षेत्र प्रमाण प्ररूपण—

१. प्र०—भगवन् ! वह क्षेत्र प्रमाण क्या है ?

उ०—क्षेत्र प्रमाण दो प्रकार का कहा है । यथा—

(१) प्रदेशनिष्पन्न और (२) विभागनिष्पन्न ।

प्र०—प्रदेशनिष्पन्न का स्वरूप क्या है ?

उ०—प्रदेश निष्पन्न का स्वरूप इस प्रकार है—एक प्रदेशावगाढ, (दो प्रदेशावगाढ)—यावत्—दस प्रदेशावगाढ, संख्यात प्रदेशावगाढ तथा असंख्यात प्रदेशावगाढ ।

प्र०—विभाग निष्पन्न का स्वरूप क्या है ?

उ०—(विभाग निष्पन्न अनेक प्रकार का है) यथा—संग्रहणी गाथा के अनुसार—

(१) अंगुल, (२) वितस्ति (बैंत), (३) रत्नी, (४) कुक्षी, (५) धनु, (६) गाऊ (कोश), (७) योजन, (८) श्रेणी, (९) प्रतर तथा (१०) लोक-अलोक ।

२. प०—से किं तं अंगुले ?

उ०—अंगुले तिविहे पण्णत्ते, तं जहा—

(१) आयंगुले, (२) उस्सेहंगुले, (३) पमाणंगुले ।

प०—से किं तं आयंगुले ?

उ०—आयंगुले—जे ण जया मणुस्सा भवंति, ते णं तया अप्पणो अंगुलेणं दुवालस अंगुलाइं मुहं; नवमुहाइं पुरिसे पमाणजुत्ते भवइ, दोणिए पुरिसे माणजुत्ते भवइ,

अद्धभारं तुलमाणे पुरिसे उम्माणजुत्ते भवइ ।

एत्थ संगहणी गाहाओ—

माणुम्माणपमाणजुत्ता लक्खण-वंजण-गुणेहिं उववेया ।।
उत्तमकुलप्पसूया उत्तमपुरिसा मुणेयव्वा ।।

होंति पुण अहिय पुरिसा, अट्ठसयं अंगुलाण उव्विद्धा ।।
छण्णउइ अहमपुरिसा, चउरूत्तर मज्झिमिल्ला उ ।।

हीणा वा अहिया वा; जे खलु-सर-सत्त-सारपरिहीणा ।।
ते उत्तमपुरिसाणं, अवसा पेसत्तणमुवेंति ।।

एएणं अंगुलप्पमाणेणं छ अंगुलाइं पादो,
दो पादा विहत्थी,
दो विहत्थीओ रयणी,
दो रयणीओ कुच्छी,

दो कुच्छीओ दंडं, धणू जुगे नालिया अक्खमुसले,

दो धणुसहस्साइं गाउयं,
चत्तारि गाउयाइं जोयणं ।

प०—एएणं आयंगुलप्पमाणेणं किं पओयणं ?

उ०—एएणं आयंगुलप्पमाणेणं जे णं जया मणुस्सा भवंति, तेसि णं तया अप्पणो अंगुलेणं अगड-दह-नदी-तलाग-वावी-पुक्खरणी-दीहिया-गुंजालियाओ, सरा सरपंतियाओ सरसरपंतियाओ, बिलपंतियाओ;

२. प्र०—अंगुल का स्वरूप क्या है ?

उ०—अंगुल तीन प्रकार का कहा है, यथा—

(१) आत्मांगुल, (२) उत्सेधांगुल, (३) प्रमाणांगुल ।

प्र०—आत्मांगुल क्या है ?

उ०—जिस काल में जो मनुष्य होते हैं, उनकी अपनी अंगुल-आत्मांगुल है । उसकी बारह अंगुल प्रमाण का एक मुख होता है । नौ मुख-प्रमाण एक पुरुष होता है । द्रोणी प्रमाण पुरुष प्रमाण-युक्त होता है ।[1]

अर्द्धभार प्रमाण तुला हुआ पुरुष (तराजू में बैठा हुआ पुरुष अर्द्धभार प्रमाण तुलने पर) उन्मानयुक्त होता है ।

संग्रहणी गाथाएँ—

मान-उन्मान-प्रमाण से युक्त, लक्षण (शंख, स्वस्तिक आदि) व्यंजन (तिल मष आदि) तथा गुणों (औदार्य गांभीर्य आदि) से सम्पन्न, उत्तम कुल में उत्पन्न पुरुष उत्तम पुरुष माने जाते हैं ।

ये उत्तम पुरुष १०८ अंगुल प्रमाण ऊँचे होते हैं । अधम पुरुष ९६ अंगुल तथा मध्यम पुरुष १०४ अंगुल ऊँचे होते हैं ।

ये हीन पुरुष तथा अधिक (मध्यम) पुरुष जो कि स्वर-सत्त्व-सार-शुभ पुद्गलों से हीन होते हैं वे पराधीन रहकर उत्तम पुरुषों का प्रेष्यत्व-सेवा-चाकरी करते हैं ।

इस अंगुल प्रमाण से छह अंगुल का एक पाद,
दो पाद की एक वितस्ति,
दो वितस्ति की एक रत्नि,
दो रत्नि की एक कुक्षी,

दो कुक्षी का एक दण्ड, एक धनुष, एक युग, एक नालिका, एक अक्ष तथा एक मूसल होता है । (सभी समानार्थक)

दो हजार धनुष का एक गव्यूत होता हैं ।
चार गव्यूत (गाऊ) का एक योजन होता हैं ।

प्र०—इस आत्मांगुल प्रमाण से किस प्रयोजन की सिद्धि होती है ?

उ०—जिस काल में जो मनुष्य होते हैं, उनके इस आत्मांगुल प्रमाण से इन सब का नाप किया जाता है—कूप, ह्रद, नदी, तालाब, बावड़ी, पुष्करिणी, (कमलयुक्त जलाशय) दीर्घिका (लम्बी बावड़ी) गुंजालिका (वक्राकार बावड़ी) सर (प्राकृतिक जलाशय) सरपंक्ति, सरसरपंक्ति, बिल पंक्ति,

---

१ उक्त कथन के अनुसार १०८ आत्मांगुल की ऊँचाई वाला पुरुष प्रमाण होता है । द्रोणी पुरुष का अर्थ है—एक दोणी (जल कुण्ड-हौज) परिपूर्ण जल से भर लेने पर कोई पुरुष जब उसमें प्रवेश करे तो एक द्रोण प्रमाण जल बाहर निकल जावे, उस पुरुष का प्रमाण द्रोणिक मात्र अर्थात् उस पुरुष को प्रमाण पुरुष माना जाता है । —अनुयोग. टीका

आरामुज्जाण-काणण-वण-वणसंड, वणराईओ ।
देवकुल-सभा-पवा-थूभ-खाइय-परिहाओ ।
पागारऽट्टालग-चरिय-दार-गोपुर-तोरण-पासाद-घर-सरण-लेण-आवण-सिंघाडग-तिय-चउक्क-चच्चर-चउमुह-महापह-पहा ।

आराम, उद्यान, कानन-वन, वनखंड, वनराजि, देवकुल, सभा, प्रपा, स्तूप, खातिका, परिखा (खाई), प्राकार, अट्टालिका, चरिका, द्वार, गोपुर, प्रासाद, गृह, शरण, लयन, आपण, शृंगाटक, त्रिक, चतुष्क, चत्वर, चतुर्मुख, महापथ पथ,

सगड-रह-जाण-जुग्ग-गिल्लि-थिल्लि-सीय-संदमाणिय-लोही-लोहकडाह-कडुच्छुय-आसण-सतण-खंभ-भंड-मत्तोवगरणमाइणि, अज्जकालिगाइं च जोयणाइं मविज्जंति ।

शकट, रथ, यान, युग्म, गिलि, थिलि, शिबिका, स्यन्दमानिका, लौही, लौह कटाही, कटल्लिका, आसन, सतण, स्तम्भ, भांड, अमत्र उपकरण आदि अपने-अपने समय में उत्पन्न हुई वस्तुएँ तथा योजन आदि का नाप—आत्मांगुल से किया जाता हैं ।

से समासओ तिविहे पण्णत्ते, तं जहा—
(१) सूईअंगुले, (२) पयरंगुले, (२) घणंगुले ।

यह आत्मांगुल संक्षेप में तीन प्रकार का है, यथा—
(१) सूच्यंगुल, (२) प्रतरांगुल और (३) घनांगुल ।

(१) अंगुलाययया एग पएसिया सेढी सूयीअंगुले ।

(१) एक अंगुल लम्बी तथा बाहल्य की अपेक्षा एक प्रदेश प्रमाण (मोटी) प्रदेश श्रेणी का नाम सूच्यंगुल है ।

(२) सूई सूईए गुणिया पयरंगुले,

(२) सूच्यंगुल को सूच्यंगुल के साथ गुणा करने पर प्रतरांगुल होता हैं ।

(३) पयरं सूईएगुणियं घणंगुले ।

(३) प्रतर को सूच्यंगुल से गुणा करने पर घनांगुल होता है ।

प०—एएसि णं सूई अंगुल-पयरंगुल-घणंगुलाण य कयरे-कयरे हिंतो अप्पे वा-जाव-विसेसाहिए वा ?

प्र०—इनमें से सूची अंगुल-प्रतरांगुल-घनांगुल-कौन किससे अल्प है, कौन किससे बहुत है ?

उ०—सव्वत्थोवे सूई अंगुले,

उ०—सबसे कम सूच्यंगुल है ।

पयरंगुले असंखेज्जगुणे,

सूच्यंगुल से असंख्यात गुण प्रतरांगुल है ।

घणंगुले असंखेज्जगुणे, से तं आयंगुले ।

प्रतरांगुल से असंख्यात गुण घनांगुल है । इस प्रकार आत्मांगुल का प्रमाण है ।

प०—से किं तं उस्सेहंगुले ?

प्र०—उत्सेधांगुल क्या है ?

उ०—उस्सेहंगुले अणेगविहे पण्णत्ते, तं जहा—

उ०—उत्सेधांगुल अनेक प्रकार का कहा है, यथा—

संगहणी गाहा—
(१) परमाणु, (२) तसरेणू,
(३) रहरेणू, (४) अग्गयं च बालस्स,
(५) लिक्खा, (६) जूया य, (७) जवो,
अट्ठगुणविवड्ढिया कमसो ॥

संग्रहणी गाथा—
(१) परमाणु (२) त्रसरेणु, (३) रथरेणु, (४) बालाग्र, (५) लिक्षा, (६) यूका, (७) यव ये क्रमशः उत्तरोत्तर आठ गुने हैं ।

३. प०—से किं तं परमाणू ?

प्र०—परमाणु का स्वरूप क्या है ?

उ०—परमाणु दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—
(१) सुहुमे य, (२) वावहारिए य ।
तत्थ णं जे सुहुमे से ठप्पे ।

उ०—परमाणु दो प्रकार का है, यथा—
(१) सूक्ष्म और (२) व्यावहारिक परमाणु ।
जो सूक्ष्म परमाणु है, वह अव्याख्येय है, अतः वर्णन छोड़ दिया गया है ।

प०—से किं तं वावहारिए ?

प्र०—व्यावहारिक परमाणु क्या है ?

उ०—वावहारिए अणंताणं सुहुम परमाणु पोग्गलाणं समुदय समिति समागमेणं से एगे वावहारिए परमाणु पोग्गले निप्फज्जइ ।

उ०—वह व्यावहारिक परमाणु अनन्तानन्त सूक्ष्म परमाणु पुद्गलों के समुदय समिति समागम—एकीभवन रूप संयोगात्मक मिलन से उत्पन्न होता है ।

प०—से णं असिधारं वा खुरधारं वा ओगाहेज्जा ?

उ०—हंता ! ओगाहेज्जा ।

प०—से णं तत्थ छिज्जेज्ज वा, भिज्जेज्ज वा ?

उ०—नो इणट्ठे समट्ठे, नो खलु तत्थ सत्थं कमति ।

प०—से णं तत्थं अगणिकायस्स मज्झं मज्झेणं वीईवएज्जा ?

उ०—हंता ! वीईवएज्जा ।

प०—से णं तत्थ डहेज्जा ?

उ०—नो इणट्ठे समट्ठे, नो खलु तत्थ सत्थं कमइ ।

प०—से णं पुक्खल संवट्टस्स महामेहस्स मज्झं मज्झेणं वीईवएज्जा ?

उ०—हंता ! वीईवएज्जा ।

प०—से णं तत्थ उदउल्ले सिया ?

उ०—नो इणट्ठे समट्ठे, नो खलु तत्थ सत्थं कमइ ।

प०—से णं गंगाए महाणईए पडिसोयं हव्वमागच्छेज्जा ?

उ०—हंता ! हव्वमागच्छेज्जा ।

प०—से णं तत्थ विणिघायमावज्जेज्जा ?

उ०—नो इणट्ठे समट्ठे । नो खलु तत्थ सत्थं कमइ ।

प०—से णं उदगावत्तं वा उदगबिंदु वा ओगाहेज्जा ?

उ०—हंता ! ओगाहेज्जा ।

प०—से णं तत्थ कुच्छेज्ज वा परियावज्जेज्ज वा ?

उ०—नो इणट्ठे समट्ठे । नो खलु तत्थ सत्थं कमइ ।

एत्थ संगहणी गाहा—

सत्थेण सुतिक्खेण वि छेत्तुं भेत्तुं व जं किर न सक्का ।
तं परमाणू सिद्धावयंति आई पमाणाणं ॥

प्र०—क्या वह व्यावहारिक परमाणु तलवार या क्षुर (छुरे) की धार का अवगाहन (उन पर आक्रमण) कर सकता है ।

उ०—हाँ ! कर सकता है ।

प्र०—क्या वह उनसे छिन्न (दो टुकड़े) अथवा भेदा जा सकता है ?

उ०—ऐसा संभव नहीं ! उसके ऊपर शस्त्र का प्रभाव नहीं पड़ता ।

प्र०—क्या वह (व्यावहारिक परमाणु) अग्निकाय के मध्य भाग से निकल सकता है ?

उ०—हाँ ! निकल सकता है ।

प्र०—क्या वह अग्निकाय से जल जाता है ?

उ०—नहीं, ऐसा सम्भव नहीं है ।

प्र०—क्या वह पुष्कल संवर्तक महामेघ के बीचोबीच निकल जाता है ?

उ०—हाँ ! निकल जाता है ।

प्र०—क्या वह पानी से गीला हो जाता है ?

उ०—नहीं, यह अर्थ समर्थ नहीं (ऐसा सम्भव नहीं) ।

प्र०—क्या वह गंगा महानदी के प्रवाह के बीच से (प्रतिस्रोत से) शीघ्र जा सकता है ?

उ०—हाँ ! जा सकता है ।

प्र०—क्या वह प्रतिस्रोत में चलने से प्रतिस्खलना को प्राप्त होता है ?

उ०—नहीं ! यह अर्थ समर्थ नहीं है ।

प्र०—क्या वह उदकावर्त (जल भ्रम) से अथवा उदकबिन्दु में अवगाहित हो सकता है ?

उ०—हाँ ! हो सकता है ।

प्र०—तो क्या वह वहाँ सड़ जाता है ? या जलरूप में परिणत हो जाता है ?

उ०—नहीं ! यह अर्थ समर्थ नहीं है ?

यहाँ संग्रहणी गाथा है—

केवलज्ञानियों ने कहा है—परमाणु सुतीक्ष्ण शस्त्र से भी छेदा-भेदा नहीं जा सकता । यह परमाणु प्रमाणों में आदि प्रमाण है, (अर्थात् सभी प्रमाणों की गणना इसी आधार पर की जाती है) ।

४. अणंताणं वावहारियपरमाणु पोग्गलाणं समुदय-समितिसमागमेणं सा एगा उस्सण्हसण्हिया इ वा, सण्हसण्हिया इ वा, उड्ढरेणु इ वा, तसरेणू इ वा, रहरेणू इ वा ।

४. अनन्तानन्त व्यावहारिक परमाणु पुद्गलों के संयोग से जो उत्पन्न होता है, वह एक उत्श्लक्ष्णश्लक्ष्णिका है । श्लक्ष्णश्लक्ष्णिका, ऊर्ध्वरेणु, त्रसरेणु, रथरेणु आदि क्रमशः जानना चाहिए ।

अट्ठ उस्सण्ह सण्हियाओ सा एगा सण्हसण्हिया ।
अट्ठ सण्हसण्हियाओ सा एगा उड्ढरेणू ।
अट्ठ उड्ढरेणूओ सा एगा तसरेणू ।
अट्ठ तसरेणूओ सा एगा रहरेणू ।
अट्ठ रहरेणूओ देवकुरु-उत्तरकुरुयाणं मणुयाणं से एगे बालग्गे ।

अट्ठ देवकुरु-उत्तरकुरूयाणं मणुयाणं वालग्गा हरिवास-रम्मगवासाणं मणुयाणं से एगे बालग्गे ।
अट्ठ हरिवास-रम्मगवासाणं मणुयाणं बालग्गा हेमवय हेरण्ण-वयवासाणं मणुयाणं से एगे बालग्गे ।
अट्ठ हेमवय-हेरण्णवयवासाणं मणुयाणं बालग्गा, पुव्वविदेह अवरविदेहाणं मणुयाणं से एगे बालग्गे ।
अट्ठ पुव्वविदेह-अवरविदेहाणं मणुयाणं बालग्गा भरहेरवयाणं मणुयाणं से एगे बालग्गे ।
अट्ठ भरहेरवयाणं मणुयाणं बालग्गा सा एगा लिक्खा ।

अट्ठ लिक्खाओ सा एगा जूया ।
अट्ठ जूयाओ से एगे जवमज्झे ।
अट्ठ जवमज्झे से एगे उस्सेहंगुले ।
एएणं अंगुलपमाणेणं छ अंगुलाइं पादो ।
बारस अंगुलाइं विहत्थी ।
चउवीसं अंगुलाइं रयणी ।
अडयालीसं अंगुलाइं कुच्छी ।
छण्णउई अंगुलाइं से एगे दंडे इ वा, धणू इ वा, जुगे इ वा, नालिया इ वा, अक्खे इ वा, मुसले इ वा ।
एएणं धणुप्पमाणेणं दो धणुसहस्साइं गाउयं ।
चत्तारि गाउयाइं जोयणं ।

आठ उत्श्लक्ष्णश्लक्ष्णिका से एक श्लक्ष्णश्लक्ष्णिका,
आठ श्लक्ष्णश्लक्ष्णिका से एक ऊर्ध्वरेणु,
आठ ऊर्ध्वरेणु से एक त्रसरेणु,
आठ त्रसरेणु से एक रथरेणु,
आठ रथरेणु प्रमाण देवकुरु-उत्तरकुरु के मनुष्यों का एक बालाग्र होता है ।

देवकुरु-उत्तरकुरु के मनुष्यों के आठ बालाग्र प्रमाण हरिवर्ष-रम्यक्वर्ष के मनुष्यों का एक बालाग्र होता है ।

हरिवर्ष-रम्यक्वर्ष के मनुष्यों के आठ बालाग्र प्रमाण हेमवत-हेरण्यवत क्षेत्र के मनुष्यों का एक बालाग्र होता है ।

हेमवत-हैरण्यवत के मनुष्यों के आठ बालाग्र प्रमाण पूर्वविदेह एक अपर विदेह के मनुष्यों का एक बालाग्र····।

पूर्वविदेह-अपर विदेह के मनुष्यों के आठ बालाग्र प्रमाण भरत-ऐरवत के मनुष्यों का एक बालाग्र····।

भरत-ऐरवत के मनुष्यों के आठ बालाग्र प्रमाण की एक लिक्षा होती है ।

आठ लिक्षा प्रमाण एक यूका,
आठ यूका प्रमाण एक यवमध्य,
आठ यवमध्य का एक उत्सेधांगुल,
उसी क्रम से छह अंगुलों का एक पाद होता है,
बारह अंगुल (२ पाद) की एक वितस्ति,
चौबीस अंगुल की एक रयणी=रत्नि,
अड़तालीस अंगुल की एक-एक कुक्षि,
छियानवे अंगुल का एक दण्ड, इसी प्रमाण को एक धनुष, एक युग, एक नालिका, एक अक्षा तथा एक नालिका भी कहते हैं ।

इस धनुष प्रमाण से दो हजार धनुष का एक गव्यूत (गाऊ) तथा—चार गव्यूत (गाऊ-क्रोश) का एक योजन होता है ।

५. प०—एएणं उस्सेहंगुलेणं किं पओयणं ?

उ०—एएणं उस्सेहंगुलेणं णेरइय-तिरिक्ख जोणिय-मणूस-देवाणं सरीरोगाहणाओ मविज्जंति ।

—अणु० सु० ३३०-३४६

५. प्र०—भगवन् ! इस उत्सेध अंगुल का प्रयोजन क्या है ?

उ०—इस उत्सेधांगुल से नारक-तिर्यंच-मनुष्य और देवों के शरीर की अवगाहना नापी जाती है ।

उत्सेध अंगुल के प्रकार—

६. से समासओ तिविहे पण्णत्ते, तं जहा—

(१) सूईअंगुले, (२) पयरंगुले, (३) घणंगुले ।

(१) अंगुलायया एगपएसिया सेढी सूईअंगुले ।

(२) सूई सूईए गुणिया पयरंगुले ।

(३) पयरं सूईए गुणियं घणंगुले ।

उत्सेधांगुल के प्रकार—

६. यह उत्सेधांगुल संक्षेप में तीन प्रकार का कहा है, यथा—

(१) सूच्यंगुल, (२) प्रतरांगुल और (३) घनांगुल ।

(१) एक अंगुल लम्बी तथा एक प्रदेश मोटी जो नभःप्रदेश श्रेणी है, उसका नाम सूच्यंगुल है ।

(२) सूची को सूची से गुणित करने पर प्रतरांगुल बनता है ।

(३) सूची से गुणित प्रतरांगुल-घनांगुल कहलाता है ।

७. प०—एएसि णं सूईअंगुल-पयरंगुल-घणंगुलाणं कयरे कयरेहिंतो अप्पे वा-जाव-विसेसाहिए वा ?

उ०—सव्वत्थोवे सूईअंगुले

पयरंगुले असंखेज्जगुणे

घणंगुले असंखेज्जगुणे से तं उस्सेहंगुले

७. प्र०—भगवन् ! इन सूच्यंगुल आदि में कौन किससे अल्प है, कौन किससे अधिक है ? तथा कौन किससे विशेषाधिक है ?

उ०—इनमें सबसे कम सूच्यंगुल है,

उससे असंख्यातगुण प्रतरांगुल है,

उससे असंख्यातगुण घनांगुल है। इस प्रकार यह उत्सेधांगुल प्रमाण है।

पमाणंगुले—

प्रमाणांगुल—

८. प०—से किं तं पमाणंगुले ?

उ०—पमाणंगुले-एगमेगस्स णं रण्णो चाउरंतचक्कवट्टिस्स अट्ठ सोवण्णिए कागिणिरयणे दुवालसंसिए अट्ठकण्णिए अहिगरणिसंठाणसंठिए पण्णत्ते।

८. प्र०—प्रमाण अंगुल क्या है ?

उ०—(प्रमाणांगुल इस प्रकार है—) एक-एक चातुरन्त चक्रवर्ती राजा का अष्ट सुवर्ण प्रमाण एक काकिणी रत्न होता है। वह काकिणी रत्न छह तल (चारों दिशाओं की ओर के ४ तल, तथा ऊपर और नीचे = यों छह तल) वाला उसकी १२ कोटि तथा आठ कर्णिकाएँ होती हैं, सुनार की एरण जैसा उसका आकार होता है।

तस्स णं एगमेगा कोडी उस्सेहंगुल विक्खंभा

उस काकिणी रत्न की एक कोटि उत्सेधांगुल प्रमाण चौड़ाई होती है।

तं समणस्स भगवओ महावीरस्स अद्धंगुलं; तं सहस्सगुणं पमाणंगुलं भवइ;

इसकी एक कोटि का जो उत्सेधांगुल है, वह श्रमण भगवान महावीर का अर्धांगुल प्रमाण है। और उस अर्धांगुल से हजार गुणा एक प्रमाणांगुल होता है।

एएणं अंगुलप्पमाणेणं छ अंगुलाइं पादो, दो पादा, दुवालसअंगुलाइं विहत्थी,

इस अंगुल प्रमाण से छ अंगुल का एक पाद, दो पाद अथवा बारह अंगुल की एक वितस्ति।

दो विहत्थीओ रयणी,

दो वितस्ति की एक रत्नि।

